तब तो शहाबुद्दीन ने क्रोध में आकर ततार खां को लड़ाई के लिये फौज तैयार करने की आज्ञा दी और वह आप अंदर चला गया। उस रात्रि को रात भर शहाबुद्दीन के मन में चहुआन के बैर ने बस कर नींद न आने दी। उसे कभी शेख और कभी पृथ्वीराज आँखों के साम्हने देख पड़ता था। प्रातःकाल होते ही शहाबुद्दीन ने बड़ी भारी सेना सज कर हिन्दुस्तान की तरफ चलने की तैय्यारी की। ज्यों ही शाह सवार हुआ कि बहुत से अपशकुन होने लगे, जिन्हें देख कर अरब खां ने कहा कि अपशकुन हो रहे हैं इससे आज की तैय्यारी बंद कर दी जाय। यह सुन कर सुलतान ने कहा कि तू कायर है और अपने प्राणों के भय से ऐसा कहता है। यह कह कर उसने कूच कर दिया। जब सुल्तान सिंधु नदी तक पहुँच गया तो मीर हुसेन के दूतों ने सुलतान की चढ़ाई की खबर मीर से की। इधर पृथ्वीराज के कान तक भी यह खबर जा पहुँची। तब पृथ्वीराज ने अपने मंत्री कैमास और कन्ह, चन्द, पुंडीरादि सामन्तों को बुला कर उक्त संवाद की सूचना दी। निदान सब की सलाह यही ठहरी कि वह युद्ध द्वारा ही पराजित किया जाय और उसी समय फौज तय्यार की गई। सब सामंत और चतुरंगिनी सेना महल के दरवाजे आ उपस्थित हुई। ज्योंही पृथ्वीराज घोड़े पर सवार हुए गुरुराम राजप्रोहित ने आ कर राजा को तिलक किया और राजा ने पुरष्कार में बहुत सा दान दिया। ईश्वर का स्मरण करता हुआ ज्योंही पृथ्वीराज ससैन्य आगे बढ़ा कि और भी अनेक प्रकार के शुभ शकुन हुए—ज्योंही पृथ्वीराज की सेना दिल्ली से बाहर हुई कि मीर हुसेन भी एक हजार कड़र सिपाहियों सहित पृथ्वीराज के साथ हो लिया। दस कोस चलने पर फौज का पड़ाव डाल दिया गया।

उधर शहाबुद्दीन के गुप्तचरों ने उसे भी पृथ्वीराज की चढ़ाई की खबर कर दी, जिसे सुनते ही उसने अपनी फौज तैय्यार की और वह बड़े सज धज से आगे बढ़ा और दो दिन की राह एक दिन में तै कर के सारुंडपुर में उसने पड़ाव डाला। इसका समाचार कैमास को एक दूत ने एक घड़ी रात रहे आकर कहा। कैमास ने तुरंत अपने शिविर से निकल कर फौज की तैय्यारी करवाई और आप राजा के पास जाकर शाहके आगे बढ़ने की उसने खबर दी। इधर तो सब सेन पहिले से ही युद्ध पिपासाकुलित होकर तैयार खड़ी थी। पृथ्वीराज स्नानध्यानादि से निश्चिंत होकर शालिग्राम की शिला और तुलसी की माला गले में धारण कर धनुष बाण तलवार नेजा इत्यादि अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हो घोड़े पर सवार हुआ और उसने "जै हर" शब्द मुख से उच्चारण कर के घोड़े की गरदन ठोंकी जिसके उत्तर में जयकार के चिन्ह में घोड़े ने भी गरदन उठाई और वह पृथ्वी को खोदता हुआ फड़क उठा। पृथ्वीराज मीर हुसेन के डेरे में गया जो पहिले ही से सन्नद्ध बैठा था। राजा का आगमन सुनते ही घोड़े पर सवार होकर "रहमान" का स्मरण करता हुआ वह पृथ्वीराज के पास आया और उसने झुक कर सलाम किया और राजा ने सादर उसका उत्तर दिया और तब मीर हुसेन की और अपनी सब सेना सहित पृथ्वीराज आगे बढ़ा।

जब शहाबुद्दीन के दूतों ने उसे जाकर खबर दी कि पृथ्वीराज की सेना एक योजन पर आगई है तब शहाबुद्दीन ने फौज तयार कर के पाँच टुकड़ों में विभक्त कर के व्यूहबद्ध की। दक्षिण पक्ष में तत्तार खां; बांए पक्ष में खुरासान खां, हाज़ी खां, गाजी खां और राजी खां को; हरावल में मीर जमाम खां; मीर कमाम खां, और महब्बत खां को पिष्ट में तथा रुस्तम खां को मध्य में रक्खा। अनेक प्रकार के रण वाद्यों को बजाती, रंग बिरंगे निशान उड़ाती हुई सब सेना सहित शहाबुद्दीन सारुंडा के बाँई ओर आन जमा। तब तक पृथ्वीराज भी देखा देखी के वार में पहुँच गए और शहाबुद्दीन की फौज को देख कर पृथ्वीराज ने मीर हुसेन की तरफ देखा, निदान मीर हुसन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने भी अपनी अनी सहित आगे बढ़ कर पृथ्वीराज को सलाम किया और कहा "कि हे राजन् आपने क्षत्री धर्म्म की निर्वाह कर के मेरी रक्षा की है सो आज मैं भी शहाबुद्दीन का शिर काट कर श्रीमान् के चरणों में समर्पण करता हूं। इसके उत्तर में पृथ्वीराज ने कहा कि वास्तव में ऐसा ही होगा मैं भी आज तुम को गजनी के तख्त पर बैठालूंगा। यह सुन कर मीर ने पृथ्वीराज को पुनः सलाम किया और उसने बाँई तरफ अपनी फौज सम्हाल कर दुरुस्त की। पृथ्वीराज ने जद्दव राय, महनसी, बड़रामगूजर, मंडलीक, जहिराज आदि सामन्तों को सेना सहित मीर हुसेन की सहायता करने की आज्ञा दी। दाहिनी ओर कैमास, चामुंड राय, चन्द्रसेन चंद पुंडीर, जुम्फ सिंह पम्मार, गहलौत, तुंवरराय परिहार आदि सामन्त ४००० सेना सहित व्यूहबद्ध हुए, बीच में पृथ्वीराज और गोइन्दराय; देवराज, कन्ह, प्रसंग खीची, कनकू बड़गुज्जर आदि अपनी अपनी सेना सहित हरावल अर्थात् साम्हने की पंक्ति में। पृथ्वीराज की सेना इस प्रकार व्यूहबद्ध होकर आगे बढ़ी और बीस हजार सेना के साथ तातार खां से चार हजार सेना सहित मीर हुसेन का साम्हना हुआ। दोनो फौजों के मेल में आते ही दोनों फौजों के घुड़सवारों ने घोड़े छोड़ दिए और पैदल हो कर मुकाबिला किया। मीर हुसेन के साथ १००० और तातार खां के साथ ७००० सवार थे। मुठभेड़ होते ही दोनों ओर के बीर सिपाही अपने अपने स्वामियों का हित चाहते हुए हथियार चलाने लगे। जीवन का मोह छोड़ कर बीर सिपाहियों ने ऐसा युद्ध किया कि क्षण मात्र में लोथ पर लोथ अटै गई और रक्त की नदी बह निकली। अन्त में ततार खां की फौज भाग उठी और उसकी ढाल (निसान) गिर पड़ी। पांच हजार बीरों के साथ ततार खां मारा गया और तीन सौ मुसलमान और दो सौ हिन्दुओं के साथ मीर हुसेन काम आया। इस युद्ध में तीस कमंध उठे। तब अपनी फौज को खुरासान खां ने आगे बढ़ाया और उससे और चामुंड राय से साम्हना हुआ। जब युद्ध होते होते दो पहर हो गया तब वह सरदारों के सहित घोड़े पर से उतरा और इधर से चामुंड राय ने भी घोड़ा छोड़ दिया किन्तु मिलान होते ही चामुंड राय ने खुरासान का काम तमाम किया और खुरासान खां की फौज भाग कर बादशाह की सेना में जा मिली। बादशाह का दाहिना हाथ तो टूट ही चुका था। निदान खुरासान खां के मरते ही पृथ्वीराज की फौज ने बड़े क्रोध से उमंग में आकर आक्रमण किया। यद्यपि शिकस्त खाने से शहाबुद्दीन की सेना का मन उत्साहहीन हो गया था किन्तु अपने स्वामी की उत्तेजना से वे लोग भी डट गए और दोनों ओर से बड़ा घोर घमासान लोहा झरा। मुठभेड़ होते ही पृथ्वीराज का नामी सरदार मंडलीक नामक खीची मारा गया। मंडलीक के कमंध ने मुसलमानों के नामी नामी ४० वीरों को मारा। जब उस सेना के बड़े बड़े अमीर उमराव और सेनापति काम आए तो फौज की भी हिम्मत कम हो गई और वह भाग उठी। इधर से पृथ्वीराज की फौज ने पीछा किया। मुसलमान भागते जाते थे और चहुआन की फौज उन्हें मारती हुई आगे बढ़ती जाती थी। शहाबुद्दीन जो अपनी सेना को हिम्मत दिलाने के लिये डटा हुआ था चहुआन के सामन्तों से घेर लिया गया। चामुंड राय ने साम्हने से जाकर ललकारा। चन्द्रसेन और पुंडीर ने बाँई तरफ से और कैमास ने दाहिनी तरफ से आकर घेर लिया। और चामुंड राय और पुंडीर ने दोनों तरफ से आनकर बादशाह के दोनों हाथ पकड़ लिए।

सूर्य्योदय से एक घड़ी ५ पल पर लड़ाई आरम्भ हुई और चार घड़ी दिन रहे शहाबुद्दीन पकड़ गया। सुलतान की तरफ से २० हजार सैनिक न्याजी खां, गाजी खां, मीर खां, मान खां, कम्मान खां आदि सरदार और सात हजार हाथी घोड़े इत्यादि मारे गए। पृथ्वीराज के कुल १३०० सिपाही और मंडलीक खीची, टीकम राय, रामराव पमार ये सरदार मारे गए। इस युद्ध में ४० कमंध खड़े हुए। इस प्रकार विजय प्राप्त कर और शहाबुद्दीन को कैद करके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज आनन्द मनाता हुआ डेरें पर आया और उसने रण क्षेत्र में से मीर हुसेन का शव खोज किए जाने की आज्ञा दी। जब चित्ररेखा को यह ज्ञात हुआ कि उसका सब गुणआगर नवनागर बीर प्रेमपात्र इस अनित्य शरीर को रणक्षेत्र में त्याग कर सूक्ष्म शरीर से वैकुंठ का आनंद ले रहा है किन्तु वहां भी उसे मेरे मिलने की अभिलाषा कदापि लगी हुई है, तो उसने तुरन्त पृथ्वीराज के सम्मुख आकर प्रणाम किया और वह ईश्वर स्मरण करती हुई मीर हुसेन के शव के साथ जीवित कब्र में गड़ गई।

पृथ्वीराज ने ५ दिन पर्य्यन्त शहाबुद्दीन को अपने एक विशेष मेहमान की तरह बड़े प्रेम से रक्खा। पांचवें दिन मीर हुसेन के पुत्र को उसके हवाले कर दिया और तीन बार सलाम करवा कर और यह सौगंद लेकर कि अब वह पुनः हिन्दुओं पर चढ़ाई करने की चेष्टा न करेगा उसे छोड़ दिया।

इस प्रकार शहाबुद्दीन गज़नी को लौट गया। वहां के अमीर उमरावों ने अपने बादशाह के जीवित कैद से छूट आने की बधाई में बड़े बड़े उत्सव किए और खैरात बांटी और शहर के सब पीर पठानों को चादरें चढ़ाई और उनकी पूजा की।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आखेटक चूक वर्णन।

[दसवां समय]

शहाबुद्दीन को पृथ्वीराज की कैद से छूट कर आए हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया किन्तु शहाबुद्दीन को पल भर भी कल नहीं पड़ती थी। उसे उठते बैठते सोते जागते पृथ्वीराज से अपने अपमान का बदला लेने की धुन सवार थी दिल्ली से लौट कर गज़नी पहुँचते ही उसने हुसेन के लड़के को कैद कर दिया और वह एक महीने पांच दिन में वहां से किसी प्रकार निकल कर फिर पृथ्वीराज के पास आ गया और पृथ्वीराज ने भी उसे सादर स्थान दिया। इससे शहाबुद्दीन की कौड़ी और भी जल रही थी। एक दिन शहाबुद्दीन के एक गुप्तचर ने समाचार दिया कि पृथ्वीराज नागौर के खट्टू बन में शिकार खेलने के लिये आने वाला है। यह समाचार उसे नीतिराव नामक एक चत्री से मिला था जो कि प्रायः नित्य प्रति दिल्ली के समाचार गज़नी को भेजा करता था। उक्त समाचार पाकर शहाबुद्दीन का कलेजा फूल उठा। उसने तुरंत ही हाज़ी खां, गष्पर शाह, महम्मद गाज़ी आदि सरदारों को बुला कर उक्त समाचार कह सुनाया और खट्टू बन की ओर स्वयं जाने के लिये तैयारी करने का हुक्म दिया और ततार खां और खुरासान खां को आज्ञा दी कि तुम लोग चतुर एयारों को लेकर स्वयं खट्टू बन में जाओ और इस बात का भेद लो कि पृथ्वीराज कितनी सेना के साथ और किस तरह शिकार करने आता है और हम लोग किस तरह अपनी फलसिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह भेदिए दूतों को आगे भेज कर शहाबुद्दीन, खुरसान खां, गाजी खां, गष्पर साह, पष्पर साह, मीर मुहम्मद, वाजीद खां, आदि सरदार और आठ हजार घुड़सवार सेना सहित खट्टू बन में आ पहुँचा और उसने छिप कर एक बड़े घेरे में पड़ाव डाल दिया।

पृथ्वीराज भी ५०० पैदल, पांच सौ सवार, एक हजार कुत्ते, ५५ चीते और बहुत से शिकारी पक्षी और परिकर की भीड़ भाड़ सहित निश्चिंतता पूर्वक खट्टू बन में पहुंचा। एक रात विश्राम कर दूसरे दिन प्रातः काल होते ही पृथ्वीराज, कन्ह, सलष, पंवार, रघुवंश चहुआन, कविचंद इन सामन्तों को साथ ले और सारी फौज परिकर को छोड़ कर जंगल में घुस पड़ा। शहाबुद्दीन जो कि पहिले ही से ताक में लगा हुआ था पृथ्वीराज को अपनी सेना के केन्द्र में जानकर उस पर आ टूटा। कविचंद को इस विषय में प्रथम ही से कुछ संदेह था। इसलिये उसने पहिले ही से सामन्तों से सचेत रहने को कह दिया था किन्तु उन लोगों पर इस बात का विशेष प्रभाव न पड़ा। जब एकाएक मुसलमान सेना ने घेर लिया तब उनको चेत हुआ और तुरंत ही चार सरदार तो पृथ्वीराज के चारों तरफ तलवार निकाल कर अटल वीर रूप से डट गए और कन्ह ने आगे बढ़ कर हरावल पर धावा किया। उस आठ हजार मुसलमान सेना में इन पांचों राजपूत वीरों की अनुपम छटा प्रस्फुटित होती थी। क्षण क्षण में उन राजपूत वीरों पर वीर रस और यवन सेना पर करुणा रस का प्रभाव जमता जाता था। शहाबुद्दीन के सरदारों ने अपना सा खूबजोर मारा पर वे पृथ्वीराज की छांई दाबने में भी समर्थ न हो सके। जो आगे जाता था वह वहीं टूट कर दो हो जाता था। इस प्रकार केवल उक्त पांच सामन्तों ने ९५५ मुसल्मानों को मार डाला और तब तक पृथ्वीराज के शिविर में भी इस बात की चरचा फैल गई। इसलिये उसकी सेना भी सज कर आ पहुंची और छली यवनों का नाश करने में तत्पर हुई। भला जो सेना केवल पांच सामन्तों का साम्हना करने में भी समर्थ न हो सकी थी वह अब इस वीर दल के साम्हने कब ठहर सकती थी। निदान मुसलमान सेना के पैर उखड़ गए और सब लोग तीन तेरह हो गए। शहाबुद्दीन ने भी अपनी पहिली गति का स्मरण कर के इन्हींका साथ देना उचित जाना और सब के साथ साथ जीते जागते गज़नी पहुँच कर उसने ख़ैर मनाई। इधर वीर पृथ्वीराज पुनः आनन्द से खट्टू बन में शिकार करता हुआ निश्चिन्त भाव से विचरने लगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्ररेखा समय ।

[ग्यारहवां समय ।]

एक समय कविचन्द ने हुसन ख़ां से चित्ररेखा की उत्पत्ति के विषय में पूछा। तब उसने इस प्रकार वर्णन करना आरम्भ किया कि एक समय वीर शहाबुद्दीन ने अपने समस्त शूर वीर मंत्री पुरासान ख़ां, मारूफ़ ख़ां, तत्तार ख़ां, इत्यादि सरदारों को बुलाकर पूछा कि सिंध के किनारे राज्य करने वाला छोटा सा सरदार * अरब खां मेरी सेवा करना स्वीकार नहीं करता इस हेतु उस पर ससैन्य चढ़ाई कर के उसे अपने अधीन करना चाहिए। इस प्रकार शहाबुद्दीन की आज्ञा पाकर मंत्रियों ने ५०० हाथी, एक लाख सवार, काबुली, पंजाबी, रूमी, गोरी, अरब इत्यादि जाति के मुख्य मुख्य एक लाख शूर वीरों की सेना तैयार करके शहाबुद्दीन सहित हमला किया। निदान शहाबुद्दीन भी स्वयं उक्त सेना के साथ हो लिया। जब सिन्धु की सरहद पर पहुँचा तब उसने अपना डेरा वहीं पर डाल दिया और निसुरत्त खां को अरब खां के पास भेजकर कहल भेजा कि यदि वह चित्ररेखा वेश्या को दंड स्वरूप मुझे देना स्वीकार करे और सदैव के लिये मेरी सेवा करना भी स्वीकार करे तो मैं भी उसे क्षमा कर दूंगा। अरब खां शहाबुद्दीन की विकट सेना और उसके वीर बलवान सरदारों के पराक्रम से स्वयं डर गया था, निसुरत्त खां से बड़े आदर से मिला और उसने बादशाह की आज्ञा को भी सादर स्वीकार कर लिया। बरन साथही उसके गज़नी के दरबार में उच्चपद पाने की अभिलाषा से सनातन हिन्दू धर्म्म को त्याग करके मुसलमानी मत भी उसने स्वीकार कर लिया जिस पर निसुरत्त खां ने उसकी बड़ी प्रशंसा की और उस समय अद्वितीय रूप लावण्यमई परम सुन्दरी चित्ररेखा को लाकर शहाबुद्दीन को नज़र किया जिसके लिये बादशाह ने उसको बहुत कुछ इनाम दिया और किसी झगड़े झंझट खून बहाव के बिना चित्ररेखा को सहज ही में पाकर मन ही मन आनान्दित होता हुआ वह गज़नी को लौट चला। गज़नी पहुंच कर चित्ररेखा और शहाबुद्दीन की परस्पर दिन प्रति प्रीति बढने लगी। अन्त में यहां तक हो गया कि सुलतान सर्वथा चित्ररेखा के प्रेम के वशीभूत हो गया। एक मात्र उसी के प्रेम में मग्न होकर अपनी सब क्रियादि कों भुला कर उसी की प्रसन्नता की चेष्टा में वह मग्न रहता। यह खबर सुन कर कविचंद अत्यन्त प्रसन्न हुआ।

* "अरब खां' यह मुसलमानी नाम है किन्तु आगे कथा के सम्बन्ध से ज्ञात होता है कि वह कोई हिन्दू क्षत्री राजा था किन्तु उसका असली नाम क्या था सो मालूम नहीं और न कहीं पर लिखा मिलता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भोला राय समय।

[बारहवाँ समय ।]

संवत ११३६ चैत्र सुदी दुतिया शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र में भोलाराम भीमदेव गुजरात के राजा का शिवपुर अर्थात् आबू के राजा सलष पँवार पर चढ़ाई करने और सोमेश्वर जी का उसको सहायता देने का वर्णन इस समय में है।

शुकी अर्थात् कविचंद की स्त्री का इच्छनी कुमारी के विवाह की कथा पूछना और कविचंद का उसे सविस्तर वर्णन करना।

कविचंद बोला कि जिस समय प्रतापी पृथ्वीराज अजमेर और दिल्ली का स्वतंत्र राज्य करता था उसी समय आबूगढ़ में सलष नामक पँवार राजा नीति धर्म्मयुक्त राज्य करता था, सलष सत्पुरुष साधुओं की रक्षा करता हुआ सदैव दुष्टों को दंड देने में तत्पर रहता था। उसके मंदोदरी और इच्छनी नामक दो कन्याएँ और जैत नामक एक पुत्र था। सलष ने अपनी ज्येष्ठ पुत्री मंदोदरी का विवाह गुजरात के प्रतापी राजा भोलाराय भीम से कर दिया था और इच्छनी को पृथ्वीराज के साथ विवाह करने का उसका संकल्प था।

भोलाराय भीमदेव का मंत्री अमरसिंह सेवरा नामक एक जैन धर्मावलम्बी ब्राह्मण था जो कि तंत्र और मंत्र शास्त्र में अद्वितीय निपुण और परम शक्तिसंपन्न था। उसने एक समय अमावास्या को चन्द्रमा का दर्शन करा के राज्य के समस्त माननीय प्रसिद्ध पंडितों को मूर्ख और झूठा प्रमाणित करके सब का सिर मुड़वा दिया था। भीमदेव की स्त्री मंदोदरी के साथ जो प्रोहितानी, मालिन, इत्यादि अन्यान्य स्त्रिएँ आबू से आई थीं उन्होंने इच्छनी कुमारी के अद्वितीय रूप लावण्य की अत्यन्त प्रशंसा की जिसे सुनकर भीमदेव का मन कामातुर होकर उसी के ध्यान में मग्न हो गया। अस्तु उस का यह ध्यान यहां तक बढ़ा कि सोते जागते सदैव इच्छनी कुमारी की मनोहर मूर्ति ही उसकी आखों के साम्हने फिरा करती और इस धुन में वह पागल सा हो गया। अंत में उसने प्रधान द्वारा सलष को एक पत्र लिख भेजा जिस का आशय यह था कि तुम अपनी कनिष्ठा कुमारी इच्छनी का विवाह मेरे साथ कर दो, उसका वाग्दान जो तुम पृथ्वीराज को कर चुके हो उसका ध्यान भी भुला दो, यदि ऐसा न करोगे तो तुम्हें सपरिवार नष्ट भ्रष्ट करके मैं आबूगढ़ पर अपना अधिकार करूंगा और बलवत इच्छनी कुमारी को अपनाऊंगा। इस पत्र को लेकर भीमदेव का प्रधान जब आबू पहुँचा तो राजा सलष ने उसे अपने दमाद के यहां से आया जान सादर स्थान दिया और पांच दिन बड़े सम्मान से रक्खा। पाचवें दिन दरबार लगा और प्रधान भी बुलाया गया। कुशल प्रश्न हो जाने पर प्रधान ने उक्त पत्र सलष को समर्पण किया जिसे पढ़ते ही सलष ने कहा कि मैं ने चालुक्य को मंदोदरी ब्याह करके सम्बन्ध किया था किन्तु वह अनीति करता है कि इच्छनी के रूप पर मोहित हो कर अब उसे भी बरा चाहता है। मैं उसे पृथ्वीराज से ब्याहने का संकल्प कर चुका हूं और मैं अपने दृढ़ संकल्प को प्राणों के बदले भी कदापि पलटने का नहीं। पत्र का सारांश जान कर जैतसिंह की तो विचित्र ही दशा हो गई। क्रोध से मुख आरक्त हो उठा, ओठ फड़कने लगा, शरीर के रोमांच खड़े हो गए। उसके क्रोध की मात्रा यहां तक बढ़ी कि उसने झिल्लाकर तलवार निकाल ली और वह कहने लगा कि भीमदेव बड़ा पाखंडी है उसे आकर्षन, मारन मोहन इत्यादि के मंत्र यंत्रों का बड़ा गर्व है। वह क्षत्री नहीं है और न उसे क्षत्रियों से काम पड़ा है। वह इस प्रकार पाखंड से बल बढ़ा कर अपने को अमर मानता है। यह सर्वथा भूल है। इस पर भीमदेव के मंत्री से न रहा गया और वह कहने लगा कि तुम लड़के हो भीमदेव के आर्थिक और सैनिक बल से परिचित नहीं हो, इससे ऐसा कहते हो। वह क्षणमात्र में पुंगल गढ़, आबू, मंडोवर और अजमेर इत्यादि को बिना प्रयास ले सकता है। यदि भीमदेव रूस जावेगा तो सपरिवार आपकी और नौकोटि मारवाड़ की प्रजा की रक्षा करने वाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुझे कोई नहीं दीख पड़ता है। यह सुन कर राजा सलष ने गम्भीरतापूर्वक उत्तर दिया कि मेरी सहायता गोवर्द्धनधारी श्रीकृष्णचन्द आनन्द कन्द करेंगे। इस प्रकार पिता पुत्र दोनों का एक मत देख कर प्रधान ने कहा कि अच्छा यदि आपकी ऐसी इच्छा है तो सावधान रहिए। मैं जाता हूं और अब राजा के सहित शीघ्र ही आकर आपका बल देखूंगा। ज्यों ही उधर भीमदेव के मंत्री ने पीठ फेरी कि राजा सलष ने इच्छनी कुमारी के व्याह की तय्यारी कर दी और उक्त संवाद की स्पष्ट सूचना देते हुए पृथ्वीराज को भी एक पत्र लिख कर उसके पास मंत्री को भेजा जिसको पृथ्वीराज ने बड़े आदर से लिया और उसकी कही हुई सब बातें सुन कर सलष के पत्र को बड़े आदर से पढ़ा। यथासंभव शीघ्र ही इच्छनी से व्याह करने का समाचार पाकर पृथ्वीराज के आनन्द की सीमा न रही। उसने तुरन्त ही सलष के मंत्री को पांच हाथी १०० घोड़े पांच सौ रुपए और नाना प्रकार के वस्त्र आभूषण देकर विदा किया और आप स्वयं बीर सामन्तों सहित सज कर आबू की ओर चला। इस समाचार के पाते ही भीम देव आग बबूला हो गया। उसने एक पत्र लिखकर पृथ्वीराज के पास भेजा कि सलष मेरा शत्रु है तुम्हें उचित है कि तुम कभी भी उसका पक्ष न करो, उसका पक्ष करके मुझ से बैर बिसाह लेना भला नहीं है। उसने साथही सिंध, सोरठ, कच्छ इत्यादि अपने अधीन के राजाओं को बुला कर आबू पर चढ़ाई करने की तय्यारी की और अपने परम मित्र मंत्री अमर सिंह की मंत्रणानुसार उसने नियत समय पर ससैन्य आबू की तरफ़ प्रस्थान कर दिया और आबूगढ़ से कुछ दूरी पर पड़ाव डाल दिया। आधी रात के समय जब कि अमर सिंह सेवड़ा के मंत्र बल के कारण वह रात्रि पावस की रात्रि से भी अधिक अंधेरी और भयावनी बन रही थी भोला राय भीम देव ने दक्षिण की तरफ से आबू गढ़ पर आक्रमण किया। पँवार सलष जोकि इस आक्रमण की सम्भावना से प्रथम ही से सदैव सैनसहित सचेत रहा करता था भीमदेव का आक्रमण रोकने में तत्पर हुआ। बड़ी देर तक युद्ध हुआ। दोनों ओर के सहस्रों बीर काम आए। अन्त में खेमकरन खंगार, बीर सिंह, जरासिंह इत्यादि बीरों के सहित सलष पँवार मारा गया और आबू गढ़ पर भोला राय भीमदेव का अधिकार हो गया। आबू गढ़ में सब राज्य भर में भीमदेव की दुहाई फिर गई। आबू के गढ़ पर भीमदेव का पताका फहराने लगा। इस प्रकार भीमदेव आबू में एक महीने पांच दिन रह कर गुजरात को चला गया।

भीमदेव ने अपने राज्य पट्टनपुर में आकर शहाबुद्दीन महम्मद गोरी को एक पत्र लिखा कि आप अपने दल बल सहित दिल्ली नगर को घेरिए और मैं नागौर पर आक्रमण करूंगा। इस प्रकार आप और हम दोनों मिलकर के पृथ्वीराज पर जय प्राप्त करें। यह पत्र अपने एक चतुर विश्वास पात्र सभासद मकवान को देकर उसने समझाया कि हे वीरवर मैं जो कुछ यह कार्य्य कर रहा हूं वह सब एकमात्र इच्छनी कुमारी के ही लिये है। मैं उस रमणी रत्न के लिये अपना सर्वस्व आहुति करने को प्रस्तुत हूं। उसी के लिये आबूगढ़ की लड़ाई में मेरे परिवार के अनन्त जन संहार हुए हैं। हे मित्र मेरे मन का तब ही दुःख दूर होगा जब शहाबुद्दीन मेरे इच्छानुसार मेरे मन्तव्य में सहमत हो जाय और मैं पृथ्वीराज पर आक्रमण कर के दिल्ली का राज्य स्वयं नष्ट कर डालूं। इस प्रकार समझा कर और बहुत से घोड़े चमर, पश्मीना इत्यादि शहाबुद्दीन को अपनी ओर से भेंट देने के लिये देकर उसने मकवान को गज़नी की ओर भेजा। मकवान ने गज़नी पहुँच कर शहाबुद्दीन से साक्षात् किया और भरे दरबार में भीमदेव का पत्र पेश किया और उसका मूल अभिप्राय भी कह सुनाया जिसे सुनते ही शहाबुद्दीन का मुख लाल हो गया, ओष्ठ फड़कने लगे। उसने फड़कती हुई भुजाओं से अपना तीर उठाकर कमान पर चढ़ाया और कहा कि मैं स्वयं काफ़िरों का नाश करूंगा तभी खुरसान में रहूंगा। बादशाह का ऐसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वचन सुन कर ततार खां, न्याजी खां, पिरोज खां, रुस्तम खां, उजबक खां, निसुरत्त खां इत्यादि सभासदों ने भी हां में हां मिला दी। बादशाह पुनः बोला कि दान खड्ग विद्या और संपति ये वस्तुएं सांझे में नहीं होतीं। रे मूढ़ दूत यह पृथ्वी वीरभोग्या है, तुच्छ भीमदेव मुझ से क्या शेख़ी मारता है। मैं उसे भी नष्ट भ्रष्ट करने में समर्थ हूं। यह सुनकर मकवान बोला कि भीमदेव भी ऐसा दुर्बल नहीं है वह भी म्लेच्छों को नीचा दिखा सकता है। तब शहाबुद्दीन फिर बोला कि पहिले पृथ्वीराज को नष्ट कर के तब भोलाराय भीमदेव की भी खबर लूंगा। यह सुनकर मकवाना सगर्व बोला कि हे शाह! जिस समय भीमदेव का दल बल चलता है तब पृथ्वी डोलती है और काल भी भयभीत होता है। चालुक्क राय के सम्मुख जालंधर, बंग, तिलंग, कोकन, कच्छ, परोट, मरहट्ट इत्यादि कोई भी ठहर नहीं सकते, सब उसको नवते हैं। यह वही प्रतापी भीमदेव है जिसने बघेलों को जीता, आबू को तोड़ा, और यदवों को हराया। उसे जीतना सहज नहीं है। ब्रह्मा ने उस अद्वितीय वीर को स्वयं अपने करकमलों से रचा है। मकवाना का यह गर्व शहाबुद्दीन सह न सका और वह उसे मारने पर उद्यत हुआ किन्तु वज़ीर ने समझाया कि दूत मारा नहीं जाता ऐसा करने में बड़ा ही कलंक और अपयश होगा। इस पर शहाबुद्दीन तो निस्तब्ध हो रहा किन्तु एक सभासद बोल उठा कि यद्यपि दूत का मारना नीति विरुद्ध है किन्तु यह दूत भी कैसी असभ्य वाणी बोलता है। इस दृश्य को देखकर वीर मकवाना से न रहा गया और उसने उपरोक्त सभासद को एक ऐसा हाथ मारा कि उसका सिर धड़ से पृथक होकर लोटने लगा। अपने प्रिय सभासद को मरा देख कर शहाबुद्दीन से न रहा गया और उसने तुरंत ही मकवाना का हृदय बाण से बेध दिया। वीर मकवाना ने मरने से प्रथम ही हैजम और हुजाब नामक दो सरदारों को और मार डाला और तब वह आप मरा। जब यह समाचार भीमदेव को मिला तो उसके क्रोध और पश्चाताप का ठिकाना न रहा। एक तो आशा के विरुद्ध फल हुआ, दूसरे प्रिय सामन्त मकवाना भी मारा गया। इसलिये भीमदेव को पृथ्वीराज तो भूल गया। उसने गज़नी पर चढ़ाई करने का विचार किया किन्तु ज्योंहीं इसने राज महल से बाहर प्रस्थान किया कि आग लगने का बड़ा भारी अपशकुन हुआ। उधर से शहाबुद्दीन ने भी हिन्दुस्तान पर आक्रमण करने को बड़ी भारी सेना एकत्र करके प्रस्थान किया, नागौर में पड़े हुए पृथ्वीराज को जब इन तैय्यारियों की सूचना मिली तो उसने भी सब सूर सामन्तों को जिरहबख्तर सम्हालने की आज्ञा दी। उस समय नागौर में उसके पास केवल ८ हजार सेना थी। इसलिये उसने दिल्ली से चार हजार सेना और मंगवाई और १२ हज़ार सेना को सन्नद्ध करके वह बैठ रहा। पृथ्वीराज की केवल १२ हजार सेना ही भीमदेव और शहाबुद्दीन को धूल चटाने को बहुत थी। जब शहाबुद्दीन का पड़ाव सारुंडा में आन पड़ा और भोलाराय की सेना सोझती में आन पहुँची तब कैमास ने पृथ्वीराज से कहा कि अब यह समय दोनों शत्रुओं को पराजित करने के लिये बहुत ही उपयोगी है। इस समय हम अपनी इतनी ही सेना से बहुत कुछ कर सकते हैं। कैमास का यह प्रस्ताव पृथ्वीराज ने प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार कर लिया और इसके निश्चय के लिये उसी रात को सब सामन्तों की सभा करके उक्त प्रस्ताव पर विचार किया गया। इसको सब वीर सामन्तों ने भी सादर स्वीकार किया और युद्ध आरम्भ के विषय में अपना अपना मत प्रगट किया। चामुंड राय, जैतराव, देव राव बग्गरी, बड़गुजर इत्यादि वीरों ने प्रतिज्ञाएँ कीं कि हम लोग दोनों दलों का क्षण मात्र में नाश करेंगे। हम वीर लोगों का जन्म ही स्वामिकार्य्य के लिये है और कैमास का मंत्र सर्वथा माननीय है। दूसरे दिन प्रातःकाल जब कि पृथ्वीराज नगर के बाहर सब सेना की देख भाल कर रहा था उस समय लोहाना आजानबाहु भी पाँच हजार सेना सहित नागौर में आ उपस्थित हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज ने अपनी सेना के दो बराबर भाग किए। एक भाग का सेनापति कैमास और उपसेनापति चामुंड राय हुआ और दूसरी सेना का सेनापतित्व पृथ्वीराज ने स्वयं अपने ही हाथ में रक्खा। दोनों शत्रुओं की राह रोकने के लिये दोनों सेनाओं की तय्यारी एक ही साथ की गई। पृथ्वीराज ने कैमास को तो भोलाराय भीमदेव के मुकाबिले के लिये नागौर में छोड़ा और आप अपनी अनी लेकर शहाबुद्दीन के मुहासिरे पर सारुंडे की तरफ रवाना हुआ।

उधर भोलाराय भीमदेव एक तो इच्छनी के बिरह वियोग में प्रथमही से खान पान छोड़ बैठा था तिसपर भी शहाबुद्दीन से अपमानित होने पर तो उसके क्रोध और दुःख का ठिकाना न रहा, न तो इच्छनी कुमारी का चित्र उसकी आंखों के साम्हने से टलता था, न पृथ्वीराज और न शहाबुद्दीन का अटल वैर उसे पल भर कल लेने देता था। जब कैमास की चढ़ाई का सँदेसा भोलाराय भीमदेव के कानों तक पहुँचा तो उसने अपने राज्यमंत्री मुख्य मुख्य सभासद और सेनानायकों की एक सभा की जिसमें राम रन प्रमार, गुरगुंठीर झाला, वीरदेव बघेला, गंगडामी राजप्रोहित, धर्मधुर बघेला, अमरसिंह सेवरा, इत्यादि का यह मत हुआ कि दोनों शत्रुओं से युद्ध किया जाय, किन्तु सारंगदेव, पैरंभराय इत्यादि कई सरदारों का यह मत था कि चहुआन से विग्रह न करके संधि कर ली जाय और दोनों मिल कर विदेशी धर्मशत्रु शहाबुद्दीन से युद्ध करें। उन्होंने भीमदेव से कहा कि पृथ्वीराज का केवल इतना अपराध है कि उसने सलख को शरण रक्खा, परन्तु सलख ने यदि मंदोदरी का आपके साथ व्याह करके इच्छनी कुमारी को न व्याहा तो कोई अपराध नहीं किया। झालाराव तथा कई अन्य अन्य चत्री सरदारों ने इसी मत का अनुमोदन किया और कहा कि गत वैर को भुलाकर पृथ्वीराज से संधि कर लेनी ही उत्तम है। ये बचन अमरसिंह सेवरा को बाण से लगे। उसने क्रोधित हो कर कहा कि तुम लोग यह क्या कह रहे हो मैं मंत्र बल से चहुआन के मंत्री कैमास को बश करूंगा और शस्त्रबल से शहाबुद्दीन को जीतूंगा। भैरव भट्ट चरन चन्द्र और पाटरिया रान इत्यादि जैन धर्म्मावलंबी वीरों ने अमरसिंह की बात का अनुमोदन किया। इच्छनी की विरहाग्नि में विह्वल हृदय भीमदेव को भी यही मत भा गया।

उधर नागौर में कैमास अपनी मोरचाबंदी कर रहा था, इधर अमर सिंह उसे मंत्र बल में बंदी करने के लिये नाना प्रकार के यांत्रिक, तांत्रिक प्रयोग में दत्त चित्त था। कैमास नागौर से बढ़ कर भोलाराय भीमदेव की फ़ौज पर छापा मारने के लिये तय्यार हो ही रहा था कि अमर सिंह सेवरा का भेजा हुआ भाट बड़े साज बाज से नागौर में आ पहुँचा। उसने कैमास से मेल कर अमरसिंह की दी हुई एक बहुमूल्य मोतियों की माला नजर की और संधि पत्र पेश किया। उस पत्र में प्रथम परस्पर के शिष्टाचार लिखे थे तिस पीछे बहुत कुछ अपनी बड़ाई लिख कर एक सुन्दरी स्त्री का चित्र लिखा हुआ था और लिखा था कि तुम इस स्त्री को लो और आनन्द करो, जिसके देखतेही कैमास की बुद्धि "किं करतव्य विमूढ़" हो गई। अमरसिंह के मंत्र के वशीभूत होकर वह उस चित्र पर ऐसा मोहित हो गया कि उस समय से अमरसिंह की इच्छा के विरुद्ध कोई भी कार्य्य करने की समर्थ्य न रख सका। अमरसिंह सेवरा के मंत्रबल से आकर्षित लाले नामक खत्री की परम स्वरूपवती कन्या के प्रेमपाश में कैमास ऐसा मुग्ध हो गया कि अपने स्वाभाविक स्वामिधर्म्म को बिलकुल ही भूल गया। पृथ्वीराज के नाम को भी भूल गया और भीमदेव की आज्ञा का निपट वशवर्ती बन गया और इसी से समस्त नागौर नगर में भीमदेव की दुहाई फिर गई।

दिल्ली में जब कविचंद को स्वप्न में इस बात का समाचार मिला कि नागौर पर भीमदेव का दखल हो गया है और कैमास अमर सिंह सेवरा के मंत्रबल में ऐसा वशीभूत हो गया है कि वह सब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्य्य चालुक्य के इच्छानुसार ही करता है, नागौर नगर में वेदधर्म्म का ह्रास और जैनधर्म्म का प्रकाश हो रहा है, इसी से वहाँ की प्रजा बड़ी ही दुखित है और पृथ्वीराज को इस विषय में कुछ भी नहीं मालूम है, तब तो कविचंद से न रहा गया वह सबेरा होते ही कुछ थोड़ी सी सेना लेकर नागौर की तरफ चल पड़ा। वहाँ पर पहुँच कर देखता क्या है कि जो कुछ स्वप्न में देववाणी द्वारा सुना था वह सब रत्ती रत्ती साचात् पाया। वह सीधा कैमास के पास गया और उसे उसने बहुत कुछ समझाया किन्तु वहाँ सुने कौन। वह तो बेचारा अपने को भी भूला हुआ था—इसलिये चन्द ने योगिनी की आराधना की और उन्हें मंत्र द्वारा प्रसन्न कर के प्रार्थना की कि वह अमर सिंह की इस मंत्रमाया को नष्ट भ्रष्ट कर देवे और मंत्री कैमास को अमर सिंह के मंत्रपाश से मुक्त करे। कविचंद की प्रार्थना स्वीकृत हुई और धीरे धीरे नागौर से मंत्रशक्ति द्वारा आच्छादित अंधकार घटने लगा। जब अमर सिंह को यह समाचार ज्ञात हुआ तो वह स्वयं नागौर में दौड़ा आया और चंद के साथ तांत्रिक संग्राम करने में प्रवृत्त हुआ। दोनों ने अपने अपने इष्टदेवों की आराधना कर के एक दूसरे की शक्तियों का ह्रास और अपने अपने तेज के प्रकाश करने की चेष्टा आरम्भ की। अन्त में कविचंद की ही जै हुई और अमर सिंह पराजित हो कर अपने साथियों सहित नागौर से भाग निकला। इस प्रकार शत्रुओं को निकाल कर जब कविचंद कैमास के पास गया तो कैमास ने लज्जित हो कर सिर नीचा कर लिया। वह कविचंद के साम्हने भी न देख सका। तब कविचंद ने उसे आश्वासन दे कर कहा कि हे बुद्धिवर कैमास इसमें तुम्हारा दोष नहीं है, यंत्र मंत्र से देवता भी वशीभूत हो जाते हैं तब मनुष्य की गणना ही क्या है। ऐसे समझा कर उसने कैमास को संतोष दिया और भोलाराय भीम देव पर चढ़ाई करने को उत्साहित किया। कविचंद ने कहा कि हे वीर कैमास अब तुम भीम देव को परास्त करके ही अपना मुख उज्ज्वल करो। उधर दिल्ली में जब कैमास के मंत्रवश होने का समाचार पहुंचा तो सब राज्य में खलबली पड़ गई। कन्ह, चामुंड राय, चंद पुंडीर आदि सब सामन्त पृथ्वीराज को अजमेर में छोड़ कर नागौर की तरफ चल दिए। इन सब के पहुंचने पर कैमास के उत्साह का ठिकाना न रहा। उसने तुरंत ही तय्यारी कर दी और इन वीर सामन्तों की सूक्ष्म परन्तु बलिष्ट सेना लेकर बड़ी सावधानी से भीमदेव के मुकाबिले पर वह जा डटा। भीमदेव तो इस होनहार से प्रथम ही से सचेत था। उसकी चतुरंगिनी सेना आठ प्रहर चौसठ घड़ी सन्नद्ध रहती थी। जब से कविचंद ने कैमास को मंत्र बल से मुक्त कर के अमर सिंह का मान धूलिधूसरित कर दिया था उस समय से भीमदेव का भी दिल दहल गया था और इसीलिये वह सदैव अपनी रक्षा के लिये विकट विश्वास पात्र वीरों की चौकस चौकी रखता था। जब कैमास की यह थोड़ी सी फौज मुठ भेड़ में जा पहुंची और एक रात राह की थकावट मिटा कर दूसरे दिन युद्ध करने का विचार करके पड़ाव डाले पड़ी थी तो भीमदेव ने सप्तमी को सात घड़ी रात जाने पर कैमास पर सहसा आक्रमण कर दिया। यद्यपि कैमास की फौज थोड़ी थी भीमदेव के अनन्त दलबल में यह थोड़े से शूर सामन्त आटे में नौन के समान थे किन्तु इनमें खारापन नोन से भी कहीं अधिक था। भीमदेव का आक्रमण होते ही ये लोग भी सम्हल उठे। दोनों ओर से लोहा झरने लगा। तीर, तुबक, तलवार, कटार, बर्छी, बाँक, बिछुए इत्यादि की खचाखच मार होने लगी। दोनों तरफ के शूर वीर असार संसार को छोड़ कर स्वर्ग को जाने लगे, बड़े बड़े मतवाले हाथी सामन्तों की तेज़ तलवार से दो दो टूक हो हो कर नदी की कगारों से गिरते थे, इस युद्ध में बाजी खाँ जो कि भीमदेव का एक सरदार था पाँच हजार वीरों के सहित बड़ी ही वीरता के साथ काम आया।

अनन्द विक्रम सं० ११४४ अष्टमी को चंद्रोदय होने पर आधी रात के समय पुनः युद्ध प्रारंभ हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इधर से कैमास का सेन समूह सज धज कर चला उधर से भीमदेव की प्रचण्ड सेना आई। इस युद्ध में कैमास की सेना का सेनापति चामुण्डराय था जिसने अपने बाहुबल का अद्वितीय पराक्रम प्रगट किया। इकतीस हज़ार भीमदेव की सेना और बीस हज़ार कैमास की सेना इस वीर का अद्वितीय पराक्रम देख कर चकित थी। बड़े बड़े शूरवीर इसकी वीरता की सराहना करते थे, मोहनसिंह परिहार, नाहर राय, निड्डुरराय, पज्जूनराय इत्यादि सामन्त भी शत्रु की सेना को कृषी की भांति काट रहे थे, पृथ्वीराज की तरफ़ से चामुण्डराय जैतसी, बड़ गुज्जर, रामराय, कन्ह चौहान, पज्जूनराय, प्रसंग राय षीची, चंदपुंडीर, महनसीग मारू, देवराज बग्गरी, सलष देवराज का भाई और पुत्र, निड्डर वीरसिंह आदि वीर अपनी अपनी सेना सहित कैमास के साथ में थे। भीमदेव की तरफ़ के सारंगदेव, नरसिंह, बरसिंह आदि सरदार भीमदेव की तरफ से भी ससैन्य प्रस्तुत थे। उस धूँधली रात में उक्त वीरों की तेज तलवारों की चमक बड़ी ही भली मालूम देती थी। जिस सवार पर उन का हाथ पड़ता था वह घोड़े सहित दो टूक हो जाता था। मतवाले हाथियों के कुंभ को सहज विदीर्ण करने वाली असिधारा से वह वीर अपने अपने शत्रुओं के दलसमूह को काई सा फाड़ रहे थे। दो शत्रुओं से दबाया हुआ भीमदेव यद्यपि बड़े ही सोच विचार में व्यस्त था पर तौभी अपनी सेना के उत्साह के लिये मतवाले हाथी पर सवार क्रोध से आंखें लाल लाल किए हुए युद्ध में प्रस्तुत था। राम राय बड़ गुज्जर की आँख उस पर पड़ गई। वह चालुक्य सेना को काटता हुआ वहां आ पहुँचा और भीमदेव के हाथी को उसने एक ऐसा हाथ मारा कि वह ढोल सा ढलक गया और भीमदेव भी पृथ्वी पर गिर कर लोटपोट होगया जिससे उसकी क्रोधाग्नि बड़े वेग से प्रज्वलित हो उठी और वह तुरंत दूसरे हाथी पर सवार हो कर जीवन की आशा छोड़ कर कैमास का प्राण लेना ठान कर उस पर झपटा। जहां राजा वहां फौज। भीमदेव की फौज भी राजा को कैमास की तरफ बढ़ता देख कर उसी ओर झुक पड़ी। चामुंड राय ने जब कैमास के सिर पर यह आपत्ति देखी तो वह भी अपना मोरचा छोड़ कर कैमास की सहायता के लिये आ पहुँचा। कैमास की मोड़ पर और सब सेना भी मुड़ पड़ी। उधर भीमदेव इधर चामुंड राय और कैमास दोनों अपने अपने स्वामिकार्य्य के लिये प्राण को तुच्छ जान कर हथियार चलाने लगे। क्षण मात्र में वह वीर रस करुणा रस मिश्रित देख पड़ने लगा। पाँच घड़ी पर्य्यन्त बड़ा ही घोर युद्ध होता रहा। अन्त में भीमदेव की सेना भाग गई। पृथ्वीराज की जै हुई। दोनों तरफ की १६००० फौज मारी गई, तेरह हजार भीमदेव की तरफ़ की, और तीन हजार कैमास की। पृथ्वीराज के तरफ़ के पंथमा राव परिहार मोहल मल्लीन महीराव सहदेव इत्यादि सर्दार काम आए। आबू पर पृथ्वीराज का राज्य स्थापित हुआ और जैतसी प्रमार वहां का सूबेदार नियत किया गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सलष युद्ध समय।

(तेरहवां समय)

उधर जब भीमदेव से कैमास का युद्ध आरंभ हो गया तब इधर पृथ्वीराज ने शहाबुद्दीन का भेद लेने के लिये दूत भेजा। वह चतुर दूत शीश पर जटा बनाए शरीर में विभूति रमा कर दंभ, कपट, पाखण्ड, और आडंबर से भरी हुई ज्ञान चरचाओं का उच्चार करता हुआ शहाबुद्दीन के लश्कर में गया और वहां का राई रत्ती सब भेद लेकर पुनः पृथ्वीराज के पास उसी भेष में आया। पृथ्वीराज के सम्मुख आ कर उसने आशीर्वाद और अपना परिचय दिया। तब पृथ्वीराज के पूछने पर उसने इस प्रकार कहना आरम्भ किया कि हे राजन् शहाबुद्दीन के साथ तीन लाख सेना है। जब उस ने सारुंडपुर के बाहर पड़ाव डाला तब मैं इधर को आया हूं। उसकी सेना का विवरण इस प्रकार है कि दस हजार विशालकाय गष्षर, बत्तीस हजार काबुली, सत्तर हजार काश्मीरी, तिरपन हजार हबशी जोकि तलवार के युद्ध में बड़े निपुण हैं, पैंतीस हजार रूमी, तेंतीस हजार फिरंगी अर्थात् गोरांग विलायती, सत्रह हजार पठान, दस हजार पंजाबी जाट, पन्द्रह हजार उसके पासबान के आदमी और पच्चीस हजार सब सागिर्द पेशा परिकर के आदमी हैं। इस प्रकार वर्णन की हुई सेना के तीन लाष मनुष्य सब ही बड़े पराक्रमशाली और बलवान हैं। उनकी विकट विकट मूँछ और भयावनी मुखाकृति देख कर सहज ही भय उत्पन्न होता है। इस प्रकार दूत के वचन सुन कर पृथ्वीराज क्रोध से इस प्रकार फड़क उठा जैसे पूँछ दवाया हुआ काला साँप फुँफकारने लग जाता है। पृथ्वीराज का रुख देख कर लोहाना आजानबाहु बोला कि यदि यह निर्लज्ज यवन अपने हठ से नहीं चूकता, बार बार व्यर्थ सिंह की पूँछ पकड़ने का साहस करता है तो अब की गज़नी समेत इसे न लौट दूँ तो मेरा नाम लोहाना आजानबाहु नहीं।

पृथ्वीराज की युद्ध के लिये तैय्यारी जान कर आबूराज सलष पँवार का पुत्र जैतसी भी सेना सहित पृथ्वीराज के दल बल में आ मिला। सेना तय्यार हो कर खड़ी हुई और जब राजा घोड़े पर सवार होने लगा तो गुरुराम प्रोहित ने राजा को तिलक किया और आशीर्वाद दिया कि शीघ्र जाइए और शत्रु अपने राज्य की सीमा न दबाने पावे वहीं परास्त किया जाय। इस प्रकार पृथ्वीराज केवल पन्द्रह हजार सिपाहियों की चुनी हुई सेना लेकर शहाबुद्दीन के तीन लाख दल बल का साम्हना करने के लिये सारुंडपुर की तरफ बढ़ा। पाँच सौ सिपाहियों सहित लोहाना सेना के आगे रहता और पाँच हजार सेना सहित पृथ्वीराज सेना के मध्य में रहता। इस प्रकार से कूच करके वे दिल्ली से तीन दिन में सारुंड पुर के पास जा पहुंचे। यह खबर जब शहाबुद्दीन को लगी तो उसने भी खुरासान खां रुस्तम खां फीरोज खां इत्यादि अपने मुख्य मुख्य सेनापतियों को बुला कर युद्ध के लिये तय्यारी करने की आज्ञा दी और युद्ध के लिये प्रस्तुत फौज के बीच में खड़े हो कर उसने कहना आरम्भ किया कि हे भाइयो वार वार की हार की अबकी वार कसर निकाल लेनी चाहिए। अब की वार तुम्हारी वीरता यही है कि बाजी जाने न पावे। उधर रात व्यतीत होतेही चहुआन भी बढ़ आए। पूरब से चहुआन और पश्चिम से शहाबुद्दीन की सेना की मुठभेड़ हुई। शहाबुद्दीन की तरफ से खुरासानी सेना हरावल में थी। वे लोग पृथ्वीराज की थोड़ी सी सेना देख कर बड़े वेग से झपटे परन्तु लोहाना ने उन्हें सहज ही मार भगाया। सलष पँवार का पुत्र जैतसी चौहान के फौजी निशान की रक्षा पर दृढ़ था। रामराय बड़गुज्जर ततार खां के मुकाबिले पर था। बीर पृथ्वी राज की थोड़ी सी सेना असंख्य यवन दल में धसकर उसी में खिल्लत मिल्लत हो गई और उसने ऐसे विकट पराक्रम से युद्ध किया कि अखंड धूल आच्छादित हो जाने के कारण आकाश नहीं सूझ पड़ता था। जब इस प्रकार विकट मार हो रही थी तो बीर कन्ह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौहान भी कैमास का साथ छोड़ कर ससैन्य सारुंडपुर में आ पहुँचा और उसने युद्ध होता देखकर चढ़ी सवारी धावा कर दिया। अद्वितीय वीर कन्ह चौहान उस अगम्य यवन सेना में इस प्रकार धस पड़ा जैसे सुंदर सुंदर पुरैन से आच्छादित स्वच्छ जलवाले गहरे सरोवर में मतवाला हाथी पैठ पड़े। वह यवन सेना के बड़े बड़े मुख्य सरदार और सूरबीरों को कमल नाल की नाईं तोड़ तोड़ कर डालने लगा। दोनों ओर के सेनापति सरदार स्वामिधर्म्म धारण किए हुए बड़ी वीरता से युद्ध कर रहे थे। आकाश में देवांगनाएँ उन बीरों का पराक्रम देखती थीं। इसी समय पृथ्वीराज के प्रोहित गुरुराम ने यवन सेना पर एक पत्र लिखकर बाण द्वारा चलाया जिसके बल से समस्त यवन सेना मोहित सी होकर युद्ध करने में शिथिलता करने लगी। यह देख कर इश्वर से मीर हाजी खां काज़ी ने भी अपना मंत्र चलाया जिससे यवन सेना की मोहनिद्रा भंग हो गई और दोनों दल पुनः प्रचार प्रचार कर लड़ने लगे। पृथ्वीराज की सेना बराबर यवन दल को छिन्न भिन्न करती हुई शहाबुद्दीन के संनिकट पहुँचने लगी। यह देख कर शहाबुद्दीन ने घोड़े को छोड़ कर हाथी की सवारी की। तब शहाबुद्दीन का एक पासबान मुसाहिब मारुफ़ खां बोला कि अब क्या किया जाय। जिस पर सेनापति ख़ुरासान खां का सब दारमदार था उस काजी ने भी पराक्रमहीन हो कर तसबी हाथ से छोड़ दी है। यह सुन कर ख़ुरासान खां अन्यान्य सरदारों सहित बादशाह के निकट आगया और चारो ओर से घेर कर उस की रक्षा करने लगा। भगवान चन्द्र देव के समान वीर पृथ्वीराज सेना के मध्य में स्थित नक्षत्रों के समान तेजोमय अपनी वीर सेना सहित बराबर आगे बढ़ता ही जाता था। इस समय पँवार राज सलष का पुत्र जैतसी हरावल में था। पन्द्रह बीस हजार सेना का तीन लाख सेना से मुकाबला करना भी तो सहज नहीं है। इसी से जैतराव के ऊपर बड़ी भीर पड़ रही थी परन्तु वीर जैतराव इसकी तनिक भी परवाह न करके अपने धर्मकार्य में तन मन से प्रवृत्त था। जब जैतराव एक बड़े टेढ़े मौके पर फँस गया तब पृथ्वीराज ने स्वयं उस की सहायता की जिस के लिये जैतसिंह बहुत कृतज्ञ हुआ और इस से उस का साहस ऐसा बढ़ा कि उसने अपने अद्वितीय पराक्रम से यवन सेना का मुँह मोड़ दिया। घड़ी भर में बड़े बड़े मीरजादे पीरजादे प्राणों के भय से भाग निकले। शहाबुद्दीन ने हाथी छोड़ कर घोड़े पर सवार हो कर प्राण झोंकते हुए अपनी सेना को धैर्य्य दिलाना चाहा किन्तु यह सब चेष्टा निष्फल हुई। समस्त यवन सेना भाग निकली। पृथ्वीराज ने लूट करते हुए उसका पीछा किया और सलष पुत्र जैतराव ने बादशाह को बंदी कर लिया। इस युद्ध में शहाबुद्दीन के एक लाख सैनिक और तेरह नामी नामी सरदार खेत रहे। अंत में संवत ११३६ माघ सुदि ६ को शहाबुद्दीन पकड़ कर बंदी बनाया गया। सारुंडपुर में पृथ्वीराज का दखल हुआ।

शिशिर ऋतु के अन्त में संवत ११३६ अनन्द चैत्र सुदि ६ को इच्छनी कुमारी से पृथ्वीराज ने ब्याह किया और शहाबुद्दीन से दंड लेकर तब उसे पुनः मुक्त कर दिया। इस प्रकार कविचंद ने सारुंडपुर के युद्ध की कथा अपनी स्त्री से वर्णन की॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इच्छनी व्याह कथा।

(चौदहवाँ समय)

कविचंद की स्त्री ने कहा कि हे पति यह रमणीक कथा सुन कर मुझे बड़ा आनन्द हुआ। रात दिन मुझे वही ध्यान रहता है। अच्छा अब जो मैं पूछती हूं वह बतलाइए। यह सुन कर कविचंद ने अपनी प्रिया का सिर अपनी गोद में रख कर कहा कि अच्छा पूछो मैं कहताहूं। तब शुकी बोली कि हे प्यारे आपने चालुक्य भीमदेव के परास्त होने और शहाबुद्दीन के बंदी किए जाने की कथा तो कही अब इच्छनी व्याह की कथा वर्णन करके मुझे कृतार्थ कीजिए।

यह बात सुन कर कविचंद बोला कि जब उचित दण्ड देने पर शहाबुद्दीन छोड़ दिया गया तो उस दण्ड में प्राप्त सब मणिमुद्रा सलष को दिया गया और आबू का राज्य भी सलष को दिया गया और बहुत कुछ भूमि और भी दी गई। तब ग्रीष्म ऋतु के अन्त में, आबूराज सलष ने अपने भानु नामक प्रोहित के हाथ जड़ाऊ नारियल अक्षतादि सहित इच्छनी कुमारी की लग्नपत्रिका पृथ्वीराज के यहां भेजी। जिस दिन श्रीलक्ष्मीजी कुबेर के स्थान गई उसी दिन लग्न हाथ पर रक्खा गया। लग्न का उत्सव हो जाने पर पृथ्वीराज ने आबू से आए हुए मनुष्यों से पूछा कि इच्छनी की अवस्था क्या है, उसके सब रूप गुणों का वर्णन करो। यह सुन कर वे लोग बोले कि हे राजन् इच्छनी कुमारी इस समय बालकपन को त्याग करती और यौवन को प्राप्त होती हुई वयःसंधि नायिका है। उसकी सुकुमार अवस्था इस समय मकर की संक्रान्ति से उपमा देने योग्य है। उसकी बालपन रूपी निशा का दिन प्रति ह्रास होता जाता है और दिवस रूपी यौवन चढ़ता हुआ उसके लावण्य में विलक्षण योग दे रहा है। हे राजन्! उसके अनंग स्थलों पर श्यामता चढ़ रही है, किशोरता के साथ साथ कटि क्षीण होती हुई एक अद्वितीय शोभा का भण्डार होरही है। हे राजन्! हम लोग क्या कहें उसकी उपमा न तो हम विवाहिता दमयन्ती से दे सकते हैं, न हम उसकी उपमा शची से दे सकते हैं जिसका पति देवपति इन्द्र है, न हम उसे लक्ष्मी कह सकते हैं जोकि विषैले शेष नाग पर विराजमान है, न हम उसको रति कहने में समर्थ हैं जो कि सदैव अपने पति के अतनु होने के दुःख से दुखित होने के कारण क्षण भर कल नहीं पाती, न हम दुष्ट रावण की स्त्री मंदोदरी से ही उसकी उपमा दे सकते हैं। हे पृथ्वीराज! इच्छनी कुमारी की इस समय वह अवस्था है जिस की चाह में सुवर कवि हमेशा रहते हैं और उन्हें वह समय बड़ी कठिनता से प्राप्त हो सकता है।

पृथ्वीराज ने लग्न लेकर आए हुए मनुष्यों को विदा करके बारात की तैयारी की। कुछ थोड़ी सी सेना और कन्ह निड्डुर, बली गहलौत, भौहा चंदेल, वीरसिंह परिहार, दाहिम कैमास, चामुंडराय, आजानबाहु लोहाना और गुरू रामप्रोहित को साथ लेकर असाढ़ वदि ३ को बारात चली। प्रकृति के प्रभाव से बादलों ने उमड़ कर सूर्य को आच्छादित कर लिया और मंद मंद सुगंधित वायु बहने लगी जिससे बारात कुशलतापूर्वक आनन्दध्वनि करती हुई प्रसन्नतापूर्वक आबू के निकट जा पहुंची। बारात के आगमन की खबर जब जैतराव को लगी तो वह भी अपनी चतुरंगिनी सेना सज कर उचित आडंबर के साथ अगवानी करने के लिये आगे बढ़ा और नगर के बाहर ही बरात से जा मिला। दोनों सेनाओं का परस्पर मिलाप होते हुए ऐसा ज्ञात होता था मानों श्रावण भादों के गरजते हुए गंभीर बादल समुद्र से मिल रहे हों। इस प्रकार मिलाप होकर वह आनन्द उनमत्त दोनों दल आबू नगर में पैठा जहां द्वार द्वार पर बंदनवार, तोरण, कलश, पताकों की छवि अद्वितीय छटा दिखा रही थी। आबू नगर के समस्त हाट बाट चौहटों पर साफ सुथरे सुगंधित जल का छिड़काव था। ऊपर अट्टालिकाओं पर सोलहों शृंगार और बारहों आभूषणों से सुसजित मंगलामुखी महिलाएँ मधुर मधुर गीत गान करती हुई पृथ्वीराज

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की छवि देख रही हो थीं और इधर पृथ्वीराज के वीर सामन्त उनके गान की तान में मस्त होकर अपने लालची लोचनों को छविसुधारस पान कराते चले जाते थे। इस प्रकार मत्त मतंग की मंद मंद चाल से जब बारात राजद्वार पर पहुंची तो वहां के तोरण बंदनवार पताकाओं तथा अन्य मांगलीक वस्तुओं का विस्तार कहना तो व्यर्थही है। द्वार पर सहस्रों सुहागिन स्त्रियाँ स्वर्णकलश लिये खड़ी मंगलगान कर रही थीं। दुलहा के द्वार पर पहुंचते ही सबने मोतियों के प्रेमाच्छत छोड़ना आरंभ किया। ब्राह्मणों ने वेदध्वनि आरंभ की, और गान वाद्य होते हुए पृथ्वीराज का टीका होने लगा। पृथ्वीराज की छवि देख कर इच्छनी कुमारी की माता के आनन्द का तो पार ही न था। टीका होजाने पर बारात सादर जनवासे में पहुंचाई गई।

उस दिन रात भर विश्राम करने पश्चात् दूसरे दिवस प्रातःकाल जैतराव स्वयं जनवासे को गया और विनयपूर्व्वक पृथ्वीराज सहित सब बारात को भोजन के लिये लिवा लाया। सुखपूर्व्वक भोजन हो जाने पश्चात् इधर तो सखियाँ उबटन स्नान करवा कर नाना प्रकार के वस्त्र आभूषणों से इच्छनी कुमारी का शृङ्गार करने लगीं, उधर दूलह का शृङ्गार होने लगा। लग्न आजाने पर दूलह ने मंडप में प्रवेश किया और स्त्रियों ने मंगलगान आरम्भ किया। विवाह की समस्त सामग्री तो पहिले ही से प्रस्तुत करके चौक पूर वेदिकादि रची हुई थी। लग्न का वेध होतेही पंडितों ने दूलह दुलहिन की गांठ जोड़ कर उन्हें पेट पर बैठाकर गणेशपूजन किया। इसके अनन्तर नवग्रह कुलदेवता अग्नि ब्राह्मण आदि का पूजन कर शाखोच्चार किया गया। उस उपस्थित ब्राह्मण मंडली ने वेदमंत्र उच्चारण करते हुए दूलह दुलहिन को आशीर्वाद दिया। अन्त में सलष राज निज रानी सहित गाँठ जोड़े हुए मंडप में आए और वेद विधान युत इच्छनी का कन्यादान करके पृथ्वीराज से बिनीत भाव से बोले कि हे भद्र सोमेससुत! मैं यह कन्या आपकी सेवा में समर्पण करता हूं सो इसे अपनाइए।

यह सुन कर कन्ह चौहान आनन्द से बोल उठे कि हे सलषराज यह आनन्दमय दंपति सदैव दिल्ली गढ़ में इस प्रकार शोभित रहेंगें जैसे शिव पार्वती सहित कैलाश की शोभा बढ़ाते हैं।

इस प्रकार लग्न साध कर पृथ्वीराज जनवासे में आए। पीछे से ज्योनार का बुलावा आया। जिस के साथही सब बारात ज्यौनार को गई। नाना प्रकार के खट्टे, मीठे, मधुर, तीखे, सलौने इत्यादि षट रस व्यंजन परोसे गए। सबने आनन्दपूर्व्वक भोजन करना आरम्भ किया। उधर स्त्रियों ने गाली गाना आरम्भ किया जिसे सुन कर वीर बारातियों का चित्त द्विगुणित प्रसन्न हो रहा था। इस प्रकार ज्यौनार हो जाने पर दूसरे दिवस पलकाचार हो जाने पर कुमारकलेऊ होकर पृथ्वीराज दुलहिन सहित जनवासे में आए और अगनित द्रव्य कवि, चारण, ब्राह्मण और भिक्षुकों को लुटाया गया। उधर से सलष राज का भेजा हुआ दहेज भी आया जिसमें एक हजार रथ जिसमें मोतियों की झालरें लग रही थीं उनपर एक एक नायिका अपनी दो दो दासियों सहित सवार थी। साथ में सौ हाथी थे जोकि लक्षों का आभूषण पहने थे। घोड़े ऊँट आभूषण इत्यादि का वर्णन ही क्या करना है। इस प्रकार दहेज देकर भी सलष राज ने संतुष्ट न होकर लज्जा प्रगट की। बारात के चले जाने पर बचा हुआ अन्न पांच दिन पर्य्यन्त आबू की समस्त प्रजा में बाँटा गया।

जिस समय बारात बिदा होने लगी उस समय सलषराज ने एक हाथी सौ घोड़े ऊनी सूती, पश्मी, रेशमी, और जरकसी पांच सिरोपाव दूलह की भेंट किए। साथही इसके इच्छनी कुमारी के जमदार में अकूत बहुमूल्य वस्त्र भर कर दिए गए, गंगाजमनी दस कलश, एक गंगाम, दस सोने के थाल, बीस रत्न जड़ित लोटे और बटलोही इत्यादि दिए गए, एक बीस मन का बड़ा कोपर और १०० मन का हंडा, रेशम की डोरियों से बिने हुए अगनित पलंग पीनसें भी दी गई, दास, दासी इत्यादि कुमारी की पीनस के इर्दगिर्द चलते थे। इन सब डोलियों के आगे सलष राज के भेजे हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्यान्य परिकर के लोग चलते थे। पृथ्वीराज के वीर सामंतों को भी सलष राज ने सादर सिरोपाव पहनाए, तथा एक एक अंगूठी और एक एक घोड़ा भेंट दिया। इसके सिवाय बारात के अन्यान्य राज्यकर्म्मचारियों और महाजनों और परिकर के लोगों को यथायोग्य भेंट देकर सानन्द सलषराज ने विदा किया और आप स्वयं बारात को पांच कोस तक पहुँचाने आए। लौटते समय सलषराज ने पृथ्वीराज से विनीतभाव से निवेदन किया कि हे वीरपति चौहान मुझ से जो अपराध हुआ हो क्षमा करना, मेरे पास आपको देने योग्य कुछ भी नहीं है इससे मैं आप की सेवा में आजन्म के लिये अपना सिर समर्पण करता हूं। इस प्रकार निर्विघ्नता से इच्छनी कुमारी को व्याह कर सानन्द सकल बारात अजमेर जा पहुंची। बारात के दूलह दुलाहिन सहित सकुशल अजमेर आजाने पर समस्त नगर निवासी आनन्द से उमड़े न समाते थे। बालक, वृद्ध, युवा, स्त्री, पुरुष सब ही आनन्द में मग्न थे।

इस प्रकार कथा सुन कर कविचंद की स्त्री बोली कि हे पति अब कुछ इच्छनी कुमारी के सौन्दर्य्य का वर्णन कीजिए। यह सुन कर कविचंद बोला कि हे प्रिया उस अद्वितीय सुन्दरी इच्छनी कुमारी के सौन्दर्य्य को मैं वर्णन करूं ऐसी सामर्थ्य मेरी जिह्वा में नहीं है, किन्तु सुन प्रिये तेरे चित्तविनोदार्थ कुछ कहता हूं। इस प्रकार प्रेम भरे बचन कह कर कविचंद ने इच्छनी कुमारी का नष सिष, मनोहर शब्दों में वर्णन करना आरम्भ किया और कविचंद की स्त्री को सुनते सुनते प्रातःकाल हो गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

औगोलिक … जो … किसी नहीं पढ़ सकती।

मुगल युद्ध कथा।

[पन्द्रहवां समय।]

वीर पृथ्वीराज चहुआन ने धूमधाम से इच्छनी कुमारी को व्याह कर जब आबूगढ़ से अजमेर की ओर कूंच किया तो यह समाचार पाकर मेवात के मुगल सरदार को चौहान वंश से निज वंश का पूर्व्व वैर स्मरण हुआ और अपने पूर्वजों का बदला लेने का यही एक अच्छा अवसर जान कर छिपके उसने पृथ्वीराज को मार कर सब साज सामान लूटना चाहा इसलिये मुद्गलराय ससैन्य सन्नद्ध होकर जमुना के किनारे किसी औघट घाट पर पृथ्वीराज की बाट रोक कर डट रहा।

पृथ्वीराज की बरात का पड़ाव जमुना के किनारे बनप्रान्त में पड़ा हुआ था और आधी रात के समय सब लोग पंथ की थकावट से थकित हो कर निद्रा में निमग्न हो रहे थे, केवल कैमास जागते थे। पासही एक वृक्ष पर घुघ्घू की बोली सुन कर वे विचारमुग्ध होकर चारों ओर देखने लगे। तो पाते क्या हैं कि निड्डुरादि सब सामन्त पड़े सो रहे हैं, उस बड़े दल बल में कोई भी सचेत नहीं है, और बाईं ओर साक्षात् भगवती की मूर्ति कुछ कह रही है जिसको कि वे समझ न सके इसलिये उन्होंने प्रोहित गुरूराम को सचेत करके उक्त वृत्तान्त आद्योपान्त कह सुनाया और पूछा कि इसका तात्पर्य्य अब आप बतलाइए। तब गुरूराम ने उत्तर दिया कि इस विषय में कविचंद से पूछिए वे इस का यथार्थ उत्तर देंगे। तब कैमास ने कविचंद को सब हाल कह सुनाया जिसे सुन कर कविचंद ने इस प्रकार कहना आरंभ किया कि राजा पृथ्वीराज के पूर्वजों में आना नाम से एक राजा हो गया है जिस के दस पुत्र थे और परस्पर सदैव विरोधी रहते थे। इससे वे इकट्ठे न रह सके और सब तीन तेरह हो गए, केवल बीसल देव जी के पिता यहां अजमेर की गद्दी पर रहे और वे लोग आपस में मिलकर इस राज्य के शत्रु हो गए। जिस समय अजमेर में बीसलदेव जी राज्य करते थे उस समय उस विरुद्ध दल का स्वामी जैसिंह नाम से एक क्षत्री था। इस ने जब बीसलदेवजी के राज्य में उत्पात मचाया तो उन्हों ने इसे मार कर भगा दिया और वह जाकर पर्व्वत में रहने लगा। निदान तब से सोमेश्वरजी के समय तक वे खटपट करते ही रहे। अन्त में सोमेश्वर जी ने उन्हे हार पर हार देकर ऐसा खदेड़ा कि वे जाकर रोमियों की शरण में रहने लगे और वह भूमि आबू के प्रमार राजाओं के हाथ लगी जिस वंश में कि अब तक आबू का राज्य स्थित है। अब जब सोमेश्वरजी के पुत्र चहुआन-कुल-कमल राजा पृथ्वीराज राजसिंहासन पर विराजमान हुए तब उन दुष्ट मुगलों की होनहार ने उन्हें फिर से उत्तेजित किया है किन्तु यह अवश्य है कि उनका तारागण के समान तेज पृथ्वीराज के प्रताप के सम्मुख मलीन होगा। यह कथा सुन कर प्रसन्न हो सब लोग जहां के तहां निद्रानिमग्न हुए।

प्रातःकाल होते ही पृथ्वीराज ने नींद से उठ कर नित्यक्रिया संध्यावंदनादि से निश्चित होकर वस्त्र पहिन शस्त्र लगा घोड़े पर सवार हो कर शिकार खेलने की तय्यारी की। साथ में सात पांच सैनिक और सामंत भी हो लिए। जिस समय पृथ्वीराज निर्जन बन प्रान्त में पहुँचे तो मुगलराज ने रास्ता रोक रक्खा, यह देख कर वीर पृथ्वीराज लवलेश मात्र भी भय न करके शत्रुओं के बीच में धस पड़े और बनैले हिंसक पशुओं का शिकार करने के स्थान में उन पुरातन धर्म्मशत्रु नरपशुओं का शिकार करने में प्रवृत्त हुए। पृथ्वीराज के सामंत सिपाही भी जहां तहां लोहा झाड़ने लगे। इस प्रकार मार होते होते क्षणमात्र में ही पृथ्वीराज रूपी बड़वानल ने उस यवन दल समुद्र को नाश कर दिया। वीर राजपूतों की मार को मुगल के साथी सह न सके। इसलिये जिसे जहां राह मिली सब तीन तेरह होकर भाग निकले।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन के सामंतों ने मुगलराज को बंदी कर लिया। इस प्रकार मुगलराज को बंदी कर नवल नव बधूटी इच्छनी कुमारी सहित पृथ्वीराज आनन्द से अजमेर में आ पहुंचे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुंडीरदाहिमी विवाह कथा।

[सोलहवां समय।]

इच्छनी कुमारी का विवाह हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया पृथ्वीराज का वह बर्ष नवीन मुग्धा नायिका इच्छनी कुमारी के साथ बड़े ही आनन्द प्रमोद में व्यतीत हुआ, किन्तु राजाओं का चित्त स्थिर नहीं रहता। पृथ्वीराज अपने पराक्रम से शत्रुओं को पराजित कर ज्यों ज्यों नित प्रति नव कीर्ति प्राप्त करता जाता था त्यों त्यों उसे नित नवयोवनाओं के संग कामक्रीड़ा की इच्छा होती थी। निदान जब पृथ्वीराज ने चन्दपुंडीर की कन्या के रूप गुण और यौवन की प्रशंसा सुनी तो उसका लालची चित्त उस कमलकली का मकरन्द रूप पान करने की लालसा में उनमत्त सा हो उठा और उसने अपनी यह इच्छा चंदपुंडीर पर प्रगट की जिसे सुन कर चंदपुंडीर ने भी प्रसन्नतापूर्वक अपनी सुकुमार कुमारी को पृथ्वीराज के साथ ब्याह देना स्वीकार कर लिया और यथासंभव शीघ्र ही उत्तम लग्न ठहरा कर पृथ्वीराज को लग्न चढ़ा सुख सारे से अपनी कन्या का विवाह उसके साथ कर दिया।

विषयासक्त पुरुष की जितनी इच्छा पूर्ण होती जाती है उतनी ही उसकी विषयबासना और बढ़ती है। नवीन फल, फूल तथा स्त्री को देख कर चित्त में चोभ उतपन्न होना तो स्वाभाविक ही है। इधर तो पृथ्वीराज चंदपुंडीर की नवयोवना कन्या के साथ केलक्रीड़ा कर ही रहा था उधर दाहिमी कैमास की बहिन के रूप यौवन की प्रशंसा सुन कर उस से भी ब्याह करने की उसने इच्छा प्रगट की। कैमास के पिता ने भी यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और प्रसन्नतापूर्वक अपनी दोनों कन्याएं पृथ्वीराज को ब्याह दी और बरात बिंदा होने के समय आठ सखी तिरसठ दासी और बहुत से हाथी घोड़े वस्त्र आभूषणादि दहेज में दिए। पृथ्वीराज इस प्रकार चंदपुंडीर की पुत्री पुंडीरदाहिमी के साथ विवाह कर के इस केलक्रीड़ा में उनमत्त मतंग की भांति प्रवृत्त हुआ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिस्वप्न प्रस्ताव।

(सत्रहवां समय।)

कुँअरपन में पृथ्वीराज को आखेट से बड़ी प्रीति थी। एक समय पृथ्वीराज अजमेर के पश्चिम प्रान्त के रमने में शिकार खेलने गए। इनके साथ में लोहाना, लंगरीराय इत्यादि सब सामन्त और अनगिनत हाथी घोड़े और पदाति सैनकों की भीड़ थी। इस दल बल के विषम कोलाहल से सारा बन गूंज उठा। मेघस्पर्शी पहाड़ों और उनकी कंदराओं में उस कोलाहल की ध्वनि प्रतिध्वनित हो कर भयानक रूप से गूंज उठी, जिसे सुन कर तद्वनवासी जीव भयभीत हो कर आतुरता और भय से भौचक से भटकने लगे। एक गिरिगुहा में सोता हुआ सिंह उक्त कोलाहल से उकता कर उठ बैठा और अत्यन्त क्रोद्धित हो कर पृथ्वीराज के इस सेनसमूह की ओर बढ़ा। सिंह की विकराल आकृति को देख कर घोड़े आदि पशु भभक उठे और बनरखों ने यह खबर पृथ्वीराज को दी जिसके सुनते ही वीर पृथ्वीराज धनुष पर बाण संधान कर आगे बढ़ा और सिंह सिंहनी दोनों में से सिंह को ही लक्ष कर के उसने बाण छोड़ा किन्तु निशाना खाली गया। तब पृथ्वीराज तलवार लेकर झपटा और उधर से अत्यन्त कुपित होकर साक्षात् कराल काल स्वरूप सा वह सिंह भी पृथ्वीराज पर झपटा किन्तु पृथ्वीराज ने एक ही हाथ में उसे मार गिराया जिसे देखते ही सब सेना में आनन्दध्वनि हो उठी।

सब सेना में जहां तहां पृथ्वीराज की बीरता का बखान होने लगा और पृथ्वीराज अपने सब सामंतों सहित एक वृक्ष की छाया में बैठ कर श्रम दूर करने लगा। शिकार में मारे हुए जानवरों का ढेर भी एक तरफ लगा दिया गया। तब संजमराय का पुत्र पृथ्वीराज को अपने बलवीर्य्य की परीक्षा देने की इच्छा से उठा और एक एक हाथ में भारी भारी गज कुंभ को फाड़ने लगा और एक बाण संधान करके जो उस हन्त पशुओं के ढेर में उसने मारा तो वह बांण बड़े बड़े बराह चीते साबर हिरण हाथी आदि के शरीरों को पार कर बारापार हो गया जिसे देख कर पृथ्वीराज ने बड़ा आदर और अत्यन्त प्रसन्नता प्रगट करते हुए उस नव युवा कुमार को बहुत से प्रशंशित शब्दों से संबोधन कर के कहा कि मैं तुझ पर बड़ा प्रसन्न हूं अभी कहना व्यर्थ है मैं तुझे ऐसा पारितोषिक दूंगा कि तूं भी प्रसन्न हो जायगा। इस के पश्चात सब लोग आगे बढ़े तो देखते क्या हैं कि एक सर्प अपनी बामी के द्वार पर एक हाथ ऊंचा फन उठाए खड़ा है और एक देवी * उसके फन पर नृत्य कर रही है। यह देख कर सब ने यह बात राजा से कही जिसे सुन कर पृथ्वीराज ने अत्यन्त आश्चर्यान्वित हो कर अपने दरबार के प्रसिद्ध ज्योतिषी महिर नामक पंडित से इसका फल पूछा, जिस पर महिर ने उत्तर दिया कि इस का परिणाम तो मेरे बिचार में यह आता है कि आप को अनायास कुछ बड़ा धन और भूमि मिलनी चाहिए और आप के शत्रुओं का क्षय हो। इतने में सवारी और आगे बढ़ी तो पृथ्वीराज ने स्वयं उक्त दृश्य अपनी आंखों देखा कि उस सर्प के फन पर नाचती हुई देवी राजा को देख कर प्रसन्नता प्रगट करती थी और उस सर्प के फन पर से उड़ कर वह पास वाले एक रसाल वृक्ष पर जा बैठी और चोंच से कतर कर उसने एक फल नीचे डाला। यह देख कर ज्योतिषी महिर आगे बढ़ा और उसने वह फल ला कर राजा को दिया और कहा कि यह शुभ शकुन का प्रसाद लीजिए। इतने में उस सर्प की सर्पिनी ने आकर सर्प को कुछ खाद्य पदार्थ अर्पण किया जिसे सर्प ने प्रसन्नतापूर्व्वक खा लिया और तब वह सर्प सर्पिनी दोनों चल दिए। यह देख कर पृथ्वीराज ने फिर महिर से पूछा कि इसका भी फल कहिए तब उसने उत्तर दिया कि इस शकुन का फल यह सिद्ध होता है कि कोई भूम्याधिकारी तुम्हें अपना भूभाग स्वयं समर्पण करके आप तुम्हारी सेवा करे। यह सुन कर

* प्रसंग से मालूम होता है कि देवी लाल की नाई छोटी खूबसूरत चिड़िया को कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज बड़ा प्रसन्न हुआ। कुछ दूर और आगे बढ़ कर सुन्दर जल और छाया से आच्छादित स्थान देख कर पड़ाव डाल दिया गया। उस दिवस मध्यान्ह में उस स्थान पर भोजन पान हुआ और बेला ढलने पर वहां से अजमेर की तरफ सबने कूच किया।

उसी दिन सायंकाल को पृथ्वीराज सेना सहित सानन्द अजमेर पहुँच गया। रात्रि को जब कि पृथ्वीराज अपने राजमहल में सुखशैय्या पर सुसुप्ति अवस्था में बेसुध पड़ा हुआ था तो देखता क्या है कि पीत वस्त्र धारण किए माथे पर लाल तिलक दिए केश बिखराए हुए एक अद्वितीय सुन्दरी स्त्री उस के पास आई। पृथ्वीराज ने उस से पूछा कि तू कौन है? तब वह स्त्री बोली कि हे वीर पृथ्वीराज मैं वीरभोग्या भू देवी हूं। मेरे हृदय में सदैव वीर पुरुष की ही इच्छा रहती है। मैं अपने सूक्ष्म हाव भाव और कटाक्ष से वीर पुरुषों का ही चित्त क्षोभित करती हूं। इस के विरुद्ध कायर पुरुष की ओर मेरी देखने की भी इच्छा नहीं होती और मैं वीर पुरुषों के लिये अनेकानेक कष्ट सह कर भी नाना भांति के उतमोत्तम गुणमय पदार्थ उत्पन्न करती हूं। उस भूदेवी की लावरायता का मधुर पराग पान करके पृथ्वीराज का मन मकरन्द एक तो प्रथम ही से उन्मत्त सा हो रहा था तिस पर उस के ऐसे बचन सुन कर तो उसके आनन्द का ठिकाना न रहा उस का मन एक बिचित्र भाव से क्षोभित हो उठा। भूदेवी ने पुनः कहना आरंभ किया कि हे पृथ्वीराज खट्टू बन में अगनित धन धरा हुआ है सो वह तुझे प्राप्त होगा और उसने कहा कि अजमेर में अजय पाल नामक एक प्रतापी पुरायवान राजा राज्य करता था। एक समय प्रातः काल जब कि वह पूजन कर रहा था एक ब्राह्मण ने आकर उससे एक सहस्र मुद्रा दान चाहा। होतव्य बश राजा ने देने से इन्कार कर दिया तब उस दरिद्र ब्राह्मण ने कुपित हो कर शाप दिया कि यदि इस द्रव्य पर इतना स्नेह है तो जा तू जन्मान्तर में भी सर्प होकर इस की रक्षा करता रहे। हे राजा तू नहीं जानता कि धन का संचय करके सत्कार्य्य में व्यय न करना बड़ी भारी मूर्खता है। संचित की हुई माया, मध्य दिन की छाया और विषय का सुख सब क्षणिक होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिल्लीदान प्रस्ताव।

[अट्ठारहवां समय।]

एक समय पृथ्वीराज सभा में विराजमान थे कि दिल्ली से एक दूत आया और उसने एक पत्र कैमास को दिया। कैमास ने वह पत्र पढ़ा तो उसमें अनंगपाल की तरफ़ से लिखा था कि मैं अब वृद्ध हुआ इसलिये तप करने की इच्छा से बदरिकाश्रम को जाना चाहता हूं और अपना यह दिल्ली का राज्य तथा सम्पूर्ण वैभव आपको संकल्प करने की मेरी इच्छा है। पत्र सुन कर सब लोग विचार करने लगे। कोई कहता है कि इसी समय दिल्ली चलाना चाहिए, कोई कहता है कि पृथाकुमारी का विवाह हो जाने पश्चात जाना अच्छा होगा। निदान कैमास ने वह पत्र सोमेश्वर के सम्मुख उपस्थित किया। तब सोमेश्वर जी ने सब सामन्तों और विचारवान राज्य कर्म्मचारियों को एकत्र करके एक सभा की जिसमें चंदपुंडीर के मत के अनुसार यही निश्चय हुआ कि आता हुआ राज्य छोड़ना भला नहीं। यह निश्चय हो जाने पर सब ने कविचंद से पूछा कि हे बरदाई, अब यह बतलाना आप का काम है कि अनंगपाल अपनी परंपरा संपत्ति पृथ्वीराज को क्यों समर्पण करते हैं? यह सुन कर कविचंद ने देवी का ध्यान किया और अनंगपाल और व्यास का संवाद जो कि दिल्ली किल्ली की कथा में वर्णन किया जा चुका है यथावत कह सुनाया और कहा कि दिल्ली में पृथ्वीराज का राज्य खूब तपेगा। यह सुन कर पृथ्वीराज ने दिल्ली जाना निश्चय कर लिया और दूसरे दिन अपनी अंतरंग सभा में उक्त आगत दूत को बुलाकर पूछा कि हे चतुर दूत! यह तो बतलाओ कि मेरे नाना अनंगपाल जी को सहसा वैराग्य उत्पन्न होने का कारण क्या है? पृथ्वीराज के ऐसे वचन सुन कर वह दूत अनंगपाल के स्वाभाविक गुणों तथा उसकी नीति निपुणता की प्रशंसा करता हुआ बोला कि अभी किञ्चित ही समय व्यतीत हुआ है कि राजा अनंगपाल जी ने सुसुप्ति अवस्था में एक स्वप्न में देखा कि सम्पूर्ण तोंअर वंश दक्षिण की ओर जा रहा है। ऐसा स्वप्न देख कर राजा की निद्रा भंग होगई उसने शयन से उठते ही ईश्वरस्मरण करके मुख प्रक्षालन किया और अपने इष्टदेव नरसिंह जी का स्मरण करते हुए पुनः वह निद्रा में निमग्न हो गया। प्रातःकाल के समय पुनः वह स्वप्न में क्या देखता है कि जमुना जी के किनारे पर एक सिंह बैठा हुआ है और एक दूसरा सिंह उस ओर से पैर करके गया और उक्त सिंह के सम्मुख बैठ गया। दोनों सिंह परस्पर प्रेम प्रकाश करते हुए प्रेमालाप करने लगे कि इतने में अनंगपाल जी की नींद खुल गई। इस पर राजा ने अत्यन्त आश्चर्य्यान्वित हो जगजोति नामक प्रसिद्ध राज्यज्योतिषी को बुला कर उक्त स्वप्न का ठीक ठीक फल कथन करने की आज्ञा की। अस्तु ज्योतिषी ने धीरभाव से अपनी विद्या द्वारा विचार कर कहा कि हे राजन्! जमुना की कगार पर बैठे हुए सिंह तो आप हैं और उस पार से आया हुआ सिंह आप का दौहित्र पृथ्वीराज है। अब यहां चौहान वंश का राज्य स्थापित होना संभव है। अतएव आपको भी उचित है कि आप यह राज्यभार पृथ्वीराज के सिर सौंप कर बदरिकाश्रम में जा भगवद्स्मरण कर अपना परलोक सुधारिए। ज्योतिषी की इस भविष्य व्याख्या का प्रभाव महाराज के चित्त पर ऐसा पड़ा कि उन्होंने आप को राज्य दे कर स्वयं बदरिकाश्रम में तप करना ही अपना दृढ़ मन्तव्य निश्चय कर लिया और ज्योतिषी को बिदा कर तुरंत ही राज्यमंत्रियों को बुला कर अपना मन्तव्य कह सुनाया और उन्हें अपना अपना मत प्रकाशित करने की आज्ञा दी। इस पर सब ने नाना प्रकार की नीतियुक्त युक्तियों को दृढ़ प्रमाणों से पुष्ट करते हुए राजा को यही मंत्र दिया कि आप की यह कल्पना उचित नहीं है किन्तु राजा के मन में एक न आई और उन्होंने यह पत्र दे कर मुझे आप की चरण सेवा में भेजा है। यह सुन कर पृथ्वीराज ने दूत को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह कह कर बिदा किया कि नाना जी को मेरे आने की सूचना दे दो और इधर अपने दिल्ली जाने की उसने तय्यारी कर दी।

पथ्वीराज ने बड़े ठाट बाट से अपने सूर सामन्त और परिकर सहित उत्तम मुहूर्त में अजमेर से दिल्ली को प्रस्थान किया। पृथ्वीराज के दिल्ली पहुँचते ही सम्पूर्ण दिल्ली नगर में घर घर बधाए होने लगे, दिल्ली के हाट बाट चौहटों और गली कूचों में कदली वृक्ष और पुष्प मालाओं की छटा देख पड़ती थी, घर घर मेघस्पर्शी हवेलियों के गोखों और झरोखों में वरण वरण के वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित मंगलामुखी स्त्रियों की छबि छटा देखते ही मन मुग्ध होता था। निदान अनंगपाल जी ने शुभ लग्न ठीक करा के संवत् ११३८ मार्गशीर्ष शुक्ल ५ गुरुवार को मृगशिरा नक्षत्र, सिद्धनाम योग में पृथ्वीराज को दिल्ली के पाट पर बैठाया।

दूसरे दिन दिल्ली और अजमेर की सब सेना सहित पृथ्वीराज की सवारी निकली। आनन्दध्वनि होते हुए नाना प्रकार के गान वाद्यों सहित सवारी सब नगर और मुख्य मुख्य देवस्थानों में होकर राजमहल के द्वार पर आई। सायंकाल के समय बड़ा दरबार लगा। पृथ्वीराज राजगद्दी पर विराजमान हुए। दोनों राज्यों के मुख्य मुख्य राज्यकर्म्मचारी और सरदार लोग अपने अपने अदब से आ आ कर पृथ्वीराज को सादर जुहार करते और यथाशक्ति नजरें देते थे। दिल्ली के राज्यकर्म्मचारी परिजन और महाजन लोग दरबार में आए और पृथ्वीराज को नजरें दे दे कर निज निज योग्यतानुसार सब ने आसन ग्रहण किया। सब ने प्रसन्नतापूर्वक पृथ्वीराज को दिल्ली का राजा स्वीकार किया और पृथ्वीराज ने भी अंत में सब को पान सिरोपाव इत्यादि देकर बिदा किया। इधर यह शुभ समाचार सोमेश्वर के पास भेजा गया जिसे सुन कर सोमेश्वर तथा उसकी रानी फूली अंग न समाती थी। अजमेर नगर में भी यह बात घर घर फैल गई और वहां के बाल वृद्ध सभी युवा युवती भी आनन्द में मग्न भांति भांति के उत्सव करने लगे। दूसरे दिन अनंगपाल सब से विदा हो कर अपनी धर्म्मपत्नी सहित बदरिकाश्रम को चले गए और पृथ्वीराज नीति न्याय सहित दिल्ली का राज्य शासन करने लगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ माधो भाट कथा।

[उन्नीसवां प्रस्ताव।]

अनंगपाल के बदरिकाश्रम चले जाने पश्चात् पृथ्वीराज ने दिल्ली नगर की दसों दिशाओं में दस भैंसों का बलिदान करवाया और भांति भांति की पूजा होमादि से दिल्ली नगर के ग्राम्य देवताओं तथा निज कुल देवताओं को शान्त कर निश्चिंतता पूर्वक दिल्ली का स्वच्छन्द राज्यदंड अपने हाथ में लिया।

उधर शहाबुद्दीन को अहर्निशि इसी बात की चिंता लगी रहती थी कि किसी प्रकार पृथ्वीराज से अपने अपमान का बदला लेना चाहिए। जब उसने यह निश्चय जान लिया कि मैं बल करके पृथ्वीराज को परास्त करने में समर्थ नहीं हूं तब उसने कूटनीति का आश्रय ग्रहण किया और गज़नी से माधव भाट नामक अपने एक मुसाहिब को पृथ्वीराज का भेद लेने के लिये हिन्दुस्तान में भेजा। माधव भाट ने दिल्ली में आकर अपनी उच्च विद्याओं और बुद्धिविलक्षणता से पृथ्वीराज के सभासदों को प्रसन्न करना आरंभ किया। उसने पृथ्वीराज के खास कलम (पेशकार) धर्मायन कायस्थ पर तो ऐसी मोहनी डाली कि वह तन मन से उसका चेरा हो गया। उसी के द्वारा वह राज्यसभा तक जा पहुँचा। माधव भाट छहो शास्त्र और अट्ठारहो पुराण का मर्म जानने वाला था, ज्योतिष और काव्य शास्त्र में परांगत तथा संस्कृत और पारसी भाषा में विशेष योग्यता रखता था। उसने अपने गुणों से पृथ्वीराज को भी ऐसा मोहित किया कि दरबार में प्रति दिन उसका आदर बढ़ने लगा। राजा की विशेष कृपा होने के कारण अन्यान्य सामन्त भी उस पर प्रेम करने लगे और जब उसने अच्छा अवसर पाकर पृथ्वीराज के राजनैतिक तथा व्यावहारिक चालों की पूर्ण मीमांसा और जांच कर ली और प्रथक प्रथक शूर वीर, सामन्त, राज्यकर्म्मचारी और प्रजा की रीति भांति का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लिया। तब एक महीने पश्चात् उसने विदा माँगी। निदान राजा ने भी उसके छद्म वेष की ओर कुछ भी ध्यान न देकर बहुत सा धन रत्न देकर उसे विदा किया।

माधव भाट दिल्ली से चल कर कुछ दिनों में रास्ते का भेद भाद लेता हुआ गजनी जा पहुँचा। उस के आने की खबर पाकर शहाबुद्दीन ने तुरंत ही उसे दरबार में बुलाया और पूछा कि पृथ्वीराज का क्या समाचार लाए सो कहो? तब माधव भाट ने पृथ्वीराज के दिल्ली गोद जाने और अनंगपाल का तप करने के लिये बदरिकाश्रम जाने का समाचार कह कर पृथ्वीराज की समस्त बाह्य और अतरंग नीति रीति का विवरण कह सुनाया, जिसे सुन कर डाह के मारे शहाबुद्दीन का हृदय जल उठा। मित्र की सम्पत्ति देख कर प्रसन्न होने वाले तो थोड़े ही सज्जन होते हैं किन्तु शत्रु के वैभव पर डाह करना तो स्वाभाविक ही है। पृथ्वीराज एक तो प्रथम ही बलवान था अब उसके पास द्विगुण सम्पत्ति और सैन बल हो जाने से वह शहाबुद्दीन को निपट अजेय देख पड़ने लगा किन्तु उसने हिम्मत न हारी। उसने उसी समय तातार खां, खुरसान खां, नशरत खां, ममरेज खां, आजान खां, सुलतान खां, मारूत खां, मीर जम्मन खां, रुस्तम खां, गजनी खां, मीर मुहम्मद, शेख चम्मन खां आदि सरदारों को बुला कर एक अन्तरंग सभा रच कर माधो भाट का कहा हुआ सारा समाचार यथावत् कह सुनाया और पूछा कि अब इस बलवान शत्रु को परास्त करने का शीघ्र यत्न क्या करना चाहिए। जब तक पृथ्वीराज से अपने अपमान का बदला ले लूंगा तब तक मुझे संसार शून्य देख पड़ेगा। शहाबुद्दीन के ऐसे बचन सुन कर सब ने एक मत हो कर उत्तर दिया कि हुजूर की जो ऐसी इच्छा है तो हम लोगों को कोई उज़र नहीं। हम तो उसी से प्रसन्न हैं जिस में जहांपनाह की प्रसन्नता हो। इसलिये बड़ी सेना सज कर शत्रु को जीता जाय। पर हम लोगों को माधो भाट की बातों पर विश्वास नहीं होता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह आप का नौकर है पर फिर भी हिन्दू ही तो है। न जाने उस की बात में क्या भेद हो इसलिये जब तक यहां फौजी तय्यारी की जाय तब तक एक ऐयार उस ओर भेज दिया जाय कि वहां की ठीक ठीक खबर मिल जाय। निदान सर्वसम्मति अनुसार महमूद खां नामक चतुर दूत दिल्ली को भेजा गया और यहां जहां तहां बड़े जोर शोर से फौज की तय्यारी की जाने लगी। वैतनिक फौज के अतिरिक्त अन्यान्य मातहत जागीरदार तथा अन्य मित्र मुसलमानी राज्य की सेना का जोड़ तोड़ करके बड़ा भारी दल इकट्ठा किया गया।

इधर महम्मद खां सूफ़ी * वेष बदल कर दिल्ली की तरफ रवाना हुआ। उसने दिल्ली में पहुँच अपने आचार के करिस्मों से नगर निवासियों का चित्त प्रसन्न करते हुए अपना यथोचित कार्य्यसाधन करना आरम्भ किया। अनंगपाल का बनवास करना और दिल्ली में पृथ्वीराज का राज्य स्थापन होना तो उसे सहज ही में मालूम हो गया। तत्पश्चात उसने धर्म्मायन के पास जाकर उसको बादशाह तथा माधो भाट का पत्र दिया। धर्म्मायन ने दूत को सादर स्थान दिया और पृथ्वीराज की राज्य प्रणाली का सब ब्योरा समझा कर कहा कि पृथ्वीराज को यहां बास करते सात पक्ष अर्थात् साढ़े तीन मास हुए हैं, कैमास को पांच पक्ष, चामुण्ड राय को चार पक्ष, लोहाना अजानबाहु को १॥ पक्ष और कन्ह को यहां निवास करते १ पक्ष हुआ है। शनैः शनैः अजमेर से सब सामंत यहां आकर वास करेंगे। शेष गुप्त समाचार पत्र में लिख कर उसने उसे गज़नी को बिदा किया।

महम्मद खां ने उसी अपने पूर्वोक्त सूफी वेष में आकर शहाबुद्दीन को सलाम किया। शहाबुद्दीन ने उसे पहिचान कर बड़े आदर से पूछा कि कहो क्या समाचार हैं। तब उसने दिल्ली में केवल छः दिन रह कर धर्म्मायन की कृपा से जो छ महीने का समाचार पाया था सो सब कह सुनाया और कहा कि दिल्ली की समस्त प्रजा पृथ्वीराज की नीति और उसके व्यावहारिक आचरणों से परम संतुष्ट है। सब सूर वीर सामन्तों का तो यह हाल है कि वे पृथ्वीराज की इच्छा से भी आगे चलने वाले हैं और इसी प्रकार वह भी उनकी मान मर्य्यादा का सदैव ध्यान रखता है। उसकी प्रजा में कोई भी दरिद्र नहीं है सब लोग अपने अपने वर्णाश्रमानुसार कार्य्य करते हुए अपना धर्म्म पालन करते हैं और मुसलमानों के सब परम शत्रु हैं। इसके ऐसे बचन सुन कर शहाबुद्दीन ने अपने मंत्री तत्तार खां को बुलाया और दूत का आप कथनोपकथन उसे यावत् सुना कर उससे पूछा कि अब क्या करना चाहिए। पृथ्वीराज के प्रबल प्रताप की कथा सुनकर तो मेरा हृदय कंपित होता है। यह सुन कर तत्तार खां बोला कि जिस प्रकार पृथ्वीराज के राज्य शासन का समाचार मिला है वास्तव में वह हम लोगों के लिये भयप्रद है और जो कुछ समाचार है वह सर्वथा ठीक भी है किन्तु इससे हमको हिम्मत न हारनी चाहिए क्योंकि धर्मायन कायस्थ की, जो कि पृथ्वीराज के दरबार का एक प्रधान कर्म्मचारी है और हमारा सच्चा सहायक है, सहायता से हमें अपनी विजय प्राप्त होने की पूर्ण आशा है। अतएव अब बिना विलंब किए सेना सज कर दिल्ली पर आक्रमण करना चाहिए। इस प्रकार तत्तार खां की उत्तेजक सलाह से शहाबुद्दीन का दिल भी भर गया और उसने जहां तहां पत्र परवाने भेजने की आज्ञा दे कर अपने लश्कर के तय्यार होने की आज्ञा दी। दूसरे दिवस प्रातःकाल ही गाजे बाजे बजाती हुई शाही सेना राज्य महल के सम्मुख आ उपस्थित हुई। शहाबुद्दीन भी घोड़े पर सवार होकर सेना में आ मिला और हिन्दुस्तान की ओर चल पड़ा। उसने गज़नी से बारह कोस चल कर नारौल नामक गांव में पड़ाव डाल दिया और तीन दिन पर्य्यन्त वह वहां ही रहा, जब तक उसके अन्यान्य जागीरदार मैमार लोग अपनी अनी कनी सेना सहित रंग बिरंगे निशानों को फहराते हुए शाही सेना में आ मिले।

* सूफी मुसलमानी फकीरों का एक फिरका होता है जो कि बड़े आचार से रहता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शहाबुद्दीन इस प्रकार यहां पर दो लाख फौज इकट्ठी कर के आगे बढ़ा और सिन्ध नदी तक नियमानुसार पड़ाव पर पड़ाव डालता हुआ चला आया। सिंध नदी पार कर के दिन रात लगातार कूंच करने लगा।

शहाबुद्दीन के सिंध पार करने की खबर जब पृथ्वीराज के कान तक पहुँची तो उसने उसी समय राज्यमंत्री कैमास और सिपह-सालार कन्ह को बुला कर शहाबुद्दीन की धृष्टता का समाचार कह सुनाया और उनका स्पष्ट मत पूछा। तब कैमास ने कहा कि अब इस समय यही कर्तव्य है कि वह अपनी सीमा न चापने पावे। आगे ही बढ़ कर उसे दण्ड देना उचित है। कैमास का यह मत अन्य सब सामन्तों ने भी स्वीकार किया और दरबार बरखास्त होने पर शहाबुद्दीन के आक्रमण का समाचार सब सेना में कानों कान फैल गया। तब सब शूरवीर धर्म्मशत्रु यवनों को दण्ड देने के लिये उत्साहपूर्वक अपने अपने बाने बाने सजकर तय्यारी करने लगे। दूसरे दिवस प्रातःकाल ही चतुरंगिनी सेना सज कर प्रस्तुत होगई। पृथ्वीराज सुनहरे आभूषणों से सुसज्जित हाथी पर सवार हो कर उस दल रूपी जल में साक्षात् कमल सा सुशोभित होने लगा एक तरफ से कैमास ने और एक तरफ से कन्ह ने समस्त सेना की जांच की और तब पृथ्वीराज के आज्ञानुसार प्रस्थान का आदेश दिया गया। आज्ञा पाते ही भांति भांति का जुझाऊ बाजा बजने और मारू राग का गान होने लगा जिससे शूरवीरों का मन उन्मत्त और कायरों का कलेजा कांपने लगे। इस प्रकार सत्तर हजार सेना सहित अनियम कूच करते हुए शहाबुद्दीन की सेना से ६ कोस की दूरी पर *पानी पत के मैदान में पड़ाव जा पड़ा।

उधर से शहाबुद्दीन भी बराबर बढ़ा चला आता था। जब उसकी फौज मुठभेड़ में आगई तब पृथ्वीराज के आज्ञानुसार * मारू की ध्वनि के सहारे पर सामन्तों ने सेना की मयूर व्यूहाकार रचना प्रारम्भ की। निड्डुर और कैमास एक पक्ष पर, अत्ताताई और बलिभद्र दूसरे पक्ष पर रहे। कुछ सेना सहित पृथ्वीराज पिंड स्थान पर स्थित रह कर पैर और नख की रक्षा पर रहे, पज्जून राय पूंछ पर, चंद पुंडीर चौंच और महन सिंह पड़िहार कंठस्थान पर रहे। इस मयूर व्यूह की रक्षा के लिये सहायक सेना सहित दाहिनी ओर कैमास, और सकट व्यूह रचकर महन सिंह मारू और भौंहा चंदेल सहित चामुंड राय अग्र भाग में रहे। इसी प्रकार अन्य अठारह सामन्त पीछे पृष्ठ पर सहायता देने को सन्नद्ध रक्खे गए। कन्ह अपने पक्ष पर आठ अन्य सामन्तों को दृढ़ रखकर आप राजा के पास आकर राजा के (छत्र स्थान पर) खवास खाने में बैठे। मुसलमान सेनापति ने अपनी सेना की अर्धचन्द्रकार व्यूह रचना की जिसकी एक अनी पर खुरसान खां और ततार खां थे और एक अनी पर पीरोज खां था और सुलतान स्वयं मध्यभाग में था। इस प्रकार व्यूह रचना हो जाने पर वीर क्षत्री दल ने यवन सेना रूपी सर्पों के भक्षण करने के लिये उनपर आक्रमण किया। उस समय धौंसों की धुंकार और मारू की हुंकार सुन कर वीर शिरोमणि शूर वीर फूले अंग नहीं समाते थे और कायर पुरुष प्राण के भय से जहां तहां पलायन में तत्पर थे। दोनों ओर के वीर योद्धा लोग अपने अपने स्वामियों की जयप्राप्ति की अभिलाषा से एक दूसरे पर टूट पड़े। दोनों ओर के दल बद्दलों से बाण रूपी जल की बौछार पड़ने लगी, घनघोर तुपक और शतघ्नियों की गर्जना से मेदनी कंपायमान होती थी, बीच बीच में चमचमाती हुई तलवारें विद्युत प्रभा को मात करती थीं। उस युद्ध स्थल में अवयव रहित जीव के धड़ धड़ाधड़ मेंढक से कूदते

* मूल पुस्तक में जलपंथ करके लिखा है यथा "आति कूचह कूच दलं खरियं। जल पंथह जाय सु उत्तरियं"॥

* मारू एक विशेष बाजे का नाम है। उस समय में इसी मारू के इसारे पर कवायद सिखाई जाती थी जिस तरह कि आज कल बिगुल से काम लिया जाता है। पाठकों को ध्यान रहे कि फ़ौजी कवायद कोई नई चीज नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। उधर से खुरसान खां ने आगे बढ़कर पृथ्वीराज पर आक्रमण करना चाहा तो इधर से कन्ह ने बढ़ कर एकही बार में उसे मार भगाया। कन्ह की इस चोट में खुरसान खां अपनी दो हजार सेना के मारे जाने पर पीछे हटा। सब मुसलमानी सेना के पैर उखड़ गए किन्तु बादशाह के क्रुद्ध होकर धैर्य्य देने पर वे लोग फिर से बटुर पड़े और स्वामिधर्म्म रूपी दीपशिखा पर अपना प्राण पतिंगा बारने लगे। शहाबुद्दीन ने इस प्रकार जोर बाँध कर तत्तार खां की सलाह के अनुसार खुरासानखां को फिर से पृथ्वीराज पर धावा करने को कहा कि जिसमें सब का ध्यान उसी ओर जाय और आप तत्तारखां के सहित हरावल तोड़ने पर मुस्तैद हुआ, किन्तु वीर सामन्तों के सम्मुख उसकी एक भी कला न चली। प्रबल राजपूतों की दपेट से वह अर्ध चन्द्राकार यवन सेना पूर्ण चन्द्रमा स्वरूप बन गई और तब चहुआन रूपी राहु ने उसे सहज ही में ग्रस लिया। शहाबुद्दीन तथा अन्य प्रधान यवन सैनिकों ने अपना सा प्रबंध किया किन्तु कुछ भी चारा न चला और यब सेना भाग उठी। तब पृथ्वीराज के आज्ञानुसार प्रमार जैत ने तत्तार खां की अनी का पीछा किया। पृथ्वीराज कन्ह सहित आप अन्य यवन मृगों का शिकार खेलने लगा और चामुंडराय ने घेर कर शहाबुद्दीन को कैद कर लिया। यह युद्ध वैसाख सुदि १० बृहस्पतिवार ११३८ को हुआ। इस युद्ध में दोनों ओर के निम्न लिखित सरदार काम आए।

पृथ्वीराज की ओर के।

भीम....	मान्य सामन्त
भारवरह	कन्ह का पुत्र
श्यामदास....	"
जसधवल	लोहाना का पुत्र
केंसरि सिंह	" का भाई
रनवीर सोलंकी	विभुराज का पुत्र
सागरह खींचीं	प्रसंग राव खीची का पुत्र
महन राय	" का भाई
हरि प्रमार	" " "
वीरध्वज "	सिंध राज का पुत्र
भीमसिंह बघेल	"
लष्षनसिंह	रामराव का पुत्र

शहाबुद्दीन की ओर के।

शेर खां, सुलतान खां, मारु मीर, मीर जहान, मीर जुम्मन, गजनीं खां, मीर महम्मद, मीर फतेह जंग, (हसन) खां, अन्नर (अनार) खां ये १० मुख्य सेनापति और अट्ठारह हजार साधारण सैनिक काम आए। उक्त सामन्तों के सिवाय १००० हिन्दू सैनिक और भी मारे गए और दोनों तरफ के ७००० घोड़े मारे गए।

चामुंडराय जब शहाबुद्दीन को बंदी करके उसे पृथ्वीराज के पास लाया, तब पृथ्वीराज के आज्ञानुसार यवन सेना का सब रखत बखत अर्थात डेरा डंडा लूट लिया गया। दिल्ली आकर १ महीने पर्य्यन्त बादशाह को कैद रख कर तब बहुत सा दण्ड लेकर पृथ्वीराज उसे छोड़ा और उससे पाए हुए दण्ड की संपत्ति में अपनी तरफ से भी कुछ मिला करके सब सामन्तों को यथायोग्य बाँट दिया।

इसके आगें अब पृथाविवाह वर्णन करके तब फिर पृथ्वीराज को गड़ा हुआ धान प्राप्त होने और फिर से बादशाह को बाँध करके छोड़ने की कथा वर्णन की जायगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पद्मावती विवाह कथा ।

[बीसवाँ समय ।]

पु. DH. N. 9

पूर्व दिशा में समुद्रशिखर गढ़ नामक एक सुदृढ़ दुर्ग था, जहाँ एक विजयपाल नामक यादववंशी क्षत्री राज्य करता था। उसके राज्य की सीमा पूर्व की ओर समुद्र पर्य्यन्त थी। उसके केवल १०००० जिरहवख्तर वाले सवार थे और सब मिला कर वह बहुत से हाथी और तीन लाख पैदल का स्वामी था। उसके राज्य में प्रजा प्रसन्न और राज्यकोष सब तरह द्रव्य से परिपूर्ण था। उसके दस पुत्र और दस पुत्रियाँ थीं। विजयपाल की पद्मसेना नामक रानी बड़ी ही सुन्दर और राजा को बहुत ही प्यारी थी। उसी के गर्भ से पद्मावती नाम से एक अत्यन्त रूप और गुणवती कन्या उत्पन्न हुई।

पद्मावती जिस प्रकार वयः प्राप्त होती जाती थी उसी प्रकार उसका रूप लावण्य शुक्ल पक्ष के चन्द्रमा के समान प्रति दिन बढ़ता जाता था। उसका अद्वितीय सौन्दर्य्य कवियों के काव्य का आधार, ब्रह्मचारी, मुनिजन तथा पशु पक्षियों का भी मन हरण करने वाला था। कुछ बड़ी होने पर वह चित्त-विनोदार्थ बाग में जाने लगी। एक दिन एक सुग्गे के रंग रूप पर हृदय से मोहित हो गई और उसे पकड़ कर महलों में ले गई। यहां उसे स्वर्ण के पिंजरे में बन्द कर यत्नपूर्वक रखने लगी। जिस दिन से वह सुग्गा पद्मावती के हाथ लगा उस दिन से उसे खेल कूद सब भूल गया। वह सब दिन उसी अपने प्यारे सुग्गे की सेवा में रह कर ही अपना चित्तविनोद करती, अहर्निशि उसे राम राम पढ़ाती और उससे वार्तालाप करती हुई दिन व्यतीत करती थी। एक दिन उसने सुग्गे से पूछा कि हे सुग्गे तूं बड़ा चतुर है तुझ से मेरा चित्त बड़ा प्रसन्न है अब तूं मुझे यह बतला कि तूं कौन से देश का रहने वाला है? । यह सुन कर सुग्गा बोला कि हे सुन्दरी! मैं दिल्ली का रहने वाला हूं जहां का राजा पृथ्वीराज भूप्रख्यात अद्वितीय प्रबल प्रताप वाला और महान बलवान है। उसने तीन बार गजनी के बादशाह को कैद करके छोड़ दिया है। उसका शारीरिक बल ऐसा है कि उसके धनुष पर लोह शृंखला की प्रत्यंचा चढ़ती है और वह शब्द वेधी बाण मारता है। सुन्दर तो ऐसा है कि मानो साक्षात कामदेव का ही अवतार है। पद्मावती पृथ्वी-राज के इस प्रकार रूप गुण की महिमा सुन कर उस पर तन मन से मोहित हो गई और उसी समय से निरन्तर पृथ्वीराज के ध्यान में मग्न रहने लगी।

संवत् ११३६ में जब पद्मावती की अवस्था ब्याह योग्य हुई तब राजा विजयपाल ने अपने कुल प्रोहित को बहुत सा धन रत्न देकर पद्मावती के लिये वर की खोज में भेजा, वह चलते चलाते जब उत्तर की ओर गया तो वहां पहाड़ी राज्यों में कमाऊं के राजा कमोदमणि को पद्मावती के योग्य वर जान कर उसने उसे लग्न चढ़ा दिया और घर पर आकर राजा विजयपाल को उक्त विषय की सूचना दी। इस समाचार को पाकर राजा ने राज्यकर्म्मचारियों को ब्याह की तय्यारी करने की आज्ञा दी। उधर से कमोदमणि भी दस हजार सवार तेतीस हजार पैदल और ८४ हाथी और बहुत से ऊंट इत्यादि लेकर बड़ी सज धज की बारात सजकर समुद्रशिखर गढ़ को चल दिया। समुद्रशिखर गढ़ में भी घर घर नित नाना भांति के उत्सव हो रहे थे। यद्यपि यह गान वाद्य और उत्सव सब प्रजा के चित्त को महान आनन्द प्रदायक थे किन्तु पद्मावती इससे इतनी दुखित थी कि मानो यह ब्याह लग्न साक्षात उसकी मृत्यु सा निकट आ रहा था। उसने बहुत कुछ सोच विचार कर पृथ्वीराज को एक पत्र में यह लिखा कि आप यहां आकर राज्यमहल के पश्चिम ओर शिवालय से मुझे हर ले जाइए। जो आप पांच दिन में मुझे संकेत स्थल पर न मिलेंगे तो मैं अपना प्राण त्याग दूंगी। इस प्रकार पत्र लिख कर उसने सुग्गे के गले में बाँध दिया और उसे दिल्ली की ओर जाने की प्रेरणा की। निदान वह सुग्गा एक दिन रात को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिल्ली जा पहुँचा और उसने वह पत्र पृथ्वीराज को जा दिया। पत्र के पढ़ते ही पृथ्वीराज भी कुछ थोड़े से सामन्तों की सेना साथ लेकर, दिल्ली की गढ़रक्षा चामुण्डराय के सिर सौंप कर समुद्रशिखर गढ़ की ओर चल दिया। जिस दिन कमोदमणि की बारात समुद्रशिखर गढ़ पहुँची उसी दिन पृथ्वीराज भी जा पहुँचा और उसी दिन इस विषय का समाचार शहाबुद्दीन के कान तक पहुँचा, जिसके सुनते ही शहाबुद्दीन फूल कर कुप्पा हो गया। उसने इस अवसर पर पृथ्वीराज को धोखे से पकड़ लेने का मन्तव्य मन में ठान लिया और बड़ी भारी सेना सहित पृथ्वीराज की राह रोक कर वह अड़ रहा और कविचन्द ने इस विषय की सूचना पृथ्वीराज को दी।

उधर तो गान वाद्य सहित बड़े गाजे बाजे से बारात नगर में घूम रही थी इधर पद्मावती पृथ्वीराज के रंग में रँगी हुई कंठस्थगत प्राण संकट में पड़ी हुई राजमहल की गोख में बैठी टकटकी लगाए दिल्ली की तरफ देख रही थी कि इतने में सुग्गे ने आकर पृथ्वीराज के आगमन की सूचना दी। शुकदेव अरुण द्वारा चाहुआन सूर्य्य के आगमन की सूचना पाकर पद्मावती का हृदयपद्म प्रफुल्लित हो उठा। उसने ततक्षण ही सोलहों शृंगार और बारहों आभूषणों से सुसज्जित हो कर सहेलियों सहित शिवार्चन के लिये यात्रा की। शिवालय में पहुँच कर उसने शिवपार्वती की पूजन कर पृथ्वीराज से प्रीति होने का बरदान मांगा और ज्योंही वह मन्दिर के बाहर आई कि पृथ्वीराज ने हाथ पकड़ कर उसे अपने साथ घोड़े पर बिठा लिया। सब सखी सहेली और वाहक जन चित्रलिखे से देखते रह गए। किसी किसी ने यह समाचार कुमोदमणि को दिया तो वह अपनी सेना सज कर पृथ्वीराज के पीछे पड़ा परन्तु चहुआन के वीर सामन्तों ने उसे सेना सहित सहज ही में मार भगाया और पृथ्वीराज पद्मावती सहित दिल्ली की ओर चला। जब यह समाचार शहाबुद्दीन को मिला कि पृथ्वीराज पद्मावती को व्याह कर इधर ही आ रहा है तो वह भी अपने सामन्तों को सज कर उन से बोला कि इस समय सन्नद्ध रहो, अब की पृथ्वीराज को पकड़ ही लेना है। जब पृथ्वीराज का लश्कर पास आया तो उसने आक्रमण किया। पृथ्वीराज तो प्रथम ही इस घटना की सूचना पाकर सावधान था। उसने यवनसेना का साम्हना किया और पलक मारते लोह की झार झरने लगी और लोहू के कुंड भरने लगे। कन्ह ने झपट कर शहाबुद्दीन के हाथी को घेर लिया और सहज ही उसे पकड़ कर पृथ्वीराज के सम्मुख ला कर प्रस्तुत किया। इस युद्ध में ५०० मुसलमान और ५० राजपूत योद्धा खेत रहे। वीर पृथ्वीराज इस प्रकार गोरी पद्मावती को प्रेम से और शहाबुद्दीन गोरी को आतंक से गिरफ्तार करके साथ लिए हुए खुशी खुशी दिल्ली जा पहुँचा और ज्योतिषियों से शुभलग्न सुधाय बड़ी धूमधाम से पद्मावती का उसने पाणिग्रहण किया। इसी व्याह की बधाई में शहाबुद्दीन को उसने छोड़ दिया और आप अन्तःपुर में पद्मावती के छबि मकरन्द में मुग्ध होकर मत्त मलिन्द की भांति कामक्रीड़ा में रत हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथा व्याह कथा।

[इक्कीसवाँ समय ।]

सोमेश्वर को पृथ्वीराज के सिवाय पृथाकुमारी नाम की एक कन्या भी थी। जब इसकी बाल्यावस्था का ह्रास और इसके अंग अंग में कामदेव का प्रवास होते हुए यौवन का प्रकाश होने लगा तब सोमेश्वर ने हिन्दूकुल सूर्य्यवंशावतंस चित्तौराधिपति रावल समरसिंह को पृथाकुमारी के योग्य वर जान कर प्रोहित गुरु राम और कन्ह चहुआन को लग्न लेकर रावल जी के पास चित्तौर भेजा। लग्न के साथ में तेरह बलवान और तेज घोड़े, मोतियों की माला और बहुत सा धन रत्न भेजा। कन्ह और गुरु राम ने चित्तौर पहुँच कर जिस समय वस्त्र शस्त्र आभूषणों से सुसज्जित सर्वगुणसंपन्न सिंह समान योगीराज समरसी जी को सभा में बैठा हुआ देखा तो इनका भी चित्त प्रसन्न हो गया। ये लोग मन ही मन कहने लगे कि अद्वितीय सुन्दरी पृथाकुमारी के योग्य यही वर है। धन्य है ईश्वर को जिसने यह रति काम, सिय राम, नल दमयन्ती, अर्जुन द्रोपदी, इन्द्र सची का सा संयोग जोड़ दिया है—गुरु राम ने शुभ मुहूर्त्त साधन कर वैसाख वदी ५ को रावल जी के हाथ पर लग्न रक्खा—लग्न चढ़े जाने पर उक्त तिथि के एक महीने पश्चात् विवाह का दिन नियत हुआ। लग्न चढ़ जाने पर कन्ह और गुरु राम को पाँच दिवस पर्यन्त बड़े आदर भाव से पहुनई में रावल ने रक्खा और चलते समय गुरु राम को बहुत सा धन रत्न और सिरोपाव देना चाहा; किन्तु गुरु राम ने उसे लेना स्वीकार न किया और विनीतभाव से प्रार्थना की, कि आप का दर्शन पाने से ही हमारे पाप दूर हो गए हमको अब अधिक क्या चाहिए। इस प्रकार लग्न चढ़ाकर कन्ह और गुरु राम अजमेर में आए तो यहां भी विवाह की तय्यारियां होने लगीं— जहां तहां घर घर द्वार द्वार कदली के विटप और वंदन वार की बहार देख पड़ती थी। अजमेर के हाट बाट चौहटे राजपथ पर, सर्वत्र स्वच्छता और सुगंध की छटा छा रही थी। राजमहल में अहिर्निशि प्रसन्नबदना स्त्रियों का गान वाद्य तथा नाना प्रकार का आनन्द नाद हुआ करता था। विवाहोत्सव के आनन्द में उमगे हुए राज्यकर्म्मचारी से लेकर दास दासी पर्य्यन्त अपने अपने कार्य्य को कुशलतापूर्व्वक संपादन करते हुए फूले अंग नहीं समाते थे। *चूतात और †अटाले में षट रस पदार्थों के अटंब लगने लगे तथा दिल्ली और अजमेर की प्रजा के दरिद्र दूर भागने लगे। इधर पृथ्वीराज ने अपने अधीनस्थ तथा समान व्यवहार वाले राजाओं को निमंत्रण भेजे और एक पत्र ऊंचे फरहरे सहित शहाबुद्दीन के पास भेजा।

विवाह की तिथि आते आते सब न्यौतार अजमेर में आ पहुँचे। नियत समय पर बरात भी नगर के निकट आ पहुँची। ऐसा समाचार पाते ही सब सूरबीर सामंत योद्धागण और न्यौतार लोग अपने रथ हाथी घोड़े इत्यादि को स्वर्ण रजत साजों से सज सज कर अपने ठाठबाठ के साथ राज्य महल के द्वार पर आ जमे। पंचाल राज जैतसिंह प्रमार, भौहा चंदेल, नाहनर कन्ह, पज्जून राय सिंह नग और आजानबाहु अजमेर की तरफ के पंच होकर सब दल बहल सहित बारात की अगवानी को आगे बढ़े। नगर के बाहर से बारात की अगवानी करके सादर बरात को लिए हुए नगर में से निकले और नगर के दूसरी ओर बारात का पड़ाव दिया गया। लग्न का बेध होने पर जब रावल जी अपने बीर सिसौदिया सरदारों सहित सज धज कर राजद्वार पर आए उस समय की सुखमा अपार थी। जहां तहां अटा अटारी ओख, गोख और झरोखों में झाँकती हुई मृगनयनी पिकबयनी मंगलामुखी स्त्रियाँ कल कंठ से गान करती हुई

---

* वह स्थान जहां पर अन्न, मेवे, मिष्टान्न इत्यादि का भंडार रहता है।

† जहां भोजन पकाया जाता है अथवा परिपक्व भोजन इकट्ठा जमा रहता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसी भासित होती थीं मानो इस योगिराज समर सिंह और सती पृथा कुमारी के संबन्ध से प्रसन्न हुए धर्म्मराज की प्रेरणा से इन्द्र की भेजी हुई अप्सराएँ आकाश में आनन्द बधाई दे रही हों। राजद्वार नाना प्रकार के प्रफुल्लित मंगलमय ललित लताओं से आच्छादित हो रहा था। तिस पर लटकती हुई मोतियों की झालरें इस आनन्द से जड़ वृत्तों के सजीव होकर हास्य करने का दृश्य दिखाती थीं। राजद्वार के एक तरफ राव जी के सगे सम्बन्धियों की भीड़ थी और भीतरी तरफ स्त्रियां माथे पर स्वर्ण कलश धारण किए हुए रावल जी तथा उनके संबन्धी और सरदारों के नाम से मंगल गान करती थीं। समरसिंह का वीर वेष देखकर पृथाकुमारी की माता तो खुशी के मारे फूली अंग न समाती थी।

गोधूली बेला में रावल समरसिंह जी ने विवाह मंडप में प्रवेश किया। वहां पर पांच सौ वेदज्ञ और दो हजार छंद और तर्क शास्त्र के ज्ञाता पंडित लोग मंत्र पाठ कर रहे थे। एक हजार पौराणिक कथाओं के ज्ञाता चारण लोग विरदावली पढ़ रहे थे। उस मंडप में लटकती हुई मोतियों की झालरें अनुपम शोभा की भंडार थी। चाहुआन के घर में उस विवाह मंडप में होता हुआ यज्ञ इन्द्र सहित आठो देवताओं को भाग देने वाला था। उस समय के दान मान और सम्मान की छटा देख कर कुबेर भी छकित होता था। पाणिग्रहण का लग्न ज्यों ज्यों निकट आता जाता था त्यों त्यों सब का आनन्द बढ़ता जता था। भांवरि पड़ते समय चाहुआन ने रावलजी को पहिली भांवरि में मेवात के ६० गांव दूसरी भांवरि में ११ हाथी, तीसरी भांवरि में कन्यादान किया और चौथी भांवरि में अनन्त हेम रत्नादि दान किया। ततपश्चात् रणथंभ का देश दिया और गुरुराम प्रोहित को पृथा कुमारी के संग चित्तौड़ जाने की आज्ञा दी। साथही इसके ऋषीकेश वैद्य को धन्वन्तरि का पद दे कर और कवि चन्द के पुत्र जल्हण को भी रावलजी को दान किया। उसी समय निमंत्रण में आए पंचाल, कर्नाट, गुजरात भांडर इत्यादि देशों के राजा और एलचियों ने भी नजर दहेजें और व्यवहार में असख्य धन दिया। पृथ्वीराज के सामन्तों ने भी व्यवहार में बहुत कुछ दिया।

इस प्रकार सब के व्यवहार को पृथ्वीराज ने आदरपूर्व्वक ग्रहण करके बहुत कुछ अपनी तरफ से भी मिलाकर रावल जी को दे दिया। इस प्रकार सानन्द विवाह समाप्त हुआ और तब रावल समर सिंह जी दरबार में आकर बैठे। उस समय पृथ्वीराज और समर सिंह बराबर बैठे हुए सूर्य्य और चन्द्रमा की भांति सुशोभित होते थे और दोनों ओर के सामन्त लोग उनके आसपास बैठे हुए साक्षात तेजोमय तारागण से प्रतीत होते थे। पृथाकुमारी का विवाह एक मात्र करुणा रस रहित आठो रसों से परिपूर्ण सानन्द समाप्त हुआ। तब पृथ्वीराज के १२ सामन्तों ने १२ दिन तक बराबर एक एक दिन बारात का न्योता किया। इसलिये रावल जी को १२ दिन तक और अजमेर में रहना पड़ा। बारहवें दिन बहुत सा दान दहेज पृथ्वीराज ने अपनी तरफ से देकर बारात को विदा किया। जिस समय बारात चलने को हुई कि उस के पश्चिम ओर में सूर्य्योदय होते ही स्यार बोला जिसका शब्द सुन कर रावल जी ने जगजोति नामक अपने ज्योतिषी से इसका फल पूछा और उसने इस प्रकार वर्णन किया कि इस जुग्गिनिपुर में चाहुआन के राज्य पर पश्चिम दिशा से बार बार आक्रमण होंगे जिससे यहां की पृथ्वी भरपूर रुधिर से परिपूर्ण होगी और चाहुआन का यश संसार में विस्त्रित होगा। किन्तु अन्त में आक्रमण कर्ताओं की ही जय होगी और दिल्ली में यवन राज्य स्थापित होगा। चाहुआन और उनके सम्बन्धी और सामन्तों की कीर्तिमात्र शेष रह जायगी। चलते समय सोमेश्वर जी ने ५० हाथी १०० घोड़े १०० दासी और बहुतसा धन रत्न द्रव्यादि रावल जी को दहेज में दिया। रावल जी इस प्रकार प्रसन्नतापूर्व्वक पृथाकुमारी को व्याह कर सानन्द चित्तौड़ में आए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होली कथा।

[बाइसवां समय।]

एक दिन पृथ्वीराज ने कविचन्द से पूछा कि हे बरदाई फाल्गुण मास में जो लोग छोटे बड़े का कुछ भी विचार न करके पागलों की भाँति अश्लील शब्दों का उच्चारण करते हैं, खाद्याखाद्य पदार्थों का कुछ भी विचार न करके सब कोई घृणित और निषिद्ध पदार्थों को एक दूसरे के ऊपर डालते हैं इसका क्या कारण है सो मुझ से कहो। पृथ्वीराज के ऐसे बचन सुनकर कविचन्द बोला कि चाहुआन कुल में ढुंढा नामक एक राक्षस था और ढुंढिका नामक उसकी एक बहिन थी। जिस समय ढुंढा अजमेर और दिल्ली का सिमाना छोड़कर काशी को चला गया और वहां तप करने लगा तो ढुंढिका भी काशी को गई, किन्तु जब तक यह पहुँचे कि ढुंढा ने अपना शरीर काट काट कर होम कर दिया (जिसके अंश से आप और ये सब सामन्त लोग उत्पन्न हुए हैं)। यह देखकर ढुंढ़िका अत्यन्त दुखित होकर भाई के वियोग में स्तब्ध चित्त होकर तपस्या करने लगी। जब उसे निराहार तप करते करते कुछ अधिक काल व्यतीत होगया तब पार्वती जी ने प्रसन्न होकर उससे कहा कि तूं जो कुछ बर मांगेगी वह पावेगी। पार्वती के ऐसे बचन सुनकर वह आमिषाहारी राक्षसी बोली कि यदि आप प्रसन्न हैं तो मुझे यह बर दीजिए कि मैं आबाल, वृद्ध, युवा जितने मनुष्यों को पाऊं खाती जाऊं। ढुंढिका का यह प्रस्ताव सुनकर पार्वती ने इस धर्म्मसंकट में पड़कर यह समाचार महादेव जी से कहा। तब महादेव जी ने कहा कि उससे यह कह दो कि वह जिस किसी को पागल की भाँति बौराया असभ्य कर्म करते हुए राक्षस स्वरूप पावे उसे सवर्ग भाव मान कर कदापि भक्षण न करे। इसके विरुद्ध जिन्हें सीधा सादा पावे उन्हें सहज ही खा जाय और इश्वर पवन को आज्ञा दी कि ऐसी धूल उड़ावे कि सर्वत्र अंधकार मच जाय और सब मनुष्य बौरा कर तीन दिन तक असभ्य कर्म करने लग जांय जिसमें ढुंढिका मनुष्यों को भक्षण न कर सके। निदान तभी से यह होली का व्यवहार प्रचलित हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-10.

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI,

EDITED

BY

Mohanlal Vishnulal Pandia,

AND

Syam Sundar Das, B.

CANTOS XXXVI to XLI

महाक... राइ

पृथ्वीरा

जिसको

मोहनलाल वि

और

श्यामसुन्दरदास बी. ए.

ने

सम्पादित किया।

पर्व्व ३६ से ४३ तक।

...ED AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE
NAGARI-PRACHARINI SABHA, BENARES.

1907.

मूल्य १।)] Issued 15th July, 1907. [Price

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् * ९/९८२

पुस्तक की संख्या.................. ९८३८

पुस्तकालय–पञ्जिका–संख्या..........

पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियां लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकता। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

(३६) हंसावती ... ... पृष्ठ १०७३ से १०९७ त

(३७) पहाड़ ... समय ... ... ,, १०९९ ,, १११८

(३८) बरु... कथा ... ... ,, १११९ ,, ११२८

(३९) ... बंध समय ... ... ,, ११२९ ,, ११५२

(४०) पज्जून छोंगा नाम प्रस्ताव ... ,, ११५३ ,, ११५६ ,,

(४१) पज्जून चालुक नाम प्रस्ताव ... ,, ११५७ ११६३ ,,

(४२) चंद द्वारका समय .... ,, ११६५ ११७७ ,,

(४३) कैमास जुद्ध (अपूर्ण ... ,, १२०० ,,

रासोसार ,, ९३ ,, १०४ ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिथ पंचम रवि भोम। लगन प्रथिराज सु थप्पी॥
कमलहु सुरीज किन्नौ कनक। किति लभ्भी दुज्जन बहिय॥
तप तेज भान मध्यान ज्यौं। तिन चौहान चंदह कहिय॥छं०॥९९॥

और उक्त रनथंभ के युद्ध की रत्नाकर से उपमा वर्णन।

बर पंचाइन समर। दंड मुक्किय बर मुक्किय॥
मथी सेन सम्मूह। रतन कित्ती फल रुक्किय॥
लच्छि भाग चहुआन। हथ्थ हंसावति लद्दिय॥
अम्रत भाग चिचंग। सेन हाला हल सद्दिय॥
बारुनी बीर अस्सिय सु झर। अरिन पाइ जस रतन लिय॥
मह महन रंभ हथ्यह कपट। सिंभ सीस बर अप्प लिय॥छं०॥१००॥

लग्न के समय के अन्तरगत पृथ्वीराज का बारू बन को शिकार खेलने के लिये जाना।

दूहा॥ तब लगि मंतन लगन दिन। न्रिप आषेटक जाइ॥
बारू बन उभ्भौ न्रपति। मात दरस निस पाइ॥ छं०॥ १०१॥

पृथ्वीराज के बारू बन में शिकार करते समय सारंग राय सौलंकी का पितृबैर लेने का विचार करना।

कवित्त॥ बारु विरल बन न्रपति। राइ आषेटक सारिय॥
सारंग चालुक चूक। रूक तिहि बेर विचारिय॥
समरसिंघ चढ़ि हथ्थ। हथ्थ आवै चहुआनं॥
पिता बैर बहु बंध। हुऔ कर नार समानं॥
बर बैर सपुत्तन निक्कसै। ज्यौं आगम अरि अंगयौ॥
बर बीर बैर ससि सनिह लगि। गुन प्रधान बर मंगयौ॥छं०॥१०२॥

सारंगदेव का कहना कि पितृबैर का लेना वीरों का मुख्य कर्तव्य है।

दूहा॥ बैर काज बर नंद सुत। बर बैरोचन हत्त॥
करि वसीठ माली सुतन। बैर पुब्ब मन जित्त॥ छं०॥ १०३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ सुनि मंचीवर बैर। राम रावन *सिर सज्जिय ॥
बैर काज ग्रहभेद। करन उरजन सिर भज्जिय ॥
बैर काज सुग्रीव। बाल जान्यो न बंधगति ॥
बैर बीति सुर इंद्र। बैर चिंतिजैं इसी भंति ॥
चहुआन समर लभ्भै जु तत। चंद सूर जिम ग्रेह लिय ॥
बर चूक दान अग लग्गिहै। कित्ति एक जुग जुग चलिय ॥ छं० ॥ १०४ ॥
[1]कित्ति काज परधान। राज राजन सुख चुक्किय ॥
कित्ति काज विक्रम्म। देश देसह धर लुक्किय ॥
कित्ति काज पंवार। सीस जगदेव समप्पौ ॥
कित्ति काज बर सिवरि। [2]मध्य कर कट्टि सु अप्पौ ॥
⁂ रष्षंत [3]अचल गल्हां जियन। कीरति सब जग भल कहै ॥
सकंग एक जुग्गन विरह। रहै तौ गुर भल्हा रहै ॥ छं० ॥ १०५ ॥

दूहा ॥ केहरि कल केहरी हिरन। करन जोग मैं ईस ॥
कोइक उत्तर देषिये। गल्ह बोहथी सीस ॥ छं० ॥ १०६ ॥

सारंग राय* का नागौद के पास मंगलगढ़ के राजा हाड़ा हम्मीर से मिल कर उसे अपने कपट मत में बांधना।

कवित्त ॥ मंगल गढ़ मंगलिय। नयर नागदह मिलंतह ॥
है हाड़ा हम्मीर। नैन बाह्न सु जुरंतह ॥
पारधिरा प्रथीराज। चूक मंड्यौ चालुक्कां ॥
हाड़ा सौं हथलेव। मूल कट्टन [4]सालुक्कां ॥
भंभरी भीर भौनिग तनय। परि पगार उद्दिग्ग तन ॥
पंचारि राइ पट्टनपती। तिवर तेग बत्ते कहन ॥ छं० ॥ १०७ ॥

* "सारंग राय" भीम देव का पुत्र था। यद्यपि यह बात इस छन्द में स्पष्ट नहीं लिखी गई है परंतु इस "पिता वैर वहुवन्ध, हुओ कर नार समान" पंक्ति से उक्त आशय निकलता है।

(१) ए. कृ. को.- किसी को परधान राज हरिचन्द न मंकिय

(२) ए. कृ. को.-मंस। (३) ए. कृ. को.-अचर।

⁂ ए. कृ. को.-प्रतियों में "कित्ती काज श्रिय राम राज भाभीछन दोनों" पाठ है और दूसरी पंक्ति "कित्ती काज विक्रम्म जैसे देसह धर लुक्किय" नहीं है। (४) ए. कृ.-को.-चालुक्कां।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* सारंग राय का पृथ्वीराज और समरसिंह जी के पास न्योता भेजना।

दूहा ॥ भोजन मिस चालुक ने। [1]पाइक पाइक कीन ॥
ग्रेह कपट्ट सु मंडि कै। करि जु निवंतन कीन ॥ छं० ॥ १०८ ॥
बरन राव रावन्न ढिंग। बर चालुक सु थान ॥
समर सिंघ चहुआन कों। न्योतन को बलवान ॥ छं० ॥ १०९ ॥

यहां एक एक मकान में पांच पांच शस्त्रधारी नियत करके कपट-चक्र रचना।

कवित्त ॥ एक ग्रह बिच बीच। सुभर [2]सन्नाहति पंचै ॥
पंच घट्टि पंचास। बीर अंबी रज संचै ॥
तक्क लोह सह दीन। करै चालुक सु चल्लै ॥
आषेटक चहुआन। समर रावर बर मिल्लै ॥
भोजन्न भंति रस बीर बर। बर प्रबोध ग्रह दिसि चलिय ॥
मन तन्न सुष्ष मिट्ठै सघन। सुबर बीर संगह हलिय ॥छं०॥११०॥

हाड़ा राव का पृथ्वीराज और समर सिंह से मिल कर शिष्टाचार करना।

दूहा ॥ आज हनंदे पाप बर। ग्रह बड्डे बड़राइ ॥
समरसिंघ चहुआन मिलि। दुष्ष हनंदे आइ ॥ छं० ॥ १११ ॥

कवि का हाड़ाराव पर कटाक्ष।

बर प्रमान ग्रह ग्रेह कै। भेद चूक तिन जानि ॥
घालि पिटारी उरग कों। मेल्है को ग्रह आनि ॥ छं० ॥ ११२ ॥

पृथ्वीराज को नगर में पैठतेही अशकुन होना।

गाम वाम पैसत न्त्रपति। बन न्त्रप बोलत सद्द ॥

---

* इस प्रवन्ध में चालुक शब्द से सारंग राय से ही अभिप्राय है।

(१) को. मो.-धाइक। (२) मो.-सन्नाहित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फेरि बीर दष्षिन भयौ। बैरी करन निकंद ॥ छं० ॥ ११३ ॥

ज्योनार होते हुए वार्तालाप होना।

करिय सबर मनुहार न्रिप। चित्त धरं धरकत्त ॥
भोजन पिधि विधि सकल भय। अकल अपूरब बत्त ॥ छं० ॥ ११४ ॥

उसी समय किले के किवार फिर गए और पृथ्वीराज पर चारों ओर से आक्रमण हुआ।

कवित्त ॥ दै किपाट चिहुं कोद। राज मुक्यौ सु मंझ ग्रह ॥
ठाम ठाम सब सथ्थ। सूर सामंत सथ्थ रहि ॥
घोरंधार विहार।। बिपन बर बर बन मुक्किय ॥
संझ सपत्ते राज। चूक चालुक्क सलुक्किय ॥
प्रथिराज सथ्थ सामंत सह। बर षवास लोहान भर ॥
बर बंघ उभै सेवक चिगट। समर काज उम्भौ समर ॥छं०॥११५॥

दूहा ॥ तकि बकि उट्ठे [1]सुभर। चंपे चालुक राइ ॥
हाइ हाइ मची समुष। बकत बीर प्रथिराइ ॥ छं० ॥ ११६ ॥

सारंगदेव के सिपाहियों का सबको घेरना और पृथ्वीराज के सामन्तों का उनका साम्हना करना।

कवित्त ॥ चिहूं कोद बर सूर। तेग कट्ठी सु हकि कर ॥
बज्र कट्ठि कुंडली। करिय मंडली रजं फिरि ॥
लहि न और अवसान। कढ़ी बर [2]अभ्भि सु सस्सी ॥
झरि चालुक सब देह। सिरह बट्ठी मन हस्सी ॥
कैधूं दुबड्डि बंदर सिरह। हलधर हल सिर झारयौ ॥
सामंत सट्ठि ग्रह कूदि कैं। फिरि पारस अरि पारयौ ॥छं०॥११७॥

रावल जी और भीम भट्टी का द्वन्द युद्ध।

रावगीन बर समर। भीम भट्टी जु कंध परि ॥

(१) ए. कृ. को.-समर। (२) ए. कृ. को.-आसि असे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेग हथ्थ झकझोर । बीर लिन्नों सु बथ्थ [1]भरि ॥
दुतिय घात आघात । घाइ [2]अग्गा बर बाहै ॥
कमल पंति दंती । समूह दारुन जल गाहै ॥
घट घाव भंग भेदै नहीं । चीकट जल घट बूंद जिम ॥
आहुट्ट उग्र साहस करिय । पच तरोवत अरिन तिम ॥छं०॥११८॥

पृथ्वीराज का *नागफनी से शत्रुओं को मारना ।

दूहा ॥ नागमुषी चहुआन लिय । अरिन करन्न सु दाह ॥
[3]हद्द नंषि उच्चाइ अरि । ज्यों कल बंधि बराह ॥ छं० ॥ ११९ ॥

घोर घमसान युद्ध होना और समस्त राज्य महल में खरभर मच जाना ।

मोतीदाम ॥ रन बीर रवद्द कहै कवि चंद । सु मोतिय दाम पयं पय छंद ॥
कढ़ै बर आवध बज्जत तूर । उठे परसद्द महल्लन मूर ॥
छं० ॥ १२० ॥
नचै बर उट्ठि धरं धर स्रूर । करै हक देषि उससि करूर ॥
जु तक्कत अच्छर जालिन मझ्झि । रही तिन मभ्भ सुकीव समुभ्भ ॥
छं० ॥ १२१ ॥
दिषी दिषि [4]सुक्किव अच्छरि जुथ्थ । उपावहि [5]मत्त जु सुंदर तथ्थ॥
उपावत मत्त सु छोड़न घट्ट । चलंत है विझ्झि अगम्मनि वट्ट ॥
छं० ॥ १२२ ॥
[6]अपज्जस कित्ति तज्यौ अस राइ । चल्यौ अप अग्ग छुड़ावत जाइ ॥
बरं कुलटा छँडि छंडि सु केउ । झुझ्झै उल कत्ति तज्यौ करि पेउ ॥
छं० ॥ १२३ ॥
जु पीय वियोग सह्यौ नह जाइ । चली बर नारि अमग्गन धाइ ॥
लरंतह भूपति भान कुंआर । करै मनु [7]वज्जय बज्र प्रहार ॥
छं० ॥ १२४ ॥

(१) ए. कृ. को.-परि । (२) मो.-लग्गा ।
(३) मो.-हट्ट नंषिड । * 'नगफनी' एक शस्त्रविशेष । (४) मो.-सुकवि,कुक्कवि ।
(५) ए. को. मंत । (६) ए.- अयंजस । (७) मो.-बजूह ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लरै भर चालुक चंपत घट्ट। सचीरह नारि अगंम सुभट्ट॥
म्रिगं म्रिग लज्जन दच्छन जाइ। भजै क्रम स्वर [1]चियं गय पाइ॥
छं०॥१२५॥

कढ़ी बर तेग लग्यौ ग्रह धन्न। उड़ै बर मग्ग अलग्ग [2]क्रसन्न॥
सु उज्जल छीह चल्यौ रुधि छेदि। मनों जल गंग सु भारति भेदि॥
छं०॥१२६॥

तजै जर जम्म भिदै रवि जाइ। परै धर मुत्ति जु स्वरन आइ॥
॥छं०॥१२७॥

रामराय बड़ गूजर का हाथी पर से किले के भीतर पैठ कर पारस करना।

कवित्त॥ बर बड़ गुज्जर राम। कूह वज्जिग बर धायौ॥
पीलवान अरियान। [3]पील अरि पूर लगायौ॥
नारिगोरि सा बात। तीर जज जोर सु बट्ठी॥
मीन रूप रघुवंस। पूर सम्हौ अरि चट्ठी॥
कल मलिनि कलिनि कलि कलन कल। लोह लहर सम्हौ हली॥
अरि घरा फुट्टि बर [4]धार सों। सुमन लोह उड्डै मिली॥छं०॥१२८॥

कविचन्द द्वारा "युद्ध" एवं सारंग देव के कुकृत्य का परिणाम कथन।

पंच क्रमन दस हथ्थ। [5]लुथ्थि पर लुथ्थिय हुट्टिय॥
न को जियत संचयौ। न को जुझ्झयौ बिन षुट्टिय॥
कोन जम सु जुझ्झवै। वैर मंगै सु पुव्व अब॥
व्याज तत्त अप्पीय। मूल अप्पयौ कुटँब सब॥
अदिहार बीर चालुक्क कौ। नको षेत बिन मुक्कयौ॥
संभाग बीर चहुआन कौ। सबै सध्ध झोरी कियौ॥छं०॥१२९॥

(१) ए. कृ. को.-त्रियंअग (२) ए. कृ. को.-सक्रन्न। (३) ए.-पीर।
(४) ए.-धरा। (५) मो.-"लोथि पर लोथ"।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पज्जून राय के पुत्र कूरंभराय का बड़ी वीरता के साथ मारा जाना ।

कवित्त ॥ [1]सुत पज्जून नरिंद । बीर कूरंभ नाम हर ॥
अस्त बस्त अरु सस्त । टूक लभ्भै न ढुंढ धर ॥
बिहत बीच अरु षंड । एक [2]उग्गरि षँडेक भय ॥
कवि आयौ गुर तीय । नभ्भ कहि सहिस अत्ति हय ॥
ढुंढंत अत्ति न सुझ्झि परै । लोह किरचि रच्यौ रह्यौ ॥
भेद्यौ राह रुपह सु रवि । बरन बीर बैकुंठ गयौ ॥ छं० ॥ १३० ॥

इस युद्ध में एक राजा, तीन राव, सोलह रावत और पंद्रह भारी योद्धा काम आए ।

कवित्त ॥ तीन राइ रजवार । सु इक्क रायत्तन सोरह ॥
रावत्तन दस पंच । सेन संभरिपति जोरह ॥
नागर चाल नरिंद । रैन [3]रावत पट्टनवै ॥
इते राइ अंगए । चूक एक्कन ठट्टनवै ॥
उहिग दार पांवार पर । पहुर तीन तुच्यौ करन ॥
आचिज्ज सूर मंडल सुन्यौ । सहु सथ्थैं [4]बंध्यौ सुतन ॥छं०॥१३१॥

रेन पवांर (सामंत) की प्रशंसा ।

कुंडलिया ॥ मरन न लड्डौ तुंग तिहि । सब सथ्थई पंवार ॥
सोमेसर नंदन [5]छला । गहि गज्जे गंमार ॥
गहि गज्जे गंमार । तेग तोरिन बर जारन ॥
चूक मूक्कि चालुक्क । स्वामि कढ्यौ बर बारुन ॥
[6]है हलान हथ्थियन । रयन रायत्तन सिड्डे ॥
सह सथ्था तन ताइ । तुंग तिन मरन न लड्डे ॥ छं० ॥ १३२ ॥

रेन पंवार के भाई का सारंग को पकड़ना और पृथ्वीराज का

(१) मो.-सत । (२) ए.-ठगरि । (३) मो.-रावन ।
(४) ए. कृ. को.-मंडयौ । (५) ए. कृ. को.-कला । (६) मो.-हेसतथ्थान बंधेरन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसे छुड़ा कर हम्मीर को तलाश करके उससे पुनः मित्र भाव से पेश आना।

कवित्त ॥ बंध रेन लिय रज्ज। चाइ चालुक छंडायौ ॥
ढकि सेन संभरी। हेल हम्मीर बढ़ायौ ॥
षेल षग्ग षुमान। पान जोरैं जल पीनौ ॥
सो षीची परसंग। राइ तुस्सै दल लीनौ ॥
अंकुर्‌यौ अरिन रिनथंभ सौं। सजि जद्दव बीरन बलिय ॥
रवि राह सस्सि संमुह गहन। जानि छछुंदरि अप्पलिय ॥छं०॥१३३॥

तेरह तोमर सरदार और अन्य बारह सरदार सारंग की तरफ के काम आए।

भयौ भूमि भूचाल। संष समरी आहुट्टै ॥
सजि सद्दै सिंदूर। सिंह पिंडी रवि तुट्टै ॥
तट्टे तेरह [1]तुरँव। सथ्थ बंबर बर धारी ॥
बार बार रावत्त। हस्त बर बाहर रारी ॥
अदभूत जुद्ध चहुआन किय। मिलि षुमान चल्ल्यौ षलह ॥
अजहूं सु अजब जुग्गिनि जगहि। पल संभरि पंषिन पलह ॥
छं० ॥ १३४ ॥

हुसेनखां का अमरसिंह की बहिन को पकड़ लेना और रावल जी का उसे छुड़ा देना।

कुंडलिया ॥ बंधे बर हुस्सेन। षान बल सुबर कुँआरिय ॥
रन जित्ते दुज्जनह। कोइ न मंडै रारिय ॥
कोइ न मंडै रारि। मेछ संदरी बघेरी ॥
समरसिंह सुनि क्रूह। चियं बंधत फिरि हेरी ॥
[2]धीठ षान दै आन। हद्द अहरत्तन संधे ॥
धीठ जमन हंकार। समर हेतु बर बंधे ॥ छं० ॥ १३५ ॥

(१) ए. कृ. को.-तुररा। (२) ए. पीठ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रावल अमरसिंहजी की प्रशंसा और अमरसिंह का उनको अपनी बहिन ब्याह देना।

दूहा ॥ अमर बंध रष्यो अमर। अगि दीनौ बर माल ॥
जस बेली चतुरंग कौं। बरन घल्लि उर माल ॥ छं० ॥ १३६ ॥

चौपाई ॥ जसबेली [1]बरिगौ चतुरंगी। चढ़ि चौंडोल ग्रेह अनभंगी ॥
बरन राव रावल संजोगी। सु धर फेरि चाल,क्क न भोगी ॥
छं० ॥ १३७ ॥

आधी रात को समाचार मिलना कि रणथंभ के राजा को चन्देल ने घेर लिया है।

कवित्त ॥ अद्व रयनि संदेह। सद्द सावद्द कवीयस ॥
पत्यौ बीर जद्दव। नरिंद चंदेल [2]छवीयस ॥
गूड़राइ सचसलह। जुद्ध लोहं लरि बित्ते ॥
मुत्यो सेन पुब्बहि। पसार पच्छिम भरि जित्ते ॥
[3]अप्पाह अप्प बीतक बित्यौ। बंधि चंदेल सज्जै सुद्दर ॥
आवद्ध बीर मत्तौ कहर। गही गल्ह बंधी सु धर ॥ छं० ॥ १३८ ॥

षुमान और "प्रसंगराय" खीची का रणथंभ की रक्षा के लिये जाना।

गाथा ॥ जित्ताराय षुमानं। निसानें सद्दयं धायं ॥
छुट्टा रन रनथंभं। षा षग्गे षीचियं रायं ॥ छं० ॥ १३९ ॥

चौपाई ॥ षीचीराइ हमीर अवन्निय। दोइ चहुआन घरम्म भवन्निय ॥
चालुक्कां सों चूक सवन्निय। दुत्तिय दीपंता निरवन्निय ॥ छं० ॥ १४० ॥

कवित्त ॥ दूसासन अंग में। राज विहंग गति कीनौ ॥
मध्यदेश मालव नरिंद। हंसध्वज भीनौ ॥
नीलध्वज कर धरिग। विप्र बंदन संपन्नौ ॥

(१) ए. कृ. को. षरिगो। (२) ए. कृ. को.-सवीयस। (३) कृ. अप्पांह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नालिकेल तरू फूल। अनंद सौंनह सुभ किन्नौ॥
सत पच लगन लभ्भह भरिय। घरिय अठ्ठ तेरह तिनह॥
रनथंभ सेन संचरि न्रपति। करिय अवधि ताकरि रनह॥
छं०॥ १४१॥

पृथ्वीराज का रणथंभ ब्याहने जाना।

दूहा॥ आगम बीर बसंत कौ। रन जित्ते जुधवान॥
बर हंसावति सुन्दरी। चलि ब्याहे चहुआन॥ छं०॥ १४२॥

पृथ्वीराज की स्तुति वर्णन।

गाथा॥ रंग सुरंग सुदीहं। ज्यौं कुंजिन मेलयं सब्बं॥
बय रुष मुष अंकुरियं। सा मिलयं बंकुरी मुच्छं॥ छं०॥ १४३॥

दूहा॥ मुच्छ रवन्निय राजमुष। बर बंधिग सुरतान॥
तीन दिनन आवन लगन। आय सगंध पुरान॥ छं०॥ १४४॥

दोधक॥ ग्रंथहु ग्रंथ पुरान कुरानय। राज रसं बरुनौं बरु जानय॥
नीति अनीति सुभं सरसानय। लभ्भरु कित्ति लही चहुआनय॥
छं०॥ १४५॥

संपय राज स कोकिल संठिय। जानि जुवान न जानि सु पुठ्ठिय॥
गायन गाइ सुअथ्थ सु अथ्थिय। संभ्रय गानकला कल सथ्थिय॥
छं०॥ १४६॥

छंदह छंद रसे रस जानन। कंठ कला मधुरे मधु आनन॥
उद्दिम सेन उदार सुधारिय। [1]न्रज्जय रूप सरूप सुरारिय॥
छं०॥ १४७॥

दूहा॥ स्रवन रवन अरु सिष भवन। पवन चिविध तन लग्ग॥
बापी कूप [2]तड़ाक द्रुष। विधि व्रंनन कवि लग्ग॥ छं०॥ १४८॥

पृथ्वीराज का आगवन सुनकर उन्हें देखने की इच्छा से हंसावती का झरोखे से झांकना।

(१) ए. कृ. को.-नृयज्जय, नृयजय। (२) ए कृ.को.-सटाक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सा सुंदरि हंसावती। सुनि श्रोतान सुरुष्य॥
बर दिष्टा नन मानियै। बेला लग्गि गवष्य॥ छं०॥ १४९॥
सुनि आयौ चहुआन अप। गुरुजन बंध्यौ जानि॥
तब मति सुंदरि चिंतवै। भेदक गौष वषान॥ छं०॥ १५०॥

गौख में से देखती हुई हंसावती की दशा का वर्णन।

कवित्त॥ पंथ बाल पिय झंकि। सुभ्रित विंटियं सु राजै॥
मनों चंद उड़गन विचाल। मेरह चढ़ि भाजै॥
सुनिय श्रवन दै सैन। अलिन अलिमैन सरोजं॥
रति मच्छर मति काम। जानि अच्छरि सुर सोजं॥
धावंत वेस अंकुरित वपु। बसि सैसव तिन बेस धुरि॥
श्रोतान सुष्य दिष्टान धनि। यह कहि चलि सैसव बहुरि॥
छं०॥ १५१॥

दूहा॥ प्रथम बत्त श्रोतान सुनि। सुष पै दिषहि सलोइ॥
सच्च बात झूठी चवौ। तब जिय सुष्य न होइ॥ छं०॥ १५२॥
सुनि श्रोतान सु मन्निय। दिषि दिष्टांत सचीय॥
बीज चंद पूरन्न जिय। बधै कला मनि जीय॥ छं०॥ १५३॥

हंसावती के शृंगार की तय्यारी।

बर बेहरि देषी न्रपति। गौ न्रिप न्रिपबर थान॥
बालु सुअंबर काज कौं। बर बज्जे नीसान॥ छं०॥ १५४॥

हंसावती की अवस्था की सूक्ष्मता वर्णन।

आभूषन भूषन न्रपति। वैसँधि कहि न कविंद॥
कवि ब्रनन इह लग्गि चिय। ज्यों बृद्धत लघु चंद॥ छं०॥ १५५॥

हंसावती का स्वाभाविक सौन्दर्य्य वर्णन।

कवित्त॥ बर भूषन तजि बाल। सुबर मज्जन आरंभिय॥
सोइ छबि बर दिष्यनह। कोटि (१)ओपम पारंभिय॥

(१) मो.-उपमा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्द पुंडीर अपने साथ में रावल जी को भेट में देने के लिये पृथ्वीराज के दिए हुए बहुत से हाथी, घोड़े, पट, वस्त्रादि लेकर चित्तौर पहुँचा और सादर रावलजी से मिला और पृथ्वीराज का दिया हुआ पत्र रावलजी को नज़र करके उक्त धन संबन्धी समाचार आद्योपान्त सुनाने लगा। इसे सुन कर और पत्र को पढ़ कर योगिराज रावल समरसिंह जी ने हँस कर उत्तर दिया कि हे चन्द पुंडीर इस संसारचक्र की गति विलक्षण ही है। एक मांस के लोथड़े को एक गिद्ध लाता है और अन्य गिद्ध लड़ कर उससे वह लोथड़ा छीना चाहते हैं। और इस धर पकड़ में वह लोथड़ा किसी और के ही हाथ लगता है। रावल जी के ऐसे बचन सुन कर चंद पुंडीर फिर बोला कि हे रावल जी आपका बचन तो सर्वथा सत्यही है परन्तु पृथ्वीराज को एक मात्र आपही का बल भरोसा है वह आप ही के भरोसे पर अपने बड़े बड़े शत्रुओं को कुछ भी नहीं समझते। इस हेतु मैं यही प्रार्थना करता हूं कि आप पृथ्वीराज के उत्साह को भंग न करके कृपापूर्व्वक दिल्ली पधारिए और धन निकालने में उनकी सहायता भी कीजिए।

चन्द पुंडीर के ऐसे बचन सुन कर रावलजी एक बड़ी भारी सेना लेकर नागौर की ओर चल पड़े। पड़ाव पर पड़ाव करते हुए जब रावल जी नागौर में आए तब धर्म्मायन ने सब समाचार शहाबुद्दीन को लिख भेजे। जब रावल जी दिल्ली से दस कोस की दूरी पर रह गए तब दूत ने दिल्ली में जा कर पृथ्वीराज के दरबार में समाचार दिया जिसे सुन कर पृथ्वीराज अपने सब सूर सामन्तों और सेना सहित रावल जी की अगवानी के लिये दिल्ली से आध कोस आगे बढ़ आए और सादर समर सिंह जी को दिल्ली लिवा ले गए। वहां पर अनंग-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाल जी के रहाइस भवन में रावल जी को डेरा दिया गया और सब भांति से उनकी सेवा सुश्रुषा होने लगी। दो दिवस योंही व्यतीत हुए। तीसरे दिन पृथ्वीराज ने रावल जी और सब सामन्तों सहित एक अतरंग सभा की, जिसमें धन निकालने के विषय में उचित युक्ति विचारने का प्रस्ताव किया गया। निदान फिर भी बुद्धिमान कैमास के विचार से यही निश्चय हुआ कि शहाबुद्दीन का मुहासरा पथ्वीराज स्वयं रोकें और भीमदेव का पंथ रावलजी रोकें और तब इधर धन निकालने का यत्न किया जाय।

निदान इस प्रकार परामर्श पक्का हो जाने पर पृथ्वीराज और रावल समर सिंह जी समस्त सूर सामन्त और अपनी अपनी सेना समेत नागौर को चले। वहां पहुँचकर रावलजी के मतानुसार दो दो कोस के अंतर पर शहाबुद्दीन के मुहासिरे पर पृथ्वीराज और भोला राय के मुहासिरे पर रावलजी ने डेरा डाला। उधर इस बात की खबर शहाबुद्दीन के पास भी जा पहुँची। ज्योंही शाह ने सुना कि दिल्लीपति नागौर में धन निकालने के लिये आगए हैं, वह भी चुनिन्दा मुसलमान वीरों की बड़ी भारी सेना सजकर नागौर की तरफ चल पड़ा। उसने रास्ते में चलते चलते भी सेना को चक्रव्यूहाकार रक्खा और अब की बार पृथ्वीराज को अवश्य ही बंदी बना लूंगा ऐसा बिचारता हुआ बड़ी धूम धाम से वह नागौर के निकट आन अड़ा। इस प्रकार शाह का आना जानकर रावल जी ने बहुत प्रकार से समझा बुझाकर मंत्री कैमास को तो धन रचा पर नियत किया और आप शाह पर आक्रमण करने के लिये प्रस्तुत हुए। प्रातःकाल होते ही रावल जी शाह की ओर बढ़े। रावल जी की असीम सेना के चलने से धूलि उड़ती हुई देख कर शहाबुद्दीन भी ताड़गया और इसलिये आप भी आने बाने से दुरुस्त होकर रावल समरसी जी से समर करने के लिये साम्हने हुआ। इधर से बीर राजपूत उधर से मुसलमान योद्धा लोग अपने अपने अस्त्र शस्त्र चमकाते, हृदय में इष्ट देवों का स्मरण करते और मुख से अपने अपने मालिकों की जै जैकार की पुकार करते हुए भूखे सिंह की भांति एक दूसरे पर टूट पड़े। हाथी हाथी से, घोड़े घोड़े से और पदाती पदाती से भिड़ पड़े। रण क्षेत्र में दोनो सेनाओं की मुठभेड़ होते ही दोनो दलों के मुखिया सरदार भी एक दूसरे को प्रचार प्रचार कर वार करने लगे। प्रबल प्रहार ने रुस्तम खां के भाई मूर खां को मार गिराया। उधर से रुस्तम ने प्रहार राय को भरपूर हाथ मारा। इसी प्रकार दोनों ओर के सूरवीर रणमदोन्मत्त हो लड़ने लगे। रण क्षेत्र में रक्त की धार बह निकली; जिसमें पड़े हुए मुंड मुंड हाथी पहाड़ से और श्रेणीबद्ध शस्त्र धारी शूरवीरों की कतार नदी की कगार सी नजर आती थी। सारे दिन खूब लोहा भरा। हिन्दू और मुसलमान दोनों जी छोड़ कर लड़े, अन्त में आधी घड़ी दिन रहते बीर राजपूतों ने मीर पीरजादों को पीछे पिछेल दिया।

ज्योंही सूर्य्य भगवान अपने प्रकाश को संकुचित करते हुए अस्ताचलगामी हुए, कायर कमल संकोच से सिर नीचा करने लगे, कुमोदिनी गण प्रसन्नचित चन्द्रमा की ओर चित्त दे चहकने लगी, विहंग गण कोमल कोमल पत्तों की आड़ में किवाड़ देकर अपने अपने घोसलों में चुहचुहा कर चुप होने लगे, उधर समस्त दिन के समर श्रम से श्रांत दोनों सेना के सूरवीर गण अपने अपने स्वामियों की आज्ञा से अपने अपने शिविर समूह की ओर लौट पड़े और सब जमादार सिपाही इत्यादि अपने अपने स्थान पर जम कर जगत के जंजाल को तिलांजुली देकर निर्मूल हो निद्रा देवी की गोद में पैर पसार सोने में मस्त हुए। इधर रावल समरसी जी और पृथ्वीराज, उधर शहाबुद्दीन अपने अपने प्रशस्त शिविरों में सोते थे और उनके सगे विश्वासपात्र सरदार लोग सावधानी से पहरों पर सन्नद्ध थे। चामुंडराय निड्डुरराय अत्ताताई और जैतराव रेन प्रमार और कन्ह का भतीजा पृथ्वीराज के पहरे पर थे। और रुस्तम खां, तातार खां, नूरी खां, हुजाब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खां, महमद असाकेली खां और खोखर खां आदि मुसलमान सरदार शहाबुद्दीन की चौकी पर थे। रात्रि इसी प्रकार व्यतीत हुई। दूसरे दिवस पूर्व्व दिशा में सूक्ष्म सफेदी नज़र आते ही कुक्कुटने ज्योंही कड़कदार आवाज लगाई कि उसी समय दोनों सेनाओं में खर भर पड़ गई, सब सूर सिपाही लोग अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हो कर रणभूमि में शत्रुओं के रक्त की पिपासा से आकुलित हो नायकों की आज्ञा की प्रतीक्षा करने लगे। एक घड़ी दिन चढ़ते चढ़ते वीर पृथ्वीराज भी शूर बीरों के छत्तीसों बाने और जिरह बख़्तर धारण कर मतवाले मैंगल पर सवार हो कर अपनी सेना के मध्य में आकर सुशोभित हुआ और उसने शत्रु सेना पर आक्रमण करने की आज्ञा दी। पथ्वीराज की आज्ञा पाते ही युद्ध रँगराते मदमाते वीर राजपूत उस असंख्य यवन सेना पर ऐसे टूटे जैसे भेड़ों के समूह पर भेड़िया दौड़े। दाहने रुख़ से पृथ्वीराज और बाएँ रुख से समर सिंह जी ने आक्रमण किया। तब मुसलमान सेना भी अल्लाह बिसमिल्लाह करती हुई हृदय में अपने स्वामी की जय की अभिलाषा करती हुई, युद्ध में प्रवृत्त हुई। पूर्व्व दिशा में उदयाचल स्थित बाल सूर्य्य की कोमल लालिमा में दोनों सेनाओं के उज्वल शस्त्रों की चमचमाहट से चकाचौंध सी छा जाती थी। उस समय रण वाद्यों की बड़ घड़ाहट, प्रवल वायु वेग से उड़ने के कारण उत्तंग और प्रशस्त निशानों की फड़फड़ाहट, अग्न्यास्त्रों की धड़धड़ाहट, बान की बौछार और गोले गोलियों की सनसनाहट को सुन कर शूरबीरों को तो सुख होता था परन्तु कायर कपूतों के तो प्राण पखेरू ही पयान किए जाते थे। शाह की तरफ से अरब खां सेनापति था और उमर खां सहायक सेनानायक का कार्य्य संपादन करता था। उसने अपने बीरत्व पराक्रम और बुद्धिमता से राजपूत सेना से ११ दिन पर्य्यन्त साम्हना किया; अन्त में बारहवें दिन पांच घड़ी दिन चढ़ने पर मुसलमान सेना के पैर उखड़ ही पड़े। ऐसा समाचार पाकर पीठि सेनानायक खुम्मान खां ने बहुत जोर मारा और मुसलमान सेना को हिम्मत देनी चाही; जिससे वास्तव में मुसलमान सेना ठहर गई और यवन लोग जी तोड़कर युद्ध करने लगे। इसी प्रकार जब मध्यान्ह होगया और २००० गष्वर काम आ चुके तब मुसलमान सेना ने राजपूतों पर घोर आक्रमण किया। इसी प्रकार चोटें होते होते जब आधी घड़ी दिन शेष रह गया तब निसरत्त खां याकूब खां और तत्तार खां ने सेना की तीन अनी कर के राजपतों पर तीन ओर से प्रबल आक्रमण किया और ऐसी बुद्धिमानी और बीरता दिखाई कि राजपूतों के पैर उखड़ पड़े। यह देख कर रावल समरसिंह जी और पृथ्वीराज हाथी से उतर घोड़ों पर सवार होकर प्राण का मोह छोड़ कर शत्रु सेना में घुस पड़े और अपनी उज्वल असि द्वारा वे बड़े बड़े यवन योद्धाओं को खंड खंड करके धराशायी करने लगे। उनके पीछे पीछे अन्यान्य राजपूत बीर भी अपनी अपनी माई के सपूत पूत होने का परिचय देने में तत्पर हुए और पावस के बद्दल की भांति संघटित यवन सेना को राजपूत लोग प्रवल वायु स्वरूप बन कर काई सा फाड़ने लगे; उधर मुसलमान भी पांव पीछे देना जहन्नुम में जाने से भी बुरा जानते थे। इसीलिये दोनों सेनाओं में खूब लोहा झरा किन्तु आखिर मुसलमान लोग रावल जी की तेज तलवार की धार के सम्मुख ठहरने में असमर्थ हो उठे। उधर पृथ्वीराज ने अपने हाथी को शहाबुद्दीन के सम्मुख झुकाया तब शाह पृथ्वीराज पर सघन बाणों की वर्षा करता हुआ अपनी सेना से बोला कि "अय बहादुरो, खाने और सोने में तो सब इन्सान बराबर हैं मगर सच्चा बहादुर वही है जो दुश्मन के सामने सीना खोल कर अड़े। गोकि मुझे यह पूरा यक़ीन है कि आप लोग अपने नाम पर और मेरे काम पर अपनी जान और जहान कुछ भी चीज़ नहीं समझते मगर तब भी कहता हूं कि जिसका जी चाहे यहां से बिला शक चला जाय और अपने बाल बच्चों से मिले। मगर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेरा तो यही क़सद है कि यातो इसी मैदान जंग में मरूंगा या जिस ख्वाहिश से गज़नी से चला हूं उसे पूरा करके छोड़ूंगा। मैं यह भी जानता हूं कि बिला मतलब कोई सींक नहीं हिलाता, क्या देव क्या जि़न्नत क्या इन्सान सब मतलब के यार हैं। इन्सान दौलत और आराम चाहता है तो शहीद देव व जिन्न परिसतिश के खाहिशगार है, मगर सच्चा नौकर वही है जो वक्त मुशकिल मालिक के काम आवे, सच्चा मित्र वही है जो मित्र के चित्त की गति जानता हुआ उसे सदैव प्रसन्न करने का यत्न करे और कोई वस्तु उससे छिपावे भी न और जो सच्चे दिल से मुहब्बत करता है वही दोस्त है।" सुलतान के ऐसी बातें सुन कर सब मुसलमान सरदार शाह के सद विचार की प्रशंसा करते हुए जी खोल कर लड़ने लगे। इधर कन्ह ने खुरासान खां के भाई का साम्हना किया और उसे एकही वार में मार गिराया। इससे मुसलमान सेना और भी घबड़ा उठी। उधर पृथ्वीराज ने अपनी सेना को उत्तेजित करते हुए म्यान से खड्ग खींच लिया और शहाबुद्दीन पर आक्रमण किया। इनके साथही चामुंडराय, बलभद्र, पीप पड़िहार और निढ्ढुरराय ये चार सामन्त भी धरो पकड़ो की ध्वनि मचाते हुए शाह के चारों ओर झुक पड़े। अपने स्वामी की रक्षा करने के लिये शाह के पांच सरदारों ने जो कि खवासखाने की जगह पर तैनात थे, बड़ा पराक्रम दिखाया किन्तु अन्त में वे मारे गए और शहाबुद्दीन भी पकड़ लिया गया। तब तो मुसलमानी सेना निपट निराश होकर भाग उठी और सब शाही रखत बखत जहां का तहां पड़ा रह गया जो कि विजयी राजपूत सेना ने राई रत्ती करके लूट लिया। शहाबुद्दीन के बंदी होते ही समस्त सेना में जय जय कार शब्द होने लगा। जहां तहां बीर राजपूत सैनिक आनन्द ध्वनि करते हुए स्वामी के उत्साह को द्विगुण उत्तेजित करते थे। इस युद्ध में पृथ्वीराज ने चतुर्दशी रविवार को विजय प्राप्त की।

इस प्रकार गज़नी के बादशाह शहाबुद्दीन पर विजय पाने पश्चात् आनन्दसूचक अतरंग सभा में गुरूराम ने पृथ्वीराज से कहा कि महाराज अब आप दिल्ली को चलिए और वहां पर इस विजय का उत्सव मना कर तब पुनः शुभ मुहूर्त साधकर धन निकालने को आइए तो अच्छा होगा। गुरूराम के ऐसे बचन सुनकर राजा ने काका कन्ह और दाहिम्म राय कैमास की तरफ देखा तो उन्होंने भी गुरूराम के बचनों का अनुमोदन किया। तब राजा पृथ्वीराज रावल समरसिंह जी कैमास तथा सब सेना को षट्टू बन में छोड़ और आप जामदेव, पज्जून राय, बलभद्र, जैतप्रमार, काका कन्हराय, अरिसिंह आदि छ सामन्तों और थोड़ी सी सेना को लेकर फाल्गुण सुदि १३ को दिल्ली की तरफ पधारे और दस दिन में पंथ पूरा करके दिल्ली जा पहुँचे। शत्रु पर विजय प्राप्त करके बीर पृथ्वीराज का शुभागमन सुनकर राजकुमार सब सेना और शहरवालों की भीड़ भाड़ सहित दिल्ली के बाहर आध कोस पर्य्यन्त पिता की अगवानी करने के लिये पैदल पधारे। राजा ने कुमार से सादर मिलाप करके उन्हे अश्व पर सवार होने की आज्ञा दी। और तब आप सब सेना सहित आगे बढ़े। चैत बदि ७ को पृथ्वीराज दिल्ली में पहुँचे। वहां उन्होंने सानन्द सबसे मिलाप करके सुख से भोजन किया और नाना प्रकार के भोग बिलास से सुखी होकर, शहाबुद्दीन को अपने साम्हने बुलवा कर सेवकों को आज्ञा दी कि उसे सुख से सम्मान सहित रक्खो।

शहाबुद्दीन के पकड़े जाने का समाचार जब गज़नी में पहुँचा तो वहां के राज्य उपमंत्री तत्तार खां ने एक चतुर खत्री को सब प्रकार से समझा बुझा कर और एक पत्र देकर दिल्ली की ओर भेजा। यह लोरक राय नामक खत्री पांच सौ सवारों सहित बारह बारह कोस का पड़ाव करता हुआ दिल्ली के नगर द्वार पर आ पहुँचा। वहां उसने सब दिन विश्राम कर के दो घड़ी दिन रहने पर दिल्ली नगर में प्रवेश किया और राजद्वार पर जाकर दरबार में इतला करवाई कि गजनी से तत्तार खां का भेजा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ राजदूत श्रीमान के दर्शनों की अभिलाषा से द्वार पर उपस्थित है। यह समाचार पाकर राजा ने उसे सम्मुख बुलवाया। तब लोरक राय ने दरबार में पहुँच कर राजा को सादर प्रणाम किया और राजा की आज्ञा पाकर वह एक ओर अदब से बैठ गया। कुछ देर में राजा का रुख देखकर वह चतुर दूत फिर उठा और राजा को तीन वार झुक कर प्रणाम करके उसने तत्तार खां का दिया हुआ पत्र राजा के पेशकार मधुशाह के साम्हने सादर पेश किया। राजा की आज्ञा पाकर मधुशाह ने उस पत्र में लिखी हुई शहाबुद्दीन को मुक्त किए जाने के विषय में तत्तार खां की अर्ज़ी पढ़ सुनाई, जिसे सुन कर राजा ने हँस दिया। बुद्धिमान मधुशाह राजा की दृष्टि से उनके आंतरिक अभिप्राय को ताड़ गया; और इसलिये उसने लोरक राय को युक्तिपूर्व्वक दरबार से विदा कर दिया।

दूसरे दिन लोरक राय पुनः दरबार में उपस्थित हुआ और उसने पृथ्वीराज की वीरता धीरता और सहनशीलता की बहुत कुछ प्रशंसा कर के पुनः बादशाह के मुक्त होने की बात चलाई। पृथ्वीराज ने उसकी बातों का कुछ भी उत्तर न देकर उससे प्रश्न किया कि शहाबुद्दीन का गोरी नाम क्यों पड़ा।

राजा के ऐसे बचन सुन कर लोरकराय बोला कि महाराज! गजनी में जलालुद्दीन नामक एक क्रूर बादशाह राज्य करता था। वह ऐसा विषया-सक्त था कि उसके महल में ५१० हरमें (रानियां) थीं; किन्तु साथही इसके वह निष्ठुर और निस्स्नेह भी बड़ा था। वह जिस हरम के गर्भवती होने की खबर पाता उसका सर अपने हाथ से काट लेता था और वह केवल इसी भय से कि गर्भ से जन्मा हुआ पुत्र कहीं मुझे मार कर आप राज्य का अधि-कारी न बन बैठे; किन्तु न जाने क्या सोच कर निजाम शाह नाम के एक फकीर की सेवा वह बहुत किया करता था। उसकी सेवा से प्रसन्न हो कर फकीर ने आशीर्वाद दिया कि तुझ को एक प्रतापी पुत्र उत्पन्न होगा। फकीर का आशीर्वाद सुन कर शाह के शिर पर मानो वज्र पात हुआ। वह घब-ड़ाता हुआ घर आया तो सुनता क्या है कि एक बेगम गर्भवती है; परन्तु जब तक शाह उसके मारने का विचार करे कि वह भयभीत बेगम महल से निकल कर भाग गई। इसके पांच वर्ष पश्चात् शाह जलालुद्दीन भी जहन्नुम रसीद हुआ। तब राज्य कर्म्मचारी गण बड़े सोच विचार में पड़े कि अब इस अराजक प्रजा का पालन किस भांति होना संभव है। तबतक एक शेख ने आकर कहा कि एक अद्वितीय तेजस्वी बालक नगर के बाह्यप्रान्त में गोर अर्थात् कब्रिस्तान में रहता है, तुम उसे ही अपना बादशाह बनाओ। चलो, मैं तुझे उस बालक को दिखादूं। जब सब लोग उसके साथ हो लिये तो वहां जाकर देखते क्या हैं कि एक ५ वर्ष का परम प्रतापी बालक बैठा हुआ बाल क्रीड़ा कर रहा है। सब लोग उसका तेजस्वी स्वरूप और होनहार पुरुषों की आकृति देख कर उसे सादर राज्य महल में लाए और नजूमियों को उसके जन्म फल कहने की आज्ञा दी तो उन लोगों ने कहा कि यह बड़ा प्रतापी बादशाह होगा। यह भारतवर्ष में भी मुस-लमानी शासन की नींव डालेगा और जिससे यह बार बार बंदी किया जायगा, उसे ही यह नाश करने वाला होगा।

इस प्रकार जब लोरक राय शहाबुद्दीन की पूर्व कथा वर्णन कर चुका; तब पथ्वीराज बोले कि शाह के पास शृंगारहार नामक एक सिंहलद्वीपी परम सुन्दर प्रशस्तकाय हाथी है। वह और उसके साथ ३० हजार घोड़े हमको दंड में दिए जांय तो हम तुम्हारे बादशाह को छोड़ देवें। इस पर लोरक राय ने उत्तर दिया कि श्रीमान् की जैसी मर्जी होगी वही किया जायगा परन्तु हमारी प्रार्थना यही है कि शाह छोड़ दिया जाय। इस प्रकार प्रतिज्ञा करके लोरक राय ने गज़नी को एक पत्र लिख कर वहां से उक्त हाथी और घोड़े मँगा कर पृथ्वीराज को समर्पण किए; और तब शाह को छुड़ा लिया। शहाबुद्दीन कैद से छुटकर गज़नी जा पहुँचा और वहां उसके सूर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामन्त और साथी लोग नाना भांति से आनन्द मनाने और अपने परवरदिगार को धन्यवाद देने लगे।

इधर पृथ्वीराज उस दीर्घकाय शृंगारहार को निरंतर अपनी आँख के साम्हने रखता था; वह हाथी सात हाथ ऊंचा नौ हाथ लंबा और दस हाथ मोटा था। जिस समय पृथ्वीराज गिरिपुत्र ऐसे गयंद पर सोने चांदी का साज सज कर सवार होता था उस समय ऐसा सुशोभित होता था मानों पृथ्वी को तारण-तरण करने के लिये इन्द्र के अंश का आविर्भाव हुआ हो। एक दिन पृथ्वीराज उस हाथी पर सवार होकर शिकार करने के लिये पधारे तब तक नरनाह कन्ह भी साथ में हो लिए, दोनों नरसिंह बीर उस सघन बन में विचरते फिर रहे थे कि बनरखे ने आकर खबर दी कि महाराज पास ही में एक बड़ा भारी सुअर है। तब राजा ने उसको रोकने की आज्ञा दी और वह आप स्वयं उसकी ओर बढ़ा; चारों ओर से घिर जाने पर उस सुअर ने हुंकार शब्द करते हुए जो बढ़ना चाहा कि राजा ने उसे वाण से मार कर धराशायी किया। तब तक एक शेर का समाचार मिला जि। सुन कर राजा ने प्रसन्नता प्रगट करते हुए कहा कि मैं तो अब इसका शिकार किए बिना न रहूंगा और ततक्षण ही वह पारधी के कहे हुए संकेत स्थल की ओर मुड़ पड़ा। थोड़ी ही दूर चलने पर देखा गया कि नदी के किनारे एक बिकराल सिंह एक वृषभ के मृत शरीर को भक्षण कर रहा है। ऐसा देख कर राजा ने उसके हांके जाने की आज्ञा दी; इधर से महावत ने भी शृंगारहार को उसी तरफ झुकाया। यह सब कोलाहल सुन कर वह सिंह बड़े ही वेग से राजा की तरफ झपटा और राजा ने भी तीर चलाया पर चूक गया। तब खवास खाने में बैठे हुए कूरंभ राय ने खड्ग से सिंह को दो टूक कर के गिरा दिया। इस वीरता से सब सेना तथा राजा ने स्वयं कूरंभ राय की बड़ी प्रशंसा की। इस प्रकार शिकार करके राजा जब दिल्ली लौट आए तब कविचंद ने शेर के शिकार सम्बन्धी उक्त समाचार को सुनकर राजा पर पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद देते हुए अपने हार्दिय आनन्द की सूचना और बधाई दी।

दूसरे दिवस राजा ने प्रोहित गुरुराम से धन निकालने के लिये षट्टू बन को चलने के लिये शुभ मुहूर्त्त पूछा। अतएव गुरुराम ने वैशाख सुदि ३ को प्रस्थान निश्चय किया। तदनुसार ही महाराज ने यात्रा की। रास्ते में नाना प्रकार के मांगलीक वस्तुओं का दर्शन करते हुए जब पृथ्वीराज षट्टूबन में पहुंचे तब रावल जी ने आगे बढ़ कर सादर मिलाप किया। इधर पृथ्वीराज ने भी योगिराज रावल को शाह छोड़े जाने और शिकार इत्यादि का समाचार सुना कर प्रसन्न किया।

इस प्रकार उस दिन पंथ का परिश्रम निवारण करने पश्चात् राज्यमंत्री कैमास से राजा ने धन निकालने के विषय में पूछा। तब कैमास ने वहां का भेद वर्णन किया और राजा, रावल जी तथा मुख्य मुख्य सामन्त और कुछ सेना को लेकर उपरोक्त पाषाण लिपि के पास पहुंचे। कैमास ने उस बीजक को पढ़ा तो उसमें ये वाक्य लिखे थे—

दोहा ॥

ऊरध अंगुल सठ त्रिसठ, तीर कहत चवसाठि।
तहां अच्चर त्रिम्यो सु इम, सर में द्रव्य अनिठ॥
भरि प्रसंक अंगुल भरिग, तिय अंगुल सत अंक॥
अंगुल अंगुल अंक में, एकादसो प्रसंक ॥२॥

कैमास ने बीजक के तात्पर्य को भली भांति समझ कर और तदनुसार ही अपने हाथ से स्थान को माप कर वहां पर खोदने की आज्ञा दी। रावल जी ने वहां पर अनिष्टों के नष्ट होने के अभिप्राय से प्रथम पूजनार्चन किया और तब खुदवाना आरंभ किया। कुछ ही गहरा खुदने के अनंतर एक पाषाण पुतरी पाई गई जिसके माथे पर कुछ अंक खुदे हुए थे। निदान उसे भी कैमास ने पढ़ा तो उसमें लिखा था कि "सब सामंत लोग मुझे देख कर न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हंसे तो पाषाण को देखें।" निदान शुभ मुहूर्त का वेध होते ही कमान की मूठ के बीच की ताली निकालने के लिये ज्योंही उसे तोड़ा गया कि एक बड़ा भारी सर्प फनफना कर निकला जिसको देख कर और तो सब लोग भागे परन्तु चन्द ने मंत्र द्वारा कील कर उस सर्प को पकड़ लिया और तब सब लोग धन देखने लगे।

चंद की बात मान कर (संवत ११३८) महाराज पृथ्वीराज स्वयं धन निकालने के लिये वहां आए और आज्ञा दी कि इस शिला का सिर काट कर धन निकाला जाय; राजा की इस आज्ञा के देते ही वह भूमि कांपने लगी और एक हुंकार शब्द भी हुआ। शस्त्र की नोक से एक पत्थर हटाया गया जो कि तीस अंगुल मोटा था जिसमें से बारह अंगुल मोटे हंडे का मुंह दबा था। इस प्रकार खजाने का मुहं खुल गया। जब बारह हाथ और खोदा गया तो वहां से एक महा भयानक देव निकला और नाना भांति की राक्षसी माया करके युद्ध करने लगा। जब उसने अधिक उपद्रव किया तब चंद ने देवी को स्तुति और अर्चना से प्रसन्न करके आवाहन किया और उस राक्षस के बध करने की प्रार्थना की। जब देवी उस दैत्य का बध कर चुकी तब चंद ने विनीत भाव से पुनः प्रार्थना की कि हे माता हम लोग इस धन की पूर्व्व कथा जानने के बड़े अभिलाषी हैं। सो कृपा कर कहिए तो बड़ा अनुग्रह हो।

चंद के ऐसे वचन सुन कर देवी ने कहा कि हे पुत्र, सतयुग में मंत्र, त्रेता में सत्य, द्वापर में पूजा और कलियुग में वीरता प्रधान है। हे कविचंद गत समय में रघुवंश में कोई आनन्द नामक राजा बड़ा वीर और पराक्रमी था परंतु साथ ही इसके वह अधर्मी अन्यायरत और प्रजापीड़क भी था। जहां कहीं ऋषि ब्राह्मणों के यज्ञादि की चरचा सुनता कि उसे बिध्वंस कर देता। इसलिये ऋषियों ने उसे शाप दे दिया जिससे उसका शरीर उसी समय भस्म हो गया और तब से वह दैत्य रूप धारण कर इस स्थान पर निवास करने लगा। इसके बहुत दिन पश्चात उसी रघुकुल को भगवान रामचन्द्र ने जन्मधारण कर पवित्र किया। इस प्रकार काल तो पुराना हो गया परन्तु यह लक्ष्मी अब तक ज्यों की त्यों बनी हुई है।

देवी के मुख से ऐसे वचन सुन कर पृथ्वीराज ने प्रार्थना की कि अब कृपा कर ऐसा बर दीजिए कि धन निकालने में अब किसी प्रकार का विघ्न उत्पन्न न हो। इस पर देवी एवमस्तु कह कर अन्तर्ध्यान हो गई। तब देव ने चन्द से कहा कि मेरे पिता रघुवंशी धर्म्माधिराज थे। उनका अन्यायी पुत्र आनन्द चन्द मैं ही हूं। शाप से मर जाने बाद मेरा नाम वीर पड़ा। यह सब धन मेरा ही संग्रह किया हुआ है। इसी कारण मेरी यह गति हुई। निदान इसी प्रकार अपने पिता तथा अपनी वीरता की प्रशंसा करते हुए उसने अपने साम्हने ही धन निकाले जाने को कहा; तब चन्द ने पूछा कि हे वीर अब तुम्हारी प्रसन्नता के लिये हमारे महाराज क्या कार्य्य करें। यह सुन कर वीर बोला कि मेरे लिये ब्राह्मणों से जप करवाओ और महिष का बलि दो। इस प्रकार कहके वह वीर अन्तर्ध्यान हो गया।

तदुपरान्त राजा ने विद्वान पण्डितों को बुलवा कर पूजन करने की आज्ञा दी और आप, रावल जी, चंद, कैमास तथा अन्य छ प्रधान सामन्तों सहित वहां ही बैठे। उस स्थान के खोदे जाने पर एक बड़ा भारी पत्थर का स्वच्छ दालान निकला उसमें एक स्वर्ण के मणिजटित हिंडोले पर एक सोने की पूतरी बीणा बजाती और नाचती हुई निकली; जिसे देख कर सब के सब आश्चर्य्य में पड़ गए। तब चंद ने कहा कि यह मायारूपी पूतरी है और ध्यान द्वारा वीर से उस का वृत्तान्त जानकर कहा कि यह पुतरी ऋद्धि रानी का अवतार है। इस से डरिए मत, इस हिंडोले को पूजन में रख देना उचित होगा। इस प्रकार वार्तालाप हो ही रहा था कि उस पूतरी की एक कटाक्षमय दृष्टि से गुरु राम और चन्द मूर्छित होकर गिर पड़े; परन्तु कुछ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देर में फिर से सम्हल कर उठ बैठे। तब गुरुराम ने पृथ्वीराज से पूछा कि यह जो धन अब तक प्राप्त हुआ है सो तो श्रीमान नजर ही कर चुके; आगे अब क्या किया जाय सो आज्ञा दीजिए।

दूसरे दिवस सब धन सम्मुख रक्खा गया। राजा पृथ्वीराज और रावल समर सिंह जी पहिले तो देवी पूजन को गए। वहां दस महिष बलि करके और देवी की प्रसन्नता प्राप्त करके दोनों बीर पुरुष प्रेम पूर्व्वक एक ही सिंहासन पर बैठ कर उक्त धन का निरीक्षण करने लगे। उसी समय पृथ्वीराज ने रावल जी को आधा धन बाँट देने की इच्छा प्रगट की; परन्तु रावल जी का रुख न देख कर चुप हो रहे। और उनके अनुचरों को यथायोग्य द्रव्य प्रदान करके उन्हें प्रसन्न किया। तदुपरात रावल जी ने भी आग्रह पूर्व्वक विदा मांग कर चित्तौर चलने की तय्यारी की; तब पृथ्वीराज ने उन्हें ५ हाथी और १०० घोड़े देकर बिदा किया। चंद कवि और कैमास कुछ दूर पर्य्यन्त पहुँचाने गए। जब कैमास रावल जी को पहुँचा कर लौटे तब राजा की आज्ञानुसार वह सब धन हाथियों पर लदवा कर ससैन्य दिल्ली की ओर यात्रा की गई। निदान ज्येष्ठ सुदि १३ रविवार को राजा पृथ्वीराज दिल्ली में दाखिल हुए। इनका आगमन सुन कर राजकुमार ने सब राजसी ठाट बाट सहित नगर के बाहर आकर अगवानी की। उस दिन दिल्ली नगर भी अपनी सजधज और प्रतिभा से इन्द्रपुरी को परास्त करने का अभिमानी था; अटा अटारी गोख और झरोखों में मंगला मुखी स्त्रियां कलकण्ठ से गान करती थीं। राज द्वार पर नौबत झड़ती, बंदीजन विरदावली पढ़ते और ब्राह्मण लोग स्वस्तिवाचन कह रहे थे। राजा ने महलों में जाकर सब रानियों को प्रसन्न किया। दूसरे दिवस राजा ने दरबार में बैठ कर उस संपति का आधा भाग यथायोग्य सब सामन्तों में बांट दिया। शेष को राज्य कोष में जमा किए जाने की आज्ञा दी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शशिवृता वर्णन।

(पचीसवां समय।)

पृथ्वीराज के खट्टूबन में गड़ा हुआ धन प्राप्त करने की कथा समाप्त करके कवि शशिवृता के व्याह की सविस्तर कथा इस प्रकार से वर्णन करता है।

गरबीली ग्रीष्म ऋतु के अवसान और पावस के आरम्भ में एक समय जब कि पृथ्वीराज, केशर कुकुमादि अष्टसुगंधमिश्रित घवसार का शरीर में लेप किए हुए लहलहाती हुई ललित लताओं, प्रस्फुटित पुष्पों और हरे भरे तृण समूह से पूरित उद्यान में, सेवक, सामन्त और सखाओं सहित बैठा हुआ स्वछन्दता से प्रकृति का आनन्द ले रहा था उसी समय चन्द्रोदय नामक एक नट ने आकर प्रणाम किया। राजा ने प्रसन्नतापूर्व्वक उसका प्रणाम स्वीकार कर के उसे अपनी नाट्य विद्या सम्बन्धी कलाएं दिखाने की आज्ञा दी। अतएव नट ने मृदंगी, दण्डिका ताली, कलही, श्रुत, धुर्द्धरी आदि प्रबन्धबद्ध गीत और नृत्य इत्यादि दिखला कर राजा को सन्तुष्ट किया।

नट की नाट्य एवं नृत्यादि कलाओं के खेल से प्रसन्न हो राजा पृथ्वीराज ने उसे बैठने की आज्ञा दी और पूछा कि हे चतुर नट, तेरा नाम ग्राम क्या है सो कह। यह सुन कर नट ने उत्तर दिया कि हे महाराज! देवगिरि नामक नगर में सोमवंशी यादव राज्य करता है जो कि एक उत्तम राज्य शासक होने के सिवाय संगीत विद्या और कलाओं में भी अत्यन्त निपुण है। मैं उसी राजा के दर्बार का नट हूं। अपने दर्बार से सीख (छुट्टी) लेकर कुरुक्षेत्र की तीर्थ यात्रा करने जा रहा था, श्रीमान् की गुणग्राहकता के विषय में सुन कर दिल्ली को आया हूं। तब पृथ्वीराज ने पूछा कि हे नट, तुम्हारे राजा की कन्या का विवाह कहां हुआ? नट ने उत्तर दिया कि प्रथम तो उसका सम्बन्ध उज्जैन के राजकुमार से होना निश्चय हुआ था किन्तु यह सगाई तोड़ दी गई है और अब वह व्याह कन्नौज के राजा के भतीजे के साथ होगा। अन्नदाता! वह राजकुमारी शशिवृता ऐसी सुन्दर है कि मुझ से उसके सहज सौन्दर्य्य और स्त्रियोचित गुणों का वर्णन कदापि नहीं किया जा सकता।

पृथ्वीराज ने सभा विसर्जन कर नट को एकान्त में बुलाकर पूछा कि शशिवृता के विषय में जो कुछ कहना हो अब कहो। तब नट बोला कि घणी क्षमा, अन्नदाता, मैं क्या कहूं। उस चद्रमुखी, मृगलोचनी, कलकंठी, सुकनासा, गजगामिनी, सर्वाङ्ग सुन्दरी सुकुमार राजकुमारी शशिवृता का ऐसा मनोहर स्वरूप है मानो ब्रह्मा ने भूमि पर दूसरी मैनिका का निर्माण किया हो। नट के ऐसे बचन सुन कर पृथ्वीराज के हृदय में शशिवृता के सौन्दर्य्य का चित्र सा खिंच गया। उसने उत्सुक होकर नट से पूछा कि कोई ऐसा उपाय भी है जिसमें शशिवृता का व्याह मुझ से हो। इस पर नट ने उत्तर दिया कि इस विषय में श्रीमान् से मैं फिर कभी निवेदन करूंगा परन्तु अपने वश भर आपके लिये संतोष जनक प्रयत्न करने में किसी प्रकार की त्रुटि भी न करूंगा।

पृथ्वीराज ने नट को तो एक हाथी, पांच घोड़े और बहुत सा द्रव्य देकर विदा किया और वह कुरुक्षेत्र को चला गया, परन्तु राजा का चितचकोर शशिवृता के रूपराशि रूपी शशधर की धुन में ऐसा निमग्न हुआ कि उसे अहर्निशि कल्पसम व्यतीत होने लगा। राजा ने अपनी अभिलाषा की पूर्ति के लिये शिव की आराधना की और आशुतोष शिव ने उसे वांच्छित वर्दान भी दिया; परन्तु उससे पृथ्वीराज की आशालता को एक प्रकार का सहारा होने से उसकी निज प्रेयसी से सम्मिलन की लालसा दिन प्रति दूनी बढ़ने लगी। पावस का प्रवेश होते ही पृथ्वीराज की विरह वेदना और भी बढ़ने लगी, ज्यों ज्यों जल की वृष्टि अधिक होती, पपीहा, मोर मेंढ़क बोलते, झिंगुर झनकार करते, जुगनू दम दमाते, घन घहराता और बिजली चमचमाती त्यों त्यों राजा की शशिवृता प्रति विरह वेदना बढ़ती ही जाती थी। जब पावस का अवसान और स्वच्छ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरद ऋतु की अवाई हुई, तब प्रकृति के निर्मल होने के साथ ही पृथ्वीराज की हृदयस्थ प्रेयसी प्रतिमा भी मानो स्वच्छ भाव से भासित होने लगी। सुन्दर सर सरिताओं का निर्मल जल, उसमें कल्लोल करते हुए पक्षी समूह, वन और उपवन की लहलहाती हुई लौनी लताएं और सुगन्धित सुमन राजा की कामेच्छा को अत्यन्त उद्दीपित करते थे; प्रफुलित कुमोदिनी और कमल तो पृथ्वीराज के कलेजे पर कटारी का काम करते थे इसी समय पृथ्वीराज ने अपने मन बहालने के लिये निज स्वाभाविक व्यवसाय एवं व्यसन अर्थात् शिकार खेलने की इच्छा की। राजा की आज्ञा होते ही समस्त शिकारी साज सामान सज कर दुरुस्त हो लिए। नियत दिन मंगल वार को पृथ्वीराज अपनी मित्र मंडली एवं सामंतों सहित शिकार करने के लिये जंगल को पधारे। पृथ्वीराज के साथ में अगनित वागुर, जाल, शिकारी बैल, चीते, कुत्ते, हिरन, श्रीगोस और कुही, बाज, जुर्रा आदि शिकारी पक्षी भी थे। जंगल में पहुंच कर जहां तहां शिकारी जानवर छोड़े गए और राजा एक उत्तम स्थान में ठहर कर अपने पालित पशुओं एवं वधिकों का जघन्य कार्य्यकौशल निरीक्षण करने लगे। राजा जिस समय इस व्यवसाय में व्यस्त होकर वधिकों को इनाम दे रहे थे तब तक एक बनरखे ने खबर दी कि अमुक स्थान में एक बड़ा भारी वाराह है। उसने यह भी कहा कि उक्त स्थान ऐसे समारोह के साथ जाने योग्य नहीं है। ऐसा सुनते ही पृथ्वीराज बंदूक कँधे पर रख कर अकेले ही उस बनरखे (बधिक) के साथ हो लिए। उस समय राजा के साथ में गतिसिंह (सिंह-गति) नामक स्थान भी था जिसपर पृथ्वीराज का अत्यन्त प्रेम और विश्वास था। राजा ने बड़ी कठिनता से उक्त स्थान पर पहुंच कर वाराह को एक ही गोली से मार गिराया। राज ने उस बधिक को बहुत सा इनाम दिया। एक दिन और भी उसी गहन बनमें ठहर कर दूसरे दिन दिल्ली को प्रस्थान किया।

कविचन्द के इतनी कथा कह चुकने पर उसकी स्त्री ने कहा कि हे शुक! राजा पृथ्वीराज और शशिवृता के गंधर्व विवाह का सम्पूर्ण प्रबन्ध वर्णन कीजिए। ऐसा सुन कर कविचन्द ने कहा कि जिस समय दक्षिण दिशा में स्थित देवगिर के राजा शशिवृता के पिता राजा भानराय यादव का भेजा हुआ ब्राह्मण शशिवृता का टीका लेकर कन्नौज में पहुंचा और उसने जयचन्द के दर्बार में अपने आने की खबर कराई तो जयचन्द ने उसे तुरन्त ही अपने पास बुला कर उसके आने का कारण पूछा। तब ब्राह्मण ने कहा कि मैं देवगिरि के राजा भानराय का प्रोहित हूं। मैं उन्हीं की कन्या का लग्न लेकर आपके भतीजे को चढ़ाने आया हूं।

जयचन्द की सभा में वर्तमान एक गंधर्व उक्त वृत्तान्त के सुनते ही देवगिर की तरफ चल दिया और नगर के बाहर एक रमणीक उपबन में सखी समूह सहित बाल क्रीड़ा करती हुई शशिवृता के पास सुन्दर हँस के स्वरूप में जा पहुंचा। राजकुमारी शशिवृता ने उस हंस को प्रसन्नता पूर्व्वक पकड़ लिया और उसे अपने कोमल कर कमल पर बिठा कर वह कहने लगी कि हे पक्षि वर, तुम्हारा निवासस्थान कहां है? यह सुन कर हंस ने उत्तर दिया कि मैं वास्तव में गंधर्व हूं और इन्द्र की आज्ञा पाकर इस स्वरूप से तुम्हारे पास आया हूं। तब शशिवृता ने कहा कि हे त्रिकालज्ञ गंधर्व आप मुझे यह बतलाइए कि मैं पूर्व्वजन्म की कौन हूं और मेरा विवाह किसके साथ होगा। इस पर हंस वेषधारी गंधर्व ने उत्तर दिया कि तुम पूर्व्वजन्म की चित्ररेखा नाम की अप्सरा हो, कोई विशेष अपराध हो जाने से इन्द्र के शाप वश तुम्हें मानव शरीर धारण करना पड़ा। तुम्हारे पिता ने तुम्हारा ब्याह कन्नौज के राजा के भतीजे वीरचन्द से करना विचारा है परन्तु वह वर तुम्हारे योग्य नहीं है क्यों कि वह एक ही बर्ष बाद युद्ध में मारा जायगा। ऐसा विचार कर इन्द्र ने दयापूर्व्वक मुझे तुम्हारी सहायता करने के लिये भेजा है। हंस की ऐसी विचित्र बाणी सुन कर शशिवृता ने उससे कहा कि आपने मेरे ऊपर माता पिता के संमान वात्सल्य प्रगट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया है अतएव अब आप जिसे बतलावेंगे मैं अपना व्याह उसीके साथ करूंगी। तब हंस ने कहा कि दिल्लीपति चहुआन ही तुम्हारे योग्य बर है, इस समय वह एक अद्वितीय वीर पुरुष है, उस ने गुजरात के राजा महाबली भीमदेव को परास्त किया और गज़नी के बादशाह सुलतान शहाबुद्दीन को कई बार बांध बांध कर छोड़ा दिया है। इस पर शशिवृता ने उत्तर दिया कि तो आपही वहां जाकर पृथ्वीराज के हृदय में मेरे प्रति अनुराग उत्पन्न कराइए और यदि उन्होंने मुझे न स्वीकार किया तो मैं शरीर त्याग दूंगी।

इस प्रकार शशिवृता के हृदय में पृथ्वीराज के अतुल अनुराग का अंकुर अंकुरित करके वही हंस वेशधारी गन्धर्व पृथ्वीराज के पास चला। सुन्दर स्वच्छ चन्द की कला के समान स्वेत एवं हिमवत धवल देहधारी हंस गहन बन में विहार करता हुआ पृथ्वीराज के समीप आकर फिरने लगा, पृथ्वीराज ने ज्यों ही उसे हाथ बढ़ा कर पकड़ना चाहा कि वह उसी समय ब्राह्मण के स्वरूप में हो गया, उसने सायंकाल के समय राजा को एकान्त में पत्र देकर कहा कि महाराज यादव कुमारी शशिवृता ऐसी सुन्दर है कि मैं ही क्या कोई भी उसके अनुपम लावण्य और प्राकृतिक सौन्दर्य्य का यथावत वर्णन नहीं कर सकता। बयःसन्धि अवस्था में होने से उसकी अंग शोभा इस समय ऐसी जगमगा रही है जैसे पूर्णिमा को सूर्य्य के अस्त और चन्द्रमा के प्रकाश होने के समय प्रकृति की शोभा होती है। एवं राजन उस सुकुमार कुमारी की बाल्यावस्था शिशिर ऋतु के अवसान के समान ह्रास और बसंत ऋतु के आरंभ के समान उसके यौवन का प्रकाश होता आता है। उसके बाल्यावस्था सम्बन्धी साधारण अवयवों का प्राचीन पत्रों के समान काट छांट होता हुआ उसके सुकोमल अंग नवीन कोंपों की भांति कुसुमित हो रहे हैं। अधिक क्या कहूं वह सुकुमारी स्वयं बसंत ऋतु की फुलवारी की क्यारी के समान मुनि मनहारी, संसार सुखमा की मूर्ति बन रही है। एक तो पृथ्वीराज का मन पहिले ही से शशिवृता की याद में व्यग्र था तिस पर हंस के मुख से ऐसी उपमाएं सुन कर पृथ्वीराज की कामाग्नि एवं उसका भविष्य प्रिया प्रति अनुराग ऐसा बढ़ा कि उसे सब रात्रि शशिवृता की ही मूर्ति स्वप्न में दिखाई दी। प्रातःकाल होते ही राजा ने पुनः उससे मिल कर शशिवृता के विषय में वार्तालाप छेड़ा और इस समय उसने शशिवृता के पिता के कन्नौज दूत भेजने, शशिवृता की उस सम्बन्ध प्रति विरक्तता होने और उसको पृथ्वीराज प्रति प्रीति होने की कथा कह सुनाई। उसने कहा कि हे राजन् वह चित्ररेखा अप्सरा का अवतार शशिवृता आपको बर पाने के लिये व्रत धारण करके सदा शिव का पूजन करती है, अतएव मैं उन्हीं शिव की प्रेरणानुसार आपके पास आया हूं। अब जहां तक आपसे हो सके जल्दी कीजिए और शशिवृता से मिलिए।

हंस के मुख से ऐसे अलौकिक युक्तिमय वचन सुन कर पृथ्वीराज ने पूछा कि हे सर्व विद्याओं में विज्ञ, सब रसों में सरस शृंगार रस के शिरोमणि हंसराज, मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि जो कवियों ने स्त्री जाति के चार भेद कहे हैं उन का सूक्ष्म विवरण क्या है और शशिवृता उनमें से किससे सम्बन्ध रखती है। इस पर हंस ने उत्तर दिया की महाराज जिस स्त्री की जिह्वा लाल हो, सिंह के समान जिसके अंग हों, वाणी मधुर हो, रति सम हो, प्रभावाती हो, शील हो, कुलीन हो जिसके स्तन साधारण और उदर सम हों वही स्त्री सर्वोत्तम कही गई है। आगे जो कवियों ने स्त्रियों के चार लक्षण कहे हैं वे ये हैं—पद्मनी उस स्त्री को कहते हैं जिसके केश कुटिल हों, स्तन गोल हों, दंत पंक्ति स्निग्ध हो, जिसके शरीर से कमल की सी गंध आती हो, वीणा स्वर समान जिसकी बाणी हो, निद्रा काम क्रीड़ा और प्रवाद में कम प्रीति करने वाली हो, धैर्य्य, क्षमा, शीलादि सद्गुण जिसके स्वाभाविक हों, सब भांति के बस्त्रों पर जिसकी रुचि रहती हो। हंसिनी उसे कहते है जिसके केश ऊर्द्ध हो,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्तन वक्र, दांत चमकीले, गंध मधुर, जो कामक्रीड़ा में अधिक प्रीति करने वाली हो, नेत्र जिसके खंजन की भांति चित्रित, विशाल और चंचल हों और हृदय जिसका सदैव अनिस्थिर हो, किन्तु पति की प्रेम मूर्ति का चित्र सदैव चित्त से चिंतन करती हुई, जो उस से मान की अभिलाषिनी हो। चित्रनी उसे कहते हैं जिसके केश बड़े और चन्द्रमा के समान मनहरण मुख हो, जिसके शरीर से मृगमद की गंध आती हो, कोकिला के समान जिसका उच्चारण हो, रति में प्रीतियुक्त हो, जिसके नेत्र शील, लज्जा और आलस्य से भरे हुए हों और वह छवि की खानि सहज क्षमावान, मोहनी मंत्र के समान कटाक्षमय दृष्टिपात से ही हृदय पर आघात करती हो। और संखिनी उसे कहते हैं जिसके केश छोटे और सूक्ष्म हों, स्तनतल क्षीण हो, दांत मोटे हों, उच्चारण मधुर हो, उदर और कटि मोटी हो, जिसके शरीर से दुर्गन्ध आती हो, कम बोले और अधिक सोवे, शील और गम्भीरता हीन सदैव कलहकारिणी हो, आचार विचार में स्वच्छन्द हो स्त्रियोचित सद्गुणों से रहित, व्यभिचार में दत्तचित्त ऐसी असंख अवगुण की मूर्ति शंखिनी स्त्री का स्वामी सदैव सांसारिक सुखों से वंचित रहता है। हे राजन वह यादव कुमारी सुकुमारी शशिवृता इनमें से उपरोक्त प्रथम श्रेणी की स्त्री है। उसके उठते हुए यौवन ऐसे सुशोभित होते हैं मानो उसके हृदय कमल पर आसीन मनोज महाराज ने अपनी रक्षा के लिये दो दृढ़ दुर्ग निर्माण किए हों। इस अवस्था में उसके सुरंग नख और एड़ी माणिक और कमोदिनी की रक्त प्रभा का उपहास करते हैं, हंसशिशु की चाल को नीचा दिखाने वाले, उस गजगामिनी कामिनी के जंघा और पिंडुरी काम की खराद एवं अनंग के रंग से रँगे हुए स्वर्ण के खम्भे से सुशोभित होते हैं। उसके बड़े बड़े कोमल और सुडौल नितम्ब मनसिज की शय्या के गुलगुले गेंडुए से ज्ञात होते हैं। उसकी क्षीण हीन लङ्क पर आरोपित उतंग अग्रभाग तुला का सा कांटा तुल रहा है, सुन्दर सुकोमल उदर पर विराजमान रोमराजि ऐसी प्रतीत होती है मानो मुख चंद का अमृतपान करने की लालसा से सुमेर शिखर पर चींटियां चढ़ रही हों, उसकी ग्रीवा शंख एवं कपोत की ग्रीवा के समान है, उसकी सुढार चारू सुन्दर चिबुक पर रक्खा हुआ नील विन्दु इकट्ठा हुआ चन्द का कलङ्क सा मालूम होता है। उसके सुढार दुतिमय दांतों की दमक दामिनी की दीप्ति सी प्रदीप्त होती है, उसकी नासिका कीर की नासिका का लाज्जित करती है, उसके स्वाभाविक कटाक्षमय नेत्र देखने वाले के कलेजे को काढ़े लेते हैं, उसका प्रशस्त ललाट साक्षात् अनंग भवन के सुचित्रित आंगन के समान शोभित है, उसके सुकोमल काले सटकोर घुंघरारे सिवार सम सूक्ष्म केश रेशम को मात करते हैं और उनसे गुही हुई अलकें साक्षात सर्पिणी सी विराजती हैं, हे राजन् उस आनन्द मूर्त्ति रसिक मन हारिणी राजकुमारी की सुन्दरता को मैं क्या कहूं उसे देख कर बड़े काव्यविशारद चतुर कविजनों का चित्त चकित होना सम्भव है।

पृथ्वीराज ने पुनः पूछा कि हे हंसराज अप्सरी का अवतार क्यों कर हुआ सो कहो? यह सुनकर हंस बोला कि एक समय महादेव जी स्वर्ग में इन्द्र के स्थान पर पधारे तब इन्द्र ने आशुतोष शिव को सादर सुभग आसन दे अर्घपादादि पूजा से प्रसन्न किया और उनकी रुचि जानकर इन्द्र ने अप्सराओं को नाना प्रकार के नृत्य गान से उन्हें संतुष्ट करने की आज्ञा दी, तदनुसार रंभा, घृताची, मेनिका मंजुघोषा, उर्वसी, केशी इत्यादि देवाङ्गनाएँ नाना प्रकार के वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित हो उच्च स्वर से उत्तमोत्तम राग रागनियों का अलाप और ताण्डवादि नृत्य कर कर शिव के सम्मुख कामोद्दीपक कटाक्षों सहित हाव भाव बताने में प्रवृत्त हुईं। संयोग वश चित्रेरखा के स्वरूप पर मोहित हो महादेवजी क्षणमात्र के लिये काम के वशीभूत से हो गए। इस लिये उन्होंने कुपित हो कर उक्त अप्सरा को शाप दिया कि वह स्वर्ग से पतित होकर मृत्युलोक में मानवी शरीर धारण करे। शिव जी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के शाप से भयभीत हुई उस अप्सरा ने विनीत भाव से स्तुति कर के शिव जी को किसी प्रकार प्रसन्न किया तब उन्होंने कहा अच्छा तू मृत्युलोक में देवता के समान बलवान और प्रतापी पति पावेगी। यह कह कर महादेवजी तो कैलाश को चले गए और अप्सरा स्वर्ग से पतित हो उसी क्षण शशिवृता के नाम से देवगिरि के राजा भान के घर जन्मी, हे महाराज सो उसका यह अवतार आप ही के लिये हुआ है। यद्यपि शशिवृता के माता पिता उसे कान्यकुब्जेश्वर के भतीजे को व्याहना चाहते हैं परंतु वह अपना तन मन आप पर न्योछावर कर चुकी है; अतएव अब आपको भी उचित है कि यथासम्भव शीघ्रही उसकी प्रेमपिपासा को पूरा कीजिए। हंस की ऐसी बातें सुन कर पृथ्वीराज ने पूछा कि शशिवृता को मेरे प्रति अनुराग क्यों कर हुआ, हे हंसराज, इसका भी कारण बतलाइए। तब हंस ने उत्तर दिया कि देवगिरि के या-वराजा भान के मंत्री आनन्द चन्द की बहिन का नाम चान्द्रिका था। उसका विवाह हिसार प्रान्तान्तर्गत नगर कोट में एक बड़े धनाढय और गुणवान पुरुष से हुआ, दैव योग से चन्द्रिका के पति का सहसा परलोक वास होगया, तब वह पतिविहाना दुःखित चित चन्द्रिका स्वसुराल से आकर देवगिरि में ही रहने लगी, वह मंत्रिपुत्री पठन पाठन, गान, वाद्य इत्यादि स्त्रियोचित गुणों में अत्यन्त दक्ष और चतुर थी इस लिये राजा भानु ने उसे शशिवृता को शिक्षा देने के लिये नियत कर दिया। चन्द्रिका शशिवृता को पढ़ाते समय बहुधा आप के अतुल बल पौरुष और प्रताप का बार्तालाप किया करती थी जिसे शशिवृता बडे चाव से चित्त लगाकर सुना करती थी। इस प्रकार दो वर्ष व्यतीत होने पर जब शशिवृता का यौवन काल आया तो उसका मन मकरन्द आपही के यश कमल पर मोहित हो गया और वह आपकी प्राप्ति के लिये शिवजी का पूजन करने लगी अतएव आशुतोष शिवजी ने प्रसन्न हो कर आपके साथ बिवाहे जाने का वर उसे दिया और मुझे आपके पास प्रेषित किया। पृथ्वीराज ने कहा कि उसके पिता ने जयचन्द के ही घर क्यों व्याह ठहराया! तब हंस ने कहा कि आप इसको क्या पूछते हैं उसे वही घर ऊँचा तो क्या? परन्तु यह अवश्य है कि यादव के प्रोहित ने कनवज्ज जाकर कुम्भा को टीका चढ़ा दिया और वह कमधुज्ज पचास हज़ार सेना के साथ सज धज से व्याहने आ रहा है। पृथ्वीराज ने कहा कि तब मैं भी दस हज़ार रणकुशल सेना लेकर चलने को तय्यार हूं किन्तु आप कृपा कर विवाह की नियत तिथि और शशिवृता से मिलने के संकेत स्थल की सूचना मुझे दीजिए, तब हंस ने कहा कि विवाह की तिथि माघसुदी १३ है। आपको वहां पहुंच कर शशिवृता से शिवजी के ही शिवालय पर मिलना चाहिए; यह कह कर हंस तो उड़ कर आकाश मार्ग में लोप होगया और यहां पृथ्वीराज शशिवृता से मिलने के लिये जाने की तैयारियां करने लगे।

हसं के चले जाने पर पृथ्वीराज ने दस हज़ार अश्वारोही सेना सजी जाने की आज्ञा दी। राजाज्ञानुसार माघबदी ५ शुक्रवार को प्रातःकाल से ही कन्ह, कैमास, जैतराव प्रमार, पज्जूनराव कछवाहा, चावण्डराव, जैतराव, गोइन्दराव, रामराय रघुवंसी, प्रसंगराय खीची, निढ्ढुरराय रट्ठौर, लंगरीराय, सलष प्रमार, देवराज बग्गरी, हाहुलीराय, हम्मीर, लोहाना आजानबाहु, नरसिंह, बीरसिंह और लष्षराज बघेला समस्त सूर सामन्त स्वयं सिंधी, कच्छी, पहाडी, अरबी, ताजी, आदि उत्तमोतम खेत के कुलीन और लक्खी कुल्ला कुम्मैत, सिरगा, सुरंग, गुलाबी, हरिया, समद स्याह, हंसी आदि अनेकानेक रंग के घोड़ों पर, भांति भांति के अस्त्रों शस्त्रों से सुसज्जित होकर, अपनी अपनी रणकुशल अस्वारोही अनी कनी सेना सहित राजद्वार पर आ उपस्थित हुए। वे वीर वानैत सिपाही सामंतोंके घोड़े अपनी जातीय तेजस्विता के कारण तनिक भी स्थिर न रह कर जहां तहां नट की सी कलाबाजियां कर रहे थे। तब तक स्वयं पृथ्वीराज भी अपने शक्ति नामक घोड़ेपर सवारहोकर उनके बीच मेंआकर डटगया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिस समय पृथ्वीराज घोड़े की पीठ पर सवार हो कर चलने को था कि साम्हने ही छिद्रमय काले कलश, मुक्त केश कामिनी के दर्शन हुए, इन अशकुनों को देख कर राजा ने चन्द से इसका फल कहने को कहा तब। चन्द ने उत्तर दिया कि इसके पहिले जो शुभ सूचक शकुन हो चुके हैं उससे कार्य्यसिद्धि की सूचना तो अवश्य ही प्रतीत होती है; परन्तु ये अपशकुन केवल इतनाही बतलाते हैं कि यातो यात्रास्थान पर ही या घर पर लौट कर कुछ विग्रह और रक्तपात होना आवश्यक है। उसने पुनः कहा कि इसमें सन्देह ही क्या है, क्योंकि आपसे और जयचन्द से एक तो पूर्व्व से ही विरोध भाव चला आरहा है अब इस अवसर पर तो मानों आहुति में घी डालना है। इधर जब कि पृथ्वीराज रास्ते ही में थे जयचन्द के भतीजे ने भी एक लाख दस हज़ार सुसज्जित सेना सहित माघबदी ९ को देवगिरि की तरफ़ कूच किया, और अपनी अवाई का समाचार दूत द्वारा देवगिरि के राजा भान के पास भेजा।

ज्योंही शशिवृता ने यह समाचार सुना कि जयचन्द का भतीजा बड़ी भारी बरात सजकर उसे व्याहने के लिये शीघ्रही देवगिरि को आरहा है और पृथ्वीराज का अब तक पता भी नहीं है वह पृथ्वीराज के विरह वियोग से और भी व्याकुल हो कर और अपने को उपेक्षित बर के साथ व्याहे जाने से बचाने के लिये आत्महत्या करने पर उद्यत हुई। उसकी यह दशा देख कर उसकी सखी सहेली और सहचरी आदि उसके विरह विदग्ध व्याकुल मन को शांत्वना देने के लिये उससे बोलीं कि हे सखी शशिवृता तूं क्यों वृथा रोरो कर प्राण देती है। यदि तेरी सच्ची भावना पृथ्वीराज में है तो तुझे वही बर मिलेगा, रोने और वृथा विलाप करके अपने सुकुमार शरीर को कष्ट देने से क्या लाभ। इस व्यर्थ अलाप विलाप से होनहार नहीं मिटता। बलि ने इन्द्र का वैभव लेने को यज्ञ किया था परन्तु उसे बंधनयुक्त होकर पातालही में बास करना पड़ा। कहां तो रामचन्द्रजी को राजतिलक होने वाला था और कहां उन्हें भावी के वश होकर बन बास भोग करना पड़ा, सीता जी को रावण हर ले गया, और वे रामचन्द्र स्त्री वियोग के संताप से तप्त हृदय होकर बन में भटकते फिरे; हे सखी इतिहास में इस प्रकार के सहस्त्रों प्रमाण विद्यमान हैं कि होनहार की गति अमिट है, मनुष्य सब कुछ करना चाहता है परन्तु होता वही है जो होनहार होती है, इसलिये हे सखी तूं शोक को छोड़ कर शान्ति भाव धारण कर। सब ने सब कुछ समझाया बुझाया परन्तु शशिवृता कब किसी की सुनती थी, उसे तो एक मात्र पृथ्वीराज के बिना सब संसार सूना सूझता था। अतएव किसी प्रकार यह समाचार राजा भान के कान तक भी जा पहुंचा।

जब राजा भान ने भी देखा कि शशिवृता किसी प्रकार से नहीं मानती और वह सचमुच प्राण देने को तय्यार है, तब उसने अपने मंत्री हम्मीर सम्मीर को बुला कर सब हाल कह सुनाया और उनका भी मत पूछा। तब हम्मीर सम्मीर ने सलाह दी कि एक तो प्रथमही आपको सब सोच विचार कर काम करना था और जो आपने जयचन्द के घर टीका भेजही दिया, वहां से बारातही आरही है तब अब क्या है। आपको निज धर्म्मानुसार उचित तो यही है कि आप शशिवृता का व्याह कमधुज्ज से ही करें। यद्यपि मंत्रियों की यह सलाह राजा भान को अनुकरणीय थी परन्तु संतान का स्नेह भी तो ऐसी वस्तु है कि जिससे मनुष्य क्षणमात्र के लिये बावरा सा होजाता है। अस्तु जब राजा भान ने देखा कि मंत्रियों का मत मानने से बेटी के प्राणों पर आ बनेगी तब उसने एक गुप्त दूत पृथ्वीराज के पास प्रेरित किया और लिख भेजा कि आप शिवालय पर आइए वहीं पर शशिवृता आपको मिलेगी।

इधर पृथ्वीराज ने सेना का भार तो नरनाह कन्ह के सिर सौंप दिया और आप निड्डुर राय और जद्दवराय बग्गरी इन दोनों सामंतो सहित देवगिरि के पास जा पहुंचा। रात्रि भर तो उसने नगर के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाहरी प्रान्त में एक उपवन में विश्राम किया। दूसरेही दिन वह सज बज कर विवाहोत्सव में सुसज्जित देवगिरि नगर की शोभा देखने को निकल पड़ा। उस ने देखा कि समस्त नगर के हाट बाट चौहटे बड़ेही साफ़ और सुथरे बने हुए हैं और स्वच्छ सुगंधित जल से सींचे गए हैं, जहां तहां ऊँचे ऊँचे मकानों के गोख और झरोखे फूल माला और बन्दनवार से सजे हुए हैं। उनमें बैठ कर झांकती हुई सुन्दर कोमलाङ्गी स्त्रियां साक्षात् देवाङ्गनाएँ सी सुशोभित हो रही हैं।

हंस द्वारा तो इस बात की खबर पहिले ही शशिवृता को लग चुकी थी कि पृथ्वीराज शीघ्रही आन पहुंचता है। इस लिये वह सदैव अपने महल की गोख में बैठी पृथ्वीराज के दर्शन की बाट जोहा करती थी। जिस समय पृथ्वीराज शशिवृता के महल के सम्मुख पहुंचा और उसने आँख उठाकर ऊपर को देखा तो उसकी और शशिवृता की आँखें चार हो गईं। उस निमेष काल में दोनों के आंखों में ऐसी बातें होगईं मानो वे सनातन के परिचित हों। पृथ्वीराज को देखते ही शशिवृता के मृग शिशु के से बड़े, मीन एवं खंजन से चंचल और शूल की हूल से भी अनियारे नेत्र निमेष मात्र में एक ऐसा विलक्षण कटाक्ष कर गए कि जिसका भाव रसिक शिरोमणि मनोन्मत्त मनुष्यों के सिवाय अन्य कोई भी नहीं जान सकता। वे कानों से लग कर फिर लज्जा से पलाच्छादित हो गए। मानो पृथ्वीराज की यशकथा सुनने वाले कानों से उन्होंने पूछा कि क्या यही पृथ्वीराज हैं और उनसे संतोष जनक उत्तर पाकर उन्हों ने पृथ्वीराज को प्रेम मूर्ति को हृदयस्थ कर लिया।

उपयुक्त समय को उपस्थित हुआ जान कर शशिवृता ने पिता से कहला भेजा कि मैंने बाल्यावस्था से शिव जी का पूजन किया है। अब मैं शान्ति के लिये आशुतोष सदाशिव को अन्तिम अर्घ्य देना चाहती हूं यदि आज्ञा हो तो शिव जी का पूजन कर आऊं। यह सुन उसके माता पिता ने प्रसन्नता पूर्वक आज्ञा दी और उसकी सखी सहेलियां उसका उबटन आदि करने लगीं, जिस समय सखियों ने शशिवृता को वस्त्र विहीन कर के उसके गुहे हुए केश पास और वेणी को छोड़ दिया उस समय वह ऐसी शोभित होती थी मानों स्वर्ण स्थम्भ पर से सार्पिणी अवतीर्ण हो रही हों।

उबटन लगाने बाद स्वच्छ जल से नहला धुला कर सुगंध संयुत लेप शशिवृता के शरीर में लेपण किए गए तदन्तर सोलहों शृंगार और बारहों आभूषणों से सुसज्जित करके जब उसे सखियों ने संवार कर तैय्यार किया तब उसके अङ्ग प्रत्यङ्ग से अनुपम लावण्य रस टपक रहा था; उसकी पुष्प गुंथित वेणी ऐसी मालूम होती थी मानों सर्प राज स्वयं पुष्प माला के बीच में विराज रहे हों और मांग पर सुहाग सूचक सिन्दूर ऐसा मालूम होता था मानों अरुणोदय के अंशुमाली भगवान अंधकार को फाड़ कर निकल रहे हों, उसके कानों के रत्न जटित कर्ण फूल ऐसे भासित होते थे मानों उसके मुख चन्द की प्रभा की सहायता के लिये दोनों तरफ़ दो सूर्य्य प्रकाशमान हों। उसके स्वच्छ अच्छे ललाट पर बारीक बिंदा ऐसा सोहता था मानों चन्द्रमा की गोद में बुध विराज मान हो। उसकी सुरंग कंचुकी के बीच में चंपक वर्ण युगल कुचकलश ऐसे भासित होते थे मानों वे उसके हृदयस्थ कामराज के किले के दो बुर्ज हों।

इस प्रकार सुसज्जित हो कर शशिवृता शिव पार्वती का पूजन करने के हेतु प्रस्थान करने के लिये रत्नजटित चौडोल * में सवार हुई। शशिवृता की चौडोल के आस पास १२ चौडोलें और थीं जिनमें उसकी सखी सहेलियां थी। वे सब चौडोलें पांच सौ दासियों से घिरी हुई थीं। उनके आस पास चारों ओर राजा भान की सेना के पांच पांच सौ सवारों का घेरा था और तब कमधुज्ज के पचास हजार पैदलों की भीड़ थी। इस तरह से

* चौडोल--लकड़ी के ढांचे की एक पालकी सी बनाई जाती है और उसके ऊपर कपड़ा मढ़ा जाता है। किसी २ राजपूतों में अब भी यह चाल है कि जिस दिन वहां से बारात चलती है उसी दिन लड़की चौडोल में बैठकर नगर के देवी देवताओं का पूजन करने जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शशिवृता घर से निकल कर पूजने चली। पूजा करके जिस समय वह शिवालय की तरफ़ बढ़ी और उसने शिवालय के शिखर पर स्थित त्रिसूल को देखा तो एक तो शिव प्रति भक्ति और दूसरे पृथ्वीराज के प्रति प्रेम इन दोनों भावों का आविर्भाव शशिवृता के हृदय में इस प्रकार से हुआ कि उसकी विचित्र ही गति होगई। वह शिव जी का नाम स्मरण करती हुई और पृथ्वीराज का कुशल मनाती हुई आगे बढ़ने लगी। जिस समय वह शिवालय पर पहुंच कर चौडोल से उतरी तो मनही मन चौकन्नी होती हुई शिवजी की प्रदक्षिणा करने लगी कि इधर सेना में बड़े उत्कर्ष से मधुर मधुर वाद्य ध्वनि होने लगी, सखी सहचरीं भी मंगल गीत गाने लगीं तब तक कमधुज्ज का भतीजा भी शिवार्चन की इच्छा से कुछ थोड़े से सखाओं सहित उसी तरफ़ आता देख पड़ा जिसे देख कर किसी किसी मुँहलगी सखी ने कहा कि "वही शशिवृता का पति आरहा है" यह बात शशिवृता को बहुत ही खटकी परन्तु वह कुछ कह न सकी, और अवसर पर पृथ्वीराज को पति पाने की फिर शिवजी से प्रार्थना करने लगी। तब तक पृथ्वीराज भी सात हजार शस्त्रधारी सूर सामंतो के साथ वहां पर आ पहुंचा, पृथ्वीराज के सब सिपाही शरीर में विभूत रमाए नंगे सिर कांवरी टांगे, हाथों में त्रिशूल लिए, शिव शिव उच्चारण करते हुए, ठीक कंथाधारी योगियों का सा वेष बनाए थे, परन्तु उनकी गुदड़ी के भीतर छूरी, चक्र, कटार, बिछुआ, बाँक आदि सब मुठमार हथियार थे; वे सब कपटवेषधारी योगी शृंगी नाद करते हुए कमधुज्ज की फौज में निधड़क पैठ पड़े जिन्हें देखतेही शशिवृता ताड़ गई कि ये योगी पृथ्वीराज के ही सामन्त हैं और अपनी इच्छित अभिलाषा की पूर्ति का सुअवसर जान कर वह शिव जी का धन्यवाद सूचक अभिवादन करने लगी।

तब तक पृथ्वीराज भी अपने बानैत घोड़े पर सवार हुआ आ पहुंचा। पृथ्वीराज को देखतेही शशिवृत्ता के लज्जा से नेत्र नीचे होगए, उसके हृदय में अब तक जो सम्मिलन की उत्कंठा थी वह तो शान्त हुई परन्तु अब उसे आन्तरिक कामाग्नि व्याकुल करने लगी। जिस समय पृथ्वीराज ने अपने शत्रुशूलक बलवान भुजदण्ड को बढ़ा कर सुकोमल शशिवृता के कर कंज को पकड़ा उस समय ऐसा मालूम होता था मानो लहलहाती हुई नवीन बल्लरी को मदोन्मत्त मतवाले हाथी ने पकड़ लिया हो। पृथ्वीराज के हाथ पकड़ते ही शशिवृता को अपने जन्मदाता माता पिता एवं जीवनाधार जननी जन्मभूमि और सखी सहेली तथा सहचरियों के विछोह की याद आगई। यद्यपि एक समय वह था कि वह पृथ्वीराज के नामही पर प्राण न्यौछावर करती थी, किन्तु इस समय जन्मभूमि के अकृतृम प्रेम ने उसको भी क्षणमात्र के लिये भुला कर कुमारी शशिवृता के हृदय को विह्वल कर दिया जिससे उसके अनियारे नेत्रों से आँसुओं की धारा बह कर निकलने को थी परन्तु ऐसे मंगलमय समय पर अमंगल सूचक चिन्ह को निवारण करना ही उचित जान कर शशिवृता ने अपने कोमल कलेजे को पाहन सा कठिन बना लिया। उसके अधिकतर रोकने पर भी जो दो एक कज्जलमय अश्रुबिन्दु उसके कोमल कपोलों को स्पर्श करते हुए उन्नत उरोजों पर आकर ठहर गए वे ऐसे सुशोभित होते थे मानो सोने की कसौटी पर कस्तूरी कसी गई हो। जिस समय पृथ्वीराज ने देवालय की सीढ़ियों पर से बढ़ कर कामरूपी करि एवं पवन के वेग से झकझोरी हुई ललित ललाम बल्लरी वत् शशिवृता का कर कमल पकड़ कर हृदय से लगाते हुए अपने साथ घोड़े पर उसे बिठा लिया उस समय पृथ्वीराज स्वयं रौद्ररस की मूर्ति बनगया और शशिवृता उक्त कारण वश करुणा रस का अवतार स्वरूप थी, सामन्त एवं सैनिक गण स्वामी सेवा के लिये वीर रस में रंगे हुए थे, और कमधुज्ज के पक्षपाती भयानक रस में पगे थे।

जिस समय पृथ्वीराज शशिवृता को अपने साथ घोड़े पर बिठा कर चलने लगे उस समय चारों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरफ धरो पकड़ो शब्द का कोलाहल होने लगा। मूर्तिमान नवरस के मूर्ति स्वरूप महादेव जी के शिवालय के चारों तरफ एक क्षण पहिले शृंगार रस का श्रोत बह रहा था, शशिवृता की सखियां विवाह समय के मंगल गीत गा रही थीं, जहां तहां बंदीजन विरदावली पढ़ रहे थे, कमधुज्ज की फौज के सैनिकों में परस्पर हास्यमय वार्तालाप के फुहारे उड़ रह थे। वे सब इस समय बीररस में परिवर्तन होने लगे। बीरोत्तेजक उच्चस्वर कड़खों ने सुन्दर स्त्रियों के सुकोमल स्वर को परास्त कर दिया, मेघ की गर्जन के समान रणवाद्यों के भीषण और कठोर रव ने अन्यान्य मंगल वाद्यों को रद्द कर दिया। जयचन्द का भतीजा कमधुज्ज बीरचन्द जो केशरिया बाना पाहिने सिर पर पुष्पों का मौर बांधे विवाह की आनन्द बधाई में मस्त मन शिव जी का दर्शन करने आ रहा था वह भी यह अपूर्व्व दृश्य देख कर चौकन्ना हो गया और तलवार निकाल कर पृथ्वीराज की तरफ झपटा। उसके अन्यान्य सूर सामन्तों ने झपट कर पृथ्वीराज से शशिवृता को छीनना चाहा परन्तु यह क्यों कर हो सकता था। पृथ्वीराज के साथी योद्धा गण भी अपनी अपनी कपट गूदड़ी फटक कर उसके अन्दर छिपे हुए अपने राजपूती बाने खड़ खड़ाते हुए मार मार करने लगे। इधर स्वामिधर्मधारी कमधुज्ज के योद्धा भी उन पर शस्त्र बरसाने लगे। उन दोनों दलों के अटपटे वीरों की झपट झपट कर विकट मारा मार से लोहे के हथियार परस्पर खटपट होते थे। उनसे इस प्रकार का शब्द प्रगट होता था, मानो जंगल में आग लगने से बांस की गोठें चटक रही हों। किसी किसी वीर की खोपड़ी फट जाने से जो कुछ कुछ भेजी देख पड़ती थी वह ऐसी मालूम होती थी मानो काला कौवा खीर खा रहा हो। सब सैनिकों एवं स्वयं कमधुज्ज के विवाह समय के रंग विरंगे नाना रंग के वस्त्रों पर ताजे ताजे रक्त के छीटे पड़े हुए विचित्र ही छटा दिखाते थे। पहर दिन चढ़ने से पहर दिन रहते तक बराबर इसी प्रकार की खचाखच मार होती रही। तब तक पृथ्वीराज शशिवृता को लिये मार काट करता हुआ अपनी सेना के पड़ाव में आगया।

तदनन्तर क्रमबद्ध युद्ध होने लगा। कमधुज्ज ने राजा भान की सेना सहित अपनी सेना को सर्प व्यूहाकार बनाया, मनबंध नामक सोलंषी पुच्छ स्थान पर, गुज्जर राय पग स्थान पर, स्वयं कमधुज्ज धड़ स्थान पर, कमधुज्ज का भाई फन स्थान पर और कूरंभ जिह्वा स्थान पर नियत हुए। इधर पृथ्वीराज की आज्ञानुसार चहुआन सेना मयूर व्यूहाकार रची गई, इधर चुंच स्थान पर कन्ह, पायँ पिंड और पच्छ स्थान पर गहलोत, पुच्छ स्थान पर रामराय रघुबंशी, चरण स्थान पर पुण्डीर आदि योद्धा रहे। इस प्रकार क्रमबद्ध होकर जिस समय दोनों सेनाएं परस्पर निर्द्वन्द युद्ध करने पर उद्यत हुईं उस समय कायरों के कलेजे काँपते थे और सूर बीर योद्धाओं का हृदय उमंग से फूला नहीं समाता था, वीर लोगों का प्रशस्त प्रदीप्त ललाट चन्द्रमा सा चमक रहा था, टेढ़ी मूछें कानों से टकरा रहीं थी और वे अपने अपने चंचल चपल घोड़ों को कुदाते हुए शत्रुओं के सम्मुख होकर अपने अपने पराक्रम दिखाने के लिये उत्सुक थे। तब तक पृथ्वीराज की आज्ञा से नरनाह काका कन्ह की आंखो पर से पट्टी हटाई गई। वह व्यूह मुख पराक्रमी काका कन्ह शत्रु सेना पर इस प्रकार से टूटा जैसे मतवाला हाथी हथनी पर, क्षुधित मृगराज मृग पर, सिंह गजराज पर, और बाज तीतर पर टूटता है। कन्ह चहुआन बड़े बड़े मतवाले हाथियों के दांत पकड़ पकड़ कर उखाड़ने और सवारों सहित घोड़ों को पटक पटक कर मारने लगा। कमधुज्ज के सैनिक लोग भी खूब मार करने लगे। इसी प्रकार झनाझन लोहा झरते झरते सांझ का समय हो गया और राजा भान का पुत्र मारा गया। इसलिये राजा भान ने तो लोहा मान लिया और वह अपनी ढाल गिरा कर गढ़ को चला गया, परन्तु कमधुज्ज ने हार न मानी। उसने अपनी सेना को और उत्साहित करके युद्ध को बराबर जारी रक्खा, यहां तक कि तीन घड़ी रात्रि चली गई दसों दिशाओं में अधिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्धेरा छा गया परस्पर की जान पहिचान में फ़र्क पड़ने लगा और तब उस दिन के युद्ध का अंत हुआ।

युद्ध समाप्त होने पर रात्रि के समय शिविर में सब सामंतो के बीच में बैठे हुए राम रघुवंश ने कहा कि स्वामिधर्म्म सम्बन्धी जो यह रणक्षेत्र है सो सूरवीर पुरुषों के लिये साक्षात् काशी के समान है तलवार की धार वरना और पीठ असी है, इस रीति से तलवार के बीच का जो लोहा है सूर वीरों के लिये वही काशी के समान उस मुक्ति का दाता है जो कि योगी लोग सहस्रों वर्ष तप करके भी नहीं पा सकते। उसी समय गुरुराम ने पृथ्वीराज को विष्णु पंजर कवच दिया।

दूसरे दिन पौ फटते ही जिस समय शीतल मंद सुगंध त्रिविध बयार वह रही थी तारागण मंददुति हो रहे थे कुमोदिनी लज्जा से संकुचित सी हो रही थी, अरुणोदय की लालिमा से दसों दिशाओं में लाली छा रही थी, मधुर मधुर कलरव कर कर मानों सूर्य्य को आशीर्वाद देते हुए चक्रवाकों के जोड़े परस्पर मिल रहे थे उसी समय सामंत लोग शैय्या को त्याग कर स्नान ध्यान बंदनादि नित्त क्रिया से निश्चिन्त हो कर स्वामिसेवा में शीश देने के लिये अपने अपने अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होने लगे। पृथ्वीराज भी अपने बीरबर सामंतों के बीच में इस प्रकार सुशोभित होने लगा जैसे नक्षत्रों के बीच चन्द्रमा और समस्त ग्रहों में सूर्य्य सुशोभित होता है। गुरु राम ने राजा को विष्णु पंजर कवच पहनाया और आशीर्वाद देकर शत्रु के सम्मुख युद्ध करने की आज्ञा दी।

उधर यादव राजा भानु और कमधुज्ज की सेनाएं भी परस्पर मिल कर व्यूहबद्ध हुई पृथ्वीराज की तरफ़ चली आरही थीं। कमधुज्ज की सेना का व्यूह इस प्रकार का था। सब से आगे हरावल में देवगिरि की सेना तिस के पीछे मुसलमान सेना तिस के पीछे हाथियों की पंक्ति तिस पीछे हथनार और कुहुक बान आदि और सब के पीछे अपनी निज अश्वारोही सेना लगाई गई थी। कमधुज्ज के अश्वारोही सैनिक वीरों के घोड़े ऐसे चंचल और चपल थे कि वे अपनी चपल चाल से चंचला को भी मात करते थे। उनकी द्रुत चाल से अकाश में आच्छादित धूलि से चक्रवाक सूर्य्यस्त का समय जानकर अपने दंपति के बिछोह की आशंका से व्यस्त हो रहे थे। सवारों के नेजों की अनी इस प्रकार घनी थी कि जिनके बीच से पक्षी भी पर न हिला सकता था और चढ़ते हुए सूर्य्य की किरणों में उनकी चमक से ऐसा मालूम होता था मानों आज दामिनी ने मेघों को त्याग कर भूमि पर ही अपना निवास स्थान स्थिर कर लिया हो। कमधुज्ज की सेना के हाथियों की जंजीरों की झनकार अगनित झिंगुरों के रव को मात करती थी और उन मतवाले हाथियों के कपोल से बहता हुआ मद पावस ऋतु के पहाड़ी झरने की भांति झर रहा था। जिस समय सेनापतियों की आज्ञानुसार दोनों दलों ने रणवाद्यों का भीषण रव करते हुए एक ने दूसरे पर चढ़ाई की उस समय वह रणभूमि साक्षात् पावस ऋतु का क्रीड़ास्थल स्वरुप बन रही थी।

वीर रस के आवेश में आकर जिस समय सूर बीर योधाओं ने क्रोधित हो परस्पर एक दूसरे पर खड्ग और खाड़ों के वार किए उस समय सहज भीरु हृदय कायरों के कलेजे कँपे जाते थे। वे मोहवश अपने नश्वर जीवन को नित्त मान कर रण भूमि से भाग जाने की इच्छा करते थे, परन्तु बीर लोग कलेजे के छिन्न भिन्न होजाने पर खिन्न मन न होते थे। वे बराबर सीना साम्हने किए हुए निज स्वामी के जय की अभिलाषा किए हुए मार करते जाते थे। उनके बज्रवत शरीर में जितने अधिक क्षत होते वे उतने ही अधिक क्रोधित और भयानक होते जाते थे। शूर बीर लोग शरीर का रक्त निकल जाने पर भी अपने स्थान पर अचल रूप से डटे हुए मार मार करते थे। उन शूरवीर पुरुषों के अवयव कट कट कर गिरे हुए बिना पानी के मछली के समान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तड़फड़ाते थे। कटार बिछुआ छूरी आदि के घाव लगने से किसी किसी के आंत कलेजे और फेफड़े निकल पड़ते थे, किसी का सिर कट जाने पर धड़ तो बराबर खेत में खड़ा खड्ग से खेलता था और मुंड पृथ्वीपर पड़ा हुआ मार मार शब्द उच्चार करता था। इसी विकट मारामार के समय में वीरचन्द के हाथी पर खवास खाने में बैठा हुआ पूज नामक खवास अपने स्थान पर से कूद कर समरभूमि में सम्मुख युद्ध करने लगा, वह वीर रस में मतवाला मदमत्त गयन्द की भांति झपट झपट कर किसी किसी पर वार करता और उसे तुरन्त काट कर दो कर देता था। पूज खवास जिस समय हाथी के मस्तक पर कुम्भस्थल के बीचों बीच तलवार का वार करता था उस समय उसकी उज्वल एवं चमकदार तलवार काले काले दँतारे हाथी के मस्तक पर इस प्रकार से शोभित होती थी मानो पावस के मेघों को फाड़ कर चन्द्रमा निकलता आता हो। इसी वीरता से युद्ध करते करते पूज खवास मारा गया। उसके मरतेही वीरचन्द के चित्त में ऐसा कुछ भय और अनित्यता का संचार हुआ कि वह उसी समय मंत्रिमंडली को एकत्र कर के वर्त्तमान अवस्था पर विचार करने बैठ गया। अतएव उसके मंत्रियों ने कहा कि एक मात्र स्त्री के लिये सहस्रों मनुष्यों का रक्तपात होना ही हमारे विचार से ठीक नहीं है। यद्यपि रामचन्द्र सुग्रीव और पांचो पांडव अपने अपने समय में अद्वितीय वीर, बलवान, प्रतापी और पराक्रमी पुरुष होगए हैं परन्तु समय विशेष पर वे भी अपनी अपनी विवाहिता स्त्रियों की रक्षा यावत् एवं यथार्थ रूप से न कर सके। अर्जुन गोपिकाओं की रक्षा करने में असमर्थ हो गए। हे राजकुमार अच्छे अच्छे उस्ताद अपने काम में चूक जाते हैं, इससे क्या। अतएव हमारा विचार तो यही है कि जिस प्रकार से बने इस उपद्रव की इति ही कर देना उत्तम है। मंत्रियों का यह विचार वीरचन्द कमधुज्ज के मन में बैठ गया और उसने उसी समय अपनी सेना को फिरने की आज्ञा दी।

वीरचन्द की आज्ञानुसार कमधुज्ज सेना का रुख कुछ ढीला पड़ने से चहुआन सेना का वेग और भी बढ़ उठा। उसने समझा कि कमधुज्ज सेना लोहा मान कर ही मनहार हो रही है परन्तु वास्तव में कमधुज्ज सेना का बल नहीं घटा था इसलिये वे भी सामन्तों के मुकाबिले पर डट गए और कमधुज्ज वीरचन्द ने देख लिया कि इस समय रणोन्मत्त योद्धाओं को युद्धविमुख करना उसके वश का नहीं है तब वह भी अन्तिम वारा न्यारा होने तक के लिये आंखें मीच कर युद्ध करने लगा। यह सब लौट फेर दुपहर के समय हुआ था दो पहर से सायंकाल तक दोनों ओर से खूब लोहा झड़ता रहा। दोनों सेनाओं में से कोई भी न मुरी, न मनहार हुई। सायंकाल में सूर्य्यास्त के समय मृत पूज खवास के भाई ने कमधुज्ज की तरफ से और राम राय बड़गुज्जर ने पृथ्वीराज की तरफ से धावा किया। इस बाजी में निड्डुर राय ने बड़ा पराक्रम दिखाया। वीरचन्द यद्यपि निड्डुर राय का भतीजा था परन्तु उसका उसने कुछ भी विचार न कर के केवल चहुआन पृथ्वीराज के नमक का ही विचार किया और कमधुज्ज के सहस्रों सिपाही मारे गए। पूज खवास का भाई भी निड्डुर राय के हाथों मारा गया उसके सिवाय कमधुज्ज सेना के नौ मुखिया सेनापति और भी काम आए। कमधुज्ज की सेना के पूज खवास, देव सिंह मोरी, किल्ह काम जादव भाटिया पंगराय मोरी, और पांचो भाइयों सहित बालिभद्रराय ये योद्धा मारे गए। इधर पृथ्वीराज की ओर से चन्द पुंडीर, सारंगदेव, बलिभद्र, जैत पँवार सलख, लष्षन आदि वीरों ने अद्वितीय पराक्रम दिखाया। वीरचन्द के पिता के सिर पर जो चांदी का श्वेतछत्र चमचमा रहा था उसे तोड़ कर चन्द पुंडीर ने एक ऐसा वाण मारा कि जिससे वह छत्र कट कर दूर जा गिरा। छत्र के कटतेही तमाम सेना में कोलाहल मच गया और कमधुज्ज स्वयं भयभीत हो उठा। आकाश में चन्द्रमा का थोड़ा थोड़ा उजेला था। जब वह भी अस्त होगया और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमि पर पड़े हुए मृत एवं घायलों के कारण योद्धाओं को निपट अंधेरे में युद्ध करने में असुविधा होने लगी तब दोनों ओर से फरहरा फिर गया युद्ध बन्द होगया और दोनों ओर के योद्धा गण सूर्य्योदय पर्यन्त किंचित विश्राम लेने के लिये अपने अपने शिविर शैली की तरफ चल दिए।

सूर्य्यास्त होने पर अंधकारमय रात्रि के राज्य काल में जिस समय समस्त संसार के प्राणी मात्र दिन भर के व्यवसाय और परिश्रम से निश्चित हो कर निद्रा देवी की गोद में निस्तब्ध रूप से पांव पसार कर सोते हैं उसी समय प्रीतिपास में बँधा हुआ मधुप, दंपति बिछोह से दुखी चक्रवाक और युद्धस्थल में शत्रु, दुःख से विहित शूर बीर निमेष मात्र के लिये सुखी नहीं होते। वे सदैव सूर्य्योदय का ही चितवन किया करते हैं एवं रात्रि के समय जब की श्रमित सेना सोती है संयोगिनी स्त्रियां अपने अपने स्वामियों के गले का हार होती हैं उस समय भी कुमोदिनी और बियोगिनी को कल नहीं पड़ती। यह तो पाहिलेही कहा जा चुका है कि पृथ्वीराज सदा से अपने सामन्तों के साथ ऐसा व्यवहार रखता था कि वे उसका अपने प्राण से भी अधिक सम्मान करते थे, इधर पृथ्वीराज भी कभी कोई काम उनकी इच्छा के विरुद्ध न करता था। उपरोक्त युद्ध का अवसान होते ही सामन्त लोगों ने एक सभा रची और उसमें उन्होंने परस्पर गुप्त गोष्ठी द्वारा निश्चय करके पृथ्वीराज से कहा कि "आप तो शशिवृता को ले कर दिल्ली को चले जाइए इधर हम लोग शत्रु का साहम्ना करेंगे।" इस पर पृथ्वीराज ने उत्तर दिया कि वीर योद्धाओ मुझे तुम्हारे बल का पूरा भरोसा है परन्तु क्या चन्द्रमा के बिना सम्पूर्ण तारागण ही चन्द्रमा का कार्य्य संपादन कर सकते हैं, क्या बिना सूर्य्य के दिवस हो सकता है, यद्यपि हनुमान जी बड़ेही पराक्रमी और रामचन्द्र जी के सच्चे भक्त थे परन्तु क्या वे लङ्का को अकेले विजय कर सके? हे बीर सखाओ, मैं नहीं चाहता कि मैं तो दिल्ली में जा कर सुख सहवास करूं और तुम लोग विदेश में वृथा प्राण दो, मेरे भाइयो यहां तुम्हारे हृदय बाण से बेधे जांय, तुम्हारे कण्ठ पर शत्रु की तलवार कहर करे और मैं अपने हृदय से प्रियतमा को लगाऊं। हा! ऐसा नीच व्यवसाय मुझसे न हो सकेगा, जो कुछ तुम लोगों के लिये होगा वह मुझे भी होगा। यद्यपि राजा का ऐसा रुक्ष उत्तर किसी को अच्छा न लगा परन्तु किसी ने इसका प्रत्युत्तर भी न दिया और यही विचार और वादाविवाद होते होते दिशाओं में हलकी हलकी सफेदी की झलक देख पड़ने लगी। इसे सूर्य्योदय के समय की सूचन जान कर सामन्तों ने जहां तहां अपने अपने हरवे कमर से लगाए, तब तक और सब सेना भी सजकर दुरुस्त हो गई। इस दिन निड्डुर राय सेनापति नियत किए गऐ। वह कमधुज्ज बीर निड्डुरराय सूर्य्योदय के पहिले ही सेना सहित रणक्षेत्र पर जा पहुंचा। उधर से बीरचन्द कमधुज्ज की सेना भी रणभूमि में आ डटी और दोनों दलों में फिर से अस्त्र शत्र चल उठे, बाण बर्ष उठे, लोह झड़ उठे खड खेल उठे, लोहू बह उठा और रुंड हांक उठे। दोनों सेनाओं के बीर सैनिक लोग यद्यपि दो दिन से बराबर युद्ध के व्यवसाय से श्रमित थे परन्तु उनका दिल दूना होरहा था। डंके पर चोट पड़ते ही उनके दिल फिर से हरे भरे हो गए और वे परस्पर एक दुसरे को ललकार ललकार कर वार करने लगे। इस प्रकार स्वामिसेवा में दत्तचित्त, वीररस मदमाते बीर जो रणभूमि में मारे जाते हैं वे वास्तव में स्वर्ग को ही जाते हैं क्योंकि वे उस समय माया मोह आदिक नीच भावों से विरक्त हो कर उच्च भावों को धारण किए हुए केवल मरना मारना ही देखते हैं। इन दोनों दलों के शूर बीरों ने दिल खोल कर ऐसा युद्ध किया कि आशुतोष शिव की रुंडमाला पूर्ण हुई, योगिनियों का खप्पर भरपूर हुआ, शशिवृता और पृथ्वीराज की विरहाग्नि शान्त होकर उनकी हार्दिक अभिलाषा भी पूर्ण हुई।

जिस समय पृथ्वीराज से उत्तर पाकर सामन्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोग इधर लड़ने की तय्यारियां कर रहे थे उसी समय पृथ्वीराज शशिवृता के पास गया। उसने शशिवृता से प्रेममय वार्तालाप करते हुए उसे सब भांति से संतुष्ट किया। तब शशिवृता बोली कि हे स्वामी यद्यपि आपके योद्धा लोग सब भांति बलवान और पराक्रमी हैं परन्तु लज्जावश मैं और तो कुछ नहीं कह सकती केवल मेरी इतनी प्रार्थना है कि यह जीवन सादर आपको समर्पण है और इसकी बनी बिगरी सब आपही के हाथ है। हे नाथ अधिक क्या कहूं? यह सुन कर पृथ्वीराज बोले कि "हे प्रिये मैं तुझे सदैव कुसम्ब के रंग की भांति हृदय में धारण किए रहूंगा। मेरे रहते तुझे किसी प्रकार की चिन्ता को चित्त में स्थान न देना चाहिए। मैं शपथ करके कहता हूं कि मैं तेरी तीनों अवस्थाओं में इसी प्रकार एक सी प्रीति रक्खूंगा जैसी कि तुझसे अभी इस युवा अवस्था में है। पृथ्वीराज के ऐसे संतोषप्रद बचन सुन कर शशिवृता उसके पैरों से लिपट गई और उससे दिल्ली चलने की प्रार्थना करने लगी। इस समय पृथ्वीराज बड़े अड़चन में पड़ गया। जब तक पृथ्वीराज शशिवृता से निश्चित होकर शिविर के बाहर हुआ तब तक उसे समाचार मिला कि शत्रु सेना बिचल उठी और खेत निड्डुर के हाथ रहा।

इधर वीर निड्डुर ने बिकट पराक्रम कर के कमधुज्ज की सेना को भगा दिया और वीरचन्द को घेर लिया। सब सामन्तों ने तो चाहा कि उसे पकड़ कर बंदी बना लें परन्तु पृथ्वीराज ने कहा उसे पकड़ने से क्या मतलब, अपना काम हो चुका अब उसे जाने दो। पृथ्वीराज की ऐसी आज्ञा पाकर निड्डुर ने वीरचन्द को छोड़ दिया और रण भूमि में चहुआन पृथ्वीराज की विजय का डंका बज उठा

जब भानराय यादव ने देखा कि कमधुज्ज सेना तीन तेरह हो कर जिधर तिधर भाग गई और वीर पृथ्वीराज ने विजय पा ली तब उसने शेष १२ डोलियां भी पृथ्वीराज के साथ बिदा कर दीं। इस प्रकार शशिवृता सहित तेरह डोलियों को लिए हुए वीरचन्द कमधुज्ज को युद्ध में परास्त कर के विजय के बाजे बजाता हुआ पृथ्वीराज दिल्ली को लौट आया। पृथ्वीराज दिल्ली नगर में सुन्दरी शशिवृता के साथ विहार करते हुए इन्द्र की भांति स्वच्छदता और स्वतन्त्रता से राज्य करने लगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवगिरि समय।

[छब्बीसवां प्रस्ताव।]

पृथ्वीराज तो शशिवृता को लेकर दिल्ली को चला गया; परन्तु चन्द के भाई ने लज्जाग्रस्त हो कर पृथ्वीराज से हार खाने की कसर राजा भान पर निकालनी चाही; इस लिये उसने देवगिरि के किले के चारों ओर अपनी फौज का घेरा डाल दिया और एक दूत द्वारा सम्पूर्ण समाचार जयचन्द के पास लिख भेजा। इधर राजा भान ने भी अपने को असीम आपत्तिग्रस्त जान कर पृथ्वीराज को लिखा कि आपके ही कारण आज मेरा किला धिरा हुआ है और उसने कन्नौज से कुमक भी माँगी है न जाने भविष्य में क्या हो मैं आपको लिख चुका आगे जो आप जानें सो करें।

वीर चन्द के भेजे हुए दूत ने कन्नौज पहुंच कर उक्त पत्र जयचन्द को दिया और नीची गरदन करके खड़ा हो रहा। दूत को इस प्रकार तन क्षीण मन मलीन देख कर जयचन्द ताड़ गाय कि समाचार के लक्षण शुभ नहीं देख पड़ते परन्तु तब भी उसने अपने अनुमान को निश्चय करने की इच्छा से दूत से पूछा कि कुशल तो है? चुप क्यों हो, जो कुछ कहना हो सो कहो। तब दूत ने उत्तर दिया कि पत्र से तो आपको सब हाल मालूम हो ही जाय गा; आगे हाल यह है कि देवगिरि नगर में अपनी बारात पहुंचने के पहिले ही से पृथ्वीराज पड़ा हुआ था; उसका पड़ाव देवगिरि से आधे कोस की दूरी पर थी। निड्डुर राय उस सेना का सेनापति था; बस उसी ने नव दुलहिन को हरण कर लिया और निड्डुरराय ने लड़ाई ठान कर अपनी सेना को नीचा दिखलाया, इस कर्तव्य में राजा भान का भी कुछ मेल मालूम होता है; इस लिये श्रीमान ने देवगिर के दुर्ग पर डेरा डाल कर मुझे आपके चरणों में भेजा है। दूत के ऐसे बचन सुनते ही क्रोध से जयचन्द का मुख लाल हो गया। उसने आवेश में आकर कहा कि पृथ्वीराज को इतना गर्व है कि उसने जान कर भी मेरे कार्य्य में बाधा दी। मैं नहीं चाहता था कि परस्पर व्यर्थ विरोध बढ़े परन्तु कोई क्या करे, होनहार रोकने से नहीं रुकती। अच्छा यदि उसने ऐसी धृष्टता की तो मैं उसे उसका फल भी चखाऊंगा। पृथ्वीराज अपनी जिस सेना के भरोसे इतना घमण्डी बना है, उस सब को मेरा एक मीर वदां नेश्तनाबूद और बरबाद कर सकता है। जयचन्द ने उसी समय अपने राज्य मंत्रियों को बुला कर समस्त समाचार कह सुनाया और आज्ञा दी कि मेरे सब सम्बन्धी और मित्र राजाओं के पास उक्त समाचार की सूचना देते हुए पत्र भेजे जावें कि वे यथा सम्भव शीघ्रही समय पर एकत्रित हो सकें और यहां अपनी राजधानी में सब सेना अपने युद्ध सम्बन्धी सब सामान से सुसजित हो रहे मैं आज इस समय पण करके कहता हूं कि पृथ्वीराज चौहान और देवगिरि के राजा को मार करके तब राजसूय यज्ञ करूंगा।

दूसरे दिन प्रातःकाल ही कन्नौज राज की चतुरंगिणी सेना भांति भांति के अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर राजद्वार पर जुटने लगी। जयचन्द की सवारी का घोड़ा भी सज कर द्वार पर लाया गया। वह लाल रंग का कुलीन, तेजस्वी तुरंग अपनी अधिक चपलता के कारण इधर उधर चटकता हुआ ऐसा भला मालूम देता था मानो कुकर्मी मकरकेतु को भस्म करने के समय शिव जी के तीसरे नेत्र से निकला हुआ अग्नि का तिनका अश्व के स्वरूप में परिणत हो गया हो। जयचन्द के घोड़े की पीठ पर सवार होते ही जिस समय वह घोड़ा थिर रूप से डट कर खड़ा हो गया उस समय ऐसा भान होता था मानो भूमि ने अश्व का रूप धारण कर के सपक्ष होकर आकाश में जाने की इच्छा की हो और उस पर कुपित हो कर इन्द्र ने बज्राघात करके उसके चापल्य को दमन कर दिया हो। जयचन्द के सवार होने पर अचल स्वरूप से वह घोड़ा खड़ा रहा परन्तु खुरी करता हुआ ऐसा सुशोभित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता था मानो चतुर वेश्या नृत्य करने के लिये उद्यत हो रही हो। उसकी पूँछ चौरसी डोल रही थी, अयाल खुले और खड़े हुए कान ऐसे मालूम होते थे जैसे वायु से हिलती हुई दीपक की जोति हो उसके बड़े बड़े नेत्र शालिग्राम की सी शिलाएं से शोभित होते थे एवं ऐसे भले लगते थे जैसे शान्त और श्रमित पथिक अंजुली भर भर कर जमुना जल पान कर रहे हों। जयचन्द के घोड़े पर सवार होते ही तीस लाख अन्य पैदल सेना और दस लाख (मुसलमान) मीर बन्दे तितर बितर अवस्था से एकत्र जुट कर तुरन्त ही इस प्रकार से श्रेणी बद्ध और व्यूहवद्ध हो गए जैसे देवेच्छा से पूर्वकृत कर्म्मों का फल एकत्रित हो जाता है।

जिस समय जयचन्द चलने लगा उसकी सुकुमार स्त्री विरह वेदना से व्याकुल हो गई। जयचन्द की इस नवोढ़ा प्रियतमा का ऐसा सहज सुन्दर सुकोमल स्वभाव था कि रात्रि में पति से पृथक होकर चन्द्रमा के उजियारे में काले काले भ्रमर को देख कर वह भयभीत होती थी। ज्यों ही उसने सुना कि उसके कमल कलेजे का मकरन्द जयचन्द उसे त्याग कर प्रातःकाल ही परदेश को पयान करने के लिये प्रस्तुत है त्योंही उसकी सुखमामय मनहरण मुखकान्ति मन्द सी पड़ गई। केसर कपूरादि मिश्रित घनसार उसके शरीर में घाव से करने लगा; उसे संपूर्ण सुख की सामिग्री शत्रु सी सूझने लगी एवं वह सब आमोद मय व्यवसायों से विरक्त हो कर चित्र लिखी पूतरी सी रह गई। विरह ज्वाला के जोर से प्रज्वलित हो उठते ही जो कभी दो एक बूंद आंसू निकल कर आंख के कोने पर स्थिर रह जाते थे वे ऐसे प्रतीत होते थे मानो चित्रकार ने चातक का चित्र रच कर उसे मोती चुँगाया हो; यदि वह अश्रु बूंद किसी प्रकार वहां से मुक्त हो कर कोमल कपोल को स्पर्श करता हुआ उसके वक्षस्थल पर आकर विलीन हो जाता तो ऐसा ज्ञात होता था मानो उसके नेत्र रूपी कमंडल से पतित गंगाजल को कुच रूपी सदा शिव जी ने सादर शीश पर धारण कर लिया हो। यदि कोई सखी सहेली उसको इस अवस्था में देख कर उसे सचेत करने की चेष्टा करती तो वह लज्जा शील सुन्दरी स्वास विच्छेद कर मृतप्राय की भांति निश्चेष्ठ हो कर रह जाती थी। उस रात्रि का एक एक निमेष उसे काल रात्रि के कल्प सम व्यतीत होता था। उस की सखी सहचरी जो उसे आंचल से पवन करके सचेत किया चाहतीं उसे वह मंद मंद पवन लू की भांति लगती थी, उस सुकुमार सुन्दरी की असीम विरह वेदना का सविस्तर वर्णन कहां तक करें उसकी उस समय ऐसी दशा हो रही थी जैसे चन्द्रमा के ग्रास होने के समय उसकी प्रियतमा कमोदिनी की हो जाती है। यह सब कुछ था परन्तु राजा जयचन्द ने उसकी ओर कुछ भी ध्यान न दिया और प्रातःकाल होते ही अपनी नौ योवना धर्म्मपत्नी को उसी विकल अवस्था में छोड़ कर राजा पृथ्वीराज पर बदला चुकाने की इच्छा से देवगिरि पर आक्रमण करने के लिये सब भांति के सैनिक समान से सुसज्जित हो कर चल दिया।

राजा जयचन्द महलों से निकल कर घोड़े पर सवार हुआ, उसकी सैनिक ध्वजा बड़े भारी वृक्ष की भांति आगे आगे चलने लगी तिसके पीछे समस्त शूर वीर योद्धा लोग थे। उसी समय नरवर के राजा का छोटा भाई अमरसिंह गहलौत और पर्व्वत के समान दीर्घकाय पंगुरराय भी उसकी सेना में आ मिले। सब सेना के पीछे हाथियों की भीड़ थी, उन हाथियों पर जरकसी सिरी और भसुंड पर सिन्दूरी ऐसी भली मालूम होती थी मानो कज्जल गिरि पर्व्वत पर सूर्य्य और मंगल दोनों एकत्र यथास्थान विराज रहे हों, अथवा पृथ्वी पुत्र मंगल ने पृथ्वी से और सूर्य्य ने आकाश से अकार परस्पर भेंट भलाई की हो। जयचंद की तय्यारी होते समय यद्यपि नाना भांति के भयंकर अपशकुन हुए किन्तु उसने भले बुरे सबको विधिनिर्मित होनहार के सिर पर छोड़ कर कुछ भी किसी की परवाह न की।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इधर देवगिरि के राजा भानुराय यादव का भेजा हुआ दूत भी पृथ्वीराज के पास आ पंहुचा। राजा पृथ्वीराज जो चखोक पहिले नवयौवना प्रियतमा के साथ काम क्रीड़ा में रत साक्षात् काम का स्वरूप हो रहा था यादव राज का समाचार पत्र पढ़ते ही शंकर अर्थात् वीर स्वरूप बन गया। उसी समय उसे यह भी समाचार मिला कि मीर हुसैन के वैर का बदला लेने की लालसा में लिप्त शहाबुद्दीन अपने भाई पल्हन खान को बदरी बन में तपस्या करते हुए अनंगपाल के पास भेज कर उन्हें उभाड़ना चाहता है। यह सब सोच विचार कर पृथ्वीराज ने चित्तौराधिपति रावल समर सिंह जी को एक पत्र लिखा, जिसमें उनसे प्रार्थना की गई कि वे इस गाढ़े समय में अवश्य सहायता दें। जब यह पत्र रावल जी के पास पहुंचा तो उन्हों ने लिखा कि जब उधर शहाबुद्दीन भी प्रपंच रच रहा है तो ऐसे समय में आपको दिल्ली छोड़ना उचित नहीं है। आप कुछ सामन्त हमारे साथ कर दीजिए। हम इधर देवगिरि की तरफ़ का प्रबन्ध कर लेंगे। रावल समर सिंह जी की यह सलाह पृथ्वीराज ने प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार कर ली और यहां से चामंडराय और जैतसी को उनकी मदद के लिये भेज दिया। निदान तब रावल समरसिंह जी ने अपने भाई अमरसिंह को कुछ सेना सहित उक्त दोनों सामन्तों के साथ देवगिरि की तरफ़ भेज दिया।

इधर जयचन्द का भतीजा वीरचन्द बराबर देवगिरि के किले को घेरे हुए अखमं रूप से डठा हुआ था; चामंडराय ने पहुंच कर दूर ही अपनी सेना का पड़ाव डाल कर किले में घेरे हुए राजा भान से सैनिक सैनों (इशारों) से वार्तालाप करके यह निश्चय किया कि वीरचन्द की फौज पर रात्रि को धावा किया जाय। अस्तु पावस की घनघोर अँधियारी रात्रि में जब कि अपना ही हाथ नहीं सूझता था झलाझल मेह बरस रहा था बिजली कोंद रही थी और तड़ातड़ तड़कता हुआ बादल मेदनी को कंपायमान कर रहा था, एक तरफ़ से चामंडराय ने और दूसरी तरफ़ से राजा भान ने वीरचन्द की सेना पर आक्रमण किया। एक तो वे लोग विचारे वर्षा के कारण स्वयं असुविधा में पड़े हुए थे परन्तु जब उनपर बाण वर्षा की बौछार भी पड़ने लगी तब वे लोग भी अताने बताने सज कर अपना बचाव करने लगे। लड़ाई होते होते जिस समय पहर रात्रि बाकी रह गई तब रावल जी के भाई अमर सिंह ने स्वयं चन्द के हाथी के सर में संपाफनी सेल का एक ऐसा वार किया कि जिससे वह विकल होकर लवालोट हो गया।

इधर से जयचन्द बराबर बढ़ता चला जाता था, दूतों द्वारा उसके पास पल पल के समाचार भी पहुंचा करते थे। ज्योंही उसने उपरोक्त भीषण दुर्घटना का समाचार सुना रातों रात चल कर सवेरा होते वह भी देवगिरि के सिवाने रणभूमि पर आ गया। उसने चढ़ी सवारी चलते युद्ध में हिस्सा जा लिया। परन्तु सूर्योदय होते होते किसी तरह युद्ध बन्द हो गया। इस युद्ध में गोयन्द राय का भाई हरचन्द, नरसिंह राय का छोटा भाई और कन्ह पुंडीर पृथ्वीराज की तरफ़ के और वीर बाघेल और जयचन्द का पुत्र आदि सामन्त खेत रहे।

यद्यपि जयचन्द की इच्छा थी कि देवगिरि को चढ़ी सवारी तोड़ लिया जाय, परन्तु जब उसने वहां जाकर देखा कि दस कोस के विस्तार में पक्के कोट और खांई से घिरा हुआ अभेद्य दुर्ग सहज ही हाथ नहीं आ सकता तब उसने भी अपने लश्कर का पड़ाव डाला और राजनैतिक चाल द्वारा वहां के भूमिया तथा द्वाररक्षक रावतों को उत्कोच देकर अपने वशीभूत कर के क़िला फ़तह करने का मत पक्का किया, तदनुसार यथासमय यथासाध्य चेष्टा भी की गई किन्तु वह सब निष्फल हुई। देवगिरि के स्वामि धर्म धारी सेवकों ने यही उत्तर दिया कि आपके दिए हुए किंचित धन के लोभ में आकर हम लोग अपने सनातन स्वामी को धोखा न देंगे, वरन इस तन पिंजर में प्राण पखेरू के रहते रहते स्वामिसेवा पर अटल स्वरूप से डटे रहेंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जयचन्द तो इन प्रपंचो में लगा था, रावल जी के भाई अमरसिंह और चामंडराय समय पा कर बराबर मार काट किया करते थे। इस आपत्ति से उकता कर जयचन्द ने किले पर सुरंग लगाने की आज्ञा दी; परन्तु किले की पहिली ही खाई अत्यन्त गहरी होने के कारण यह सब चेष्टा निष्फल हुई। जयचन्द के साम, दाम दंड ये तीनों राजनैतिक अस्त्र व्यर्थ गए तब उसने भेद नामक चौथे अस्त्र का प्रयोग करके शत्रु पर जय प्राप्त करने की इच्छा की। इस हेतु उसने चर-कार्य्य में चतुर कीर्तिपाल नामक भाट को राजा भान के पास भेजा; कीर्तिपाल ने राजाभान के पास जाकर कहा कि जयचन्द चाहता है कि आप मुझ से संधि करलेवें क्यों कि वास्तव में हमारा आपका कुछ विरोध नहीं है, और हम और आप दोनों मिल कर इस चहुआन सेना का नाश कर दें। राजा भान से कीर्तिपाल ने ये सब बातें एकान्त में कही थीं किन्तु कीर्तिपाल ने मंत्री को बुला कर सब हाल कह सुनाया। तब मंत्री ने उत्तर दिया कि हे राजन सर्प, सिंह, दुर्जन पुरुष, अग्नि और स्नेहहीन सम्बन्धी तथा शत्रु इनकी बातों का क्या विश्वास? जयचन्द की चालों में न आना ही उचित है। यह कह कर उसने कीर्तिपाल से कहा कि यदि हमसे सम्बन्ध रखना था और यदि वे हमारे हितेच्छु थे तो चढ़ कर ही क्यों आए, बस यदि हमसे मिलना चाहते हैं तो किले को भेद कर के ही मिलें। हे कीर्तिपाल! यही जाकर जयचन्द से कह देना। इस प्रकार रूखा उत्तर पाकर कीर्तिपाल वहां से उठ आया और जयचन्द को उसने सब समाचार कह सुनाया। यह सुनते ही जयचन्द क्रोध से लाल हो उठा, परन्तु करे तो क्या करे, किले पर तो कुछ चारा चलने का नहीं था। इसलिये उसने किले का घेरा छोड़ कर देवगिरि के राज्य में अपने थाने बैठा दिए और राज्य पर एक प्रकार से कच्चा दखल कर लिया, परन्तु राजा भान ने इस पर कुछ हाथ पैर न हिलाया। तब तो जयचन्द के मंत्रियों ने सलाह दी कि अपनी राजधानी से अधिक दूर होने के कारण इस राज्य का अपने शासनाधीन रहने पर भी उचित प्रबन्ध तो किया ही नहीं जा सकता और जो होनहार थी वह तो हो चुकी, दूसरे यह राज्य भी उस अमूल्य रत्न की तुलना योग्य नहीं है जो कि हाथ से जाता रहा, इसलिये इसे योंही छोड़ कर अब कन्नौज को चलिए। अतएव यह मत जयचन्द ने भी निर्विवाद स्वीकार कर लिया और उसने सब दल बल सहित आश्विन बदि ९ को देवगिरि से कन्नौज की तरफ कूच किया॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेवा तट समय।

[सत्ताइसवां समय]

देवगिरि के युद्ध में विजय प्राप्त करके चामंड राय दिल्ली को आया। पृथ्वीराज भी बड़े आदर सम्मान के साथ उससे मिले। परस्पर के कुशल प्रश्न तथा आवश्यक वार्तालाप से निश्चिंत हो कर चामंड राय ने पृथ्वीराज से कहा कि हे राजन्! जिस हाथी के लिलाट पर शिव जी ने अपने हाथ से तिलक करके उसे इन्द्र की सवारी के लिए दिया था अथवा जो कि ऐरावत के नाम से प्रसिद्ध है उसीके जोड़े के लिये पार्वती जी ने स्वयं एक हथनी निर्माण करके उसके साथ कर दी। उसी उक्त दंपति से उत्पन्न हुए हाथियों के झुंड के झुंड रेवा (नर्मदा) के किनारे पर पाए जाते हैं। इसके सिवाय वह रमणीक स्थान नाना प्रकार के सिंह व्याघ्रादि पशुओं से पूरित है। यदि आप वहां पर चल कर शिकार करें तो आपका चित्त अत्यन्त प्रसन्न हो। उस गहन बन में भद्र मंद मृग और साधारण चारों जाति के हाथियों के झुंड के झुंड पाए जाते हैं। यह सुन कर राजा पृथ्वीराज ने कविचन्द से पूछा कि देवताओं का वाहन ऐरावत पृथ्वी पर किस कारण वश आया। तब कविचन्द ने उत्तर दिया कि प्राचीन समय में हिमाञ्चल पर्व्वत के उपकंठ में एक बड़ा भारी बर्गद का पेड़ था जिसकी अत्यन्त ऊंची ऊंची शाखाएं आकाश को स्पर्श करती थीं। उसके सन्निकट एक मुनि का आश्रम था। अवकाश के समय आकाश से आया, बन में विहार करता हुआ ऐरावत उक्त स्थान पर आ पहुंचा। उसने एक तो उस सुन्दर बड़ की शाखाएं तोड़ डालीं दूसरे मुनि का आश्रम भी नष्ट भ्रष्ट कर दिया। ऐरावत के इस अत्याचार से कुपित हुए ऋषि ने शाप दिया कि वह आकाशगामिनी गति से हीन हो जाय और उस पर मनुष्य सवार हों। अस्तु इस प्रकार ऋषि के शाप के कारण ऐरावत अपनी आकाशगामिनी शक्ति से वंचित होकर अंग देश के पूर्व्व प्रदेश में स्थित गहन बन में जहां कि नाना प्रकार के कमल और कुमोदिनी समूह से आच्छादित निर्मल जलमय अच्छे अच्छे सुवृहत् सरोवर शोभायमान है, आनन्द से केल क्रीड़ा करता हुए समय व्यतीत करने लगा। उसी बन में पालकाव्य नामक एक ऋषि रहते थे। पालकाव्य और ऐरावत में ऐसी घनी प्रीति हो गई कि वे एक दूसरे को देखे बिना पल भर भी न रहते थे दैव योग से चंपापुरी का राजा रोमपाद वहां पर शिकार करने आया और वह ऐरावत को पकड़ कर अपनी राजधानी को ले गया। इधर हाथी के विरह में पालकाव्य दिन दिन दुबला होने लगा। अन्त में वह उसी सोच में मर गया और हाथी की योनि में जन्मा।

ब्रह्मा ऋषी की तपस्या का प्रताप बढ़ता देख कर उसकी तपस्या भंग करने के लिये रंभा ने इन्द्र की आज्ञानुसार ऋषि का तप भ्रष्ट करने के लिये यथासाध्य उपाय और च्येष्टा की; उससे ऋषि का चित्त तो चंचल न हुआ वरन उसने कुपित होकर रंभा को शाप दिया कि वह हथिनी होजाय। निदान रंभा हथनी का रूप धारण कर बन में विहार करती हुई हाथीभेष धारी पालकाव्य के पास आ पहुंची। उन दोनों में अत्यन्त प्रीति और दाम्पत्य स्नेह बढ़ गया और वे दोनों साथ साथ रह कर रेवा के किनारे विचरने लगे, उन्हींसे उत्पन हुए हाथी रेवा के किनारे पाए जाते हैं

राजा पृथ्वीराज आजन्म से मृगया व्यसन लोलुप था ही, उपरोक्त आख्यान सम्बन्धी सुन्दर बन प्रान्त और उसमें स्वछन्दता से विहार करते हुए गज समूह मृग जूह और सिंहादि पशुओं का हाल सुनकर उसकी शिकार करने की इच्छा प्रबल हो उठी। पृथ्वीराज को अधिक उत्कंठा इस बात की थी कि उक्त स्थान जयचन्द की राजधानी में था। पृथ्वीराज ने उसी समय रेवातट की तरफ शिकार करने की तय्यारी की। जिस समय पृथ्वीराज अपने सब सामंत रावत सूर वीर सिपाही और अगनित शिकारी सामान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहित रेवातट को जा रहा था, उस समय भान विस्तरी खंडल गढ़ी का राजा, नंदीपुर का राजा और रेवानरिंद आदि भूमिपाल पृथ्वीराज की सेवा में आए।

गुप्त रीति से संतत लाहौर में रहने वाले शहाबुद्दीन के जासूस ने गज़नी को लिख भेजा कि पृथ्वीराज सेना सहित रेवातट पर शिकार खेलने गया है। यह सुनतेही शहाबुद्दीन ने दरबार में पान का बीड़ा रख कर कहा कि जो इस बीड़े को खा कर पृथ्वीराज को पकड़ कर मेरे पास लावे उसे मैं बहुत कुछ इनाम दूंगा। इतना सुनतेही तत्तार खां और मारूफ खां ने वह बीड़ा उठा कर शहाबुद्दीन को प्रणाम किया और कुरान को हाथ में लेकर कौल किया कि जो हम अब की बार पृथ्वीराज को पकड़ कर न लावें और दिल्ली पर अधिकार करके राजपूत सेना में प्रसिद्ध बलवान चामंडराय को मार न गिराएं तो हमारा नाम न हो तो नहीं!!।

इधर पृथ्वीराज ने उस समय लाहौर के प्रतिनिधि शासक चन्दपुंडीर को परवाना भेज कर अपने आने का समाचार जता दिया और आप कभी ६ और कभी ८ कोस का मुकाम करता हुआ पंजाब की सींध में चलने लगा। जिस घड़ी पृथ्वीराज ने पंजाब की भूमि पर पैर रक्खा उसी समय मुसल्मानी सेना ने भी वह सीमा पार की।

जब रेवा के किनारे शिकार करते हुए पृथ्वीराज को खबर लगी कि मुसल्मानी सेना बड़े भारी समारोह के साथ इस ओर आ रही है तब उसने सब सामंतों को एकत्र कर के पूछा कि अब क्या करना चाहिए? यह सुन कर पृथ्वीराज के राज्यनीति विशारद मंत्रियों ने उत्तर दिया कि वृथा अपनी तरफ से उपद्रव मोल लेना उचित नहीं, क्योंकि इस समय अपना बल पाहिले का सा नहीं है इससे उचित यही है कि इस प्रबल दल को किसी उपयुक्त नैतिक युक्ति द्वारा टाल दिया जाय। इस बात के सुनतेही पज्जून राय, प्रसंग राय खीची, देवराय बग्गरी आदि सामन्त बोले कि यह सब मंत्र तंत्र व्यर्थ है। "भरत" का वचन है कि यह जीवन अग्नि ज्वाला से झुर से वृक्ष में लगे हुए पत्र के समान है, न जाने कब वायुलगते ही इस का पतन हो जाय अतएव इस सुअवसर पर चूकना क्या? जब कि शत्रु साम्हने आ गया है तो उससे लोह लेना ही अच्छा है। जैत राव ने कहा कि मेरा विचार तो यों है कि लाहौर के पास ही शहाबुद्दीन से युद्ध छेड़ा जाय और तब तक इधर अपने इष्ट मित्र सगे सम्बन्धियों को परवाने लिख कर इस बात की सूचना दे दी जाय कि वे भी यथा अवसर सहायता के लिये आ जावें। मैं ने एक बार शाह को पकड़ा है अब फिर भी पकड़ ने की प्रतिज्ञा करता हूं। तब तक रघुवंश राम बड़गुज्जर बोला हे वीर सामन्त भाइयो, शाह आगया, अपना दिल छोटा न करो, गज, सिंह, सूरवीर पुरुष इनका यही नियम है कि जहां मिले वहां मार खांय। हम लोग वीर सामंतों का काम समय असमय गीला सूखा देखना नहीं है, हम लोग किसी की मंत्र सलाह क्या जानें; हम तो केवल मरना जानते हैं। शहाबुद्दीन को कई बार बाँध चुके हैं अबकी फिर से बाँधे तो अपने पिता करणसिंह के पुत्र नहीं तो नहीं। यह सुन कर कविचन्द ने उत्तर दिया कि रे गँवार गूजर, ऐसी बेसमझी बूझी बातों में ही राज्य सत्यानाश होते हैं।

परस्पर वादविवाद बढ़ता देख कर पृथ्वीराज ने कहा कि इन व्यर्थ बातों से क्या लाभ, जो बात आगे आई है उसका विचार करो। यह कह कर वह तो अपने सयनागार में चला गया, इधर सब सामन्त लोग भी अपने अपने डेरे को गए। अभी आधीरात का समय था कि लाहौर से एक दूत आया और वह पृथ्वीराज को सोते से जगा कर उसी वक्त उसके पास जाकर कहने लगा कि श्रीमान शहाबुद्दीन अट्ठारह हजार हाथी और अट्ठारह लाख और सब सेना के साथ इस तरफ बढ़ता आरहा है। उसने कहा कि इस प्रकार शाह की अवाई का समाचार सुन कर पचास हजार सेना के साथ चंद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुंडीर ने नदी का नाका जा बाँधा है और मुझे आपके पास भेजा है। चन्दपुंडीर को रास्ते में डटा हुआ देख कर शहाबुद्दीन ने मारुफ खां, तत्तार खां, खिलचीखां नूरी खां हुजाब खां महम्मद खां आदि सर्दारों से गोष्ठी करके उसने अपनी सेना को दो भागों में बाँटा। महमूद खां, मंगोल लल्लरी, सहबाज खां, जहांगीर खां आदि सेनानायकों और निज पुत्र सहित एक सेना को लेकर सुलतान ने तो चिनाब पार करने की तय्यारी की और आलम खां, मारूफ खां, उजबक खां आदि तीस यवन वीरों को कुछ सेना सहित उस पार अपनी सहायता के वास्ते रक्खा। जिस समय शहाबुद्दीन सेना सहित नदी में आया, इधर से वीर चन्दपुंडीर ने उसको जा रोका। दोनों दलों में बड़ी देर तक लोहा झड़ता रहा अन्त में चन्द-पुंडीर घायल हो गया और शाह सब सेना सहित चिनाब पार हो आयाहै उसने बराबर बढ़ते हुए लाहौर के पांच कोस उस तरफ़ अपना पड़ाव डाला है।

दूत के मुख से ऐसे बचन सुनते ही क्रोध से पृथ्वीराज का मुख लाल हो गया, दोनों भुजाएं फड़क उठीं, ओठ फड़ाफड़ा उठे। उसने उसी समय आज्ञा दी कि प्रातःकाल ही शहाबुद्दीन के ऊपर चढ़ाई की जाय। उसने कहा कि यदि अब भी फिर शहा-बुद्दीन को कैद करके न छोडूं तो मैं सोमेश्वर का पुत्र नहीं। यों कह कर पृथ्वीराज रात्रि के शेष दो प्रहर व्यतीत होकर सूर्य्योदय की इस प्रकार इच्छा करने लगा जैसे रात्रि में दंपती विछोह से दुखी चक्र-वाक, कठिन व्याधि पीड़ित रोगीजन वैद्य के द्वार पर जाने के लिये सूर्य्योदय की इच्छा करती हैं, एवं जिस प्रकार पतिविहीना स्त्री संसार को असार जान कर पति की मृत्यु के साथ अपने भस्मी भूत शरीर को भी भस्म कर देने की इच्छा करते है। नियमानुकूल सबेरा होते ही चन्द और तारा गणों का प्रकाश मंद हो गया, दीप शिखा भी द्युतिहीन हुई। इधर पृथ्वीराज और उसके सामन्त एवं अन्यान्य सैनिक सूर वीर सूर्य्योदय से कमल की भांति प्रफुल्ल चित्त हो उठे। उस दिन मंगल वार और तिथि पंचमी थी। पृथ्वीराज की आज्ञा पाते ही समस्त राजपूत सेना चन्द्रव्यूहाकार होगई वे सच्चे स्वामिसेवी एवं समरभूमि में शरीर त्याग कर स्वर्ग में अप्सराओं से मिलने की अभिलाषा से भरे हुए राजपूत बच्चे उत्साह ओज और आतंक सूचक ध्वनि करते हुए शत्रु सेना की तरफ इस तरह बढ़ते जाते थे जैसे मद से भींगे हुए गगडस्थल वाला मदोन्मत्त मातंग मेघस्पर्शी उत्तंग तरुवर की तरफ उसे तोड़ने के लिये बढ़ता जाता है। उधर यवन सेना में ऊंचे हाथियों पर बैठे हुए योद्धाओं के मणिमय वस्त्र एवं स्वच्छ चमकीले हथियार ऐसे सुशोभित होते थे मानों मंद ज्योति उड़गन समूह सूर्य्य के प्रखर ताप से उत्तापित हो कर पृथ्वी की ओर आ रहे हैं। राजपूत सेना जो चन्दव्यूहाकार रची गई थी उसमें रावल जी, राजा पृथ्वीराज एक सिरे पर, हुसैन खां और चन्दपुंडीर दूसरे सिरे, पर रामराय रघुवंशी और साखला सूर सारंग देव ऐसे स्थान पर थे जहां से ठीक शहाबुद्दीन का साम्हना पड़ता था। पावस के प्रबल दल बद्दल रूपी यवन सेना को देखते ही प्रचंड पवन रूपी मेवाड़पति रावल समर सिंह जी ने उस पर इस वेग से आक्रमण किया कि वे छिन्न भिन्न होने लगे। उनके पीछे जैतराव और तिस पीछे चामंडराय ने धावा किया। जिस समय युद्ध आरम्भ हुआ पूर्ण मध्यान्ह काल होने में आधी घड़ी शेष थी। चन्दपुंडीर ने छक पाकर यवन सेना पर तिरछे रुख से इस प्रकार धावा किया कि उनके पैर उखड़ पड़े। यह देख कर शहाबुद्दीन मनहार होकर घबराने लगा परन्तु तत्तार खां ने उसे धैर्य्य देकर समझाया कि मेरे रहते आप किसी बत की चिन्ता न करें। इस प्रकार शाह को संतोष देकर तत्तार खां अपनें सैनिकों को उत्तेजना जनक वाक्यों से सम्बोधन करता हुआ आगे बढ़ा। अपने सरदारों को झुकता हुआ देख कर यवन सेना भी अपने स्वामी की जय की अभिलाषा करती और धरो, पकड़ो, मारो इत्यादि नाना प्रकार के भयानक शब्द करती हुई हिन्दू सेना पर टूट पड़ी। उधर से खिचली अर्थात् खिलजी खां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को अगुवा देख कर इधर से माधव राव सोलंकी हरावल में होकर उसके साम्हने हुआ। दोनों वीर पहिले तो तलवारों से युद्ध करते रहे परन्तु जब दोनों की तलवारें टूट गईं तब वे दोनों मल्ल युद्ध करते हुए परस्पर कटारों के वार करने लगे और यवन सेना के कई एक सिपाहियों ने मिल कर माधव राव को मार डाला। यह देखते ही गोइन्दराय का भाई यवन दल रूपी समुद्र को दीर्घकाय मगर की भांति मथता हुआ खिलजी खां के ऊपर टूटा परन्तु उसे भी कई एक मुसल्मान सिपाहियों ने काट कर टूक टूक कर दिया। गोइन्दराय के भाई का नाम जय सिंह था। इसने अपने शरीर के एक एक अवयव कटते कटते अद्वितीय पराक्रम किया, मरते मरते सहस्रों यवन योद्धाओं को पञ्चतत्व में लीन कर के आप स्वर्ग में अप्सराओं के साथ विहार करने लगा। चन्दपुंडीर के भाई वीर पाल्हन ने खुरासान खां का साम्हना पकड़ा, परन्तु जब तक यह खुरासान खां पर वार करे कि उसने एक ऐसा हाथ मारा कि पल्हन का सिर कट कर अलग जा खड़का और कमन्ध नाचने लगा। इधर जब खिलजी खां के मुकाबले में दो तीन अच्छे अच्छे वीर काम आए तब सारंग देव ने उस पर आक्रमण किया, सारंग देव ने अपने घोड़े को एड़ देकर खिलजी खां के हाथी के मस्तक पर जा टपकारा। इस अद्भुत कौशल से इधर तो हाथी चिक्कार उठा उधर सारंग देव ने खिजली खां को मार कर दो कर दिया। गोइन्दराय सिसोदिया वीर तत्तार खां के सम्मुख जा पहुंचा। उसने जिस समय तत्तार खां के हाथी का दाँत पकड़ कर दे पटका और तलवार से एकही वार में मय दतूसरों के भसुंड से सुंड उतार दिए उस समय ऐसा मालूम होता था मानों कंस की मखशाला में कृष्ण ने कुवलिया पील को पछाड़ा हो! कूरंभराय के पुत्र नरसिंह ने खांड़ा खींच कर ख्वाजा की खोपड़ी पर मार उसे एकही वार में खपाना चाहा परन्तु उसने गिरते गिरते नरसिंह के पेट में कटारी भोक दी जिससे उसके पेट की अंत मेदा मज्जा आदि बाहर निकल पड़ीं। वह वीर उसकी कुछ भी परवाह न कर के करारे वार करता ही रहा। इसी प्रकार युद्ध होते होते सायंकाल हो गया।

दूसरे दिन सूर्योदय होतेही पुनः युद्ध आरंभ हुआ। इस युद्ध में जैतराव का भाई लष्पन प्रमार हरावल का अनीपति था। उसने बड़ा पराक्रम और वीरता दिखाई। लष्पन के मारे जाने पर इन्द्र की अप्सारएं इस बात की आशा ही करती रह गईं कि वे उस नव युवक वीर को आलिङ्गन कर सकें और वह वीर न्द्र और चन्द्रमंडल दोनों को बेध कर सूर्य्य की प्रभा में लीन हो गया। इसने पहर दिन चढ़ते चढते तक युद्ध किया था। लष्पन कुमार के मारे जाने पर भीमदेव जंघारा हरावल पर झुका, जिस समय वीर रस मदमत्त मतंग की भांति सर्वाङ्ग शरीर में विभूति चढाए त्रिसूल खप्पर आदि कपालिकों की समस्त सामिग्री लिए शृंगी नाद करता एक मात्र कटार लिए हुए यवन सेना पर टूटा उस समय अच्छे अच्छे योद्धाओं के होश छूट गए। उसके पश्चात् सुन्दर केशर मय चन्दन की खौड़ दिए, हिए पर पुष्प माला धारण किए हुए वीरता के छत्तीसों वस्त्र लिए हुए लंगरी राय ने पसर की, जंघाराय भीम कटारे और लंगरी राय तेगे से मुसल्मानी सेना को इस प्रकार से उजाड़ करने लगे जैसे हनुमान जी के अग्नि लगाने पर लंका उजड़ रही थी। इस तरफ आजानबाहु लोहान अजब ही मजा कर रहा था। वह जिस लंबे चौड़े काबुली वीर के सीने में कटार मार करके वारा पार कर देता तो ऐसा मालूम होता था मानो किसी दृढ़ दुर्ग का द्वार खोला गया हो! इस दिन के युद्ध में तेरह हिन्दू सरदार और चौसठ मीर काम आए। दूसरे दिन मीर हुसैन के पुत्र हुसैन खां ने मारूफ खां का मुकाबला किया और उसे घायल करके गिरा दिया, यह देख कर उजबक खां उसके मुकाबले पर आया। दोनो में बड़ी देर तक बड़ी ताक झांक की मार होती रही अन्त में उजबक खां ने एक ऐसा हाथ मारा कि जिससे हुसैन खां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क भी गहरी चोट लगी और उसका घोड़ा कट कर जमीन पर लोट गया। इस युद्ध में शहाबुद्दीन विकट व्यूह से रचित स्वयं तलवार लिए मरने मारने पर उद्यत था। शाह की बातों से तैश में आकर खुरसान खां ने बड़ा पराक्रम दिखाया परन्तु राम राय रघुवंसी ने उसे खूब ही छकाया, राजपूत वीरों की विकट मार के मारे जब यवन सेना पस्त हिम्मत हो उठी तो कुछ सामंतो ने मिल कर शहाबुद्दीन पर आक्रमण किया और उसे घेर कर पकड़ना चाहा। यह देख कर शाह ने एक बान से रघुबंस राम गुसाईं और दूसरे से भीम भट्टी को घायल किया तीसरा बाण जब तक चढ़ता था कि पृथ्वीराज ने आकर उसके गले में कमान डाल दी।

पृथ्वीराज इस प्रकार यवन सेना को जीत शहाबुद्दीन को पकड़ कर दिल्ली को चला। दिल्ली में आकर पृथ्वीराज ने शहाबुद्दीन को एक महीने तीन दिन तक कैद रक्खा, बाद इसके गजनी के अमीर उमराओं के अत्यंत विनीत भाव से विनती करने पर ९ हजार घोडे, सात हाथी और बहुत सा जवाहिरात आदि नजर लेकर शाह को सकुशल उसके घर गजनी भेज दिया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनंगपाल समय।

[अट्ठाइसवां समय]

राजा अनंगपाल तोमर दिल्ली का राज्य पृथ्वी-राज को सौंप कर आप बदरिकाश्रम में तप करने चला गया था। परन्तु उसने पुनः दिल्ली में आकर पृथ्वीराज से विग्रह क्यों किया इसी का वर्णन इस समय में किया जाय गा।

तोमर वंश के कुल प्रोहित व्यास जी के विज्ञान मय बचनों ने अनंगपाल के हृदय पर ऐसा अधि-कार कर लिया कि उसने उसी समय पृथ्वीराज को अजमेर से बुला कर दिल्ली का राज दे दिया. और आप संसार को असार जान बदरिकाश्रम में तपस्या करने चला गया। उधर अनंगपाल तपस्या में रत हुआ इधर वीर पृथ्वीराज दिल्ली राज्य का राज्य शासन करने में प्रवृत्त हुआ। किसी को भला लगे या बुरा, किसी को दुःख हो या सुख, परन्तु इस परिवर्तनशील संसार चक्र का चरखा जिसे लोग होनी या विधना का लिखा हुआ कहते हैं एवं जिसके ही अधार पर सब पृथ्वी. वायु आकाश, सूर्य्य, चन्द्र और अन्यान्य चमकदार सितारे स्थिर है, अप्रतिहत रूप से चला करता है। इस सृष्टि का रचयिता ब्रह्मा पंच महाभूत सहित इस काल में लीन हो जाता है परन्तु सब के शासक काल का ग्रास कभी भी खाली नहीं जाता, इसी काल चक्र के अनु-सार जिस समय पृथ्वीराज दिल्ली का स्वामी हुआ तब यह समाचार सारे भारतवर्ष में फैल उठा। साथ ही इसके इस बात की भी चरचा चल उठी कि पृथ्वी-राज अधर्म शासन करता है। दिल्ली राज्य के पूर्व्व कर्म्मचारी तथा प्रतिष्ठित प्रजा वर्ग को राजकीय स्वत्वों से रहित करके अपने सगे सम्बन्धियों का अधिकार बढ़ा रहा है। येही बातें उड़ती हुई अनंग-पाल के कान तक जा पहुंची। यह सुनते ही अनंगपाल ने पृथ्वीराज के इस कृतघ्न आचार पर कुपित होकर पश्चाताप करते हुए कहा, हा! ऐसे भी लोग संसार में हैं कि उपकार की तरफ़ तनिक भी ध्यान नहीं देते!!

पृथ्वीराज को दिल्ली राज्य मिलने का समाचार पा कर मालवे के राजा के जो कि सोमेश्वर से परस्पर शत्रुता रखता था, हृदय में डाह की ज्वाला जल उठी। उसने उसी समय अजमेर पर चढ़ाई करके सोमेश्वर को जीत लेने और फिर दिल्ली पर आक्रमण करने की इच्छा से, गष्पर, गोंड़, मदौड़, और सोर पुर आदि के अपने मित्र राजाओं को बुला भेजा। इस प्रकार अपनी और उपरोक्त मित्र राजाओं की चतुरं-गिणी सेना सहित हसस्त्रबाहु के वंश में उत्पन्न यादव वंशी मालवा का राजा अजमेर पर चढ़ चला और सोरपुर के पड़ाव पर कुछ दिन ठहर कर उसी घाट से चंवल पार हुआ।

मालवपति के चढ़ आने का समाचार जब सोमेश्वर ने सुना तो उसे बड़ी चिन्ता उत्पन्न हुई। उसने विचार किया कि समस्त सेना और परिकर सहित पृथ्वीराज तो दिल्ली में पड़ा हुआ है यदि इस प्रबल शत्रु से युद्ध करके मैं परास्त हो गया तो व्यर्थ मेरे नाम में टीका लगेगा। मैं इस अजेय उज्वल चहुआन कुल में कालिमा कहलाऊंगा, अस्तु यह सब सोच विचार करते हुए उसने नरसिंह प्रमार, बीरसिंह गौंड़, वीर वाहन आदि सामन्त मित्रों और गुरुराम को बुला कर पूछा कि इस समय मुझे क्या कर्तव्य है? उन सब ने परस्पर सम्मति करके उत्तर दिया कि इस समय यदि साम्हने से युद्ध किया जायगा तो अपनी सेना बहुत थोड़ी होने के कारण हार खाने की अधिक आशंका है अतएव हमारा मत यह है कि त्रयोदसी को रात्रि के समय सेन सज कर सोते हुए शत्रु पर धावा करके उसे छल से ही परास्त किया जाय। यह सुन कर सोमेश्वर बोले, हे मित्रो यद्यपि तुम्हारा यह मत मेरे हित के लिये है परन्तु हा! इस अनुचित व्यापार का साधन मुझ से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना।

—o—

निम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं।

	मूल्य	डांकव्यय
लिक मुहम्मद की अखरावट	।=)	)॥
विवर बिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित)	=)	)॥
गद्यकाव्यमीमांसा-(पण्डित अम्बिकादत्त व्यास रचित)	।)	)॥
हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
समालोचना-(पण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	=)	)॥
समालोचनादर्श-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित) ...	≡)	)॥
कर्तव्याकर्तव्यशास्त्र-(पण्डित नारायणपांडे रचित) ...	॥)	-)
विसूचिका चिकित्सा	।)	)॥
हरिश्चन्द्र-पर्व-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	=)	)॥
भगवद्गीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित) ...	।-)	)॥
ओथेलो-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
नागरीप्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) ११ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
हिन्दी लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
ध्रुवदास की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
सदलमिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
सूदन कवि का सुजानचरित्र	२)	=)
लाल कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
नन्ददास की रासपञ्चाध्यायी	।=)	)॥
प्राचीन-लेख-मणि-माला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दर दास लिखित) ...	१)	-)
अशोक का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
...ल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित)	।-)	)॥
पृथ्वीराजरासो-पहिला भाग (समय १-११)	४)	।)
" दूसरा भाग (समय १२-२८)	४)	।)
कुमारसम्भवसार (पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित) ...	≡)	।॥
श्रीधर का जंगनामा	॥।)	-)
धम्मपद (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के पुस्तकालय की सूची	=)	)॥
मनोविज्ञान (पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित)	॥)	-)
चन्द्रशेखर का हम्मीर हठ	॥)	)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
वैज्ञानिक कोश (बाबू श्यामसुन्दरदास सम्पादित)	३॥)	=)॥
दादूदयाल की बानी	१॥।)	=)
कवि नूरमुहम्मद की इन्द्रावती १ भाग	१॥)	=)
यूरोपीय दर्शन (पण्डित रामावतार पांडेय लिखित)	॥।)	-)
प्रबोधचन्द्रिका	॥।)	-)
वनिताविनोद	१)	=)
नवीन दृष्टि में प्रवीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरु गीता	।)	)॥
रामचरितमानस		॥।)

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ६ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें आधे मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं। अन्तिम पुस्तकों का मूल्य सभासदों के लिये ६॥) रु० है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-11.

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI,

EDITED

BY

Mohanlal Vishnulal Pandia, & Syam Sundar Das, B. A.

WITH THE ASSISTANCE OF KUNWAR KANHIYA JU.

CANTOS XLIV to XLVIII.



महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

तज्जियै । सही जैत तौ [illegible]

मोहनलाल विष्णुलाल [illegible] महूरत सझि ॥

कुँअर कन्हैया जू की सहायता [illegible] छं० ॥ २० ॥

से

सम्पादित किया ।

पर्व्व ४४ से ४८ तक ।

[illegible]ED AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE NAGARI-PRACHARINI SABHA, BENARES.

1907.

मूल्य १।)] Issued 15th September, 1907. [*Price Re. 1-4.*

५१ / १४३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् *
पुस्तक की संख्या ८२/७८३
पुस्तकालय-पञ्जिका-संख्या १८३१८
पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियां लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकता। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

सूचीपत्र।

—:o:—

(४४) भीमवध समय	पृष्ठ १२०१ से	१२२७ तक
(४५) संयोगिता जन्म प्रस्ताव	,, १२२९ ,,	१२५८ ,,
(४६) विनयमंगल नाम प्रस्ताव	,, १२५९ ,,	१२७४ ,,
(४७) सुकवर्णन	,, १२७५ ,,	१२९१ ,,
(४८) बालकरराइ प्रस्ताव (अपूर्ण)	,, १२९३ ,,	१३२८ ,,
रासोसार	,, १०५ ,,	१३६ ,,

———o———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फुनि आइ जाम जद्दव नरिंद। जमनेस भेम वज्जंग ज्यंद ॥
वलिभद्र आइ कूरंभ देव। बहु भंति भूय जिन करत सेव ॥ छं० ॥ ११ ॥
पुंडीर आइ तहां चंद वीर। सम इष्ट इष्ट शृंगार और ॥
अतताइ आइ चहुआन चंड। जनु भीम भयानक सभा पंड ॥
छं० ॥ १२ ॥

लंगरी राव तहां बैठि आइ। जगि जुद्ध समै जनु अगनि वाइ ॥
गहिलौत आइ गोइंद राउ। पर भूम भूम देयंत दाउ ॥ छं० ॥ १३ ॥
लघु दिघ्घ सूर सामंत सब्ब। बैठे जु आइ दरबार[1] तब्ब ॥
फुनि चंद चंड बरदाइ आय। जिन प्रसन देव द्रुग्गा सदाय ॥
छं० ॥ १४ ॥

प्रथिराज कही सब्बहि[2] सुनाइ। सोमेस भीम जिम सम उपाइ ॥
सजि सेन जुरी गुज्जर नरिंद। षनि षोदि कढ़ौ[3] चालुक्क कंद ॥
छं० ॥ १५ ॥

अप्रमान बत्त भीमंग कीन। जिम जीति जुद्ध सोमेस लीन ॥
गर्भनी गर्भ कढ़ौं नरीन। प्रथिराज नाम तौ विप्र दीन ॥ छं० ॥ १६ ॥
जहां जहां निसंक बंके मवास। षनि षोदि डारि दीजै अवास ॥
छं० ॥ १७ ॥

ज्योतिषी का गुजरात पर चढ़ाई के लिये मुहूर्त साधन करना।

दूहा ॥ करि प्रनाम सामंत सब। बोलिय जोतिगराइ ॥
सद्धि महूरत चढ्ढियै। जिम अग्गै जैताइ[4] ॥ छं० ॥ १८ ॥
व्यास आन दिष्षिय लगन। घरी महूरत जोइ ॥
इन समयै जो सज्जियै। सही जैत तौ होइ ॥ छं० ॥ १९ ॥
हक्कान्यौ जगजोति नृप। कहौ महूरत सद्धि ॥
जीति होइ सद्धौं बयर। सिंचो अग्गि समद्धि ॥ छं० ॥ २० ॥

ज्योतिषी का ग्रह योग और सुदिन मुहूर्त वर्णन करना।

(१) मो.-दरबार। (२) मो.-सबन।
(३) ए.-चढ़ौं। (४) ए. कृ. को.-जैपाय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ केंद्रीय ससि सोम । भोम पंचम अधिकारिय ॥
राह बीर अष्टमो । वक्र सत्तम सुद्दारिय ॥
जंगम थावर धरिय । हलिय तिन नाम सेन भर ॥
कहै विप्र प्रथिराज । राज पंचम पंचम गुर ॥
[1]मन काम होइ सो किज्जियै । अरि जित्तह पद्धर दिवस ॥
पिट्ठीय पवन रष्षै महन । तौन बसाइय काल बस ॥ छं० ॥ २१ ॥

दूहा ॥ रैनि परै संमुह अरिय । चक्र जोगिनी अग्ग ॥
दई होइ दुज्जन सयन । तौ तन भग्गै षग्ग ॥ छं० ॥ २२ ॥

कवित्त ॥ कहै व्यास जगजोति । राज चहुआन प्रमानिय ॥
गुज्जर गुज्जर सयन । बैर सोमेसर ठानिय ॥
एक लष्ष आरुहहि । लष्ष लष्षन षग रुंधहि ॥
होइ जैत चहुआन । पानि भीमंग सु बंधहि ॥
[2]गुजरात होइ तुअ ग्रेहनिय । एक बत्त संमुह मँडौं ॥
जो मिटै बत्त इह जोग कोइ । तौ हथ्थह पचौ छँडौं ॥ छं० ॥ २३ ॥

पृथ्वीराज का लग्न साध कर अपनी तय्यारी करना ।

दूहा ॥ विक्रम अरु चहुआन न्रप । पर धरती सकबंध ॥
असम समै साहस [3]हसह । हिंदुराज दुअ कंध ॥ छं० ॥ २४ ॥
चढ़ि चल्लिय सज्ज्यौ सयन । बोलि भ्रत्य प्रथिराज ॥
लगन महूरत सद्धि कै । बट्ठि निसान अवाज ॥ छं० ॥ २५ ॥

कवित्त ॥ जित्ति राज बर साज । बीर बीरह रस सज्जिय ॥
विजै जिति दिजैपाल । सोइ राजन जस [4]छज्जिय ॥
तर उतंग इल [5]मूल । भूप [6]बल्लिय चित चढ्ढिय ॥
जय जय जय उच्चार । देव दानव नर पढ्ढिय ॥
सामंत गत्ति साध्रम्म धर । उद्धारन बर बैर षल ॥
चहुआन सज्जि चालुक्क पर । बीर बीर बढ्ढे [7]सबल ॥ छं० ॥ २६ ॥

(१) मो.-मम । (२) ए. कृ. को.-हुअ गुज्जर । (३) मो.-करान ।
(४) ए. कृ. को.-सज्जिय । (५) ए. कृ. को. रूप ।
(६) ए.-चाल्लिय । (७) ए.-सकल ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाथा ॥ इच्छिनि अच्छित मानं । वितीतं जाम भग्गयो नध्यं ॥
अरुनोदय चहुआनं । म्रगया आइ पच्छिमं थानं ॥ छं० ॥ २७ ॥

पृथ्वीराज का शिकार के मिस पश्चिम दिसा को कूच करना।

कवित्त ॥ सा म्रगया चहुआन । राज सज्जी दिसि पच्छिम ॥
सब सेना जानी न । राज एकंग सु अच्छम ॥
आषेटक सजि बीर । भयौ अरुनोदय जोगं ॥
चिहूं दिसिन संभरिय । सेन सज्जी मति भोगं ॥
जित्त तित्त फौज़न हलिय । चलिय सूर सामंत बर ॥
संपत्त जाइ चहुआन कौं । निढ्ढुर करिय जुहार सिर ॥छं०॥२८॥

राजा के साथ सैन्य सहित निढ्ढुर राय का आन मिलना।

दूहा ॥ निढ्ढुर मन संजुरि सयन । मिलिय आन प्रथिराज ॥
[1]मनु टिड्डिय धरि उल्लटिय । कै चिकूट पर कप्प ॥ छं० ॥ २९ ॥
पंच सबद बाजे गहिर । घन घुंमर बरजोर ॥
जंग जुझाऊ बज्जिया । बढ्यौ श्रवंनन सोर ॥ छं० ॥ ३० ॥

पृथ्वीराज की तय्यारी का वर्णन, भीमदेव को इसकी खबर होना और उसका भी तैयारी करना।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यौ राज प्रथिराज सेन । कंपि चले कोपि जनु लंक लेन॥
जनु उदधि उलटि छंडिय मजाद । दहवट्ट करन गुज्जर प्रसाद ॥
छं० ॥ ३१ ॥
चर चरत चरित जंगल नरेस । बढ़ि चले मध्य भीमंग देस ॥
सब षबरि कही भीमंग जाइ । सजि सेन सूर चहुआन आइ ॥
छं० ॥ ३२ ॥
सामंत नाथ सामंत जोर । बट्टे कि जानि दरिया हिलोर ॥
चौसठि हजार परिमान [2]तेह । अनभंग जंग बट्टे बलेह ॥छं०॥३३॥
घ्रत तज्यौ पान चहुआन राइ । चिंतैं सु चित्त बल विषम घाइ ॥

(१) मो.-ज्यों। (२) मो.-तेन, बलेन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन कन्ह गोयंदराइ। सिव सीस उदक छंड्यौ रिसाइ ॥
छं० ॥ ३४ ॥

बर भरे अन्य भट घट [1]अभंग। अप अप्प विहसि सिर लगिन भंग॥
अप्पान बंध अप करौ राइ। जिम जुरो षग्ग षल विषम घाइ ॥
छं० ॥ ३५ ॥

सब कही षबर सो सुनी दूत। [2]झलहलिय रोस जैसिंह पूत ॥
फरकंत बांह थरकंत कंध। चष [3]चढ़ि कपाल भुअ हुअ असंध ॥
छं० ॥ ३६ ॥

बुल्लाइ सब्ब भर राजकाज। सम कह्यौ जुद्ध तिन करन साज ॥
परवान फट्ट देसान देस। तिन के सु चढ्ढि आए नरेस ॥छं०॥३७॥

दुअ सहस षान तेजी पठान। हयनारि धारि सँग कुहकवान ॥
चढ़ि कच्छ देस कच्छी बलान। हय सहस तीन पष्षर पलान ॥
छं० ॥ ३८ ॥

चढ़ि सहस डेढ़ सोरठ्ठ ठाट। तिन सहस विषम अवघट्ट घाट ॥
चढ़ि काकरेंच कोली करूर। कामनेत कहर अन भूल रूर ॥
छं० ॥ ३९ ॥

चढ़ि झालवारि झाला अभंग। तिन लरत लोह रवि उगिन भंग॥
चढ़ि मचि [4]मुकुंद कावा नरेस। तिन चढ़त सुनत उड़ि जात देस।
छं० ॥ ४० ॥

चढ़ि कठ्ठवार कट्ठी नरिंद। तिन सचु सुष न दिन राति न्यंद ॥
लघु दिग्घ और को गने देस। इतने कटक्क आए असेस ॥
छं० ॥ ४१ ॥

चढ़ि सुभट और गुर [5]गुरज षंड। जनु [6]जुरन जुद्ध कुरु षेत पंड ॥
छं० ॥ ४२ ॥

भीमदेव की तय्यारी का समाचार पृथ्वीराज को मिलना।

(१) मो.-अनंट। (२) मो.-झलहलत।
(३) ए. कृ. को.-चरि। (४) मो.-कुद।
(५) ए. कृ को.-गुजर। (६) ए.-जुरत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ चढ़े देषि चालुक्क दल। बहुरे संभरि दूत ॥
भेष दिगंबर दुति तनह। जे अवधूत न धूत ॥ छं० ॥ ४३ ॥
गनि गनिका कविचंद की। ठग विद्या परवीन ॥
दूत धूत अनभूत मन। नवनि राज तिन कीन ॥ छं० ॥ ४४ ॥
गाथा ॥ संमुष पिष्षिय राजं। बुल्ले बयन सुहित्त सुभाजं ॥
चढ़ि चालुक्की गाजं। नर भर समुद उलटि जनु पाजं ॥छं०॥४५॥
दूहा ॥ एक लष्य सेना सकल। अकल कलीनह जाइ ॥
इक्क सहस मद गज करी। दिष्षिय जानि बलाइ ॥ छं० ॥ ४६ ॥

पृथ्वीराज की प्रतिज्ञा।

कवित्त ॥ इम भंजो भीमंग। जुद्ध जौ माहिं जुरै रन ॥
ग्रीषम [1]पवन सहाय। दंग जरि जात सघन घन ॥
इम भंजो भीमंग। भीम कुरुनंद पछारिय ॥
यों भंजो भीमंग। सगति महिषा सुर मारिय ॥
इम जुरों जुद्ध भीमंग सम। अगनि तेज वायं हिता ॥
प्रथिराज नाम तद्दिन धरौं। उदर फारि कढ्ढौं पिता ॥छं०॥४७॥

पृथ्वीराज का शिकार खेलते हुए आगे बढ़ना।

दूहा ॥ आषेटक खेलन चलिय। करिय पंति भर साज ॥
चावद्दिसि बन बिंटि कै। मद्धि संपतौ राज ॥ छं० ॥ ४८ ॥
*अरिल्ल ॥ मन इच्छा आषेटक लग्गिय। षग षंती मन मभभह जग्गिय ॥
जमुन विहड़ बिंटिय बहु बंके। भालि सिंह वाराहन हंके ॥छं०॥४९॥

पृथ्वीराज का गहन बन में पड़ाव पड़ना।

दूहा ॥ जमुन बंड बंके विषम। हंकत पत्तिय संझ ॥
जो जहां ह्तौ सो तहां। हुअ डेरा बन मंझ ॥ छं० ॥ ५० ॥
सूर उदय जे [2]बढ़ि हुते। उत्तरि संध्या सूर ॥
अन्न पान पहुंच्यौ सकल। कहा नीरे कहा दूर ॥ छं० ॥ ५१ ॥

(१) ए. कृ. को.-जनों पचमं। * मो.-मुरिल्ल।
(२) ए. कृ. को.-चढ़े।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुकम नकीबत कह फिरै। डेरा डेरा गाहि॥
जो जिय जा ढिग निक्करै। राज न षिज्जै ताहि॥ छं० ॥ ५२ ॥

कैमासादि सब सामंतों का रात्रि को राजा के पहरे पर रहना।

गाथा ॥ उत्तरि सेन सुराजं। निद्रा छुभित सब्ब सेनायं॥
पासं न्रप कयमासं। सो सुत्ते षग्ग बंधाइं॥ छं० ॥ ५३ ॥
यों सुत्ता सब सेनं। सा निद्रा चंपियं बीरं॥
मोह चंपि विग्यानं। [1]निद्रा ग्यान [2]नठ्ठियं कालं॥ छं० ॥ ५४ ॥
कवित्त ॥ राज पास कैमास। कन्ह कनक्क सबूरा॥
सब्बर सूर पांमार। जैत साहिब अबूरा॥
[3]सलष अलष पुंडीर। दई दाहिंम चामंडं॥
*सागुर गुर सिरमौर। राज हंमीरति षंडं॥
सारंग सूर कूरंभ बलि। बर पहार तूंअर सुभर॥
लंगरीराव लोहान बर। गहिग सेन बर बीर पर॥ छं० ॥ ५५ ॥

एक पहर रात्रि रहने से शिकार किया जाने की सलाह।

जाम एक निसि पच्छ। बत्त आषेट विचारिय॥
सुनौ सब्ब सामंत। मंत्त इह चित्त सु धारिय॥
जंत जीव जग्गै न। तंत क्रम सिद्ध न होई॥
पुब्ब श्रवन संभव्यो। निगम [4]जंपे बर लोई॥
चिंतयौ चित्त चिंता सुमन। मास तीय तिय सद्द सुनि॥
निरवान राज प्रथिराज गुन। [5]सुबर सगुन बज्जे सु धुनि॥
छं० ॥ ५६ ॥

कन्ह का रात्रि को स्वप्न देखना और साथियों से कहना कि सबेरे युद्ध होगा।

(१) को.-निज। (२) ए. कृ. को.-नट्ठियं।
(३) ए. कृ. को.-सकल।
* मो.-"सागर गुर सिर मौर राज संभीरति षंडं"।
(४) ए. कृ. को.-चंपे। (५) मो.-सुगुर सुवन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरिल्ल ॥ इहै चित्त चिंती चहुआनं। बर मासत्ति सद्द सुनि कानं ॥
घरी अद्ध अद्धं निरमानं। कहै बीर कन्हा चहुआनं ॥ छं० ॥ ५७ ॥

दूहा ॥ प्रात प्रगट बत्ती कहिय। आगम चिंति प्रमान ॥
सुबर काल बित्ती घरिय। कलह परै परथान ॥ छं० ॥ ५८ ॥

गाथा ॥ श्रवनं [1]सुनि सामंतं। रत्तं आचिज्ज मत्तयं [2]युद्धं ॥
आगम होइ प्रमानं। भूकंपं [3]पक्कयं षंडं ॥ छं० ॥ ५९ ॥

मुरिल्ल ॥ कालं सुचंपि कालं कराल। इन सगुन सूर आवत्त ताल ॥
आमुझ्झ सुझ्झ नंजिय प्रकार। बर बीर भीर विस्तार भार ॥
छं० ॥ ६० ॥

स्वप्न का फल।

दूहा ॥ कहिग सूर सामंत सब। कहि आगम सत काज ॥
सिंघ दीप दुज्जन भिरन। मरन सु अरि प्रथिराज ॥ छं० ॥ ६१ ॥
जिहित सूर सोमेस हनि। सोइ सगुन रन भीम ॥
सोई सगुन ए सह्यिै। काल न चंपै सीम ॥ छं० ॥ ६२ ॥

सबेरे कविचन्द का आशर्वाद देना और राजा का स्वप्न कथन।

अरुन उदै जग्गो नृपति। निकट भट्ट सिरनाइ ॥
सरन कमल थल भरन मुष। फूलें आनंद पाइ ॥ छं० ॥ ६३ ॥

चौपाई ॥ मुदत कमोदनि उदयति भानं। विसत वसंमति अभ्भुत थानं ॥
को चंपै कै मरन जरूरं। यों मत मंत विमंत करूरं ॥ छं० ॥ ६४ ॥
चढ़ि पति घट्टि सु सब्ब रसालं। अर वरि वीर अरं वरि भालं ॥
जिते सगुन दिषि रत्ति प्रमानं। तिते कहे चक्रित चहुआनं ॥
छं० ॥ ६५ ॥

दूहा ॥ संभरि रा संभरि सुकथ। सगुन सु प्रातय राज ॥
कछु सगुन निसि उच्चर्‌यौ। सुनहु सु जंपहु काज ॥ छं० ॥ ६६ ॥

(१) ए. कृ. को.-सुर। (२) ए. कृ. को.-सूरं। (३) मो.-कीनर्यं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहै सब्ब पयलग्गि भर। भर निहचै सामंत॥
जु कछु राज दिष्यौ नयन। जंपि झंपि बर कंत॥ छं०॥ ६७॥
गाथा॥ सो संघौ निसि सद्दं। बद्दे कन्ह तीनयो सद्दं॥
नं जानय किंमानं। परिमानं किंनयं होइं॥ छं०॥ ६८॥

राजा के स्वप्न का फल।

चोटक॥ दिन सद्द सगुन्नन मद्द घरी। कलहंत विषंमति बीर भरी॥
कलि कारन मोकलि वानि रसं। घरि एक घरी महि जुद्ध रसं॥
छं०॥ ६९॥
भय [1]भ्रत्त भयानक बीर भटं। कलहंत कलेवर बीर घटं॥
छं०॥ ७०॥
दूहा। कलह कलेवर बीर घट। सगुन सु हृत्तिय पान॥
सुबर राज बढ़ै विषम। देवासुर जु समान॥ छं०॥ ७१॥

कन्ह के ज्ञानमय वचन।

नको जियत दिष्यौ नयन। न को मरत दिष्यान॥
मान गरभ आवन [2]गमन। कर नंच्यौ बंधान॥ छं०॥ ७२॥
[3]धंधौ नट्ट सुभट्ट भ्रम। जस अपजस लभ [4]हानि॥
जिन जिन जुरि धर नष्ययौ। सो दुरजोधन जानि॥ छं०॥ ७३॥
सो दुरजोधन जोधवर। सग्गुन बंधिय पान॥
सुई अग्र नन भूमि दिय। बर भारथ्थ प्रमान॥ छं०॥ ७४॥

पृथ्वीराज का सेना सहित शिकार करना, बन की हकाई होना।

गाथा॥ बर भारथ्थ प्रमानं। जानं जुद्धाय बीतयौ घटयं॥
अद्दत हृत्तं चारौ। सगुनानं लभ्भियं पारें॥ छं०। ७५॥
मुरिल्ल॥ चढ्ढिय पत्ति घटि आवरि सूरं। सुघट घटय जमुना जल पूरं॥
पथ इंदय अवत्ति पति सूरं। भयति काल विग्यानति सूरं॥छं०॥७६॥
दूहा॥ सुर विग्यान विग्यान पति। भयति भयंतर जुद्ध॥
कानन बीर सु हक्कयौ। सुबर बीर गुन सुद्ध॥ छं०॥ ७७॥

(१) ए. कृ. को.-भ्रत्य। (२) ए. कृ. को.-जनम।
(३) मो.-बंन्धौ। (४) ए. कृ. को.-भांन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन हंकन न्रप हुकम भय । जहँ तहँ गज्जत सूर ॥
तबल तूल च'बक चहिय । कह नीरे कह दूर ॥ छं० ॥ ७८ ॥

घुंघर गज घंटानि धुनि । हय गय हस मह लच्छ ॥
सयन सब्ब सोवत जगिय । कानन हांकिय पच्छ ॥ छं० ॥ ७९ ॥

बन में खर भर होते ही एक भूखे सिंह का निकलना ।

कवित्त ॥ छुटत तीर चिंहु पष्ष । सद्द बज्यौ सु सूर घन ॥
सिंह सद्द पर सद्द । बज्जि पर सद्द मत्त पन ॥
रद विमद्द गज भग्ग । बान भग्गे मन आररि ॥
हाइ हाइ आरिष्ट । दिष्ट लग्गे पति गारुरि ॥
गौम्रत्त भूत पंचाप नय । कानन पति कानन झुकिय ॥
कोई सु भज्जि मूलन रजिय । ज़त्ति काल कालह बकिय ॥ छं० ॥ ८० ॥

दूहा ॥ सिंघ छुधित निद्रा ग्रसित । सिंघनि सिसु यह पथ्य ॥
काल नाग नागिन जग्यौ । बर बीरां रस हथ्थ ॥ छं० ॥ ८१ ॥

सिंह का वर्णन ।

पद्धरी ॥ भाल्यौ सु सिंघ इक षेल वार । सूतौ सु मद्ध कंदर लवार ॥
लद्धी सु वास नर निकट जानि । ग्रज्यौ सु गर्ज्ज नभ घोर वानि ॥
छं० ॥ ८२ ॥

पुच्छिय पटक्कि मंडिय सु सीस । बक्कारि उंच सिर दुदस दीस ॥
छुट्टंत झाल जुगनेन दीस । चाटंत मुच्छ रिस अधिक हीस ॥ छं० ॥ ८३ ॥

तिष्षे सु जोर जमदट्ठ वंत । फट्टंत धरनि हथ्थल तुरंत ॥
हथ्थीन सीस नष हनि तुषार । देषंत दंत जनु काल धार ॥
छं० ॥ ८४ ॥

सिंघनि सु पास ससि दोइ तथ्थ । लीनौ सु घेरि सामंत सथ्थ ॥
छं० ॥ ८५ ॥

सिंह का कन्ह के ऊपर झपट कर वार करना ।

कवित्त ॥ झपटि लपटि जनु अग्ग । कन्ह दिसि किन्न लटक्किय ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतुल घाइ बल अतुल। अग्गि जनु जग्गि भटक्किय॥
जाजुल्लित गंभीर। गह्ग्र सहस्र उच्चारिय॥
हाइ हाइ आरिष्ट। राज हक्कम बक्कारिय॥
असवार चूकि चप्पौति हय। करि कुंडल कम्मान रजि॥
नर नाह वाह अवसान फबि। परिय बथ्थ नर अस्व तजि॥
छं० ॥ ८६ ॥

कन्ह का सिंह का सिर मसक कर मार डालना।

इत सु कन्ह उत सिंघ। जन्हु जुग जानि प्रलै बर॥
दुअ दंतिन दल दलन। दुअह [1]जम जोध अडर डर॥
कंध कष तिन चंपि। कन्ह कढ्ढिय कट्टारिय॥
पेट फारि धर डारि। फेरि पग भूमि पछारिय॥
सिर फट्टि भेज भेजिय उडिय। हड्डु मंस नस भ्भूर हुअ॥
जय जय सु सद्द षह भूमि भय। बलि बलि कन्ह नरिंद सुअ॥
छं० ॥ ८७ ॥

भंज्या सिंघह सूर। कन्ह जंगह चहुआनं॥
भयौ नूर मुष सूर। सगुन लद्धौ परिमानं॥
उहांइ सेन सजि राज। गुज्ज बुझ्झी न मसूरति॥
कूच कूच उप्परे। देस पट्टन धर चूरति॥
आकास मध्य तारा तुटै। यों तुट्टी अरि सेन पर॥
कल मलत सेस काइर कंपत। कीजहि उज्जर जारि धर॥
छं० ॥ ८८ ॥

कन्ह के बल और उसकी बीरता की प्रशंसा।

गाथा॥ सूरं किरन प्रकारं। सारं मार जुद्ध मय मत्तं॥
कै देवत्त विछुट्टा। कै [2]जुट्टा कालयं करनी॥ छं० ॥ ८९ ॥

अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर सामंतों सहित राजा का आगे कूच करना।

(१) मो.-सु। (२) मो.-तुट्टा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ सज्जि सिलह सामंत । मत्त मत्त जनु चल्लिय ॥
[1]सो चौसट्ठि हजार । भार भारथ वै हल्लिय ॥
चामर छत्र रषत्त । छत्र दीनौं सिर कन्हं ॥
छुट्टियि पट्टिय अंषि । बिरद नरनाह जिनन्हं ॥
सेनाधि पत्ति कन्हा कियौ । अग्ग फौज प्रथिराज बर ॥
पचछली फौज निद्दुर बलिय । ता पच्छैं पंमार भर ॥ छं० ॥ ९० ॥

दूहा ॥ कूच कूच जिम जिम चले । तिम तिम छंडत मोह ॥
ज्यों [2]बंध्यौ दुज राज नें । तिथि पचाजह सोह ॥ छं० ॥ ९१ ॥

कूच के समय पृथ्वीराज की फौज का आतंक वर्णन ।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यो राज चहुआन सूर । दैवत्त वाह दुज्जन करूर ॥
गुज्जर नरेस पट्टन प्रवास । दल बढ़ै राज जंगल सु चास ॥ छं० ॥९२॥
कलमलिय काय कंकह कठोर । *सारथ्थ किस्न सम राज जोर ॥
करि गिरद सेन सज्जी सभंति । मानौं कि भांति किरनाल पंति ॥
छं० ॥ ९३ ॥
कलमलित कमठ भर पिठ्ठ भूमि । सल सलित सेस सामंत भूमि ॥
हलमलत ग्राव बंके मेवास । पल भलत पंषि सम सहि न चास ॥
छं० ॥ ९४ ॥
चल मलत रैन सुझ्झै न पंथ । भल मलत सूर जनु समय अंथ ॥
नल टलत चित्त काइर सु संक । गल बलत सूर जनु कप्पि लंक ॥
छं० ॥ ९५ ॥
नल कलत अस्व रह बल सु चाल । तल फलत ढाल हिरनाल फाल ॥
दल हलत जानि सरिता सपूर । झलहलत छौल साइर हिलूर ॥
छं० ॥ ९६ ॥
थल जलत दूक मिलि कीच उठ्ठि । मिलि चलित संसि सामंत सुठ्ठि ॥
फल फलित मरन बंछत जिन्हैं न । कल कलत चंद कबि बल तिन्हैं न ॥
छं० ॥ ९७ ॥

(१) मो. सौ, कृ.-सी । (२) मो.-बन्ध्यौ । * मो.-"सारथ्य कि सूर सम राज जोर" ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का भीमदेव के पास एक † चुल्लू भेजना।

दूहा ॥ अही चंद चंदह मरन। दिन दिन [१]सल्लै दुष्ष ॥
कहौ जाइ चालुक्क सम। मंगै बैर समुष्ष ॥ छं० ॥ ९८ ॥
† ले चल्लौ न्रप भीम कौं। चंगी दोय रसाल ॥
एक सुरंगी पद्यघरी। इक कंचुकी भुजाल ॥ छं० ॥ ९९ ॥
कवित्त ॥ मन मानै सोइ गहौ। करिव चित्तं इकतारं ॥
इह संसार सुपन्न। अपन झुभ्झै इक वारं ॥
चंद हथ्थ कहि पठय। भीम सम संभरि वारं ॥
तात बैर संग्रहन। वचन तत्तं उच्चारं ॥
गज भाट सुभंर घट भंजि तुअ। सरित चलाउं रुधिर की ॥
धार सिंचि सोमेस कहुं। तपति बुझाउं उअर की ॥ छं० ॥ १०० ॥
रामाइन मघवान। बरषि घन अम्रत धारं ॥
बालमीक पीयूष। सींच लव रघुपति रारं ॥
अरजुन सयन समेत। आनि बब्बर पताल मनि ॥
बेद व्यास भारथ्थ। सकल छोहनि दीपक बनि ॥
चहुआन कहाइय चंदकर। पिता बैर कज इह बयन ॥
*चालक्क भीम उन सम सुनहु। तुमह जिवावन अब कवन ॥
छं० ॥ १०१ ॥

चन्द का भीमदेव के पास जाकर युक्ति पूर्व्वक कहना कि पृथ्वीराज अपने पिता का बदला लेने को तय्यार है।

चल्यौ चंद गुज्जरह। गरै जारी जंजारह ॥
नीसरनी कुद्दाल। दीप अंकुस आधारह ॥

(१) ए. कृ. को.-चल्लै।

† चुल्लू=स्मरण रहे कि यह चुल्लू Challenge का अपभ्रंश नहीं है। यह राजपुतानी भाषा का प्रचलित शब्द है जिसे बुन्देलखंड में चिन्नू चुन्नू भी कहते हैं। इसका अर्थ "किसी को अपने मुकाबले के लिये धमकी देना भड़काना या उभाड़ना है।

* छन्द ९९ से लगा कर छन्द १०१ पर्य्यन्त मो. प्रति में नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कस्त स्हूल संग्रहैं । गयौ चालुक दरवारह ॥
इह अचंभ जन देषि । मिल्यौ पेषन संसारह ॥
भेय्यौ सु भीम भोरा सुभर । कहिय बत्ति संभरि बयन ॥
हो भट्ट चट्ट बोलहु कयन । कहा इहै डंबर सयन ॥ छं० ॥ १०२ ॥
एन जाल संग्रहो । जाम जल भीतर पड़यौ ॥
इन नीसरनी ग्रहो । जाम आकासह चढ़यौ ॥
इन कुद्दालैं षनौ । जाम पायाल पनट्ठौ ॥
इन दीपक संग्रहो । जाम अंधारैं नट्ठौ ॥
इन अंकुस असिवसि करों । इन चिस्हूल हनि हनि सिरों ॥
जगमगै जोति जग उप्परैं । तोडर प्रथम नरिंदरैं ॥ छं० ॥ १०३ ॥

भीमदेव का उत्तर देना कि मैं भी उसे दंड देने को प्रस्तुत हूं जो मेरे संमुख आवे ।

जाल ज्वाल करि भसम । करस नीसरनी कट्टौं ।
घन भंजों कुद्दाल । दीप कर पवन झपट्टौं ॥
अंकुस अंकुर मोडि । तिनह चस्हूल संकोड़ों ॥
हनन कहै ता हनौं । जोति जग मच्छर मोड़ों ॥
हौं भीम भीम कंदल करों । मो डर डंक अचंभ नर ॥
मम करइ ग्रब्ब धरि लज्ज अब । बित्तक पुब्ब परचि पर ॥ छं० ॥ १०४ ॥
रे डंदर [1]विड्डाल । कोइ कारन भिर मच्चौ ॥
रे गिड्डिन सिर हंस । दैव जोगह सिर नच्चौ ॥
रे म्रग वघ सँग्राम । लरैं बर अप्पन आयौ ॥
रे अप्पह सो समर । करैं मंडुक जस पायौ ॥
आचंभ ब्रह्म गति वह नहीं । बार बार तुहि सिष्षियै ॥
प्रज्जरैं झार तरवर गिरह । का दीपक लै दिष्षियै ॥ छं० ॥ १०५ ॥
बैन बाद सो करैं । होइ भट्टह को जायौ ॥
गारि रारि सो भिरैं । जेन रस षष्ष न पायौ ॥
हथ्थ बथ्थ सो भिरैं । घरह धन बंधव [2]बट्टैं ॥
इह सोमेसर बैर । लेहु अप्पन सिर सट्टैं ॥

(१) ए. कृ. को.-बिल्लाउ । (२) ए.-बढ्ढै ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुम कहौ जाइ संभरि बयन। इन डिंभन डिंभरु डरै॥
संचऱ्यौ दरक हकै चरत। [1]सज्ज फटकै निक्करै॥ छं० ॥ १०६॥

चन्द का भीमदेव के दरबार से कुपित होकर चला आना।

दूहा॥ चंद मंद मन आतुरह। उद्यौ रत्त करि नेंन॥
फिरि पहुंच्यौ न्रप पिथ्थ पै। कहैं चरक्का बेंन॥ छं० ॥ १०७॥

भीमदेव का अपने भाट जगदेव को चंद के पास भेज कर अपनी तय्यारी की सूचना देना।

कवित्त॥ सुनौ भट्ट जगदेव। कहै भोरा भीमंदे॥
तुमहु चंद पै जाहु। षबरि पायान दियंदे॥
जो कछु तुम बुल्लए। ज्वाब मंगन हौ आयौ॥
ज्यौं सुत्तौ सुष उरग। मीड़ि बर पुंछ जगायौ॥
आयौ नरिंद गुज्जर सबर। करिय सेन चतुरंग भर॥
मो दिट्ठ दिट्ठ पुच्छिय सयन। बयन [2]वाद मनो न उर॥
छं० ॥ १०८॥

जगदेव बचन।

कहु मिसरे छेड़यौ। राउ गुज्जरी नरेसर॥
दीबा जाल कुदाल। कहमि वह सह आडंबर॥
कह मिसरै कैमास। जास पुच्छंत विचष्षन॥
चामँड रा कहां गयौ। बहुत राया बर दष्षन॥
कह मिसरे कन्ह बिष्पनौ। जग्गदेव संचौ चविय॥
वंभन हय या दिद्व धर। कह मिसरें संभरि धनिय॥ छं० ॥ १०९॥

चन्द वचन।

वार बार षेलयौ। सरस बत्तडिया गुज्जर॥
अब विगत्ति [3]लभ्भिहैं। [4]मिरच चव्वै ज्यों गज्जर॥

(१) मो.-"क्यों छज्ज फट्टकै निक्करै"। (२) ए. कृ. को.-झुंठ।
(३) ए कृ. को.-लागे है। (४) मो.-मिरच चढ्ढे ज्यौं गज्जर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तूंअंनि राव मजाम। जिके रन अंगन जित्ता ॥
इन संभरिवै राव। कोड़ि सै सहस विघत्ता ॥
भेदयौ नहीं गुर अष्षरौ। कविय वयन संम्हौ सरै ॥
कर नहीं मंच बौछिय तनौं। घत्ते हथ्थ सप्पा हरै ॥ छं० ॥ ११०॥

जगदेव का चन्द का रूखा उत्तर सुन कर भीमदेव के पास फिर जाना।

दूहा ॥ सुनि सु बेंन जगदेव फिरि। कहि भोरा भीमंग ॥
आयौ नृप चहुआन सजि। हय गय भर चतुरंग ॥ छं० ॥ १११ ॥

पृथ्वीराज का निढ्ढुर को युद्ध का भार सौंपना।

कवित्त ॥ ढिग बुलाइ प्रथिराज। हथ्थ निड्ढुर कर धारिय ॥
सकल सूर सामंत। जुद्ध मग्गह अधिकारिय ॥
आदि राज पहु आदि। आदि सम जुद्ध समंडौ ॥
दैव काल संग्रहौ। बलह भारथ जिम पंडौ ॥
मन्नै अनन्य संसार सह। छिति छचिन महि छजत रज ॥
एकंग अंग जंगह अटल। करन जुरौ सामंत सज ॥ छं० ॥ ११२ ॥

निढ्ढुर का पृथ्वीराज को भरोसा देकर स्वामिधर्म की प्रशंसा करना।

कहि निभ्भर सामंत। जूह जंगन दल मंडन ॥
समर समै रति स्वामि। तनह तिनुका सम षंडन ॥
इक्क उभत जुध उद्व। इक्क गज दंत उषारहि ॥
इक कमंध उठि लरहि। इक्क रुधि बीर बकारहि ॥
संभरि नरिंद तुम संभरौ। धरिय उदर इम एह बल ॥
बड़ बंस अंस दानव [1]प्रबल। करहु मोह हम भाग बल ॥ छं० ॥११३॥

निढ्ढुर का कन्ह राय की प्रशंसा करना।

दूहा ॥ बालप्पन जोवन बिरध। [2]रन रत्तौ जोधार ॥
कन्ह दलन अरि मंडइय। नन तिरुका करि डार ॥ छं० ॥ ११४ ॥

(१) मो.-अचल। (२) ए. कृ. को.-नर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिन अंषिन भर पट रहै। सोइ छुट्टै है ठाम ॥
कै सज्या वामा रमत। कै छुट्टत संग्राम ॥ छं० ॥ ११५ ॥
जे बंके विरदन वहै। नरन नाह जग जप्प ॥
कै भारथ भीषम सुभट। कै रामायन कप्प ॥ छं० ॥ ११६ ॥

पृथ्वीराज का निढ्ढुर को मोती की माला पहनाना।

अमुल माल मुत्तिय सजल। मोल लष्य गुन मान ॥
अप उरते उत्तारि न्रप। दीनी निढ्ढुर दान ॥ छं० ॥ ११७ ॥

निढ्ढुर का सेना की तय्यारी करके स्वयं युद्ध के लिये तय्यार होना।

कवित्त ॥ हालाहल उर झाल। माल मुत्तिय दुति राजै ॥
रवि कंठह जनु गंग ॥ ईस जनु सीस विराजै ॥
सुभर निडर रट्ठौर। बज्जि नीसान गराजै ॥
जैसै बज्जत डंक। बीर बढ्ढत बल ताजै ॥
मंडई मरन मन अरि कलन। चलन चित्त मन अटल हुअ ॥
सब सेन मध्य इम राजई। षह मग्गह ज्यौं जानि धुअ ॥ छं० ॥ ११८ ॥

पृथ्वीराज का कन्ह को पवाई पहिनाना।

दूहा ॥ फुनि कन्हा प्रथिराज न्रप। (१)पाव पवंग परट्ठि ॥
लेइ नहीं मन संभ मल। निठ्ठ चढ़ाईय हट्ठि ॥ छं० ॥ ११९ ॥

कन्ह का युद्ध में अपने रहते हुए सोमेश्वर के मारे जाने पर पछतावा करना।

कन्ह कहै न्रप जंगल। मोहि सजीवन भिट्ठ ॥
सोम अरिन तन सद्दयौ। पंजर हंस न नट्ठ ॥ छं० ॥ १२० ॥

निढ्ढुर का कन्ह को संतोष दिला कर उत्साहित करना।

कवित्त ॥ एक समें सुग्रीव। चिया न रष्यिय अप्प बल ॥
एक समै द्रुज्जोध। करन रष्ये न जित्ति षल ॥

(१) ए. कृ. को.-पाट। (२) मो.-भीमंग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक समै श्री राम। सीय बनवास अरिन ग्रहि॥
एक समै पंडवन। चीर रष्यौ न द्रोपदह॥
तुम कन्ह कंक अकलंक कहि। इष्ट रूप हम सब जपहिं॥
तुम तेज अंषि देषत नयन। मोर अप्प सम भर जपहिं॥छं०॥१२१॥
दूहा॥ निद्दुर कन्ह प्रमोधि इम। सोलंकी सीमंग॥
सुनि आए धाए दुसह। दल दारुन भीमंग॥ छं०॥ १२२॥

सेना का सज कर आगे बढ़ना।

गाथा॥ जाइ संपते स्हरं। पट्टन सेनाय मंड भारथ्यं॥
तातं बैर प्रमानं। बट्टे बीराइ बीर षल याइं॥ छं०॥ १२३॥

चहुआन और चालुक्य की सेनाओं का परस्पर मुठभेड़ होना।

दूहा॥ दिषादिषी दुअ सेन भय। नारि गोर गहरानि॥
कुहकबान आघात उठि। उड़िय अग्गि असमान॥ छं०॥ १२४॥
अग्ग पच्छ बाजू बियन। दल मंडै दुअ राइ॥
तत्त तुरी जे तत भरे। असि कट्टै घन घाइ॥ छं०॥ १२५॥

भीमदेव के घोड़े की चंचलता का वर्णन।

कुंडलिया॥ फिरत तुरी चालुक्क रन। बर रष्पै चिहु कोंन॥
नस चंपै न सु ढिल्लवै। ज्यों बंदर को छोंन॥
ज्यों बंदर को छोंन। मुष्प भंजै नन षंचै॥
तेज तुरी नष्पते। जानि आसन मन संचै॥
राग समंचै बाग। सीर लष्पै पति हेरै॥
लिषिय चित्र असवार। मत्त मत्ते हय फेरै॥ छं०॥ १२६॥

दोनों सेनाओं का परस्पर एक दूसरे से भिड़ना और उनका विषम युद्ध।

दूहा॥ कढ़त बैर बंकम विषम। विषम ज्वाल छिति सार॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार सरीरन झेल नह। भए [1]निचिंत पहार ॥ छं० ॥ छं० ॥१२७॥

रसावला ॥ [2]मिले बीर भट्टं, सुरंग सुथट्टं। हवी हथ्थ छुट्टं, नरं स्हूर लुट्टं॥
छं० ॥ १२८ ॥

मनों लागि नट्टं, झरैं हड्ड फट्टं। मनों कढ [3]कंठ, बहै तेग तट्टं ॥
छं० ॥ १२९ ॥

मनों चट्ट पट्टं, सिरं गुर्ज फट्टं। फुटै दद्दि मट्टं, षगं गे उहट्टं ॥
छं० ॥ १३० ॥

परै सीस कट्टं, धपै लोह थट्टं। मुषं मार रट्टं, छुटी कन्ह पट्टं ॥
छं० ॥ १३१ ॥

अगी ज्यों लपट्टं, परै बट्ट बट्टं। धरा ज्यों रपट्टं, गजं दंत झट्टं ॥
छं० ॥ १३२ ॥

मनों कंद जट्टं, मिले बथ्थ चट्टं। मनों मल्ल हट्टं, गजं यों उहट्टं ॥
छं० ॥ १३३ ॥

मनों भीम हट्टं, ढहै ढाल बट्टं। मनों चट्ट अट्टं, लगौ तीर तट्टं ॥
छं० ॥ १३४ ॥

उरं फारि फट्टं, नचै ईस नट्टं। उमा अग्ग थट्टं, रुधं काल चट्टं ॥
छं० ॥ १३५ ॥

[4]धरं माल अट्टं, पलं गिद्धि गट्टं। लगै गैन घट्टं, बहै सुर्ग वट्टं ॥
छं० ॥ १३६ ॥

मगं मग्ग [5]थट्टं, मुकत्ती स लुट्टं। [6]रिनं षत्त फटं, ... ॥छं॥१३७॥

कन्हराय की पट्टी छूटना और वीर मकवाना से कन्ह का युद्ध होना।

दूहा ॥ पट्ट छुट्टत कन्ह चष। षल धारा धर बज्जि ॥
मानों मेघन मंडली। वीर बीजली रज्जि ॥ छं० ॥ १३८ ॥

कवित्त ॥ इत सु कन्ह चहुआन। उतह सारँग मकवाना ॥
बल बड्ढ बल बंड। जानि कंठीर लोहाना ॥

(१) मो.-तिचित्त। (२) मो.-जुंर। (३) ए. कृ. को. कढ्ढं।
(४) को.-वरं, मो.-रवं। (५) मो.-हट्टं। (६) मो.-रिषं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर कट्ठे करिवारि । भार ठिल्लिय भर भारी ॥
स्वामिधर्म सुद्दरै । बार द्दत्ती सु करारी ॥
लिष्ये जु अंक विधि कंक जिहि । आनि सपत्तिय सो घरिय ॥
अदभूत रुद्र रस विस्तऱ्यो । सु कविचंद छंदह धरिय ॥छं०॥१३९॥

मकवान का माराजाना ।

दूहा ॥ षत फट्टे सारंग ने । रस जम कन्हा वंत ॥
[1]झुक्कि पऱ्यौ मकवान रिन । गल गज्जे सामंत ॥ छं० ॥ १४० ॥

सामंतों का परक्रम और शूरवीर योद्धाओं की निरपेक्ष वीरता की प्रशंसा ।

रंडरि धर [2]सारंग की । परत पहुमि मकवान ॥
सूर सु गज्जै जंगली । भै भग्गौ अरियान ॥ छं० ॥ १४१ ॥
सिद्धि न लभ्भै सिद्धि जै । ते लद्धी सामंत ॥
छाया माया मोह बिन । विमन सुमन धावंत ॥ छं० ॥ १४२ ॥
कवित्त ॥ द्रुमति तजत बर अंत । रत्त चच्चर सी झारन ॥
अप्प अप्प संग्रहै । पार दुज्जनन उतारन ॥
सार सुगति संग्रहै । जियन सुपनौ करि जानै ॥
राति दिष्षि जंजाल । प्रात पीछे न पछानैं ॥
यों जानि सूर सद्दत रनह । बन सु अग्गि जनु वाय बसि ॥
स्वामित्त तेज तिम तन तपन । दोष न लग्गे जीर जस ॥छं०॥१४३॥
गाथा ॥ उठ्ठय आवत झारं । धारं पाहार पंति सुभटायं ॥
घहर घोष घन भट्टं । यों बरषंत बीर बंकायं ॥ छं० ॥ १४४ ॥
दूहा ॥ बहुरि न हंसा पंजरह । जे पंजर तुटि धार ॥
हंस उड़ा जब [3]नट्टथीं । पंजर सार असार ॥ छं० ॥ १४५ ॥
कवित्त ॥ पहर एक भर भरह । टोप असिवर वर बज्जिय ॥
बषर पषर जिन साल । सूर सामंत न भज्जिय ॥

(१) मो.-झुझ्झि । (२) ए. कृ. को.-चालूक ।
(३) ए. कृ. को.-लट्टथी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हय हय हय उच्चार। घाय घायल घट गज्जिय ॥
चह चह चबंक बजिय। तुट्टि पाइक बिन तज्जिय ॥
रोस रसि वसिय सामँत रसिय। अयुत युद्ध उद्वह गतिय ॥
सामंत सूर दिसि सुर लरत। कहत धन्य राजन रतिय ॥छं०॥१४६॥

रणक्षेत्र की सरित सरिताओं से उपमा वर्णन।

गाथा ॥ साभर मती सरित्तं। गुज्जर पंडेव धार धारायं ॥
दुश्र तद रुधिर उपट्टं। वहै प्रवाह हथ्थियं बाजं ॥ छं० ॥ १४७ ॥

दूहा ॥ हथ्थि वाजि नर भर बहत। सिंघनि धुनि गरजंत ॥
एक घरी अदभूत रस। रुद्र भयो विसमंत ॥ छं० ॥ १४८ ॥

मोतीदाम ॥ मिले चहुआन सु सत्तय बीर। तजै भव मोह भजै षग श्रीर॥
झरै सिर झार दुधार प्रवाह। परें रन में ज्युँ मदंध गवार ॥
छं० ॥ १४९ ॥
उठै धर श्रोनिय छिंछ उतंग। सु पावक ज्वाल मनों गिरि शृंग ॥
उड़ै घन सार झनंकत षग्ग। मनों जुग जुग्गिनि लग्गिय मग्ग ॥
छं० ॥ १५० ॥
भनंत कि भौंर कि तीरन तार। विठं तजि पंकज फुट्टत फार ॥
परे बहु पंतिय सोलंक सेन। लियौ तिन तात सुबैर बलेन ॥
छं० ॥ १५१ ॥
इसे रन रंग सुभैत सुढार। मनों मय मत्त परे बिकरार ॥
छुटंतय तीर सुभंत सुमार। उड़ै जनु झिंगन भद्दव पार ॥छं०॥१५२
[1]दमंकत तेज सु बंकिय बज्जि। रहै रन राज फवज्ज सु सज्ज ॥
॥ छं० ॥ १५३ ॥

प्रसंगराय खीची का पराक्रम वर्णन।

कवित्त ॥ षिझि षीची परसंग। समुद अरि ग्रहन कि गस्सिय ॥
बड़वानल वलिबंड। षग्ग षोहनि दल षस्सिय ॥
बढ़त सेन तेइ जरहि। पढ़त जनु भस्म कुढ़ी हुय ॥

(१) ए. कृ. को.-मदंकत।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जहं तहं जंगल सूर। कढ्ढि सुष सकै न आन कुय॥
कर पच मंच जुग्गिनि जगहि। रजि पलहारिय पुट्ठ विन॥
चमरैत बैत जनु किंसु बन। इम तन रज्जिय सोभ तिन॥छं०॥१५४॥
षिझ्झि नरिंद हय नंषि। बज्जि षुरतार कंपि भुअ॥
अष्ठ सु चल [1]दस विचल। कंपि संपात पात हुअ॥
उठिय [2]मुष्प मुछ बंक। सीस लग्गौ असमानं॥
पंषि जान पावै न। करहि कुंडल कंमानं॥
घरि एक घावि विभ्रम भयौ। हाइ हाइ मच्चौ कलह॥
तिन सद्द सिंभ सिंभासनह। उघरि बीर दिष्षौ पलह॥छं०॥१५५॥
गाथा॥ यों कुट्टे सुर सारं। घावं घड़य घन सु लोहारं॥
भद्रं सूर प्रकारं। आभद्रं द्रुज्जनो ग्रेहं॥ छं०॥ १५६॥

भीमदेव की फौज का विचलना।

साटक॥ आभद्रं बर ग्रेह दुज्जन वरं, भद्रं न्वपं राजयं।
जे भग्गा सामंत बीर बसुधा, तत्तेव जीवंतयं॥
भग्गा सनेय बीर चालुक रनं, मुत्ती वरं मुक्कयं॥
अंती अंत सु अंत अंतरु [3]रतं, जुत्ती तुमंतं करी॥ छं०॥ १५७॥

शूरवीर पुरुषों के पराक्रम की प्रशंसा।

दूहा॥ काल व्याल सम कर ग्रहन। भिरत परत अरि तथ्य॥
दिव देवासुर उच्चरै। धन्न सु छचिय हथ्य॥ छं०॥ १५८॥
सूर हथ्य हथ्यिय ग्रहिग। चरत भान आनंद॥
सूरज मंडल [4]भेदिते। जोति जगत्ति न इंद॥ छं०॥ १५९॥
घट [5]घट्टै लुट्टै मुगति। छिति छुट्टै रति चाव॥
यों मत मत्ते रत्त रन। ज्यों बलि वावन पाव॥ छं०॥ १६०॥
गाथा॥ वामन दिठ्ठ सु पावं। ईसं जच्चि मुर्वीयं सहयं॥
एकक पाइक सूरं। सो जित्ते तीनयं लोकं॥ छं०॥ १६१॥

(१) ए. कृ. को.-दल। (२) ए. कृ. को.-मुछछ भुव। (३) मो.-रन।
(४) मो.-मोदिकै। (५) मो.-घुटै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वामिधम्म सुध मत्तं । सुधयं मत्ताइ तत्त गुनयं मो ॥
धीरं धीर अधीरं । धीरं छुट्टेव हथ्थयं दिघ्घं ॥ छं० ॥ १६२ ॥

परस्पर घमसान युद्ध का दृश्य वर्णन ।

चोटक ॥ सुमिले चहुआन चलुक्क अनी । जु [1]बजे जनु देवय दिव्य धुनी ॥
रनकावत षग्गत हथ्थ करैं । मनु बीर जगावत बीर उरैं ॥
छं० ॥ १६३ ॥

गहि चच्चरसी चवरंग रजं । मनों भद्दव बद्दल मद्द गजं ॥
सपरै गज कंक करंन भरं । सु उड़ै जनु पंतिय पंष भरं ॥
छं० ॥ ॥ १६४ ॥

भननंकय बीरति बीर सयं । स नचै जनु रुद्रय बीर हयं ॥
ततथे ततथुंगय सार रजी । उड़ि काम किरच्चिन मंत गजी ॥
छं० ॥ १६५ ॥

पल में पल वित्तय पंच उड़ै । बहु-यौ नन कालय बीर बुड़ै ॥
मसुरत्ति सरत्ति सरत्त रसौ । सु उड़ै जनु सार सपत्ति बसौ ॥
छं० ॥ १६६ ॥

मय मंत सु मंति न दंति यता । भजि बीर डरावन साज हिता ॥
रननंकत तुंग तुरंग रनं । झननंकहि षग्ग सुमग्ग घनं ॥
छं० ॥ १६७ ॥

दुअ बीर दुहाइय हथ्थ पढ़ैं । सु बढ़ै तनु विज्जुल हथ्थ कढ़ै ॥
॥ छं० ॥ १६८ ॥

दूहा ॥ बढ़ि विज्जल सथ हत्ति कर । गुर घर घंमति वाउ ॥
देव दिषै देवत रिझै । धनि सामंत सु घाउ ॥ छं० ॥ १६९ ॥

कवि का कहना कि कायर पुरुषों की अपगति होती है ।

गाथा ॥ तब कैमास सु जुद्धं । बुधं किन्न तौनयो वारं ॥
आवत्त हत्तिय चायं । न चायं नेह नारियं बीरं ॥ छं० ॥ १७० ॥
बंचै मुगत्ति [2]न बंचै । बंचै स्वामित्त जुद्धनो बरयं ॥
सा घट घट भौ थिरयं । जंगम जुक्काय थावरं बीरं ॥ छं० ॥ १७१ ॥

(१) मो.-वने । (२) मो.-सु ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौपाइ ॥ थिर थावर जंगम नह बीरं । बज्रंगी धर बज्र सरीरं ॥
बज्र घाइ आघात न छुट्टै । फिरि फिरि मुक्त रास करि लुट्टै ॥
छं० ॥ १७२ ॥

दूहा ॥ ढाहि सेन चालूक बर । घटिय सेन चहुआन ॥
दुहुं मझ्झै कोविद्द ज्यौं । धर छंडै नह थान ॥ छं० ॥ १७३ ॥

चौपाइ ॥ धूअ धूअ थानय नन छंडै । भान संझ संझ्या गुन षंडै ॥
कैबर रत्त अट्टत्तत चाई । कैवर सूर परे घन घाई ॥ छं० ॥ १७४ ॥

दूहा ॥ बजहि घाव घरियार जिम । राइन दोऊ सेंन ॥
चालुक्कह चोहान रिन । भयौ भयानक गैंन ॥ छं० ॥ १७५ ॥

पृथ्वीराज और भीमदेव का साम्हना होना और कन्ह का भीमदेव को मार गिराना ।

मोतीदाम ॥ मिले रिन चालुक संभरिनाथ । बजी कल कूह सु बज्जन हाथ ॥
ढहै गज गुंजत रोस चिकार । परें हय तुट्टि अदभ्भुत रारि ॥
छं० ॥ १७६ ॥

जहां तहां संग फुटै धर पार । बहै सर स्रोन कि जावक धार ॥
भई सिर छाह कमानन तीर । फुटै धर पंजर धुक्कि गहीर ॥
छं० ॥ १७७ ॥

भयानक भेष भयं असकंक । थलप्पल रुद्रि मची जनु पंक ॥
अदभ्भुत कंक विरच्चिय बीर । कढ़ी अस कोह भरक्किय भीर ॥
छं० ॥ १७८ ॥

उतें न्रप भीम इतें [1]चहुआन । गही कर नागनि सी असि [2]पान ॥
[3]घनद्दिन भीम रह्यौ घट जंत । सु आनि कें आज [4]पहूंचिय अंत ॥
छं० ॥ १७९ ॥

करौं धर रंडरि गुज्जर देस । हकारिय भीम भयानक भेस ॥
हहंकिय भीम न पावहि जानि । [5]बिठाउन सोमह सुर्ग ढिगान ॥
छं० ॥ १८० ॥

(१) ए. कृ. को.-प्राथिराज । (२) ए. कृ. को.-साज ।
(३) ए. कृ.को--घनद्दन । (४) मो--सिपंत । (५) मो.-वैठे ऊत ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पचारिय कन्ह सु पिथ्थ पछाय। हनै किन स्हरन निक्करि जाइ॥
कियं सुनि घाव सु संभरि वार। वही अस कंध जनेउ उतारि॥
छं०॥ १८१॥

धुकंत सु घाव कियौ भर भीम। सु रेंषसि सेष बही असि हीम॥
जयं जय जंपय देव दिवान। रही घर अच्छरि अच्छ विमान॥
छं०॥ १८२॥

धरें सिर राजन अंमर फूल। परी सुनि चालुक सेनह झूलि॥
जितं तित उट्ठहिं छिंछ अनंत। निपज्जिय षेत प्रवालिय [1]भंत॥
छं०॥ १८३॥

जितं तित हक्कत सीस धरंन। भयानक भेष बकंत बरन्न॥
कमंध करंत जितंतित घाइ। हनंत फरंत कि भूत बिलाइ॥
छं०॥ १८४॥

जितं तित घाइल घूमत सार। [2]रनंकिन छक्कि कि छक्कि गमार॥
जितं तित तर्फत लुथ्थि चिहार। [3]जलं मझ्झि डारि कै मीन कहार॥
छं०॥ १८५॥

जितं तित हथ्थिय लुट्टत भूमि। रची जनु भीम भयानक भूमि॥
जितं तित घाइल पारत चीस। लरै जनु प्रेत करी कल रीस॥
छं०॥ १८६॥

जितं तित श्रोन भभक्कत घाइ। फटै जनु नाव दऱ्याव मझ्झाइ॥
भयं इम भीम भयानक अंत। सु बैठि विमान सुरप्पुर जंत॥
छं०॥ १८७॥

भई रिन जीति जयं प्रथिराज। बजे रनयंच सबद्दय बाज॥
जपै सुर चारन गंध्रब भाट। मिले सब आनि फवज्जनि थाट॥
छं०॥ १८८॥

जयं जय सद्द सु जंपिय भेव। झरै सिर पुप्फ सु अंबर केव॥
॥ छं०॥ १८९॥

(१) मो.-नंत। (२) ए. कृ. को.-रनंमाने। (३) मो.-लठं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कन्ह की तलवार की प्रशंसा।

कवित्त ॥ सिलह मझ्झ षग धार। बीय उग्यौ ससि सोभै ॥
कै नव बधु नष षित्त। काम आकार अलोभै ॥
मरम बीर कत्तरी। दिसा वर तिलक पुब्ब बर ॥
कै कुंची शृंगार। बहुरि सोभै ओपम धर ॥
सोभंत चंद की कला नभ। कल कलंक सोभै न तन ॥
ढुंब्यौ जु षेत सामंत नैं। बुझ्यौ राज तामंस मन ॥ छं० ॥ १९० ॥

चहुआन का पितृ वैर बदलने पर कवि का बधाई देना।

दूहा ॥ लियौ बैर चहुआन नृप। बजि निरघोष सु घाव ॥
चावद्दिसि सेना फिरी। बर बीरां रस चाव ॥ छं० ॥ १९१ ॥

पृथ्वीराज के सामंतो की प्रशंसा।

बीरां रस बर बढ़िय भर। घट्टिय घट तन पंत ॥
जंम तजत जोगिनि सुजस। धनि सामंत सु मंति ॥ छं० ॥ १९२ ॥
गाथा ॥ लज्जी कज्ज मरिज्जैं। उदरं हत्त घाव घन घड़यं ॥
कठिन कष्य कलहंतं। मरनं पच्छ निपज्जै साइं ॥ छं० ॥ १९३ ॥
गरजि तबै वेतालं। रन रंगेव रचियं काली ॥
पलहारी पल पूरं। हूरं हूर बरन बरनाई ॥ छं० ॥ १९४ ॥

सायंकाल के समय युद्ध का बंद होना।

संझ सपत्तय हूरं। भेषं भयान भंतियं कूरं ॥
करुन बीर रस पूरं। नूरं दुअ सेन दिष्षाइं ॥ छं० ॥ १९५ ॥
दूहा ॥ राति रहे तिन रनह मैं। सब सामंत [1]षट हूर ॥
धाइ रहै घट घाइ सों। भयौ प्रात बर नूर ॥ छं० ॥ १९६ ॥

प्रभात समय की शोभा वर्णन।

कवित्त ॥ निस सुमाय सत पच। मुक्कि अलि [2]भ्रम तक सारस ॥
[3]गय तारक फटि तिमर। चंद भग्यौ गुन पारस ॥

(१) ए. कृ. को.-सत। (२) ए. कृ. को.-भ्रमन। (३) ए. कृ. को.-गंत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देव क्रम्म उघघरहि। बीर बर क्रम्म सुनिज्जह॥
सोर चक्र तिय तजिय। नयन घुघघू रस भिज्जह॥
पहु फट्टि फट्टि गय तिमर नभ। बजिग देव धुनि संष धुर॥
भय भान पनान न उघऱ्यौ। करहि [1]रोर द्रुम पष्प तर॥छं०॥१९७॥
सरद इंद प्रतिव्यंब। तिमर तोरन किरनिय तम॥
उग्गि किरन वर भान। देव बंदहि सु सेव क्रम॥
कमल पानि सारथ्थ। अरुन संभारति रष्षै॥
जमुन तात जम तात। करन कंचन कर बरषै॥
ग्रीषम जवास बंध्यौ कमुद। अरुन बरुन तारक चसहि॥
सामंत सूर दरसन दिषिय। पाप धरम तन बसि लसहि॥छं०॥१९८॥
मुरिल्ल॥ के विगया महि मंडल सूरं। षग षंडे बर बीर सपूरं॥
हनिग राव भीमंग सु हथ्थं। बढ्ढी किति जिति मनमथ्थं॥
छं०॥ १९९॥

रणक्षेत्र की सफाई होकर लाशें ढूंढ़ी गईं।

कवित्त॥ भिरिग सूर सामंत। लुथ्थि पर लुथ्थि अहुट्टिय॥
सघन घाव पम्मार। बीर बीरां रस जुट्टिय॥
[2]बढ़वि सेन दोउ बीर। षेत ढुंढ्यौ न बीर दुहुं॥
उतर भुम्मि भारथ्थ। सार नंष्यौति सार मुह॥
बय ध्यान मान सम स्याम दिष। किय कीरत्ति अचल कलह॥
सामंत सूर सम सूरतन। कवि सु चंद जंपै बलह॥ छं०॥ २००॥

युद्ध में मरे हुए सूरवीर और हाथी घोड़ों की संख्या।

डेढ हजार तुरंग। परे रन बीर बीर भट॥
अड्ड सहस हथ्थी प्रमान। आरुहिय मेघ घट॥
पंच सहस षरि लुथ्थि। दंत सों अंत अलुझिझय॥
दइय काल संग्रहै। लिषे बिन कोइ न भुझिझय॥
दै घरी श्रोन बरषंत धर। पति पहार घर डोलयौ॥
सामंत सूर स्वामित्त पति। जीभ चंद जस बोलयौ॥ छं०॥ २०१॥

(१) ए. कृ. को.-रोम। (२) ए. कृ. को.-चढ़वि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संसार की असारता का वर्णन।

है संसार प्रमान। सुपन सोभै सु वस्त सब॥
दिष्टमान बिनसिहै। मोह बंध्यौ सु काल अब॥
काल सत्य षट्टीक। आज बंध्यौ नर ग्रेही॥
दया देह संभवै। दया बंधै तिन देही॥
सामंत सूर साध्रम्म धनि। सज्जिय भज्जिय जानियै॥
संसार असत आसत्त गति। इहै तत्त करि मानियै॥ छं०॥ २०२॥

दूहा॥ बँध्यौ भीम जब राज प्रथि। बैर लियौ षगबाहि॥
दोहित संजम सूर कौ। कीनौ कचरा राइ॥ छं०॥ २०३॥

दस बंदर कचरा दिये। दियौ चमर छत्र साज॥
चौरासी बंदर महै। और रषै प्रथिराज॥ छं०॥ २०४॥

भोम दई दीनों तिलक। लीनो कचरा संग॥
*प्रथीराज दिल्ली चले। काढ़ि बैर अनभंग॥ छं०॥ २०५॥

गुजरात पर चढ़ाई करके एक मास में पृथ्वीराज का दिल्ली को वापिस आना।

कवित्त॥ तात बैर संग्रह्यौ। जीति जैपत्त सु लिन्नौ॥
ढीली पत्तौ राज। कित्ति संसार स भिन्नौ॥
न्त्रिप संधव (१)सो उदर। सोइ सामंतनि रष्षिय॥
एक (२)मग्ग उग्रहै। एक मग्गह रस भष्षिय॥
पंचमी दिबस रवि वार बर। इंद्र जोग तहां बरति तिय॥
दिन चढ़ै राज प्रथिराज जय। जै हय गय नर भर समय॥छं०॥२०६॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके भोलाराय भीमंग बधो नाम चौवालीसमो प्रस्ताव संपूर्णम्॥ ४४॥

*छन्द २०३ से २०५ तक मो.-प्रति में नहीं है।

(१) मो.-जो। (२) ए. कृ. को.-मया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथसंयोगिता पूर्व जन्म प्रस्ताव लिष्यते ॥

(पैंतालिसवां समय।)

पृथ्वी का इन्द्र प्रति वचन ।

दूहा ॥ कहै चंडि सुरपति सुनहि । धरनि [1]अघावहु लोहि ॥
रामाइन भारथ्थ [2]छुध । रही निहारै तोहि ॥ छं० ॥ १ ॥

इन्द्र का उत्तर देना ।

कवित्त ॥ [3]सा वसुमति बर चवै । सुनहु बर चंड दंड सुर ॥
रामायन रन वद्द । राम रावेन भान [4]भुर ॥
[5]धर मुष्षै क्यों [6]रहै । कहन हर हार तार गर ॥
ह्वर समर सुर धष्षि । अष्षि जन पष्षि तष्षि कर ॥
धक धार सार करिवार कर । मार मार मुष उच्चरिय ॥
असुचर अचंभ चव मंस चर । रुधिर केम अचिपत परिय ॥छं०॥२॥

दूहा ॥ कर जोरैं सुर राज सों । कहत असंभम बात ॥
कोपि गोप उरगनि गरति । कीन श्रोन आघात ॥ छं० ॥ ३ ॥

तदनुसार राम रावण युद्ध ।

सिर स्यंदन लोचन अलग । घोरन अनि जग घोर ॥
बरषि बीर रस बहुल सर । सोसि सार रत धोर ॥ छं० ॥ ४ ॥

राम रावण युद्ध का आतंक ।

हनूफाल ॥ हक हक्कि देव अदेव । धर कंपि धर धरकेव ॥
पिठ कमठ कट्ठ करुर । अत कजत काइर नूर ॥ छं० ॥ ५ ॥

---

(१) मो.-अवावहि । (२) मो.-वृध । (३) मो.-सच्च सुमति ।
(४) मो.-सुर । (५) मो.- तुम । (६) मो.-रहौं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बलि मध्य बीर करूर । जग षग्ग लग्गि [1]गरूर ॥
पथ पथ्य अंमर हूर । दह दिग्ग सुष्षम [2]नूर ॥ छं० ॥ ६ ॥
चवअंत अंत नमंत । छुय लोक चामर जंत ॥
बिम्मान [3]मानिय रूढ़ । [4]अंबरन रचिय गूढ़ ॥ छं० ॥ ७ ॥
छत [5]बिछति [6]रघु लछिराय । रथ निगछ सुर हय चाय ॥
भाल भयंक जाम अतंक । सेन सु भूमि सेन पतंक ॥ छं० ॥ ८ ॥
बातन तात तेज अपान । उपट उपट्टि दीन सु घान ॥
लगि रघुपग्ग अंग उतंग । गो परिवान दग्गि पतंग ॥ छं० ॥ ९ ॥
सुर सुर राज सोच दिवांन । जय जय अच्छि कच्छि बिमान ॥
॥ छं० ॥ १० ॥

मुरिल्ल ॥ अंमर जय जय सद्दिय अंमर । रेनि ऐनि अक बद्दिय संमर ॥
संमर अंमर [7]कौतिक जच्छिन । छाय छलं छिति भद्र सु पच्छनि ॥
छं० ॥ ११ ॥

गीता मालची ॥ सुमिरंत सुमिरिय मंच मूरध उरध हंकह धक्कयं ॥
* किल किलकि दनुज कि यच्छ भूत कि जलकि किल्लय कल्लयं ॥
बक [8]बकय डोंरू डमर अंमर चमर बपुअस पंगुरं ॥
झलमलत भाल बिसाल बिधु बर अंब रालक अंमरं ॥ छं० ॥ १२ ॥
जट बिकट तट जल उछ्रत हलि हलि प्रजलि नलिनिय चच्छयं ॥
[9]चव अग्ग सट्ठिय चवति चवदिसि पत्त जोगिनि कच्छयं ॥
भुअ इंद जीति सभीति ह्वै अरि अभै लच्छिन जाइयं ॥
उड़ि अस्त्र अंग सु सस्त्र निसजर गिरित गिरधर छाइयं ॥ छं० ॥ १३ ॥
बिनि रंग अच्छरि व्योम व्योमनि ताल बाल बितालयं ॥
सुर श्रवत श्रम जल चवत संमर पानि अंजुल मालयं ॥
छं० ॥ १४ ॥

(१) ए. कृ. को.-करूर । (२) ए. कृ. को.-तूर । (३) मो.-मानिन ।
(४) ए. कृ. को.-अंमरन । (५) ए. कृ. को.-बिछकि ।
(६) ए.-रघु । (७) ए. कृ. को.-कौतक ।
* मो.-किल किलकि दनुज कि दनुज कि जल के किलयति कल्लयं ।
(८) ए. कृ. को.-बहुय । (९) ए..अब ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ पजलिंदग चवरंग। छत्त रत छिंछ छाइ भर ॥
अग्ग रित्ति रिति राइ। चाइ नक कोप रंग बर ॥
निसचर बन चर चमर। अरिन लग्गे अरि [1]धाइन ॥
जुत्त तत्त करि सीस। पाइ कर कंजन छाइन ॥
अरि इंद्रजीत भय भीत ह्वै। भूत भंति तंडव चरनि ॥
किल किलकि अमर अंजुल पहुय। लच्छि राइ मूरध धरनि ॥
छं० ॥ १५ ॥

ऊधो ॥ चढ़ि [2]चढ़ि गूढ़ मंच अमंच। हक्कि सु हक चक्रिय वंत ॥
नत नुत्त चाप सु इष्ष। सरसाइ भू भरतिष्ष ॥ छं० ॥ १६ ॥
देह तिस्हल सेल [3]सबान। बलि मुष उरवि सेज सजान ॥
वेस निसंक स्यंदन रूढ़। वंकवि कूल रासिव स्हढ़ ॥ छं० ॥ १७ ॥
कंपिय कोपि कंप करूर। नागति गोपि गरनि गरूर ॥
अनुचित लच्छि रघुपति चेत। किंनर नाद नारद केत ॥छं०॥१८॥
फिरि परदच्छि दच्छिन देव। त्रिभुवन स्वामि अमित अनेव ॥
हरि हर हर न होरन ताप। निकट निकंठ काटत जाप ॥छं०॥१९॥
आसन असन अनल [4]गरूत। रघुपत्ति रघुकुल धूत ॥
धारत धरनि धारनि हेत। सोपन करहु घोरन चेत ॥ छं० ॥ २० ॥
राघव धरन [5]प्रषन प्रचाल। षग सुर गवन कित्ती काल ॥
तजि [6]भज्जि अहि गन बान। जय जय चवत सेवग यान ॥छं०॥२१॥

दूहा ॥ तजी तूझ भजि भजि सरै। भजि भजि रघुपति रूढ़ ॥
गोप गोप गर गर [7]गरनि। छिन इक गुनपति गूढ़ ॥ छं० ॥ २२ ॥

कवित्त ॥ [8]निसि निसंक स्यंदन सु। वंक कल कंक तंग लुपि ॥
चढ़िय देव मंडल मरुत्त। आवन्न धूप धुपि ॥
कृष्ष गोप गहि गोप। डारि ऊरन्न अंग लगि ॥

(१) ए. को.-धाइय, छाइय। (२) मो.-चढ़ि। (३) ए. कृ. को.-तिवान।
(४) मो. गत रूत। (५) ए. कृ. को.-प्रसन।
(६) ए. कृ. को.-भाति। (७) मो.-सिरनि।
(८) मो.-निकसि संक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाष साष म्रग मंकु। सेन भुमि सेन प्रान दगि ॥
जय जयति सद्द नारद चवत। कर किन्नर तारच्छि भजि ॥
तजि पासि पास तन दर बिकर। कहि रघुपति [1]जम भ्रित्त रजि ॥
छं० ॥ २३ ॥

मेघनाद और कुम्भकर्ण का युद्ध वर्णन ।

दूहा ॥ भज्जि ताप तन मानि मन। बाल व्याल उड़ि सेन ॥
सोषि स्रोन तद्दिन सरनि। रह्यौ राज बिनु चेन ॥ छं० ॥ २४ ॥
लच्छि राइ भर पंच मिलि। मंडि सरस धनुबान ॥
इंद्रजीत भर अवनि परि। छयौ अमर असमान ॥ छं० ॥ २५ ॥
हय बज्जी दस मुष दरनि। भय मंदोदरि बाम ॥
जाइ जगावहु कुंभ कहुं। हनै रिपुन घन जाम ॥ छं० ॥ २६ ॥
उठ्यौ कुंभ अवनी सु रर। करि जग्गत घन रीस ॥
सुर किंनर धुनि सबद बर। पिष्षहु पग्गन सीस ॥ छं० ॥ २७ ॥

गाथा ॥ दानं प्रमद प्रमादं। परयं भर कुंभ बद्धि लासायं ॥
सम गुच्छन धर धारं। चढ़ि चढ़ि अटन रटन [2]रित जेयं ॥
छं० ॥ २८ ॥

विज्जुमाल ॥ किलकि किलकि कूक। बज्ज दनु गन्न भूक ॥
तजि बद्द बध्धन थूर। भज्जि सुरगन भूर ॥ छं० ॥ २९ ॥
कहकि कुंभ कनंक। चिहूं दिग्ग बर नंक ॥
मुरि [3]मुरि मेर षंड। जुर छरि जूर मंडि ॥ छं० ॥ ३० ॥
रन रेन छय स्हूर। मिल कहक वित्तूर ॥
दह दिग्ग जगि अग्ग। बर मंस रम लग्ग ॥ छं० ॥ ३१ ॥
नचि नचि भय भूत। रमत सुरेस स्हूत ॥
चव चव [4]सद्धि ताल। भवति भल कराल ॥ छं० ॥ ३२ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-जुम। (२) ए. कृ. को.-जित।
(३) ए. कृ. को.-मर। (४) ए. कृ. को.-साद्धि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[१]कुपित कुंभक रष्षि। गरुअ गड्ढ गरषि॥
थेइ थेइ पुर नाद। वितल उचित माद॥ छं०॥ ३३॥
प्रगटि [२]दानव दल। प्रलय सम अस मल॥
गहबर धुन पान। रोस रघु असमान॥ छं०॥ ३४॥
रिन तत नित्त पंच। तनकि तनकि रंच॥
उड़ि भर भुज भूर। तरसि [३]मष वतूर॥ छं०॥ ३५॥
पच्छ छिन छिनकंन। करि रघुराय रंन॥
ऊरध भूरध षंड। मरि कुंभ राइ दंड॥ छं०॥ ३६॥
समर अंमर ऐन। अवत चवत चैन॥ छं०॥ ३७॥

दूहा॥ पऱ्यौ कुंभ धरनी सु धर। षंड षंड तन तेह॥
मानौं प्रबल सनूर ढरि। चढ़ि पंछी नल छेह॥ छं०॥ ३८॥
सजि डंबर घन सीस पर। सज स्यंदन [४]षर षेह॥
चढ़ि दससिर रघुपति विहसि। रहसि बढ़ी रन केह॥ छं०॥ ३९॥
हल हल सेनन चर चरन। उड़ि आडंबर धूरि॥
बजे तूर बनचर चमू। देव पंचजन पूर॥ छं०॥ ४०॥

राम रावण का युद्ध।

गीतामालची॥ मौसद्द नद्दि निसान स्यंदन सेन अंकुरि सेनयं॥
झिलि रहसि रघुपति राइ रावन गज्जि आनक ऐनयं॥
थिर भान व्योम विमान निज्जर जच्छि रच्छिन अच्छनी॥
[५]नग नाग नागिनि पच षचन मत्त मत्तन [६]वच्छनी॥ छं०॥ ४१॥
किल किलक काल विताल मालनि व्याल जालन तंडवं॥
डव डवरू डोरुँअ करह किन्नर करत कुंडल षंडवं॥
मिलि दैत्य वंस अदैत्य अंसह संधि सिंधुर नद्दयं॥
गन गिद्धि अंबर छाइ पच्छिन डंकि डंकि नरद्दयं॥ छं०॥ ४२॥
तन तुनकि चामर चाप चंपिय ताप कंपिय तिप्पुरं॥

(१) मो.-कुपित। (२) ए. कृ. को.-दानव। (३) मो.-सम चल नूर।
(४) ए. कृ. को.-षन। (५) ए. कृ. को.-गन।
(६) ए. कृ. को.-चच्छनी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर तरकि चिक्कुट चक्र चक्रिय धक्क पंक्रिय ईसुरं ॥
उड़ि चक्र स्यंदन चूर चामर षेर चच्चर षंडयं ॥
दानव दुरासय पलं आसय समर घन बर मंडयं ॥ छं० ॥ ४३ ॥
धुर सेत पीत सुरंग [1]सातक स्रोन नील अकासयं ॥
जनु जून वृज भूभंति अंतर पत्त रिति निल तासयं ॥
परि सूर सुरगन चवत जय सुर अंचि कर मुकतामरं ॥
बढ़ि कंध दस कुल पित्त षंचर बढ्ढि बर रन [2]धूमरं ॥ छं० ॥ ४४ ॥
गिरि गिरिन दस ग्रव सोषि सर खिग रह्यौ राज अभष्षयं ॥
सुरपत्ति मुष अग मंडि जंपिय राम रावन कथ्थयं ॥ छं० ॥ ४५ ॥

रामचन्द्र जी की उदारता।

दूहा॥ चवत राज सुरराज सौं। इह रघुकुल ब्यौहार ॥
लेत लंक छिन इक लगी। देत न लग्गी बार ॥ छं० ॥ ४६ ॥
कहै देवि सुर देव सौं। लंक भभीषन अप्पि ॥
रघुपति से सांई सिरह। तूं किम रही अधप्प ॥ छं० ॥ ४७ ॥

इन्द्र का वचन।

घन तोमर अरि दल अलय। सस्त्र सस्त्र बर मंच ॥
तिन रत चपत न छिन भई। ढबि ढुरि ढुंढि भ्रमंत ॥ छं० ॥ ४८ ॥
अब कनवज दिल्ली बयर। दलन दुअन बड़ षेद ॥
रुंड मुंड षंडन षलन। विधि बंधी बदि बेद ॥ छं० ॥ ४९ ॥
चंडि बरन पुज्जाइ चिष। मंडि मुंड डर माल ॥
जो कनवज दिल्लिय बयर। भरहि पच रज बाल ॥ छं० ॥ ५० ॥

इन्द्र का एक गंधर्व को आज्ञा देना कि वह पृथ्वीराज और जयचन्द में शत्रुता का सूत्र डाले।

कवित्त॥ मति प्रधान गंधर्ब। देव दिव राज बुलायौ ॥
कलह करौ भारथ्थ। मत्ति अप्पनी बढ़ायौ ॥
भूमि भार उत्तार। कलह कित्तिय विस्तारौ ॥

(१) ए. कृ. को.-सायक। (२) ए. कृ. को.-धीमरं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहुआन कमधज्ज । बीर बिग्रह जग्गारौ ॥
करि कीर रुप कनवज गयौ । उभय दिवस दिष्षिय पुरिय ॥
बंभनिय मदन अंगन सु तरु। निसि निवास तहां उत्तरिय ॥
छं० ॥ ५१ ॥

कन्नौज की शोभा वर्णन ।

श्लोक ॥ सतयुगे काशिकादुर्गे । त्रेतायां च अयोध्यया ॥
द्वापरे हस्तिनावासं । कलौ कनवज्जका पुरी ॥ छं० ॥ ५२ ॥

गंधर्व की स्त्री का उससे संयोग के पूर्व जन्म की कथा पूछना ।

दूहा ॥ गंध्रव त्रिय प्रिय पुच्छि [1]बर । नाथ कथा समुझाय ॥
संजोगिय अवतार कहि । न्रप ग्रह ज्यों [2]जमि आइ ॥ छं० ॥ ५३ ॥

गंधर्व का उत्तर देना कि वह पूर्व जन्म की अप्सरा है ।

राज पुत्रि उतपत्त सुनि । इह अप्छरि अवतार ॥
[3]सुमन श्राप म्रत लोक महिं । हूरन करन संहार ॥ छं० ॥ ५४ ॥

कविचंद का अपनी स्त्री से संयोगिता के जन्मान्तर में शापित होने की कथा कहना ।

सुकी सुनै सुक उच्चरै । पुब्ब [4]संजोय प्रताप ॥
जिहि छर अच्छर मुनि छर्‍यौ । जिन त्रिय भयौ सराप ॥छं०॥५५॥

शिव स्थान पर ऋषि की तपस्या का वर्णन ।

चोपाई ॥ जटा बीर शंकर सिव थानं । गिरिजा गहिर गंग परिमानं॥
साधत रिष्षि तहां जर नाम । गइ दस इंद्र हन्यौ तिन कामं ॥
छं० ॥ ५६ ॥

श्लोक ॥ त्वचा इन्द्रिय नेत्रस्य, नासा कर्णय जिह्वया ॥
हृदय जंघ सुमासश्च, दस इन्द्रिय पराक्रमं ॥ छं० ॥ छं० ॥ ५७ ॥

(१) मो.-रस ।
(२) ए. कृ. को.-जम ।
(३) ए. कृ. को.-सुमत ।
(४) मो.-संजोग ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक सुन्दर स्त्री को देख कर ऋषि का चित चंचल होना।

[1]जहं प्रसाद सिव निकट प्रमानं। मनों ईस तहं आतम जानं॥
गुरु मुक्ती यह भम्यौ विसेषं। षिमा नाम एक सुंदरी देषं॥
छं० ॥ ५८॥

कवित्त ॥ बाल नाल सरिता उतंग। आनंग अंग सुज॥
[2]रूप सु तट मोहन तड़ाग। भ्रम भए कटाच्छ दुज॥
प्रेम पूर विस्तार। जोग मनसा विध्वंसन॥
दुति ग्रह नेह अथाह। चित्त करषन पिय तुट्टन॥
मन विसुद्ध बोहिथ्थ बर। नहि थिर चित जोगिंद तिहि॥
उत्तरन पार पावै नहीं। मीन तलफि लगि मत्त विहि॥छं०॥५९॥

उक्त स्त्री का सौंदर्य वर्णन।

पद्धरी ॥ दिष्टी सु दिष्ट विषया कुमारि। जनु लता लोंग कै काम धारि॥
मनमथ बजार मनमथ्थ.धाम। मनमथ्थ तड़ाग कै प्रेम [3]वाम॥
छं० ॥ ६०॥

जीवनि सु मुत्ति छिन एक रंग। मन मीन फंद जनु चरि अनंग॥
षंचन कितक्कि कुचि इष्ट जानि। रति रचिय सचिय जनु सोभ सानि॥
छं० ॥ ६१॥

दिठि दिठ्ठ टरिय नह नेन चास। चक्कोर चंद जनु अमिय ग्रास॥
देषंत नेन नह चेन अंग। विंध्यौ सु वाम नेनन निषंग॥
छं० ॥ ६२॥

स्वर भंग कंप वेपथ्थ पथ्थ। फुरकंत नयन इम भय अवथ्थ॥
पब्बय समान मन नेन भिंटि। फुथ्यौ सु दूध मनु छाछ छंठि॥
छं० ॥ ६३॥

बद्दल समूह सब गगन छाइ। फट्टे कि जानि छिन छुट्टि बाइ॥
मुरछाइ रह्यौ इम ब्रह्म बाल। व्यापंत सीत जनु तरु तमाल॥
छं० ॥ ६४॥

(१) मो.-तहां। (२) ए. कृ. को.-सूप। (३) ए. कृ. को.-वानि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साटक ॥ जा जीवंत पसार पार सुमती, रत्तं हरी ध्यानयं ॥
षिमया कामय चित्त सित्त षिमया, षिमया रसं [१]हृद्वयं ॥
सा सुपनंतर दीह रत्ते मुषं, प्रानंपि षिमया रुषं ॥
ना सुझ्झै बिय ध्यान [२]पन्नर [३]रुषं, षिमयाय षिमया मुषं ॥ छं० ॥ ६५ ॥

परंतु ऋषि का पुनः अपने मन को साधकर वदरिकाश्रम पर्य्यंत पर्य्यटन करके घोर तप करना।

गाथा ॥ षिमया सुष मय भ्रमियं। रमयाइ अंग कीटयो मनयं ॥
चित्त न जिन लषि भुअंगं। सो भिद्दव काम वामाइं ॥ छं० ॥ ६६ ॥

कवित्त ॥ प्रथम तिथ्थ अड़सट्ठि। न्हाय बद्री [४]तप रत्तौ ॥
जठरागनि करि चपत। छुधा निद्रा चस जित्तौ ॥
हिम रित हिम तन तुटहि। पंचगिन ग्रीसम सहयौ ॥
बरषा काल प्रचंड। [५]मेघ धारह बपु [६]बहयौ ॥
कर धूम पान मुष अद्ध रहि। कर अंगुष्ठ नर देव हरि ॥
सत बरष ध्यान लग्गौ भयौ। जोति चित्त चिहुटी सुहरि ॥
छं० ॥ ६७ ॥

ऋषि के तप का तेज वर्णन और उससे इन्द्र का भयभीत होना।

दूहा ॥ तप बल कंपत सुभर भुअ। रह्यौ ध्यान दिव देव ॥
सुत्त तेज द्रिग सिथल हुअ। लह्यौ सुरप्पति भेव ॥ छं० ॥ ६८ ॥
तब चिंतिय सुरराज मन। का विचित्र वर वाम ॥
आदि अंत सोधिय सकल। अप्छरि अप्छरि नाम ॥ छं० ॥ ६९ ॥

इन्द्र का अप्सराओं को आज्ञा देना कि वे तेजस्वी तापस का तप भ्रष्ट करें।

(१) मो.-वृज्जयं। (२) कृ.-पडर।
(३) ए. कृ. को.-दृग। (४) ए. कृ. को.-पति।
(५) ए. कृ. को.-मेय। (६) ए. कृ. को.-सहयौ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोलि घृताची मेनिका। रंभ उरबसी रूप ॥
जानि सुकेस तिलोत्तमा। मंजुघोष सुनि भूप ॥ छं० ॥ ७० ॥
अति आदर आदर कियौ। कह्यौ आप इह बैन ॥
छलह सुमंतन जाइ कै। रहै राज सुष चैन ॥ छं० ॥ ७१ ॥

अप्सराओं का सौंदर्य्य वर्णन।

गाथा ॥ नयनं नलिन नवीनं। गवनं गयं मत्त तुलायं ॥
बैनं पर भ्रत दीनं। झीनं कट्टि म्रगं राजेसं ॥ छं० ॥ ७२ ॥
अर्य्या ॥ *सपत सुर गान निपुना। न्रत्य कला कोटि आलया मानं ॥
तार तरलेव भ्रमरी। भ्रमरी भ्रमरी सय सयसं ॥ छं० ॥ ७३ ॥

मंजुघोषा का सुमंत ऋषि को छलने के लिये मृत्यु लोक में आना।

कवित्त ॥ भो आयसि सुरराज। मंजुघोषा सुनि बत्तिय ॥
म्रत्य लोक में जाहु। सुमति छल छलौ तुरत्तिय ॥
दुसह तेज को सहै। मोहि आसन डर डुल्लिय ॥
सेस संकि कलमलिय। नेन तिय तालिय षुल्लिय ॥
जल षंचि सुरन हिय दुष्ष धरि। नहिन सु रस उड़गन भुअन ॥
तप ताप देव सब कलमलत। सुकज काज रष्षहि दुअन ॥
छं० ॥ ७४ ॥
दूहा ॥ षग षगपति आसन ग्रह्यौ। गए बित्ति बहु काल ॥
रंभ षिमा सम रूप धरि। आय [1]सपत्ती ताल ॥ छं० ॥ ७५ ॥
मानि बैन सुरराज लिय। नरपुर पत्तिय आइ ॥
जहं ताली लग्गी सुमति। तहं नूपुर बज्जाइ ॥ छं० ॥ ७६ ॥

मंजुघोषा का लावण्य भाव विलास और शृंगार वर्णन।

अप्छरि अट्ठ विमान [2]बनि। कुसुम समान सरीर ॥
नग जगमग अँग अँग सुबनि। कनक प्रभा दुति चीर ॥ छं० ॥७७॥

*छन्द ७३ मो.-प्रति में नहीं है।
(१) ए. कृ. को.-संपतौ। (२) ए. कृ. को.-रचि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नराज ॥ बनी विमान कामिनी। मनों दिपंत दामिनी ॥
दुती उपंम लोभयं। कि इंद्र चाप सोभयं ॥ छं० ॥ ७८ ॥
उरंबसी सु केसयं। तिलोत्तमा सुदेसयं ॥
सु मुंजघोष रंभयं। घृताचि मेनका सुयं ॥ छं० ॥ ७९ ॥
सुरंग अंग सोहनी। मनों कि अष्ट मोहनी ॥
मुसक्कि मंद हासयं। विगास कौल भासयं ॥ छं० ॥ ८० ॥
सु नेन डोल भोंरही। कि कौंल भौंर झोरही ॥
तिहाइ भाइ ठानही। जुगिंद चित्त [1]भानही ॥ छं० ॥ ८१ ॥
मरोरि अंग मारहीं। सकेलि सुद्ध सारहीं ॥
विलास नेन लग्गवै। तिमुच्छि काम जग्गवै ॥ छं० ॥ ८२ ॥
विराज मान मोहनी। सु कौंल माल सोहनी ॥
चवंत बेन माधुरी। न कोकिला सु माधुरी ॥ छं० ॥ ८३ ॥
प्रवीन कोक केलयं। कुकी कुकेकि केलयं ॥
सुभाय वास अंग की। सुगंध [2]गंध भंग की ॥ छं० ॥ ८४ ॥
विमान छंडि उत्तरी। मनों कि चित्र पुत्तरि ॥
सुमंत मुष्ष ठट्ठियं। प्रवान पान [3]पट्ठियं ॥ छं० ॥ ८५ ॥
दिषत मेंन लग्गयं। जिहाज जोग भग्गयं ॥ छं० ॥ ८६ ॥

अप्सरा के गान से ऋषि की समाधि क्षणेक के लिये डगमगाई।

दूहा ॥ करिय गान विविधान सुर। ताल काल रस भाइ ॥
छिनक पलक मुष उघ्घरिय। अच्छरि रही लजाइ ॥ छं० ॥ ८७ ॥

अप्सरा का शंकित चित्त होकर अपना कर्त्तव्य विचारना।

उलटि गयै सुरपति हंसै। [4]रहैं रषीस रिसाइ ॥
इह चिंता मन उप्पज्जिय। फिर दिव लोक सुजाइ ॥ छं० ॥ ८८ ॥
जौं न छरौं तौ देव डर। रिषि तप जप्प प्रचंड ॥
[5]दुहुं विधि संकत कामिनी। स्राप ताप सुर दंड ॥ छं० ॥ ८९ ॥

(१) ए. कृ. को.-तानहीं। (२) ए. कृ. को.-भंग।
(३) ए. कृ. को.-ठट्ठियं।
(४) मो.-रह रिषि भाय रिसाय। (५) मो.-दादु विधि संक न सामिन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उलटि गई सुर घरनि घर। देवन देव बुलाइ ॥
इंद्र रोस कै डर डरौ। आप ताप डर पाइ ॥ छं० ॥ ९० ॥

तब तक ऋषि का पुनः अखंड रूप से ध्यानमग्न होना।

मन माया भ्रम दूरि करि। फिरि लग्यौ रिषि ध्यान ॥
ब्रह्म जोति प्रगटी उरह। रंभ प्रगट्टिय आन ॥ छं० ॥ ९१ ॥

मुनि की ध्यानावस्थित दशा का वर्णन।

कवित्त ॥ बहुरि गई रिषि पास। सांस जिन गहिय उरध गति ॥
मूल पवन द्रिग बंधि। गरजि ब्रह्मंड मेघ अति ॥
बंक नाल जल षंचि। [1]सींचि उर कमल प्रफूल्लिय ॥
ब्रह्म अगनि प्रज्जरिय। पाप करि भसम समूल्लिय ॥
तब मारग सुज्यौ मीन जल। पंछि षोज पायौ सगुन ॥
सुनि तार सु बज्जै करन बिन। सद्द स्वाद छंडिय त्रिगुन ॥ छं० ॥ ९२ ॥
तालिय लग्गिय ब्रह्म। लीन मन जोति जोति मलि ॥
कमल अमल उघ्घरिय। हृदय अवनीय धरनि [2]अलि ॥
त्रिकुटिय ताटंक लग्गि। भ्रगुटि गंगा तन मंडिय ॥
रिष्षि सवद्द श्रवन्न। नद्द अनहद्द सु बज्जिय ॥
अधमुष ऊरध चरन करि। गति पत्तिय मंडल गगन ॥
ता रिषहि जगावत सुंदरिय। रच्यौ सु धुनि मझ्झह गगन ॥
छं० ॥ ९३ ॥

वाद्य बजना और अप्सरा का गाना।

दूहा ॥ जंच मृदंग उपंग सुर। धुनि झंझर झनकार ॥
करत राग श्रीराग सुर। कर बर बज्जत तार ॥ छं० ॥ ९४ ॥
चट्टुवात माठा धुआ। गीत प्रवंध प्रवीन ॥
[3]उघटत ललिता ललित पिय। पुजवति सुर कर बीन ॥ छं० ॥ ९५ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सिंचि कमर उर फूलिय।
(२) ए. कृ. को.-उर। (३) ए. कृ. को.-उघटन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्लोक ॥ [1]मृदंगी दंडिका ताली। धुरधुरी स्तुति काहली ॥
गीत राग प्रबंधं च। अष्टांगं नृत्य उच्यते ॥ छं० ॥ ९६ ॥

मुनिका समाधि भंग होकर कामातुर हो, अप्सरा के आलिङ्गन करने की इच्छा करना।

दूहा ॥ सोर सुरनि के सुर जग्यौ। भग्यौ ध्यान जगईस ॥
चित्त चक्रित करि सोच मन। इह अपुब्ब कहा दीस ॥ छं० ॥ ९७ ॥
नूपुर धुनि श्रवननि सुनत। भई ध्यानगति पंग ॥
ताली छुट्टिय गगन मय। षुल्लिय पलक मन लग्ग ॥ छं० ॥ ९८ ॥
कहिय रिष्य सुर अच्छरी। कन्या गंध्रब जष्य ॥
कै नागिनि जनमी कुंअरि। तो सिव [2]रष्या रष्य ॥ छं० ॥ ९९ ॥

अप्सरा का अन्तर्ध्यान हो जाना।

कामातुर चिय कर ग्रह्यौ। तप जप छंडिय आस ॥
[3]हँसि छुड़ाइ कर तड़ित मन। गई अवास अयास ॥ छं० ॥ १०० ॥

मुनि का मुर्छित हो जाना, परंतु पुनः सम्हल कर ध्यानावस्थित होना।

छिन इक धर मूरछि पऱ्यौ। चित कलमल्यौ अधीर ॥
बहुर ग्यान मन आनि कै। मुनि वर भयौ [4]सधीर ॥ छं० ॥ १०१ ॥
कवित्त ॥ फिरि उत्तरि मन धऱ्यौ। हेमगिरवरह ध्यान धरि ॥
चित्त ब्रह्म लवलीन। बरष सित कियौ तेम करि ॥
छुधा पिपासा जीति। नींद निसि नसिय इंद्रि तस ॥
बहुत जतन तप कियौ। बंधि हढ़ पवन उरध बस ॥
पीवंत वाम दक्षिन मुचै। कुंभक पूरक जोग बल ॥
करि उर्द्ध चरन ध्यान सु रह्यौ। गह्यौ पंथ गगनह अकल ॥
छं० ॥ १०२ ॥

(१) मो.-मृदंकी। (२) मो.-रछ्या।
(३) ए. कृ. को.-सहि। (४) ए. कृ. को.-अधीर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कविचन्द की स्त्री का अप्सरा के सौंदर्य्य के विषय में जिज्ञासा करना।

दूहा ॥ सुकी सुकह पुच्छै रहसि। नष सिष बरनहु ताहि ॥
जा दिष्षन मुनि मन टऱ्यौ। रह्यौ टगट्टग चाहि ॥ छं० ॥ १०३ ॥

अप्सरा का नख सिख वर्णन।

साटक ॥ चरने रत्तय पत्त राइ रितए, कंजाय [1]चंद्राननै ॥
मातंगं गय हंस मत्त गमने, जंघाय रंभाइने ॥
मध्यं छीन म्रगेन्द्र भार जघना, नाभिंच कामालए ॥
सिंभे सिंभ उरज्ज नयनयौ, एने ससी भालयौ ॥ छं० ॥ १०४ ॥

अर्धमालची ॥ तल चरन अरुनति रत्तए। जल नलिन सोक सपत्तए ॥
नष पंति कंतिय मुत्तए। जनु चंद अछ्त जुत्तए ॥ छं० ॥ १०५ ॥
नग जरलि नूपुर बज्जए। कलहंस सबद विलज्जए ॥
गति मत्त गरव गयंदए। छबि कहत कविवर चंदए ॥ छं० ॥ १०६ ॥
गहि पिंड कनक विमानयं। रंग रंग बंदन सानयं ॥
कर करिय जंघति ओपमं। रंग फटिक केसरि सोपमं ॥छं०॥१०७॥
घन जघन सघन नितंबयं। छिन काम केलि विलंबयं ॥
कटि सोभ बर म्रग राजयं। कहि चंद यौं कविराजयं ॥छं०॥१०८॥
बनि नाभि कोस सुकज्जयं। मनु काम भ्रमरय रंजयं ॥
रव मधुर म्रदु कटि किंकिनी। झलमलत नग फननी [2]कनी ॥
छं० ॥ १०९ ॥
सलि उदर त्रिबलि त्रिरेषयौ। कुच जघन मंडि सु भेषयौ ॥
बनि रोमराजि सपंतयं। प्रतिबिंब बैनि सुभंतियं ॥ छं० ॥११०॥
उर उरज जलज बिराजही। कलधूत ओफल लाजही ॥
उर पुहप हार उहासियं। इक होत जोजन वासियं ॥छं०॥१११॥
गर लजति कंठतु कामिनी। कलयंठ कोक सुधामिनी ॥
रचि चिबुक बिंद सु स्यामए। जनुं कमल बसि अलि धामए॥छं०॥११२॥

(१) मो.-चन्द्रायने। (२) मो.-कली।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बलि पुहप तिलक सु नासिका। जनु कीर [1]चुंच प्रहासिका॥
तिन मुत्ति बेसर सोभए। ससि सुक्र मिलि रसि लोभए॥छं०॥११३॥
तस नयन षंजन कंजए। सुरराज सुर मन रंजए॥
चाटंक नग जर जगमगै। त्रिय चक्र करि ससि पर जगै॥छं०॥११४॥
त्रिय भौंह बंकित अंकुरी। जनु धनुक कामति [2]संकुरी॥
तसु मध्य तिलक जराइ कौ। [3]रविचंद मिलि रस आइ कौ॥छं०॥११५॥
गुथि केस चिक्कन बेनियं। जनु ग्रसित अहि ससि ऐनयं॥
सित दिव्य अंमर अंमरं। नह मलिन होत अडंबरं॥ छं०॥ ११६॥
अंगवास [4]आस सुगंधयं। सग चलत मधुव्रत संगयं॥
सम उदधि मथि कीनौ हरी। फटि फन प्रगटित सुंदरी॥छं०॥११७॥

अप्सरा के सर्वाङ्ग सौंदर्य्य की प्रशंसा।

मालिनी॥ हरित कनक कांतिं कापि चंपेव गोरी।
रसित पदम गंधा फुल्ल राजीव नेंत्रा॥
उरज जलज सोभा [5]नभिकोसं सरोजं।
चरन कमल हस्ती लीलया राजहंसी॥ छं०॥ ११८॥
दूहा॥ कामालय सो संदरो। जिम अरि अग्गि अनंग॥
विधि विधान मति चुक्कयौ। कियै मेन रन अंग॥ छं०॥ ११९॥
मालिनी॥ अधर मधुर बिंबं, कंठ कलयंठ रावे।
दलित दलक भ्रमरे, भ्रिंग भ्रुकुटीय भावे॥
तिल सुमन समानं, नासिका सोभयंती।
कलित दसन कुंदं, पूर्न चद्राननं च॥ छं०॥ १२०॥

कवि की उक्ति कि ऐसी स्त्रियों के ही कारण संसार चक्र का लौट फेर होता है।

दूहा॥ न्याय छुट्यौ मुनि रूप इन। सुरति प्रीय त्रिय आहि॥
जा मोहै सुर नर असुर। रहैं ब्रह्म [6]सुष चाहि॥ छं०॥ १२१॥

(१) ए. कृ. को.-हंस। (२) ए. कृ. को.-संहरी। (३) ए. कृ. को.-रचि।
(४) ए. कृ. को.-सास। (५) ए. कृ. को.-नासिका। (६) मो.-सुभ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ इनह काज सुर धरत । सूर तन तजत ततच्छिन ॥
परत कंध नंचत कमंध । पर हनत स्वामि रन ॥
भरत पत्र जुग्गिनि समत्त । रति पिवत पिवावति ॥
चरम चष्य पल भ्रवत । पंछि जंबुक न अघावत ॥
पुनि वपु किरच्चि करतें समर । तब लहंत रस अच्छरिय ॥
तजि मोह पुत्त पुत्तिय सु तिय । बरत बरंग नभच्छरिय ॥छं०॥१२२॥

दूहा ॥ तिन मोहनि मोह्यौ सु मुनि । मोहे इंद्र फुनिंद ॥
नर नरिंद जुग जोग रत । उड़ उड़गन रवि इंद ॥ छं० ॥ १२३ ॥

अप्सरा का योगिनी भेष धारण करके सुमंत ऋषि के पास आना ।

कवित्त ॥ तीय धर्‌यौ तन जोग । श्रवन मुद्रा सु [1]फटिक मय ॥
करि अष्टंग विभूति । न्हाय जनु निकसि सिंधु पय ॥
जटाजूट सिर बंधि । दिसा दस अंमर मानिय ॥
सिंगी कंठ धराइ । जोग जंगम सिव जानिय ॥
पवनं सु अरध ऊरध चढ़ै । बंक नालि पूरै गगन ॥
धरि ध्यान सुमन नासिक धरै । रहै ब्रह्म मंडल मगन ॥छं०॥१२४॥

दूहा ॥ तजिग भोग मन जोग धरि । निकट सुमंतह आइ ॥
करिवर डँवरू डहडह्यौ । अंबर सव सिव भाइ ॥ छं० ॥ १२५ ॥

अप्सरा के योगिनीवेष की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ गिरिजा पसुनह संग । गंगनह झलक अलक जल ॥
भूतन प्रेत पिचास । [2]मयन नह त्रतिय गरल गल ॥
कटिन बंधि गज चर्म । [3]पहरि अँग अंग दिगंबर ॥
नह गनेस षट बदन । पुच गननंदि भ्रंग सुर ॥
नहविय लिलाट पट तिलक ससि । व्याल न माल बनाइ उर ॥
नाहिन त्रिशूल त्रिपुरारि पल । नह कर लग्गिय धवल धुर ॥
छं० ॥ १२६ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-फटिक । (२) ए. कृ को.-नयंन । (३) मो.-पहिर अंग अंगनि वर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुनि का छद्मवेषधारिणी योगिनी को सादर आसन देकर बातें करना।

बहु आदर आदरिय। [1]अरघ आतिथि तिहि दिन्नौ ॥
करिय ग्यान गुन गोष्ट। कष्ट बहु तप करि किन्नौ ॥
डुलिग इंद्र रबि चंद्र। इंद्र सुर लोकह मानिय ॥
मो अग्गै कर जोरि। देव सब तजत गुमानिय ॥
तब्बह सु ग्यान मन उप्पन्यौ। देव दुषी करि सुष लह्यौ ॥
चिदनंद ब्रह्मपद अनुसरिय। धरिय ध्यान [2]गगनह रह्यौ ॥
छं० ॥ १२७ ॥

तपसी लोगों की क्रिया का संक्षेप प्रस्तार वर्णन।

दूहा ॥ मात गरभ आवागमन। मेटि [3]भ्रमन संसार ॥
ज्यों कंचन कंचन मिलै। पय पय मभ्क संचार ॥ छं० ॥ १२८ ॥
सोइ ग्यान तुम सों कहौं। निरगुन गुन विस्तार ॥
बरन्यौ वपु बैराट हरि। जा मुनि लहै न पार ॥ छं० ॥ १२९ ॥
पद्धरी ॥ कहौं ग्यान मंतं सुमंतं विचारौ। गहौं अद्ध मूलं उरद्धं संचारौ ॥
धरौं ध्यान नासा चिदानंद रुपं। त्रिकुट्टी [4]त्रिलोकी स्वयं जोतिरूपं॥
छं० ॥ १३० ॥
पियों बंकनालं चढ़ै दंड मेरें। सुनै सद्द अनहद्द अनटत्त टेरें ॥
धुनी अंतरं जोति जानौ गियानी। जपै मंत्र हंसं सु सोहं विनानी॥
छं० ॥ १३१ ॥
सरं नाभि मूलं सरोजं प्रकासै। दलं अष्ट [5]पद्मं तहां सो उहासै ॥
तपत्तं कनक्कं चरन्नं [6]भ्कलक्कै। दसं अंगुलं नालि हिरदै ढलक्कै ॥
छं० ॥ १३२ ॥
जिमं पुप्फ कल्ली तिमं कंज फूलै। करै जोग उद्धं धरै वाय मूलै ॥
तहां देव अंगुष्ट मानंत वासै। धरै अष्ट वाहं बसै देव बासै ॥
छं० ॥ १३३ ॥

(१) मो.-अरध। (२) मो.-गगनं। (३) ए. कृ. को.-विभ्रमन।
(४) मो.-त्रलोकं। (५) मो.-संतं। (६) ए.-चलक्कै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दलं अष्ट कंजं सु रुदान देवं। रहै मध्य भानं अलष्षं अछेवं॥
रहै भान मध्ये ससी सो निरत्तं। ससी मध्य अग्गी रहै रूप रत्तं॥
छं० ॥ १३४ ॥

सु ज्वाला मई तेज तामें विराजै। तहां पिट्ठ सिंघासनं देव साजै॥
रतन्नं जरे बज्र [1]कोटीस कोटी। तहां देव नाराइनी जोति मोटी॥
छं० ॥ १३५ ॥

[2]भ्रगुं लच्छिनं वक्ष कौस्तुभ्भ सोहै। धरै चक्र पद्मं गदा कंबु रोहै॥
धरैं [3]पानि षग्गं धनुं [4]वान सल्लं। इसौ ध्यान दिष्षौ महा जोग बल्लं॥
छं० ॥ १३६ ॥

महा पद्मकोसं परागंति तासी। महा उज्जलं कांति फटिकं प्रभासी॥
तहां सूर कोटी ससी कोटि सीतं। वयं वाय कोटी मृदं नाच नीतं॥
छं० ॥ १३७ ॥

[5]क्रितं सेत त्रनं [6]अरक्तं सु चेता। जुगं द्वापरं पीत कलि क्रष्ण [7]नेता॥
निराकार देवं अकारं सु ध्यानं। रहै आप आपं गुहं पच्छि थानं॥
छं० ॥ १३८ ॥

अछेदं अभेदं प्रमानं न मानं। अकासं न वासं न जानं पुरानं॥
न रूपं निरूपं अरूपं समथ्थं। रहै [8]सास मैवास करि देह रुथ्थं॥
छं० ॥ १३९ ॥

कह्यौ रूप बैराट गुर जौ बतायो। जिसौ अरजुनं क्रष्ण भारथ [9]सुनायौ॥
महाकास सीसं चरनं पतालं। कढ़ी नाभि सुर्गं दिसा बाहु पालं॥
छं० ॥ १४० ॥

द्रुमं रोम उद्रं समुद्रं सु इभ्भं। गिरं अस्त नैनं ससी [10]सूर नभ्भं॥
नदी तास नारी महा [11]प्रान प्रानी। कहै देव बेदं [12]न जानंत जानी॥
छं० ॥ १४१ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सूरं। (२) ए. कृ. को.-श्रियं। (३) ए. कृ. को.-सांग।
(४) ए. कृ. को.-मुसल्लं। (५) ए. कृ. को.-प्रभा।
(६) मो.-अनुक्तं सुनेता, ए.-अरस्तुं। (७) मो.-त्रेता।
(८) ए. कृ. को.-साम। (९) ए. कृ. को.-बनायौ।
(१०) ए. कृ. को. सूर। (११) ए. कृ. को.-बाहु। (१२) ए. कृ. को.-जनानं न।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगै रैंनि दीहं महा जोग जोगी। विराटं सरूपं कहै भोग्य भोगी ॥
निराकार आकार दोऊ विमायौ। कहै देव औतार गुर जो बतायौ॥
छं० ॥ १४२ ॥

अप्सरा की सगुन उपासना की प्रशंसा करना।

दूहा ॥ मन मानै सोई भजहु। कष्ट तजहु तुम दिह ॥
सुरति प्रीति हरि पाइयै। उर मेटहु संदेह ॥ छं० ॥ १४३ ॥
सुरग बसै फिरि धर बसै। मनो ग्यान मन ईस ॥
गरभ दोष मेटहु प्रबल। उर धरि ध्यान जगीस ॥ छं० ॥ १४४ ॥

दसों अवतारों का संक्षिप्त वर्णन।

दूहा ॥ कहै ब्रह्म अवतार दस। धरे भगत हित काज ॥
रूप रूप अति दैत्य दलि। द्रुपद सुता रषि लाज ॥ छं० ॥ १४५ ॥

कवित्त ॥ मचछ कच्छ बाराह। अप्प नरसिंह रूप किय ॥
वामन बलि छलि दान। राम छिति छच छीन लिय ॥
लंकपती संहऱ्यौ। उभय बलदेव हलायुध ॥
दयापाल प्रभु बुद्ध। रहै धरि ध्यान निरायुध ॥
कलि अंत कलंकी अवतरहि। सत्य ध्रम्म रष्षन सकल ॥
करि सरस रास राधा रमन। मवन ग्यान ब्रह्मह अकल ॥छं०॥१४६॥

अप्सरा का कहना कि परमेश्वर प्रेम में है अस्तु तुम प्रेम करो।

दूहा ॥ कपट ग्यान मुष उच्चरे। मन छल धूत अधूत ॥
कपट रुप कंठोर कर। चरन चित्त अवधूत ॥ छं० ॥ १४७ ॥
इह कहि छल संध्यौ तिनह। भै बिन प्रीति न होइ ॥
हर छल तजि हर रूप करि। मान प्रगट्टिय सोइ ॥ छं० ॥ १४८ ॥

नृसिंहावतार का वर्णन।

कवित्त ॥ पीत बरन कजलीय। छोह आरोह सरप जनु ॥
दसन सु तिष्ष कुदाल। नयन बिय वज्र धऱ्यौ तनु ॥
बज्र बंक अंकुस गयंद। नष कुंभ विदारन ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उर्द्ध केस काग सद्द । गरब दंतौ [1]दल गारन ॥
धर पर्राक पंछ मुंछाल छल । पीठ दिट्ठ अवधू पर्‍यौ ॥
भय भीति कंपि कामिनि कुटिल । धाय विप्र अंकह भर्‍यौ ॥
छं० ॥ १४९ ॥

मुनि का कामातुर होकर अप्सरा को स्पर्श करना ।

दूहा ॥ उर उरोज लग्गत सु मुनि । सर सरोज हति काम ॥
रोमंचित अंग अंग सिथल । मन मोह्यौ सुरवाम ॥ छं० ॥ १५० ॥
दिष्षत अप्छरि अष्ट उन । रह्यौ नेन मन लाइ ॥
देह भुलानौ नेह वै । और न सूझै काय ॥ छं० ॥ १५१ ॥
भ्रमन भयानक सुपन छल । सिंघन अवधू संग ॥
जानिक पंष परेवना । करि डँवरू इन अंग ॥ छं० ॥ १५२ ॥
कामजारि सिव भसम किय । वार विभूत रति सोक ॥
भोग भुगति रति सुंदरी । द्रिढ़ नह जाग न जोग ॥ छं० ॥ १५३ ॥

अप्सरा का कहना कि ऐसा प्रेम ईश्वर से करो मुझसे नहीं ।

गाथा ॥ वनिता वदंत विप्पं । जोगं जुगति [2]केन कम्मायं ॥
स्यामा सनेह रमनं । जनमं फल पुब्ब दत्ताइं ॥ छं० ॥ १५४ ॥

उसी समय सुमंत के पिता जरज मुनि का आना ।

दूहा ॥ चित्त चल्यो मन डगमग्यौ । रच्यौ रूप रस रंग ॥
आनि पहुंतो जरज रिषि । दही भात ज्यों डंग ॥ छं० ॥ १५५ ॥

मुनि का लज्जित होकर पिता की परिक्रमा पूजनादि करना ।

अरिल्ल ॥ पहर एक पर निठ्ठ । जगाइय अप्प गुर ॥
भौ लज्जा लवलीन । विचारत अप्प उर ॥
जाइ सु पत्तौ तात । सु नेनन भेदयौ ॥
भेट्यो अंगन अंग । अनंगह षेदयौ ॥ छं० ॥ १५६ ॥
दूहा ॥ देषि तात परदच्छ फिरि । भय लज्जा लवलीन ॥
षिमा अरथ तप रंभ कै । काम कामना भीन ॥ छं० ॥ १५७ ॥

(१) मो.-लग्गरन । (२) मो.-कवन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जरज मुनि का अप्सरा को शाप देना ।

पहचानी रिषि सुंदरी। कुस गहि कीनौ दाप ॥
भ्रगुटि बंक रिस नैन रत। दिय अच्छरी सराप ॥ छं० ॥ १५८ ॥
हम रिष्षीसर बन बसत। रसह न जानै एक ॥
कंद भषत तन कष्ट करि। लेइ आप इक मेक ॥ छं० ॥ १५९ ॥

सुमंत का लज्जित होना और जरजमुनि का उसे धिक्कारना ।

कवित्त ॥ नयन चकित दुअ बाल। भाल भ्रकुटी दिषि तातह ॥
गयौ बदन कुमिलाइ। जानि दीपक लषि प्रातह ॥
पुच कवन तप तप्पौ। भयौ बसि काम वाम रत ॥
इनहि आप करों भस्म। कवन छंडैष तोहि हित ॥
वपु क्रोधवंत रिषि देषि करि। रंभ अरंभ न कछु रह्यौ ॥
सम अग्नि रूप रिष्षीस रिषि। तबह आप रंभह कह्यौ ॥छं०॥१६०॥

जरज मुनि के शाप का वर्णन ।

कलह [1]करतही डहि कुबुधि। कलहंतर कहि एह ॥
पुहची भार उतारनह। जनमि पंग कै ग्रेह ॥ छं० ॥ १६१ ॥
कवित्त ॥ [2]एम छल्यौ चयवार। रोस करि आप आप दिय ॥
मृत्य लोक अवतार। नाम तुअ कलहप्रिया किय ॥
इन अवधू मन छल्यौ। सुष्षनन लहहि चीय तन ॥
पित पति कुल संहरहि। पीय तो हथ्थ रहै जिन ॥
जैचंदराइ कमधज्ज कुल। उअर जुन्हाइय पुच छल ॥
संजोग नाम प्रथिराज बर। दुअ सुमार अनभंग दल ॥छं०॥१६२॥

अप्सरा का भयभीत होकर जरजमुनि से क्षमा प्रार्थना करना और मुनि का उसे मोक्ष का उपाय बतलाना ।

दूहा ॥ श्रवन सुनै रंभह डरिय। रही जोर कर दोइ ॥

(१) ए.कृ. को.-करनहि । (२) ए.-एक ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब सांई अपराध मुहि। सुगति कहो कब होइ॥ छं० ॥ १६३॥

पद्धरी॥ कर जोर करत बीनती रंभ। [1]साष्यात रूप तुम सम सु ब्रह्म॥
संसार रूप साइर समाज। कट्टनह पार तुम तहं जिहाज॥
छं०॥ १६४॥

[2]पालै सु ध्रम्म रिषि क्रम्म जोग। चै काल क्रम्म षट रहत जोग॥
अबला अवध्य हम अंग आहि। कहि क्रोध देव क्यों करिय ताहि॥
छं०॥ १६५॥

उद्धार होइ सो कहो देव। तुम चरन सरन नहिं और सेव॥
सु प्रसन्न होइ रिषि कहिय एह। अवतार लेहु पहुपंग गेह॥
छं०॥ १६६॥

तुम काज जग्य आरंभ होइ। जैचन्द प्रथी दल दंद [3]दोइ॥
भुम्मीय भार उत्तार नारि। फुनि सर्गलोक कहि तोष [4]व्यार॥
छं०॥ १६७॥

इह कहि रु रिष भय अप्प थान। दुष पाइ रंभ बैठी विमान॥
गइ सुरग लोग सब सषिन संग। [5]कुमिलाइ बदन मन मलिन अंग॥
छं०॥ १६८॥

अप्सरा के स्वर्ग मे पात न होने का प्रकरण। तीनों देवताओं का इन्द्र के दरबार में जाना और द्वारपालों का उन्हें रोकना।

कवित्त॥ एक दीह बर इंद्र। रमन क्रीड़ा अधिकारिय॥
ता देषन चयदेव। ब्रह्म, सिव, विष्णु सुधारिय॥
ए चलंत तिन थान। इंद्र दरवानति रुक्कै॥
मूढ़ मत्ति जानिय न। दैव गत्ती गति पक्कै॥

---

(१) ए. कृ. को.-साक्षात रंभ।
(२) ए. कृ. को.-पालो।
(३) ए. कृ. को.-होइ।
(४) ए. कृ. को.-यार, पार।
(५) ए. कृ. को.-कुम्हिलाय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घरि एक तमसि तामस तिहुन। बहुरि घात सुर उच्चरिय॥
जानेन काल न्त्रिमान गति। तिन विधान विधि संचरिय॥छं०॥१६९॥

विष्णु का सनत्कुामरों के शाप से पतित द्वारपालों की कथा कहना।

विधि न जंपि आश्रम्म। इंद्र दरवान न जानिय॥
सुक सनकादि सनक्क। सनंद सनातन [1]न्यानिय॥
ए दरवान अबुद्ध। लच्छि रोकिय परिमानिय॥
सनत सनंदन देव। [2]मुनौ व्रत आदि भिमानिय॥
ए कुंअर पंच पंचो हटकि। पंच बाल पंचौ प्रकृति॥
रिषि बर न होइ तामस कबहुँ। सो ओपम कवि राज मति॥
छं०॥१७०॥

गाथा॥ हटकि सु अग्र प्रमानं। अन्नानं साध दारूनो बरयं॥
ज्यों रिषि नाम समथ्थी। तामसयं द्वार पालक्कं॥ छं०॥१७१॥

माटक॥ स्याम स्यामय स्याम मूरति घने, उच्चापितं बुदबुदौ॥
नारेषं नासेष उच्चत ननं, दीर्घं न रूपं [3]वरं॥
नंमाया चलयं बलति किरिया, एकस्य जोती तहं॥
बैकुंठं गुरू मुक्ति धामति धरं, नापत्ति नो तावहुं॥ छं०॥१७२॥

दूहा॥ मापत्ते रिषि थान तिन। दै सराप तिन वार॥
हरि विरोध तो सद्धि है। तो सध्यौ करतार॥॥ छं०॥१७३॥

पद्धरी॥ पाधरी छंद बरनंत सुभ्भ। [4]बस्वरन बीर कल बरन रुभ्भ॥
अवतार एक एकह प्रकार। ससिपाल दंत [5]बक्रह विधार॥
छं०॥१७४॥

अवतार दुतिय जौ कह्न मंडि। अवतार क्रिष्ण गोकुलह छंडि॥
तिन काज क्रिष्ण अवतार कीन। भूभार हरन अवतार लीन॥
छं०॥१७५॥

---

(१) ए. कृ. को.-न्यारी। (२) ए. कृ. को.-मुनि। (३) मो.-परं।
(४) ए. कृ. को.-वलवीर वीर कलं बलन रुझ्झ। (५) मो.-चक्रह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवतार दुतिय चयबर विरोध। राजस्थ जग्य सुत ध्रम्म सोध॥
अवतार दुतिय हिरनाकुसस्स। हरिमेव कुस्स विय बंध [1]गस्स॥
छं० ॥ १७६॥

नरसिंह सिंह अवतार किन्न। मानुच्छ सिंह नन देव भिन्न॥
छायान घाम [2]नन सस्त्र [3]घाय। सिव को प्रसाद लीनों [4]सुचाय॥
छं० ॥ १७७॥

भरभरिय भार वर पच काज। रामहति राम जंपै विराज॥
छं० ॥ १७८॥

हिरणाक्ष हिरनाकुश बध।

दूहा॥ हरी लच्छि हरनंकुसह। दुत्र [5]विजुद्ध किय देव॥
एकं त्यों पाताल प्रति। एक षंभ प्रति सेव॥ छं० ॥ १७९॥

गाथा॥ सो षिभ्भियं प्रहलादं। किं थंभं मझ्झयौ भनई॥
जंजं थानन हुत्तौ। तौ किन्नौ थंभयं भारं॥ छं० ॥ १८०॥

दूहा॥ थंभ भार फुट्टौ सुबर। नष हति घाम न छाह॥
बर सिंघासन बैठि कै। बर बैकुंठह जांह॥ छं० ॥ १८१॥

रावण और कुम्भकरण बध।

साटक॥ राजा रामवतार रावन [6]बधं, कुंभ हत्तौ कर्नयं॥
सीतायं प्रति बोधितं प्रति [7]लतं, प्रत्यंग [8]प्रत्यंगितं॥
सा राजं प्रतिराज राज कपितं, चौकूटयं कूटजं॥
जंहत्ती धर धार उप्पम कवी, चक्कीय चक्कं फिरं॥ छं० ॥ १८२॥

गाथा॥ यों उड्डा कपि कंक। प्रब तर गाम प्रस्थरं लोयं॥
जिम घर सराय थानं। उड्डै सा भाजनं मुक्ति॥ छं० ॥ १८३॥

दूहा॥ यों उड्डी लंका सुधर। चिया बैर प्रतिपाल॥
हर बंदे गोबिंद कथ। बर बैकुंठह हाल॥ छं० ॥ १८४॥

(१) मो.- कस्स। (२) मो.-तन। (३) ए. कृ. को.-पाय।
(४) मो. सुभाय। (५) मो.-सु। (६) मो.-विधं।
(७) मो.-लनं। (८) ए. कृ. को.-प्रसंगिनं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रिदेवताओं के पास इन्द्र का आप आकर स्तुति करना।

चौपाई ॥ सो बोलिय इंद्रह परदारं। हरि रुक्यौ तिय देव सँसारं ॥
सुनि सु इंद्र अस्तुति बर कीनिय। चरन सुरज बर सीस सु दीनिय ॥
छं० ॥ १८५ ॥

भुजंगी ॥ तुहीं देवता देवतं विष्णु रूपं। किते इंद्र कोटं नचै कोटि रूपं ॥
नचें कोटि ब्रह्मं रबिं कोटि तेजं। ससी कोटि सीतं सुधा राज सेजं॥
छं० ॥ १८६ ॥

किते कोटि जं कोटि से दुष्ट ढाहे। किते कोटि कंदर्प्प लावन्य लाहे॥
किते कोठि सामुद्र मज्जाद दिड्ढिं। किते कोटि कल्पं तरं मुक्ति सिद्धं॥
छं० ॥ १८७ ॥

वलं कोटि पोनं द्रिगं कोति भारी। तुहीं तारनं तेज संसार सारी ॥
तुही विष्णु माया अमायात तूहीं। तुहीं रत्ति दीहं तुही तेज जूही॥
छं० ॥ १८८ ॥

तुहीं तू तुहीं तू तुही सर्व भूतं। तुहीं आदि अंतं तुहीं मध्य हूतं॥
जहां हूं न हूं तूं तहां तूं न नाहीं। गनौं हूं न देही रहै तूं समाहीं॥
छं० ॥ १८९ ॥

तुंही ताप संताप [1]आत्ताप तूंही। कह्यौ इंद्र लग्यौ चरनं समूंही ॥
छं० ॥ १९० ॥

इन्द्रानी का त्रिदेवताओं का चरण स्पर्श करना।

दूहा ॥ कहि रु इंद्र सचीव सों। पय लग्यौ चय देव ॥
हरिचरनन छुंडै नहीं। लोहरु चंमक मेव ॥ छं० ॥ १९१ ॥

स्लोक ॥ कोटि सक्र विलासस्य। कोटि देव महावरं ॥
इंद्र ध्यान समो सिंघो। [2]पंचाननस्य राजयं ॥ छं० ॥ १९२ ॥

अप्सराओं का नृत्य गान करना और शिव का उक्त अप्सरा को शाप देना।

(१) ए. कृ. को.-अत्तातु, अतात। (२) मो.-पजाननस्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ लै आई रंभा सवन । अद्व परी संग साज ॥
हाहा हूहू संग सजि । ए गुन गंध्रव गाज ॥ छं० ॥ १९३ ॥

चोटक ॥ गुन ग्रंध्रव गंध्रव लीन गुनं । इति चोटक छंद प्रमान सुनं ॥
सहतें बरनं बरनं रति राजं । नचै गुन अप्छरि अप्छरि काजं ॥
छं० ॥ १९४ ॥

रचै बर इंद्रति इंद्रह [1]साज । .... ॥
लई पहु पंजलि वाम प्रकार । जपं जय इंद्र तियं जपि त्यार ॥
छं० ॥ १९५ ॥

षिज्यौ सुनि शंकर देव प्रकार । तजै चय देव कह्यौ इँद्र सार ॥
कह्यौ गुन मंत गनेस प्रकार । भयौ तहं शंकर श्राप सु सार ॥
छं० ॥ १९६ ॥

पतंन पतंन कह्यौ तियवार । परै प्रति भूमि भयंकर सार ॥
छं० ॥ १९७ ॥

अप्सरा का शिव से अपने उद्धार के लिये प्रार्थना करना।

दूहा ॥ गहि चरन्न मुकै न हरि । रंभ कंपि इन भाइ ॥
मांनौ चल दल पत्तसौ । छीन वाइ विरुझाइ ॥ छं० ॥ १९८ ॥

गाथा ॥ कहु कब मुज उद्धारं । सुद्धारं कब्बयं होई ॥
तो पत्ती प्राकारं । इंद्रं चरन कब्ब सेवाइं ॥ छं० ॥ १९९ ॥

उपरोक्त अप्सरा का स्वर्ग से पतित होकर कनौज के राजा के घर जन्म लेना।

कवित्त ॥ सुनहि रंभ पहुपंग । पुचि बर ग्रेह देव गुर ॥
बर कनवज्ज प्रमान । गंग अस्नान सार कर ॥
इंद्र मरन बंछई । गँग स्नान जिय काजं ॥
ता कारन तुहि चीय । श्राप सुध्यौ गुन भाजं ॥
पहुपंग ग्रेह जनमिय तदिन । तिय सराय तरुनिय भइग ॥
आरंभ विनेमंगल पढ़न । तदिन महूरत बर लइग ॥छं०॥ २००॥

(१) ए. कृ. को.-काज।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कन्नौज के राजा विजयपाल का दक्षिण दिशा पर चढ़ाई करना।

कनवज्जह कमधज्ज। राज विजपाल राज बर॥
हय गय नर बर भीर। सकल किय सेन जित्त पर॥
बीर धीर बर सगुन। भार उद्धार महामति॥
मत्तिराम चितविद्य। बीय [1]रंमाधि राज रति॥
संचर्‌यौ सेन सजि विजै नग। सकल जीति भर राज धर॥
सुरवस्थ दिस्य न्रप संग किय। क्रम्यौ [2]देस दक्षिन सुधर॥ छं०॥२०१॥

समुद्र किनारे के राजा मुकुंद देव सोम वंशी का विजयपाल को अपनी पुत्री देना।

सोम बंस राजाधिराज। मुक्कंद देव प्रभु॥
सरित समुद्र सुतटह। कटक मय मग्गि न्रयन नभु॥
तीस लष्ष तोषार। लष्ष गेंवर गल गर्ज्जहिं॥
दसह लष्ष पयदलह। पुलत दस छचति रज्जहिं॥
दिव दिवस रीति संचह जपति। जगन्नाथ पूजत दिनह॥
दिगविजय करन विजपाल न्रप। सपत कोस मिल्यौ तिनह॥
छं०॥ २०२॥

मुकंद देव की पुत्री का जयचंद के साथ व्याह होना।

अति आदर आदरिय। सहस दस दीन गयंदहु॥
धन असंष घन मुत्ति। [3]रतन घट समुनि मन्नदहु॥
सौ प्रजंक रजकंति। कोटि दस पाट पटंबर॥
दिय पुची सु विसाल। दासि सें [4]सत्त अडंबर॥
परषी सु पुत्ति जयचंद दिषि। सुभ्भ जुन्हाइय आसरिग॥
बर सबर पंच दंपति दिनह। पानि ग्रहन उत्तिम करिग॥
छं०॥ २०३॥

(१) ए. कृ. को.-रमादि। (२) मो.-देह स दच्छिन।
(३) ए. कृ. को.-रतन समुनि धन मनिंदह। (४) ए. कृ. को.-सपत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ अति सु ललित्त सरूप विय । रमहित राजन संग ॥
इक्क थार भोजन करहिं । अति सुष न्रपति प्रसंग ॥छं०॥२०४॥

विजयपाल का रामेश्वर लौं विजय प्राप्त करके अनेक राजाओं को वश में करना।

परिग देव दच्छिन दिसह । अंग भयौ सुभ देव ॥
सेत बंध अनु सरिय मग । गोवल कुंड संगेव ॥ छं० ॥ २०५ ॥
तोरन तिलंगति बंधि न्रप । विप चढ़ि चिफिर चिकोट ॥
विद्या नैर सुजीति न्रप । सेत समुद्र सओट ॥ छं० ॥ २०६ ॥

नराज । करन्न नाट संकला पनेक भूप राजनं ॥
समुद्र ईषि भूप बंधि मैथिली सु भाजनं ॥
सुचंब कोटि मच्छरी सुरंग राय कुंकनं ।
पुलिंग देश पैं फिरी फिरंग जीति संषिनं ॥ छं० ॥ २०७ ॥
असेर देस षानयं गँभीर गुज्जरी धरं ।
जु मंडवी मलेच्छ नट्ठ गुंड देस सो धरं ॥
जु मागधं (१)मवन्न मुष्य चंद्रकास नट्ठयं ।
गुपाचलं गुरावयं प्रकास सोभ पट्ठयं ॥ छं० ॥ २०८ ॥
सुप्रच्छते प्रकार साध काम कग्गलं मिलं ।
अधंम धम्म सद्ध भूमि पंग राज संषिलं ॥ छं० ॥ २०९ ॥

कवित्त ॥ लयौ सुगढ़ सोव्रन्न । कोट भंज्यौ पर कोटह ॥
गोपाचल गैनंग । चक्कित बज्जी सिर चोटह ॥
सोव्रन गिर सिरताज । तट्ट लग्गे भग्गे षल ॥
दिय भोरा भीमंग । एक हथ्थौ मद सब्बल ॥
दिय सीष कुंअर गज अठ सुबर । मोरा चलि पट्टन भनिय ॥
विजपाल चले दिगपाल चलि । मंडोवर महि अप्पनिय ॥
छं० ॥ २१० ॥

सेतबन्द रामेश्वर के पड़ाव पर गुजरात के राजा के पुत्र का विजयपाल के पास आना और उसे नजर देना।

(१) ए. कृ. को.-मन्नील।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ सेत्रुंजा डेरा सु पहु। लिय रसाल सिधराइ ॥
मानक मुक्तिय दिव्य [1]नग। लै पैलगि भोराइ ॥ छं० ॥ २११ ॥
दस कुजाव संजाबरी। दस घट बानी सिद्ध ॥
हथ्थिय सथ्थिय सौंपकिय। रिध दीनी नव निद्ध ॥छं०॥२१२॥
कवित्त ॥ भोरा कुअर सुं भेट। सिंघ लग्यौ तट सागर ॥
लाष दोय बाजी वितंड। नगर भग्ग बहु नागर ॥
सत्त लष्य तोषार। पंति कनवज्ज प्रमानं ॥
लष सत्तरि गय गुरहि। तपै ग्रीषम जिम भानं ॥
जलथान जाइ धूलग्गि रह। रह्यौ एक बड़वानलह ॥
चहुआन देस तष्पह सुधर। पंच षंड कनवज्ज पह ॥छं०॥२१३॥

दिग्विजय से लौट कर विजयपाल का यज्ञ करना।

गाथा ॥ किय दिगविजै विहारं। जित्तवि सकल राइ किय संगे ॥
पुर कनवज्ज संपत्ते। बज्जन बहुल बज्जि आनंदं ॥छं०॥२१४॥
दूहा ॥ मंडि जग्य विजपाल न्रप। भूपन तुंग विनास ॥
जय जयचंद विरद्द, बर। हठ लग्गो [2]इतिहास ॥ छं० ॥ २१५ ॥

विजयपाल की दिगविजय में पाई हुई जैचंद की पत्नी को गर्भ रहना और उससे संयोगिता का जन्म लेना।

अरिल्ल ॥ अति वरजो वा जुन्हाइय नारि। चंद्र जेम रोहनि उनहारि ॥
अति सुष बरस दुअट्ठ प्रमानं। ता उर आनि संजोगिन थानं ॥
छं० ॥ २१६ ॥
दूहा ॥ घटि बढ़ि कलहन अनुसरै। पेम सदीरघ होत ॥
कलि कनवज दीपक सुमति। चंद्र जुन्हाई [3]जोति ॥ छं० ॥ २१७ ॥
कवित्त ॥ जिते जुन्हाइय जोति। राज गवरी गुर बंध्यौ ॥
जिनं जुन्हाइय चंद। अष्ट पर्वत वित नंध्यौ ॥

(१) ए. कृ. को.-गन।
(२) ए. कृ. को.-अतिहास। (३) मो.-सौति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिनं जुन्हाइय चंद । तुंग तिरुहन विप्रानय ॥
जिनं जुन्हाइय चंद्र । कंठ कंठेर सु बानय ॥
जयचंद जुन्हाइय पंगुरै । असी लष्ष हैवर [1]परिग ॥
जयचंद जुन्हाइय राज बर । बरनिय अरधंगह धरिग ॥छं०॥२१८॥

दूहा ॥ पुब्बकथा संजोग की । कही चंद बरदाइ ॥
पंग घरह जुन्हाइ उर । आनि प्रगट्टिय लाइ ॥ छं० ॥ २१९ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराज रासके संजोगिता पूर्व जनम नाम पैंतालिसमों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ४५ ॥

(१) ए. कृ. को.-परिग ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ विनय मंगल नाम प्रस्ताव लिष्यते ॥

(छियालिसवां समय।)

अप्सरा के संयोगता के नाम से जन्म लेकर शाप से उद्धार पाने का वर्णन।

दूहा ॥ पुब्ब कथा संजोग की। कहत चंद बरदाइ ॥
सुनत सुगंध्रव गंध्रवी। अति आनंद सुहाइ ॥ छं० ॥ १ ॥
जनम संयोग संजोग विधि। कहि कविराज प्रकार ॥
जिम भविष्य भव निरमयौ। तिम सराप उद्धार ॥ छं० ॥ २ ॥

शाप देकर जरज ऋषि का अन्तर्ध्यान हो जाना और सुमंत का तप में दत्तचित्त होना।

चौपाई ॥ एक सराप षिमा अवतारं। जरित रिष्य हरद्वार सुधारं ॥
तिन सिष सिष्षि छिमाद्दत लिन्नौ। मनो तत्त [1]रस तत्त सुभिन्नौ ॥

* संवत ११३६ में संयोगिता का जन्म वर्णन।

दूहा ॥ ग्यारह सै च्यालीस चव। पंग राज स्रू मंडि ॥
बर पंचम ससि तीय ग्रह। जनम संयोग विषंड ॥ छं० ॥ ४ ॥
ससि न्त्रिमल पूरन उग्यौ। निसि निरमल अति रूप।
न्त्रिप न्त्रिप कन्या व्याहता। मरन अदब्बुद भूप ॥ छं० ॥ ५ ॥
जंजं बालत पढ़ै गुन। तंतं बढ़ति काम ॥
सिंद्धि [2]विभंतर तिय सहज। लछि लच्छिन विश्राम ॥ छं० ॥ ६ ॥

(१) ए. कृ. को.-तत्त रस लिन्नौं। (२) ए. कृ. को.-त्रिपंतर।

* छन्द ४ के अंत में विखण्ड शब्द "संवत ११३६" की सूचना देता है—यथा (वि = दो+ खण्ड = टुकड़ा) जनम संयोग–विखण्ड = संयोगता की आयु के आधोआध समय मे अर्थात् संवत् ११४४ में राजा पंग ने राजसूययज्ञ आरम्भ किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संयोगता का दिन प्रति बढ़ना। और आयु के तेरहवें वर्ष में उसके शरीर में कामोद्दीपन होना।

कवित्त बढ़ै बाल जो दीह। घरिय सो बढ़ै स सुंदरि॥
और बढ़ै इक मास। पाष बढ्ढै रस गुंदरि॥
मास बढ़ै षटमास। रित्त बढ्ढै सु बरष बर॥
बरष बढ़ै सुंदरी। होइ षट मध्य बरष झर॥
पूरंन बाल षट विय बरष। नव मासह दिन पंच बर॥
ता दिनह बाल संजोग उर। मदन वृद्ध मंडिय [1]सुधर॥ छं०॥ ७॥

संयोगता के हृदय मंदिर में कामदेव का यथापन्न स्थान पाना।

इह संजोइय राज। पुत्ति बत्तीसह लच्छिन॥
रची विधाता काम। धाम कर अप्प विचच्छिन्न॥
छाजै छचिय गौष। [2]गुमट कलसा छबि छाजिय॥
करिय रास आवास। सरस रस रंग विराजिय॥
तिन चित्रसाल चित्रत सुरंग। मनसिज आगम अंग अँग॥
मन आस वास बसि मंदिरह। प्रथम दीप दीनौ सुरंग॥ छं०॥ ८॥

संयोगता के सौन्दर्य्य की बड़ाई।

दूहा॥ उड़गन सम सहचरि सकल। उड़पति राजकुमारि॥
नव रस आए देह धरि। कोन त्रिया अनुहारि॥ छं०॥ ९॥

संयोगता का भविष्य होनहार वर्णन।

हनूफाल॥ संजोगि नाम सुजान। जिन तात बिजय किआनि॥
इह लच्छिनेव बतीस। इह पच्छ छत्त विदीस॥ छं०॥ १०॥
इह उंच ग्रेह समान। भुअ राहनी हत आनि॥
इन पानि बर चहुआन। जिन बंधिलिय सुरतान॥ छं०॥ ११॥

(१) मो.-सुधर। (२) ए.-मुगट।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन काज राजस्त्र जग्य। मिलि राइ सहस विभग्य॥
कलहंत काज सरूप छिति रत्ति श्रोनित भूप॥ छं० ॥ १२ ॥
इन रूप राचत देव। इन इंद्र वधु अह मेव॥
इन सुरन षोड़स दीन। इकतीस लच्छन भीन॥ छं० ॥ १३ ॥
भौ रुद्र माल विसेष। पर कलह कामिनि लेष॥
इन संबऱ्यौ बह राज। भिरि सहस छचिय [1]छाज॥ छं० ॥ १४ ॥
घटि मुकुट मुकुटनि पान। रवि कोटि उग्गिय जान॥
मिलि छच छचन धाह। सोइ छांह मंडय बाह॥ छं० ॥ १५ ॥
सुनि साति [2]सत्तत काज। रन पानि बर भृत आज॥
इन कलह कामिनि नाम। संसार समनह वाम॥ छं० ॥ १६ ॥
इन पाइ पौरुष इंद्र। [3]ज्यों रुषमिनी रु गोविंद॥
दुज दुजन दुर्जन लाग। सुक सुनत श्रवन विभाग॥ छं० ॥ १७ ॥
दस सहस छच विभंग। रुधि भिन्न षोनिय अंग॥
परि लष्य छचिय जुद्ध। इन बरह कित्ति असुद्ध॥ छं० ॥१८॥
छिति छच बंधन व्याह। तिहि सुचर मंडल धाह॥
वर मिलन बेस विरूप। चढ़ि चलन मनमथ भूप॥ छं० ॥ १९ ॥
जिहि जियन मरन सु [4]लाह। दुअ नयर संगल [5]धाह॥
षट भाष भाषन जान। संजोग जोवन पान॥ छं० ॥ २० ॥
बंधि षंड राज सुराज। कनवज्ज राजन साज॥
धम्मारि काम विलास। संजोग रूप प्रहास॥ छं० ॥ २१ ॥
सुक सुकी केलि विभग। सुनि श्रवन भव अनुराग॥
चित विलषि उलषि कुमारि। लगि पढ़न केलि धमारि॥ छं० ॥२२॥
अस ससिर रिति अत्तीति। पति तात ग्रह छिति जीति॥
संजोगि वारिय मंडि। दुज दुजन गंध्रव छंडि॥ छं० ॥ २३ ॥
उअ मेह [6]मोर मराल। पप्पीप सद्द सराल॥
उअ दष्य अंबर मंडि। मधु माधुरी सुव छंडि॥ छं० ॥ २४ ॥

(१) मो.-काज। (२) ए.-संतन।
(३) ए. कृ. को.-ज्यों रुषमनी रू गुविन्द। (४) ए. कृ. को.-लार।
(५) ए. कृ. को.-धार। (६) ए. कृ. को. मोह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इह लग्गि केलि अहार। तिय ताल तेह सहार॥
इह केतकिय सब छंडि। नव नलिन नागिन षंडि॥ छं०॥ २५॥
इय चंद एह प्रहास। घट एह मध्य दुवास॥
कनवज्ज राजन मझ्झि। दिस षंड राइ सु मझ्झि॥ छं०॥ २६॥
स्लोक॥ *अन्यथा नैव पिष्यंति। द्विजस्य वचनं यथा॥
प्राप्ते च योगिनी नाथे। संजोगी तत्र गच्छति॥ छं०॥ २७॥

संयोगता प्रति जयचन्द का स्नेह।

दूहा॥ सुत्र संयोग [1]समुष्ष सुष। दिष्ष सभोजन राइ॥
अति हित नित नित्तह करै। तिय रयनी न विहाइ॥ छं०॥ २८॥
सुअठ्ठ आरि अपनी करै। स्तरै न सीषह तात॥
पढ़न केलि कलरव करै। कहत अपूरब बात॥ छं०॥ २९॥
नेवज पुप्फ सुगंध रस। बज्जन सद्द सुढार॥
सुरति काम पूजन मिलहि। एक समै चयवार॥ छं०॥ ३०॥

संयोगिता के विद्यारम्भ करने की तिथि आदि।

पद्धरी॥ ससि तीय थान रवि भोग जोग। दिन धऱ्यौ देव पंचमि संजोग॥
संजोग बहुत उर पढ़न गत्ति। दिन धऱ्यौ देव राजन सु मत्ति॥
छं०॥ ३१॥
दूहा॥ अति विचित्र मंडप सुरँग। अंगन [2]सस सहकार॥
अध सु लाल कूंअरि पढ़त। सद्रिस प्रतंम सु मारि॥ छं०॥ ३२॥
पढ़त सु कन्या पंगजा। सुंदर लच्छिन रूप॥
मानहु अंदर देषियै। मदन पचासन भूप॥ छं०॥ ३३॥
लहु भगिनि तारा सुअन। अति सु चंग प्रति रूप॥
जिन जिन भेद अभेद गति। जं जं मंडहि धूप॥ छं०॥ ३४॥

संयोगता का योगिनी वेष धारण कर अपनी पाठिका (मदन वम्हनी) के पास जाना।

* इस श्लोक की प्रथम पंक्ति के आगे मो. प्रति के पाठ का एक पत्रा खंडित है।

(१) को.-संमुष्ष सुख। (२) ए.-तस।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरिल्ल ॥ ए लज्जा सों लज्जहि बाल। दिगंबरह वस्त्र गुन चाल ॥
जगत वस्त्र सो रामय भोग। वस्त्र रचै नहिं राचै जोग ॥ छं० ॥ ३५ ॥

योगिनी वेष में संयोगिता के सौन्दर्य्य की छटा वर्णन।

दूहा ॥ सो रष्षी सुंदरि सु बिधि। मदन वृद्धि दिय हथ्थ ॥
सो कीनी मदनं सुवृद्धि। अति कोविद गुन कथ्थ ॥ छं० ॥ ३६ ॥

कवित्त ॥ अति कोविद गुन कथ्थ। मदन कीनी भँति वृद्धह ॥
जोग जिहाजन जाइ। ताहि जल मद्भित [1]सद्धह ॥
अति भय मित्तिय बाल। रूप राजति गुन साजति ॥
आभूषन पट धरै। देव बद्धू दिषि लाजति ॥
आरंभ अंबता धाम मधि। अति विसुद्ध चिह्नु पास सषि ॥
संजीव जोग जंगम [2]सवै। तप सुतप्प मध्या सु लिषि ॥ छं० ॥ ३७ ॥

संयोगिता का लय लगा कर पढ़ना और पाठिका का उसे पढ़ाना।

दूहा ॥ लय लग्गिय भग्गीय गुन। अति सुंदर तिन साथ ॥
एक मत्त दस अग्गरिय। विनय पढ़ावत गाथ ॥ छं० ॥ ३८ ॥
इक सत पंचत अग्गरी। राज कन्य रज रूप ॥
तिन मध्ये मध्यात में। काम विराजत भूप ॥ छं० ॥ ३९ ॥
तादिन तें द्वै दुजन बर। पढ़िय सु शास्त्र विचार ॥
उन आरंभ अरंभ करि। आप सपत्तिय बार ॥ छं० ॥ ४० ॥

एक दिन ब्राह्मणी का अपने पति से संयोगिता के विषय में प्रश्न करना।

आय सपत्तिय बाल बर। बेदिषि चष सह बाल ॥
मानौ रस अलि अलिनि कौ। लै आयहु ग्रह काल ॥ छं० ॥ ४१ ॥

(१) ए. कृ. को.-सद्धिय। (२) ए. कृ.-वसे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पढ़ि संजोग संजोग द्रत। विजय सु देवह दाव ॥
चक्कह चक्क सु वेन बस। दिषि संजोग अनहाव ॥ छं० ॥ ४२
जाम एक निसि पच्छिली। दुजनिय दुजबर पुच्छि ॥
प्रात अप्प घर दिसि उड़ै। जे लच्छिन कहि अच्छि ॥ छं० ॥ ४३ ॥

ब्राह्मण का संयोगिता के भविष्य लक्षण कहना।

कवित्त ॥ इन लच्छिन सुनि बाल। न्रिपति करि रुधिर प्रकारह ॥
बहु छचिय झुझिहैं। रुंड हरि हार अधारह ॥
गिद्ध सिद्ध वेताल। करै क्रत्यह कोलाहल ॥
इह लच्छिन सुनि सच्च। वाल लच्छित जिन चाहल ॥
संजोग फूल फल नन दियन। ए कन्या जिम प्रथम तिम ॥
कलहंत राज छची सुबर। भविस बात होवै सु तिम ॥ छं० ॥ ४४ ॥

दूहा ॥ तिन कारनहों जक्ष गुन। भुगति मुगति सह देन ॥
सो कन्या पहुपंग कै। आय सपत्तिय मेन ॥ छं० ॥ ४५ ॥
जयति जग्य संजोग बर। दिषि अंगन लष चार ॥
एक अलष्वन भिन्नहै। सो कलहंतर साल ॥ छं० ॥ ४६ ॥
कलहंतरि सुंदरिय बर। अति उतंग छिति रूप ॥
तिन समान दुज पिष्य कै। मदन लभ्भ तन [1]भूप ॥ छं० ॥ ४७ ॥

गीतामालची ॥ लषि लषित अच्छिर, सषिन सच्छिर, नमित गुरजन, अंगुरं।
लहु गुरु सुमंडित अगन छंडित, दूह गाह, समुद्दरं ॥
सक [2]सगन संचित, अगन बंचित, जगन मगन, प्रबंधयं ॥
उग्गाह गाह, विगाह चंचल, नष्ट निहचल, छंदयं ॥ छं० ॥ ४८ ॥
छिति छच बंधति, चित्त बित्त, सु नगन निंधति, अंभयं ॥
हरि हरय अंसय, विमल वंसय, रूप गंसय, अंसयं ॥
सुभ अलस साटक, काम हाटक, भाष षटक सु संचयं ॥ छं० ॥ ४९ ॥
संजोग जोगय, सुमति भोगय, थप्पि जोगय, भोगयं ॥
इन काल विद्धं सब्ब सिद्धं, एक दोष संजोगयं ॥

(१) को.-सूल। (२) को.-लगन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मय मंत मंतिय, कांम कंतिय, विज्ज जंतिय उच्चयं ॥
जं कहै अच्छरि, पढ़ै तच्छिर, लिषै नच्छिर, मंडियं ॥
छं० ॥ ५० ॥

पाषान लीहं, दीह तीहं, काम सीहं, विच्छुरै ॥
कवि करै कित्तिय, मत्ति इत्तिय, जीह तित्तिय, उच्चरै ॥
छं० ॥ ५१ ॥

संयोगिता का मदन वृद्ध ब्राह्मणी के घर पढ़ने जाना और संयोगिता का योवन काल जान कर ब्राह्मणी का उसे विनय मंगल पढ़ाना।

कवित्त ॥ मदन वृद्ध बंभनिय। ग्रेह हिंडोल संजोगिय ॥
कनक डंड परचंड। इंद्र इंद्रिय बर जोइय ॥
परहि लत्त हिंडोल। दुजन उप्पम तिन पाइय ॥
कनक षंभ पर काम। चंद चकडोल फिराइय ॥
लग्गें नितंब बेनिउ [1]बढ़ि। सो कवि इह उप्पम कही ॥
सैसव पयान कै करतही। कामय [2]वग्गी कर गही ॥ छं० ॥ ५२ ॥

अरिल्ल ॥ षुत्ते अंब कदंब कुरंगा। तै किरपल पछै अनभंगा ॥
चक्रित बत्त सुनि बाल प्रकारं। सह सुंदरि सोभत सिरदारं ॥
छं० ॥ ५३ ॥

दूहा ॥ सजि सु पंग बर व्याह क्रत। बहु रचना गुन लाहु ॥
बाल सु वय जिम बाल मुन। त्यों समुझै गुन चाह ॥ छं० ॥ ५४ ॥

कवित्त ॥ एक सु पुत्तिय पंग। देव दक्षिन देवग्रह ॥
मेनहीन माननी। हीन उपजै अरंभ कह ॥
मनमोहन मोहनी। निगम करि बत्त प्रकारं ॥
आसमान इष्षियै। नाग नर सुर नहिं [3]भारं ॥
अष्षौ उमाह मंगलविनय। भ्रम्म सकल जिम मुगति मति ॥
सुनि मत्ति गत्ति रत्तिय सुबर। विधि विधान निरमान गति ॥
छं० ॥ ५५ ॥

(१) ए. कृ.-बेनी उन्नटि। (२) ए. को.-काम अवंगी। (३) ए.-नारं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ विनय मंगल पाठ का प्रारम्भ।

बचनिका॥ मदन वृद्ध बंभनी संजोगिता कौं बिनय मंगल
पढ़ावति है सु कैसो बिनय मंगल॥

दूहा॥ सुकल पच्छ बंभनि सुकल। सुकल सु जुवति चरित्त॥
बिनय विनय बंभनि कहै। बिनय सु मंगल वृत्त॥छं०॥५६॥
*मुगध [1]मुद्ध प्रौढ़ा प्रकृति। सुबर बसीकर चित्त॥
सुनि विचित्र बाला विनय। श्रवन सवहिन चित्त॥ छं०॥५७॥

विनय मंगल की भूमिका।

चोटका॥ प्रथमं उठि प्रात मुषं दरसं। उतमंग सुअंग पयं परसं॥
विनया गुन तुच्छ विभच्छ मनं। हरहं जय काम सु ताम मनं॥
छं०॥५८॥
ग्रह गामिय रैनि परप्परसं। प्रगटी तय भावन ताम रसं॥
द्रिग द्रप्पन लैह बदन्न [2]हसं। प्रति प्रीतय चारु चषं दरसं॥
छं०॥५९॥
भय कामिनि काम मनं वृतलौ। सिषि नासिष पानि कुअहृत जौ॥
मन वृत्ति सु गत्ति मनं गहनं। रह रत्त सु व्रत्त बरं बहनं॥
छं०॥६०॥
जियर्यं जिय रस्स रसं रसनं। भय भीर उवृत्त पयं बसनं॥
परि पिम्मह पिम्म सबक्क कसं। जह ईजह दिद्वित हीय [3]ससं॥
छं०॥६१॥
भुगतं बर अंन वरं विनयं। प्रथमं निज काल ग्रिहं गननं॥
भव रूप चिरूप तनं लहनं। अनि ईस नसीस समं वहनं॥छं०॥६२॥
अनि पूज न जाप न ईसगनं। पति पूज मनोरथ लम्भि मनं॥
पिय दिष्षहि दिष्षि मुगद्ध मनं। वय बद्धिय ताम सुकाम बनं॥
छं०॥६३॥
बसनं रुचि पीय सुकीय घरं। तन मंडन भूषत ताम करं॥

(१) ए.-मुद्ध। (२) ए. कृ. को.-इसं। (३) मो.-सरस।

*यहां से मो.-प्रति का पाठ पुनः आरंभ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गहनं रस सार शृंगार बनं। गति गंठिय ग्रंथ सु काम मनं॥
छं० ॥ ६४ ॥

इति गत्ति चरित्त जुधाम धरं। सु जितै त्रिय कंत अधीन करं॥
छं० ॥ ६५ ॥

पति का गौरव कथन।

दूहा॥ जो बनाय बनिता बनिय। सषी न मंगल माल॥
सषि आग्रह मानै नहीं। पिय छंडै ततकाल॥ छं० ॥ ६६ ॥

उव निस बस दूती ग्रहन। [1]सषिन विलंब न बग्ग॥
पियन पियहि अंतह करन। करहित सुभग [2]अभग्ग॥ छं० ॥ ६७ ॥

धं धीरज विरहै बनह। आतमेछ अप सिद्ध॥
तं तन मन मान न धरहि। करै सु कामह विद्ध॥ छं० ॥ ६८ ॥

स्त्रियों की पति प्रति अनन्य प्रेम भावना।

मुरिल्ल॥ तूं धनयं मनयं तुअ [3]मत्तिय। तूं हियय जियय तुअ गत्तिय॥
तू बरयं धरयं तुअ तत्तिय। तू पियय नियय निज रत्तिय॥छं०॥६९॥

तूं ग्रहयं नरयं नय नत्तिय। तूं गतयं जपयं जक जत्तिय॥
तूं सहयं वसयं घन घत्तिय। तूं दियय छियय छवि हत्तिय॥
छं० ॥ ७० ॥

तूं सहयं दुहयं दुह कत्तिय। तूं विनयं दिनयं दिन गत्तिय॥
तूं तपयं अपयं अप नत्तिय। तूं सथयं नथयं सथ सत्तिय॥
छं० ॥ ७१ ॥

पाठिका का उपरोक्त व्याख्या को दृढ़ करना।

कवित्त॥ विलसि भाइ भामिनिय। जाम जामनिय प्रमानहि॥
विलसि काम कामिनिय। ताम तामिनिय प्रमानहि॥
हों सुबंभ बंभनिय। रंभ रंभान सिषावन॥
श्रवन मूढ़ मन मूढ़। रूढ़ रंजन गहि दावन॥

(१) मो.-सखिय। (२) मो.-अभंग। (३) ए. कृ. को.-मुत्तिय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तन तुंग द्रुग्ग उग्रह हिम सु। सुनि सु बाल हर धवलु [1]हन ॥
चंदनह चारु चंदन कुसुम। तन चिषान चिग्गुन पवन ॥छं०॥७२॥

विनय भाव की मर्य्यादा गौरव और प्रशंसा।

जुगति न मंगल बिना। भुगति बिन शंकर धारी॥
सुगति न हरि बिन लहिय। नेह बिन बाल हथारी॥
जल बिन उज्जल नथ्थि। नथ्थि न्त्रिमान ग्यान बिन॥
कित्ति न कर बिन लहिय। छित्ति बिन सस्त्व लहिय किन॥
बिन मात मोह पावै न नर। बिनय बिना सुष ग्रसिन तन॥
[2]संसार माह विनयौ बड़ौ। विनय बयन मुहि श्रवन सुनि॥
छं० ॥ ७३॥

सुआ सार विनय का एक आख्यान वर्णन करता है और रति और कामदेव उसे सुनते हैं।

दूहा॥ [3]निकट सुकी सुक उच्चरय। कर अवलंबित डार॥
मवरिय अंब [4]सु अंब लगि। सुनत सु मारनि मार ॥छं०॥७४॥
विनय साल [5]सुक सुकनि दिषि। सर संभरिय अपार॥
मानो मदन सुमत्त की। विधि संजोगि सु सार॥ छं०॥ ७५॥

मान एवं गर्व की अयोग्यता और निन्दा।

साटक॥ मानं भंजन नेहमान [6]न्त्रगुना, सज्जन्न सा दुर्ज्जनं॥
मानं छंदय तोरनेव जुरयं, मानेव मंदं पिमं॥
मानं छंदय तोरनेव गुनयं, मानेपि नरुयं बुरं॥
इक्कं मानय बार भारथ गुरं, आवंत मानं लघुं॥ छं०॥ ७६॥
दूहा॥ न भवति मान संसार गुन। मान दुष्ष को मूल॥
सो परहरि संयोग तूं। मान सुहागिनि [7]सूल॥ छं०॥ ७७॥

(१) ए. कृ. को.-सुनइ। (२) ए. कृ. को.-सारसा।
(३) ए. कृ. को.-निकर। (४) ए. कृ. को.-नंत।
(५) मो.-विनय सार सुक्कीय दिवि। (६) मो.-त्रगुना। (७) मो.-मूल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनय का गौरव ।

एक विनय गरुअंत गुन । अब्बह विनयति सार ॥
सीतल मान सु जंपियै । तौ बन दझ्झै [1]तुसार ॥ छं० ॥ ७८ ॥

विनय की प्रशंसा और उसके द्वारा स्त्रियोचित साधनों का वर्णन ।

विनय महा रस भंतिगुन । अवगुन विनय न कोइ ॥
जोगीसर विनय जु पढ़ै । मुगति सलभ्भै सोइ ॥ छं० ॥ ७९ ॥
विनय नहीं जौ पंषियन । तरु नहिं दोष दियंत ॥
फल चष्षै पत्तइ हतें । मानय गुनय गहंत ॥ छं० ॥ ८० ॥
एकै विनय सभग्ग गुन । तजत न विनय अरिष्ट ॥
जाने घर सूना हुआ । भोइ नता करि मिष्ट ॥ छं० ॥ ८१ ॥
मो पुच्छै जौ सुंदरी । तौ जिन तजै सुरंग ॥
जिम जिम विनय अभ्यासिहै । तिम तिम पिय मनपंग ॥छं० ॥८२॥

कवित्त ॥ विनय देव रंजिये । बिनय वहु विद्य देइ गुर ॥
विनय द्रव्य लहि सेव । विनय विष तजै अप्प सुर ॥
विनय दत्त अदतार । विनय भरतार हार उर ॥
विनय करह करतार । विनै संसार सार सुर ॥
वय चढ़त चढ़ै विनया सुबर । सव शृंगाररति भार वपु ॥
बंभनिय भनै संजोग सुनि । विनय बिना सब आर तपु ॥छं०॥८३॥

चौपाई ॥ बंभनियं भनियं संजोई । वयसंध्या सु सुधा बुधि भोई ॥
तूं सक सौतिन पिय बसि होई । विनय सुबुद्धि देहि बुधि तोही ॥
छं० ॥ ८४ ॥

दूहा ॥ विनय उचारन चारु मुष । दिष्षिय सारन सार ॥
कामत्तन सुद्धै सगुन । कंत करै उरहार ॥ छं० ॥ ८५ ॥

चंद्रायन ॥ काम धरा धरकंत सुरत्तौ । तब संजोगिनी बोल्ल अहित्तौ ॥
[2]अच्छिर छंद सु चंद विरत्तौ । सक्करया पय मुष्षह पित्तौ॥छं०॥८६॥

(१) ए. कृ. को.-तुषार । (२) ए. कृ. को.-अछिर छंद सुछन्द सु वित्तौ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाथा ॥ मुष पित्तौ पति रोगै । लग्गै विषमाइ सक्करं मुषयं ॥
जंतुर पये सुबाले । कामं रत्ताय मोहनो धरयं ॥ छं० ॥ ८७ ॥

उपरोक्त कथनोपकथन के प्रमाण में एक संक्षेप आख्यान ।

कबित्त ॥ एक काल सुंदरी । दोइ भगनी अधिकारी ॥
एक मान सद्दयौ । एक वनिया विञ्चारी ॥
जिन चय किन्नौ मान । सुष्ष तिन देह न लद्धौ ॥
अंतकाल संग्रहै । चित्त तन मोह विलुद्धौ ॥
जामंति अंति सा गत्ति हुई । ता मत्ती सारन [1]सुबर ॥
ऊरद्द नरक बहु भोगि कै । जम्म लभ्भ पसु पंषि [2]तर ॥छं०॥८८॥

स्त्रियों के लिये विनय धारणा की आवश्यकता ।

दूहा ॥ जिन चिय लभ्यौ विनय रस । सुष लद्धौ तन मंझ ॥
विनय बिना सुंदर इसी । बिन दीपक ग्रह संझ ॥ छं० ॥ ८९ ॥
कवित्त ॥ ज्यों बिन दीपक ग्रेह । जीव बिन देह प्रकारं ॥
देवल प्रतिम बिह्नन । कंत बिन सुंदरि सारं ॥
लज्या बिन रजपूत । बुद्धि बिनु भोग न जानिय ॥
बेद बिना बर विप्र । करन बिन कित्ति न ठानिय ॥
विनय बिना [3]सुंदरि अध्रम । कंत देइ दूनौ सु दुष ॥
संजोगि भोग विनयौ बड़ौ । लहै विनयमंगल सुसुष ॥छं०॥९०॥

विनयहीन स्त्री समाज में सुशोभित नहीं होती ।

गाथा ॥ [4]बेदयौ बंचितं विप्रं । भेषजं बहु लोइ ग्रंथयं गुनयं ॥
सब जंजार सु जानं । जुन्हाई नेव जानयं तत्तं ॥ छं० ॥ ९१ ॥
तंतू विनय बिहूंनी । युं दिट्ठाइ सुंदरी तनयं ॥
यो [5]वासंतति काल । पत्तं बिना तरवरं रचयं ॥ छं० ॥ ९२ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सुनर । (२) ए. कृ. को.-तन ।
(३) ए. कृ. को.-सुधर । (४) ए. कृ. को.-बेदया बंचित विप्पौ ।
(५) मो.-यौ बासंत सुकालं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ बहु लज्जा कहि जात चिय । तन मंडन अवलान ॥
[1]काल बसंत रु बाल ग्रह । सो मतिमंत सुजान ॥ छं० ॥ ९३ ॥

एक मात्र विनय की प्रशंसा और उपयोगिता वर्णन।

कवित्त ॥ विनय सार संसार । विनय बंध्यौ जु जगत सब ॥
विनय काल निक्काल । विनय संसार सूर [2]अब ॥
विनय बिना संसार । पलक लब्भै न सुष्य तनु ॥
जहां जाइ सो रिप्प । ग्राह संग्रह्यौ देह जनु ॥
न्रप रीति विनय लग्गी रवनि । विनय उचारन चार रस ॥
विनय बिना सुंदरि इसी । सुपन होइ उद्यान [3]जस ॥ छं० ॥ ९४ ॥

सोरठा ॥ विनय तरुन अरु बाल । विनय होइ जुब्बन दिनन ॥
तौ पहुँ प्रतिपाल । विनय सु हृदय बंधि रस ॥ छं० ॥ ९५ ॥

दूहा ॥ भरत भाम तारन सुरस । विनय भाष जस साष ॥
जिम जिम विनय सु संग्रहै । तिम लब्भै अभिलाष ॥ छं० ॥ ९६ ॥

कवित्त ॥ विनय सार संसार । विनय सागर रसधारी ॥
विनय उतारन पार । मुक्ति अप्पन अधिकारी ॥
विनय लहै सब जुगति । विनय बिन भक्ति न होई ॥
विनय सुरस उच्चार । पार कट्ठन रस होई ॥
गुनवंत निगुन सग्गुन अगुन । विनय बिना तन बालयौ ॥
गुन बिना धनुष क्रम बिन सुफल । [4]उभभ्भर मठ देवालयौ ॥
छं० ॥ ९७ ॥

दूहा ॥ विनय सुबंधी सुबुध हिय । जौ सुष चाहत बाल ॥
विनय न छंडय सुंदरी । तिन एंनन प्रतिपाल ॥ छं० ॥ ९८ ॥

गाथा ॥ बाले विनयति सारं । देहं मध्य तत्त ज्यौ जीवं ॥
त्यों जीवं सुष देही । विनय बिना बालयं नेहं ॥ छं० ॥ ९९ ॥

दूहा ॥ विनय सुरस बंभनि कहै । पढ़न सुपंग कुंआरि ॥
बलह बसि दूजैं सुबल । तौ बसि बलह सु नारि ॥ छं० ॥ १०० ॥

(१) मो.-काल वसैं तरु बालग्रह । (२) मो.-रस, कृ. को.-सब ।
(३) मो.-तस । (४) ए. कृ. को.-उज्जर मढ़ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम सुरस हथ्थै अपन। तो हथ्थै अप पीव ॥
सुनि संजोग संजोग है। जीव दै लीजै जीव ॥ छं० ॥ १०१ ॥

कवित्त ॥ निकट सुष्य संजोग। पीय अप्पन बसि होई ॥
सोइ विनय संजोग। तीय पिय बदन न जोई ॥
सोई विनय संजोग। अप्प छाडै विषया रस ॥
सोई विनय संजोग। दई किज्जै अप्पन बसि ॥
सोइ एक विनय जौ तूं पढ़ी। बढ़ी मत्ति चढ़ि चंद बिय ॥
रति छंडि मान क्रिमबीय चिय। तो ग्रह जोवन संचलिय ॥
छं० ॥ १०२ ॥

कं बसि कीनी कंत। विनय बंध्यौ परिमानं ॥
जिम जिम विनयति बढ़ै। सुष्य तिम तिम सरमानं ॥
विनय नेह तन सजल। सिंचि सुष बेलि बढ़ावै ॥
फल अमृत-संग्रहौ। मान सब कहीं दिढ़ावै ॥
सो विनय बिना नारीन क्यौं। बिनय बिना संसार सह ॥
पसु पंषि जीव जल थल जिमय। विनय बिना संयोग वह ॥
छं० ॥ १०३ ॥

गाथा ॥ सम विस हर विस गंत्तं। अप्पं होइ विनय बसि बाले ॥
षट नवरस दुअ सद्दें। गारुड़ विना मंच साभ्फरियं ॥
छं० ॥ १०४ ॥

कवित्त ॥ विनय सथ्थ जस जीव। विनय भोगवन सुष्य वर ॥
विनय देन रसपान। विनय आचरन अमृत धर ॥
अद्ध रयनि अंतरै। विनय सुंदरि अभ्यासै ॥
मान नेह संग्रहै। मान भंजै गुन भासै ॥
इम बिनै बाल मुक्कै न तूं। सुनहिं सुकी सुक श्रवन कथ ॥
लच्छिन सहज्ज अरु विनय गुन। दिषित माल उप्पर सुतथ ॥
छं० ॥ १०५ ॥

दूहा ॥ विनय पढ्यौ संजोग सुभ। तन में विनय सुभंत ॥
ज्यों जल बलि जलहीं जियै। विनय जियै बर कंत ॥ छं० ॥१०६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति विनय मंगल कांड समाप्त।

चंद्रायन॥ सुनि संजोग सिषावन सावन संभ्झरिय।
हीय हितानिय पीर न पावै बंझरिय॥
गुर 'गुज्जं नन कन्न जमावन जुग्ग हुअ।
अच्छिर अच्छ प्रमान विराजत मभ्झ धुअ॥ छं०॥ १०७॥

ब्राह्मणी का रात्रि को पुनः अपने पति से संयोगिता के विषय में पूछना और उसका उत्तर देना।

मुरिल्ल॥ सुंधरता तर रत्तिर रत्तिय। दुज्ज दुजानी वत्तर मत्तिय॥
प्रोग प्रियं रज राजन मंडिय। जीहा जाम उभै षट [2]षंडिय॥
छं०॥ १०८॥

दुजी का दुज से कथा कहने को कहना।

कवित्त॥ मदन वृद्ध बंभनिय। मार माननिय मनोवसि॥
कामपाल संजोग। विनय मंगलति पढ़ति रस॥
तहां सहारंतर एक। अंग अंगन घन मौरिय॥
सुक पिक पंषि असंष। बसहि वासर निसि घोरिय॥
इक वार दुजी दुज सों कहै। सुनहि न पुब्ब अपुब्ब कथ॥
उतकंठ बधै मन उल्लसै। रहहि नींद आवै [3]सुनत॥ छं०॥ १०९॥

दुज का उत्तर।

दूहा॥ दुज फुनि दुजि सौं उच्चरिग। कहि राजन बर बत्त॥
जाग भोग जुद्धह जुरन। करन सु कारन हित्त॥ छं०॥ ११०॥

पृथ्वीराज का वर्णन।

कवित्त॥ एक राव संभरीय। दुतिय जोगिनि पुर भूपति॥
तेज मौज अजमेर। उअर उद्दारति मूरति॥
बान मध्य वय मध्य। मध्य मह महि तन मोचन॥

(१) ए. कृ. को.-गुज्झंनन।
(२) मो.-घट पंडिय।
(३) ए. कृ. को. सुनत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छिति छितान धर अम्म। आम धर हिय रति रोचन ॥
छचि देव देव मंडल सभा। इक इक अषि अषंडलिय ॥
सुरतान बंधि षुरसान रति। मंत अषंड सुदंड लिय ॥ छं० ॥१११॥

कथा सुनते सुनते ब्राह्मणी का निद्रामग्न होजाना।

दूहा ॥ सुनत कथा अछिवत्तरी। गइ रत्तरी बिहाय ॥
दुज्ज कह्यौ दुजि संभल्यौ। जिहि सुष अवन सुहाय ॥ छं० ॥ ११२॥
होत प्रात तब पठन तजि। धाइ हिंडोरन आइ ॥
इह चरित्त दुज देषि कै। पछ जुग्गिनिपुर जाइ ॥ छं० ॥ ११३ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराज रासके संयोगिता कौ विनय मंगल वरननो नाम छियालीसमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ४६ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ सुक वर्णन लिष्यते ।

(सैंतालीसवां समय ।)

संयोगिता का यौवन अवस्था में प्रवेश ।

दूहा ॥ मदन वृद्ध ग्रह बंभनिय । पढ़न कुँआरिक वृंद ॥
बार बार लोकन करहि । जिम नछिच विच चंद ॥ छं० ॥ १ ॥
बालप्पन अप्पान सुष । सुष्य कि ज़ुव्वन मैंन ॥
सुभर श्रवन साषिन करहि । ढुरि ढुरि पुच्छत नैंन ॥ छं० ॥ २ ॥
[1]स्लोक ॥ प्राप्तं च पंग ग्रेहं । जग्य [2]जापय होमनं ॥
तच बंधं दंड देहा । राजा मध्य महावत् ॥ छं० ॥ ३ ॥

शुक और शुकी का दिल्ली की ओर जाना ।

हनूफाल ॥ इति हनुफालय छंद । गुरु च्यार नभ जिम चंद ॥
उड़ि चले दंपति जोर । चित्तइ स [3]पिथ्थह ओर ॥ छं० ॥ ४ ॥

शुक का ब्राह्मण के वेष में पृथ्वीराज के दरबार में जाना ।

जित संभरी वृतथान । वर मंच इष्ट संमान ॥
पते सुढिल्लिय थान । अपभेद किय परिमांन ॥ छं० ॥ ५ ॥
नरभेष धरि साकार । दुज भेज मुक्क्यौ सार ॥
दिषि ब्रह्म भेस अकार । किय मान अर्ध अपार ॥ छं० ॥ ६ ॥

ब्राह्मणी का संयोगिता के पास जाना ।

दूहा ॥ सोई दुज दुजनी करै । बहु तरवर उड़ि जानि ॥
सो सहार संजोग किय । तीयह रम्य सु थान ॥ छं० ॥ ७ ॥

दुज का पृथ्वीराज से संयोगिता के विषय मे चर्चा करना ।

(१) अन्य प्रतियों में गाथा करके लिखा है ।
(२) ए.-जायं । (३) को.-कृ.-पिथ्थिह ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ कहै सु दुज दुजनीय। सुनौ संभरि न्रप राजं ॥
तीन लोक हम गवन। भवन दिष्षे हम साजं ॥
जं हम दिष्षय एक। तेह नभ तड़िक अकारं ॥
मदन बंभनिय ग्रेह। नाम संजोगि कुमारिं ॥
सित पंच कन्य तिन मध्य अव। अवर सोभ तिन समुद बन ॥
आकास मज्झि जिम उडगनिन। चंद विराजै मनों भुवन ॥ छं०॥८॥

दूहा ॥ मदन चरित्त सु बंभनिय। मदन कुंआरि सु अंग ॥
सोइ बत्त कनवज्ज पुर। पंग पुत्ति मम चंग ॥ छं० ॥ ९ ॥

गाथा ॥ अप्पन तन छवि दिष्षं। सिष्षं भेदाइ दुष्षनो जीवी ॥
दुष्षं संभरि राइं। कह्यियं आज आगमं नीरं ॥ छं० ॥ १० ॥

दूाह ॥ अप्पन तन छवि देषि कै। सुष भरि दिष्षी नाहि ॥
दुष्ष संभरिय अनूरँग। वर ओपम नहिं ताहि ॥ छं० ॥ ११ ॥

कवित्त ॥ भाजन अग्गि उतिष्ट। मध्य चमकंत गरिष्टं ॥
मिलि नषत्त भंजनं। नाभि दिव चरित सु मिष्टं ॥
धन्नि धन्नि उच्चार। कह्यौ रषि जरजित नामं ॥
गरभ जुन्हाइय जाह। होइ सुष किति सु तामं ॥
जैचंद पुत्ति कलहंत गति। विधि अनेक ह्लनंन करिय ॥
कनवज्ज वास गंगा सु तट। संत सुमंत सु विस्तरिय ॥ छं० ॥ १२ ॥

संयोगिता की जन्म पत्रिका के ग्रह नक्षत्रादि वर्णन।

दूहा ॥ इह कहंत गुरराज न्रप। जनम पत्रिका बाल ॥
जन्म सुषादी उद्धरिय। को यह उंच रसाल ॥ छं० ॥ १३ ॥

कवित्त ॥ दुजनी दुज पुच्छयौ। दुज्ज दुजराज कवघ्यौ ॥
मंगल बुध गुरु सक्क। सन्नि सोमार चवघ्यौ ॥
केइंद्री गुर केत। राह अष्टम अधिकारिय ॥
इन नछित्त दुज कहै। देव जगि पंगह ढारिय ॥
निरमान रंभ अवतार धरि। काम गनं गुन विस्तरिय ॥
कलहंत नाम कलि जुग्ग महि। बर बंछै सोइ संभरिय ॥ छं०॥१४॥

स्लोक ॥ जन्मस्य पंचमो चैव। राहकेतं नक्षत्रया ॥
पंगानी च जया पुत्री। मूल भारथ्य मंडिनी ॥ छं० ॥ १५ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छः महीने में विनय मंगल प्रकरण का समाप्त होना।

दूहा ॥ इह कहंत षट मास गय। लिषि अंकूरा बाल ॥
पच्छ दीय बर काढ़ि कै। लिषि जनमोति रसाल ॥ छं० ॥ १६ ॥

विनय मंगल समाप्त होने पर ब्राह्मणी का संयोगिता से पृथ्वीराज और दिल्ली के सम्बन्ध की कथा कहना।

पद्धरी ॥ लिषि छंद बंध जनमोति ताम। तिहि दीह धऱ्यौ बर वाम काम ॥
तिन दिना तुच्छ हर नयन काज। जानियै वीर बाला विराज ॥
छं० ॥ १७ ॥
तन चिगुन भए देवत्त लाज। आवंत लाज की लाज साज ॥
दिन धरउ पढ़न जंपन सुबाल। मंगलति विनय मंगल विसाल ॥
छं० ॥ १८ ॥

अनंगपाल के हृदय में वैराग उतपन्न होने का वर्णन।

इह पढ़हि बाल अप ग्रेह थान। ढिल्ली नरिंद कग्गर सु ताम ॥
बरजै न कोइ मंची प्रमान। जिन देहि भुम्मि दुरजनति दान ॥
छं० ॥ १९ ॥
सिंगार संग अनगेस राज। पायौ न पुच फल नीठ साज ॥
सत्तरिरू सत्त वर्षह रसाल। पयौ सुदीह अन्नं सु काल ॥ छं० ॥ २० ॥
आना नरिंद तस वंस राज। चिंत्यौ जु अप्प दोहित्त काज ॥
चिंतिय अचिंत मनि मित्त मित्त। जंघार भीम ओड़न विअत्त ॥
छं० ॥ २१ ॥
अनगेस ईस अनगेत पुज्ज। लिषि भोज बंध प्रारंभ कज्ज ॥
छं० ॥ २२ ॥
दूहा ॥ अनग सपत्ता कथ्थ कथि। सोधि सु बंधव बीर ॥
करि अप्पन तिथ्थह गवन। को साधंन सरीर ॥ छं० ॥ २३ ॥

मंत्रियों का अनंगपाल को राज्य देने के लिये मना करना।

चोटक ॥ मय मंत गुरू दस हार पयौ। सह कंकन चामर तीन नयौ ॥
षट हाटक चोटक छंद बली। सु कही कविचंद उपंग भली ॥ छं० ॥ २४ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिन ठौर बरंजत मंच पथं। नन मानिय राज कथा न कथं॥
भिरि भंजय रंजय प्रज्ज सबै। जिन जाइ सु तिथ्य अनंग अबै॥
छं० ॥ २५ ॥

धर रषिय लच्छि सुमंत मनं। उपजै तिम मद्धि विकार सनं॥
क्रत काम कला लषि षोडसयं। बरदाइ कहै सोइ देवतयं॥
छं० ॥ २६ ॥

अरिल्ल ॥ उत्तर दिसि औरह उड्डाई। कागद लिषि प्रोहित्त बधाई॥
तब राजंन सुनत लै लग्गी। बढ़ि आनंद हृदय तब जग्गी॥छं०॥२७॥

अनंगपाल का पृथ्वीराज को राज्य देदेना।

भुजंगी ॥ लबं चित्त चिंता सुचिंता बिचारी। ननं मंच मानै गुरं धीर कारी॥
चवं चिंत चिंता अचिंता प्रमानं। मयं बीर बीरं लघू दिव्य पानं॥
छं० ॥ २८ ॥

प्रथीराज राजंत दोहित्त पुत्तं। तिनं वंस मातुल्ल अति प्रीत पत्तं॥
झलक्के झँगूरं लिषे पेषि हथ्थं। हितं राज अंगं अनंगेस पुत्तं॥
छं० ॥ २९ ॥

पृथ्वीराज की कूटनिति से प्रजा का दुःखित होकर अनंगपाल के पास जाना।

दूहा ॥ आइ संपते लोग बर। संभ धरड्डर काज॥
नवन रीत राजस कही। जानि कुलंगन बाज॥ छं० ॥ ३० ॥

अनंगपाल का पुनः वदरिकाश्रम को चला जाना।

कवित्त ॥ संचरि सीच सुटत्त। राज पत्तौ सु धाम न्रप॥
फल सु प्रीति हित हेम। सेत दिष्षयौ रजक अप॥
अनंग पाल छितिपाल। मुक्कि चल्ल्यौ सु तिथ्य भ्रम॥
हेवर चीर रतंन। गयो बदरी सुटत्त क्रम॥
यों मिले सब्ब परिगह न्रपति। ज्यों जल झर बोहिथ्य फटि॥
दिसि दिसा च्यार अचरिज्ज बर। बजि निसान नीसान घटि॥
छं० ॥ ३१ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाथा ॥ ऐरापति फनिगंगं। चामर मराल मालती पहुयं ॥
ता अंबीय प्रमानं। उज्जल कित्तीय सोमजा सूरं ॥ छं० ॥ ३२ ॥

दसों दिशाओं में सुविस्त्रित पृथ्वीराज की उज्वल कीर्ति का आकाश में दर्शन होना।

अति कित्ती अति उज्जली। बरने वा चंदयो कब्बी ॥
जानिज्जै परिमानं। राजानं संमयो नथ्यिं ॥ छं० ॥ ३३ ॥

दूहा ॥ वह मंडल न्रप देषि कै। चंद सु ओपम पाइ ॥
मानौ चंद सरद्द कौ। संग उड़ग्गन आइ ॥ छं० ॥ ३४ ॥

दै दुज्जनि दुज उत्तरह। दुह्न रूप चमकंत ॥
कोइ कहै प्रतिव्यंब है। को कहै प्रीति अनंत ॥ छं० ॥ ३५ ॥

संयोगिता का वर्णन।

कवित्त ॥ चंद बदनि म्रगनयनि। भौंह असित को वंड बनि ॥
गंग मंग तरलति तरंग। बैनी भुअंग बनि ॥
कीर नास भ्रगु दिपति। दसन दामिनि दारमकन ॥
छीन लंक श्रीफल अपीन। चंपक बरनं तन ॥
इच्छति भ्रतार प्रथिराज तुहि। अहनिसि पूजति सिव सकति ॥
अध तेरह बरष पदंमिनी। हंस गमनि पिष्षहु न्रपति ॥ छं० ॥ ३६ ॥

बारह के बाद और तेरह के भीतर जो स्त्रियों की वयःसंधि अवस्था होती है उसका वर्णन।

दूहा ॥ तिहि तन बन न्रप सों कहै। दुहुं अंतर सिसु बेस ॥
जुब्बन तन उद्दिम कियौ। बालप्पन घटनेस ॥ छं० ॥ ३७ ॥
बालप्पन तन मध्य वय। गादरि तन चष नूर ॥
ज्यों बसंत तरु पल्लवन। इछ उठ्ठन अंकूर ॥ छं० ॥ ३८ ॥
बय बालत्तन मध्य इम। प्रगट किसोर किसोर ॥
राकापति गोधूर कह। आभा उद्दित जोर ॥ छं० ॥ ३९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज्यों दिन रत्तिय संध गुन। ज्यों उष्णह हिम संधि ॥
यों सिस जुब्बन अंकुरिय। कछु जुब्बन गुन बंधि ॥ छं० ॥ ४० ॥
ज्यों करकादिक मकर मैं। राति दिवस संक्रांति।
यों जुब्बन सैसव समय। आनि सपत्तिय कांति ॥ छं० ॥ ४१ ॥
यों सरिता अरु सिंध सँधि। मिलत दुहून हिलोर ॥
त्यौं सैसव जल संधि में। जोवन प्रापत जोर ॥ छं० ॥ ४२ ॥
यों क्रम क्रम बनिता सु बय। सैसव मध्य रहंत ॥
सीतकाल रबि तेज ससि। घामरु छांह सुहंत ॥ छं० ॥ ४३ ॥
सैसव मध्य सु जोबनह। कहि सोभा कबिचंद ॥
पाव उठै तर छांह छबि। पोज न नीच रहंत ॥ छं० ॥ ४४ ॥
जीति जंग सैसव सुबय। इह दिष्षिय उनमान ॥
मानों बाल विदेस पिय। आगम सुनि फुल्लिकाम ॥ छं० ॥ ४५ ॥
गाथा ॥ यों राजति वय राजं। सैसव मध्येय सोभियं सारं ॥
ज्यों जल जोर प्रमानं। कमलानं कोर उच्चयं होइं ॥ छं० ॥ ४६ ॥
दूहा ॥ यों सैसव जुब्बन समय। विधि बर कौन प्रकार ॥
ज्यों हथलेवहु दंपती। फेरे फिरिअन पार ॥ छं० ॥ ४७ ॥
यों राजत अवनी कला। सैसव में कछु स्याम ॥
ज्यों नभ परिवा चंद तुछ। राह रेह बल ताम ॥ छं० ॥ ४८ ॥

स्त्रियों के यौवन से वसंत ऋतु की उपमा वर्णन।

पद्धरी ॥ उत्तरन ससिर रति राज नाइ। अह संधि जिसें निसि संधि पाइ ॥
जुब्बनह अवन सैसव सुनाइ। कछु संक अंग पै निडर ताइ ॥ छं० ॥ ४९ ॥
सैसव सुससिर रितुराज थान। मानहिं बसंत जुब्बन न आन ॥
अनमंध मधुप मधु धुनि करंत। पंचहि कटक्क सिसिरह वसंत ॥
छं० ॥ ५० ॥
भुअ नीच नेन नचै नवाय। आवंत जुवन जनु करि बधाय ॥
जिम सीत मंद सुगंध वाय। कछु सकुच एम बर करहि पाइ ॥
छं० ॥ ५१ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जुब्बन नवत्त सिसु सरिर मंद । बिरही सँजोग रस दुअनि छंद ॥
मीन मन मंत मह्हि सुनि बसंत । जुब्बन उछाह सिसु सिसर जंत ॥
छं० ॥ ५२ ॥
अंकुरिन पत्त गडुरित डार । सिसु मध्य स्याम ज्यौं सोमि सार ॥
पिय ओर पिया जिम दिष्षि लुक्कि । सिसु मध्य वेस इम आइ ढुक्कि॥
छं० ॥ ५३ ॥
उर धक्कि सिद्ध सैसव सु सुट्ठ । जिम मैंन मोज जुब्बन सउट्ठ ॥
कलयंठ कंठ रष्षै संवारि । मिलिहै बसंत करिहै धमारि ॥छं०॥५४॥
चिय तरस पुच्छ उट्ठीय कोर । जल मीन जाल ज्यौं हलत डोर ॥
मुक्कलित वाय तरु हलत छीन । त्यौं काम तेज चलि नैन मीन ॥
छं० ॥ ५५ ॥
संजोगि अंग जोबन चढ़ंत । तहं उट्ठि ससिर आयौ बसंत ॥
वयभोग बुद्धि सुंदरि सहज्ज । रितुराज गयै जिम रैनि लज्ज ॥
छं० ॥ ५६ ॥
दूहा ॥ जनम सुष्ष जोबन जई । उई सु सैसव ठार ॥
संभरि न्रप संभरि धनी । तनह सु भौ रति मार ॥ छं० ॥ ५७ ॥
सजि सुपंग राजा सुभर । दिसि दिसि जित्तन वान ॥
उभै दिसा बर मंच जित । अट्ठदिसा भर षान ॥ छं० ॥ ५८ ॥

संयोगिता की बड़ी बहिन का व्याह और उसकी सुन्दरता।

कवित्त ॥ एक सु पुचिय पंग । दीय दक्षिन सु देव ग्रह ॥
मान हीन माननिय । रूप उप्पम रंभा कहि ॥
सुबर काम रति बाम । मनौं फेरिय सो आनिय ॥
कमल अनूपम काज । कछू ओपम मन मानिय ॥
लच्छन बतीस वयसंधि इह । सो ओपम अग कथ्थयौ ॥
चढ़नह सुमनमथ चित्त रथ। चढ़न मत्ति चित रथ्थयौ ॥
छं० ॥ ५९ ॥

संयोगिता के सर्वाङ्ग शरीर की शोभा का वर्णन।

पद्धरी ॥ संजोग संधि जोबन प्रवेस । चितमंडि सुनौ संभरि नरेस ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीपंड पंक कुंकम सुरंग। मानों सु करी कर मरदि लंग॥
छं० ॥ ६० ॥

उप्पमा नष्ष आवै न कब्बि। तिन पड़ी होड़ मयुषन सरब्ब॥
इक अंग उपम कहियै सुदुत्ति। तारकन तेज द्रप्पन सु मुत्ति॥
छं० ॥ ६१ ॥

पिंडुरी अंग झलकत सु रूर। मनु रत्त रंग कंचन कि चूर॥
ओपम्म नष्ष फिरि कहि उपाइ। कन्नैर कली फूलंत राइ॥
छं० ॥ ६२ ॥

पिंडुरी पाइ सोभंत बाम। अँभ ओन षंभ सोवन्न बाम॥
उर जंघ दंड ओपम निरंग। गज सुंड डिंभ कै ओन रंग॥
छं० ॥ ६३ ॥

नित्तंब तुंग इन भाइ कब्बि। धरि चक्र सँवारि दुज बाम रब्बि॥
नित्तंब भाग उत्तंग छंड। मनु तुलत काम धरि लंक दंड॥
छं० ॥ ६४ ॥

लंकह प्रमान मुठ्ठीत घट्टि। बैनी ढलक्क दीसंत पुट्ठि॥
चिंतै सुकब्बि ओपंम ओर। नागिनि सु हेम षंभह सुजोर॥
छं० ॥ ६५ ॥

राजीव रोम अंकुरिय वार। मानों पपील बंधी विलार॥
गति हंस चलत मुक्कत विचार। सिषवंत रूप गहि बंधि भार॥
छं० ॥ ६६ ॥

कुच सरल दरस नारिंग रंग। मरदे कि कुंक कंचन उपंग॥
जोवन प्रसंग इह रूप हद्द। छुर करी हरी मुक्कै मसद्द॥
छं० ॥ ६७ ॥

तब लग्गि होत हम थान मत्ति। जब लग्गि आन सैसव किरत्ति॥
अधबीच बात हम सुनी तास। कहि लेषि लोग आवै न हास॥
छं० ॥ ६८ ॥

कलग्रीव रहे चिवलीय चाह। बैठोति चंद आसनति राह॥
अध अधर अरुन दीसै सुरंग। जानै कि बिंब फल चंद जंग॥
छं० ॥ ६९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओपम सुचंद बरदाइ लीन। मनु अगर चंद मिलि संग कीन॥
मधु मधुर बानि सद सहति रंग। कलयंठ कंठ केकीन लंघ॥
छं० ॥ ७० ॥
बर दसन पंति दुति यों सुभाइ। मोइक्क चंद जुब्बन बनाइ॥
नासिक अनूप बरनी न जाइ। मनों दीप भवन त्रिघ्घात पाइ॥
छं० ॥ ७१ ॥
सुंदरि बदन्न इनौ बनाइ। मानों रघ्घरवि दीपह मनाइ॥
कहां लगि कहों चहुआन बाम। सैसव सुबाल कंपैति काम॥
छं० ॥ ७२ ॥
अंबुज नयन्न मधुकर सहित्त। षंजन चकोर चमक्कंत चित्त॥
बैनीति साल सोभै बिसाल। मनों अरध उरग चढ़ि कनक साल॥
छं० ॥ ७३ ॥
दूहा॥ इह सुनि न्नपति नरिंद दिन। भय श्रोतान सुराग॥
तव लगि पंग नरिंद कै। बाजे बाजन लाग॥ छं० ॥ ७४ ॥

ब्राह्मण के मुख से संयोगिता के सौंदर्य्य की कथा सुनकर पृथ्वीराज का उस पर मोहित हो जाना।

सुनि संजोगि अपुब्ब कथ। पंग चरित्त न काज॥
मंच मदन बंभनि उभै। जोगिनि मुक्कै राज॥ छं० ॥ ७५ ॥
जो चरिच चिंतै मनह। सोई रूपक (१)राइ॥
न्निप अग्गै हर बंधि कै। कल कनवज्जह आइ॥ छं० ॥ ७६ ॥
कवित्त॥ भय अनंग न्नप अंग। श्रवन श्रोतान सु बढ्ढिय॥
संभरि संभरिनाथ। पंच बानन तन दढ्ढिय॥
मध्य हिय न छिन टरहि। श्रवन मन नैंन निरष्षै॥
चित्त गयंदह फेरि। रति न मानै बिन दिष्षैं॥
संभरि सुवत्त संभरि न्नपति। फुनि फुनि पुच्छै तिन सु कथ॥
बुधि मदन सु बंभनि केलि सुनि। कुटिल तमकि चढ्यौ सु रथ॥
छं० ॥ ७७ ॥

(१) ए. राह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज की काम वेदना और संयोगिता से मिलने के लिये उसकी उत्सुकता का वर्णन।

कुटिल तमकि रथ चढ़त। बढ़िय श्रोतान कल न तन॥
निसा दिवस सुपनंत। राज रष्योति मद्धि मन॥
फिरै संजोगिअ पास। और रस मुक्किलि राजं॥
देउं द्रव्य मन बंछि। जाइ प्रमुधै चिय आजं॥
दुज चलै उछि कनवज्ज दिसि। ग्रेह सपत्त बंभनिय॥
चहुआन तेज गुन दुति सबल। सुनत संजोगी तं गुनिय॥छं०॥७८॥

सती का ब्राह्मणी स्वरूप में कन्नौज पहुंचना।

दूहा॥ दुज सबद्द उच्चै कहै। कब कहि नीचं बैन॥
देषि संयोगि अचिज्ज बहु। तब करि उंचे नैन॥ छं०॥ ७९॥
देषि संयोगि अचिज्ज हुअ। पुच्छत पंग कुमारि॥
कोन देस को भेस बनि। क्यों आवन सु विचार॥ छं०॥ ८०॥

यहां पर ब्राह्मणी का पृथ्वीराज की प्रशंसा करना।

पद्धरी॥ सुनि एक राइ संभरि नरेस। पुरसान षान बंधे असेस॥
धनु धनुक धार अर्ज्जुन समान। मनि रतन निद्धि जस आसमान॥
छं०॥ ८१॥
इतनौ सु एह अंदेह मनि । मरन जुद्ध संग्राम मन ॥
ए जीव रचि फेर न परें । मुगति बंध बंधे सघन ॥ छं० ॥ २४५ ॥

दोनों सेनाओं का परस्पर मिलना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घरिय अद्धदिन चढ़त। स्वर छुटि जुरन सु बड्ढे ॥
अप्प अप्प मुष रोकि। अरिन मुष दोऊ सड्डे ॥
अनी मुष्य जरि मुष्य। सोइ उच्चाय सु डारिय ॥
घरिय च्यार सौ च्यारि। जानि घरियार सु मारिय ॥
तट छुट्टि कमंध सु बंधि उठि। भगर थट्ट नट षिल्लयौ ॥
चामंडराय दाहर तनौ। बर दुज्जन भर ढिल्लयौ ॥ छं० ॥ २४६ ॥

चहुआन और मुसलमान सेना का घोर युद्ध।

भुजंग प्रयात॥ करी ठेलि दूनौ अनी एकमेकं। घटं लष्य दूनं भिरे राव एकं।
पियै बारुनी सार तुट्टै दुदीनं। उतं उथ्थलै भेजि घज्जानि धीनं॥
छं० ॥ २४७ ॥
गड़े मद्धि अग्गी सजोगीन होई। रजं सत्त सासत्त संसत्त लोई॥
लगें लोह तत्ते रुधिं घुट घुट्टै। परें कुंभ षग्गे अघं कन्न छुट्टै॥
छं० ॥ २४८ ॥
परें बथ्थ बथ्थं विरुझ्झाय छुट्टें। मनों मुक्ति सारी दुअं हथ्थ लुट्टें॥
बहें बान कमान जंबूर गोरं। सकें उड्डि नाहीं तहां पंषि तोरं॥
छं० ॥ २४९ ॥
महाबीर धीरं लरें ते तरफ्फैं। मनों पंग जंगी बली पंष अप्पैं॥
तहां बीर सों बीर बीरं डकारं। तहां कोपियं राम बारड उषारं॥
छं० ॥ २५० ॥
हयं अस्सवारं समेतं उठायौ। मनों तापरी ताप माते उचायौ॥
घरी तीय तीयं सु भारथ्थ वित्यौ। रिनं संभरीराव चैवेर जित्यौ॥
छं० ॥ २५१ ॥

कन्नौज की सेना का भागना और पृथ्वीराज की जीत होना।

कवित्त॥ भगिय सेन सा पंग। भगिय चतुरँग भुज मोरिय॥
बर बालुका सु राय। सेन चहुआन ढँढोरिय॥
बर शृँगार प्रथिराज। हुअ सु तिन बेर प्रमानं॥
कायर हथिय प्रमान। समुद उत्तरि चहुआनं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बालुकाराय भारौ कुलह । पारथ जिम मध्यह रच्यौ ॥
दोहित्त पंग कमधज्ज कौ । संभरि वै हथ्थह ग्रच्यौ ॥ छं० ॥ २५२ ॥

दूहा ॥ बर बालुका सु राय नृप । निधि लुट्टिय चतुरंग ॥
विय सुदेस बर भंजनह । बज्जा बज्जि सु जंग ॥ छं० ॥ २५३ ॥

बालुकाराय की स्त्री का स्वप्न ।

कवित्त ॥ जे भील गत हुंत । सोइ कीनिय करतारं ॥
जंघ गत्ति धरि लंक । लंक जंघा मति सारं ॥
नेनह दिइ सरोज । केस अहि विंध सु किन्निय ॥
परबत संभ्क चढ़ंत । मेलि सांई सुध बन्निय ॥
भय भज्जि राज प्रथिराज बर । गामनि जित राजन सु गति ॥
तजि आस बास सासन सु पिय । सुबर बीर बीराधि मति ॥
छं० ॥ २५४ ॥

बालुकाराय की स्त्री की विलाप वार्ता ।

भुजंगप्रयात ॥ जिनें साजतें धूम धूमें नरिंदं। लगी धूम आयास सो भंजि चंदं॥
तुरी बारजं राय षोषंद बद्दं । तहा बालुकाराय संग्राम सद्दं ॥
छं० ॥ २५५ ॥

तहां बालुकाराय दानै सु मानै । तिने भंजिया भूप घटि चाहुआनै
षगं षग्ग षट्टे सु धक्का हलाई । जहां पारसीराव सूरं गुराई ॥
छं० ॥ २५६ ॥

छतेरी छनेरी भंडेरी बरारी । तिनं चंद चंदेरि नैरी निहारी ॥
जिने तारिया कालपी कन्हरायं । जिने मंडिया जुद्ध प्रथिराज सायं॥
छं० ॥ २५७ ॥

जिने आल पिंडाइ राचक्क चक्के । बरं रोरिया दाइ संग्राम सक्के ॥
जिने जग्य जारे धरे गंग पारे । जिने संभरी थाट तंडे निवारे ॥
छं० ॥ २५८ ॥

जिने भंजियं भीम पुर भीम भंजे । जिने भंजिया जाय गोधंग हंजे ॥
जिने भंजियं जाय प्रथमं सु कासी । भए सूर सामंत उत्तं उदासी ॥
छं० ॥ २५९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिने भंजियं जाय मेवात ग्रामं । जिने बैर सों सेन सज्जे समानं ॥
जिने भंजियं भीम सोमेस भारी जिने राजधानीं सबे पाय पारी ॥
छं० ॥ २६० ॥

जिने आलगी जोग षंडे षषेली । जिने माथुरी मोह मोहंत खेली ॥
जि सोरीपुरं रोरि पारा जगायं । .... छं० ॥ २६१ ॥

कियं दीन बंबारि प्रथिराज तोरी । षगं षीच षंगार बल्लोच मोरी ॥
तहां ग्रीव बंबारि अग्रीव फूटी । तहां गोधनं धेन चौनान लूटी ॥
छं० ॥ २६२ ॥

जिने देस पट्टेर जोरी विछोरी । ते तजें पो पीय कंठं सु गोरी ॥
तिनं तीर नद्द चालहं चाल झंषे । तहां झंपरहि जेम गज झंप लष्षे ॥
छं० ॥ २६३ ॥

तिनं चीर समीर झारंत तुट्टे । मनों रत्ति रंजं तरं पत्त छुट्टे ॥
तिनं ग्रीव नगजोति रहि फुट्टि पव्वै । .... ॥ छं० ॥ २६४ ॥

तमंचे सिषर जमदाह लग्गे । .... ॥
तिनं भस्म मज्जारि मिटी म्रग्गएनी । तहां चलहि तिन तेज मुषचंद रेनी॥
छं० ॥ २६५ ॥

तहां बीज फल जानि घन कीर धाए । तहां दसन बालभे दसनं छिपाए॥
तिनं सद्द सहरोस सहरोस संकी । तहां थर हरे थकि रही हीन लंकी ॥
छं० ॥ २६६ ॥

कव्वि रटि रटति पिय पीऊ जंपै । एम रिपु खनि प्रथिराज सु कंपै ॥
॥ छं० ॥ २६७ ॥

वाघा ॥ सेंबर काम चढ्यौ चहुआनं । कंपै भै चिय दुज्जन वानं ॥
बर छुट्टत नीवी न सम्हारै । लेहिं उसास प्रहार प्रहारै ॥छं०॥२६८॥

अंगुरि एक ग्रहै कर बालं । दूजै कीर निवारंति जालं ॥
थान थान विहवल भइ बालं । मुत्तिन उर बर तुट्टित मालं ॥
छं० ॥ २६९ ॥

सो ओपम कविचंद सु पाई । मनों हंस कटि पंछ चिलाइ ॥
छं० ॥ २७० ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न हो सकेगा। शास्त्र का बचन है कि निद्राग्रस्त, मल मोचन करते हुए, शौच स्नान पूजना दि करते हुए, मंत्र का जाप करते हुए इत्यादि मनुष्यों को कपट से मारना महापाप और क्रूरता है; इस लिये मेरे किए तो यह न हो सकेगा। राजा के ऐसे बचन सुन कर सामन्त लोग बोले कि राजनीति की आज्ञानुसार राजा को समयोचित कार्य्य करना चाहिए। क्या त्रेता में चक्रवर्ती राजा रामचन्द्र ने समुद्र को बाँधते और बलि को मारते समय छल नहीं किया? क्या नृसिंह ने हिरण्यकश्यप को विदारते समय छल नहीं किया? कृष्ण ने कंस को पछारते समय क्या छल नहीं किया? यह सुन कर सोमेश्वर चुप होरहे और सूरवीर योद्धाओं ने युद्ध के लिये अताने बताने बाँधने शुरू किए। यह देख कर सोमेश्वर ने भी अपने रणबाँकुरे बीरों का साथ देने के लिये अस्त्र शस्त्र धारण किए। सब रावत योद्धाओं ने शौचादि से निश्चित होकर गंगाजल और तुलसीपत्र पान किए, तदनन्तर जिरहबख्तर से विभूषित होकर तन्न, त्रंस, तून, तोमर, सेक, सर, सारंग, शूल, शक्ति, सेल, सावल्ल, कत्ती, कञ्ज, चक्र, कृपान, चक्री, अशनी, दंड, भिडमाल, मुग्दर, मूसल, हल, द्विस्फोट, परिघ, पाश, परश, छरिका, नाराज, नसी, नालिका अर्थात् बन्दूक आदि शूरवीरों के छत्तीसों बाने बाँधे।

मालव के राजा यादवराय ने चंबल पार करके बरवाम नगर के पास डेरा डाला। राजा सोमेश्वर अपने रणोन्मत्त शूर सामंतों सहित धावा मार कर आधी रात्रि के समय बरवाम पहुंच गया। सोमेश्वर ने जाते ही चढ़ीसवारी यादव राज्य की सेना पर आक्रमण किया। यादव सेना को सोमेश्वर के आने की अब तक खबर भी न थी। जब चहुआन सेना यादव के सैनिकों को काट काट कर लोथों से पड़ाव पाटने लगी तब वे भी सचेत होकर युद्ध करने लगे, परन्तु सोते जागते में बड़ा फर्क होता है। सोमेश्वर की सेना ने पहिले से अच्छे नाके बाँध कर हथियार छेड़ा था, इस लिये घरी रात रहते रहते यादव सेना भाग उठी और मालव नरेश राजा यादवराय अत्यन्त घायल होकर सोमेश्वर जी के सिपाहियों से पकड़ लिया गया। सोमेश्वर जी ने बड़े आदर भाव से यादवराय को अजमेर में लाकर रक्खा और उसकी दवा भी करवाई। एक महीने बाद जिस दिन यादवराय ने स्नान किया सोमेश्वर जी ने बड़ा दान पुण्य करवाया और फिर सादर उसे उसकी राजधानी को भेज दिया।

पृथ्वीराज के पक्षपातमय राज्य शासन से दुखित दिल्ली के प्रतिष्ठित पुरुषों और राज्यकर्मचारियों नें अनंगपाल की शरण में जा पुकारा। उन्हों ने कहा कि हे महाराज! जिस समय से पृथ्वीराज दिल्ली का राजा हुआ उस समय से आपकी प्यारी प्रजा अनाथ एवं भिखारी की भांति मारी मारी फिर रही है। अनंगपाल के प्रधान मंत्री ने कहा, हे महाराज! आपने उस समय हमारी बातों पर कुछ भी ध्यान न दिया, आपने व्यास जी की बातों में आकर पृथ्वीराज को राज्य सौंप दिया। यदि आप को राज्य देकर देव सेवा करना ही अभिप्रेत था तो आप उसे अपने किसी निज भाई भतीजे को दे दिए होते। आपकी प्रजा असहाय की भांति कलपती फिरती है और आप तप करते हैं इससे आपको क्या फल होगा। कौरव पांडवों के बीच भूप्रख्यात् भारत का युद्ध इसी भूभाग के लिये हुआ। रावण ने इसी भूमि के लिये भाई विभीषण को मार कर निकाल दिया, और सपरिवार अपना प्राण दिया। इसी भूमि के लिये बलि बंधन में पड़ा, मुंज ने भोज के मारने की आज्ञा दी और कन्ह तोमर ने अपने देखते पुत्र को विष दिया। हे राजन् आपने सदैव भूल की। पहिले तो किल्ली दिल्ली करके अपने अखंड राज्य को खंडित किया तिस पर भी पृथ्वीराज को राज्य दिया। राजा को उचित है कि वह जिसे चाहे धन धान्य हाथी घोड़ा और जो चाहे सो दे दे परन्तु अपने राज्य की तिल भर भी भूमि कदापि न दे।

मंत्री की इन बातों ने अनंगपाल के दिल पर ऐसा असर किया कि उसने उसी समय पृथ्वीराज के पास एक दूत प्रेरित करके कहला भेजा कि मैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुम्हारे व्यवहारों से अप्रसन्न हूं इस लिये तुम दिल्ली का राज्य छोड़ कर इसी समय अजमेर को चले जाओ। दूत के ऐसे बचन सुनते ही पृथ्वीराज क्रोध से जलकर आग बबूला हो गया। उसने दूत को दपट कर कहा रे मूढ़ यदि उन्हें ऐसा ही करना था तो पहिले ही सोच विचार कर राठौरों को क्यों न गोद ले लिया। मेरे रहते अब वे दिल्ली नगर का द्वार देखने की इच्छा न करें। यह सुनते ही उक्त दूत उठ कर खड़ा हो गया और बोला, हा! यह एक आश्चर्य्य की बात है कि जिसका धन धाम लिया जाय उसीको धता बताया जाय? तब पृथ्वीराज पुनः बोला रे मूढ़ बसीठ, राज्य कौन किसको देता है। जैसे दूध में माधुर्य्य स्वाभाविक ही होता है उसी भांति पृथ्वी पुरुषार्थी पुरुषों के पास आप आ जाती है, फिर उससे वह भूमि लेने की जो मूर्ख इच्छा करता है वह आप नाश को प्राप्त होता है। मैं उन्हें क्या कहूं, उनकी तो जरा रूपी ज्वर से जर्जरित जीर्ण बुद्धि सठिया गई है, परन्तु यह प्रसंग तुम लोगों के लिये विषमूल होगा। पृथ्वीराज की ऐसी बातें सुनकर वह दूत तनक्षीण मनमलीन होकर अनंगपाल के पास उलटा फिर गया। उसने अनंगपाल से कहा कि मैंने तो पहिलेही कहा था कि आप वृद्ध हुए अब इस प्रपंच में पैर न दीजिए परन्तु आपने न माना। वह राज्यमद मतवारा दैत्यवंशी बलवान चहुआन सुई के अग्रभाग भर भूमि देना भी स्वीकार नहीं करता। प्रथम तो आपने राज्य खोकर देश देशान्तरों में बात फैलाई, मालूम होता है कि आप को अब भी अपनी प्रतिष्ठा प्यारी नहीं है और हँसी कराने की इच्छा है।

यह सुनते ही अनंगपाल के अंग अंग में आग सी लग गई उसने उसी समय बिना सोचे विचारे कुछ फौज लेकर दिल्ली की तरफ कूच कर दिया। जब यह समाचार पृथ्वीराज को मिला तो उसने कैमास से कहा कि इस समय मेरा मन विचित्र विपत्ति में फँसा हुआ है। यद्यपि वे (अनंगपाल) मुझपर चढ़ करके आगए हैं परन्तु मेरी इच्छा नहीं होती कि मैं उनका मुकाबला करूं, इधर दिल्ली छोड़ कर जाते भी नहीं बनता। तब कैमास बोला कि आप उनसे लड़िए न, केवल अपने किले का प्रबन्ध कर लीजिए। निदान पृथ्वीराज ने ऐसाही किया। उधर से अनंगपाल सेना सहित दिल्ली के किले की दीवारों के पास आजमका और दनादन आग बरसाने लगा। अनंगपाल चार दिन तक बराबर लड़ाई करता रहा परन्तु पृथ्वीराज ने अपनी रक्षा करने के सिवाय और कुछ भी न किया। अस्तु जब अनंगपाल ने देख लिया कि वह अभेद्य दुर्ग उसके काबू का नहीं है तो वह चुपके से उलटा फिर गया और अपनी सेना को अजमेर के सिवाने छोड़ता हुआ आप फिर से बदरिकाश्रम को चला गया।

अनंगपाल दिल्ली से लौट कर बदरिकाश्रम न जाकर हरिद्वार में पड़ा रहा। वहां से उसने अपने मंत्री के मतानुसार पृथ्वीराज के पास फिर एक दूत भेजा। उसे पृथ्वीराज ने फिर भी वही उत्तर दिया। उसने कहा कि आपने जो भूमि संकल्प कर के दे दी उसे लेकर अब आप क्या करेंगे। आप वृद्ध हैं और जब आपने स्वयं राज्य त्याग कर के तापसीवृत्ति धारण करली तब आपसे और राज्य से प्रयोजन ही क्या? जैसे मेघों से वर्षा हुआ जल पुनः आकाश में नहीं जाता, पेड़ से पतन हुआ पत्ता फिर डाल में नहीं लगता, टूटा हुआ तारा फिर आकाश में नहीं जाता, सिंह जिस प्रकार लांघी हुई वस्तु को नहीं मारता और न भक्षण करता है वैसेही आप अपना दिया हुआ दिल्ली का राज्य अब नहीं पासकते। मैं जानता हूं कि आप शहाबुद्दीन के कान लग कर ऐसा कर रहे हैं। आप उस निर्लज्ज यवनराज के कहने में आकर क्यों वृथा अपने सत् धर्म्म और साहस को चौपट करने पर उतारू हुए हैं। वह जैसा आप है वैसा ही आप को करना चाहता है। स्मरण रखिए वह वही सुल्तान है जिसे मेरे सामन्तों ने कई बार कैद कर कर के छोड़ दिया है। जब ये बातें अनंगपाल ने सुनीं तो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसने उसी समय एक दूत गजनी को रवाना किया। उधर लाहौर से नीतिराय खत्री ने पहिलेहीं सब समाचार शहाबुद्दीन को लिख भेजा था इधर अनंगपाल के दूत ने भी अनंगपाल का समचार कह सुनाया।

शहाबुद्दीन तो सदैव इसी टोह में लगा रहता था कि कब समय हाथ आवे और कब मैं दिल्ली पर दौरा करूं। अनंगपाल का प्रार्थना पत्र पाते ही वह तत्तार खां, खानखाना, खुरासान खां, मारुफ़खां, कमाल खां, कमान खां, नौशेर खां, आदि मुसाहिबों को साथ लेकर हिन्दुस्तान की तरफ़ चल पड़ा। अपनी चतुरंगिनी सेना सहित जब शहाबुद्दीन सिन्धु नदी पार हो आया तब उसने अपने मंत्री तत्तार ख़ां को अनंगपाल के पास हरिद्वार भेज कर कह पठाया कि मैं आगया, अब आप भी आकर सोनपुर के पड़ाव पर मुझ से मिलिए। इधर अनंगपाल तो पहिले से तय्यार बैठा था उसने दिल्ली की प्रजा की सहायता से धन पाकर बहुतेरे हाथी घोड़े लेकर नवीन सेना तय्यार कर रक्खी थी। तत्तार खां के पहुंचतेही अनंगपाल अपने उन सब सूरवीर सिपाहियों सहित जो कि उसके साथ ही बैरागी हो गए थे, दिल्ली की तरफ़ चला और सोनपुर के पड़ाव से दस कोस आगे शहाबुद्दीन से जा मिला। अनंगपाल के आने का समाचार पाकर शहाबुद्दीन ने उसे चार कोस आगे बढ़कर बड़े भावभगत से लिया और अपने बराबर बैठाल कर बड़ी खातिरदारी और तवाज़ा की।

शहाबुद्दीन को अनंगपाल ने पांच हाथी पचास घोड़े और बहुत सा जवाहिरात नजर किया जिसके बदले में बादशाह ने उसे एक तलवार एक तीर कमान और एक अमूल्य सिरोपाव दिया। तदनन्तर अनंगपाल ने कहा कि मैंने आपको जिस लिये इतना कष्ट दिया सो तो आपको भली भांति सूचित कियाही जा चुका है अब मेरी यह प्रार्थना है कि कल्हही दिल्ली पर चढ़ाई करके पृथ्वीराज का दर्प चूर्ण किया जाय। इस का शहाबुद्दीन ने तो कुछ भी उत्तर न दिया परन्तु उसका मंत्री तत्तार ख़ां बोला कि पहिले एक परवाना पृथ्वीराज के नाम लिख भेजिए यदि वह उसीसे मान जाय तो वृथा सहस्रों मनुष्यों का नाश क्यों हो और यदि न मानें तो फिर देखा जायगा। उसका यह मत शहाबुद्दीन तथा अनंगपाल दोनों ने स्वीकार किया और उसी समय एक परवाना दिल्ली को रवाना किया गया।

जिस समय यह परवाना पृथ्वीराज के साम्हने पढ़ा गया तो उसमें शहाबुद्दीन की तरफ से लिखा था कि हे पृथ्वीराज! अनंगपाल ने तप करने को जाते समय अपना राज्य आपकी रक्षा में छोड़ दिया था, कुछ आपको दे नहीं दिया था; अब वे तप करके अपना राज्य आप भोग करना चाहते हैं अतएव आपको उचित है कि उनका राज्य उन्हें सौंप दीजिए। सनातन की रीति है कि चरवाहा जो गाएं चराता है वे उसकी नहीं होजातीं। राजा अपने घोड़े पर जिस मनुष्य को मालदारी करने के लिये रखता है वह घोड़ा उस सईस का नहीं समझा जाता। इसी भांति दिल्ली राज्य पर आपका कुछ अधिकार नहीं है। मैं आपको मित्र की भांति यह सलाह देता हूं कि आप घर में वृथा विग्रह की जड़ न जमाइए नहीं तो अच्छा न होगा। ये बातें सुनतेही पृथ्वीराज ने कहा कि अनंगपाल ऐसे ऐसे एक क्या कई शहाबुद्दीन की सहायता लेकर क्यों न आवे परन्तु वह इस तरह से तिल भर भूमि न पा सकेगा।

पृथ्वीराज का ऐसा सूखा जवाब सुन कर उधर तो दूत ने पीठ फेरी इधर पृथ्वीराज ने अपने मंत्री को युद्ध के लिये तय्यारी करने का हुक्म दिया। वहां क्या था, केवल हुक्म की देर थी; पृथ्वीराज के वीर वर सामंत तथा अन्यान्य सैनिक सूरवीर राजपूत तो सदा युद्धक्षेत्र में प्राण देकर स्वर्ग के सोपान पर पैर देने को उद्यत रहते थे। बात की बात में दस हजार सेना तय्यार होगई और पृथ्वीराज उसके साथ होकर सोनपुर की तरफ़ चला। इधर शहाबुद्दीन को भी इस बात का समाचार मिल गया कि पृथ्वीराज लड़ाई का निशाना उठाए हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आ रहा है, अस्तु उसने भी अपने सिपाहियों और सिग्हसालारों को सचेत होने की सूचना दी। पृथ्वीराज के आते आते मुसल्मान सेना सन्नद्ध हो रही। उस सेना के बाम पक्ष में मारूफ खां; दाहिने में खुरासान खां, हरावल में तत्तार खां और अनंगपाल और पीछे शहाबुद्दीन थे। इधर पृथ्वीराज की सेना सर्पव्यूहाकार थी, जिसके मुख भाग पर कैमास, मध्य में पृथ्वीराज और पूंछ पर चामंड राय था। रणमदोन्मत्त सेना के मध्य में स्थित पृथ्वीराज ने हाथ उठा कर कहा, हे वीरो, आपकी बहादुरी इसीमें है कि अनंगपाल मारे न जावें उन्हें जीतेही पकड़ लेना। इतने में दोनों सेनाओं की देखा देखी हुई और कैमास ने अपने घोड़े की बाग उठाई। पश्चिम दिशा से आए हुए यवन दल बद्दल पर सपूत राजपूत वीर ऐसे टूटे जैसे भेड़ पर भूखा मृगराज टूटता है। वे नमकहलाल मुसलमान भी अल्लाह अल्लाह का हल्ला करते हुए अस्त्र शस्त्र चलाने लगे; दोनों ओर से ढोल, भेरी, रब्बी, नगारे, शृंगी, शंख, सहनाई आदि रणवाद्य बजने लगे। इन रणवाद्यों की भीषण ध्वनि और बीरोंटी की तानें सुन सुन कर वीरों के दिल दूने होने लगे। दोनों ओर के सूर सिपाही लोग वीररस मदमाते मतंग की भांति एक दूसरे से भिड़ रहे थे। उनकी बिकट मारा मार से सोनपुर का मैदान रक्त का सरोवर बन गया, सहस्त्रों हाथी, घोड़े ऊंटों के सर धर टांग पैर कटे पड़े नजर आते थे। इसी समय अवसर पाकर कैमास ने अनंगपाल को जा घेरा और बड़ी मार काट के बाद उसे जीता पकड़ लिया। यह देख कर शहाबुद्दीन को बड़ी ईर्षा उत्पन्न हुई और वह अपनी अनी को उत्साह देता हुआ आगे बढ़ा तब उसे चामंडराय ने धर दबाया। मुसल्मान सैनिक बड़ी देर लों ठहरे परन्तु अन्त में चामंडराय ने शहाबुद्दीन को पकड़ कर बांध लिया और अपने घोड़े के कंधे पर डाल कर पृथ्वीराज के साम्हने ले गया। इस युद्ध में सात हजार मुसल्मान और पांच सौ राजपूत काम आए। इस प्रकार युद्ध जीत कर पृथ्वीराज ने मैदान साफ किए जाने की आज्ञा दी। इस युद्ध में जो मुसल्मान मारे गए थे उन्हें मिट्टी दिलाई गई और हिन्दू बीरों की यथोचित रीति से दाह क्रिया करवाई गई।

पृथ्वीराज ने अपने शिविर में आकर शहाबुद्दीन को सम्मुख लाए जाने की आज्ञा दी। राजा की आज्ञा पाते ही राज्यमंत्री कैमास ने शहाबुद्दीन को दरबार में लाकर हाजिर किया। उस समय शहाबुद्दीन का भय एवं संकोच के कारण मुख सूख रहा था आखें नीची हो रही थीं और उसकी जबान से बात भी न निकलती थी। पृथ्वीराज की आज्ञा पाकर शहाबुद्दीन नीचा सिर किए बैठ गया; तब पृथ्वीराज ने अनंगपाल से कहा कि आप तो बुद्धिमान हैं आप इस निर्लज्ज शहाबुद्दीन के कहने में क्यों आगए। तब तक गोइन्दराय गहलौत बोला कि हे सब सामन्तो सुनो इसमें राजा अनंगपाल का कुछ दोष नहीं है इन सब प्रपंचों का रचयिता यही शहाबुद्दीन है। इसके सिवाय अन्यान्य सामन्तों ने भी जो जिसके मुँह आया सो कहा; परन्तु उस का न तो शहाबुद्दीन ने न अनंगपाल ने ही कुछ उत्तर दिया। तब पृथ्वीराज ने शहाबुद्दीन से बीस हाथी सौ घोड़े और दो लक्ष मुद्रा दण्ड लेकर और उसे अपनी तरफ से एक पाग सिरोपाव देकर गजनी को बिदा किया और आप अनंगपाल को साथ लिवाकर वह दिल्ली को आया।

जब अनंगपाल दिल्ली में एक साल रह चुके तब उन्होंने एक दिन अपने मंत्री से पूछा कि हे मित्र तूं मुझे ऐसी सलाह दे जिसमें मेरे धर्म कर्म दोनों की पाति रहे, तब वह बुद्धिमान मंत्री बोला कि मैं क्या कहूं आप तो स्वयं सब जानते हैं। हे राजन् अब आपका शरीर जरावस्था के कारण जीर्ण हो गया है, आप अपने जीवन के तीन आश्रमों का सम्पूर्ण भोग कर चुके हैं अस्तु अब आप को चतुर्थ आश्रम सन्यस्त के अनुसार बन में रहकर तप करना ही उचित है क्योंकि राजपाट धन धान्य विषय सुखादि जो कुछ है सब यावत् रूप में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्यमान रहेगा परन्तु अपने शरीर के नाश होने पर अपने लिये कुछ भी नहीं है, जिसके भाग का होगा सो भोगेगा। तदनन्तर अनंगपाल ने रानी का मत पूछा। स्त्रियों का चित तो हमेशा विषयलोलुप होता ही है, अस्तु रानी ने कहा कि आप पृथ्वीराज से पंजाब देश का आधा भूभाग लेकर उसी पर राज्य करते हुए शेष दिन बिताइए; मेरी तो यही सलाह है आगे जो आपके व्यास जी कहें सो कीजिए। रानी के ऐसे बचन सुन कर राजा ने व्यास जी को बुलाया और यही प्रश्न उनसे भी किया। तब व्यास जी बोले हे राजन् आपको अन्तिम समय में यह क्या प्रपंच सूझा है, आपकी राज्यगद्दी पर पृथ्वीराज ऐसा प्रतापी पुरुष राज्य शासन करता है। इससे आपको भी प्रसन्न होना चाहिए। आप राज्य का लोभ छोड़ कर बदरिकाश्रम में जा ईश्वर का स्मरण करो, जिससे आपका परलोक बने। आप इस वित्त के लोभ की अत्त करके चित्त को दुविधा में डालकर अन्त में सत्त को न डिगाइए, इसी वित्त के लोभ की अत्त से पुत्त पित्त और मित्त भी शत्रु हो जाते हैं।

व्यास जी के ऐसे बचन अनंगपाल ने बे आनाकानी स्वीकार कर लिए और उसी समय पृथ्वीराज के पास कहला भेजा कि मैं बदरिकाश्रम को जाना चाहता हूं तब पृथ्वीराज ने अनंगपाल के पास आकर कहा कि आपको जप, तप, धर्म, कर्म, ध्यानादि जो कुछ करना हो यहीं रहकर करिए, मैं सब तरह आपकी सेवा करने को प्रस्तुत हूं। पृथ्वीराज ने बहुत कहा पर अनंगपाल ने एक भी न मानी। तब पृथ्वीराज ने दस लाख मुद्रा सौ दास दासी साथ में देकर उन्हें बदरिकाश्रम को बिदा किया और आप स्वयं हरिद्वार तक पहुंचाने गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घघर नदी का युद्ध।

[उन्तीसवां समय।]

गजनी में शहाबुद्दीन को पृथ्वीराज के भूत पूर्व्व पेशकार धर्मायन द्वारा समाचार मिला कि पृथ्वीराज सब सामंत और ६० हजार सवारों सहित अहेर के फेर में फिर रहा है और दिल्ली का राज्य सिंहासन थोड़े से सैनिकों सहित केवल कैमास से रक्षित है। शहाबुद्दीन ने यह समाचार पाकर अपना दूत भेज कर जब सब पूरा पूरा भेद मंगा लिया तब इस अवसर पर दिल्ली को विजय करने की इच्छा से वह सब सरदारों के बीच पण कर के बोला कि अब तो जब मैं पृथ्वीराज पर विजय प्राप्त कर लूंगा तभी तसबी (माला) हाथ में लूंगा और तब तक के लिये समस्त राजसी व्यसनों का भी त्याग करता हूं। यह कह कर खुरासान, रूम, हबस, और बलष आदि देशों के बादशाहों को सहायतार्थ पत्र भेजे जाने की आज्ञा देकर आप अपनी सेना की तय्यारी करने में रत हुआ। तब शहाबुद्दीन यथासंभव शीघ्रही बड़ी भारी सेना इकट्ठी करके दस दस कोस का पड़ाव करता हुआ भारत और अफगान की पहाड़ी सीमा तक आगया। तब दिल्ली के राज्य दूतों ने पृथ्वीराज के पास दौड़ कर यह खबर दी जिसे सुन कर वह वीर पुंगव पृथ्वीराज भी मृगया त्याग चैत्र सुदी ३ रविवार को शाह का रास्ता रोकने के लिये चल दिया और समयानुसार मोरचा बांधकर घोघर (घघर) नदी के तीर पर आडटा। उधर से शहाबुद्दीन भी अपनी सेना को पान व्यूहाकार रचकर चला आता था। उसकी सेना में आगे हथनाल तिस पीछे उँटनाल और तिस के पीछे एक लाख धनुर्धारी और तिस पीछे एक लाख गष्बर और खुरासानी, सात सौ वलखी सरदार निसुरत्त खां के ताबे में और हबशी रूमी इत्यादि सरदारों की कतारें सुशोभित थीं। इस प्रकार साज बाज से चल कर जब वह घनघोर घटा की नाईं नदी के उसी तीर पर आडटा तब

१०वां पृष्ठ

इधर से पृथ्वीराज ने भी चामुंड राय को हरावल का सेनापति नियत करके अपनी सेना को गरुड़ व्यूहाकार रचा, जिसमें चामुंड राय चुंच, पृथ्वीराज पंख, अत्ताताई धड़, गोइन्दराय पर, जैत पँवार पेट और कन्ह चौहान पूंछ की रक्षा पर नियत हुए। उधर से शहाबुद्दीन नदी के इस पार आने के लिये बढ़ा और इधर से राजपूत सेना ने उसे रोकने की चेष्टा की। निदान बीच नदी में दोनों दलों का मुठ भेड़ हो गया। पहिली चोट चामुंड राय और तत्तार खां की हुई जिसमें एक हजार मुसलमान मरे और तत्तार खां पीछे हट गया। इस पर उधर से आठ हजार गष्बरों[१] ने धावा किया और उनसे घिर कर जब चामुंड क्षत विक्षत हो कर मूर्छित होने लगा तब वहां पर जैत राव जा पहुंचा और उसने ऐसी मार की कि मुसलमानी सेना के पैर उखड़ने लगे तब उधर से खुरासान खां ने बढ़ कर जैतराव का साम्हना किया। इन दोनों में जब जी जान से छिड़ रहा थी कि इधर से पज्जून राय ने धावा किया और उसके मुकाबिले में उधर से निसुरत्त खां उतर पड़ा। इस तरफ जबतक उक्त सरदार सरदारों और सैनिक सैनिकों का परस्पर द्वंद युद्ध हो रहा था, कि इधर नरसिंह वीर काका कन्ह चहुआन की पट्टी खोल दी गई। पट्टी के खुलते ही वह सूर्य्य के समान तेज-धारी वीर अपनी किरण रूपी तेज तलवार द्वारा एक लाख काले कुंलिजरों में धस कर उन्हें काई सा काटने में प्रवृत्त हुआ। इधर चामुंड राय पज्जून जैतराव इत्यादि सामन्तों ने मुसलमानी हरावल को तोड़ा। उस वक्त इधर अकेले कन्ह ने बादशाह को जा दबाया। जिस कन्ह चहुआन का नाम सुनकर उस समय रसातल के वीर कांपते थे, उसके साम्हने भला ठहरे कौन? ऐसा विचार कर बादशाह ने स्वयं भागना चाहा, किन्तु कन्ह ने उसके गले में कमान डाल दी और सहस्रों मुसलमानी सेना के देखते देखते उस शाह शहाबुद्दीन को अनाथ की स्त्री

(१) मुसलमानी एक जाति—शहाबुद्दीन इसी सेना के बीच में रक्षित था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सा बांध लिया। बादशाह के बँधते ही मुसलमानी सेना प्रबल बयार से पीड़ित बद्दलों की भांति छिन्न भिन्न होकर भाग उठी। राजपूत सेना ने उसे कुछ दूर खदेड़ कर जो कुछ माल असबाब पाया अपने हाथ किया। इधर कन्ह ने बादशाह को लाकर पृथ्वीराज के साम्हने पेश किया और तब उनकी आज्ञानुसार ही उसे अपने साथ अजमेर में ले जाकर बड़े आदर भाव से रक्खा।

इधर जब पृथ्वीराज मृगया से संतुष्ट होगया तब उसने दिल्ली में आकर कैमास गोइन्द राय निड्डुर सलष, कन्ह, पज्जून राय, प्रसंग राय खीची, हाहुलि राय. हम्मीर इत्यादि सामंतों की अंतरग सभा की जिसमें शहाबुद्दीन के विषय में विचार किए जाने का प्रस्ताव पेश हुआ। इस पर अन्य सब सामन्तों ने यह मत प्रगट किया कि अब की बार इस दुष्ट का बध करना ही उचित है। इस नीच को न लज्जा है, न भय, न क्षमा और शील का व्यवहार सज्जनों के साथ किया जाता है, न कि ऐसे धृष्ट और कुटिल के साथ। राजन्! दुष्ट को दण्ड न देना ही पाप की वृद्धि करना है। यह सुनकर कन्ह ने कहा कि आप लोगों का कहना वास्तव में यथार्थ है किन्तु मेरे कहने से उसे अब की एक बार और छोड़ दीजिए। जो अब भी न मानेगा तो अबकी मैं स्वयं उसका सिर अपने ही हाथ से काटूंगा। निदान कन्ह की बात राजा ने भी स्वीकार की। फिर सब ने कहा कि एक गज़नी को छोड़ कर कन्धार और पश्चिम के अपने सब देश जो अब की दण्ड में दे तो छोड़ा जाय नहीं तो नहीं। इस पर पुनः कन्ह ने कहा कि नहीं अब की बार भारतवर्षान्तर्गत पंजाब का ही प्रदेश उसके हाथ से लेकर उसे छोड़ दिया जाय तो अच्छा है। निदान यह बात भी राजा ने मान ली। तब कन्ह ने अजमेर पहुंच कर शहाबुद्दीन से सब हाल कहा। उसने एक मणि कन्ह को नजर की। कन्ह शहाबुद्दीन को साथ लेकर फिर दिल्ली जा पहुंचे. वहां पर शहाबुद्दीन ने दो घोड़े और अपनी तलवार पृथ्वीराज को नजर करके बड़े विनीत भाव से कहा कि मैं अब की बार अपने दीन (इसलाम) की कसम करके कहता हूं कि अब फिर कभी भी आपके विरुद्ध आचरण करने की चेष्टा न करूंगा और अब से मैं और आप सदैव मित्र भाव से रहेंगे। उसके ऐसे बचन सुनकर पृथ्वीराज ने दो हजार सवारों की सेना साथ देकर लोहाना आजानबाहु को साथ करके उसे सहर्ष विदा किया। जब शहाबुद्दीन अटक के किनारे पहुंचा तो रयमल जो कि शहाबुद्दीन का जानी दुश्मन था तेंतीस हज़ार सवार लेकर आ पहुंचा। तब लोहाना ने बादशाह को तो ५०० सवारों सहित आगे रवाना कर दिया और आप रयमल का मुकाबिला करके उसे मार गिराया। तब आगे बादशाह से जा मिला। तब तक तातार खां निसुरत्त खां आदि वीर भी गज़नी से दो लाख सेना सहित बादशाह से आमिले और बड़े गाजे बाजे से आनन्द मनाते हुए उसे गजनी ले गए। शहाबुद्दीन ने गज़नी पहुंचकर १० दिन लोहाना को अपना मेहमान रक्खा और चलते समय १०० हाथी १००० घोड़े और अपना मणिजटित राज्यमुकुट और ७००००० नगद द्रव्य देकर बिदा उसे किया।

लोहाना ने दिल्ली में आकर वह सब द्रव्य पृथ्वीराज के चरणों में रक्खा और वहां का सब समाचार और राजा प्रजा का व्यवहार कह सुनाया। पृथ्वीराज ने उन घोड़े हाथियों में से एक एक घोड़े और एक एक हाथी क्रम से सब सामंतों को बाँट दिए और वह उक्त राजमुकुट और सब द्रव्य कविचंद के हवाले करके उसे रावल जी के पास चित्तौर को भेजा। चंद ने चित्तौर में जाकर उक्त लड़ाई का सब समाचार कहा और वह सब द्रव्य पृथ्वीराज की ओर से सौगात की तरह रावल जी को नजर किया, जिसे उन्होंने भी प्रसन्नता पूर्व्वक स्वीकार किया और कविचंद को बहुत सा धन द्रव्य देकर सादर विदा किया॥

—:o:—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्नाटी पात्र समय।

[तीसवां समय ।]

कन्नौज राज्य के गुप्त दूतों ने जयचन्द के दरबार में समाचार दिया कि दिल्लीपति पृथ्वीराज ने (उक्त) घघर नदी के युद्ध में शहाबुद्दीन को परास्त करके कर्नाट देश पर चढ़ाई की। उस समय पृथ्वीराज के प्रबल दलबल के आतंक से दब कर दक्षिण देशीय सब राजा उससे नम्रता पूर्वक मिले और उन्होंने कर्नाट देशीय एक परम सुंदरी वेश्या पृथ्वीराज को समर्पण की जिसे लेकर संवत् ११४१ में पृथ्वीराज दिल्ली को लौट आया और अल्पवयस्का वेश्या को नाट्य और संगीत विषय में शिक्षा देने के निमित्त तद्विषय सम्बन्धी परम विद्वान कल्हण नाम नट को उसे सौंप दिया।

कल्हण की उत्तम शिक्षा के कारण वह कर्नाटी वेश्या थोड़े समय में नृत्य गान विद्या में दक्ष होगई उधर उसके अंग अंग में अनंग राज के उमंग की प्रतिभा पड़ने लगी। स्वाभाविक हावभाव कटाक्षादि से परिपूर्ण होकर चतुरों का चित्त चुरानेवाली वह विचित्र वामा बन गई। जब यह समाचार पृथ्वीराज के कानों तक पहुंचा तब उसका सहज रसलोलुप मन मलिन्द, कर्नाटी के आनन्द मय छबि मकरंद को पान करने के लिये उनमत्त सा हो उठा। इसलिये उसने उसी दिन अपने अंतरंग सभा मंडप को नाना प्रकार की सुखकर सामिग्रियों से सजावाया और कविचंद रामराय, जद्दव, निड्डुराय, बलभद्र, कूरंभराय लोहाना आजानबाहु आदि समवयस्क सामंतों सहित वहां स्वर्ण सिंहासन पर आन बैठा और कल्हण सहित कर्नाटी को बुलाए जाने की उसने आज्ञा दी। जब कल्हण कर्नाटी सहित सभा में आ उपस्थित हुआ, और राजा की आज्ञानुसार साज सम्हाल कर नाटक खेलने को उद्यत हुआ, तब कविचंद बोला कि हे नटवर ऐसा नाट्य कौशल दिखलाओ जिसमें संगीत विद्या के परम प्रवीण राजा के पास बैठे हुए बीर निड्डुर राय का भी चित्त प्रसन्न हो। कविचंद के ऐसे बचन सुन कर नट बोला कि राजा के पास बैठें हुए ये सुभट कौन हैं? तब कविचंद ने उत्तर दिया कि ये बीर निड्डुर राय कन्नौज के महाराज जयचंद के भाई हैं। यह सुन कर नट ने पुनः प्रश्न किया कि हे कवि वर अब कृपापूर्वक यह भी बतलाइए कि आपका आना यहां क्यों कर हुआ?

नट की ऐसी बात सुनकर कविचंद बोला कि एक समय जयचंद, निड्डुर राय और विजय सिंह राजमंत्री महल में एकान्त बैठे हुए थे। यथासमय विजय सिंह ने बंदशाह से मित्रता के विषय में बात छेड़ी जिस पर निड्डुर राय ने सर्वथा असम्मति प्रकाश की। उसके दूसरे ही दिन निड्डुर राय ने अपने मित्रवर्ग सहित नगर के बाहर राज्य मंत्री के पुत्र सारंग देव के बाग में जलसा रचा। यह समाचार पाकर सारंगदेव दौड़ता हुआ आया और इनके रंग में भंग करने लगा, वीर निड्डुर राय ने उससे तो कुछ न कहा परन्तु वे क्रोध भरे जयचंद के पास आए और उससे सब हाल निवेदन किया। इस पर जयचंद ने सारंग के ही पक्ष का समर्थन किया। निदान जयचंद का यह अविचार और अपमान निड्डुर राय से सहन न हो सका, इस लिये वे उसी समय कन्नौज को त्याग कर दिल्ली चले आए। अतएव यहां महाराज पृथ्वीराज ने आप को यथायोग्य सम्मान करके आपको अपने ही भाई के समान दर्बार में रक्खा है।

कविचंद के निड्डुर राय की कथा कह चुकने पश्चात नट ने मंगलाचरण गान करके राजाओं के लक्षण वर्णन किए और फिर पर्य्यायक्रम से रसमय अभिनय प्रारंभ करके महाराज और वहां उपस्थित सब सभासदों का चित्त प्रसन्न कर दिया। राजा ने स्वयं अपने मुख से कर्नाटी के नृत्य गान की प्रशंसा करते हुए कहा कि हे नट तुझे इस परिश्रम के लिये क्या पारितोषिक दिया जाय। तब नट नम्र भाव से बोला कि भला मैं श्रीमान् से क्या निवेदन करूं। निदान राजा ने उन नट को १० मन स्वर्ण प्रदान करके कर्नाटकी को महल में रक्खे जाने की आज्ञा दी। महल में उस कर्नाटी के सहस्रों दास दासी सेवा में रहते और राजा स्वयं रात्रि दिवस उसी के प्रेमालाप और काम कृत केलि क्रीड़ा में रत रहता॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पीपा युद्ध।

[एकतीसवां समय।]

एक समय पृथ्वीराज शौचादि नित्य क्रिया से निश्चिन्त हो, स्नान संध्या बंदनादि कर, रत्न जटित सुन्दर आभूषण स्वच्छ वस्त्र, अस्त्र शस्त्रादि धारण कर, मस्तक पर राजमुकुट पहिन सभा में आ विराजे। उधर से राज्य मंत्री कैमास ने आकर अपना आसन ग्रहण किया। थोड़ी देर में चामुंड राय, कन्ह, पुंडीरादि, चंद कवि सहित सब सामंत लोग यथानियमित स्थान पर बैठ कर सभा को सुशोभित करने लगे। संपूर्ण सभासदों के जुट जाने पर यह चर्चा चली कि कन्नौज राज्य के सीमा-स्थित उज्जैन, धार, देवास आदि नगरों पर चढ़ाई कर के उन्हें विजय किया जाय अथवा नहीं? धीर वीर जैमत्त के ऐसे बचन सुन कर पृथ्वीराज ने कहा कि इस तुच्छ जीवन में एक मात्र कीर्ति ही सार है। मरने के पश्चात यह पंचभौतिक शरीर जहां तहां अपने अपने अंशो में विभक्त हो जाता है। जीव से और इस संसार से जो संबन्ध है वह शरीर के ही रहते तक है। इस लिये एक मात्र कीर्ति संपादन के हेतु राजा दधीचि ने अपनी अस्थि (हड्डी) भी देवताओं को दे दी और दुर्योधन ने कीर्ति के ही लिये अपने प्राण दिए पर हाथ से पण न जाने दिया। अतएव मेरा मत यही है कि जयचंद के विरुद्ध सेना सजी जाय। इस प्रकार राजा की प्रतिज्ञा सुन कर सब सामन्तों ने उसे स्वीकार किया। कन्ह, पर्व्वत राय, केहरि कंठीर हरसिंह, वीरसिंह, जाम राय जद्दव, नाहरराय, तोंअरराय, जैतराव, निड्डुर राय इत्यादि सामन्तों ने अपने अपने तहत की सब सेना बात की बात में सुसज्जित कर ली। पृथ्वीराज की आज्ञानुसार वह सब चतुरंगिणी सेना छः भागों में बांट कर निड्डुरराय, कन्ह चहुआन, जैतसिंह प्रमार, जामदेव जद्दव, रामराय रघुवंसी और कैमास की हुकूमत में बाँटी गई और पृथ्वीराज आप स्वयं सब सेना का मुख्य सेनापति बना।

इस प्रकार सब तरह से सेना की पूरी तय्यारी हो चुकने पर सब सामंतों ने आग्रहपूर्व्वक गुरूराम प्रोहित से चढ़ाई करने के लिये शुभ मुहूर्त साधन करने की प्रार्थना की। निदान गुरु राम ने भी राजा का रुख पा 'वैशाष शुक्ल ५' का सुदिन निश्चय करके कह सुनाया। पृथ्वीराज और सब सामंत यद्यपि प्रथक प्रथक देहधारी थे किन्तु वास्तव में वे सब सामन्तों का प्रतिबिंब स्वरुप थे या यदि इन सब सामन्तों को किरण मान लें तो पृथ्वीराज को भास्कर स्वरूप मानना ही युक्तिसंयुत होगा। गुरुराम के मुख से रणमुहूर्त का शुभागम सुनते ही वे सब बीर सामंत आनन्द में उनमत्त से हो उठे और उनका वह दिन बड़े ही चाव और आनन्द में व्यतीत हुया।

यात्रा के लिये नियत उपरोक्त तिथि के प्रातःकाल अरुणोदय के समय से ही सब सामंत लोग काले काले दीर्घकाय मतवाले हाथियों पर बैठ बैठ कर राजमहल के सम्मुख आ आ कर धुँवाधार बद्दल से जुटने लगे। उनके पीछे पीछे रंग विरंगी अनी कनी चतुरंगिनी सेना भी पावस के बहुरंग मेघों के समान आच्छादित होती चली आती थी। हाथियों के दांत बगपांत और चमचमाते हुए उज्वल शस्त्र साक्षात सौदामिनी से भान होते थे। उस समय सब सामंत लोग क्रोध, उमंग और उत्साह से भरे हुए ऐसे मालूम होते थे जैसे विषैला काल सर्प बामी की ओर शुद्ध रहता है किन्तु उसके बाहर चलता हुआ सदैव वक्रगामी होता है। सब सेना के जुट जाने पर सहकारी सेनाध्यक्ष निड्डुर राय ने सब सेना को यथा वर्ण प्रथक प्रथक श्रेणीबद्ध किया और आप स्वयं सब सेना के बीच में खड़ा होकर कहने लगा कि हे भाइयो, यह जो हम तुम इस समय मिले हुए खड़े एक दूसरे को देख रहे हैं, यह सब कुछ भी नहीं है। मरने के पश्चात् यह पंचभौतिक शरीर निज निज अंशों से पंचतत्त्वों में और आत्मा आत्मा में लीन हो जायगा। मरने के पश्चात् न कोई कर्म है न उसका भोग है। जैसे तप्त तवे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर जल की बूंद का और बदर की छांह का कोई समय निश्चित नहीं है इसी प्रकार इस भस्मीभूत शरीर की स्थिरता का भी कोई निश्चय नहीं। परन्तु यह बात विषयाशक्त कायर पुरुषों को केवल उसी समय स्मरण आती है जब कि वे अपने किसी आत्मीय जन का दाह करने स्मशान को जाते हैं या स्त्री संभोग के अन्त में अथवा कथापुराणादि को सुनते समय भी उन्हें इसका स्मरण होता है। परन्तु भाइयो, वीरलोगों को इस चण भंगुर शरीर की अनित्यता और स्वामिसेवा का गौरव सदैव स्मरण रखना उचित है क्योंकि अन्तिम समय में जैसा ध्यान बँधा रहता है उसीके अनुसार पुनर्जन्म होता है अतएव अब इस समय जीवन की आशा सर्वथा त्याग करके ही युद्ध के लिये सन्नद्ध हो जाओ। निड्डुर राय के ऐसे बचन सुन कर सब सूर वीरों ने अपने प्रधान अस्त्रों से सलामी लेकर जैजैकार ध्वनि करके आकाश को प्रतिध्वनित कर दिया और सेनापति की आज्ञानुसार यथारीति श्रेणीबद्ध हो कर वे प्रस्थान करने लगे।

उधर तो शहाबुद्दीन सदैव इसी टोह में रहता था कि कब समय पाऊं और कब पृथ्वीराज को घर दबाऊं। उसने बड़े बड़े राजनैतिक चुटकलों द्वारा लचों रुपया व्यय करके पृथ्वीराज की तरफ के सैकड़ों मनुष्य इसीलिये अपना रक्खे थे कि वे समय पर केवल सही सही समाचार दिया करें जैसा कि पाठकों को अभी कई बार पढने में आचुका है। निदान इस प्रस्थान की खबर भी शहाबुद्दीन तक पहुंच गई और वह अपने विचार से मोरचेबन्दी के उत्तम स्थान छांट कर रास्ते में आ डटा। इधर से राजपूत सेना मुकाम पर मुकाम कूच करती चली जाती थी और दो दो चार चार पड़ाव आगे गुप्त चर भी चलते थे। उन गुप्तचरों ने अपने अधिपति चामुंडराय को बादशाह के राह रोकने की खबर दी। तब वह वीर चामुंडराय कुछ थोड़ी सेना लेकर पृथ्वीराज के बिना जाने ही आगे बढ़गया और रातोंरात चलकर तत्तारखां की अग्रगामिनी सेना पर उसने छापा जा मारा। इस राजपूत सेना के आक्रमण कर देने पर मुसलमान लोग अपने अपने आले बाने सम्हाल कर साम्हने हो गए। निदान इधर जब तक चामुंडराय और तत्तारखां की परस्पर हाथा बाँही हो रही थी, तबतक पृथ्वीराज सब दल बल सहित देवास की तरफ आगे बढ़े जाते थे। मनुष्य आशा के वशीभूत होकर मनमाना हाथ पैर मरता है परन्तु होता वही है जो कुछ होनहारस्वरूप ईश्वरेच्छा होती है। निदान आगे जयचंद की बड़ी भारी कुमक लिये हुए शहाबुद्दीन अखम रूप से डँटा हुआ था। जब पृथ्वीराज की सेना मुठभेर में जा पहुंची तब उधर से मुसल्मान सेना जो पहिले से ही इसके आगमन की प्रतीक्षा कर रही थी अस्त्र शस्त्र सम्हाल कर तैयार होगई। इधर से पृथ्वीराज ने भी हल्ला बोल दिया। अपने अपने सेनापति सरदारों की आज्ञा पाते ही दोनों सेना के सूरवीर योद्धागण स्वर्ग के मग पर पदार्पण करने को उत्सुक होते हुए शत्रुओं को प्रचार प्रचार कर मारने में रत हुए। शहाबुद्दीन के दृढ़ मन्तव्य के अनुसार मुसल्मान योद्धाओं का यही मत था कि जिस तरह बने पृथ्वीराज को पकड़ लेना है और इसीलिये जान हथेली पर रख कर वे युद्ध कर रहे थे। उनकी ऐसी प्रबलता देखकर कन्ह, गोइन्दराय, लंगरीराय और अत्ताताई क्रोध से अधर कंपाते हुए मतवाले मतंग की भांति यवन सेना में धँस पड़े और उधर के बड़े बड़े बीरों को सहज ही सिवार की नांई नाश करने लगे। इस प्रकार उक्त चार बीरों के कोप के कारण जब हासबखां और खुरासानखां दो मुख्य सर्दार धराशायी हो गए तब मुसल्मानों के पांव उखड़ने लगे। यह देख कर शहाबुद्दीन ने सभों को बड़े उत्कर्ष से ललकारा और आप स्वयं उस कठिन मारामार के समय में घोड़े की बाग उठाता हुआ वह आगे बढ़ा। तब इधर से पृथ्वीराज ने भी राजपूत बीरों को उत्तेजक वाक्यों से संबोधन करते हुए उस समर क्षेत्र में पण किया कि अब की बार इस म्लेच्छ को पकड़ कर अवश्य ही इसे इसकी निर्लज्जता और शठता का पुरस्कार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देना है । पृथ्वीराज के ऐसे बचन सुन कर एक ओर से चालुक्क राय, और दूसरी ओर से जामदेव जद्दव ने आध आध कोस का रुख दे कर शाही सेना को बीचों बीच दबाया और पृथ्वीराज ने शेष सेना को स्वयं मयूरव्यूहाकार रचकर सम्मुख से आक्रमण किया । इस पर शहाबुद्दीन की तरफ से न्याजीखां तथा तत्तारखां ने सेना की बाग सम्हारी । पृथ्वीराज की ओर से पीप (पीपा) पड़िहार हरावल में था अतएव शहाबुद्दीन से ही उसका मुकाबला पड़ा । दोनों ओर खचा खच होते होते रात्रि होगई सेना नायकों की अनिच्छा होने पर भी सिपाहियों ने लड़ाई से मुंह न मोड़ा । तब छ हाजार मसालें जला कर युद्धभूमि में उपस्थित की गईं और युद्ध बराबर होता ही रहा । जब आधी रात्रि हो गई तब पीप पड़िहार और कीर्तिसिंह तोंअर ने बादशाह को घेर लिया । जिसके ऊपर दार मदार था जब उसी के प्राण संकट में पड़गए तब सिपाही और साधारण सेना नायकों की कौन पूछे । जिधर जिसका जी चाहा सब तीनतेरह हो उठे और पीपा पड़िहार ने शहाबुद्दीन को बंदी कर लिया ।

इस प्रकार शहाबुद्दीन को बंदी करके पृथ्वीराज ने दिल्ली में आकर पीपा पड़िहार को बहुतसा धन पारितोषिक में दिया और बादशाह को बिना दण्ड लिए ही मुक्त कर दिया । इस युद्ध में प्रसंगराय खीची पज्जूनराय का पुत्र, वीरभान, जामदेव, अत्ताताई के भाई और शहाबुद्दीन का भाई हुजाबखां इत्यादि सरदार मारे गए ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करहरा युद्ध।

(बत्तीसवां समय।)

एक बार पृथ्वीराज केवल ६४ सामंतो के साथ मालवा देश की भूमि में शिकार खेलने के लिये पधारे। मालवपति उज्जैन के राजा भीमदेव ने सादर पृथ्वीराज को अपना स्वामी स्वीकार किया और अपनी बेटी इन्द्रावती का पाणिग्रहण भी पृथ्वीराज के साथ कर देने की प्रतिज्ञा की।

जिस समय पृथ्वीराज के डेरे मालवे के जंगलों ही में पड़े हुए थे, भीमदेव ने अपने कुल प्रोहित के हाथ पंचमी मंगलवार को इन्द्रावती का टीका पृथ्वीराज के पास भेज दिया, जिसे पृथ्वीराज ने सादर स्वीकार किया और टीके के पश्चात् विधिवत नेगचार होजाने पर पृथ्वीराज ने उज्जैन से टीका लेकर आए हुए ब्राह्मण को बुलाकर पूछा कि हे विप्र उस कुमारी इन्द्रावती की क्या अवस्था है अथवा और भी जो तुम उसके सौन्दर्य्य और स्वरूप के विषय में जानते हो सो कहो। राजा के ऐसे वचन सुन कर वह ब्राह्मण बोला कि अन्नदाता, मैं किस मुख से उस सुकुमारी कुमारी के रूप गुण की प्रशंसा करूं। घणीखमा! उसकी शैशव अवस्था का ह्रास और यौवन का दिनप्रति शरद चंद के समान प्रकाश हो रहा है। उसके स्याम सचक्कन सटकारे कारे कच मकरन्द की स्यामता को मंद करते हैं, उसके चन्द्रमा समानतेजोमय उज्वल ललाट में लाल बिन्दी ऐसी सुशोभित होती है मानो चन्दमण्डल में मंगल विराजमान है। उसके धनुषाकार वक्र भृकुटियों के नीचे सुन्दर सूक्ष्म वरौनी प्रत्यंचा स्वरूप हैं और उनके मध्य में स्यामता सहित स्वच्छ और बड़े बड़े नेत्र मीन दीन एवं खंजन इत्यादि को लज्जित करने वाले साचात् पंचबाण के बाण से भी प्रखर हैं। उस की नासिका दीपशिखा को, कपोल गुलाब पुष्पों को, ओष्ठ विद्रुम को, दंतपंक्ति कुंदकली को मंद दुति करते हुए देखने वालों के मन को सहज मोहित करते हैं। उसकी उठती हुई सूक्ष्म रोमराजि सर्प के समान सरकती सी जाती है। और कोमल वक्षस्थल पर कमल कली के समान युग यौवन अभी उसकते आरहे हैं। हे अन्नदाता, और मैं कहां तक कहूं वह सर्वांग सुन्दरी नवेली नवला साचात् कामदेव की स्त्री रतिरानी का प्रतिबिम्ब स्वरूप है।

इस प्रकार टीका चढ़ाकर प्रोहित ने व्याह की पक्कायत का समाचर उज्जैन में दिया तो वहां क्या राजा क्या प्रजा सबके घर घर आनन्द बधाई होने लगी और राज्यगृह में नित नव मंगल गान होते हुए इन्द्रावती के व्याह की तैय्यारी होने लगी। इधर पृथ्वीराज को समाचर मिला कि गुर्ज्जर नरेश भीम देव चालुक्य ने चित्तौर पर आक्रमण किया है इस बात के सुनते ही पृथ्वीराज ने रस रास छोड़ रावल जी की सहायता के लिये चित्तौर की तरफ जाने का विचार निश्चय किया, पज्जून राय को अपना खड्ग * बँधा कर उज्जैन की तरफ भेजा और अन्य सब सामन्तों को ले कर वह आप स्वयं चित्तौर की तरफ चलदिया। पृथ्वीराज अपने सूर सामन्त और सुसज्जित सेना सहित दिनदून पड़ाव करता हुआ चित्तौर की तरफ़ जाने लगा। इस प्रकार चलते हुए जब वह आधी दूर गया होगा कि उधर से रावल जी का प्रधान इधर को आता हुआ मिला। पृथ्वीराज ने पहिले तो उससे रावल जी का कुशल समाचार पूछा और फिर पूछा कि भीमदेव की सेना कहां पर है और रावल जी इस समय सेना सहित क्या उद्योग कर रहे हैं। पृथ्वीराज के प्रश्नों का उत्तर प्रधान ने संक्षेप में देकर कहा कि भीमदेव की सेना इस समय चित्रकोट से दस कोस के अन्तर पर है परन्तु शीघ्र ही मुठभेड़ हुआ चाहता है।

* राजपूत राजाओं में पहिले यह रिवाज थी कि यदि किसी कारण वश वर बरात में स्वयं न जा सके तो उस का कोई अमात्य उसका खड्ग या कटार लेकर बर के स्थान में व्याहने जाया करता था। अन्यान्य सब नेग तो वहीं पुरुष संपादन करता था, केवल भाँवरी उसी कटार के साथ पड़ती थी और इस रीति से हुआ व्याह उसीका व्याह माना जाता था जिसकी कि वह कटार होती थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और इसी विचार से रावल जी की आज्ञानुसार मैं आपको ही यह समाचार देने के लिये दिल्ली जा रहा था। पृथ्वीराज बोला कि वह वही तो भीमदेव है जिसे मैंने अगनित बार गैल की धूलि चटाई है। मेरे इन्हीं समन्तों के साम्हने उसने कई बार पीठ दिखाई है और अब भी वह अपने किए पर पछतावेगा।

उधर भीमदेव जबतक चित्रकूट गढ़ पर आक्रमण करने को था कि पृथ्वीराज जी भी वहां पहुँच गए। पृथ्वीराज ने उक्त प्रधान को तो रावल जी के पास भेजा और उसने आप स्वयं चढ़ीसवारी चालुक्य सेना पर हल्ला बोल दिया। पारधी के समान पृथ्वीराज की सेना से सताए जाने पर वह सर्प रूपी चालुक सेना समूह अपना खड्ग रूपी फन उठा कर इस तरफ बदल पड़ा। तब तक उधर से रावल जी ने भी आक्रमण कर दिया। दोनों तरफ से दो प्रबल सेनाओं से दबाए जाने पर भी बीर भीमदेव जरा न हिचका और जी खोलकर तलवार चलाने लगा। पृथ्वीराज के अधिसेनानायक हुसैनखां * ने अपनी सेना को गजव्यूहाकार रचा जिसमें आप और अत्ताताई दन्त स्थान पर रहे, गोइन्दराज को सुंड और राजा को कुम्भस्थल स्थान पर नियत किया। उसने महनसिंह मोरी और कन्ह को वाम और चित्तौर के सवल सामन्तों को दक्षिण पक्ष पर प्रेरित किया। निदान इस प्रकार व्यूहबध्य दोनों विकट सेनाओं से अकेले भीमदेव ने ५ प्रहर युद्ध किया। इस युद्ध में उसके १००० योधा काम आए।

दूसरे दिवस तीन घड़ी रात्रि रहते से फिर युद्ध आरम्भ हुआ। इस दिन भीमदेव ने नदी पार करके स्वयं रावल की सेना पर आक्रमण किया किन्तु वह मेवाड़ी बीर प्रथमही सचेत था; इसलिये उसने हरावल का छापा सम्हाल कर तिरछा रुख देकर ऐसे जोर से धावा मारा कि चालुक्क सेना के छक्के छूट गए। इधर से पृथ्वीराज के सामन्तों ने भी मार का सिलसिला जारी कर दिया, और जब दिनभर घनघोर युद्ध होते होते भीमदेव के १० बड़े सेनानायक भी मारे जा चुके पर तौभी भीमदेव ने हिम्मत न हारी; तब आधी घड़ी दिन रहते हुसैनखां ने प्राणों का मोह छोड़कर आक्रमण किया और पृथ्वीराज के सूर्य्यरूपी प्रखर प्रताप से हुसैनखां ने चालुक (सोलंकी) सेना को परास्त करके मार भगाया।

भीमदेव तो हार मानकर गुजरात की तरफ चलदिया परन्तु पृथ्वीराज चित्रकूटगढ़ में न जाकर बराबर अपने शिविर में ही डटा रहा। दूसरे दिन, रात्रि को स्वप्न में क्या देखता है कि उसकी कीर्ति दिव्य रूप धारण किए हुए उत्तमोत्तम वस्त्र आभूषणों से सुसज्जित उसके पास आई और बोली कि क्षत्रियों में श्रेष्ठ पृथ्वीराज! मैं तेरी दिगदिगन्तर व्यापिनी उज्ज्वल कीर्तिदेवी हूं और तुझपर प्रसन्न होकर तुझे दर्शन देने आई हूं। इतना कहकर कीर्ति देवी तो अन्तर्ध्यान होगई किन्तु राजा की निद्रा उसी समय भंग हो गई तब राजा ने गुरुराम को बुलाकर उक्त कीर्ति के दर्शन का वृत्तान्त कह कर उसका कारण पूछा? गुरुराम ने कहा कि हे राजन् यह स्वप्न भोलाराय भीमदेव के पराजय का स्वरूप था। इसके पश्चात् पृथ्वीराज पुनः निद्रादेवी की सुखमय गोद मे शीश रखकर सोने लगा। रात्रि के पिछले पहर में जब कि पृथ्वीराज के शिविर में सिवाय पहरेदार सिपाहियों के और कोई भी नहीं जागता था भोलाराय भीमदेव ने ५००० शूरबीरों सहित पृथ्वीराज के निज शिविर पर सहसा आक्रमण कर दिया। इस अकस्मात घटना से सब सेना में कूह मच उठी जो जहां सोते जागते नंगे उघारे पड़े थे जिसे जो हथियार मिला लेकर दौड़ पड़े और भीमदेव के आक्रमण को रोकने में तत्पर हुए। इस रात्रि की लड़ाई में पृथ्वीराज की तरफ के रूपधन प्रमार (जैतप्रमार का छोटा भाई) किल्ह और सिंध मामक उसका हजूरी, बीर बागरी, जैसिंह, मोरी रक्खीसिंह, खेजबान इत्यादि नामी नामी सर्दार काम आए। दोनों

* नवम समय में बर्णन किए हुए शहाबुद्दीन के भाई चित्ररेखा के प्रेमपात्र मीरहुसैन का पुत्र 'हुसैनखां।' दसवां समय देखो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेना के १५०० वीर सिपाही खेत रहे। भीमदेव का नामी सेनापति मेरपहाड़ इस युद्ध में काम आया। यह रात्रि का युद्ध कृष्ण १० को हुआ था। चन्द्रमा निकलते निकलते उस दिन का युद्ध बन्द होगया।

दूसरे दिन प्रातःकाल से पुनः लोहा झड़ना आरम्भ हुआ। उधर से चालुक्य इधर से पृथ्वीराज दोनों ओर के शूर वीर दिल तोड़कर एक दूसरे को प्रचार प्रचार कर मारने लगे। दो घड़ी में समस्त रण भूमि रक्त से परिपूर्ण होगई। जहां तहां पड़े हुए मनुष्य और पशुओं के शव उस रक्त सागर में जल जन्तु से तैरते भान होते थे। कहीं कहीं मांसाहारी पशु रक्त मांस पान करने में मस्त थे। कहीं जम्बुक गृद्धादि एक एक लोथड़े पर लड़ कर मरे जाते थे। उस समय बीर लोग आनन्द के मारे फूले नहीं समाते, परंतु कायर और क्लीव जहां तहां भागे जाते थे। निदान इस प्रकार लत्थपत्थ युद्ध होते हुए दो प्रहर दिन व्यतीत होगया और भीमदेव की तरफ ५००० सपूत सैनिक खेत रहे। तब भीमदेव भाग उठा। कुछ सेना तो पहिलेही खप चुकी थी। शेष इस भाग भगोड़ में पृथ्वीराज के क्रुद्ध योधाओं की शिकार बनी। तात्पर्य्य यह कि गुजरात तक भीमदेव के ३०००० सिपाहियों में से तीस भी साथ न पहुंचे।

इस प्रकार भीमदेव को भगाकर पृथ्वीराज ने रणक्षेत्र में से अपने सैनिकों की लाशें उठवाईं और उनका यथाविधि मृतक संस्कार करवाया। तब वह विजय के बाजे बजाता मेघस्पर्शी रंग विरंगे निशान उड़ाता दिल्ली को आया।

आगे अब पृथ्वीराज के साथ इन्द्रावती के विवाह की कथा वर्णन की जायगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्द्रावती व्याह।

(तेंतीसवाँ समय।)

पृथ्वीराज के भेजे हुए कविचन्द, चन्दपुंडीर, जैतराव आदिक सामंत जब उज्जैन पहुँचे और भीमदेव से मिलकर उन्होंने पृथ्वीराज के चित्रकूट को चले जाने का समाचार कहा और अपने आने का अभिप्राय भी वर्णन किया तब भीमदेव बहुत बिगड़ा और बोला कि हे चन्दबर्दाई, समान वस्तुओं का ही परस्पर मेल, सम्बन्ध व व्यवहार होता है जो पुरुष ऐसा निष्ठुरहृदय है कि ठीक विवाह का अवसर छोड़ अन्यत्र युद्ध के लिये चला गया और उसने तुम लोगों को मेरे पास भेजा ऐसे पुरुष को मैं अपनी कन्या कदापि न व्याहूंगा। यह सुनकर कविचन्द बोला कि पृथ्वीराज यदि गाढ़े समय पर सगे की सहायता करने को कटिबद्ध हुआ तो क्या बुरा किया! आपके सम्मान और मर्य्यादा के विचार से इन्होंने हम लोगों को तो आपके पास भेज दिया है। तब भीमदेव ने यह पण किया कि जो पृथ्वीराज ५ दिन में न आवेगा तो फिर मैं व्याह न करूंगा, चाहे जो हो।

यह समाचार जब इन्द्रावती के कान तक पहुँचा कि भीमदेव पांच दिन की अवधि टर जाने पश्चात् उस का विवाह फिर पृथ्वीराज के साथ न करेगा तब उसने भी पण किया कि यदि मेरा विवाह होगा तो शहाबुद्दीन को बार बार बंधन और मोच्च करनेवाले पृथ्वीराज से ही होगा अथवा मैं प्राण परित्याग करूंगी। इसी प्रकार इन्द्रावती नाना प्रकार के संकल्प विकल्प करती हुई शोक से अधीर हो उठी। यह देखकर उसकी सखियां उसे सान्त्वना देने के लिये बोलीं कि उस दानव कुल में उत्पन्न पृथ्वीराज के लिये इतना मोह क्यों करती हो। तुम्हारे पिता उससे कहीं सर्वोत्तम रूप गुण सम्पन्न वर ढूंढेंगे और भला कहो तो मृगमद की गन्ध से सुवासित शरीरवाली यदि चन्दन की चाह और चर्चा करे तो हेउ सका तक बुद्धिमान समझा जाय। उनकी ऐसी बातें सुनकर इन्द्रावती बोली कि हम राजकुल उत्पन्न राजकुमारी हैं हमारे दृढ़ विचार कल्पनामात्र असंगत और चणिक नहीं होते।

अवधि बीत जाने पर भी जब पृथ्वीराज की ओर से कोई संदेसा भी न आया तब भीमदेव ने सामन्तों से कहला भेजा कि तुमलोग यहां क्यों पड़े हुए हो, क्या मेरा बल प्रताप तुम्हें नहीं मालूम है। इसके उत्तर में कविचन्द ने अपने साथियों सहित स्वयं भीमदेव के दरबार में जाकर कहा कि श्रीमान्-समय को देखकर कार्य्य करना चाहिए, शास्त्रों में समयानुसार कार्य्य करनेवाले को ही बुद्धिमान कहा गया है। तब भीमदेव पज्जूनराय की तरफ इशारा करके बोला कि तुमने बादशाह को पकड़ लिया बस इसी धुन में फूले नहीं समाते हो और दूसरे को चत्री ही नहीं गिनते। तब तो जैतराव से न रहागया और वह क्रोध से रक्त नेत्रकरके ओष्ठ फड़काता हुआ बोला कि भीमदेव यह क्या कह रहे हो, सम्हल कर बात करो। इस पर भीमदेव ने शान्त स्वभाव से गुरुराम से कहा कि थोड़े से स्वार्थ के लिये परस्पर व्यर्थ विग्रह करना भला कौनसी बुद्धिमत्ता है। तब गुरुराम बोले कि सुग्रीव और रामचन्द्रजी की मित्रता, बलि और रावण का बध इत्यादि ऐतिहासिक घटनाओं का कारण एक मात्र स्त्री ही है। यह सुन कर भीमदेव चिढ़कर बोला कि तुम तो निरे ब्राह्मण ही हो, आशीर्वाद देना और पुस्तक पढ़ना जानते हो। इन राजनैतिक विषयों को क्या जानो। तब कविचन्द बोला कि हे राजन् कंस और शिशुपाल का वध, रुक्मकेश का बन्धन एक मात्र रुक्मिणी के कारण हुआ। यह क्या संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है जो प्राणप्यारी प्रिया के प्रेम के लिये प्राण का परित्याग करने में पीछे पड़े। निदान भीमदेव ने बात बढ़ती देखकर उन्हें तो युक्तिपूर्व्वक बिदा किया और मंत्री को बुलाकर पूछा कि अब क्या करना चाहिए? अस्तु मंत्री ने भी यही बचन कहा कि इस व्याह का कर देना ही कल्याणकर है; परन्तु भीमदेव के मन में यह बात न आई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इधर सामन्त लोग विचारने लगे कि यदि हमलोग परस्पर विग्रह न करके चले भी जांय, तौभी पृथ्वीराज कब मानने वाले हैं। निदान रघुवंस राम ने कहा किं एक दिन ऐसे भी मरना वैसे भी मरना, फिर ऐसा सुअवसर कठिनता से मिलता है इसलिये और सब सोच विचार छोड़कर इस समय बल से ही कार्य्य लेना ठीक है। यह सलाह पक्की होजाने पर प्रातःकाल होतेही सामन्तों ने उज्जैनगढ़ के द्वार द्वार पर मोरचेबन्दी कर ली। क्षणमात्र में सारे उज्जैन नगर में कूह मचगई। जब यह समाचार भीमदेव तक पहुँचा तो वह भी अपनी चतुरंगिनी सेना सजकर आ पहुँचा। निदान इधर से रघुवंश राम तो नाकेबंदी की देख भाल पर रहा, पज्जूनराय ने उज्जैन के हरावल पर हमला किया और जैतराव स्वयं भीमदेव से युद्ध करने लगा। दोनों ओर से खूब लोहा झड़ा परन्तु सायंकाल तक किसी की हार जीत न हुई; इसलिये दूसरे दिन फिर लड़ाई ठनी और दोपहर तक बराबर खचाखच तलवार चलती रही। दोपहर तक लड़ते लड़ते सामन्तों ने भीमदेव को घेरकर बेदाग पकड़ लिया और युद्धाग्नि शान्त हुई। निदान कविचन्द ने भीमदेव को बहुत कुछ समझा बुझाकर इन्द्रावती का व्याह पृथ्वीराज से करदेना स्वीकार कराके उसे छोड़ दिया।

तब तो भीमदेव की भी आँखें खुल गईं। उसने पिछली सब बातें भुला कर सैन सहित सामंतों का आतिथ्य स्वीकार किया और चहुआन के घायलों को भी बड़े आदर से रख कर उनकी दवा दारू का प्रबन्ध करा दिया।

इधर उज्जैन नगर में घर घर इन्द्रावती के विवाह का उत्सव होने लगा, उधर सामन्तों ने इस बात की सूचना देने के लिये पृथ्वीराज को पत्र लिख भेजा। विवाह की तिथि आ जाने पर सोलहो शृंगार बारहो आभूषणों से सुसज्जित सुन्दरी इन्द्रावती सखियों सहित शुभ स्थान सूचक नव पल्लवाच्छादित विवाह मंडप में लाई गई। वेदपाठी ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों का उच्चारण करते हुए पृथ्वीराज के खड्ग के साथ इन्द्रावती का गठबंधन कर दिया। और उसी खड्ग के साथ विधिवत भांवरी पड़ी। भीमदेव ने भांवरी के समय १०० हाथी, एक हजार घोड़े, सौ पीनसें और बहुत से दास दासी दान किए।

इस प्रकार विवाह के नेगचार समाप्त हो जाने पर जब इन्द्रावती दिल्ली को बिदा होने लगी तब उसकी माता ने कहा कि हे पुत्री, स्त्रियों का मुख्य धर्म पति की सेवा करना ही है, उसकी इच्छा तथा आज्ञा के विरुद्ध कोई भी कार्य न करे। स्त्री का पति के जीवन से जीवन, पति की मृत्यु से मृत्यु होती है।

इस प्रकार सब सामंत लोग पृथ्वीराज के न होते भी उज्जैनपति भीमदेव को युद्ध में परास्त करके और इन्द्रावती को विवाह कर गाजे बाजे से विजय के निशान उड़ाते दिल्ली की तरफ़ चले। जब दिल्ली से आठ कोस इधर रह गए तब उन्होंने अपने आने का समाचार भेजा। निदान उधर से लोहाना ने आकर अगवानी की और तब सबने सानन्द नगर में प्रवेश किया। शुभ लग्न आने पर दुलहिन ने भी राजमहल में प्रवेश किया। राजमहल का दक्षिण भाग इन्द्रावती के रहने के लिये दिया गया और १०० दासियां उसकी सेवा में नियत की गईं।

सुहाग रात्रि की रात को, इन्द्रावती का निवासस्थान भीमदेव के दिए हुए नाना प्रकार के नवीन नवीन साज बाजों से सुसज्जित करके सजाया गया। जहां तहां मृगमद, अगर, अरगजा, केसर, कुंकुम आदि के गंध से समस्त महल महक रहा था। उस आनन्द आगार में स्वर्ण सिंहासन पर बैठा हुआ पृथ्वीराज इन्द्रावती की प्रतीक्षा कर रहा था। तब तक सहेलियों में मिली हुई इन्द्रावती भी आगई और कामातुर पृथ्वीराज ने अधीर हो कर उसे तुरंत ही अपने हिए का हार बना लिया। यह चरित्र देख कर आड़ में से देखती हुई अन्यान्य रानियां हँस पड़ीं और किलक कर तालियां देने लगीं। निदान उस रात्रि को उस सुहाग स्थान में शृंगार, हास्य, करुणा, रौद्र, वीर, भयानक, वभित्स और अद्भुत शान्ति नवो रसों ने वारी वारी प्रवेश किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैतराव युद्ध ।

[चौतीसवां समय ।]

इन्द्रावती को व्याहने पश्चात, पृथ्वीराज ढाई वर्ष पर्य्यन्त निश्चित भाव से दिल्ली की राजश्री का भोग और राज्य का निरीक्षण परीक्षण करता रहा। उसके अनन्तर एक दिन पृथ्वीराज ने आज्ञा दी कि शिकारी सामान तय्यार किया जाय और षट्टू बन में भी सब प्रकार बन्दोवस्त मुनासिब होजाय। इधर जबतक यह सब तय्यारियाँ होने लगीं तब तक नीतराव कुतवाल ने उक्त समाचार की सूचना शहाबुद्दीन के पास भेज दी। जब यहां सब साज समाज तैय्यार होगया तब पृथ्वीराज ७ चीते, १२० कुत्ते, ४२ श्रीघोस, १०० मृग और और भी नाना प्रकार के शिकारी जानवरों और कुही जुर्रा बाज इत्यादि बहुतसी शिकारी चिड़ियों को लिवाकर सब सामन्तों सहित षट्टूबन की तरफ़ चला। षट्टू बन में जाकर पृथ्वीराज ने डेरा डाला ही था कि शहाबुद्दीन का भेजा हुआ दूत राजा के शिविर के द्वार पर आ उपस्थित हुआ। पृथ्वीराज की आज्ञानुसार उस दूत ने राजसभा में जाकर शहाबुद्दीन का दिया हुआ एक पत्र पेश किया और कहा कि शहाबुद्दीन ने कहा है कि समस्त पंजाब देश और हमारा अपराधी हुसैनखां हमको दे दिया जाय अन्यथा अच्छा न होगा। अतएव तदनुसार मैं भी अर्ज़ करता हूं कि शहाबुद्दीन का कहना मानकर आप उससे मेल करलें, इसीमें भला है, क्योंकि समय की गति कोई जानता नहीं, आगे पीछे न जाने क्या हो। उस दूत के ऐसे वचन सुनकर पृथ्वीराज का क्रोध से मुख लाल होगया। वह बोला कि रे मूर्ख बसीठ! रे शठ!! तू नहीं जानता कि अबतक कौन जीता और कौन हारा। क्या इस पर भी हम शहाबुद्दीन ऐसे अधम मनुष्य से डरें। वह तो मनुष्यही है। एक बार साक्षात् यम भी क्यों न साम्हने आजाय किन्तु हम (क्षत्री लोग) राज्यसुख की लालसा से कर्तव्य का त्याग न करेंगे। भला तू विचार भी तो कर कि कहां गजनी और कहां दिल्ली और मैंने कितनी वार उसे कैद कर कर के सहजही जाने दिया। निदान इसका कुछ भी उत्तर न देकर वह दूत चुपके चला गया और यथातथ्य समाचार शहाबुद्दीन के सम्मुख उसने कह सुनाया।

दूत का कहा हुआ समाचार सुनकर, शहाबुद्दीन ने क्रुद्ध हो युद्ध के लिये तय्यारी बोल दी और असंख्य यवन दल सहित वह दिल्ली की तरफ़ आने लगा। जब शहाबुद्दीन सिन्ध नदी तक आगया और यह समाचार पृथ्वीराज को मिला तो उसने भी इधर से अपनी राजपूत सैना तय्यार कर के शहाबुद्दीन से आगे चलकर मिलने के लिये कूच किया। मुसल्मानों से युद्ध करने के लिये जाते हुए राजपूत उत्साह के मारे फूले अंग न समाते थे। साथही उसके जो कहीं कोई कपूत कायर थे उनके सहजही प्राण सूखे जाते थे। इसी प्रकार उधर से मुसल्मान सेना भी ढाई वर्ष का अवकाश पाकर फिर से निर्लज्ज कदलीवृक्ष की तरह लहलहा उठी थी, तिस पर शहाबुद्दीन दिनप्रति पड़ाव से कूच करते समय नाना प्रकार की उत्कर्षजनक वक्तृताएं देता हुआ सिपाहियों को उत्साहित किया करता था। उसे बात बात में पृथ्वीराज को पकड़ लेने की ही धुन सवार थी। निदान जब दोनों सेनाएँ एक दूसरे के साह्मने आगईं तब शहाबुद्दीन की तरफ़ से जमशेरख़ां और नवरोज़खां सेनानायक बनाए गए। इधर से जैतराव प्रमार सेनानायक हुआ। जैतराव की आज्ञानुसार राजपूत सेना भी सन्नद्ध होकर श्रेणीवद्ध खड़ी हो गई। धौंसें की धुंकार तुरही की पुकार से दिशाएँ गूंज उठीं। उस समय युद्ध के लिये उपस्थित दोनों सेनाओं में बजते हुए रणवाद्यों को सुनकर कपूत कायरों के कलेजे काँपते थे। घोड़े, हाथी, ऊंट जहां तहां तड़फड़ाते हुए आगे बढ़ने को उत्साह दिखाते थे। निदान सेनानायकों की आज्ञा पाते ही दोनों सेनाएँ शौर्य्य के वेग से भरी हुई यह इधर से और वह उधर से एक दूसरे पर टूट पड़ीं। झनाझन तलवार झड़ी, रुधिर की धारा चलने और लोथ पर लोथ पड़ने लगी। इस प्रकार घोर घमासान युद्ध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होते होते तीसरे पहर पर शहाबुद्दीन ने "साम्हने का दबाव देकर" बांई तरफ से स्वयं पृथ्वीराज पर आक्रमण किया। परन्तु पृथ्वीराज की तेज तलवार के साम्हने डँटने की हिम्मत न पड़ी और अन्त को आँख मीच कर उसे स्वयं हटना पड़ा। युद्ध होते होते सायंकाल होगया परन्तु हार जीत किसी की न हुई। शहाबुद्दीन की तरफ के मारुफ़ ख़ां और उस्मान ख़ां लोहाना आजान बाहु के हाथ से और पृथ्वीराज की तरफ़ के वरसिंह और सांखलासूर दो नामी सर्दार पंचत्व को प्राप्त हुए।

युद्ध श्रम से श्रान्त दोनों सेनाओं ने रात्रिभर विश्राम करने पश्चात् दूसरे दिन सवेरे से फिर कमरें कसीं और अरुणोदय होते दोनों दल रणक्षेत्र में जा जमे। बाल सूर्य्य की कोमल किरणों की प्रभा से विद्युत समान चमचमाते हुए अस्त्र शस्त्रों को चमकाते हुए वेएक दूसरे को मारने लगे। जिस रणक्षेत्र में रात्रिभर गीदड़ गीध आदि पशुओं ने खमच मचा रक्खा था उसी भूमि में फिर से ताजे रक्त के फ़ौआरे छूटने तथा मनुष्य और हाथी घोड़ों की खोपड़ियों के फूटने का शब्द होने लगा। अन्त में चहुआन सेना ने ऐसा जोर पकड़ा कि मुसल्मानों की हिम्मत हारने लगी। ऐसेही समय में अवसर देख कर जैतराव ने शहाबुद्दीन को जाकर घेर लिया और स्वयं अपनी तलवार के वार से शहाबुद्दीन के हाथी का जबरदस्त तंग काट दिया। तंग के कटते ही हाथी तो भाग उठा और शहाबुद्दीन हौदे सहित भहराकर पृथ्वी पर आ गिरा। बस फिर क्या था। जैतराव ने स्वयं मुस्कराते हुए जाकर शहाबुद्दीन का हाथ थाम लिया और कैदी की भांति लाकर उसे पृथ्वीराज के सम्मुख प्रस्तुत किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कांगुरा युद्ध प्रस्ताव।

(पैंतीसवां समय।)

एक समय जालंधरी रानी ने पृथ्वीराज से कहा कि आपने कांगड़े के भोटी राजा को परास्त करके वह किला मेरे लिये खाली करा देने के लिये कहा था सो कृपा कर अब वह बचन पूरा कीजिए। इसके दूसरे ही दिन इधर तो फौजी तय्यारी होने लगी उधर कांगुर को एक दूत यह कह कर भेजा गया कि भोटी राजा भान या तो शरण में आकर सेवा स्वीकार करे अथवा युद्ध के लिये सन्नद्ध हो जाय।

पृथ्वीराज के भेजे हुए दूत को भोटी राजा भान ने यह कह कर उलटा फेर दिया कि मुझे उससे युद्ध करने में कोई भय नहीं है। जब उसकी इच्छा हो चला आवे। पृथ्वीराज दूत के ऐसे वचन सुन कर मारे क्रोध के लाल हो उठा। उसने उसी समय कांगुरा गढ़ पर आक्रमण करने के लिये कूच कर दिया। उधर भान देव पहिले ही से रास्ता रोके हुए पड़ा हुआ था। इस लिये रास्ते ही में दोनों सेनाओं का साम्हना हो गया, जिसमें पांच पहर पर्यन्त घोर युद्ध होने के पश्चात् भीमदेव को परास्त हो कर भागना पड़ा। हारी हुई सेना सहित आगे आगे भोटी राजा भागता जाता था और पीछे पीछे पृथ्वीराज की सेना बढ़ती जाती थी। भीमराय भोटी पहाड़ी जंगलों में हिलबिलान हो कर कांगुरे के सुरक्षित किले में जा छिपा। परन्तु पृथ्वीराज ने अपनी सेना का पड़ाव जंगलों के बाहर ही रक्खा। इस स्थान पर एक चोट और हुई जिसमें दिन भर काट मार होती रही किन्तु परिणाम फिर भी वही हुआ।

कांगुरे के दुर्ग में जाकर भोटी राज ने नाना प्रकार से देवी की पूजा करके पृथ्वीराज के साथ जय पाने का बरदान चाहा किन्तु देवी ने यही उत्तर दिया कि मैं तेरी रक्षा करूंगी परन्तु होन हार को सर्वथा मेटना मेरी शक्ति के बाहर है। उसी रात्रि को भोटी राज ने स्वप्न में देखा कि पृथ्वीराज ने एक बड़ी भारी सेना सहित उसको घेर लिया है। इस स्वप्न से घबड़ा कर उसने अपने मंत्री कन्ह को बुलाकर उसे स्वप्न का हाल सुना कर कहा कि इस स्वप्न से मेरा चित्त तो अत्यन्त व्याकुल हो रहा है इस लिये अब तुम जो कुछ उचित जानो सो करो। इस पर भोटी राज के मंत्री कन्ह ने बड़ी बीरता से उत्तर दिया कि मेरे रहते आप कोई चिन्ता न करें। इस प्रकार कह कर कन्ह गढ़ की रक्षा का उचित प्रबन्ध करने लगा।

इधर पृथ्वीराज के सब सामन्तों ने परस्पर मिल कर यह मंत्र निश्चय किया कि आधी सेना सहित पृथ्वीराज तो उसी स्थान पर खेमाजन रहें और रघुवंसराय प्रमार और हाहुलीराय हमीर जो कि पहाड़ी युद्ध विद्या में विशारद हैं आधी सेना सहित गढ़ कांगुरे पर पर अक्रमण करें। इस प्रकार मन्तव्य निश्चय हो जाने पर हाहुलीराय हम्मीर केवल पैदल सेना लेकर दुर्गम पहाड़ी मार्ग पर से हो कर कांगुरे दुर्ग की तरफ़ बढ़ने लगा। जिस समय हाहुलीराय हम्मीर क़िले पर आक्रमण करने को था उसी समय * हुसेन खा कुछ घुड़चढ़ी सेना लेकर सहायता के लिये जा पहुंचा। रास्ता साफ़ हो ही चुका था इस लिये नारेन और नीतिराव कुटवार दो बीर और भी कुछ घुड़सवारों सहित जा पहुंचे। इस तरह धीरे धीरे पृथ्वीराज की एक बड़ी भारी सेना एकत्रित हो गई। तब पैदल सेना की बाग रामरेन प्रमार ने अपने हाथ में ली और दो तरफ से किले पर इस प्रकार रणचातुर्य्य से आक्रमण किया कि गढ़ रक्षक सैनिक इनकी वार को जरा भी न सह सके जो जहां थे सब तीन तेरह होकर भाग निकले और किले के ऊपर रामरेन ने पृथ्वीराज के नाम का निशान रोप दिया।

इस प्रकार गढ़ पर विजय प्राप्त करके सब सामन्तों के मतानुसार कुछ फौज सहित रामरेन

* मीर हुसेन का लड़का।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रमार गढ़ रक्षा पर रहा बाकी कुछ लोग पृथ्वीराज के पास विजय की बधाई का समाचार देने आए। उसी समय भोटी राज भीम ने भी अपना एक दूत पृथ्वीराज के पास भेजकर कहला भेजा कि अब मैं सब प्रकार से श्रीमान् की सेवा करने को तैय्यार हूं साथ ही इसके मेरी इतनी इच्छा है कि आप मेरी पुत्री का पाणिग्रहण स्वीकार कीजिए। भोटी राज का ऐसा संदेसा पाकर पृथ्वीराज शीघ्र ही अपनी सब सेना सहित कांगुरे गढ़ में जा पहुंचे। और भोटी राज की कन्या के साथ व्याह करके नव दुलहिन सहित विजय के बाद्य बजाते हुए दिल्ली को चले आए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हँसावती नाम प्रस्ताव ।

[छत्तीसवां समय ।]

एक तो स्वदेशी शत्रु कन्नौजराज जैचन्द ही सदैव पृथ्वीराज के ग्रास करने की चिन्ता और चेष्टा में दत्तचित्त रहता था, दूसरे विदेशी शत्रु शहाबुद्दीन के अनायास आक्रमण की आशङ्का भी रहा करती थी। इस लिये पृथ्वीराज ने दिल्ली से कूच कर के शिकार के बहाने पट्टूपुर के जंगल में डेरा जा डाला।

उस समय रणथंभ के किले में यादववंशी राजा भान और चन्देरी में शिशुपालवंशी राजा पञ्चाइन राज्य करते थे। राजा भान की हंसावती नाम एक बेटी थी जोकि उस समय पृथ्वीतल पर अद्वितीय सुन्दरी और स्त्रियोचित सब गुणों से सम्पन्न साक्षात् रतिरानी का अवतार मानने योग्य थी। उस सुकुमारी कुमारी की नागिन के समान वेणी, विद्युतप्रभावत् दन्तद्युति, पंकज पांखुरी के समाम नेत्र, अष्टमी के अर्द्धचन्द्र के समान उज्वल ललाट, दीपशिखा सी नासिका, एवं रोम राजि, अमृत कुण्ड के समान नाभि स्थल, सिंह की सी क्षीण कमर, कन्दलीखंभ के समान सुढार जंघा, गज के समान चाल, सरसिज समूह के समान सुवासित स्वेद गंध और पूर्ण शशि के समान मुख कान्ति देखने वाले चतुरों के चित्त को सहज बेहाल करती थी।

चन्देरीपति शिशुपाल वंशी राजा पंचाइन हंसावती के सौन्दर्य की चर्चा सुन कर उस पर जी जान से मोहित हो गया। इस लिये उसने हंसावती के पिता राजा भानराय को एक पत्र लिखकर, दूत के द्वारा कहला भेजा कि हंसावती का व्याह मेरे साथ कर दो और किला भी छोड़ दो। यह समाचार पाकर भानुराय गुस्से के मारे लाला हो गया। उसने उसी समय अपने सगे सरदारों से सलाह करके दूत को उत्तर दिया कि मेरे तन पिंजर में प्राण पखेरू के रहते चन्देरी पति का ऐसा साहस करना वृथा है। रणथंभ के रणक्षेत्र में मर कर मुझे अलभ्य मोक्ष मार्ग की यात्रा करना स्वीकार है परन्तु चन्देरीपति का प्रस्ताव स्वीकार नहीं है। यह सुनकर दूत चलता हुआ और उसने ज्यों का त्यों सब हाल अपने स्वामी से कह सुनाया, जिसे सुनते ही वह क्रोध और कामना की ज्वाला से ज्वलित होकर मदान्ध हाथी की तरह अधीर हो उठा। उसने उसी समय अपनी समस्त चतुरंगिणी सेना सजकर हंसावती को बरबस व्याह लेने की इच्छा से रणथंभ की तरफ कूच किया और उधर एक पत्र शहाबुद्दीन की सेना में इस अभिप्राय से भेजा कि रणथंभ के विजय करने में वह भी उसे सहायता दे।

राजा पंचाइन ने एक दूत और भी भानराय के पास भेजा जिसने आकर भानुराय से कहा कि संसार में जितने बड़े बड़े सामाजिक विग्रह हुए हैं वे सब स्त्री के ही कारण हुए हैं और आज इसी कारणवश चन्देरीपति आप पर आक्रमण करने आया है। संसार में धर्म कर्म सब कुछ इस जीवन की रक्षा के लिये किया जाता है। सुर नर नाग असुर गन्धर्व आदि सब जीवन रक्षा के लिये यत्न करते हैं। फिर आप क्यों वृथा जरा सी बात के लिये मरने मारने पर उतारू हैं। इस पर राजा भान ने फिर भी वैसा ही कड़ाचूर उत्तर दिया और अपनी सेना में जंगी तय्यारी होने का हुक्म दिया। निदान दूत फिर भी उलटा फिर गया और तीस कोस चल कर राजा पंचाइन के पास पहुँच कर उसने सब हाल कह सुनाया। तब तक उधर शहाबुद्दीन के भेजे हुए शाह का धा-भाई उजबक खां, साहब खां तुर्की, नूरी हुजाब, केली खां कुलाह आदि यवन सरदार एक अच्छी रणकुशल सेना लिए हुए पंचाइन की सहायता के लिये आपहुंचे।

जब यह समाचार भानराय के पास पहुंचा तो उसने इस युक्त सेना को अजेय और प्रबल जान कर स्वयं भी पृथ्वीराज का सहारा लेना चाहा। बस उसने फौरन दिल्ली को एक दूत रवाना कर के लिख भेजा कि पचास हजार सेना के साथ चन्देरीपति ने रणथंभ को धूलिधूसित करने के लिये आक्रमण किया है। अस्तु इस गाढ़े समय पर मुझे आपही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का आसरा है। यह पत्र पाकर पृथ्वीराज ने फौरन रणथंभ की तरफ कूच कर दिया और इधर काका कन्हं को रावल जी के पास भेजा। कन्ह ने चित्तौर में जाकर रावल समरसिंह जी से सब हाल कह सुनाया और यथासंभव शीघ्रही रणथंभ की रक्षा करने की प्रार्थना की जिसे रावल जी ने स्वीकार कर लिया और कहा कि तुम चलो हम पृथ्वीराज से पहिले ही वहां आ पहुंचते हैं। यहां से रणथंभ ६५ कोस का मार्ग कुछ अधिक नहीं है। इस पर कन्ह ने कहा कि पृथ्वीराज १३ को चल चुके। रणथंभपति भानराय पर बड़ी विपत्ति पड़ी है। फिर आगे आप जानें? कन्ह के ऐसे बचन सुन कर रावल जी ने सगर्व प्रत्युत्तर दिया कि हे कन्ह हम वप्पावंशी लोगों की जबान नहीं टलती। क्षत्रियों का यही धर्म है कि संग्राम की सूचना पाकर हर्षित होना, शरणागत की रक्षा करना, वेद धर्म से विहित बचन न बोलना, और सुकीर्ति के लिये सर्वस्व आहुति कर देना। निदान यह कह कर कि तेरस के दिन डंका बजेगा कन्ह तो रवाना हुआ, इधर रावल जी ने जंगी फौज के सजे जाने की आज्ञा दी। दसमी सोमवार के दिन पांच घड़ी दिन चढ़े शुभ मुहूर्त में रावल समरसिंह जी ने रणथंभ की तरफ यात्रा की। जिस समय रावल जी की सेना चलती थी तो आकाश में आच्छादित धूलि के मारे सूर्य्य नहीं देख पड़ता था। लालिमामय कोमल किरणों की आभा से उज्वल अस्त्र शस्त्र चंचला से चमचमाते थे। ढोल धौंसा आदि के गंभीर गड़ गड़ शब्द से पावस के बद्दर की गर्जना का भाव भासित होता था, बीच बीच में नफेरी, वीणा, सहनाई आदि उच्चस्वर वाद्यों की ध्वनि पावस के पक्षी सी बोलती जान पड़ती थी। जहां तहां रंग बिरंगी उत्तंग ध्वजाएं फहराती हुई ऐसी जान पड़ती थीं मानों सैनिक ओज उड़ कर आकाश को स्पर्श करने की च्येष्टा कर रहा हो। इस प्रकार पावस के समान ओजमान रण कुशल सेना को लिये रावल समरसिंह जी रणथंभ जा पहुंचे। वहां किले के बाएँ तरफ तो पृथ्वीराज के डेरे पड़े थे और दाहिने तरफ रावल समरसिंह जी के शिविर स्थापित हुए।

एक तरफ से रावल समरसिंह जी की सेना व्यूह बद्ध हुई दूसरी तरफ से चंदेरीपति पंचाइन की और दोनों किले के मैदान में एक दूसरे से जुट पड़े। दोनों सेनाएँ एक दूसरे पर इस प्रकार से टूटीं जैसे क्षुधित सिंह मृगसमूह पर टूटता है। दोनों सेनाओं के वीर योद्धा अपने अपने प्रतिपक्षियों पर प्रचार प्रचार कर वार करते और मरने से जरा नहीं डरते थे। यदि एक दूसरे पर तलवार का वार करता तो वह उसके कलेजे में सेल पेल देता। कोई किसी के पंजर में खंजर खोंसता तो दूसरा उसके पेट को कटार से विदारता। इस प्रकार मारामार होते होते वह साधारण भूमि रक्त से भर गई। जहां तहां रुंड फड़फड़ाते और मुंड भडभड़ाते नजर आने लगे, बड़े बड़े हाथियों के जो शिथिल होकर मृत प्रायः पड़े थे घावों से बहते हुए रुधिर के पनारे पावस के पहाड़ी झरने से भासित होते थे। योगिनी और वीर वेताल रुधिर मांस मज्जा को पान कर आनन्द में उन्मत्त हो कर गान करते थे और घायलों के प्यास की चटक से गले घुटे मरते थे।

निदान इसी प्रकार युद्ध होते होते एक तरफ से चन्देरी पति पंचाइन और दूसरी तरफ से रूस्तमखां ने रावल जी को बीच में दे कर घेर लिया तब तक पृथ्वराज ने अपने निज सामन्तों सहित आकर शत्रु दल को छिन्न भिन्न कर दिया। उधर किले से राजा भान भी आ पहुंचा और तब तीनों सेनाओं ने एकत्रित व्यूहबद्ध हो कर युद्ध आरम्भ किया। राजा पृथ्वीराज हरावल में, राजा भान बाएँ और रावल जी दाहिने पक्ष पर थे। पृथ्वीराज को हरावल में देख कर वीर पंचाइन और उसके सहकारी यवन सरदारों ने बड़े बेग से तेगा चलाते हुए धावा किया। परन्तु इधर से सामन्तों ने भी अच्छे हाथ किए। ये लोग जिस मीर बन्दे की खोपड़ी पर हाथ मारते थे वह मय टोप और जिरहबख्तर खीरे की तरह चिर कर दो हो जाता था, इस युद्ध के अन्त में सोलह सूर वीर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन के, तेरह रावल समरसिंह जी के और पांच हजार सैनिक चंदेरीपति के खेत रहे।

दूसरे दिन प्रातः काल फिर से जंगी निशान उठे। पृथ्वीराज ने अब की बार अपनी सेना को पांच टुकड़ों में विभक्त किया। शत्रु के सम्मुख संग्राम के लिये सुसज्जित सन्नद्ध सामन्त और सैनिक परस्पर कहते थे "भाइयो, यह पंचतत्त्वमय शरीर सदैव रहने का नहीं है। एक न एक दिन मृत्यु होनी अवश्य है और मरने पर प्राकृतिक अंश अपने अपने मूल स्वरूप में लीन हो जायंगे, केवल कीर्ति ही संसार में स्थिर रहती है। इस लिये इस समय शत्रु के सम्मुख शूरता से मरना ही श्रेयस्कर है और जो हम तुम चार आदमी इस समय इकट्ठे हैं फिर भी ऐसे जुड़ेंगे, इस बात की कदापि सम्भावना नहीं। प्यारे भाइयो, इस असार संसार सागर से जीवन रूपी घड़े में कर्तव्यरूपी जल भर कर अखम कीर्ति की बेलि को सींच दो, जिसमें अक्षय आनन्द रूपी मोक्ष फल लग कर सदैव के लिये अपने संतोष का कारण हो।

सुसज्जित पंचअनी सेना के बीच रावल समरसिंह जी इस प्रकार सुशोभि होते थे जैसे सत्ताइस नक्षत्रों के बीच चन्द्रमा। अकाश में अरुण देव की आभा का भास होते ही रावल जी ने आज्ञा देकर समस्त सेना को चक्रव्यूहाकार रच कर शत्रु को चारों ओर से घेरा। यह व्यूह इस क्रम से रचा गया था—प्यादों की कतार के बीच बीच एक एक घुड़सवार, तिसके अग्रभाग में हाथी और बीच में तीरन्दाजों की भरमार थी। शत्रुसेना को चतुर्दिक से घेर कर जब शस्त्रों की वर्षा होने लगी और उमी के बीच बीच में तोमर, तबल, तेगा, तलवार आदि उज्वल शस्त्र भी चमचमा उठे उस समय ऐसी शोभा भासित होती थी मानों पावस ऋतु के तलातल भरे हुए तालाब में सरसिज समूह के ऊपर हंसों के बच्चे नाच रहे हों। सेना नायकों की आज्ञा होते ही सहज स्वभाव क्रोधी सैनिक योद्धा परस्पर भिड़ पड़े। क्षण मात्र में उनके चन्द्रमा की किरण से उज्वल शस्त्र रिपु रक्त से सराबोर हो कर लाल लाल देख पड़ने लगे। इधर तलवार लगने से सर दूर जा खड़कता रुंड फड़फड़ाता हुआ लोटने लगता, उधर गृद्धादि पक्षी और शृगालादि पशु एक एक मांस के लोथरे के लिये झगड़ कर और ही अभिनय दिखाते थे। इसी समय रावल जी के इशारे से राजा भान ने हरावल की अनी पर जोर देकर साम्हने का बल बाँधा। यह देख कर चन्देरी की फौज एक दम हरावल के मौके पर जुट पड़ी। तब तक राजा पृथ्वीराज ने तिरछे रुख से धावा कर के क्रम बद्ध व्यूह को विडार दिया। समरसिंह जी स्वयं चन्देरी की फौज की मार काट करने लगे। समरसिंह जी के भाई अमरसिंह ने चन्देरीपति राजा पंचाइन का साम्हना किया और उसे एक ही हाथ में मार गिराया बस फिर क्या था, उसी दम सब फौज तीन तेरह हो कर भाग उठी और खेत पृथ्वीराज के हाथ रहा। खेत की देख भाल होने पर मीरहुसैन और नरनाह कन्ह अगनित घाओं के कारण क्षत विक्षत शरीर घायल पड़े पाए गए। निदान इन दोनों वीरों को डोलियों में लिवा कर सब सेना सहित पृथ्वीराज पानीपत को गए।

वहां एक रात पृथ्वीराज ने स्वप्न देखा कि एक गजगामिनी, मृगनयनी, चन्द्रवदनी स्त्री जिस की शोभा का समूह साक्षात् बाल सूर्य की किरणों सहित प्रस्फुटित कमल बन की शोभा समूह का तिरस्कार करता था, उसके पास आई। पृथ्वीराज ने उस सुन्दरी के यौवन का आनन्द भी लिया। परन्तु ज्योंही नींद खुली त्योंही न तो वह सुन्दरी थी न वह हास विलास। निदान पृथ्वीराज ने उसी समय अपने सच्चे सखा कविचन्द को बुलाकर सब हाल कह सुनाया जिसे सुन कर कविचन्द ने उत्तर दिया कि वह स्त्री आप की भविष्य प्रिय पत्नी हंसावती है। हे राजन् यदि मेरी बात का आपको विश्वास न हो तो सुनिए मैं उस नव यौवना के सौन्दर्य्य का मानचित्र वर्णन करता हूं। यह कह कर कविचन्द बोला कि वह वयःसन्धि सुन्दरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साक्षात कामदेव की सी कमान है, उसका प्रशस्त ललाट अनंग अगन, भौंह प्रत्यंचा और चक्षु बाण के सामन पैने हैं। उसके सब अंग सुढार यथा-स्थान पीन क्षीण, हंस की सी चाल, गुलाब से गाल और मनोज के मद से भरे हुए उसके मुख मंडल की आभा अरुणोदय के समान लालिमामय है। वह निष्कपट लज्जाशील बाला मधुर मधुर वचन उच्चार कर मानों अमृत के प्याले पिलाती है।

इस प्रकार बातें हो ही रही थीं कि तब तक राजा भान के भेजे हुए प्रोहित के आने का समाचार मिला। निदान प्रोहित भी सभा में बुलाया गया उसने विवाह के लग्न तिथि की सूचना देकर विदा मांगी। तब तक इधर पृथ्वीराज ने शिकार खेलने की इच्छा से बारूबन की तरफ़ कूच किया।

पृथ्वीराज के बारूबन में शिकार खलने की खबर पाकर भीमदेव के पुत्र सारंग ने अपने मंत्रियों से कहा कि इस समय मुझे अपने पितृवैर लेने का अच्छा मौका हाथ आ गया है। उसने कहा कि वैर का बदला लेने के लिये राम ने रावण पर चढ़ाई की, सुग्रीव ने भाईचारे का विचार न करके बालि का बध करवाया, वैर का बदला लेने के लिये इन्द्र दैत्यों पर चढ़ाई किया करता है इत्यादि और क्षत्रियों का तो यह मुख्य धर्म है कि पिता का वैर लेवें। आज हम पृथ्वीराज रूपी सूर्य्य को समय पाकर राहु के समान ग्रास कर अनुपम कीर्ति लाभ कर सकते हैं। भाइयो ! संसार में मनुष्य शरीर पाकर कीर्ति का संपादन करना ही मुख्य कर्तव्य है, कीर्ति के लिये विक्रमादित्य ने देश विदेश पर चढ़ाई की और राजा जगदेव ने अपने हाथों से अपना माथा काट कर देवी को समर्पण किया। अस्तु, इस समय मेरा तो यही विचार है कि या तो पृथ्वीराज को मार कर पिता का बदला लेकर कीर्ति सम्पादन करूं या इसी प्रयत्न में मारा जाऊं। इस पर उसके मत्रियों ने भी हां में हां मिला दी। निदान उसी समय नागोद के पास मंगलगढ़ का हाड़ा राजा मारीचि की भांति कूटचक्र रचने पर पक्का किया गया।

इधर तो मंगलगढ़ में सारंग स्वयं ज्यौनार के लिये भोजन इत्यादि का प्रबन्ध करने लगा। उधर हाड़ा सरदार ने पृथ्वीराज के पास जा कर सविनय निवेदन किया, "आज आप और रावल जी मेरे घर को पवित्र कीजिए। पृथ्वीराज ने उस की प्रार्थना स्वीकार कर ली और रावल जी के सहित वे मंडल गढ़ को चले। ज्योंही नगर के सिवाने पहुंचे कि सिहं के गर्जन करने का भयानक अपशकुन हुआ। इससे रावल जी के दिल में एक प्रकार का खुटका पैदा हो गया। जब सब लोग किले के अन्दर हो गए और जहां तहां सब अपने अपने कांसे पर बैठ कर भोजन करने लगे कि धड़ धड़ चारों तरफ़ से किले के दरवाजे बंद कर दिए गए और प्रत्येक मकान के कोने में जो पांच पांच सिपाही पहलेही से सन्नद्ध रक्खे गए थे, सारंगदेव का इशारा पाते ही धरो मरो पकड़ो का शब्द करते हुए रावल जी और पृथ्वीराज पर चारों तरफ़ से टूट पड़े। यह अनयास द्वंद देख कर ये दोनों वीर भी अपने कतिपय साथियों सहित म्यान से तलवारें निकाल कर खड़े हो गए और संघटित शत्रु दल को काई सा काटने लगे। रावल जी और पृथ्वीराज तो जिस किसी पर वार करते वह ककड़ी सा कट कर दो हो जाता, परन्तु इनके शरीर पर किसी का भी वार इस प्रकार कारगर न होता जैसे मिट्टी के चिकने घड़े पर जल के कण नहीं ठहरते।

इधर ये लोग उद्दंड स्वरूप से आत्मरक्षा में प्रवृत्त थे ही उधर यह समाचार किसी तरह किले के बाहर पड़ी हुई सेना में जा पहुंचा। निदान वहां से रामाराय बड़गुज्जर ने किले पर आक्रमण किया। इधर किले वालों ने उन्हें रोकने के लिये बाणों की वर्षा करनी आरम्भ की, परन्तु वे कर्तव्यनिष्ठ धर्मरत स्वामि-सेवा में प्रवृत्त साहसी सामंत लोग मार काट करते किले की दीवार तक जुमक आए और दीवार के पास हाथी लगा कर पहिले पहल रामराय बड़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुज्जर किले के भीतर कूदा, तिसके पीछे एक के बाद दूसरे सूरवीर किले में धस पड़े। किले के भीतर संकीर्ण मैदान में खूब मार मची। दीवार, द्वार, देहरी, छत सर्वत्र लाल लाल लोहू के छींटे नजर आने लगे। जहां तहां खून के कुंड भर गए और रूंड मुंडों के ढेर के ढेर अटे गए। इस युद्ध में पज्जूनराय के पुत्र ने बड़ा पराक्रम दिखलाया। वह वीर पुरुष सहस्त्रों शत्रुओं को काटता हुआ धज्जी धज्जी हो कर कट मरा। इस युद्ध में एक राजा, तीन राव, सोलह रावत और पन्द्रह बड़े बड़े योद्धा काम आए। चालुक सारंगदेव की तरफ के तेरह तुरंत योद्धा खेत रहे। अन्त में रामरेन पँवार ने सारंग देव को और प्रसंगराय खीची ने हम्मीरहाड़ा को पकड़ लिया। निदान उन्हें पृथ्वीराज ने छुड़ा दिया। इसी धर पकड़ के समय मीरहुसैन ने सारंगदेव की बहिन को घेर लिया, यह देख कर रावल जी ने उसे ललकारा और चालुका सुंदरी को अभयदान दिया। इससे सारंगदेव के मन में रावल जी के गौरव की बड़ी ही श्रद्धा हो गई, उसने वह कुमारी रावल जी को विवाह दी और वह भूमि भी रावल जी को देदी। रावल समरसिंह जी ने नवीन सुन्दरी को चौडोल में बिठा कर चित्तौर को भेज दिया।

इधर आधी रात को एक दिन पृथ्वाराज के पास खबर पहुंची कि रणथंभ के किले पर चन्देल राजा ने फिर भी आक्रमण किया है और पश्चिम का मोरचा तोड़ भी लिया है, परन्तु पूर्व के मोरचे ने उसे परास्त किया। गूड़ राय और सत्रसाल दो वीर काम आए। चन्देल पकड़ा गया और राजा भान की जीत हुई।

कुछ दिन के बाद रणथंभ के राजा का कुलप्रोहित भी आ पहुंचा और नारियल, पुष्प, दूब, रोली, अक्षत आदि मांगलीक सामग्री सहित पृथ्वीराज को लग्न का टीका चढ़ा कर चलता हुआ। विवाह की लग्न तिथि भी जब निकट आई तब चहुआन पृथ्वीराज ने हंसावती को ब्याहने के लिये पुनः रणथंभ को जाने की तय्यारी की। सर्वाङ्गसुन्दर, कमल नेत्र, वंकमुच्छ, रमणी मात्र का मन हरण करने वाला, रीति नीति का ज्ञाता, शहाबुद्दीन को बार बार पकड़ कर छोड़ देने वाला, पृथ्वीराज जिस समय रणथंभ में पहुंचा तो वहां नाना प्रकार के गान वाद्य और उत्सव होने लगे। इस अमित आनन्द उल्लास का सुकुमारी हंसावती के हृदय पर कुछ और ही असर पड़ा। वह अपने अद्वितीय पति की झांकी लेने के लिये झरोखे से झांका करती थी। अपनी निज सखी सहेलियों सहित उत्तंग अट्टालिका पर बैठी हुई हंसावती इस प्रकार सुशोभित होती थी जैसे तारों की कांति को कुचल कर कलाधर गिरि के शिखर पर विराज रहा हो। उस मनोजमय मन वारी रतिमूर्ति सुन्दरी के सुढार सरोज ऐसे नेत्र स्वाभाविक लज्जाशीलता और सखियों के कटाक्ष से संकुचित होकर सेनों से ताकते हुए साक्षात् चंचला के चापल्य को चूर्ण करते थे। हंसावती की स्वाभाविक भावमय मंद मंद मुसकान देख कर ऐसा भासित होता था मानो पूर्णबिंब चंद मंडली में चंचला विराजमान हो रही हो। सहजसुन्दर सुन्दरी हंसावती की वह अवस्था थी कि जिसे हम पूर्णतया वयःसन्धि भी नहीं कह सकते, क्योंकि उसके अंगों में शैशव का आभास केवल उतनाही था जितना कि अस्तप्राय दुतिया के चन्द्रमा का उजेला होता है।

जब स्वयंवर का समय निकट उपस्थित हुआ तब सखी सहेलियों ने हंसावती को वस्त्र विहीन कर के उपटन करना आरम्भ किया। उस समय उसके अनंग के रंग से भरे हुए सुकोमल अंग प्रत्यंगों से इस प्रकार शोभा प्रस्फुटित होती जैसे रजनी के अवसान समय जुन्हैया के बूड़ने और सूर्य्य के प्रकाशमान होने से प्रकृति की शोभा होती है। हंसावती के गोरे गोरे गात पर भींग कर लिपटी हुई लटें ऐसी शोभा देती थीं मानों चन्द्रमण्डल पर सर्प चढ़ रहे हों और उन केसर समान सूक्ष्म केशों से बहता हुआ जल ऐसा भासित होता था मानों राहु के भय से चन्द्रमा विष पान करता हो और भूमि उसे कर्षन कर रही हो। इस प्रकार स्नान कराकर जब सखियों ने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसे, सीस में सुगंध लगा कर, नवीन वस्त्र पहिनाए तथा सोलहो शृंगार, बारहों आभूषणों से सुसज्जित कर विवाह मंडप में प्रस्तुत किया उस समय उसकी शोभा अकथनीय थी। हंसावली के सँवार हुए केशपास के ऊपर दोहरी मोतियों की लड़ी ऐसी भली मालूम देती थी जैसे दो चन्द्रमाओं ने राहु का ग्रास किया हो। सीस पर नगजटित सीसफूल कालिया के फन पर गोविंद के पद पद्म से ज्ञात होते थे ललित ललाट पर रोली की बिन्दी गंगा जमुना के संगम पर तीर्थराज सी आसीन हुई जान पड़ती थी। उसके अनियारे नैन मीनकेतु के से तीर, लालिमामय गोल गोल कपोल गुलाब कैसे फूल, चिबुक पर स्याम बुन्दा चन्द्रमण्डल पर पग रोप कर अड़ा हुआ राहु सा प्रतीत होता था। उसकी जीभ कमल पुष्प की पांखुरी सी और उसके सुढार कंबुवत कण्ठ की त्रिवली पर काली पोत का छूटा ऐसा मालूम होता था मानों चन्द्रमा का ग्रास छोड़ राहु आसन मार कर बैठा हो। तदुपरान्त हृदय पर रुरती हुई दोहरी मोतियों की लड़ी चन्द्रमण्डल से निकली हुई अमृत की सी धार, उसके युग उरोज शिव से और सूक्ष्म रोमराजि दीपशिखा सी भासित होती थी। क्षुद्र घण्टिका से सुसज्जित उसकी पतली कमर योवन के तौलने की तराजू सी जान पड़ती थी। उसके पीन नितंब आधे तुंबा से, जंघा हाथी की सी सुंड और पिंडुलों मनोज की चारपाई के पाये सी सुशोभित होती थीं। उसकी केसरकलित जावक रलित, एड़ियां कुसुम कैसे फूल और पांवों में पहिने हुए पाजेब वा घूँघरुं से होता हुआ मन्द मन्द शब्द भौंरे की सी गुंजार मालूम होता था। उसकी कोमल कलाई पर नौरत्नी पहुँची ऐसी मालूम होती थी जैसे चन्द्रमण्डल के चतुर्दिक नवग्रह परिक्रमा कर रहे हों। निदान सोलहों श्रृगार, बारहों आभूषणों से सजबज कर जब वह चन्दवदनी मृगलोचनी कोकिलबैनी, गजगामिनी कामिनी सर्वाङ्गसुन्दरी हंसावती सखियों के सहित तरुण तरुलता पल्लवों से आच्छादित विवाहमंडप में आई उस समय ऐसा भान होता था मानों बदरी के बीच एक दम सूर्य्य का प्रकाश हो उठा हो।

नटनागर चहुआन पृथ्वीराज ने मंडप में प्रवेश किया। पृथ्वीराज के शीश पर नवरत्न जटित मुकुट ऐसा सुशोभित होता था जैसे समस्त ग्रहों ने परस्पर का द्वेषभाव छोड़ कर चन्द्र मंडल पर एकत्र आसन आ जमाया हो। पृथ्वीराज आकर पटे पर बैठे ही थे कि सखियां हंसावती को लेकर आईं। जिस समय दोनों आमने साम्हने हुए और दोनों की आखें चार हुईं कि बस दोनों मन ही मन घुल गए। दोनों के लालची लोचन परस्पर के छविसुधा को पीकर इस प्रकार मस्त हो गए जैसे कमलकली के अन्दर मकन्दर को बटोर कर भौंरा स्तम्भित होकर रह जाता है। इधर चहुआन का चित्त हंसावती ने अंचल में बाँध लिया और उधर चहुआन ने हंसावती के मन को मुट्ठी में ले लिया। जो पृथ्वीराज सहस्रों शत्रुओं से अजेय था उसे सुकुमारी कुमारी अबला नामधारी हंसावती ने मनसिज की सुसज्जित सेना स्वरूप निज स्वाभाविक सौन्दर्य्य की सहायता से सहज ही जीत लिया।

इधर तो ये विवाह के सुखसारे हो रहे थे उधर शहाबुद्दीन ने दिल्ली को खाली जान कर सुरतान खां के तहत में एक बड़ी भारी सेना वहां भेजी। जब यह यवन-सेना-समूह दिल्ली के पास आकर ठहरा और यह समाचार सामंतों को मिला तो उधर से केवल साठ सामन्तों ने रात्रि को धावा किया और सुसुप्त शत्रु सेना को मार काट करके एक प्रकार से बिल्कुल बलहीन कर दिया। और जब तक वे लोग धरो पकड़ो कहते कटते मरते अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हुए तबतक ये लोग पुनः किले को लौट आए। दूसरे दिन प्रातःकाल सुरतान खां ने अपनी सेना को अर्द्धचन्द्र व्यूहाकार रच कर किले पर आक्रमण किया। इधर से रावल जी के भाई अमरसिंह जी ने मैदान का मुहासरा लिया। दोनों दलों में खूब लोहा बरसा। दोनों तरफ के बहुत से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूरवीर सिपाही खेत रहे। अन्त में अमर सिंह जी की जीत हुई और यवन सेना भाग निकली। इस लड़ाई में यवन सेना का एक नामी सरदार पीरोज खां खेत रहा और सब एक लाख का रखत बखत सामंतों के हाथ लगा।

ज्योंही यह समाचार पृथ्वीराज तक पहुंचा कि वह स्वाभाविक वीर समस्त प्रस्तुत रसरंग की सामग्रियों से विरक्त सा हो उठा और उसने उसी समय दिल्ली की तय्यारी कर दी, परन्तु जब तक वह*दिल्ली पहुंचे पहुंचे, तब तक सामन्तों ने स्वयं शत्रु का हटा दिया था। पृथ्वीराज ने सब सामंतों को एक एक कर के गले लगाया और कहा "हे मेरे भाइयों, मैं तुम्हारी क्या प्रशंसा करूं और तुम्हें क्या कहूं। यह दिल्ली का राज्य तो सर्वथा तुम्हारे ही बल भरोसे पर है।" पृथ्वीराज ने अमरसिंह जी की भी बड़ी खातिर की और स्वयं अपने हाथ से उनके सिर पर पाग बाँधी।

पृथ्वीराज ने अपने भाँजे, समरसिंह जी के पुत्र (१)कुंभा जी के नाम संभर की जागीर का पट्टा लिखा कर उन्हें अर्पण करना चाहा, परन्तु रावल जी ने उसे यह कह कर फेर दिया कि असुर वंश में अवतीर्ण तुम स्वयं जैसे लालचीचित्त हो वैसे ही औरों को भी विचारते हो। हम अटुट वंशी किसी के साम्हने हाथ फैलाना नहीं जानते, दूसरों को दान देना जानते हैं! इस पर चतुर चहुआन कुछ उत्तर न देकर चुप हो गया।

तदन्तर दिल्लीपति पृथ्वीराज के मुकुटमणि, छत्रछाया स्वरूप रावल समरसिंह जी तो चितौर को चले गए। और पृथ्वीराज चपल नव बधूटी, नवोढ़ा प्रियतमा राजहंसी हंसावती के साथ कामान्ध वृषभ की भांति काम क्रीड़ा में प्रवृत्त हुआ।

प्रथम समागम की रात्रि को जिस समय सखियां हंसावती को शयनागार में ले गई और वह शैय्या के पास पहुंची उस समय उसकी विचित्र ही दशा थी। यद्यपि उठते हुए यौवन का उमंग उसे प्रियतम पृथ्वीराज के गले से लगने के लिये उत्तेजित करता था परन्तु स्त्रियोचित स्वाभाविक लज्जा भी तो मानों उसके पैर पकड़ कर पीछे को खींचती थी। इसी ठेलम ठेल में सखियों ने ढकेल कर उसे पलंग पर पवार दिया और आप किवाड़ देकर द्वार पर से कहकही मार कर हँसने लगीं। उधर नटनागर पृथ्वीराज ने संकुचित प्रिया हंसावती को उछँग में उठा लिया और प्यार से पुलकारता हुआ वह आमोद प्रमोद की बातें कर अभिप्राय सिद्धि की घातें करने लगा। उस समय हंसावती तो कमल कली की भाँति संकुचित होती हुई सी सी कर आहां और ना ना की पुकार करती थी और पृथ्वीराज मदकलित कपोल कामान्ध कुंजर की तरह बेकसक होकर काम कलाओं के कृत्य में दत्तचित्त था। निदान इसी प्रकार ज्यों ज्यों दिन व्यतीत होने लगे त्यों त्यों हंसावती के चित्त में लज्जा का ह्रास और कामेच्छा का प्रकास होने लगा। तमाम दिन तो वह सखियों के साथ इधर उधर की कथा कहानी और पोथी पुराण में बिताती और रात्रि होते ही कंत के हिये का हार हो जाती। पृथ्वीराज और हंसावती का प्रेम यदि पावस में तमाल और बल्लरी की भाँति था तो शरद में शशि और चकोर की भाँति हो गया परन्तु इसके उपरान्त जब शीतकाल आया तब तो वे दोनों परस्पर कस्तूरी और कज्जल की तरह एकमय होकर दिन बिताने लगे।

---

* मूल पुस्तक में इस बात का कुछ भी स्पष्ट लेख नहीं है कि यवन सेना ने किस स्थान पर चढ़ाई की, परन्तु छन्द २१७ के दूसरे चरण "सुनि बरनी सौं रत्त दिन सत छुट्ट यर थान" और छन्द २२० के ५ वें पद "रष्षयो काम रति वाह वे तुम कधे दिल्ली नयर" से यही अर्थ निकलता है। दूसरे दो लड़ाइयां होने पर भी पृथ्वीराज का शामिल होना नहीं बतलाया गया है, न राजा भान का। इससे स्पष्ट है कि सुरतान खां का यह आक्रमण दिल्ली पर था।

(१) तेज सिंह सुत समर सी, तेहि सुत कुंभ नरेस।
संभरि संभरि बार वे दौहित्तो सोमेस ॥
"तब चित्रंग नरेश : दिभ्भह नंष्यो पर पट्टो" ॥२२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पहाड़राय समय।

[छैंतीसवां समय।]

एक दिन कविचंद की स्त्री ने कहा कि हे पति पहाड़ राय तूँअर ने यवन बादशाह शहाबुद्दीन को कब, किस प्रकार और क्योंकर पकड़ा सो कृपा कर सब कथा कहिए?

तब कविचन्द बोला कि संवत् ११४०[१] में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की तृतिया के प्रातःकाल की बात है। बसंत ऋतु की शीतल मंद सुगंधित त्रिविध बयार बह रही थी, भाँति भाँति के तरु लता पल्लव और उनमें रंगबिरंगे प्रस्फुटित पुष्प शोभा दे रहे थे। रसालवृक्ष की मंजरियों पर मलिन्द गुंजार करते थे। उसी समय शहाबुद्दीन ने निज महलों से निकल कर सदर दरबार में पदार्पण किया। उधर उसके सब दरबारी लोग आ आ कर यथास्थान आसन पर आसीन होने लगे। निदान शहाबुद्दीन ने अपने मंत्री तत्तार खां और खुरासान खां से कहा कि कहो तो पृथ्वीराज का क्या समाचार है? इस पर तत्तार खां ने उत्तर दिया कि वह सहजोर शत्रु अपने समस्त शूरवीर सामन्तों सहित सकुशल राज्य शासन कर रहा है। यह सुनते ही शहाबुद्दीन बोला कि यथासंभव शीघ्र ही एक सभा की जाय और उस में विचार करके पृथ्वीराज पर आक्रमण करने का उचित मन्तव्य निर्धारित किया जाय। शाह का इस प्रकार हुक्म पाकर तत्तार खां ने उसी समय सेना में समाचार जाहिर कर दिया और दूसरे दिन प्रातःकाल ही सुसज्जित सेना राजद्वार पर एकत्री होने लगी। समस्त सेना के एकत्रित हो जाने पर शहाबुद्दीन भी एक दीर्घकाय हाथी पर सवार होकर पूर्व्व दिशा को यात्रा करने के लिये तय्यार हुआ। उस दल बल के बीच स्वर्ण के आभूषणों से सुसज्जित हाथी पर जवाहिरात जटित वस्त्र और गहने पहिने हुए शहाबुद्दीन ऐसा सुशोभित होता था जैसे समुद्र के बीच मंदराचल पर अचलरूप से सूर्य्य विराजमान हो। सेना के आगे आगे मेघस्पर्शी राते राते निशान वायु वेग से डगमगाते चलते हुए ऐसे सुहाते थे मानो हवा के झोंक से बाधित बड़ी बड़ी दीप शिखाएं हिल रही हों और उनके पीछे पीछे चलते हुए सिपाही उन पर प्रान पवारने वाले पतिंगे तो थे ही।

गजनी से चलकर दस कोस के ऊपर पड़ाव डाल दिया गया और वहां पर खुरासान ख़ां, रुस्तम ख़ां, वाजीद ख़ां, मनसूर सेर हुजाब ख़ां, महमूद ख़ां, कम्मन ख़ां, जम्मन ख़ां, निसुरत्त ख़ां, ममरेज़ ख़ां, रनसिंह, सुलतान ख़ां, मारूफ ख़ां, सुरतान ख़ां, इत्यादि मीरों की मंडली एकत्र करके शहाबुद्दीन ने आगत युद्धप्रबन्ध पर वाद विवाद होकर मुनासिब राय तै की जाने की आज्ञा दी। ज्योंही तत्तार ख़ां शाह का उक्त अभिप्राय कह कर चुप हुआ त्योंही मीर वितंड ख़ां अकड़ता हुआ कड़क कर बोला "जहांपनाह के इक़बाल से सारी हिन्दू सेना को धूलि धूसित करके पृथ्वीराज को मैं सहज ही बाँध कर बँधुआ बना सकता हूं। प्रबल दल को विदार कर दुश्मन को मार कर नमक को बजाना ही बहादुरों का काम है। अगर ऐसे वक्त पर वह मारा भी जाय तो बिहिस्त का तख़्त मिलता है और दुनियां में नाम होता है।" यह सुन कर निसुरत्त ख़ां ने तत्तार ख़ां से कहा कि अगर मुझ से सच पूछिए तो यही कहूंगा कि हिन्दू सेना बड़ी ही बलवान और पराक्रमशाली है। इस पर वितंड ख़ां गुस्से से लाल होकर मूछों पर ताव देता हुआ फिर बोला कि यह क्या कहते हो, मैं सब हिन्दू सेना को मारूंगा और पृथ्वीराज को पछारूंगा। तब तो बुद्धिमान निसुरत्त खां से न रहा गया और वह बोला कि तुम्हारा यह गुरूर फुजूल है। रावण और सहस्रबाहु ऐसे योद्धा अपनी मगरूरी के ही कारण मारे गए। और क्या कहूं जिन हिन्दूओं ने काल ऐसे रणवांकुरे बहादुर को मार डाला उनके साम्हने तुम

[१] संवत्सर च्यालीस, मास मधु पष्प धम्मधुरं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या ही हो। वह फिर भी बोला कि तुम्हारी इस कपोलकल्पना की उस समय सब कलई खुल जायगी जब रणबांकुरे हिन्दू सामंतों का साम्हना होगा। परन्तु इससे हमारा यह भी अभिप्राय नहीं है कि भयभीत हो कर डर जांय। जो परवरदिगार राई का पर्वत कर सकता है वही हमारे हुजूर की टेक रक्खेगा। इसलिये उसी का आसरा भरोसा और गुमान करना मुनासिब है। लिहाजा हलकारा भेज कर चहुआन को लड़ाई का पैगाम दे दिया जाय और तब यहां से कूंच किया जाय।

अस्तु यह बात शहाबुद्दीन तथा उसके समस्त उपस्थित सभ्यों ने प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार कर ली और तदनुसार एक खत्री दूत एक पत्री के साथ उसी समय दिल्ली को रवाना किया गया। दूत ने दिल्ली पहुंच कर वह पत्र धर्म्मायन को दिया और सब जबानी हाल भी कह सुनाया, जिसे सुनते ही धर्म्मायन अधमरा सा हो गया और बोला "बस मैंने जान लिया कि अब शहाबुद्दीन का आयुर्बल क्षीण हुआ"। निदान धर्म्मायन ने दूत को तो वहीं छोड़ा और आप शाह का ख़रीता लेकर दर्बार में दाखिल हुआ और मौका पाकर उसने वह पत्र कैमास को देकर उसे पृथ्वीराज के सम्मुख पेश करने को कहा; राजा की आज्ञा पाकर कैमास ने वह पत्र पढ़ सुनाया जिसमें लिखा था "हमारा तुम्हारा [१]देवासुर संग्राम का पुरातन अवशिष्ट वैर इस समय प्रचण्ड रूप से जाग्रित हो रहा है। हम तुम संग्राम में जैसे वीरता के काम करेंगे वैसे ही कवि लोग हमारा तुम्हारा सुयश गावेंगे। और आखिर को दुनियां में नामही रह जाता है। मरने पर यह पंच भौतिक शरीर पंच महाभूतों में लीन हो जाता है हमारे तुम्हारे दोनों के हृदय में सनातन गौरवशाली आत्म-अभिमान का बीज बोया जा चुका है। आत्म-अभिमान ही मर्दों की निशानी है। दुनिया में अगर कोई कुछ कर सकता है तो इसी आत्म-अभिमान के सहारे से। जो मर्द आत्माभिमानी पीछे मर गए व अपना नाम अमर कर गए। हमारे तरफ पैगंबर और आपके तरफ महाभारत के वीरों का यश अमर है। इसी से हमारा ऐसा हठ है।"

शहाबुद्दीन को ऐसा पत्र पाकर पृथ्वीराज ने सामन्तों से कहा, "हे सामन्तो, सुनो! गज्जनी पति शहाबुद्दीन चतुरंगिनी सेना सज कर दिल्ली पर चढ़ाई करने को आ रहा है और वह सिंध नदी के इस पार आ गया है। अस्तु अब तुम लोग भी आने बाने से दुरुस्त होकर वायुवेग स्वरूप धारण कर यवन दल बद्दल को छिन्न भिन्न कर दो। पृथ्वीराज के ऐसे बचन सुन कर सामन्त लोग बोले कि यदि वह आता है तो आने दीजिए हमें क्या? जैसे अगाध उदधि को अगस्त एक अंजुली से अचै गए, जैसे गरुड़ ने सर्प समूह को भक्षण कर लिया, वैसे ही हम भी शत्रुओं का नाश करने के लिये सन्नद्ध हैं।

निदान इधर से पृथ्वीराज भी पच्चीस हजार सेना के सहित शहाबुद्दीन का वार बचाने के लिये दिल्ली से चल पड़ा। जिस समय राजपूत वीरों का विकट दलबल चलता था उस समय मेदनी काँपती थी और आकाश में आच्छादित सघन धूलि के कारण सूर्य्य अदृष्ट सा हो जाता था। इसी प्रकार कूच दर कूच चलते पृथ्वीराज ने शहाबुद्दीन की सेना से दस कोस के फासिले पर पड़ाव डाल दिया। उधर शहाबुद्दीन को भी चहुआन के आ पहुंचने का समाचार पहुंचा और इस लिये वह भी सचेत हो बैठा। दूतों द्वारा बातचीत तै होकर दूसरे दिन प्रातःकाल ही दोनों दलों में द्वन्द होना निर्द्धारित हुआ।

दूसरे दिन दिशाओं में लालिमा की झाँई पड़ते ही दोनों दलों में नगाड़ों के गड़ गड़ शब्द होने लगे। दोनों सेनाओं के अग्रभाग में फहराते हुए मेघस्पर्शी रंगबिरंगे निशान ऐसे भान होते थे जैसे पावस के बहुरंग बद्दर धरा पर घूम करने के लिये आकाश से अवतीर्ण हो रहे हों। बीच बीच में तुरही की तान लगती और उच्च स्वर से कड़खेत कड़खे गा गा कर जवानों के जी को दूना करते थे। दोनों सेनाएँ अपने अपने शिविर छोड़ कर

१ दानव देव आदि भी लग्गो। सात बैर पुरातन जग्गों॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखादेखी के मेल में आ उपस्थित हुई। उस समय दोनों सेनाओं के सूर लोग तो आनन्द के मारे फूले अंग नहीं समाते थे पर कायरों का हृदय-सरोवर नीरस होने से उनका तो हंसा हिराना जाता था। शहाबुद्दीन की चतुरंगिनी सेना बराबर चार हिस्सों में विभाजित थी। अग्रभाग पर खुरसान खां और चिम्मन खां, बाएँ मारूफ खां; दहिने पीराज़ खां और चिम्मन जमराज ख़ां थे। ये सब फौजें दो दो अनी करके अग्गा पिच्छी दो कतारों में थी। पृथ्वीराज चहुआन ने अपनी सेना को पांच भागों में विभाजित किया। बीच में आप और चारों तरफ चार अनी थीं। प्रत्येक अनी के अग्र भाग में नंगे खांड़े तलवार, पट्टे, बाने, फरसे, कटारी आदि लिए हुए कद्दर जवान थे, बीचोंबीच नेजेबाज घुड़सारों की भरती थी और तिसके पीछे हथनार तोपों की कतारें थीं। कैमास और चामुंडराय आठ हजार सेना के साथ हरावल पर—हरावल में घुड़सवार और हाथियों की भरती अधिक थी—सात सामन्तों के सहित काका कन्ह दाहने बाजू पर, जैतराव प्रमार चार हजार सेना सहित बाएँ पक्ष पर, और पीछे पीठि सेना अर्थात् चँदावल का स्वामी जामसिंह जद्दव था, जिसके साथ में पांच पांच सौ कमनेत और साढ़े तीन हजार अग्नि बान चलाने वाले थे। एक दूसरे के विपक्ष में सन्नद्ध दोनों सेनाएँ ऐसी मालूम होती थीं मानों कुरुक्षेत्र के मैदान में कौरव पांडवों का दल इकट्ठा हो। जिससमय पारथ के पंचजन की भांति दोनों सेनाओं में उच्च स्वर मारू की आवाज हो कर स्वामी आज्ञा की सूचना दी गई उस समय दोनों दलों के योद्धा इधर से अवधूत राजपूत और उधर से मजबूत म्लेच्छ अपने अपने घोड़ों को एड़ें देते और हाथियों को धतकारते मार मार पुकारते एक दूसरे से जुट पड़े। उस अरुणोदय के समय बड़े बड़े दँतारे दुरद पावस के बद्दर से और उन पर से बजते हुए गजनार नगारे और कर्नार घनघोर वन से गर्जते थे। दोनों ओर से बरसते हुए छर्रे और बानों की बौछार वारिधारा सी और रुधिर के फौवारे झरने से जान पड़ते थे। कुछ देर के बाद बारूद वाले अग्न्यास्त्र और बाण बन्द हो गए और बगमेल की मार वाले अनयारे तथा तीक्ष्ण धार वाले करारे शस्त्र चल पड़े। उधर से चिम्मन खां और इधर से चामुँडराय का मुकाबला हुआ। दोनों ने द्वन्द युद्ध करने की इच्छा से अपनी अपनी सवारी छोड़ दी और पैदल होकर परस्पर एक दूसरे को अपना अपना बल और युद्धकौशल दिखाने लगे। वे दोनों बांकुरे वीर वरनी से बराबर तलवार और कटार के वार करते हुए ऐसे मालूम होते थे जैसे लंका के मैदान में मेघनाद और लक्ष्मण युद्ध कर रहे हों। जहां पर नायकों का ऐसा उत्साह हो वहां सहायकों और पायकों का तो कहना ही क्या है। घड़ी भर में वह सुन्दर शोभामयी भूमि रक्त से तराबोर होकर रसातल का सोपान समुद्र सी हो गई। जहां तहां मुंड लुढ़कते और रुंड अंधाधुन्ध मार करते थे। तलवार कटार बरछी आदि के लगने से जो जोरावर जवानों का खून फौवारे की तरह ऊपर को उछलता था वह हेलामेल फगुआ का गुलाल सा नजर आता था। कहीं योगिनी ताल देकर नाचतीं, कहीं बेताल भीषण स्वर कर गाते और मांस मज्जा खा कर और ताजे रुधिर की धार पी पी कर अमित प्रसन्नता प्रगट करते थे। सूर वीरों की इस आमोदस्थली युद्ध भूमि में जिस समय कन्ह, चामुंडराय, जैतसी, पज्जून आदि सामंत बिजुली के समान चमकती हुई तलवारों से तमक तमक कर वार करने लगे उस समय मीर बन्दों के मुरदों के अटंब लग गए। इधर तो ये वीर पुरुष अपने पराक्रम मय कर्तव्य साधन में दत्तचित्त थे उधर विमानों में विराजमान आकाश से अप्सराएँ और सुरसमूह उन पर पुष्पों की वर्षा करते थे।

इस प्रकार युद्ध होते होते चहुआन सेना के चन्देल चौकसी में से बाहर राय और बीरम देव दो वीर विशेष काम आए और शहाबुद्दीन की तरफ से पुत्र सहित पीरोज ख़ां,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफदर खां, हाजम खां, सहवाज खां, आदि सरदार काम आए। दोनों तरफ के पन्द्रह हजार सिपाही खेत रहे। तब तक सूर्य्य भगवान अस्ताचलगामी हुए और दिशाओं में अंधेरा छा गया। तब पृथ्वीराज की तरफ से पहाड़राय तूँअर हराबल का नायक नियत हुआ। पहाड़राय तूँअर ने सवारों की सेना लेकर साम्हने धावा किया। नेजे और तलवारों की मार करते हुए वह अगनित यवन योद्धाओं को यमपुर पठाने लगा। वीर पहाड़राय तूँअर स्वयं तलवार के वार कर अगनित शत्रुओं को काट काट कर डारने लगा। वह जिस किसी हाथी पर वार करता उस का भसुंड दाँतों के सहित कट कर दो हो जाता, जिस सवार पर तलवार चलाता वह मय घोड़े के चार हो जाता। पहाड़राय के इस पराक्रम से मुसल्मानों के पैर उखड़ पड़े। तब तक आकाश में जो दुतिया के चन्द्रमा की आभा से कुछ उजेला था वह भी अस्तमित होने लगा। इसलिये दोनों सेनाओं में फरहरा फिर गया और उस दिन के युद्ध की इति हुई।

दूसरे दिन तृतिया को भी पहाड़राय की सवार सेना ने अतुल पराक्रम दिखाया और यवनों को खूब छकाया। तीसरे दिन चतुर्थी को फिर भी दोनों सेनाओं में घोर सग्राम होने लगा। अनयारे नेजों की अनी मदान्ध कुंजरों के कलेजे पार होने लगी, युद्धरँगराते मदमाते योद्धा परस्पर एक दूसरे को खराड खराड करने लगे, जिनके श्रोनप्रवाह से रसातल पर रक्त के कुंड भरने लगे। उस रक्त सरोवर में तैरते हुए नव युवक योद्धाओं के सीस कमल कली से और उनपर उड़ते हुए कौवे मधुकर से मालूम होते थे। इसी प्रकार मार करते करते पहाड़राय ने अपना घोड़ा शहाबुद्दीन के हाथी के सम्मुख जा अड़ाया और उसके कुंभ पर तलवार का एक हाथ ऐसा मारा जिससे वह भहरा कर ज़मीन पर लोट गया हाथी के गिरते ही पहाड़राय ने शहाबुद्दीन को पकड़ लिया और मुस्कें बाँध कर उसे घोड़े के कंधे पर डाल लिया। उधर शहाबुद्दीन के बन्दी होते ही तमाम मीर बन्दे जिधर तिधर तीन तेरह होकर चलदिए।

शहाबुद्दीन को बन्दी करके पृथ्वीराज सेना सहित दिल्ली को आया। वहां कुछ दिन रहकर माघ सुदी ५ बृहस्पति वार को ६ हजार घोड़े, ६ हाथी और एक करोड़ का स्वर्ण दण्ड में लेकर उसने शहाबुद्दीन को सुखपाल में बैठा कर गजनी को भेज दिया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वरुण कथा ।

(अड़तीसवां समय ।)

चहुआन वंश में सरनाम राजा सोमेश्वर तलवार की धार और घोड़े की टाप के बल से शत्रुओं को पराजित करके नित नव देशों को दबाता समस्त राजसी सुखों से परिपूर्ण स्वतंत्रता पूर्वक अजमेर का राज्य करता था।

एक समय चन्द्रग्रहण का पर्व्व आया। यह जानकर सोमेश्वर ने अपने साथी सरदारों और माननीय पण्डितों को बुलाकर ग्रहण के समय यमुना स्नान करने की इच्छा प्रगट की। राजा की आज्ञा होते ही विधिवत दान का सामान जुटाया गया। सब सामंत सरदार लोग यथास्थान आ आकर बैठ गए. उस समय राजा के पास में बैठा हुआ गुरू राम प्रोहित इस प्रकार से सुशोभित होता था जैसे रामचन्द्र के समय में वशिष्ठ।

शायंकाल होतेही एक ओर से पूर्णबिम्ब चन्द्रमा का प्रकाश हुआ। ग्रहण की छाया का बेध होते ही प्रफुलित कुमोदिनी मंद दुति होकर संकुचित और चक्रवाक चाकित चित्त होने लगे। विरही जनों के हृदय को विदीर्ण करने वाले चन्द्रमा की कलाएँ कुंठित होने लगीं। उस समय सारे संसार में ऐसा सन्नाटा छा गया मानो प्राणी मात्र गहरी नींद के ग्रास हो गए हों। केवल कामी पुरुष कामना की सिद्धि के लिये होम जाप यज्ञ करने में और भक्त जन भगवान के भजन में लवलीन थे। ठीक आधी रात के समय जब ग्रहण के बेध की संधि का समय आया तब राजा सोमेश्वर स्नान करने के लिये यमुना के किनारे गए। सोमेश्वर सहित सब सर्दारों ने ज्योंही वस्त्र विहीन हो कर और हाथों में तिल, यव, तंदुल, पुष्प, स्वर्ण, कुसा और दूब लेकर स्नान करने के लिये जल मे पैर दिया त्योंही विशाल काय श्यामवरण वरुण के जलरक्षक रणधीर वीर विकट गर्जना करते हुए उनके साम्हने आ उपस्थित हुए। उन विकाल आकृति वीरों की आंखों में अग्नि ज्वाला के समान जाज्वल्यमान ज्योति प्रज्वलित हो रही थी। उनके नख और ओष्ठ लाल थे और उनके सर के बाल बड़े बड़े कड़े और खड़े थे। उनके शरीर पर कोई भी वस्त्र नहीं था। ऐसे विशाल और बलवान वीरों के साम्हने किस की सामर्थ थी जो खड़ा भी हो सके।

सामन्त लोग इन वरुण वीरों को अपने पर आक्रमण करते हुए देख कर शास्त्रहीन होने के कारण जल से निकल कर ग्रावस्थल पर चले गए। निदान वे वीर उस ग्रावस्थल पर उलीच उलीच कर पानी के झला बर्साने लगे। ग्राव की सुलायम बालू पर पड़ते हुए जल के बड़े बड़े छींटों से ऐसा शब्द होता था मानो ग्रीष्म का पतझाड़ होने पर झाड़ों से पके फल भूपातित हो रहे हों। परन्तु जब सामन्त लोग इससे न डरे तब वीर लोग परस्पर द्वन्द युद्ध करके अनेक प्रकार की आसुरी माया करने लगे। वीरों की माया से जमुना के गंभीर जल में कभी धुआँ देख पड़ता, कभी जलती हुई आग की चिनगारी देख पड़ती, कभी बादल उठते और कभी बरसा होती, कभी वे परस्पर मारामार करके हृदय को दहलाने वाले घोरतर भयावन शब्द करते, कभी एक दूसरे को उठा उठा कर मारते, प्रचारते और पछारते थे। परन्तु वीर सामन्त तब भी न डरे। तब वे बोले कि हम लोग स्वभावतः ऐसे बलवान हैं कि बड़े बड़े पर्वतों को कानी(१) उँगली से उठा कर फेंक सकते हैं समुद्र को अँजुली से उचील कर संसार को बहा सकते हैं अथवा अन्यान्य ऐसे अमानुषी काम कर सकते हैं कि जो कभी किसी ने देखे सुने भी न हों! हे मनुष्यो, !तुम घरबार बालबच्चे छोड़ कर क्यों यहां नाहक मरने आए हो। हम लोग जलपति वरुण के दूत हैं, रात्रि के समय गंभीर जल में यथेच्छ विचरना ही हमारा व्यवसाय है। यह हमारा घर है, हमारा स्वराज्य है। तुम यहां से चले जाओ। यह कह कर वे मायावी वीर पुनः उत्पात करने लगे। इसी प्रकार होते होते दिशाओं में लालिमा की झांई

(१) कनिष्ठ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना ।

निम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं ।

	मूल्य	डांकव्यय
मलिक मुहम्मद की अखरावट	।=)	)॥
कविवर बिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित)	=)	)॥
गद्यकाव्यमीमांसा-(पण्डित अम्बिकादत्त व्यास रचित)	।)	)॥
हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
समालोचना-(पण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	=)	)॥
समालोचनादर्श-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित) ...	≡)	)॥
कर्तव्याकर्तव्यशास्त्र- (पण्डित नारायण पांडे रचित) ...	॥)	-)
विसूचिका चिकित्सा	।)	)॥
हरिश्चन्द्र-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	=)	)॥
भगवद्गीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित) ...	।-)	)॥
उथेलो-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
नागरीप्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) ११ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
हिन्दी लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
ध्रुवदास की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
सल्लमिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
सूदन कवि का सुजानचरित्र	२)	=)
लाल कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
नन्ददास की रासपञ्चाध्यायी	।=)	)॥
प्राचीन-लेख-मणि-माला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दर दास लिखित) ...	१)	-)
अशोक का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
नेपाल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित)	।-)	)॥
पृथ्वीराजरासो-पहिला भाग (समय १-११)	४)	।)
,, दूसरा भाग (समय १२-२८)	४)	।)
कुमारसम्भवसार (पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित) ...	≡)	॥
श्रीधर का जंगनामा	॥।)	-)
धम्मपद (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के पुस्तकालय की सूची	=)	)॥
मनोविज्ञान (पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित)	॥)	-)
चन्द्रशेखर का हम्मीर हठ	॥)	)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
वैज्ञानिक कोश (बाबू श्यामसुन्दरदास सम्पादित)	३॥)	=)॥
दादूदयाल की बानी	१॥।)	=)
कवि नूरमुहम्मद की इन्द्रावती १ भाग	१॥)	=)
यूरोपीय दर्शन (पण्डित रामावतार पांडेय लिखित)	।॥)	-)
प्रबोधचन्द्रिका	॥।)	-)
विरहलीला-आनन्दघन कृत	=)	)॥
वनिताविनोद	१)	=)
नवीन दृष्टि में प्राचीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरु गीता	।)	)॥
रामचरितमानस	८)	।॥)

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ६ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें आधे मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं। अन्तिम पुस्तक का मूल्य सभासदों के लिये ६॥) रु० है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-12

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI,

EDITED

BY

Mohanlal Vishnulal Pandia, & Syam Sundar Das, B. A.

WITH THE ASSISTANCE OF KUNWAR KANHIYA JU.

CANTOS XLVIII to LIV.



महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या और श्यामसुन्दरदास बी. ए. ने

कुँअर कन्हैया जू की सहायता

से

सम्पादित किया।

पर्व्व ४८ से ५४ तक।

AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE
NAGARI-PRACHARINI SABHA, BENARES.

1908.

मूल्य १।)] Issued 15th March 1908. [*Price Re. 1/4/.*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् *

पुस्तक की संख्या.................

पुस्तकालय-पञ्जिका-संख्या.........

पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियां लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकता। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

(४८) बालुकाराय [illegible] .... पृष्ठ १३२९ से

(४९) पंगजग्य विध्वंस प्रस्ताव .... „ १३३१ „ १३३६

(५०) संजोगता नेम प्रस्ताव .... „ १३३७ „ १३४६ „

(५१) हांसीपुर प्रथम युद्ध .... „ १३४७ „ १३६८ „

(५२) द्वितीय हांसी युद्ध .... „ १३६९ „ १४०० „

(५३) पज्जून महुवा प्रस्ताव .... „ १४०१ „ १४०५ „

(५४) पज्जून पातसाह जुद्ध .... „ १४०७ „ १४१६ „

टाइटिल पेज और बिषय सूची

रासोसार .... „ १३७ „ १६६

———o———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

॥ गय मंदा चष चंचला। गुर जंघा कटि रंच॥
पिय प्रथिराज सु रिपु कियो। विपरित करन विरंच॥छं०॥२७१॥

कवित्त॥ सुभट सतें सइए। घरिनि तिन पुलिय सुरन बल॥
कुसुम कंप घन उअर। भमर भर करय जु अलि तन॥
कंपि करग तारंन। अंब पल्लव कि कीर मति॥
धाह सबद उच्छलीय। कग्ग कलाठ कंठगति॥
सिर चिहर मोर विसहर गिलिय। भनिस चंद कवियन वयन॥
चहुआन राव सोमेस सुअ। प्रथियराज इम तुअ दुअन॥छं०॥२७२॥

पृथ्वीराज का बालुकाराय को मार कर दिल्ली को आना।

हनिग राव बालुका। भंजि षोषंद महापुर॥
लुट्टि रिद्धि नव दिद्धि। कनक पट कूल नंग धुर॥
करत सास उद्दास। छोहि जोरी बर दंपति॥
फिऱ्यौ राज चहुआन। प्रान देषे हरि संपति॥
बाजंत नद्द नीसान बर। धाह प्रकास हिलोर धर॥
भंजेव जग्य जैचंद न्रप। थान बयट्ठौ कंपि पर॥ छं०॥ २७३॥

गत घटना का परिणाम वर्णन।

सुनि विधात अब दुष्य। जायषे मानव दुष्यं॥
चंद दुष्ट अजहूं दहै। विरहिन अप रुष्यं॥
रिपु जानत चहुआन। मंत इह गत्त न कित्तौ॥
चष चंचल गति मंद। गुरन जंघा फिरि धत्तौ॥
पावर सुमत्ति धरतौ तनह। मन अंगम गिरि चढ़न कौं॥
विचारि वत्त भवषित्त मन। तौ बैठति हम गढ़न कौं॥छं०॥२७४॥

बालुकाराय की स्त्री का जयचन्द के यहां जाकर पुकार करना।

॥ रन हारी पुकार पुनि। गई पंग पंधाहि॥
जग्य विध्वंसिय न्रप दुलह। पति जुग्गिनिपुर प्राहि॥ छं०॥ २७५॥

कविचंद विरचिते प्राथिराज रासके बालुकाराय बधनो नाम अड़तालिसमों प्रस्ताव सम्पूर्णम्॥ ४८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ पंग जग्य विध्वंसनो नाम प्रस्ताव।

(उंचासवां समय ।)

यज्ञा के बीच में बालुकाराय की स्त्री का कन्नौज पहुँचना।

दूहा ॥ जग्य उजाये अट्ठ दिन । अट्ठ रहे दिन अग्ग ॥
तेरसि माघह पुब्ब पष । सुंदर पुकारह जग्य ॥ छं० ॥ १ ॥

यज्ञ के समय कन्नौजपुर की सजावट बनावट का वर्णन और जयचन्द को बालुकाराय के मारे जाने की खबर मिलना।

पद्धरी ॥ तिन समय ताम कनवज नरेस । कृत काम पुन्य सज्जे असेस ॥
सँबर सँजोग सम जग्य काज । विथ्थुरिय रिद्धि गति विविध राज ॥
छं० ॥ २ ॥

शृंगारि सहर विविधं बिनान । आनंद रूप रज्जे उतान ॥
तोरन अनूप राजैं सु भाइ । जगमगत षंभ हिम जरित ताइ ॥
छं० ॥ ३ ॥

वासन विचित्र उत्तान ताम । मंडप्प उंच सज्जे सु धाम ॥
बासनह अन विधि बंधि बान । सोभंत धज्ज बंधे सु थान ॥
छं० ॥ ४ ॥

क्षोनी पवित्र सद्धी सवारि । द्रावै सु मंडि सुर सम अपार ॥
गावंत थानथानह सु गेव । मंगल अनेक साजौ सु भेव ॥
छं० ॥ ५ ॥

जलजात माल तोरन कुसुम्म । बहु रंग विद्धि सोभा सुरम्म ॥
आये सु न्त्रपति अनेक थान । उद्दार मत्ति घिति आसमान ॥
छं० ॥ ६ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संमर संजोग लष्षे सु भूप। संपत्त साज हय गय अनूप ॥
देवंत अत्ति उत्तान थान। प्रगटंत अप्प गुन आसमान॥ छं० ॥ ७॥
चिंतै सु चित्त कमधज्ज राइ। केहरि कँठेर बर मुत्ति काय॥
संजोग सज्जि नयरी प्रकार। सम करह साज हय गय सुभार॥
छं० ॥ ८॥
वाजे अनंत बज्जे विवान। बहु न्रत्य करत रंजंत तान॥
कौतिग सु राज राजै अनूप। कृतयंत कंठ सा दिष्ट रूप॥
छं० ॥ ९॥
भूलंत नेन देषत विनान। मझ्झंम चित्त साकृत्य जान॥
आतस चरित्त साजे अनेव। नाटिक्क कोटि नाचंत भेव ॥छं०॥१०॥
देषहि विवान साजहि सु देव। वानिय प्रसाद कछु कहिय गेव॥
इहि विद्धि सत्त अह वित्ति जाम। अस आइ कुक्कि पर दार ताम॥
छं० ॥ ११॥
कर पंग मग्ग आगें सु बीर। सर सुक्कि मुक्कि सुमनं प्रसीर॥
सुनियै न सद्द नीसान भार। दरबार भइय इत्ती पुकार॥
छं० ॥ १२॥
तम पुच्छि ताम जैचंद राज। अवगुन अध्रम्म किन करिय काज॥
उच्चंत ताम धाह्न सउत्त। चहुआन राव सोमेस पुत्त ॥छं०॥१३॥
सब देस भंजि षोषंद थान। बालुकाराय हनि देषि प्रान॥
छं० ॥ १४॥

सात समुद्रों के नाम।

दूहा॥ षीर नीर दधि ईष घृत। वारुनि समुद लवन्न॥
इन सत्तन सम ऊफने। बोलिय कमध वचन्न॥ छं० ॥ १५॥

दसों दिशाओं और दिग्पालों के नाम।

कवित्त॥ पूरब दिसि पतिइंद। अग्नि कूँनह अगिनेयं॥
दच्छिन यम नैरत्ति। कून नैर्रत्ति सुनेयं॥

(१) ए.-माय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पच्छिम अधिपति वरुन । वाय कूँनं वहवानं ॥
उत्तर हेरि कुबेर । कून ईसह ईसानं ॥
जरद्व ब्रह्म पाताल नग । मान षंडि दिगपाल कौ ॥
प्रथिराज काल्हि आनो पकरि । तौ जायौ विजपाल कौ ॥
छं० ॥ १६ ॥

अरिल ॥ द्रोनागिर हनुमंत उपारिय । अहंकार उर अंतर धारिय ॥
कहत चंद हरि गर्व पहारिय । सायक षँ।च भारथ बग मारिय ॥
छं० ॥ १७ ॥

बालुकाराय का वध सुनकर जयचन्द का क्रोध करना ।

पद्धरी ॥ दै अधर दंत कंपौ रिसाइ । बुल्ल्यो सरोस कमधज्ज राइ ॥
धन भरौ लष्य वे सरस वाउ । करि सवालाष नीसान घाउ ॥
छं० ॥ १८ ॥

सज्जौ गयंद सत्तरि हजार । अरु असीलष्य तिष्षे तुषार ॥
पाइक्क कोरि धानुष्य धार । स्वाकोरि सजौ बंके झुझार ॥ छं० ॥ १९ ॥
नव कोरि जोरि आतस्स बाज । इत्तनौ सेन छिनमेक साजि ॥
पकरों दुअन जिन जाइ भाजि । षूनी सु भ्रात को ठोर आज ॥
छं० ॥ २० ॥

गहिलेउ पिसुन पारो बिपत्ति । जैचंद कोपि बोल्यौ न्रपत्ति ॥
॥ छं० ॥ २१ ॥

दूहा ॥ जित्ति जगत जैपत्त लिय । दिसि मुरधर उपदेस ॥
छिति रष्षन छिति परस बर । सुनि पंगुरें नरेस ॥ छं० ॥ २२ ॥

यज्ञ का ध्वंस होना और जयचन्द का पृथ्वीराज के ऊपर चढ़ाई करने की तैय्यारी करना ।

पद्धरी ॥ थकि वेद वेन बिप्रान गान । आनंद सकल सुनियै न कान ॥
करि चंपि राव मुक्यौ निसास । बिग्गऱ्यौ जग्य मंची बिसास ॥
छं० ॥ २३ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बंधों सु चंपि अब चाहुआन। विग्गऱ्यौ जग्य निहचै प्रमान॥
जोगिनी राज चिचंग जोइ। बंधों समेत प्रथिराज दोइ॥ छं० ॥ २४ ॥
सन्नाह राज बंधौ स बीर। निर्वार करों चहुआन और॥
आहुठराज प्रथिराज साहि। पीलों जु तेल जिम तिल प्रवाहि॥
छं० ॥ २५ ॥
संभरि जुन्हाइ बुल्लाइ राइ। इक बत्त कहा पिय सुनहु आइ॥
सुनियै न पुन्य सभ मध्य राज। जुव जसि जुवत्ति अति करिग साज॥
छं० ॥ २६ ॥
पुच्छीस ताम संजोगि बत्त। कहि धाह कोन मोपित विरत्त॥
उच्चरी ताम सहचरी एक। बंधी सु राज प्रथिराज तेक॥छं०॥२७॥
दिल्ली नरेस सोमेस पुत्त। चहुआन पान देषे सउत्त॥
बालुकाराव सध्यौ सु तेन। षोषंद भंजि पुर लुट्टि रेन॥छं०॥२८॥

यह सब सुन कर संयोगिता का अपने प्रण को और भी दृढ़ करना।

सुनि श्रवन बत्त संजोगि तथ्य। चितां सुचित्त गंधर्व कथ्य॥
संजोगि जोग बर तुम्ह आज। व्रित लयौ बरन प्रथिराज साज॥
छं० ॥ २९ ॥
द्रिढ करिय मंच सम चित्त अत्ति। पितु विरत बुद्धि छंडौ विमत्ति॥
संजोगि ताम जंप्यौ सु एम। मानों सु सुज्झ इह द्रढ नेंम॥
छं० ॥ ३० ॥
चहुआन सुबर मोसत्ति मत्ति। छंडौ सु अवर लालिच्च अत्ति॥
इम जंपि मंच सा निज्ज धाम। छंडेव अव्व विधि व्याह काम॥
छं० ॥ ३१ ॥
दूहा॥ गंठि जुन्हाइ उन्हाइ निजु। राइ बरन निज दान॥
श्रुति अनुराग संजोगि कौ। करहु न प्रभू प्रमान॥ छं० ॥ ३२ ॥

समय उपयुक्त देख कर जयचन्द का संयोगिता के स्वयंवर करने का विचार करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ बालवेस बय चढ़त। ध्रम्म रष्यें न पुचि ग्रह ॥
भूमि भूमि न्रिप मिले। जानि वातूल तूल तहं ॥
बर संजोगि प्रनाइ। राज बंध्यौ चहुआनं ॥
बंधि बीर प्रथिराज। जग्य मंडौ परवानं ॥
सज्जै जु काइ भंजै कवन। का जानै किम होइ फिरि ॥
पुचीय स्वयंबर मंडिकै। फिरि बंधौं दुज्जन असुरि ॥ छं० ॥ ३३ ॥

दूहा ॥ रह सुमंत न्रप चिंति मन। वजी अवाजन साज ॥
सुनि संजोगि कुमारि ने। व्रत लीनौ प्रथिराज ॥ छं० ॥ ३४ ॥

यह सुन कर संयोगिता का चौहान प्रति और भी अनुराग बढ़ना।

कवित्त ॥ जग्य विध्वंसिय पंग। दुअन श्रोतान बढ़ाइय ॥
सुनि सुनि रह संजोगि। चित्त व्रत लीय प्रवाहिय ॥
बरों कि बर चहुआन। वार षोऊं ध्रम्म सारिय ॥
कै छष्णों देंउ प्रान। बरों मनमध्य विचारिय ॥
मन मंझ बत्त इत्ती करी। प्रगट न वल बालह करी ॥
पहुपंग मंत बहु मानि कै। राज राज उच्चित फिरि ॥
छं० ॥ ३५ ॥

दूहा ॥ पंग सुयंबर थप्पि तहं। सुनिय जुन्हाइय बत्त ॥
बर कमोद जिम सुंदरी। रचि वचननि सुनि गत्ति ॥ छं० ॥ ३६ ॥
मा मुरछी धुक्किय धरनि। सुनिय संजोइय बाल ॥
सुहन सुहंदी बत्तरी। भुअन परही झाल ॥ छं० ॥ ३७ ॥
अप्प स्वयंबर की जरहि। सय मुक्किय अरि काज ॥
सबै बीर सथ्थह दए। रहि कनवज्ज सु राज ॥ छं० ॥ ३८ ॥
हालाहल की फौज रत। तुंतर किय चहुआन ॥
अप्प अप्प कों ह्वै गई। धर जंगरी विहान ॥ छं० ॥ ३९ ॥

पृथ्वीराज का शिकार खेलते समय शत्रु की फौज से घिर जाना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त॥ गथ जंगल जगलियं। राज निरवास देस करि॥
राजा रैंबन जुथ्थ। गयौ प्रथिराज मंत करि॥
प्रजा पुलिंद नरिंद। समर रावर धर राषी॥
चीय चीय माविच। थान थानं नृप पाषी॥
सम हथ्थ जुथ्थ कौ कथ्थ गै। सुबर कथ्थ कविचंद कहि॥
प्रथिराज राज अरु वीर गति। विपन मझ्झ आषेट गहि॥
छं०॥ ४०॥

सब सेना का भाग जाना।

काइर मुक्यौ नरिंद। पुहप परजंत मधुप तजि॥
सुक सर तजिहति हंस। दझ्झ बन मृगन पत्ति भजि॥
ज्यों कलहीत सु पंषि। तजै तरवर नन सेवं॥
द्रव्य हीन कौं गनिक। तजत पथ्थर करि देवं॥
जल तजत कुंभ ज्यौं भिष्ट दुज। जग्य पविच न मानइय॥
भजि थान थान अरि भ्रत गयं। बर लालचि सु प्रानइय॥
छं०॥ ४१॥

दूहा॥ मानि प्रान कौ लालसा। तजि साई सौं हेत॥
छंडि गए कायर सबै। रहै सूर बंधि नेत॥ छं०॥ ४२॥

केवल १०६ साथियों सहित पृथ्वीराज का शत्रु पर जै पाना।

कुंडलिया॥ पालिज्जै लहु पुच लौं। मानिज्जै गुरु जेन॥
वर संकट सो भृत्त ने। साई मुक्यो तेन॥
साई मुक्यो तेन। सिंघ मन होइ न भिल्लं॥
सौ समंत छह सूर। समं प्रथिराज इकल्लं॥
धर धूंसे वर पंग। कोस पंची माल्हिज्जै॥
मिल्यौ जग्य कमधज्ज। धज्ज बंधे पालिज्जै छं०॥ ४३॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके पंग जग्य विध्वंसनो नाम उनचासमो प्रस्ताव सम्पूर्णम्॥ ४९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ संजोगता नाम प्रस्ताव लिष्यते ॥

(पचासवां समय ।)

पृथ्वीराज का शिकार खेलने जाना और कन्नौज के गुप्त चर का जयचन्द को समाचार देना ।

*दूहा ॥ तिहि तप आषेटक भ्रमें । थिर न रहै चहुआन ॥
जोगिनिपुर जो रष्षनह । दस सामंत प्रधान ॥ छं० ॥ १ ॥
दूत दोइ जुग्गिनि पुरैं । गय कनवज फिरि दिष्षि ॥
ढिल्लीवै ढिल्ली चरित । कहें पंग सों सिष्ष ॥ छं० ॥ २ ॥

पृथ्वीराज का शिकार खेलते फिरना और सांझ होते ही साठ हजार शत्रु सेना का उसे आ घेरना ।

कवित्त ॥ इह अप्पानी घत्त । बैर कढ्ढै चहुआनं ॥
मद्धि प्रात अरु संझ । भयति कंपै [1]पंगानं ॥
पंच अग्ग पंचास । सोर ढिल्लिय रचि गढ्ढै ॥
यों कहंत दुत बीय । आय बन बीर सु ठढ्ढै ॥
दुसमन दुरंग दैवान गति । अब कुरंग जम्मी ततरि ॥
गज फुंक जेम पूजौ जु इम । चढ़ि अरि संमुह न्नप्प भिरि ॥ छं० ॥ ३ ॥
सिंघ वचन [2]चर मानि । पान असि लष्ष सु फेरं ॥
सुबर तप्प चहुआन । कोइ संमुह नन हेरं ॥
भेद न्नपति करिपान । कन्ह लिन्नौ उर भानं ॥
मिलि ततार कमधज्ज । तारि कढ्ढै चहुआनं ॥
बर हंस छिपत एकत्त निसि । प्रात अचानक बढ्ढियै ॥
ढिलही वज्ज कर वज्ज बर । सट्ठि सहस भर चढ्ढियै ॥ छं० ॥ ४ ॥

(१) ए. कृ. को.-गंगानं । (२) ए. वर ।

* मो.-प्रति का पाठ यहां से पुनः आरम्भ होता है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिलह अगें करि लीन। गाम मझ्झें उत्तारिय॥
सोदागिर ईसब्ब। [1]बीर बढ्ढिउ जस भारिय॥
अंधारी नव भार। अप्प दूनों संपत्ते॥
अठ्ठ पारि बर चढ्यौ। [2]भेस जू जू बर मत्ते॥
संजुरन बेन कारन्न सब। भाग चवध्थै चढ्ढ्यौ॥
बाजीद षान लूंषे मनों। चूक [3]चौंक बर बढ्ढ्यौ॥ छं०॥ ५॥

सब सामंतों का शत्रु सेना को मार कर बिडार देना।

पार पार बाजीद। धाइ अप्पौ नर कोई॥
चूक चूक चिंतयौ। सब्ब सामंत जगोई॥
चूक बीर मानि कै। बीर [4]कैमास जु आइय॥
सूर सूर आहुट्टि। [5]सब्ब हंसीरह धाइय॥
बर दीन एक अदीन जुध। निसि समूह कलहंत बजि॥
बर जम्म दठ्ठ बढ्ढह परे। [6]जहां तहां हिंदू सु भजि॥ छं०॥ ६॥
फिर कहंत बन बीर। चरित ढिल्ली चहुआनं॥
अप्पन न्रप आषेट। सूर सम्हौ सुलतानं॥
बर दाहिम कैमास। सिंघ चौकौ बर घल्ली॥
आय अब्ब सामंत। बंध प्रथिराज सु चल्ली॥
बर साम दान अरु भेद दंड। कंक बंक न्रप किज्जियै॥
सामंत मंत बँधि सु मति गति। सामि सँग्राम न छिज्जियै॥छं०॥७॥

सामंतों की स्वामिभक्ति का वर्णन।

एकदेह पहुपंग। बंधि [7]निझ्झर निसंक भरि॥
दुतिय देह पज्जून। सुरँभ कूरंभदेव बर॥
चतिय देह तूंअर। प्रहार पांवार सलष्षी॥
चतुर देह दाहिम्म। धरन नरसिंह सु रष्षी॥

(१) ए. कृ. को.-वीर वढ़ी ऊस भारिय। (२) ए. कृ. को.-भेद।
(३) मो.-चूक। (४) मो.-कैमासह। (५) ए. कृ. को.-हंसारह।
(६) ए. कृ. को.-"जह नह हिजन सु भंज"। (७) मो.-निडर, निड्डर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंचमी देह कै मास मति। बर रघुवंस कनक्क बिय॥
षट देह गौर गुज्जर अठिल। लोहानौ लंगुरि सविय॥ छं०॥ ८॥

जयचन्द का अपने मन्त्री से संयोगिता का स्वयंबर करने की सलाह करना।

तब सुमंत परधान। पंग सब सेन बुलाइय॥
जु कछु मंत मंतियै। मंत चहुआन सु घाइय॥
प्रथम मूल दिज्जियै। व्याल आवै कै नावै॥
जिनहि नाहि दिज्जियै। लाभ [१]सुंदरि अकरावै॥
मोमंत मंत चिंतै न्रपति। बाल स्वयंबर किज्जियै॥
तापच्छ सिंघ एकट्टई। फिरि दुज्जन भिरि भंजियै॥ छं०॥ ९॥
दूहा॥ इतनी बत जैचंद सों। कही सुमंत प्रधान॥
बत मन्नी जैचंद नें। अंतर मत भए आन॥ छं०॥ १०॥
मानि मंत पहुपंग नें। महल कहल उठि जाइ॥
बर संबर संजोग कौ। पुच्छि जुन्हाई आइ॥ छं०॥ ११॥

जयचन्द का संयोगिता को समझाने के लिये दूती को भेजना।

चौपाई॥ सुनी जंत बर बैर जुन्हाई। सहचरि चरी सुरंग बुलाई॥
कहि बर बर उतकंठ सु बाला। चिंते पुच्छि [२]बिविरि बर माला॥ छं०॥ १२॥
सहचरि चरित [३]वरन मोकल्ली। मनों हरि कामन हरी इकल्ली॥ छं०॥ १३॥
संति करन चित हरन। संतिका नाक तिहि।
*बर सुमंतिका नाम। प्रबोधनि नाम जिहि॥ छं०॥ १४॥
दूहा॥ सुस्थ सु राजन सुस्थ चित। सुस्थ विलंब न धीर॥
पुरुष जु क्रम क्रम संचरै। नेन सुता पन पीर॥ छं०॥ १५॥

(१) ए. कृ. को.-सुन्दर। (२) ए. कृ. को.-विवर। (३) ए. कृ. को.-चरन।

* मालूम होता है कि ऊपर की चौपाई के दो अन्तिम दो प्रथम पद भूल से खंडित हो गए हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वार्ता ॥ राजा आयस दीनौ। सहचरी सलाम कीनौ ॥
हमारी सीष धरौ। [1]संजोगिता कौ हठ दूरि करौ ॥

दूतिका के लक्षण और उसका स्वभाव वर्णन।

नाराच ॥ परठ्ठि पंगराय दुत्ति पुत्ति आलि मुक्कने।
तिसाम दाम दंड भेद सारसी विचष्षने ॥
बच्चन्न चित्त चातुरी न ताहि कोइ पुज्जई।
हरंत मान मेनका मनोहरंन सुभ्झई। छं० ॥ १६ ॥
श्रवन्न नेन सेन सेन तार तार मंडई।
अनेक विद्धि सिद्ध साध ईस ग्यान पंडई ॥
अनेक भांति चातुरीनि वित्त चित्त चोरई।
छिनेक में प्रसन्नवे जु जेम मन डोरई ॥ छं० ॥ १७ ॥
कलक्कलं अलाप जाप ताप छत्त संसई ॥
श्रिषंड ज्यों मिठास बास सासता प्रसन्नई ॥
अनेक बुद्धि लुद्धि सब्ब मुच्छि काम जग्गवै।
सु पाठई चतूर बत्त प्रथंममन्न लग्गवै ॥ छं० ॥ १८ ॥
रहंत मोन मोनही हसंतते हसावही।
विषंम जोग भोष तेज जोर सों नसावही ॥
अगोन कंठ पोत रूप उत्तरं दिवावही।
कपट्ट ग्यान बत्त मंडि हठ्ठ सों छुडावही ॥ छं० ॥ १९ ॥
प्रचारिका सु चारि जाइ अंगनै समुझ्झवै।
अनेक चित्त चातुरी सु आप मन्न [2]सुभ्झवै ॥
॥ छं० ॥ २० ॥

गाथा ॥ चंचल चित्त प्रचारौ। चंचल नैंनीय चंचला बेनी ॥
थावर चित संजोई। थावर गति गुह्य गंमाहि ॥ छं० ॥ २१ ॥

दूती का संयोगिता से बचन।

रासा ॥ अलस नयन अलसायत आदुरु प्रप्प किय।
किम बुद्धिय मो तात सकिल्लिय एक हिय ॥

(१) ए. कृ. को.-संजोगि। (२) मो.-परत्ति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तब बाले बर तात सयंबर मंडइय।
कहि बर उतकंठाइ माल उर छंडइय ॥ छं० ॥ २२ ॥

चौपाई ॥ मिलि मंडल राजान्न सु बरई। सो उच्छव बंधे संकरई ॥
देषि वाम भोली तजि अंगं। ते ऊभे दरबारह पंगं ॥ छं० ॥ २३ ॥

दूती की बातों पर कुपित हो कर संयोगिता का उत्तर देना।

कवित्त ॥ दै बर सेन संजोग। सषि सहचरि सम बुल्लिय ॥
अबुझ्झ घात वज्रपात। काम वेमो दुष भुल्लिय ॥
[1]परसमाद कै कित्ति। ताहि गंगा गुन गावै ॥
बंझि पूत रस पढ़त। कंन हीनह समझावै ॥
सहचरिय बतनि सुन्निय सुवर। चित चल चित बत्त न बकिय ॥
बर भई समझि संजोगि पैं। फिरि उत्तर तिन तब्ब दिय ॥ छं० ॥ २४ ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा और संयोगिता के विचार।

दूहा ॥ जे बंधे पित संकरह। जे षड्डे पित लोन ॥
ते बट्टी जन बापुरे। बरै संजोगी कोन ॥ छं० ॥ २५ ॥
रे सह सह सहचरिय गुन। का जानौ कुल बत्त ॥
जे मो पित वापह कहै। तेमो बंधव भ्रत्त ॥ छं० ॥ २६ ॥
तिहि पुची सुनि गुन इतौ। तात बचन तजि [2]काज ॥
कै वहि गंगहि संचरौं। पानि ग्रहन प्रथिराज ॥ छं० ॥ २७ ॥
सुनत राज अचरज्जि किय। हियै मन्नि अनराव ॥
हौं बरि अवरहिं देउंबर। दैवैं अवर सुभाव ॥ छं० ॥ २८ ॥
तब पंगुरि मन पंगु करि। धाइ सबुझ्झी बत्त ॥
तुम पुची गुन जानि हौ। करहु दूरि हठ इत्त ॥ छं० ॥ २९ ॥

संयोगिता का बचन।

चंद्रायना ॥ मो मन मंझ गुरू जनं गुझ्झ सु तुम कहों।
जंपत लाजों जीह सु उत्तर लहु लहों ॥

(१) मो.-मुझ्झवै। (२) ए. कृ. को.-परम। (३) मो.-काहु।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्त सेन सामंत सूर छह मंडलिय।
बरन इच्छ बर मोहिय हंति अषंडलिय ॥ छं० ॥ ३० ॥

धा का वचन।

दूहा ॥ अन दिषि व्रत लीजै नहीं। तात मात [1]बरजन्त ॥
पच्छि मनोरथ पुज्जि है। मानि सीष धरि [2]मन्त ॥ छं० ॥ ३१ ॥

कवित्त ॥ बचन समुह संजोगि। वाल उत्तर उच्चारिय ॥
अजहूं कनक सभूह। तुच्छ जानै नर नारिय ॥
मलया [3]पाम पुलिंद। करै इंधन बर चंदन ॥
अति परचौ जिहि जानि। काच कीजै अलि बंदन ॥
सो सरै पंच पंचौ भयौ। परचै नहिं चहुआन किय ॥
संयोगि क्रम्म बर पुब्ब गति। तैंत अली अलि व्रत्त लिय ॥छं० ॥३२॥

सहचरी का वचन।

सहचरी वाक्य ॥ गाथा ॥ मुगधे मुगधा रसया। अवरं जे भिन्न रस एवि ॥
लहुआ लुहान पुत्तं। तूं पुत्ती राज ग्रेहायं ॥ छं० ॥ ३३ ॥

पृथ्वीराज के वीरत्व का संकीर्तन।

संजोगिता का वाक्य।

कवित्त ॥ जिहि लुहार सुनि दुत्ति। साहि शंकर गढ़ि बंध्यौ ॥
जिहि लुहार गढ़ि षग्ग। पंग जग्गह घर रुंध्यौ ॥
जिहि लुहार सांडसी। भीम चालुक अहि साहिय ॥
जिहि लुहार आरन्न। बरै बर मानस गाहिय ॥
पावक्क सबर बर नैरि सह। अरनि मंडि जिहिं बारयौ ॥
भव भूत भविष्यत व्रत मनह। कुल चहुआनह तारयौ ॥ छं०॥३४॥

दूहा ॥ अथवा राजन राज ग्रह। अथवा माय लुहानि ॥
विधि बंधिय पट्टल सिरह। इह मुष गंध्रव जानि ॥ छं० ॥ ३५ ॥

(१) ए. कृ. को.-गुरु जन्न। (२) ए. कृ. को.-मन्न।
(३) ए. पर मर कृ. को.-पमर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साटक ॥ आरन्नी अजमेर धुम्मि धमनी, कर मंडि मंडोवरं ॥
मोरीरा मर सुंड दंड दमनो, अग्निं उचिष्टा करी ॥
रनथंभं थिर थंभ सीस [1]अहिनं, ज्वलदिष्ट कालुंजरं ॥
क्रप्पानं चहुआनं जान रहियं, घड़नोपि गोरी घड़ा ॥ छं० ॥ ३६ ॥

सखी का वाक्य ।

सषी वाक्य ॥ तो पुची मरहट्ट थट्ट सबले, नीमंच वैरागरे ।
कर्नाटी कर चीर नीर गहनो, गोरी गिरा गुज्जरी ॥
निमीवे हथलेव मालव धरा, मेवार मंडोधरा ।
जित्ता तातय सेव देव न्रपती, तत्वान्यनं किं वरे ॥ छं० ॥ ३७ ॥

स्लोक ॥ नमे राजन संबादे । नमे गुरु जन आग्रहे ॥
वरमेक स्वयं देहे । नान्यथा प्रथिराजयं ॥ छं० ॥ ३८ ॥

संयोगिता की संकोच दशा का वर्णन ।

कवित्त ॥ श्रवननि सहचरि वचन । चित्त गुरुजन संभारिय ॥
रसन वचन चाहंत । पन सु अप्पनौ विचारिय ॥
समभिलाष गंध्रब्ब । भयौ किल किंचित नारिय ॥
नयन उमड़ि जल बिंद । बदन अंस्रू परि भारिय ॥
उपमान इहै कविचंद कहि । बाल जदिन मुर संभयौ ॥
उफफेन अमी मभ्भ्रह रह्यौ । ससि कलंक उफफनि गयौ ॥छं०॥३९॥

द्रिग रत्त करि बाल । भौंह बंकी करि षिझ्झिय ॥
सो ओपम बरदाइ । चंद राजस मन भज्जिय ॥
सैसव जुबन नरिंद । परसपर लरत बिआनं ॥
मनु सम रष्षत बाल । दुहुन सों षीझत आनं ॥
भोहन्नि तीर जाने छुरी । दुहुन बीच अड्डी करी ॥
सो रूप देषि संजोगि कौ । उठि सहचरि मंतह हरी ॥ छं० ॥ ४० ॥

दूहा ॥ जा जीवन वंतह वयन । बयन गये म्रत होइ ॥
जा थिर रहै सोई कहौ । हौं पूछूं तुम सोइ ॥ छं० ॥ ४१ ॥

(१) मो.-अहितं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सखी का बचन।

थिरु बाले बल्लव मिलनु। जो जुड्डनु दिन होइ॥
*गयौ जुवन कछु बनत नहिं। रति मंझै घट लोइ॥ छं० ॥ ४२॥

संजोगिता का बचन।

रति आग्रह तिन सौं करहु। जो तुम सषी समान॥
ज्वाब ज्वाब लजा करों। मौं तुम तात प्रमान॥ छं० ॥ ४३॥

सखी का बचन।

तोसौं मात न तात तन। गात सुरंगरि याह॥
यों जोवन अथ्थिर रहै। अंब कि अंजुरियाह॥ छं० ॥ ४४॥

साटक॥ जाने मंदिर हार चार चिहुरा वाढ़ंत चित्तानलं॥
जाती फुल्लय [1]पंक जस्य कलया, कंदर्प दीपं प्रभा॥
भंकारे भ्रमरे उडंत बहुला, फुल्लानि फुल्लंतया॥
सोयं तोय संजोय भोग समया, प्राप्तवसंते छबी॥ छं० ॥ ४५॥

संयोगिता वचन (निज पण वर्णन)।

कुंडलिया॥ कहि सजोगि सुनि बत्त इह। मरन सरन मुहि एक॥
किम अनि रावह लभ्भिहै। दुल्लह जनम बिसेष॥
दुल्लह जनम बिसेष। लज्ज सिंगारम थक्की॥
बाहियवत चहुआन। आस सासा जिय रुक्की॥
बर गुरुजन बिसाहनौ। हिंदु हद बद्दह हियौ॥
सुक जाई सवरीस। उभैं पच्छै श्रुति कहियौ॥ छं० ॥ ४६॥

साटक॥ इंद्रो किं अलि अन्यईय अनयो, चक्की भुजंगा सुरं॥
चच्छी चारु विचार चारु भंवरे, चिंचीनि बंका करे॥
तस्थानं कर पाद पल्लव वसा, बल्ली वसंता हरे॥
चतुरे तव चतुराइ आनन रसा, सा जीव महना वरे॥ छं० ॥ ४७॥

दूहा॥ ग्रभ्भ आइ पहुपंग कै। बर चहुआन सु लेषि॥
सुद्धि नहीं किर बोलु तुहि। रन षत्तह करि देषि॥छं०॥४८॥

* यह दोहा मो.-प्रति में नहीं है।

(१) मो.-चम्पकस्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्लोक ॥ संबादेव विनोद्देव । देव देवान रच्छितं ।
अनुप्राने प्रयाने वा । प्रानेस ढिल्लीश्वरं ॥ छं० ॥ ४९ ॥
दूहा ॥ देहि सही संजोगि दै । निकटति पंग कुमारि ॥
जुग्गिनिवै जीवन मरन । लै अलि अब्ब विचार ॥ छं० ॥ ५० ॥

दूती का निराश होकर जैचन्द से संयोगिता का सब हाल कह सुनाना ।

सुनत सहचरी पुत्ति वच । बिनसच पुत्ति उदास ॥
उत्तर दीन सु उत्तदिय । पंग नरिंदह पास ॥ छं० ॥ ५१ ॥
दुत्तिन उत्तर उत्तरिय । बुद्धि बंध परमान ॥
नृप आगे बढ्ढिय न कछु । उत्तर दियौ न आनि ॥ छं० ॥ ५२ ॥

संयोगिता के हठ पर चिढ़ कर जयचन्द का उसे गंगा किनारे निवास देना ।

सहचरि पंग नरिंद सजि । कहिय आइ अलि जाइ ॥
बर संजोगि न मानई । चित्त करहु समझाइ ॥ छं० ॥ ५३ ॥
तब झुकि पंग नरिंद ने । तट गंगा किय ग्रेह ॥
कै बुड्डवि जल मझि परै । कै नैन निरष्षे देह ॥ छं० ॥ ५४ ॥
षोडस दान समान करि । दीने दुजवर पंग ॥
घनं अनष चहुआन कै । रष्षि सुरी तट गंग ॥ छं० ॥ ५५ ॥

गंगा किनारे निवास करती हुई संयोगिता को पाठिका का योग ज्ञान उपदेश ।

झुकि तकिए गंगा तटह । रचि पचि उंच अवास ॥
चहति गहौ चहुआन कौ । मिटै बाल उर आस ॥ छं० ॥ ५६ ॥
भुजंगी ॥ किए गंग तट्टं अवासं संजोगी । रही सातषन्ने रु छंडी सभोगी ॥
वसंतारिवासं दई सत्त दासी । बीयं बंभनी मद्द नादीय पासी ॥
छं० ॥ ५७ ॥
तियं पान पानी सयं दुद्ध धारै । करै व्रत बाला रहीता अधारै ॥
करै जोग ध्यानं सलेषं अलेषं । सोइ सुप्पनं चित्त चौहान देषं ॥
छं० ॥ ५८ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिरै पंषिनी जीव जा ज्यों प्रमानं। इकं घट्ट ध्यानं धरै चाहुआनं॥
दलं पुब्ब सेतं अवं छन्न राजै। जदं ताव द्वारे सिंघारेज साजै॥
छं० ॥ ५९ ॥

दलं रत्त तायं गुनं होइ जब्बं। तवे नीद आलस्य आवै जु सब्बं॥
दलं दष्षिनं रूप हब्बी प्रमानं। तहां क्रोध उप्पन्न सो मूढ़ जानं॥
छं० ॥ ६० ॥

दलं ता बनै रत्ति नीलं बरानं। तहां पत्त उग्गं मनं जंम रानं॥
दलं पच्छिमं स्याम वर्णं विराजै। तहां हास उग्गै विनोदंत साजै॥
छं० ॥ ६१ ॥

दलं वाय कोनं नभं रंग साजी। तहां चिंति चितं उचाटं विचारी॥
दलं उत्तरं पीत छन्नक लज्जी। तहां भोग सिंगार कंचित्त भज्जी॥
छं० ॥ ६२ ॥

दलं गौर छन्नं इसानं जु होई। तहां लज्ज संका सु संगी सजोई॥
संधी संधि छन्नं मनं मद्द होई। तहां रोग चिंता चिदोषं सलोई॥
छं० ॥ ६३ ॥

इसो अंबुजं सास मन्नं बनाई। तहां मर्द अंसो सुअं लोक पाई॥
कहै बंभनी भोग संजोग सिष्षी। तहां गेन बंधं स्वयं जोति लष्षी॥
छं० ॥ ६४ ॥

संयोगिता का अपना हठ न छोड़ना।

चौपाई॥ तब इक दिन इम बंभनि बोलिय। सुत्तिय मन चहुआन संजोंलिय॥
कै चहुआन ग्रहौं कर झल्लिय। ना तरु छत संजोग सु हल्लिय॥
छं० ॥ ६५ ॥

सुनि फुनि राज बचन इम जंपै। थर हर धर दिल्लिय पुर कंपै॥
ज्यों रवि तेज तुच्छ जल मोनह। पंग भयं दुज्जन भय छोनह॥
छं० ॥ ६६ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके संजोगिता नेम आचरनों नाम पचासमो प्रस्ताव सम्पूर्णम्॥ ५०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ हांसीपुर प्रथम जुद्ध नाम प्रस्ताव लिष्यते।

(इक्यावनवां समय ।)

दिल्ली राज्य की सरहद्द में कन्नौज की फौज का उपद्रव करना।

दूहा ॥ ढुंढि फौज जैचंद फिरि । बर लभ्यौ चहुआन ॥
चंपिन उप्पर जाहि बर । रहै ठठुकि समान ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ मास एक पहुपंग । फवज आहट्टि सु पुच्छी ॥
ढीली तें पच कोस । रंक लुट्टी गहि लच्छी ॥
फिरि आए न्रप पास । देस दोऊ अरि बस्से ॥
राह रूप प्रथिराज । जग्गि पंगह गहि गच्छे ॥
न्निम्मान भान कूरंभ भुज । हांसीपुर न्रप रष्षियै ॥
सामंत सबै कै मास बिन । दुज्जन मुष्ष सु दिष्षियै ॥ छं० ॥ २ ॥

पृथ्वीराज का हांसी गढ़ की रक्षा के लिये सामंतों को भेजना।

हांसीपुर सामंत । कन्ह रष्यौ परिमानं ॥
रष्यौ भीम पुंडीर । सलष रष्यौ सुत भानं ॥
रष्यौ जैत पँवार । कनक रष्यौ रघुबंसी ॥
रष्यौ देवह क्रन्न । रष्षि उद्दिग क्रन गंसी ॥
वग्गरी राव रष्यौ न्रपति । रा चामंड सु रष्षियै ॥
सामंत स्हर तेरह चिगढ़ । गोरो मुष दह दिष्षियै ॥ छं० ॥ ३ ॥

हांसिपुर का मोरचा पक्का करके पृथ्वीराज का शिकार खेलने को जाना।

दूहा ॥ न्रप आषेटक मंडि कै । ढिल्ली रषि कै मास ॥
पंच पंच सामंत सह । जुग्गिनि पुरह अवास ॥ छं० ॥ ४ ॥
ढिल्ली वै आषेट वर । पहुपंगनौ जु चास ॥
नैर सु रष्षी सेन सह । न्रिप हांसी पुर पास ॥ छं० ॥ ५ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ चढ़ि चहुआन नरेस। भंजि मैवास सबै बर ॥
गुज्जर गोरी पंग। देस दच्छिन सु पत्ति धर ॥
विषम वाप ज्यों तूल। भूल सब अरिन उड़ाइय ॥
बीर भोग बसुमती। बीर रस बीर अघाइय ॥
चामंड राव गोरी दिसा। भोज कुँअर ढिल्ली करी ॥
सामंत सूर असिवर बलह। हांसीपुर अग्रह धरी ॥ छं० ॥ ६ ॥
चहुआना समसूर। सबै सामँत धरिवारं ॥
सगपन सम जुत लाज। समै सामँत पुब धारं ॥
आदर बर चहुआन। हथ्थ अप्पे सुरतारं ॥
हंस किरनि सम राज। राज सोभै हज्जारं ॥
आसनी सीस हांसी पुरह। बर बरषै सुरतान दिसि ॥
सत पच सूर संग्राम रबि। सो नतु दै दैही प्रहसि ॥ छं० ॥ ७ ॥

बलोच पहारी का शहाबुद्दीन के साथ हांसी गढ़ पर चढ़ाई करने का षड्यंत्र रचना।

हांसीपुर सामंत। सुनिय बालोच पहारी ॥
है मारू पतिसाह। तेन वेगम पय धारी ॥
अति बलवंत बलोच। भेद दीनौ पतिसाहं ॥
हांसीपुर हिंदवान। देस अरि मिष्ट सुगाहं ॥
तुम हुकम जुद्ध इन सों करों। अरु वेगम सथ्थे सुभर ॥
मिलि सबै मंत तंतह करै। तौ कढ्ढै हांसी जु धर छं० ॥ ८ ॥
दूहा ॥ हम भुमिया भुमवट करहिं। तुम सहाय हम भीर ॥
सब षंधार बलोच मिलि। षनि कढ्ढे ग्रह तीर ॥ छं० ॥ ९ ॥

पृथ्वीराज का एक वर्ष अजमेर में रहना।

इक बरष प्रथिराज बर। रह्यौ ग्रेह तिप थान ॥
चावद्दिसि धर भुगवै। बर इच्छा धर भान ॥ छं० ॥ १० ॥
घर बीतिय मत्तिय छुरी। घर नागौर निधान ॥
ज़िन भुज्जन ढिल्ली धरा। ते रष्ये परिमान ॥ छं० ॥ ११ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बलोच पहार का पत्र पा कर शहाबुद्दीन का प्रसन्न होना ।

कवित्त ॥ यों चाहैं न्टप सूर । चंद चाहै चकोर मुष ॥
बूड़त नाव सु कीर । हथ्थ वोहिथ्थ बीर रुष ॥
सूकत नाजह मेघ । प्रज्ज सारी अभिलाषै ॥
आहृत तत्त अंतरे । बाल संमृत गुन चाषै ॥
देषियै दुनौ चहुआन मुष । लज्ज पत्ति परबत सु गुर ॥
मक्का चलाइ बेगम न्टपति । तत्त कथा आहृत्त सुर ॥ छं० ॥ १२ ॥

शहाबुद्दीन का अपनी बेगमों को मक्के को भेजना ।

भुजंगी ॥ सयं सत्त बेगंम दीनी नरिंदं । तिनं लज्ज पानी मुषं मेछ इंदं ॥
महं बद्धि डड्ढी लजं मुष्ष राची । दियौ षान निसुरत्ति जा मुक्ति जाची ॥
छं० ॥ १३ ॥
मियानेति पन्नी किरं रान भट्टी । जुलाची चिकत्त विराजी सु घट्टी ॥
महं माहु मंती सु सामंत ध्रम्मं । दिये साहि गोरी सकं बीर क्रम्मं ॥
छं० ॥ १४ ॥
घनें हेम छूनं विभूती निनारी । तिनं देषि दुब्बे र ग्रब्बं प्रहारी ॥
मयं मोह मक्का तिनी जात मन्नी । वियं ग्रेह क्रम्मं क्रमं जात छिन्नी ॥
छं० ॥ १५ ॥

हांसीपुर में उपस्थित पृथ्वीराज के सामंतों का वर्णन ।

मोतीदाम ॥ मयं हत मध्य महा रस वान । उयौ जनु चंद कलानि पिछान ॥
हस्यौ नर वाहन नाग नरिंद । सु मोतीयदाम पयं पय छंद ॥
छं० ॥ १६ ॥
रहे बर सूर कलानिधि राज । मनों न्टप तेज उदै गिरि साज ॥
रहै अरि आसिय आसय सूर । मनों पवनंसुत पब्बय मूर ॥
छं० ॥ १७ ॥
रह्यौ बर बीर सु चामँडराइ । मनों सत पुच तिनं ध्रम चाय ॥
रह्यौ बर बीर चंदेलति सूर । अरी घन बाहन ज्यों नद पूर ॥
छं० ॥ १८ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रच्यौ रजि सारँग सारँग गौर। सु रष्षन कों छिति पचन मौर ॥
महं गुर जादव जाम प्रमान। रहे ग्रहि आसिय सूर सुजान ॥
छं० ॥ १९ ॥

सु मोरिय सादल वीर विवाह। अरी दल चंपन कौ ससि राह ॥
वरं इत दाहिम देव प्रमान। .... पारथ के उनमान ॥
छं० ॥ २० ॥

धनी धर धार धराहर पान। सु विक्रम भोज तनें उनमान ॥
षिची वट षीचिय राव प्रसंग। ([1]च) मरावली बंधन जोति अभंग॥
छं० ॥ २१ ॥

बलोच पहार का सांक्षिप्त वर्णन।

बली इत वाह स जोवनराज। जिनं गर दिल्लिय की धर लाज ॥
न्रनाहन साह सु मंचिय एक। मनों बल भीम अहत्तय तेक ॥
छं० ॥ २२ ॥

सतं बर सामँत मध्य सु टारि। रहे बर आसिय साहन च्यार ॥
तिनं मधि बंसिय सक्क सहूर। तिनं उठि भारथ कंदल भूर ॥
छं० ॥ २३ ॥

उभै मुर मध्य सु राजन बीर। प्रषें सुन अष्षि न लिंग्रह चीर ॥
तिनें न्रप टारिय तेसम अष्षि। सु रष्षिय राजन आसिय पष्षि ॥
छं० ॥ २४ ॥

साटक ॥ राजं जा न्रप राज राजत समं, दिल्ली पुरं प्रासनं ॥
दुर्जोधन सम मान भीषम जुधं, बुद्धंतयं जोवनं ॥
निर्जेयं च चिकाल वधनं वधं, गोरेनि भा [2]सेसयं ॥
सोमिचं च सषा वचंन गुरयं, चेवा गुरं चे सषं ॥ छं० ॥ २५ ॥

वलोच पहार का आसीपुर में स्थानापन्न होना।

कवित्त ॥ तिन तुरंग गज भंजि। जंग संभरि उद्धारं ॥
तिन प्रथिराज नरिंद। वीर लभ्यो नह पारं ॥
ते रष्षे आसी नरिंद। चिय हार सु चंगे ॥

(१) (च) पाठ अधिक है। (२) कृ.-निभा संसय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विधि विधिना परिमान । दैव देवा दिसि संगे ॥
सुध मध्य विषम धियपत्ति न्रप । परषि रह्यौ ढिल्ली न्रपति ॥
अग्गर सु सकल सुरतान की । दिपति दीप दिव लोक पति ॥ छं० ॥ २६ ॥

बलोच पहार का शाही बेगमों के लिये रस्ता देने को पज्जूनराय से कहना और रघुवंस राम का उससे नाही करना ।

मध्य पंथ संभरिय । चलन वेगक अधिकारिय ॥
मिलि बलोच पाहार । राव चामंड सु धारिय ॥
जु कछु भेद संग्रह्यौ । दियौ तिन भेद प्रमानं ॥
विन अग्या सामंत । जग्गि लग्गिय आपानं ॥
बरजए राम रघुबंस गुर । गामी बल लग्गा विहसि ॥
पज्जूनराव पावस पहर । अमर मोह भूले रहसि ॥ छं० ॥ २७ ॥
दूहा ॥ सो नागौर सु रष्षि न्रप । अप दिल्ली पुर पास ॥
न्रप अग्या बिन सूर भर । करिग अहत्त सु वास ॥ छं० ॥ २८ ॥

बड़े साज बाज के साथ बेगम का आना और चामंडराय का उसे लूटने की तैयारी करना ।

कवित्त ॥ चढ़ि मक्कां बेगंम । साहि जननी अधिकारिय ॥
अति सु भ्रम्म माया न । क्रंम विग्यान विचारिय ॥
अट्ठ लष्ष हाट्टन । षट्ट विय द्रव्य रजंकिय ॥
सो हथ्थी बर बाज । जाइ पंथह सा थक्किय ॥
संभरि सुकान चामंड न्रप । लच्छि लोभ षल मत्त सुनि ॥
बरजयौ बीर रघुबंस नर । तौ पनि चढ्यौ अभ्भ गनि ॥ छं० ॥ २९ ॥

बेगम के पड़ाव का वर्णन ।

साटक ॥ पासं साइर भार मध्य सघनं, पानीय मिट्ठिं गुनं ॥
एकं रूपय रेष साहस विधिं, रम्यं हरम्यं तलं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जानिज्जै बन हंस मग्ग चकिती, नीरा वराधिं गुनं ॥
साते तेज फिरस्त अंग समयं, श्रेयं सु वेगम सुभं ॥ छं० ॥ ३० ॥

बलोच पहारी का सामंतों के पास जाकर शाह का वर्णन करना।

कवित्त ॥ पाहारी बल्लोच। पास सामंत सपन्नौ ॥
साष ध्रम्म सुरतान। भेद करि भेद सु दिन्नौ ॥
है आमिष्ट सुवास। तमकि सब बीर सु हल्लिय[१]
भर गोरी सुरतान। संग षुरसान सु चल्लिय ॥
बर उमगि लच्छि गोरी ग्रहै। हों षंधार अगियान बर ॥
सोधीर कोन चहआन कौ। लोइ लंक लुट्टै सधर ॥ छं० ॥ ३१ ॥

सामंतों का रात को धावा करके बेगम को लूटना।

तब सामंत सु तक्कि। चूक चिंतिय सब धाए ॥
अड्ड रयनि परि सोइ। जोंर हिंदू भर आए ॥
ग्रहि वेगम सब सथ्थ। लुट्टि लिय षास षजीना ॥
भजि बलोच केइ झुझ्झि। सु बर रन्नी वह दीना ॥
बुंबार सद्द दस दिसि भइय। अन चिंतत अनवत्त इय ॥
दैवत्त गत्त अैसी हुइय। लहिय 'घत्त रतवाह दिय ॥ छं० ॥ ३२ ॥
दूहा ॥ इह कहंत पुक्कार वर। पाहारिय सौं षेद ॥
वेगम लुट्टि नरिंद भर। लूटि लच्छि भर भेद ॥ छं० ॥ ३३ ॥
कवित्त ॥ पज्जूना कूरंभ। सबै सामंत हटक्किय ॥
सब अभंग सामंत। अग्गि वन जग्गि भटक्किय ॥
बारह षान बलोच। कंध संगह दिषि आइय ॥
बिन अग्या प्रथिराज। मुक्कि हांसीपुर धाइय ॥
उत्तर सुमग्ग वंधौ विषम। अड्ड सेन उप्पर परिग ॥
वेगंम सुट्टि वंधिप सयन। लच्छि अमग्गत सह भिरिगि ॥ छं० ॥ ३४ ॥
दूहा ॥ अचरज सव सामंत कौं। कहि अव गुज्जर राम ॥
जनति सुबर सुलतान की। अरु भर अवधह वाम ॥ छं० ॥ ३५ ॥

(१) ए.- पत्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिन पुच्छै बड़ गुज्जरह । चूक कर्‌यौ सामंत ॥
तिन सों ए बत्ती कही । गुन में दोस दियंत ॥ छं० ॥ ३६ ॥

बेगम के सब साथियों का भाग जाना और बेगम का सामंतों से प्रार्थना करना ।

कवित्त ॥ भग्गा बर सब सथ्थ । रहीं बेगम अधिकारिय ॥
मृतक अंग संग्रह्यौ । सस्त्र किन ग्रहि न हकारिय ॥
बार बार दिषि समुष । चीर द्रुपदि ज्यों षंचत ॥
उहित सद्द गोव्यंद । इहित षुद्दाय सु उच्चत ॥
अल्लह रु राम इक्कै निजरि । विपष बंध बंधे चलहि ॥
साध्‌ंम पंथ जू जू कियो । मुगति पंथ एकैं षुलहि ॥ छं० ॥ ३७ ॥
मुगति पंथ नह भिन्न । एक पंथं अधिकारिय ॥
एक नरक संग्रहै । एक मुक्तिय सु विचारिय ॥
अंत हरुअ है तिरै । क्रम्म भारो सो बुड्डै ॥
हक्क अंस संग्रहै । अहक सा पुरिसह छुड्डै ॥
संसार सकल बुड्‌यौ फिरै । कहै बंध बंध्यो न किहि ॥
बुड्डै सु इक्क सारंग सुक । सु बुधि बुद्ध तत्तह लहहि ॥ छं० ॥ ३८ ॥
चौपाई ॥ असु सारंग पत्तियै बंधि । उड़ै साष है राषै संधि ॥
यों न विचारि सु चामंड राइ । मेछ क्रम्म लग्गे गुन चाइ ॥
छं० ॥ ३९ ॥

धन द्रव्य लूट कर चामंडराय का हांसीपुर को लौटना और बेगमों का शहाबुद्दीन के यहां जा पुकारना ।

कवित्त ॥ लूटि सबर चतुरंग । लइय चामंडराय सधि ॥
मुक्कै कै संग्रहै । के विषंडें के विधि विधि ॥
के अहत किय लच्छि । केन लच्छीति समप्पिय ॥
फिरें सब्ब षुरसान । दिसा गज्जनीं स रष्पिय ॥
माबित्त मत्त कीनी नहीं । हैगै विधि लग्गे विषम ॥
चामंडराइ दाहरतनो । मत मंची कीनों सुषम ॥ छं० ॥ ४० ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौपाई ॥ तज्जि गाम लुट्टिग बर संगी। हय मिष्टन सब सस्त्र सुरंगी ॥
हांसियपुर फेरिय सुरयानं। पुक्कारी गोरी सुरतानं ॥ छं० ॥ ४१ ॥
दूहा ॥ हीन बदन पत्ती तहां। जहँ गज्जनी सहाब ॥
सुद्धि बुद्धि पुच्छिय सकल। विवरि देत सब ज्वाब ॥ छं० ॥ ४२ ॥

बेगम का शाह के सुखजीवी सेवकों को धिक्कार देना।

साटक ॥ ऐ गोरी सुरतान साहिब बरं। साहाब साहाबनं ॥
जैनं जीवत तस्य सेवक हतं। मानस्य मर्द्दं जगं ॥
बीयं जाचत अर्थ बीय घनयो। धन पोपि जीवी धिगं ॥
धिगता तस्यय सेवकाय वरयं। ना दीन सामानयं ॥ छं० ॥ ४३ ॥
अरिल्ल ॥ राजा षंडन मान प्रमानं। अग्या भंगन तस्य निधानं ॥
सो न्रप मृत्यक मृत्य समानं। आन सुनत सेवक्क न मानं ॥ छं० ॥ ४४ ॥
दूहा ॥ बिप्प सु षंडन वेद बर। नर षंडन निर ग्यान ॥
त्रिय षंडन इह मैं सुन्यौ। धिग जोवन सुरतान ॥ छं० ॥ ४५ ॥

माता के विलाप वाक्य सुन कर शाह का संकुचित और क्रोधित होना।

दूहा ॥ पातिसाह श्रवनन सुनी। जंपी मात निधान ॥
मैं ग्रब्भह झुझ्यौ धऱ्यौ। सुंठिन पट्ठी षान ॥ छं० ॥ ४६ ॥
कवित्त ॥ धरत ग्रब्भ दस मास। उदर भोगवै दुष्ष तन ॥
सीत जाल बर उष्ण। सवर बरिषा सुमत्त मन ॥
ता जननी दुष देइ। पुत्र ग्रब्भं अधिकारिय ॥
ताहि पुत्र कों गत्ति। न साहि निहचै विचारिय ॥
साम्रत्य काल बंधेति न्रक। कहत नयन गद गद बयन ॥
कहतें सु बचन आवै नहीं। दिन विवान देषे सुपन ॥ छं० ॥ ४७ ॥
दूहा ॥ जाचंग्या प्रति दीन सों। करत सु देखी मात ॥
सुनि गोरी सुरतान कौ। भय तामस तन रात ॥ छं० ॥ ४८ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शहाबुद्दीन का अपने दरबारियों से सब हाल कहना।

गाथा ॥ सुनि गोरी सुरतानं। सुनि साहाब सूर सब्बानं ॥
जा जीवत धरवानं। भुग्गै को तास अप्रमानं ॥ छं० ॥ ४९ ॥
अति आतुर अप्पानं। षानन पान षाइयं पानं ॥
हियै धकि धकि लग्गि कंपानं। दीय षबरि सबै फुरमानं ॥
छं० ॥ ५० ॥

पद्धरी ॥ सुनि श्रवन सूर साहब साहि। धकधकी लग्गि रस बीर छाहि ॥
प्रज्जरे रोस द्रिग रत्त कौन। सीची कि अग्गि घृत होम दीन ॥
छं० ॥ ५१ ॥
तमतमे तेज वर भर करूर। बद्दरन फट्टि किरनें कि सूर ॥
विफुरैं हथ्थ रस बीर पग्ग। लंघने सौंह हयवार तग्ग ॥
छं० ॥ ५२ ॥
फुरमान फट्टि पुरसान षान। बज्जे व सोर सुरवर निसान ॥
रत्तरे रषत उट्ठे प्रमान। भद्दव कि मेघ घन रंग आन ॥
छं० ॥ ५३ ॥
तत्तारषान सुविहानं मीर। इहि रत्ति मंड बैरंम तीर ॥
मंची जु मंच जेमंत रूप। बोलियै सद्दी सुविहान भूप ॥
छं० ॥ ५४ ॥
दरबार भीर गजवाज लोइ। पावै न मग्ग भर सुभर कोइ ॥
षोलिथहि षग्ग हयगय पलान। किरनानि किरन दुरि रह्यौ भान ॥
छं० ॥ ५५ ॥
बंधौं समेत सामंत सूर। सुविहानं साहि बोल्यौ करूर ॥
छं० ॥ ५६ ॥

शहाबुद्दीन का 'माता' की मर्य्यादा कथन करके दिल्ली पर चढ़ाई के लिये तैयारी का हुकम देना।

कवित्त ॥ हिरनंकुस पाताल। जाय षग जग मंडाइय ॥
सोवनपुर सुर लूटि। पकरि चिय काया धाइय ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारद आइ छंडाय। भयौ प्रहलाद पुच तस॥
तिहि जननी संग्रहन। सुने उर मद्धि रष्षि गस॥
मघवान सहित दिगपाल दस। मात वयर कज भंजि जिम॥
सुरतान कहत चहुआन भर। हौं पनि गंजहु अब्ब इम॥ छं०॥ ५७॥
थान थान फुरमान। फट्टि बंधन हिंदू दिय॥
विधिना सो निम्मयौ। मेटि सक्कै न दिषौ दिय॥
इला नाम धरि हियै। मेछ षुरसानह जोरिय॥
ज्यौं बराम उच्चरै। सेन वोरन गढ़ तोरिय॥
हक हलाल बोलै न मुष। काफर एधर बर भई॥
दह बड़े सूर हम साहि कर। तो सलाम कर सुब्भई॥ छं०॥ ५८॥

तत्तार खां का शाह की आज्ञा मान कर मदद के लिये फरमान भेजना।

दिष ततार दह करि। सलाम उच्चार वरज्जिय॥
रहि न बोल ज्यौं साहि। दिया उच्चार जु हक्किय॥
षां ततार वरजे निसान। आसन उर पानं॥
जु कछ मत्त मत्तियै। हुकम दीना सुरतानं॥
मक्का मुकाम पीरान की। करिव आन बल बंधियै॥
मादरं पिदर मानें न दर। निमक हलाल न संधियै॥ छं०॥ ५९॥

दूहा॥ थान थान फुरमान फटि। बंधन हिंदु नरिंद॥
दै दुबाह सों न्रिम्मयौ। को कहै कविचंद॥ छं०॥ ६०॥
कोक कढ़ै विधिना लिषी। आज साह बल तेज॥
मानों सात समुंद ने। तज्जि म्रजाद अमेज॥ छं०॥ ६१॥
मरजादा सत्तों समुद। अमित उलंघी आज॥
मानों घन के देव दुति। नाग विरोधन पाज॥ छं०॥ ६२॥

शहाबुद्दीन की दृढ़ता का बखान।

कवित्त॥ नाग भूमि सिर तजै। चंद छंडै सुचंद कल॥
कलिन भान उग्गई। पथ्य मुक्कै सु वान छल॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रघु सुग्यान छंडई । भीम छंडै बल बंधै ॥
रूप छंडि मारह । कंद छंडै हर संधै ॥
मुक्कै जु जोग जोगिंद ऊ । कर फिरस्त छंडै गुनह ॥
इत्तने धीर छंडै जर्दाप । साहि न कस मुक्कै मनह ॥ छं० ॥ ६३ ॥

दूहा ॥ मन मुक्कै सुक्कैं सुब्रत । ब्रत गोरी सुरतान ॥
सकल सेन सज्जे न्रपति । सुनहु तौ कहूं प्रमान ॥ छं० ॥ ६४ ॥

शहाबुद्दीन का राजसी तेज वर्णन ।

सुनिय मीर मीरन चवै । देषि सष्षिरह मीर ॥
जितौ कस्स सुरतान कौ । तितौ न दिष्यौ तीर ॥ छं० ॥ ६५ ॥

पद्धरी ॥ देष्यो न जाइ आलम अदब्ब । थरहरे मेच्छ षुरसान सब्ब ॥
कर जोरि जोरि सब रहे ठट्ट । उच्चरै सेन बोलंत गट्ट ॥
छं० ॥ ६६ ॥

उभ्भै सुमीर ढिग ढिग विसाल । बोलै न मुष्य सनमुष्य काल ॥
सुरतान निजरि बर भई ताम । दह बेर सूर बर करि सलाम ॥
छं० ॥ ६७ ॥

अंगुरी टेकि इल षां ततार । दह करि सलाम बोलयति बार ॥
जिय हुकम जोइ सो मोहि देउ । उच्चरौं मंत सोजीव हेउ ॥
छं० ॥ ६८ ॥

शहाबुद्दीन का अपने योद्धाओं की खातिर करना ।

दूहा ॥ चौसठि बेर सुद्दत्त बर । फेरि फेरि सुरतान ॥
सो पहराए मत्त गुर । दै किताब परिमान ॥ छं० ॥ ६९ ॥
दै किताब पहिराइ चर । नर नरपति मन साहि ॥
आसी पुर जो भंजई । इहै तत्त गुन आहि ॥ छं० ॥ ७० ॥

शहाबुद्दीन का अपने मंत्री से वीर चहुआन पर अवश्य विजय प्राप्त करने की तरकीब पूछना ।

सुन्यौ मंच मंची सुमत । कहत मंच सुरतान ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जौ अंगन प्रति भंजियै। लियें ग्रेह परिमान ॥ छं० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ पति प्रमान हक्करिय। करिय जंगम सु सत गुन ॥
अरि आवत संग्रहै। काल्ल चंपै सु काल मन ॥
अरि निद्दुर साहरी। सबल मंची इथ्थप्पन ॥
इतें होइ जो हथ्थ। अरिन ग्रह संच सकै धन ॥
जम जोति दून दह मंत गुन। सत्ति मस्सूरति बोलि बर ॥
तत्तार षान षुरसान पति। करों मंत जा लेय धर ॥ छं० ॥ ७२ ॥

राज मंत्रियों का उपयुक्त उत्तर देना।

न्रपति न्रपति जो होय। सोइ नह राज राज बर ॥
चपति ग्यान जो होइ। बेद सग्यान तत्त नर ॥
बेरं कोबिद अछरि। काम अचपतिय स सुंदरि ॥
इत्त न्रपति जो होइ। भए न्रप तौर समुंदरि ॥
तिहि कहे षान तत्तार बर। आसीपुर भंजन बलह ॥
ता पच्छ लगे ढिल्ला धरा। बैर वत्त बुझ्झै षलह ॥ छं० ॥ ७३ ॥

दूहा ॥ षां ततार जंपै सुबर। हम बंदे सु विहान ॥
जु कछु साह अग्या दियै। करें बनें हम्मान ॥ छं० ॥ ७४ ॥
सुने श्रवन तत्तार बच। हिंदवान लै जाइ ॥
मात रीस बेगम मिटै। सोइ सु लुट्टै जाइ ॥ छं० ॥ ७५ ॥

शाह का तत्तार खां से प्रश्न करना।

षां ततार वर वेन सुनि। दै आसन अरु पान ॥
जु कुछु मंत तुम उच्चरौ। सोइ करै सुविहान ॥ छं० ॥ ७६ ॥

तत्तार खां का आसीपुर पर चढ़ाई करने को कहना।

जवित्त ॥ करि सलाम तत्तार। मतौ सैमुह उच्चारिय ॥
लच्छि सुभर प्रथिराज। सबै हंसीपुर धारिय ॥
हसम हयग्गय मीर। सज्जि चतुरंग सेन बर ॥
मीर बँदा षुरसान। मुक्कि रहै अप अर धर ॥
सामंत बंध सुनि साहि बर। तब नरिंद अप्पन चढ़ै ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सो मंति मंत बंधै न्रपति। क्त्ति बोलि [1]भर तर पढ़ै॥ छं०॥७७॥

हांसीपुर पर चढ़ाई होने का मसौदा पक्का होना।

षां हसेन आहत्त मन। सुमति कियौ परिमान॥
आसी पुर भंजन भरै। इह करि मंत निधान॥ छं० ॥ ७८॥

शहाबुद्दीन की आज्ञा।

कवित्त॥ रे अमंत तत्तार। मतौ जानै न प्रमानं॥
ए हिंदू हम बंधि। सीस लग्गै असमानं॥
हम दल भज्जत देषि। तुम्म गिनियै तिन मानं॥
अब हम बंचि कुरान। फतेनामा धरि पानं॥
पाषंड सस्त्र अग्गें छिपै। मैं भंजों दुज्जन अरी॥
चहुआन सेन हांसीपुरह। लुट्टि गाम उब्भा भरी॥ छं०॥ ७९॥

तत्तार खां की प्रतिज्ञा।

हांसीपुर पुर विपुर। करों सु विहान तेज बर॥
तो गज्जानिय सुद्ध। हांसि मंडौ जु अप्प धर॥
अरि भंजे तन भंजि। मार मारह करि मोरों॥
जौ बंधों सामंत। साहि तसलीम सु जोरों॥
ता दिवस षान तत्तार हों। धार धार चढ़ि उत्तरों॥
सुविहान आन चहुआन सों। जौन जुद्ध इत्तौ करों॥ छं०॥८०॥

शाही दरबार में बलोच पहारी का उपस्थित होना।

दूहा॥ पाहारी बल्लोच तहँ। करि सलाम सुरतान॥
हम बंदे हाजुर निजरि। दै हांसीपुर थान॥ छं०॥ ८१॥
कवित्त॥ सत्त बेर पाहरी। तेग बंधी जु अप्प कर॥
सब बद्धों सामंत। बौंटि षुरसान देउ धर॥
बान साहि साहाब। बीय सन मज्जिय अप्पिय॥
षां षुरसान ततार। षान विय सरद सु धप्पिय॥

(१) ए. को.-भरत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चतुरंग अनीं हिंद्र दिसा। बर गोरी सज्जिय सुबर॥
जुमा रत्ति ससि बंदि बर। चढ़े सेन सु विहान भर॥ छं० ॥ ८२॥

गजनी के राजदूतों का सिंध पार होना।

दूहा ॥ सिंधु सुक्कि गए दूत बर। तजि गोरी सुरतान॥
कै बिधि पवर्त चंपई। अवनी उनमी भान॥ छं० ॥ ८३॥

यवन सेना का हिंदुस्तान की हद्द में बढ़ना।

कवित्त ॥ कूच कूच उप्परे। षान षुरसान ततारी॥
हसम हयग्गय सूर। दुसह दुज्जन मक्कारी॥
दल बद्दल सु विहान। सूर पच्छिम दिसि उट्ठे॥
लज संकर गल बंधि। सिंघ मद नद्द सु छुट्टे॥
दिसि दुरग अभंग हांसीपुरह। सजिय सेन संमुह धवै॥
धर दहन बीर चहुआन की। हठ ततार संमुष चवै॥ छं० ॥ ८४॥

तत्तार खां और खुरसान खां की अनी सेनाओं का आतंक और शोभा वर्णन।

चोटक॥ चढ़ि षान ततार सुरंग अनी। द्रिगपाल चमक्कि निसान धुनी॥
पुर आसिय फेरि सुरंग ग्रसै। जनु भांवरि भान सुमेर लसै॥
छं० ॥ ८५॥

दिसि रत्त रपत्त उठंत बरं। मनों बद्दर भद्दव के दुसरं॥
गुर गोरिय साहि सु संधि ग्रसी। सुनि राज नरिंद नरिंद रसी॥
छं० ॥ ८६॥

चमके चव रंगनि रंग दिसा। सु मनों जमकें जमजोति जिसा॥
पल की पल संकर अंदनता। सुमनों सुर दादर के जमिता॥
छं० ॥ ८७॥

रत रत्त मयूष इला चमकै। मनु इंदवधू नभ तें दमकै॥
चहुआन सुनी सुरतान दिसं। बढ़ि आज अवाज सुराज रसं॥
छं० ॥ ८८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिनके गुन वीर सुमंत चवै। तिनके बल देवन तत्त भ्रमै॥
जमसे दरसे जम ते गरुग्रं। सुरतान तिपास रहे धुरयं॥छं०॥८६॥
षुरसानय षानति अग्ग अनी। तिनके बर पासन राज यनी॥
ढलकें ढल ढाल ढलक्कि लता। तिर साइर काइर तं कलिता॥
छं०॥ ९०॥
अब कै न्वप गोरिय साहि बरं। सुमनों घन भूमि उतार उरं॥
चढ़ि चल्लिय उग्गि कला दुसरी। न्विप राज नरिंद सु जुद्ध हरी॥
छं०॥ ९१॥
सब सेन गरिष्ठ इतौ बलयं। न्टप राजन राजन सो कलयं॥
रन मुच्छ उद्दें वर कंक लसी। दिसि बंक विराजत पच्छ ससी॥
छं०॥ ९२॥
इतने गुन चार चरंत करं। उतरे जमरोज नरिंद घरं॥
जम रोज तजै ग्रह सिंह बरं। चहुआन सुनी रन राज उरं॥
छं०॥ ९३॥

तत्तार खां का पड़ाव दस कोस आगे चलाना।

कवित्त॥ कूंच कूंच उप्परे। राज अग्या नन मानै॥
सुबर जूह सुरतान। सैन चावद्दिसि बानै॥
उगन हार ज्यों प्रात। लेन उग्यौ बर गोरी॥
तिमरलिंग जुलिक्कन्न। राज रजक्कन्न सु जोरी॥
धनि धंनि धंनि गोरी सु बर। बलभग्गा भग्गौ न बल॥
आसीस भंजि ढिल्ली पुरां। नब लग्गों मेवात षल॥ छं०॥ ९४॥
दूहा॥ जानि सकल गोरी सुबर। गरुअ मत्ति तत्तार॥
ते भारथ्थ सु ब्रत्त पति। पत्ति ना लभ्यौ पार॥ छं०॥ ९५॥
षां तत्तार सुरतान बर। नर नाइक सुरतान॥
दस कोसे आसौ हुतें। आय सपत्ते थान॥ छं०॥ ९६॥

शाही सेना का आसीपुर के पास पड़ाव डालना।

कवित्त॥ आय सपत्ते थान। बीर आसी गिरद्द करि॥
सरद काल ससि मित्त। परी पारस सुमंत धर॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुरि चंद बरदाय। साह लग्गा कम धारिय॥
चावद्दिसि रूंधये। मंत पावै न विचारिय॥
गढ़ रुक्कि सज्यौ साहस बली। सेन सजत लग्गी घरी।
चामंडराइ दाहरतनौ। अमर मोह भूली सुरी॥ छं०॥ ९७॥

शाही सेना का हांसीपुर को घेरना।

चढ्यौ षान तत्तार। सोर हल्लें द्रिगपालं॥
घुरि निसान धुनि पूर। नाद अंबर लगि तालं॥
पावस चंद सरद्द। घटा घुंमरि ज्यों घेरै॥
ज्यों अषाढ़ रति भान। धुम्म धुंधरि नन हेरै॥
गोरी सपन्न सज्जिय सुभर। ज्यों छयल्ल कुलटा सबसि॥
अवसान अचानक त्यों पुरह। हांसिय षान ततार ग्रसि॥छं०॥९८॥

मुसलमानी जातियों का वर्णन।

षां षुरसान ततार। बीय तत्तार षंधारी॥
हबसी रोमी षिलचि। इलचि षूरेस बुषारी॥
सैद सैलानी सेष। बीर भट्टी मैदानी॥
चौगत्ता चि मनोर। पीरजादा लोहानी॥
अन्नेक जात जानैति कुल। विरह नेज असि ग्रहि करद॥
तुरकाम बीच बल्लोच बर। चिंत पूर हांसी मरद॥ छं०॥ ९९॥

दूहा॥ सुनि अवाज निसुरत्ति षां। षां ततार षुरसान॥
वे रज गुर सम्हे सजिग। मचिग जुद्ध विरुझान॥ छं०॥ १००॥

यवन सेना की व्यूहरचना वर्णन।

कवित्त॥ षां ततार रुस्तम्म। वाम दष्षिन पष पंषी॥
षां निसुरत्ति पहार। उभै सेना पग लष्षी॥
षान षान षुरसान। चंच चव्हु रचि कसानी॥
कंगुरेस गष्षरह। जंघ मंडे दल भानी॥
षिलची षुरेस भट्टी विहर। पूंछ सु इन पच्छह सुबर॥
महनंग अंग मारुफ षां। छच सीस धारिय सुभर॥ छं०॥ १०१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

युद्ध वर्णन ।

हनूफाल ॥ परिधाय सूर प्रकार । पांवार वज्र सु भार ॥
कढ़ि षोलि षग्ग विहथ्थ । भारथ्थ ज्यों सुनि पथ्थ ॥ छं० ॥ १०२ ॥
षग षगन वाहै पंति । मनों बाज सेन कि पंति ॥
भारथ्थ कथ्थै जोति । असि अंग विद्धि विभोति ॥ छं० ॥ १०३ ॥
बजि गुरज बीर प्रहार । सँग देहि चौसठि तार ॥
दुहुं पास अंत रुरंत । गिध गिधी गिद्ध गहंत ॥ छं० ॥ १०४ ॥
तर बेलि चढ्ढि म्रनाल । मनु गहिय संस सिवाल ॥
तुटि मुंड तुंड सुभट्ट । मनु भग्गरं रचि नट्ट ॥ छं० ॥ १०५ ॥
रुधि छच्छ धर बर रुंड । पावक्क झर उठि कुंड ॥
कहि लेहु लेहु सु सूर । भारथ्थ बित्त करूर ॥ छं० १०६ ॥
षग झूर उठ्ठिक बार । झर गिद्धि सो पति पार ॥
परिरंभ रंभ स आइ । तन तनक तनक न पाइ ॥ छं० ॥ १०७ ॥
मुकि मुक्कि माननि जाइ । फिरि पियन दष्षिन आइ ॥
मिस हारि रंभ स अग्गि । इन सब मनोरथ भग्गि ॥ छं० ॥१०८॥
किं अगनि दझ्झै ताइ । तन धार धार सुलाइ ॥
बर बीर रोस सुगत्ति । तहां सोष इष्षि न मत्ति ॥ छं० ॥ १०९ ॥
दल सुभर अल्हन मझ्झि । जुरिभोम कन्ह अलुझ्झि ॥
उच्छरि अरी अरि भीर । चानूर मुष्टक बीर ॥ छं० ॥ ११० ॥
घरि पंच भिरि भारथ्थ । दिन अस्ति भूप न तथ्थि ॥ छं० ॥ १११ ॥

शाही फौज का बल कर के किले का फाटक तोड़ देना ।

कवित्त ॥ सुबर सूर सामंत । बीर बिरुझ्झाइ सु धाए ॥
नंषि कोट गढ़ ओट । कोट किप्पाट ढहाए ॥
सत छुथ्थौ सामंत । राम बुल्यौ रघुवंसी ॥
रे अभंग सामंत । साहि बंधों बल गंसी ॥
विना नृपति जो बंध । कित्ति चावद्दिसि चष्षै ॥
सार धार तन षंडि । बीर भारथ्थ न डुष्षै ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[1]नन तजौ मंत बल सत्त गहि। गरुअ ग्रब्ब षंडोति षग ॥
उच्चरै लोइ इत्तौ करौ। करौ सूर की रत्ति नग ॥ छं० ॥ ११२ ॥

चामुंडराय के उत्कर्ष वचन।

कवित्त ॥ विहसि राव चामंड। कहै रघुबंसराइ बर ॥
तुच्छ सेन सामंत। साहि गोरी अभंग भर ॥
दंति घात आघात। षग्ग मग्गह कट्टारिय ॥
गुरज बीर गोरीस। सेन भंभरि भर भारिय ॥
महनसी मेर मारू मरद। सरद तेज ससि मुष षुल्यौ ॥
पाहार बीर तूंअर उतंग। सार धार नां धर डुल्यौ ॥छं०॥११३॥

युद्ध होते होते शाम होजाना और युद्ध बंद होना॥

भिरिग सूर सामंत। ल,थ्थि आहुट्टि ल,थ्थि पर ॥
सघन घाइ आवत्त। मेर तत्तार होइ बर ॥
चढ़ि हांसीपुर सूर। षेत दुव्यौं न दीन दुहु ॥
उतरि मेर असि वरन। गहन जंपै न सिद्ध कहु ॥
वहु षग्ग सूर सामंत रन। भोरी षान षुरेस परि ॥
मिलि मेछ मेछ एकोन किहि। रहे सेन ठट्टे विहर॥ छं० ॥ ११४ ॥
समरि संग तत्तार। बज्जि नीसान षेत रहि ॥
हय गय रन [2]विच्छुरहि। रुद्र भूमिअ सु बीर बहि ॥
निसचर वीर [3]उभार। भूत प्रेतह उच्छव सुर ॥
बज्जि घाइ कहि उठत। नचै चौसट्ठि रंभ बर ॥
नारद नद नंदी सु बर। बीरभद्र सुर गान बर ॥
इन भंति निसा बर मुद्दरी। बर हर हर बज्जे ससुर॥ छं० ॥ ११५ ॥

प्रातःकाल होते ही पुनः युद्धारंभ होना।

चौपाई ॥ भयौ प्रात बंछित सामंतह। सुगध महिल ज्यौं बंछै प्रातह ॥
कन्ह नाह लोहान महा भर। रा बड़गुज्जर किल्हन सुभ्भर।॥छं०॥११६॥

(१) ए.-मन। (२) ए.-विछुर नाहिं। (३) ए.-उभारी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गढ़ में उपस्थित सामंतों के नाम।

कवित्त ॥ बर षीची अचलेस। गरुअ गोयंद मह्नसी ॥
उद्दिग बाह पगार। नरा नरसिंघ समरसी ॥
उभै बंध मोरीय। राव रानिंग गिरेसं ॥
देव कन्न साषुलौ। जुद्ध पारथ्थ बिसेसं ॥
सलषान भीम पुंडीर भर। जैत पवार सु वग्गरी ॥
चामंड राइ कनक्क सुभर। रघुबंसी सिर पघ्घरी ॥छं०॥११७॥

दोनों सेनाओं में युद्ध आरंभ होना।

दूहा ॥ प्रात उदित घायन मिले। प्रात घाइ घरियार ॥
रोस लगे हिंदू तुरक। मनुं बज्जत कठतार ॥ छं० ॥ ११८॥

युद्ध का वर्णन और दस चोट में यवन सेना का परास्त होना।

भुजंगप्रयात ॥ असी अस्सि सस्त्रं बधी षान बल्लं।
सु षग्गं षिती पान सो बीर चल्लं ॥
चवै चल्लि चारं सबै रंग बीरं।
तजी गाभ बारं चढ़ी धार धीरं ॥ छं० ॥ ११९ ॥
अए अस्स अस्सं उपंमा प्रमानं ॥
मनो षेत षद्धै किसानं रिसानं ॥
मिलें स्हर धारं दलं मेल सानं ॥
परी जानि बुंदं समुद्रेन पानं ॥ छं० ॥ १२० ॥
तजे कोट षानं सबै स्हर घेरी ॥
मनों भाव रंभान सुम्मेर फेरी ॥
परें षग्ग जद्दों उजत्तौत सारी ॥
मनों देवलं बज्जि कंल पार पारी ॥ छं० ॥ १२१ ॥
घयं भेदि घायं अघायंत रासी ॥
निकस्सी परै अद्ध सा स्हर कासी ॥
कटे बंध काबंध सो बधं पारी ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनो बद्धि विब्भाय भग्गी सु कारी ॥ छं० ॥ १२२ ॥
पयं भज्जि सो डाक ही षग्ग धारी ॥
मनों वामना रूप भै भीम भारी ॥
रूधी घट्ट ज्यों फुट्टि सन्नाह सारी ॥
तिनंकी उपम्मा कवीचंद धारी ॥ छं० ॥ १२३ ॥
मनो रंग रेजं ग्रहे रंग रारी ।
जलं जावकं सोभ पन्नार पारी ॥
हयं छिंछ उट्ठी रुधी छिंछ तारी ।
हथं वक्र ऊरड्ड दूअड्ड पारी ॥ छं० ॥ १२४ ॥
तिनंकी उपम्मा कवी तं कहाई ।
जलं जावकं पावकं को बुड़ाई ॥
ग्रही केस उड्डे उतंमंग पष्षी ।
तिनंकी उपम्मा कवीचंद अष्षी ॥ छं० ॥ १२५ ॥
मनों अप्प ग्रेहं अवानंति वारं ।
चली नभ्भ तें चंदनं सुक्कि धारं ॥
भगी घायनं भूमि भा प्रान पारं ।
मनों सिद्धि संमद्धि लग्गी अगारं ॥ छं० ॥ १२६ ॥
बजी घाय अद्घघाइनं ग्रीव पानं ।
फिरें केत रक्की जलं मभ्भिक्ष मानं ॥
उड़ी छिंछ सब्बैं दलं रुद्धि जस्सी ।
मनो दीपतो हिंदुनं हद्द कस्सी ॥ छं० ॥ १२७ ॥
षटं सत्त उभ्भै सुरं लोक बस्सी ।
फिरी फौज तत्तार की घाइ गस्सी ॥ छं० ॥ १२८ ॥

इस युद्ध में खेत रहे जीवों की संख्या ।

कवित्त ॥ अड्ड सेन अध परिग । परिग दंती सत एकं ॥
अयुत अयुत अस परिग । पयह को गनै असेकं ॥
दसत दून बानेत । घाय झोरी करि लिन्नै ॥
पंच पेंड़ पंचास । सेन भग्गा तिन दिन्ने ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पछ्छ पुंछ षान अलील तब। अति आतुर असिवर षरिय ॥
भग्गौ न मीर मो भीर सुनि। अब भंजो हिंदू ररिय ॥ छं० ॥ १२९ ॥

अलील खां का प्रतिज्ञा करके धावा करना।

सुनि सामंत निसान। षान अलील उभं भरि ॥
मनंहु अग्गि घन हत्त। आय डंडूर समंधरि ॥
डुंगोरी धर कोट। राज [1]अड्डो चहुआनी ॥
मो उभ्भै कुन सूर। भोमि विलसै सुरतानी ॥
इह कहिरु सेन अग्गें धरिय। जाय सूर मुष षग्गयौ ॥
तिन सार मार सामंत दल। पंच डोरि पच्छो गल्यौ ॥ छं० ॥ १३० ॥

दोनों ओर से बड़े जोर से लड़ाई होना।

दूहा ॥ तमकि सूर सामंत तब। झुकि लग्गे फिरि षग्ग ॥
लपट झपट ऐसी बहै। ज्यों [2]जज्जर बन अग्गि ॥ छं० ॥ १३ ॥

लड़ाई का वाकचित्र वर्णन।

विराज ॥ छुटे अग्गिबाजं, मनों नभ्भ गाजं। चढ़े सूर सूरं, नमे रंक नूरं ॥
छं० ॥ १३२ ॥
बहै बान भारी, मनों टिड्ढ चारी। दुती सोभ आनं, कबीका बषानं ॥
छं० ॥ १३३ ॥
दिसायं न्टमल्लं, मनो नाग हल्लं। परै वप्प घायं, मनों वज्र लायं ॥
छं० ॥ १३४ ॥
करै कूह कैकं, हुअं एकमेकं। वहै षग्ग धारी, अभूतं सरारी ॥
छं० ॥ १३५ ॥
होवै षंड षंडं, धरं रुंड मुंडं। बकै मार मारं, मनों प्रेत चारं ॥
छं० ॥ १३६ ॥
जुटै सूर हथ्थं, मनों मल्ल बथ्थं। परै भूमि सारं, मनों मत्तवारं ॥
छं० ॥ १३७ ॥

(१) को.-कृ.-अड्डी। (२) ए.-वज्जर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अए कन्ह षेतं, बधे बंध नेतं। छुटी अंषि पट्टी, मनों अग्गी छुट्टी॥
छं० ॥ १३८ ॥

षगे मग्ग चाहं, अरी वन्न दाहं। परे नाग ठानं, कलं कूट जानं॥
छं० ॥ १३९ ॥

रनं नेज ढल्लं, मनों केलि पल्लं। लोहानों अजानं, दुढ़े षान टानं॥
छं० ॥ १४० ॥

वहै संग भारी, निकस्से करारी। तिनं घाव सहं, करै कुंभ नहं॥
छं० ॥ १४१ ॥

जुरै चंद सेनं, कियं षंड जेनं। उठे छिंछ अंगं, मनों अग्गि दंगं॥
छं० ॥ १४२ ॥

दुती ओप जानं, प्रवारी प्रमानं। पऱ्यौ षान अल्ली, धरारं विहल्ली॥
छं० ॥ १४३ ॥

भगे साहि ठट्टं, गए दस्स वट्टं। भद्री षित्ति ताजं, दियं जित्ति बाजं॥
छं० ॥ १४४ ॥

सामंतों की जीत होना और यवन सेना का परास्त होकर भागना।

कवित्त ॥ भइय जित्ति सामंत। सेन भग्गा सुरतानं॥
अप्प सूर सब कुसल। षित्ति रष्पी चहुआनं॥
उभै सहस परि मीर। सहस इक बाज प्रमानं॥
परिय दंति सतएक। करिय अच्छरि बर गानं॥
जै जया सह आयास हुअ। घाव सूर झोरी धरिय॥
वित्तयौ कलह भारथ्थ जिम। कही चंद छंदह करिय॥ छं० ॥ १४५ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके हांसी प्रथम जुद्ध वर्णननं नाम इक्यावनवों प्रस्ताव संपूर्णम्॥ ५१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ द्वितीय हांसी युद्ध वर्णन ।

(बावनवां समय ।)

तत्तार खां का पराजित होना सुन कर शहाबुद्दीन का क्रोध करके भांति भांति की यवन सेना एकत्रित करना ।

कवित्त ॥ हसम हयग्गय लुट्टि । लुट्टि पष्षर रषतानं ॥
तत्तारी षुरसान । हाम भग्गी सुरतानं ॥
सुनि भग्गा सब सेन । हाय करि पट्टि सु हथ्थं ॥
पुच्छि षबरि बर दूत । कहिय भारथ बत कथ्थं ॥
रगतैत नेन साहाब सजि । पैगंबर महमंद भजि ॥
फिरि सज्यो सेन भसुचित्त करि । हांसीपुर जीतन सु कजि ॥
छं० ॥ १ ॥

विअष्षरी ॥ सज्जिय सत संतं सुरतानं । दस दिसि धर दिन्ने फुरमानं ॥
रुम्म हरेव परेव परारिय । भर भंभर भष्षर भर भारिय ॥ छं० ॥ २ ॥
समरकंद कसकंद समानं । बलक बलोच तकी मकरानं ॥
कंदल वास अधम्म इलासं । रोही सोह उजब्बक रासं ॥ छं० ॥ ३ ॥
षूनकार ऐराक षंधारं । साहबदीन मिले दल सारं ॥
धुम्मर व्रन्न सिरै तुछ रोमं । जाति अनंत गिनै कुन भोमं ॥ छं० ॥ ४ ॥
घोरमुहा केइ सुष्षर क्रंनं । चष्ष करूर मुषं रत ब्रंनं ॥
इन सर कंध विबाह अजानं । दुअ दुअ दुम्मि भषै दिनमानं ॥
छं० ॥ ५ ॥

जानै धार अनी बथ मल्लं । जानि गिरब्बर सिष्षर चल्लं ॥
तानै सिनि गिनि जोर विभारं । गोंन चढ़ै जिन टंक अधारं ॥
छं० ॥ ६ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बंधे दो दो तोन जुआनं। तिन साइक सत सत्त प्रमानं॥
साबद बेधिय लाघव सारं। पंष हनै षह दिष्ट प्रहारं॥ छं०॥ ७॥

टारैं अनी अनी साइक्कं। मुंठि अभूल रनै चित किक्कं॥
मंद अहार सवै फल आसं। पारसि मझ्झ विवानि प्रहासं॥ छं०॥ ८॥

करै रगब्ब सरब्बर वानं। जानि कि व्रच्छ विहंग बुलानं॥
बंधिय जूसन सारषि गातं। जानि जुरी नव नाथ जमातं॥
छं०॥ ९॥

सजि पष्षर लष्षर है साजं। पंषधरी बर उड्डन काजं॥
गज घुंमर धज नेजर वानं। जानि कि भद्दव मेघ समानं॥ छं०॥ १०॥

करिय टमंक चल्यौ हय नादं। फट्टिय जानि समंद मजादं॥
तर झंगर गिरि पद्धर धारं। उड्डिय रेन डिगे द्रिग सारं॥ छं०॥ ११॥

धर धुंमर लगि अंमर थानं। सुनियै सद्द न दीसै भानं॥
है गै रथ दल अंत न जानं। आसिय दिसि हल्लिय सुविहानं॥
छं०॥ १२॥

वरन वरन की व्यूहबद्ध यवन सेना का हांसीपुर को घेरना।

कवित्त॥ साहब सुनि सुरतान। समुद व्यूहं रचि धाइय॥
अष्ट सेन रचि अष्ट। ईष्ट करि सेन बनाइय॥
एक लष्ष सारद्ध। सुभर असवारति साजं॥
दंती पंति विसाल। अग्ग सज्जे अगिवाजं॥
पावस्स थान मानों प्रगट। दिस दिसान नीसान दिय॥
आसीअ चिंत इक दौर करि। आनि सुभर घन घेरि किय॥
छं०॥ १३॥

शहाबुद्दीन का सामंतो को किला छोड़ देने का संदेसा भेजना।

दूहा॥ घेरि सुभर साहाबदी। कहिय बत्त चर चारु॥
कै झुझ्झहु बुझ्झहु सपरि। कै निकरौ भ्रम्म दुआर॥ छं०॥ १४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शहाबुद्दीन का सँदेसा पाकर सामंतों का परस्पर सलाह और बादविबाद करना।

कवित्त ॥ सुबर सूर सामंत। बीर बिरुझाइ सु धाए ॥
बड़गुज्जर रा राम। राइ रावत्त सहाए ॥
सम दुरंग सो सीस। बीर लोकिग असमानं ॥
कित्ति मुकति भर सुभर। बीर बीरं बिरुझानं ॥
कूरंभ राव पज्जून दे। गयौ हरष सामंत बर ॥
तम पषै मरन दीजै नहीं। मरहु तुंम्ह जिन पर सु धर ॥छं०॥१५॥
सुनिय मंत कूरंभ। मतौ जानहि सु मरन बर ॥
जीवन मत जानंत। सामध्रमजाइ ध्रम्म नर ॥
हम बीरा रस धज्ज। जोग जीतन सिर बंधी ॥
हम अभंज अरि भंज। मंत जानै जस संधी ॥
रुक्कयौ हंस पंजर सु पच। सो पंजर भंजहिति भिर ॥
जानियै जगत तनु तिनुक वर। अरि बंधन बंधेति फिरि ॥छं०॥१६॥
सुबर बीर सामंत। मन्न लग्गे बिरुझानं ॥
रा चामँड जैतसी। राम बड़गुज्जर दानं ॥
उद्दिगबाह पग्गार। कनक कूरंभ पजूनं ॥
षीची रा परसंग। चंद पुंडीर स वन्नं ॥
महनंग मेर मोरी मनह। दोऊ बीर बग्गरि सलष ॥
देवकन कुँअर अल्हन सुबर। लषिय सोभ भुज बर विलष ॥
छं० ॥ १७ ॥

सामंतों का भगवती का ध्यान करना।

दूहा ॥ निसि चिंता सामंत सह। उद्दिग बाह पग्गार ॥
मात बीर अस्तुति करै। सक्त सु मंगन हार ॥ छं० ॥ १८ ॥
फुट्टि सरोवर नीर गय। अंब कि बंधै पालि ॥
तेमन संत पयान किय। इह भावी इह काल ॥ छं० ॥ १९ ॥

हांसी के क़िले में स्थित सामंतों के नाम और उनका वर्णन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ निड्डर बर हरसिंघ । बीर भोंहा भर रूपं ॥
बरसिंहरु हरसिंघ । गरुअ गोयंद अनूपं ॥
राज गुरू रा राम । वलीं बंभन रस बीरं ॥
दाहिम्मौ नरसिंघ । गौर सग्गर रनधीरं ॥
चालुक्क बीर सारंगदे । दई देव दुज्जन दहन ॥
सुलतान सेन संमुह भिलै । गात जु हांसीपुर गहन ॥ छं० ॥ २० ॥

चौपाई ॥ पुर हांसी दिसि दच्छिन कीनो । बीय स्हर सम्हैं अपु लीनो ॥
चक्की चवसठि जोगिनिकारी । दिसि दच्छिन उर सम्हो भारी ॥
छं० ॥ २१ ॥

कुछ सामंतो का किला छोड़ देने का प्रस्ताव करना परन्तु देवराव बग्गरी का उसे न मानना।

कवित्त ॥ उदिग गयौ निक्करै । सुतौ मरनह तें डरयौ ॥
समर स्हर निक्करै । सु फुनि अलँगे उत्तरयौ ॥
चावंड रा निक्करे । सुहड सांवला सहित्तौ ॥
गोयँद रा गहिलौत । सु फुनि निक्करै विगुत्तौ ॥
साषुलौ स्हर भोंहा सुतन । कल्ल कथ्या भारथ करै ॥
इत्तने राव गए निक्करे । देवराव क्यों निक्करै ॥ छं० ॥ २२ ॥

ए सामंत अभंग । मेर धुअ मंडल जामं ॥
सेस सीस रवि चंद । सु भुअ मंडल अभिरामं ॥
एउ टरें कोउ बेर । जोग जुग अंतर आयौ ॥
अटल एक सामंत । जुद्ध जोगा रस पायौ ॥
दैवान देव गति अलंघ है । नन गुमान कोइ कर सकै ॥
एकैक मत्त चूकै सबै । जित्ति कोइ जाइ न सकै ॥ छं० ॥ २३ ॥

कवि का कहना कि समयानुसार सामंत लोग चूक गए तो क्या।

राम चुक्क म्रग हत्यौ । सीय लिय रावन चुक्यौ ॥
हनुअ बत्त नारद । भरथ चुक्कवि सर मुक्क्यौ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विक्कम जीव जतन्न । कग्ग आमिष सुष मंडिय ॥
इंद्र अहल्ला काज । सहस भग काया मंडिय ॥
नल राय दमंती कारनें । और नाम जानौ न उन ॥
सामंत दोष लग्यौ इतौ । सतौ एक चुक्क्यौ न कुन ॥ छं० ॥ २४ ॥

देवराय बग्गरी का वचन ।

साहि मलिक साहाब । दीन जिहि द्वारैं बढ़िय ॥
जेन द्वार निक्करौ । जेन निक्करैं न कढ़िय ॥
सिर तुरक्क भ्भर पड़िहु । सहित धर जाइ सरीरह ॥
हुं सभीछ पहुचेंन । तनों निकलंक सरीरह ॥
सांषुलौ स्त्रर सामित्त छल । देवराव कटि बटि मरै ॥
ता भष्यि पुत्त बापह तनौ । ध्रम्म द्वार होइ निक्करै ॥ छं० ॥ २५ ॥

कल्हन और कमधुज्ज का वग्गरीराव के बचनों का अनुमोदन करना ।

सत छुट्टत गोयंद । सत्त सामंतन छुथ्यौ ॥
बर षीची अचलेस । धार धारह तन तुथ्यौ ॥
सत छुथ्यौ उदिग्ग । मरन डर डऱ्यौ अबाहिय ॥
सत छुट्टत नरसिंघ । लंग उत्तरि पति नाहिय ॥
मुक्यो न सत्त कमधज्ज ने । नाम बीर कल्हन न्रपति ॥
बरि कनकराव परसंग भर । दीपंतन रवि तन दिपति ॥ छं० ॥ २६ ॥

सातों भाई तत्तार खां का तलवारें बांधना और हांसी गढ़ पर आक्रमण करना ।

मुक्कत सत तत्तार । तेग बंधी सत बंध्यौ ॥
मिलि आए सुरतान । सेन गोरी ग्रह संध्यौ ॥
आनि साहि साहाब । नैर हांसीपुर चल्यौ ॥
सुन्या स्त्रर सामंत । कोन निक्करि सत डुल्यौ ॥
लच्छौ सुमंति आमत्त बर । बार बार बर बंधियै ॥
असि पच्छ कढ्ढि बंधौ सुबर । पढ़ि कुरान क्रत संधियै ॥ छं० ॥ २७ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

*चन्द्रायन॥ भषे पङ्गली मंस सस्त्र बल मुक्कई। काजी कत्य कुरान अम्म नन चुक्कई॥
तजि हांसीपुर जीव लभ्भ बंधी सही। हिंदवान गढ़ मुक्कि गहा अप्पा रही॥
छं० ॥ २८ ॥

कवित्त ॥ सजे सीस गयनंग। रह्यौ रुप्पे रन मांही ॥
सबल सेन सुरतान। परिय पारस परछांही ॥
हक्क धक्क किलकार। करै आसुर असमानं॥
गोर नार जंबूर। बान रुक्के रह भानं ॥
पावें न मझ्झ पंषी पसर। विसर नद्द बज्जे सबल ॥
सांषुली सुभर जुथ्यौ समर। उदधि मझ्झ लग्गौ अनल ॥
छं० ॥ २९ ॥

दूहा ॥ भयौ प्रात फट्टं तिमिर। मिलिघ संग तत्तार ।।
करत कूंच तुट्टे सुभर। गढ़ लग्गे चिहुं बार ॥ छं० ॥ ३० ॥

अन्यान्य सामंतों की अकर्मण्यता और देवराय की प्रशंसा वर्णन ।

कवित्त ॥ षां ततार गढ़ घेरि। ढोह बज्जे बज्जानं ॥
दो दस दिन सामंत। झूझ बज्जे परमानं ॥
पन्न पान सोवन्न। दीह तिन सूरन पाइय ॥
गयौ बीर पाहार। नाम किन सूरन साइय ॥
पारथ्थ जीत भारथ्थ सह। गोपिन रषि अपुबल तिया ॥
हथ धनुष आइ बंनर बली। सीय कज्ज अपुसह किया ॥छं०॥३१॥
असपूर तत्तार। झंझ बज्जी मग सुड्डी ॥
ईकल्लो देव क्रंन। बान अर्जुन मग बुड्डी ॥
और सबै सामंत। माहि विस्सह आलुद्धी ॥
मरन झार उद्दिग। विहार बीरा रस बंधी ॥
सांषलौ सूर सारंगदे। तिन बंधी लज्जी जगत ॥
उच्चरै सूर सामंत सौ। जेन भिरत पच्छइ मरत ॥ छं० ॥ ३२ ॥

*मूल प्रतियों में इस छन्द को चौपाई करके लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवराव बग्गरी की बीरता।

अनल मद्धि देवराज। परे पारस दघि गोरी॥
लहरि सेन बाजंत। धार झारा झकझोरी॥
बज्जि धार बिब्भार। मार मारह मुष जंपहि॥
सूर मत्त रन रत्त। कलह कायर उर कंपहि॥
लगि सार धार रुधि छंछ घुटि। सहस सूर उठ्ठहि लरन॥
आवट्टि सेन अड्डौं सु अध। अद्ध अद्ध लग्गौ भिरन॥ छं०॥ ३३॥

युद्धारंभ और युद्धस्थल का चित्र वर्णन।

भुजंगी॥ परे अद्ध अद्धं सु अद्धं अधानं। भिरै अद्ध अद्धं रहै साह थानं॥
अगे दंत पंती चले साह सूरं। प्रलै काल मानो हलै दद्धि पूरं॥
छं०॥ ३४॥
उतै पारसी मीर बोलै करारं। इतै सीस हक्कै धरं मार मारं॥
बहै सूर सूरं लगै धार धारं। मनों झल्लरी बज्जि देवं सुधारं॥
छं०॥ ३५॥
गहैं दंत दंती उपारंत सूरं। मनों भील कड्ढै गिरं कंद मूरं॥
परै पीलवानं निसानं सु पीलं। हन्यौ वज्रि सैलं सव्रष्षं कपीलं॥
छं०॥ ३६॥
बहै षग्ग धारं धरंगे निनारं। मनों चक्क पिंडं कुलालं उतारं॥
उठे स्रोन बिंदं रतं धार लग्गौ मनों लगि तिंदू प्रलै काल अग्गी॥
छं०॥ ३७॥
बहै रत्त धारं अपारं सु दीसं। मनों भद्द मभ्भ्झै बहै नहि ईसं॥
बिहूं बाह बाहै लगै सूर सूरं। मनों प्रीति हेतं मिले आय दूरं॥
छं०॥ ३८॥
बहैं जम्मदड्ढं बहै पारवारं। मनों मोष मग्गं किवारं उघारं॥
परै लुथ्थि पथ्थं उलथ्थंति पानं। मनो मीन कुद्दै जलं तुच्छ मानं॥
छं०॥ ३९॥
रजै ईस सीसं करै रुंडमालं। रमै भूत प्रेतं किलक्कंत नारं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रहै अंत गिद्धी चढ़ै गेन मग्गं। मनों डोरि तुट्टी रमै वाय चंगं॥
छं० ॥ ४० ॥

तिनं नद्द सद्दं विहंगं सुनानं। रजै ईस मानं सुरं सत्त पानं॥
भरै षेचरी पच चौसट्ठि चारी। भ्रवै भोमि श्रोनं पलं पल्लहारी॥
छं० ॥ ४१ ॥

भिरें जाम एकं अनेकं प्रकारं। परे सूर सेनं कहै कोन पारं॥
छं० ॥ ४२ ॥

देवकर्ण बग्गरी का वीरता के साथ मारा जाना।

दूहा॥ देवकन्न सुरलोक बसि। हय नर धर गज भानि॥
नाग असुर सुर नर सुरभ। बढ़ि भारथ्थ बषान॥ छं० ॥ ४३ ॥

वीर बग्गरी का मोक्ष पाना।

कवित्त॥ जीति समर देवकन। धार पति चढ्ढिय धारं॥
निगम भ्रम्म अजमेघ। द्रभ्भ थल दुज्ज अचारं॥
रथ रंभन भर थक्कि। रब्बि थक्यौ रथ लोचन॥
बंध इंद्र सर बंध। मंदु बारा रहि सोचत॥
शिव बंध सथ्थ रथ ऊर चढ़ि। भूनिग तन गौ ब्रह्मपुर॥
इह करिन काइ करिहै नहीं। करो सु को रजपूत धर॥छं०॥४४॥

देव कन्न बर बीर। धीर भर भीर अहीरं॥
चौच्यालीस प्रमाण। तुट्टि तन धार सु धीरं॥
थुति सदेव उच्चार। करै अस्तुति दै तारी॥
सिर तुट्टै धर उट्ठि। भिरन कट्टी कट्टारी॥
अरि मुष्ष गयौ चढ़ि चिंत अरि। तनु धारा हर बिंटयौ॥
कायरन जेम तज्यौ न रन। करि कुट्टा जिम कुट्टयौ॥ छं० ॥ ४५ ॥

इस युद्ध में मृत वीर सैनिकों की नामावली।

भुजंगी॥ पऱ्यौ देव कन्नं सु भूनिंग जायं। जिने वास लोकं सयं बंभ पायं॥
पऱ्यौ बीर मारू नवं कोट रायं। जिनें जूह लग्गे भुजं काम पायं॥
छं० ॥ ४६ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पऱ्यौ रानि गिरि राव बीरं पताई। जिने षान जद्दों ढहायौ षताई॥
पऱ्यौ बीर मोरी उभै बंध सथ्थं। भजे जूह संषं घली हथ्थ बथ्थं॥
छं० ॥ ४७ ॥
पऱ्यौ पंच भाई सपंचं अभंगं। ढहे जूह बैरी लगै जूह अंगं॥
पऱ्यौ सांषुला सूर नारेन इंदं। जिन जाम षेद्यौ करी दूरि दंदं॥
छं० ॥ ४८ ॥
परे राव कूरंभ पज्जून जायं। जिने लोक में लोक संलोक पायं॥
पऱ्यौ पंच पंचायनं पुंज राजं। जिने चंपि वैरी कुलिंगंति बाजं॥
छं० ॥ ४९ ॥
पऱ्यौ बग्गरी रूप नर रूप नाहं। भगी जानि मोरी तुटी जू सनाहं॥
पऱ्यौ बैर बाराह वैरी पचारं। जिने सार झारं दुझारं हकारं॥
छं० ॥ ५० ॥
पऱ्यौ गुज्जरीराव रघुबंसरायं। हयं अस्ति सस्त्रं किनं कान पायं॥
पऱ्यौ षग्ग षिची सु मंची नरिंदं। मरंतं रुजी पौमरं कित्ति कंदं॥
छं० ॥ ५१ ॥
परे इत्तने सूर भारथ्थ वित्ते। डरे सूर ते वार रिन मुंकि पत्ते॥
छं० ॥ ५२ ॥

एक सहस सिपाहियों के मारे जाने पर भी सामंतों का किला न छोड़ना।

दूहा ॥ रा देवंग रहंत रन। सहस एक बर बीर॥
तामे एक कमंध षिलि। तिन संघारिग मीर॥ छं० ॥ ५३ ॥
बाने विरद बको वहै। बंको षान अलील॥
दस सहस्र सम मीर बर। तिन लीनो गढ़ कील॥ छं० ॥ ५४ ॥
कोट मझि रजपूत सौ। तिन सझी दरबार॥
गिरद बाज चिहुकोद फिरि। मीर पीर सिरदार॥ छं० ॥ ५५ ॥

पृथ्वीराज को स्वप्न में हांसीपुर का दर्शन देना।

हांसीपुर प्रथिराज पै। चंद सुपन बरदाइ॥
धवल वस्त्र उज्जल सु तन। पुक्कारिव न्रप राइ॥ छं० ॥ ५६ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज प्रति हांसीपुर का वचन ।

हांसीपुर उच्चार बर। बीट सेन सुलितान ॥
अजहूं हूं भग्गी नहीं। करि उप्पर चहुआन ॥ छं० ॥ ५७ ॥

कवित्त ॥ उभै दीह गढ़ ओट। सस्त्र बज्जै सु बान अग ॥
अग्गबान कम्मान। सार सिंधुर अभंग जग ॥
ता पच्छै सामंत। मंत कीनौ परमानं ॥
नंषि कोट गढ़ ओट। सस्त्र लग्गे असमानं ॥
न्रिप राज अन्यौ आसौ सुन्यौ। सुपनंतर आसौ कहिय ॥
ढिल्ली न्रपत्ति ढीली धरा। ढीली ह्वै अग्गें रहिय ॥ छं० ॥ ५८ ॥

हांसी पुच्छै पहुमि। राय तुं काइन भग्गिय ॥
मो बभीष पम्मारि। तेन भू दंड विलग्गिय ॥
तिन ए रस उच्चरै। चिया छल श्रब्ब गमिज्जै ॥
जै सिर पड़ै तो जाहु। कज्ज साईं छल किज्जै ॥
सहसा परि झुझ्झै मांघुलौ। एह अचिज्ज पिष्षन रहिय ॥
देवराव सूर षंडे परिग। ताम तुरक्के संग्रहिय ॥ छं० ॥ ५९ ॥

हांसीपुर की यह गति जान कर पृथ्वीराज का घबड़ा कर कैमास से सलाह पूछना ।

दूहा ॥ सुनिय बचन प्रथिराज ने। हांसी भारथ वित्त ॥
ध्रम दुवारि निक्करि सुभर। देवराव परि षित्त ॥ छं० ॥ ६० ॥
इह भविष्य चिंतै न्रपति। भयो करुना रस चित्त ॥
रुद्र बीर अरु हास रस। ए अपुब्ब कथ वित्त ॥ छं० ॥ ६१ ॥

कवित्त ॥ सुनत राज प्रथिराज। बोलि कैमास महाभार ॥
तम मंची मंचंग। मंच रष्षन सामंत बर ॥
हयति नट्ठ गज नट्ठ। नट्ठि रधि वासह नट्ठी ॥
सोच सु नट्ठि सनेह। नट्ठ गुन विद्य अनुट्ठी ॥
त्यों सेन नट्ठ हांसीपुरह। मंत उप्पजै सो करौ ॥
कैमास मंत मंती सुमत। मति उच्चारन विचरौ ॥ छं० ॥ ६२ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ मंचि मंत कैमास कहि । राजन चित्त विचार ॥
ए सामंत अमंत मत । कोइ देवान प्रकार ॥ छं ॥ ६३ ॥ ॥

कैमास का रावल समरसी जी को बुलाने के लिये कहना।

कवित्त ॥ कहै मंचि कैमास । पास रावल जन मुक्कौ ॥
वह आहुट्ठ नरेस । बाहि बिन मंत सु चुक्कौ ॥
तुम आतुर अति तेज । और मिलिहै चिचंगी ॥
जनु प्रजलंती अग्गि । मद्धि घ्रत संचि तरंगी ॥
इस मंचि संच गिर राज दिसि । दिय पची संमर विगति ॥
दिन दिवस अवधि पंचमि कहिय । दिसि हांसी आवन सु गति ॥ छं० ॥ ६४ ॥

रावल समरसी जी का हांसीपुर की तरफ चलना।

दूहा ॥ सुनि रावर आतुर षऱ्यौ । पवन पवंग प्रमान ॥
इक सगपन साहाइ पन । लषि घर विरद वहान ॥ छं० ॥ ६५ ॥

हांसीपुर को छोड़ कर आए हुए सामंतों का पृथ्वीराज से मिलना।

कवित्त ॥ मुक्कि राज दुज दोइ । बेगि सामंत बुलाए ॥
कछुक लज्ज कछु सहमि । मिलत सिर नीच नवाए ॥
चामंड रा जैतसी । राव बड़गुज्जर कन्हं ॥
षीची राव प्रसंग । चंद पुंडीर महन्हं ॥
पज्जून कनक उद्दग पगर । दोऊ वीर बग्गर सलष ॥
दोउ कन्न कुंअर अल्हन सुबर । मिले आय राजान भर ॥ छं० ॥ ६६ ॥
मिलिग आय गोयंद । नरे नरसिंघ महाभर ॥
रेनराइ उद्दिग्ग । विरदपागार बाह बर ॥
सूर सूर संग्राम । समर सामल अधिकारिय ॥
मिलत राज प्रथिराज । दिये आदर बर भारिय ॥
हम कज्ज लज्ज तुम सीस पर । एह बत्ति मन मत धरहु ॥
देवान गत्ति न्त्रिम्मान मति । भइय बत्त चित्त न धरहु ॥ छं० ॥ ६७ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ कहिय सूर राजन सुनहु। तिहि जीवन अप्रमान ॥
पति धर अरियन संग्रहै। तौइ न छंडै प्रान ॥ छं० ॥ ६८ ॥

पृथ्वीराज का सब सामंतों को समझा बुझा कर सांत्वना देना।

कवित्त ॥ इक्क वार सुग्रीव। त्रिया तारा नन रष्षिय ॥
इक्क वार पारथ्थ। चीर पंचत चष दिष्षिय ॥
इक्क वार स्रियपत्ति। जमन अग्गों धर छंडिय ॥
इक्क बार सुत पंड। भोमि छंडिय वन हिंडिय ॥
तुम सूर नूर सामंत बल। कलह कथ्थ भारथ करन ॥
सुरतान पान मोषन ग्रहन। महनरंभ बंछहु मरन ॥ छं० ॥ ६९ ॥
बोलि राज सामंत। कहिय तुम जुद्धनि अज्जर ॥
चंद्रसेन पुंडीर। राइ रामह बड़गुज्जर ॥
बोलि कन्ह नर नाह। बोलि चहुआन अताइय ॥
अचल अटल हरसिंघ। बोलि बरनं बर भाइय ॥
पज्जूनराव बलिभद्र सम। लोहानौ आजांन बर ॥
सजि सेन ताम चल्लहि न्रपति। उदधि जानि हल्लिय गहर ॥
छं० ॥ ७० ॥

पृथ्वीराज का सामंतों के सहित हांसीपुर पर चढ़ाई करना।

कोलाहल कलकलिय। रत्त द्रिग बयन रत्त किय ॥
कहिय सूर सामंत। मंत नीसान सद्द दिय ॥
राजन सो कुल जुद्ध। राव न सुनै अप कन्नह ॥
देस भंग कुलअंत। होंइ नहिं देषत धन्नह ॥
प्रथिराज राज तामंक तपि। करि प्रयान हांसी दिसह ॥
नग नाग देव द्रिगपाल हलि। मनु भारथ पारथ रिसह ॥
छं० ॥ ७१ ॥

पृथ्वीराज के हांसीपुर पर चढ़ाई की तिथि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ तिथि पंचमि चहुआन चढ़ि । अति आतुर बर बीर ॥
बर प्रधान षावास बर । इह सह परिगह तीर ॥ छं० ॥ ७२ ॥

सुसज्जित सेना सहित पृथ्वीराज की चढ़ाई का आतंक वर्णन ।

पद्धरी ॥ सजि चल्यौ सेन प्रथिराज राज । मानहुँ कि राम कपि सीय काज ॥
सामंत नाथ कटि तोन धारि । मानो कि पथ्थ गौ ग्रहन बार ॥
छं० ॥ ७३ ॥
रगतैत नैन भ्रकुटी कराल । मानो कि ईस त्रयनेत्र ज्वाल ॥
बंकुरिय मुंछ लगि भौंह आनि । मानो कि चंद बिय किरन बानि ॥
छं० ॥ ७४ ॥
चिहुफेर सूर विच चाहुआन । मानो निषत्र परि परस मान ॥
सजि सिलह सूर अँग अंग थान । मानो कि मुकुर प्रतिब्यंब जानि ॥
छं० ॥ ७५ ॥
करि करी अग्ग रज रजत दंत । मानो कि जलद पँग बग्ग पंति ॥
उभ्भारि सुंड गज लैहि बीर । मानो कि ब्यंब अहि मरुत मौर ॥
छं० ॥ ७६ ॥
मद झरहि पाट बरषंत दान । मानो कि धराहर धार जानि ॥
तिन मत्त कीच हय कलत लार । मानो कि भद्र कद्रव मझार ॥
छं० ॥ ७७ ॥
धर स्याम सेत रत पीतवंत । मानो कि अभ्भ पल्लव सुभंत ॥
चमकंति अनिय दामिनि समान । बाजंत वज्र घनघोर बान ॥
छं० ॥ ७८ ॥
उच्चरहि बृंद कवि मोर सोर । पप्पीह चीह सहनाय रोर ॥
ठनकंत घंट सादुरनि नद्द । मानो कि भद्र दादुर सबद्द ॥
छं० ॥ ७९ ॥
दिसि विदिसि धुंध मुंदियग भानि । तिथ्रंम इंद्र बिय इंद्र जानि ॥
बरषंत धार चढ़ि व्योम मंत । तिन उड़िग रेन विच कीच मंत ॥
छं० ॥ ८० ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिन कलहि पंषि पावै न ठौर। उप्पमा कौन जंपौस और॥
कलमलिय नाग परि कमठ भार। हलहलिग दंति द्रिग मंत सार॥
छं०॥ ८१॥
रय षरहि स्हर अप अप्प मान। मानो छयन्न कुलटा मिलान॥
सिर लग्गि व्योम हय षरहि राज। मानो कि कपिय गिरि द्रोन काज॥
छं०॥ ८२॥
पत्तौ जु राज हांसीति थान। सजि सूर सेन दीने निसान॥
छं०॥ ८३॥

रावल का चहुआन के पहिलेही हांसीपुर पहुंच जाना।

दूहा॥ चढ्यौ राज प्रथिराज बर। सुनि चिचंगी भीर॥
बर हांसी सामंत सह। बीटि षान बर बीर॥ छं०॥ ८४॥
कवित्त॥ इन अग्गै बर बीर। समर हांसीपुर पत्तौ॥
रन रत्तौ रन सु। ध्रम्म अध्रम्म विरत्तौ॥
चतुरंगनि बर सज्जि। बीर चतुरंग सपत्तौ॥
कूंच कूंच उप्पार। दीह चौ पंच सु जत्तौ॥
सु बर राव रावल समर। अमर बंध जत अमर जत॥
आवाज बढ़ी तब मीर बर। सेन संझ हांसी बिरत॥छं०॥८५॥

समरसी जी के पहुंचते ही यवन सेना का उनसे भिड़ पड़ना।

दिसि पति पति पत्तीय। मेर लजपत्ति सु धारी॥
सबर सत्त जंपन सु। वीर किति सम बर चारी॥
ब्रह्म रूप जीति न सु। ब्रह्म आहुट्ठ सपन्नौ॥
लघ्यौ रूप तत्तार। रंक लभ्भै वित मन्नौ॥
लगि ऊक सूकरस पियन बर। छुधा क्रोध लगि बीर रस॥
बर भिरन षान षुरसान दल। बल प्रमान षोलीति अस॥
छं०॥ ८६॥
डिट्ठ ढाल ढलकंत। समर चतुरंग रंग रन॥
बंधि फवज्ज सुबीर। बीर उचरंत मंत मन॥
हरवल षान ततार। करै करवलति षुरेसी॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुंड समर लगि नहीं। आनि बंधी बल गंसी ॥
मुष रुक्क मेलि मारु महन। नाहर राव नरिंद तन ॥
सावंग समर दिसि दिसि षिनह। सुभर जुद्ध मच्यौ गहन ॥
छं० ॥ ८७ ॥

समर सिंह जी की सिपाहगीरी और फुरतीलोपन का वर्णन।

महन रंभ आरंभ। समर बंधीत समर बर ॥
अमर नाम बर अमर। मुंकि सामंत लल्लैभर
पुर हांसी बर पत्त। पूर दच्छिन दच्छिन बर ॥
मिले सूर कर वर करूर। बंधीति सिरी सर ॥
बंधि सनाह विलगे समर। करि भर घाइ अपुब्ब भर ॥
हक्कारि सूर पच्छिम परिय। वज्र मेर बज्जे सुभ्भर ॥ छं० ॥ ८८ ॥
तमकि वीर चिचंग। बाज उप्पर बर नंषिय ॥
मनहु कंस सिर वज्र। चिल्ह उप्पर धर पंषिय ॥
सथ्थ सूर सामंत। हथ्थ किरवान उभारिय ॥
मनहुं चंद विय व्योम। परिग रारिय चमरारिय ॥
घरि च्यार धार धारह ररिय। भरिय नरेनर चित्तरिय ॥
औसरिय सेन अध कोस क्रम। कलह केलि ऐसी करिय ॥
छं० ॥ ८९ ॥

यवन और रावल सेना का युद्ध वर्णन।

रसावला ॥ दोऊ (१)रूर वद्दं, उडीरेन जद्दं। निसी जानि भद्दं, वहै वान सद्दं॥
छं० ॥ ९० ॥
सुकै गज्ज मद्दं, वहै षग्ग जद्दं। सुभै रथ्थ हद्दं, नचै वीर बद्दं ॥
छं० ॥ ९१ ॥
बजै षग्ग सद्दं, घटा बज्जि भद्दं। षमंजाल पद्दं, प्रलै अग्गि नद्दं॥
छं० ॥ ९२ ॥

(१) को. सूर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिसूली अनद्दं, बजै घाय रुद्दं । जनौं घट्ट बद्दं, कहं जोग सद्दं ॥
छं० ॥ ९३ ॥
मगी मुक्ति हद्दं, षगं सोर षद्दं । उभ्रं ताप उद्दं, कवीचंद चंदं ॥
छं० ॥ ९४ ॥
सुभै रथ्थ हथ्थं, ... । रसं रोस भानी, भ्रमं सेन दानी ॥
छं० ॥ ९५ ॥
जकी जोग माया, चितं जोग पाया । ...., ... ॥ छं० ॥ ९६ ॥

समरसी जी की वीरता का बखान।

कवित्त ॥ ॥ कै छुट्टा मदमोष । सिंघ छुट्टा पल काजैं ॥
कै तुट्टा बयवाज । बीच कोलिंग बिराजै ॥
कै रस संका छुट्टि । वृषभ दोइ छुट्टि विलुड्डा ॥
लज्ज रतन विषग्गंत । उभै रंकहु आलुड्डा ॥
बर सेन उररि निसुरत्ति षां । दइ दुवाह उप्पर परी ॥
चित्रंगराव रावर समर । सुबर जुद्ध एतौ करी ॥ छं० ॥ ९७ ॥

समरसी जी के भाई अमरसिंह का मरण।

मिलिग घाइ अघघाइ । समर धायौ जु समर बँध ॥
धार धार तन उघरि । गयौ सुर लोक रंभ कँध ॥
षठ सु पंच अरि ढाहि । पंच मिलि पंच प्रपत्ते ॥
दइ दुबाह रन अमर । अमर भौ बोलन जत्ते ॥
हर हार कंठ आनंद मध । सुनि सँग्राम दुभार बन ॥
दुअ हथ्थ दरिद्री द्रव्य ज्यों । रह्यौ पिष्षि तं चिय नयन ॥
छं० ॥ ९८ ॥

युद्ध स्थल का चित्र वर्णन।

*मोतीदाम ॥ जु रुप्यौ रन रावल मंझ अनी। सु मनों ससि मंडल भ्रू अधनी॥

* छन्द मोतीदाम चार जगण का होता है। रासो में भी तथा और जगह चारही जगण का मोतीदाम माना गया है। परन्तु यह छन्द चार सगण का है। भाषा के प्रचलित दो एक पिंगल ग्रन्थों में इस प्रस्तार का छन्द ही नहीं मिला अतएव इसका नाम वैसाही रहने दिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बजि षग्ग उनंगत षंग बजै। घरियारन के सुर मंझ लजै॥
छं० ॥ ९९ ॥
गज षग्ग उड़ंतह मुत्ति भरै। तिनकी उपमा कविचंद करै॥
मनि मै ग्रह रत्ति प्रनार चली। जल जावक नागिनि पौरि हली॥
छं० ॥ १०० ॥
कढ़ि हथ्थर हथ्थ सु हथ्थ परी। तिनकी उपमा कविचंद धरी॥
मुष से सहँते जल धार धसी। निकसी जुद्द एक प्रबाह गसी॥
छं० ॥ १०१ ॥
छित रावर भारथ राज धनी। कहि भग्गिय षान ततार अनी॥
छं० ॥ १०२ ॥
अरिल्ल* ॥ षां ततार सुनि बैन नैन सोयं। लज्जे करी बर भग्गा जे भानं॥
ओटं जिन कोटह सुद्दर। लै दस्तिक कर चुंमि तुंड डट्ठी बट्ठी कर॥
षां षुरसान ततारं। भंजि भंजे सुर सुब्भर॥ छं० ॥ १०३ ॥

यवन सेना की ओर से तत्तार खां का धावा करना।

कवित्त ॥ बाज नंषि तत्तार। बाजि षुरतार बज्जि षग॥
पंच अग्ग सौ मौर। संग धाए पयान मग॥
जुद्ध कथ्थ कर हिंदु। तूल जिम बाय उड़ाइय॥
मेर लाज पज्जून। सत्त साइर वर धाइय॥
घरि एक झिंझ बज्जी सकल। बर उप्पर पावार करि॥
निट्ठ करि षान तत्तार कढ़ि। हिंदुमेछ लहिये अपरि॥छं०॥१०४॥

घोर युद्ध वर्णन।

पद्धरी ॥ बर लुथ्थ लुथ्थि आलुथि पलथ्थ। नचि प्रेत नाद बीरं ततथ्थि॥
नारद नद निस सुनि सभीर। सारद सिद्ध तिन तत्त बीर॥
छं० ॥ १०५ ॥
चौसट्ठि घाइ सह स्हर संचि। पंच पचीस काबंध नंचि॥

* यह छन्द वास्तव में कोई छन्द नहीं है। इस की प्रथम पंक्ति साटक छन्द की वृत्ति के समान है। दूसरी गाथा की, तीसरी उल्लाला की और चौथी रोला की है। इस से मालूम होता है कि यहां के कई एक छन्द नष्ट हो गए हैं, उनका कुछ शेषांश मात्र रह गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बजि घाइ सद्द सद्दीन हद्द। सुनि ईस सद्द नंदी अनद्द॥
छं० ॥ १०६॥

सत पंच मुक्कि तरवार बूब। तत्तार गात अरवार हूब॥
बँधि चाल चाल उचाल पाव। षगवाह विहथ्थन सूर लाव॥
छं० ॥ १०७॥

तन बंधि संग सो लोह कढ्ढि। मानो कि समुद्द जल मीन चढ्ढि॥
उठि छिंछ रकत तीरत्त भाइ। मानो पलास बन फुल्लि नाइ॥
छं० ॥ १०८॥

बर बुभ्भिभ्भ साहि कर वज्र वाय। रुधि पियत [1]भीम साम्मन्न काय॥
उतमंग हक्क धर नच्चि धाव। झम वहै षग्ग की विज्ज लाव॥
छं० ॥ १०९॥

दूहा॥ अनुध जुद्ध हिंदू तुरक। भय अनादि जमनूत॥
इन ततार संमुष अनी। उतै समर अवधूत॥ छं० ॥ ११०॥

रसावला॥ धार धारं चढ़ी, बोलि बीरं बढ़ी। षग्ग [2]झालं जढ़ी, लोह दूनो कढ़ी॥
छं० ॥ १११॥

दून बानं गढ़ी, बीर जै जै पढ़ी। लथ्थि लुथ्थं बढी, हथ्थ दो दो चढ़ी॥
छं० ॥ ११२॥

जोग माया रढ़ी, जुद्ध देषै ठढ़ी। देवि रथ्थं चढ़ी, पुप्फ नंषै गढ़ी॥
छं० ॥ ११३॥

उत्तमंगं बढ़ी, अंत तुट्टी कढ़ी। ईस देषै ननं, [3]पुत्तनं रंजनं॥
छं० ॥ ११४॥

सूर कढ्ढै इसं, बान कढ्ढी जिसं। .... छं० ॥ ११५॥

इसी युद्ध के समय पृथ्वीराज का आ पहुंचना।

दूहा॥ षोड़स इक पंचह सुभर। समर परिग संग्राम॥
नव घट्टी अंतर परिग। सुत सोमेस सु ताम॥ छं० ॥ ११६॥

कवित्त॥ मद्धि पहर विप्पहर। समर सामंत जुद्ध मिल्लि॥

(१) ए.-भूमि। (२) ए.-जालं।
(३) को. कृ.-पुत्ततं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवनि नीच करि नीच। जुद्ध संग्राम सार झिलि॥
विमुष न भौ परि बंध। जुद्ध सामंत सूर मिलि॥
अनी एक करि मेर। धाइ अरि जुट्टि षग्ग षुलि॥
षुरसान षान दल ठेलि बर। चच्चर सी चौरंग बजि॥
थिर भए सूर रथ दिषत पर। कायर चलि जंगम प्रहजि॥
छं० ॥ ११७ ॥

भुजंगी॥ कढ़े लोह सूरं करूरंति तायं। चले सस्त्र हथ्थं न चालंत पायं॥
मिलै हंस हंसं चलै अस्व कैसें। जनों नीधनी नार पिय अग्ग जैसें॥
छं० ॥ ११८ ॥

ननं डोलि चित्तं मरंनंति सूरं। छिया कुंभ चितं चलै हथ्थ जूरं॥
प्रतंग्या प्रमानं समानं न सूरं। बुझै पंच पंचं ननं दीप दूरं॥
छं० ॥ ११९ ॥

तुट्टै सिप्परं टूक सा टूक सथ्थ। कला चंद्र राहे उभै भूप तथ्थैं॥
कलै निक्कऱ्यौ बार सन्नाह फुट्टै। तिनंकी उपम्मा कवीचंद जुट्टैं॥
छं० ॥ १२० ॥

मनो केतकी पल्लवं व्रत्त जुट्टी। रची राह भेदं दुहुं [1]अंग फुट्टी॥
लगे धार धारं दुधारं प्रहारं। बरं काइरं भास चित्तं विचारं॥
छं० ॥ १२१ ॥

करं मीडि दूनों सिरं धुन्नि जत्ती। मनौं मष्षिका जाति पच्छै सुरत्ती॥
सुमिचं कपी आनि लंबालिजायं। उपंमा इनं की ननं भूलि पायं॥
छं० ॥ १२२ ॥

बजी झंझ लग्गे असम्मान सीसं। उठे पंच दह दून धावंत दीसं॥
नही मानवे दानवे नाग लोयं। कह्यौ बाहु भारथ्थ जिम पथ्थ जोयं॥
छं० ॥ १२३ ॥

परे संमरं शूर षट्टंति पंचं। लगे धार धारं भए रंचरंचं॥
सबै धाव सामंत सूरं प्रकारं। पऱ्यौ बग्गरी रा चल्यौ धार धारं॥
छं० ॥ १२४ ॥

(१) ए.-अगग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भरं राज प्रथिराज पंचास पंचं। गयौ राव चावंड रंढीरि अंचं ॥
॥ छं० १२५ ॥

अमर की वीर मृत्यु और उसको मोक्ष प्राप्त होना।

कवित्त ॥ पर्यौ अमर षावास। ग्रिद्ध संमुह उड्डावै ॥
बल घट्टै तन घट्टि। कित्ति घट्टी नर जावै ॥
स्वामि विमुष नह भयौ। स्वामि कारज तन भग्गौ ॥
साम दान अरु भेद। दंड तीने पथ लग्गौ ॥
ब्रह्मपुर स्वामि सेवक सु भ्रम। गयौ मोह माया सु पश ॥
जग हथ्थ राइ सुर लोक बसि। सत्ती जुग्ग भारथ्थ कथ ॥
छं० ॥ १२६ ॥

अमर गयौ पुर अमर। देवि घर घरह उछवि करि ॥
रचिय भोग आरंभ। देव भूषन सुरंग बर ॥
बर बरु करि भग्गरी। सौ कि रानी पुक्कारी ॥
धूप दीप साषा सु। पुहप दुष्ष्ह उच्छारी ॥
तन पवित्त भ्रम भ्रन धन्न तन। गौ सुरलोक अचिज्ज नह ॥
अघ रोकि न्रपति जोवन्न वर। पग्ग मग्ग षुरसान लह ॥
छं० ॥ १२७ ॥

पृथ्वीराज के पहुंचते ही शाही सेना का बल ह्रास होना।

कुंडलिया ॥ जै कित्ती रत्ती उभा। मुगत सुरत्ती पान ॥
चाहुआन बल बढ़त बर। बल घट्यौ सुरतान ॥
बल घट्यौ सुरतान। साहि भौ पूरन चंदं ॥
राज न्रपति बियचंद। बीर बीरं रस मंदं ॥
विधि विधान निरमान। षान दिष्षिय तिहि बतहय ॥
इन पंचौ संग्रहै। राज पट्टियत जैतिजय ॥ छं० ॥ १२८ ॥

पृथ्वीराज का यवन सेना को दबाना।

दूहा ॥ जै बट्टी जै जै सकल। पीलँ तन धरि ढाल ॥
बल गोरी बल संग्रहै। ज्यों चंपै बर काल ॥ छं० ॥ १२९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज्यों चंपै बर काल गुन । हर चंपै विष कंद ॥
रबि चंपै किरनावली । ज्यों चंपैत नरिंद ॥ छं० ॥ १३० ॥

रावल और चहुआन की सम्मिलित शोभा वर्णन ।

अरिल्ल ॥ बर संभरि चहुआन निवासं । उत चित्रंग नरिंदह सासं ॥
फिरि गोरी पारस अधिकारी । मनो चंद बद्दर बिच सारी ॥
छं० ॥ १३१ ॥

दूहा ॥ राजत बीर शरीर गति । छिति मिच्छिति बर राज ॥
मनहु भूप भूआल कौ । बर बसंत रितराज ॥ छं० ॥ १३२ ॥

रणस्थल की वसंत ऋतु से उपमा वर्णन ।

कवित्त ॥ बर बसंत बर साज । स्त्रर लग्गा चावद्दिसि ॥
रत्त रुधिर समरंग । छित्त राजै अट्टत्त बसि ॥
फेरि ग्रह्यौ सुरतान । चंद बध्यौ उड़गन बर ॥
निस नछिच ज्यों प्रात । सेन दिष्यौ जुमंच बर ॥
नर गिरहि भिरहि उट्ठहि लरत । षट षट्टंति न सुभट घट ॥
पाहुनौ सुभट गोरी कियौ । दाहिम्मै चावंड थट ॥ छं० ॥ १३३ ॥

दूहा ॥ सु चिय हार सम परि सुथिर । यों सुबरे संमेत ॥
सार धार बर देषियै । सार प्रहारन प्रेत ॥ छं० ॥ १३४ ॥

मुख्य मुख्य वीरों के मारे जाने से शाह का हतोत्साह होना ।

कवित्त ॥ गुरज उभ्भ तिय तेग । तोन बिय सत्त सुरंगं ॥
छह कमान सर सहस । लोह सौ बीर अभंगं ॥
ए तुट्टै बर अंग । तोन थक्का सुर थानं ॥
अंग अंग निरमलौ । कित्ति सारथी सु आनं ॥
तिहि परत गयौ गोरी न्रिपति । परत षान चौसट्ठि धर ॥
तिन जंपि चंद बरदाइ बर । नाम जु जू ए सब बिबरि ॥छं०॥१३५॥

यवन सेना के मृत योद्धाओं के नाम ।

चिभंगी ॥ वर षांन ततारं, झोरिय डारं, नेह उधारं, परिषानं ॥
.... ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हबसी षट बंधं, जम गुन संधं, रति रन रंधं, आरुद्धं ॥
असि बर बर झारी, षान प्रहारी, कुंत कटारी, बर बंधं ॥
छं॥ १३६ ॥

गोरी धर काले, शस्त्र न झाले, अंग विहाले, परि छीनं ॥
सर बीरति भारे, परि रस सारे, बजि धर धारे, धर ईनं ॥
महनंसिय मेरं, परि धर घेरं, जुग परिसेरं, षुरसानं ॥
षुरसानत षानं, चौसठि थानं, रन पति पानं, चहुआनं ॥छं०॥१३७॥

उन रंग अट्टत्तं, गुन गुर तत्तं, साइय मंतं, पढ़ि देनं ।
.... ॥
उड़ि साइक छूरं, नभ तक रूरं, धरि परि जूरं, धर पूरं ॥
.... ॥ छं० ॥ १३८ ॥

झल्लारे गग्गं, ओड़न तग्गं, मन मत पग्गं, पैं नग्गं ।
जानिय किन कालं, बजि रन तालं, मीर सु हालं, अति अंगं ॥
प्रारथ्य सुगत्ती जस रथ जुत्ती, जल कंद षुत्ती, रन षुत्ती ॥
अभिमान डकारं, बजि रन सारं, जगत उभारं, जम कंत्ती ॥
छं० ॥ १३९ ॥

झोरी परि लीनं, छित रस भीनं, रन दुहु दैनं, करि दैनं ॥
.... ॥
दैवत्त सु रत्तं, मन करि गत्तं, कर हित सतं, रन गत्तं ॥
.... छं० ॥ १४० ॥

धर धर धर तुट्टै, असि रन जुट्टै, तन आहुट्टे, मति षुट्टै ॥
नव जोग समानं, दोवर षानं, पति सन मानं, बर फुट्टै ॥
इन छूर समानं, देवन जानं, रन अभिमानं, भड़ भग्गा ॥
मोहन्नी भग्गा, तन षग लग्गा, जुगति सु जग्गा, प्रति लग्गा ॥
छं० ॥ १४१ ॥

यवन वीरों की प्रशंसा।

कवित्त ॥ षूब षान आकूब । षूब मारू षिति मारू ॥
षूब वेर तत्तार । षूब मंडी षिति तारू ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षूब षान षुरसान। षूब जा भारथ षंडै॥
षूबर गोरिय सेन। जेन भग्गापग मंडै॥
अदिहार साह गोरी सुबर। सुदिन राज प्रथिराज बर॥
तित्तने परे भोरी धरे। सुबर बीर बीरं सु रर॥ छं०॥ १४२॥

हिन्दू पक्ष की प्रशंसा।

बलि भट्टी महनंग। गरूअ गब्बह गज्जिय धर॥
इन लरंत सामंत। साहि चढ्यौ दिल्लिय पर॥
जोगिन पुर जोगिंद। आदि चच्चर चौरंगी॥
इंद्र जोग जुध इंद्र। इंद्र कल इंद्र अभंगी॥
नग नग नरिंद नग बर सजहि। रजहि सेन सामंत सह॥
नंषयौ कोट आसी पुरह। सुबर बीर लग्गे मगह॥ छं०॥ १४३॥

सामंतों का वीरतामय युद्ध करना।

लगे मग्ग सामंत। अंग नंचे चच्चर रन॥
इक्क मंत आमंत। इक्क देषै धावत घन॥
महन मंत आरंभ। रंभ लग्गा चावद्दिसि॥
एक सस्त्र बरषंत। एक बरषंत बीर असि॥
जोगिंदराइ जग हथ्थ तुअ। सुबर बीर उप्पर करन॥
कललंकराव कप्पन विरद। महन रंभ मच्चौ सुरन॥ छं०॥ १४४॥

युद्धस्थल का वाक् चित्र दर्शन।

भुजंगी॥ महं रंभ आरंभ सारं प्रकारं। नचै रंग भैरूं ततथ्थे करारं॥
तहां पत्तयौ तत्त चिचंग राजं। मनों गज्जियं देव देवाधि साजं॥
छं०॥ १४५॥
महा मंत मंतं सु तंतं हकारे। मनों बीर भद्रं सु भद्रं डकारे॥
झनक्कंत षग्गं उपम्मा निनारी। मनो बीज कोटी कलासी पसारी॥
छं०॥ १४६॥
दुहुं बाह बीरं सहस्सं भुजानं। कहै कौन कब्बी बलं जा प्रमानं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसं तार तारं जिते तार वग्गे। मनो मानही देव मा देव भग्गे॥
छं० ॥ १४७॥

बहै बाह बाहं करारेति तथ्थं। परे रंग चंगं अरथ्थी सरथ्थं॥
नचै बीर पायं झनक्कंत षग्गं। मनो तार बज्जे सु देवाल अग्गं॥
छं० ॥ १४८॥

करें कंस कंसी बजे जानि नैनं। इसे सार सों सार बज्जै स घैनं॥
उनंके उनाही गुमानं न भग्गें। करी षान षुरसान षुरसान मग्गें॥
छं० ॥ १४९॥

बहै बान कम्मान आवत्त तेजं। लगे अंग अंगं रहै नाहि सेजं॥
सुरं धीर धीरं धरे पाइ अग्गं। मनो चच्चरी जानि आवत्त नग्गं॥
छं० ॥ १५०॥

ढिलै अंग अंगं परै बथ्थ ढारे। मनों लग्गियं च्यार ज्यों मत्तवारे॥
उभै बीर बाहै सु बोलै प्रचारै। सहै अंग अंगं दुधारे दुधारै॥
छं० ॥ १५१॥

इते च्यार चारं सु देषे प्रकारै। चव्यौ सूर सूर मध्यान मझारे॥
छं० ॥ १५२॥

घोर युद्ध उपस्थित होना।

गाथा॥ मध्यानं बर भानं भानं। तेजाय सूरयो (१)मुष्षं॥
चच्चर सी चवरंगं। उच्चारं मत्तयो बेनं॥ छं० ॥ १५३॥

भुजंगी॥ चरं चारि मतं सजे सूर सूरं। नमो डंबऱ्यौ भान उग्यौ करूरं॥
दुअं बीर धाए सु चौहान मोरी। मनों षेत षड्डै किसानंत फ्तोरी॥
छं० ॥ १५४॥

कहें हक्क बाजी विराजंत लक्खे। सुभें दंग लग्गे जु पावक्क प्रक्खे॥
दुअं सेन हक्कें विहक्कंत न्यारैं। बकै जानि दंदं सु बंदी पुकारैं॥
छं० ॥ १५५॥

(१) ए.-सुष्षं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रनं रंग रत्तं विराजै सु भूमी। मनों मंगलं पुत्त की आनि रूमी॥
उडै हंस हंसं द्रुमं डाल ढालं। मनों नाग मध्यं बरें अग्गि चालं॥
छं० ॥ १५६ ॥

रती रत्त अग्गे मुगत्ती ज रत्ते। मनों मान ईसे नमं देवदत्ते॥
भए नेन ऐसें द्रिगं देव जैसे। .... ॥ छं० ॥ १५७ ॥

परे गज्ज बाजी परे रथ्थ छीनं। महा मंत मत्ती लगे लोह पीनं॥
छं० ॥ १५८ ॥

पृथ्वीराज के वीर वेष और वीरता की प्रशंसा।

कवित्त ॥ प्रथीराज गज सहित। तेग बंकी सिर धारिय॥
घनह कोर बिय चंद। बीर उज्जली सुधारिय॥
सेन चमर सम भिंजि। रही लट एक समिज्जिय॥
स्याम सेत अरु पीत। अंग अंगन हत दग्गिय॥
कज्जलन कूट तें उत्तरहि। चिय नंदी संग्राम तिथ॥
चिचंग राव रावर चवै। सुबर बीर भारथ्थ कथ॥ छं० ॥ १५९ ॥
भारथ्थह चहुआन। समर रावर सम गोरिय॥
विध विधान निरमान। उभै भारथ्थ स जोरिय॥
भारथ्थां पारथ्थ। समर रावर प्रथिराजं॥
मेर मद्धि सायर समद्धि। बड्ड गिरि राजं॥
जित्ति कित्ति पन सांइ सों। भिरन करन बीरत्त गुर॥
चामंडराइ दाहर तनौ। भारथ्थां लीनी सुधर॥ छं० ॥ १६० ॥

पृथ्वीराज के युद्ध करने का वर्णन।

भुजंगी ॥ धरा भ्रम्म भारी सु लीनी नरिंदं। मनों मेनिका देव जुद्धं सुकंदं॥
कमड्डं हँकारे हकें हाक बज्जी। कहै सीर भारी उदै मीर रज्जी॥
छं० ॥ १६१ ॥

सनक्कंत बानं भनक्कंत षग्गं। मनो बीज के बाल अभ्यास जग्गं॥
दुहुं दीन दीनं चहुव्वान गोरी। हड्डूत षेलंत बालक्क जोरी॥
छं० ॥ १६२ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नियं भ्रम्म देहं इकं अंग जान्यौ। जिनें मुक्ति कौ रूप अंगं पिछान्यौ॥
गजं दंत कट्टै करै सस्त्र भारी। तिनै पच्छ तारी दियै हथ्थ तारी॥
छं०॥ १६३॥

उदै इंद कट्टै रबी कोर मानं। इसे षग्ग तेगं भमक्कै प्रमानं॥
पटे हथ्थ झारे उतारे निनारे। मनो सारसी हथ्थ कीने चिकारे॥
छं०॥ १६४॥

उड़ै सद्द बानं विवानंत रुक्कै। तिनं मारुतं सद्दगं मद्द सुक्कै॥
छबी छब्बि रत्तं उड़ै छिंछ भारी। मनो मत्त मेघं बरष्षै करारी॥
छं०॥ १६५॥

परं नाग नागं हलै नाग जानं। तहां संगमं मान आवै न पानं॥
छं०॥ १६६॥

युद्ध का आतंक वर्णन।

कवित्त॥ सगन संग आवइ न। नाग भिंजै नागिन रुधि॥
परे नाग हलहलिय। नाग भागै कमठ्ठ सुधि॥
मननि सीस मुक्कयौ। इहै दंपति विचारै॥
तिहिन संग आवै न। संग नागन हक्कारै॥
घरि एक भयौ विभ्रमत मन। बहु रिस हार सिंगार किय॥
नव रस विलास नव रस सुकथ। राज उट्ठि संग्राम लिय॥छं०॥१६७॥

कवि कृत वीर-मत-मुक्ति वर्णन।

सोइ सँग्राम सोइ साम। सोई विश्राम मुगत्ती॥
सोइ सदेव समदेव। ताह अच्छरि रस मत्ती॥
जु कुछ मुकति तिन ग्रसिय। सार बज्जे नह अंगं।
ग्रसिय जनं किय अग्गि। जोग जुट्टे घन जंगं॥
विन जोग विरह भारथ्थ विन। सूर भेइ भेदै न कोइ॥
पारथ्थ पंच पंचौ सुबर। गयौ सूर भेदेव सोइ॥ छं०॥ १६८॥

वीररस प्रभात वर्णन।

भुजंगी॥ चढ़े ज्वान अष्षं नषं काम रंगं। परे पल्लभा राइ मभ्भे सुरंगं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चढ़े कोतरं कोक कोकं पुरानं। रबी तेज भग्गी सची चार पानं॥
१६९॥ छं०॥

मुदे स्रर ससिं सरोजं पुहप्पं। गयं मुद्दितं पच्च आरद्द अप्पं॥
कमोदंत मोदं घरं वै प्रमानं। तहां काइरं सो सदिष्षं तथानं॥
छं०॥ १७०॥

प्रफुल्लंत बीरं चकं चक्क थानं। इकं मुक्ति बंछै इकं सामि पानं॥
चिया कंत बंछै वियोगी सँजोगं। रनं स्रर बंछै अछी अच्छ भोगं॥
छं०॥ १७१॥

भई सिंहरेनी बरं दीह ऐसें। मनो संधि बालं विराजंत जैसें॥
दुहुं सेन बज्जे निसानं दुरत्ते। तहां पंष पंषी रहे थान जत्ते॥
छं०॥ १७२॥

दुवं सेन बेनं निबंती प्रकारं। दोऊ बीर छेड़े तजे बाज सारं॥
बिना नींद पानी बिना अन्न धारं। रहे एक हिंदू सहिंदान सारं॥
छं०॥ १७३॥

भषै मेच्छ बाजी रनं जे करारे। तके बीर कज्जी बिना अग्गि सारे॥
भषैं मंस चोरं धिगं जा प्रकारं। इसी रैंन बित्ती दुहुं दीन भारं॥
छं०॥ १७४॥

उरब्बीति मीरंत वारंति षानं। हसे रंग रंगं रसं बीर पानं॥
इसी रेन दोऊ गई नट्ठि नट्ठी। गई कायरं कट्टु स्ररंत मिट्ठी॥
छं०॥ १७५॥

कवित्त॥ रही रत्ति आरत्ति। तत्त लग्गी परिमानं॥
जुद्ध जूह सुरतान। मंच कीने परिमानं॥
भान पयानन होइ। लोह जित्ते पायानं॥
सार धार निरधार। सार उद्धार समानं॥
षुरसान षान तत्तार रन। दिसि रत्ती रत्तीत अप॥
भारथ्थ कथ्थ भावै भवन। सुबर बीर बीरंत जप॥ छं०॥ १७६॥

प्रातःकाल होते ही दोनों सेनाओं का सन्नद्ध होना।

दूहा॥ बर भग्गी जग्गीति निसि। दोऊ दीन परमान॥
बंचि सिपारे तीसचव। करि निवाज सुरतान॥ छं०॥ १७७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रभात वर्णन।

कवित्त ॥ क्रम उघरीय किपाट। चौर भग्गंत रोर तनु ॥
चक चक्की जंमिलहि। उघरि सत पच भत्त जनु ॥
भ्रंग भृंगि सम भ्रमहि। बज्जि मारुत सौरभ चलि ॥
गय उड़गन ससि घटिय। बढ़िय आकास किरनि कर ॥
सेंविधि सुरंग व्यापार घन। रवि रत्तौ मुष दिष्षयौ ॥
भासकर सहसकर क्रंमकर। नवकर कमुद विसष्षयौ ॥
छं० ॥ १७८ ॥

कंठभूषन ॥ कंठय भूषन छंद प्रकासय। बारह अच्छरि पिंगल भासय ॥
अठ्ठय संजुत मत्त प्रमानय। कंठयभूषन छंद वषानय ॥छं०॥ १७९ ॥
उग्गि रतं रत अंमर भासय। भानु सुदेव दिवालय थानय ॥
पाप हरै तन क्रम्म प्रगासय। कौ जम तात जमुन्नय भासय ॥
छं० ॥ १८० ॥
तात करन्नय पूरन पूरय। बंध कर्मोदनि को मत सूरय ॥
बंध जवासुर ग्रीषम थानय। अर्क पलासन काम विरामय ॥
छं० ॥ १८१ ॥
कौ सुनि तात सनी सर सूरय। भास करं करुना मति पूरय ॥
है कर सस्तुति भाष प्रकारय। तारय नाथ दिनं मति तारय ॥
छं० ॥ १८२ ॥
हैवर ओष करं गिर पारय। मानहुं देव दिवालय साजय ॥
भंजन कुंज अस्सुव्रत षंडय। सो धरि ध्यान धरंत विचंरय ॥
छं० ॥ १८३ ॥
एक घरी धरि ध्यान स दिष्षिय। मुक्ति स लच्छिय संपन अष्षिय ॥
छं० ॥ १८४ ॥

सूर्य्य की स्तुति।

कवित्त ॥ सरद इंद प्रतिब्यंब। तिमर तोरन गयंद घर ॥
ब्रह्म विष्णु अंजुल। उदंत आनंद नंद हर ॥
इक्क चक्र चिहुं दिसै। चलत दिगपाल तुंग तन ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कमल पानि सारी अरुन। संसार जियन जन॥
उड्ड ंग बीर छच्छव पवन। निरारंभ सम्नह सुमुष॥
कविचंद छंद इम उच्चरै। हरो मित्त दोइ दीन दुष॥ छं० ॥१८५॥

सूरवीर लोगों का युद्ध उत्साह वर्णन।

दूहा॥ सो ऊगत मंगी सु कर। कढ़े लोह करि छोह॥
दै दिवान देवत्त गति। हाइ हाइ रति रोह॥ छं० ॥ १८६॥
कवित्त॥ हाइ हाइ .... । .... अरिष्ट गरिष्टं॥
चाहुआन सुरतान। बीर भारथ्थ वरिष्टं॥
दै दुवाह अति धाह। षग्ग षोलै छिति तोलै॥
सस्त्र बीर बाजंत। देव देवासुर डोलै॥
डक्कनि डहक्कि जोगनि लसय। लसै लोह देवर धसै॥
चामंडराय दाहरतनौ। राज ध्रम्म चित्तं बसै॥ छं० ॥ १८७॥

सामंतो की रणोद्यत श्रेणी का क्रम वर्णन।

उहू दिसा सामंत। अद्ध उभ्भै दुहुं पासं॥
रा चामंड जैतसी। सलष लूरिवा सुवासं॥
लोहानौ आजान। बलिय पाँवार सभारिय॥
दै दिवान देवत्त। वर्ज लैहै अधिकारिय॥
महनसी मेर पच्छै न्रपति। मुगति हथ्थ कट्टी निजरि॥
दैवत्त वाह दैवत्त गति। सुबर बीर ठट्टे उसरि॥ छं० ॥ १८८॥

यवन सैनिकों का उत्साह।

* सौ मीरन संगमति। वज्जि नीसान षेत रहि॥

---

* मालूम होता है कि या तो यहां के कुछ छन्द नष्ट हो गए हैं या क्रम में कुछ गड़बड़ पड़ गया है। छन्द १६८ से छन्द १८९ तक जो क्रम वर्णन है, उसके आगे युद्ध सम्बन्धी वीररस के छन्द होने चाहिएं। तिस के वाद मृतकों की संख्या या युद्ध की प्रशंसा इत्यादि होनी चाहिए। परन्तु छन्दों के खंडित होने के सिवाय हमारे विचार से छन्दों का लौट फेर भी हुआ है। छन्द १४३ से लेकर छन्द १५८ तक का पाठक्रम उधर बेसिलसिले पड़ता है। इसलिये संभव है बज कि प्राचीन समय में खुले पत्रे पर पुस्तकें लिखी जाती थी लेखक की असावधानी से गड़बड़ हो गया हो। परन्तु पाठ क्रम में तीनों प्रतियां समान होने के कारण हमने कुछ लौट फेर करना उचित न समझ कर केवल यह टिप्पणी मात्र दे दी है। पाठक स्वयं विचार कर देखें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हय गय नर विच्छुरै। रुद्र भौ बीर बीर नह॥
निस वर वर उम्भरहि। भूत प्रेतन उच्छव सिर॥
बज्जि घाव हक्के। त्रिघाव चौसट्ठि रंभ बर॥
नारद्द नद्द सद्दह सुभर। बीरभद्र आनंद भर॥
इहि भंति निसा सुर सुंदरी। भर हर हर बज्यौ सुभर॥छं०॥१८९॥

युद्ध का अक्षम आनन्द कथन।

भय विभात लगि गात। रत्त रत्तं रन मत्यौं॥
हिंदवान तुरकान। जुद्ध अंबर अंगत्यौं॥
अगति मग्ग पाइन। सुगत्ति मारग बहु चल्ल्यौ॥
अस्वमेद बहु दान सस्त्र। सम एक न षुल्ल्यौ॥
स्वामित्त धरम कीनौ जु इम। मन उछाह अच्छे रहसि॥
ना करी कोइ करिहै न को। करौ सु कौ रवि चक्र गसि॥छं०॥१९०॥

दूहा॥ चक्र चरित सोमंत ग्रसि। निज निवर्त नग नाम॥
चाहुआन सुरतान सौं। बजि ऐसी असि ठाम॥ छं०॥ १९१॥

युद्ध में मारे गए वीरों के नाम।

कवित्त॥ गयौ षान तत्तार। पऱ्यौ पुर सानति षानं॥
पऱ्यौ हिंदु वर रूप। भीम परि परि रन भानं॥
पऱ्यौ भट्टि बलिभद्र। मान परिमान न मुक्यौ॥
पऱ्यौ जंगलीराव। बीर दहिमा दल रुक्यौ॥
अजमेर जोध जोधा परिग। पर किल्हन बन बीर बँध॥
उप्पारि षान हुस्सेन लिय। चढ़ि अच्छरि मोरै सु कँध॥
छं०॥ १९२॥

तत्तार खां का मनहार होकर भागना।

दूहा॥ इन परंत तत्तार गौ। ग्रब्ब सु नंष्यौ साहि॥
लज्ज ग्रब्ब भै मै दुऱ्यौ। जस सु जोति बल नांहि॥छं०॥१९३॥

खेतझरना होना और लाशों का उठवाया जाना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ गौ ततार तजि रन । पहार हुंव्यौति समर बर ॥
बजि निसान आवत्त । जीति षुरसान सूर भर ॥
उप्पारिग सामंत । बीस तिय डोल प्रमानं ॥
डोला तेरह तीस । समर उप्पारि समानं ॥
दल जल जिहाज रावर समर । धजा किति उड्डी फहरि ॥
हय गय सु लुट्टि षुरसान दल । होइ फकीर छुट्टंति फिरि ॥
छं० ॥ १६४ ॥

युद्ध में मृत वीरों के नाम।

परिग षान षावास । गौर हांसीपुर धारी ॥
परि प्रताप सागर । नरिंद रन सूर विभारौ।
पऱ्यौ कद्दै चंदेल । पऱ्यौ राजा नव भानं ॥
परि मोरी महनंग । जंग जीते जुग जानं ॥
पाँवार परिग पूरन्न पहू । पहर एक भारथ्थ करि ॥
केसर नरिंद केसर बलह । तेग चित्ति कीरति लहरि ॥
छं० ॥ १६५ ॥

दूहा ॥ जीति समर भारथ्थ बर । न्रिप सम करि जुध ताम ॥
ढुंढि षेत भारथ्थ परि । कहि कविंद्र तिन नाम ॥छं०॥१६६॥

कवित्त ॥ जंगलवै बर मग्गि । भग्गि तत्तार सपन्नौ ॥
परिग सुभर प्रथिराज । जैत बंधव सलषन्नौ ॥
परिय पुत्त महनंग । सिंघ नाहर नाहर हर ॥
कन्ह पुत्त दुति कन्ह । चंद रघुवंस चंद बर ॥
नरसिंघ पुत्त हरसिंघदे । परिग सु किल्हन राम तन ॥
बीरम्म बीर माल्हन परिग । मल्हन वास विरास मन ॥
छं० ॥ १६७ ॥

हांसी युद्ध सम्बन्धी तिथि वारों का वर्णन।

हांसीपुर दिन सत्त । तीय बासर अग्या बर ॥
घाव बांधि भर सुभर । ठेलि दुज्जन प्रवाह धर ॥
वार सोम सत्तमी । राज प्रथिराज सँपत्तौ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भर रष्षवि अरि भंजि। मिलिय रावल रन रत्तौ ॥
सामंत रष्षि भारथ्थ जिति। गवन रष्षि नन राज अंग ॥
बर मिल्लि समंद सलिता सुबर। जलन देषि एकह सुमग ॥
छं० ॥ १९८ ॥

रावल और पृथ्वीराज का दिल्ली को जाना।

जौति षान तत्तार। पारि हांसीपुर नीरं ॥
जौति समर भिरि समर। रुधिर रत लत्त सरीरं ॥
प्रथु सामत प्रथिराज। सुने सामंत सु कथ्थं ॥
जथ्थ कथ्थ अरि करिय। डोलि नन स्हर सु रथ्थं ॥
छलि कै अमंत मुक्कै न बल। तजि हांसी सम्हौ भिरिय ॥
रुंधयौ चक्र जुग्गिनि सु बर। बीर बीय संमुह फिरिय ॥
छं० ॥ १९९ ॥

दूहा ॥ ढिल्ली सह सामंत सथ। अमर सुक्रत ढिग थान ॥
समरसिंघ रावर सुभर। ग्रह लै गौ चहुआन ॥ छं० ॥ २०० ॥

रावल का दिल्ली में बीस दिन रहना।

भावभगति बहु विद्धि करि। हम लज्जा तुम भीर ॥
इक्क अरी कमधज्ज गिनि। इक सहाबदी मीर ॥ छं० ॥ २०१ ॥
बालुक्का सड्यौ समर। और विध्वंस्यौ जग्ग ॥
उभै बत्त पुब्बै बहुत। फेरि उन्हाई अग्गि ॥ छं० ॥ २०२ ॥
दिवस पंच मनुहारि करि। पहुँचायो चिचंग ॥
बीस अश्व गज पंच सजि। दै पहुँचाए रंग ॥ छं० ॥ २०३ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके द्वितीय हांसीपुर जुद्ध नाम बावनमों प्रस्ताव सम्पूर्णम् ॥ ५२ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ पज्जून महुवा नाम प्रस्ताव लिष्यते।

(तिरपनवां समय ।)

कविचन्द की स्त्री का पूछना कि महुवा युद्ध क्यों हुआ।

दूहा ॥ सुक्क सुकी सुक संभरिय । बालुक कुरंभ जुद्ध ॥
कोट महुव्वा साह दल । कहौ आनि किम रुद्ध ॥ छं० ॥ १ ॥

कविचन्द का उत्तर देना।

कवित्त ॥ गयौ साह गज्जनैं । हारि कूरँभ षग झट्टिय ॥
सब लुट्टे गजबाजि । हेम मानिक नग बट्टिय ॥
अति उर लग्गिय दाह । हारि कूरँभ सम लड्डिय ॥
सह बालूक कमंध । उभय पज्जून सकिड्डिय ॥
अष्षैव ताम तत्तार बर । करौ कूंच उत्तं गहर ॥
महुवा दिसान चंपै धरा । बीर पजून सु बंधि बर ॥ छं० ॥ २ ॥

खुरसान खां का महुवा पर आक्रमण करना।

दूहा ॥ पठयौ षान ततार बर । कोट महुवा थान ॥
षा निसुरति रूमों नदी । बर कीनों अगिवान ॥ छं० ॥ ३ ॥
कियो कूंच गोरी गहर । सहर महुव्वा थान ॥
षां षुरसान षुरेस षां । पाइल लष्ष प्रमान ॥ ॥छं० ॥ ४

शाही सेना का वर्णन।

कवित्त ॥ चढ्यौ साह सुरतान । षान षोयौ फिर ढूंढ़न ॥
सम कूरँभ चहुआन । धरा मोह अब मंडि रन ॥
लष्ष एक असवार । सहै बानह सम बारुन ॥
पाइक अयुत चिपंच । संग तत्तार सु धारन ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बलिराइ जेम दानव बलिय। तेम प्रकारन मड्डि मढ़॥
उड़गन कि चंद तत्तार दल। इम घेर्यौ मोहब्ब गढ़॥ छं०॥५॥

निड्डुर का पृथ्वीराज के पास दूत भेजना।

दूहा॥ रष्पन गढ़ थानौ नृपति। बहु दिन बीर पजून॥
पठये दूत्त सु राज पै। निड्डुर मन साऊन॥ छं०॥ ६॥
दूत कहिय दारुन षबर। फौज साह सुरतान॥
पारस राका दल प्रबल। कोट महूवा षान॥ छं०॥ ७॥

राजा का दरबार में कहना कि महूवा की रक्षा के लिये किसे भेजा जावे।

सित्त सु मत्तह सूर बर। सकल लरन सुरतान॥
को अगिवान सु किजियै। जुद्ध महूवा थान॥ छं०॥ ८॥
फौज दिष्षि चहुआन की। सबै सूर रनधीर॥
मड्डि राज प्रथिराज पति। हाहुलिराव हमीर॥ छं०॥ ९॥

सब लोगों का पज्जून राय के लिये राय देना।

नेज बाज नीसान सजि। चढ़ै सकल सामंत॥
कूरँभ बिन को अंग में। अनी लष्य हैमंत॥ छं०॥ १०॥
कवित्त॥ पुच्छि राज प्रथिराज। समर रावर अधिकारिय॥
को ढुंढारह राइ। षग्ग मग्गह संभारिय॥
मोसें बोलि नरिंद। (१)सैन दै नैन मिलाइय॥
ए कूरंभ नरिंद। साह सम राह सु ग्राहिय॥
बोलयो जाम जद्दों सुबर। चिचंगी रावर सुभर॥
इन सम न कोइ कूरंभ बर। बीर न को रबिचक्क तर॥छं०॥११॥

पज्जून राय की प्रशंसा।

इन जित्तौ जंगलू। षेदि कढ्यौ तत्तारिय॥
बद्ध पुच कै वार। जुद्ध अरियन सिर भारिय॥

(१) कृ. को.-'सैन दै नैनानि लाहय'।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन भेहरा पै जाय । षेदि कढ्यौ बालुक्की ॥
इन गिरिनार पजाइ । लियौ छौंगा चालुक्की ॥
इन नंषि षोदि आबू सिषर । अजै बीर अजपाल हित ॥
केवरा बीर केवर हतिग । करै बीर आनंद षिति ॥ छं० ॥ १२ ॥
इन पंगानों बीर । बाद षोषंद पहारिय ॥
इन देवग्गिरि जुरिग । बंधि मोहिल जुध धारिय ॥
इन जालौरय जाय । दई भाटीं महनंसिय ॥
बंधि जोध अजमेर । बैर भंज्यौ मलअंसिय ॥
प्रथिराज राज सनमान दिय । ढिल्लिय धर अविचल धरा ॥
संग्राम सूर कूरंम ढिग । नको बीर बीरंमरा ॥ छं० ॥ १३ ॥

पृथ्वीराज का पज्जून राय को जागीर और सिरोपाव देकर आज्ञा देना ।

दूहा ॥ मानि राज प्रथिराज बर । समर मिलिग पज्जून ॥
बर हांसी हिंसार दिय । गढ़ दीने दह दून ॥ छं० ॥ १४ ॥
कवित्त ॥ दीने छच मुजीक । सत्त नीसान चोर बर ॥
रतन हेम हय गय । सभूह आदर अनंत भर ॥
सुधर बीर अति धीर । कन्ह कल्हन बुल्लायौ ॥
अप्पि मह्लवा लाज । बाजि बर बीर चढ़ायौ ॥
सुरतान साह गोरी चढ़िग । षां ततार अगिवान करि ॥
उतऱ्यौ सिंधु अरु विहथ बिच । मीर सुसान गुमान धरि ॥
छं० ॥ १५ ॥
दूहा ॥ सगुन सरभ्भर सुभ असुभ । जिह्वा जहर मुनिंद ॥
षलं साह कारन करन । नह पुच्छयौ नरिंद ॥ छं० ॥ १६ ॥

पज्जून की प्रतिज्ञा ।

कवित्त ॥ सुनि ततार बर बीर । तोन बंध्यौ गोरीय झुकि ॥
दैवकाल उपज्ज्यौ । छित्ति छचीन रहै लुकि ॥
अति आतुर पतिसाह । हम स हिंदु सामंता ॥
ज्यौ रोजा सों झुकि । वहथ छंडै जुधवंता ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कूरंभ सकल बरबंधि कैं। हौं बंधन गोरी करौं॥
महुवा सु दिसा चंपी धरा। सुबर बीर कित्ती धरौं॥ छं०॥ १७॥

पज्जूनराय और शहाबुद्दीन का मुकाबिला होना।

दूहा॥ षरिग सहाब महुव्व धर। दिल्ली दछिन छंडि॥
पहुंच्यौ तहां पजून पै। आनि सु भारथ मंडि॥ छं०॥ १८॥

युद्ध वर्णन।

बिराज॥ सुरत्तान गोरी, कढ़ी तेग जोरी। पजूनं सपुत्तं, मलैसिंह जुत्तं॥
छं०॥ १९॥
भिरै बीर बीरं, बजे सद्द तीरं। भजै कोटि धारी, बयन्नं करारी॥
छं०॥ २०॥
करं कुंत हल्लैं, महाबीर बुल्लै। मलैसिंह हथ्थं, दिषै कोटि सथ्थं॥
छं०॥ २१॥
रुधिं धार धारं, बहैं ज्यों प्रनारं। स्वयं बीर बीरं, महामत्त तीरं॥
छं०॥ २२॥
जिनै मुष्ष पानी, झुलै षग्ग बानी। उठे उट्ठि धावै, मनं मत्त भावै॥
छं०॥ २३॥
छुटै बीर वीरं, रुलंते सरीरं। कहै चंद बानी, उमाते प्रमानी॥
छं०॥ २४॥

पज्जून राय की वीरता।

दूहा॥ भीर सु भंजत बीर बर। चढ्यौ भान मध्यान॥
जे कूरंभ करै सु भर। देव मनुष्ष प्रमान॥ छं०॥ २५॥
धंनि सुकृत पज्जून कौ। मलयसिंह वलिभद्र॥
स्वामि सद्द बंधन हसहि। कट्टन भीर नरिंद॥ छं०॥ २६॥
त्रिभंगी॥ कूरंभा बाले, सिंधुर टाले, असिमर झाले, झुभझाले॥
षानं मुलतानं, से षुरसानं, तन तुरकानं, भय भानं॥
गजदंत सु कट्टैं दै पग चट्टैं, कंद उकट्टैं, भिल्लानं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

*नरजे बल कारी, सुर बर सारी, उत्तम चारी, बल धारी ॥
छं० ॥ २७ ॥

यवन सेना का भाग उठना ।

कवित्त ॥ भग्गौ दल षुरसांन । षान पीरोज उपारे ॥
षूब षान आकूब । षूब सिर तेग प्रहारे ॥
मारूराव नरिंद । पारि पष्षर परिहारी ॥
दुवै अंग बलिभद्र । घाव दुअ अंग विचारी ॥
षट वार चढ़ायौ षित्त में । जै बज्जा घन बज्जया ॥
प्रथिराज भाग जं जं जियै । कूरंभराव सु रज्जया ॥ छं० ॥ २८ ॥

पज्जून राय की प्रशंसा ।

प्रथीराज साहन समूह । दल मिलिग मुहल्लै ॥
तिनह दलह रावत्त । डरै डगमगैं न डुल्लै ॥
संभरि राव नरेस । फिरे पिछवाह न दिष्यौ ॥
नलह बंस नल बर । नरेस दस दिसि दल रष्यौ ॥
गहि सेल सकुंजर सिर हयौ । भर भंजन जग डग्ग सुअ ॥
पज्जून महुव्वै जीति रन । जैत पच कूरंभ तुअ ॥ छं० ॥ २९ ॥

पज्जून राय का दिल्ली आना और शाह का गजनी को जाना ।

दूहा ॥ जीति महुव्वा लीय बर । ढिल्ली आनि सु पथ्थ ॥
जं जं कित्ति कला वढ़ी । मलै सिंह जस कथ्थ ॥ छं० ॥ ३० ॥
गयौ साह फिरि गज्जने । बहु दल रिन में कढ्ढि ॥
उभै हारि असि पति लही । उर अति रोस अचढ्ढि ॥
छं० ॥ ३१ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके पजून महुवा जुद्ध नाम त्रेपनों प्रस्तावः संपूर्णम् ॥ ५३ ॥

* इस छन्द का बहुत कुछ अंश लोप हो गया मालूम देता है पाठ में भी बहुत भेद पड़ता है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ पजून पातसाह जुद्ध प्रस्ताव लिष्यते।

(चौवनवां समय।)

और सामतों को महुवा में छोड़ कर पज्जून का नागौर जाना।

कवित्त ॥ रष्षे कन्ह नरिंद। सलष रष्षे बड़ गुज्जर ॥
उद्दिग बाह पग्गार। साह साईं भुज पंजर ॥
रष्ष निड्डुर बीर। बीर रष्षे सु पवारं ॥
किल्हन दे तूंअर। उतंग किल्लन सिर सारं ॥
पज्जून महौबे जीति बर। पुच रष्षि वलिभद्र बर ॥
तिय बंध मलैसी पल्हसी। सुवर चित्त चिंता सुभर ॥ छं० ॥ १ ॥

दूहा ॥ ए सब रष्षि पजून संग। दै सांई सिर भार ॥
बर नागौर सु रष्षिया। झिल्लन सार प्रहार ॥ छं० ॥ २ ॥

मनहीन शाह का गजनी को जाना और पजून राय को परास्त करने की चिंता करना।

कवित्त ॥ गयौ साह गज्जनै। तज्जि मौहब महत्त सम ॥
उभै हारि सिर धार। छंडि हय गय प्राक्रम भ्रम ॥
बढ़िय दुःष घटि सुष्ष। संझ छायारु प्रात फुनि ॥
गयौ साह पन एम। पाग बंधों कूरंभ हनि ॥
पठ्ठये दूत नागौर दिसि। संभरि आषेटक स पुह ॥
श्रीफल सु आनि आसेर गढ़। दिसि जुग्गिनिपुर गंम तह ॥
छं० ॥ ३ ॥

धम्मायन का गजनी को समाचार देना।

दूहा ॥ चल्यौ राज दिल्ली दिसा। मुर धर सुभर सु रष्षि ॥
धम्माइन काइथ कुटिल। कग्गद गोरी लिष्षि ॥ छं० ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोरी पै गय दूत बर। षान 'साहि सुरतान॥
बर कूरंभ चरिच दिषि। धर नागौर प्रमान॥ छं० ॥ ५॥

शहाबुद्दीन का मंत्री से पज्जून राय के पास दूत भेजने की आज्ञा देना। इधर सेना तय्यार करना।

कवित्त॥ कहै साहि साहाब। अहो तत्तारषान सुनि॥
धर नागौर प्रमान। थान पज्जून रष्षि फुनि॥
संभरिवै जहों दिसान। आसेर सु हिंडिय॥
व्याह विनोद सुरंग। न्रपति देवास समंडिय॥
फुरमान लिषौ कूरंभ तन। गहिय मान फिरि कढ़िहौं॥
कै पाइ आइ पतिसाह गहि। कै बंधिरु वपु षंडिहौं॥ छं० ॥ ६॥

पद्धरी॥ लष तीन मीर अवसान सज्जि। चहुआन धरा कामना किज्जि॥
दस सहस करी मत्त प्रमान। आषाढ़ सु गज्यौ मेघ जानि॥
छं० ॥ ७॥

पाइक्क सहस चौसह चिअच्छ। दह घाव इक्क टारंत स्वछ॥
सावद्द वेध साइक्क मग्ग। दिष्षेव साइ बंधंत षग्ग॥ छं० ॥ ८॥

साइक्क साइ बर हने तीर। असि वरहु पंच कटि बाज बीर॥
सिंगिनिय उभै बर धार दीस। गुन चढ़त तेन बर टंक बीस॥
छं० ॥ ९॥

कूरंभ दीसा फुरमान लष्षि। सिर ताव भाव बहु बैन अष्षि॥
फुरमान लिष्षि सुरतान बीर। मुक्कले दूत नागौर तीर॥छं०॥१०॥
पज्जून तेगबर छंडि हथ्थ। कै मंडि जुद्ध सुरतान सथ्थ॥
छं० ॥ ११॥

यवनदूत का नागौर पहुंचना।

दूहा॥ गयौ दूत नागौर धर। जहं कूरंभ बर बीर॥
सम सहाब संमर करन। आयो जोजन तीर॥ छं० ॥ १२॥

पज्जूनराय का हँसकर निधड़क उत्तर देना।

(१) ए.-सहित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ हँसि पज्जून नरिंद। कहै सुरतान साह बर ॥
जीव डरै लख्खवै। सो न कूरंभ होहि नर ॥
सो न होहि रघुबंस। तेग छंडैं मरनं डर ॥
हम छंडैं जब तेग। सूर उग्गै न दीह पर ॥
चल्लै न पवन गंगा थकै। गवरि तजै बर ईस बर ॥
पज्जून नाम कूरंभ मो। साहि जान चिंता न कर ॥ छं० ॥ १३ ॥
कहैं राज पज्जून। बीर कूरम्भ चेत बर ॥
हम सलाह सुरतान। हम सु रष्षें ढिल्लिय धर ॥
हम रवि मंडल भेदि। जाम लगि सत्त न छंडैं ॥
षंड षंड धर ढारि। सीस हर हार सु मंडै ॥
सुरतान सुनिब चिंता न करि। मंडि जौति नागौर दिसि ॥
कूरंभ अचल लज्जा सुभर। मेर जेम करतार कसि ॥ छं० ॥ १४ ॥

दूत का गजनी जाकर शाह से पज्जून राय का संदेसा कहना।

दूहा ॥ गयौ दूत गज्जन पुरह। दिय दुवाह सुरतान ॥
भग्गि अवर चक्कित सुभर। कूरँभ तजै न मान ॥ १५ ॥

शहाबुद्दीन का कुपित होना।

कवित्त ॥ तमकि साहि सुरतान। षान तत्तार बुलायौ ॥
हम सुषान जंगली। जुद्ध चहुआन चलायौ ॥
षोषंदा बर बाद। मारि गम्मार सु जित्तौ ॥
डूंगोरी साहाबदीन। लोकह परि लित्तौ ॥
पज्जून सुनबि सामंत सम। आय पाय सुरतान परि ॥
कै अप्पि कोट नागौर तजि। कै सु साहि सनमुष्ष लरि ॥
छं० ॥ १६ ।

इधर नागौर में किलेबन्दी होना।

दूहा ॥ पुच्छि कन्ह बलिभद्र बर। मलैसिंह दुअ बंध ॥
चलहिं साह संमुह लरन। लज्जह काँवरि कंध ॥ छं० ॥ १७ ॥
बर पज्जून बरज्जिया। न्रपतिन ढिल्ली ढाइ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को रष्षै ढुंढा रहा। उभै पूत सँग लाइ॥ छं० ॥ १८॥
तात सु अग्या मानि बर। साजि कोट नागौर॥
सकल सूर सामंत मनि। मरन सरन किय और॥ छं० ॥ १९ ॥

पज्जून राय की बीर व्याख्या।

कवित्त ॥ सकल सूर सों कही। बीर कूरंभ उचारिय॥
न रहै तन धन तरुनि। किरनि वेताइन चारिय॥
वापी कूप हषम्म। सरित सर बर गिरि जैहैं॥
मठ मंडप बर कोट। कोटि पाषंड सचै हैं॥
अप कित्ति कित्ति जैहै न जग। रहै मग्ग षिची सुबर॥
पज्जून द्रढ्ढ नागौर गहि। साधन सार समग्ग कर॥ छं० ॥ २० ॥

यवन सेना का नागौर गढ़ घेर कर नोल चलाना।

पद्धरी ॥ सुरतान घेरि नागौर गढ्ढ। मानो कि मड्डि प्रक्कार मढ्ढ॥
भर बाज करिय पावस पमान। मानो नषिच मधि एम जान॥
छं० ॥ २१ ॥
सावाति भांति चिहुं दिसा लग्गि। अंजनी सुतन दै लंक अग्गि॥
गोला अवाज दस दिसा घोरि। बंधनह पाज कपि करिय सोर॥
छं० ॥ २२ ॥
दस दिसा षान गढ़ बंटि दीन। अप अप्प ठौर चौकीस कीन॥
चव लष्ष मीर नाषित प्रमान। घेऱ्यौ सु मड्डि पज्जून भान॥
छं० ॥ २३ ॥

राजपूत सेना का घबड़ाना और पज्जूनराय का उसे धैर्य्य देना।

कवित्त ॥ घेरि साह नागौर। पंति मंडी सु पंति पर॥
दैव काल सामंत। सत्त छूटंत बीर बर॥
पथ गोपी लुट्टई। बहित बारह सत लुच्यौ॥
दुर्जोधन बल बंधि। सिंधु बंधी जल लुच्यौ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जानयौ सत्त सुरतान बर। सकल सूर सामंत डर॥
जंपै सु चंद कूरंभ जस। प्रथीराज जित्तौ सु भर॥ छं०॥ २४॥

पज्जून रु बलिभद्र। बोलि कूरंभ करारो॥
सत छुट्यौ नहि साह। सत्त मो सत्तह सारो॥
उदिग बांह पग्गार। सुनहु सामंत सबाहौ॥
सक्क फौज गोरी। नरिंद पंती गज गाहौ॥
पंचीस पंच नह अग्गरौ। फेरि काल फुनि फुनि परौ॥
जं करो सब्ब सामंत मिलि। बोल रहै जुग उब्बरौ॥ छं०॥ २५॥

पज्जून राय का यवन सेना पर रात को धावा मारना।

तेग तमकि पक्करिग। सकल सामंत सूर बर॥
पंच बंध कूरंभ। कोटि रष्षे पहार भर॥
उघ्घारिय गढ़ पौरि। अद्ध निसि बीर सु तत्ते॥
रत्तिवाह करि चाह। कूर करि सूर सपत्ते॥
राजाधिराज सामंत सर। तमकि तमकि तेगं कसी॥
ससिपाल जोति ज्यों लज्ज फिरि। कूरँभ आनन में बसी॥
छं०॥ २६॥

मुसलमान सेना के पहरुओं का शोर मचाना और सेना का सचेत होना।

विराज॥ बसी मुष्ष लज्जी, सिला धूर रज्जी। दिसा उत्तरायं, सु बीरं पठायं॥
छं०॥ २७॥

कियं कूच मंचं, हलालं अनंतं। लगे लोइ चौकी, मनो नारि सौकी॥
छं०॥ २८॥

दुअं इक्क यीयं, भजे पुट्ठि दीयं। चढ़े पान षानं, समंझी गुरानं॥
छं०॥ २९॥

सबै सेन धायौ, धषं जैति नायौ। मजूनं सपूतं, मिलै सिंह जूतं॥
छं०॥ ३०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नषे कोट पाटं, हुऔ जोट थाटं। कटे कोट डेरा, कियं साह घेरा॥
छं० ॥ ३१ ॥
मसंदं हजारं, ग्रहे तेग सारं। सुरत्तान पायौ, सनंमुष्ष धायौ॥
छं० ॥ ३२ ॥
सबै सूर सज्जी, मँडे जानि पज्जी। षुले षग्ग राजी, बलीभद्र साजी॥
छं० ॥ ३३ ॥
भुजं ओट कोटं, पहारंति जोटं। मुषं सुष्ष आई, सहस्सा दिषाई॥
छं० ॥ ३४ ॥
जकी जोग माया, हरी रूप पाया। तुटै अंग अंगं, विभंगं चिभंगं॥
छं० ॥ ३५ ॥
छनंकेति तीरं, परं वज्र श्रीरं। पयं पल्ह धायौ, सुरत्तान आयौ॥
छं० ॥ ३६ ॥
मिलै सिंह साहं, विवंधो विवाहं। उड़ै चाल टोपं, ति कूरंभ कोपं॥
छं० ॥ ३७ ॥

दूहा ॥ इक ओर बीरम्म बर। कियौ गहम्मह सूर॥
परि सुरतानह उप्परै। अति आतुर गति क्रूर॥ छं० ॥ ३८ ॥

हिन्दू और मुसल्मान दोनों सेनाओं का युद्ध।

षा षुरमान ततार तब। सुनिय कूह दल सथ्थ॥
सहस बीस गष्षर लियें। आयो बीर समथ्थ॥ छं० ॥ ३९ ॥
नंषि पाट पज्जून रिन। पत्ते गष्षर कोट॥
सहस बीस गष्षर मसँद। लग्गि करी जम जोट॥ छं० ॥ ४० ॥

दोनों में तलवार का युद्ध होना।

कवित्त ॥ सहस बीस गष्षर गुराय। तत्तार षान रहि॥
नव दूनं कटि बाज। बीर बलिभद्र हथ्थ बहि॥
मुररि सुररि मारूफ। बान कम्मानति (१)नग्गी॥
मुक्कि बान कम्मान। तेग कड्ढी सालग्गी॥

(१) कृ. को.-भग्गी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बजि घाइ निघाइ अघाय घट। बर बसंत जिम दिष्षि भर॥
फुल्लै सु जानि केहू सुरंग। यौ दीसै बर बीर नर॥ छं०॥ ४१॥

१३ पृथ्वीराज का शिकार खेलते हुए आगे बढ़ना। ,,
१४ पृथ्वीराज का गहन बन में पड़ाव पड़ना। ,,
१५ कैमासादि सब सामन्तों का रात्रि को राजा के पहरे पर रहना। १२०६
१६ एक प्रहर रात्रि रहने से शिकार किए जाने की सलाह। ,,
१७ कन्ह का रात्रि को स्वप्न देखना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और साथियों से कहना कि सबेरे युद्ध होगा। १२०६

१८ स्वप्न का फल। १२०७

१९ सबेरे कविचन्द का आशीर्वाद देना और राजा का स्वप्न कथन। "

२० राजा के स्वप्न का फल। १२०८

२१ कन्ह के ज्ञानमय वचन। "

२२ पृथ्वीराज का सेना सहित शिकार करना, बन की हकाई होना। "

२३ बन में खर भर होतेही एक भूखे सिंह का निकलना। १२०९

२४ सिंह का वर्णन। "

२५ सिंह का कन्ह के ऊपर झपट कर वार करना। "

२६ कन्ह का सिंह का सिर मसक कर मार डालना। १२१०

२७ कन्ह के बल और उसकी वीरता की प्रशंसा। "

२८ अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर सामन्तों सहित राजा का आगे कूच करना। "

२९ कूच के समय पृथ्वीराज की फौज का आतंक वर्णन। १२११

३० पृथ्वीराज का भीमदेव के पास एक चुल्लू भेजना। १२१२

३१ चन्द का भीमदेव के पास जाकर युक्तिपूर्व्वक कहना कि पृथ्वीराज अपने पिता का बदला लेने को तय्यार है। "

३२ भीमदेव का उत्तर देना कि मैं भी उसे दंड देने को प्रस्तुत हूं जो मेरे संमुख आवे। १२१३

३३ चन्द का भीमदेव के दर्बार से कुपित होकर चला आना। १२१४

३४ भीमदेव का अपने भाट जगदेव को चन्द के पास भेजकर अपनी तय्यारी की सूचना देना। १२१४

३५ जगदेव बचन। "

३६ चन्द बचन। "

३७ जगदेव का चन्द का रूखा उत्तर सुनकर भीमदेव के पास फिर जाना। १२१५

३८ पृथ्वीराज का निढ्ढुर को युद्ध का भार सौंपना। "

३९ निढ्ढुर का पृथ्वीराज को भरोसा देकर स्वामिधर्म की प्रशंसा करना। "

४० निढ्ढुर का कन्हराय की प्रशंसा करना। "

४१ पृथ्वीराज का निढ्ढुर को मोती की माला पहनाना। १२१६

४२ निढ्ढुर का सेना की तय्यारी करके स्वयं युद्ध के लिये तय्यार होना। "

४३ पृथ्वीराज का कन्ह को पवाई पहिनाना। "

४४ कन्ह का युद्ध में अपने रहते हुए सोमेश्वर के मारे जाने पर पछतावा करना। "

४५ निढ्ढुर का कन्ह को संतोष दिला कर उत्साहित करना। "

४६ सेना का सज कर आगे बढ़ना। १२१७

४७ चहुआन और चालुक्य की सेनाओं का परस्पर मुठ भेड़ होना। "

४८ भीमदेव के घोड़े की चंचलता का वर्णन। "

४९ दोनों सेनाओं का परस्पर एक दूसरे से भिड़ना और उनका विषम युद्ध। "

५० कन्हराय की पट्टी छूटना और बीर मकवाना से कन्ह का युद्ध होना। १२१८

५१ मकवाना का मारा जाना। १२१९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५२ सामन्तों का पराक्रम और शूर वीर योद्धाओं की निरपेक्ष वीरता की प्रशंसा। १२१९
५३ रणक्षेत्र की सरित सरिताओं से उपमा वर्णन। १२२०
५४ प्रसंगराय खींची का पराक्रम वर्णन। ,,
५५ भीमदेव की फौज का विचलना। १२२१
५६ शूरवीर पुरुषों के पराक्रम की प्रशंसा। ,,
५७ परस्पर घमासान युद्ध का दृश्य वर्णन १२२२
५८ कवि का कहना कि कायर पुरुषों की अपगति होती है। ,,
५९ पृथ्वीराज और भीमदेव का साम्हना होना और कन्ह का भीमदेव को मार गिराना। १२२३
६० कन्ह की तलवार की प्रशंसा। १२२५
६१ चहुआन के पितृ वैर बदलने पर कवि का बधाई देना। ,,
६२ पृथ्वीराज के सामंतों की प्रशंसा। ,,
६३ सायंकाल के समय युद्ध का बन्द होना। ,,
६४ प्रभात समय की शोभा वर्णन। ,,
६५ रणक्षेत्र की सफाई होकर लाशें ढूंढ़ी गईं। १२२६
६६ युद्ध में मरे हुए शूर वीर और हाथी घोड़ों की संख्या। ,,
६७ संसार की असारता का वर्णन। १२२७
६८ गुजरात पर चढ़ाई करके एक मास में पृथ्वीराज का दिल्ली को वापिस आना। ,,

(४५) संयोगिता पूर्व्व जन्म कथा।

(पृष्ठ १२२९ से पृष्ठ १२५८ तक)

१ पृथ्वीराज का इन्द्र प्रति बचन। १२२९
२ इन्द्र का उत्तर देना। ,,
३ तदनुसार राम रावण युद्ध। १२२९
४ राम रावण युद्ध का आतंक। ,,
५ मेघनाद और कुम्भकर्ण का युद्ध वर्णन। १२३२
६ राम रावण का युद्ध। १२३३
७ रामचन्द्र जी की उदारता। १२३४
८ इन्द्र का बचन। ,,
९ इन्द्र का एक गन्धर्व को आज्ञा देना कि वह पृथ्वीराज और जयचन्द्र में शत्रुता का सूत्र डाले। ,,
१० कन्नौज की शोभा वर्णन। १२३५
११ गन्धर्व की स्त्री का उससे संयोगिता के पूर्व जन्म की कथा पूछना।
१२ गन्धर्व का उत्तर देना कि वह पूर्व्व जन्म की अप्सरा है। ,,
१३ कविचन्द का अपनी स्त्री से संयोगिता के जन्मान्तर में शापित होने की कथा कहना। ,,
१४ शिव स्थान पर ऋषि की तपस्या का वर्णन। ,,
१५ एक सुन्दर स्त्री को देखकर ऋषि का चित्त चंचल होना। १२३६
१६ उक्त स्त्री का सौन्दर्य वर्णन। ,,
१७ परन्तु ऋषि का अपने मन को साध कर बदरिकाश्रम पर्य्यन्त पर्य्यटन करके घोर तप करना। १२३७
१८ ऋषि के तप का तेज वर्णन और इससे इन्द्र का भयभीत होना। ,,
१९ इन्द्र का अप्सराओं को आज्ञा देना कि वे तेजस्वी तापस का तप भ्रष्ट करें। ,,
२० अप्सराओं का सौन्दर्य्य वर्णन। १२३८
२१ मंजुघोषा का सुमन्त ऋषि को छलने के लिये मृत्यु लोक में आना। ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२२ मंजुघोषा का लावण्य भाव विलास और श्रृंगार वर्णन। १२३८
२३ अप्सरा के गान से ऋषि की समाधि चर्णोक के लिये डगमगाई। १२३६
२४ अप्सरा का शंकित चित्त होकर अपना कर्तव्य विचारना। ”
२५ तब तक से पुनः ऋषि का अखंड रूप से ध्यानमग्न होना। १२४०
२६ मुनि की ध्यानावस्थित दशा का वर्णन। ”
२७ वाद्य बजना और अप्सरा का गाना। ”
२८ मुनि का समाधि भंग होकर कामातुर हो, अप्सरा के आलिङ्गन करने की इच्छा करना। १२४१
२९ अप्सरा का अन्तर्ध्यान हो जाना। ”
३० मुनि का मूर्छित हो जाना, परन्तु पुनः सम्हल कर ध्यानावस्थित होना। ”
३१ कविचन्द की स्त्री का अप्सरा के सौन्दर्य्य के विषय में जिज्ञासा करना। १२४२
३२ अप्सरा का नख सिख वर्णन। ”
३३ अप्सरा के सर्वाङ्ग सौन्दर्य्य की प्रशंसा। १२४३
३४ कवि की उक्ति कि ऐसी स्त्रियों के ही कारण संसार चक्र का लौट फेर होता है। ”
३५ अप्सरा का योगिनी भेष धारण करके सुमन्त ऋषि के पास आना। १२४४
३६ अप्सरा के योगिनी वेष की शोभा वर्णन। ”
३७ मुनि का छद्म वेष धारिणी योगिनी को सादर आसन देकर बातें करना। १२४५
३८ तपसी लोगों की क्रिया का संक्षेप प्रस्तार वर्णन। १२४५
३९ अप्सरा की सगुन उपासना की प्रशंसा करना। १२४७
४० इसी अवतारों का संक्षिप्त वर्णन। ”
४१ अप्सरा का कहना कि परमेश्वर प्रेम में है अस्तु तुम प्रेम करो। ”
४२ नृसिंहावतार का वर्णन। ”
४३ मुनि का कामातुर होकर अप्सरा को स्पर्श करना। १२४८
४४ अप्सरा का कहना कि ऐसा प्रेम ईश्वर से करो मुझ से नहीं। ”
४५ उसी समय सुमंत के पिता जरज मुनि का आना। ”
४६ मुनि का लज्जित होकर पिता की परिक्रमा पूजनादि करना। ”
४७ जरज मुनि का अप्सरा को शाप देना। १२४९
४८ सुमंत का लज्जित होना और जरज मुनि का उसे धिक्कारना। ”
४९ जरज मुनि के शाप का वर्णन। ”
५० अप्सरा का भयभीत होकर जरज मुनि से क्षमा प्रार्थना करना और मुनि का उसे मोक्ष का उपाय बतलाना। ”
५१ अप्सरा के स्वर्ग से पात होने का प्रकरण। तीनों देवताओं का इन्द्र के दर्बार में जाना और द्वारपालों का उन्हें रोकना। १२५०
५२ विष्णु का सनत्कुमारों के शाप से पतित द्वारपालों की कथा कहना। ”
५३ हिरणाक्ष हिरनाकुश बध। १२५२
५४ रावण और कुम्भकर्ण बध। ”
५५ त्रिदेवताओं के पास इन्द्र का आप आकर स्तुति करना। १२५३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५६ इन्द्रानी का त्रिदेवताओं का चरण स्पर्श करना । १२५३

५७ अप्सराओं का नृत्य गान करना और शिव का उक्त अप्सरा को शाप देना । „

५८ अप्सरा का शिव से अपने उद्धार के लिये प्रार्थना करना । १२५४

५९ उपरोक्त अप्सरा का स्वर्ग से पतित होकर कन्नौज के राजा के घर जन्म लेना । „

६० कन्नौज के राजा विजयपाल का दक्षिण दिशा पर चढ़ाई करना । १२५५

६१ समुद्र किनारे के राजा मुकुंद देव सोमवंशी का विजयपाल को अपनी पुत्री देना । „

६२ मुकुंद देव की पुत्री का जयचंद के साथ व्याह होना । „

६३ विजयपाल का रामेश्वर लों विजय प्राप्त करके अनेक राजाओं को वश में करना । १२५६

६४ सेतबन्दरामेश्वर के पड़ाव पर गुजरात के राजा के पुत्र का विजयपाल के पास आना और उसे नजर देना । „

६५ दिग्विजय से लौट कर विजयपाल का यज्ञ करना । १२५७

६६ विजयपाल की दिग्विजय में पाई हुई जयचन्द की पत्नी को गर्भ रहना और उससे संयोगिता का जन्म लेना । „

---

[४६] विनय मंगल प्रस्ताव ।

(पृष्ठ १२५९ से पृष्ठ १२७४ तक)

१ अप्सरा के संयोगिता के नाम से जन्म लेकर शाप से उद्धार पाने का वर्णन । १२५९

२ शाप देकर जरज ऋषि का अन्तर्ध्यान हो जाना और सुमंत का तप में दत्तचित्त होना । „

३ संवत् ११३३ में संयोगिता का जन्म वर्णन । „

४ संयोगिता का दिन प्रति दिन बढ़ना और आयु के तेरहवें वर्ष में उस के शरीर में कामोद्दीपन होना । १२६०

५ संयोगिता के हृदय मंदिर में कामदेव का यथापन्न स्थान पाना । „

६ संयोगिता के सौन्दर्य्य की बड़ाई । „

७ संयोगिता का भविष्य होनहार वर्णन । „

८ संयोगिता प्रति जयचन्द का स्नेह । १२६२

९ संयोगिता के विद्यारम्भ करने की तिथि आदि । „

१० संयोगिता का योगिनी वेष धारण कर अपनी पाठिका (मदन वृह्नी) के पास जाना । „

११ योगिनी वेष में संयोगिता के सौन्दर्य्य की छटा वर्णन । १२६३

१२ संयोगिता का लय लगा कर पढ़ना और पाठिका का उसे पढ़ाना । „

१३ एक दिन ब्राह्मणी का अपने पति से संयोगिता के विषय में प्रश्न करना । „

१४ ब्राह्मण का संयोगिता के भविष्य लक्षण कहना । १२६४

१५ संयोगिता का मदन वृद्ध ब्राह्मणी के घर पढ़ने जाना और संयोगिता का यौवन काल जान कर ब्राह्मणी का उसे विनय मंगल पढ़ाना । १२६५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६ अथ विनय मंगल पाठ का प्रारम्भ। १२६६
१७ विनय मंगल की भूमिका। ,,
१८ पति का गौरव कथन। १२६७
१९ स्त्रियों की पति प्रति अनन्य प्रेम भावना। ,,
२० पाठिका का उपरोक्त व्याख्या को दृढ़ करना। ,,
२१ विनय भाव की मर्य्यादा गौरव और प्रशंसा। ,,
२२ सुआ सार विनय का एक आख्यान वर्णन करता है और रति और कामदेव उसे सुनते हैं। १२६८
२३ मान एवं गर्व की अयोग्यता और निन्दा। ,,
२४ विनय का गौरव। १२६९
२५ विनय की प्रशंसा उस के द्वारा स्त्रियोचित साधनों का बर्णन। ,,
२६ उपरोक्त कथनोपकथन के प्रमाण में एक संक्षेप आख्यान। १२७०
२७ स्त्रियों के लिये विनय धारणा की आवश्यकता। ,,
२८ विनय हीन स्त्री समाज में सुशोभित नहीं होती। ,,
२९ एक मात्र विनय की प्रशंसा और उपयोगिता वर्णन। १२७१
३० इति विनय मंगल कांड समाप्त। १२७३
३१ ब्राह्मणी का रात्रि को पुनः अपने पति से संयोगिता के विषय में पूछना और उसका उत्तर देना। ,,
३२ दुजी का दुज से कथा कहने को कहना। ,,
३३ दुज का उत्तर। ,,
३४ पृथ्वीराज का वर्णन। ,,
३५ कथा सुनते सुनते ब्राह्मणी का निद्रा मग्न हो जाना। १२७४

[४६] सुक वर्णन।

(पृष्ठ १२७५ से पृष्ठ १२९१ तक)

१ संयोगिता का यौवन अवस्था में प्रवेश। १२७५
२ शुक और शुकी का दिल्ली की ओर जाना। ,,
३ शुक का ब्राह्मण के वेष में पृथ्वीराज के दरबार में जाना। ,,
४ ब्राह्मणी का संयोगिता के पास जाना। ,,
५ दुज का पृथ्वीराज से संयोगिता के विषय में चर्चा करना। ,,
६ संयोगिता के जन्म पत्र के ग्रह नक्षत्रादि का वर्णन। १२७६
७ छः महीने में विनय मंगल प्रकरण का समाप्त होना। १२७७
८ विनयमंगल समाप्त होने पर ब्राह्मणी का संयोगिता से पृथ्वीराज और दिल्ली के सम्बन्ध की कथा कहना। ,,
९ अनंगपाल के हृदय में वैराग उत्पन्न होने का वर्णन। ,,
१० मंत्रियों का अनंगपाल को राज्य देने के लिये मना करना। ,,
११ अनंगपाल का पृथ्वीराज को राज्य दे देना। १२७८
१२ पृथ्वीराज की कूट नीति से प्रजा का दुखित होकर अनंगपाल के पास जाना। ,,
१३ अनंगपाल का पुनः बदरिकाश्रम को चला जाना। ,,
१४ दसों दिशाओं में सुविस्तृत पृथ्वीराज की उज्वल कीर्ति का आकाश में दर्शन होना। १२७९
१५ संयोगिता का वर्णन। ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६ बारह के बाद और तेरह के भीतर जो स्त्रियों की वयः सन्धि अवस्था होती है उसका वर्णन । १२७६

१७ स्त्रियों के यौवन से वसंत ऋतु की उपमा वर्णन । १२८०

१८ संयोगिता की बड़ी बहिन का व्याह और उसकी सुन्दरता । १२८१

१६ संयोगिता के सर्वाङ्ग शरीर की शोभा का वर्णन "

२० ब्राह्मण के मुख से संयोगिता के सौन्दर्य्य की कथा सुन कर पृथ्वीराज का उस पर मोहित हो जाना । १२८३

२१ पृथ्वीराज की कामवेदना और संयोगिता से मिलने के लिये उसकी उत्सुकता का वर्णन । १२८४

२२ सती का ब्राह्मणी स्वरूप में कन्नौज पहुंचना । "

२३ यहां पर ब्राह्मणी का पृथ्वीराज की प्रशंसा करना । "

२४ पृथ्वीराज के स्वाभाविक गुणों का वर्णन । "

२५ उक्त वर्णन सुन कर संयोगिता के हृदय में पृथ्वीराज प्राति प्रीति का उदय होना । १२८५

२६ पृथ्वीराज की कीर्ति का वर्णन । "

२७ ब्राह्मण का कहना कि चहुआन अद्वितीय पुरुष है । १२८६

२८ संयोगिता का पृथ्वीराज से बिवाह करने की प्रतिज्ञा करना । "

२६ संयोगिता का पृथ्वीराज के प्रेम में चूर होकर अहिर्निशि उसीके ध्यान में मग्न रहना । १२८७

३० वसंत ऋतु का पूर्ण यौवनाभास वर्णन । "

३१ निर्जन बन में यत्तों के एक उपवन का वर्णन । "

३२ पृथ्वीराज का दरवान को जीत कर भीतर बगीचे में जाना । १२८७

३३ यत्त यत्तिनी और पृथ्वीराज का वार्तालाप । १२८८

३४ यत्त का कहना कि अवश्य कोई बड़े राजा हो । "

३५ पृथ्वीराज का वहां पर नाना भांति की सुख सामग्री मंगवा कर प्रस्तुत करना । "

३६ गन्धर्व राज का आना और नाटक आरंभ होना १२६०

३७ अप्सराओं का दिव्य रूप और शृंगार वर्णन । "

३८ पृथ्वीराज के आतिथ्य से प्रसन्न होकर गंधर्व का उन्हें एक सर्व सिद्धि कवच देना । १२९१

——:०:——

[४८] बालुकाराय समय ।

(पृष्ठ १२९३ से पृष्ठ १३२९ तक)

१ राजसूय यज्ञ सम्बन्धी कार्य्यों के सम्पादन करने के लिये राजाओं को निमंत्रण भेजा जाना । १२९३

२ यज्ञ की सामग्री का वर्णन । "

३ यज्ञ के हेतु आह्वान के लिये दसों दिशाओं में जयचन्द का दूत भेजना । १२९४

४ जयचन्द का प्रताप वर्णन । "

५ जयचन्द का पृथ्वीराज को दिल्ली का आधा राज्य देने के लिये संदेसा भेजने की इच्छा करना । "

६ जयचन्द का पृथ्वीराज के लिये संदेसा । १२९५

७ जयचन्द की आज्ञानुसार कवियों का जयचन्द की विरदावली पढ़ना और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंत्री सुमन्त का जयचन्द को यज्ञ करने से मना करना। ,,

८ जयचन्द का मन्त्री की बात न मान कर यज्ञ के लिये सुदिन शोधन करवाना। १२६७

९ मंत्री का स्वामी की आज्ञा मान कर दिल्ली को जाना। ,,

१० सुमन्त का दिल्ली पहुंचना। १२९८

११ पृथ्वीराज का सुमन्त का यथोचित सत्कार और सम्मान करना। ,,

१२ मंत्री सुमंत का पृथ्वीराज को जयचन्द का पत्र देकर अपने आने का कारण कहना। ,,

१३ सुमन्त की बातें सुनकर पृथ्वीराज का अपने राज्य कर्म्मचारियों से सलाह करना। १२९९

१४ सामन्तों की सत्कीर्ति। ,,

१५ जयचन्द का यज्ञ के लिये पृथ्वीराज को बुलाना। ,,

१६ कन्नौज के दूत का पृथ्वीराज से मिलकर जयचन्द का संदेसा कहना। १३००

१७ पृथ्वीराज के सामन्तों का जयचन्द के यज्ञ में जाने से नाहीं करना और दूत का कन्नौज वापिस आना। ,,

१८ कन्नौज के दूत का अपने स्वामी का प्रताप स्मरण करके पृथ्वीराज की ढीठता को धिक्कारना। १३०१

१९ दिल्ली से आए हुए दूत के वचन सुन कर जयचन्द का कुपित होना और बालुकाराय को उसे समझाकर शान्त करना। यज्ञ का सामान होना। ,,

२० संयोगिता के हृदय में विरह वेदना का संचार होना। १३०३

२१ संयोगिता का सखियों सहित क्रीड़ा करते हुए उसकी मानसिक एवं दैहिक अवस्था का वर्णन। ,,

२२ संयोगिता का वय और उसके स्वाभाविक सौन्दर्य्य का वर्णन। १३०४

२३ संयोगिता के यौवन काल की वसन्त ऋतु से उपमा वर्णन। ,,

२४ पृथ्वीराज का अपमान हुआ जानकर संयोगिता का दुखित होना और पृथ्वीराज से ही विवाह करने का पण करना। १३०५

२५ अपनी मूर्ति का दरवान के स्थान पर स्थापित होना सुन कर पृथ्वीराज का कुपित होकर सामन्तों से सलाह करना १३०६

२६ सब सामन्तों का अपना अपना मत प्रकाशित करना। ,,

२७ जयचन्द के भाई बालुकाराय को मारने के लिये तैय्यारी होना। १३०७

२८ कन्ह चहुआन और गोइन्दराय आदि सामंतों का कहना कि कन्नौज पर ही चढ़ाई की जाय। ,,

२९ कैमास का कहना कि बालुकाराय को मार कर ही यज्ञ विध्वंस किया जा सकता है। १३०८

३० दूसरे दिन सभा में आकर पृथ्वीराज का बालुकाराय पर चढ़ाई करने के लिये महूर्त देखने की आज्ञा देना। ,,

३१ ब्राह्मण का यात्रा के लिये सुदिन बतलाना। १३०९

३२ उक्त नियत तिथि पर तय्यारी करके पृथ्वीराज का अपने सामंतों को अच्छे अच्छे घोड़े देना। ,,

३३ पृथ्वीराज के कूच के समय का ओजस्व और शोभा वर्णन। १३११

३४ तय्यारी के समय सुसज्जित सेना के बीच में पृथ्वीराज की शोभा वर्णन। १३१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३५ सेना सज कर पृथ्वीराज का चलना और कन्नौज राज्य की सीमा में पैठ कर वहां की प्रजा को दुःख देना। १३१२
३६ बालुकाराय का परदेश की तरफ यात्रा करना। ”
३७ पृथ्वीराज की सेना की संख्या तथा उसके साथ में जानेवाले योद्धाओं का वर्णन। ”
३८ बालुकाराय की प्रजा का पीड़ित होकर हाहाकार मचाना। १३१३
३९ चहुआन की चढ़ाई का आतंक वर्णन। ”
४० पृथ्वीराज का भुज्ज पर अधिकार करना। १३१४
४१ पृथ्वीराज की चढ़ाई की खबर सुन कर बालुकाराय का आश्चर्यान्वित और कुपित होना। ”
४२ पृथ्वीराज का नाम सुनकर बालुकाराय का सेना सजना। १३१५
४३ बालुकाराय का सैन्य सहित पृथ्वीराज के सम्मुख आना। ”
४४ चहुआन से युद्ध करने के लिये बालुकाराय का हार्दिक उत्कर्ष और ओज वर्णन। ”
४५ चहुआन राय की सैनसंख्या। १३१६
४६ दोनों सेनाओं की परस्पर देखा देखी होना। ”
४७ बालुकाराय की सुसज्जित सेना को देख कर चहुआन सेना का सन्नद्ध और व्यूहबद्ध होना। ”
४८ दोनों हिन्दू सेनाओं का परस्पर युद्ध वर्णन। १३१७
४९ बालुकाराय का युद्ध करना। ”
५० बालुकाराय की वीरता और उसका फुर्तीलापन। ”
५१ बालुकाराय का रणकौशल। १३१८
५२ सूरता की प्रशंसा। ”
५३ बालुकाराय का घिरजाना और उसका पराक्रम। १३१९
५४ युद्ध स्थल का चित्र दर्शन। ”
५५ बालुकाराय का पृथ्वीराज पर आक्रमण करना। पृथ्वीराज का उसके हाथी को मार भगाना। ”
५६ पृथ्वीराज की सेना का पुनः दृढ़ता से व्यूहबद्ध होना। व्यूह का वर्णन। १३२०
५७ बालुकाराय का अपने वीरों को प्रचार कर उत्साहित करना। ”
५८ दोनों सेनाओं में परस्पर घोर संग्राम होना। १३२१
५९ कन्ह और बालुकाराय का युद्ध, बालुकाराय का मारा जाना। १३२२
६० बालुकाराय के मारे जाने पर उसके बीर योद्धाओं का जूझजाना। १३२३
६१ बालुकाराय की राजधानी का लूटा जाना। ”
६२ बालुकाराय के साथ मारे गए बीरों की संख्या वर्णन। १३२४
६३ बालुकाराय के शौर्य्य की प्रशंसा वर्णन। ”
६४ बालुकाराय के पक्षपाती यवन योद्धाओं की वीरता का वर्णन। ”
६५ जयचन्द की सेना और मुसल्मानी सेना का पृथ्वीराज का मुख रोकना। ”
६६ पृथ्वीराज की उक्त सेना पर चढ़ाई और वीरों के मोक्ष पाने के विषय में कवि की उक्ति। १३२५
६७ दोनों सेनाओं का परस्पर मिलना। ”
६८ चहुआन और मुसल्मान सेना का घोर युद्ध। १३२६
६९ कन्नौज की सेना का भागना और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज की जीत होना। १३२६
७० बालुकाराय की स्त्री का स्वप्न। १३२७
७१ बालुकाराय की स्त्री की विलाप वार्ता। ,,
७२ पृथ्वीराज का बालुकाराय को मार कर दिल्ली को आना। १३२८
७३ गत घटना का परिणाम वर्णन। ,,
७४ बालुकाराय की स्त्री का जयचन्द के यहां जाकर पुकार करना। ,,

(४९) पंग जग्य विध्वंस प्रस्ताव।

(उंचासवां समय।)

१ यज्ञ के बीच में बालुकाराय की स्त्री का कन्नौज पहुंचना। १३३१
२ यज्ञ के समय कन्नौजपुर की सजावट बनावट का वर्णन और जयचन्द को बालुकाराय के मारे जाने की खबर मिलना। ,,
३ सात समुद्रों के नाम। १३३२
४ दसों दिशाओं और दिग्पालों के नाम। ,,
५ बालुकाराय का बध सुनकर जयचन्द का क्रोध करना। १३३३
६ यज्ञ का ध्वंस होना और जयचन्द का पृथ्वीराज के ऊपर चढ़ाई करने की तैयारी करना। ,,
७ यह सब सुनकर संयोगिता का अपने प्रण को और भी दृढ़ करना। १३३४
८ समय उपयुक्त देखकर जयचन्द का संयोगिता के स्वयंबर करने का विचार करना। ,,
९ यह सुन कर संयोगिता का चौहान प्रति और भी अनुराग वढ़ना। १३३५
१० पृथ्वीराज का शिकार खेलते समय शत्रु की फौज से घिर जाना। १३३५
११ सब सेना का भाग जाना। १३३६
१२ केवल १०६ साथियों सहित पृथ्वीराज का शत्रु पर जै पाना। ,,

(५०) संजोगिता नाम प्रस्ताव।

(पचासवां समय।)

१ पृथ्वीराज का शिकार खेलने जाना और कन्नौज के गुप्त चर का जयचन्द को समाचार देना। १३३७
२ पृथ्वीराज का शिकार खेलते फिरना और सांझ होते ही साठ हजार शत्रु सेना को उसे आ घेरना। ,,
३ सब सामन्तों का शत्रु सेना को मार कर विड़ार देना। १३३८
४ सामन्तों की स्वामिभक्ति का वर्णन। ,,
५ जयचन्द का अपने मंत्री से संयोगिता का स्वयंबर करने की सलाह करना। १३३९
६ जयचन्द का संयोगिता को समझाने के लिये दूती को भेजना। ,,
७ दूतिका के लक्षण और उसका स्वभाव वर्णन। १३४०
८ दूती का संयोगिता से बचन। ,,
९ दूती की बातों पर कुपित होकर संयोगिता का उत्तर देना। १३४१
१० पृथ्वीराज की प्रशंसा और संयोगिता के विचार। ,,
११ संयोगिता का बचन। ,,
१२ धा का बचन। १३४२
१३ सहचरी का बचन। ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१४ पृथ्वीराज के वीरत्व का संकीर्तन। संयोगिता का वाक्य। ,,
१५ सखी का वाक्य। १३४३
१६ संयोगिता की संकोच दशा का वर्णन। ,,
१७ सखी का बचन। १३४४
१८ संयोगिता का बचन। ,,
१९ सखी का बचन। ,,
२० संयोगिता बचन(निज पक्ष वर्णन)। ,,
२१ दूती का निराश होकर जयचंद से संयोगिता का सब हाल कह सुनाना। १३४५
२२ संयोगिता के हठ पर चिढ़ कर जयचन्द का उसे गंगा किनारे निवास देना। ,,
२३ गंगा किनारे निवास करती हुई संयोगिता को पाठिका का योग ज्ञान उपदेश। ,,
२४ संयोगिता का अपना हठ न छोड़ना। १३४६

(५१) हांसीपुर युद्ध।

(इक्यावनवां समय।)

१ दिल्ली राज्य की सरहद में कन्नौज की फौज का उपद्रव करना। १३४७
२ पृथ्वीराज का हांसीगढ़ की रक्षा के लिये सामन्तों को भेजना। ,,
३ हांसीपुर का मोरचा पक्का कर के पृथ्वीराज का शिकार खेलने को जाना। ,,
४ बलोच पहारी का शहाबुद्दीन के साथ हांसीगढ़ पर चढ़ाई करने का षडयंत्र रचना। १३४८
५ पृथ्वीराज का उक्त वर्ष अजमेर में रहना। ,,
६ बलोच पहार का पत्र पाकर शहाबुद्दीन का प्रसन्न होना। १३४९
७ शहाबुद्दीन का अपनी बेगमों को मक्के भेजना ,,
८ हांसीपुर में उपस्थित पृथ्वीराज के सामन्तों का वर्णन। ,,
९ बलोच पहार का संक्षिप्त वर्णन। १३५०
१० बलोच पहार का हांसीपुर में स्थानापन्न होना।
११ बलोच पहार का शाही बेगमों के लिये रास्ता देने को पज्जूनराय से कहना और रघुवंशराम का उससे नाहीं करना। १३५१
१२ बड़े साज बाज के साथ बेगम का आना और चामंडराय का उसे लूटने की तय्यारी करना। ,,
१३ बेगम के पड़ाव का वर्णन। ,,
१४ बलोच पहारी का सामन्तों के पास जाकर शाह का वर्णन करना। १३५२
१५ सामन्तों का रात को धावा करके बेगम को लूटना। ,,
१६ बेगम के सब साथियों का भाग जाना और बेगम का सामन्तों से प्रार्थना करना। १३५३
१७ धन द्रव्य लूटकर चामंडराय का हांसीपुर को लौटना और बेगमों का शहाबुद्दीन के यहां जा पुकारना। १३५३
१८ बेगम का शाह के सुखजीवी सेवकों को धिक्कार देना। १३५४
१९ माता के विलाप वाक्य सुनकर शाह का संकुचित और क्रोधित होना। ,,
२० शहाबुद्दीन का अपने दर्बारियों से सब हाल कहना। १३५५
२१ शहाबुद्दीन का 'माता' की मर्यादा कथन कर के दिल्ली पर चढ़ाई के लिये तय्यारी का हुक्म देना। ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२२ तत्तार खां का शाह की आज्ञा मान कर मदद के लिये फरमान भेजना। १३५६
२३ शहाबुद्दीन की दृढ़ता का वर्णन। „
२४ शहाबुद्दीन का राजसी तेज वर्णन। १३५७
२५ शहाबुद्दीन का अपने योद्धाओं की ख़ातिर करना। „
२६ शहाबुद्दीन का अपने मंत्री से वीर चहुआन पर अवश्य विजय प्राप्त करने की तरक़ीब पूछना। „
२७ राजमंत्रियों का उपयुक्त उत्तर देना। १३५८
२८ शाह का तत्तार खां से प्रश्न करना। „
२९ तत्तार खां का हांसीपुर पर चढ़ाई करने को कहना। „
३० हांसीपुर पर चढ़ाई होने का मसौदा पक्का होना। १३५९
३१ शहाबुद्दीन की आशा। „
३२ तत्तार खां की प्रतिज्ञा। „
३३ शाही दरबार में बलोच पहारी का उपस्थित होना। „
३४ गजनी के राजदूतों का सिन्ध पार होना। १३६०
३५ यवन सेना का हिन्दुस्तान की हद्द में बढ़ना। „
३६ तत्तार खां और खुरसान खां की अनी सेनाओं का आतंक और शोभा वर्णन। „
३७ तत्तार खां का पड़ाव दस कोस आगे चलाना। १३६१
३८ शाही सेना का हांसीपुर के पास पड़ाव डालना। „
३९ शाही सेना का हांसीपुर को घेरना। १३६२
४० मुसल्मानी जातियों का वर्णन। „
४१ यवन सेना की व्यूह रचना का वर्णन। „
४२ युद्ध वर्णन। १३६३
४३ शाही फौज का बल कर के किले का फाटक तोड़ देना। १३६३
४४ चामुंडराय के उत्कर्ष वचन। १३६४
४५ युद्ध होते होते शाम होजाना और युद्ध बन्द होना। „
४६ प्रातःकाल होते ही पुनः युद्धारंभ होना। „
४७ गढ़ में उपस्थित सामन्तों के नाम। १३६५
४८ दोनों सेनाओं में युद्ध आरम्भ होना। „
४९ युद्ध का वर्णन और दस चोट में यवन सेना का परास्त होना। „
५० इस युद्ध में खेत रहे जीवों की संख्या। १३६६
५१ अलील खां का प्रतिज्ञा करके धावा करना। १३६७
५२ दोनों ओर से बड़े जोर से लड़ाई होना। „
५३ लड़ाई का वाकचित्र वर्णन। „
५४ सामन्तों की जीत होना और यवन सेना का परास्त होकर भागना। १३६८

---

(५२) द्वितीय हांसी युद्ध।

(बावनवां समय।)

१ तत्तार खां का पराजित होना सुन कर शहाबुद्दीन का क्रोध करके भांति भांति की यवन सेना एकत्रित करना। १३६९
२ वरन वरन की व्यूहबद्ध यवन सेना का हांसीपुर को घेरना। १३७०
३ शहाबुद्दीन का सामन्तों को किला छोड़ देने का संदेसा भेजना। „
४ शहाबुद्दीन का संदेसा पाकर साम-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न्तों का परस्पर सलाह और बाद विवाद करना। १३७१
५ सामन्तों का भगवती का ध्यान करना। „
६ हांसी के किले में स्थित सामन्तों के नाम और उनका वर्णन। „
७ कुछ सामन्तों का किला छोड़ देने का प्रस्ताव करना परन्तु देवराव बग्गरी का उसे न मानना। १३७२
८ कवि का कहना कि समयानुसार सामन्त लोग चूक गए तो क्या। „
९ देवराव बग्गरी का वचन। १३७३
१० कल्हन और कमधुज्ज का बग्गरी राय के बचनों का अनुमोदन करना। „
११ सातों भाई तत्तार खां का तलवारें बांधना और हांसीगढ़ पर आक्रमण करना। „
१२ अन्यान्य सामन्तों की अकर्मण्यता और देवराय की प्रशंसा वर्णन। १३७४
१३ देवराय बग्गरी की बीरता। १३७५
१४ युद्धारंभ और युद्धस्थल का चित्र वर्णन। „
१५ देवकर्ण बग्गरी का बीरता के साथ मारा जाना। १३७६
१६ बीर बग्गरी का मोक्ष पाना। „
१७ इस युद्ध में मृत वीर सैनिकों की नामावली।
१८ एक सहस सिपाहियों के मारे जाने पर भी सामन्तों का किला न छोड़ना। १३७७
१९ पृथ्वीराज को स्वप्न में हांसीपुर का दर्शन देना। „
२० पृथ्वीराज प्रति हांसीपुर का वचन। १३७८
२१ हांसीपुर की यह गति जान कर पृथ्वीराज का घबड़ा कर कैमास से सलाह पूछना। „
२२ कैमास का रावल समरसी जी को बुलाने के लिये कहना। १३७९
२३ राव्त समरसी जी का हांसीपुर की तरफ चलना „
२४ हांसीपुर को छोड़कर आए हुए सामन्तों का पृथ्वीराज से मिलना। „
२५ पृथ्वीराज का सब सामन्तों को समझा बुझा कर सांत्वना देना। १३८०
२६ पृथ्वीराज का सामन्तों के सहित हांसीपुर पर चढ़ाई करना। „
२७ पृथ्वीराज के हांसीपुर पर चढ़ाई की तिथि। „
२८ सुसज्जित सेना सहित पृथ्वीराज की चढ़ाई का आतंक वर्णन। १३८१
२९ रावल का चहुआन के पहलेही हांसीपुर पहुंच जाना। १३८२
३० समरसीजी के पहुंचतेही यवन सेना का उनसे भिड़ पड़ना। „
३१ समरसिंह जी की सिपाहगीरी और फुर्तीलेपन का वर्णन। १३८३
३२ यवन और रावल सेना का युद्ध वर्णन। „
३३ समरसीजी की वीरता का बखान। १३८४
३४ समरसीजी के भाई अमरसिंह का मरण। „
३५ युद्धस्थल का चित्र वर्णन। „
३६ यवन सेना की ओर से तत्तार खां का धावा करना। १३८५
३७ घोर युद्ध वर्णन। „
३८ इसी युद्ध के समय पृथ्वीराज का आ पहुंचना। १३८६
३९ अमर की वीर मृत्यु और उसको मोक्ष प्राप्त होना। १३८८
४० पृथ्वीराज के पहुंचतेही शाही सेना का बल ह्रास होना। „
४१ पृथ्वीराज का यवन सेना को दबाना। „

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४२ रावल और चहुआन की सम्मिलित शोभा वर्णन। १३८६
४३ रणस्थल की बसंत ऋतु से उपमा वर्णन। ”
४४ मुख्य मुख्य वीरों के मारे जाने से शाह का हतोत्साह होना। ”
४५ यवन सेना के मृत योद्धाओं के नाम। ”
४६ यवन वीरों की प्रशंसा। १३९०
४७ हिन्दू पक्ष की प्रशंसा। १३९१
४८ सामन्तों का वीरता मय युद्ध करना। ”
४९ युद्धस्थल का वाकचित्र दर्शन। ”
५० घोर युद्ध उपस्थित होना। १३९२
५१ पृथ्वीराज के वीर वेष और वीरता की प्रशंसा। १३९३
५२ पृथ्वीराज के युद्ध करने का वर्णन। ”
५३ युद्ध का आतंक वर्णन। १३९४
५४ कविकृत वीर–मत–मुक्ति वर्णन। ”
५५ वीर रस प्रभात वर्णन। ”
५६ प्रातःकाल होतेही दोनों सेनाओं का सन्नद्ध होना। १३९५
५७ प्रभात वर्णन। १३९६
५८ सूर्य्य की स्तुति। ”
५९ सूरवीर लोगों का युद्ध उत्साह वर्णन। १३९७
६० सामन्तों की रणोद्यत श्रेणी का क्रम वर्णन। ”
६१ यवन सैनिकों का उत्साह।
६२ युद्ध का अक्षम आनन्द कथन। १३९८
६३ युद्ध में मारे गए वीरों के नाम। ”
६४ तत्तार खां का मनहार होकर भागना। ”
६५ खेत झरना होना और लाशों का उठवाया जाना। ”
६६ युद्ध में मृत वीरों के नाम। १३९९
६७ हांसी युद्ध सम्बन्धी तिथि वारों का वर्णन। ”
६८ रावल और पृथ्वीराज का दिल्ली को जाना। १४००
६९ रावल का दिल्ली में बीस दिन रहना। ”

(५३) पज्जून महुवा प्रस्ताव।

(तिरपनवां समय।)

१ कविचंद की स्त्री का पूछना कि महुवा युद्ध क्यों हुआ। १४०१
२ कविचंद का उत्तर देना। ”
३ खुरसान खां का महुवा पर आक्रमण करना। ”
४ शाही सेना का वर्णन। ”
५ निड्डुर का पृथ्वीराज के पास दूत भेजना। १४०२
६ राजा का दरबार में कहना कि महुवा की रक्षा के लिये किसे भेजा जाय। ”
७ सब लोगों का पज्जूनराय के लिये राय देना। ”
८ पज्जून राय की प्रशंसा। ”
९ पज्जून राय को जागीर और सिरोपाव देकर आज्ञा देना १४०३
१० पज्जून की प्रतिज्ञा। ”
११ पज्जूनराय और शहाबुद्दीन का मुक़ाबिला होना। १४०४
१२ युद्ध वर्णन। ”
१३ पज्जूनराय की वीरता। ”
१४ यवन सेना का भाग उठना। १४०५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५ पज्जूनराय की प्रशंसा। १४०५
१६ पज्जूनराय का दिल्ली आना और शाह का गजनी को जाना। "

(५४) पज्जून पातसाह युद्ध प्रस्ताव।

(चौवनवां समय।)

१ और सामन्तों को छोड़कर पज्जून का नागौर जाना। १४०७
२ मनश्चीन शाह का गजनी को जाना और पज्जून राय को परास्त करने की चिंता करना। "
३ धम्मायन का गजनी को समाचार देना। "
४ शहाबुद्दीन का मंत्री से पज्जूनराय के पास दूत भेजने की आज्ञा देना। इधर सेना तय्यार करना। १४०८
५ यवनदूत का नागौर पहुंचना। "
६ पज्जून राय का हँस कर निधड़क उत्तर देना। "
७ दूत का गजनी जाकर शाह से पज्जूनराय का संदेसा कहना। १४०६
८ शहाबुद्दीन का कुपित होना। "
९ इधर नागौर में किलेबन्दी होना। "
१० पज्जून राय की वीर व्याख्या। १४१०
११ यवन सेना का नागौर गढ़ घेर कर नोल चलाना। "
१२ राजपूत सेना का घबड़ाना और पज्जूनराय का उसे धैर्य्य देना। "
१३ पज्जूनराय का यवन सेना पर रात को धावा मारना। १४११
१४ मुसल्मान सेना के पहुरुओं का शोर मचाना और सेना का सचेत होना। "
१५ हिन्दू और मुसल्मान दोनों सेनाओं का युद्ध। १४१२
१६ दोनों में तलवार का युद्ध होना। "
१७ पज्जूनराय के पुत्रों का पराक्रम। १४१३
१८ पज्जूनराय का शहाबुद्दीन को पकड़ना और किले में चला जाना। १४१४
१९ यवन सेना का भागना। "
२० पृथ्वीराज का दंड लेकर शहाबुद्दीन को पुनः छोड़ देना। "

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

झलकने लगी तब तो वे निश्चर बलहीन होन लगे और राजपूत वीरों का हियाव बढ़ने लगा निदान उन वीरों न अपना अद्वितीय तेज प्रगट करके कुछ ऐसी माया की कि जिससे सब सामन्त लोग मूर्छित होकर मरे से गिर पड़े और वरुणवीर अन्तर्ध्यान हो गए।

ज्योंही पूर्व दिशा में प्रभाकर का पूर्ण दर्शन हुआ त्योंही पृथ्वीराज वहां पर आ पहुंचा तो देखता क्या है कि राजा सोमेश्वर सकल सामन्तों सहित मृतप्राय मूर्छित पड़े हैं यह देख कर पृथ्वीराज के मन में बड़ी ग्लानि और क्रोध उत्पन्न हुए। पृथ्वीराज ने यमुना जी के सम्मुख हाथ जोड़ कर स्तुति करना आरम्भ किया। उसने कहा–हे सूर्य्य भगवान की पुत्री, यम की बहिन, बलवीर के वीर श्री कृष्ण को सुखकर, त्रैतापहारिणी, मायामोहविदारिणी सब सुखकारिणी अधमउधारिणी कालिन्दी, तेरे तट के सेवन मात्र से सब दुःख दूर होते हैं। इस प्रकार संसार में ब्रह्मा स्वरूप सरस्वती विष्णु रूप गंगा और शिव स्वरूप (यमुना) तू है–शिव संसार के पालनकर्ता हैं–इसलिये हे माता कृपाकर मेरे पिता की मूर्छा भंग कर के उसे सचेत कर दे–पृथ्वीराज के ऐसी स्तुति करने पर सब सामन्तों सहित सोमेश्वर सचेत हो गए–तब पृथ्वीराज पुनः बोला कि हे माते! यह पंच तत्व मय तनपिंजर आप ही मय हैं पूर्व कर्म्म रूपी अग्नि की ज्वाला के जोर से यह स्थूल शरीर बनता है, यम, नियम और योग से वेष्टित जीव रूपी जल ही में चंचल बुद्धि की तरल तरंगें उठा ही करती हैं जहां तहां गंभीर जल के गुरुतर आशा रूपी दौहले भरे पड़े हैं और उनके किनार पर हेतु रूपी पक्षी कल्लोल किया करते हैं। तेरी सुख दुःख रूपी दोनों कगारों के तीर पर जो त्रिगुण रूपी वृक्ष आच्छादित हैं उनमें मोह रूपी पत्ते और तज्जनित विकार उनके फलफूल हैं। उन सबका समय समय पर संतोष रूपी बाढ के आने से नाश भी हुआ करता है, केवल निर्गुण के आश्रय पर दृढ़स्थिति पुरुष बचते हैं। इस संसार में ऐसे जीव बिरले ही हैं जो सौ वर्ष तक जीवित रहते हैं। इसी के बीच में शायं प्रातः होते हुए बालापन यौवन और वृद्धपन आदि अवस्थाओं और शारीरिक और मानसिक नाना प्रकार की आधि व्याधियों से पीड़ित होना पड़ता है सो ऐसे संसार सागर से तारने वाली हे माता तुम्ही हो। इसके बाद सम्पूर्ण मूर्छित मण्डली के लोग अच्छी तरह से चैतन्य और सावधान हो गए। तब पृथ्वीराज ने गंधर्व की आराधना की जिससे उन लोगों के शारीरिक ताप का भी नाश हो गया। निदान सोमेश्वर सहित सब लोग राजमहलों को चले गए।

महलों में पहुँच कर पृथ्वीराज ने पिता से कहा कि आप नहीं जानते कि ऐसे पर्व्व के समय जल थल सब जगह दैवी जीवों का अधिकार हुआ करता है? फिर आप क्यों गए! ऐसी अवस्था में विघ्न होने से अपना कृत्य भी भंग होता है और व्यर्थ का कष्ट उठाना पड़ता है। प्रतापी पुत्र के ऐसे बचन सुनकर सोमेश्वर मन ही मन प्रसन्न होते हुए चुप हो गए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोमवध।

(उन्तालीसवां समय।)

भीम के समान बलवान राजा भीमदेव सोलंकी गुजरात देश पर राज्य करता था। उसके अतुल पराक्रम और उसकी कीर्ति का आतंक चारों ओर इस प्रकार से फैला हुआ था कि कोई भी उसकी राज्य सीमा को चापने का साहस न कर सकता था। यद्यपि वह अन्य सब प्रकार से सुखी और संतुष्ट था, परन्तु सोमेश्वर और पृथ्वीराज चौहान, ये दोनों पिता पुत्र उसके अंतस में सालते थे। चहुआन वंश पर बदला लेने की चिंता में व्यस्त हो कर भीमदेव इस प्रकार से व्याकुल बेचैन और अधीर हो रहा था जैसे हारा हुआ ज्वारी दाव पर दाव लगाने को और पुंश्चली स्त्री यार के पास जाने को हमेशा बेसब्र रहते हैं।

इसलिये भीमदेव ने एक दिन रानिंगदेव झाला, कन्ह कंठीर, जयसिंह चौरा, वीर धवलंग देव, भानसिंह चौरा, राजा स्यामास्याम विरसिंह चहुआन आदि सरदारों को बुलाकर कहा कि हे भाइयो, कल्लोल करती हुई कालिंदी के कूल पर स्थित दिल्ली नगर में अकंटक क्रीड़ा करता हुआ पृथ्वीराज और उसका पिता सोमेश्वर दिन रात मेरे कलेजे पर काँटे से चुभते हैं। उसी पृथ्वीराज के कारण शहाबुद्दीन के हाथों मेरा सारंगदेव मकवान ऐसा बहादुर सरदार मारा गया। उसीके कारण जूनागढ़ में मुझे तत्तार ख़ां के साम्हने नीचा देखना पड़ा। अधिक क्या कहूं। सोझत्ती की लड़ाई में तो जो कुछ बीतक बीता सो सभी को मालूम है। बस येही सब बातें मेरे मर्म पर खटकती हैं और जबतक उन दोनों पिता पुत्र का धुंआँ न देख लूंगा तब तक मुझे चैन पड़ने का नहीं। इसलिये अजमेर पर चढ़ाई करके पहिले सोमेश्वर को धूलि धूसित किया जाय और तब दिल्ली पर चढ़ाई करके पृथ्वराज को पछाड़ा जाय।

जैसे शायंकाल होते ही अगनित तारे इकबारगी निकल पड़ते हैं, नदी की बाढ़ के साथ साथ अगनित रेत कण आगे को ढाकिलते हैं तैसे ही भीमदेव की आज्ञा होते ही अगनित सेना समूह अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर राजद्वार पर जुटने लगा। उधर भिन्न भिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि शासक और अधीनस्थ उमराओं को भी परवाने भेजे गए, और वे भी नियत समय पर पावस की नदी धाराओं के समान दल बल सहित उमड़ कर आने लगे। भादों के प्रबल दल बद्दल के समान भीमदेव की बलवान सेना के गुजराती जवानों के ओजभरे गुलाबी चेहरे सन्ध्या समय के आसमान से सुशोभित होते थे। कई कतारें विशाल काय कारे कारे सिन्धी जवानों की थी, वे जँघिया पहने बटी हुई पगड़ी सर पर बाँधे और ललाट पर लाल चन्दन की खौरें लगाए हुए थे। उनके सीने पर तलवार की धार और बरछे की अनी चाहे मुड़जाय परन्तु वे मुड़कर पीछे देखने वाले नहीं थे। अच्छे अच्छे चंचल कच्छी घोड़ों को कुदाते हुए सवारों के चेहरे पर सूर्य्य का सा तेज विराजमान था। उन घोड़ों के आयाल आसमान की तरफ उठे हुए और सवारों की टेढ़ी भौंहे और लाल लाल आंखे बड़ी भयावनी मालूम देती थीं। वीर लोग सांसारिक माया मोह के सनेह एवं देह के नेह से निपट निरपेच्छ थे। वे सदैव परब्रह्म के चितवन में दत्तचित्त, स्वामिसेवा में मरना ही श्रेयस्कर समझते थे। वे मरने से न डरकर सदैव स्वामिसेवा में इस प्रकार से रत रहते थे जैसे दुहागिल स्त्री लज्जा से रहित होकर पति से स्पष्ट प्रीति करने लगती है। वे युद्ध के लिये सदैव इस प्रकार से सन्नद्ध रहते थे जैसे कुलटा कामिनी यार से मिलने के लिये आतुर रहती है। वे स्वाभाविक वीर जिस समय समस्त फौजी सामान जिरह बख्तर आदि से सुसज्जित हो कर राजद्वार पर हाजिर हुए उस समय ऐसा मालूम होता था मानो लंका का किला लेने के लिये रीछ और बन्दर बटुरे हों।

राज नीति के साम, दान, दण्ड, भेद ये चार भेद माने गए हैं। अस्तु भीमदेव के दरबार में इन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चारो शखाओं से सम्बन्ध रखने वाले उक्त क्रम से अमरसिंह सेवरा, भैरों भट, लीला लच्छिन ब्राह्मण और देवक्रम चारण चार मंत्री थे। इन सब में अमरसिंह की बात को भीमदेव अधिक मानता था। भीमदेव ने उक्त मंत्रियों से कहा कि भाइयो, वास्तव में मेरा बल तुम्हीं लोग हो अब तुम्हारी जो इच्छा हो सो कहो। तब वे मंत्री बोले कि हे महाराज! जिस भूमि के लिये पांडवों ने भाइयों को मारा, दधीच मृगया के व्यसन में व्यस्त रह कर मरा, कैकेयी ने दशरथ से बचन लेकर राम को बनवास दिया, उस भूमि को पाने के उपाय में कृतकार्य्य होना सहज नहीं है। जिस जीवन की रक्षा के लिये संसार के सब रस रंग की सामग्री एकत्रित की जाती है, जिसके लिये नाना प्रकार के दुःख सह कर सदा सुख की आशा की जाती है, जिस जीवन की रक्षा के लिये और सुकीर्ति के लिये ही संपूर्ण प्रकार के यज्ञ तप जप होम दान धर्मादि किए जाते हैं उसी जीवन की आशा को त्याग कर जब कार्य्य किया जाता है तब कहीं भूमि पर अधिकार मिलता है।

बस फिर क्या था "करैला, फिर नीम पर" भीमदेव ने उसी समय कूच का डंका बजाए जाने की आज्ञा दी। जैसे भिन्न भिन्न चिनगारियां एक में मिल कर विषम ज्वाला का स्वरूप धारण कर लेती हैं उसी प्रकार भीमदेव की चतुरंगिणी सेना अरुणोदय होते ही एकत्रित हो गई। उधर सोमेश्वर के बैर का बदला लेने का दृढ़विचार बाँधे हुए भीमदेव भी एक भीमकाय हाथी पर सवार आहुआ और खवास ने उसके शीस पर छत्र आच्छादित किया। सच है विचारने वाले सब कुछ विचारते हैं; परन्तु वास्तव में होनहार क्या है सो कोई नहीं जानता। मन, बुद्धि, हृदय, इन्द्रियां और पराक्रम इन पांच करके जो साहसी हो, यज्ञ, जप, तप, यम, नियन, यह पांचों सुकृत जो करता हो "तत्त्व ज्ञान में जो पाराङ्गत हो"—सोई पुरुष समर में विजयी होता है। भीमदेव की इस सेना में सब से आगे मतवाले हाथियों की भीड़ तिनके पीछे अश्वारोही और तिनके पीछे बानैत पैदल चलते थे। ये मदस्रवित गंडस्थल दंतारे दुरद साक्षात् पावस के मेघमाला से सुशोभित होते थे। उनके कुम्भ पर ढुरती हुई ढालें और तिन पर छोटी छोटी जरकसी वैरखें और फुंल्लों ऐसीं सुशोभित होती थी जैसे कामरूपी पर्व्वत के शिखर पर अगनित चौर छत्र आच्छादित होरहे हो और उनके किलायों पर अकड़ कर डटे हुए महावत ऐसे भान होते थे जैसे इन्द्र ने इन मेघों की मस्ती मंद करने को लिये उन पर वज्र बैठाया हों। भीमदेव की इस प्रकार की प्रबल सेना जहां हो कर जाती थी वहां की रय्यत बर्बाद और देश दो कौड़ी का होता जाता था।

निदान जब यह समाचार सोमेश्वर के पास पहुंचा तो वह भी शत्रु का साम्हना करने को सन्नद्ध हुआ। पृथ्वीराज तो दिल्ली में था ही नहीं वह कुछ दिन पहिलेही उत्तर की तरफ़ चला गया था केवल प्रसंगराय खीची, जामराय यद्दव, देवराज बग्गरी, भानराय भोटी, बलभद्र और कैमास और थोड़े से सामन्त लोग गढ़ रक्षा के लिये दिल्ली में छोड़ गया था। जब इन लोगों ने यह समाचार सुना तो वे भी सोमेश्वर के स्वर में स्वर मिलाने के लिये अजमेर जा पहुंचे। जब भोला भीमदेव का काल एवं हलाहलवत् प्रबल दल अजमेर के निपट आपहुंचा तब सोमेश्वर ने भी अपने सामन्तों को शस्त्र धारण करने की आज्ञा दी।

आकाश में सूक्ष्म लालिमा की झलक मरते ही अजमेर का राजद्वार कुसुम सा फूल उठा। बड़े बड़े बानेत क्षत्री वीर वरण वरण के अताने बताने से सजकर आ जुटे, भेरी नफेरी बजनें लगे, कड़खेत उच्च स्वर से कड़खों का अलाप कर स्वाभाविक ही सूरों के ओज को और भी उत्तेजना देने लगें। उस समय ऐसा मालूम होता था मानो

(१) दोहा ॥ पंच सहस पंचों सुकृत पंचों पंच प्रकृत्त ॥
पंच रष्षि पंचो मंहं तो भारथ्थ ध्रुजित्त ॥

(२) छोटी छोटी सजावट की झंडियों को वैरख कहते हैं।
(३) ढाल के ऊपर ये चार फूल से लगे रहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साक्षात् ऋतुराज बसंत का सेनासमूह इकट्ठा हुआ हो और तिरपट नृत्य करते हुए तत्ते तुषार साक्षात उसके सहचर चंचरीक से सुशोभित होते थे। जैसिंह का पुत्र जैसिंहदेव और कन्ह सेना नायक नियत हुए। इस सन्नद्ध सेना के बीच में स्थित नरनाह कन्ह बोला— हे भाइयो! जिस दिन जन्म होता है इस जीवन के भविष्य का निबटेरा उसी दिन हो चुकता है, परन्तु मोह रूपी आवरण के कारण मुक्ति का मार्ग "निज कर्तव्य" नहीं सूझता। निश्चय ज्ञानी को कोई कर्म इस प्रकार से नहीं व्यापता जैसे जल में जल का प्रतिबिंब नहीं पड़ता और हे भाइयो क्षत्रियों का धर्म युद्ध में मरना और मारना ही है।

जिस समय दोनों दल अजमेर में उपस्थित हुए, और दोनों सेनाओं के राजपूत एक दूसरे पर झपटने को उद्यत हुए त्योंही इधर से नरनाह कन्ह की आंखों पर से पट्टा हटाया गया। दिखादाव होते ही कन्ह काल की खीस ऐसी तीक्ष्ण तलवार से शत्रु दल को काई सा फाड़ने एवं कड़बी सा काटने लगा। कन्ह की विकट काट कपट के कारण काली कपाली और भूत बैतालों की भूख भाग गई, हजारों हाथी सुंड मसुंड बिन होकर ढोल से ढलकने लगे अश्व असवार बिन होकर पड़े पड़े पैर पटकने लगे, सूर वीरों के कटे हुए सर मार मार बकते और रुंड रण खेत में हथयार करते थे। कट कर पड़े हुए अगनित जीवों के खंडित अवयव और मांस मेदा मज्जा से मांसाहारी पशुओं की क्षुधा शान्त होगई। कन्ह के ऐसे पराक्रम के कारण भीमदेव की सेना छिन्न भिन्न होकर पीछे पछलने लगीं तब तो भीमदेव ने कुपित होकर स्वयं अपना हाथी आगे को बढ़ाया। भीमदेव के साथ साथ उसके सैनिक भी जान हथेली पर रख कर आगे को झुके। वे गुजराती वीर अपनी टेक पर डठे पीछे हटना मानो जानते ही न थे। और इधर कन्ह उन्हे काट काट कर पाटता जाता था। उस समय वह रणभूमि सुन्दर सरोवर सी भासित होती थीं। खून पानी सा, कटे हुए हाथ पैर मगर मच्छ से, बार सिवार से, मांस मज्जा कीचड़ सा, उतराते हुए नव युवकों के मुंड कमल पुष्प से, और उनके अधखुले चक्षु चातक एवं चंचरीक से जान पड़ते थे। जैसे द्वापर युग में नन्द के कन्हैया ने यमलार्जुन को नारद के शाप से मुक्त किया था वैसे ही कलियुग में कन्ह ने कई वीरों को जीवन मोक्ष कर दिया। कवि कहता है कि खेत में खड़े होकर जब दो भिड़ते हैं तब एक गिरता ही है परन्तु सच्चे सूरवीरों का पराक्रम सदा सराहनीय होता है।

उधर भीमदेव की तरफ से जामराय यादव ने जोर किया और उसे इधर से खेते खँगार ने आड़े हाथों लिया। पहिले तो वे दोनों परस्पर के अधीनस्थ सैनिकों को काट काट कर रक्त के कुंड भरते रहे अन्त में दोनों मदान्ध बैल की भाँति भिर कर द्वन्दयुद्ध करने लगे। सोमेश्वरजी की तरफ से बली बलभद्र भी भारी पराक्रम दिखा रहा था। बली बलभद्र स्वेत पोशाक पहने था उसका हाथी भी स्वेत था यहां तक कि घोड़े टट्टू जो कुछ था सब स्वेत स्वेत था। गुजराती सेना ने पहिले बलभद्र को घेरा। बलभद्र ने अपने बशभर खूब मोरचा छेड़ा परन्तु अन्त में अमावस की रात्रि के समान संघटित सिन्धी सेना सीमा पार करने लगी और सोमेश्वर के पास तक जा धमकी। भीमदेव की सेना ने सोमेश्वर को चारों ओर से घेर लिया। यह देख कर चहुआन सैनिक भी डंके की चोट पर रणतूर की आवाज करके बड़े पराक्रम करते हुए आगे झुके। किंचित् काल के उपरान्त चहुआन और चालुक्य का परस्पर चौनजरा होगया। उस समय दोनों के प्रज्वलित अग्नि ज्वाला से नेत्र खासे खून भरे कटोरे से देख पड़ते थे। वे दोनों वीर साक्षात् देवगुरु वृहस्पति और दैत्यगुरु शुक्र से सुशोभित होते थे। दोनों ओर के फौजी जवान हथेली पर प्राण रख कर अपने अपने नमक की बजाने में दत्तचित थे। ज्यों ज्यों घोर गर्जना कर रणवाद्य बजते और भूत बैताल नाचते थे, त्यों त्यों सिपाहियों का चित्त चौगुना चंग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सा चढ़ता जाता था। कुछ देर खूब लोह झड़ा, हजारों सिपाही और हाथी घोड़े कट कर लोथों के अटंब लग गए, आखिरकार गुजराती फौज ने सोमेश्वर को बुरी तरह से घेर लिया। निदान जब सोमेश्वर ने जान लिया कि अब यहां से जीते जागते निकलना कठिन है तब वह भी घोड़े को फटकार कर आंख मींचे वार करने लगा। सोमेश्वर केवल पचास अश्वारोहियों के साथ भीमदेव के पांच हजार सवारों में घिर गया था। उनमें से ३०० सिपाही सोमेश्वर ने स्वयं मार गिराए और अन्त में आप भी पंच तत्व को प्राप्त हुआ। परन्तु चलते चलते चालुक्य को भी इस योग्य न छोड़ गया कि फिर वह खेत में खड़ा हो सके। जैसे ही एक तरफ सोमेश्वर गिरा वैसे ही इधर भीमदेव भी नीमजां होकर पृथ्वीतल पर पतित हुआ। बस उसके साथी भी उसे डोली में रख कर खेत से हटे और इसी पर कलह का भी अन्त हुआ।

जब यह समाचार पृथ्वीराज के पास पहुंचा तो वह क्रोध और शोक से विह्वल सा हो गया। परन्तु उसने अपने को सम्हाला और सोमेश्वर का पिंडदान एवं श्राद्ध कर्म करने लगा। पृथ्वीराज ने भूमिशैय्या व्रत धारण करके अन्यान्य ब्रह्मचर्य नियमों को पालन करते हुये १२ दिन बिताए और इतने में अतुलित धन स्वर्ण का दान किया। उसने आठ सौ गौवें दान कीं जिनमें प्रत्येक के सींग और खुरों पर बारह बारह भार सोना मढा हुआ था। इसके सिवाय उसने शास्त्रोक्त और भी षोड़स दान दिए और श्राद्ध कर्म समाप्त करके प्रतिज्ञा की कि जब तक भीमदेव को मार कर पिता का बैर न भँजा लूंगा तब तक न तो घी खाऊंगा और न सिर पर पगड़ी बाँधूगा। ऐसा विषम व्रत करके पृथ्वीराज की तो इच्छा थी कि इसी समय गुजरात पर चढ़ाई की जाय परन्तु मंत्रियों के मत से यह निश्चय हुआ कि पहिले अजमेर का राज्यतिलक हो जाय।

इसलिये तमाम प्रजा में इस बात की सूचना दे दी गई। इधर महल में जहां तहां यज्ञ जप तप दान पुण्यादि होने लगे। उत्तम ज्योतिषियों के संशोधित और निश्चित मुहूर्त के आने पर दर्बार की तय्यारी की गई। सब तरह के राजसी साज समानों से सभा मंडप सजाया गया। उस समय उस स्थान की ऐसी शोभा थी जैसे साक्षात् इन्द्र का अखाड़ा पृथ्वी पर उतर आया हो। जहां तहां जड़े हुए जरकसी वस्त्र और उनमें लगे हुए सब किस्म के जवाहिरात ऐसे जान पड़ते थे जैसे आसमान में नवग्रह प्रकाशित हो रहे हों। कहीं कहीं लटकते हुए अच्छे अच्छे स्वच्छ मोतियों के गुच्छे उड़गन समूह से ज्ञात होते थे। इस प्रकार के सुसज्जित सभामंडप के बीच में स्थापित राजगद्दी पर विराजित राजा पृथ्वीराज साक्षात् सूर्य्य का सा अंश सुशोभित होता था। एक तरफ दधि, दूब, तंदुल, गोरोचन, केसर, कपूर और रोली आदि आवश्यक शुभ सूचक सामग्री और पंडितों की मंडली उपस्थित थीं और दूसरी तरफ सोलहो शृंगार और बारहो आभूषणों से सुसज्जित मंगला मुखी महिलाए ताल स्वर सहित कलकण्ठ से गान कर रही थीं। उनके रंग बिरंगे वस्त्रों पर पड़ी हुई पुष्पों की मालाएँ तो मानो देखने वालों के मन मोल लेती थीं। समय आने पर सखियों सहित रानी इच्छनी भी रनिवास से निकल कर सभा मंडप में आई। उसकी अवाई ऐसी मालूम होती थी मानो अन्यान्य अप्सराओं सहित अखाड़े पर आ रही हों। इच्छनी रानी भी पृथ्वीराज के पास बाएँ आसन पर आबैठी और दोनों की गांठ जोड़ी गई। उस समय सब लोग यथावित्त न्योछावरें करने लगे। लग्न का ठीक बेध होने पर पहिले कन्ह ने उसके पीछे निढुर राठौर और तिसके बाद अन्यान्य सामन्तों ने वारी वारी से पृथ्वीराज का तिलक किया। उस समय पृथ्वीराज के शीश पर ढुरता हुआ स्वेत चँवर ऐसा सुशोभित होता था जैसे चन्द्रमा ने चिढ़ कर रीस सें अपनी किरणों को सूर्य्य मण्डल पर जा डटाया हो और सोने की डांड़ी पर आरोपित रत्नजटित छत्र ऐसा मालूम होता था मानो अन्य पंच ग्रह मंगल के मंडल पर एकत्र आ विराज रहे हों॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पज्जून छौंगा नाम।

(चालीसवां समय।)

जब पृथ्वीराज ने सुना कि भीमदेव ने अजमेर पर चढ़ाई करके सोमेश्वर को मार डाला, तब वह तुरन्त उलटे पैर दिल्ली को चला आया। पृथ्वीराज ने पज्जूनराज कछवाहे को निज में बुला कर उसके सिर पर छौंगा बाँधा और छत्र दिया और कहा कि हे भाइ! भीमदेव ने घर बैठे उपद्रव उठाया है, यह बात मुझे बहुत ही खटकती है, इसलिये तुम और मलयसिंह अपनी सेना लेकर जाओ और भीम को समझाओ।

भीमदेव उस समय पट्टनपुर न जाकर सोनिंगरा के किले में पड़ा हुआ था। अतएव पृथ्वीराज को दूत द्वारा इस बात का भी पता लग चुका था। इसलिये उसने पज्जूनराय को वहीं पर जा जुड़ने की आज्ञा दी। निदान पज्जून राय भी चुने हुए योधाओं की फौज लेकर मलयसिंह के सहित भीमदेव पर चढ़ चला। पज्जूनराय और मलयसिंह दोनों कछवाहे बीर सब हथियारों से सजे बजे तूणीर बाँधे कमान काँध अच्छे अच्छे काच्छियों पर सवार ऐसे सुशोभित होते थे जैसे उत्तरापति अभिमन्यु और अर्जुन कौरव दल का ब्यूह भेदने के लिये प्रस्तुत हों। वे दोनों पिता पुत्र बराबर पड़ाव पर पड़ाव डालते और शत्रु की सीमा में हलचल मचाते जाते थे। जब उन्हों ने भीमदेव की सरहद के नगरों पर घेरा डालना और राजसी चौकियों को लूटाना शुरू किया तब यह सब समाचार भीमदेव के दरबार में सुनाया गया। इस खबर के सुनते ही भीमदेव पूँछ दबे हुए सर्प की भाँति कुपित होकर सेना सहित चढ़ दौड़ा, आते ही रणबाँकुरे मलयसिंह ने उसका मुकाबला किया अभी सिपाहियों की परस्पर चार चोटें भी न होने पाई थीं कि पज्जूनराय ने भीमदेव का सिरमंडन छौंगा ले लिया और चलता हुआ। पज्जूनराय जब सात कोस निकल आया तब उसे मालूम हुआ कि उसकी चाबुक रह गई है, इसलिये वह फिर उलटा फिरा और चौंप से चढ़ी आती हुई चालुक चमू में से चाबुक लेने के लिये पैठ पड़ा। पज्जूनराय के पहुँचते ही चालुक्क सेना ने धर मार करना शुरू किया। पज्जून के योधा भी खूब बार बचाने चले। मलयसिंह के मुकाबले में गुजराती सेना मनहार होकर ठिठक गई और वे दोनों बाप बेटे भीमदेव का सिर छत्र छौंगा लेकर सकुशल दिल्ली आ उपस्थित हुए।

जिस समय पज्जूनराय ने वह छौंगा पृथ्वीराज के साम्हने उपस्थित किया तो पृथ्वीराज बड़ा प्रसन्न हुआ उसने कहा धन्य है कूरंभ! तू बड़ा पराक्रमी है तू भीमदेव से कहीं सहस गुना अधिक बलवान है—यों कह कर वह छौंगा निसानी की तरह उसी को वापस दिया और अपनी तरफ से एक घोड़ा भी दिया।

कवि कहता है कि पृथ्वीराज ने बड़ी बड़ी लड़ाइयाँ की और उसके यहां एक से एक चढ़ बढ़ कर अच्छे अच्छे पराक्रमी सामन्त थे परन्तु पज्जूनराय उन सब का सरताज था क्योंकि उसने जैसा यह पराक्रम किया वैसा और किसी ने नहीं किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पज्जून चालुक।

(इकतालीसवां समय।)

जब जैचन्द ने देखा कि अब मैं सम्मुख चाल करके चहुआँन को नहीं दबा सकता तब उसने सामनीति का आश्रय लिया और अपने भाई बालुका राय को सहायक देकर शहाबुद्दीन की सेना को दिल्ली पर चढ़ाई करने के लिये उसकाया।

निदान बालुका राय और ततारखां दो लाख सेना के साथ दिल्ली पति पृथ्वीराज को दमन करने के लिये चले। जब वे पड़ाव पर पड़ाव आगे बढ़ते हुए दिल्ली की सरहद दबाने लगे तो दिल्ली के राज दूत ने यह समाचार पृथ्वीराज के दबार में निवेदन किया।

उस समय पृथ्वीराज पिता का मृतकर्म करते हुए अशौच में था। इसलिये उसने विचार किया कि इस समय अपने एवज पर किस को भेजूं? अन्त में उसका विचार पज्जूनराय कछवाहे पर स्थिर हुआ क्योंकि पृथ्वीराज भली भांति जानता था कि वह सच्चा स्वामिधर्म्मधारी वीर तन धन त्रिया आदि किसी सांसारिक वस्तु का लालची नहीं है वह केवल मेरे काम पर मरना जानता है, इसलिये उसी को भेजना उचित होगा—परन्तु पृथ्वीराज ने एकदम ऐसा करना उचित न समझा, सामन्तों के मन की थाह लेने तथा अपने पर से पीछे कहने सुनने का छप्पर उतारने के लिये पृथ्वीराज ने सब सामन्त एवं सैनिकों को एकत्र किया और भरे दरबार में पान रख कर उपरोक्त चढ़ाई के समाचार की सूचना देते हुए कहा कि जो पुरुष उक्त आक्रमण को रोकने के लिये सन्नद्ध हो वह इस बीड़े को उठावे और संसार में सुयश पावे। उस समय रामराय बड़गुज्जर, जैत प्रमार, दाहमा चामंड, भाटी, कमधुज्ज, आदि सब वीर उपस्थित थे, परन्तु बीड़ा उठाने का द्याव किसी का भी न पड़ा। तब रणवांकुरे कूरम्भराय पज्जून ने अपने आसन से उठ कर बीरा उठा लिया। पज्जूनराय के बीड़ा उठाते ही सारी सभा में आनन्द ध्वनि और पज्जून वीर की वाह वाह होने लगी। सब लोग कहने लगे धन्य है वही तो पज्जूनराय हैं जिसने भीमदेव की भरी सेना में से उसका छोंगा उतार लिया। पज्जूनराय के पान लेते ही पृथ्वीराज ने अपनी तलवार भी उसे बगस दी। पज्जूनराय दरबार से तलवार बाँध कर वैसा ही अपने घर को चला आया और उसने सब समाचार अपने भाइयों से कह सुनाया। निदान बलिभद्र, कन्ह, वीरसिंह, पल्हन आदि उसके सब भाई और निज की फौज सहित मलयसिंह भी उसका साथ देने को सन्नद्ध हुए।

इस प्रकार पंचमी रविवार को पज्जूनराय दिल्ली राज्य की समस्त सेना और सामन्तों का सरताज बन कर शहाबुद्दीन और चालुक की संगठित सेना का आक्रमण रोकने के लिये चल पड़ा। उस सुसज्जित सेना के बीच में पांचों भाइयों सहित पज्जूनराय ऐसा सुशोभित होता था जैसे भारथ के युद्ध में पांडवों के बीच उनके रक्षक श्री कृष्ण हों। ज्योंही पज्जूनराय की जोरदार सेना समुद्र के ज्वार की तरह दिल्ली के सिवाने से आगे बढ़ी त्योंही भारत के शुभ सूचक शकुन दिखाई दिए। मृग सहित मृगियों का झुण्ड दाहिने तरफ आता हुआ देख पड़ा। बाएँ तरफ सारस का जोड़ा बोलता था, उत्तर की तरफ योगिनी शब्द करती थी, और सम्मुख मुँह खोले मृगराज देख पड़ा जिसे पज्जूनराय ने प्रणाम किया॥

इधर से पज्जूनराय बढ़ता जाता था। उधर से बालुका राय चला आता था। जब हिन्दू मुसल्मान दोनों सेनाओं का आमना सामना हुआ तो तत्तार खां और खुरसानखां ने अपनी सेना को सर्प व्यूहाकार विरचा और पज्जूनराय ने राजपूत सेना को गरुड़ व्यूह बनाया। इस व्यूहाकार के जामराय यादव और मदनसिंह पड़िहार पैर, जैत प्रमार पूछ, भीम भटी पिंड और पांव, चन्द पुराडीर जांघ, चौंच

१ इस समय का आखिरी छन्द ३९—"उभय बीस अरु पषं दिन न्हाय दान दिये बीर"॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुख और जीभ भाइयों सहित पज्जून, गरदन आजान बाहु लोहाना और स की चोटी बली बलभद्रराय थे। तिथि नौमी शुक्रवार को पांच घड़ी दिन चढ़ा था जिस समय पज्जूनराय गिद्ध एवं ऊंट रुप होकर कमधुज्ज और शहाबुद्दीन के सेना रुपी सर्प एवं पोस्ते के पुष्प को भक्षण करने लगा। दोनों तरफ के योद्धा लोग म्यान से तलवारें निकाल कर मार मार करते हुए परस्पर जुट पड़े। झनाझन लोहे की लपेट से आग की चिनगारियां झरने लगी। मय टोप और जिरह बख्तर के कट कट कर ज्वान जमीन पर लोटने लगे। यों ही होते होते बलभद्र ने ऐसा जोर पकड़ा कि शत्रु सेना में खलबली पड़ गई। यवन दल को दलन करता हुआ पज्जूनराय ऐसा सुशोभित होता था जैसे गहरे सरोवर में केल क्रीड़ा करता हुआ मदान्ध कुंजर सघन सरसिज समूह का सत्यानाश कर रहा हो।

अन्त में मुसल्मानी सेना ने पीठ दिखाई और पज्जूनराय के हाथ खेत रहा। इस युद्ध में बालुका राय के चार भाई काम आए और पज्जूनराय के पांचो भाई अत्यंत घायल होकर अचेत हुए। बलभद्र, कन्ह पंचाइन जैतसिंह आदि तो साधारण ही घायल हुए थे परंतु पल्हन के शरीर में साठ घाव आए थे। पज्जूनराय ने पहिले तो दोनों तरफ के सब घायलों को मरहम पट्टी का बन्दोबस्त कर वाया फिर मुसल्मान मुर्दों को मिट्टी दिलवाई और हिन्दुओं की दाह क्रिया करवाई। तदनन्तर शाही सेना के भंगेड़ों का सब सामान सग्गड़ों पर लदवा कर वह दिल्ली को रवाना हुआ।

जिस समय शत्रु दल को विदार कर पज्जूनराय दिल्ली पहुँचा और पृथ्वीराज से मिला उस दिन राजा प्रजा सब ने बड़ी खुशी मनाई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्द द्वारिका गमन।

(चालीसवाँ समय।)

एक समय कवि चन्द की द्वारिकापुरी की यात्रा करने की इच्छा हुई। इसलिये उसने पृथ्वीराज से छुट्टी लेकर अपना यात्रा सम्बन्धी सब साज सामान दुरुस्त किया कविचन्द के साथ में जाने के लिये सात हाथी दो हजार घोड़े सात रथ और आठ सौ धनुर्धारी तैयार हुए। साथ ही इसके राजा पृथ्वीराज और सौ सामन्तों ने भी अपनी तरफ से बहुत से घोड़े हाथी और साज सामान कविचन्द को भेट किए। ऐसे सब लावलश्कर के साथ कवि चंद आनन्द की दुन्दुभी बजाता हुआ चित्रकोट अर्थात् चित्तौर के पास पहुंचा। दो योजन की दूरी से जब चित्तौर का अति उतंग दुर्ग दृष्टिगोचर होने लगा तो कविचन्द ने अपने डेरे वहीं पर डाल दिए।

जिस स्थान पर चित्तौर का किला है वह किसी समय उतंग पर्वतों से परिवेष्ठित सुन्दर झरनों के निर्मल नीरमय सरोवरों सहित सघन बन आच्छादित सुरम्य स्थल था। चित्रांगद नामक एक मौरि वंशीय राजा ने उस स्थान की रमणीकता से प्रसन्न होकर चित्तौर के "वर्तमान" किले की नीव डलवाई थी और चित्रांगद नाम का एक तालाब भी खुदवाया था। कुछ दिनों के बाद जब चित्तौर का किला, बुर्ज, कोट, कंगूरा, अटा, अटारी, महल, दुमहला, ओख, गोख, झारि, झरोखा, चित्रसारी, आदि से सुसज्जित हो चुका और जहां तहां हाट, बाट, चौहटे. बाग, बाजार, चावच्चे आदि भी यथा स्थान बनठन कर दुरुस्त होगए तब वहां पर छत्तीसों वंश के क्षत्री, उन के परिकर के लोग और व्यापारी आदि आ आ कर निवास करने लगे। तब मोरी राजा ने वहां पर गोमुख कुण्ड और आनन्द कानन के समान एक आनन्द मय उपबन भी बनवाया। इसी काम के होते समय, एक पहाड़ की कन्दरा के खोदने पर वहां एक तपसी निकला जिसके सम्मुख उसके शिष्य को एक सिंहनी भक्षण कर रही थी। इस घटना की पूर्व कथा इस प्रकार है कि- अयोध्यापुरी में एक कीर्ति धवल नाम का राजा राज्य करता था। वह एक समय शिकार खेलने गया और उसने एक गर्भवती मृगी को बाण मारा। बाण के लगते ही वह मृगी विकल होकर तरफराने लगी। यह देखकर राजा के हृदय में ऐसा वैराग्य उत्पन्न हुआ कि फिर वह लौट कर राजधानी को न गया, अपने पुत्र के साथ वहीं से तीर्थ यात्रा करता हुआ चित्तौर में आकर तप करने लगा। दैवात उसके महल की एक दासी वहां से आ निकली। उसने राजा को पहचान लिया और यह समाचार रानी को जा सुनाया। रानी इस समाचार को सुनकर ऐसी प्रसन्न हुई कि मारे उत्कंठा के जैसी बैठी थी वैसी ही उठ कर चल दी। उसे यह भी ध्यान न रहा कि वह कहां जा रही है। वह ज्योंही गोख की खिड़की से आगे बढ़ी कि सैकड़ों हाथ ऊंचे से ज़मीन पर गिर कर चकनाचूर हो गई—सच है जप, तप, पूजा, पाठ, स्नान, ध्यान, तिलक, छापा, पोथी, पुरान आदि से कुछ भी नहीं होता, ये सब चित्त शुद्धि के साधन मात्र हैं, मरते समय चित्त में जो बासना स्थित हो उसी के अनुसार पुर्नजन्म होता है निदान उस रानी ने सिंहनी का जन्म पाया और भूलते भटकते उसी स्थान पर आ पहुँची जहां राजा कीर्तिपाल मय अपने सुकुमार कुँवर के तपस्या करता था। वह स्वाभाविक भीषणावेष सिंहनी क्षुधा से तो पीड़ित थी ही बस उसने आते ही राजकुमार पर हाथ साफ किया, परन्तु ज्योंही उसका मांस खाया चाहती थी कि उसे पूर्व जन्म की सुधि आ गई, बस वह उसी अवस्था में पाषाण की सी मूर्ति स्थिर रह गई और एक महीने पर्यन्त बिना जल-पान के आंसू मोचन करते करते उसके प्राण पखेरू पंचभूत पंजर से बिदा हुए।

जब कीर्तिपाल ने सिंहनी को कुमार को मारते हुए देखा तो वह साहस करके कुमार के पास दौड़ गया और उसने उसके कान में राम नाम जा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुनाया परन्तु राजा को इससे बड़ा दुख हुआ तब उसके गुरु ने समझाया कि तुमने जो गर्भवती हरिनी मारी थी—यह सब उसीका फल है।

'जब किसी स्त्री को नैहर से आए हुए एक साधारण पायक का समाचार मिलता है तो वह उसे पिता के समान प्यार करती है" जब कविचन्द के आने का समाचार पृथाकुमारी के कर्णगोचर हुआ तो वह अगनित दास दासियों को लेकर पालकी में सवार होकर कविचन्द के डेरे पर आई और कविचन्द को भेट देने के लिये एक सहस्र सीतारामी स्वर्ण की थारियों में जरकसी वस्त्र पान अगर और मोतियों की मालाएं लाई। कविचन्द ने पृथाकुमारी के सम्मान को स्वीकार करके उसे आशीर्वाद दिया और किले को विदा किया। पीछे से आप भी नीलकंठ महादेव और भवानी के दर्शन करता हुआ चित्तौर में पहुंच कर रावल जी से मिला। अवाईजवाई हो जाने के बाद रावल समर सिंह जी ने कविचन्द को भोजन करने के लिये बुलाया। सब सर्दारों सहित रावल जी और कविचन्द जेवने को बैठे और भांति भांति के षटरस भोजन परोसे गए। भोजन हो चुकने के बाद टीका और पान सुपारी हुआ। तिसके बाद रावल जी ने कविचन्द को बहुतसा धन रत्न और मोतियों की माला दी। जब चन्द चलने लगा तो सजे हुए घोड़े, एक गजमुक्ता और एक रत्नजटित सुखपाल देकर रावल जी ने उसे विदा किया।

कविचन्द चित्तौर से विदा होकर पट्टनपुर होता हुआ पश्चिम पयोनिधि के किनारे पर जा पहुंचा। ज्यों ही कविचन्द को रणछोड़जी के देवालय की ध्वजा देख पड़ी त्योंही उसने साथियों सहित सवारी से उतर कर पैदल चलना शुरू किया। और मंगनों को दान देता हुआ पहिले गोमती के दर्शन करने गया, वहां से चल कर भगवान रणछोड़ जी के मन्दिर पर पहुंचा। वहां देखता क्या है कि मन्दिर का छत्र सर्वाङ्ग सोने से मढ़ा हुआ है और उसमें लगी हुई जहां तहां मोतियों की लड़ी ऐसी सुशोभित होती है जैसे अनन्त सूर्य्यमंडल के मध्य में चन्द्रमा की किरणें अपनी कलंक कालिमा के काटने को आडटी हों। कविचन्द ने पहिले परिक्रमा करके इस प्रकार स्तुति की। हे गोविन्द तू ही देह है, तू ही मन है, तूही दिगपाल है, तू ही यम है, तू ही द्रौपदी की रक्षा करने वाला है, तू ही त्रिदेव है, तूही ब्रह्माण्ड है, तू ही तीन कूंड है. तू ही ब्रह्माण्ड के खण्ड है, तू ही ज्ञान समूह है, तूही अप्सराओं का जूह है। हे प्रभू तेरी ही दी हुई शक्ति से शेष पृथ्वी को सिर पर रक्खे है और हर अर्थात् शिव संसार की रक्षा करते हैं। इसके बाद कवि ने देवी की स्तुति की। उसने कहाः—हे ऋषि वरों द्वारा पूजित संसार की सार एवं बीज स्वरूप सक्ति तेरा भजन करने से संसार मात्र को सिद्धि प्राप्त हो सकती है-शिशुपाल और कालयमन को नाश करने वाली। हे एक भग्नी और पाँच पतिवाली तुझे नमस्कार है। संसार में ऋद्धि, सिद्धि, काल, कीर्ति, गलि आदि, अन्त, स्वर्ग, नर्क, जीव, जन्तु, चारों युग, भूमि, धूम, जल, वायु, तप, ताप, तुषार, भान, मान, मुक्ति, बाल, वृद्ध, युवा, व्याघ्र, सार, बाग, मुंड, कुंड, छत्र, छत्रधारी, रूप, रंग, राग, भृत्त, वृत्त, बागवानी आदि जो कुछ है सो हे माता चंडिके तुहीं है।

इसके पश्चात् कवि ने शास्त्रोक्त विधिवत् हवन करके तुलादान किया और हाथी, घोड़े, रथ, अन्न, वस्त्र, स्वर्ण, माणिक, मोती आदि दिव्य पदार्थ दान किए,—कवि कहता है कि जो मनुष्य द्वारिकापुरी में जाकर छापे नहीं लगवाते वे दूसरे जन्म में घोड़े होते हैं और उनके बाजू और पीठ दागे जाते हैं * जो भगवान का दर्शन और बन्दना नहीं करते वे जरायुज जन्म पाते हैं और जो प्रदक्षिणा नहीं करते वे कोल्हू के बैल होते हैं अथवा रहँट में जोते जाते हैं। जो मनुष्य गोमती में स्नान

* ते हयवारह चाढ़ि न्याय हय पिट्ठ दगावहि-"यह पद इस बात का एक अच्छा प्रमाण है कि उस समय भी राजाओं के घुड़सार के घोड़े दागे जाते थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करके अपने को शुद्ध नहीं करता वह दूसरे जन्म में [1]जैनयोगी होता है, जिनके केश नोंचे जाते हैं जो कभी मुँह नहीं धोते, स्नान नहीं करते, आँख में आंसू आने से अनेक [2]उपवास करते हैं, गंगा, गया प्रयाग आदि किसी को नहीं मानते– 'फिर काहिए ऐसे अनिस्थिर–मत जीव की क्या गति हो गी।"

द्वारिकापुरी से चलकर चन्द ने भोला–भीमदेव के आचार्य्य अमर सिंह सेवरा से मिलना विचार कर पट्टनपुर के उपकंठ में आकर बसेरा लिया। कविचन्द ने देखा कि पट्टनपुर की बस्ती बड़ी ही विस्तीर्ण, सब प्रकार के राजसी और व्यापारी सामानों से परिपूर्ण एक अति उत्तम और रमणीक स्थान है। प्रत्येक नगर निवासी मनुष्य के गले में सोने के गुंज गोफ और मोतियों की मालाएं पड़ी हुई हैं। स्वर्ण का दान कोई देने से भी नहीं लेता। कुत्तों के गले में चाँदी के पट्टे पड़े हैं। हाथियों के दाँतों में जड़ाऊ मुहालें जड़ी हैं। शहर के एक ओर समुद्र की मेघास्पर्श लहरों का शोर होता है दूसरी तरफ छोटी छोटी पहाड़ी और उनके बीचों बीच अच्छे अच्छे बाग बगीचे हैं जिनमें सब प्रकार के फल फूलदार छोटे बड़े बिरवा लहलहा रहे हैं, बीच बीच में कुंड कुएँ और तालाब हैं जिनमें पुरैन खिल रही हैं और हंस, सारस, बतक आदि जलचर पक्षी कल्लोल करते हुए क्रीड़ा कर रहे हैं और उन्हीं के तीर तीर सुन्दर सोरहो शृंगार बारहो आभूषणों से सुसज्जित सुन्दरीं स्वर्ण कलसों एवं झारियों में जल भर भर कर आती जाती हैं। इस प्रकार गुलजार नगरी देखकर कविचंद का चित्त प्रसन्न हो गया।

कविचन्द ने भी एक हरेभरे स्थान पर अपने सुनहले जरकसी तम्बू तनवा दिए–जो शहाबुद्दीन से से छीने गए थे—जहां तहां घोड़े हाथी बँध गए और कवि के डेरों का विस्तार आध कोस में हो गया। जब यह समाचार भीमदेव के पास पहुंचा तो उसने अपने भाट जगदेव को कविचन्द के पास भेजा और एक हाथी सात घोड़े एक ऊंट और बहुत सा धन रत्न भी कवि को भेंट देने के लिये भेजा। जब कविचन्द ने जगदेव की अवाई का समाचार पाया तो वह एक अजब स्वांग बनाकर बैठ रहा–उसके आस पास दिया, जाल, कुदाली, रक्खे थे और हाथ में पैरी और अंकुश था। जगदेव ने आतेही कविचन्द से पूछा—

यह क्या?

चन्द—सोमेश्वर को किसने मारा?

जगदेव—क्या तुम नहीं जानते?

चन्द—आबूगढ़ किस ने लिया?

जगदेव—भीमदेव ने। वह पट्टनपुर का राजा एक असीम सेना का स्वामी और समर में स्वयं असीम पराक्रमशाली है।

चन्द—अच्छा तुम हमारा अभिप्राय तो समझ गए न? यदि नहीं समझे तो दस रोज में आप ही समझ जाओगे।

यह एक स्वाभाविक बात है कि समूह बद्ध होकर भेड़ें रहती हैं सिंह नहीं। उस पृथ्वीराज को धन्य है जिसने जीता हुआ साज सामान फिर से फेर दिया।

कविचन्द बोला कि यदि यह गुर्जरनरेश है तो वह दिल्लीपति है। उस तेजस्वी पृथ्वीराज ने शत्रुओं का संहार करने के लिये ही पृथ्वी पर अवतार लिया है, पृथ्वी माता ने मानों पृथ्वीराज के लिये चार हांड़ी राँध कर चार जगह रक्खी हैं। जिन में से एक शहाबुद्दीन दूसरा प्रमार और तीसरा

---

[१] जैन [जीत लिया है जिसने काम क्रोध लोभ मोहादि अजेय शत्रुओं को उन का नाम है 'जिन' भगवान उस जिन की उपासना करने वालों को जैन कहते हैं] जैनियों के वैसे तो बहुत फिर्के हैं परन्तु स्वेताम्बर, दिगम्बर और सेवरा ये तीन मुख्य हैं। स्वेताम्बर वे हैं जो स्वेत वस्त्र पहिनते हैं और इसी शुद्धाचारों का आचरण करते हैं। दिगम्बर वे हैं जो बिना वस्त्र के रहते हैं और तप को मुख्य मानते हैं। तीसरे सेवरे वे हैं जो मुख पर पट्टी बांधे रहते हैं और हमेशा मोरपच्छ पास में रखते हैं जिससे जमीन झाड़ कर बैठते हैं।

[२] जैन जातियों में शिष्य होने के समय जब गुरू चोटी के बाल उखाड़ता है यदि उस समय आंसू आवें तो तीन दिन अनशन व्रत कर के प्रायश्चित करना पड़ता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुम्हारा स्वामी है *' सो हे जगदेव दो तो पृथ्वीराज पा चुका, तीसरा भोराराय शेष है। ध्यान रक्खो। तुम्हारे राज्य के दस लाख योधा भी पृथ्वीराज के दस सामन्तों का सामना नहीं कर सकते। तब जगदेव बोला कि अच्छा तो जाओ अब तुम अपने पृथ्वीराज को ही लेकर आओ तभी हम तुमसे मिलेंगे। उस समय सब निबटेरा हो जायगा। यह कह कर जगदेव चलागया।

दूसरे दिन भोरा भीमदेव स्वयं कविचन्द के पास आया। कवि अगवानी देकर भीमदेव से मिला और उसका यश वर्णन करके उसने यथोचित आशीर्वाद दिया। तब भीमदेव ने कविचन्द का और अमरसिंह सेवरा का विद्यावाद देखने की इच्छा प्रगट की। यह जान कर कविचन्द ने ज्योंही अपने इष्टदेव की आराधना की त्योंही अमरसिंह रथ सहित आसमान को उड़ गया और एक वृक्ष के शिखर पर जा बैठा और वहां पत्ते पत्ते पर नाचते हुए चहुआन की जै जै कार बोलने लगा। इधर पट्टनपुर की सारी जमीन हिलेनलगी और अँधाधुंध आँधी आने के लक्षण देख पड़ने लगे। यह देख कर भीमदेव रथ पर चढ़ कर महलों को चलता हुआ।

तब तक इधर कविचन्द के पास पृथ्वीराज का परवाना पहुंचा कि शहाबुद्दीन चढ़ाई करके चला आरहा है सो जहां तक हो सके जल्द आओ। यह समाचार पाते ही कविचन्द वहां से उसी समय कूच दर कूच चलता हुआ दिल्ली आ पहुँचा।

* मूल पुस्तक में पहिले तो चार हांडी लिखी है परन्तु नाम उक्त तीनों दिए हैं। इस से अनुमान होता है कि चौथे से कवि का अभिप्राय जैचन्द से था। परन्तु उसका नाम स्पष्ट नहीं दिया। संभव है कि छन्द का कोई अंश किसी प्रकार छूट गया हो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६ वां युद्ध.

कैमास युद्ध।

(तेतालीसवाँ समय।)

एक दिन शहाबुद्दीन ने अपने मंत्री तत्तार खां और खुरसान खां से पृथ्वीराज पर चढ़ाई करने के विषय में पूछा। तब तत्तार खां बोला कि एक तो पृथ्वीराज स्वयं एक बलवान शत्रु है तिस पर भी उसका वजीर कैमास तो बिलकुल अक़्ल का पुतला है।

अतएव जब कि पृथ्वीराज शिकार खेलने के लिये षट्टू बन में पड़ा हुआ था शहाबुद्दीन ने कैमास के पास एक परवाना लिख भेजा और इधर आप अपनी फौज तैय्यार करके संवत् ११४० चैत्र बदि ११ रविवार पुष्य नक्षत्र में दिल्ली की तरफ चल पड़ा। इस बार शहाबुद्दीन के साथ में तीन लाख सवार चार हजार धनुर्धारी एक लाख पैदल सिपाही और तीन हजार हाथी थे। शहाबुद्दीन ने इतनी सेना के साथ कूच करके गजनी से दस कोस के ऊपर आकर पड़ाव डाला। पारसपुर के घाट पर सिन्धु नदी को पार करके इस पार डेरे डट जाने पर शहाबुद्दीन तत्तार खां, मारूफ खां, खुरसान खां, लाल खां, याकूब खां, तेजम खां और ममरेज खां आदि सरदारों सहित दरबार में बैठा। तब तक केदार भाट ने भी आकर आशीर्वाद दिया। शहाबुद्दीन ने केदार से कहा ही था कि अर्थ और गुणों के विषय में कुछ कहो कि तब तक शाही दो दूत जटा जूट बाँधे विभूत रमाए शृंगीनाद करते हुए आ पहुँचे। उन्होंने अरदास और धर्म्मायन की दी हुई चिट्ठियाँ पेश कीं जिनमें लिखा था कि पृथ्वीराज षट्टू बन के पास शिकार खेल रहा है और वहां उसके साथ इतना लाव लश्कर है कि मालवा और गुजरात तक उसकी धाँक बँध गई है। गांव के भूमियाँ थर थर कांपते और जहां तहां भागते जाते हैं।

ऐसे समाचार सुनते ही शहाबुद्दीन का दिल दहल गया। उसने सब मुसाहबों की एक अंतरंग सभा करके उनसे कहा कि चहुआन की सेना और कैमास के बुद्धिबल के साम्हने इस समय चढ़ाई करने से मेरा जी तो हिचकता है। और चढ़ कर आए हैं यदि योंही लौट जाते हैं तो भी बड़े शरम की बात है अब करें तो क्या करें ? शाह की ऐसी बातें सुन कर याकूब खां बोला कि हम लाल खां, हुसेन खां, मारूफ खां आदि चार भाई हैं. हमारे चार कालिब मगर एक जान हैं। हम चारों भाई इस वक्त क़सम करके कहते हैं कि या तो अब की बार दुश्मन पर फतह पावेंगे या हम चारो योंहि मक्के को चले जावेंगे, हारकर हूजूर को मुँह न दिखावेंगे। हमारी भारी फौज के साम्हने हिन्दुओं के सामन्त आटे का लोन है। याद रखिए, हम अब की बार पृथ्वीराज को जीता ही पकड़ कर हुजूर की कदमबोसी में हाजिर करेंगे। यह सुनते ही शहाबुद्दीन का चोला चंगा हो गया और उसने अपनी सेना सहित उसी समय आगे को कूच किया।

जब यह समाचार पृथ्वीराज के पास पहुँचा तो उसने उसी समय कैमास और चामंडराय को बुलाकर सब हाल कह सुनाया। तब कैमास ने उत्तर दिया कि तो अब देर किस बात की है। यथासम्भव शीघ्र ही सेना तय्यार कर के उस यवन शत्रु का सामना किया जाय और अब की बार कलेजे के कंटक को नष्ट ही करदिया जाय। इस पर पृथ्वीराज ने उसी समय दस हाथी और सात सौ घोड़े कैमास को और तीन सौ घोड़े चामुंडराय को दिए। बात की बात में सारी फौज की तय्यारी हो गई और संभरीनाथ पृथ्वीराज की सेना के कैमास, चामंडराय, लंगरीराय, गोइन्दराय, काका कन्ह, जैत प्रमार, वीर नरसिंह, हरसिंह, रामराय बड़गुज्जर, कनकराय सोलंकी, निड्डुर कमधुज्ज, और वीर बघेला इत्यादि सामन्त शत्रु पर शस्त्र प्रहार करने के लिये सन्नद्ध हुए।

उधर से शहाबुद्दीन अपने मंत्री तत्तार खां को साथ लिए हुए चढ़ा चला आता था। उसके साथ में रुस्तम खां, आखुब खां (याकूब खां), दरयाव खान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(दरिया खां), कन्दहार खां (जिसके साथ के सिपाही सिगिनी चलाने में दक्ष थे), मलिकखां, मम्मार खां, आलू खां, कम्माल खां, गक्खर मारूफ खां, पहलवान खां पठान, हबीब खां हबसी, समसुद्दीन खां रूमी, गयासुद्दीन चिश्ती और चित्रखान गुरबी आदि सरदार थे। उसकी सेना पांच भागों में विभाजित थी। प्रत्येक अनी के आगे चौसठ हाथी लाल ढाल वाले थे, शेष हाथियों पर हथनार तोपें थीं, बीच बीच में कमनैत जवानों की भरती और प्रत्येक अनी में सात सात सरदार थे। पृथ्वीराज सेना सहित आकर गोइन्दपुर में पड़ा था। जब शहाबुद्दीन सारुंडे के पड़ाव से मुड़ कर षट्टूपुर की तरफ चला तब इधर चहुआन सेना भी सचेत हुई। उस समय कैमास ने पृथ्वीराज से कहा कि आप षट्टूपुर में रहकर शिकार खेलिए हम लोग जाकर शत्रु को परास्त करेंगे। इस पर पृथ्वीराज ने उत्तर दिया कि हे कुलीन लज्जाशील वीरो, मैं जानता हूं कि मेरा सर्वस्व तुम्ही हो परन्तु मेरा यहां बैठे रहना उचित नहीं, तुम्हारा साथ देना ही उचित है। इस पर कैमास ने यह प्रत्युत्तर दिया कि तो आप यहां से सायत से कूच कीजिएगा और उसने अपनी सब सेना सहित उसी दम बम् बोलदी।

शहाबुद्दीन का मुकाम लाडून में था, इस लिये कैमास ने अपना पड़ाव पंचोसर के पास डाला। एक प्रहर रात्रि रहते ही एक दूत ने खबर दी कि शहाबुद्दीन सबेरे ही यहां आजावेगा। निदान कैमास ने तो उसी दूत को सीधा राजा पृथ्वीराज के पास भेजा और यहां फौज की तय्यारी बोल दी। कैमास ने सब सेना को पांच भागों में विभाजित किया। सब अनीपत सर्दार और सामन्तों के कार्य्य विभाग एवं मोरचे लिख लिए गए और कन्ह हरावल का स्वामी नियत हुआ। दूसरी अनी का नेता कैमास हुआ जिसमें पांच हजार कमनैत (तीरंदाज) और पांच हाथी थे, तीसरी फौज कन्ह के तहत में थी जिसमें पांच हजार सवार बखतरिया और एक हजार हाथी थे, चौथी अनी का शासक गोइन्दराइ गहलौत था जिसमें पांच हजार नेजबाज और पांच सौ हाथी थे। पांचवीं फौज जैतराव प्रमार के ताब में थी जिसमें पांच हजार सवार पांच हजार पैदल और पांच सौ हाथी थे। उधर यवन सेना का मुख्य नेता स्वयं शहाबुद्दीन था। शहाबुद्दीन की अनी में दो लाख सवार और दो लाख पैदल थे। दूसरे ढाई हजार हाथी और डेढ़ लाख फौज तत्तार खां के साथ थी। तीसरे खुरसान खां के साथ दो लाख सवार और दो लाख में कमनैत पैदल और हथनार तोपें थीं। चौथे खंदार खां के साथ दो लाख सवार ढाई हजार हाथी और एक लाख कमनैत (तीरंदाज) थे। लाल खोल के साथ में ढाई हजार बखतरिए सवार थे। पांचवीं फौज का मालिक कम्माल खां था जिसके साथ में गोर गष्पर तुर्की आदि की सब मिला कर दो लाख फौज की भरती थी और पांच हजार हाथी थे।

(१) कन्ह एक तो सब सेना का स्वामी था इसलिये पहिली और तीसरी दो अनी उसके तहत में थीं।

ज्योंही यह समाचार पृथ्वीराज के पास पहुंचा त्योंही वह हथियार बाँधकर चन्द्रसेन चहुआन को साथ लिए हुए चलपड़ा और शहाबुद्दीन की सेना केवल दो कोस की दूरी पर थी, कि वह उसी समय अपनी सेना में आमिला। कवि कहता है कि अपार यवन सेना के साम्हने पृथ्वीराज के साठ हजार सैनिकों को सजा हुआ देख कर मनुष्य की तो बात ही क्या है योगनी भी हँसती थीं।

संवत् ११४० चैत वदी ११ सोमवार को एक पहर दिन चढ़ने पर दोनों सेनाओं का मुकाबला हुआ। कैमास और तत्तार खां की, कन्ह और खुरसान खां की, गोइन्द और खन्दहार खां की, जैत प्रमार और कम्माल खां की बरनी हुई। दोनों तरफ से हथनार कुहुकबान, बान, तेगा, तलवार, कत्ती, कटारी, गुरज, नेजा, फरसा आदि हथियार चलने लगे और खूब खचाखच मार होते होते शायंकाल हो जाने पर उस दिन का युद्ध खतम हुआ।

द्वादसी के दिन पुनः प्रातःकालही से सार बजने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगा, सूर लड़ने लगे, कूर डरने लगे, रुंड तरफरने लगे,मुंड लुढकने लगे,लोथें पटने लगीं,खून भरने लगा। युद्ध का आनन्द देखने के लिये देवता और देवाङ्ग-नाएँ आकाश मार्ग से आने लगीं, और वीर लोग तिनके की तरह तन तज तज स्वर्ग को जाने लगे। इसी प्रकार युद्ध होते होते जब दो पहर हो गया और चहुआन सेना यवन सेना का हृदय विदीर्ण करती हुई शहाबुद्दीन के पास जा पहुंची तब पृथ्वीराज एक जगह अकेला घिर गया। यह देख कर वहां चामंडराय जा पहुंचा। उसने संघटित यवन सेना समूह को बिदार कर अपने स्वामी को तो निकाल दिया परन्तु आप स्वयं फँस गया। यद्यपि चामंड राय बड़े बड़े गयंदों के गरे एक ही बार में गड़ेरी से उतार देता था, उनके खीसे पकड़ कर कंधे से उखाड़ लेता था और मय अश्व के असवार को पछार देता था, उसका तलवार चलाने का दृश्य मात्र कायरों के कलेजे पर चाबुक का काम करता था; परन्तु करै तो क्या करै सौ की सत्ती भी तो बुरी होती है। अन्त में चामंड राय को लाल खां, मारूफ खां, हसन खां, याकूब खां, चार यवन सर्दारों ने घेर लिया और चारों ने एक साथ वार किए। लाल खां ने दो बान मारे जिनमें से एक घोड़े को और दूसरा चामंडराय के सीने पर लगा, मारुफ खां ने शक्ति चलाई जो चामंड की जांघ बेधती हुई घोड़े का पंजर फोर गई। हसन खां ने तलवार के दो वार चेहरे पर किए और याकूब खां ने गरदन पर कटार चलाई। परन्तु वा हरे चामंड! ये उस पर वार क्या हुए मानो उसके क्रोध रूपी हुताशन में आहुति दी गई। उस ने जो तमक कर तलवार का वार किया तो एक एक हाथ में तीन मार गिराए, केवल लाल खां बच निकला। लाल खां अपने ढंग का एकही आदमी था। उसका टोप तलवार बाने बख्तर घोड़ा आदि सब तो लाल लाल था ही तिस पर भी सर के ऊपर एक लाल ध्वजा फहराती थी। लाल खां ने जो पुनः तमक कर तेग का वार किया उसे चामंड राय ने खाली दिया और एक हाथ ऐसा मारा कि उसके घोड़े का सर कट गया जिससे लाल खां जमीन पर लोट गया। इसपर चामंड राय ने उसे प्रचारा, इस प्रचार पर ज्योंही उसने वार करना चाहा कि चामंडराय ने उसकी घेटी पकड़ जमीन पर पछार दिया और आप छाती पर पैर रख कर खड़ा हो गया। यह रहस्य देख कर दोनों दल के वीर दंग हो गए। अन्त में रनधीर वीर चामंड ने तलवार से उसका भी सर धड़ से अलग कर दिया।

तब तक कैमास भी वहां आ पहुंचा। उसने चामंडराय को गले से लगा लिया और कहा आहा भाइ तू मेरा छोटा भाई है! आज तेरे बिना मुझे संसार सूना होता। अहा तू सर से पैर तक रक्त में भींग रहा है। परन्तु धन्य है, तूने अपने शत्रुओं को आप मार लिया। अच्छा अब इस घोड़े पर चढ़ कर यहां खड़ा रह और दो हाथ मेरे देख। यह सुन कर चामंडराय बोला आप मेरे बड़े भाई हैं आप का मुझ पर ऐसा वात्सल्य उचित है परन्तु क्षत्री हो-कर क्या मुझे भी यह उचित है कि आप लड़ें और मैं तमाशा देखूं? आइए हम आप दोनों अपने अपने घोड़े बढा कर शत्रु का मुँह मोड़ते हुए शहाबुद्दीन को पकड़ लें तब देखिए दोनों दलों हम दोनों की कैसी वाह वाह करते हैं।

इतने में खुरसान खां की अनी के ताज खां, वाज सहबाज खां, जाज खां और महबूब खां इन चार सरदारों ने कैमास पर चार तरफ से चार बान चलाए और चारों बान कैमास को लगे भी परन्तु कैमास ने जो बाण चलाए उनसे जाज खां तो घायल होकर गिर पड़ा शेष तीनों वार बचा गए। निदान ताज खां और सहबाज खां तो तलवार लेकर कैमास के साम्हने हुए और महबूब खां का चामंड से मुकाबला हो गया। दुपहर लौटने पर ज्यों ज्यों सूर्य्य का तेज कम होता जाता था त्यों त्यों जवानों का जोर बढ़ता जाता था। दोनों तरफ के योद्धा अपने अपने स्वामियों की आन कर कर एक दूसरे पर शस्त्र चलाते थे। कोई तो पूरा वार खा कर ककड़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से कट कर दो हो जाते थे, कोई कोई एक घाव लगने पर भी निरस्त्र हो कर खड़े खड़े मतवारे हाथी से झूमते थे। इधर तो दोनों भाई दाहमा थे उधर चार मीरजादे थे। इन में बराबर के दांव पेच हो रहे थे इतने में जो महबूब खां ने कैमास के सीने पर तलवार चलाई तो तलवार टूट गई और करीब था कि कैमास उसे पकड़ कर पछार दे परन्तु ताज खां ने आड़े कर उसे बचा लिया। उधर सेना के सिपाही सिपाही से, सवार सवार से और पैदल पैदलों से जुटे हुए थे। तमाम रण भूमि में रक्त के कुण्ड और लोथों के अटंब लगे देख पड़ते थे। कहीं सूंड और दांत रहित हाथी पड़े हुए चट्टानों से देख पड़ते थे। कहीं कहीं रक्त में उतराते हुए हाथ पैर मगर मच्छ से जान पड़ते थे। सूर वीरों के कर कमल पुरैन के पत्र से, नेत्र भ्रमर से और सीस चक्रवाक से शोभित होते थे।

इस चैत्र वदी १२ मंगलवार को इसी प्रकार युद्ध होते होते जब दो घड़ी दिन शेष रह गया तब कैमास ने महबूब खां का सर धड़ से अलग किया और ताज खां को भी गरदन पकड़ करके पछाड़ दिया। इतने में सहबाज खां ने चामंडराय पर गहरा वार किया। तब तक जाग पड़िहार और चक्रसेन चहुआन दो सामन्त और भी वहां आ उपस्थित हुए, जिस से कैमास की बाजी मजबूत हो गई और मुसल्मानों के पैर पीछे पड़ने लगे, । यह देख कर शहाबुद्दीन ने स्वयं अपना हाथी आगे बढ़ाया और उसका मंत्री तत्तार खां, और मीरमंगोल भी सिपाहियों को बाढ़ें देते हुए आगे बढ़े और इस अनी को रोकने के लिये इधर से चक्रसेन की चमकदार तलवार आगे हुई। चक्रसेन की चमकदार तलवार के सान्हने मुसल्मान सिपाहियों की आंखें तलमलाते हुए देखकर शहाबुद्दीन ने अपने धनुष पर सर संधानाही था कि तब तक आलू खां ने एक हाथ ऐसा मारा जिस से चक्रसेन की खोपड़ी बीच से चिर गई तब शाह का एक वाण तो चामंड राय के बाजू पर लगा और दूसरे ने चक्रसेन का सर बेध लिया, परन्तु इस से हानि पहुंचने के बदले उसकी चिरी हुई खोपड़ी जुट गई। इसी बीच में चक्रसेन ने फुर्ती से बाण निकाल कर फेंक दिया और साफे कस कर सर बाँध लिया। उसने यही धराबांधी करते करते बिजल खां बगसी पर एक हाथ ऐसा मारा कि वह जहां था वहीं समाप्त हो गया। इतने में आलू खां ने कैमास और चामंड के सिर पर एक घाव कर दिया। यह देख कर चक्रसेन ने एक हाथ ऐसा मारा कि आलूखां का सर तुंबा सा टूट गया। तब उसके बदले उधर से कासिम खां आया परन्तु चक्रसेन ने उसे भी समाप्त किया। आलूखां का सर तो गिर गया परन्तु कबंध मार करने लग सैकड़ों असवार और पैदलों को काटते हुए अन्त में उसने चक्रसेन का भी काम तमाम किया। धन्य है इस तलवार रूपी सरोवर में सच्चे वीर पुरुषों की ही नैया पार लगती है। इधर से चक्रसेन का भी कबंध उठा और यवन सेना को काटते हुए शाह के हाथी के पास जा पहुंचा। पास ही था कि वह शाह के हाथी पर चढ़ जावे परन्तु मीर हिंगोल ने आड़ लिया। चक्रसेन के कबन्ध ने शान्त होते होते जदव मलिक को फिर भी मार ही लिया यह चक्रसेन वाहरराय का पुत्र था। इस समय उसकी अवस्था केवल सत्रह वर्ष की थी। उस दिन के युद्ध का अन्त यहीं हुआ।

तीसरे दिन त्रियोदसी बुधवार को प्रातःकाल होते होते पुनः सार कटने लगा। दोनों तरफ से मारू बाजा बजने लगा, जिसकी ध्वनि सुन कर कायरों के कलेजे कांपते और सूरों के चेहरे पर नूर चढ़ता है। दोनों दलों का मुकाबला होते ही शहाबुद्दीन ने फिर से अपना हाथी बढ़ा कर हिन्दू सेना को एक दम से दबाना चाहा, शाह का ऐसा साहस देख कर इधर से कैमास और चामुंडराय दोनों भाइयों ने घोड़े बढ़ाए दोनों भाई मार काट करते हुए शाह के हाथी तक जा जुमके और चामुंडराय ने तलवार का एक हाथ ऐसा मारा जिससे हाथी की भसुंड से सुंड अलग होगई और वह भहरा कर गिर पड़ा। हाथी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के गिरतेही कैमास ने शहाबुद्दीन का बाजू जा पकड़ा और मुश्कें बाँधकर उसे घोड़े के कन्धे पर डालालिया

जिस समय कैमास शाह को पृथ्वीराज के सम्मुख लाया उस समय मारे भय और लज्जा के शहाबुद्दीन का मुख सूख रहा था, कलेजा कांप रहा था, परन्तु पृथ्वीराज ने सुखपाल (तामजाम) में बिठा कर उसे दिल्ली को भेजे जाने की आज्ञा दी।

इस युद्ध में पृथ्वीराज का भाई चक्रधर रामकृष्ण गहलौत, रावल समरसी का भाई नरसिंह, कैमास का भांजा, सामल और सेखा टांका (चौहान) इतने सामन्त खेत रहे। जो लड़कर मरते हैं वे भी मरते हैं और जो कायर भागते हैं वे भी एक दिन मरते हैं परन्तु करनी करके मरने वालों का संसार में सुयश विस्त्रित होता है और उनकी आत्मा अमरपुर में वास करती है।

दिल्ली पहुंच कर पृथ्वीराज ने शाह से १२ हाथी और एक हजार घोड़े दण्ड लेकर उसे छोड़ दिया। पृथ्वीराज ने उक्त दण्ड में से आधा कैमास को दिया और आधा युद्ध में उपस्थित अन्यान्य सामन्तों को वितरण किया। शहाबुद्दीन छूट कर गजनी पहुंचा, इस लिये वहां बधाई बजने लगी और इधर समान्त लोग जीत की खुशी का आनन्द मनाने लगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भीम बध ।

[चौंवालीसवां समय ।]

जिस दिन से सोमेश्वर की मृत्यु हुई उस दिन से पृथ्वीराज को पल भर भी चैन नहीं पड़ता था। भीमदेव उसके कलेजे में काँटा सा खटकता था। ईर्षा एवं क्रोध रुपी अग्नि से उसका उरअंतर हमेशा जला करता था। पृथ्वीराज रह रह कर हाय की सांस लेता था और हर हर कह कर चुप हो जाता था। उसे इस प्रकार दुखित देख कर जैत प्रमार ने कहा, हे राजन! क्षत्रियों का यह धर्म नहीं है कि पिता की मृत्यु पर शोकग्रस्त हों। क्षत्रियों का यही धर्म है कि शत्रु को मारकर संसार में सुयश कमावें। हे चहुआन चित्त की चिन्ता दूर कर यह निश्चय रखिए कि हम लोग सारे गुजरात देश को उजाड़ कर और पट्टनपुर को जला कर छार कर देंगे। भीमदेव की सामर्थ्य ही क्या है कि वह आपके साम्हने ठहर सके! हमारा विचार है कि कुछ फौज तो शहाबुद्दीन के नाके पर रख दी जाय और हम लोग छरीदा चल कर भीमदेव से समझें।

जब पृथ्वीराज सोमेश्वर की श्राद्ध-क्रिया से निश्चिन्त हो चुका तो वह अपने सामन्तों से बोला कि भाइयो भीमदेव तो उसी दिन मर चुका जिस दिन उसने सोमेश्वर पर सेना सजी थी, अब आप लोगों को केवल योगिनीगण को सन्तुष्ट करना शेष है। पृथ्वीराज को भूमि शैय्या पर सयन करते हुए एक ही रात्रि बीती थी दूसरे दिन अरुणोदय से ही दरबार की तय्यारी हुई। खास पास परिकर के लोग और मुत्सद्दी मुसाहिब लोग यथास्थान बैठे ही थे कि नरनाह कन्ह आ उपस्थित हुआ, सब लोगों ने नरनाह की पूरी ताजीम की। उसके बाद जामराय जद्दव, बलिभद्र, पज्जूनराय, अत्ताताई, लँगरीराय, गोइन्दराय गहलौत, तथा और सब छोटे बड़े सामन्त लोग यथाक्रम आने और यथा स्थान बैठने लगे, अन्त में चन्द बरदाई भी आया।

पृथ्वीराज पर तो सोते जागते अहर्निशि वही धुन सवार थी। बस उसने कहा "हे सामन्तो गुजरात पर चढ़ाई करके भीमदेव को अनभूत करने के लिये सन्नद्ध हो जाओ। यह सुन कर सामन्तों ने उत्तर दिया कि महाराज ज्योतिषी को बुलाकर चढ़ाई के लिये उत्तम मुहूर्त साधन करवाया जाय। राजा का हुक्म होते ही ज्योतिषी बुलाया गया और उसने प्रश्न के समय के ग्रहों का विचार करके कहा कि हे राजन एक तो यह मुहूर्त ही बड़ा अच्छा है जिसमें सम्मुख योगिनी चक्र होने से मानो सोने में सुगन्ध बनगई है। इसलिये आप इसी समय चढ़ाई कीजिए, आपकी अवश्य ही जीत होगी और भीमदेव मारा जायगा। मैं शपथ करके कहता हूं कि यदि ऐसा न हो तो मैं आज से पत्रा हाथ से न छुऊं। (१)

बस फिर क्या था, बात की बात में सारी सेना अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हो कर सन्नद्ध हो गई चारों तरफ चाहुआन की जयध्वनि होने लगी। रानी इच्छनी अचत छोड़ने लगी। तेजोरूप पृथ्वीराज अस्व पर सवार होकर चलने को ही था कि इतने में अपनी सेना सहित निड्डुरराय भी आ उपस्थित हुआ और यथानियम प्रणाम करके साथ में हो गया। फौज में अबतक यह किसी को न मालूम था कि कहां जाना होगा। इसलिये पृथ्वीराज ने शिकार पर चलने की आज्ञा दी। पृथ्वीराज के घोड़े की बाग उठाते ही सब कटक पच्छिम दिशा को इस प्रकार से चल पड़ा जैसे पहाड़ से टिड्डी निकलें अथवा लंका पर आक्रमण करने के लिये कपि सेना समूह जा रहा हो।

जब पृथ्वीराज का सेना समूह समुद्र सा उमड़ता हुआ भीमदेव का मुँड़ा दबाने लगा तब गुजरात के राजदूतों ने भीमदेव के पास जा कर कहा कि महाराज पृथ्वीराज चौसठ हजार सेना लिए हुए

(१) केन्द्रीय सासिसाम। भाम पंचम अधिकारिय ॥
राह बीर अष्टमो। चक्र सत्तम सुद्धारिय ॥
जगम थावर धरिय। हलिय तिन नाम सर भर ॥
कहै विप प्रथिराज। राज पंचम पंचम गुर ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इधर ही आ रहा है। उसने पिता का बैर बदलने की प्रतिज्ञा करके घी खाना और पाग बांधना छोड़ दिया है। इसके सिवाय उसके सामन्तों ने भी देवार्चन कर कर के प्रतिज्ञाएं की हैं। इसलिये आप यथासंभव शीघ्र ही संभाल रखिए। यह सुनते ही भीमदेव के लिलाट में त्रिबली पड़ गई, भोंह चढ़ गई, मुख लाल हो गया और भुजाएं फड़कने लगीं। उसने उसी समय अपनी सब वैतानिक सेना को सजने और शासनाधीन नरेशों को परवाने भेजे जाने की आज्ञा दी। परवाने पाते ही दो हजार पठान जो कि कुहकबान और हथनाले चालने में कुशल थे, तीन हजार कच्छी सवार, डेढ़ हजार सोरठी, कई हजार बान कमान धारी, काकरेची, करूर कोल, झालावार का झाला, कावा नरेश मकुंद, काठियावाड़ का राजा कंठीर और और भी छोटे बड़े सब जागीरदार यथासमय हाजिर हुए।

इधर पृथ्वीराज के दूत भी गुप्त रूप से आगे आगे चला करते थे। वे लोग पट्टनपुर में पहुंच कर, सब हाल चाल देख भाल कर चले आए और पृथ्वीराज से बोले कि भीमदेव एक लाख सेना और एक हजार हाथी सजकर मुकाबला करने को तय्यार है। यह सुन कर पृथ्वीराज बोला कि भीमदेव के सेना समूह रूपी सघन बन को मैं प्रचंड दावाग्नि के समान दहन कर डालूंगा। यदि भीमदेव स्वयं मेरे साम्हने पड़ जाय तो उसे इस प्रकार से पछारूं जैसे भीमसेन ने दुर्योधन को और शक्ति ने महिषासुर को पछाड़ा था और उसका पेट फाड़कर आंतों में से पिता का बैर निकालूं। यह कहकर शिकार करने की आज्ञा दी। और यमुना के कूल कूल जघन्य क्रीड़ा करता हुआ सघन बन में जा पहुंचा। शायंकाल हो जाने के कारण सब फौज के डेरे पड़गए और सरदारों से लेकर सिपाहियों तक सब के डेरे डेरे कलेऊ जल और पान पत्ते पहुंचाए गए। सब सेना तो जमुना के पार उतर गई थी परन्तु पृथ्वीराज कन्ह, कैमास, जैतराव, सलष, चन्द पुण्डीर, चामुंडराय, हम्मीर, सारंगदेव, पज्जूनराय, पहाड़राय तूंअर, लंगरीराय और आजानबाहु लोहाना इन सामन्तों के साथ इसी पार रहा। रात्रि को कन्ह और कैमास पलंग के पहरे पर रहा। सब सेना तो ऐसी गाढ़ निद्रा में निमग्न थी जैसे मोह के बलवान होने से ज्ञान और विज्ञान सब दब जाते हैं, परन्तु पृथ्वीराज जागता था "कन्ह से यह कह कर कि प्रातःकाल प्रहर रात्रि रहने से हँकाई की जाय" वह भी निद्राग्रस्त हुआ। अभी कुछ भी समय न बीतने पाया था कि सहसा तीन शब्द हुए जिन्हें कन्ह ने भली भांति सुना और समझा भी। उसी समय भूकंप भी हुआ। प्रातःकाल होतेही सारे लश्कर में इस बात की खरबरी पड़ गई। जहां तहां लोग ज्योतिषियों से भविष्य पूछने लगे। कोई कोई कहने लगे कि जिस शकुन से भीमदेव अजमेर पर चढ़ा था यह वही सब शकुन हैं। तब तक अरुणोदय हुआ, पृथ्वीराज भी जाग उठा और कविचन्द ने जाकर उसे आशीर्वाद दिया। पृथ्वीराज आंख मीड़ता हुआ अपने सपने का हाल कहने लगा। वह बोला मैंने रात्रि में तलातल भरे हुए तालाबों में कमल के पुष्प खिलते, कुमोदनि के सकुचते और प्रकाशमान सूर्य्य का उदय होते हुए, रसाल वृक्षों पर बेली चढ़ती और उनके टौन पर बैठे हुए पक्षी समूहों को कलोल करते हुए देखा है। इस स्वप्न का फल जानने के लिये सब सामन्त लोग भी उत्सुक हो उठे। तबतक कन्ह बोल उठे भाइ मैंने भी कुछ रात्रि में सुना है और वह यह है "न जाने, सो क्या माने, होनी होगी सो क्यों न होगी"। इस पर कविचन्द बोला कि यह सब शीघ्रही घोर घमासान युद्ध होने और सहस्रों मनुष्यों की प्राणहानि होने के लक्षण हैं पर इतना अवश्य है कि अपने लिये शुभ है।

यह सुनकर नरनाह काका कन्ह बोला "लोग मरना जीना कहते हैं" परन्तु किसी ने किसी को मरत जात आज तक नहीं देखा, केवल कृत-कर्म-बद्ध जीव माता के गर्भ का आवागवन भोग करता है, शरीर नष्ट हुआ और सब झगड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ते हुआ। मरने के बाद का हानि लाभ केवल यश अपयश है। जिस दुर्योधन के लिये लाखों मनुष्य चलबसे आज उसका नाम ही नाम शेष है। भूमि भोगी योद्धाओं में दुर्योधन ही श्रेष्ठ है क्योंकि उस ने भारत के युद्ध में सगे सम्बन्धी भाई बन्धु सब गँवा दिए पर सुई के अग्रभाग पर भूमि न दी। युग युगान्तर व्यतीत होते जाते हैं, बड़े बड़े युद्ध और सन्धि होते जाते हैं पर इस विराट जगत का अन्त किसी ने नहीं पाया। समराग्नि में शत्रु के सम्मुख शरीर को होम करनेवाले शूर पुरुषों का अन्तिम सिद्धान्त तो यह है कि जैसे सूर्य्य की किरणें प्रखर होकर मंद पड़ जाती हैं, यमुना का जलप्रवाह बढ़ कर घट जाता है उसी प्रकार नश्वर शरीर की गति है। यह शरीर चाहे जब नाश हो हम तो इस तन पिंजर से निकल कर स्वर्ग की सीढी पर चढ़ैंहीगे। कन्ह का ऐसा आध्यात्मिक स्वर सुनकर सब प्रसन्न हो गए और पृथ्वीराज ने उसी समय हँकाई होने की आज्ञा दी। तब तूर तुरही तबल आदि बाजों की बाद्यध्वनि, हाथी के घंटे और घोड़ों की ठिंयों से सारा बन गूंज उठा। राजा की अज्ञानुसार पछेला हँकाई शुरू हुई, चारों तरफ बाण वर्छे आदि के वार होने लगे और अगनित पशु मारे जाने लगे। यह विषम कोलाहल सुन कर अपने चुल में सोता हुआ एक सिंह जाग उठा, उसके साथ मे सिंहनी और उसके दो छोटे छोटे बच्चे भी थे। एक तो परमेश्वर ने इस जीव को स्वभावही से शोख बनाया है, दूसरे भूखा, तीसरे यह कर्णकटु कोलाहल, चौथे अपने सबसे स्वादिष्ट भक्ष्य मनुष्यों की वास पाकर वह सिंह पूंछ के गुच्छे को शीश पर छहरा कर गंभीर बद्दर की तरह गर्जना करता हुआ बबकार कर उठ बैठा। उसकी दोनों आँखों से आग की सी ज्वाला निकल रही थी और उसके विकराल नख बूंदी की कटार कैसे थे। दोनों बच्चों समेत सिंहनी को तो अन्य सामन्तों ने घेर लिया। परन्तु सिंह दावाग्नि की ज्वाला के समान कन्ह पर आझपटा। उस समय मय पृथ्वरिाज के सब लोग हक्काबक्का से होकर हाय हाय करने लगे। सिंह ने कंधे पर पड़ी हुई कमान के सहित घोड़े को चाप लिया परन्तु कन्ह दूर जा छटका। सिंह दूसरा बार करने न पाया कि तब तक कन्ह ने उसे पकड़ कर कांख में दबा लिया और कटार से उसका पेट चाक कर, दोनों पैर पकड़ कर उसे पृथ्वी पर पछार दिया, जिससे उस मृगराज की भेजी निकल पड़ी और हड्डी पसली चूर चूर होगई।

कन्ह का सिंह को पछाड़ देना ही सब के मन में शुभ भविष्य सूचक शकुन निश्चय हुआ। इसलिये उसी समय चढ़ी सवारी पट्टनपुर की तरफ कूच किया गया। इस समय पृथ्वीराज के साथ चौसठ हजार सेना थी। पृथ्वीराज ने कन्ह को सब फौज का सेनानायक नियत किया और आप बीच में रहा। निड्डुरराय को चंदावल का सेनानायक बनाया और जैत प्रमार को पीठि सेना का स्वामी नियत किया। चाहुआन सेना इस प्रकार क्रमबद्ध होकर चलने लगी। आगे बढ़ते हुए ज्यों ज्यों पट्टनपुर निकट होता जाता था त्यों त्यों सूरवीरों के हृदय से सांसारिक माया मोह कोसों दूर होता जाता था।

जब पट्टनपुर कुछ थोड़ी दूर पर रह गया तब पृथ्वीराज ने कविचन्द को भीमदेव के पास चिन्नू[१] के चिन्ह स्वरूप एक चोली और एक लाल पगड़ी देकर भेजा और कहला भेजा कि इन दो में से जो तुम्हारी राजी आवे सो अंगीकार करो, अर्थात् या तो चोली पहन कर स्त्री बनो; तो प्राण बचेंगे, नहीं तो लाल पाग बांधकर साम्हने आओ तो हम भी तुम्हारे सहायकों सहित तुम्हारे खून की नदी बहाकर उससे पिता के नाम तर्पण करें। जैसे रामचन्द्र ने रावण को कुल सहित नाश किया, पार्थ ने पाताल में पैठ कर अपनी पति रक्खी उसी प्रकार मैं भी "हे भीमदेव!" तुम्हारे घर आया हूं। अब तुम्हारा बचाने वाला कौन है? कविचन्द ने चलते समय इस पर एक और तुर्रा लगाया। उसने गले में जाली और नसेनी डाली, एक हाथ में कुदाली और दीया

१ चिन्नू, चुल्लू = Challange.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिया और दूसरे में अंकुश और त्रिसूल । जब कवि पट्टनपुर में पहुंचा तो वहां सैकड़ों दर्शक इसके पीछे हो लिए राजद्वारे पर हज़ारों आदमियों का हुजूम जुट गया। भीमदेव ने भी जुड़ते ही पूछा "कवि ये क्या स्वांग रचा है? तब कविचन्द ने पृथ्वीराज का संदेसा पूरा करके कहा, हे राजन् पृथ्वीराज कहता है कि यदि भीमदेव मुझ से भाग कर जल में जावे तो मैं उसे इस जाल से जा जकड़ूं, यदि वह आकाश पर चढ़े तो इस नसेनी से काम लूं, पाताल में पैठे तो कुदाल से खोद निकालूं और अंधेरे में लुके तो दीपक से देख मारूं। इस प्रकार उसे पकड़ कर अंकुश से वश में करूं और तब त्रिसूल से उसका हृदय विदार डालूं,। इस पर भीमदेव बोला। जाल को जला दूंगा, नसेनी तोड़ डालूंगा, कुदाल को घन से कुचल दूंगा, दीये को हाथ से बुझा दूंगा, अंकुश को मोड़ दूंगा, त्रिशूल को सिकोड़ दूंगा, और जो मुझे मारने को कहेगा उलटा उसीको मारूंगा। अब यह गर्व करते लज्जा नहीं आती। पहिली बात भूल गए? रे कवि! आज चूहा बिलार से लड़ना चाहता है, गीध हंस के सिर चढ़ना चाहता है, शृगाल शेर से युद्ध करना चाहता है। भला कहीं मेढक ने भी सर्प पर विजय पाई है? बड़े आश्चर्य की बात है!! तुझे बार बार क्या सिखावन दूं, तूं मुझ गुर्जर नरेश रूपी प्रज्वलित अग्नि ज्वाला के साम्हने अपने पति के प्रताप रूपी दीपशिखा को क्या दिखाने आया है। तुझ से बात वह करे जो भाट पुत्र हो, जा अपने राजा से कह देना कि मैं इन ढोंग ढकोसलों से डरने वाला नहीं हूं, उसे जो भरी हो सो करे। भीमदेव की ऐसी बातें सुनकर कविचन्द वहां से फौरन उठकर चला आया और पृथ्वीराज से सब हाल ज्यों का त्यों उसने कह सुनाया।

कवि चन्द के पीठ फेरतेही भीमदेव ने उधर से अपने कवि जगदेव भाट को रवाना किया और कहला भेजा कि मैंने जो कुछ कहला भेजा है उसका क्या उत्तर है। निदान जगदेव ने कवि चन्द के पास आकर, कहा भाड़ सेते हुए सर्प की पूंछ दबाने से क्या लाभ? तुम दीया जाल कुदाल आदि का आडंमबर कर के गए थे, कैमास चामंड राय कन्ह इन में से कोई अथवा पृथ्वीराज स्वयं जाते तो मजा पाते! यह सुनकर कविचन्द गुस्से होकर बोला। बस तुम्हारे राजा ने बहुत सी कोस (छीमी) खाई हैं, मिर्च चबाने का मजा अब मालूम होगा यह पृथ्वीराज उन राजाओं में नहीं हैं जिन्हें उसने सहजही जीत लिया। बिच्छी का मंत्र न जान कर सांप के बिल में हाथ डालना आसान नहीं होता। ऐसा सुन कर जगदेव भीमदेव के पास आकर बोला कि अब आप अपनी तैय्यारी कीजिए चहुआन को आ पहुंचा समझिए।

इधर पृथ्वीराज ने निड्डर को बुलाकर अपने बराबर बैठाला और उसके कंधे पर हाथ रख कर कहा कि वैसे तो सब सामन्त हैं परन्तु इस समय मुझे विशेष भरोसा तुम्हारा ही है। दैवयोग से आज यह दूसरा भारथ आ उपस्थित हुआ है। बस सब सामन्तों को साथ लेकर ऐसा करो कि बात भी रहे और संसार में सुयश विस्तृत हो। तब निड्डुरराय बोला कि आपके सब सामन्त सच्चे स्वामिसेवी हैं। वे समर के समय तन को तिनके के बराबर समझते हैं। हे राजन् आप किसी प्रकार से चिन्ता न कीजिए। तिस में नरनाह कन्ह का पराक्रम तो अकथनीय है! वे इस समय ऐसे वीर हैं जैसे भारथ के समय भीष्म थे। इतने में पृथ्वीराज ने एक मोतियों की माला जो एक लाख की थी अपने गले से उतार कर निड्डुर को पहना दी। वह द्युतिदार मोतियों की माला तेजस्वी कमधुज्ज के गले में ऐसी सुशोभित होती थी मानो सूर्य्य मण्डल के गिर्द गंगधारा प्रवाहित हो रही हो। पृथ्वीराज ने कन्ह को भी बुला कर उसके पैर में पवाई[1] पन्हाई। उसे अंगीकार करते समय कन्ह ने अत्यन्त लज्जित हो कर कहा। हा! मेरा जीवन वृथा है, मेरे रहते सोमेश्वर को शत्रु ने मार लिया परन्तु मेरे प्राणों ने

१ पवाई पैर के एक गहने का नाम है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर न छोड़ो, तब निड्डुरराय बोला इससे क्या तीरंदाजही निशाना चूकते हैं। शैसवार ही जमीन चूमते हैं। सुग्रीव अपनी स्त्री की रक्षा न कर सका, दुर्योधन के देखतेही कर्ण मारा गया, रामचन्द्र के रहते ही सीता हरण हो गई। पाण्डवों के साम्हने द्रोपदी का चीर खींचा गया इत्यादि। इसी प्रकार सैकड़ों प्रमाण उपस्थित हैं 'अतएव इससे, हे कन्ह! तुम्हारा बल या तुम कलंकित नहीं कहे जा सकते। तुम्हारा तेज रूपी मयूर अब भी शत्रु समूह रूपी सर्पों को भक्षण करने में समर्थ है।

तब तक खबर लगी कि भीमदेव सेना सहित इधर को आ रहा है। इस लिये इधर से निड्डुरराय भी डंके पर चोट देकर आगे बढ़ा। परस्पर देखादेखी होतेही दोनों सेनाओं से पहिले हथनार उटनार और कुहकबान आदि अग्न्यास्त्र चलाए गए। दोनों तरफ हरावल और बाजुओं की व्यूह में आगे घुड़सवारों की भरती थी। अग्न्यास्त्रों की एक बाढ़ चलते ही दोनों तरफ से सवार नंगी तलवारें लेकर एक दूसरे से भिड़ पड़े। तब तक कन्ह के पट्टे भी हटा दिए गए। वह वीर अपनी सेना में से शत्रु समूह पर इस प्रकार से तड़पा जैसे घनघने बादलों के बीच बिजली तड़पती है। कन्ह के मुकाबिले में उधर से सारंग मकवान उतरा। इधर से कन्ह की सहायता पर केदर कंठीर और लोहाना आजानबाहु जा पहुंचे। बहुत कुछ पराक्रम करने के बाद मकवाना कन्ह के हाथ से मारा गया। मकवान के मरते ही चालुक्क सेना कुछ मनहार सी होगई। सामन्तों का जोर बढ़ उठा, परन्तु सच्चे सूर हार जीत का कब विचार करते हैं उन्हें तो मर कर स्वर्ग जाना सूझता है। जीवन के दिन तो वे सपना समझते हैं। सूर वीरों को ऐसे जघन्य कर्तव्य का कुछ दोष भी नहीं लगता क्योंकि जैसे दावाग्नि वायु के वशीभूत होकर जंगल को जला देती है उसी प्रकार वे भी स्वामी सेवा के धर्म को धारण कर शत्रु का विनाश करना विचारते हैं। जब तक चोले में दम है तब तक काम करते हैं और हंस के चल बसने पर सदा आराम करते हैं। दोनों दलों में मार मार होते पहर दिन चढ़ आया और सामन्त सेना के पराक्रम रूपी कगारों के बीच में शत्रु सेना की रुधिर धारा बह निकली। अधमरे घायल हा हा और शक्ति सम्पन्न सूरवीर बंबं बोलते थे। खून के घने घने फव्वारे, अग्नि शिखा से, उज्वल शस्त्र बिजली से, बाणों की बौछार वर्षा सी, और उनसे उत्पन्न सन् सन् शब्द भृंगस्वर सा भासित होता था।

इसी समय उधर से सारंगराय खीची ने इस जोर से धावा किया कि चहुआन सेना के दांत खट्टे होने लगे। अच्छे अच्छे हट्टे कट्टे सिपाही जुद्ध बाँध कर भी आगे बढ़ने से हिचकने लगे। यह देखकर पृथ्वीराज ने स्वयं घोड़े को एड़ लगाई। उस टेढ़ी टेढ़ी मूंछ वाले बलवान जवान चहुआन ने बाणों की वर्षा करके कुंडलाकार चक्र बाँध दिया। एक क्षण मात्र में शत्रु सेना में हाय हाय होने लगी। दशों दिशाएँ और आठो वसु थर्रा उठे और थोड़ी देर में चालुक सेना के भी पैर पीछे पड़ने लगे, लड़ने से हटना और डटना तो हुआ ही करता है पर सच्चे शूरवीर पुरुष सदा प्रशंसा के पात्र होते हैं। शूर पुरुषों से सूर्य्य भी भयातुर रहता है क्योंकि वे सूर्य्यमण्डल को भेदकर ब्रह्म में लीन होते हैं। और क्या कहें, युद्ध में शूर पुरुष उस वामन स्वरूप से भी बड़े हैं; क्योंकि बावन ने तीन पग में तीन लोक नापे थे और शूर पुरुष एक पग में तीन लोक लांघकर चिन्मय ब्रह्म में मिलकर तन्मय होजाते हैं। जिस समय सच्चे स्वामिसेवी सुपूत शूर पुरुष ऊंची बांह करके तलवार की वार करते थे उस समय उसे देखकर देवता भी वाह वाह करते थे। ओजमय बाजों के स्वर के साथ परस्पर तलवारों की झनाझन चाँचर का सा स्वर जान पड़ता था उसी लय में योगिनी ताथेइ ताथेइ के ताल पर नाचती थीं

२ सारंग मकवान से यहां उसी मकवान के पुत्र से अभिप्राय है जो मकवान शहाबुद्दीन के हाथों से मारा गया था सारंग सोलंकी और मकवाना उसका पुत्र जैसे मीरहुसैन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी शव को शृगाल घसीटते और किसी को गृद्ध नोचते थे। दाँत और सुंड कटे हुए हाथी बड़े भयावने जान पड़ते थे। हय हींस हींस कर चौकड़ी भरते और सवार सम्हल सम्हल कर वार करते थे। वह सहस्रों विज्जुछटा की छवि देख कर देवता प्रसन्न होते और देवाङ्गनाओं के मन क्षुभित होते थे।

चहुआन सचिव सच्चे वीर कैमास के तीन वार खाली गए। क्योंकि इधर से ये उधर से वे-दोनों दल के वीर अपनी अपनी बाजी पर वज्र से डटे थे। आखिरकार मार होते होते जब सन्ध्या होने को हुई और बहुत कुछ सैनिकोंके मरजाने पर मैदान में कुछ उकास पड़ा तब पृथ्वीराज स्वयं मार काट करता हुआ बढ़ कर भीमदेव के साम्हने जा पहुंचा और बोला हे भीमदेव आ, अब तेरा अन्त आगया। इस पर भीमदेव नागिन सी कृपाण खींचता हुआ बोला, अच्छा देख मैं तुझे भी सोमेश्वर के पास भेजता हूं। इतने में पृथ्वीराज के पीछे से कन्ह ने लपक कर कहा (इधर देख) और एक ऐसा जनेऊ-उतार हाथ मारा कि भीमदेव कटकर दो होगया। वाह, वाह, कन्ह की बांकी तलवार क्या थी मानो दूज का इन्दु, निष्कलंक चन्द किरण, या दिशाओं का सौरभ समूह था।

भीमदेव के मरतेही चाहुआन सेना में जैजैकार होने लगा। तब तक दिशाओं में अंधेरा भी छा गया और स्वामी विहीन परास्त गुरजर सेना भी पट्टनपुर को लौट गई। इधर उक्त मर्मशाली शत्रु के शमन हो जाने से चहुआन का चोला भी चंगा हो उठा। परन्तु थके मांदे होने के कारण सब लोग जहां तहां आराम करने लगे। रणक्षेत्र में रात्रि भर करुणा तथा वीर रस का प्रभाव रहा। अहा धन्य है क्षत्रीवर्ण, जिसे पेट की रोटी और जाति की लज्जा के लिये जान देनी पड़ती है। परन्तु यह कैसी विचित्र खेती है कि मरने के पीछे ही फ़सल हाथ आती है। इधर अपनी मिट्टी को भूत बैताल काली कपाली कौवे गीध खाते हैं और उधर आप स्वर्ग में अप्सराओं से मिलने जाते हैं।

ज्यों त्यों करके वह भयानक करुणा और वीभत्स रसमय रात्रि व्यतीत हुई। तिमिर फट गया, आसमान में उजेला आगया, देव कर्म होने लगे, चकवी ने विलाप करना छोड़ा, उल्लू अन्ध हुआ, देवालयों में शंखध्वनि हुई, और वृक्षों पर पक्षी कलरव करने लगे। ज्यों ज्यों सूर्य की किरणें तेज होने लगीं त्यों त्यों कमल खिलने लगे और यमुना के कंचन से स्वच्छ जल में सूर्य की किरणों की आभा विचित्र ही छवि छाने लगी। इस समय सब सामन्तों ने आन समर विजयी स्वामी को प्रणाम किया। पृथ्वीराज की आज्ञा से उसी समय खेत साफ़ किया गया। इस युद्ध में पृथ्वीराज की तरफ़ के डेढ़ हजार घोड़े पांच सौ हाथी और पांच हजार सिपाही काम आए और जैतराव प्रमार अधिक घायल हुआ। सच है यह संसार स्वप्ने का वस्त्र है। यावत् दृश्यमान पदार्थ एक न एक दिन नाश होते ही हैं। फिर मनुष्य तो काल रूपी खटीक के घर का बकरा है। वह निर्दयी दयावान और अदय किसी को भी नहीं छोड़ता। इस लिये सूर वीर सामन्तों का यह मत यथार्थ तत्वमय सत्य और माननीय है कि समय आ पड़ने पर मारने मरने से न चूकना चाहिए।

इसके बाद पृथ्वीराज ने संजमाराय के दोहित्र कचराराय को राजा बनाकर दस बंदरगाह देकर चौर छत्र भी दिया। शेष ८४ बंदरगाह खालसे में रक्खे और भीमदेव के पुत्र को पट्टन राज्य पर तिलक करके कचराराय को साथ लेकर दिल्ली की तय्यारी की। उस दिन पंचमी रविवार इन्द्र योग को कोई व्रत था इसलिये सूर्य्योदय होते ही पाल-परताल रवाने कर दिए गए और दूसरे दिन पृथ्वीराज ने भी वहां से कूच किया।

(१) खटीक = हिन्दू कसाई

(१) बन्दरगाहों के लेन देने की बात जिन दोहों में हैं वे दोहे मो० प्रति में नहीं हैं। मो०:०प्रति का पाठ अधिक प्रामाणिक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनय मंगल नाम प्रस्ताव।

(पैंतालीसवां समय।)

एक समय चंडी देवी ने इन्द्र से कहा कि हे देवपति धरानि पर रुधिर धारा बहाइए क्योंकि मेरी रामायण और महाभारत आदि युद्धों के समय की तुष्टित्रुटि के आपही के द्वारा पूर्ण होने की आशा है। यह सुन कर इन्द्र ने उत्तर दिया कि हे चण्डिके! सुनो, राम और रावण का ऐसा घोर घमासान युद्ध हो गया है कि जैसा पृथ्वी पर और पहिले कभी भी नहीं हुआ था। इस युद्ध में शूर वीरों ने निज तन को तिनका समान जान मार मार कहते हुए प्रतिपच्चियों पर ऐसे करारे वार किए कि जिनकी करनी संसार में अचल हो गई। मृतकों के मास से थलचर मात्र पूर्ण रूप से सन्तुष्ट हो गए, शूरवीरों के सिरों से शिव की रुंडमाल भर गई परन्तु आश्चर्य्य है कि तू और भूदेवी दोनों की चुधा शान्त न हुई।

जिस समय राम ने लंका पर आक्रमण करके त्रिकूट पर स्थित रावण के किले को घेर लिया उस समय निशिचर समूह आत्मरत्ता के लिये उद्यत हो उनसे लड़ने आया। वे राचस लोग ऐसे दीर्घकाय थे कि जिनका सिर अकाश को स्पर्श करता था। उनके अत्याचार मय आतंक से तीनों लोक कंपित होते थे। जिस समय वे मायावी नाना भांति के अस्त्र शस्त्र धारण कर युद्ध करने में प्रवृत्त हुए तब दसों दिशाओं में हलचल मचगया। परन्तु प्रतापी राम और लक्ष्मण ने प्रचंड बाणों की वर्षा करके उन सब को स्वर्ग मार्ग बतलाया। उन सब राचसों में रावण का पुत्र मेघनाद अत्यन्त बलवान था। उसकी लक्ष्मण जी से बरनी हुई। मेघनाद ने अपनी अद्भुत माया से सुर नर असुर सब को चकितचित कर दिया परन्तु ब्रह्मचर्य व्रतधारी लक्ष्मण ने अन्त में उसे भी मारडाला तब रावण ने अपने भाई कुंभकर्ण को जगाया जो कि छः महीने तक बराबर सोता रहता था। वह लंका की राचस मंडली में सब से अधिक बलवान दीर्घकाय और भयानकमूर्ति था। वह जैसेही सो कर उठा तैसेही सीधा युद्धभूमि में जा उपस्थित हुआ। जब वह राम पर अस्त्र शस्त्र की वर्षा करता और अपनी माया फैलाता था तो आकाश में स्थित सुर समूह में हाहाकार मच जाता था। अन्त में भगवान रामचन्द्र ने अपने तीव्र बाणों से काट कर उसे खंड खंड कर दिया। तब दशशीश रावण स्वयं गर्धों के रथ पर सवार होकर लड़ने आया और उसने भी खूबही पराक्रम दिखाया किन्तु अन्त में बन्दरों ने पत्थर पहाड़ों की वर्षा करके उसके रथ को चकनाचूर कर दिया और रामचन्द्र ने इकतीस बाण संधान कर उसके नाभिकुंड में स्थित अमृतविन्दु को भी सोख लिया जिससे वह भी धराशायी हुआ।

अन्त में उन उदारचरित राजा रामचन्द्र ने इस प्रकार परिश्रम से जीते हुए लंका के राज्य को उसी रावण के भाई विभीषण को दे दिया। पुरुषों में श्रेष्ठ राजा रामचन्द्र के इस प्रकार अतुलित पराक्रम से ऐसा अद्वितीय रक्त प्रवाहित हुआ परन्तु तू तौ भी सन्तुष्ट न हुई। अब तक ढँढ़ी सांस भरमती फिरती है तो अच्छा कन्नौज और दिल्ली के राजाओं में बैर हो जाने के कारण अब जो उन दोनों में परस्पर युद्ध होगा उस में सब की आशाएं पूर्ण होंगी, चडिका की चुधा शान्त होगी, योगिनियों के खप्पर भरें गे, शिव रुंडमाल नवीन करें गे और पृथ्वी पर रक्त के नदी नारे भरें गे।

निदान देवेन्द्र ने मतिप्रधान गन्धर्व को बुलाकर आज्ञा दी कि तुम मृत्युलोक में जाकर पृथ्वीराज चहुआन और कनवज्ज राज जैचन्द में परस्पर विग्रह का बीज बोकर उन दोनों में युद्ध करवाओ जिससे संसार में उनकी कीर्ति का विस्तार हो। यह सुनकर वह गन्धर्व सुवा का स्वरूप धर कर कन्नौ में जा पहुंचा, वह दो दिन पर्य्यन्त दिन ... र्ता

१ शक्ति की उस कला की उपाधि चंडी है जो कपाली प्रेत और योगिनी आदि की स्वामिनी और रुधिर मांसादि पदार्थों की भक्षण करने वाली मानी जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कन्नौज नगर की शोभा निरीक्षण करता और रात्रि को मैदनिका ब्राह्मणी के घर के आँगन में एक वृक्ष पर बसेरा लेता था।

उस गंधर्व ने वहां से आकर अपनी स्त्री से कहा कि जैसे सतयुग में काशी, त्रेता में अयोध्या और द्वापर में हस्तिनापुर सब भांति से श्रीसम्पन्न थे वैसे ही आजकल कलियुग में कन्नौज है। यह सुनकर उसकी स्त्री बोली कि हे स्वामी कृपा कर मुझे संयोगिता के पूर्व जन्म की कथा और उसके कन्नौज में जन्म लेने का कारण कह सुनाइए। तब गन्धर्व बोला—

एक समय जटाशंकर नाम शिव स्थान पर एक जरज नाम ऋषि तपस्या करता था। उसने ऐसी कठिन तपस्या की कि उसके नेत्र नाक कान जिह्वा हृदय जंघा त्वचा आदि दसों इन्द्रियां पराक्रमहीन हो सूखकर लकड़ी होगईं। उक्त शिवजी के प्रसाद से जिस तपस्वी की आत्मा शिवमय हो रही थी और जो सीधा मुक्तिमार्ग पर चल रहा था वह छिमा नामक एक सुंदरी पर मोहित होकर तप के तारतम्य से पतित हो गया। सुन्दरी स्त्रियों के अंग का लावण्य अनंगरूपी अंगननुमा है, जिसमें रूप के किनारों से सुरक्षित मोहरूपी जल का ताल भरा हुआ है, उसमें कटाक्षों की भौंरें पड़ती हैं और मानसिक योग को भी विध्वंस करने वाली प्रेमविस्तार की लहरें उठा करती हैं, और फिर भी कान्ता की कान्तिरूपी गंभीरता में पुरुषों के चित्त को खींचने की ऐसी विलक्षण शक्ति विद्यमान है कि जिसके कारण अच्छे अच्छे विशुद्धमन योगियों की भी जीवननौका पार नहीं तरने पाती। वे मतवारे हाथी की तरह बह कर मछली की तरह तरफराते हैं। अस्तु वह तपस्वी ऋषि उस विषय रस की मूर्ति लवंगलता सी सुन्दरी के प्रेमपाश में बँधकर बेबस होगया। उसे देखते ही उसका कंठ गद्गद होगया। सारा शरीर काँपने लगा और उसकी नजर से नजर मिला कर वह अपने पूर्व सुकृतों से ऐसा बेसुध होगया जैसे फटा हुआ दूध छांछ को छोड़ देता है; परन्तु जब वह सुन्दरी अन्तर्ध्यान होगई तब तो जरज ऋषि तुषार तोषित वृक्ष की नांई विकल होकर गिर पड़ा। उसे उसी समय से अपना जप जोग तप सब भूल गया और उसका सर्वस्व छिमामय होगया। सोते जागते उठते बैठते खाते पीते सर्वत्र उसे छिमा की मोहनी मूर्ति सूझ पड़ती थी इसलिये वह निरन्तर प्यासे पपीहा की भांति छिमा, छिमा रटा करता था।

कुछ दिन तो जरज ऋषि का चित्त योंही भृंगी का कीट बना रहा; परन्तु फिर वह आपही आप सम्हल गया इसलिये उसने उस कुत्सित बासना को त्याग कर सत्कर्म में मन लगाया। पहिले समस्त तीर्थों में भ्रमण करके सुधा तृषा निद्रा आदि उपाधियों को उसने जीता और सिसिर ग्रीष्म पावस इन तीनों ऋतुओं में तन को तसइया देकर नीरस बनाया और केवल धूम्रपान करके पैर के अंगूठों से उलटे टँगे सच्चिदानन्द ब्रह्म का ध्यान करते हुए सौ वर्ष बिता दिए। उसके इस प्रकार कठिन तप के कारण तीनों लोक कांप उठे और इन्द्र का इन्द्रासन डुल पड़ा।

इसलिये इन्द्र ने रंभा उर्वसी तिलोत्तमा धृताची मेनिका सुकेशी मंजुघोषा आदि प्रधान अप्सराओं

---

(१) मूल पुस्तक में "बंभनिय मदन" पाठ है।

(१) मूल पुस्तक में "जटा वीरशंकर शिवथानं" पाठ है। मुल्क बुन्देलखण्ड रियासत छतरपुर अन्तर्गत खजुराहा एक स्थान है जहां कि किसी समय चन्देल राजाओं की राजधानी थी वहां पर अब भी कुछ समूचे कुछ टूटे फूटे मन्दिर उस स्थान की प्राचीन श्री की सूचना देते हैं। खजुराहे में एक शिवलिंग है जिसे महोबे के राजा परिमाल का स्थापित किया हुआ अनुमान किया जाता है। उस "मतंगेश्वर" के अग्निकोण में दो मील के फासिले पर एक पहाड़ी है जिसके आधो आध में एक शिवलिङ्ग स्थापित है। उस शिवलिङ्ग को आजकल 'जटाशंकर" कह कर पुकारते हैं। उसी पहाड़ी के पास एक गांव भी है जो कि जटकरा कहलाता है। इन शिव जी का शिवालय जीर्ण होकर गिर गया है। यह स्थान बड़ा प्राचीन मालूम होता है। मेरा अनुमान है कि मूल ग्रन्थ में कथित "जटा वीरशंकर शिवथानं वही स्थान है क्योंकि मूलपाठ "जटा वीर शंकर" में से केवल वीर निकाल लेने से उक्त शिव लिङ्ग का प्रचलित नाम 'जटा शंकर' होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चव श्रुत ग्रह कैमास मत। भग्गी पीठ रसाल ॥ छं० ॥ १४२ ॥

कैमास और करनाटी का कामातुर होना।

लघु नराज ॥ जुग सत्त पुर पंचासयं। भव भद्द मास अवासयं ॥
अग मन्न पष्य सु बारयं। दिसि दसमि दिवस उचारयं ॥ छं० ॥ १४३ ॥
तम भूमि तंमि नितं तयं। गत महल गुरु गत मंतयं ॥
परजंकयं परमोदयं। अनु चंद रोहिनि कोदयं ॥ छं० ॥ १४४ ॥
दुल मिलिति मिलि जुग मंतयं। जुग जामि जामिनि पत्तयं ॥
सिष सिष्षयं पट रंगिनी। मन सज्ज सज्जित दंगिनी ॥ छं० ॥ १४५ ॥
[2]दसयं धनं धन अच्छियं। सामानि केलि सु कच्छियं ॥
लिषि भोजयं भरि दासियं। दिय दोर ओर पियासियं ॥ छं० ॥ १४६ ॥
दुति जाम पल दुति अंतयं। सषि स्वामिनी इह भंतियं ॥
असु हंकयं पल विर्त्तयं। रुषि राज सेन सु इत्तयं ॥ छं० ॥ १४७ ॥
भुअ सचित सेन निसुम्भयं। घन प्रबल रस [3]वस उभ्भयं ॥
तन तेज दीपक अलपयं। रुचि राज राजित तलपयं ॥ छं० ॥ १४८ ॥
दम दमकि दामिनि दोसयं। झम झमकि बूंद बरोसयं ॥

(१) ए.-जल। (२) ए. कृ. को.-सदयं। (३) ए. कृ. को. मो-रस।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धुनि नूपुरं क्रत मंदयं। गत जहां सयन नरिंदयं ॥ छं० ॥ १४९ ॥
हिय पानि मंडित जागरं। कर मद्धि निरषत कागरं ॥
छिन बंचियं असु हंकियं। क्रम क्रमत राजन वंकियं ॥
छं ॥ १५० ॥
रस तिय निमेष अतीतयं। घनघोर रोर क्रतीतयं ॥
द्रिग द्रिगन दिष्षन अंगयं। कलमह्ल कलह अलंगयं ॥
छं ॥ १५१ ॥
सम परस पर प्रति दासियं। मुष-भिन्न भिन्न प्रकासियं ॥
छं० ॥ १५२ ॥

कैमास का करनाटी के पास जाना।

कवित्त ॥ नाज रूप कैमास। बाल नन चिपति भुष्ष गुर ॥
मदन बढ्यो गुर जोर। लगी तन ताप तलप उर ॥
नाह नारि छंडयौ। चिष्ष लग्गिय ओतानं ॥
लाज बैद गयौ छंडि। रोग रोगी न पिछानं ॥
पीडयौ प्रेम मारुत सु तरु। राम नाम मुष ना कहिय ॥
जंभाति प्रकंपति सिथल [1]तन। बर प्रजंक पलक न रहिय ॥
छं० ॥ १५३ ॥

इंछिनी रानी का पत्र।

दूहा ॥ कग्ग अरोह्यौ हंस ग्रह। महल सु राज दुआर ॥
कहती राज न मानते। लिषि पट्ठयौ पावार ॥ छं० ॥ १५४ ॥
श्लोक ॥ न जानं मानवो नागो। न जानं जष्ष किन्नरं ॥
ऐ अपूरबं देहं। दासी महल मनुष्ययं ॥ छं० ॥ १५५ ॥

पृथ्वीराज का इंछिनी के महल में जाना। इंछिनी का राजा को सब कथा सुना कर कैमास करनाटी को बतलाना।

दूहा ॥ सुनि रु बचन चल्ल्यौ न्रपति! जहां इंछिनिय अवास ॥
कह्यौ क्रत्त कैमास कौ। जो दिष्यौ ग्रह दासि ॥ छं० ॥ १५६ ॥

(१) मो.-नन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हनूफाल ॥ जल सजल अच्छित सेनं। धर हरत धुम्मर ऐनं ॥
दम दमकि दामिनि दूरि। जलजात नैषद पूरि ॥ छं० ॥ १५७ ॥
करि इच्छिनिय ग्रह पंति। जनु मैंन रति सम पंति ॥
द्रिग दिष्षि कूलन वाज। तिय तरित अच्छित दाज ॥ छं० ॥ १५८ ॥
इक पंच धुन कर चंपि। तर तरकि दुअ बिच कंपि ॥
कैमास प्रति सम दीस। तहां बैनं कोन प्रकीस ॥ छं० ॥ १५९ ॥
इक चुक्कि राजन जाम। पचारि इंछनि ताम ॥
बिप धऱ्यौ राजन पानि। कर करषि करन सु तानि ॥छं०॥१६०॥
बिय बुद्ध लगि [1]वहि गात। भर हरिय [2]भूमि निपात ॥
तकि तिष्ष धष्षि न सिद्ध। बढि तोमरं तन बिद्ध ॥ छं० ॥ १६१ ॥
कहि कन्न बनिता बैन। अरि पऱ्यौ प्रभु [3]असु ऐन ॥
बानावली बर धाइ। चुकि नांहि जुग्गिनि राइ ॥ छं० ॥ १६२ ॥
गहि सुंदरी सारंग। दह नेव दुव्वनि अंग ॥
दिषि राज भवषित भग्ग। मन सोक सोच विलग्ग ॥ छं० ॥ १६३॥
[4]गड्यौ मुधन न्रप अप्प। बर उट्ठि राजन तप्प ॥
.... ॥ छं० ॥ १६४ ॥

राजा का कैमास को मार कर गाड़ देना और करनाटी का भाग जाना।

कवित्त ॥ रवन कंपि रव रवन। भवन भूषन धरि हरि परि ॥
आइय दंपति इष्षि। दिष्षि दाहिम उर उभ्भरि ॥
चितें राज गति राज। कठिन मन्ने मन अंतरि ॥
षनि गड्यौ कैमास। पाच सम दासि [5]तपं उर ॥
चलि सु दासि बोलन्न जो। सो भग्गी मन मानि भय ॥
समपी सुरिद्धि पांवारि कर। फिऱ्यौ अप्प बन पिथ्थ [6]रय ॥
छं० ॥ १६५ ॥

(१) मो.-चढ़िय। (२) ए. कृ. को.-भूषन। (३) ए. कृ.-वसु।
(४) ए. कृ. को.-गडयो सु। (५) मो.-मयं उर। (६) मो.-रथ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का अपने शिविर में लौट कर आना ।

दूहा ॥ गयौ राज बन जहां सयन । जहं सामंतरु सूर ॥
संभ्रम सर सति चंद सों । सब बद्दे सम्मूर ॥ छं० ॥ १६६ ॥

देवी का अन्तरध्यान होना ।

गई मात कविचंद कहि । भइय प्रात अनुरत्त ॥
दुचित चित्त अनुप्रात भय । चिंति भट्ट प्रापत्त ॥ छं० ॥ १६७ ॥

प्रभात वर्णन ।

कवित्त ॥ बजिग प्रात घरियार । देव दरबार नूर षुलि ॥
ध्रम्म सुक्रत अंकुरिय । पाप संकुरिय कुमुद मिलि ॥
सूर किरन बिसतरन । मिलन उद्दिम सत पची ॥
[1]काम घरी संकुटिय । उड़न पंषी मन मची ॥
मिलि [2]चक्क सु चक्क चकोर धर । चंद किरन बर मंद हुअ ॥
विड्डुरिग बीर बीरं रहन । सूर [3]कंट मन कंद धुअ ॥छं०॥१६८॥

पृथ्वीराज का रोजाना दरबार लगना और कविचन्द का आना ।

*कवित्त ॥ अंतर महल नरिंद । महल मंडिय बुलाय भर ॥
तेज तुंग आछत्य । देषि अबधूत धूत नर ॥
विरद भट्ट विरदैत । नैंन बीरा रस पिष्षिय ॥
सो ओपम कविचंद । रूप हरनार सदिष्षिय ॥
सामंत सूर मंडलि रषिय । कं चित्तें कैमास जिय ॥
भावी विगत्ति जाने न को । कहा विधाता न्रिम्मयिय ॥ छं० ॥ १६९ ॥

वार्त्ता ॥ [4]राजन महल आरंभे । नीकी ठौर बैठक प्रारंभे ॥
सूर सामंत बोले । दरीषानै दुलीचै षोलै ॥
छच चमर कर लीने । मूढ़ा गादी सामंतन को दीने ॥छं०॥१७०॥

(१) ए. कृ. को.-काम घटी संकुरी । (२) मो.-चक्क ।
(३) ए. कृ. को.-सुर कंद मन कंद हुअ । (४) ए. कृ. को.-राज ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

*अरिल्ल ॥ मद्धि पहर पुच्छैं प्रभु पंडिय। कहि कवि विजै साहि जिहि मंडिय॥
सकल सूर बेठवि सभ मंडिय। आसिष आनि दीय कवि चंदिय॥
छं० ॥ १७१ ॥

दरबार का वर्णन।

भुजंगी ॥ ढरै कनक दंडं विराजैत रायं। नगं तेज जोत्यं झलक्कंत कायं ॥
ढरें चोंर सोहै लगै छच ढोरै। तहां चंद कब्बी उपम्मानि जोरै ॥
छं० ॥ १७२ ॥

ग्रहं एकठे मंडली अट्ठ षेलैं। लग्यौ राह निद्वंतियं अप्प मेलैं ॥
मिलो मंडली मत्य [1]विच न्त्रप्प भारी। मनों पारसं पावसं साम धारी॥
छं ॥ १७३ ॥

भरं भार कारी करें [2]वित्त सेनं। कसे संकमानं धनुद्धार तेनं ॥
[3]विरद्दाप चंदं बरद्दाय सब्बी। दिषी जोति चौहान संजोति हब्बी ॥
छं० ॥ १७४ ॥

पृथ्वीराज की दीप्ति वर्णन।

दूहा ॥ मूढ़ा धरि गादी धरी। धुर सामंता राज ॥
देषि देव ग्रब्बं गरै। न्त्रप सिंघासन साज ॥ छं० ॥ १७५ ॥

रासा ॥ कनक दंड चामर छच विराजत राज पर ॥
रयन सिंघासन आसन सूर सामंत भर ॥
राजस तामस सत्त चयं गुन भिन्न पर ॥
मनहुं सभा मँडि वंभ बिय छिन अप्प कर ॥ छं० ॥ १७६ ॥

उपस्थित सामंतों की विरदावली।

चोटक ॥ सभ वन्नन भट्ट कविंद कियं। सब राज दिसा रजपूत बियं ॥
भुज [4]दष्षिन लष्षिन कन्ह हुअं। रन भूमि विराजत जानि धुअं ॥
छं० ॥ १७७ ॥

---

* छन्द १६९ और छन्द १७१ मो.-प्रति में नहीं हैं।

(१) मो.-विचित्र भारी। (२) ए. कृ. को.-चित्त, चिंत्त।

(३) मो.-वरदाप्त। (४) ए. कृ. को.-'दच्छिन, लच्छिन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिन बीर महंमुद मान हऱ्यौ। अरि[1] अच्छ अछच पवार धऱ्यौ॥
हरसिंघ हसिंह सुवाम [2]भुजं। उन मद्धि विराजत राज [3]दुजं॥
छं० ॥ १७८ ॥

नरनाह सनाह सुस्वामि हुअं। जब चालुक भीम मयंद भुअं॥
बर बिंभ्भ विराजत राज दलं। जब चालुक चार नछिच हलं॥
छं० ॥ १७९ ॥

परमाल चंदेलति संष धरै। न्रप जाहि बकारत रौरि परै॥
बर वीर सु बाहरराय तनं। अचलेसर भट्टिय जासु रनं॥
छं० ॥ १८० ॥

कर बीर सिंघासन जासु चँपै। नर निद्दुर एक निसंक तपै॥
जिहि कुप्पत गज्जत देस कँपै। धर विग्रह जाहि जिहांन जपै॥
छं० ॥ १८१ ॥

* लरि लष्षन देषन दो ललियं। मुँह मारि मुरस्थल स्वस्थ हियं॥
सनमान सबै दिन चन्द लहै। [4]पुठियं जुध वत्त सु आह कहै॥
छं० ॥ १८२ ॥

रिसि पाइ के चावँड लोह जऱ्यौ। मदगंध गयंदन सों सु लऱ्यौ॥
गहिलौत गयंद सु राज [5]बरं। भुज ओट सु जंगल देस धरं॥
छं० ॥ १८३ ॥

तप तोंवर सोभि पहार सही। दल दिष्ष सु [6]साह सिताब ग्रही॥
मुष मुच्छ सु अल्ह नरिंद मुषं। जुध मंडय साह सहाब रुषं॥
छं० ॥ १८४ ॥

बड़गुज्जर राम कनक्क बली। जिहि सज्जत पंगुर देस हली॥
कुवरंभ पजूनति राज बलं। जिन षग्ग सु जुग्गिनि जूह घलं॥
छं० ॥ १८५ ॥

(१) मो.-अनूअ। (२) ए. कृ. को.-भुअं। (३) ए. कृ. को.-दुज।
* यह पंक्ति केवल मो. प्रति में है। (४) ए. कृ. को.-पुच्छियं। "चावंड रिसाइ के लोह जऱ्यौ" (५) मो.-वरी, धरी। (६) ए. कृ. को.-ताह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नञगौर नरेस न्वसिंघ सही। जिन रिद्धि सनंतन माझ लही॥
परमार सलष्पन लष्य गनै। इक पट्टिय कंगुर देस तनै॥छं०॥१८६॥

दस [1]पुत्रति मानिकराइ तनै। कहि को [2]तिनही उतपत्ति [3]बनै॥
जिन वंस जराजित बीर हुअं। सर संभरिजा उतपत्ति भुअं॥छं०॥१८७॥

नवनिक्करि के नव मग्ग गए। नवदेस अपूरब मारि लए॥
तिन पट्ट सु प्रथ्थय राज तपै। कलहौ कलहौ निसि द्यौस जपै॥
छं०॥१८८॥

कर सिंगिनि टंक पचीस गहै। गुन जंग जंजीरनि तीन रहै॥
सर संधि समंतत तेज लहै। सबदं सर हेत अनंत बहै॥छं०॥१८९॥
गुन तेज प्रताप जो हन्न कहै। दिन पंच प्रजंत न अंत लहै॥
सम मंडप मंडित चित्त कियं। कवि अप्प सु अग्ग हकारि लियं॥
छं०॥१९०॥

गाथा॥ *हक्कारिय चन्द कव्वी। देवी वरदाय वीर भट्टायं॥
तिहु॑ पुर परागद वानी। अग्गं [4]आव राव आएसं॥ छं०॥१९१॥

पद्धरी॥ बेमग्गराइ दारिद विभाड़। अचगल्ल राइ जाड़ा उपाड़॥
अनपुट्टराय पुट्ठिय पलानि। मुह कंठराय तालू लगान॥छं०॥१९२॥
असपत्ति राय उथ्थापि हथ्थ। अस कत्ति राय थापन समथ्थ॥
महाराज राज सोमेस [5]पुत्त। दानवह रूप अवतार धुत्त॥छं०॥१९३॥

कविचन्द का राजा के पास आसन पाना।

दूहा॥ †आयस सुनि अग्गे [5]भयौ। दयौ मान कर अप्प॥
[6]सहि न जास कविचंद पै। निकट न्वपत्ति सु तप्प॥ छं०॥१९४॥

कन्ह का कविचन्द से मानिक राय के पुत्रों की पूर्व कथा पूछना।

(१) मो.-पुत्रनि। (२) ए. कृ. को.-तिनकी। (३) ए. कृ. को.-गनै।
* यह गाथा मो.प्रति के सिवाय अन्य प्रतियों में नहीं है।
(४) मो.-पूर। (५) मो.-गयौ। (६) ए. कृ. को.-"सह्यौ न जाइ"
† इस छन्द के बाद का पाठ मो. प्रति में नहीं मिलता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जराजित्त मानिक सुतन । कन्ह पुच्छि कविचंद ॥
तिहि बंधव कारन कवन । काढ़ि दिए करि दंद ॥ छं० ॥ १९५ ॥

कवि का उत्तर कि "मानिक राय की रानी के गर्भ से एक अंडाकार अस्थि का निकलना"।

अरिल्ल ॥ तक्षक पुर चालुक ग्रह पुत्तिय । मानिकराव परिनि गज गत्तिय ॥
तिहि रानी पूरब क्रम गत्तिय । इंडज आकृति हड्ड प्रसूतिय ॥
छं० ॥ १९६ ॥

मानिक राय का उसे जंगल में फिकवा देना।

कवित्त ॥ कह जानै कह होइ । अस्ति गोला रँभ अंदर ॥
हुकुम कियो मानिक्क । जाइ नंषौ गिरि कंदर ॥
नह मन्यौ रागिनी । करे अपमान निकासिय ॥
संभरि कै उपकंठ । रहिय चालुक पुरवासिय ॥
सोवी विगत्ति मन सोचि कै । बहुत भंति घन जतन किय ॥
दिन दिन अधिक्क बधतो निरषि । हरषि आस बढ्ढिय सु हिय ॥
छं० ॥ १९७ ॥

दूहा ॥ सुरधर षंडह काल परि । लैब सही सँग भंड ॥
आय कमधती कर रहिय । चालुक पुर गुढ़ मंड ॥ छं० ॥ १९८ ॥

मानिक राय का कमधुज्ज कुमारी के साथ व्याह करना।

कवित्त ॥ सोलंकिन मन मोच । पठय परधान विचच्छन ॥
दै असंष धन धान । लगन थप्पाइ ततच्छन ॥
पानिग्रहन कर लियौ । कुंअर हड्डा कमधज्जनि ॥
दसहू दिसि उड़ि बत्त । सुने अचरज पति गज्जनि ॥
आरंभ गोल करि फौज को । गोला रँभ उप्पर चलिय ॥
नीसान डंक के बज्जते । नव सुलष्य साहन मिलिय ॥
छं० ॥ १९९ ॥

गजनी पति का मानिक राय पर आक्रमण करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भुजंगी ॥ नवं लष्य सेना सजे गज्जनेसं। चल्यौ चढ्ढि मग्गं अछिंदं दिनेसं ॥
पलक्कंत अंद्रू गजं मद्द छक्के। कमठ्ठं दिगंपाल नागं कसक्के ॥
छं० ॥ २०० ॥

प्रजारंत ग्रामानि धामं मिवासं। प्रजा कोक भज्जी उरं लग्गि चासं ॥
दरं कूच कूचं धरा हिंदु लेनं। सुन्यौ संभरीनाथ आवंत सेनं ॥
छं० ॥ २०१ ॥

करेचा परे ताम नीसानं घायं। सतं मुष्य क्रम्यौ सु मानिक्क जायं ॥
पचीसं हजारं चमू चाहुआनं। मिली जाम मध्ये प्रथमं मिलानं ॥
छं० ॥ २०२ ॥

पुरं चालुकं जाय डेरा सु दीनं। भज्यौ रूस नो रागिनी गोठि कीनं ॥
फिरे चढ्ढियं देय नीसान बंबं। गरज्जे मनों सापरं सत्त अंबं ॥
छं० ॥ २०३ ॥

उस अस्थिअंड का फूटना और उसमें से राजकुमार का उत्पन्न होना।

परज्जंद उट्ठे अग्राजं सबद्दं। नचै बीरभद्रं जिसे वीर हद्दं ॥
बज्यौ सिंधु औ राग सारं करारं। तबे हड्ड फट्यौ प्रगट्यौ कुमारं ॥
छं० ॥ २०४ ॥

प्रचंडं भुजा दंड उत्तंग छत्ती। नरं नारसिंघं अवत्तार भत्ती ॥
कवच्चं कसे उत्तमंगं सटोपं। धरा बाहरा अश्व आरूढ़ कोपं ॥
छं० ॥ २०५ ॥

पहुंच्चे पिता अग्ग दौरे पहिल्लं। अरी फौज में जोर पारे दहल्लं ॥
नषं तिष्य धारा गरग्गं सु धारे। हिरंनंकुसं गोल रंभं विदारे ॥
छं० ॥ २०६ ॥

इसे लोह वाहे छछोहे दुदीनं। मनो इंद्र वृत्तासुरं जुद्ध कीनं ॥
वहे रत्त धारान के घाल नालं। परे भूमि झूमे भरं विक्करालं ॥
छं० ॥ २०७ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परी पंषिनी जोगिनी बीर ईसं। नचै नारदं आदि पूरी जगीसं॥
कहां लग्गि चंदं बरन्नै सँग्रामं। भगी साह सेना तजे ग्रब्ब मामं॥
छं० ॥ २०८ ॥
गजं बाज लूटे असंषित्त मालं। लियौ संग्रहे अस्सपत्ती भुआलं॥
छं० ॥ २०९ ॥

उक्त राजकुमार का नाम कर्ण और उसका सम्भर का राजा होना।

कवित्त ॥ गोला रंभ रिन गंजि। भंजि नवलष्ष भुजा दंडि॥
सतरि सहस मयमत्त। करे सिर दंड साह छंडि॥
पुनि संभरि पुर आय। पूजि आसा वर माइय॥
उड्ड पाल दिय नाम। विरद हाड़ा बुल्लाइय॥
असुरान मेटि करि हिंदु हद। पिता राज लद्धिय तबै॥
अस्तिपाल हुअ संभरि न्टपति। हड्ड मंड फट्टिय जबै॥
छं० ॥ २१० ॥

संभर की भूमी की पूर्व्व कथा।

पद्धरी ॥ संभरिह मभ्भ संभरादेव। मानिक्क राव तिन करत सेव॥
सुप्रसन्न होइ इन दिन बरज्जि। मति लेय दंड करि सिर परज्जि॥
छं० ॥ २११ ॥
चढ़ि पवँग पहुमि षरि है जितक्क। अनषूट रजत ह्वै है तितक्क॥
करि हुकुम मात संभरि पधारि। चहुआन ताम हय चढ़ि हकारि॥
छं० ॥ २१२ ॥
द्वादसह कोस ऊतर क्रमंत। भवतव्य कोन मेटै निमंत॥
मन आनि भ्रंति फिरि देषि पच्छ। ह्वै गयौ लवन गरि सर प्रतच्छ॥
छं० ॥ २१३ ॥
उपजीय चित्त चिंता निरास। छंडिय सु देह चंदहु प्रकास॥
अनचिंत म्टत्त हुअ कलह बढ्ढि। बड़ पुत्र जराजित बंध कढ्ढि॥
छं० ॥ २१४ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परजंन लाज गुरजन्न मुक्कि। गोहड्ड नंषि जल घाट रुक्कि॥
षंधार लार करि सिलह बंधि। उत्तारि आय निज देह रुंधि॥
छं० ॥ २१५ ॥

धर बेध षेध लग्गिय अनादि। रघु भरथ पंड कुरु जुद्ध बादि॥
लिय राज पाट हय गय भँडार। मेटै न चित्त उपिन्न षार॥
छं० ॥ २१६ ॥

हो तौ सु जानि फिरि कदंब गोत। डेरा उपारि बिय रवि उदोत॥
अनि अन्नि साष थप्पित उतन्न। उगरीय जीय मानिक्क तन्न॥
छं० ॥ २१७ ॥

*इह कथा जाम कहि रहिय चंद। फिरि निकट बोलि लिय तब नरिंद॥
छं० ॥ २१८ ॥

अरिल्ल ॥ मध्य प्रहर पुच्छै न्रप पंडिय। कहि कवि विजै साह जिन मंडिय॥
सकल सूर बैठे विस मंडिय। आसिक तहां दीय कवि चंदिय॥
छं० ॥ २१९ ॥

कबिचन्द का आशीर्वाद।

साटक ॥ केके देस नरेस सूर किद्रसं, आचार जोवा न्रपं।
किंकिं देन प्रमान मान सरसा, किंकिं कयं भष्षयं॥
किंकिं भेस कि भूप भूषन गुनं, का सो प्रमानं धरं।
[1]किंनारी नर मान किं नर वरं, जंपे कविंदं तुअं॥
छं० ॥ २२० ॥

कवित्त ॥ नरह नरेस विदेस। भेस जूजू रसया रस॥
कै मंडे जस रस समूह। काल भ्रमया न केन बस॥
सबे षाइ संसार। किनै संसार न षायौ॥
मोहनि चित्त निहार। जगत सब बंध नचायौ॥

*छन्द १९३ से लेकर छन्द २८० तक की कथा क्षेपक मालूम होती।
(१) ए.कृ.को.-नारी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नचै न मोह जग द्रोह जिम । मुगति भुगति करि ना नचै ॥
बसि परै पंच पंचो अर्गन । मोह छांह सब को पचै ॥छं०॥ २२१ ॥
चौपाई ॥ [1]हुंकरि चंद देवि बरदाइय । भट्ट विरह तिह्नपुर ताइय ॥
उमा जिनै जुग जुगति जगाइय । मुगति भुगति अप संगह छाइय ॥
छं० ॥ २२२ ॥

राजोवाच ।

दूहा ॥ सबै सूर सामंत [2]जुरि । बिना एक कैमास ॥
[3]तस जानौ बरदाइ पन । मंचि जोग नन पास ॥ छं० ॥ २२३ ॥
अरिल्ल ॥ प्रथम सूर पुच्छै चहुआनय । है कयमास कहौ कहुं जानय ॥
तरनि छिपंत संझ सिर नायौ । प्रात देव हम महल न पायौ ॥
छं० ॥ २२४ ॥

राजा का कहना कि यदि तुम सच्चे बरदाई हो तो बतलाओ कैमास कहां है ।

दूहा ॥ उदय अस्त तौ नयन दिठि । जल उज्जल ससि कास ॥
मोहि चंद है विजय मन । कहहि कहां कैमास ॥ छं० ॥ २२५ ॥
नन दिट्ठौ कैमास कबि । मो जिय इय [4]संदेह ॥
चामंडा बीरह सुमन । अप्पौ न्रप्प सु छेह ॥ छं० २२६ ॥
नाग पुरह नर सुर पुरह । कथत सुनत सब साज ॥
दाहिम्मौ दुल्लह भयौ । कहि न जाय प्रथिराज ॥ छं० ॥ २२७ ॥
का भुजंग का देव ससि । निकम कवित्त जु षंडि ॥
कै बताउ कैमास मुहि । हर सिद्धी बर छंडि ॥ छं० ॥ २२८ ॥
कवित्त ॥ जौ प्रसन्न बरदाय । देव संचौ बर अप्पौ ॥
कहि अदिष्ट कैमास । देवि बर छंडि न जप्पौ ॥
तीन लोक संचरै । सत्ति तिनकी बरदाई ॥
तूपन अप्पन छंडि । जोग पाषंडह षाई ॥

(१) ए. कृ. को- हक्करि (२) ए. कृ. को- तुरि ।
(३) ए. कृ. को- तम (४) ए. कृ. को- अंदेस ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानहु सु बात अरु बेग बत। कहिग साच कविचंद तत ॥
मन बच क्रम्म कैमास धन। जौ दुरगा सच्ची सुभत ॥
छं० ॥ २२९ ॥

कवि का संकोच करना परंतु राजा का हठ करना।

दूहा ॥ जौ छंडे सेसह धरनि। हर छंडै विष कंद ॥
रवि छंडै तप ताप कर। बर छंडै कविचंद ॥ छं० ॥ २३० ॥
हठ लग्गौ चहुआन नृप। अंगुलि मुष्ष फुनिंद ॥
तिहुंपुर तुअ अति संचरैं। कहै बनै कविचंद ॥ छं० ॥ २३१ ॥
जौ पुच्छै कविचंद सों। तौ ढंकी न उघारि ॥
अब कित्ती उषर चंपौ। सिंचन जानि गमारि ॥ छं० ॥ २३२ ॥

चन्द के स्पष्ट वाक्य।

सेस सिरप्पर खूर तन। जौ पुच्छै नृप एस ॥
दुहुं बोलन मंडन मरन। कहौ तौ कव्वि कहेस। छं० ॥ २३३ ॥
होता नत कविचंद सुनि। तूं साचौ बरदाइ ॥
कहि मंची कैमास सौ। क्यों मार्‍यौ अप धाइ ॥ छं० ॥ २३४ ॥
गाथा ॥ कहना न चंद [1]चित्तं। नर भर सम राज जोइयं नयनं ॥
आचिज्ज मूढ़ [2]वत्तं। प्रगट भवसि अवसि आरिष्टं ॥ छं० ॥ २३५ ॥
कवित्त ॥ एक बान पहुमी। नरेस कैमासह मुक्कौ ॥
उर उप्पर [3]थर हर्‍यौ। बीर कष्षं तर चुक्कौ ॥
बियौ बान संधान। हन्यौ सोमेसर नंदन ॥
गाढ़ौ करि निग्रह्यौ। षनिव गड्यौ संभरि धन ॥
यल छोरि न जाइ अभागरौ। गाड्यौ गुन गहि अग्गरौ ॥
इम जंपै चंद बरद्दिया। कहा निघट्टै इय [4]प्रलौ ॥ छं० ॥ २३६ ॥

---

(१) मो.- वित्तं। (२) ए. कृ. को.- मंत्तं, मंत।
(३) ए. कृ. को.-थरहर्‍यौ। (४) मो.-प्रलै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजा का संकुचित होना ।

दूहा ॥ सुनि न्त्रपत्ति कवि के वयन । अनन बीय अवरेष ॥
कविय [1]वचन सम्हौ भयौ । सूर कमोदनि देष ॥ छं० ॥ २३७ ॥

गाथा ॥ झंझामि झार लग्गी । संझया वंदामि भट्ट बचनानि ॥
बुझझामि हाम को इनं । घम दम उर मझझ रष्षियं राजं ॥
छं० ॥ २३८ ॥

सब सामंतों का चित्त संतप्त और व्याकुल होना ।

कवित्त ॥ भट्ट वचन सुनि श्रवन । कन्ह धुनि सीस ग्रेह गय ॥
बिसम परिग सामंत । सुनिय साचं जु तत्त भय ॥
कोन काज इह षेह । हुऔ मंची इह राजन ॥
निसि अद्धी आषेट । कियौ किं कीरे भाजन ॥
किं भट्ट बीर जान्यौ सु दिन । कह सुझयौ संभरि धनी ॥
अंगुरी दंत दंपी सकल । अप अप ग्रेह उठि भनी ॥ छं० ॥ २३९ ॥

सब सामंतों का खिन्न मन होकर दरबार से उठ जाना ।

वाघा ॥ सुनि सुनि श्रवन चंद चहुआनं । कलिमलि चित्त सुभट सब्बानं ॥
के अवलोइ सु मुष्षं चंदं । निरषे नयन के विभूत दंदं ॥छं०॥२४०॥
के भय मूढ़ जड़ बर अप्पं । के भय चित विरत्त सु दप्पं ॥
समुझि न परे सूर सामंतं । गंठन गुन नन आवै अंतं ॥
छं० ॥ २४१ ॥
निरषे द्रग मुष रत्त करूरं । असही तेज अजेज सनूरं ॥
निरषे अन्यौ अन्य सजरं । भय भय चित्त सुभट्ट सपूरं ॥
छं० ॥ २४२ ॥
गब्बके बद्दर गज्जि गुहीरं । भय न्त्रिघात तरित तन भीरं ॥
भय गंभीर सुहीर समीरं । उड्डे कर सर रेन सनीरं ॥ छं० ॥ २४३ ॥
घट्टी मद्ध पंच पल सेषं । विन भद्रवै भयानक भेषं ॥

(१) मो.-वेचन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिसि नैरत्ति कि गहि गोमायं। दिसि धूमंत सिवा सुर तायं॥
छं० ॥ २४४ ॥

बद्दी दैवि चकोरन भासं। गज्जे छोनि ओनि आयासं॥
मन्ने सह आरिष्ट अपारं। उपज्यौ किन कारन कृत्यारं॥
छं० ॥ २४५ ॥

भुव अवलोकि कन्ह नर नाहं। उट्ठे आसन हुंत अराहं॥
चले अप्प निज मग्ग सु ग्रेहं। फुनि गोयंदराज उठि तेहं॥
छं० ॥ २४६ ॥

[1]उनमन मन्न उठ्ठि सामंतं। कलमलि विकल उकल सा चिंतं॥
कहै चंद बरदाइ सकोहं। [2]हनि कैमास दासि रिस दोहं॥
छं० ॥ २४७ ॥

सुनि सुनि वचन भट्ट न्रप कानं। अप्पअप्प गए ग्रेह परानं॥
जुग्गिनि पुर [3]जग्गत चहुआनं। भइ निसि चार जाम जुग मानं॥
छं० ॥ २४८ ॥

सब के चले जाने पर कविचन्द का भी राजा को धिक्कार कर घर जाना।

कवित्त॥ राजन मझ्झ [4]संपरिय। पट्ट दरबार परट्ठिय॥
बहुरे सब सामंत। मंत भग्गिय सिर लट्ठिय॥
रह्यौ चंद बरदाइ। विमुष पग डगन सरक्क्यौ॥
ग्रभ्भ तेज वर भट्ट। रोस जल षिन षिन सुक्क्यौ॥
रत्तरी कंत जागंत रै। भई घरंघर बत्तरी॥
दाहिम्म दोस लग्ग्यौ षरौ। मिटै न कलि सों उत्तरी॥छं०॥२४९॥

चौपाई॥ इह कहि ग्रेह चंद संपन्नौ। बर कैमास आसु भलपन्नौ॥
मित्तद्रोह भट उर सपन्नौ। दाहिम वरन बरन संपन्नौ॥
छं० ॥ २५० ॥

(१) मो.-"उने मत मन्न उठे सामंत।
(२) ए. कृ. को.-हति।
(३) मो.-जग्गे।
(४) ए. कृ. को.-संभारिय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का शोकग्रस्त होकर शयनागार में चला जाना और नगर में चरचा फैलने पर सब का शोकग्रस्त होना।

पद्धरी॥ निज रहन अंग साला सु एक। आवास रंग रचन विवेक॥
अंदर महल्ल अंतर अवास। अति [1]रचन चित्र आसासि तास॥
छं०॥ २५१॥

पर्यंक उभय आभासि भासि। [2]अति ऊक गंध रसु रस्स वासि॥
आरोहि अप्प सोहै सु राज। बिन तरुनि करुन मुष छादि राज॥
छं०॥ २५२॥

दर रष्षि बोल्ल आएस दीन। रुक्यौ सु अप्प पर वच्च चिन्ह॥
किय सयन पेम न्रप जंपि अप्प। रष्यौ सु थान निज दप्प रप्प॥
छं०॥ २५३॥

बैठो सु पिट्ठ [3]पट सूर घट्ट। रष्षे सु जक्कि सब थान थट्ट॥
भय चकित चित्त अंदर बहाज। भयभीत मंन मन्ने अकाज॥
छं०॥ २५४॥

इह कत्य चित्त नयरी निवास। सब लोक दोष उद्दार रास॥
रूंधे सु हट्ट पट्टन सु बान। बिन रूप दिष्षि दिट्ठिय डरान॥
छं०॥ २५५॥

सब पत्त सूर सामंत ग्रेह। कत्या सु कत्य मन्नेव एह॥
इह कम्यौ दुष्य विते चिजाम। भयभीति निसा मन्नी [4]सहाम॥
छं०॥ २५६॥

भइ [5]षिनद जाम चव जुग समान। सब लोक दुष्य बित्ती डरान॥
कैमास ग्रेह चिंत्यौ सु दोस। गद्यौ सु दासि षूनह सरोस॥छं०॥२५७॥
चंदेन चिंति निज माह सत्त। चढ़ि चलिय ग्रेह बरदाइ जत्त॥
छं०॥ २५८॥

(१) ए. कृ. को-चरन। (२) ए. कृ. को.-"अति ऊक गंध रव सुर सवास"। (३) ए. कृ. को.-पट्ट। (४) ए. कृ. को.-महाभ। (५) ए. कृ. को. षिमद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उग्गियं मान पायान पूर । बज्जियं देव [1]दर संष तूर ॥
*कलच कैमास चढ़ि वरन साल । बरदाइ देवि वर मंगि बाल ॥
छं० ॥ २५६ ॥

कवि का मरने को उद्यत होना ।

चंद्रायन ॥ चलै चीय बर संगन भट्ट सु भट्ट बर ।
अप्पावै कैमास मिले जाइ अंग बर ॥
न्रप छुट्टी कवि हित्त घरी पल बरनि बर ।
तौ जन जन सह चिंत सत्ति तुअ देव बर ॥ छं० ॥ २६० ॥
रोला ॥ चंद बदनि ये चंद सीष कोमंगि उचारी ।
मरन टरे जो भट्ट राज कैमास विचारी ॥
हम तुम दुहुन मिलंत सुनी अंगन तुम धारी ।
दंपति सम्हौ बचन तब्ब बर बरनि उचारी ॥ छं० ॥ २६१ ॥
गाया ॥ बाला न अच्छि लग्गी । हुं बरदाइ कड्डिया अग्गी ॥
तंबाल विरस लग्गी । लच्छिन षुरसान रष्षिया मग्गे ॥छं०॥२६२॥
आदर दीन सु कब्बी । आसन आछादि रोहि तिय तथ्यं ॥
निज प्रारथना राजं । गोमभक्षे ग्रेह साजनं साजः ॥ छं० ॥ २६३ ॥

कविचंद की स्त्री का समझाना ।

चौपाई ॥ तब ग्रेहनि बरदाइ सु आइय । अंचल गंठि विलग्गिय धाइय ॥
को [2]अति जात अप्प जम आनै । अनि सिर सत्य अप्प सिर तानै ॥
छं० ॥ २६४ ॥
जिन कैमास रिद्धि रज रष्षी । जिन कैमास मंच सिर सष्षी ॥
जिन कैमास देस नव आने । सो कैमास हत्यौ निज बाने ॥छं०॥२६५॥

(१) मो-दरवार नूर ।

* इस छन्द को चारों प्रतियों भुजंगी नाम से सम्बोधन किया गया है । मूल पाठ भी "उग्गियं भान पायान पूरं, वज्जियं देव दर संख तूरं । कलुत्र कैमास चढ़ वरन साला । देवी बरदाय वर मंगवाला ।" यह है परन्तु यह भुजंगी नहीं है । भुजंगी छन्द में चार यगण होता है । मालूम होता है लेख की भूल से कुछ हेर फेर होगया है अस्तु हमने इस छन्द को पूर्व्वोक्त पद्धरी में मिला कर पाठान्तर दे दिए हैं ।

(२) ए. कृ. को.-अनि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तू भूल्यौ बरदाय विचारं। अच्छिर सुद्धिमुद्ध मन द्वारं॥
जे जमग्रेह न अप्प ढुंढाने। सो जग्गवै काय विनसाने॥
छं० ॥ २६६ ॥

कवित्त ॥ जा जीवन कारनह। ध्रम्म पालहि व्रत टारहि॥
जा जीवन कारनह। अथ्यि[1] दै चित्त उवारहि॥
जा जीवन कारनह। द्रुग्ग हय देसति[2] अप्पहि॥
जा जीवन कारनह। होम करि नव ग्रह जप्पहि॥
जा जीवन सांई सुपन। न्रपति बहुत जाचिय अभौ॥
सुक्के सु सरोवर हंस गौ। कहि बुझ्झै अधियार भौ॥ छं०॥२६७॥

जो मनुच्छ धर ध्रम्म। मरम जानै न मरम जप॥
सास आस बंधयौ। आस आसना करै अप॥
जग्ग जोग तप दान। सास बंधन जग्गो जुअ॥
मोर बीर अनुकार। सास नन असन बंध धुअ॥
छिन देह भंग विज्जल छटा। सजय विजय[3] बंधय सु जिय॥
गुर गल्ह रहै भल पत सुचौ। दुष्ष न करो महंत पिय॥ छं०॥२६८॥

मात गरभ बस करी। जम्म बासुर बस लभ्भय॥
षिनन नग्गि षिरुदाय। मुदय षिन हंस अलुभ्भय॥
बपु विसष्ष बढ्यौ। अंत रुद्दह डर डरयौ॥
कच तुच दंत जरार। धार किम किम उच्चरयौ॥
मन भंग मग्ग मुक्कत सयल। निषत निमेषन चुक्कयौ॥
पर कज्ज अज्ज मंगौ न्रपति। सकै न[4] प्रान षमुक्कयौ॥ छं०॥२६९॥

दूहा ॥ समरि जाय कविचंद बर। बर लद्धौ हुंकार॥
राज दरह सम्हौ चलै। मरन सुमंगल भार॥ छं०॥ २७०॥

स्त्री के समझाने पर कवि का दरबार में जाना और राजा से कैमास की लाश मांगना।

(१) मो.-अथ्थह। (२) मो. सौं।
(३) मो.-वंध्रिय। (४) ए. कृ. को.-"प्रान पमुक्कयौ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ रष्षि सरनि सह गवनि। मरन मंगल अपुब्ब किय ॥
दरनि पिष्षि दरबार। रुक्कि सक्यौ न मग्ग दिय ॥
जग्गि जलनि प्रथिराज। नैंन नेनं जब दिष्यौ ॥
अति करना रस बीर। करी संकर रस लिष्यौ ॥
बुल्ल्यौ न बेन तब दीन हुअ। कनक काम कबि अच्छयौ ॥
तुम देव कित्ति कुब्वलिय कमल। धरनि धरनि तन मुक्कयौ ॥
छं० ॥ २७१ ॥

दूहा ॥ रहि सु भट्ट अंतर करन। कविन ध्रम्म धर भूर ॥
इह अध्रम्म लग्गहि उरह। क्रम्म उरक्कहि ऊर ॥ छं० ॥ २७२ ॥

गाथा ॥ बाला न मंगि बरयौ। काउ वासंत भट्ट [1]सियाइं ॥
ना तुअ गति संभरवै। संभरि वै राय राएसं ॥ छं० ॥ २७३ ॥

पृथ्वीराज का नाहीं करना।

दूहा ॥ पढ़िय कित्ति बुल्लिय बयन। दिल्ली पुरह नरिंद ॥
दाहिम्मौ दाहर जहर। को कहै कविचंद ॥ छं० ॥ २७४ ॥

कवि का पुनः राजा को समझाना।

कवित्त ॥ रावन किन गड्डयौ। क्रोध रघुराय बान दिय ॥
बालि सु कित गड्डयौ। चीय सुग्रीव जीय लिय ॥
चंद किन्ने गड्डयौ। कियौ [2]गुरवारस हिल्लह ॥
[3]रविन पंग गड्डयौ। पुच्छि सहदेव पहिल्लह ॥
गड्यौ न इंद्र गोतम रिषह। सिव सराप छंडन जनी ॥
इन दोस रोस प्रथिराज सुनि। मति गड्डय संभरि धनी ॥
छं० ॥ २७५ ॥

ना राजन कुर नंद। [4]नाक वत्ती [5]क्कन कट्टी ॥
अध्रम्म बीर विक्रम्म। सक्क बंधी कल [6]मिट्टी ॥
पंजर सह सु रारि। दिष्षि गंध्रव नृप भंजों ॥

(१) ए. कृ. को.-सिरयाई, सिरपाई। (२) कृ.-गुरवास हिल्लह।
(३) ए.-रवनि।
(४) ए. कृ. को.-नाक वित्ती। (५) मो.-कट्टी। (६) मो.-कट्टी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तमकि तास अगि मारि । क्रित्ति पुत्त मुक्किय अज्जौं ॥
सो सत्ति बात आतम पुरिसि । तामस इह आपुन मिटै ॥
किं ज्ञान लोय किं किं [1]जपह । कित्ति तोय बहु न्रप नटै ॥
छं० ॥ २७६ ॥

कवि का कैमास की कीर्ति वर्णन करना ।

मति कैमास मति मेर । दोस दासी न हनिज्जै ॥
मति कै[2]मास मति मेर । सामि दो हौ न गनिज्जै ॥
मति कैमास मति मेर । दंड कुब्बेर भरिज्जै ॥
मति कैमास मति मेर । दाग बिन धरनि धरिज्जै ॥
बहि गई सरक नगौर की । मंच जोर सेवर कहर ॥
चहुआन राव चिंतारि चित । गद्यौ कढ्ढि दै करि न हर ॥
छं० ॥ २७७

दूहा ॥ दासि संग कैमास कढि । जग दिष्षवै नरिंद ॥
बरै बरनि अंगन षरी । बर मंगै कविचंद ॥ छं० ॥ २७८ ॥

कैमास की लाश उसके परिवार को देना ।

कवित्त ॥ रोस मेल्ही दासी सु । राज लिन्नौ अध लिष्यौ ॥
सो नठ्ठी तिन बेर । कढ्ढि कैमासह दिष्यौ ॥
कविय हथ्थ अप्पयौ । अप्प बरनी बर लिन्नौ ॥
पुत्र बीर दाहिम्म । हथ्थ कविचंद सु दिन्नौ ॥
तिहि तरुनि मिलत तारुनि करिनि । पेम पंसि विधि विधि करै ॥
कविचंद छंद इम उच्चरै । भावी गति को उब्बरै ॥ छं० ॥ २७९ ॥

राजा का कैमास के पुत्र को हाँसीपुर का पट्टा देना ।

कविय पुत्र कैमास । राज हांसीपुर दिन्नौ ॥
पुब्ब धनं पन अप्पि । गोद नरसिंह [3]सु किन्नौ ॥
तिहि सु दिनह प्रथिराज । बीर दुरबार सजोइय ॥
बरनि बज्जि नीसान । रोस छिम सात्वक होइय ॥

(१) ए. कृ को. जयियं ।　(२) मो.-कैवास ।　(३) ए. कृ. को.-सु दिन्नौ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुरतान गहन मोषन न्रपति । पंग बीय पातुर दरसि ॥
दिषि चीय सभा मन पंग को । छबि संमुह बरि बरि बिरसि॥
छं० ॥ २८० ॥

दूहा ॥ प्राहारी कैमास न्रप । सो अप्पे विह सत्त ॥
न्रप पुच्छत कविचंद कों । अरु गुर राज सहित्त ॥छं०॥२८१॥

पृथ्वीराज का गुरुराम और कविचन्द से पूछना कि किस पाप का कैसे प्रायश्चित्त होता है।

तुम गुर न्रप अरु गुर कवी । तुम जानौ बहु काम ॥
किहि परि गह लंछन लगै । [1]को मेटै लगि साम ॥ छं० ॥ २८२ ॥

कविचन्द का उत्तर देना। (सामयिक नीति और राज नीति वर्णन)

पद्धरी ॥ उच्चरै चंद गुर राज साज । कल कहै बत्त सो नीत राज ॥
संभरहु सूर सोमेस पुत्त । कल धूत धूत [2]जग धूत धुत्त ॥
छं० ॥ २८३ ॥

सम वर प्रधान सम तेज राज । सम दान मान सामत्ति साज ॥
पलटै कि राज लछन्न लीन । बहु भंति कुलह विग्गरै तीन ॥
छं० ॥ २८४ ॥

विग्गरै छत्र हंकार मभ्भ । बर जाय अप्प रस अम्म रज्ज ॥
विग्गरै राज राजन अन्याइ । विग्गरै ग्रेह चीया अछाय ॥
छं० ॥ २८५ ॥

उद्दिम सु हीन न्रप राज राइ । तिन चंद चंद प्रातह दिषाइ ॥
विग्गरै इष्टपन कट्ठ नेह । विग्गरै सोय निज लोभ ग्रेह ॥
छं० ॥ २८६ ॥

विग्गरै मोह भर समर साज । विग्गरै लच्छि बौहरे लाज ॥
प्रसट्ठै अधम्म विगरै ध्रम्म । संभरि सु राज राजन सु ध्रम्म ॥
छं० ॥ २८७ ॥

(१) मो.-"कै मैंटन लग्गी काम"। (२) ए. कृ. को.-गज।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साधुम्म सेव गरुअत्त जीव। चिय राज नीति राजह न सीव॥
बिग्गरै पुन्य धीरह सु हूव। मादक्क ग्रेह बहु दुष्ट हूव॥
छं० ॥ २८८ ॥

विग्गरै राज परदार [1]पान। लोभिष्ट चित्त चंचल प्रमान॥
विग्गरै राज सुय बाल हूर। संचरै बहुत सषि मभ्भक्ष दूर॥
छं० ॥ २८९ ॥

विग्गरै दुज्ज ग्रह अंत दान। विग्गरै तप्प क्रोधह प्रमान॥
विग्गरै राज राजन सु जानि। जो सुनै बत्त दुष्टं सु बानि ॥छं०॥२९०॥

परनारि [2]षित्त आचरन छोइ। बिग्गरै राज निज संच सोइ॥
तन सहै राज चिंतन प्रमान। पुच्छहि सु बोल कनवज्ज जान॥
छं० ॥ २९१ ॥

पुच्छि मंच राय संभरि नरेस। तत ग्रहै राज नीतह सुरेस॥
उच्चऱ्यौ राव जंबू नरेस। संभरिय राज संभरि नरेस ॥ छं०॥२९२॥

[3]तव बंस भाव जरतित्त मान। संभरी हुत ऊपत्ति थान॥
तिहि सेन राजनीतह सु राज। सो नीत राज जित [4]सुरग राज॥
छं० ॥ २९३ ॥

रिसराज जोर तिन तह प्रमान। बंधयौ सकल तिन राज [5]थान॥
कसि असक ओर कसि द्रव्य दंड। दिज्जियै ओर जोगिंद डंड॥
छं० ॥ २९४ ॥

भंजियै बंक कै बंक साल। भजि कठिन कंक कौ कठिन बाल॥
बल पुच [6]माय सम सुमति जाइ। आनयौ पुष सम रहिस धाय॥
छं० ॥ २९५ ॥

[7]पंडिय सु दोस दुज दान प्रीय। न्रप दुरै झूठ कित्ती सु [8]दीय॥
न्रप मीति ध्रम्म समकाल लोय। बंकै कटाछ्य बंकै न कोय॥
छं० ॥ २९६ ॥

(१) ए. कृ. को.-थान। (२) ए. कृ. को.-पित्त। (३) ए. कृ. को.-तम।
(४) ए. कृ. को.-सुग्गि। (५) ए. कृ. को.-थान। (६) ए. कृ. को.-न्याय।
(७) ए. कृ. को-"मंडिय सुदेस हुज दान प्रीति"। (८) ए. कृ. को.-दीत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संसार नीति किय तत्त पंथ। विभ्भूत नीति सुनि नीति ग्रंथ॥
सह ध्रम्म पुच्छ तत्तं प्रमान। नित साम षास ब्रह्मा सु ध्यान॥
छं०॥ २९७॥

रषिये सु भ्रत्य रष्षन सु लच्छि। फिरि होत ताहि हित तत्त अच्छि॥
न्त्रिप भजै नीति उमराव होति। न्त्रिप [1]रहै नीति जो हैत प्रीति॥
छं०॥ २९८॥

न्रप जानि बीर भौ ताहि भेद। दुह भरनि बीर ज्यों पुबह षेद॥
न्रप मेटि करै समता सरीर। बुझ्झवै अगनि जिम बरसि नीर॥
छं०॥ २९९॥

भोग वै राज परिगह संजुत्त। मति प्रान करै सा ध्रम्म पुत्त॥
रिषियै सु भ्रत्य इन भांति मान। ते सामि काम अमरित्त जान॥
छं०॥ ३००॥

सा ध्रम्म सहै सो मित्त सेव। जानै न सामि उत्तर न देव॥
न्रप पास बत्त इह भंति जानि। कवि बहि लज्जि गंभीर बानि॥
छं०॥ ३०१॥

न्रप सुनी बत्त परि कहि न जाइ। ज्यों जल तरंग जल में समाइ॥
हय गय सु मांहि धुअ परी छूअ। सम्माइ जेम जल छांह कूअ॥
छं॥ ३०२॥

समसान अग्गि निधि न्त्रपति जीय। न्त्रप चित्त भ्रंग कीटी [2]सु लीय॥
रष्यो सु अंब जौ न्रपत रूप। वय ससी चित्त लज्जी सकूप॥
छं०॥ ३०३॥

जन हथ्थ आन पंकी सु रंग। तामंस लोह जनि [3]मनित पंग॥
सुरतान चित्त जब होय लोय। उन चित सदा कलपंत होइ॥
छं०॥ ३०४॥

सा ध्रम्म बिना परि गहन काच। रूपं न रत्त दरबार साच॥

---

(१) ए. दहै। (२) मो.-तीय।
(३) ए. कृ. कां.-मन पतंग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुज सफर जम्म [1]नाही सनान । संसार रतन नृप परष दान ॥
छं० ॥ ३०५ ॥

दूहा ॥ इह मंची नृप काज अरु । सब परिगह इन भीत ॥
राजनीति राजन रहै । जस धन ग्रहन न जीत ॥ छं० ॥ ३०६ ॥

राजा का कहना कि मुझे जैचन्द के दरबार में ले चलो ।

होय कंठ लग्गिय अगनि । नयन जलग्गि ललान ॥
अंब जीव बंछै अधिक । कहि कबि कोन सयान ॥ छं० ॥ ३०७ ॥
तौ अप्पौं कैमास तो । जो मेटै उर अंदेस ॥
दिष्या वहि पहु पंगुरौ । जै जैचंद नरेस ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

कवि का कहना कि यह क्यों कर हो सकता है ।

षिनक न मन धीरज धरहि । अरि दिष्षत तिन काल ॥
अति बर बर बुल्लै नहीं । सुकिम [2]चलहि भूपाल ॥ छं० ॥ ३०९ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि हम तुम्हारे सेवक बन कर चलेंगे ।

मुरिल्ल ॥ चलौं भट्ट सेवक होइ सथ्थह । जौ बोलूं तो हथ तुम मथ्थह ॥
जबह जानि संमुह हूअ । तब संम्मरु अंग करौं दोउ भूअ ॥
छं० ॥ ३१० ॥

कवि का कहना कि हां तब अवश्य हमारे साथ जाओगे ।

अरिल्ल ॥ अब उपाय समझयौ इह संचौ । सुनि कवि मरन मिटै नह रंचौ ॥
समर तिथ्थ गंगाजल षंचौ । अवसर अवसि पंग ग्रह नंचौ ॥
छं० ॥ ३११ ॥

राजा का प्रण करना ।

दूहा ॥ आनंचौ कवि के वयन । न्रप किय संच विचार ॥

(१) ए. कृ. को.-तीही । (२) मो.-चलहु ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरन गरुअ सिर हरुअ है। जियन हरूअ सिर भार ॥छं०॥३१२॥

*चान्द्रायन ॥ अप्पौ पहु कैमास सती सत्त संचऱ्यौ।
मरन लगन विधि हथ्थ तत्थ कवि उच्चरयौ ॥
धर भर पंग प्रगट्ट रुठट्ट विहंडिहीं।
इन उपहास विलास न प्रानय षंडिहौं ॥ छं० ॥ ३१३ ॥

कैमास की स्त्री का उसका मृतकर्म करना, राज महलों की शुद्धता होनी, सब सामंतों का दरबार होना।

पद्धरी ॥ अप्पौ सु कविय कैमास राज। बरदाय कित्ति मन्यो सु काज ॥
दीनौ सु हथ्थ सह गमनि तथ्थ। लै चली बाहि 'क्रत न्नि सथ्थ ॥
छं० ॥ ३१४ ॥

बोलयौ सुतन कैमास हंस। दुअ तिय बरष्य अति रूअ रंस ॥
दीनौ जु तथ्थ सिर राज हथ्थ। थप्पौ सु थान परि तुय परथ्थ ॥
छं० ॥ ३१५ ॥

दुअ घटिय पंच पल आदि जाम। किन्नौ सु महल चहुआन ताम ॥
बोले सु सब्ब सामंत सूर। आदर अदब्ब दिय अत्ति जूर ॥
छं० ॥ ३१६ ॥

कयमास घात अपराध दासि। सब कही सुभट सुभ्भा सु भासि ॥
अप्पान क्रत्य मन्यो सु अप्प। जानहु सु रीति राजंग दप्प ॥
छं० ॥ ३१७ ॥

इम कहिय कन्ह नरनाह बोलि। अप्पौ सु तेग हमकों सु षोलि ॥
किय सुमन रूर सामंत सब्ब। दुअ ग्रेह ग्रेह आनंद तब्ब ॥
छं० ॥ ३१८ ॥

सब नैर बासि आनंद मन्नि। षोले किपाट न्रप जुगति गन्नि ॥
उद्यौ सु महल सब सुचित कीन। पारनें काज द्वादसी दीन ॥
छं० ॥ ३१९ ॥

*इस छन्द को चारों प्रतियों में मुरिछ करके लिखा है। (१) मो.-क्रम।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैमास के कारण सबका चित्त दुखी होना।

बहुरेब सूर सामंत ग्रेह। कयमास दोस मन्यो सु देह॥
कीने सुभट्ट सब सुचिंत राज। उर मन्यौ अप्प आनंद काज॥
छं० ॥ ३२० ॥

पालहि सु नीति बिधि कित्ति अंग। बिन सच्च रच्च दाहिम्म रंग॥
भंगीर धीर मति बीर अत्ति। [1]सुझ्झै सुमन्न अंतर उरत्ति॥
छं० ॥ ३२१ ॥

राजा का कैमास के पुत्र को कैमास का पद देना।

दूहा ॥ उरसल्लौ कैमास नृप। पुत्र परठ्ठिय पट्ट॥
चित चंचल अब्बल करिय। दिय हय गय बर यट्ट॥
छं० ॥ ३२२ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके चावंडराय बेरी भरन कन्नाटी दासी षून कैमास बधनो नाम सत्तावनवों प्रस्ताव संपूरणम्॥ ५७॥

(१) मो.-मुझ्झै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ दुर्गा केदार सम्यौ लिष्यते ।

(अट्ठावनवां समय ।)

पृथ्वीराज का कैमास की मृत्यु से अत्यंत शोकाकुल होना ।

दूहा ॥ नह सच मुष्य गवष्य थह । नह सच अंदर राज ॥
उर अंतर कैमास दुष । सामंता सिरताज ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ न्रप क्रीड़त चौगान । सथ्य सामंत सूर भर ॥
जब रामति रसरंग । तत्र संभरै मंचि बर ॥
जब क्रीड़त जल केलि । चित्त कैमास उहासै ॥
बारावन्नि बिहार । तथ्य दाडिम बर भासै ॥
जब जब सु गान कोतिग कला । पुहप सुगंधह [1]वास रस ॥
जब जबह अवर सुष संभवै । तब उर सल्लै सहिय तस ॥ छं० ॥ २ ॥

दूहा ॥ अति उर सालै मंचि दुष । करै न प्रगट समुझ्झ ॥
मानो कूआ छांह ज्यों । रहत रात दिन मझ्झ ॥ छं० ॥ ३ ॥

सामंतों का गोष्टी करके राजा के शोक निवारण का उपाय विचारना ।

कवित्त ॥ तब सु कन्ह चहुआन । राव जैतह सम बुझ्झिय ॥
षीची राव प्रसंग । जाम जद्दव घन सुझ्झिय ॥
चंद्र सेन पुंडीर । राव गोयंद राज बर ॥
लोहानौ आजान । राम रामह बड़गुज्जर ॥
पुछ्यौ सु मंच सब मंच मिलि । राज दुष्य कैमास मिति ॥
नन कहै [2]कवन सो मन वचन । मिटै सोइ मंडौ सुमति ॥
छं० ॥ ४ ॥

सामंतों का राजा को शिकार खेलने लिवा जाना ।

(१) ए. कृ. को.-वीस । (२) ए. कृ. को.-वचन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कही जाम जद्दो जुवान । सुनि कन्ह नाह नर ॥
चंद्र सेन पुंडीर । राय गोयंद राज बर ॥
आषेटक प्रथिराज । सह अंतर गति आदै ॥
दै समद्धि संक्रमौ । करौ इन बुद्धि सवादै ॥
मन्नी सु सब्ब सामंत मिलि । थपि सामंतन सत्ति करि ॥
बरनौ सु जाम जद्दव न्रपति । तबहि राज म्रगया सुभरि ॥छं०॥५॥

सज्जि सब्ब सामंत । चल्यौ चहुआन पान भर ॥
अटल अवनि आभंग । सज्जि सक कन्ह नाह नर ॥
गरुअ राव गोयंद । अतत्ताईय ईस बर ॥
चढ़िय निडर रट्ठौर । सलष लष्षन बघेल क्रूर ॥
सामंत सूर मिलि इक्क हुअ । चले सथ्थ राजन ररिय ॥
औछंग अंग सन्नाह लै । इम सु राज म्रगया करिय ॥ छं० ॥ ६ ॥

प्रनित सब्ब सामंत । चल्यौ चहुआन अनब्बर ॥
सथ्थ सूर सामंत । विरद अन्नेक बहत सिर ॥
सथ्थ लीन सन्नाह । अवर परकार साथ सजि ॥
बानगीर हथ नारि । धारि दिढ़ मुट्ठि (१)हथ्थ रजि ॥
घन लीन सज्जि सथ्थें (२)सयन । करि टामंक सु कूचकिय ॥
क्रीड़न सु राज म्रगया चल्यौ । सब आषेटक साजलिय ॥छं० ॥७॥

पृथ्वीराज के शिकारी साज सामान का वर्णन ।

पद्धरी ॥ आषेट चल्यौ प्रथिराज राज । सथ लिये सूर सामंत साज ॥
रस अग्ग सून्य सौ तुंग एक । सथ लिये तुंग सो भषन तेक ॥
छं० ॥ ८ ॥

पंच सै मद्धि नाहर पछारि । जीव लैं जाव वच्छंतिवार ॥
इक सहस बधन वादाह तेज । जुटि पटकि भुम्मि कट्ठत करेज ॥
छं० ॥ ९ ॥

(१) मो.-रथ्थ । (२) ए. कृ.- को.-सथन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सारङ्ग सहस बल गनै कौन । धावंत भूमि भुल्लाइ पौन ॥
छल छेद भेद जीवन लषंति । जुट्टंति अंत पसु पल भषंति ॥
छं० ॥ १० ॥
पय तरह रत्त मुष अग्र नास । रत्ती सु रसन कोमल सु भास ॥
नष बीह अग्र कै बीय चार । चौरार पुंछ तिष्षे सु तार ॥छं०॥११॥
कर पदह थोर जड्डे सजोर । नष तिष्ष विद्ध गिरि वज्र रोर ॥
कटि क्रसल थूल नित्तंब जानि । उर थूल लंक केहरि समान ॥
छं० ॥ १२ ॥
गररत्त गरुअ विस्साल भाल । तिष्षे सु दसन दंपति कराल ॥
कप्पोल सरल बल प्रथुल रुच्च । सोभंत गात वैताल रुच्च ॥
छं० ॥ १३ ॥
बिन अंग रोम के प्रथुल रोम । अन्नेक जाति दिसि विदिसि भोम ॥
द्रिग अनत तेज जोतिष्ष जास । जघनं सु गत्ति म्रगराज ग्रास ॥
छं० ॥ १४ ॥
अर हेम पट्ट के डोरि पट्ट । सेवक एक प्रति उभय घट्ट ॥
धावंत धरनि आजानवाह । बर बेग पवन मन लच्छि गाह ॥
छं० ॥ १५ ॥
नर जान रोह के अस्व जान । आरूढ़ सकट के वृषभ यान ॥
तुंगह सु पंच तोमर पहार । अन्नेक देस साजोति सार ॥
छं० ॥ १६ ॥
सत तुंग भषन लंगीस राव । तुंगह सु पंच जामानि ताव ॥
पम्मार जैत चव तुंग सथ्थ । द्वै तुंग भषन लोहान तथ्थ ॥
छं० ॥ १७ ॥
चय तुंग चंद पुंडीर धीर । द्वै तुंग राम गुज्जर [1]गहीर ॥
बलिभद्र एक सारद तुंग । परसंग राव द्वै तुंग जंग॥ छं० ॥ १८॥
द्वै तुंग महन परिहार सार । चय तुंग बरुन बंधव सहार ॥
षेलंत सब्ब प्रथिराज संग । गिरवर विहार थल बढ्ढि रंग ॥
छं० ॥ १९ ॥

(१) ए. कृ. को.-सहीरं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सारद्ध दून सें चिच साज। बर साज बहल के भास भाज॥
हय रोय केय आरोहि पिट्ठ। स्त्री गोस केस जन्नाव यट्ठ॥
छं० ॥ २०॥
फंदैत कुरँग सें दून सार। जर हेम [1]पट्ट डोरी मषार॥
जुर बाज कुही तुर मतिय जुत्त। को गनै अवर पंषी अभुत्त॥
छं० ॥ २१॥
[2]षेदा सु सहस सारद्ध एक। तरिया सु सहस चौ जूवि मेक॥
सें पंच मूल धारी अभूल। द्रिग दिट्ठ अंत आनै समूल॥ छं० ॥ २२॥
आवै सु मध्य पावै न जानि। क्रीड़ंत राज सम विषम थान॥
.... । .... ॥ छं० ॥ २३॥

शहाबुद्दीन का दिल्ली की ओर दूत भेजना।

कवित्त ॥ मन चिंतै सुरतान। मान संभरिपति भंजिय॥
पानी पन्न प्रवास। सबै सुष तिन दुष तज्जिय॥
तिन सु बैर उर चिंति। प्रात अप्पिय सभ [3]दूतन॥
तुम दिल्लिय पुर जाहु। जहँ चहुआन सु धू तन॥
लिषि पच साह ध्रम्मान सम। सुष वानी इम रट्टियौ॥
कैमास कृत्य सामंत सम। षबरि विवरि सब पट्टियौ॥ छं० ॥ २४॥
दूहा ॥ दूत सपत्ते साहि तव। जहं कायथ ध्रम्मान॥
भेद राज सामंत कौ। लिषि दीजै अब्बान॥ छं० ॥ २५॥

धर्म्मायन कायस्थ को शाह का दिल्ली की सब कैफियत लिखना।

ध्रम्माइन काइयह तब। जो [4]कछु वित्त कवित्त॥
चाहुआन सामंत के। सब लिखि दिये चरित्त॥ छं० ॥ २६॥

दूतों का गजनी पहुंच कर शाह को धर्म्मायन का पत्र देना।

(१) ए. कृ. को.-घट्ट। (२) ए. कृ. को.-दोषा।
(३) ए. कृ, को.-दूतह, धूतह। (४) ए. कृ. को.-चिन्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूत सपत्ते गज्जनै। जहँ गोरी सुरतान॥
तपै साह साहाब बर। मनों भान मध्यान॥ छं० ॥ २७॥
दिन चढ़तें साहाब दर। आनि कगर कर दीन॥
मुदित चित्त भए मीर सब। मन उछाह सब कीन॥ छं०॥ २८॥

दुर्गा भाट का देवी से कविचन्द पर विद्या वाद में विजय पाने का वर मांगना।

कवित्त॥ निसा एक निज ग्रेह। भट्ट साहाब द्रुग्ग बर॥
धरिय देवि उर ध्यान। इष्ट चिंतन सु अप्प करि॥
निसा अद्ध सुत जानि। देवि आई सुहित्त धरि॥
कहै चंडि सुनि चंड। मुझ्झ विग्यान इक्क बर॥
बरदाइ चंद चहुआन कौ। सुनिय अपूरब कथ्य तस॥
सम बाद विद्य मंडौ रसन। जौ पाऊं देवी दरस॥ छं०॥ २९॥

देवी का उत्तर कि तू और सब को परास्त कर सकता है, केवल चन्द को नहीं।

कहै देवि सुनि द्रुग्ग। उभय पुत्तह नह अंतर॥
दीरघ चंद सु चारु। अनुज केदार कलाधर॥
वाद विवाद जु कोइ। जाय चंदह सम मंडै॥
झीन होइ मति हीन। ख्याति तिन वानी षंडै॥
जित्तनह अवर जग मझ्झ तुम। एक चंद अंतर सुचिर॥
अनि वस्त विवह अप्पों अनत। पुच्च सु पुज्जन प्रेम धर॥ छं०॥ ३०॥
हनूफाल॥ उच्चरिय देविय गाजि। सुनि भट्ट तूं कविराज॥
कविचंद दीरघ सेव। तुम अनुज अंतर भेव॥ छं०॥ ३१॥
नन करहु तिन सम वाद। अनि देस जिप्पन स्वाद॥

दुर्गा का कहना कि मैं पृथ्वीराज से मिलना चहता हूं इस पर देवी का उसे वरदान देना।

केदार अष्षय एम। चहुआन देषन प्रेम॥ छं०॥ ३२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो हुकम अप्पै मात। सुविहान पुच्छौं बात॥
बोली सु देवी बेंन। तुम चलौ दिल्लिय चेंन॥ छं०॥ ३३॥
साहाब दैहै सीष। चहुआन पेम परीष॥
हय गय सु वाहन हेम। ग्रामेक पच परेम॥ छं०॥ ३४॥
सत बाज हथ्थिय तीस। समपै सु दिल्लिय ईस॥
अषेट अभ्भय राज। पानीय पंथ समाज॥ छं०॥ ३५॥

प्रातःकाल दुर्गा भाट का दरबार में जाना।

गाथा॥ निसि गत जग्गिय भट्टं। उर आनंद मानि मन अप्पं॥
जहां साहिब सुरतानं। तहां स चलि अप्पयं कब्बी॥ छं०॥ ३६॥
दूहा॥ मुक्कि ग्रहं निय ग्रह दिसा। सयन अप्प तजि बंध॥
ज्यौं कंचन जिय चिंतइय। ज्यौं पंडित गुन अंध॥ छं०॥ ३७॥
गाथ॥ कबि पहुंच्यौ दरबारं। करि सलाम साह बर गोरी॥
दिष्टे वासब सेनं। पेंसत दिठ्ठाइ गोरियं साहिं॥ छं०॥ ३८॥

दुर्गा भट्ट का शहाबुद्दीन से दिल्ली जाने के लिये छुट्टी मांगना।

कोलाहल कवियानं। सनमानं साहिबं होयं॥
[1]वारिज विपनह मझ्झै। ना छूझंत हरुअ गरुआई॥
छं०॥ ३९॥
भुजंगी॥ दिषे साहि गोरी दरब्बार थानं। करै भट्ट केदार [2]ताके बषानं॥
मनो पावसं अंत आभा सु रंगं। दिषे साहि दरबार बहु मेछ रंगं॥
छं०॥ ४०॥
कही बागवानी प्रमानी सु अल्ली। दियौ साह सीषं चलै भट्ट दिल्ली॥
.... । .... ॥ छं०॥ ४१॥

तत्तार खां का कहना कि शत्रु के घर मांगने जाना अच्छा नहीं।

(१) मो.-ज्यो वाज दिन संझने। (२) ए. कृ. को.-ताकि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ सुनिय बचन सुरतान । दिष्षि बोल्यौ ततार बर ॥
भट्ट चलै मंगना । जहां बंध्यौ सु अप्प कर ॥
अरिसों ना हिय मिलन । मगन तिन ठाउन जाइय ॥
मान भंग जहां होइ । पास तिन मग नन पाइय ॥
अप्पिहै दान अप्पन कुटिल । अप्प कित्ति तौ [1]हान मम ॥
बरदाय भट्ट द्रुग्गा सु तुम । इच्छ होइ तौ करहु गम ॥ छं० ॥ ४२ ॥

शाह का कविचन्द की तारीफ करना ।

दूहा ॥ सुनि सहाव हसि उच्चरिय । दिष्षहु चंदह सत्त ॥
सुपनेंऊ धर गज्जनें । मंगन नायौ इत्त ॥ छं० ॥ ४३ ॥

इस पर दुर्गा भट्ट का चकित चित्त होना ।

सुनिय बयन सुरतान मुष । कवि उत्तर नन आइ ॥
मानों उरग [2]छछोंदरी । डारैं बनै न षाय ॥ छं० ॥ ४४ ॥

शहाबुद्दीन का दुर्गा भट्ट को छुट्टी देना और भिक्षावृत्ति की निन्दा करना ।

घरी एक बिसमति भयौ । मुष दिष्षै सुरतान ॥
मोहि भट्ट पुंछहु कहा । जाहु जहां तुम जान ॥ छं० ॥ ४५ ॥
तिन तें तुस तें तूल तें । फेंन फूल तें जानि ॥
हसि जंपै गोरी गरुअ । मंगन है हरुआन ॥ छं० ॥ ४६ ॥

दुर्गा केदार का दरबार से आकर दिल्ली जाने की तैय्यारी करना ।

सुनत बचन सुरतान मुष । भट्ट संपतौ धाम ॥
तजि बिराम चित्तह चल्यौ । जुग्गिनिवै पुर ठाम ॥ छं० ॥ ४७ ॥
पिता पुत्र सों बत्त कहि । मंगन मन चहुआन ॥
स्वामि बैर दातार घन । साहि कही इह बानि ॥ छं० ॥ ४८ ॥

(१) ए. कृ. को.-दान मम । (२) ए. कृ. को. छछुंदरी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ [1]चलिय भट्ट बर ताम। नाम द्रुग्गा केदार बर ॥
संभरेस अवदेस। लष्ष अप्पै विलष्ष गुर ॥
अति उतंग चहुआन। मान मरदन षल पानं ॥
अरब षरब उप्परैं। कोरि अप्पै करि दानं ॥
संभरिय राउ सोमेस सुअ। आसमान अभिलाष षल ॥
भिट्टै न [2]जाहि माया प्रषल। मनों नीर मझ्झै कमल ॥ छं० ॥ ४९ ॥

दुर्गा केदार का ढाई महीने में पानीपत पहुंचना।

दूहा ॥ [3]पष्ष पंच पंथह गवन। आतुर षरि उत्ताव ॥
सुनिय राज संभर धनी। पानी पंथ प्रभाव ॥ छं० ॥ ५० ॥
गिरिवर झुंगर [4]गहर बन। नद विहार जल थान ॥
क्रीड़त देसह आनि किय। पानी पंथ मिलान ॥ छं० ॥ ५१ ॥

शिकार में मृत पशुओं की गणना।

कवित्त ॥ पानी पंथह राइ। आय षेलत आषेटक ॥
सत्त एक एकल बराह। हत्ते सु गात सक ॥
अवर सत्त षट तथ्य। घत्त हत्ते करवानह ॥
सौ कुरंग संग्रहे। [5]दून सौ हनै चितानह ॥
को गनै अवर सावज [6]अनंत। हनें [7]पसू अरु पंषि जहां ॥
उत्तंग छाह जल थान पिषि। चित्त उल्हस अनु सरिय तहां ॥
छं० ॥ ५२ ॥

राजकुमार रेणसी का सिंह को तलवार से मारना।

नीसानी ॥ अहो सिंघ न वल्ल इक आया निघ्घारे।
संभव हक्क गहक्क ही उठ्या [8]भूभारे ॥
उत्तरिया असमान थी किनि कस्या भूफारे।
कंध बिबध्या प्रथु कपोल तिष दंत करारे ॥ छं० ॥ ५३ ॥

(१) ए. कृ. को.-चल्यौ। (२) ए. कृ. को.-नाहि।
(३) ए. कृ. को.-पक्ष। (४) ए. कृ. को.-गहन। (५) मो.-दूत।
(६) ए. कृ. को.-अनंग। (७) ए. कृ. को.-अनंतीति। (८) ए. कृ. को.-मारे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीह झाक झक झकै मनों बीज पथारे।
नैन विसोहै जामिनी गुरु सुक्कह तारे॥
लग्गी भट्ट टगट्टगी मनों [1]मुस्सारे।
संभरिया पंच मुष्ष यापें देष्षा दस बारे॥ छं०॥ ५४॥
आया कुंअर उप्परे षावास निहारे।
आडा आया संकडा परवार पचारे॥
आवत [2]सीस उझ्झकिया सिर सिंगी झारे।
हथ्थल षग्ग पछट्टिया कोय पिंड पलारे॥ छं०॥ ५५॥
रेंनि करष्षे कोपिया झुक्या असि झारे।
बहिया कंध विसंध होय दोय टूक निनारे॥
मनों सारे म्रत पिंड हो धग्गा कुल्लारे।
पड़िया सीस धरट्ट हे परसद्द पहारे॥ छं०॥ ५६॥
जानि परे गिरि शृंग होहारि वज्र प्रहारे।
जानि कि कन्हा कोपिया दोइ मल्ल पछारे॥
कै अप्प कुपे रघुनाथ ने सिर रावन झारे॥
जानि अलुझ्झी गुज्जरी दधि मट्ट फुटारे॥ छं०॥ ५७॥
क्रूर कबारी कुट्टिया तरु उंच कुठारे।
रेनि कहंदे धन्य हो जै सद्द उचारे॥ छं०॥ ५८॥

पानीपत के मैदान में डेरा पड़ना।

कवित्त॥ आषेटक संभरिय। कुंअर म्रगराज प्रहारे॥
जामदेव जहों। पुंडीर का कन्ह विचारे॥
दस दिस अरिय प्रचंड। तुच्छ सिक्कार सथ्थ हम॥
मिलि चिन्तय चहुआन। अप्प षिल्लियै भोमि क्रम॥
सुनि राज अप्प मन फिरन हुअ। मानि मंत सामंत किय॥
सित माह प्रथम बर पंचमी। पानीपंथ मेलान दिय॥ छं०॥ ५९॥

गोठ रचना।

(१) ए. कृ. को.-मुछारे। (२) ए.-सीर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ तहां उतरि प्रथिराज पहु। करिय गोठि तथ्याहु ॥
घन पकवान सुअन अनत। गनै कोन जी हांहु ॥ छं० ॥ ६० ॥

गोठ के समय दुर्गा केदार का आ पहुंचना।

कवित्त ॥ भई गोठि जब राज। सह परिहार सबन किय ॥
आय सूर सामंत। अवर बरदाय बोल लिय ॥
तथ्थ समय इक भट्ट। नाम द्रग्गा केदारह ॥
सपत दीप दिन जरहि। सथ्थनी सर नीसारह ॥
सिर हेम छच उप्पर उरग। अंकुस तस कर दंड सम ॥
आसीस आय दीनी न्रपति। मिलि पहु पुच्छिय मति मरम ॥
छं० ॥ ६१ ॥

चौपाई ॥ आषेटक संभरि न्रप राई बट छाया बैठे [1]तहां आई ॥
दानवंत बलवंत सलज्जौ। सुबर राज राजन प्रथिरज्जौ ॥छं०॥६२॥

कवि के प्रति कटाक्ष वचन।

दूहा ॥ भट डिंभी आडंबरह। अरु पर जानन वित्त ॥
अप्प सु कवि कब्बी कहै। किय न्रप सम्हौ चित्त ॥ छं० ॥ ६३ ॥

कवि की परिभाषा।

गाथा ॥ भट्ट उचरियं बानी ॥ [2]उगतिं लहरि तरंगं रंगं ॥
[3]जुगतिं जल जंभायं। रतनं तर्क वितर्कयं जानं ॥ छं० ॥ ६४ ॥

कवित्त ॥ जानन तर्क वित्तर्क। सरल वानी सुभ अच्छिर ॥
च्यारि बीस अरु च्यार। रूप रूपक गुन तच्छिर ॥
सुंदर अठ गन ग्रेह। लघू दीरघ बल नच्चै ॥
जुगति उगति घन संचि। लेइ गुन औगुन [4]बच्चै ॥
बुधि तोन बान बर भलक करि। वर विधान मा बुद्धि कवि ॥
बिय गुनिय देषि ग्रब्बह गरै। ज्यौं तम भगत देषंत रबि ॥
छं० ॥ ६५ ।

(१) ए. कृ. को.-नृप छाई। (२) मो.-उकंतं लहर तरंगयं रंगं।
(३) मो-जुगत। (४) मो.-वंचै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुर्गा केदार कृत पृथ्वीराज की स्तुति और "आशीर्वाद"।

पद्धरी ॥ मिलि भट्ट दिट्ठ न्रपती प्रमान । बुलि छंद बंध सम चाहुआन ॥
तुहि इंदप्रथ्य आजानबाह । तुहि अग्गि तूल चालुक्क दाह ॥
छं० ॥ ६६ ॥

तुंहि भंजि जुद्ध परिहार धाइ । तुंहि पंच पथ्थ प्रथिराज राइ ॥
तुंहि भंजि मान जैचंद पंग । तुंहि बीर सुरबि तुंहि काम अंग ॥
छं० ॥ ६७ ॥

तुंहि सूर रूप तुंहि ध्रम्मराइ । तुंहि भेद अभेदन बेद गाइ ॥
तुंहि मौज त्याग दिष्यौ न ईस । नन सर वरीस धन्नाधि तीस ॥
छं० ॥ ६८ ॥

विक्कम्म पच्छ सब बंध तूंहि । तुंहि साल पंग सुरतान तूंहि ॥
मम दिट्ठ वाद स्रोतान लग्ग । सोइ देषि आज प्रथिराज द्रिग्ग ॥
छं० ॥ ६९ ॥

दूहा ॥ दिय असीस प्रथिराज कों । बहुत भाव गुन चाव ॥
साम दाम दंड भेद करि । तब तिन बेध्यौ राव ॥ छं० ॥ ७० ॥

कवित्त ॥ बैनह बेध्यौ राव । चाव बेध्यौ चहुआनं ॥
गगन भान गाहतौ । भोमि गाहै घल पानं ॥
सूर गरूअ (१)गुर बीर । बीर बीराधि सु बीरं ॥
छत्रपती छिति सोभ । सूर सामंत सु धीरं ॥
सुरतान गहन मोषन सुबर । उभय बेद एकत्त कर ॥
हिंदवान लाज सोभै सु उर । कहै भट्ट द्रुग्गा सु बर ॥ छं० ॥ ७१ ॥

पृथ्वीराज का दुर्गा केदार को सादर आसन देना।

करि जुहार चहुआन । भट्ट आदर बहु किन्नौ ॥
मुक्कि न्रपति आषेट । चिंति मुक्काम सु दिन्नौ ॥
संझ महल परमान । भट्ट दोऊ रस बद्दे ॥

(१) मो.-नुर, उर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन उचार उच्चरत। वाद दोऊ तब बढ्ढे॥
उच्चऱ्यौ द्रुग्ग केदार बर। क्यों बरदा अप्पन ग्रढ्ढे॥
मानो तो साच बरदाय पनु। जो द्रुग्गा सेंमुष कढ्ढे॥ छं०॥७२॥

दुर्गा केदार का निज अभिप्राय कथन।

दूहा॥ कढ्ढे भट्ट न्रप राज सुनि। सुद्दि मति बुद्धि अगाध॥
सुनिय चंद बरदाय है। आयौ बद्दन बाद॥ छं०॥७३॥

उसी समय कविचन्द का आना और राजा का दोनों कवियों मे बाद होने की आज्ञा देना।

कवित्त॥ दिय असीस कविचंद। आय तिन बेर प्रमानं॥
उभय भ्रम्म हिंदवान। आइ बैठे इक थानं॥
उभय बेद रह जानि। उभय बरदाय उभय बर॥
उभय बाद जित वान। उभय वर स्त्रूर सिद्ध नर॥
न्रप राज ताम पुच्छै दुअनि। गुन प्रबंध कवितह रचिय॥
बरनौ दुबीर तुम बाद बद। ध्यान धरे [1]उभया सचिय॥
छं०॥७४॥

दोनों कवियों का गूढ़ युक्ति मय काव्य रचना।

दूहा॥ थल अप्पौ सु दुह्लन कवि। ससि बरनौ इक बाल॥
इक पूरन बरनौ ससी। इक जंपो वै काल॥ छं०॥७५॥
इक्क कहौ रितु राज गुन। जुगतें जुगति प्रमान॥
कहै राज कविराज हौ। तत्तहि तत्त बषान॥ छं०॥७६॥
मिलिय चंद भट तास सम। किय सादर सनमान॥
सु गुन [2]प्रसंसिय अप्प कर। करौ वाद विधान॥ छं०॥७७॥
बाल चंद अरु बाल ससि। द्वै विधि चंद सु मत्ति॥
वर वसंत पूरन्न ससि। विधि द्रुग्गा किय सत्ति॥ छं०॥७८॥

(१) ए. कृ. को.-उभया। (२) मो.-प्रसंसित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कविचन्द का वचन।

कवित्त ॥ चंद चंद बिध कही। सुनो प्रथिराज राज बर ॥
मदन बाज नष लख्यौ। मदन बांनी [1]नवक्क सर ॥
समर सार कत्तरी। दिसा सुंदरि नष षित पिय ॥
चक्क काटि मनमथ्थ। उभय किय तोरि ताहि बिय ॥
दसि अधर बधू मानोज ससि। सिंघ काटि नष बड्डियौ ॥
कटाच्छ सुरति बंकै विषम। कै काम दीप हुय सड्डियौ ॥छं०।७९॥

गाथा ॥ जं कहियं कविचंदं। संभरि रायान रावतं कहियं ॥
द्यौपानं सहु राजन। सा जंपी कित्तियं भट्टं ॥ छं० ॥ ८० ॥

दुर्गा केदार का वचन (वैसन्धि)

कवित्त ॥ कहै भट्ट द्रुग्गा प्रमान। वैसंधि उचारिय ॥
पत्र झार अंकुरित। डार नव सुभित कुँमारिय ॥
कोकिल सुर सजि रहिय। भ्रंग सजि पंष उड़ावन ॥
सीतल मंद सुगंध। पवन विममौ [2]भौ भावन ॥
वासंत बिना इन सकल बुधि। सब्ब मनोरथ रह्यौ मन ॥
लहरी समुद्र हंस समुद्र में। उलसि उलसि मध्यें सु तन ॥छं०॥८१॥

कविचन्द का उत्तर देना।

कहै चंद वयसंधि। आय ऐसें गति धारिय ॥
सैसब वपु सिकदार। सु वन पत्तह [3]उत्तारिय ॥
सिसिर थान छुट्टयौ। पट्ट जोवन लै धारित।
काम न्रपति दै आन। कट्टि सैसब तन पारित ॥
जागित्त जुब्ब तब भ्रंग तर। [4]सिसिर कट्टि भए बंधयौ ॥
नव भए सगुन अचिज्ज तन। आन दीप दीय संधयौ ॥ छं० ॥ ८२ ॥

दूहा ॥ के छुट्टा तुट्टाति के। के अति षोट उचार ॥

(१) ए. कृ. को.-निवक्क। (२) मो भै।
(३) ए. कृ. को.-उच्चारिय। (४) ए.-ससिर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अष्षर कुकवि कवित्त ज्यौं। गति जुन तुट्टाहार ॥
विधि विधि [1]बरन सु अर्थ लिय। अति ढंक्यो न उघारि ॥
अष्षर सु कवि कवित्त ज्यौं ज्यौं। चतुर स्त्री हार ॥ छं० ॥ ८४ ॥

दोनों कवियों में परस्पर तन्त्र और मंत्र विद्या सम्बन्धी वाद वर्णन।

सो सरसत्तिय सुष दियन। बाद बरन्न न भट्ट ॥
चित्त मंडि का करन पल। मत कवित्त बढ़ि घट्ट ॥
छं० ॥ ८५ ॥

केदार के कर्त्तव्य से मिट्टी के घट से ज्वाला का उत्पन्न होना और विद्याओं का उच्चार होना।

पद्धरी ॥ केदार कहै सुनि चंद भट्ट। सत अग्र मुष्ष इक मंडि घट्ट ॥
सब मुष्ष होंहि ज्वाला प्रचार। [2]मुष मुष्ष वेद विद्या उचार ॥
छं० ॥ ८६ ॥
कविचंद कहै सुनि भट्ट राज। प्रगटौ जु अष्ष विद्या सु साज ॥
केदार ताम मंड्यौ जु घट्ट। उच्चर्‍यौ मुष्ष प्रति अंग षट्ट ॥
छं० ॥ ८७ ॥
सब मुष्ष प्रगटि पावक्क ज्वाल। किल किला सद्द श्रुति बंचि नाल ॥
मंड्यौ सु घट्ट बरदाय चंद। उच्चर्‍यौ मुष्ष प्रथु प्रथुल छंद ॥
छं० ॥ ८८ ॥
दस च्यार मुष्ष विद्या उचार। ज्वाला सु मद्धि सब वारि धार ॥
हुंकार सद्द किलकार हांक। पूरी सु चंद देवी भिलाष ॥
छं० ॥ ८९ ॥
बंधी जु गत्ति जब चंद भट्ट। केदार ताम करि अवर थट्ट ॥
केदार कहै सुनि कवि विवेक। [3]बुल्लाउं बाल जो मास एक ॥
छं० ॥ ९० ॥

---

(१) मो.-ब्रन्नन।
(२) ए. कृ. को.-सब मुष्ष वेद विद्या विचार।
(३) ए. कृ. को. बुल्लाउ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कविचन्द के बल से घोड़े का आशीर्वाद पढ़ना ।

कविचंद कहै सुनि चंडिपाल । जंपै छ भाष दिन एकबाल ॥
ठट्ठौ जु अग्ग जकि वाज राज । दिय अषित सीस केदार साज ॥
छं० ॥ ९१ ॥

है राज राज दीनी असीस । उट्ठे विचंद दिप कुसुम सीस ॥
उच्चऱ्यौ बाज गाथा सु एक । आसीस राज बर विधि [1]विवेक ॥
छं० ॥ ९२ ॥

गाथा ॥ जिन सारथ सजि पथ्थौ । निज रष्षौ सु ग्रभ्भ उत्तरया ॥
जिन रष्षौ प्रहलादौ । सो करौ रष्षा राज प्रथिराजं ॥ छं० ॥ ९३ ॥

दुर्गा केदार का पत्थर की चट्टान को चलाना और उसमें अंगूठी बैठार देना ।

हनूफाल ॥ वै संधि बाल प्रमान । घट घटिय द्रुग्गा पान ॥
पढ़ि छंद मंच विसाल । नर रीझि देवन माल ॥ छं० ॥ ९४ ॥
भय अग्ग जंगम अंग । गति लही थावर जंग ॥
रिंगि चल्यौ पाहन पंग । नय जानि जमुन तरंग ॥ छं० ॥ ९५ ॥
[2]थुति करत सामँत सूर । धनि चंद मंच गरूर ॥
कढ़ि मुद्र कीनिय पानि । नंषीति मध्य प्रमान ॥ छं० ॥ ९६ ॥
गुन पढ़त रहिय सुभट्ट । भय प्रथम उपल सु घट्ट ॥
कर मंगि मुद्रिक चंद । नन दई मुद्रि कविचंद ॥ छं० ॥ ९७ ॥
कीनी सु विद्य प्रमान । फिरि बाद मंडिय जान ॥ छं० ॥ ९८ ॥

कविचंद का शिला को पानी करके अंगूठी निकालना ।

दूहा ॥ प्रथम वाद पाहन कियौ । फिरि मंड्यौ बिय बाद ॥
चंद सिला पानी करी । दुग्गा आनि प्रसाद ॥ छं० ॥ ९९ ॥
साटक ॥ छत्रं सीस विराजमान बरयं राजेंद्र राजं बरं ॥

(१) ए. कृ. को.-विसेक । (२) ए. कृ. को.-छत, छुत, छुति ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्रम्म सास्त्र विरत्त [1]मंचति कबी बरदाय गुर सिद्धयौ ॥
केदाराय सु भट्ट किंन चरितं हिंदवान साषी बरं ॥
जै द्रुग्गा बरदान देवि मुषयौ तर्क बरं भासितं ॥ छं० ॥ १०० ॥

दुर्गा केदार का अन्यान्य कलाएं करना और चन्द का उत्तर देना।

चौपाई ॥ कला बहुरि द्रुग्गा बहु किन्नी। पुच काटि सिर जू जू दिन्नी ॥
धर धावै सिर पढ़ै सु छंदं। इसौ दिष्षि अद्भौ भय चंदं ॥
छं० ॥ १०१ ॥

दूहा ॥ बर प्रसन्न द्रुग्गा कियौ। विविध चरित्र विचार ॥
ए सुजानि [2]नर बीर गति। बहु बंधाना भार ॥ छं० ॥ १०२ ॥

देवी का वचन कि मैं कविचंद के कंठ में सम्पूर्ण कलाओं से विराजती हूं।

अरिल्ल ॥ मात कहै सुनि चंदर भासं। एक दिना ठाढ़ी पित पासं ॥
पाप तात कौ संध्यौ पंठ। हुं तब छंडि, [3]बसी तो कंठ ॥
छं० ॥ १०३ ॥

अनि कवि कंठ बसी परिमानं। कला पाव कै अद्धी जानं॥
तो में बसी सबै गुन लीनी। [4]दुती देह नह जानै भीनी॥छं०॥१०४॥

अन्तरिक्ष में शब्द होना कि कविचंद जीता।

झाई सी बोलिय घट मांही। चंद जीभ बोल्यौ गहराही ॥
षिझ्झयौ सुन द्रुग्ग केदारं। अंतरिष्य बोल्यौ गुन हारं ॥छं०॥१०५॥

दुर्गा केदार का हार मान कर राजा को प्रणाम करना और राजा तथा सब सामंतों का दुर्गा केदार की प्रशंसा करना।

---

(१) ए. कृ. को.-मतृति। (२) ए. कृ. को.-वर।
(३) मो.-नसी। (४) मो..दुनी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ हारि बोलि उर सकल बर । गयौ पास प्रथिराज ॥
सकल सूर आचिज भयौ । विधि विधान विधि साज ॥ छं० ॥१०६॥

कवित्त ॥ विधि विधान विधि साज । हारि अंतरिष बुलिय बर ॥
कहिय अप्प प्रथिराज । कला केदार करिय गुर ॥
थुति जंपै दनु देव । नाग जंपैति असुर नर ॥
सकल सूर सामंत । कित्ति जंपैति कित्ति कर ॥
सिर कट्टि पुच माया विभग । छंद बंध मुष उच्चरै ॥
सामंत सकल सेना सुबर । जै जै जै बानी करै ॥ छं० ॥ १०७ ॥

सरस्वती का ध्यान ।

साटक ॥ सेतं चीर सरीर नीर सुचितं स्वेतं सुभं निर्मलं ॥
स्वेतं संति सुभाव स्वेत ससितं हंसा रसा आसनं ॥
बाला जा गुन हड्डि मौर सु भ्रितं त्रिभे सुभं भासितं ॥
लंबी जा चिहु राय चंद्र वदनी दुर्ग्गं नमो निश्चितं ॥ छं० ॥१०८॥

सरस्वती देवी की स्तुति ।

भुजंगी ॥ सधी सद्धियं बीर बीरं प्रमानं । हँसी देषि मातंग मातंग न्यायं ॥
करै मुक्ति कौ काज सब्बैति देवं । तहां मुक्ति कौ तत्त आवै सु भेवं ॥
छं० ॥ १०९ ॥
करै रिद्धि कौ काज सब्बै बिहंसं । तहां सिद्ध आवै न सेवे वरंसं ॥
करै रिद्ध कौ पास गव्वै सछंडै । तहां रिद्धि आवै न पासै विषंडै ॥
छं० ॥ ११० ॥
इतं बात जानै न तो बाद जीतं । ननं सस्त्र बीरं मनं बीर रीतं ॥
जरी सस्त्र सों जंच जालंधरानी । सबै तेज मातंग तूही समानी ॥
छं० ॥ १११ ॥

कवित्त ॥ तू माया तूं मोह । मोह तत भेदन तूंही ॥
तूं जिह्वा मोथान । तूंब गुन में गुन भोंई ॥
तो बिन एक न होय । एक पच्छै कवि राजं ॥
मंच सुनै सह बद्ध । लष्य लष्यन सिरताजं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तजि मोह बीर बंछै सु कबि। तत्त भेद नन अंग तिहि ॥
मो समरि मं डोलै नहीं। उभय आस छंडै जु कहि ॥छं०॥ ११२ ॥

देवी का वचन।

दूहा ॥ सु कवि सों सरसति कहै। मो तो अंतर नाहि ॥
सूर तेज कोइ हो कहै। ससि अस अमृत छांह ॥ छं० ॥ ११३ ॥
लीलावती ॥ हहं तूं हहं तूं नहं तूं नहं तूं। ननंहुं ननंहुं ननंहुं तुं नांही॥
भयं तो भयं तो महंतो महंतो। कथं तूं कथं तूं ननं हूं ननं हूं ॥
॥ छं ॥ ११४ ॥
गुनं तो गुनं तो हुं जंची हुं जंची। तु जंचं तु जंचं कयंती पढ़ंती ॥
कथंती कथंती न्रतंती न्रतंती। भ्रमंती भ्रमंती नतंती नतंती ॥
छं० ॥ ११५ ॥
भ्रमे जेमवंती जमंती जमंती। .... ॥ छं० ॥ ११६ ॥
कवित्त ॥ पय दष्षन कर उंच। मुष्ष बोले तूं है बर ॥
कहै सु बर प्रथिराज। बत्त जंपै सु क्रंम गुर ॥
ब्रह्म विष्णु उप्पनौ। ब्रह्म देवी जुग जन्ना ॥
सूर बंस न्रप आदि। चंद बंसी नर दुन्ना ॥
रचि बालय ब्रन्नन तेज बन। किय जमुन्न जगि सुमन किय ॥
उच्चऱ्यौ संत सत्ता सु गति। मति प्रमान जंपैति सिय ॥छं०॥११७॥

दुर्गा केदार का कवि को पुनः प्रचारना।

दूहा ॥ पाषंड न जित्या अमर। सिला दिष्ट बँध कीन ॥
अब जानै बरदाय पन। उमया उत्तर दीन ॥ छं० ॥ ११८ ॥
जु कछु कहै कविचंद सो। (१)करै बनै कवि सोय ॥
जु कछु बत्त तुमसों कहों। सो उतर द्यौ मोय ॥ छं० ॥ ११९ ॥
जो पाषान सु पुत्तरी। अस्तुति करै जु आय ॥
जो उमया सेंमुष कहै। तो सांचो बरदाय ॥ छं० ॥ १२० ॥

कविचन्द का वचन।

जासों तू पाषंड कह। सो रचि मोहि दिषाउ ॥
हो नंषों बर मुंदरी। तूं कर कढ्ढि सु ताउ ॥ छं० ॥ १२१ ॥

(१) ए. कृ. को.: फरै बनें सब कोइ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक संधि वै बरनवौं। इक चद छन्नौं भट्ट॥
दो बर साषि उमा कहै। अंतर मझ्झ सु घट्ट॥ छं०॥ १२२॥

घट के भीतर से लाली प्रगट होकर देवी का कविचन्द को आस्वासन देना।

कवित्त॥ सुनि सैसब बिछुरत्त। लाल किय अमर अरुन द्रिग॥
बा न जगावन काज। रह्यौ [1]पिलदार जानि ढिग॥
छीनरु उन्नित बढ़ै। घटै करकादि मकर जिम॥
कामसाल गति पढ़ति। चिंति उतरादि सूर भ्रम॥
इच्छह जु अंछि बंके करन। संका [2]लज्ज बसंकरी॥
ग्रह ग्रहन फिरत बल दिष्षिए। श्रवन कथा रसनन चरी॥
छं०॥ १२३॥

गज निसि अंकुस चंद। कन्न तारक विहीनी॥
कै प्राची दिसि चिया। बिंद कै कंदर हीनी॥
कै कुंचिक शृंगार। काम द्रप्पत बर सोभै॥
गाहनि काननि [3]ग्रनी। सिंघ नष गज मुष सोभै॥
मनमथ्थ भुवन सोभै सुकवि। नष पच्छिम दिसि बधुअ मुष॥
मनमथ्थ धजा मनमथ्थ रथ। चक्क एक एक हति रुष॥
छं०॥ १२४॥

रोला॥ घट मंझै कविचंद। कवित उभया सुनि सुन्नी॥
अति रिझ्झय बरदाय। सुरंग यासों सर धुन्नी॥ छं०॥ १२५॥
*चान्द्रायना॥ विजै है मति राज। उकत्ति जो बहु धर्‌यौ।
मोहि चंद बरदाय। सु अंतर मति कर्‌यो॥ छं०॥ १२६॥
चौपाई॥ सो विन अक्षर एक न होई। घट घट अंतर कब्बिन जोई॥
तुम बहु जुगति द्रुगति कवि आनौ। मो कविचंद न अंतर जानौ॥
छं०॥ १२७॥

(१) मो.-पिलवार। (२) ए. कृ. को.-लंक। (३) ए. कृ. को.-गनी।
* चारों मूल प्रतियों में रोला छन्द को चौपाई करके लिखा है इस चांद्रायन का नाम ही नहीं दिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्द कृत देवी की स्तुति।

भुजंगी ॥ तुंही ए तुंही ए तुंही तुं जुगंतं। तुंही देव देवा [1]सुरेतं समंतं ॥
मरालंति बालं अलिं सास ओरै। कियं कै सभुक्के उगस्सं विढोरै ॥
छं० ॥ १२८ ॥
लिलाटं न चंदं विराजै कला की। प्रभातं तडंदं बंदै लोय जाकी ॥
धरें रत्त सोभै बरन्ने सु चंदं। धसे गंग हेमं झुले माहि इंदं ॥
छं० ॥ १२९ ॥
पढ़ै तुंमरं ताहि पावै न पारं। दियौ चंद कव्वी इयं जा हुंकारं ॥
छं० ॥ १३० ॥

पुनः दुर्गा केदार का अपनी कलाएँ प्रगट करना और कविचन्द का उन्हें खण्डन करना।

पद्धरी ॥ केदार बत्त तब जंपि एह। दिष्षाउं तोहि बरसाय मेह ॥
प्रथमं सु पवन तब बज्जि जोर। गज्जीय गगन घन गरजि सोर ॥
छं० ॥ १३१ ॥
नभ छाइ स्याम बद्दल विसाल। भइ अंध धुंध जनु हुअ निसाल ॥
तरकंत तड़ित चिहुं ओर जोर। लग्गे सु करन कल मोर सोर ॥
छं० ॥ १३२ ॥
झम झमक बूंद बरसन्न लाग। इह चरित मंडि केदार बाग ॥
आचिज्ज हुअ [2]स[3] सभा एह। दिष्षय बसंत कविचंद तेह ॥
छं० ॥ १३३ ॥
आघात बात चलि फारि मेह। न्त्रिम्मलिय नभ्भ रवि तयन छेह ॥
हुअ अंब मौर फुल्लिगपलास। द्रुम सघन फुलि पंषिन हुलास ॥
छं० ॥ १३४ ॥
भमि भ्रंग जुथ्थ गुंजार भार। कलयंठ कुहुकि द्रुम बैठि डार ॥
[3]सभ सकल मोहि रहि इन सु छंद। किन्नो अभूत बत्तह सु [4]चंद ॥
छं० ॥ १३५ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-अथारं। (२) ए. कृ. को.-सम सकल।
(३) ए. कृ. को.-सम। (४) ए. कृ. को.-छंद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जे जेय विद्य देषी केदार । ते तेय चंद देषिय [1]विथार ॥
बैठक सु राज सिल एक तथ्य । दिष्षिय सु चंद उच्चरिय कथ्य ॥
छं० ॥ १३६ ॥
सुनि बत्त अहो द्रुग्गा केदार । प्रगटौ [2]सु विद्य जौ अग्र सार ॥
गुन पढ़ौ याहि अग्गें सु छंद । हुअ उपल गलित तो विद्यवंत ॥
छं० ॥ १३७ ॥
चिंत्तिय सु चिंत्त बरदाय देव । मन बच्च क्रम्म आचिंति तेव ॥
लगि पढ़न चंद देवी चरित्त । वर बानि ग्यान सच्चौ सु मंत ॥
छं० ॥ १३८ ॥
कुहलाय उपल हलहलिय अंग । झलमल्लगि जानि पारद सुरंग ॥
भिद्यौ सु वज्र गिरि पंक जानि । मुद्रकिय नंषि कवि मध्य थान ॥
छं० ॥ १३९ ॥
डुब्बी स, मध्य मुद्रिक अभिंदु । भयौ बज्र वान [3]सरिवरि कबिंद ॥
कविचंद कहै बर बदों तोहि । अप्पै जौ कादि मुद्रिय सु मोहि ॥
छं० ॥ १४० ॥
लग्यौ जु पढ़न केदार बानि । बर भास छंद अन्नेक आनि ॥
भेदै न उपल कछु अंग ताहि । थक्यौ अनंत करि करि उपाय ॥
छं० ॥ १४१ ॥
फिरि लग्यौ पढ़न कविचंद मंत । किल किलकि मध्य देवी हसंत ॥
अन्नेक वीज संचह उचार । पढ़ै सु बानि कविचंद सार ॥
छं० ॥ १४२ ॥
फिरि भयौ गरित गिरिवर सु अंग । कढ्ढिग सु चंद मुद्रीय नंग ॥
*लग्यौ सु पाय केदार तब्ब । सम तोहि दिषि न त्रिभुवन्न कब्ब ॥
छं० ॥ १४३ ॥
कविचंद प्रसंसिय ताम भट्ट । बर विमल तुंही बानी सु घट्ट ॥ छं० ॥ १४४ ॥
कवित्त ॥ लज्जि बीर केदार । बाद मंड्यौ मरनं चित ॥
सुबर [4]कट्ठ पुत्तरी । देहि उत्तर सजीव हित ॥

(१) ए. कृ. को.-चिथार । (२) ए.-जु । (३) ए. कृ. को.-सवरी ।
* ये अन्तिम दो पंक्तियां मो-प्रति में नहीं हैं । (४) ए. कृ. को.-कष्ठ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तब चंद बंदि आराधि। घट्ट जल बंधि उड़ायौ॥
गंग हेत बरदाइ। वरनि नौ रस्स पढ़ायौ॥
द्रुग्गा केदार घट भंजि कै। कर अंतर भ्रमत करि॥
थिरयौ न सुजल अंतर रह्यौ। सो ओपम कविचंद हरि॥छं०॥१४५॥

दूहा॥ नीर भ्रमं तजि पिष्षियै। घट पष्षै कविचंद॥
मानौ [१]किरनि पतंग की। षेलत पारस मंडि॥ छं०॥१४६॥

चौपाई॥ एह चरित्त चंद कवि दिष्षिय। भला भला ऐसा तुम अष्षिय॥
चंद सूर दोऊ करि सष्षिय। बाद विवाद परस पर रष्षिय॥
छं०॥१४७॥

कवित्त॥ पढ़त मंच बरदाय। चल्यौ पाषान सुरंग कल॥
घट बहै रिति कलिय। दिद्व आसीस हय सु बल॥
बर सुंदरि कढ़ि नंषि। और आरंभ सु किन्नौ॥
जंच मंच बहु जुगति। मंगि फिर बोल सु दिन्नौ॥
ठठुक्यौ सु दुर्गा केदार बर। देव विष्ट नंषे सुमन॥
जीत्यौ न कोय हाऱ्यौ न को। सुनिय कथ्थ प्रथिराज उन॥
छं०॥१४८॥

अन्त में दोनों का बाद बराबर होना।

दूहा॥ बाद विबादन बीर [२]कवि। सत्ति सुभाव सुधीर॥
द्रुग्ग मत्ति तौ संचरी। जौ चंद वयट्ठौ नीर॥ छं०॥१४९॥

दोनों कवियों की प्रशंसा।

नीसानी॥ पुब्ब राह पढ़मष्षरां हिंदू तुरकाना।
दोई राज सु दीन दो गोरी चहुआना॥
दोई सास्त्र विचार दो कोरान पुराना।
इल उप्पर त्यों भट्ट दो ज्यों राति विहाना॥ छं०॥१५०॥
इकै पुच विवड्ड कर इक नीर पषानां।
दोई राजन मंनिया सामंत सवानां॥ छं०॥१५१॥

(१) ए. कृ. को.-विराति। (२) मो.-कोइ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का दुर्गा केदार को पांच दिन मेहमान रख कर बहुत सा धन द्रव्य देकर बिदा करना।

कवित्त ॥ बाद बीर संबाद। [1]रहै मन मभ्भ मनोरथ ॥
[2]कोप छाह सिंधु तरँग। लग्गयौ कि बान पथ ॥
संभ परत प्रथिराज। रहै ऐसै मन धारिय ॥
बहुत बाद उच्चार। चंद जीतौ गुन चारिय ॥
न्रप दीन भट्ट दिष्यौ बदन। सो दिन सरसत्तिय बिरस ॥
अप्पयौ दान उचित सु श्रुति। सु कवि दिष्षि तायें सरस ॥
छं० ॥ १५२ ॥

रष्षि पंच दिन राज। चंद आदर बहु दिन्नौ ॥
भोजन भाव भगत्ति। प्रीति महिमान सु किन्नौ ॥
गेंवर सज्जिय तीस। तुंग साकति सिंगारिय ॥
तरल तुरँग सजि बेग। सत्त दिय परिकर सारिय ॥
कोटेक द्रव्य दीनौ न्रपति। अवर गिनै को विविध वरि ॥
सामंत सब्ब दिनौ सु दुत। कवि सु प्रसंसित कित्ति करि ॥
छं० ॥ १५३ ॥

दूहा ॥ हैवर सत गज तीस सुभ। मोती माल सु रंग ॥
लाल माल उभ्भय करुन। दै राजन रस रंग ॥ छं० ॥ १५४ ॥

स्लोक ॥ यावच्चंद्रो दिवानाथ। यावत् गंगा तरंगयोः ॥
तावत् [3]पुच प्रपौचस्य। दुर्गा ग्रामं [4]विलोकयेत् ॥ छं० ॥ १५५ ॥

कवित्त ॥ बर समोधि न्रप भट्ट। रोस छिम्माय प्रमोध्यौ ॥
तापच्छैं कविचंद। भट्ट गुन करि गुन सोध्यौ ॥
प्रसन बीर प्रथिराज। लच्छि चतुरंग सु अप्पी ॥
इंद्रप्रस्थ वै थान। ग्राम दस अघटह अप्पी ॥

(१) ए. कृ. को.-रहेन। (२) ए. कृ. को.-कूप छांह।
(३) ए. कृ. को.-पौत्रस्य। (४) ए. कृ. को.-विलोकयत्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

*

आजन्म जन्म दारिद्र कपि। भट्ट भारह सरद करिय॥
आदर अदब्ब पहुंचाय करि। सब प्रसंस परसाद किय॥
छं०॥ १५६॥

दुर्गा केदार कवि का राजा को आशीर्वाद देकर विदा होना।

प्रथीराज चहुआन। दान गुन जान षग्ग धर॥
अवलोकत से दून। पंच से देइ बाच वर॥
जानि समप्पै सहस। सहस वत्तह जौ दिज्जै॥
बर विद्या रंजवै। तास दारिद्र न छिज्जै॥
सोमेस सुअन सब जान गुन। दानह अंकन वालियौ॥
केदार कहै सब कुसल कल। कवि लहु सुत परि पालियौ॥
छं०॥ १५७॥

दूहा॥ चल्यौ भट्ट केदार जब। दिय प्रथिराज असीस॥
करि सुभाव सामंत सब। उठि रुचि नायौ सीस॥ छं०॥ १५८॥

कवि की उक्ति।

पिथ्थ बलिय चहुआन पें। बामान ह्वै कवि आय॥
(१)लिये दान केदार कह। फुनि ब्रह्मंड नमाय॥ छं०॥ १५९॥

कवि का शहाबुद्दीन से रास्ते में मिलना।

चल्यौ भट्ट गज्जन पुरह। मझ्झ रह मिल्यौ सहाव॥
लिये सथ्थ घन सेन बर। हय गय (२)तथ्थ तहाव॥ छं०॥ १६०॥

गजनी के गुप्तचर का धम्मायन के पत्र समेत सब समाचार शाह को देना।

* इस छन्द में "चल्लावानि सामंत सूर सब सेना थप्पी" यह पंक्ति चारों प्रतियों में अधिक है। कहीं कहीं कवि ने इसी कवित्त छन्द को ८ पंक्ति का मान कर "ढोढ़ें के नाम से लिखा है परन्तु यहां पर न तो इसके जोड़ की दूसरी पंक्ति है न इसका पाठक्रम समयोचित है इस लिये हमने इस पंक्ति को मूल छन्द से विलकुल निकाल कर अलग पाठान्तर में लिखा है।

(१) ए. कृ. को.-पाये। (२) मो.-सथ्थ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ सोइ ग्राम सोइ ठाम। मान अप्पौ चहुआनं ॥
आदर सादर समुह। भट्ट गोरी सुरतानं ॥
ताहि सथ्य बर दूत। रहै ऐसें परिमानं ॥
जल महि ज्यों गति जोक। भेद कोई नन जानं ॥
मुक्कयो बाद बहै सु कवि। गए पास सुरतान चर ॥
आघात साहि गोरी सुबर। आषेटक चहुआन धर ॥ छं० ॥ १६१ ॥

अर्द्ध सथ्य चहुआन। राज आषेटक षिल्लै ॥
हय हथ्थी बर साज। सबै जुग्गिनिपुर मिल्लै ॥
अप्पानो अपजोग। पुच्छि तत्तार प्रमानं ॥
कही सु दूतय बत्त। तत्त जंगली निधानं ॥
निय भट्ट बाद हाऱ्यौ सु (१)निय। कछु कछु तत जंपे सगुर ॥
छम्मान बीर कग्गद लिष। करो साहि सो सत्ति धुर ॥ छं० ॥ १६२ ॥

शहाबुद्दीन का पृथ्वीराज पर चढ़ाई करना।

सुनिय बत्त साहाव। बंचि कग्गर ततार बर ॥
अति आनंदिय चित्त। करिय अति धंष राज धर ॥
कियौ निसानन घाव। धाक दस दिसि धर फट्टिय ॥
मिले षान अगिवान। चढ्न साहाब सु रट्टिय ॥
दस कोस साहि बर उत्तरिय। सरित तट्ट मुक्काम किय ॥
रंग रत्त पीत डेरा बनें। हय गय मीर गँभीर जिय ॥ छं० ॥ १६३ ॥

तत्तार खां का फौज में हुक्म सुनाना।

दूहा ॥ बोलि परिग्गह सूर सब। पुच्छे सकल जिहान ॥
षां षुरसान सु बोलि बर। बर बंध्यौ चहुआन ॥ छं० ॥ १६४ ॥

कवित्त ॥ कहै षान षुरसान। साहि गोरी परिमानं ॥
बर संभरि चहुआन। दूत भेज्यौ बनि दानं ॥
लहुति लोह लोहार। पग्ग षुरसान षटक्कै ॥
सुनत दूत बर बेन। साह सज्यौति सटक्कै ॥

(१) ए.-नित्र।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन सेन सायर मथन। गहन मान पुब्बा कढ्यौ ॥
चतुरंग सज्जि बाजिच सुर। करि गोरी आतुर चल्यौ ॥छं०॥१६५॥

यवन सरदारों का शाह के सम्मुख प्रतिज्ञा करना।

षा षुरसान ततार। साहि सम्हें कर जोरिय ॥
आन दीन सु विहान। एन चहुआन विछोरिय ॥
हसहि मीर कहि धीर। मीर रोजा रंजानहि ॥
पंच निवाज विकाज। (१)जाइ गोरी गुम्मानहि ॥
इन बेर साहि सुरतान बर। करै दीन बत्ता सु गुर ॥
भर सूर सधै बंधै नृपति। कै जीवत गड्डै सुधर ॥ छं० ॥ १६६ ॥
दूहा ॥ छय मुसाफ सुरतान अग। उंच उंच बंधि तेग ॥
सुबर साहि साहाब सुनि। करै दीन उच वेग ॥ छं० ॥ १६७ ॥
सौगँध मानि साहाब षरि। ढिल्लीवै चहुआन ॥
राति दीह सल्लै सुबर। पुब्ब बैर सुरतान ॥ छं० ॥ १६८ ॥

शहाबुद्दीन की चढ़ाई का आतंक वर्णन।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यौ साहि आलम असंभ। उप्पन्यौ जानि सायरन अंभ ॥
जल थल थलं न (२)जल होत दीस। उन्नयौ मेछ बर बैर रीस॥
छं० ॥ १६९ ॥
बज्जहि निसान धुंनित विसाल। हालंत नेज सुरतान हाल ॥
बारुनि बहंत मदगंध बुंद। मानो कि कूट चलि सत रविंद
छं० ॥ १७० ॥
सज्यौति सेन सुरतान बीर। बढ़ि तेज तुंग जानै गंभीर ॥
सम्हौ सु भट्ट मिलि आय राज। अति क्रूर तेज आहत्त साज॥
छं० ॥ १७१ ॥
सुरतान कहै हो दिल्लि राज। आयौ सु दौरि निय सुनि अवाज ॥
तब दूत कहै साहाब बाचि। आपौ सु भट्ट चहुआन जाचि॥
छं० ॥ १७२ ॥

(१) ए. जोइ। (२) ए. कृ.-को.-मिल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन सत्त हय दीय उच्च। सामंत अवर समदिय सरुच ॥
गज तीस अप्पि ग्रामह दुसष्य। अप्पिय सु हेम राजन विलष्य ॥
छं० ॥ १७३ ॥

[1]अनि द्रव्य कोट दीनौ सु भाइ। सामंत सब्ब रुचि सीस नाइ ॥
संभरिय बत्त सुरतान बीर। धारेव उअर मझ्झे गँभीर ॥
छं० ॥ १७४ ॥

अग्गें सु बंधि निसुरत्ति षान। दस पंच हथ्थ उत सुव्हिान ॥
पारस्स साहि लक्करिय लाल। मानो कि सुभ्भि परवाल माल ॥
छं० ॥ १७५ ॥

दूहा ॥ सुबर साहि बंचिय निजरि। बर चल्लिय अगिवान ॥
यों पहुंच्यौ असपत्ति गनि। देस दिसा चहुआन ॥ छं० ॥ १७६ ॥

शहाबुद्दीन का सोनिंगपुर में डेरा डालना और वहां पर दुर्गा केदार का उससे मिलना और दूतों का भी आकर समाचार देना।

उतरि साह सोनंग पुर। दिसि दष्षिन बर थान ॥
किय डेरा केदार तब। मीर महुब्बति षान ॥ छं० ॥ १७७ ॥

अरिल्ल ॥ निमां [2]साम बज्जिय नौबत्तिय। किय निमाज उमरावन तत्तिय ॥
सज्जि महल साहाब बयट्ठौ। आयौ महल [3]उम्भरां जिट्ठौ ॥
छं० ॥ १७८ ॥

आय महल दुग्गा केदारह। दीन असीस बिविधि विद्यारह ॥
मिलि सहाब सादर सम्मानिय। पुच्छिय कुसल विविध कल बानिय ॥
छं० ॥ १७९ ॥

दूहा ॥ पुच्छि कुसल आसन्न दिय। सम द्रुग्गा केदार ॥
तन बिभूत जट सिंग म्रग। आए दूत सुच्चार ॥ छं० ॥ १८० ॥
दिय दुवाह तिन चरच वस। काइम साहि सहाब ॥

(१) ए. कृ. को.-"अति द्रव्य कोर दीनौ सु भाइ"।
(२) मो.-साव। (३) मो.-उमरावं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ˈअग्र बोलि गोरी गरुअ। तब अति दिष्यौ ˈआव ॥ छं० ॥ १८१ ॥

शहाबुद्दीन का कवि से पृथ्वीराज का समाचार पूछना और कवि का यथा विधि सब हाल कह सुनाना।

गाथा ॥ आयस दिय लिय अग्गं। पुच्छिय षवरि विवरि चहुआनं ॥
अरु सामंत सु धीरं। पुछियं प्रीति रीति साहाबं॥ छं० ॥ १८२ ॥

अरिल्ल ॥ बषत बड़े सुरतान मानि मन। बंधी गास पंग प्रथि मंतन ॥
हनिय अप्प कैमास मंच बर। भए चलचित सामंत सूर भर ॥
छं० ॥ १८३ ॥

भरि बेरी चामंड सु बीरं। चमकि चित्त सामंत सधीरं ॥
भयौ षीन चहुआन मांच दुष। गय पिपास निद्रारु षुधा सुष ॥
छं० ॥ १८४ ॥

चढ़ि आषेटक तुच्छ सेन सजि। सथ्थ सूर सामंत चिंति रजि ॥
कीड़त देस मद्धि पंथानह। कंपै असि अरि मत्त पयानह ॥
छं० ॥ १८५ ॥

भरि भंगान पुंडि मीना धर। गोरा भरा भज्जियं तज्जिर ॥
सहस तीस सब सेन समथ्थह। आए भए रोज दस तथ्थह ॥
छं० ॥ १८६ ॥

रोज तीस मुकाम थथ्यौ थह। उतर्‍यौ आनि मद्धि जलपंथह ॥
बषत समय साहि साहाब सुनि। चढ़ि अरि गंजि मंजि महरनि रन॥
छं० ॥ १८७ ॥

सुलतान का मुसाहिबों से सलाह करके सेना सहित आगे कूच करना।

दूहा ॥ सुनिय बत्त साहाब चर। दिय निरिघाव निसान ॥
अप्प षान मौरं वरा। कही सजन सब्बान ॥ छं० ॥ १८८ ॥
कही षान षुरसान सम। षा तत्तार निसुरत्ति ॥
कही सचर सुनियै सबै। जुरन याह घर घत्ति ॥ छं० ॥ १८९ ॥

(१) ए. कृ. को.-अग वोले। (२) ए.-आव।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरिल्ल ॥ कीय बत्त षुरसान ततारह । आयस आन दीन सेला रह ॥
गय अंदर सयनह सुरतानह । कूच कूच भय सेन सबानह ॥
छं० ॥ १९० ॥

दुर्गा केदार के पिता का दुर्गा केदार को समझाना और धिक्कारना ।

दूहा ॥ अप्प अप्पथह उम्मरा । आए सज्जित सब्ब ॥
चमकि चंड कैदार मन । आयौ तात [1]सु तब्ब ॥ छं० ॥ १९१ ॥
सुनिय बत्त कबि बिबिध बर । पति आषेटक साज ॥
सोमेसर सुअ जुड थिर । सलिल [2]लज्ज सिंधु पाज ॥ छं० ॥ १९२ ॥
द्रुग्ग मत्ति सुत सों कहिय । तुम जानहु चहुआन ॥
पहिली भट अपराध बहु । माधव कियौ विनान ॥ छं० ॥ १९३ ॥
कवित्त ॥ बल मोगर मेवात । राज सुत्तौ परिमानं ॥
माधौ पच्छैं भट्ट । राज बैसास न आनं ॥
करौ बत्त न्रप हित्त । कपट दिष्यौ सुरतानं ॥
जाहु पास प्रथिराज । षबरि अप्पौ सु निदानं ॥
धनि ध्रम्म बंध संभरि न्रपति । निगम मोह संम्हौ मिलिय ॥
उज्जेन राज श्रीफल उदित । दै कग्गद संम्हौ चलिय ॥
छं० ॥ १९४ ॥

दुर्गा केदार के भाई का पृथ्वीराज के पास रवाना होना ।

दूहा ॥ लघु बंधव कविदास तिन । दरक चढ़ाइय सु बेग ॥
जाहु सु पानी पंथ तुम । करहि नरह उद्वेग ॥ छं० ॥ १९५ ॥

कवि का पृथ्वीराज प्रति संदेसा ।

कुंडलिया ॥ दिष्षि फौज सुरतान की । बंधव मोकलि भट्ट ॥
तुम उप्पर गोरी सुबर । है गै सज्जे थट्ट ॥
है गै सज्जे थट्ट । सज्जि आयौ सुरतानं ॥
तिरि भर जल गंभीर । भीर सज्जे बहु षानं ॥

(१) मो.-सुन । (२) मो.-लाज ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीस लष्य में साहि। [1]थट्ट तारे दस दष्ये॥
तिन में पंच सु लष्य। लष्य में लष्य सु दिष्ये॥ छं०॥ १९६॥

कवित्त॥ सीर फिरस्ते टारि। दब्ब मार्‍यौ सिंधु तट्टें॥
सिंधु विहथ्थैं वीच। साह पुल बंधन घट्टें॥
छुय मुसाफ तत्तार। मरन केवल विचारे॥
सज्जि साथ चहुआन। काल्हि उतरिहैं पारे॥
उप्परे डेर मुक्काम तजि। सेन काज [2]पुंटिय बजे॥
नीसान हवाई सुंदरी। गज घंटानन डर सजे॥ छं०॥ १९७॥

दूहा॥ जाय राज प्रथिराज पहि। विवरि षबरि सुरतान॥
कहियो [3]बेगो सेन सजि। आयौ पंथ चंपान॥ छं०॥ १९८॥

कविदास की होशयारी और फुर्ती का वर्णन।

कवित्त॥ चल्यौ चंड कविदास। दमकि उठ्यौ दा सेरक॥
मनुं वामन किय वृद्ध। क्रम्म चयलोक मने सक॥
[4]कुसा तिष्य कर कढ्ढि। अग्र द्रिय वक्र निरष्यै॥
मनों कुलटानि कटाच्छ। मध्य गुर जन सम लष्यै॥
संचर्‍यौ एम संमीर बर। प्रोथ बात रोह्यौ प्रबल॥
अध धर्‍यौ चक्र कर जेम हरि। मनुं जंबूर स छुट्टि कल॥
छं०॥ १९९॥

दास कवि का पानीपत पहुंचना और पृथ्वीराज से निज अभिप्राय सूचक शब्द कहना।

दूहा॥ चल्यौ चंड कविदास तब। पहर एक निसि जंत॥
अनल बेग हक्क्यौ दरक। आयौ पानी पंथ॥ छं०॥ २००॥

कवित्त॥ उत्तम न्रिम्मल सु द्रह। पुलिन बर पंसु झीन सम॥
करत राज जल केलि। सुमन कसमीर अगर जम॥

(१) मो.-हथ्थ। (२) ए. कृ. को.-पुंटिय।
(३) ए. कृ. को.-बेगी। (४) ए.-कसा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सथ्थ सूर सामंत। मत्त षेलत हड्डूअ ॥
.... । .... ॥
दिन सेष धरी सत्तरु दुअह। [1]हहकि दरक मन वेग तहां ॥
कविदास आय तब जंपि न्रप। करौ सिलह सामंत सह ॥
छं० ॥ २०१ ॥

*दूहा ॥ मो दिष्षै न्रप दिष्षियौ। गोरी साहि नरिंद ॥
हसम हयग्गह सज्जि कै। दल वद्दल वर इंद ॥ छं० ॥ २०२ ॥
साहबदी सुरतान अब। तुम पर साज्यौ सेन ॥
[2]मों देष्षै देषौ न्रपति। घरी एक अप नेन ॥ छं० ॥ २०३ ॥

कवि के बचन सुनकर राजा का सामंतों को सचेत करना और कन्ह का उसी समय युद्ध के लिये प्रबन्ध करना।

वृद्धभ्रमरावली ॥ सुनियं तब राजन चंड तनं [3]बयनं।
तब जग्गिय बीरह धीर तनं नयनं ॥
तब सद्दिय सब्बह एक किए अयनं।
सब सामँत सूरह सीस सजे गयनं ॥ छं० ॥ २०४ ॥
पहु आवरि वीरह अप्प तनं तयनं।
मुष रत्तह व्यंबह श्रोन समं नयनं ॥
भिरि मुच्छह भौंहह भोंह समं षयनं।
सब आवध सज्जिय भत्तह जे हयनं ॥ छं० ॥ २०५ ॥

कवित्त ॥ तब सज्जि सेन प्रथिराज। मंत सब सामँत पुच्छिय ॥
हय अरोहि धुज जुरहि। काय [4]पथ होइ सुमत्तिय ॥
कहिय कन्ह चौंहान। सु यल या अग्गें बेहर ॥
पुट्ठि सुने दिसि बाम। पूर जल किन्न सु केहरि ॥
मंडियै जुद्ध हय छंडि सब। इक भाग रष्यौ चक्कौ ॥
मंनी सु बत्त सामंत न्रप। भल भल सब सेना पक्कौ ॥छं०॥२०६॥

(१) ए. कृ. को.-हक्कि। *यह दोहा मो.-प्रति में नहीं है।
(२) ए. कृ. को.-मैं। (३) ए. कृ. को.-वनयं। (४) ए. कृ. को.-पय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन सेना की सजाई और व्यूह रचना।

भुजंगी ॥ सथं सज्जियं व्यूह प्रथिराज राजं। सुरं बीर रस उंच वाजिच बाजं॥
भरं मंडलं मंडियं मंडि अन्नी। [1]रसं सूर सामंत सा सूर मन्नी॥
छं० ॥ २०७॥

भरं सहस बा बीस हय छंडि बीरं। तिनं रच्चियं व्यूह जल जात धीरं॥
नरं कन्ह चौहान गोयंद राजं। भरं जैत पर सिंघ बलिभद्र साजं॥
छं० ॥ २०८॥

बडं गुज्जरं दून हड्डा हमीरं। रचे अट्ठ सामंत वा पच भीरं॥
बरं बग्गरी देव पज्जून राजं। सुतं नाहरं सिंह परिहार साजं॥
छं० ॥ २०९॥

भए च्यार सामंत सो कण्णि कारं। बियं सब्ब धीरं परागं सु ढारं॥
भयो नारि पम्मारि जैतं समथ्थं। भयौ मध्य मेही प्रथीराज तथ्थं॥
छं० ॥ २१०॥

भरं मध्य उद्दिग्ग बाहं पगारं। तिनं मद्धि जद्दौं सु जामानि सारं॥
सजे मध्य चंदेल भोंहा सु धीरं। तिनं मद्ध लोहान सा विंझ बीरं॥
छं० ॥ २११॥

चढ़े रष्षिनं दष्षिनं रा पहारं। सहस्संच अठ्ठं चढ़े सूर सारं॥
छं० ॥ २१२॥

शहाबुद्दीन का आ पहुंचना।

दूहा ॥ सज्जि सेन साहाब सुर। आयौ आतुर हंकि॥
दिष्षि रेन डंबर डहसि। भर चहुआन असंषि॥ छं० ॥ २१३॥
गंभीरां सुरतान दल। अति उतंग [2]वरजोर॥
मिले पुब्ब पच्छिमहु तें। चाहुआन चित घोर॥ छं० ॥ २१४॥

यवन सेना की व्यूह रचना।

कवित्त ॥ अनिय बंधि पतिसाह। जुद्ध जीपन चहुआनं॥
षां मुस्तफा दलेल। पुठ्ठि रष्षे गिरवानं॥

(१) मो.-रसे। (२) ए. कृ. को.-अति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सजे सेन चतुरंग। दंद दंती बनि घट्टा॥
सुबर बीर सुरतान। बान [1]उब्बरि जल छुट्टा॥
चहुआन सुन्यौ आचंभ चर। सिंधु उतरि संम्हौ मिल्यौ॥
दोउ दीन आय आवरि सुभर। षग्ग कढ्ढि षग्गह पुल्यौ॥
छं० ॥ २१५ ॥

यवन सेना का युद्धोत्साह और आतंक वर्णन।

हनूफाल॥ आयो सु सज्जि सहाब। [2]उल्लथ्यौ सायर आब॥
है लष्ष सारध एक। प्रति रची फौज विमेक॥ छं०॥ २१६॥
जति अनंत बज्जै बज्ज। गिरधरनि अंबर गज्जि॥
भर सिलह बंधिय बीर। तजि आस जीवन धीर॥ छं०॥ २१७॥
सजि कसे आवध सब्ब। बर लज्ज देषिय [3]ग्रब्ब॥
मद गज्ज अट्ठो अट्ठ। बर बेग राह सु घट्ठ॥ छं०॥ २१८॥
करि दौरि आयौ साहि। पंचास कोस [4]पहाहि॥
विच राज जोजन एक। विश्राम सज्जिय सेक॥ छं०॥ २१९॥
तहां सिलह है गै भार। परसंसि पीर झुझार॥
उन्नमिय नेज उतंग। गनि जाइ रुवन रंग॥ छं०॥ २२०॥
षुर षेह उड्डिय रेन। आकास मुंदिय तेन॥
गहगही सद्द सु गाह। रन गहर पष्षर पाह॥ छं०॥ २२१॥
बानैति बानैं साज। रस बीर धरिय सु गाज॥
भय निजरि दूनिय सेन। भर भीर चिंतिय तेन॥ छं०। २२२॥
बज्जंत रन रनतूर। निज ध्रम्म संभरि सूर॥
जब देषि हिंदु उतारि। उच्चर्‍यौ षान ततार॥ छं०॥ २२३।

तत्तार का खां आधी फौज के साथ पसर करना, बादशाह का पुष्टि में रहना।

दूहा॥ कहि ततार साहाब सों। किय दल हिंदु उतार॥
हम उत्तरियै मीर सब। तुंम रहौ पुट्ठि साधार॥ छं०॥ २२४॥

(१) मो.-उच्चरि। (२) ए. कृ. को.-उद्धर्‍यो।
(३) ए. कृ. को.-पब्ब। (४) ए. कृ. को.-पहाड़।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ लष्य एक है छंडि । कियौ तत्तार उतारह ॥
अद्ध लष्य दल चढ्यौ । रह्यौ सुरतान सुभारह ॥
मीर मसंद मसंद । अग्ग सज्जे भर सुब्भर ॥
कुल अरेह अस्तील । बोलि पित पिच नाम नर ॥
अग्गै सु भार हयनारि धरि । बानग्गीर बानैत तँह ॥
सजि सेन गरट चलि मंद गति । लग्गे बज्जन बीर रह ॥
छं० ॥ २२५ ॥

दोनों सेनाओं का परस्पर साम्हना होना ।

दूहा ॥ बज्जे बज्जन लाग दल । उभै हंकि जगि बीर ॥
विकसे सूर सपूर बढ़ि । कंपि कलच अधीर ॥ छं० ॥ २२६ ॥

हिन्दू मुसलमान दोनों सेनाओं का घोर घमासान युद्ध वर्णन ।

गीतामालची ॥ छुट्टियं हयनारि दुअ दल गोम व्योमह गज्जियं ॥
उड्डियं आतस झार झारह धोम धुंधर सज्जियं ॥
छुट्टियं बान कमान पानह छाह आयस रज्जियं ॥
निरषंत अच्छरि सूर सुब्बर सज्जि पारथ मज्जियं ॥ छं० ॥ २२७ ॥
सज्जे वि सुब्भर देवि ईसर आय गंध्रव किन्नरं ॥
नारद नद्दह मंडि मद्दह दृष्षि नंचि अचंभरं ॥
हिंदू स जंपिय राम रामह सांइ अग्गा सद्दयं ॥
असुरेव जंपिय दीन दीनय [1]पीर मीर महम्मयं ॥ छं० ॥ २२८ ॥
मिलि फौज दूनह एक मेकह झार धारह बज्जियं ॥
हक्के दुसाइय अप्प अप्पह वाहि आवध गज्जियं ॥
तन तेग [2]तुट्टय सीस लुट्टय कमध नच्चय केभरं ॥
बहि श्रोन पूरह कल करूरह किलकि जोगिनि जे सुरं ॥ छं० ॥ २२९ ॥
नच्चंत बीर बिताल तालिय घरहरंत सु सद्दयं ॥
नच्चंत ईसुर रज्जि भीसुर डमकि डोंरुअ नद्दयं ॥
रस रूक बाहै धाक धाहै झाक आवध ओझरं ॥

(१) नो.-पादि नीर । (२) ए. कृ. को.-तुट्टहि, लुट्टहि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनयमंगल

(छियालिसवां समय।)

जरज ऋषि तो चमत्कारूपधारिणी रंभा को शाप देकर हरद्वार को चला गया। इधर उसका शिष्य सुमन्तु शान्ति रस रत्त होकर पुनः तपस्या में प्रवृत्त हुआ।

आनंन्द संवत् ११४४ में जब कि राजा जैचन्द ने राजसूययज्ञ करने का विचार किया तब संयोगिता की अवस्था १३ वर्ष की थी अर्थात् उसका जन्म संवत् ११३३ में हुआ था। वह पूर्ण चन्द्रमा के समान निर्मल दीप्तमान मुखारविन्दवाली कुलच्छनों से हीन सुन्दर सुलच्छनों से लच्छित लक्ष्मी समान शीलवती बाला दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ने लगी। उसका राजसी के बत्तीसो लच्छण युत स्वाभाविक सौन्दर्य मानो मकरकेतु की रंगशाला थी और उसके नित नव उन्नत उरोज उस रंग शाला के छतरी गोख कलसा कमानी आदि के समान थे, उसका सुन्दर स्वरूप उस रंगशाला की चित्रसारी और छवि का लावण्य साक्षात दीपक की दुति के समान था। वह अपनी समवयस्का सहेलियों में तारा गणों के बीच चन्द्रमा सी सुशोभित होती थी।

सुवा सारो से बोला कि छत्रधारियों के समस्त सुलक्षणों संयुत कुमारी संयोगिता सुलतान शहाबुद्दीन को बन्दी करने वाले चहुआन पृथ्वीराज के साथ व्याही जावेगी। जैचन्द उसी के लिये यज्ञ करेगा, उसी के लिये द्वापर में रुक्मिणी विवाह के समान इस समय सहस्त्रों छत्रधारियों का क्षय होगा और अन्त में इसके पति और पिता दोनों का वैभव भी भ्रष्ट होगा।

संयोगिता शैशव काल से ही पिता की बड़ी लाड़िली थी आठ प्रहर चौसठ घड़ी सदैव पिता के पास रहती और तोतरी बातें कह कह कर उसका चित्त प्रसन्न किया करती थी। संयोगिता ऐसे दुलार के कारण हठी स्वभाव की हो गई जिस का अन्त में अत्यन्त घोरतर परिणाम हुआ निदान शुक्ल पक्ष पंचमी रविवार को संयोगिता के विद्याध्ययन के आरम्भ का सुदिन विचारा गया। उसकी छोटी बहिन तारा भी उसी के साथ पढ़ने बैठी और उसी के साथ साथ छाया के समान विद्याध्ययन में उसकी अनुगामिनी बनी।

जिस समय संयोगिता साधुवस्त्र पहिना कर पाठिका के पास लाई गई उस समय यद्यपि वह लज्जित सी होती थी परन्तु बास्तव में उन वस्त्रों से वह योगिनी नहीं मालूम होती थी वरन वे योगी आवरण उसकी सुशोभा में और भी अच्छे लगते थे। पाठिका के पास आकर उसने जब सोलहों शृंगार बारहों आभूषणों से सुसज्जित होकर अध्यन आरम्भ किया उस समय उसकी ऐसी शोभा होती थी जैसे सहस्रों कामदेव इस स्त्री के स्वरूप में प्रकाशित हो रहे हों। पाठिका मदन ब्राह्मणी का पति राजकुमारी के हाव भाव लक्षणों को देख कर ताड़ गया कि इसका भविष्य होनहार ऐसा होगा। संयोगवश एक दिन ब्राह्मणी ने अपने पति से पूछा कि आप ने इस राजकुमारी के विषय में क्या गणित विचारा

(१) आनन्द संवत् का विवरण पहिले समय के १३६ पृष्ट में देखो।

(२) 'ग्यारह से च्यालीस चत्र पंग राज सुमंडि। वर पंचमि ससि तीय मह जनम संजोग विखंड"। छंः ४ 'आगे" पूरन बाल षटविंश वरख नेव मास दिन पंच बर। इसमें संयोगिता के जन्म संवत् का संकेत किया गया है। पृथ्वीराज को शहाबुद्दीन ने संवत् ११५८ में पकड़ा उसी समय संयोगिता का शरीरान्त हुआ। इस हिसाब से ४४ और बारह छप्पन होते हैं। यदि चौवालीस के इस तरफ देखिये तो ३२ और बारह ४४ होते हैं परन्तु इधर नव मास अधिक हैं इस लिये इधर ३३ का हिसाब रक्खा है। साथ ही इसके यह भी बात है कि मेरे चचा कुँवर रघुनाथसिंह जी जो कि एतिहासिकविषयों का अच्छाज्ञान रखते थे मुझे बाल्यावस्था में इसी रासो के सम्बन्ध की कथा कहनी सुनाया करते थे जो बातें जैसी उन्होने मुझे आज से १६ या १७ वर्ष पहिले बतलाई थी आज रासो में मैं उनको यथाक्रम वैसा ही पाता हूं अत एव उन्होंनें मुझे संयोगिता का १८ वर्ष की उमर में व्याह होना और २४ वर्ष की अवस्था में उसका देहान्त होना बतलाया था। सो यह हिसाब भी ठीक पड़ता है— तीसरी बात यह है कि कवि ने इस कथा के संबंध में यथा समय सब संवत दिए हैं परन्तु कन्नौज समय पर्यंत संयोगिता के जन्म का और कहीं भी पता नहीं पड़ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है सो कहिए। तब ब्राह्मण ने उत्तर दिया कि यह राजकुमारी अगनित छत्रधारियों की छत्र भंग कारिणी उनके रुधिर की प्यासी साक्षात् कंकाली स्वरुप कलंहतर नाम से प्रसिद्ध होगी। यह कन्या स्वर्ग की अप्सरी का अवतार है और मैं एक यक्ष हूं जो कि इसके भविष्य होनहार का अंकुर सपच्च करने के लिये अवत्तीर्ण हुआ हूं। राजा पंग के यज्ञ के समय से ही ऐसे सब सामान एकत्रित होंगे और उनका परिणाम भी शीघ्रही देख पड़ेगा।

जिस समय संयोगिता मदन ब्राह्मणी के यहां पढ़ने गई उस समय वह अपनी आयु के तेरहवें साल में थी। पाठिका के भवन में एक सुन्दर हिंडोला घला हुआ था। जिस समय संयोगिता उस पर बैठ कर झूलती और पृथ्वी पर पदाघात करके मिचकी मारती उस समय उसके सुकोमल लंबे बालों से गुंथी वेनी उसके पीन नितंब स्थलों को स्पर्श करती हुई ऐसी सुशोभित होती थी मानो उसका यौवन काल जान कर उसके जिवन की बागडोर कामदेव अपने करों से साध रहा हो। संयोगिता की एक बड़ी बहिन और थी जिसे जैचन्द ने दक्षिण के राजा देवग्रह को व्याहा था। पाठिका ने उसे विनय मंगल पाठ पढ़ाया था इसलिये वह सुशील कुमारी अपने पति और पिता दोनों की प्यारी बन कर जीवन बिताती थी। निदान पाठिका ने संयोगिता का भी यौवन काल जान कर उसे विनय मंगल पाठ पढ़ाना उचित समझा। पाठिका जिस विनय मंगल पाठ को संयोगिता को पढ़ाती थी उस का यह तात्पर्य्य है कि उसे पढ़ कर स्त्री सुलक्षणा बने और मुग्धा और प्रौढ़ा इन अवस्थाओं में भी नवोढ़ा की भांति पति की प्यारी बनी रहे।

पाठिका ने संयोगिता से कहा कि हे सुकुमारी कुमारी. स्त्री को चाहिए कि प्रातःकालही शैय्या से उठ कर अपने पति के मुख का दर्शन करे और फिर प्रीति पूर्व्वक उसके पैर छूकर अपनी तुच्छता प्रगट करती हुई विनय पूर्व्वक उसकी स्तुति करे और दर्पण हाथ में लेकर अपना मुँह देखे। पुनः शौचादि से निश्चिन्त हो अपना नखशिख सँवारकर नाना प्रकार के स्वादिष्ट भोजन परिपाक करके पति के सम्मुख परोसे और उसे ही अपना इष्टदेव एवं सर्वस्व जानकर प्रीतिपूर्व्वक जिमावे तिसके पश्चात् रुचिर वस्त्र और आभूषणों को धारण करके अधीनता पूर्व्वक सदा पति की आज्ञा पालन करने को प्रस्तुत रहे। हे कुमारी! कोई स्त्री कैसीही स्वरूपवती क्यों न हो परन्तु जो हठ कर पति के प्रति मान ठानती है उसे उसका पति तुरन्त ही त्याग देता है। इस लिये दूतियों के प्रपंच में पड़कर पति से कलह और मान न करे और आत्मेच्छा की सिद्धि के लिये धैर्य्यपूर्व्वक तन मन से सदा पति की अनुगामिनी बनी रहे। स्त्री को चाहिए कि अपने तन, मन, धन, हृदय, प्राण, गेह, नेह, देह, सुख, दुख, कीर्ति, धैर्य्य, जप, तप, आदि सब का स्वामी अपने स्वामी ही को समझे। हे कुमारी! जो कुछ मैं तुझ से कहती हूं सो निपट ही सत्य जानो। बात केवल इतनी ही है कि विषय कोई हो उसका गुण ग्राहक होना चाहिए-जैसे पवन हिम को स्पर्श करने से शीतल और चन्दन को स्पर्श करने से सुगंधित होती है वैसे ही शास्त्र का भी बुद्धिमान पर अच्छा और मूर्ख पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हे कुमारी जैसे युक्ति के बिना शुभ, शिव की भक्ति के बिना सांसारिक सुख और हरि की भक्ति के बिना मोक्ष नहीं मिलती, वैसेही स्नेहहीन स्त्री का जन्म वृथा है। जल बिना उज्वलता नहीं होती, ज्ञान के बिना निर्वाण पद नहीं मिलता, सुकर्म के बिना कीर्ति नहीं होती, हथियार के जोर बिना भूमि भोग करने को नहीं मिलती और माता के बिना सच्चे वात्सल्य प्यार की प्राप्ति नहीं होती, उसी प्रकार विनय बुद्धि के बिना जीवन का सुख नहीं मिलता। हे राजकुमारी, मान (अभिमान) बुरा है। मान से परस्पर का स्नेह भंग होता है, सज्जन भी दुर्जन से देख पड़ने लगते हैं, और जुड़ा हुआ नाता टूट जाता है। मान से आत्मिक गुणों का ह्रास होता है इस लिये मान इस जीवन में मदिरा के समान मंद माना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है। मान ही जीवन के दुखों का मूल है सो हे कुमारी तू मान को सर्वथा त्याग कर शील सम्पन्न स्वभाव वाली सुशीला बन। हे कुमारी! जिस प्रकार चणमात्र पाला पड़ने से बड़े बड़े गह्वर बन एक दम मुरझा जाते हैं उसी प्रकार विनय के आग्रह से मान जनित अमंगलमूलक विषय नष्ट हो जाते हैं।

हे सुन्दरी संयोगिता, विनय सब भांति सब के लिये कल्याणकारी है। विनय में कदापि कोई दोष नहीं है। विनय द्वारा ही योगीश्वर ईश्वर से मुक्ति पाते हैं—यद्यपि मानमय विनयहीन पच्ची जाति विनयशील वृक्षों के फल फूल खाते और उनके कोमल पल्लवों को कुतर डालते हैं, परन्तु विनयशील वृच पच्चियों के इस अपकार पर जरा भी ध्यान न देकर उनका पालन ही किया करते हैं। विनय से देवता वर देता है। विनय से गुरू विद्या पढ़ाता है। विनय से स्वामी सेवक पर प्रसन्न रहता है। विनय से कंजूस भी दाता बनजाता है और इसी विनय के कारण कंत कामिनी के हृदय का हार होता है, इस लिये हे कुमारी करतार स्वरूप विनय ही संसार का सार है। इसलिये वयः वृद्धि के साथ साथ विनय के भार से अपने को नित नव नम्र बनानाही उचित है। चतुरता से विनय वाक्य उच्चारण करने पर सार हीन हृदय का भी द्रवकर कामनामय होना संभव है। कामाग्नि-संतप्त—हृदय कंत को कामिनी यदि कुछ कटु बचन कह भी डाले तो वह उसकी उस समय कुछ भी परवाह नहीं करता, उसे वे बचन दूध शक्कर से मधुर मालूम होते हैं। परन्तु भूलकर ऐसे समय पर भी विनय की बान न त्यागनी चाहिए। क्या जाने कामाग्नि शान्ति होने पर कभी वह मधुरता उसके क्रोध को उत्तेजना देने वाली हो—देखो! किसी समय दो बहिनें थीं उनमें से एक बड़ी विनयशील और दूसरी मानिनी थी। सो हे कुमारी विनयशील सुन्दरी का तो सारा जन्म आनन्द से बीता और मानिनी ने न तो जीवित सुख पाया न मरने पर भी। क्यों कि अन्तिम समय में जैसी मति होती है मरने के बाद वही भोग भोगना पड़ता है, इस लिये उसको अनेकों जन्म पशु पच्चियों की योनि भोगनी पड़ी थी। हे बेटी जीवन में विनय घर में दीपक के समान है। जिस प्रकार दीपक बिना घर, प्राण बिना देह, प्रतिमा बिना देवालय, कंत बिना कामिनी और लज्जा बिना राजपूत जाति का जीवन सूना है एवं जैसे बुद्धि बिना उपभोग का यथार्थ आनन्द नहीं मिलता, बेद की विद्वत्ता बिना ब्राह्मण ब्राह्मण ही नहीं है, बहरे के लिये सत्कीर्ति का होना न होना बराबर है उसी प्रकार विनय के बिना स्त्री का जन्म वृथा है क्यों कि विनयहीन स्त्री का स्वामी उससे सदा अप्रसन्न होकर उसे दुःख दिया करता है। इस लिये तू इस विनय मंगल के मर्म को समझकर इसके अनुसार आचरण करने की चेष्टा कर।

जैसे बेद और वैदिक ग्रन्थों में कथित अनुपम गुणमय औषधियां चन्द्रमा से पोषित हुए बिना सब बेकाम हैं वैसे ही हे सर्वांग सुन्दरी विनय हीन होने से समाज में तू भी शोभा नहीं पा सकती। स्त्रियों की शोभा शृंगार नहीं है वरन सच्ची शोभा लज्जाशीलता है।

हे कुमारी, विनय ही संसार का सार है, क्यों कि यह सब जगत विनय के सूत्र से बँधा हुआ है। विनय ही काल का काल है और संसार में सच्ची शूरता है, विनय के बिना संसार में सुख की आशा न करे क्योंकि विनयविहीन पुरुष के सब शत्रु होते हैं। राजनीति की चारों शाखाओं का स्थंभ विनय ही है। हे सुन्दरी विनय के बिना सब सुख सपने की संपत्ति होते हैं। विनयशील पुरुष से आबाल वृद्ध सब प्रसन्न रहते हैं, इसलिये जिसमें जितना जितना विनय का अंश बढ़ता जाता है वह उतना ही सर्वप्रिय होता जाता है। विनय संसार सागर से पार उतरने के लिये नौका और साचात् मोच का मार्ग स्वरूप है। विनय बिना वैराग्य या भक्ति किसी की भी साधना नहीं हो सकती। विनय से निर्गुण गुणवान और औगुणी सद्गुणसम्पन्न होता है। विनयहीन मनुष्य का जीवन ऐसा है जैसे प्रत्यंचा बिना धनुष और सुमेर या गुम्बद बिना देवालय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिये यदि तू जीवन का सुख चाहती है तो विनय को धारण कर। विनयशील पुरुष तीनों पन में एक सा सुखी रहता है। विनय इस प्रकार सार है जैसे जीव का सार आत्मा है। जैसे जीवहीन शरीर बेकाम होता है वैसे ही विनय बिना स्नेह का निर्वाह होना असंभव है। विनय द्वारा जिसे तू अपने को आप अपना देगी वह फिर आपही तेरा हो रहेगा। इस प्रकार हे संयोगिता, विनय द्वारा दो तन एक प्राण किए जा सकते हैं।

हे संयोगिता, विनय का यही लक्षण है कि जिससे पति वस हो। स्त्री पति से नजर न मिलावे। विषय सुख का त्याग करे और जिससे देव तक वशीभूत हो वही विनय है। इस विनय के कारण तेरा प्रताप दूज के चन्द्रमा की भाँति दिन प्रति बढ़ेगा।

संयोगिता ने प्रश्न किया कि कंत किस प्रकार बश किया जा सकता है तब पाठिका बोली, हे बाले! "विनय से"। ज्यों ज्यों विनय का अभ्यास बढ़ता जायगा! त्यों त्यों दाम्पत्य सुख बढ़ता जायगा। जो विनय रूपी जल से सींच कर स्नेह की बेल बढ़ाता है उससे अमृत रूपी फल उत्पन्न होता है इस लिये उसका सदा आदर बढ़ता जायगा। हे सुन्दरी! विनय के बिना एक स्त्री जाति क्या संसार में किसी भी योनि में सुख प्राप्त नहीं हो सकता। हे सुन्दरी, यदि मंत्र भी न मालूम हो तो अच्छा सर्प विनय से वश हो जाता है। विनय से सुयश मिलता है। विनय से सुख और भोग रस मिलते हैं। विनय ही रस खानि और विनयशील आचरण अमृत के समान हैं यदि पति मानमय हो और स्त्री आधी रात के समय विनय पूर्व्वक विनती करे तो अवश्य है कि वह मानी पति मान को त्याग कर स्त्री के हिये का हार बन जावे। हे सहज सुन्दरी संयोगिता, इस विनय मंगल को गांठ बाँध रख, इससे तुझे जीवन के सब सुख सहज ही प्राप्त होंगे। हे सुन्दरी इस सिखावन के मर्म विनयविहीन पुरुष नहीं जान सकते क्योंकि कहावत प्रसिद्ध है कि प्रसव की पीड़ा को बांझ क्या जाने।

मदन ब्राह्मणी के आंगन में जो एक सुन्दर वृक्ष था उसी पर वे उक्त सुवा सारो (गंधर्व गंधर्वी) बैठे संयोगिता का सब चरित्र देखते रहे। एक दिन सायं-काल के समय ब्राह्मण ने ब्राह्मणी से कहा कि कोई ऐसी वार्ता करो जिसमें रात्रि कटे और कुछ काम भी सरे। तब ब्राह्मण बोला कि इस संयोगिता के योग्य नर संभरीनाथ चहुआन राजा पृथ्वीराज ही है। यों कह कर वह पृथ्वीराज के यश गुण और बल पराक्रम का वर्णन करने लगा। इसी प्रकार होते होते प्रातःकाल हो गया और तब सुवा सारो वहां से उड़ कर दिल्ली की तरफ चल दिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुक वर्णन।

(सैंतालीसवां समय।)

पाठिका के सुविस्तृत आँगन में सखी सहेलियों सहित पढ़ती हुई कुमारी संयोगिता इस प्रकार सुशोभित होती थी जैसे तारागणों के समूह में जुन्हैया की छवि छटा छाती है। लड़कपन में तो अपनी ही स्वाभाविक स्वछन्दता का आनन्द होता है परन्तु "जवानी में काम क्रीड़ा का आनन्द विशेष माना गया है"। संयोगिता के कानों को स्पर्श करते हुए बड़े बड़े नेत्र ऐसे सुशोभित होते थे मानों वे कानों के पास जाकर उक्त वाक्य के मर्म को पूछ रहे हों कि क्यों क्या यह बात सच है?।

इधर जैचन्द के यहां यज्ञ के लिये सामग्री जुटाई जाने लगी और जहां तहां होम जप जाप पूजन आदि आरम्भ हुआ। निदान तब वे दोनों सुवा सारो वेषधारी गन्धर्व उस वृत्त से उड़ कर दिल्ली की तरफ चले। कुछ दूर जाकर सुवा ने तो ब्राह्मण का वेप धारण कर दिल्ली का मार्ग लिया और सारो ब्राह्मणी का स्वरूप धारण कर संयोगिता के पास पहुंची।

ब्राह्मण ने पृथ्वाराज से कहा कि हे संभरीनाथ हम तीनों लोक में आ जा सकते हैं; परन्तु मदन ब्राह्मणी के घर में पढ़ती हुई राजा जैचन्द की पुत्री का जैसा सौन्दर्य्य मैंने देखा वैसा और कहीं नहीं देखने में आया। उसके साथ में बारह कन्याएँ और भी पढ़ती हैं परन्तु वह सब के बीच में इस प्रकार सुशोभित होती है जैसे तारागणों में चन्द्रमा की शोभा होती है। वह रम्भा अप्सरी का अवतार है। रंभा ने परम तेजस्वी सुमंत ऋषि का तप भ्रष्ट करने की चेष्टा की इसलिये सुमन्त के पिता न उसे शाप दिया जिससे उसे मानव शरीर धारण करना पड़ा। इस समय उसका महल गंगा के किनारे सुशोभित है। यह सुन कर पृथ्वीराज ने गुरुराम से कहा कि उसका जन्म समय शोध कर एक जन्मपत्री लिखो। गुरुराम ने छः महीने के बाद जन्म कुंडली रच कर तय्यार की, उसमें उन्होंने दिखलाया कि मंगल, बुध, गुरू शुक्र शनि और चन्द्रमा ये ग्रह चौथे स्थान में गोचर पड़े हैं। गुरू और केतु केन्द्री और राहु अष्टम हैं। इसका फल यह बतलाया कि वह अत्यन्त सुन्दरी है, उसके कारण भारी संग्राम होगा और वह आप (संभरीनाथ) को व्याही जायगी। जन्म से पांचवें राहु और केतु का होना यह बतलाता है कि उसका जन्म विशेषतः रक्तपात के लिये ही हुआ है।

उधर ब्राह्मणी पाठिका विनय मंगल समाप्त करके संयोगिता को पृथ्वीराज का इतिहास पढ़ाने लगी। उसने कहा—"दिल्ली में अनंगपाल नामक तोमर वंशी राजा राज्य करता था। जब उसकी अवस्था ७७ वर्ष की हुई तो उसने, वैराग्य उत्पन्न होने के कारण, अपना राजपाट अपने दौहित्र अजमेर के राजा सोमेश्वर के पुत्र पृथ्वीराज को दे दिया और आप तपस्या करने के लिये बदरिकाश्रम को चला गया। यद्यपि पृथ्वीराज को गोद लेते समय अनंगपाल को उसके मंत्रियों ने अपना सा समझाया बुझाया और मना किया परन्तु उसने एक न माना। अन्त में परिणाम यह हुआ कि पृथ्वीराज दिल्ली राज्य के सिंहासन पर बैठ कर अपना-पराया करके शासन करने लगा जिससे दिल्ली की प्रजा का दिल दुख गया और सब प्रतिष्ठित प्रजा ने अनंगपाल के पास जा पुकारा। यह सुनकर अनंगपाल स्वयं दिल्ली को आया। इससे पृथ्वीराज बड़े शिष्टाचार से मिला। अनंगपाल ने दिल्ली में कुछ दिन मिहमान की भांति रह कर पुनः बदरिकाश्रम का रास्ता लिया और यहां पृथ्वीराज राज्य करने लगा। वह बलवान पृथ्वीराज इस समय पृथ्वीतल के राजाओं में अद्वितीय बलशाली और सुकीर्तिमान पुरुष है। इस समय पृथ्वी पर उसका यश शरद ऋतु का सा चटक चांदना फैल रहा है।

इधर ब्राह्मण बोला कि उस चन्दबदनी, मृगलोचनी बाला के उज्वल ललाट पर श्याम भ्रू भाग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसा भासित होतो है मानो गंगधारा में भुजंग तैर रहे हों। उसकी कीर ऐसी नासिका, अनार के दाने से दाँत, पतली सी कमर, श्रीफल से उरोज और चंपा के समान सुन्दर अगं रंग अजब ही छटा छाते हैं। सो ऐसी सुन्दरी संयोगिता हे पृथ्वीराज आपको पति पाने की इच्छा से दिन रात शिव जी की आराधना किया करती है। हे पृथ्वीनाथ उस कुमारी के शरीर से शैशव के ह्रास और यौवन के प्रकाश की इस प्रकार शोभा हो रही है जैसे बसंत ऋतु में पुराने पत्ते झरने और नवीन कांपों के कोंपने से बन की शोभा होती है। उसकी अंग आभा इस समय ऐसी सुन्दर मालूम देती है जैसे गोधूली वेला का राकापति। जैसे मकर की संक्रांति से दिन बढ़ कर रात्रि को दबाने लगता है, पावस ऋतु में बढ़ी हुई नदियों का जल समुद्र के हृदय में हलचल मचाने लगता है तैसे ही संयोगिता का यौवन उसके बालपन को परास्त कर रहा है। इस समय संयोगिता की शरीर छवि शीतकाल की दुपहरी हो रही है जिसमें कवि घाम और छाँह दोनों का आनन्द पाने की इच्छा करते हैं। सच तो यों है कि उसके स्वभाव में अब लड़कपन की झलक केवल परिवा के चन्द्रमा के समान बिलकुल सूक्ष्म शेष रह गई है। हे राजन् वह सर्वाङ्ग सुन्दरी संयोगिता इस समय वसंत ऋतु की फुलवारी बन रही है। जैसे वसन्त के आगम में दिन में कुछ पक्कापन आने लगता है वैसेही संयोगिता कुछ संकोच सहित प्रति दिन निडर होती जाती है। उसका मधुर अलाप मधुकर सा सोहता है वसन्त ऋतु में जैसे शीतल सुगंध वायु मंद मंद बहती है वैसे ही उस के चित्त में लज्जा की मात्रा बढ़ती जाती है। जैसे वसन्त में पत्र रहित तरुवृन्द नव पुष्प और फल के भार से नीचे होने लगते हैं वैसेही यौवन के जोर से उसकी सब बातों में भारीपन का आभास आता जाता है। उसके सुढार उदर पर रोमराजि काम किसान की बोई हुई जई सी जम रही है। हे राजन्! इसी समय जैचन्द ने यज्ञ करने के लिये आकाश और पाताल को मंत्र बल से और शेष आठों दिशाओं को मुसल्मान सिपाहियों के बल से जीतने की इच्छा की है। जैचन्द की एक पुत्री और भी थी जिसे उसने देवगढ़ के राजा को व्याहा है वह भी अद्वितीय सुन्दरी है।

परन्तु संयोगिता संयोगिता ही है। उसका अंग रंग श्रीखंड पंकज एवं कुमकुम के समान सलौना है। उसकी पिंडुरी स्वर्ण की बुराद सी झलकती हैं। और जंघा तो कदली खंभ एवं हाथी के भसुंड की सुढारता को मात करते हैं, उसकी अँगुरियों का अग्रभाग कनैर की सी कली जान पड़ता है। उसके अर्द्ध तुंबाकार पीन नितंब, मुट्ठीभर चीते की सी कमर, उस पर सरती हुई सर्पिणी सी वेणी, राजीव लोचन, पपीलका की पलटन सी रोमराजि, हंस शिशु एवं मदान्ध गज की सी चाल, नारंगी से युगुल यौवन, त्रिवलीयुत कलकंठ, बिंब फल से अरुण ओंठ, वायु विहित दीप शिखा सी नासिका, खंजन मद गंजन श्वेत कमल से पैने नैन, स्वर्ण के खम्भ पर चढ़ते हुए सर्प ऐसी वेणी आदि उसके सब अवयव देखने ही योग्य हैं। यह सुनते ही पृथ्वीराज का चित्त रागमय होकर संयोगिता के सच्चे अनुराग में रंग गया। संयोगिता के सौन्दर्य्य का खाका पृथ्वीराज के चित्त में इस प्रकार गाढ़ होकर खचित हुआ कि उसे अपने सब व्यवसाय भूल गए। उसे सोते जागते चारों तरफ सयोगिता की प्रतिमूर्ति देख पड़ने लगी। उसने अत्यंत विकल होकर ब्राह्मण से कहा कि यदि तुम कृपा करके संयोगिता को मेरी ओर से प्रबोध करो तो मैं तुम्हे असंख्य धन, द्रव्य पुरुष्कार दूं।

पृथ्वीराज के ऐसे बचन सुन कर वह ब्राह्मण (गंधर्व) दिल्ली से चलता हुआ और कन्नौज पहुंच कर मदन पाठिका के घर जा उपस्थित हुआ। वह वहां सुवा बनकर आपही आप पृथ्वीराज का गुण गान करने लगा। "पृथ्वीराज" शब्द कान में पड़ते ही संयोगिता ने ऊपर आंख उठाकर देखा और कहा "तुम कौन हो और यहां किस लिये आए?"।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह सुन कर सुग्रा बोला एक राजा पृथ्वीराज है। इस समय वह अद्वितीय वीर्य्यमान और बलवान पुरुष है। उसने कई बार यवन बादशाह को बन्दी किया। वह अर्जुन के समान अचूक धनुर्धर है। चन्द्रमा के समान तेजवान और एक बाण से सात तवे फोड़ता है। वह राजा बलि के समान स्वरूपवान गुणवान और लज्जाशील है। धर्म्मराज की तरह सद्वक्ता, अर्जुन के समान धनुर्धर, दुर्योधन की तरह मानी, सूर्य्य के समान तेजवान, चन्द्रमा के समान सुखद, सत्य और विक्रम में विक्रमादित्य के समान, दान, सम्मान में इन्द्र एवं कल्पतरु के समान और काम क्रीड़ा में रमावल्लभ लक्ष्मीनारायण के समान शक्तिमान है। सुग्रा सारो की ऐसा वार्तालाप सुन कर संयोगिता के चित्त का चाव चौगुना हो गया। उसे चारों तरफ पृथ्वीराज की प्रतिमूर्ति भासित होने लगी और वह उस चमत्कृत चिन्ता में स्वयं चित्र की पूतरी सी बन गई।

सुग्गा फिर बोला। क्या कहूं पृथ्वीराज पृथ्वीराज ही है। उसके एक एक गुण में सादृश्य पाने योग्य बहुत से राजा हो गए हैं परन्तु सर्वथा उसकी समानता का न तो कोई आजलों हुआ है और न होगा। वह शाकाब्द राजाओं में विक्रम के समान, सत्त में राम के समान, बाहुबल में सहस्राबाहु के समान, चन्द्रमा के समाम शीतल, हरिश्चन्द के समान सत्यव्रत धारी और युद्ध कौशल में भीष्म के समान वह दैत्यवंशी वीर इस भूतल पर इन्द्र के समान उपमान पाने योग्य है, इत्यादि मैं उसकी किससे उपमा दूं? यह कह कर दोनों ओर परस्पर अनुराग का बीज बोकर सुग्रा सारो दोनो देव लोक को चल दिए।

जैसे सीता ने राम के लिये, दमयन्ती ने नल के लिये, पार्वती ने शिव के लिये, रुक्मिणी ने कृष्ण के लिये एवं जिस प्रकार काली ने वीर वाहन के लिये व्रत धारण किया था उसी प्रकार संयोगिता ने पृथ्वीराज के लिये ध्रुव व्रत धारण किया। उसने अपने मन में निश्चय कर लिया कि एक इस जन्म में क्या यदि दूसरा अवतार भी धारण करूं तो भी पृथ्वीराज के सिवाय अन्य पुरुष को पति न स्वीकार करूंगी। इसी प्रकार अहर्निशि पृथ्वीराज के गुणों का चिंतवन करती हुई संयोगिता दिनप्रति प्रीति के रंग में रँगने लगी।

इधर बसन्त ऋतु के प्रथम चरण माधव मास के प्रारम्भ होते ही पृथ्वीराज का चित चाव चौगुना हो गया। ज्यों ज्यों वृक्ष प्राचीन पत्रों से रहित होकर नई नई कोंड़े फोड़ते, नई नई बेलों में फूल फूलते और उनके पराग से दिशाएँ सुगंधित होतीं, पुष्प गुच्छों पर भ्रमर पुंज छत्राकार आच्छादित होते, कोयल कूकतीं एवं अन्य पक्षी गण कलरव करते, सुहागिनी सुख सेज पर मौज मारती और विरहिनी बेहाल होती, त्यों त्यों पृथ्वीराज के हृदय में संयोगिता के प्रेम रूपी सर्प की विष ज्वाला अधिक अधिक प्राप्त होने लगी। निदान एक दिन पृथ्वीराज एक प्रहर रात्रि गए महलों से निकल कर अकेले जमुना के किनारे बिचरने लगा। कुछ दूर जाकर देखता क्या है कि एक अति उत्तम बाग बना हुआ है जगह जगह सुन्दर वृक्षों के कुंज फूल और फलों के भार से नेकर जमीन को छू रहे हैं, उनके आस पास भूमते हुए रसलोभी भैंरे उनके गुण गान कर कर अपने उदर को पोषण करने की च्येष्टा करते हैं। चवच्चों में निर्मल जल भरा हुआ है और उनपर धानी रंग का छत्र तना हुआ है जिस पर नाना प्रकार के बेल बूटे गोख भाकी भरोखे बनाती हुई बेलें आच्छादित हैं। यह देख कर पृथ्वीराज ने घोड़े को एड़ लगाई और घोड़ा एक टपकार में कोट लाँघ कर बगीचे में जा दाखिल हुआ। इनके घोड़े की टाप सुनकर बगीचे का रक्षक प्रहरी इनके साम्हने आया। इधर पृथ्वीराज ने भी अपनी पच्चीस-टंकी कमान पर बाण चढ़ाया। तबतक एक यक्ष और यक्षनी टहलते हुए वहीं से आ निकले। यक्ष ने पृथ्वीराज से कहा "तुम किसी वृक्ष के नीचे छिपे छिपे तमाशा देखो। मालूम होता है तुम कोई प्रतापी राजा हो।"

(१) वे राजा जिनका संवत् प्रचालित हुआ हो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह कह कर यक्ष यक्षिनी तो आगे चले। इधर पृथ्वीराज ने अपने सेवकों को आज्ञा देकर उस बाग में समस्त सुख सामग्री प्रस्तुत करवाई। हुक्म होते ही केसर कस्तूरी चूना पान पानी शरबत केतकी कमल केवड़ा कुसुम मालती जाती चंपक पांडरी आदि के पुष्प और अतर दाड़िम दाख केला अखरोट नासपाती अनार नरियर पिंडखजूर बिजौर आदि फल और घी दूध शक्कर युक्त अनेक प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बात की बात में लाकर तय्यार किए गए। थोड़ी देर में एक गंधर्व अपनी नाटक मंडली सहित उसी बाग में आ उपस्थित हुआ। पहिले तो सब गंधर्व मंडली ने कुंकुम युक्त सुगंध मय शीतल जल से मुख प्रक्षालन कर पान बीड़े चबाए बाद इसके अपने अपने साज सम्हाल कर गान नृत्य सहित नाटक आरम्भ किया। नाटक समाप्त होने पर सब मंडली ने प्रस्तुत भोज्य पदार्थ का भोग लगाया। खा पी कर दुरुस्त होने पर उस गंधर्व राज ने कहा "अहा आज यह सत्कार किसने किया है" तब वह यक्ष बोला कि यह सब सोमेश्वर के पुत्र राजा पृथ्वीराज की तरफ़ से है। निदान उस गंधर्व ने पृथ्वीराज को सम्मुख आने की आज्ञा दी और जब पृथ्वीराज उसके सम्मुख गए तो उसने उन्हें एक सर्वसिद्धि मंत्र दिया और शीस स्पर्श कर प्रीति पूर्वक आशीर्वाद देकर बिदा किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बालुकाराय प्रस्ताव।

[अड़तालीसवां समय ।]

राजसूय यज्ञ में छोटे से लेकर बड़े तक सब काम राजा लोग करते हैं। इस लिये देश देश के राजाओं को एकत्रित करने के लिये जगह जगह को बुलावे के परवाने और सेनाएं भेजी गईं। इधर कन्नौज के राज्यमहल में आगन्तुकों के सत्कार और दान पूजन आदि के लिये नाना भांति की सामग्री जुटाई जाने लगी। एक लाख भार स्वर्ण; साठ भार मोती, एक करोड़ भार चांदी, असंख्य भार अन्य धातुएं; अगनित हाथी घोड़े; कपूर केशर कस्तूरी अगर अम्बर आदि सुगंधियां, जरकसी और पाटाम्बर के अमूल्य वस्त्र और और भी कई प्रकार की अगनित आडम्बर की वस्तुएं संग्रहीत की गईं और राज्यग्रह के प्रशस्त आंगन में विविध भांति से यज्ञमंडप की रचना की जाने लगी।

तबतक चारों तरफ से दूत भी लौट लौट कर समाचार देने लगे कि हे राजन् भारतवर्ष के क्या हिन्दू क्या मुसलमान सब राजाओं ने आपका आदेश शिरोधार्य्य किया है। यह सुन कर जैचन्द की चगें चढ़ गईं। वह मंत्री से बोला कि अब ऐसा प्रबन्ध करो जिसमें मेरी कीर्ति किसी प्रकार से कलंकित न हो सके। मैंने मंत्र बल से आकाश और पाताल के देवताओं को जीता है और शस्त्र बल से दशों दिशाओं के दिग्पालों को। इस समय पृथ्वी पर के सब शासक मेरा महत्व स्वीकार करते हैं इस लिये यह यज्ञ करना मेरा कर्तव्य है क्योंकि संसार में काल बली है दृष्ट अदृष्ट सब पदार्थ एक न एक दिन काल कवलित होते हैं केवल कीर्ति पर काल का पंजा नहीं पड़ता। जो मनुष्य काल को छल कर कर्तव्य पालन कर लेते हैं उन्हीं का नाम संसार में अमर होता है।

जैचंद बोला कि हे मंत्री सुमंत्र मेरे पिता ने समस्त देश पर विजय प्राप्त करके दिग्विजयी पद प्राप्त किया था। इसलिये आज समस्त हिन्दू राजाओं में समर्थ मेरे मौसेरे भाई पृथ्वीराज के पास दूत भेज कर कहला भेजो कि वह दिल्ली से लगा कर सोरों तक की आधी भूमि मुझे दे दे। हे सुमन्त पृथ्वीराज से कहना कि यद्यपि मातृ पक्ष के विचार से हम तुम दोनों भाई बराबर हैं परन्तु कमधुज्ज वंश का राज्य अनादि है। चौहानों की आदि राजधानी संभर है इसलिये तुम अजमेर में राज्य करते रहो परन्तु हमारी सार्वभौम राज्यसत्ता के विचार से और भाई चारे के हिसाब से दिल्ली की आधी भूमि हमको दे दो।"

इधर तो राजग्रह में राजसी आडम्बर और राजनैतिक मार पेंच की कार्रवाई हो रही थी। उधर प्रजा में भी घर घर आनन्द का समुद्र उमड़ रहा था। जहां तहां देव स्थानों पर विप्र वृंद वेद पाठ करते थे। द्वार द्वार पर बंदनवार बंधे और मंगल सूचक स्वर्ण कलश रक्खे थे। बड़ी बड़ी हवेलियों के गोखें और झरोखे सब भांति सुन्दरता से सजाए गए थे, रत्नजटित आभूषण और जरतारी वस्त्रों से विभूषित अपने अपने महलों में बैठी हुई मनोहर महिलाएं मंद मंद स्वर से मंगल गीत गा रही थीं। उस समय कन्नौज नगर साक्षात् कैलास के समान मनोहर मालूम होता था।

मैंत्री सुमन्त ने स्वामी की सिखावन शान्त भाव से सुन कर सभ्यता पूर्व्वक उत्तर दिया कि

(१) भार = अष्टसहस्रतोलकात्मक (शब्द कल्पद्रुमः) अर्थात् एक भार सौ सेर अर्थात् ढाई मन के बराबर हुआ।

(२) मूल पुस्तक में छन्द २२ से पाठ खंडित है। उसमें राजा के उपरोक्त वचनों पर मंत्री का उत्तर देना इन छन्दों में स्पष्ट नहीं है परन्तु छन्द २४ की पहिली तुक "पुच्छयो सु वंश कमधुज्ज मव्व" से स्पष्ट होता है कि राजा से शायद यह कहा जा चुका है कि वही राजसूय अथवा अन्य कोई यज्ञ कर सकता है जिसके वंश परम्परा से होता आया हो—और ये छन्द नष्ट हो गए हों—यदि ऐसा न होता तो गर्व करके प्रश्न करने का क्या प्रयोजन था? ऐसे समय पर कवियों का बिरदावली पढ़ना उचित है परन्तु गर्व करके प्रश्न करना कारणविशेष की सूचना देता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाराज यज्ञ करना उचित नहीं। मंत्री के ऐसे बचन सुन कर जैचंद ने चारणों को हकार कर निज बंश की बिरदावली पाठ करने को कहा। वे बोले महाराज जिस राज्यवंश ने यज्ञ न किया उन राजाओं का राज्यभोग पूरा नहीं कहा जा सकता, हे राजन्! कमधुज्ज वंश के आदि पुरुष कमधुज्ज सूर ने बड़ा भारी राजसूययज्ञ करके सूर पद पाया था। उनके बाद बाहन नरिंद हुए जिनका अंतरिक्ष में रथ चल कर स्वर्ग पर्य्यन्त पहुंचा। उनके बाद पुरूर सूर हुए जो कि एक प्रकार से चक्रवर्ती राजा हो गए हैं। उनके बाद सतसिन्धु सूर नील राज आदि नामी राजा होगए हैं। राजा नल भी आपही के पूर्व्व पुरुष हैं जिनकी नैषध चरित चरचा चतुर्दिक चल रही है। हे राजन् छओ जगत प्रसिद्ध चक्रवर्ती इसी कमधुज्ज वंश में होगए हैं, उनमें से एक राजा जीमूत बाहन हैं जिन्होंने शीश पर चक्र धारण कर संसार में अमर यश पाया। महाराज! ऐसा आपसे कौन कह सकता है कि आप यज्ञ न करें। राजसूय यज्ञ में अगनित हाथी घोड़े वस्त्र मणि मोती आदि का दान देने से अनंत पुण्य मिलता है। दानियों में राजा बलि प्रसिद्ध है जिसने शरीर भी दे डाला। अस्तु हे महाराज छिति पर के छत्रधारियों को जीत कर आप अवश्य यज्ञ कीजिए।

यह सुनकर राजा ने पुनः प्रधान को आज्ञा दी कि अब शीघ्रही यज्ञ की सामग्री प्रस्तुत कर नाना प्रकार के धार्मिक कार्य्यों के होने और षोडस दान का, उत्तम प्रबन्ध करो। इसपर सुमन्त ने पुनः उत्तर दिया कि महाराज मेरी बिनती पर ध्यान दीजिए। न अब वह समय है न अब वह अर्जुन भीम के समान बलवान और प्रतापी पुरुष हैं। कलियुग में यज्ञ नहीं हो सकता। सुमन्त का ऐसा प्रत्युत्तर सुनकर जैचन्द खिसिया कर बोला "क्या व्यर्थ बेसमझी की बातें करता है।"

मंत्री सुमंत की बातों ने जैचन्द की बुद्धि पर ऐसे असर नहीं किया जैसे भारी टोर या चट्टान पर तीर असर नहीं कर सकता। उधर तो जहां तहां यज्ञ के साज सामान दिन दूने होने लगे ब्राह्मण ने यज्ञ तिथि का सुदिन शोधा, इधर स्वामिधर्मधारी सुमन्त स्वामी की आज्ञा पालन करने के लिये मन में तरह तरह के सोच विचार और संकल्प विकल्प करता हुआ संभरीनाथ पृथ्वीराज के पास चला। बुद्धिमान सुमन्त पृथ्वीराज के बल वैभव और उसकी सामन्त मंडली के ऐक्य एवं उनकी अखण्ड बीरतामय रीति नीति से भली भांति परिचित था। इस लिये उसे बड़ा भारी विचार इस बात का था कि दोनों व्रत कैसे पलें? "सांप मरे ना लाठी टूटे।"

मंत्री सुमन्त अपने स्वामी का सच्चा शुभचिन्तक था। जैचंद और सुमन्त दोनों दो तन एक मन थे। जब सुमन्त दिल्ली पहुंचा तो पृथ्वीराज ने राज्योचित शिष्टाचार से उसका उचित आदर किया। खान, पान, वसन, सुगंध घनसारादि सब सामान सुमन्त के डेरों पर पहुंचाए गए। दिल्ली पहुंचने के छः दिन पश्चात् सुमन्त ने पृथ्वीराज के दर्बार में जाकर जैचन्द का दिया हुआ पत्र पेश किया और कहा "हे राजन् जैसे हिरण्याक्ष और दक्ष प्रजापति के यज्ञ में कुबेर पर्य्यन्त सब यक्ष, किन्नर, आदि प्रस्तुत थे वैसे ही इस समय मनुष्य मात्र जैचन्द की सेवा में अपना सौभाग्य मानते हैं, अस्तु इस समय मेरी प्रार्थना है कि जिस इन्द्रप्रस्थ के लिये पहिले बड़े बड़े गन्धर्व जूझ मरे, जिसके लिये दुर्य्योधन का निधन हुआ उस इन्द्रप्रस्थ के ममेरे का आधा हिस्सा कन्नौजराज को दे दीजिए। सुमन्त के ऐसे बचन सुनकर पृथ्वीराज ने अपने

(१) मूल प्रति में पुरूर रूर पाठ है परंतु टिप्पणी में "सूर" दिया हुआ है। कमधुज्ज वंश के आदि पुरुष का नाम कवि ने कमधुज्ज सूर लिखा है इसके पश्चात् भी अन्य राजाओं के नाम के साथ "सूर" पद है इससे मालूम होता है कि "सूर" शब्द कमधुज्ज वंश का स्वयं निर्धारित पद था. प्रायः और और इतिहासों में भी यह बात पाई जाती है कि जिस किसी प्रतापी पुरुष से वंश की ख्याति हुई उससे नामान्तक पद भी बदल गया जैसे गुप्त. पाल, चन्द, वीर सिंह. इत्यादि।

(२) तुम वंश भयौ नल राइ मंद।
नैषद्ध हार हां धन्या वधं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिन्नतन एकमन सामन्तों को बुलाकर उपरोक्त विषय पर उचित सलाह देने को कहा। पृथ्वीराज की इच्छानुसार यह गुप्त गोष्ठी देने के लिये गोइन्दराय गहलौत, सलष प्रमार, काका कन्ह, निढुर राय, गुरु राम प्रोहित, और कवि ये सात सामन्त प्रस्तुत हुए।

उक्त विषय पर विचार हो ही रहा था कि तबतक यज्ञ का निमंत्रण देने वाले दूत भी कन्नौज से आ पहुंचे। उनकी जाहिरी होते ही पृथ्वीराज ने उन्हें बुलाकर पूछा कि कहो किस अभिप्राय से आए हो? इसपर दूतों ने उत्तर दिया कि राजन् हमारे महाराज कन्नौजराज ने राजसूय यज्ञ आरम्भ किया है उनका निमंत्रण पाकर देश देश के नरेश कन्नौज नगर में आ उपस्थित हुए हैं। हम लोग आपको निमंत्रित करने आए हैं सो यह आज्ञा पत्र देखिए और कन्नौज को चलकर कन्नौजराज द्वारा नियत किए हुए अपने दरवान पद पर छड़ी लेकर काम कीजिए। यह सुनकर पृथ्वीराज तो ऐसा सन्न रहगया जैसे सांकर में फंसकर सिंह और गुरुजनों के सम्मुख सुशीला लज्जाशील स्त्री रह जाती है। परन्तु गोइन्दराय बोला "भला ऐसा कौन है जो कलियुग में यज्ञ करने का साहस करे। सतयुग में बलि ने यज्ञ किया था। त्रेता में राजा रघु ने यज्ञ किया जिसमें कुबेर उनके सहायक थे। द्वापर में युधिष्ठिर ने यज्ञ किया परन्तु श्रीकृष्ण भगवान और अर्जुन की सहायता से। ज्ञात होता है तुम्हें गर्व का अजीर्ण होगया है। तुम समझते हो संसार में क्षत्री ही शेष नहीं हैं। ऐसा न विचारो। यह बसुमती निर्बीज नहीं होती। क्या जैचन्द इस कालिन्दी कूल पर आसन्न दिल्लीपति पृथ्वीराज को नहीं जानते, जिसके रुंड पर मुंड रहते यज्ञ करने की इच्छा करना केवल कल्पना मात्र कहा जा सकता है।" इन्द्रप्रस्थपति की सभा में स्वस्वामी प्रति अपमान सूचक बचन सुनकर वे दूत वहां से उठकर ऐसे चुप चाप चल दिए जैसे पंडितों की मंडली में से मूर्ख उठ जाता है। वे लोग परस्पर इस प्रकार वार्तालाप करते हुए कन्नौज को चले "आहा! जब स्यार की मृत्यु आती है तो उसे सिंह से उलझने की सूझती है। निर्बल की मौत आती है तब वह बलवान से बैर ठानता है न जाने इन्हें क्या सूझी है जो इतने बड़े पंगराज के बल वैभव की ओर ध्यान भी नहीं देते। जहां तक अनुमान है इसका यही परिणाम होगा कि पंगराय आक्रमण कर के इनके गर्व रूपी समुद्र को अगस्त की तरह सोख लेगा और इस दिल्ली के दुर्ग पर कन्नौज राज्य का अधिकार होगा?।"

ऐसा विचारते हुए वे मलिनमन हतोत्साह कन्नौज जा पहुँचे और उन्होंने यावत् सब बीतक जैचन्द के सम्मुख वर्णन किया। दूतों के बचन सुनकर कन्नौजराज जल गया। उसने सुमन्त प्रधान को बुलाकर सब हाल कहा तब वह पुनः बोला कि श्रीमान् कलियुग में यज्ञ कार्य्य का पार होना कठिन देख पड़ता है; परन्तु जो आज्ञा हो सो शिरोधार्य्य है। सुमन्त की सलाह के अनुसार जैचन्द ने युद्ध-विद्या-विशारद बालुकाराय और मुसलमान सेना के स्वामी खुरासान खां को बुलाया और उनसे कहा कि तुम एक मात्र राज्य की रक्षा का प्रबन्ध करो। यदि मैं इसी समय चहुआन को चूर्ण करने की चेष्टा में चलता हूं तो इधर यज्ञ का समय निकल जायगा; इसलिये मुझे यह उचित जँचता है कि पृथ्वीराज की स्वर्ण प्रतिमा द्वारपाल के स्थान पर स्थापित करवा कर कार्य्य आरम्भ किया जाय। उसने अन्य कर्मचारियों को भी यथा योग्य कार्य्यों पर नियत करके मंत्री को आज्ञा दी कि पंडित बुलाए जांय और यज्ञ की तिथि और संयोगिता के स्वयम्बर का उत्तम सुदिन शोधन कराया जाय। सुमन्त ने स्वामी की इच्छानुसार सब कार्य्य सम्पादन होने का उचित प्रबन्ध कर दिया

(१) जमीन से लेकर कान पर्य्यन्त ऊंची एक लकड़ी होती है जो कि चांदी या सोने से मढ़ी होती है-यह छड़ी राजाओं के द्वारपालों का चिन्ह अथवा राजाओं का दंड स्वरूप समझी जाती है-इस समय इस छड़ी को धारण करने वाले "नकीब" कहे जाते हैं यही लोग दर्बार के समय सब दर्बारियों को यथा स्थान बैठालने और सरदारों के अलकाब आदि अलापने का कार्य्य संपादन करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और सारे नगर में भी इस बात का शोर होगया।

ये सब समाचार संयोगिता पर भी प्रगठ हुए। एक दिन संयोगिता ने अपनी सखियों से मुस्करा कर कहा "मुझे बड़ा आश्चर्य्य है कि मेरे मानसिक भाव और मेरी बुद्धि न जाने क्यों सहसा पलट गई है। यह मलयमारुत पुष्पों का पराग और कोकिलाओं का कलाप कंटक मय प्रपंच सा सूझता है। रह रह कर मन में कभी उत्कंठा और कभी शंका का आविर्भाव होता है, गुड़ियों के खेल में पाणिग्रहण के समय दिल में डाह होती है और उनके सौनारे के समय लज्जा विनय और चाह की अभिलाषा होती है—कन्नौजराज के कंचनमय महलों में मोतियों के बंदनवार ऐसे सुशोभित होते थे जैसे सुमेर के आश्रय में गंगा आ रही हो, अथवा हिमाञ्चल कण कण हो कर सूर्य्य की शरण में जा पहुंचा हो—ऐसे स्थान में विचरती हुई संयोगिता यदि कामेच्छा से रहित न होती तो हम उसे रतिरानी कहते परन्तु इस भोलेपन की सहज लुनाई पर तो स्वयं कोटि रतिरानी आरती उतारती हैं। वह जो छोटे छोटे पालित पशु शावकों को चुगाती और इठलाती हुई सखियों से बताती थी उससे यह भी भासित होता था कि उसके शरीर पर मनसिज की छाया कुछ न कुछ अवश्य पड़ गई है क्योंकि रसीली बातों को सुनकर सकुचना और दिनों दिन नजर का नीचा होना कामदेव के ही कला विस्तार की निशानी है।

संयोगिता की समवयस्का अन्यान्य राजकुमारियां कल्लोलें कर कर कलकंठ से गान करती हुई उसके मानसिक हृदयोच्छ्वास को और भी उद्दीपन करती थीं। वे अठखेलियां करती हुई संयोगिता के चिबुक को स्पर्श कर कर के कहतीं कि अब तो शीघ्रही सात आठ दिन में तेरा पाणिग्रहण होने वाला है। वे किशोर वयस्का सुन्दरी जब परस्पर हँस हँस कर ऐसी बातें करतीं तब संयोगिता कुछ अनख सी मानकर लज्जा से पलाच्छादित चक्षु करलेती थी। कोई कोई कहती, कहो तो कौन इसका बर होगा, तब दूसरी उत्तर देती कि इसके योग्य तो वही जोगिनपुरपति पृथ्वीराज ही है।

उस समय संयोगिता सिसिर और बसन्त की संधि के समान ऐन वयःसंधि अवस्था में थी उसके अंग प्रत्यगों में मधुर मधुमय माधुर्य्य छवि की आभा झलकने लगी थी उसके हृदय सरोवर में कमल कली से युग योवनाङ्कुर अङ्कुरित होने लगे और उन पर अधिक स्यामले सलोने भ्रमर विन्दु छितर छितर कर और ही छवि छटा छाने लगे थे उसपर घूंघरू स्वर तो ऐसा मालूम होता था मानों भँवरी अपने पति से कह रही हो कि हे प्राणपति उठो ऋतुराज की अवाई हुए विलंब हो चुका।

संयोगिता की अवस्था की बसंत ऋतु से पूर्णोपमा वर्णन करता हुआ कवि कहता है "उसके अरुणारे अधरही कुसुमित रसाल पल्लव थे, खंजरीकच साक्षात् मौर की मंजरी और उनपर लटकती हुई काली काली बालों की लटें अलिश्रेणी सी जान पड़ती थीं। कंठ स्वर कोकिला को मात करने वाला तो था ही। हिमन्त को हराकर बसन्त जोर पकड़ रहा था। प्रातः वायु भांति भांति के सुगंधित पुष्पों की सुवास को लूट कर संसार को सुखमय कर रही थी। बन बाग उपवन हार पहार सर्वत्र मौरे हुए आमों के मौर प्रकृति पर ढरते हुए काम के से चर ज्ञात होते थे। जहां तहां कोयल कलापती और लाल हरे पीरे पत्र अद्भुत छवि छटा छाते थे। भांति भांति के फूले हुए फूलों की कतारें साक्षात् पंचबाण के बाण सी विरही जनों के हृदय बेधने को सन्नद्ध थीं। इस सुखमय दृश्य जनित परिरंभन भाव की कृपाण तथा और भी नाना भांति के प्राकृतिक शस्त्रों से बसंत ऋतु ने शिशिर को जीत कर लाल लाल पलास पुष्पों के निशान रोपकर संसार पर अपना अधिपत्य जमा लिया। इसी समय इधर तो संयोगिता के हृदय मंदिर में कामाग्नि उदीपित हुई। उसी के स्वयंबर एवं यज्ञ के लिये सुदिन रक्खा गया और उधर पृथ्वीराज ने यज्ञ विध्वंस करने के लिये सेना सजी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जब पृथ्वीराज के दरबार में समाचार पहुंचा कि जैचन्द ने यज्ञ आरम्भ कर दिया और पृथ्वीराज की स्वर्ण प्रतिमा द्वारपाल के स्थान पर स्थापित की गई है तो सब सामन्त लोग क्रोध के मारे क्रुद्ध उठे और पृथ्वीराज से बोले कि "हे राजन्! अब जीवन की मोह छोड़ कर मरने पर कमर बाँधिए।" पृथ्वीराज बोला "मेरे रहते जैचन्द ने यज्ञ करने का साहस किया है। यदि मैं इस समय यज्ञ विध्वंस करता हूं तो देवताओं का द्वेषी होना पड़ेगा और जो प्रजा पर चढ़ाई करता हूं तो भी अभिप्राय सिद्ध होता नहीं देख पड़ता।" ऐसा विचार कर उसने कैमास सहित अन्य मुख्य सामन्तों से पूछा कि अब क्या करें तब गोइन्द राय बोला कि जैचन्द जानता है कि पृथ्वी पर पृथ्वीराज है ही नहीं, यह नहीं जानता कि यह बसुमती वसुंधरा कभी निर्बीज नहीं होती!

उस समय गुरुराम प्रोहित, जैतप्रमार, निढ़ुर राय, जामराय यादव, भौंहा चंदेल, कैमास, चंद पुंडीर और काका कन्ह ये सब हाजिर थे। कन्ह बोला "बस अब विलंब केहि काज" तुरंत सेना तय्यार करके कन्नौज को लुट पाट कर यज्ञ विध्वंस किया जाय। और भी जो जिसके जी में आया सो सब ने कह सुनाया परन्तु चन्द पुंडीर ने कहा कि कैमास से तो पूछिए क्या कहते हैं! । इस बात को सबने स्वीकार किया और सब के सब कैमास का मुँह ताकने लगे। निदान कैमास ने कहा कि कन्नौज पर चढ़ चलने से नहीं बनेगा। जैचन्द का बल बड़ा है इसलिये खोखंदपुर पर चढ़ाई करके बालुकाराय को मार लिया जाय बस फिर यज्ञ आप ही विध्वंस हो जायगा।*

इस प्रकार सलाह पक्की हो जाने पर उस समय दरबार बरखास्त हुआ। तीसरे पहर फिर से पृथ्वीराज ने कैमास को बुला कर चला चली के बारे में कुछ बातें कीं। पंडित से यात्रा के लिये सुदिन पूछा। पंडित ने कहा कि पुष्य नक्षत्र रविवार की साइत अच्छी है। निदान पंचमी रविवार के दिन दिल्ली राज्य की समस्त चतुरंगिनी सेना राजद्वार पर आ उपस्थित हुई। पृथ्वीराज ने अच्छे बलिष्ट और अच्छे अच्छे खेत के जात वाले ताजी एक एक सब सामन्तों को दिए। वे सब सामन्त उन घोड़ों पर सवार होकर सन्नद्ध हुए और पृथ्वीराज आप खुरासानी खेत के श्रृंगारपाट नाम के एक भीमकाय अश्व पर सवार हुआ। उस श्रृंगारपाट की पूछ का गुच्छा अच्छा चौर सा छहराता और चलते समय उसकी खुरी से धरती धमकती और बिजली कैसी चमचमाहट पैदा होती थी।

ज्योंही बालुकाराय का विनाश करने के लिये पृथ्वीराज ने अपने घोड़े की बाग उठाई त्यों ही बंदीजनों ने बिरदावली अलापी, जिसे सुनकर सूरों का चित्त चौगुना हो गया और कायरों का कलेजा कँप गया। पृथ्वीराज के साथी सिपाही ऐसे बलवान जवान थे कि यदि एक, हजार को पछारने की हिम्मत रखता तो दूसरा इसको दम की दम में दमन कर देता। यदि एक सौ को साफ करता तो दूसरा लाखों का मुँह मारता था। ऐसे ऐसे बीरों के बीच में स्थित पृथ्वीराज के शीश पर आच्छादित सोने का छत्र समुद्र में बड़वा नल की सी ज्वाला जान पड़ता था।

पृथ्वीराज ने प्रमुख अनी में तो निढ़ुरराय को प्रेषित किया और समस्त सेना सहित पीछे से आप चला। पृथ्वीराज के चलते समय जंगी बाजों की विषम ध्वनि से चारों ओर हलचल मच गया। इस सेना का सेनामुख कन्ह हुआ। उसके पीछे बलिभद्रराय और उसके पीछे पृथ्वीराज था। ज्यों ही इस सेना ने कन्नौजराज्य की सरहद में पैर दिया कि चारों ओर हाहाकार मच गया, जहां तहां गांव के गांव उजाड़े जाने लगे और भूमिया (जमींदार) लोग पकड़ पकड़ कर बांधे और मारे जाने लगे। चहुआन सेना के इस जघन्य आतंक और उत्पात से दुखित होकर प्रजावर्ग ने बालुकाराय के द्वारे जा

* पहिले लिखा जा चुका है कि बालुकाराय जैचन्द का भाई था अस्तु भाई के मरने पर हिन्दू शास्त्रानुसार एक साल पर्य्यन्त अशौच के कारण कोई शुभ कार्य्य नहीं हो सकता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुकार मारी । प्रजावर्ग ने बालुकाराय की पौरि पर पहुंच गुहार और दुहाई दे, ढार मार रो रो कर कहा कि हे प्रभू ! पृथ्वीराज चहुआन ने चढ़ाई करके सारे देश को उजाड़ कर रक्खा है । बड़े बड़े लखपती साहूकार लूटे जाकर लंगोटी लगाए डोलते हैं । जहां तहां गांव के गांव खड़े जला दिए जाते हैं, सो इस पृथ्वीराज के दल बल रूपी समुद्र को आप अगस्त होकर सोखिए नहीं तो हम सब लोग ढह बह जांयगे ।

यह समाचार सुनकर जैचन्द का भाई बालुकाराय ललकार कर बोला "हैं क्या हल्ला हो रहा है ऐसा कौन पुरुष है जो जैचन्द के बल वैभव को न जान कर प्रजा को सताने आया है, अच्छा मैं उसकी धृष्टता को नष्ट भ्रष्ट करता हूं।" यों कह कर बालुकाराय ने भी अपनी सेना सम्हाल कर चहुआन की चमू का मोरचा मारने के लिये कूच होने की आज्ञा दी। एक तो भाई का स्नेह, दूसरे राजाज्ञा, तीसरे अपने बान की आन मान कर प्रजा की पुकार पर बालुकाराय चहुआन पर ऐसे चढ़ चला जैसे सुन्दर सुन्दरी का मधुर कंठ स्वर सुनकर कामी के मन में कामाग्नि दमक उठती है, घोड़े के गिरते हो जैसे बन्दूक से गोलियां चलती हैं या बद्दर की गरज के साथ बिजली चमक उठती है ।

परन्तु विचार करने पर अन्त में यह निश्चय हुआ कि यहां से कूच करना उचित नहीं, शत्रु के यहां आ पहुंचने पर ही वार बचाया जाय । उधर से चहुआन सेना भी किसान की तरह स्यारी सी निराती भारी उत्पात मचाती चोप से चली आती थी। अस्तु जब चहुआन सेना चलती हुई बिलकुल बगमेल में आगई तो इधर से बालुकाराय के भी निशान उठे। यह देखकर पृथ्वीराज ने अपनी सेना को व्यूहबद्ध होने की आज्ञा दी।

"धन्य है, वीर पुरुषों के दोनों हाथ लड्डू हैं। यदि वे युद्ध में कट मरते हैं तो परलोक में उत्तम गति पाते हैं और जो जीते जागते विजयी होते हैं तो जगत में उनका यश जाहिर होता है।" दिखादाव होतेही दोनों दल एक दूसरे से भिड़ पड़े और एक दूसरे अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पकड़ पकड़ मारने पछारने और उनका उदर बिदारने लगे। इस प्रकार की भयानक रंगभूमि में अटल रूप से डटा हुआ बालुकाराय स्वयं करारे वार करता और अपने सिपाहियों से कहता था कि पंगराज की रत्नमयी भूमि को जो लुटेरे लूटने आए हैं उन्हें बड़वाग्नि बन कर भस्म करो, शरीर में चेतना शक्ति के रहते पर्य्यन्त बार बार शस्त्र प्रहार करते हुए चत्री धर्म को निबाहो। हे वीरो जैसे नवोढ़ा नारि रात्रि से और कुल कामिनी कुल विहित परिपाटी से डरती है वैसे ही चत्रियों को छल से डरना चाहिए । मंत्र और चर का चलायमान होना भला है परन्तु पर्व्वत और वीर पुरुषों को सदा अचल होना चाहिए। इस शरीर की शक्ति अंतरात्मा एवं जीव चंचल कुलटा कामिनी के समान चपल है, न जाने कब चंचला सी चमक कर चट से चल बसे; इसलिये लोह की झार में झिलकर झूठे झगड़े से मुक्ति पाना ही भला है। इस समय मुक्ति मार्ग का द्वार खुला हुआ है पंचतत्व रचित प्रपंचमय कच्चे पिंड को खंडन कर सच्चा आनन्द लेना ही सार है ।

बालुकाराय के ऐसे बचन सुनकर सैनिकों ने विचित्र कौशल दिखाया । सारी सेना ने चंद मंडल एवं नाचते हुए मोर के परों की नाईं चक्राकार हो कर चहुआन सेना को चारों ओर से घेर लिया । जोशीले जवान बढ़ बढ़ कर हाथ देते और शत्रु के सिर को भुट्टे सा काट लेते थे । जहां तहां छहराते हुए रक्त के छींटे ऐसे जान पड़ते थे मानो तेंदू(१) के कुंजों में दवार लगी हो । जिस किसी हाथी के कुंभस्थल पर हाथ बैठता तो पहाड़ी झरने की तरह रुधिर की धारा बह निकलती थी । इसी प्रकार मारामार होते हुए बालुकाराय ने पृथ्वीराज को आ दबाया परन्तु पृथ्वीराज ने बालुकाराय के हाथी को एक हाथ ऐसा मारा कि जिससे वह भहराकर गिर पड़ा बस उसी दम से बालुकाराय की सेना के

(१) तेंदू एक लकड़ी होती है जिसका ऊपर का बकला काला होता है आग लगने पर वह चिट चिटाता है और चिनगारियां उड़ती हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कदम पीछे पड़ने लगे और चहुआन सेना का बल बढ़ उठा। चहुआन सेना के हरावल में कन्ह और कैमास, दहिने गोयंदराय और बाएँ निढ्दुराय थे। उधर से बालुकाराय स्वयं अपने सिपाहियों को बाढ़ें देता हुआ बराबर आगे बढ़ने की चेष्टा करता था।

दोनों ओर के योद्धा अपने अपने ईस (स्वामी एवं महादेव) की दुहाई दे दे कर मार करते और मार मार पुकारते थे। रण वाद्यों की भीषण ध्वनि से धरती धसकती और वसु कसमस होते थे। मुंड बिन रुंड भसुंडहीन हाथी दौड़ते हुए बड़े भयानक देख पड़ते थे। कटार से पेट या पंजर आरपार होने पर कलेजा तिल्ली और फेफड़े सहित आंते निकल पड़ती थीं। छुरी बिछुआ कटार बांक वगुरदा आदि वख्तरों पर खड़ खड़ होते तो खोपड़ी पर गुरज का कड़ाका होने से टोप टूट जाता और भेजी निकल पड़ती थी, कँधे पर खड्ग का हाथ पड़ता तो हाड़ कट कर कमर तक वारापार हो जाता था। कटे हुए सिर जमीन पर पड़े पड़े फुदकते हुए विहार करते जान पड़ते थे। एक बबकारता, तो दूसरा हुंकारता था, एक ललकारता, तो दूसरा प्रचारता था, एक हाहाकार करता तो दूसरा पानी पानी पुकार भरता था। यह सब होते हुए भी बानैत वीर अपनी अपनी वान पर डटे कट कट कर पटते जाते पर हठ से हठ कर हटना हराम जानते थे। इसी बीच में कन्ह चहुआन और बालुकाराय का चौनजरा होगया और कन्ह ने बालुका का सिर काट गिराया। परन्तु उसका कमंध तलवार खींच कर कन्ह पर झपटा जिसे कन्ह ने सेल से ठेल कर अस्त्र पर से ढकेल दिया।

बालुकाराय के भूमि पर पड़तेही उधर तो उसके शीश को शिव ने रुंड माल में सादर स्थान दिया और इधर चहुआन सेना की चढ़ लगी। इस युद्ध में चहुआन सेना के सात सौ सिपाही और बहुत से रावत खेत रहे और बालुकाराय के पांच हजार योद्धा काम आए।

बालुकाराय के मारे जाने पर चहुआन सेना ने व्यूहबद्ध होकर आगे बढ़ना चाहा मगर खंधार बच्चा यानी खंधार खां ने मोरचा बाँध लिया और अब चहुआन सेना की मुसल्मानों से छिड़गई। दिन का कुछ थोड़ा सा अंश शेष था इसलिये उस दिन तो दोनों सेनाएं शान्त होगईं दूसरे दिन आधी घड़ी दिन चढ़े से फिर लोहा बजने लगा। जिस समय बहादुर योद्धा युद्ध के लिये सन्नद्ध होते हैं तब और सब देवता तो प्रसन्न होते हैं परन्तु ब्रह्मा चिंता ग्रस्त होता है हताहत होकर मरने वाले बीर उसकी सृष्टि से एक दम उठ जाते हैं और चिन्मय ब्रह्म में लवलीन होकर संसार के आवागमन से सदा के लिये मुक्त हो जाते हैं—यवनसेना के साथ कनौज राज्य की सीमान्तर्गत कुछ और भी सेना आ मिली परन्तु इन सामन्तों के साम्हने कौन ठहर सकता था। शायंकाल तक खूब मारा मार हुई। सैंकड़ों सूर वीर मारे गए। रक्त की नदी बह निकली। लोथों के अटंब लग गए और मांसाहारी जीव मांस खाकर और खून पी कर खूब अघागए। दिन भर युद्ध होते होते अंत में पंग सेना परास्त हुई और पृथ्वीराज विजयी हुआ।

सम्मुख संग्राम में शत्रु सेना को परास्त कर के पृथ्वीराज ने खोखंदपुर को लूटने के लिये बाग उठाई। उसी रात्रि को बालुकाराय की स्त्री ने स्वप्न में देखा कि उसकी सुढार मोटी जाँघें पतली और पतली सी कमर मोटी होगई हैं। नेत्र साक्षात कमल के पुष्प और केश सजीव सर्प से हो गए हैं। आगे आगे बालुकाराय और उसके पीछे आप पृथ्वीराज के भय से भाग कर पहाड़ पर चढ़ती जाती है। इतने में चारों तरफ कूह मच गई कि बीर वर बालुकाराय को मारकर पृथ्वीराज नगर लूटने के लिये चला आ रहा है। यह भयानक समाचार सुन कर नगर निवासियों के तो देवता कूच कर गए। नगर निवासिनी एवं महलों की महिलाओं का कलेजा कांप उठा और नीवी के बन्धन ढीले हो गए। बालुकाराय की स्त्री की तो यह दशा थी कि उसकी सखी सहचरी उसे हाथ पकड़ पकड़ आंसू पोंछ पोंछ बहुतेरा समझाती थीं परन्तु वह विलख विलख कर विलाप करती हुई बार बार यही कहती थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"हाय प्यारे ने विधाता को बाम करने के लिये पृथ्वीराज से शत्रुता क्यों ठानीं थी। जिस भूमि की रक्षा के लिये सहस्रों सिपाही सन्नद्ध थे जो भूमि इन्द्र की उपबन बन रही थी, जहां अनेकों प्रकार के रांग रंग मय पुष्प प्रस्फुटित होते और आनन्द के मकरन्द आच्छादित रहते थे, जहां नित नव सुख सारे के नवीन रसाल पल्लव देख पड़ते थे उस भूमि को पृथ्वीराज रूपी सुग्गों ने लूट पाट कांठ छाँट एवं कतर कर कौड़ियों का कर दिया।" इस प्रकार बालुकाराय को मार कर, खोखंदपुर को उजाड़ कर, कन्नौज राज्य की प्रजा में हाहाकार डाल कर, जैचन्द का यज्ञ बिगाड़ कर, पृथ्वीराज दिल्ली को लौट आया।

इधर बालुकाराय की स्त्री नाना प्रकार के विलाप वाक्य उच्चारण करती हुई कन्नौज जा पहुंची और जैचंद के साम्हने सब दुःख रोकर कहने लगी "हा चहुआन से वैर विसाहने में सर्वनाश हुआ।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंगयज्ञ विध्वंस समय।

[उनचासवां समय।]

माघवदि ५ से यज्ञ आरम्भ होकर त्रयोदशी तक एक सप्ताह हो चुका था। एक तो राजसूययज्ञ दूसरे संयोगिता का स्वयंवर दोनों आनन्दमय कार्य्यों के कारण समस्त कनौज नगर कुसुम सा फूल रहा था। राजमहल का तो कहना ही क्या था। प्रत्येक द्वार द्वारी महराब गोख और झरोखों पर जड़ाऊ बन्दनवार झलमला रहे थे। महल के आँगन में यज्ञ मंडप स्थापित था; जिसके खम्भे सोने से मढ़े हुए थे। ललित ललाम तरुलता आच्छादित उत्तंग मंडप पर रंग बिरंगे ध्वजा केतु और पताके फहरा रहे थे और कमलपुष्पों के लटकन और कुसुम के तोरण लटक रहे थे। ऐसे मंडप के बीच में बैठा हुआ जैचन्द अपने भाग्य को धन्य मनाता हुआ फूला अंग नहीं समाता था। कहीं कोकिल कंठी नायिकाएं मंगल गीत अलापती थीं, कहीं गवैये लोग राग रागनियों को गा रहे थे, कहीं मधुर स्वर वाले सुरीले बाजे बजते थे और कहीं धानुक मंडली भीम-स्वर बाजे बजाती थी। उस मंडप में नाना भाँति की बेल बूटेदार रोशनी हो रही थी*। और एक तरफ नाना प्रकार के नाच रंग नाटक रास इत्यादि के तमाशे भी हो रहे थे। आगन्तुक पाहुने तथा अन्य कर्मचारी गण भी यथास्थान आसीन थे। इसी समय बालुकाराय की स्त्री और उसके साथ वालों ने हाथ बाँध कर जा पुकारा।

"गंगा की गैल में मदारों के गीत" सुनकर जैचन्द ने अकुला कर पूछा, क्या है? उन्हों ने उत्तर दिया महाराज पृथ्वीराज ने सर्वनाश कर दिया!! बालुकाराय को मार दिया और खोखंदपुर को उजाड़ दिया। यह सुनते ही जैचन्द के हृदय समुद्र में क्रोध रूपी बड़वाग्नि का उफान सा आगया। वह लाल लाल आँखें कर चबड़ी बांधकर बोला "पूर्व दिशा का देवता इन्द्र है, अग्नि कोण का अग्नि, दक्षिण दिशा का यम और नैऋत का राक्षस है। पश्चिम दिशा का अधिपति वरुण और वायव्य कोण का वायु है उत्तर का कुबेर और ईशान के ईशान अर्थात् देवता हैं। आकाश में ब्रह्मा और पाताल में शेष हैं। अस्तु यदि पृथ्वीराज इनमें से किसी की भी शरण जाय पर वह जीता बचेगा नहीं। उसे अधिक गर्व हो गया है, परन्तु ईश्वर गर्व प्रहारी है। हनुमान जी को जब द्रोणागिरि के उपारने पर गर्व हुआ तो भरत जी ने बाण मार कर उनके गर्व को गिरा दिया। यदि आज अपना दल बल सज कर पृथ्वीराज को मय उसके सहायक समरसिंह सहित बांध कर न लाऊं तो मैं अपने पिता विजपाल का जाया न कहाऊं। उसने मंत्री सुमंत को आज्ञा दी कि इसी समय सेना सजी जाय और कहा, मैं इसी समय जाकर पृथ्वीराज और समर सिंह दोनों को बाँध लाकर तिल की तरह पेरूंगा, तब मेरे जी में जी आयगा।

इस समाचार के सुनते ही सर्वत्र सन्नाटा छा गया, जैचन्द की रानी जुन्हाई ने सब हाल सुना तो उसने राजा को बुलाकर कहा कि पहिले संयोगिता का स्वयम्बर कर लो फिर पृथ्वीराज को पकड़ना। इस समय स्वयम्बर के लिये सब तरह से सुपास हैं। देश देश के नरेश उपस्थित हैं। अस्तु बेटी का पाणिग्रहण कराके तब पृथ्वीराज को पकड़िए और फिर निश्चिन्तता पूर्व्वक यज्ञ कीजिए।

जैचन्द का क्रोध करना और रानी का समझाना बुझाना संयोगिता ने भी सुना इसलिये उसने अपनी धा से पूछा कि पिता जी आज किस पर कुपित हो रहे हैं? तब धा ने उत्तर दिया कि पृथ्वीराज पर, जिसने रंग में भंग कर सारा सुख सत्यानाश कर दिया। यह सुनकर संयोगिता ने

(१) बाजा बजाने वाले एक नीच जाति के लोग।

* मूल पाठ "भातस्स खेल बहु स्वेतरथ" से आतिशबाजी का भी ख्याल हो सकता है।

(१) दांतों के बीच निचले ओंठ को दबाकर कुपित होने को चबड़ा बाँधना कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गन्धर्व के बचन स्मरण करके अपने मन में निश्चय कर लिया कि इस तन पिंजर में प्राण पखेरू के रहते संभरी नाथ के सिवाय और बर को बरना स्वीकार तो न करूंगी चाहे इधर की धरती उधर हो जाय। ये सब बातें जैचन्द के कान में भी पड़ गईं, परन्तु उसकी रानी ने कहा कि लड़कों की बातों पर कान नहीं देना होता।

निदान जैचन्द की आज्ञानुसार उधर तो मंत्री सुमन्त ने सेना सज कर तय्यार की और वह सेना फुटकर होकर दिल्ली की तरफ रवाना की गई, इधर संयोगिता के स्वयम्बर का साज बाज सजा जाने लगा—उधर स्वयम्बर का समाचार पाकर संयोगिता तो बेसुध होकर धराशायी हुई और इधर पंग सेना ने दिल्ली राज्य की सीमा में पैर दिया।

इस समय के ४० से लेकर ४३ तक चार छन्दों का सिलसिला आगे के प्रस्ताव से मिलता हुआ है अस्तु हम उस शेषांश को अग्रिम प्रस्ताव के साथ संघटित करके लिखते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संयोगिता नाम प्रस्ताव ।

[पचासवां समय ।]

खोखंदपुर को उजार कर और बालुकाराय को संहार कर आने पर पृथ्वीराज ने सब सामन्तों से सलाह कर निश्चय किया कि अब यहां ठहरना उचित नहीं है। इस लिये दस सामंत तो दिल्ली की गढ़ रक्षा पर और तीन तीन प्रत्येक नाके पर छोड़ कर पृथ्वीराज शिकार के बहाने जंगल में जा पड़ा।

बालुकाराय के बध का समाचार पा कर जैचन्द ने दो गुप्तचर उसी समय दिल्ली को भेज दिए थे। उन्होंने सब भेद लेकर जैचन्द से आकर कहा कि महाराज दिल्ली में केवल दस सामन्त छोड़ कर पृथ्वीराज जंगल में शिकार खेल रहा है। असल बात तो यों है कि वह आपके डर से डर कर भागता फिरता है। इस समय फौज भेज कर उसे जंगल ही में घेर लिया जाय तो बहुतही अच्छा हो। दूतों के ये बचन जैचन्द ने प्रसन्नता पूर्व्वक स्वीकार किए और कन्ह कमधुज्ज को बुलाकर आज्ञा दी कि वह तत्तार खां की कुमक सेना लेकर पृथ्वीराज को पकड़ लावे। राजा की ऐसी आज्ञा पाकर कन्ह साठ हज़ार सेना सहित पृथ्वीराज पर चढ़ चला।

इस कन्ह की सेना के सिपाहियों ने सब हथियार छिपा कर सौदागरों का भेष धारण किया और जिस जंगल में पृथ्वीराज पड़ा हुआ था उसीके आस पास किसी गांव में वे जा टिके। शायंकाल होतेही समस्त सेना की चार तुंगें हो गईं और रात्रि भींजते ही चहुआन सेना को चारों तुंगों ने चार तरफ से घर दबाया। सबसे पहिले धावा करने वाला वाजिद खां था। उस तरफ कैमास उस दिन पहरे पर था। वाजिद ने किनारे किनारे चुपके से आकर पृथ्वीराज की सुसुप्त सेना की मार करना शुरू कर दिया। इस अनायास आपात्ति से घबड़ा कर सब हिन्दू सैनिक जिधर तिधर तीन तेरह होगए परन्तु सामन्त मंडली ने राजा को न छोड़ा। निढ़ दुरराय, पज्जूनराय, पहाड़राय तूंअर, नरसिंह दाहमा, कैमास, रामराय बड़गुज्जर आदि सामन्तों ने अतुलित पराक्रम करके राजा पृथ्वीराज को बेदाग बचा लिया और पंग सेना को हराकर हटा दिया।

यह समाचार सुनकर जैचन्द ने सुमन्त को सब फौज जुटाने की आज्ञा दी और कहा कि सब से पहिले विषम विष के मूल का ही नाश करना उचित है—कहा है—"न रहे बांस न बाजे बाँसुरी" इसपर सुमन्त विनीत भाव से बोला कि महाराज इस समय दूर दूर के सब राजा लोग उपस्थित हैं इस लिये ऐसा सु अवसर न चूककर स्वयंबर कर देना ही उचित है फिर शत्रुओं का संहार करना तो अपने वश की बात है। यह बात जैचंद को भी भा गई और उसने उसी समय रानी जुन्हाई के पास जाकर अपना अभिप्राय कह सुनाया और इस विषय में उसका भी उचित मत लिया।

जैचन्द ने रानी जुन्हाई की जबानी संयोगिता का सब हाल सुन तो लिया; परन्तु विमाता भाव के विचार से उसपर विश्वास न किया। इधर दूतियों को बुलाकर उसने आज्ञा दी कि वें संयोगिता के पास जाकर उसका मत लें और उसकी जिद छुड़ावें। जैचन्द ने जिस दूती को संयोगिता के पास प्रेषित किया था वह साम, दाम, दंड, भेद, नीति के सब अंगों में दक्ष समयानुसार बिचारमय चतुरता पूर्व्वक उचित वचन उच्चार करने वाली मनहरण मूर्ति साक्षात मेनिका के समान सुन्दर थी। हाव भाव कटाक्ष कला चातुरी और तरह वजह में तो मुनि जनों के मन को मोह लेने वाली थी। उसकी स्वाभाविक चंचलता और चातुरी मय चाल ढाल तो चतुरों के चित्त में चुभने के लिये मानो मनसिज की बंसी थी। (१) कलकंठ से मधुरस्वर उच्चारण कर अच्छे अच्छे धीरपुरुषों का धैर्य्य हरती और श्रीखंड समान मीठी मुख स्वांसा से वायु मंडल को प्रसन्नतामय कर देने

(१) मछली पकड़ने का कांटा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाली थी। और भी नाना प्रकार के फरफंद दंद फंद एवं छरछंद करके मूर्छित काम को जगाने वाली थी। मौनधारी मुनियों को हँसाना, विरम व्रतधारी जटिल योगियों का तप नसाना तो उस दूती के बाएं हाथ का खेल था। ऐसी चतुरा चरी संयोगिता के चित्त से अचल व्रत को चलायमान करने के लिये चुप चाप चलती हुई रनिवास में पहुंची।

दूती को देख कर संयोगिता ने उससे सहज स्वभाव परन्तु सादर पूछा कि मेरे पिताजी की क्या इच्छा है और तुम लोग मेरे पास क्या जुटी हो। संयोगिता के ऐसे वचन सुनकर दूती ने कहा कि आपके पिताजी ने आपके स्वयम्बर की सामग्री रची है इस समय पंगराज के दरबार में देश देश के राजा लोग हाजिर हैं उनमें से हे कुमारी! आप किस भाग्यवान के गले में जैमाल मेलेंगी?

यह सुन, संयोगिता की सेन पाकर, उसकी सखी उस सहचरी दूतिका से बोली "अरी बहन, कैसी बेसमझ बूझ की बातें करती है। मद के मतवारे को स्पर्श कर गंगा का गुण गान करना, बांझ के साम्हने पुत्र सुख को सुनाना और बहिरे के आगे ज्ञान बखान करना न जाने कौनसी बुद्धिमानी है। देखो! संयोगिता वयःप्राप्त है उससे ऐसी छिछोरी बातें न कर।" संयोगिता भी बोल उठी "जो राजा मेरे पिता का लोह खाकर उसके बँधुआ बन चुके वे मेरे बर बनने योग्य क्योंकर कहे जा सकते हैं। री सहचरी तू दासी होकर कुलीनों की लीक को क्या जाने? सुन! वे लोग जो मेरे पिता को माता पिता समान मानते हैं क्या धर्म्म के नाते मेरे भाई न हुए! या तो मेरा पाणि ग्रहण पृथ्वीराज से होगा या मैं गंगा में निमग्न हो मरूंगी।"

संयोगिता का ऐसा हाल जानकर जैचन्द का जिगर जल उठा। वह स्वतः सोचने लगा कि मैं जब बरबस अन्य बर से ब्याह दूंगा, तब क्या? परन्तु फिर कुछ सोचकर उसने संयोगिता की धा को बुला कर कहा कि तू जाकर बेटी को समझा और उसका हठ दूर कर।

जब धा संयोगिता के पास पहुंची तो संयोगिता उससे बोली, मैं तुम बड़े बूढ़ों के साम्हने कहती सकुचती हूं परन्तु कुसमय पाकर कहना पड़ता है। मैंने पृथ्वीराज से पाणिग्रहण कराना विचारा है। इसपर दाई बोली "बेटा! कैसी बौरी हुई है!! जिसके लिये माता पिता बरजते हैं, जिसके खरे खोटे की परख नहीं उससे सहसा सम्बन्ध स्वीकार करना कैसा? मेरी सीख मानो और मन में समझ लो।" यह सुनकर संयोगिता ने प्रत्युत्तर दिया "क्या कहती हो" चामीकर की चमक और चन्दन की सुगन्ध ही परख है। जिस चहुआन की चरचा चतुर्दिक चरचराटे सी चल रही है उसका परिचय क्या? यह सुन कर सहचरी बोली तू राजकुमारी है और वह लुहार कुल में उत्पन्न है सो भी तो सोच? यह सुन कर संयोगिता बोली सुन "वह वह लुहार है? जिसने होकर गढ़ खड़ा जला दिया, जिसकी तलवार ने सारा यज्ञ बिगार दिया, जिसने सांड़सी के युद्ध में भोला भीम का बध किया और और भी जहां जहां काम पड़ा तहां उसने आरनी की आग होकर शत्रु समूह को भसमही कर दिया, जिससे अजमेर में धुआं हुआ और मंडोवर में लौ लपटी, मोरारी आदि जिसकी लपट में लिपटे और रनथंभ और कालिंजर जिसकी ज्वाला से जल गए। अब उसी की चहुआन कृपान रूपी अग्नि गोरी रूपी घड़े को पका रही है*" उसकी सखी बोली कि समस्त मरहट्टे नीमच वैरागर कर्नाट कोकन आधा मालवा देश जिसने निज बाहु बल

(१) चौड़े गट्ठे सार बरगद की लकड़ी का एक टुकड़ा होता है जिसपर एक खड़ी लकड़ी मथने से आग निकलती है। पहिले समय में ऋषि लोग इसी अरनी की आग से काम लेते थे अब भी यज्ञादि के लिये अरनी से अग्नि उठाई जाती है॥

* यहां यह बात विचार करने की है कि कुंआँ या नदी से घड़े में जल भर कर आग बुझाई जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से दबालिया और शाह शहाबुद्दीन को जिसने बिन प्रयास पकड़ पकड़ कर छोड़ दिया है वही पृथ्वीराज संयोगिता का वर होने योग्य है न कि पंगराज के अनुचर अन्य राजा लोग।

संयोगिता पुनः बोली कि किसी की सिखावन या आग्रह से मैं पृथ्वीराज को कैसे भूल जाऊं ! यह कहते हुए उसकी आंखो से आंसू निकल पड़े। अपना प्रण, जैचन्द का हठ और सखी सहचरियों के समझाने बुझाने पर विचार करने से संयोगिता की जो दशा थी वह बड़ी ही बिलचण और विचारनीय थी। क्रोध के कारण उसके आरक्त नेत्रों से जो दो चार जल कण गिरे वे ऐसे भले मालूम होते थे मानों चन्द्रमा को अमृत कुंड में पखाने से उसकी कलंक कालिमा निकल पड़ी हो। संयोगिता का यह हाल देख कर सहचरी तो चुप हो गई पर संयोगिता सखियों से बोली कि मनुष्य जीवन में बात की बात ही सब कुछ है। यदि बात गई तो जीना किस काम का इस लिये तूं मुझे ऐसा उपाय बतला कि जिसमें मेरी बात न बिगड़े। यह सुन कर सखी बोली कि चढ़ती जवानी में जवान प्रीतम से मिलना ही सलाह है। जोबन की मजेज ढर जाने पर फिर संसार का सुख कहां !! यह सुन कर संयोगिता बोली चलो चुप रहो। ऐसी बातें उससे करो जो तुम्हारी बराबरी की हों, मैं तो तुम्हें तात मात समान समझ कर तुम्हारी लज्जा करती हूं और तुम ऐसी बातें करती हो। इसपर सहचरी ने उत्तर दिया कि यहां तात मात की बात नहीं है, मैं सच कहती हूं यह जवानी आम की सी मंजरी है। चित्त की चोप रूपी कोप एवं चतुरता की लहलही ललामी के बीच से उत्पन्न चढ़ती हुई जवानी पंकज के पुष्प के समान है जिस पर कंदर्प की कोमल प्रभा पड़ती और रस लोभी प्रेमियों की भौंर भीर उड़ती फिरती है। सो हे सुन्दरी बसन्त ऋतु के समान तेरी जवानी के आलम का यही समय संसार सुख के उपभोग करने का है। इस पर संयोगिता बोली यह सब कुछ है परन्तु इस शरीर में स्वांसा रहते मैं प्यारे पृथ्वीराज के सिवाय दूसरे को न बरूंगी ! न बरूंगी !! मैंने तो अपना मरना निश्चय विचार लिया है ! अब तक केवल संभरीनाथ की आशा पर स्वांसा चलती है। हिन्दू एवं हिन्दुअत्व की हद पृथ्वीराज को भूलना भला कैसे हो सकता है ? गुरुजनों के प्रत्यक्ष या परोक्ष में जो कुछ है मेरा यही प्रण है। यह सुन कर पुनः सखी बोली अरी राजकुमारी तेरे अंग अंग में अनंग की अवाई से अरविंद की सी अरुनाई आ गई है। चकवाक से योवन उठ रहे हैं और भुजंग सी वेणी लटक रही है तेरे सचक्कन सटकारे कारे कारे कच चंचरीकों की कतार को मात करते हैं, तेरे पैर के तलवों से रसालपल्लवों की सी लाली झलक मारती है। इस प्रकार तूं बसन्त की नवेली वेली बन रही है। तेरा स्वाभाविक चातुरता से मधुर वचन उच्चारण करना तो मधुर मधु से कदापि कम नहीं है। हे सुकुमारी तूं पंगराज जैचंद के घर जन्म पाकर पृथ्वीराज के घर जाना चाहती है, भला विचार तो इसमें कितनी आपत्ति और कितना खून खराबा होगा। इस पर संयोगिता ने पुनः वही बचन कहे "अरी चाहे जो हो। मुझे तो अहिर्निशि सोते जागते उठते बैठते एक मात्र प्राणेश्वर पृथ्वीराज ही प्राणाधार हैं तुम सब सखी मेरी बात गांठ बांध रक्खो कि जीती जाऊं गी तो जोगनीपति पृथ्वीराज के घर नहीं तो इस घर से मरी निकलूंगी।

संयोगिता ने जो कुछ अन्तिम उत्तर दिया वही दूती ने जैचन्द को जा सुनाया, जिसे सुन कर वह गुस्से के मारे लाल हो गया। उसने उसी समय आज्ञा दी कि उसे गंगा किनारे के महलों में रख दिया जाय वहीं से पानी में अपनी परछाईं देख देख कर रहेगी या वहीं डूब मरेगी। यह कह कर उसने उधर तो संयोगिता को सौ दासियों सहित गंगा किनारे के महलों में भेज दिया और इधर पृथ्वीराज को निर्मूल करने का उपाय रचने लगा।

गंगा किनारे के सतखंडे महलों में निवास करती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुई संयोगिता के पास सौ दासियों के सिवाय उस की पाठिका मदनिका ब्राह्मणी भी रहती थी। संयोगिता ने नए महलों में जाकर अन्न खाना छोड़ केवल पय और पानी के आधार पर रहकर योग साधना से पृथ्वीराज का ध्यान करना आरम्भ किया। ब्राह्मणी ने संयोगिता को सिखावन दी कि सुन— यह प्राण पंखी की तरह अनिश्थिर है अस्तु इसे ब्रह्मांड के कमल—चक्र के बीच में स्थिर कर पृथ्वी-राज का ध्यान कर। उस कमल चक्र के आठ दल हैं। उसका पूर्व्व दिशावाला दल स्वेत है और उस पर प्राण जाने से शान्त रस की भावना उत्पन्न होती है। आग्नेय का दल लाल और उसका गुण आ-लस्य और नींद को उपजाना है। दक्षिण दिशा का दल अग्नि शिखा के समान है और वह क्रोध का बीज है। नैऋत का दल नीला और उस पर चित्त जाने से भय का आभास होता है। पश्चिम दिशा का दल श्याम है और उससे हास्य एवं अन्य आ-नन्द प्रमोद की उपज जानो। वायव्य कोण के दल का रंग आकाश के समान है और उस पर चित्त जाने से उच्चाट चित्त एवं चिन्ता उत्पन्न होती है। उत्तर दिशा का दल पीला है और उसमें नाना भांति के भोग विलास और शृंगार बनाव की बासना बसती है। ईशान दिशा का दल गौर वर्ण है और वहां पर लज्जा और शंका की समाधि समझनी चाहिए। अस्तु इन सबको छोड़ कर इनके गोचर स्थान अर्थात् एक मध्य में ध्यान रख कर उपासना करने से सर्वसिद्धि होती है और कुत्सित प्रपंचों का सर्वनाश होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हांसीपुर प्रथम युद्ध।

(एक्यावनवां समय।)

जैचन्द की आज्ञानुसार कन्नौज राज्य की फौज दिल्लीपति को दमन करने के लिये बराबर घात में फिरा करती थी। पृथ्वीराज के यज्ञ विध्वंस करने पश्चात् कन्नौज की फौज ने दिल्ली की राज्य सीमा में उपद्रव मचाते हुए बहुत सी भूमि दबा ली और दिल्ली से केवल पांच कोस के अन्तर पर कई गांव लूट लिए। इस पर पृथ्वीराज ने सब सामन्तों से सलाह कर निश्चय किया कि दस सामन्त तो हांसीपुर में शाही सरहद की नाकेबंदी पर रक्खे जांय और दस सामन्तों सहित कैमास दिल्ली की गढ़ रक्षा पर रहे। शेष सामन्तों सहित पृथ्वीराज को शिकार के मिस जंगल पकड़ना उचित है। तदनुसार कन्ह, भीम, पुंडीर, सलखसुत, भान, जैत प्रमार, राम राय रघुवंसी, कनकराय बड़गुज्जर, देवकर्ण मोरी, बग्गरी राय, चामंड राय इन दस सामन्तों सहित कैमास को दिल्ली में छोड़ कर पृथ्वीराज मालवे की तरफ चल दिया और कन्नौज राज्य की प्रजा को लूटता मारता हुआ शिकार करने लगा।

हांसीपुर से कुछ थोड़ी दूर पर आसीपुर से शाही सरहद का सिलसिला चलता था। हांसीपुर के पहाड़ों में एक बलोच सरदार रहता था। उसने जब दश सामन्तों के सीमा पर आने का समाचार सुना तो शाह शहाबुद्दीन को लिख भेजा कि यहां हांसीपुर में हिन्दुओं का जोर बढ़ता जाता है यदि आज्ञा हो तो यहां के हम सब पहाड़ी भूमिया भूमियावट ठान दें और हांसीपुर की भूमि हाथ कर लें। बेगमों के साथ जो फौज आती है उससे तो बहुत कुछ मदत मिलेगी फिर भी यदि थोड़ी बहुत ज़रूरत पड़े तो समय पर सहायता दी जाय। जब यह पत्र शहाबुद्दीन के पास पहुंचा तो उसने इस पर अपनी सम्मति प्रकाश की परन्तु उसके मंत्री ने कहा कि इस समय जो लोग हांसीपुर में हैं उन्हें साक्षात् चहुआन का बाहुबल समझिए। इस समय पृथ्वीराज और सामन्तों की ऐसी पटती है कि कुछ कहने की नहीं। राजा प्रजा में भी बड़ा बन है इसके सिवाय हिन्दुस्तान भर में सर्वत्र इस समय चहुआन की दुहाई फिर रही है। इस लिये बेगमों को सीधे मक्के जाने दीजिए, किसी के कहे में आकर नाहक की छेड़ छाड़ न कीजिए। निदान शहाबुद्दीन की माता सात सौ बेगमों के साथ मक्के शरीफ़ को प्रस्थानित हुई, साथ में बहुत से मुसल्मान सर्दारों और सिपाहियों के साथ नुसरत्त खां प्रेषित किया गया।

इस समय हांसीपुर में नरबाहन नामक एक नागवंसी सरदार सूबेदार था। बीर नरवाहन बड़ा-ही बलवान रणकुशल और युद्ध विशारद पुरुष था। परंतु इसे पृथ्वीराज ने बड़े मान पान से दिल्ली में अपने साथ रख लिया था और हांसीपुर में पाच सामन्तों सहित चामंडराय रहता था। समय पाकर शाह के एक सेनानायक ने आसीपुर को दबा लिया था। परन्तु नरबाहन ने अपने ही बल से शाही सेना को हटा कर पुनः वहां पर अपना अधिकार जमा लिया। तब से पृथ्वीराज ने हांसीपुर की सुबेदारी का पक्का पट्टा उसी नरबाहन के नाम कर दिया था।

गजनी से शहाबुद्दीन की माता बड़े लाव लशकर की रक्षा में बहुत सा धन द्रव्य और दास दासी लेकर मक्के को रवाना हुई। जब उसकी सवारी दिल्ली राज्य की हद के पास पहुंची तो बलोच पहारी स्वयं सामन्तों के पास हांसीपुर को गया और उनसे उसने कहा कि शाही बेगमें मक्के को जा रही हैं उनके साथ में खुरसानखां स्वयं है पर जितना रास्ता आपकी सरहद में पड़ता है उसमें उनकी रक्षा का जिम्मा

(१) "हांसी पुर सामन्त सुनिय बालोच पहारी" यहां पर 'पहारी" शब्द से नाम से अभिप्राय नहीं है वरन पहारी से पहाड़ का रहने वाला बोध होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आप लोगों पर है। इस पर सब सामन्तों ने बिचारा कि बेगमों का डेरा लूट लिया जाय परन्तु रामराय रघुवंसी ने कहा कि इस समय बली पज्जूनराय तो नागौर में हैं और सब सामन्त राजा के साथ हैं इस समय ठाले बैठे, फिर भी राजा की आज्ञा बिना, वृथा उपद्रव उठाना अच्छा नहीं। इस पर और तो सब चुप रहे पर चामंडराय कब मानने वाला था उसने उलटा रामराय को मूर्ख बना दिया और सब को अपनी बातों में गांस लिया। पज्जून राय को भी इस बात की खबर लगी और उसने भी मना कर भेजा, परन्तु हांसीपुर की सामन्त मण्डली ने किसी की एक न सुनी और किले के मालिक बड़गुज्जर से पूछे बिनाही चुपचाप कूच करके बेगमों के डेरे पर डांका जा डाला।

शाही बेगमों का डेरा नदी के किनारे एक उत्तम उपबन में पड़ा हुआ था। आधी रात के ऊपर जब सामन्तों ने छाप मारा तो बेगमों के साथी सिपाही क्या पीनस लेने वाले कहार तक भाग गए बेगमों को अकेला पाकर सामन्तों ने उनकी बुरी दुर्दशा की। यहां तक कि उनके वस्त्र तक खींच लिए। उस समय वे बेगमें बोलीं अरे सामन्तो! अधर्म न करो। यद्यपि हमारे तुम्हारे भिन्न भिन्न दो दीन हैं पर दोनों का मालिक एकही खुदा है। दुनिया में खुदा से जुदा है क्या? परन्तु प्रमादी पुरुषों को भेद देख पड़ता है। ऐसा नहीं है कि तुम हमको दुःख देने से स्वर्ग पा जाओ। सुकर्म का अच्छा और कुकर्म का बुरा हिन्दू मुसल्मान दोनों दीनों को एक सा फल मिलता है। इस दुनियां में जो ओछी बुद्धि के होते हैं जिनकी रीति नीति ओछी होती है वेही लोग ओछे कहाते हैं वे जरा जरा सी बातों पर जमाने भर में टकराते हैं धक्के खाते फिरते हैं और अन्त में (संसार सागर में) तिनके की तरह उतराते हुए वह कर मरजाते हैं; परन्तु जो लोग वीर गंभीर होते हैं वे ही बड़े कहाते हैं और संसार में कमाल ऐशो अशरत और यश पाते हैं। सो हे चामण्डराय! ऐसा नीच विचार न कर कि दूसरे दीन को दुःख देने से तू सुख पा जायगा। परन्तु चामण्डराय ने एक न सुनी बेगमों के डेरे डौरे डौरे करके लूट लिए और तब वह सब सामन्तों सहित हांसीपुर को लौट आया। उधर अधमरी होकर बेगमों ने शाह के साम्हने सब दुःख रो रो कर पुकार मारी।

बेगमों ने शहाबुद्दीन से कहा "ऐ सुलतान आपको परवरदिगार ने शहंशाह का रुतबा अता फरमाया है। तुझे और तेरे ताबेदारों को माकूल मर्दुमी और कुव्वत हासिल है, मगर लानत है तेरे ताबेदारों को जो खाने के अपने और अचैने के पराए हैं, जिनको न तो नमक का ख्याल है न दीनदारी की मलाल है। हुक्मउदूल नमकहराम नौकरों का न होनाही भला है!! अफसोस जिस मालिक की आन पर नौकर जान न दे वह मालिक भी हुआ न हुआ सा है। आपके जीते जी हमारी (तुम्हारी स्त्रियों की) ऐसी बेइज्जती होना कितनी शरम की बात है।" उसकी मा भी बोली ऐ नूरचश्म लख्तेजिगर बर्खुर्दार बच्चे मैंने तुझे नौ महीने हमल में रखकर जिस तरह से परवरिश की है वो मैं ही जानती हूं—हमल के वक्त औरत को क्या तकलीफ होती है सो कोई क्या जाने, जाड़े में जाड़ों गरमी में गरमी और मौसिम वारिश में सैकड़ों फितूर बर्दाश्त करने के बाद बच्चा जना जाता है। ऐसी अजब अज़ीज़ मा सी चीज से जो औलाद नफरत करती है उसे जमीन पर क्या दोजख़ में भी जगह नहीं दी जाती। ऐसे अहसान—फरामोश मर्द का मुँह देखना भी मुनासिब नहीं है। यह कहते हुए उस वृद्धा की आंखों में आंसू भर आए। माता की ऐसी दीन हीन दशा देख कर शहाबुद्दीन से न रहा गया। उसके क्रोध से दोनों नेत्र अंगारे से लाल हो गए, होंठ फड़कने लगे और धुक धुकू धक धक धड़कने लगी। उसने उसी समय अपने सब सलाहकार मुसाहिब और मन्त्रियों को बुलाकर सैनिक साज सामान सजने की आज्ञा दी और मंत्री तत्तारखां को सहायकों के नाम परवाना भेजकर उनकी कुमक जुटाने को कहा। शाह की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसी आज्ञा होतेही बात की बात में सब सेना इकट्ठी होगई। तब तत्तार खां ने तख्त के सामने जाकर दाहने पैर के अंगूठे के बल खड़े होकर कौरनिस करके अर्ज किया कि इर्शाद बजा लाया गया। फौज हाजिर है।

शहाबुद्दीन ने अपने मुसल्मान सर्दारों को खिताब दे और सिरोपाव पहिना कर कहा कि जो हांसीपुर को लूट कर अपने कब्जे में करे वही मेरी ऐन मेहरबानी का हक़दार होगा। इस पर सब सर्दारों की एक गुप्त गोष्ठी होना निर्धारित हुआ। निदान उस मजलिस में शाह ने कहा कि दुश्मन को ज़ेर कर अम्माजान के दिल को राहत देने के लिये जो कुछ मुनासिब हो करना चाहिए। तब खुरासान खां बोला कि बुद्धिमान तत्तार खां जो कहे सो सलाह पक्की। यह सुन कर तत्तार खां बोला कि पहिले यहां से कुछ फौज भेजी जाय जो चढ़ीसवारी हांसीपुर को फतह करे और फिर बढ़ कर दिल्ली पर धावा करे। दिल्ली पर धावा होने के समय शाह का भी शामिल होना शोभा देगा। यह सुन कर शाह बोला "रे बेवकूफ तत्तार तूं क्या बकता है। मैं कई बार पकड़ा गया और तुम लोग भाग भाग आए इसी से ऐसा कहते हो। मैं अब की बार कुरान की कसम खा कर कहता हूं कि दुश्मनों को नेस्तनाबूद किए बिना न लौटूंगा। यह सुन कर तत्तारखां ने उत्तर दिया कि यह कैसा हुक्म होता है हांसी की सत्यानाशी करदूं और सामन्तों को पकड़ कर शाह सलामत के साम्हने सात सलामें कराऊं तो मेरा नाम तत्तार खां, नहीं तो नहीं!!! युद्ध में जुटने पर अपना उनका जी एक कर दूंगा। तब तक बलोच पहारी भी आ पहुंचा और उसने अर्ज किया कि हांसी की मुहिम के लिये मुझे हुक्म मिले। उसके प्रस्ताव को शाह ने प्रसन्नता पूर्व्वक स्वीकार कर लिया और उसे अपने हाथ से तलवार बँधा कर सब सेना का सिरे सरदार स्थापित किया और तत्तार खां और निसुरत्तखां को उसकी सहायता के लिये दिया। इस प्रकार शाही सेना चार तुंगों में हो कर जुमैरात (बृहस्पतिवार) को हांसीपुर पर रवाना हुई।

जब शाही फौज सिन्धु नदी को पार करके पहाड़ों की तराई में जा पहुंची, तब वहां से गुप्त चर रवाना हुए। गजनी से जो चार फौजें चली थीं वे इस प्रकार थीं। पहिली सेना का नायक बलोची पहारी था। दो सेनाएं जो कि बराबर चलती थीं उन में से एक तत्तार खां के और दूसरी खुरासान खां के ताबे थी। चौथी अनी का स्वामी शहाबुद्दीन आप था। इस समय शाही सेना के सब सिपाही और सर्दार बड़े जोश में थे। हर एक का हौसिला चढ़ा बढ़ा हुआ था। जब शाह मीर जमरोज की सरहद में आया तो वह भी आगे बढ़ कर शाह से आमिला और सेना सहित शाही लश्कर में शामिल होगया। यहां पर पहाड़ी रास्तों से रसद आदि का प्रबन्ध करके सब फौज आगे चली और शहाबुद्दीन स्वयं सब सेना का सेनानायक हुआ। यह लश्कर दिन दूने रात चौगुने पड़ाव करता हुआ हांसीपुर से दस कोस के ऊपर आगया। तब सामन्तों को खबर हुई। परन्तु समाचार पातेही चामुण्डराय ने चट से किले की मोरचे बन्दी करली। मुसल्मानी सेना का बल इस समय बढ़ा हुआ था। यवन सेना की चारों तुंगों ने किले को बीच मे देकर सब नाके बांध लिए थे किले में रसद वरदास पहुंचने के सब मौके अच्छी तरह बंद थे। यहां तक कि किले वाला कोई बाहर के किसी आदमी को सन्देसा तक न पहुँचा सकता था। मुसल्मानी सेना में इस समय हब्सी रूमी खिलची (खिलजी) इलच, खुरेस, बुखारी, सय्यद, सैलानी, सेख, चगत्ताई, पीर, तुरक, बलोच आदि भांति भांति के मुसल्मान जमा थे। एक दिन निस्तब्ध पड़े रहने पर जब सामन्तों की तरफ से कोई सीधा संदेसा न पाया तब उन्होंने व्यूह बद्ध होकर किले पर चारों ओर से आग बर्साना आरम्भ किया। किले से भी उसका जबाब दिया गया। दोनों ओर से खूब आग बरसी, पर किसी ने चिक्कस न खाई। अन्त में कुछ थोड़ासा दिन शेष रह गया और जब सामन्तों ने जान लिया कि किले में रहकर जान दे

(१) जमीन चूमकर तीन बार सलाम करने को कोरनिस कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देने के सिवाय और कोई यत्न नहीं हो सकता, तब सब ने किले से निकलकर भागना चाहा, परन्तु रामराय ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं, यद्यपि हमारा जोर कमजोर है परन्तु तारीफ इसी में है कि अब की बार फिर भी बादशाह को बांध लिया जाय। वक्त पड़ने पर हिम्मत न हारना चाहिए। लोहाना भी बोला "हां ऐसाही करो जिसमें सुकीर्ति विस्तृत हो; अपकीर्ति का काम न करना चाहिए" चामंडराय बोला माना कि शाही सेना का बल बढ़ा चढ़ा है और हमारा जोर कम है परन्तु कहा है कि 'सड़ी शिकार दाल को पड़ेगी ही'। हम लोग मार तलवारों सारी मुसल्मान सेना छिन्न भिन्न कर देंगे। इस लिये सवेरे मैदान में बढ़ कर हाथ किए जांय। उस दिन दिन के शेषांश भर युद्ध होता रहा. सायंकाल के समय दोनों सेनाएं विश्राम करती रहीं।

प्रातःकाल होतेही अचलेस खीची, गोयंदराय, महनसिंह, नरवाहन, नरसिंह समरसी, दोनों भाई महनंग मोरी, देवकर्न साँखुलासूर, भीमपुंडीर, जैतप्रमार, बग्गरी, राय, चामंड राय और सब का सर्दार रामराय रघुबंसी आदि सामंत कील कांटे से सन्नद्ध हो युद्ध में प्रवृत्त हुए। इधर से राजपूत उधर से मुसल्मान सिपाही दोनों में परस्पर मार मच उठी। दोनों दलों में खूब घमासान युद्ध हुआ, रक्त की नदी बह निकली और लोथों के ढेर लग गए। कोई कोई सूरमा पैर कट जाने पर केवल धड़ से तलवार लिए लुढ़कता फिरता ऐसा मालूम होता था मानो कोई बौना भीमकाय होकर कहर कर रहा हो। जिन के शरीर में सनाह भेद कर घाव लगे थे वे तो ऐसे मालूम होते थे मानो सफेद चद्दर पर रंगरेज ने महावर के ढारे ढरे हों इसी प्रकार मार होते होते तत्तार खां की अनी पिछल पड़ी और सामन्तों की जीत रही। इस युद्ध में शाही सेना का करीब आधा हिस्सा खेत रहा और १०० हाथी मारे गए और सामन्तों की तरफ के केवल २० सिपाही मारे गए, परन्तु शाही सेना मोरचे पर से करीब २५० कदम पीछे हट गई।

दूसरे दिन यवन सेना की ओर से आलीलखां ने अग्रसर होकर आक्रमण किया। उसने कहा कि मैं शाही सरहद का प्रकोट हूं, मेरे रहते कौन ऐसा है जो शाही जमीन पर दखल कर सके। चहुआन सेना के सामन्त तो विचारे हैं क्या चीज़! एक बार जम के भी छक्के छुड़ा दूं तो मेरा नाम।" फिर भी लोहा बजा, पहिली ही उचौनी में सामन्तों ने आलील खां को पांच डोरी पीछे हटा दिया, परन्तु उसने फिर से जोर बांध कर धावा किया और डँट कर हाथ फटकारे परन्तु अन्त को सामन्त मण्डली ने समस्त शाही सेना बिड़ार दी और हांसी का किला बेदाग बचा लिया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय हांसी युद्ध।

[बावनवां समय।]

निदान दूत ने सुल्तान शहाबुद्दीन के सम्मुख जाकर अर्ज किया कि हुजूर हिन्दुओं ने हमारी सब फौज हरा दी और सब रखत बखत लूट लिया है। यह सुनतेही शहाबुद्दीन के नेत्र आरक्त होगए। उसने दीन इसलाम के आदि पैगम्बर महम्मद साहब की दुहाई देकर जंगी तैय्यारी होने की आज्ञा दी। हुक्म होतेही रूमी, हेरवी, परेवी, भष्वर, गष्वर समरकन्दी, कासकंदी, बलोच, तकी तुर्कीं, मकराव, उजबक आदि नाना भांति के मुसल्मान सिपाही सज कर दुरुस्त होगए। इनकेसिवाय अराकान के पहाड़ी लोग भी शाही लश्कर में आजुटे। इन लोगों का रंग धूमला और सिर पर बहुत कम बाल थे। बाज बाज लोगों के तो घोड़े के से मुँह और सूप से कान थे वे प्रायः रोज दो दो दुंबे खाते थे। वे लोग मल्ल-युद्ध में तो पहाड़ के समान अटल थे ही साथ ही इसके बाण चलाने में भी विलक्षण दक्ष थे। उनके धनुष पर कई टंक की प्रत्यंचा चढ़ती और प्रत्येक सौ सौ तीर वाले दो दो तरकस कसे हुए थे। वे लोग बाण की अनी पर बाण मार कर उसे मोड़ देनेवाले थे, फिर भला उनसे आसमान में उड़ता हुआ पक्षी तो बचताही क्यों। ऐसे सिपाहियों का बड़ा भारी लश्कर जोड़कर शाह ने हांसीपुर पर आक्रमण किया। उसने उसी पहिले पड़ाव से सब सेना को आठ हिस्सों में बाँट कर आठों दिशाओं को रवाना कर दिया और केवल पचास हजार सवार और कुछ हाथियों के साथ आप स्वयं साम्हने से हांसीपुर पहुंचा।

शहाबुद्दीन ने दूत द्वारा किले में कहला भेजा कि या तो इस वक्त लोहा लो, या खिड़की के रास्ते से निकल जाओ। शाह का ऐसा सन्देसा पाकर सामन्तों ने परस्पर सलाह की, कि अब क्या करना चाहिए? इस पर किसी किसी ने कहा कि निकल चलना सलाह है। दूसरे की भूमि पर मरने में कौन सी भलाई है, सो नहीं समझ में आता। इस पर पज्जून राय कूरंभ बोला, भाइ हम अपना पराया कुछ नहीं जानते हमारा काम तो मरना मारना है! 'कल्ह नहीं तो आज ही सही,' एक न एक दिन मरना अवश्य है फिर क्यों अपकीर्ति लेकर नाम को कलंकित करें। निदान चामण्डराय, जैतसी, रामराय पज्जून, प्रसंगराय, चन्दपुराडीर, महनंग मोरी, देवराव बग्गरी आदि सामन्त लड़ने पर मुस्तैद होगए परन्तु रात्रि होते शाही सेना किले के चारों तरफ अधिक उमड़ पड़ी। यह देखकर सब सामन्तों का मत पलट गया, परन्तु एक मात्र देवराव बग्गरी ने हिम्मत न हारी। और तो सब लोग रात्रि को निकल भागे केवल बग्गरी बीर ने सारी रात भगवती के भजन में बिताई। नागौर से जो सामन्त लोग इस समय सहायतार्थ आए थे वे भी भागने में सहमत हो गए; परन्तु वे लोग बाहर थे इसलिये उन्होंने दक्षिण की तरफ से शाही सिपाहियों को काट छांट कर रास्ता साफ कर दिया जिससे किले के सामन्तों को भागने में और भी सुबीता पड़ा।

सच है, जिसके मुँह पर पानी नहीं रहता और जो मरने से डरता है वही ऐसे मौके से निकलता है। चामण्डराय, सांवलासूर, गोयन्दराय, भोंहा चन्देल आदि सब सामन्त निकल भागे परन्तु देवराव बग्गरी न निकला। इस समय जो लोग किले से निकल भागे वे वास्तव में निकलने वाले नहीं थे, परन्तु होनहार ऐसी होती है कि उस वक्त सब अक्क बक्क भूल जाती है। इसलिये किसी को कायर कहना वृथा है, क्योंकि होनहार प्रबल होती है। रामचन्द्र का स्वर्णमृग के पीछे जाना, भरत का हनुमान जी पर बाण चलाना, विक्रम का जीव रक्षा के लिये कौवे का मांस खाना, इन्द्र का अहिल्या के कारण कुरूप होना, नल का दमयन्ती को त्यागना, आदि सब घटनाओं का

(१) इस समय यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि शहाबुद्दीन कहां पर था। परन्तु अनुमान है कि वह सिन्ध पार करके वहीं पर पड़ा हुआ था क्योंकि सिन्ध नदी तक सेना आने के बाद फिर बादशाह का जिक्र नहीं किया गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूल होनी ही है। फिर किसी को क्या दोष दें!

प्रातः काल होतेही शाही सेना का आक्रमण हुआ। किले में देवराव बग्गरी के साथ कल्हन, कमधुज्ज, सांखुला सूर और अचलेस खीची ये सामन्त और भी थे। प्रातः काल होतेही तत्तार खां ने शपथ कर के कहा कि अब दम की दम में किला खाली कराकर छोड़ता हूं। यह कहकर उसने किले पर चारों तरफ से एक बारगी हल्ला बोलने की आज्ञा दी। हुक्म पातेही, मुसल्मान सिपाही चारों ओर से अल्लाह अल्लाह कहते हुए झुक पड़े और किले के ऊपर अग्नि वर्षा करने लगे। इधर से सामन्त भी वार बचाने के लिये उद्यत हुए बारह दिन पर्य्यन्त बराबर लड़ाई होती रही और देवराव बग्गरी अकेला वार बचाता रहा। जब शाह ने देखा कि इस तरह से पेश नहीं पा सकते, तब उसने समस्त सेना के दो दल कर दिए। एक दल लड़ता तो दूसरा विश्राम करता और जब वह श्रम से श्रान्त होता तो दूसरा लोह लेता। इस प्रकार से अब रात्रि दिन बराबर युद्ध जारी रहने लगा। शाही सेना के व्यूह में सब से आगे हाथी लगाए गए और तिन के पीछे पैदल दल चला। होते होते किले के एक हजार सिपाही सांखुला सूर और अल्हन कुमार इन सामन्तों के मारे जाने पर शाही सेना किले में घुस पड़ी, तब शेष सिपाहियों सहित बग्गरी राव तलवार से युद्ध करने लगा। तलवार के युद्ध में तो राजपूत वीर एकही थे। उन्होंने मुसल्मान सिपाहियों को काट काट कर ग्रंटव लगा दिए। इधर से ये उधर से वे, जब दोनों एक साथ एक दूसरे पर वार करते तो दोनों गले मिले से रह जाते थे, मानो दोनों ने एक दूसरे की वीरता का पूरा परिचय पाकर भुज-भर भेंट की हो। गीध और चील्ह बड़े बड़े मांस के लोथड़ों को उठा करके आसमान में ले जाते और वहां परस्पर लड़े मरते थे। जवानों के सहजोर वज्र से सीने पर कटार क्या लगती थी मानों प्राण पखेरू के लिये माया मोह मय पिंजर से निकल जाने के लिये स्वर्ग का रास्ता बनाया जाता था। इसी मारा मार में जब देवराव बग्गरी मारा गया तो अप्सराएं स्थंभित होगईं और सूर्य्य के रथ का चक्का अचल होगया। देवांगनाएँ सोचती ही रहगईं और शिवजी ने उसका मुंड रुण्डमाल में पोह लिया। देवराव बग्गरी के शरीर में जब तलवार के चँव्वा-लीस गहरे घाव लग चुके और शरीर से शीस भी अलग जा छटका तब रुण्ड ने कटार से वार किए और तिल तिल होकर मरते तक शत्रु सेना के सहस्रों सिपाही मार दिए। इस प्रकार से भूनिंगराय का पुत्र बग्गरी राय स्वर्गबासी हुआ और उसके साथी भी रानिंग राव दोनों भाई, मोरी सर्दार, सांखला सूर, नाराइन, पज्जूनराय का पुत्र पंचाइन, रघुबंसराय, आदि सब लोग मारे गए। धन्य है वीर बग्गरी को! जैसी करनी उसने की वैसी न तो पहिले किसी ने की थी न अब कोई करेगा। यदि कोई वैसा हो तो कर दिखावे। आलीलखां ने किले पर शाही निशान रोप दिया। केवल सौ राजपूत सिपाही बचे थे सो वे दिल्ली को चल दिए।

चन्द बरदाई कहता है इधर तो यह हाल हो रहा था, उधर एक दिन राजा पृथ्वीराज ने स्वप्न में देखा कि हांसीपुर की भूमि धवल वस्त्र धारण किए हुए उसके पास आई और बोली कि आज दो दिन से मेरे किले पर बराबर गोला गोली चल रहे हैं। आक्रमण कर्ताओं के आतंक में आकर सामन्तों ने भी किला छोड़ दिया, परन्तु मैं न भागी। इस पर पृथ्वीराज ने पूछा कि तूं तब भी क्यों न भागी। उसने उत्तर दिया कि वह सामंत जिसकी मैं बांह बसी थी स्त्री की तरह भाग निकला; परन्तु सांखुला सूर और देव-राव बग्गरी ने यही कहा कि जिसे जाना हो जाओ, हम तो जीते जी राजपूत बाने की लाज न जाने देंगे। बस मैं उन्हीं दोनों की आंखें देख रही थी। परन्तु जब वे भी समाप्त होगए तब म्लेच्छों ने मुझे अपना लिया। इस बीतक की बात विचार कर चहुआन के चित्त की विचित्र दशा होगई। स्वामिधर्मी सामन्तों की मृत्यु पर तो वह पश्चाताप करता और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भुक्त भूमि का जाना जानकर क्रोध की ज्वाला में जल जाता था ; परन्तु भागतों के हावभाव का आभास होतेही उसे हँसी आता थी । उसने उसी समय सामन्त-शिरोमणि कैमास को बुलाकर कहा "इस समय हांसीपुर की भूमि शत्रुओं से ऐसी नठी हुई है जैसे बावली * के वक्त हाथी, सोच के सबब से स्नेह, और अच्छे गुणी के संमुख अनूठी विद्याएं नठ जाती हैं इसलिये कुछ ऐसी सलाह विचारो जिसमें हांसी का उद्धार हो। तब कैमास ने उत्तर दिया कि इससे तो ऐसा मालूम होता है कि यह कोई दैवगति है, क्योंकि ये सामन्त सहजही भागने वाले नहीं हैं ! कैमास ने कहा कि महाराज इस समय रावल समरसीजी के पास सहायतार्थ सन्देसा भेजना उचित है, उनके आजुड़ने से सहजही काम बन जायगा । तदनुसार एक दूत चित्तौर को भेजा गया । उस दूत के मुख से ऐसे समाचार सुनते ही समरसीजी हांसीपुर को चलदिए।

तबतक हांसीपुर से भागे हुए सामन्त लोग भी दिल्ली आ पहुंचे । उन्हे पृथ्वीराज ने अपने पास बुलाया और सब से सादर गले मिल कर कहा "भाइ ! हमारा तो बल भरोसा सब आपही लोग हो । बीती बात का विचार न करो, ईश्वरेच्छा से जो होनी थी सो हुई ।" तब वे सामंत बोले अन्नदाता बात तो यों है कि जिस राजपूत के जीते जी जबर्दस्ती जमीन जीत ली जाय उसका जीवित रहना भी मरे के समान है । इस पर पृथ्वीराज बोला इस से क्या ? 'समय करे सो कोई न करे,' एक समय सुग्रीव स्त्री की रचा न कर सका, अर्जुन के साम्हने द्रोपदी का चीर खींचा गया, श्रीकृष्ण कालयवन के साम्हने से भाग निकले, और पांडवों को बनवास भोगना पड़ा । सुनो हे सामन्तो तुम लोग अजेय और सहजोर हो, इस लिये ऐसा करो जिसमें बात रहे । यह सुनते ही सामन्त लोग लाल लाल आंखें करके बोले तो बस "अब विलंब केहि काज" कूच कीजिए और चढ़ी सवारी धर लीजिए । निदान पेशखेमा लेकर प्रधान और खवास तो उसी दम रवाना किए गए और पंचमी को सामन्त मंडली सहित पृथ्वीराज ने कूचकिया।पृथ्वीराज धनुष बाण बांधे हुए भारथ के दल में पारथ सा सोहता था।उसके रतनारे नेत्रों में त्रिनेत्र का सा तेज देख पड़ता था और उसकी भौंहों को स्पर्श करती हुई बड़ी बड़ी मूंछें इन्दु की सी कलाएँ जान पड़ती थीं । सेना समूह के बीच स्थित संभरी नाथ तरैयों के बीच पूनों कैसा चंदा देदीप्यमान होता था । उसके साथी सूर वीर सिपाही अंग अंग अस्त्र शस्त्रों से मुसज्जित थे, उसके लश्कर के हाथी साक्षात् कज्जल गिरि से और उनके गंडस्थलों से झर हुए मद पनार पावस के झरने से जान पड़ते थे । रणवाद्यों का बाजा बद्दर की गरज से कम न था । कहीं जांगड़ा कालिगड़ा अलापते, कहीं नकीब पदवी कलापते, कहीं बंदी विरद गाते और कहीं कवि कवित्त सुनाते हुए ऐसे मालूम होते थे जैसे पावस में मोर और पपीहादि पक्षी बोल रहे हों । घुड़ सवारों के नेजों की अनी इतनी घनी थी कि बीच से परेवा पर भी नहीं मार सकता था । कोई कहां तक कहे उस चहुआन सेना के आतंक से दसों दिग्पाल सशंकित हो उठे और कमठ की पीठ सटपटा उठी ।

खबर पाते ही रावल जी तो पृथ्वीराज से ही पाहिले चल चुके थे अस्तु वे दिन दूने रात चौगुने पड़ाव ते करते हुए चार पांच नौ दिन में हांसीपुर जा पहुंचे। साथ में उनके भाई अमर सिंह जी भी थे। जब ततार खां ने रावलजी के आने का समाचार सुना तब मारे खुशी के फूल उठा । रावल समरसिंह जी तत्तार खां को बहुत खटकते थे अतः उन्हें अकेला पाकर तत्तार की छाती फूल उठी । उसने खुरासान खां की अनी को हरावल में करके तुरन्त ही रावल जी पर हल्ला

---

(१) यह शब्द कवि ने नहीं लिखा है ।

* मतवारा हाथी मैदान में छोड़ दिया जाता है चारों ओर से सवार और सांटमार लोग उसे घेरते हैं वे लोग उसे चारों तरफ से मारते हैं और वह उनपर झपटें करता है इसी खेल का नाम बावली है कहीं कहीं रमना भी बोलते हैं रियासतों में यह खेल अब भी देखने में आता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोल दिया। इधर से नाहरराय और अमरसिंह जी ने हरावल का मोरचा लिया। उधर से मुसल्मान सेना ने बिसमिल्ला बोला और इधर से अमरसिंह जी ने जै एक लिंगजी कह कर गँटा[1] उठाया। बाग बतलाते ही घोड़ा क्या कंस के सिर का वज्र, आसमान का चील्ह या चिड़िया के सिर पर का बाज हो गया। साथही इसके अमरसिंह की चपला सी चंचल तलवार भी मीर बन्दों को मार मार गिराने लगी। सिपाही सिपाही और सर्दार सर्दार की भी परस्पर ऐसी ठनी कि घना घनी की मार में परस्पर लोहे की झार से झरती हुई अग्नि बुन्द बर्षा की बहार बतलाती थी। राजपूत सेना ने यवन अनी को आध कोस पछेल दिया। इसी तरह ठेलमेठल रेलापेल युद्ध होते होते अमरसिंह जी की खुरासान खां से ठन गई। बड़ी देर तक दोनों की बराबरी होती रही अन्त में खुरासान खां के एक हाथ में अमरसिंह जी दो होगए। अमरसिंहजी तो इस असार संसार से चलकर अमरपुरी में जा बसे और यहां कसामसे की रमा मच उठी।

भाई का पतन होते देख रावलजी के क्रोध का ठिकाना न रहा। उन्होंने ऐसी मार की कि सारी यवन सेना चणमात्र में जिधर तिधर तीन तेरह हो उठी। संघटित शत्रु सेना को काटते छाँटते हुए रावलजी ने अपने भाई के मारिया खुरासान खां को भी मारलिया। खुरासान खां को खपता हुआ देख, तत्तार खां ने तैश में आकर अपने घोड़े को एड़ लगाई और सिपाहियों को ललकारता, तलवार फटकारता हुआ वह आगे बढ़ा। उसके साथ में पांच सौ तातारी जवान भी तेगा चलाते हुए अग्रसर हुए। इस अवसर पर राजपूत सेना में से पचीस कबन्ध खड़े हुए। समरसिंह इस समय अपनी सेना के बीच में थे। मुसल्मान सेना का ऐसा जोर बढ़ा कि जिसे देख कर समरसिंह जी भी मैदान में आ खड़े हुए। उस समय हिन्दू मुसल्मान दोनों दलों में ऐसी मार मची कि आकाश से देखती हुई अप्सराएँ पुष्प वृष्टि करतीं और भूत बेताल ताली दे दे कर नाचते गाते नहीं सिहाते थे। समरसिंह जी की सेना के सुबह से दो पहर तक केवल १७ सर्दार खेत रहे थे कि तब तक पृथ्वीराज भी आपहुंचा। पृथ्वीराज के पहुंचतेही हिन्दू सेना का बल बढ़गया। इधर से राजपूत सिपाही लम्बे हाथ देते शत्रु सेना में पिलते जाते थे उधर से मुसल्मान भी पीछे को पैर देना हराम समझते थे। इस ठसाठसी में घोड़ों की ऐंठदार गरदन नवोढ़ा के घूंघट को मात करती थी। बानैत बीर अपनी अपनी पैंज पर ऐसे अटल थे जैसे पनिहारी सदा अपने सिर पर के घड़े पर सुरत रखती है। ऐसे बीर पुरुषों के कट मरने पर उनकी आत्मा चिन्मय ज्योति में इस प्रकार से तन्मय हो जाती है जैसे दिये के बुझने पर उसकी ज्योति का पता नहीं पड़ता। जब कभी टोप फट जाने पर खोपड़ी निकल पड़ती तो ऐसा मालूम पड़ता मानो चन्द्रमा का पेट फाड़ कर राहु निकल पड़ा हो। बख्तर पर खाली हाथ पड़ जाने से धार झरे हुए दुधारे केतकी के पुष्प की पखुरी से नजर आते थे। परन्तु इस समय कायरों की बुरी दशा थी। वे बिचारे दूसरों को मरता देख आप हाथ मोड़ते हाय हाय करते और झमा खाकर गिर गिर पड़ते थे।

रावल समरसिंह जी के भाई अमर सिंह जी और उनके खवास दोनों को गहरा घाव लगा था। अमरसिंहजी अब तक जीते थे परन्तु सायंकाल होते होते वे चल बसे। और स्वामि सेवी खवास जो अब तक उन्हें कौवे गीधों से बचाए हुए था सो भी निपटा। रावल समरसिंह जी की सेना तो पहलेही से लड़ रही थी इसी पर सामन्त सेना के आजाने पर हिन्दू दल की पट लगी। पाहिले तो दोनों दलों ने एक में मिलकर मुसल्मान सेना का मुंह मोड़ दिया परन्तु मौका पाकर फिर दोनों दल अलग अलग हो गए और उन्होंने यवन सेना को बीच में दे लिया। इतने में सन्ध्या हो गई और दोनों अमित

[१] "गटा" घोड़े की बाग के उस हिस्से को कहते हैं जहां पर सवार पकड़ता है। उसी के इशारे से घोड़ा चलता, खड़ा होता और लौट फेर करता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेनाएं विश्राम करने में तत्पर हुईं। इस युद्ध में तत्तार खां घायल हुआ. खुरासान खेत रहा, छओं भाई हब्सी,बलोच पहारी, महनंसिय मेर आदि साठ सर्दार मारे पड़े। याकूब खां, मारूफ खां, खूब खां, और तत्तार खां आदि सरदारों ने बड़ी बीरता से युद्ध किया। राजपूत सेना में से महनंगराय भट्टी ने विलक्षण बीरता दिखाई।

प्रातः काल प्रभाकर की प्रभा का आभास होंतेही प्रत्येक कर्म्म का मानो पुनः संस्कार होता है। चोर चुपके से चल देते हैं, चकवा चकवी से मिलते हैं, तरुलता पल्लव प्रफुलित हो उठते हैं, जहां तहां भ्रमर भन्नाते हुए भ्रमण करने लग जाते हैं, सौरभित समीर सञ्चालित होती है, और उड़गन अदृष्ट हो जाते हैं। इसी प्रकार और भी जानो। भास्कर भगवान की किरणों की प्रभा पाकर कमलकली तो मानो सहस्र मुख से मुस्करा उठती है। पूर्व्व दिशा में लालिमा की झलक पड़तेही संसार के कालिमामय कर्म तड़ाक से कुंठित हो जाते हैं। देवालयों में आनन्द ध्वनि होने लगती है और पण्डित सुन्दर सीतल जल से स्नान कर पाठ पूजन करने लग जाते हैं इस प्रकार जगत के जाल रूपी तिमिर को तोड़कर एक चक्के के रथ पर सारी पृथ्वी की परिक्रमा करनेवाले जगत के जीवधारी मात्र के प्राणाधार सूर्य्य देव सब का शुभ करते हैं।

ऐसे सूर्य्य भगावन का उदय होते ही दोनों दल पुनः युद्ध के लिये सन्नद्ध होकर रणक्षेत्र में आ उपस्थित हुए। उस समय सेना के बीच में स्थित पृथ्वीराज के मुख पर मध्यान्ह के सूर्य्य की सी प्रभा भासित होती थी। उसके साथी राजपूत वीर भी आतंक में आकर नाना प्रकार के हुंकार धुंकार के शब्द करते हुए कोलाहल मचा रहे थे और क्रोध के मारे उनके नेत्र अंगारे से आरक्त हो रहे थे। इशारा होते ही दोनों दल के असवार पैदल सब लोह की लपट से लपटने के लिये लपक पड़े। सब से पहिले पृथ्वीराज ने ही यवन हरावल के एक हाथी के कुंभस्थल को कृपाण से काट दिया। उस समय ऐसा भाव भासित होता था मानो मेघों के बीच बिजली समा गई हो और रक्त के साथ घाव से निकलती हुई तलवार तो कज्जल गिरि से गिरती हुई त्रिवेणी की सी धारा भान होती थी। इस समय पृथ्वीराज भारथ में पारथ सा सुशोभित होता था, और उसका सखा भीमकाय चामंडराय भी भीम से कम न था। उधर से मुसल्मान लोग भी रात्रि भर मंत्र सलाह करके और प्रातः काल से कुरान और सीपारे पढ़ कर आए थे। अस्तु दोनों दलों में ऐसी घली कि जैसी कभी किसी ने देखी क्या सुनी भी न होगी। फिर किसी कवि की क्या मजाल है जो उसका यावत् वर्णन कर सके। बानों की सरसराहट गोलियों की झरझराहट और तलवारों की झनझनाहट एवं खटखटाहट के कारण अपना स्वर आप को सुनाई नहीं देता था। जहां तहां चमचमाती हुई उज्वल तलवारें ऐसी मालूम होती थीं मानों बिजली ने हजार कला होकर दर्शन दिया हो। यदि एक एक हाथ हाथी का किलाया काट देता, तो दूसरा दूसरों से दांत उखाड़ लेता था। मुसल्मान लोग जुदे पटैती के हाथ फेरते हुए शत्रुओं के शीस कलमों से उतार लेते थे। इस युद्ध में इतना रक्त प्रवाह हुआ कि शेष नाग का सिर भीग गया। कमठ सटपटा उठा और दसों दिशाओं के दिगपाल दहल उठे। देवता लोग दांतों उँगली देकर रह गए। इस प्रकार से समस्त दिन संग्राम होते होते अन्त में राजपूतों की जीत रही और यवन अनी परास्त होकर पीछे हट गई। मुसल्मानी सेना के खुरासान खां, रूपराय हिन्दू और भीमसिंह ये तीन भारी सर्दार मारे गए—चाहुआन सेना में से बलिभद्र भट्टी, जंगली राव, किल्हन राय और बनबीर ये योद्धा खेत रहे और हुसैन खां का पुत्र बहुत घायल हुआ। इसीपर मुसल्मानी सेना धर भागी और तत्तारखां तो ऐसा तीन तेरह हुआ कि फिर उसका पता भी न पड़ा। खेत साफ कराए जाने पर सब तेरह सामन्त अशक्त घायल पाए गए। हांसीपुर का पहिला पतिकदार नबराहन गौर मृतप्राय पाया गया। प्रताप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिंह, सागर सिंह, मानसिंह चन्देल, महनंगमोरी, पूरनराय प्रमार, केसरी सिंह, नाहरराय कन्ह का पुत्र, रघुवंसचंद चंदेल, नरसिंह का पुत्र हरसिंह और मल्हनराय, इस युद्ध में सब इतने राजपूत मारे गए। किले पर राजपूती निशान रोप दिया गया। घायलों को लाकर उनकी मल्हम पट्टी का प्रबंध किया गया और पृथ्वीराज और समरसिंह सब सेना सहित हांसीपुर में रहे।

इस प्रकार से हांसीपुर के युद्ध में शत्रुओं को संहार कर तत्तार के मुंह का पानी उतार और गई भूमि को अपनाकर पृथ्वीराज समरसी जी सहित दिल्ली को वापिस आए। वहां पांच दिन पर्य्यन्त रावलजी की सब भांति से उचित महिमानदारी कर के उन्हें सादर चित्तौर को बिदा किया गया और पृथ्वीराज आप अपनी राजसी का स्वच्छन्द आनन्द उपभोग करने लगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना ।

—o—

निम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं ।

	मूल्य	डांकव्यय
मलिक मुहम्मद की अखरावट	।=)	)॥
कविवर बिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित)	=)	)॥
हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
समालोचना (पण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	=)	)॥
समालोचनादर्श-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित) ...	≡)	)॥
कर्तव्याकर्तव्यशास्त्र-(पण्डित नारायण पांडे रचित) ...	॥)	-)
विसूचिका चिकित्सा	।)	)॥
हरिश्चन्द्र-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	=)	)॥
भगवद्गीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित) ...	।-)	)॥
उथेलो-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
नागरीप्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) ११ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
हिन्दी लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
ध्रुवदास की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
सदलमिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
सूदन कवि का सुजानचरित्र	२)	=)
लाल कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
नन्ददास की रासपञ्चाध्यायी	।=)	)॥
प्राचीन-लेख-मणि-माला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दर दास लिखित) ...	१)	-)
अशोक का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
नेपाल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित)	।-)	)॥
पृथ्वीराजरासो-पहिला भाग (समय १-११)	४)	।)
,, दूसरा-तीसरा भाग (समय १२-५४)	१०)	॥)
कुमारसम्भवसार (पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित) ...	≡)	)॥
श्रीधर का जंगनामा	।॥)	-)
धम्मपद (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के पुस्तकालय की सूची	=)	)॥
मनोविज्ञान (पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित)	॥)	-)
चन्द्रशेखर का हम्मीर हठ	॥)	)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
दादूदयाल की बानी ...	१।।।)	=)
कवि नूरमुहम्मद की इन्द्रावती १ भाग	१।।)	=)
यूरोपीय दर्शन (पण्डित रामावतार पांडेय लिखित)	।।।)	-)
प्रबोधचन्द्रिका	।।)	-)
विरहलीला—आनन्दघन कृत	=)	)॥
दादूदयाल का सबद	१।)	=)
जोधराज का हम्मीररासो	२)	≡)
सरल व्यायाम (बाबू कालिदास लिखित)	।=)	-)
वनिताविनोद	१)	=)
नवीन दृष्टि में प्रवीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरु गीता	।)	)॥
रामचरितमानस	८)	।।।)

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ७ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें आधे मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं । अन्तिम पुस्तक का मूल्य सभासदों के लिये ६॥) रु० है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-14

THE PRITHVÍṚÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI,

EDITED

BY

Mohanlal Vishnulal Pandia, & Syam Sundar Das, B. A

WITH THE ASSISTANCE OF KUNWAR KANHIYA JU.

CANTOS LVIII to LXI.



महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या और श्यामसुन्दरदास बी. ए. ने

कुँअर कन्हैया जू की सहायता

से

सम्पादित किया।

पर्व्व ५८ से ६१ तक।

PRINTED BY THAKUR DAS, MANAGER AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE NAGARI PRACHARINI SABHA, BENARES.

1908.

मूल्य १।) Issued 15th July 1908. [Price Re. 1/4.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् *

प[illegible]क की संख्या.................. २२/९४२

[illegible]तकालय-पञ्जिका-संख्या........ १४३९८

पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियां लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकता। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

—:o:—

(५८)	दुर्गा केदार समय	पृष्ठ	१५५४	से	१५५१ तक
(५९)	दिल्ली वर्णन	,,	१५५३	,,	१५६४ ,,
(६०)	जंगम कथा	,,	१५६६	,,	१५७५ ,,
(६१)	कनवज्ज समय (अपूर्ण)	,,	१५७७	,,	१६७२ ,,
	रासोसार	,,	१९९	,,	२३० ,,

———o———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सि पटापेलय सेल [1]मेलय सूर तुट्टहि सुभ्भरं । छं० ॥ २३० ॥
परि सीस हक्कहि धर हहक्कहि अंत पाइ अलुभ्भरं ।
उठि उट्ठि क्कसि केम उक्कसि सांइ सुष्यल [2]जुभ्भरं ॥
एकेक चंपहि पीठ नंषहि धरनि धर परिपूरयं ॥
हक्कियं सु वेगं अलिय महमद करिय द्रग्ग करूरयं ॥ छं० ॥ २३१ ॥
सम चले गज्जह देषि रज्जह जीह हनि हनि जंपियं ॥
आवंत दून मसंद राजह देषि चच्चर-चंपियं ॥
हनि संग जरह प्रान पूरह दो कलेवर गोद्दयं ॥
बिद्धवि राजह परे गाजह संगि एक परोइयं ॥ छं० ॥ २३२ ॥
रस रुद्र बीर भयान मच्चिय काल नच्चिय नोदयं ॥
हक्कीय राउ दुअप्प सुभ्भर बीर बीरह मोदयं ॥
हँकि सूर नंत गयन्न लग्गिय बाह चंपिय आवधं ॥
ढिलि असु सयंन पिंड पंचह चंपि जंपिय सावधं ॥ छं० ॥ २३३ ॥
जामेक जुद्धअरुद्ध लग्गिय बीर जंपिय बीरयं ॥
सिद्धीय सिद्ध संत रासह ग्रध स्रोनह सीरयं ॥
.... ॥
.... ॥ छं० ॥ २३४ ॥

बरनी युद्ध वर्णन ।

कवित्त ॥ हय गय हय हय अरय । रथ्थ नर नर सों लग्गा ॥
हय सों हय रायल सु । पाय करि सों करि भग्गा ॥
ईस आन बरबवै । सूर सूरन हक्कारिय ॥
सार धार भिंरै । प्रहार बीरा रस धारिय ॥
घरि एक भयाक रुद्र हुअ । सीस माल गंठी सु कर ॥
कविचंद दंद अ दल भयौ । मुगति मग्ग षुल्ले बिदर ॥ छं० ॥ २३५ ॥

वहाना का फुर्तीलापन ।

टक ॥ सीतं [3]गोप रत भीतय बरं नर जोति दिष्षी गुरं ॥
रंभं रंभ सुरथ्थ च अमृतं आलंब वाहं बरं ॥

(१) ए. कृ. को.-सेल । (२) ए. कृ. को.-जुध्धरं । (३) ए. कृ. को.-तोप ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिष्टी दिष्टि विभारथोवि सरसा भारथ्य बिय बुद्दयं ॥
गोरी सा सुरतान रुक्कति तयं आजानबाहं बरं ॥ छं० ॥ २३६ ॥

लोहाना और पहाड़राय का शाह पर आक्रमण करना और यवन सेना का उन्हें रोकना।

दूहा ॥ लोहानो आजान वर। लोहा लंगरि राव ॥
कढ्ढि लंबी तेग वर। साह सनंमुष धाव ॥ छं० ॥ २३७ ॥
सज्जि [1]सेन तूंअर सुभर। [2]वढ्ढिय हय चढ़ि षेत ॥
समुह साहि दिष्यौ सु द्रग। बंध्यौ बंधन नेत ॥ छं० ॥ २३८ ॥

नराच ॥ सु दिट्ठि दिष्षि फौजयं, पहार साहि सम्मयं।
चव्यो सु राव स्रूर मंत, दिष्षि सम्म रम्मयं ॥
बचे सु राम बीर बीचि, साजि गाज उट्टए।
कढ़े सु सस्त्र सारि झारि, मीर सीस तुट्टए ॥ छं० ॥ २३९ ॥
मिली दु फौज हक्कि धक्कि, अन्य अन्य आवधं।
जयं सु अप्प बंछि बंधि, वीर संधि सावधं ॥
तुटे सु षग्ग भग्ग भार, दंत उड्डि दामिनी।
बरंत स्रूर मीर धीर, काम [3]बंछि कामिनी ॥ छं० ॥ २४० ॥
बरंति स्रूर अच्छरी, सु देह रोहि रथ्थयं।
ग्रहंत अग्नि एक पंति, उर्द्ध जात तथ्थयं ॥
मच्यो करार धार मार, सार सार धारयं।
परंत एक तुट्टि तेग, उट्टि झार मारयं ॥ छं० ॥ २४१ ॥
करें किलक्क बीर हक्क, सद्दि कंठ पूरयं।
रमंत रासि भीर भासि, नंदि नंचि नूरयं ॥
तुटंत सीस रोम रीस हक्कयं धरप्परं।
.... ॥ छं० २४२ ॥
नचै कमंध तुट्टि रंध [4]भभ्भि रंत संभरं।
अलुझ्झि कंठ कंठ एक तुट्टि तेग दुभ्भरं ॥

(१) ए.-फौज। (२) ए. कृ. को.ठ्ठिय।
(३) ए. कृ. को.-वंधि, वंदि। (४) ए. कृ. को.-।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहंत सार बार पार ता रुरंत अंतरं।
ग्रहंत दंत दंत एक कंठ कंठ संतरं ॥ छं० ॥ २४३ ॥
झटा सु हाक झाक धाक साल सेल संमुहं।
करंत घाव जंम (१)डाव घाव घाव रंमहं ॥
हुअंत षंड षंड घाउ सुन्नरं बगत्तरं ॥
परंत बाजि षंड भाजि सुंडरं सु पष्षरं ॥ छं० ॥ २४४ ॥
झरंत मत्त सुंड दंत षंड षंड चिक्करं।
ठिले सु मीर एक धीर नट्ठि षेत निक्करं ॥
चली सु फौज लष्षि साहि रोहि गज्ज सज्जियं ॥
हकारि मीर बब्बकारि षग्ग धारि गज्जयं ॥ छं० ॥ २४५ ॥

क्षत्रिय वीरों का तेज और शाह के वीरों का धैर्य्य से युद्ध करना।

कवित्त ॥ बीर बीर घुट्टए। बीर बीरह आहट्टे ॥
सार धार बज्जे प्रहार। मद ज्यों दुअ जुट्टे ॥
रन हक्कारें राव। सिंघ पर एन सु छुट्टे ॥
वर उतंग भर सुभर। अप्प पर अनत न छुट्टे ॥
बर बीर साहि दिष्षौ निजरि। सां घुल्लै कुल चाढ़ि सहु ॥
जाने कि काल जीहा उक्कसि। उद्दिग बाह (२)पगार बहु ॥
छं० ॥ २४६ ॥

दूहा ॥ हय गय रथ्थ अरथ्थ हुअ। नर सों नर नर लग्ग ॥
सघन घाइ उर बज्जते। भय भौंभर द्रग भग्ग ॥ छं० ॥ २४७ ॥
हुअ हकार गज्जिय सु भर। जुटे साहि तसील ॥
मानों मत्त गयंद दो। जुटि अंकस बिन पील ॥ छं० ॥ २४८ ॥

उक्त दोनों वीरों का युद्ध और अन्य सामंतों का उनकी सहायता करना।

(१) ए. कृ. को.-दाव। (२) मो. पसार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भुजंगी ॥ जुटे जोध जोधं अभंगं करालं। उठे मुष्ष नासा नयन्नं बरालं॥
मिले छोह कोहं असम्मान लग्गे। परे लोह लत्तं निघत्तं करग्गे ॥
छं० ॥ २४९ ॥

दुअं दीन दीदेर ते लोह [1]छक्के । फिरैं गैन देवी हकारंत हक्के ॥
भए चाल बंधं [2]मसंदं मसंदं । करें हूक हक्कं सु आवृत सद्दं ॥
छं० ॥ २५० ॥

ढरें संध बंधं बहैं पग्ग धारें । मनों चक्क पंकं कुलालं उतारें ॥
लगे [3]सैंग अंगं कढ़ें बार पारं । बहै जानि जावक्क श्रोनं प्रनारं ॥
छं० ॥ २५१ ॥

लगै गुर्ज सीसं दुअं हथ्थ जोरं। दधी भाजनं जानि हरि ग्वाल फोरं॥
मिले हथ्थ बथ्थं गहै सीस केसं। जरे जस्स दड्डं महा मल्ल भेसं ॥
छं० ॥ २५२ ॥

करें छुल्लिका जुद्ध [4]कित्तेति बीरं। दिषें भेज अंगं मनों मुंड चीरं॥
रुपे बीर सामंत डिग्गे न पग्गं। तुटै सीस धक्कै धरं हक्क अग्गं॥
छं० ॥ २५३ ॥

चले श्रोन धारं मची कीच भूमी। अभूतं सु कंकं महाबीर भूमी॥
जहा षान तत्तार रुपि राह रूपं। तहां चक्क रुपी प्रथीराज भूपं॥
छं० ॥ २५४ ॥

मिले मुष्ष गोयंद चहुआन कन्नं। जुरे जैत बलिभद्र परसंग नन्नं॥
परे मेच्छ व्यूहं सु पाथै न जानं। करी पारसं कोपि चहुआन आनं॥
छं० ॥ २५५ ॥

गहौं साहि गोरी हरों स्वामि चासं। बहै सथ्थ लोहान ज्यों काल ग्रासं॥
मुर्यौ षान तत्तार अप्पार मारं। परे षेत अंगं अभंगं अपारं॥
छं० ॥ २५६ ॥

लिये जीति वाजिच हस्ती तुरंगं। तक्यौ तोमरं साहि सज्यौ कुरंगं॥

(१) ए. कृ. को.-छक्कं, हक्कं।
(२) ए. कृ. को.-मसंदे।
(३) ए. कृ. को.-संग।
(४) मो.-किते सु।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* .... । .... ॥ छं० ॥ २५७ ॥

यवन सेना का पराजित होकर भागना।

कवित्त ॥ [1]लुथ्यि लुथ्यि आहुट्टि। लुथ्यि पर लुथ्यि अहुट्टिय ॥
षां षुरसान ततार। षान रुस्तम बे जुट्टिय ॥
अबर सेन अध लष्य। तेह घाइल भर भग्गिय ॥
सहस [2]सत्त परि षित्त। मुष्य सामंत विलग्गिय ॥
मत्तंति लोह छक्के गरुअ। हरुअत्तन करि गरुअ किय ॥
भग्गौ सु तूल सुरतान दल। क्रम्म क्रम्म उड्डं बरिय ॥छं० ॥ २५८ ॥

छः सामंतो का शाह को घेर लेना।

चढ़त गज्ज साहाब। दिट्ठ पाहार सु दिष्षिय ॥
रा जद्दव जामानि। राव भोंहा भर लष्षिय ॥
लोहानों आजान। बाह उद्दिग पग्गारह ॥
बिंझराज चालुक्क। देषि षट सामँत सारह ॥
दौरे सु सज्जि असिवर सुमुष। गहो गहो जंपेव सुर ॥
आए मसंद अड्डे दुदस। मुझ्झ अलुझ्झिय साह पर ॥
छं० ॥ २५९ ॥

उत्तह बीस मसंद। इत्त सामंत सत्त षट ॥
बज्जौ सार करार। झार उड्डंत रूक झट ॥
[3]पसरन श्रोन प्रवाह। गाहि रन बीर समथ्थं ॥
परे मसंद मसंद। धरनि सामंत सु हथ्थं ॥
चंप्यौ सु गज्ज गोरी गरुअ। रा भोंहा हय सीस गय ॥
घऱ्यौ सु सब्ब सामंत मिलि। लोहानों गज रोह हय ॥छं०॥२६०॥

लोहाना का शाह के हाथी को मार गिराना।

दूहा ॥ हक्कि तुरी लोहान तब। हन्यौ कंध गज षग्ग ॥
ढरिग सीस पुंलार सम। धरिनि दंत दोय लग्ग ॥ छं० ॥ २६१ ॥

*मालूम होता है यहां के कुछ छन्द खण्डित हो गए हैं।

(१) मो.-लोथि। (२) ए. कृ. को. सित्त। (३) ए. कृ. को.-पसरत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाह का पकड़ा जाना।

कवित्त ॥ ढरत कंध गज साहि। गह्यौ पाहार पंचि कर ॥
कसिय बाह तूंवर सतेन। हय डारि कंध पर ॥
गह्यौ देषि सुरतान। सेन भग्गो सब आसुर ॥
परी लूटि हय गय समूह। बर भरे दरक [1]जर ॥
परे मीर सत्तह सहस। सहस अट्ठ हय [2]पंचि गय ॥
दिन अस्त माहि साहाब गहि। दियौ हथ्थ अप्पन सु रय ॥
छं० ॥ २६२ ॥

मृत वीरों की गणना।

दूहा ॥ सय चत्तिय परि हिंदु रन। सत्त एक हय थान ॥
सामंता सब तन कुसल। जय लद्धी चहुआन ॥ छं० ॥ २६३ ॥

लोहाना की प्रशंसा, शाही साज सामान की लूट होना।

कवित्त ॥ लोह हद्द मंडीय। मोहि विसमै द्रिग लिन्निय ॥
अहत कंट मंडयौ। होम पासंग सु किन्निय ॥
सकति अग्ग दुभ्भरी। किन्न पूजा कज बढ्ढिय ॥
सुजस पवन छुट्टयौ। कित्ति चाव दिसि फुट्टिय ॥
आवद्ध रतन लोहान बर। लोहा लंगर धाइयां ॥
आजान बाह बहु भूप बल। गहन तेग उच्चाइयां ॥ छं० ॥ २६४ ॥
गह्यौ साहि सुरतान। जोध हय गय तहं भग्गे ॥
जमदट्ठां जम दट्ठ। असम असिवर नर लग्गे ॥
षामर छत्र रषत्त। तषत्त लुट्टे सुरतानी ॥
बंधि साह सु विहान। सुकर दीनौ चहुआनी ॥
बर वंध गए ढिल्ली तषत। जै बज्जा बज्जे सघन ॥
सोमेस सुअन संभरि धनी। रबि समान तप मान [3]धन ॥
छं० ॥ २६५ ॥

(२) ए.-जारन। (३) ए. कृ. को.-पंचि। (३) ए. कृ. को.-सम।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का सकुशल दिल्ली जाना और शाह से दंड लेकर उसे छोड़ देना।

गहिय साहि आलम्म। गए प्रथिराज अप्प ग्रह ॥
पोस मास पंचमिय। सेत गुरवार क्रत्ति कह ॥
जोग सकल गहि साह। सज्जि दिल्ली संपत्तौ ॥
अति मंगल तोरन। उछाह नीसान घुरत्तौ ॥
दिन तीस रष्षि गोरी गरुत्र। अति आदर आसन्न बर ॥
करि दंड सहस अट्ठह सु हय। गय सु सत्त लिय मुक्कि कर ॥
छं० ॥ २६६ ॥

दंड वितरण।

दूहा ॥ अद्ध दंड [1]प्रथिराज पहु। दीनौ राव पहार ॥
अवर पंच सामंत अध। दीनौ प्रयुक पथार ॥ छं० ॥ २६७ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके दुग्गा केदार संवादे पातिसाह ग्रहनं नाम अट्ठावनवों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ५८ ॥

(१) मो.-पतिसाह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ दिल्ली वर्णनं लिष्यते ।

(उनसठवां समय ।)

पृथ्वीराज की राजसी ।

दूहा ॥ साष साष भट भाष षट । । दर सम वर पुर इंद ॥
तपै सूर सामंत इछ । दिल्लिय चंद कविंद ॥ छं० ॥ १ ॥

दिल्ली के राज्य दरबार की शोभा ।

अति अति रूप अनंत बर । जरि जराब बहु भंति ॥
सभा सिंगारिय सकल भर । मनु सुरपति ओपंति ॥ छं० ॥ २ ॥
मधुरिति छच विराज महि । सिंघासन बहु साज ॥
जनु [1]कि मेर उतकंठ महि । सामंत रिद्धि सकाज ॥ छं० ॥ ३ ॥
कवित्त ॥ षट सुभाष षट ह्वंन । बहुत बज्जन तहं बज्जत ॥
रंग राषि षट भंति । करिय सें अट्टह गज्जत ॥
वपु सुमेर गति सर्प । छके षट रिति मद मत्तह ॥
मनहु काम प्रतिबिंब । । लयौ अवतार [2]दिल्लि थह ॥
चल चलत राइ चिहुं चक्क के । आयस रन डंडक गहन ॥
चहुआन भान सम भान तप । रहन वास उड़पति धरन ॥
छं० ॥ ४ ॥

निगमबोध के बाग की शोभा वर्णन ।

नराच ॥ सुधं निगंम बोधयं, जमंन तट्ट सोधयं ।
तहां सु बाग अच्छयं, बने सु गुल्ल अच्छयं ॥ छं० ॥ ५ ॥
समीर तासु बासयं, फलं सु फूल रासयं ।
बिरष्य वेलि डंबरं, सुरंग पान अंमरं ॥ छं० ॥ ६ ॥
जु केसरं कुमंकुमं, मधुप्प वास तं भ्रमं ।

(१) मो. जनु किरन्न । (२) ए. तिनह ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनार दाष पल्लवं, सु छच पत्ति ढिल्लवं ॥ छं० ॥ ७ ॥
श्री खंड थंड [1]वासयं, गुलाब फूल रासयं ।
जु चंपकं कदंबयं, षजूरि भूरि अंबयं ॥ छं० ॥ ८ ॥
सु अंननास जीरयं, सतूतयं जंभीरयं ।
अषोट सेव दामयं, अवाल वेलि स्यामयं ॥ छं० ॥ ९ ॥
जु श्रीफलं नरंगयं, सबद्द स्वाद हीतयं ।
चवंत मोर वायकं मनो सँगीत गायकं ॥ छं० ॥ १० ॥
उपम्म बग्ग राजयं, मनों कि इंद्र साजयं ।
...., ... ॥ छं० ॥ ११ ॥
दूहा ॥ उड़ि सु वास गुल्लाल अति । उड़ि अबीर असमान ॥
मनहु भान अंबर सुरत । बजी तंति सुरगान ॥ छं० ॥ १२ ॥

दरवार की शोभा और मुख्य दरवारियों के नाम ।

* वेलीविद्रुम ॥ बजि तंति तंचिय बज्जनं । सुरगान [2]सज्जिय सुरगनं ॥
गुल्लाल लज्जिय अंगनं । आरक्त रंगि परंगनं ॥ छं० ॥ १३ ॥
चहुआन ओपिय छचयं । वंधान बंधिय सचुत्रं ॥
सामंत दरगह [3]सज्जयं । करतार कोन सु कज्जयं ॥ छं० ॥ १४ ॥
ढरि चमर दुअ भुज ढिल्लयं । मधु उपम मधुवन मिल्लयं ॥
गोयंद निढ्ढुर सलष्षयं । धुर धरन गहिय नष्षयं ॥ छं० ॥ १५ ॥
बनि इंद देव सु वन्नयं । सोमेस बंधव कन्हयं ॥
चष पटिय चष्षन यट्टयं । दस लष्ष मीर दवट्टयं ॥ छं० ॥ १६ ॥
रिषि श्राप आप विधुत्तयं । थिर रहै रिद्धि न युत्तयं ॥
गुरराम पिट्ठ विराजयं । जनु वेद ब्रह्म सु साजयं ॥ छं० ॥ १७ ॥

(१) ए.-वीसयं ।

* इस छन्द को मो. प्रति में दण्डमालची करके लिखा है । वास्तव में कौन छन्द ठीक है इसके लिये हमने प्रचलित हिन्दी पिंगलों की छानबीन की परन्तु कुछ भी पता न चला अस्तु हमने ए. कृ. को. तीनों प्रतियों के पाठ को मान कर मो. प्रति के पाठ को पाठान्तर में दिया है।

(२) ए. कृ. को.-सज्जि कि सरगनं । (३) ए. सज्जियं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुष अग्ग चंद [1]सु भष्यनं। रज रीति हद्द सु रष्यनं॥
पुंडीर चंद सु पाहरं। नर नाथ दानव नाहरं॥ छं० ॥ १८॥

बनि अन्यो अन्य सु ठौरयं। सुनि तंति सुरगन सोरयं॥
पिट्ठै स दिट्ठय पासनं। रचि अंब सेत हुतासनं॥ छं० ॥ १९॥

चामंड लष्य सु लष्यनं। रजि हिंदु राज सु रष्यनं॥
रनधीर सामँत सुब्भयं। भिरि भंजि मीर सु द्रब्भयं॥ छं० ॥२०॥

मुष अग्ग बाजन ठट्टयं। पहु दीप मझझल कट्टयं॥
दोसत्त जुर रा दुष्यनं। चिहु चक्क चारु सु [2]पिष्यनं॥ छं० ॥ २१॥

घुरि चंब सुर तहं बज्जनं। गहि छंड गोरिय गज्जनं॥
रचि महुल मधुरिति मधुरयं। श्रम छंडि मंडि सु पिष्ययं॥
छं० ॥ २२॥

दिल्ली नगर की शोभा वर्णन।

चोटक॥ घुरि घुम्मिय चंब निसान घुरं। पुर है प्रथिराज कि इंद्रपुरं॥
प्रथमं दिलियं किलयं कहनं। ग्रह पोरि प्रसाद एना सतनं॥
छं० ॥ २३॥

धन भूप अनेक अनेक भती। जिन बंधिय बंधन छत्रपती॥
जिन अश्व चढ़ै [3]घरि अस्सि लषं। बल श्री प्रथु मत्त अनेक भषं॥
छं० ॥ २४॥

दह पोरि सु सोभत पिष्य वरं। नरनाह निसंकित दाम नरं॥
भर हट्ट सु [4]लष्षनयं भरयं। धरि वस्त अमोल नयं नरयं॥
छं० ॥ २५॥

तिहि बीच महल्ल सतष्षनयं। लष कोटि धजी सु कवी गनयं॥
नर सागर तारँग [5]सुद्ध परें। परि राति सुराथन बादुघरें॥
छं० ॥ २६॥

(१) मो. सु भूषनं। (२) ए. कृ. को.-चष्षनं। (३) ए. कृ. को.-घटि।
(४) ए. कृ. को.-सुष्पनयं। (५) ए.-सद्ध।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मचि कीच ओगालन हट्ट मझें। दिषि देव कैलासन दाव दझें॥
[1]रजितार वितारन भंति नवी। परिजानि हुतासन लत्त छवी॥
छं० ॥ २७॥

मनु सावक पावक मद्द, किय। विन तार अतारन मारि लियं॥
इन रूप टगं मग चाहनयं। मनों सूर सबै ग्रह राहनयं॥
छं० ॥ २८॥

तिन तट्ट कलिंदय तट्ट सजं। धर मभ्भन तार अनेक सजं॥
तिन अग्ग सुभंत सु बग्गनयं। लषि लष्षि चौरासिय उड्डनयं॥
छं० ॥ २९॥

पचि लल्लिय नीलिय मानकयं। रतनं जतनं मनि तेज कयं॥
सुभ दिल्लिय हट्ट सु नैर मझें। करि दंत मिलंत गिरंत सझें॥
छं० ॥ ३०॥

इय सामँत दामित रूप कला। बर बीर उठै घरि सत्त कला॥
जिन सामँत सामँत सुड्डरयं। घटि बढ्ढि मँहे गिर दुभ्भरयं॥
छं० ॥ ३१॥

कवित्त॥ परिहारह बन बीर। आय हय जोरि सु उभ्भिय॥
भोजन सद्द प्रमान। तहां [2]प्रथु सामँत सुभ्भिय॥
सभा विसरजिय सूर। आय बैठक बैठारिय॥
बहुत मंस पकवान। जबुकि प्रथमी आधारिय॥
षट ब्रन्न दरग्गह सोम सुत्र। केसर अगर कपूर उर॥
सामंत नाथ चरचिय सबन। सिव दव्वी ढुंढा सहर॥
छं० ॥ ३२॥

राजसी परिकर और सजावट का वर्णन।

तोटक॥ इह इंद्र पुरं किधौं दिल्ल पुरं। इम उप्पिय मंदिर सोम [3]सुरं॥
इह मेर किधौं इंद्र चापनयं। बहु भंति जरे मनि पट्टिनयं॥
छं० ॥ ३३॥

(१) ए. क. को.-रचिता विरलारन। (२) ए.-प्रिथा, ए. क. को.-प्रिथ।
(३) मो.-सुअ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुर मध्य विराजत सूर समं। सु मनों सुर उप्पर भान भ्रमं ॥
घन सद्दि तड़ित्त कला विकलं। पुर धाम सुभट्ट सषा प्रबलं ॥
छं० ॥ ३४ ॥

सुभ रूप तहां गनिका गनयं। भ्रमि मानव सिद्ध सुरं भ्रमयं ॥
गहि तंचिय जंचिय डक्क बजै। जनु मार किधौं कुरु कोक सझै ॥
छं० ॥ ३५ ॥

उड़ि बीर अबीर न भ्भारनयं। जनु मेर सुधा गिर धारनयं ॥
लष एक लियै रजनी सजनं। ग्रह रूप अनूपम काम मनं ॥
छं० ॥ ३६ ॥

भरि द्रव्य रमै सब हीर मनं। रमि जूप बदै रमनी गमनं ॥
सब हारि निहारि कोपीन सझै। जब लिद्धिय नारि अपारि दझै ॥
छं० ॥ ३७ ॥

इन मान अमान सु रूप रमै। मनु सिद्धि करामति क्रम्म क्रमै ॥
बनि पंति सुकंत निसान लयं। मुष दिट्ठिय ढिल्लिय मालनयं ॥
छं० ॥ ३८ ॥

मनु रूप अनूप सितं विकनं। भर भीर बढ़ी नह दिट्ठ नयं ॥
[1]घन घोरत सोर अमोघ नयं। मनु वाल सजोवन प्रौढ बनं ॥
छं० ॥ ३९ ॥

सु जहां चहुआन सु भोन सजै। सु मनों ससि कोरन कोर मझै ॥
ग्रह दिष्षिय दासि अवासनयं। तिन सोभ सुकाम करी [2]तनयं ॥
छं० ॥ ४० ॥

बहु रूप रवंन रवंन भती। मुष अमृत सम्रत प्रान पती ॥
मुर अट्ठ सषी अँग रष्षि कला। मनु सेस बधू प्रभु की अवला ॥
छं० ॥ ४१ ॥

तिन धाम कलस्सन कोर बनी। जनु अंबर डंबर भान घनी ॥

(१) ए. कृ. को.-घन सोर अमोर। (२) ए. कृ. को.-नटयं, नठयं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सित सत्त कलस्स सु [1]मुंदरयं। तिन मभ्भ सषी बहु सुंदरयं॥
छं० ॥ ४२ ॥

गज राजत राज सु छत्रपती। प्रथिराज कैमास हन्यौ सु मती॥
चहुआन बधू दसयं भनयं। भिरि लिद्धि मंडोवर दंपतियं॥
छं० ॥ ४३ ॥

सुभ इंछिनियं कनयं [2]सुनयं। रिति छच कला सुर संपतयं॥
तिय पिथ्थह व्याह पुंडीर कियं। मनु अंबर मद्धि तड़ित्त बियं॥
छं० ॥ ४४ ॥

भनि नाम चंद्रावति चंद सुती। सुष भाग सुहागन चंद सुती॥
घर दाहुर दाहिम पुत्ति दयं। तिन पेट रयन्न कुमार भयं॥
छं० ॥ ४५ ॥

ससि वृत्त सु भंतिय क्षण्ण करी। मनु आनिय पीय सु कंध धरी॥
तिन रूप [3]रूपं मनि लिद्ध रजं। चहुआन सु आनिय देव सजं॥
छं० ॥ ४६ ॥

बरि लिन्निय षग्ग इंद्रावतियं। जनु मुष्ष सरस्वति गावतियं॥
कुल भान सती सुत हाहुलियं। जनु किस्न रुकंमनयं मिलयं॥
छं० ॥ ४७ ॥

ग्रह पान सुती सु पजून घरं। मनु चित्त कि पुत्तरि आनि धरं॥
रिनथंभ हंसावति काम कला। तिन दीपति छिप्पत चंद कला॥
छं० ॥ ४८ ॥

सुर अच्छर मच्छर मान वती। किय अप्प [4]जँजोग संजोग सती॥
वह रूप अनूप सरूप मती। नह दिष्षिय नागिनि इंद्र सुती॥
छं० ॥ ४९ ॥

मनु काम [5]धनुंक करी चढ़यं। किधौं षंभ द्रुमं सु हिमं [6]चढ़यं॥
मुर कोटि चिषंड नयन्न सुजं। तट तास सुबास जमुंन [7]सजं॥
छं० ॥ ५० ॥

(१) मो.-सन्दरयं। (२) ए.कृ.को.-सुभयं। (३) ए.कृ.को.-रषंमनि। (४) ए.कृ.को..संजोग।
(५) ए. कृ. को.-धनंक। (६) ए.-त्रढ़यं। (७) ए. कृ.-सझं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिन तट्ट अनेक [1]गयंद सढं। पग नट्ट गिरं पवनंति बढं॥
बहु रूप अनूप सरूप भती। दिषि जानि कला सुर देव पती॥
छं० ॥ ५१॥
गज षंभ छुटंत उमद्द मदं। मनुं गाजत गज्ज अषाढ़ भदं॥
कि मनों षह उट्ठिय कंठ लयं कि बढ़े मनु उप्पर बद्दरयं॥
छं० ॥ ५२॥
बहु रंग सुरंग सु वस्त्र दिपै। तिन भेर [2]सिषंन सुभान छिपै॥
तिन मध्य रयंन कुमार नयं। सुत सूर गयंन विदारनयं॥
छं० ॥ ५३॥
दिनप्रत्ति रमैं तट कूलनयं। सुर पेषि सुराथह भूलनयं॥
तट रेष रिषी सर पालनयं। कित नाम सुधारन कालनयं॥
छं० ॥ ५४॥

राजकुमार रेनसी का ढुंढा की गुफा पर जाकर उसका दर्शन करना, ढुंढा की संक्षेप में पूर्व कथा।

[3]सत तीन बरष्य असी अगलं। जब ढूंढ़ ढँढोरिय भू सगरं॥
तिन सिद्ध गुफा अवतार लियं। मुनि जानि ब्रह्मा समयं दिषयं॥
छं० ॥ ५५॥
तिन ढिग्ग रयंन कुमार गयं। मुनि जानि कृपाल कृपाल भयं॥
बजि तारिय भारिय सद्द बधं। प्रति जीव सु जोति गयंन सिधं॥
छं० ॥ ५६॥
जट जूट विकट्ट भ्रकुट्ट भरं। मधि क्रन्न सुकी सुक मंडि घरं॥
सुत चंद सु पानि जुगं जुरयं। सिधद्रिग्ग उघारि दिषं नरयं॥
छं० ॥ ५७॥
तिन पुच्छिय बत्त मही रिषयं। तुम बीसल पुच नरं [4]भषयं॥
अब किल्लिय दुल्लिय बास कियं। प्रथमं अजमेर कुबेर दियं॥
छं० ॥ ५८॥

(१) ए.-मयंद। (२) ए. कृ. को.-सषंन।
(३) मो.-सित दोय वरण्ष असीं अलगं। (४) मो.-भषनं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूहा ॥ जब उतपंन सु कुंड मझि। दिय रिषि नें बर ताम ॥
जाहु सु पहिलै [1]अजय बन। जुग्गिनि वास सु ठाम ॥ छं० ॥ ५९ ॥

कवित्त ॥ पुर जोगिनि सुर थान। [2]जुग्गहने ताथें तारिय ॥
सतजुग संकर सधर। [5]परत प्रथिराज सु पालिय ॥
द्वापर पंडव राव। सत्त कौरव संघारिय ॥
कलिजुग पति चहुआन। जिन सु गोरी घर ढारिय ॥
घर जारि पंग [3]पारन रवरि। फिरि दिल्ली चिहुं चक्क धर ॥
मेवात पत्ति इक छच महि। [4]निव ध्रमेव आवट्टि नर ॥ छं० ॥ ६० ॥

रेनु कुमार की सवारी और उसके साथी सामंत कुमारों का वर्णन।

दूहा ॥ सुभट सीष दिय भर सबन। रिषि प्रमान करि भीर ॥
बिन तारी करतार बर। तट बहि जमना तीर ॥ छं० ॥ ६१ ॥
घुरि निसान सद्दह धमकि। चढ़ि गज रेन कुमार ॥
मनों इंद्र ऐराप धरि। करिय असुर संघार ॥ छं० ॥ ६२ ॥

पद्धरी ॥ अरोहि गज्ज रेनं कुमार। चढ़ि चले सुतन सामंत सार ॥
सुत कन्ह मन्नि ईसरह दास। दिय देस रहन षट्टू सु वास ॥ छं० ॥ ६३ ॥
सुत निडर बीर चंद्रह जु सेन। पल मारि झारि कर बध्घ ऐन ॥
सम जैत सुअन करनह सु जाव। जिन लिये सच सिर सिद्ध दाव ॥ छं० ॥ ६४ ॥
गोयंद सुतन सामंत सीह। जिन स्वामि काम नहि लोपि लीह ॥
कैमास सुअन परताप आप। जिन रष्षि ध्रम्म घर वट्ट बाप ॥ छं० ॥ ६५ ॥
पुंडीर धीर सुत चंद्रसेन। जिन चलै सहस द्वै उड्डि रेन ॥

(१) ए. कृ. को.-अज्ज। (२) ए. कृ. को.-जुगह तेता ते तारिय।
(३) ए. कृ. को पारी। (४) ए. कृ. को.-निहच मेव आवट्टि नर।
(५) ए. सु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिहार पीय सुत्र तेज पुंज । मनु दाष पक्क कै केलि कुंज ॥
छं० ॥ ६६ ॥

गुरराम सुत्रन हरिदेव रूप । मुष मिठ्ठ दिट्ठ कलि परन भूप ॥
हम्मीर सुतन नाहर पहार । दस पंच बरष महि बजिय सार ॥
छं० ॥ ६७ ॥

जग जेठ कुँत्र्अर चामंड जाव । जिन लिये कोट दस भंजि राव ॥
सुत महनसिंह जैसिंघ बीर । जिन रष्षि वंस षिचवढ नीर ॥
छं० ॥ ६८ ॥

पंमार सिंघ सुत्र राजसिंघ । जुरि जुद्ध रुद्ध उड़ि बाह जंघ ॥
रिनधीर सुतन गुज्जरह राम । दस देस लिद्ध ग्रह अप्प धाम ॥
छं० ॥ ६९ ॥

बरदाइ सुतन जल्हन कुमार । मुष वसै देवि अंबिका सार ॥
हरिसिंघ सुतन पातल नरिंद । गज दंत कढ़े जनु भील कंद ॥
छं० ॥ ७० ॥

विंझा नरिंद सुत देवराज । सो जंग मंझ गज करत पाज ॥
अचलेस सुतन देवराज पट्ट । तन तरुन तेज गंगा सु घट्ट ॥
छं० ॥ ७१ ॥

तोंअर सुतन्न किरमाल कन्ह । जिन करी रिद्ध दुज दे अमंत ॥
पज्जून सुत्रन पाहारराइ । चहुआन इला कलि करन न्याइ ॥
छं० ॥ ७२ ॥

नरसिंघ सुतन [1]हरदास हड्ड । गुर ग्रब्ब मान हम्मीर गड्ड ॥
षीची प्रसंग सुत्र मल्हनास । वचि देव छम्म बंकट्ट बास ॥
छं० ॥ ७३ ॥

सुत तेज डोड अचला सुमेर । दीपंत देह मानों कि मेर ॥
जंघार भीम [2]सुत्र सिवहदास । कठियाराइ सुत कब्बिलास ॥
छं० ॥ ७४ ॥

अतताइ सुतन आरेन रूप । भिरि भीम बद्ध मारंत भूप ॥
चंदेल माल प्रथिराज सूत्र । भिरि जंग मझ्झ गज गहन भूत्र ॥
छं० ॥ ७५ ॥

(१) मो.-सिवदास । (२) ए.-सुह ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संग्राम सुअन सहसो समथ्थ। जुरि जुद्ध भान रोकै सुरथ्थ ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ७६ ॥

दूहा ॥ स्वामि दरग्गह चलि सुवन। मनहु प्रथीपुर इंद ॥
[1]कलि सोभन मोहन कवी। मनो सरद्दह चंद ॥छं०॥ ७७ ॥

बसंत उत्सव के दरबार की शोभा, राग रंग और उपस्थित दरबारियों का वर्णन।

पद्धरी ॥ रितराज राज आगंम जानि। पंचमि बसंत उच्छव सुठानि ॥
किय हुकुम सचिय सम बोलि तब्ब। प्रभु सेव साज मंगाय सब्ब ॥
छं० ॥ ७८ ॥

परजनन जुक्त तह मभ्भ आइ। षिल्लहि बसंत गोपालराइ ॥
परधान हुकुम सिर पर चढ़ाइ। सब बस्त रष्षि कन पहि कढ़ाइ ॥
छं० ॥ ७९ ॥

घनसार अगर सत कासमीर। म्रगमद जवाद बहु मोल चीर ॥
बहु बर्न पुप्फ को लहै पार। मन हरत मुनिन सुरगंध तार ॥
छं० ॥ ८० ॥

बदंन अबीर रोरी गुलाल। अति चोल रंग जनु भूड लाल ॥
मिष्टान पान सेवा असंष। मन चिपति होत निरषंत अंषि ॥
छं० ॥ ८१ ॥

सुभ साल विसद अंगन अवास। बिच्छाय सु पट जाजिम नवास ॥
अंमोल मोल दुल्लीच भारि। षंचाइ पुंट सलितानि धारि ॥
छं० ॥ ८२ ॥

छिरकाव छिरकि गुल्लाब पूरि। दिषियंत उड़ति अब्बीर धूरि ॥
रहि उमड़ि घुमड़ि तहं धूप वास। तन बढ़त जोति सुब्बास रास ॥
छं० ॥ ८३ ॥

तहं धरिय सिंघासन मध्य आनि। नग जरित हेम बिसकर्म जानि ॥
बैठाय पाट गोपालराइ। घन घंट संष झल्लरि बजाइ ॥
छं० ॥ ८४ ॥

(१) ए.-कवल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिरदंग ताल जहं पौंन धार। बीनादि जंच झिनकार सार॥
नफफेरि भेरि सहनाइ चंग। दुर बरी ढोल [1]आवझ उपंग॥
छं० ॥ ८५॥

दम्माम सबद बज्जत विनोद। बंसी सरल्ल सुर उपजि मोद॥
[2]अनि अनि चरिच नर नारि आनि। सक्के न होइ तिन जाति जानि॥
छं० ॥ ८६॥

धरि कनक दंड सिर चमर सेत। रष्षंत पवन विद्य बिप्र हेत॥
[3]विद्वान चतुर दस विद्य अच्छ। सम अग्ग सिंघासन बैठि पच्छ॥
छं० ॥ ८७॥

बैठिय सु कन्ह चहुआन आनि। झलहलत क्रोध उर अगनि जानि॥
गहिलोत राव गोयंद आय। जिन सुनत नाम अरिदल पुलाइ॥
छं० ॥ ८८॥

निढ्ढुर नरिंद कमधज पधारि। आदर [4]अनंत न्त्रप करि उचारि॥
कूरंभ कहर बलिभद्र आय। जिहि सुनत नाम अरिनह दहाय॥
छं० ॥ ८९॥

फुनि आय अप्प अब्बू नरेस। भय भीम रूप जमनेस भेस॥
अततार आइ तहं सिव सरूप। बैठिय सु उठ्ठि [5]भहराय भूप॥
छं० ॥ ९०॥

चावंड बिना भट सब्ब आय। अरि धरनि धरनि जे देत दाय॥
पुंडीर आय तहं धीर चंद। अरि तिमिर तेज जिन फटति दंद॥
छं० ॥ ९१॥

कूरंभ कहर पाल्हन्न देव। जिहि वियन काम बिन स्वामि सेव॥
बय वृद्ध बाल सामंत सब्ब। अवधारि राज प्रथिराज तब्ब॥
छं० ॥ ९२॥

फुनि आइ चंद [6]बरदाइ माइ। जिहि प्रसन जीह दुरगा सदाइ॥
आये सु न्टत्य नाटक अधीन। गंधरब राग विद्या प्रवीन॥
छं० ॥ ९३॥

(१) मो.-आवझ। (२) मो.-अनेक चरित। (३) मो.-पंडित।
(४) ए. कृ. को. अनंत। (५) ए.-भरराय। (६) ए. कृ. को.-वरदास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छह ग्राम मुरछना गुनं वास। सुर सपत ताल विद्या बिलास ॥
संगीति रीति अभ्यास बाल। उच्चारि राग रिझ्झिय भुवाल ॥
छं० ॥ ९४ ॥

अन्नेक चरित श्रीकृष्ण कीन। ते सब्ब प्रगट कीने प्रवीन ॥
तिम सुनत तवत तन पाप छीन। न्रप राइ रिझ्झि बहु दान दीन॥
छं० ॥ ९५ ॥

रस रह्यो रंग सभ उट्ठि राज। सामंत सब्ब निज ग्रह समाज ॥
अनसंक कंक बंकन पधोर। यों तपै पिथ्थ दिल्ली सजोर ॥
छं० ॥ ९६ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराज रासके दिल्ली वर्णनं
नाम उनसठवों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ५९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ जंगम कथा लिष्यते ।

(साठवां समय ।)

सुसज्जित सभा में पृथ्वीराज का विराजमान होना ।

चौपाई ॥ बैठौ राजन सभा विराजं । सामँत सूर समूहति साजं ॥
विस्तरि राग कला क्रत भेदं । हरषित [1]ऋदय असम सर षेदं ॥
छं० ॥ १ ॥

सज्जिय थान न्रपति कै पातुर । गुन रुपक विचरति श्रुत चातुर ॥
नाटिक कला संगीत आन रचि । अति [2]न्रत्यत करि विगति सुगति सचि॥
छं० ॥ २ ॥

चंद चारु माठा रूपक धरि । गीत प्रवीन प्रबंध कीन थरि ॥
उघट चिघट [3]अंग प्रमुष्य यह । निंदत चित्ररेष अच्छरि गह ॥
छं० ॥ ३ ॥

राजा को एक जंगम के आने की सूचना का मिलना ।

दूहा ॥ तत्त समै राजिंद बर । अपि सु षबरि अच्छत्त ॥
जंगम [4]एक सु आय कहि । कमधज पुर पति बत्त ॥ छं० ॥ ४ ॥

दिष्षि रहसि न्रप निरति रस । गुन अनेक कल भेद ॥
निरषि परषि प्रति अंग अलि । पातुर कला अषेद ॥ छं० ॥ ५ ॥

राजा का नृत्यकी को विदा करना ।

सत्त हेम है राज इक । दिय पातुर प्रति दान ॥
न्रत्ति विगति अवलोकि गुन । दई सीष यह मानि ॥ छं० ॥ ६ ॥

(१) ए. कृ. को.-हृदय, रिदय ।
(२) ए. कृ. को.-सु नृत्य ।
(३) ए. कृ. को.-अंङ ।
(४) ए. कृ. को.-इक्कें ।
(९) ए.-वत्ति ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का जंगम से प्रश्न करना और जंगम का उत्तर देना।

पुनि जंगम प्रति उच्चरिय। कमधज्जन की कथ्य ॥
बहुरि भिन्न करि उच्चरिय। सुनि सामंत सु नथ्य ॥ छं० ॥ ७ ॥
चौपाई ॥ राज जग्य सज्ज्यौ कमधज्जं। देस देस हुंकारत सज्जं ॥
मिलि इक कोटि सूर भर हासं। नृप अदेस देस रचि तासं ॥ छं० ॥ ८ ॥
थपि दर द्वारपाल चहुआनं। लकुटिय कनक हथ्थ परिमानं ॥
आय पंग तट इष्ष समाजं। आनि अप्प चहुआन सु लाजं ॥ छं० ॥ ९ ॥
इह सु कथा पहिली सुनि राजन। आय कही सो फीफुनि साजन॥
लग्यौ राग श्रोतान रजानं। बुझ्झी बहुरि सु जंगम जानं ॥ छं० ॥ १० ॥

संयोगिता का स्वर्ण मूर्ति को जयमाल पहिराना।

कवित्त ॥ [1]आवलि पंग नरेस। देस मंड सुबेस बर ॥
बरन कज्ज चौसर। विचार संजोग दीन कर ॥
देवनाथ कवि अग्ग। बरनि नृप देस जाति गुन ॥
फुनि अप्पै संजोग। कनक विग्रह सु द्वार उन ॥
चहुआन राव सोमेस सुअ। प्रथीराज सुनि नाम बर ॥
गंध्रव्व [2]वचन विचारि उर। धरि चौसर प्रथिराज गर ॥ छं० ॥ ११ ॥

संयोगिता का दूसरी वार फिर से स्वर्ण मूर्ति को माला पहिराना।

दूहा ॥ देषि फेरि कहि नाथ पति। फुनि मुक्कलि कविराज ॥
बहुरि जाहु पंगानि अग। विचरै नृपति समाज ॥ छं० ॥ १२ ॥
कवित्त ॥ बहुरि नाम गुन जाति। देस पित प्रपित बिरद बर ॥
लै लै नाम पराम। देवजानी स देव कर ॥

(१) मो.-आचलि। (२) मो. वयन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फुनि चहुआन सु पास। जाय ठड्ढे भए जामं ॥
कछु कवि रद्दिय राज। कछुक जंपे गुन तामं ॥
न्रप लज्ज पंग ग्रह भट्ट बर। तुच्छ संषेप सु उच्चर्‍यौ ॥
संजोग समझ्झि उर ग्रह। कंठ प्रथ्यु, चौसर धर्‍यौ ॥
छं० ॥ १३ ॥

पुनः तीसरी वार भी संयोगिता का पृथ्वीराज की प्रतिमा पर जयमाल डालना।

दूहा ॥ दुसर राज इह देषि सुनि। तिय सु नाथ उर जाम ॥
सपत हथ्थ सुर जा धरिय। प्रचरि नरेसनि ताम ॥ छं० ॥ १४ ॥

कवित्त ॥ फुनि नरेस अदेस। नाथ फिरि आय मझ्झ दर ॥
आदि वंस रचि नाम। चवत विक्रम्म क्रम्म बर ॥
दई पानि कवि जानि। होत काह्न कर मंडं ॥
भूत भविष्यत बत्त। भव्वि जानी उर चंडं ॥
उतकंठ लोकि प्रतिमा प्रतषि। दिष्षि देव देवाधि सचि ॥
बरनी संजोग चहुआन बर। पहुप दाम ग्रीवा सु रचि ॥
छं० ॥ १५ ॥

जयचन्द का कुपित होकर सभा से उठ जाना।

दूहा ॥ कोप कलंमल पंग पहु। समय विरंचि विचारि ॥
रोस सोस उर धारि तब। क्रम भति भई न चारि ॥ छं० ॥ १६ ॥
उट्ठि राज अंदरह दर। कियौ प्रवेस अपान ॥
विमुष निमुष दिष्यौ न्रपति। देव कृत्य परमान ॥ छं० ॥ १७ ॥

पंगराज का दैवी घटना पर संतोष करना।

कवित्त ॥ दइय काल सुनि पंग। जग्गय विग्गर्‍यौ दच्छ पति ॥
द्रुपद राय पंचाल। जग्गय विग्गर्‍यौ इष्ट रति ॥
दइय काल दुजराज। जग्य विग्गर्‍यौ सु जानं ॥
[1]न्रघुष राइ [2]राज स्रू। गत्त जानी परमानं ॥

(१) ए. कृ. को.-नघुष। (२) ए.-राजरु।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्रुति बर पुरान स्रोतास वल। विधि विचार मंडिय सकल ॥
त्रय काल काल सामंत कहि। दइय काल मानै अकल ॥
छं० ॥ १८ ॥

राजा जयचन्द का संयोगिता को गंगा किनारे निवास देना।

दूहा ॥ आदि कथा संजोग की। पहिलें सुनी नरेस ॥
अब इह जंगम आय कहि। विधि मिलवन संदेस ॥ छं० ॥ १९ ॥

कवित्त ॥ रचि अवास रा पंग। गंग दंगह उतंग तट ॥
दासि सहस सुंदरिय। प्रसँग कल ग्यान भाव पट ॥
व्रत उचार चहुआन। धरत कर करत अप्प पर ॥
पंच धेन पूजंत। बचन मन क्रम्म गवरि हर ॥
सुनि पुनि नरेस संदेस दिढ़। सोफी फुनि जंगल कहिय ॥
आरत्ति चरित चहुआन मन। दइय भेद चित्तह गहिय ॥
छं० ॥ २० ॥

दूहा ॥ पहिल ग्यान जंगम कहिय। दुतिय सो सोफी आनि ॥
तब प्रथिराज नरिंद ने। दैव काल पहिचान ॥ छं० ॥ २१ ॥

पृथ्वीराज का अपने सामंतों से सब हाल कहना।

उठि राजन तब हुकम किय। बहुरि सूर सामंत ॥
परिहार केहरि कमल। काम नाम भर संत ॥ छं० ॥ २२ ॥
बुलिय स भूपति साधनह। दुतिय स ईसर दास ॥
बरन नेह विस्तार तन। आन रंग इतिहास ॥ छं० ॥ २३ ॥
गंग जमन जल उभय करि। करि अस्नान नरिंद ॥
क्रत हरि हर उर ध्यान प्रभु। उठ्यौ थान सुरिंद ॥ छं० ॥ २४ ॥
असन मार आराम सुष। सुष सयन्न क्रत राज ॥
उर सल्लै संजोग व्रत। संभरि नाथ समाज ॥ छं० ॥ २५ ॥
*तब परिहार मु हुकम दिय। गए सु भोजन साल ॥
व्यंजन रस रस सेष परि। सुनि सुनि कथा रसाल ॥ छं० ॥ २६ ॥

* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज की संयोगिता प्रति चाह और कन्नौज को चलने का विचार ।

पद्धरी ॥ लग्यौ सु राज श्रोतान राग । संजोग वृत्त संभरि समाग ॥
अति असम बान बेधे सरीर । नह धीर हसं [1]नह भाव धीर ॥
छं० ॥ २७ ॥
[2]रिति राज आनि रंगे सदंग । फुल्लेस विकढ नव कुसुम [3]चंग ॥
कलयंठ कंठ उपकंठ अंब । पाठंत विरहनी पति सितंब ॥छं०॥२८॥
कुंजत उतंग गिरि तुंग सार । तालीस धार [4]उद्दार धार ॥
सति मान जानि सिंदन सु तात । संजोग सुषद विरहिन निपात ॥
छं० ॥ २९ ॥
उन श्रवन सान गाजंत जोर । मधु वृत्त समागध पठत घोर ॥
[5]साहीत सिषी चढ़ि सिषर टेरि । विज्जोग भगनि तिय उप्प वेर ॥
छं० ॥ ३० ॥
सासन सुरंम धरि चिविध पोन । वारह मत्त लघुमात गोंन ॥
लगि दहन गहन मदनह सु भाम । रति नाथ नाथ विन सज्जि ताम ॥
छं० ॥ ३१ ॥
संवत्त संभ पंचास मेक । पष स्याम असित [6]उच्चार नेक ॥
पित नछिच जोग सुभ नवमि दीह । नृप मन विचार उर चलन कीय॥
छं० ॥ ३२ ॥
दूहा ॥ लग्गि बान अनुराग उर । मनमथ प्रेरि वसंत ॥
सद्दै नृपति अष्षै न कहुं । षेदे रिदय असंत ॥ छं० ॥ ३३ ॥
कवित्त ॥ दंग सुरंग पलास । जंग जीते बसंत तपु ॥
मदन मानि मन मोद । लीन छेदे [7]प्रछेद वपु ॥
देस नरेस अहेस । देस आदेस काम कर ॥
नीर तीर नाराच । पंग बेधे अबेध पर ॥

(१) ए. कृ. को.-चित । (२) ए. कृ. को.-राति ।
(३) ए. कृ. को.-जंग । (४) ए.-उद्दास । (५) ए. कृ. को.-साहात ।
(६) ए. कृ. को.-उज्जार। (७) ए. कृ.को.-अछेद ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कलमलत चित्त चहुआन तब। उर उपजै संजोग हत ॥
बरदाय बोलि तिहि काल कवि। मन अनंत मति पर उद्धति ॥
छं० ॥ ३४ ॥

कविचन्द का दरबार में आना और राजा का अपने मन की बात कहना।

दूहा ॥ आय चंद बरदाय बर। दिय आदर न्रप ताम ॥
आनि बहुरि दीने सु तब। रष्षे तथ्य सु काम ॥ छं० ॥ ३५ ॥
द्वारपाल कमधज्ज थपि। हम रष्षे दरबार ॥
अब जीवन बंछै कहा। कह्यौ सु कब्बि विचार ॥ छं० ॥ ३६ ॥
अरु दिढ़ हत्त पँगानि लिय। तुम जानो सब तंत ॥
चलन नयर कमधज्ज कै। सु बर विचारहु मंत ॥ छं० ॥ ३७ ॥

कवि का कहना कि कन्नौज को जाने में कुशल नहीं है।

तब कवि [1]एम सु उच्चरिय। सुनि संभरी नरेस ॥
चलत न्रपति बरजिय न कहुं। विधि न्रम्मान सुदेस ॥ छं० ॥ ३८ ॥
पंग सु जानहु तुम न्रपति। चलि कीनी तुम देस ॥
गाम ठाम बाहर विचल। पारि जारि किय रेस ॥ छं० ॥ ३९ ॥
कवित्त ॥ [2]कोरि जोर कमधज्ज। सयन आयौ पर ढिल्ली ॥
जारि पारि बेहाल। षलक कीनौ धर मिल्ली ॥
[3]गोपर मार उत्तंग। तोरि उच्छारि झारि भर ॥
दंग जंग परजारि। [4]ठाम कीनौ अठाम नर ॥
कर सांप काल मुष को धरै। को जम पानि पसारि लय ॥
सोमेस नंद विचारि चलि। भवसि सोय [5]देवाधि भय ॥ छं० ॥ ४० ॥
कवन भुजा [6]बलवंत। गयन प्रस्थानन लीनौ ॥
पारावार अपार। कवम पलवन तन कीनौ ॥

(१) ए. कृ. को.-राम। (२) मो.-कारि।
(३) ए. कृ. को.-गोपरि गिर। (४) ए. कृ. को.-ताम, छाम।
(५) ए. कृ. को.-देवास। (६) ए. कृ.-बलवेड।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकल बंध सथ्थह नयन। चकित चित बुलै गरिट्ठौ ॥
तब सु कियौ परनाम तिहि। बर करी राय [३]प्रतिहार ॥
जिहि प्रसन्न सरसति कहै। सुकविचंद दरबार ॥ छं० ॥ ४८१ ॥

दूहा ॥ सीस नायि बुल्लौ वयन। औसर पंग रजेस ॥
कवि जौ जुग्गिनि पुर कहै। संपत्तौ द्वारेस ॥ छं० ॥ ४८२ ॥

कवि की तारिफ।

कवि सरस बानी सरस। कित्ती रूप प्रमान ॥
चंद [४]बत्त हर बिदुष जन। गोपंथिती समान ॥ छं० ॥ ४८३ ॥
गुन आगंम समंद जौ। उक्त तिल हरि तरंग ॥
जुषति कवित मज्जाद ज्यौं। रतन बद्ध प्रषरंग ॥ छं० ॥ ४८४ ॥
संमिय अगुनि प्रगास ज्यौं। गत्ति जुगत्ति बिचार ॥
सुष्य नरेस निधान धन। [५]जनु अर्जुन भटवार ॥ छं० ॥ ४८५ ॥
गुन बिध्यौ नष्यै धनी। तीन प्रकारय कित्ति ॥
सरसेसर उतकंठ कर। ग्रब्बह तत कवि दित्त ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

(१) क्रु. को.-दरवार, दसार (२) ए. क्रु. को नद। (३) मो.-प्रहार।
(४) मो.-बलहरै। (५) ए. क्रु. को.-अनु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आडंबर वरभट्ट बहु। भर बर सध्य कंविद॥
तब रुक्यौ दरबार में। संग रष्षि कबिचंद॥ छं०॥ ४८७॥

राजा जैचन्द का दसोंधी को कवि की परीक्षा करने की आज्ञा देना।

वयन सुन्यौ रघुवंस कौ। भय सुम सुभहि नरिंद॥
तिन दसोंधिय सों कह्यौ। बोलि परष्षहु चंद॥ छं०॥ ४८८॥

कवियन तन चाह्यौ न्रपति। जो मुष तकौ न जान॥
जौ लाइक लष्यौ लषन। तौ लाओ इन थान॥ छं०॥ ४८९॥

* दसोंधी का कवि से मिलकर प्रसन्न होना।

चौपाई॥ आयस भौगु तियन तन चाह्यौ। तिन परनाम कियौ सिर नायौ॥
कंधौं डिंभ कवी परवानी। सरसें वर उच्चारहु बानी॥
छं०॥ ४९०॥

ते चवि आइ चंद पहि ठट्ठै। मिलतें हेत प्रीति रस बट्ठै॥
हुअ आनंद चंद पहि आए। ज्यौं सक्कर पय भूषें पाए॥
॥ छं०॥ ४९१॥

कवि और डिंबियों का भेद।

भुजंगी॥कितं दंडिया डंबरी भेषधारी। सु कब्बी कुकब्बी प्रकारं विचारी॥
सुने भट्ट मेंजे हे च्यार प्रकारी। किधों ब्रह्म मुनि ब्रत वर ब्रह्म विचारी॥
किधों ठग्ग कै ठोठ कै हेनगारी। .... ॥ छं०॥ ४९२॥
कहै राइ पंगुं सुनौ कव्वि सव्वी। परष्यौ सु पतं कुपतं गुनव्वी॥
छं०॥ ४९३॥
किते भट्ट जाने दुरे ते कविंदं। तिनं पास आडंबरं नघ्य इंदं।
कला ग्यान अग न्यान विग्यान जानं। अरध्यं सुरध्यं कुरध्यं प्रमानं॥
छं०॥ ४९४॥

* दसोंधी एक जाति होती है जो कि आज कल जसोंधी भी कहलाती है, दरबार के नाजि या कड़खे कहने वाले जेगबर अबतक इस वंश में होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कठोरं कुबोलं पंढते तिरष्षं[1]। अदिष्टं अदानं प्रमानी निरष्षं ॥
जिते बाल बानी[2] कवीचंद जानं। तिते पंग दिष्टं अदानं प्रमानं ॥
छं० ॥ ४९५ ॥

अहित्तं सुहित्तं सु वित्तं विचारी। रसं नौ छ भाषा स साषा उधारी॥
परंमान ग्यानी विग्यनी विरूरं। लघौ वुद्धि विद्या तौ आनौ हजूरं॥
छं० ॥ ४९६ ॥

दसोंधियों का कवि के पास आना और कविचन्द का कवित्त पढ़ना।

चौपाई ॥ ति कवि आय[1] कवि पहि संपत्ते। गुरु व्याकंन कहै मन मत्ते ॥
थकि प्रवाह गंगा सरसत्ती। सुर नर श्रवन मंडि रहै बत्ती ॥
छं० ॥ ४९७ ॥

मुष [1]परसंत परसपर रत्ते। मुन उच्चार कर्‍यौ सरसत्ते ॥
गुन उच्चार चार तन कीनौ। जनु भुष्षै पय सक्कर दीनौ ॥
छं० ॥ ४९८ ॥

सब रूपक कहि कहि[1] कवि जित्ते। नव रस भास सु पुच्छहि तत्ते॥
गजपति गरूअ ग्रेह गुन गंजहु। श्रीधर बरनि पंग मन रंजहु॥
छं० ॥ ४९९ ॥

श्रीवर श्रीकर श्रीपति सुंदर। सुमिरन कियौ तथ्य कविचंदर ॥
बीठल विमल बयन[2] बसुधा बन। द्रुपद पुत्ति चिरु चीर बढ़ावन ॥
छं० ॥ ५०० ॥

ग्राह गहत गंधर्व गयंदह। रष्षहु मान सुभान नरिंदह ॥
तुअ चिंत्तत सचु सब मित्तिय। विष दातव्य विषा लछी चिय ॥
छं० ॥ ५०१ ॥

जब अर्जन कोवंड धरिय कर। तब [2]संघरिय सकल षोहिन भर
जब अर्जुन मन मोह उपायौ। तब भारथ मुष मभ्भ दिषायौ॥
छं० ॥ ५०२ ॥

(१) ए. कृ. को.-परसंन। (२) ए. संधिय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है हरता करता अविनासी। प्रकृति पुरुष भारय श्री दासी॥
सा भारति मुष मझ्झ प्रसन्नी। तव न वरस साटक भाष छ भन्नी॥
छं०॥ ५०३॥

साटक॥ अंबोरुह मानंद लोइ लरिसौ, दारिम्म लो बीयलो॥
[1]लोयन्ने चल चालु, चालुय वरं, बिंबाइ कीयौ गहौ॥
के सीरी कै साइ बैनिय रसौ, चीकीमि की नागवी॥
इंदो मध्य सु इंद मानवि [2]हितो, ए रस्स भासा छठौ॥
छं०॥ ५०४॥

दसोंधी का प्रसन्न होकर कवि को स्वर्ण आसन देना।

चौपाई॥ कवि पिष्यत कवि को मन रत्तौ। न्याय नयर कवंज संपत्तौ॥
कवि एकह अंगी क्रित कीनौ। हेम सिंघासन आसन दीनौ॥
छं०॥ ५०५॥

दसोंधी का कवि की कुशल और उसके दिल्ली से आने का कारण पूछना।

दूहा॥ क्यौ मुक्यौ प्रथिराज बर। क्यौं ढिल्ली पुर छेह॥
जंपि कहौ कविचंद तत। तुम कुसलत्तन ग्रेह॥छं०॥५०६॥

कवि का उत्तर देना कि भिन्न भिन्न राज्य दरबारों में विचरना कवियों का काम ही है।

गाथा॥ दीसै विविह चरियं। जानिज्जै सज्जन दुज्जनं॥
[3]अप्पानं चक लिज्जै। हिंडिज्जै तेन पुहवीए॥छं०॥५०७॥

दूहा॥ जिन मानो चहुआन भौ। सुलाइ जालई भट्ट॥
देषि ग्रब्ब सुरपति गरै। पंग दरसि सो यट्ट॥छं०॥५०८॥
जगत समुद्दयकार जल। षग्ग सीस चहुआन॥
इह अचिज्ज बर भट्ट सुनि। तुछ निड्डर संमान॥छं०॥५०९॥

(१) ए.-को-लोदन्ने, लोहने। (२) मो. हनौ। (३) ए.-अप्पाजं तनक लिज्जै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दसोंधी का कहना कि यदि तुम बरदाई हो तो यहीं से राजा के दरबार का हाल कहो।

चौपाई ॥ गजपति गरूअ ग्रेह मन रंजह,। किन गुन पंग राय मन गंजह,॥
जो सरसै बर है तुम रंचौ। [1]तौ अदिष्ट बरनौ कवि संचौ ॥
छं० ॥ ५१० ॥

मुरिल्ल ॥ तब सो देषै जान [2]प्रवीनं। भट्ट नयन सोहै रसलीनं ॥
दान षग्ग सरबंगै सूरौ। अनीवानि [3]अब्बंगै पूरौ ॥ छं० ॥ ५११ ॥

दूहा ॥ दीन वचन लहु करि कहौ। कविन करौ मन मंद ॥
जै सरसै बर कछु हुए। तौ बरनौ जयचंद ॥ छं० ॥ ५१२ ॥

अरिल्ल ॥ अहौ चंद बरदाइ कहावह,। कनवज्जह न्नप देषन आवह, ॥
जौ सरसति [4]जानौ बर चाव। तौ अदिष्ट वरनौ नृप भाव ॥
छं० ॥ ५१३ ॥

कवि का कहना कि अच्छा सुनों मैं सब हाल आशु छन्द प्रवंध में कहता हूं।

दूहा ॥ जौ वरनों जैचंद को। तौ सरसें बर मोहि ॥
छंद प्रवंध कवित्त जति। कहि समझाउं तोहि ॥ छं० ॥ ५१४ ॥

दसोंधी का कहना कि यदि आप अदिष्ट प्रबन्ध कहते हैं तो यह कठिन बात है।

कहहि पंग बुधिजन कवित। सुनह चंद बरदाइ ॥
दिठि दिष्षौ बरनै सकल। अदिठ न बरन्यौ जाइ ॥ छं० ॥ ५१५ ॥

कविचन्द का जैचन्द के दरबार का वर्णन करना।

पद्धरी ॥ सभ साज पंग बैठौ नरिंद। गुनगहर सकल साजै सु इंद ॥
सिंघासन आसन सुभ्र साज। मानिक्क जटित बहु मोल भ्राज ॥
छं० ॥ ५१६ ॥

---

(१) मो.-तौ अदिष्ट वरनहु नृप संचौ। (२) ए. प्रचीनं।
(३) मो.-सरवंगैं। (४) ए. कृ. को.-जानू।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वासन्न सेत मधि पीति सोहि। ब्रन्नंत ताम कविराज मोहि॥
मंद्यौ किरीट बररूव सीस। उत्तंग मेर हर सिषर दीस॥
छं०॥ ५१७॥

बैठो सुभूप मुष दिसि कुबेर। रजि रुद्र थान रचि जानि मेर॥
दाहिनै वांम भर भर बयट्ठ। स्हरत्त दत्त गुन सकल दिट्ठ॥
छं०॥ ५१८॥

सिर सेत छत्र मंद्यौ सु भूप। बहु देस रिद्धि बहु तास रूप॥
सनमुष्ष बैठि बर विप्र भट्ट। इह चव सु विद्य कलताम घट्टि॥
छं०॥ ५१९॥

तिन पच्छ बैठि गायन सु गेव। किन्नरह कंठ रस सकल भेव॥
हिमदंड छत्र किय सेत पान। ठट्ठौ सु पिट्ठ विस भूप जानि॥
छं०॥ ५२०॥

दुहु पिट्ठ साजि वर चँवर ढार। रजि रूप जानि अस्वनि कुमार॥
ठट्ठौ सु पन्नधर दच्छि थान। प्रतिबिंब रूप दुअ इंद जानि॥
छं०॥ ५२१॥

बैठे सु पिट्ठवर पासवान। बनि रूप रेह जित राज जान॥
रत्तौ सु कीर मुष अग्र जान। भुज्जंत पक्क फल करक पान॥
छं०॥ ५२२॥

थरि करह बाज ठट्ठौ समुष्ष। देयंत ताम तामो सुरुष्ष॥
इहि विद्धि बयट्ठौ पंगराज। आसनह जीति जोगिंद साज॥
छं०॥ ५२३॥

जैचन्द का वर्णन।

साटक॥ जा सीसं चमरायते सित छतं, षं षिन्न इंदोलिता॥
बाला अर्क समान तेज तपनं, कीटी तयं मौलिता॥
सस्चे सस्च समस्त षिचि दहियं, सिंधुं प्रयाते षलं॥
कंठे हार रुलंति आनक समं, प्रथिराज हालाहलं॥
छं०॥ ५२४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दरबार में प्रस्तुत एक सुग्गे का वर्णन।

दूहा॥ नील चंच अरु रत्त तन। कर करकटी भषंत॥
जोइ जोइ अष्षै राज मुष। सोइ सोइ कीर कहंत॥छं०॥ ५२५॥

कवित्त॥ नीम चंच तन अरुन। पानि आरोहि राज सुक॥
रुचि संपार परंम। चरन पिंगल सुभंत जुक॥
कंठ मुकत गुन रतन। जटित ओपत आभूषन॥
[1]रूर वारु कर नषनि। दष्षि भष्षित तन पूषन॥
जिम जिम उचार अष्षत न्रपति। तिम तिम कीर करंत सुर॥
भूलंत सुनत क्रत बेद बर। रस रसाल बानी सु फुर॥
छं०॥ ५२६॥

दूहा॥ सहस छच बज्जन बहल। बहुल बंस विधि नंद॥
एक सहस संषहधुनी। महल जानि जयचंद॥ छं०॥ ५२७॥

दसोंधी का कहना कि सब सरदारों के नाम गाम कहो।

दूहा॥ तब तिन कवियन उच्चरिय। अहो चंद बरदाइ॥
[2]पृथुक पृथुक नर नाम सभ। बरनिरु हमहि सुनाइ॥
छं०॥ ५२८॥

कवि चन्द का सब दरबारियों का नाम गाम और उनकी बैठक वर्णन करना।

पद्धरी॥ राजिय सुसभा राजै सपंग। बिहु बांह पंति रंगह सुरंग॥
सोभत सुरेस सुर समय सार। हनि वृतअसुर दरबार भार॥
छं०॥ ५२९॥
दष्षिनिय अंग रयसल्ल कमंध। तिन अंग बीरचंदह सुबंध॥
जद्दवह भांन जुगरान बीर। कासह नरिंद रविबंस धीर॥
छं०॥ ५३०॥

(१) ए.-रूर चारु कर नषनि, कृ.-रूचिरु रनि षनि, मो. उरट वारु कर नषनि।
(२) ए. कृ. को.-"पृथुक नाम नर नाम सब"।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बरसिंघ राव बघेघल सूर। [1]कठिया राय केहरि करूर ॥
परताप बीर तेजंप नाथ। रा राम रेन राहप्प पाथ ॥
छं० ॥ ५३१ ॥

केलिया बंध कठी सु आस। करनाट भर काहप्प तास ॥
सारंग भट्ट सुग्रीव भाव। मोरी मुवंद परमार राव ॥
छं० ॥ ५३२ ॥

बीरंमराव नर पाल बीर। नरसिंघ कन्ह सम भुज गंभीर ॥
महदेव समह हरंसिंघ बंक। मेहान छुंद सद सार कंक ॥
छं० ॥ ५३३ ॥

पूरन्नराव चालुक्क देव। गोयंदराव परमार भेव ॥
हम्मीर धीर परताप तत्त। परबत पहार पाहार सत्त ॥
छं० ॥ ५३४ ॥

सत्रसाल अवधि पाटन नंरिंद। साषुला हीर भुज फर कंविंद ॥
हन्नू लंगूर रनबीर बाह। जसवंत उठ्ठ द्रुग सबर नाह ॥
छं० ॥ ५३५ ॥

बर बीरभद्र बघघेल मेर। नृप कृष्णराय सद्दन अरेर ॥
श्री मकुँदराइ बीराधिधार। जै सिंघ सूर [2]आकार भार ॥
छं० ॥ ५३६ ॥

भुज बाम बंक सेनी सधीर। आघात पात वज्रंग बीर ॥
रठवरह सूर रावत्त राज। रनवीर धीर आवद्ध भ्राज ॥
छं० ॥ ५३७ ॥

न्नप चंद्रसेन पांवार राव। न्नप भीमदेव आजान दाव ॥
नरसिंघ सूर चालुक्क वीर। वर रुद्रसिंघ कंठी सधीर ॥
छं० ॥ ५३८ ॥

श्री रामसेन राजेस राज। सांषुला देव दासह समाज ॥
रा रामचंद्र रानिंग राव। हम्मीर सेन चतुरंग चाव ॥
छं० ॥ ५३९ ॥

(१) ए. कृ. को.-कठिसा। (२) कृ. को.-आकार, ए.-स्राकार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जट्टह सुदेव सारंग सूर । बीरंभ सवन घाती समूर ॥
जैसिंघ कमध आजानि पानि । पंमार भीम रण सिंघ थान ॥
छं० ॥ ५४० ॥

अरजुन्नदेव निमकुल नरेस । आसोक राइ साहन सुरेस ॥
चंदेल वीरभद्रह सवीर । सहदेव बंक भुज धज गंभीर ॥
छं० ॥ ५४१ ॥

केहरी ब्रह्म चालुक बीर । हरिचंद तेज चहुआन नीर ॥
हरसिंघ राइ रजि पास वान । निसुरत्ति बीर ममरेजषान ॥
छं० ॥ ५४२ ॥

इतमीस[1]मीर बहबल मसंद । [1]आरासषान पीरोज बंद ॥
कंमोदषान जहान भार । जुग बलिय अमिय अलिय करार ॥
छं० ॥ ५४३ ॥

महमुंद षान केलिय गंभीर । अबदुल्ल रोम राहिम्म मीर ॥
सल्लेम साहि [2]इसमित्त षान । [3]आरोज साहि असवह पान ॥
छं० ॥ ५४४ ॥

ढारंत चँवर जुग पच्छ भूप । हरि बीर रास सम वय सरूप ॥
ठट्ठौ सु दषिन कर मंचि राव । थट्टे मुकुंद पहु वाम थाव ॥
छं० ॥ ५४५ ॥

शिव राग होत हरि गुन [4]मिलंत । उर सुनत सत्त पत्तह [5]षिलंत ॥
श्रीकंठ सु गुर कवि कमल भट्ट । जुग जोर समुष कमधज्ज पट्ट ॥
छं० ॥ ५४६ ॥

जुग पुरुष आय बिनतिय समान । पठ्ठए नाथ तिरहुत्त थाम ॥

दसौंधी का दरबार में जाकर कवि की शिफारिस करना ।

कवि गमत बहुर फिरि पंग तीर । सुनि गुन गंभीर कमधज्ज बीर ॥
छं० ॥ ५४७ ॥

(१) ए.-आरात । (२) ए. कृ. को.-इसभीर । (३) मो.-आरज्ज ।
(४) कृ. ए.-सिलंत । (५) मो.-लिषंत ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि कमल विमल गुन अद्दरेस। अप्पियै अंषि निज वर नरेस ॥
छं० ॥ ५४८ ॥

दूहा ॥ * मंगल बुध गुरु सुक्र सवि। सकल सूर उड़दिट्ठ ॥
आत पच धुम्र जिम तपै। सुभि जयचंद बयट्ठ ॥छं० ॥ ५४९॥

नव रस सुनि हिठ अदिठरस। भाषा जंपि न्रपाल ॥
सद्दह पत्त कुपत्त लिषि। गुन दरसी चयकाल ॥ छं० ॥ ५५० ॥

कवि का एक कलश लिए हुई स्त्री को देख कर उसकी छवि वर्णन करना।

जान्यौ बर बरदाइयन। बर संचौ कविचंद ॥
कंद्रप कितो कि और बर। लेत पीठ जैचंद ॥ छं० ॥ ५५१ ॥

चौपाई ॥ दस दिस कवि संमुहौ उहाई। घट धरि बाल [1]कुरित्तन आई॥
धरत सुधरि छाईं मुष [2]छाइया तिहि कविराज सु ओपम [2]पाइय॥
छं० ॥५५२॥

दूहा ॥ बर उपजै विपरीति गति। रहत सहायक द्वंद ॥
तत्त विरम्मि निवेस किय। [3]चित्तहि तत्तहि चंद ॥छं०॥५५३॥

कवित्त ॥ तहां सुदिष्षि कविचंद। चंद दह दह संजुत परि ॥
पूरानन आनंद। शुद्ध मकरंद सुद्ध जुरि ॥
म्रगा मीन गुन गनै। गुनह लज्जीत छिपाकर ॥
तहां अपुव उप्पनौ। हीर चक्रवाक प्रभाकर ॥
सज्जीव मदन वेलीं विहसि। बरकमोद सामोद घटि॥
संजोग भोग सम जोग गति। रति प्रमान मनमथ अनटि ॥
छं० ॥ ५५४ ॥

*यह दोहा मो. प्रति में इस छन्द पद्धरी के पहिले और दोहा छन्द ९१७ के बाद है।
(१) ए. कृ. को.-कुरित्तिन। (२) ए. कृ. को.-छाई पाई।
(३) ए. कृ. चित्तरि ततरि चंद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि की विद्वत्ता का वर्णन।

दूहा ॥ भाषा षट नव रस पढ़त। बर पुच्छै कविराज ॥
संप्रति पंग नरिंद कै। बर दरबार बिराज ॥ छं० ॥ ५५५ ॥

भाष परिछा भाष छह। दस रस दुम्भर भाग ॥
वित्त कवित्त जु छंद लौं। षग सम पिंगल नाग ॥ छं० ५५६ ॥

कवित्त ॥ भेद भाव गुन कला। [1]सुनत आचिज कविंद घन ॥
नृपति बरन अनदिट्ठ। सभा सद विवह बचन घन ॥
छंद कवित पारस प्रचार। सुरधार नंदि सुर ॥
रस रसाल बानी [5]पुनंत। गय भज्जि उरह जुर ॥
दीरघ दरस्स कविचंद बर। सुनि नरिंद कनवज्ज पति ॥
[2]अनि गुनिय कला गुन सष्षवै। सरसें वर धरि सरस मति ॥
छं० ॥ ५५७ ॥

कविचन्द का दरबार में बुलाया जाना।

दूहा ॥ प्रभु बोलिय कवि मझ्झ ग्रह। दरसि पंग असथान ॥
मनु भान चरन नव ग्रस परसि। नक बैठो सुरथान ॥
छं० ॥ ५५८ ॥

राजा जैचन्द का ओज साज वर्णन।

कवित्त ॥ जिम सरद ससि व्यंब। तिम सु [3]मछि छच विरज्जिय ॥
जिम सु ध्रम्म पव्वय। पविच [4]छीरनिधि जिम छज्जिय ॥
जग मंडिन जिम मुत्ति। कित्ति तानिय वितान तिम ॥
जिन सु सत्त मय पुंज। सेत सुरतरु फुल्लिय तिम ॥
सित सहस पच विगसिय जिमसु। दुरद मत्त अलि सुम्मयौ ॥
अति तुंग सुधा रस राजग्रह। पिषत कव्वि द्रग भुल्लयौ ॥
छं० ॥ ५५९ ॥

(१) ए. कृ. को.-सुनत। (२) ए. कृ.-अति।
(३) ए. कृ. को.-माछि। (४) ए. कृ. को.-छीर निधि। (५) मो.-गय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हेजम का अलकाव बोलना और कविचन्द का आशीर्बाद देना

दूहा ॥ हक्कार्यो हेजम्म कवि । निकट बोलि नृप ईस ॥
सरसें बर संभारि करि । कवि दीनी आसीस ॥ छं० ॥ ५६० ॥

कवि का आशीर्वाद देना ।

कवित्त ॥ जिम ग्रह पिति ग्रहपंति । जिम सु उड़पति तारायन ॥
मधि नाइक जिम लाल । जिम सु सुरपत नाराइन ॥
जिम विषयन संग मथन । सकल गुण संग सील जिम ॥
वरन मध्य जिम उगति । चित्त इन्द्रिय जालह तिम ॥
अनि अनि नरेस भर भीर सर । दारिम न्टप मंदिर मरिय ॥
दिख पंग पानि उन्नित करिय । सुकविचन्द आसिष्ष दिय ॥
छं० ॥५६१॥

वचनिका ॥ साहि झार साहि विभ्भार । बलिय साहि कंध कुद्दार ॥
सबर साहि मान मरदान । निबर साहि मान भूमि वरदान ॥
अदतार राइ अंकुस्स सीस । दातार राइ सरसोभ दीस ॥
सुक्रति राइ बाहन बरीस । विजैपाल सूय कनवज्ज ईस ॥

जैचंद की दराबरी बैठक वर्णन ।

कवित्त ॥ मंगल बुध गुरू सोम । सुक्र सनि सोभ पास तप ॥
हत तप [1]धुतम नरिंद । पंग सोहीज मंडि जप ॥
सकल सूर बर सुमट । सुबर मंडिली विराजै ॥
द्रुग्ग देषि कविचंद । [2]सुभत सुरराज सुभाजै ॥
क्रम वेन सम उच्चर्यो । विरह तुंग द्रिगपाल तप ॥
क्रम अट्ठ अट्ठ षिटें सु बर । मध्य बीर मंडलिय अप ॥ छं० ॥५६२॥

जैचन्द की सभा की सजावट का वर्णन ।

भुजंगी॥ सभा सोभियं बीर विजपाल नंदं । मनों मंडियं थान बिय इंद दंदं ॥
बरं थान थानं दुलीचै विराजै । तिनं देषि रंगं धनंपंति लाजै ॥
छं० ॥ ५६३ ॥

(१) ए. कृ. को.-पुतम । (२) ए. कृ. को.-सुदित सुरनाथ सु भाजै ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुंथे रत्त पट्टं सुई डोरि हेमं। मनो भूमि रविक्रंन मिल्ल चलहि तेमं॥
जरे रत्त नीलं नगं पट्ट साही। मनो आवरे बंधु धर नील माही॥
छं० ॥५६४॥
ढरैं चोर सेतं झपै मोज ताही। तिनंकी उपम्मा कवीचंद भाही॥
मनु आरुही भान लगि लग्गि आजं। डरं जान उग्गै रमै रथ्थ साजं॥
छं० ५६५॥
उठै छत्र पंगं उपम्मा समग्गं। मनो नौग्रहं मान तजि सीस लग्गं॥
कवीचंद राइं बरद्दाय बीरं। कला काम कल कोटि दिष्षी सरीरं॥
छं० ५६६॥

राजा जैचन्द को प्रसन्न देख कर सब दरबारियों का कवि की तारीफ करना।

दूहा॥ पंग पयंप्यौ कवि कमल। अमर सु आदर कीन॥
पुब नरेस परसंन दिट्ठि। सब जंपयौ प्रवीन॥ छं०॥५६७॥
चंद अग्ग प्रथिराज बर। हन्नौ फुनि फुनि एष॥
जिम जिम न्रप पुच्छै बिरद। तिम तिम बढ़ै विसेष॥छं०॥५६८॥

पुनः जैचन्द का बल प्रताप और पराक्रम वर्णन

कवित्त॥ कोरि जोर दल प्रबल। अचल चल सुथिर थरथ्थर॥
नाग सु फनि फन सकुचि। कच्छ पुप्परिय घरष्षर॥
चढ़त भान छावंत रेन। [1]गयनेव दसं दिस॥
दीपक ज्यौ बसि बात। आत पचं [2]आधारिस॥
कमधज्जराइ विजपाल सुअ। तो बर भूपति हय किसौ॥
बरदाइ चंद दैदेवि बर। जिसौ होइ अष्षै तिसौ॥ छं०॥५६९॥

इस समय की पूर्व कथा का संक्षेप उपसंहार।

प्रथम परसि संदेह। भयौ आनंद सबै जन॥
अरू गंगा जल न्हाय। पाप परहर्‌यौ ततच्छन॥

(१) ए. कृ. को. गयनेंन दसंज्जिय। (२) ए. कृ. को.-आधारिय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गयौ चदं दीवान। अनी बानी सु फुरंतौ॥
सुफल हथ्थ सुष विरद। राय भिंव्यौ सु तुरंतौ॥
श्रुत सुनिय विरद पुच्छिय तुरत। संच पयंपहु भट्ट सुनि॥
जिम जिम अचार ढिल्लिय न्रपति। तिम तिम जंपहि पुनह पुन॥
छं० ॥ ५७० ॥

भुजंगी॥ जहां आसनैं सूर ठट्टै सनाहं। जिनै जीति छितिराइ किय एक राहं॥
धरा भ्रम्म दिगपाल धर धरनि षंडं। धरै छत्र सिर सोभ दुति कनक [1]डंडं॥
छं० ॥ ५७१ ॥

जिनै साजतें सिंधु गाहें सु पंगा। उनै तिमिर तजि तेज भाजै कुरंगा॥
जिनें हेम परवत्त सें सव्व ढाहे। [2]जिनें एक दिन अट्ठ सुरतान साहे॥
छं० ॥ ५७२ ॥

असं जंपियं [3]सष्ष सो चंद चंडं। जिनै थप्पियं जाय तिरहूत पिंडं॥
जिनै [4]दष्षिनी देस अप्पै विचारै। जिनैं उतर्‍यौ सेतबंधं पहारै॥
छं० ॥ ५७३ ॥

जिनैं करन डाहाल दुअ बान बेध्यौ। जिनैं सिद्ध चालुक्क कय बार षेध्यौ॥
तिनं दिन्न जुद्धं भिरै भूमि रुंडं। बरं तोरि तिल्लंग गोआल कंडं॥
छं० ॥ ५७४ ॥

जिनै छिंडियौ बंधि इक गुंड जीरा। ग्रहे लिद्ध वैरागरें सब हीरा॥
जिने गज्जने सूर साहाब साही। तिने मोकल्यौ सेव निसूरत्ति भाहीं॥
छं० ॥ ५७५ ॥

बरं भुल्लि भष्षी षनं जोव रोरै। तहां रोस कै सोस दरिया हिलोरै॥
जिनैं वंधि षुरसान किय मीर बंदा। इसौ [5]रट्ठवर राय विजपाल नंदा
छं० ॥ ५७६ ॥

जहां बंस छत्तीस आवैं हकारे। परं एक चहुआन षुमान टारै॥
छं० ॥ ५७७ ॥

(१) ए. कृ. को.-दंड। [२] मो.-जिते। [३] ए. कृ. को.-सच्च।
[४] ए. कृ. को.-दछिन। [५] मो.-रिटवर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का नाम सुनतेही जैचन्द का जल उठना।

दूहा ॥ सुनत न्रपति रिपु कौ बयन । तन मन नयन सु रत्त ॥
दिय दरिद्र मंगन घरहु । को मेटै विधिपत्त ॥ छं० ॥ ५७८ ॥

रतन बुंद बरषै न्रपति । हय गय हेम सु हद्द ॥
लग्गि न बुंद सु मग्ग तन । सिर पर छच दरिद्द ॥ छं० ॥ ५७९ ॥

पुनः जैचन्द की उक्ति कि हे*बरद्द दुबला क्यों है ?।

मुह दरिद्र अरु तुच्छ तन । जंगलराव सु हद्द ॥
बन उजार पसु तन चरन । क्यौं दूबरौ बरद्द ॥ छं० ॥ ५८० ॥

कवि का उत्तर देना कि पृथ्वीराज के शत्रुओं ने सब घास उजार दी इसी से ऐसा हूं।

कवित्त ॥ चढ़ि तुरंग चहुआन । आन फेरीत परद्धर ॥
तास जुद्ध मंडयौ । जास जानयौ सबर बर ॥
केइक तकि गहि पात । केइ गहि डार मूर तरु ॥
केइत दंत तुछ चिन्न । गए दस दिसनि भाजि (१)डर ॥
भुअ लोकत दिन अचिरिज भयौ । मान सबर बर मरदिया ॥
प्रथिराज षलन षद्धौ जु षर । सु यों दुब्बरौ बरद्दिया ॥
छं० ॥ ५८१ ॥

पुनः जैचन्द का कहना कि और सब पशु तो और और कारणों से दुबले होते हैं पर बैल को केवल जुतने का दुःख होता है। फिर तूं क्यों दुबला है।

हंस न्याय दुब्बरौ । मुत्ति लब्भै न चुनंतह ॥
सिंघ न्याय दुब्बरौ । करी चंपे न कंठ कह ॥

(१) ए. कृ. को. कर ।

* "वरद्द" शब्द के दो अर्थ होते हैं एक वरदाई दूसरा बैल ।अब भी बंसावड़े में बैल को बरधा, वरध या बधिया इत्यादि कहते हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

म्रग्ग न्याय दुब्बरौ। नाद बंधियै सु बंधन ॥
छैल छक्क दुब्बरौ। चिया दुब्बरी मीत मन ॥
आसाढ़ गाढ़ बंधन धुरा। एकहि गहि ह हरदिया ॥
जंगर जुरारि उज्जर घर न। क्यों दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं० ॥ ५८२ ॥
पुरै न लग्गी आरि। भारि लग्यौ न पिट्ठ पर ॥
गज्जवार गंमार। गही गट्ठी न नथ्थ कर ॥
भ्रम्यौ न कूप भावरी। कबंहुक सब सेन हत्तौ ॥
पंच धार ललकारि। रथ्थ सथ्था नह जुत्तौ ॥
आसाढ़ मास बरषा समै। कंध न कहों हरद्दिया ॥
कमधज्ज राव इम उच्चरै। सु क्यौं दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं० ॥५८३॥

पुनः कवि का उपरोक्त युक्ति पर प्रत्युत्तर देना।

फुनि जंपै कविचंद। सुनौ जैचंद राज बर ॥
पुरै आर किम सहै। भार किम सहै पिट्ठपर ॥
नथ्थ हथ्थ किम सहै। कूप भाँवरि किम मंडै ॥
है गै सुर बर सुधर। स्वामि रथ भारथ तंडै ॥
बरषा समान चहुआन कै। अरि उर बरह हरद्दिया ॥
प्रथिराज षलनि षद्धौ सु षर। सुइम दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं० ॥५८४
प्रथम नगर नागौर। बंधि साहाब चरिग तिन ॥
सोभंत्त भर भीम। सीम सोधीत सकल बन ॥
मेवाती मुगल महीप। सब्ब पचजु षद्धा ॥
ठट्ठा कर ढिल्लिया। सरस संमूर न लद्धा ॥
सामंत नाथ हथ्थां सु कहि। लरिकैं मान मरद्दिया ॥
प्रथिराज षलन षद्धौ सु षर। यौं दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं०॥५८५॥

कवि के वचन सुन कर जैचंद का अत्यंत कुपित होना।

सुनत पंग कबि बयन। नयन श्रुत बदन रत्त वर ॥
भुवन बंक रद अधर। चंपि उर उससि सास झर ॥
कोप कलंमलि तेज। सुनत विक्रम अरि क्रम्मह ॥
सगुन विचार कमंध। दिष्षि दिस चंद सु पिम्मह ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदर सुभट्ट राजिंद किय। अंग एँडाइ बिसतारि कर ॥
नन मिलत मोहि संभरि धनिय। कहौ बत्त मुष विरद बर ॥
छं० ॥ ५८६ ॥

कवि का कहना कि धन्य है महाराज आप को! आपने मुझे वरद पद दिया। वरद की महिमा संसार में जाहिर है।

जिहि बरद्द चढ़ि कै। गंग सिर धरिय गवरि हर ॥
सहस मुष्प संपेषि। हार किन्नौ भुजंग गर ॥
तिहि भुजंग फन जोर। झोलि रष्यौ वसुमत्तिय ॥
वसुमत्ती उप्परै। मेरगिरि सिंधु सपत्तिय ॥
ब्रहमंड मंड मंडिय सकल। धवल कंध करता पुरस ॥
गरुअत्त बिरद पहुपंग दिय। क्रपा करिय भट्टह सरिस ॥
छं० ॥ ५८७ ॥

जैचन्द का कहना कि मुझे पृथ्वीराज किस तरह मिले सो बतलाओ।

दूहा ॥ आदर किय न्रप तास कौं। कह्यौ चदं कवि आउ ॥
[1]मिले मोहि ढिल्लिय धनी। सु वत कहिग स मझाउ ॥ छं० ॥५८८॥

राजा जैचन्द का कहना कि पृथ्वीराज और हम सगे हैं और तुम जानते हो कि सब राजा मेरी सेवा करते हैं।

उनि मातुल मुहि तात कहि। नित नित प्रेम वढंत ॥
जिम जिम सेव स अद्दरिय। तिम तिम दान चढंत ॥ छं० ॥ ५८९॥
सोमेसं पानिग्रहन। जब ढिल्ली पुर कीन ॥
हम गुरजन सब बत्त करि। बहु धन मंग सु लीन ॥ छं० ॥ ५९० ॥
कै कमान सज्यौ सु द्रह। सुन्यौ न विजय नरिंद ॥
सब सेवहि पहु हमहि न्रप। सो तुम सुनि कविचंद ॥छं०॥५९१॥

[१] मो.-मिले न मुहि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कविचन्द का कहना कि हां जानता हूं जब आप दक्षिण देश को दिग्विजय करने गए थे तब पृथ्वीराज ने आपके राज्य की रक्षा की थी।

पद्धरी ॥ अवसर पसाउ सुनि पंगराव। तुअ तात मात द्रिगविजय चाव ॥
तुम दिवस लग्गि दच्छिनह देस। तव लग्ग मेछ [1]इथ्थह प्रवेस ॥
छं० ॥ ५९२ ॥

सामंत नाथ तपि तोन बांधि। संहऱ्यौ साहि सब सेन संधि ॥
दामित्त रूप छत्ती कुलाह। सामंत सूर दुहु विधि दुबाह ॥
छं० ॥ ५९३ ॥

अन पुच्छि करै ग्रिह राज काज। कुल छच पंड चहुआन लाज ॥
[2]सिंगिनि समथ्थ सर सबद बेध। जिन करहु राव उन मिलन षेध ॥
छं० ॥ ५९४ ॥

हिंदवान जेन लग्गीय धाय। उहि छिच कौंन द्रिग विजै राइ ॥
मानिक्कराव दुअ बंस सुद्ध। रघुवंसराव जिमनि विन दुद्ध ॥
छं० ॥ ५९५ ॥

मुक्कल्यौ तोहि दिष्षनि बरीति। राज सु जेम मंड्यौ प्रवीति ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ५९६ ॥

जैचन्द का कहना कि यह कबकी बात है आह यह उलहना तो आज मुझे बहुत खटका।

कवित्त ॥ कहै पंग सुनि चंद। येह वितक किम वित्तौ ॥
किम गोरी सुरतान। भार भर थंभर जित्तौ ॥
कौंन समै इह बत्त। घत्त षेली किम गोरी ॥
यादिन हौ मुहि परम। परी बत्ता सब भोरी ॥
कहि कहि सु चंद मम ढील करि। राज पयंपत पुनह पुन ॥
[3]तव कही चंद वचनह विवर। एह कथ्थ संमूल सुनि ॥ छं० ॥५९७॥

(१) ए. कृ. को.-हथ्थह। (२) मो.-संगानि। (३) ए. कृ. को.-तव कही चंद वरदाइ ने।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि का उक्त घटना का सविस्तर वर्णन करना।

संवत तीस चिआर। विजय मंड्यौ सुपंग पहु॥
जीति देस सब अवनि। लीन करमध्य हिंदुसहु॥
दिसि दच्छिन संपत्त। कोपि गोरी सहाब तब॥
रचिय बुद्धि बर अप्प। बोलि उमराव मीर सब॥
तत्तार षान षुरसान षां। षां रुस्तम [1]कालन गनिय॥
जेहान मीर मारूफ षां। बोलि मंत मंचइ मनिय॥ छं०॥ ५९८॥

शहाबुद्दीन का कन्नौज पर चढ़ाई करने का मंत्र करना।

गुझ्झ महल साहाब। दीन सुरतान सपत्तौ॥
मंडि मंत एकंत। बोलि उमरावन तत्तौ॥
इह काफर बरजोर। जीति अवनीय अप्प किय॥
तेज अनंत मति अनँत। सेन सज्जैं भर बंकिय॥
आए सु साज कंगुर करषि। करन सेव को देन कर॥
बर जोर हिंदु सा दीन पहु। घटै न रंचि सु बुद्ध [2]नर॥
छं०॥ ५९९॥

मंत्रियों का कहना कि दल पंगुरा बड़ा जबरदस्त है।

कहिय षान तत्तार। साहि साहाब दीन सुनि॥
विषम जोर बर हिंद। जीति पहुपंग अप्प फुनि॥
मिले सेन सुरतान। [3]मलिक अनेक द्रव्य भर॥
द्रव्य पानि पथ्थार। संकरि सब वस्य अप्प पर॥
गहि कोट सज्जि गज्जन सुबर। आतस चरित [4]अनेक करि॥
आवंत पंग साधर सयन। [5]लरि मनमध्य पियान अरि॥
छं०॥ ६००॥

(१) ए. कृ. को.-तालन यह नाम महोबे के चंदेल राजा परिमाल के दरबारी एक मुसल्मान सरदार का भी है।

(२) ए. कृ.को.-बर। (३) ए. कृ. को.-मिलक।

(४) ए. कृ. को.-अनंत। (५) ए. कृ. को.-नीर मनमथ पिय थान लरि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाह का कहना कि दिल छोटा न करो दीन की दुहाई बड़ी होती है।

कहै साहि साहाब। अहो तत्तारषान सुनि॥
षुरासान रुस्तमां। जमन मारुफ षान गुनि॥
काल जमन जेहान। सुनौ बर बत्त चित्त तुम॥
मंत सत्त सुद्धरौ। दीन नन हीन करौ क्रम॥
सजि सेन चढ़ौ कनवज्ज धर। भंजि देस सम पुर सयल॥
हरि रिद्धि बंधि नर नारि धर। आतस जालिय अप्प बल॥
छं०॥ ६०१॥

दूहा॥ सज्जि सेन [1]साहन[2]समुद। गज्जनवै सुरतान॥
बोलि मीर गंभीर भर। भंजि देस थन थान॥ छं०॥ ६०२॥

शहाबुद्दीन का हिंदुस्तान पर चढ़ाई करना और कुंदनपुर के पास रयसिंह बघेले का उसे रोकना।

पद्धरी॥ मिलि सेन साहि आलम असंष। गंभीर मीर दिढ़ तीर नंषि॥
मेमंति दंति घन बज्जि सार। आगाढ़ स्याम बद्दर सु ढारि॥
छं०॥ ६०३॥
बर तुरिय तेज अग्गल उभ्भाव। उत्तंग अंग [3]जिम वेग वाव॥
सजि लष्ष चढ़े गोरीस सेन। रज्जै सु बाज बज्जे सु गेन॥ छं० ६०४॥
धज नेज भंड हल्ले अनंत। बहुरंग अंग लभ्भै न अंत॥
षह पूरि धूरि धुंधुरिग भान। दिसि विदिसि पूरि मंनिय नमान॥
छं०॥ ६०५॥
गहरह सुमंत सुनियै न कान। संचार बत्त संचरहि थान॥
संपत्त सेन कनवज्ज देस। भंजिए नयर पुर ग्रभनेस॥ छं० ६०६॥
बंधियहि बांधि गोचीय बाल। धर जारि पारि किज्जै विहाल॥
.... । .... ॥ छं०॥ ६०७॥

(१) ए. कृ. को.-साहिन। (२) ए.-समुह। (३) ए. कृ. को.-ताजि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ कुंदन पुर वघघेल। राय रयसिंघ सिंघ रन ॥
आगम साहि सहाब। सेन सज्जिय [1]बीरह तिन ॥
सहस उभै साहन। समुंद दस सहस पयभ्भर ॥
बंधि नारि नग ढारि। रह्यौ निज सेन सज्जि बर ॥
आवंत सेन रुक्यौ सकल। भयौ जुद्ध हरि उग्ग मनि ॥
परसै न सुदल रोक्यौ सकल। भयौ जुद्ध अदभुत्त तिन ॥ छं० ६०८।

हिन्दू मुसलमान दोनों सेनाओं का युद्ध वर्णन।

भुजंगी ॥ चली अग्र चौकी सु साहाब सायं। अगें गज्ज चालीस मत्त महायं।
अगें हथ्थनारी उभारी उतंगा। सयं सत्त सासद्द वादी सु चंगो ॥
छं० ॥ ६०९ ॥

सहस्संच पंचं गजं बाज पूरं। महाबीर बाजिच बज्जे करूरं ॥
मिली फौज हिंदू तुरक्कीस तेजं। कहै सूर रैसिंघ अप्पं अजेजं ॥
छं० ॥ ६१० ॥

सरं दून छुट्टै सुभारं उभारं। सरा पंजरं पंथज्यों पंड चारं ॥
हकै हक्क वज्जी भरं दून दूनं। चपे सिंघ न्रसिंघ हक्कं सऊनं ॥
छं० ॥ ६११ ॥

भगी साहि चौकी चंपे सिंघ रायं। परे मीर भीरं सयं तीन घायं ॥
महा आय गज्जे सु मैदान सिंघं। भगे मीर मारूफ करि जेम जंगं॥
छं० ॥ ६१२ ॥

हके कट्टि तत्तार कत्तार तिष्षं। भली मुच्छ भोहैं भई रत्ति अंषं ॥
करै फौज अग्गै चल्यौ गज्जि गोरी। चवै दीन दीनं लषै भल्लि षोरी।
छं० ॥ ६१३ ॥

मिलै आवधं मीर हिंदू करारे। धुरं भ्रुव्व तुट्टै उभै सार धारै ॥
भरं आवधं आवधं भाक बज्जै। बजै बीर वाजिच गोगेंन गज्जै ॥
छं० ॥ ६१४ ॥

धरा कार [2]लोहं रसं रुद्र मत्तं। उभै हार मन्नै नहीं आय अंतं॥

(१) ए.-बारह। (२) ए.-मोहं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिली दिट्ठ तत्तार रैसिंघ दूनं। मिले घाय सायं षुलै षग्ग ऊनं॥
छं० ॥ ६१५ ॥

करै दिट्ठ तत्तार कम्मान मुट्ठी। कसे बान गोरी महा दट्ठ दिट्ठी॥
लगे ऊर सौंसंग फुट्टे परारं। हँसे झार संगी हयौ षान सारं॥
छं० ॥ ६१६ ॥

लगे बाहु ग्रीवा समं घाय सालं। पऱ्यो षान तत्तार बाजी बिहालं॥
हयो सिंघ कालन्न मीरं सनेजं। पऱ्यो राय रनसिंघ रन अंत सेजं॥
छं० ॥ ६१७ ॥

भगी फौज हिंदू जुधं जीति मीरं। धऱ्यौ षान तत्तार झोरी सु तीरं॥
छं० ॥ ६१८ ॥

मुसलमानी सेना का हिन्दू सेना को परास्त कर देश में लूट मार मचाते हुए आगे बढ़ना।

दूहा॥ परे हिंदु सय तीन धर। सत्त पंच पर मीर॥
गुर गुस्ताना नंचिया। बजि बाजिच गुहीर॥ छं० ॥ ६१९ ॥

मंझ ढाल तत्तार षां। धरि आयौ साहाब॥
साज सज्जि चढ्यौ सु फुनि। जनु उलो [1]दरियाव॥ छं० ॥ ६२० ॥

भंजि रयन पुर लूटि निधि। बजि बाजिच निहाय॥
अलहन सागर उत्तरिय। बंधि तत्तार सु घाय॥ छं० ॥ ६२१ ॥

नागौर नगर में स्थित पृथ्वीराज का यह समाचार पाकर उसका स्वयं सन्नद्ध होना।

दिसि दिसि धाह जु संचरिय। भगिय प्रजा तजि देस॥
सुनिय बत्त नागौर पहु। चढ़ि प्रथिराज नरेस॥ छं० ॥ ६२२ ॥

(१) मो.-दधि आव।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज का सब सेना में समाचार देकर जंगी तैयारी होने की आज्ञा देना ।

कवित्त ॥ सुनिय बत्त प्रथिराज । चढ़्यौ चहुआन महाभर ॥
बोलि कन्ह चहुआन । राय बरसिंघ सिंघ बर ॥
बोलि चंदपुंडीर । बोलि बघघेल्ल सु लष्षन ॥
लोहानौ आजानबाह । मिलयो सु ततच्छिन ॥
गुज्जरह राम जिन बंध सम । चालुक बीझ सु भीम भर ॥
हाहुल्लिराव हम्मीर हर । मिलिय सेन दस सहस सर ॥छं०६२३॥

दूहा ॥ अवर सेन सामंत मिलि । चढ्यौ राज प्रथिराज ॥
गाजि गुहिर बाजित्र बजि । सज्जि सयन (१)जुध साज ॥ छं०॥६२४ ॥

कुमक सेना का प्रबंध।

कवित्त ॥ बोलि चंद चंडौस । दीनं आयस प्रथिराजहु ॥
तुम षट्टूपुर जाहु । (२)जहां तिथि मंचिय काजह ॥
लै आवहु कैमास । राइ चामंड महाभर ॥
हैवर पष्षर ह्हर । सज्जि आतुर सु जुझ्झ हर ॥
कहियौ सु बत्त साहाब सब । भंजि देस कनवज्ज इन ॥
षिन पंग हिंदु मिरजाद मिटि । आवहु आतुर षेत रिन ॥
छं० ॥ ६२५ ॥

पृथ्वीराज का सारुंडे के मुकाम पर डेरा डालना जहां से शाही सेना केवल २८ कोस की दूरी पर थी ।

दूहा ॥ पठय चंद षट्टूपुरह । चढ्यौ राज चहुआन ॥
आतुर बढ़िय अवधि न्रप । सारुंडै सुसथान ॥ छं० ॥ ६२६ ॥
जाइ चंद षट्टूपुरह । कहिय षबर कैमास ॥
चढ्यौ सु अप्पन सुनत हीं । आनि संपतौ पास ॥ छं० ॥ ६२७ ॥

(१) ए.-सुध । (२) ए. कृ. को.-जहां थिति मांची कैमासह ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सारुंड[1] चहुआन पह। संपत्तौ बरवीर ॥
सुनिय बत्त सुरतान की। जोजन सित्तह तीर[2]॥ छं० ॥ ६२८ ॥

पृथ्वीराज की सेना का ओज वर्णन।

भुजंगी ॥ स्वयं चढ्ढियं सेन प्रथिराज राजं। बजे बीर बाजित्र [3]आयास गाजं॥
धुत्रं सीस सामंत सूरं सुधारे। भरं बंधियं राग रज्जे करारे ॥
छं० ॥ ६२९ ॥
तुरी सद्द उत्तंग पुंदै धरन्नी। मनो छुट्टियं मेघ सेना सुरन्नी ॥
पुरं जाइ संपत्त सो संकराई। सबें उत्तरे वाग मध्धे सु भाई ॥
छं० ॥ ६३० ॥

चंद पुंडीर का कहना कि रात को छापा मारा जाय।

दूहा ॥ चवै चंड पुंडीर तब। अहो राज चहुआन ॥
निसा जुद्ध सज्जिय समय। भंजिय सेन परान ॥ छं० ॥ ६३१ ॥

पृथ्वीराज का सात घड़ी दिन रहते से धावा करकें आधी रात के समय शाही पड़ाव पर छापा जा मारना।

कवित्त ॥ मानि मंत चहुआन। मंत पुंडीर चंद कहि ॥
घटिय सत्त दिन सेष। राज सज्जिय सु सेन सह ॥
चल्यौ राज प्रथिराज। नद्द नौसान बीर सुर ॥
कीन दान तं न्हान। सूर सामंत सब्ब भर ॥
सन्नाह सब्ब सेना धरिय। निसा अद्ध पत्ते सु पुर ॥
हल्लाल हल्लि सय सत्ति दुति। चढ़ि चौकी गोरी गहर ॥छं०॥६३२॥
दूहा ॥ चौकी चढ़ि षुरसान षां। सहस सत्ति हय रज्जि ॥
उभय सत्त गज मद गहर। गुरु सनाह हय रज्जि ॥ छं० ॥ ६३३ ॥
चोटक ॥ चढ़ि सज्जि सबैं प्रथिराज भरं। पर चौकिय [4]चंपिय हक्कि हरं ॥
भर बज्जिय आवध रीठ सुरारि। मनों बन कूटहि कढ्ढि कवारि ॥
छं० ॥ ६३४ ॥

(१) ए. कृ. को.- चहुआन। (२) मो.-नीर।
(३) ए. कृ.-अकास। (४) मो.-चंपय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पज्जून महुवा प्रस्ताव।

[तिरपनवां समय।]

कविचन्द की स्त्री बोली कि प्यारे जब बालुकाराय सहित शहाबुद्दीन पज्जून राय से परास्त हो चुका तब उसने महुवा नगर पर कैसे आक्रमण किया और फिर पज्जूनराय ने उसे फिर भी किस प्रकार से हराया सो कहिए ? * ।

यह सुनकर कविचन्द बोला ! अच्छा प्रिये सुनो ! शहाबुद्दीन पज्जूनराय से परास्त होकर सब रखत-बखत खोकर मनहार होता हुआ गजनी जा पहुंचा। परन्तु इस बात की उसे विशेष ग्लानि हुई कि मुझे और बालुकाराय दोनों को शत्रु के एक साधारण सामन्त ने हरा दिया। अस्तु उसने अपने मन्त्री तत्तार खां से कहा कि अब की बार महुवागढ़ पर आक्रमण किया जाय ! शहाबुद्दीन की ऐसी आज्ञा पाकर तत्तारखां निसुरत्त खां के सहित एक लाख सवार, कई हजार पैदल और एक हजार हाथी लेकर महुवागढ़ पर चढ़ दौड़ा। उस समय महुवागढ़ का थानापति निड्डुराय था। उसने शाही लश्कर की अवाई का समाचार पाकर पृथ्वीराज को पत्र लिख भेजा। पृथ्वीराज ने वह पत्र दर्बार में सब सामन्तों के साम्हने पढ़ सुनाया और पूछा कि महुवागढ़ की रक्षा के लिये किसे भेजा जाय ? तब हाहुलीराय हम्मीर बोला कि एक लाख नेजे की अनी पज्जूनराय के सिवाय और कौन आड़ सकता है। इस पर पृथ्वीराज ने रावल समरसिंह जी की तरफ देखा। रावल जी ने कहा तो कुछ नहीं परन्तु सेन के इशारे से उक्त प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया। जामराय जद्दों बोला कि चित्तौरपति रावल जी भली भांति जानते हैं कि पज्जूनराय एक अद्वितीय पराक्रमशाली सूरमा हैं। उसने जंगलू राव को जीता, तत्तार खां को कई वार धता बताया, बालुकाराय को हराया, गिरनार पर जाकर भोरा भीम का छोंगा छीना और अजैपाल के लिये आबू सिखर को खोद बहाया। इन्होंने खोखंदपुर को खराब किया; देवगिरि पर जै प्राप्त की, जालौर को जीत कर महनसिंह भट्टी को दिया और अजमेर का राज्य तो इन्हीं महाशय के बाहुबल पर निर्भर है।

निदान पृथ्वीराज ने भी यह प्रस्ताव स्वीकार किया और तदनुसार पज्जूनराय को हांसीपुर के अंतरगत बारह गढ़ों का पट्टा देकर उसे महुवा की रक्षा करने का बीड़ा दिया गया। उस समय पृथ्वीराज ने उसके सहकारी योद्धा कन्ह और किल्हन को भी बहुत कुछ धन रत्न मोती-माला और सिरोपाव देकर संतुष्ट किया और कहा कि शाह के अगवान तत्तार खां और नुसरत खां सिंधु पार कर चुके हैं अब इधर की लाज आप लोगों के हाथ है। यह सुन कर पज्जून राय ने कूच का सुदिन तक न पूछा और स्वामि-आज्ञा को ही सब शुभ-मूलक जान कर उसी समय बंम बोलदी।

पज्जून राय ने अपने पुत्र मलयसिंह एवं और सब भाई बेटों से कहा कि भाइयो इस समय शाह अपने बड़े भारी दलबल सहित महुवा पर चढ़ आया है, अस्तु ऐसा करना चाहिए जिसमें अपने मुँह पर पानी रहे और कूरंभकुल की सुकीर्ति विस्तृत हो। पज्जून के ऐसे बचन सुनकर सब कूरंभ राजपूत बात की बात में अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हो कर सन्नद्ध हो गए। दोपहर होते होते पज्जून राय ने चल दिया और महुवागढ़ पर पड़ी हुई शाही सेना को आड़ेहाथों जालिया। कूरंभराय के इस सहसा आक्रमण से कुल मुसल्मानी लश्कर अकुला उठा और उसने किले का घेरा छोड़ दिया। पज्जूनराय ने इस प्रकार से महुवे का मौका मारकर अमर यश प्राप्त किया। इस युद्ध में पज्जून के पुत्र मलय

---

* पज्जून चालुक नाम प्रस्ताव 'इकतालीसवें समय की कथा से अभिप्राय है यथा—

बालुक्का हिन्दू कमध और सु गोरी साहि।
साम्भेर जैचन्द किय पात दीली सम ताहि॥

(छं० १ समय ४१)

सुक्क सुकी सम सम्भरिय, बालुक कूरम्म युद्ध।
कोट महुव्वा शाह दल, कहौं आनि किय रुद्ध।

(छं० १ समय ५३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिंह ने विलक्षण पराक्रम किया और याकूबखां के हाथ से पज्जून के भाई बलिभद्र को दो गहरे घाव आए। जब पज्जूनराय महुवा के युद्ध को जीतकर दिल्ली आया और वहां मलयसिंह की बीरता का बखान किया गया तो पृथ्वीराज सहित सब लोग उस किशोर-वयस्क बांके बीर की बहादुरी पर जी जान से मोहित हो गए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पज्जून पातिसाह युद्ध प्रस्ताव ।

(चौवनवां समय ।)

———०———

महुवा का युद्ध जीत आने पर, पृथ्वीराज ने पज्जून राय को नागौर के नाके पर रक्खा और कन्ह, सलख, रामराय बड़गुज्जर, निड्डुर पुंडीर, किल्हनदेव तूंअर, बलिभद्र मलयसिंह और पल्हसिंह इन सामन्तों को उसकी सहायता के लिये दिया। इस प्रकार से नागौर के नाके का सब भार पज्जून राय के सिर सौंप कर पृथ्वीराज स्वयं कुछ सामन्तों समेत मालवे की तरफ चला गया।

शहाबुद्दीन पज्जून का एक वार तो स्वयं बरदास्त कर चुका था; परन्तु महुवा से तत्तार खां का पीछे हटना उसके दिल पर और भी खटक गया। उसने भरी सभा में प्रतिज्ञा करके कहा कि अब तो जब पज्जून का खून पी लूंगा तब पाग बांधूंगा। सौभाग्यवश उसी समय धर्मायन द्वारा समाचार मिला कि पज्जूनराय को नागौर गढ़ का थानापति स्थापित करके पृथ्वीराज सेना सहित मालवे के जंगलों में पड़े हैं एवं देवास के यादवों के यहां व्याह के सुखसोर मना रहे हैं। यह सुनतेही शाह की बंबरें(१) फूलगईं। उसने उसी समय तीन लाख सवार एक लाख बीस हजार पैदल और अगनित हाथी और ऊंटों का लश्कर सजे जाने की आज्ञा दी। गजनी की पैदल सेना में ऐसे ऐसे जबर्दस्त सहजोर ज्वान थे कि जिनके धनुष पर २० टके भर की प्रत्यंचा चढ़ती थी और जो तलवार के एक हाथ में मय सवार घोड़े को चीरकर चार कर देने वाले थे। ऐसी सेना को साथ लेकर शहाबुद्दीन नागौर नगर पर चढ़ आया और वहां से एक योजन के फासले पर पड़ाव डालकर उसने पज्जून राय के पास एक परवाना लिख भेजा कि मैं आया हूं। अब या तो किला छोड़कर बखैर खुदा चले जाओ या मैदान में आकर जंग लो। यह परवाना पाते ही पज्जूनराय ने हँस कर उत्तर दिया "मैं पज्जून जीवन की लालसा से लड़ाई से डरने वाला नहीं हूं। मैं रघुवंस राम(१) नहीं हूं! मैं वह पज्जून हूं कि चाहे धरती लौटपलट होजाय, सूर्य्य पश्चिम में उगने लगे, गंगा का प्रवाह स्थिर होजाय, शिव पार्वती को त्याग दें, पर मैं अपनी बान से हटनेवाला नहीं हूं। शाह तुम चिन्ता न करो प्रसन्नता पूर्व्वक आओ! पृथ्वीराज ने हमको अपना जानकर राज्य की रक्षा का भार हमारे ऊपर दिया है; अस्तु, हम क्षत्रियत्व के सत्य व्रत को तिलांजुली नहीं दे सकते। आओ हम अटल होकर डटे हैं। या तो तुम्हारे कटक को काट कर पाट देंगे या हमी तिल तिल होकर कट मरेंगे, पर हटेंगे नहीं। आओ तुम खुशी से आक्रमण करो यहां हम भी अचल होकर डटे हैं!!! दूतों ने ज्यों का त्यों सब समाचार शाह को जा सुनाया जिसे सुनतेही शहाबुद्दीन जल उठा। उसने तत्तार खां को बुलाकर कहा कि देखो यह वही पज्जून है कि जिसके सबब से मुझे दो दफे नीचा देखना पड़ा है। देखना अब का वार खाली न जाने पावे।

इधर कन्ह बलिभद्र मलयसिंह और पल्हसिंह ने परस्पर गोष्ठी करके विचार किया कि किले से निकल कर आक्रमण किया जाय। परन्तु पज्जून राय ने ऐसा करने की सम्मति न दी और कहा कि शाही सेना सबल है, ऐसा करने से सब कट मरेंगे और कोई काम भी न सरेगा; अस्तु किले के ही मोरचे पक्के करना उचित है। पज्जून राय ने कहा "भाइ सुनो, संसार के सब पदार्थ नाशमान हैं, राजपाट, वापी, कूप, तड़ाग, महल, मकान, गढ़, कोट आदि जो कुछ हैं सब नष्ट होजाते हैं परन्तु मनुष्य की करनी कथनी नहीं मिटती। गए गुजारे की नेकनामी बदनामी की कहानी मात्र संसार में शेष रहजाती है, इसलिये ऐसा करो जिसमें अपने लोगों की सुकीर्ति और यश की कथाएं चलें" इधर

(१) रीढ़ की सीध में गरदन पर के बालों को बम्बर कहते हैं। परन्तु यह असल शब्द "बब्बर है। जब शेर बब्बर या और कोई नखी जानवर अचांचक खुश होता या गुस्से होता है तो उसके बंबर के बाल खड़े होजाते हैं "बुन्देलखंड में" 'बम्बे फुलाई" ऐसा भी बोलते हैं।

(१) रघुवंसराय हांसी के किले से निकल भागा था। (५२ समय देखो)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो ये बातें हो ही रही थीं उधर शाही सेना ने किले को चारों ओर से घेरकर गोले बरसाना शुरू किया। जिस समय कूरम्भ कुल सूर्य्य तीन लाख नेजे की अनी रूपी राहु के बीच में गस गया उस समय सारे नागौर नगर में सन्नाटा छा गया। शाही सेना के आक्रमण के आतंक से सब सामन्त भी सशंक और चलचित्त हो उठे– "क्या करें सैौ की सत्ती बुरी होती है"। भीलों ने जब गोपियों को लूट लिया तब अर्जुन की अकबक भूल गई थी–परन्तु पज्जून राय ने हिम्मत न हारी। उसने सब को ढाढ़स देकर कहा। भाइ घबड़ाने का समय नहीं है राजा पृथ्वीराज का प्रताप बड़ा है मरना जीना तो लगा ही रहता है इससे डरकर कर्तव्य पालन करने से चूकना उचित नहीं।

वह दिन तो जिस किसी तरह से व्यतीत हुआ। रात होतेही सामन्तों ने किले से निकल कर सुप्त शाही सेना पर छापा जा मारा। कुछ सैनिकों के साथ केवल बलिभद्र राय किले में रहा। इस छापा मारनेवाली मंडली का अगुआ पज्जूनराय का पुत्र मलयसिंह था। उसने एक मात्र शहाबुद्दीन के खेमे पर आक्रमण कर दिया। उस खेमे के इर्दगिर्द जो एक हजार मुसल्मान सिपाही पहरे पर मुस्तैद थे वे राजपूत सेना का मुकाबिला करने लगे। दोनों में परस्पर खूब हथयार चलने लगा। गुल गपाड़ा सुनकर इधर उधर सोते जागते जो जहां थे सब मुसल्मान सिपाही शाह की रक्षा के लिये जुटने लगे। उधर तत्तार खां ने सुअवसर जान कर बीस हज्जार गष्बरों के साथ किले पर धावा धर किया। किवाड़ तो खुलेही थे, मुसल्मान सेना दर्रा मारे किले में पैठ पड़ी, परन्तु किले में पज्जून का भाई बलिभद्र-राय गाफिल नहीं था वह इस होनहार से मानो पहिले ही से सचेत था। उसने गष्बर सेना के भीतर घुस आने पर फाटक बंद कर दिया और इस तरह की मार की कि बीस हजार में से बीस को भी जीताजागता न जाने दिया।

गष्बर सेना का यह हाल करके शेष राजपूत सेना भी किले से निकल कर मैदान में आगई। बीर बलिभद्र राय हुडुरुआ सा खेलता हुआ बड़े बड़े अमीर मीरों को मार मार कर पाटने लगा। यह देख कर पज्जून ने कहा वाह भाइ खूब किया। तेरे बिना कौन ऐसा करे! इतने में मलयसिंह ने बढ़कर शहाबुद्दीन के खेमे को अपने कब्जे में कर लिया और शाह को अपना बन्दी बना लिया। फिर क्या था! और सब सेना भी जिधर तिधर नौ दो ग्यारह होगई। इस लड़ाई में शाही सेना का जलाल खां नामक एक नामी सर्दार मारा गया। प्रातः-काल होतेही मुसल्मानी सेना में से चिड़िया भी पड़ाव पर न रही। पज्जूनराय ने सब माल मत्ता अपनाकर दिल्ली को रवाना किया और फिर आप भी शाह को लिए हुए जा पहुंचा। पृथ्वीराज ने लूट का सब माल तो पज्जून राय को दे दिया और एक हजार घोड़े और पन्द्रह हाथी दंड में लेकर शाह को छोड़ दिया। शहाबुद्दीन को बिदा करते वक्त पृथ्वीराज ने उससे केवल इतना कहा कि "तुम नरनाह शाह कहलाते हो ऐसा निर्लज्जता और ढीठता तुम्हें शोभा नहीं देती"।

शत्रु को पकड़ पकड़ कर फिर फिर छोड़ देना ये राजपूत जाति का ही कलेजा है। राजा पृथ्वीराज ने जो किया सो कविचन्द द्वारा बखान किए हुए उसके सुयश की चर्चा संसार में अचल रूप से चल रही है।

(१ मूल पाठ हूडूडूड है. बुन्देलखंड में हुडुरुआ कहते हैं। लड़कों की बड़ी भारी जमात मिलकर खूब हल्ला मचाते मन माना बकते नाचते कूदते, एक दूसरे से लड़ते और और भी जो मौज में आया सो करते हैं। इसी का नाम हूडूडूड या हुडुरुआ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामंत पंग युद्ध नाम प्रस्ताव।

[पचपनवां समय।]

—*—

उस समय, पृथ्वीराज पृथ्वीतल पर के सब राजाओं को राहु स्वरूप होकर लगा था। जो राजा उसे सम्मानपूर्व्वक दंड देते एवं उसकी सेवा स्वीकार करते वे तो स्वच्छन्द रहते थे, परन्तु जो उससे ऐंडकीं करते वे मारे पड़ते थे। सब से सबल शत्रु शहाबुद्दीन को बार बार बांधकर छोड़ देने वाला पृथ्वीराज देव संज्ञक गंधर्व के समान बलवान और प्रतापी था। ऐसेही उसके शूर शिरोमणि सामन्त सच्चे स्वामिसेवी थे। तात्पर्य्य यह है कि उस समय सबल से सबल शत्रुओं का दर्प चूर्ण करनेवाला पृथ्वीराज अपना सानी न रखता था।

कन्नौज में राजा जैचन्द राज्य करता था। उसके तेज एवं प्रताप का आतंक चारों दिशाओं में छाया हुआ था। केवल दिल्लीपति पृथ्वीराज और चित्तौरपति समरसिंह जी का युक्त–युग उससे अजेय था। शेष सब छत्तीस कुरी के राजपूत उसके सम्मुख सिर नवाते थे। जैचन्द एक तो स्वयं भीमकाय बलवान और बड़ा वीर था; तिसपर उसका दलबल तो साक्षात् समुद्र के समान अगम था। जिस ओर को पंग–दल की लहर उठती उस ओर के बलवान पुरुष तो उसे आराध्य इष्ट मान कर उसी में मिल जाते थे और कायर कंकर कहीं के मारे कहीं जाते थे। पंगराज का कोप क्या कराल काल का गाल था। राजा जैचन्द के ऐसे विषम दल बल की अवाई का समाचार पाकर पृथ्वीराज ने कुछ चुने हुए सामन्तों को दिल्ली में छोड़कर आप एक बलवान सेना सहित शिकार खेलने के बहाने मैदान पकड़ा। दिल्ली के राजरूपी समुद्र को शोषण करने के लिये जैचन्द अगस्त स्वरूप था। जहां कहीं उसकी सेना रूपी रश्मि का प्रकाश पड़ जाता वहां गांव के गांव जल * जाने से आकाश में मेघों के समान धुंआ छा जाता था। इस प्रकार चतुर्मासिवत् चतुरंगिनी सेना के आतंक से उसके शत्रु की स्त्रियों की अश्रुधारा की झड़ी लगजाती थी। सैनिकों के अस्त्र शस्त्र बिजली से चमकते, रणवाद्य बद्दल से गरजते और कड़खेत एवं बन्दी जनों की बोली टोली पावस के पर्चा सी प्रतीत होती थी। जब जैचन्द की सेना चलती तब दशों दिशाओं के दिग्पाल दहल जाते थे, बन उजड़ जाते, पहाड़ दब जाते, नदी नद सूख जाते और पृथ्वी उथल पथल होने से शेष का शीस नम्र होने लगता एवं कमठ सटपटाने लगता था। राहु रूपी पंग सेना जिसे ग्रसती उससे दाम एवं सम्मान का दान लिए बिना उसे कदापि न छोड़ती थी। बात तो यों है कि जैचन्द के समान दूसरा संसार में था ही नहीं. जैसे कोई पूर्व्व संचित कर्म्मों को अतिक्रम करके जन्म–संस्कार से जै नहीं पा सकता, धरा को हाथ पर नहीं धर सकता न उसे जड़ से उखाड़ सकता है, सूर्य्य पर चादर चढ़ा कर उसे कोई छिपा नहीं सकता, नदी के प्रवाह को रोक नहीं सकता और न उत्तर दिशा को जा सकता है वैसेही उस समय जैचन्द से जंग लेने वाला भी कोई राजा राजपूत नहीं था। ऐसे प्रतापी राजा पंग का दल बल दिल्ली को दमन कर पृथ्वीराज को पकड़ने के लिये चला। पृथ्वी पर ऐसा कौन था जो जैचन्द के विद्रोही को बचा सके, परन्तु बाह रे पृथ्वीराज! जिस का जैचन्द एक बाल भी बांका न कर सका।

---

* अगस्ति रूप पहु पंग समुद्र सोषन धर ढिल्लिय।
नयर नयर प्रज्जरहि धून डंमर नभ हल्लिय॥

वैज्ञानिकों का सिद्धान्त है कि जो बरसात में जल बरसाता है वह आठ महीने बराबर इसी पृथ्वी पर का वायु में मिल कर उड़ता रहता है अथवा भाफ बनकर उड़ता है। "तुलसीदास जी ने भी कहा है" 'उदित अगस्त पंथ जल सोखा।'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैचन्द का दल प्रजा को उजाड़ता हुआ दिल्ली तक गया। परन्तु जब वहां उसने पृथ्वीराज को न पाया तो चुपचाप उलटा कन्नौज को लौट आया। तब राजा जैचन्द ने रावल समरसिंह जी को बलपूर्व्वक दबाने की इच्छा करके राज्य मन्त्री सुमन्त को बुलाया और उससे कहा कि अब ऐसा करो जिसमें बिगड़ी हुई बात बने अर्थात् फिर से यज्ञ की सामग्री जुटाओ। यह सुनकर सुमन्त बोला महाराज क्या किसी ने आकाश में स्थित तारागण की भी गणना की है? जप पूजन और मन्त्र आदि की सिद्धि के लिये सब से पहिली बात जितेन्द्रियता है। इसपर जैचन्द कुछ कुरुख होकर बोला "प्रधान का यह धर्म नहीं है कि स्वामी से मुंह जोड़े। सेवक को एक मात्र स्वामी की सुकीर्ति और कार्य्य सिद्धि के लिये ही तन मन से यत्न करना उचित है, इसलिये हे सुमन्त फिर से यज्ञ का प्रबन्ध करके ऐसा उपाय रचो जिसमें निर्विघ्न यज्ञ समाप्त हो और यह कलंक का टीका सिर से टले। कुकर्म करने पर कलंक कालिमा तो लगीही चाहे परन्तु यह तो नाहक में काला मुँह हुआ। तब सुमंत बोला कि महाराज यदि यज्ञ करना ही है तो पहिले पृथ्वीराज को पकड़ लीजिए और समरसिंह से सन्धि कर लीजिए। नहीं तो जब लों इन दोनों से काम नहीं हो लेंगे तब लों यज्ञ का पूर्ण होना मुहाल ही समझिए। राजन्! जो दो कर सकते हैं सो अकेला कभी नहीं कर सकता। दो दिये आमने सामने रखने से दोनों के तले का अंधेरा दूर होजाता है, अतः आपके और समरसिंहजी के मिल जाने से फिर कोई ऐसा नहीं है जो सिर उठा सके

सुमन्त के इस प्रस्ताव पर जैचन्द राजी हो गया। उसने सौ घोड़े, एक हाथी, एक अनबेधा मोती, दस माणिक और मोती की मालाएँ समरसिंह जी के लिये सौगात की तरह देकर सुमंत को उसी समय चित्तौर की तरफ रवाना किया। उसने समरसिंह जी को यह संदेसा भी कहा कि पृथ्वीराज को जीतकर हम तुम दोनों मिल कर यज्ञ करें तो अच्छा हो और इसके पुरस्कार में हम आप को पंजाब प्रान्त की आधी भूमि देना स्वीकार करते हैं। जैचंद का कथनोपकथन तो केवल हेतु मात्र था। मंत्री सुमन्त स्वयं बड़ा बुद्धिमान पुरुष था। वह समय की परख और बातचीत की बनावट में अच्छा निपुण था। उसे मनुष्य की पहिचान का ज्ञान भी अच्छा था। अच्छे अच्छे चतुर पुरुषों की मंडली में भृंगी का कीट होकर पैठ जाना और अपना मतलब निकाल लेना सुमन्त ही का काम था। इस प्रकार से राजनीति के सब मार पेंचों में चतुर होकर भी वह छली कपटी और झूठा नहीं था।

कन्नौज राज्य के मंत्री सुमन्त के आने का समाचार पाकर समरसिंह जी ने उसे सादर दरबार में बुलाया और कुशल प्रश्न के पश्चात्, उससे उसके आने का कारण पूछा। तब सुमंत बोला कि महा-राज कन्नौज-राज जैचन्द आपको यज्ञ में और विजित भूमि में भाग देकर आपसे संधि करना चाहते हैं। हे राजन्! ऐक्य में बड़ा बल है। जैसे तनिक तनिक से तिनकों का युक्त बल मदोन्मत्त हाथी को बिबस कर देता है, वैसे ही आप दोनों का प्रभाव अन्य सब राजाओं को आपका आश्रित बनाएगा। यह सुन कर समरसिंह जी बोले "रे सुमन्त तेरा किसने सुमन्त नाम रक्खा है! तू तो नितान्त कुमत मत वाला कुमंत नाम के योग्य है। जैचन्द ने आजलों हमें रहते न जाना? आज यज्ञ के लिये सन्धि करने की सूझी है! फिर भी चौहान से विग्रह करके!! त्रेता और द्वापर में जो यज्ञ देवताओं ने किए थे। उन्हें ही करने की आज जैचन्द को समाई है!!! तब सुमन्त ने प्रत्युत्तर दिया कि सतयुग में राजाबलि ने यज्ञ किया था, त्रेता में राजा रामचन्द्र ने और द्वापर में पांडुपुत्र युधिष्ठिर ने यज्ञ किया था, अब कलियुग में और तो कोई इस योग्य है नहीं इसी से बिजयपाल के पुत्र राजा जैचन्द ने यज्ञ आरम्भ किया है। इस पर समरसिंह ने कहा "बलि ने स्वर्ग की इच्छा से यज्ञ किया था सो पाताल में गए। चन्द्रमा यज्ञ करके कलंकित हुआ। पांडुपुत्र यज्ञ के कारण बनबासी हुए और राजा नघु को नर्क

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कूप में पड़ना पड़ा। अब कलियुग में जैचन्द यज्ञ करना चाहते हैं। कहो तो इनके पास यज्ञ की सामग्री भी है? अश्वमेध, गोमेध, अजमेध, राजसूय, अग्निहोत्र और विधिवत् षोड़स दान सहित वाजपेय-ये यज्ञ, ग्रहस्थाश्रम का यावत निर्वाह और सन्यास की धारणा कनिष्टबंध और बड़बंध ये नौ काम कलियुग में हो ही नहीं सकते। मुझ से यदि सच पूछो तो यही कहूंगा कि अपना बित्त देखकर काम करना चाहिए। अभीतक अकेले चहुआन के मारे यह हाल हुआ है आगे न जाने क्या हो। इस लिये ऐसा साहस करना वृथा है। तुम मंत्री हो, जैचन्द को ऐसा समझाओ जिसमें पीछे फटों फटों न होती फिरे। आगे तुम जानो तुम्हारा काम जाने! हम तो तुम्हारे यज्ञ में संमिलित न होंगे। और भी, सुनो! जब जैसी कुछ होनहार होती है तब आदमी की तैसी गत मत भी हो जाती है। ईश्वर गर्वप्रहारी है। इस तुच्छ मनुष्य जीवन में देवताओं की समसरी करने की इच्छा करना अच्छा नहीं। यज्ञ में बालि ने तीनों लोक दान किए, रामचन्द्र को युद्ध में पराजित होना पड़ा और पांडवों के यज्ञ में यदुवीर कृष्ण और कुबेर सहायक थे, परन्तु तब भी पूरा न पड़ा। यह सुनकर सुमन्त बोला श्रीमान् सुनिए। बलि ने यज्ञ तो किया परन्तु क्षत्रीधर्म का विचार न किया। रामचन्द्र जी दिग्विजय के समय राजनैतिक चाल चूक गए और नघु ने क्रोध में आकर ब्रह्महत्या की, इसी से कुछ का कुछ हुआ। समझ रखिए कि इस समय तक पृथ्वीराज के सिवाय अन्य सब राजा जैचन्द की आन मानते हैं!

तब समर बिद्या में निपुण सुरशिरोमणि समरसिंह जी बोले, सुमन्त हम योगबल से भूत भविष्य बर्तमान तीनों काल की जानते हैं। हमारी मति तुम्हारी तरह मोहग्रस्त नहीं है। होगया और हो रहा है सो तो सभी जानते हैं परन्तु हम यह भी कह सकते हैं कि आगे क्या होगा। हम कहते हैं कि यह यज्ञ पूरा नहीं होगा। मुनि देव पितृ ब्राह्मण बंदीजन इन सबको सन्तुष्ट करना सहज नहीं है। तुम्हारे पेटे इतनी पूंजी कहां से आई है—जब पांडवों के यज्ञ पूर्ण होने पर बंदीजन उसका बखान करने लगे तो वहीं से एक नकुल ने सहसा प्रगट होकर कहा कि आगे जब इसी भूमि पर भारी अकाल पड़ा था तब यहां के राजा ने ब्रत पूर्व्वक ब्राह्मणों को भोज करवाया था। उस समय ब्राह्मणों के पैर धोने से जो जल बहा उसमें लोटने से मेरा आधा अंग सोने का हो गया था आधे के लिये तुम्हारे यज्ञ में आया था सो एक बाल भी पीला न हुआ! जाओ अपने राजा से ऐसाही कहदेना। यज्ञकर्म तपोबल से होता है। जैसे विश्वामित्र ने छ सैं यज्ञ किएथें। तुम किस गुमान में भूले हो "हो किस खेत की मूली"?

सुमन्त अपने स्वामी प्रति ऐसे अपमानित वचन सह न सका। उसने कुपित होकर कहा "आह! क्या आप जैचन्द के बल प्रताप को नहीं जानते, जिसका दल चलने से धरनी धसकती है और धूलि उड़कर सूर्य्य को आच्छादित कर लेती है, जिसकी सेना के भय से पृथ्वीराज घरबार छोड़कर बनवासी बना बन बन भटकता फिरता है (इस देश की) चार खूट पृथ्वी पर जैचन्द का प्रताप रूपी ताप तप रहा है। यदि वह चाहे तो पृथ्वीराज सहित शहाबुद्दीन को भी क्षण मात्र में नाश करदे और देखिए ऐसाही होगा! आपभी सम्हले रहिए! अब बाधकों का विनाश करके ही यज्ञ किया जायगा।

एक समय महान तेजोरूप यज्ञ पुरुष नारद ऋषि के पास आया। नारद ने उससे पूछा कुशल तो है? दुर्बल क्यों हो? तब वह बोला क्या करूं मेरा सम्पूर्ण अंग तो राजसी में गया, सम्मान पंडितों ने लिया, गौरव और बिद्या बिद्वानों ने ली, लक्ष्मी बणिकों ने ली, रात्रि का सुख स्त्री संभोगियों ने लिया, निन्दा और नीचता अभिमानियों ने ली, सब कर्म आराध्य इष्ट ने लिए और सब कुछ देवताओं ने लिया तब कहो कैसे सुखी रहूं। यह सुन कर नारद ने उत्तर दिया कि तो जो कुछ तू कहेगा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सो किया जायगा जिसमें तेरा दुःख दूर हो *

मंत्री सुमन्त ने चित्तौर से आकर जैचन्द से सब हाल ज्यों का त्यों कह सुनाया और कहा कि इस चढ़ी चोट पर चहुआन को चाहे बचाकर चित्तौर को ही चपाना उचित है। हे राजन्, विचारिए तो सही! वह क्षत्री कैसा जो पराई भूमि को न अपनावे संसार में ऐसा कौन सा गुणी है जो तेरे काल व्याल रूपी क्रोध की फुंकार से बचकर जीता रह सके। मन्त्री के ऐसे बचन सुनकर जैचन्द ने उसी समय सेना सजीजाने की आज्ञा दी। आज्ञा होतेही जैचन्द का समुद्र के समान अचल दल बल इस तरह से चढ़ चला जैसे प्रत्यंचा से छूट कर तीर एवं मोंचिंग के तार पर से स्वर दिशाओं में गूजने लगते हैं। वह दल ज्यों ज्यों आगे चला जाता था त्यों त्यों उसके सहायक सरित सारिताओं की भांति आ आ कर आप उसमें मिलते जाते थे। जैचन्द की चमू के कूच के समय के धौसों की धुंकार सुनकर धीरज छूटता था। हाथियों के भैलों का घना ठनठन शब्द अनहद बाद्य की याद दिलाता था। अम्मारियों पर लाल लाल बैरखें शिव के क्रोध के कारण कैलाश शिखर पर अग्नि कण से छिटके नजर आती थीं। न्यारे न्यारे बिविध रंगवारे बड़े बड़े ध्वजा पताका धरातल पर उतरे हुए सूर्य्य चन्द्रमा एवं अष्ट ग्रहों के बसीठ से जान पड़ते थे। लाल लाल बैरखों पर सोने की कलसियां माणिक मणि कैसी मंजरी भान होती थीं और धूलि उड़ कर जो आकाश में छा रही थी उससे तो ऐसा मालूम होता था मानों आज अंधकार ने उजेले को निगल जाने का विचार किया हो हाथियों पर बैठे हुए बांके बीर बिमान में बिराजित देवता से ज्ञात होते थे। उस समय सूरबीर पुरुषों के मुख कमल-कली से प्रफुल्लित हो रहे थे और कपूत कायर कुकमोदिनी की तरह मुरझा रहे थे। निदान जैचन्द का ऐसा दल बल दो दलों में होकर एक चहुआन पर और दूसरा चित्तौर पर एक ही साथ चला।

सेना से आगे एक दूत ने दिल्ली को जाकर जैचंद का अभिप्राय जाहिर किया। परन्तु उधर से सामन्तों ने उत्तर दिया कि यह वही भूमि है जिसके लिये महाभारत का युद्ध हुआ था और इसे अनंगपाल ने पृथ्वीराज को दिया है। यदि मरा हुआ मुर्दा जी सकता है तो जैचंद भी इस भूमि को पा सकता है। गोयंद राय ने कहा रे दूत! यह बसुमती बीरभोग्या है यह उसीके पास निशंक रहती है जो सच्चा वीर है। जिसे वीर बाने की लाज है और जिसकी भुजाओं में बल है वही इस भूमि का भोग कर सकता है। छलबल से तिलभर भूमि हाथ नहीं आती। कोई मर कर जीता नहीं, टूटा हुआ तारा फिर आकाश में नहीं जाता, मुँह से निकली हुई बात फिर नहीं पलटती, केवल पछतावा रह जाता है, तब भला बीरों की बरी हुई स्त्री और भोगी हुई भूमि कौन पा सकता है। जैचंद को यदि मातुल बनने की हबस है तो भाइचारे का व्यवहार करें, मरने मारने की बातें क्यों कर रहे हैं।

दूत ने जैचन्द के साम्हने ऐसी ही जा कही। तब सुमन्त बोला बस वे दुर्बुद्धि न मानेंगे। अब उन्हें बल करके ही मनाना उचित है। यह सुन कर दिल्ली की तरफ सेना भेजने की आज्ञा दी गई। चन्देरी के राजा शिशुपाल के पुत्र डाहलकर्ण के कुल में उत्पन्न

---

* छन्द ६३ का सारांश स्पष्ट नहीं है इसी से मूल छन्द उद्धृत कर दिया जाता है

कवित्त—अंग षंड नृपराज मान षडनाति बिप्र वर।
गुरु षंडन गुरु विदुष लच्छि षंडन बनिक्क घर॥
निसि षडन तिय याग सुनिसि खंडन अभिमानं।
क्रत षंडन उर देव जग्य षंडन सुर पान॥
इतने षंड कीने हुते तदपि दुःख जर जर तनह।
जाने न देव देवत्त गाति सुगाति विद्ध बिम्गय घनह॥

† छन्द ६४ से लेकर ६८ तक का भी अभिप्राय स्पष्ट नहीं हैं।

(१) जब योगी जन आधी रात्रि के समय समाधि साधकर एकाग्र चित्त करके चिन्मय स्वरूप का ध्यान करते हैं तो उन्हें आकाश में एक ऐसा शब्द सुनाई देता है जैसे बहुत से नगारे और घंटे बज रहे हो। उसी शब्द का नाम अनहदनाद है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिहराव का पुत्र जैसिंह सेनापति स्थापित किया गया। वाह! पंग का दल क्या चला मानो इन्द्र से लड़ने के लिये दैत्यों का दल चला। इस सेना के भार से भौंचक होकर फनीस का फूसना भूल गया। घोड़ों की टापों से जमीन खुदकर गड़ढे हो गए। इस प्रबल दल के बीच जैसिंह द्रोणाचार्य्य सा मालूम होता था। उधर दिल्लीपति पृथ्वीराज तो पांडु पुत्र पार्थ की उपमा पाने योग्य था ही।

जिस जगह होकर यह फौज निकल जाती थी वहां की भूमि उथलपथल होकर जल की जगह थल और थल की जगह जल होजाता था। यह उसी जैचन्द की सेना थी जिसका हिन्दू मुसल्मान दोनों दीन पर समान प्रभाव था। उसके आतंक से पृथ्वी तूफान में पड़ी हुई तरनी की तरह डोलती थी। दिगपाल धजधर की नाई डगमगाते और शत्रु का प्रताप वायु से विदारे हुए बदलों की तरह लुप्त होजाता था। जो वीर पुरुष जैचन्द से जीते जाकर अब तक चुप चाप थे इस अवसर पर पुनः आतंक में आकर नए से हो गए। नए ज्वानों के चेहरों पर एक नई तरह की अनोखी दीप्ति दिपने लगी। निदान आधी रात पर सारस की बोली सुनते ही सेना ने कूच किया और जंगल पहाड़ उजाड़ती हुई पड़ाव दर पड़ाव इस प्रकार से आगे बढ़ने लगी जैसे पूर्व्व संचित कर्म्मों का परस्पर का संयोग नितनव कर्म्मों का विकाश करता है। परन्तु सामन्त सेना में भी ऐसे ऐसे सिपाही और सरदार थे कि हाथों से हाथी के दांत उखाड़ लेनी उनके लिये कुछ बात न थी। वे बज्रवत् शस्त्र प्रहार करके बज्र से बज्रहृदय को भी बिदार सकते थे; निदान वे इस सूर्य्यवंशी जैचंद रूपी सूर्य्य की चढ़ाई से ऐसे प्रसन्न चित्त थे जैसे सूर्य्य की प्रतिभा पाकर कमल कलियां कुसुमित होने लगती हैं। इस पंग दल रूपी समुद्र की बाढ़ रोकने के लिये सामंत सेना अचलाचल पर्व्वत से कदापि कम न थी। क्यों कि अनेकों किले कोटों को ढहाती हुई पंग सेना दिल्ली तक तो पहुंची परन्तु उस से आगे कदापि न बढ़ सकी।

जैसे राज्य सेवा के कारण आपसी का सलूक और आंख का शील टूट जाता है, विद्या और ज्ञान से सारे कुटिल कर्मों का नाश हो जाता है; वैसे ही पंगदल के दबाव से पृथ्वीराज निज राजधानी से हट कर बन में विचरने लगा। दिल्ली के गढ़ और रय्यत की रक्षा का भार मंत्री कैमास के सिर था। सामन्त मंडली में शिरोमणि कैमास जैसा बुद्धिविशारद और चतुर था वैसा ही वह बलवान निर्भय और समय पर महान भयानक भी था। कन्ह चौहान; अत्ताताई, पहारराय तोंअर; पज्जूनराय; निड्डुरराय राठौर; बग्गरी राय बावरी; प्रसंगराय खीची, दाहमा चामंड, जज्जौनराय और रामराय ये दस सामन्त कैमास के सहायक थे। जैचंद की सेना जमुना उस पार आन पड़ी थी; निदान आधी रात होतेही रातोरात जमुना पार करके; बीहड़ बन के किनारे किनारे देवपुर को दाहिने देती हुई पंग सेना दिल्ली का दुर्ग नियराने लगी। जमुना किनारे के बीहड़ भूभाग में बनचोर बाजों का रव सुनकर पृथ्वीराज तो एक ओर को चल दिया और यहां सामन्तों ने पंग सेना का मुंह मारने के लिये जंगी तय्यारियां कीं। धन्य रे सूर सामन्तो!! यह उस पंग सेना से जंग लेना था जिसकी हांक से उस समय जहान कांपता था।

इन्द्रप्रस्थ अर्थात् दिल्ली के किले को पंगदल रूपी राहु ने चारों ओर से ग्रस लिया। सेनापति की आज्ञा से किले पर बाण वर्षा की जाने लगी। किले से भी उसके उत्तर में नाना प्रकार के अस्त्र शस्त्र चलने लगे। एक दूसरे को प्रचार प्रचार एवं ललकार कर ये उनपर और वे इनपर जब

(१) धजे यानी निशान लेनेवाला। वायु की झोंक में जैसे जैसे निशान डोलता है वैसेही इधर निशान लेनेवाले आदमी को झुकना पड़ता है।

(१) स्मरण रहे कि यह मूल ग्रन्थ प्राचीन प्रणाली के अनुसार नाटक प्रबन्ध में है। कथा प्रसंगों का भाग इसी हिसाब से है यद्यपि पृथ्वीराज के किले से निकल जाने की बात लिखी जा चुकी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाण बर्साते थे तो पावस की झड़ी का मजा आता था। आपस में हथियार खड़खड़ाते, वायु में सन सन बान सनसनाते, ठन ठन हाथियों के घंटा ठनठनाते और गड़ गड़ नगाड़े गड़गड़ाते इत्यादि इस मिश्रित कोलाहल के मारे कान नहीं दिया जाता था। पंग सेना के नेजों की अनी इतनी घनी थी कि भू पर राई डारी नहीं जा सकती थी और यदि ऊपर से रकाबी फेंकें तो इस पार से उस पार तक निकल जाय। दोनों दलों के योद्धा अपने अपने मालिकों की दुहाई दे देकर करारे वार कर रहे थे। यदि सिर कट जाता तो कबंध खड़ा नाचने लगता और जो तीर से पंजर वारपार हो जाता तो पिंजर से उड़े हुए हंस की तरह हँसता हुआ हंसा स्वर्ग में जाबसत और इतर मिट्टी मिट्टी में जा मिलती था। इस समय भी कन्ह की तलवार अजब करामात कर रही थी। उसकी तलवार से कट कर गिरे हुए शव तरफराते हुए ऐसे नजर आते थे जैसे जलमानस हेलुवा खेल रहे हों। कबन्ध टूट जाने पर खून की सेंट जोर से उछलकर जमीन पर गिरती ऐसी नजर आती थी, जैसे बढ़ती हुई बेली निराश्रित होकर लटक पड़ी हो। कुंभस्थल फूटने पर रक्त की धारा के साथ छोटे छोटे मुक्ताकण अजबही छटा छाते थे। हाथी के दाँतो पर पड़ता हुआ तलवार का वार ऐसा मालूम होता था मानो हंसनी मृणालों को तोड़रही हो। ऐसे वीर सामन्तों के वार सहना पंग सेना का ही काम था जिसमें पृथ्वीराज और समरसिंह दोनों को एकदम दबाने का दम था। प्रातःकाल से युद्ध होते होते मध्यान्ह होगया। उस समय जैचन्द रूपी सूर्य्य के किरण रूपी सिपाही क्रोध से आरक्त मुख हो उठे। उस समय ऐसा मालूम होता था मानों प्रलय करने के लिये साक्षात् योगमाया ने पंग सेना का स्वरूप धारण करलिया हो। ज्यों ज्यों परस्पर अस्त्र शस्त्रों के खटखटाने का स्वर होता था त्यों त्यों भूत बैताल और योगिनी ताथेई ताथेई के ताल पर नाच करती थीं। शेषनाग का शीस डुल उठा, पृथ्वी डगमगा उठी और निडर सामन्तों का भी छाव छूटने लगा।

दिन भर युद्ध होने के पश्चात् सायंकाल को पंग सेना ने जमुना किनारे के बीहड़ बन के निकास का पक्का नाका बांध कर, युद्ध बन्द किया। इधर कैमास ने पृथ्वीराज को एक पत्र लिख भेजा कि आप तो निकल कर चले गए यहां मामला बड़ा बेढब है। सब रास्ते नठे हुए हैं और लेने के देने पड़ रहे हैं। गढ़रक्षा की क्या कहें सब को अपने अपने जी के लाले पड़े हैं। अबलों जो कुछ बाजी बनी है सो केवल काका कन्ह और निड्डुरराय की करतूत के यत्न से समझिए। यहां तो कोई कोई यहां तक कह उठे हैं कि आप तो अपनी गद्दी छोड़कर जंगल में जा पड़े और हमको यहां फँसा दिया। हमारा क्या अटका पड़ा है जो भेड़ बकरे की मौत मरें। उधर तो साँझ होतेही उक्त पत्र भेजा गया इधर किले में कैमास, कन्ह, गोयंदराय, रामरेन प्रमार और गुरुराम प्रोहित आदि ने मिलकर सलाह की कि यारों किला नहीं छोड़ना है चाहे बोटी बोटी कट जाय। जैचन्द भी क्या कहेगा कि किसी से काम पड़ा था। इस समय पूनो नहीं दूज के चन्द्रमा बन जाओ जिसे हिन्दू मुसलमान दोनों दीन सिर झुकाते हैं।

उक्त पत्र पाकर पृथ्वीराज के नेत्र आरक्त होगए, भुजा फड़कने लगी और मूछें सिंह की पूँछ के समान कानों को स्पर्श करती हुई थर्रा उठीं। उसने उसी समय अपनी सब सेना को सज कर दिल्ली की तरफ कूच कर दिया और जंगल ही जंगल आकर चढ़ीसवारी पंग सेना पर धावा कर दिया। पंग सेना को देख कर पृथ्वीराज

---

(१) किले की लड़ाई में तलवार की तारीफ बेजा है परन्तु इसका विचार न करके हम वही लिखते हैं जो कुछ मूल पुस्तक में है। किले पर तलवार की लड़ाई तब हो सकती है जब या तो किला तोड़ लिया जाय या किले वाले मैदान में आकर हथियार करें; परन्तु यहां दो में से एक का भी मौका नहीं था।

(२) समवर्ग सखाओं के साथ जल क्रीड़ा करना। 'राधे हेलुवा खेलैं हो जमुना के बीच' (एक बुन्देलखण्डी गीत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के सिपाही उसपर ऐसे झपटे जैसे तीतर पर बाज, एवं मछली की बोटी पर चील्ह झपटती है। पंग सेना भी इस आपत्ति से अकुला कर अस्त्र शस्त्र सम्हाल कर युद्ध करने में तत्पर हुई। जैसे उच्च के सूर्य्य के प्रकाश में कुमोदिनी जर से जर जाती है वैसे ही यहां कायरों का तो पता न पड़ा केवल कुल कमल सपूत शत्रु सेना रूपी बिरहिनी का हृदय विदारने को उद्यत थे। एक तरफ से पृथ्वीराज मार कर ही रहा था दूसरी तरफ किले से निकल कर सामन्त मंडली ने भी हथियार चलाए। बांकी मूछों वाले बांके बांके जवान जब बांके तेगों के बांके बांके हाथ करते थे तो मय टोप बख्तर कटने में बधिया बाकी न रहती थी। कुछ देर तो जैचन्द के सिपाहियों ने खूब पराक्रम किया, पर दो की दाब बुरी होती है अन्त में सब तीन तेरह होकर भाग उठे। इस प्रकार से पंग सेना परास्त हुई और दिल्ली के किले का बाल बांका न हुआ। इस युद्ध में, पूरनराय प्रमार, नारेनराय के दोनों भाई, दो पुत्र बाघसिंह के, हरसिंह मोरी, हरिया राय बग्गरी ये योद्धा खेत रहे और भीम भट्टी नाराइन राव, जैतसिंह, जोगी जंवारा, कन्ह छोंकर, आदि बीरों के शरीर में घने घाव आए। जैचन्द के जो सिपाही मारे गए उनकी तो गिनतीही नहीं पर ६४ रावत् अत्यन्त घायल हुए और केहरि कंठेर और कन्ह भी कन्नौज को अधमरे वापिस गए।

धन्य है! सूर सामन्त समर में प्राण तजकर सहज ही जो गति पाते हैं वह बड़े बड़े योगियों को भी दुर्लभ है। हजारों वर्ष उलटे टँग कर हर हर करने पर जिस बूंद से भेंट नहीं होती उसे शूर बीर एक झपाटे में पा लेते हैं। कवि कहता है कि भाइयों क्षत्री तन धर कर इस तन को तिनूका की तरह तजने से तनिक न हिचकना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से केवल आगा ही नहीं बनता बरन पीछे के भी सब कर्म-पाश नाश हो जाते हैं!!!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समर पंग युद्ध नाम प्रस्ताव।

[छप्पनवां समय।]

———०———

समस्त दिल्ली प्रदेश में हलचल मचाने के पश्चात् जैचन्द की चतुरंगिनी चमू ने चित्तौर की तरफ़ कूच किया। अनहद नाद की नाईं भेरी नफेरी, और धौंसा धमकाती हुई पंग सेना के कूच मुकाम के आतंक से दिशाओं में कुहरा सा छा गया मानो जैचन्द की सुकीर्ति ने इसी स्वरूप से संसार की सैर करने का अनुष्ठान किया हो। बड़े बड़े गरबीले लोगों का गर्व गिरानेवाली इस पंग सेना की चढ़ाई का समाचार चित्तौरपति रावल समरसिंहजी ने भी सुना।

शाबास! शूर शिरोमणि समरसिंहजी ने शत्रु के सम्मुख आने का समाचार पाकर प्रसन्न मन होते हुए हुक्म दिया कि जंगी तय्यारियां की जांय और इधर प्रजा के दस प्रतिनिधि राज्यकर्मचारी और सगे सम्बन्धियों को बुलाकर वे प्रस्तुत प्रबन्ध के लिये सलाह करने बैठे। रावल समरसिंहजी ने सब से कहा "आप लोग हम से वय बुद्धि सब बातों में बड़े हैं। इसलिये सोच विचार कर ऐसी सलाह दीजिए जो इस अवसर पर काम आवे"। रावलजी के इस कथन पर जिसकी जैसी बुद्धि थी सो बोल उठे। कोई बोले लड़ाई लेनी चाहिए और कोई बोले महाराज यह जीतव है तो सब कुछ है। किसी ने कहा मुक्ति से सब परे हैं। किसी ने कहा इस संसार सागर में जिसकी लाज का जहाज न डूबा सोई सुखी है। किसी किसी ने फिर भी यही कहा "आप मरे जग डूबा" जौलों जीते हैं तौलों सब कुछ हैं, आंख मिची फिर कौन देखता है कि किसका भला किस का बुरा। अन्त में सबने यही कहा कि हम सब लोग बिनती कर चुके आगे जो आपको रुचै सो हमारे भी माथे पर है। "इस जीवन से जन्ममुक्त होने की साधना ही सार है जिसमें दोनों हाथ लड्डू हैं। माना कि यदि (कर्त्तव्यपरायण पुरुष) जीवन मुक्त न भी हो तो वह नर्क में भी सुखी रह सकता है। यदि वह पुनः जन्म भी पावे तो धन्य है उस पुरुष को जिसके घर वह जन्मे। क्योंकि सद्गुरु की कृपा से फिर तो उसे यह संसार स्वप्नवत होता ही है। लोगों के देखने दिखाने को चाहे जैसा हो पर अन्तःकरण में बोध होजाने से अन्त में आपही त्याग उत्पन्न हो जाता है।" अतः रावल जी बोले। कि शत्रु को शस्त्र प्रहार से ही परास्त करना उचित है।

रावल समरसिंह जी बोले 'सुनो इस प्राण वायु के वायु मंडल में लीन हो जाने का ही नाम मुक्ति है। यह पंचतत्व मय तन पिंजर जिसमें यह पंच(१)—प्राण—रूपी—पक्षी जीव निवास करता है, पाँच(२) दरवाजे का है। ज्ञान द्वारा संशय का नाश होने से तो जीव जीवनमुक्त हो जाता है और इसके बिना अज्ञान के कारण चंचल मन के चरखे पर चढ़ा हुआ पांचों दरवाजों में चक्कर लगाया करता है, परन्तु अनहद शब्द रूपी किवाड़ों के कारण निकल नहीं सकता। इस लिये गुरु की बतलाई हुई शास्त्रोक्त योग युक्ति से चित्त को एकाग्र कर के अनहद शब्द के सुनने का अभ्यास करे और काम क्रोध लोभ मोह आदि विकारों से रहित होकर ब्रह्मरंध्र में स्थित उज्ज्वल वर्ण प्रकाशमान ब्रह्म का ध्यान धरे अर्थात् योगासन मारकर मन को एकाग्र कर अपनी दोनों भौंहों के बीच नजर थमा कर अंगुष्ठ प्रमाण लिंग शरीर का ध्यान करे। पहिले पहिल गुरु की बतलाई हुई युक्ति से एक मोती बराबर बिन्दु पर ध्यान जमाया जाता है, किंचित् काल में यह मोती अंडाकार देख पड़ने लगता है फिर उसी से अखंड प्रकाश का दर्शन होने लगता है। इस प्रकार से उस अनन्त प्रकाश का दर्शन

---

(१) पंच प्राण – प्राण, अपान, समान, व्यान उदान।

(२) कान, नाक मुख, लिंग, गुदा ये पांच छिद्र पांच दरवाजे माने गए हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने पर संकल्प विकल्प एवं संशयों का नाश हो-जाता है और अन्त में मोक्ष पद प्राप्त होता है।

तब रावल जी का मंत्री विनीत भाव से बोला कि अन्नदाता इस कलिकाल की माया बड़ी प्रबल है। एक छिन भी मनुष्य का मन ठिकाने नहीं रहता। घरी में इधर तो घरी में उधर। कभी खुशी से फूल-कर कुप्पा होजाता है तो कभी शोक से सूखकर कांटा होजाता है। कभी ऐसा त्याग वैराग उपजता है कि संसार का कुछ भी नहीं सुहाता और कभी मोह की प्रबलता के कारण दुनिया भर की बला अपने सिर लेने की सूझती है।

रावल जी बोले सुनो! इस पंचतत्व रचित शरीर के बहत्तर कोठे[1] हैं, जिनमें अस्सी प्रकार की वायु वास करती है। हे मंत्रिवर! यह शरीर समुद्र के समान है जिसमें हमेशा बुद्धि रूपी तरंगें उठा करती हैं। इसमें नाना प्रकार के तर्कवितर्क रूपी मत्स निवास करते हैं और भांति भांति के भेदाभेद ही मानो भौंरें पड़ा करती हैं। शीलरूपी नीले जल में क्रोध का खारापन भी विद्यमान है और विद्याही इस में रत्न है। ऐसे शरीर के अन्दर जीव नाम से आत्म स्वरूप परमात्मा का बास है। उस चिदानंद परमात्मा की त्रिकाल बन्दना करने से मनुष्य शीघ्रही त्रिकालज्ञ हो सकता है। उसे इसका भी ज्ञान हो जाता है कि मेरी कब मृत्यु होगी और वह मृत्यु के समय समाधि स्थित होकर पीतपटधारी घनश्याम का स्मरण करते हुए मौत को बर सकता है। संध्या के समय गोधूली बेला में धवल एवं धूम्रवर्ण का ध्यान धरना चाहिए और प्रातः काल के समय दिये की ज्योति के मध्य भाग की प्रभा पर ध्यान जमाना चाहिए। उससे प्रथम दूज फिर पंचमी और फिर अष्टमी के चन्द्रमा का सा आकार क्रमशः भासित होने लगता है। तब काल पाकर उसी में से ताटंक और बनमालधारी धवल स्वरूप के दर्शन होने लगते हैं। परन्तु इस सब का मूल रेचक कुंभक पूरक इन तीनों नाड़ियों की साधना से होता है। यही योग का जतन है। इस लिये इस समर रूपी समुद्र में तलवार की धार रूपी लहरें उठा कर सुकीर्ति रूपी कलानिधि को प्राप्त करना उचित है।

कनकराय रघुवंशी ने कहा "मुझे एक बात का बड़ा संदेह है कि कभी तो चित्त में अतुलित आनंद की उमंगें उठा करती हैं और कभी सहसा शोक उत्पन्न हो जाता है। कभी योग की इच्छा होती है। तो कभी शृंगार रस की वासना श्रेष्ठ हो जाती है। कभी दीनता और दरिद्रता का भाव प्रधान हो जाता है। और कभी हितू से भी अनिच्छा और विग्रह उत्पादक विचार उत्पन्न होने लगते हैं। इसपर रावल समरसिंह जी बोले "वास्तव में इस बासना भेद में विलक्षण भेद भरा हुआ है—कंठगत-प्राण होने के समय जो वासना चित्त में बसी रहती है उसी के अनुसार गति माति होती है अर्थात् दूसरे जन्म में उसी के अनुसार भोग भोगना पड़ता है। सुनो जो कुछ मैं कहता हूं उस पर ध्यान दो और विश्वास करो! पूर्व्व, दक्षिण, उत्तर, पश्चिम अग्नेय, वायव्य, नैऋत, ईशान, ये आठ दिशाएं हैं। इस सुख दुःख रूपी शरीर सरोवर में एक अष्टदल कमल प्रफुल्लित है। उस कमल का पूर्व्व दिशा वाला दल लाल वर्ण का है, मन मकरंद के उस पर जा बसने से गौरव वृद्धि कल्याण और दान इत्यादि शुभ कर्म्मों की इच्छा उत्पन्न होती है। अग्नेय दिशा की पखुरी नीलवर्ण है, उस पर मन रमने से त्रिदोष की वृद्धि होकर मरण पर्य्यन्त परिणाम होता है। उत्तर दिशा का दल पीत वर्ण है उसमें भोग का त्याग होकर जोग में अनुराग कराने की शक्ति है। नैऋत दिशावाला दल धूमले रंग का है और उसकी वा-सना से शोक की उत्पत्ति जानो। पश्चिम दिशावाला दल पीला है और उसमें स्नेह की वासना का वास है। दक्षिण दिशावाला दल उज्ज्वल है और उस से

(१) ७२ कोठे से यहां ७२ नाड़ियों से अभिप्राय है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शान्ति रस की उत्पत्ति होती है। ईशान दिशावाला दल विलचण मिश्रित रंग का है उस पर मन जाते ही भ्रमण में पड़ जाता है और उच्चाट चित्त होने से कहीं भी दिल नहीं लगता। उसी कमल का प्रकोष्ट यानी मध्य भाग ब्रह्ममय है। यह चंचल चित कृत-कर्मों के वशीभूत होकर वायु वाधित दीप शिखा की तरह डुलता फिरता हुआ उसी कमल के प्रत्येक दलों पर दौड़ा करता है। अस्तु एक अकेले इस मन को हाथ में करने से सब साधनाएं सहज हो जाती हैं। भाइ इस मन को ही सब प्रपंचों का मूल समझो। यह मनही लिप्त होता है और यही घर घर अवतार धारण करता है। यही कर्म बंधन में फंसाता है और यही कर्मों से उबारता है। यही इधर उधर भ्रमता है और यही सुखी दुखी होता है। अन्तरात्मा का तो इतर प्रपंचों से रंच भी लगाव नहीं है; अतः सद्गुरु की कृपा से जो यह मन अज्ञान से रहित होकर ज्ञान में रंग जाय तो सब दुःख दूर हो जांय और मुक्ति मार्ग भी सहजही मिलजाय। इसलिये मन को रोककर युद्ध के लिये सन्नद्ध होजाओ। एकाग्र चित्त होकर युद्ध में मरने से मुक्ति मिलती है परन्तु वासना लिप्त होने से फिर भी कर्म बंधन में पड़ना पड़ता है।

ढुंढरह राय ने कहा महाराज आप तेजपुंज सुर्य्य वंश में उत्पन्न हैं। आप वीर हैं और अपने कुल की लीक के अनुसार आचार विचार और साहस भी आप में विद्यमान हैं। तदनुसार आप युद्ध के लिये सन्नद्ध होनाही सलाह समझते हैं, परन्तु राज्य की रचा करना भी तो राजा का परम धर्म है। सबल से वैर बिसाहने में घर और भर दोनों की हानि है। इस पर रावल जी ने उत्तर दिया कि भाइयो शीत रूपी भीतिता को भगा कर गरबीले ग्रीष्म का वेष धारण करो और शत्रु दल के दाह करने में प्रवृत्त हो जाओ। यह कहकर रावल जी ने अपने अंतरंग मित्र सुमंत प्रमार की ओर देखा। तब सुमंत बोला कि भाइयो डौल डील कुछ नहीं तेज ही माननीय है। एक गरुड़ सहस्रों सर्पों के समूह का विनाश कर सकता है। एक अगस्त इतना बड़ा उदधि अचै गया। एक राहू उड़गन समूह के होते हुए भी चन्द्रमा का ग्रास करता है और सिंह हाथी का शिकार करता है। इसी प्रकार रावल जी भी पंग ऐसे प्रबल शत्रु को परास्त करने में सहज समर्थ हैं। अवसर पाकर सिंह प्रमार बोला कि शत्रु प्रबल है इससे रात्रि को धावा करना उचित होगा, बात की बात रहेगी और सब प्रकार की हानि से भी बचेंगें। परन्तु यह प्रस्ताव समरसिंह जी ने स्वीकार न किया। उन्होंने कहा। उज्ज्वल अंशुमाली भगवान के उजेले में उज्ज्वल मन से उज्ज्वल इष्ट देवों की आराधना करते हुए उज्ज्वल अस्त्र शस्त्र सम्हालो और उज्ज्वल कर्तव्य-धर्म पालन करके उज्ज्वल दिशाओं में अपनी उज्ज्वल सुकीर्ति का उजेला प्रकाशित करो। उज्ज्वल हृदय से उजेले में युद्ध करने से ही वीरों का मुख उज्ज्वल होता है। और भी सुनो! यह मनुष्य शरीर सुकीर्ति विस्तृत करने के ही लिये दिया जाता है इस लिये सुकीर्ति के लिये तन तजना जरूरी है। जो होनहार है सो अमिट है। लोग कहते हैं, ये मेरा ये तेरा, पर अन्त समय पर कोई भी काम नहीं आता। इस लिये इन दुखद प्रपंचों का विचार छोड़ कर समर में तन तज कर संसार की सार वस्तु मुक्ति से मुख मोड़ना शुभ नहीं है। इस दुःख मय जीवन में सुख की आशा करना बड़ी भारी भूल है।

रावल समरसिंह जी के ऐसे वचन सुनकर सूर वीर सिपाही सन्नाह चढ़ा कर और अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर पंग सेना से जंग लेने के लिये सन्नद्ध हो बैठे। उनके कान्ति मय उज्वल शरीर पर झूमले बख्तर ऐसे मालूम होते थे मानों राहु ने सूर्य्य को सर्वाङ्ग ग्रास करलिया हो। शृंगीनाद के भीषण स्वरसे अथवा अन्यान्य जंगी बाजों के बजने दिशाओं में दुहचाल सा मचगया। और शूरवीरों के चेहरे सूर्य्य से दिप उठे। छत्तीसों प्रकार के राजपूती बानों से सुसज्जित होकर चित्तौरपति की चतुरंगिनी चमू जैचन्द का मोरचा मारने के लिये

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चली। इस सेना को साम्हने आते देखकर जैचन्द ने अपनी तलवार सम्हारी और हाथी से उतर कर वह अपने माणिक नाम घोड़े पर सवार हुआ। वह भीमकाय घोड़ा क्या आग का पुतला था। जैचन्द को पीठ पर लिये चौकड़ी भरकर चलता हुआ द्रोनागिर को लिए हनुमान जी सा जाता जान पड़ता था। उसकी पूंछ का और चन्दन कीसी चौंर छहरा रहा था और उसके नाल दूज की सी जुन्हैया चमचमाते थे। वह पंखी की भांति फरफराता हुआ घोड़ा उच्चैश्रवा का सा जोड़ा जान पड़ता था। उस की कलँगी से तो मयूर का धोखा होता था।

उस दिन चैत्र सुदि * पूर्णिमा सोमवार था। समरसिंह और पंग सेना का प्रथम युद्ध खारीनद के पास दुरगापुर के मैदान में हुआ। दोनों दलों का दिखादाव होते ही इधर से रावल समरसिंह जी और उधर से जैचन्द ने अपने अपने घोड़ों की बागें उठाईं। रावल जी के साथ में उनके सरदार कन्ह, जैत, नरेन, मानसिंह, मल्हनदेव, अमरसिंह, प्रतापसिंह बलिभद्र आदि ने भी अपनी अपनी अनी कनी सेना सहित शत्रु सेना पर धावा किया। तीर तुवक की तो किसी ने बात ही न पूछी दोनों ओर के राजपूत योद्धा चपला सी चमचमाती हुई तलवारें निकाल कर वार करने लगे। रण वाद्यों के रव और हाथियों के घंटों की ठनठनाहट के मारे कान नहीं दिया जाता था। दोनों दलों का जुटाव पावस के युगल बद्दलों के जुटाव से कम न था। पल भर में लोहे के झलाझल छींटे वर्षा कर वर्षा की बहार दिखाने लगे। हाथी के कुंभस्थल में पैठती हुई तलवार बादल में बिजली सी समाती जान पड़ती थी। और हाथियों के किलाए पर बैठे महावत सिंह से देख पड़ते थे। रावल जी के सिपाहियों ने पंग दल को खूब दबाया परन्तु एक जगह रावल जी बुरी तरह से गस गए। उस समय पंग सेना चारों ओर से दब गई और रावल जी ने बाग उठाई। पंग दल के सिपाहियों ने बड़े बेग से मार मचाते हुए समर सिंह जी को पकड़ लेना चाहा, परन्तु उस समय समरसिंह ने विकट बाराह रूप होकर समस्त दल बल को बिदार दिया और हाथ उठा कर अपने सिपाहियों से कहा "देखो भाइयो ऐसा सुअवसर फिर न मिलेगा, जैसे ग्रीष्म की दुपहरी में जल पिलाने से ज्यादा और कोई पुण्य नहीं है वैसेही युद्ध में प्राण देने के अतिरिक्त मुक्ति सुद्वार का भी अन्य कोई सरल मार्ग न जानो। इतना सुनतेही वे सूर वीर सिपाही जिनके हाथ तो थक गए थे परन्तु मन न थके थे, बड़े बेग से बढ़े और शत्रु सेना को काट काट कर पाटने लगे। सायंकाल होजाने के कारण उस दिन का युद्ध बन्द हुआ।

दूसरे दिन पुनः प्रातः काल से छिड़ी। पहिले दिन के युद्ध में पंगसेना बहुत पीछे हटगई थी। दूसरे दिन का युद्ध उसी जगह पर हुआ जहां से गुजरात का राजा भीमदेव हार कर भागा था। एक तरफ से पंग दल दूसरी तरफ से समरसिंह जी की सेना ने फिर से युद्ध के लिये कमरें कसीं। अपने अपने स्वामियों की जै की अभिलाषा करने वाले वीर तमक तमक कर तलवारों के बार करने लगे। दो पहर होते होते दोनों ओर के दो हजार सिपाही और उन्नीस सर्दार खेत रहे। परन्तु अन्त में अवसर पाकर समरसिंह जी ने पंग सेना को चारों ओर से घेर लिया और नाके बाँध कर मार मचाई। उस समय एक के ऊपर एक पड़ी तरफराती हुई लाशें ऐसी जान पड़ती थीं जैसे थोड़े पानी में मछली तरफ रही हो। कन्ह, जैत, जैसिंह, सामला सूर, रूप राम, नारायण, मोहनसिंह, आदि बीर खेत रहे पर जीत समरसिंह जी की हुई और पंग सेना भाग उठी। जैचन्द का भतीजा कान्ह भी

---

(१) सूर्य्य के रथ का सात मुखवाला घोड़ा जो समुद्र से उत्पन्न हुआ माना जाता है।

* "बार सोम राका दिवस पूरन पूरन मास।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिक घायल हुआ था इसलिये उसे डोली में लिवा कर जैचन्द कन्नौज को उलटा गया और चित्तौर में जीत के नगारे बजने लगे।

धन्य भगवन्‌ ! जिस संयोगिता के लिये यह सब खून खराबा हुआ वह समय पाकर पृथ्वीराज के हाथ लगी पर लगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैमास बध समय।

(सत्तावनवां समय।)

—o—

दिल्लीपति पृथ्वीराज शस्त्र बल से शत्रु समूह को शमन कर स्वच्छन्दता पूर्वक राज्य श्री का सुख भोग कर रहा था। उसका पुत्र राजकुमार रेणुसिंह भी अश्व पर सवार हो अहिर्निशि अहेर के फेर में फिरा करता था। राजकुमार रेणुसिंह और चामंडराय का परस्पर घनिष्ट स्नेह था। वे दोनों मामा भांजे एक दूसरे के बिना क्षण भर भी नहीं रहते थे। खाते पीते सोते जागते दोनों एक दूसरे से घरी भर के लिये भी बिलग नहीं होते थे। उन दोनों का ऐसा स्नेह चंदपुंडीर से न देखा गया। उसने एक दिन अवसर पाकर राजा पृथ्वीराज से कहा कि चामंड राय ने राजकुमार पर अपना विशेष प्रभाव जमा रक्खा है। मुझे तो कुछ 'दाल में काला' मालूम होता है क्या जाने क्यों! यह कलिकाल का समय है और राज्य का प्रलोभन बुरा होता है!! चंदपुंडीर के ये वचन चहुआन के चित्त में चुभ गए। उसने उस समय तो कुछ न कहा पर उस के दिल में गांठ पड़ गई।

संवत् ११५१ आषाढ़ सुदी ९ वीं की बात है। पूर्व दिशा में कुछ धूमले वर्ण का चन्द्रमा दिखाई दे रहा था। राजा पृथ्वीराज ने शतरंज खेलने की इच्छा की। शतरंज बिछाई गई। एक बाजी पर राजा स्वयं था और दूसरी पर राज्यमंत्री कैमास। राजा के दहिने पार्श्व में पज्जूनराय और चंद सेन, बाएं पार्श्व में जैतराव और साम्हने निड्डुर और कन्ह बैठे हुए थे। इनके सिवाय सलख लक्खन विंझराज आदि और भी दस पांच सामंत इधर उधर बैठे थे और कविचंद कवित्त पढ़ रहा था; बदली दबने का कुछ रुख देख कर राजा ने प्रातःकाल बन बिहार के लिये जंगल को जाने की इच्छा की। आज्ञानुसार दूसरे दिन दसमी को सबेरे से सब लोग जुटे भी परन्तु बद्दल फट गए और घटाके की घाम निकल पड़ी इसलिये उस समय तार मुल्तवी हो गया। सबेरे से दोपहर पर्य्यन्त तो घाम रही, परन्तु दोपहर के बाद चारों ओर से कारे कारे बद्दल झुक आए। अस्तु राजा पृथ्वीराज, कैमास, कन्ह, पज्जून राय, चन्द्रसेन, चामंड राय, निड्डुराय, सलख, लष्खन बघेला, विंझराज आदि सामन्तों सहित हदफ खेलने के लिये जंगल की तरफ निकल गया। संध्या होते ही रिमझिम मेह भी बरसने लगा। इसलिये राजा ने समाज सहित घर की ओर प्रस्थान किया। राजा महलों को आए और सब सामन्त लोग अपनी अपनी हवेलियों को चले।

राजा पृथ्वीराज का खास हाथी शृंगारहार मदे लगा हुआ था। यद्यपि वह किले के भीतर बड़े बन्दोबस्त के साथ बँधा हुआ था परन्तु जिस समय आषाढ़ का बद्दर गरजा और टिपकारी बड़ी बड़ी बूँदें पड़ने लगीं तो हाथी सांकल तोड़ कर चल दिया। भालेवर्दारों और महावतों के हजार हजार उपाय करने पर भी हाथी थिर न रहा और शहर के बड़े बड़े मकान ढहाता हुआ मनमाना डोलने लगा। एक सकरी गल्ली में चामंडराय और शृँगारहार का आमने सामने मुकाबला होगया। चामंडराय को देखते ही हाथी ने बींड[1] भरी। परन्तु चामंडराय क्या हाथी के सामने पीछे पैर दे! यदि दे भी तो हाथी की सीध से बचकर जाय कहां? उसने भी म्यान से तलवार निकाल ली और ज्योंही हाथी मेर में आया कि उसने एक ऐसा हाथ मारा जिससे मय दांतों के भसुंड से सुंड अलग हो गई और शृंगारहार एक चिक्कार मारकर वहीं मर गया।

जब यह बात पृथ्वीराज ने सुनी कि चामंडराय ने हाथी मार डाला तो वह मारे क्रोध के कांप उठा। उसी समय उसे चंदसेन पुंडीर की बात भी स्मरण आई। बस फिर क्या था उसने पंडित रैमदेव को

(१) हाथी के सुंड उठाकर झपट करने को बींड भरना कहते हैं।

(२) यह वही हाथी था जिसे पृथ्वीराज ने शहाबुद्दीन से दण्ड में लिया था।

(३) गुरुराम का असली नाम रामदेव है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुला कर कहा कि जाओ चामंडराय के पैरों में बेड़ी भरो, यदि इस समय तुमने मेरे सम्बन्ध के बड़प्पन का विचार करके जरा भी आनाकानी की तो तुम अपनी भी कुशल न जानो। इतने में हाहुलीराय हम्मीर और पज्जूनराय भी आगए। उन्होंने कहा कि ठीक तो है। आज हाथी मारा कल्ह और कुछ कर बैठें, क्या ठिकाना! स्वामी की इच्छा के विरुद्ध कार्य्य करना सर्वथा नीतिविहित है। हांसीपुर के मैड़े से पूँछ दबा कर भागे थे, यहां हाथी पर सूरवीरी सूझी। परन्तु पृथ्वीराज ने कहा कि चामंड राय मारा न जाय ऐसा करने में बड़ा अपयश होगा। गुरुराम के साथ में लोहाना आजानबाहु को देकर कहा कि तुम दोनों जने जाओ और समझा बुझाकर चामंड के पैरों में बेड़ी भर आओ।

जब यह चर्चा चामंडराय के कान पड़ी तो वहां उसके दो हजार भाई बेटे (दाहिमवंशी राजपूत) बात की बात में बताने बताने से सजकर दुरुस्त हो बैठे। परन्तु चामंडराय ने सब को समझा कर शान्त किया और कहा भाई सेवक का यह धर्म नहीं है कि स्वामी के सम्मुख हथियार पकड़े। जिसका अन्न खाया, जिसे देवता करके माना, भला उससे लड़ना कैसे बनता है। ऐसा करने में न तो लोक में यश है न परलोक में सुख है। गुरुराम ने चामंडराय के सम्मुख जाकर राजा की आज्ञा कह सुनाई और बेड़ी साम्हने रख दी। स्वामिभक्त चामंडराय ने चुपके से अपने ही हाथों अपने पैरों में बेड़ी चढ़ा ली। जैसे मतवाला हाथी अंकुश की अनी को और भारी भारी सर्प गरुड़ की आन को मानते हैं वैसेही नीतिवान चामंडराय ने बिना आनाकानी किए स्वामी की आज्ञा को प्रसन्नता पूर्वक सिरोधार्य्य कर लिया। धन्य हैं! वह समय तो गया परन्तु चामंडराय के शील की चरचा अबलों चल रही है और चलेगी। होनी थी सो तो हो गई परन्तु यह बात खटकी सबको!

सच है! बड़े से बैर बिसाहना बुरा होता है *

जैचंद के डर से पृथ्वीराज दो दिन भी दिल्ली में नहीं रहता था। समस्त राज्यकार्य्य कैमास के हाथ में छोड़ कर आप जंगल में शिकार खेलता फिरता था। निदान चामंडराय को बेड़ी पहना कर पृथ्वीराज फिर भी दुरगा-बन को शिकार खेलने चला गया और कुछ सामन्तों सहित कैमास दिल्ली में रह कर सावधानी के साथ राज्यकार्य्य करने लगा।

भादों बदी १० गुरुवार की बात है। कोई एक घड़ी दिन चढ़ा होगा। आकाश में अंधाधुन्ध बद्दल छाए हुए थे। मोर शोर मचा रहे थे, मेढ़क टर्रा रहे थे और बगुले श्रेणीबद्ध होकर बदरों के नीचे नीचे उड़ रहे थे। दसों दिशाओं में अन्धेरा सा छा रहा था और बदरों की गर्जना से तो ऐसा भान हो रहा था मानों प्रकृति पर विजय पाकर पावस स्वयं अपने निसान बजा रहा हो। उसी समय कैमास कतिपय सामन्तों और सिपाहियों सहित घर से राजमहल को आया। इधर जोबन की मजेज में भरी हुई कर्नाटकी दस पांच दासियों सहित सजीबजी बैठी प्रकृति का आनन्द ले रही थी। दैवयोग से कैमास की और उसकी नजरें चार हो गईं। नजरें चार होते ही दोनों के हृदय पर मार की मार सी पड़ उठी और दोनों एक दूसरे के हिये का हार होने के लिये बेहाल हो गए। स्त्रियाँ तो स्वाभाविक ही चंचलचित्त होती हैं तिस पर दासी और फिर भी राजा का महलों में न होना, इन सब कारणों से कर्नाटकी का चलचित्त होना एक प्रकार से उचित भी हो सकता है, परन्तु होनहार बश बुद्धिमान कैमास भी इस समय रसवश होगया। क्या कहें! इस संसार की रीति, भांति कुछ विलक्षण ही है, जैसे भौंरी का चित्त तो भ्रमर में बसता है परन्तु भ्रमर कुसुम रस की आशा में व्यस्त रहता है अथवा जैसे परब्रह्म प्रत्येक पुरुष में रमकर उसे शक्तिमान बनाए हैं परन्तु पुरुष अधर्म में रत रहता है। तैसे ही पृथ्वीराज तो सब तरह से कैमास के बलभरोसे था परन्तु कैमास कर्नाटकी के रस में फँस गया। कैमास या कर्नाटकी को क्या दोष दें, होतव्य प्रबल होती है।

* भूमन्त राज आखेट पंग भय। पह रष्षौ कैमास मंत्र राय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समस्त दिन राज्य कार्य्य करके शायंकाल होते ही कैमास घर को गया। ज्यों ज्यों रात्रि भीजती जाती थी त्यों त्यों कैमास का हाल बेहाल होता जाता था। इधर कर्नाटकी का भी यही हाल था। जब से उसकी कैमास से नजर मिली तब से उसे पलभर भी कल नहीं पड़ती थी। प्रहर रात्रि जाते जाते कर्नाटकी अधीर हो उठी और उसने उसी समय एक दासी को कैमास के पास भेजा। कैमास तो आप पड़ा तड़फ रहा था, कर्नाटकी की दासी को देखकर दंग हो गया। उसने उसी समय दासी के कथनानुसार स्त्री-वेष धारण किया और दासी के साथ हो लिया " जो कैमास अपनी बुद्धिमत्ता के लिये जहान में जाहिर था, जो कैमास साक्षात् दिल्ली राज्य की ढाल था, हा! उसका ऐसा लंपटपन! उसकी ऐसी नीच करतूत, धन्य है! दैव बलवान है" कैमास दासी के हाथ में हाथ दिए महल के अन्दर हो गया। यद्यपि चारों ओर से खूब घनघोर बद्दर चढ़ा हुआ था, हाथों हाथ नहीं सूझता था परन्तु चन्दन की महक और पैर के भारीपन की आहट से पटरानी इंछिनी के मन में सन्देह हो गया, इस लिये वह खिड़की से झाँक कर देखने लगी। तब तक बिजली भी चमचमा उठी तो इंछिनी देखती क्या है कि कोई स्त्री वस्त्रधारी पुरुष कर्नाटकी की अटारी की सीढ़ियाँ चढ़रहा है। यह देख कर रानी सन्न होगई। तब तक उसका सुगा बोला, देखा आज कौआ कस्तूरी खा रहा है। जानती है! कर्नाटकी के घर में कौन है! ! नहीं जानती तो जान ले। वह कैमास है ! ! !

कैमास तो कर्नाटकी के पास पहुँचते ही मानों संसार को क्या अपने को भूल भी गया। इधर रानी इंछिनी ने एक सखी के हाथ पर कज्जल से संदेसा लिख कर उसे पृथ्वीराज के पास प्रेषित किया। दासी घोड़े पर सवार होकर दो घड़ी में राजा के पड़ाव पर जा पहुँची। उसने घोड़े को तो एक पेड़ से बाँध दिया और आप राजा के शिविर में गई तो देखती क्या है राजा पृथ्वीराज अपनी तीर कमान बगल में रक्खे पड़ा हुआ बेसुध सो रहा है और उसके सखा सामन्त लोग भी उसी तरह घोर निद्रा में निमग्न हैं। यह देखकर दासी ने मन में कहा, जिसने जैचन्द का यज्ञ भंग करके उससे वैर बिसाहा, जो बादशाह को पकड़ कर बार बार छोड़ देता है, जिसके चारों ओर शत्रु चील्ह से मड़रा रहे हैं वह पृथ्वीराज इसतरह पड़ा हुआ बेसुध सो रहा है। ईश्वर इसकी रक्षा करे। ऐसा बिचारती हुई दासी आगे बढ़ी। यद्यपि उसके नूपुर की ध्वनि से राजा कुछ सचेत सा हो गया परन्तु उसे अपना भ्रम समझ कर उसने आँख न खोली, किन्तु जब दासी ने पास जाकर छाती पर हाथ रख दिया तब तो वह चटपटाकर उठ बैठा और दासी की गदेली पर का लिखा हुआ सँदेसा पढ़ कर पूछ दबाए हुए सर्प की तरह गुस्से में भर गया। लिखा हुआ यह था "आप तो वातूल से बाधित तिनके की तरह इधर उधर मारे मारे फिरते हैं यहां की भी खबर है क्या हो रहा है ?" कच्ची नींद से जगे और गुस्से से भरे पृथ्वीराज का मुखमंडल मंगल ग्रह की भाँति जाज्वल्यमान होरहा था। दासी तो देखकर मारे डर के थरथर काँपने लगी, परन्तु जब राजा ने कहा कि डर मत कह बात क्या है? तब दासी बोली, क्या कहूं इस समय आपका मंत्री कैमास दासी कर्नाटकी के साथ रम रहा है।

दासी की बात सुनते ही पृथ्वीराज बिना किसी से कहे सुने तरकस कस, कमान हाथ में लेकर अश्व पर सवार हो चट से रफूचक्कर हुआ और रानी इंछिनी के महल में आ पहुँचा।

पृथ्वीराज ने आते ही पूछा "क्या है?" रानी इंछिनी बोली दासी कर्नाटकी के महल में कोई पुरुष है। मैं नहीं कह सकती कि वह कौन है, कोई देवता है या गन्धर्व है या यक्ष है? अब तक यह हाल दासी, रानी इंछिनी और पृथ्वीराज के सिवाय और किसी को भी मालूम न था—रानी इंछिनी ने राजा के साथ होकर कर्नाटकी और कैमास को दिखा दिया। देखते ही पृथ्वीराज पहिचान गया कि यह तो कैमास है।

(१) वाय घान दिय पर अमिन पिय किन भांति भतरा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। रानी इंछिनी तो उँगली से बताकर दूर हो गई और राजा का हृदय क्रोध से काँपने लगा। उसने कुछ सावधान होकर सोचा "दासी तो नीच है उसे क्या कहें, पर कैमास का ऐसा कर्म ? योंही सोचते विचारते राजा ने बाण संधाना, परन्तु अंधेरा अधिक होने के कारण निशाना लक्ष करना तनिक कठिन था, दैव योग से उसी समय चपला ने चमक कर मानों कैमास के बध में स्वयं सहायता दी। चपला के चमकते ही पृथ्वीराज ने बाण छोड़ा परन्तु क्रोध के अधिक आवेग के कारण मूठ डुल जाने से निशाना चूक गया। पीछे खड़ी हुई इंछिनी से दूसरा बाण लेकर राजा ने ज्यों छोड़ा त्यों ही कैमास डाल से चूके हुए बन्दर की तरह गिर पड़ा "हा ! अर्जुन और राजा दशरथ तो इस लोक में हैं ही नहीं, स्वामी पृथ्वीराज तो आखेट में रम रहे हैं इस बाण का चलाने वाला तीसरा और कौन है।" यही सोचते सोचते कैमास इस असार संसार से सदा के लिये बिदा हो गया।

कैमास के कलेजे में बाण लगते ही रुधिर की धार निकल पड़ी और चित्रसारी की सारी भूमि लाल हो गई। बद्दल बड़े जोर से तड़तड़ाता और कहीं गाज भी गिरी। ललाट पट में लिखे हुए अक्षर अमिट हैं, एक दासी के कारण पृथ्वीराज के हाथ से कैमास का मारा जाना ! जिस कैमास ने खट्टू बन का असंख्य धन खोद निकाला जिस कैमास ने पड़िहारों को हराकर साम्हर पर कब्जा किया, जिस कैमास ने शाह शहाबुद्दीन को कई बार बाँधा, जिस राज्य मंत्री कैमास की नीति चातुरी के कारण चातुर्दिक चील्ह से मड़राता हुआ प्रबल शत्रु दल दिल्ली राज्य को आज लों कोई हानि न पहुँचा सका और जो कैमास सदा पृथ्वीराज के चित्त में बसा रहता था आज उसी कैमास की यह दशा ? राजा रामचन्द्र के सिवाय और कौन पुरुष जितेन्द्रिय हुआ है ? नरनाह काका कन्ह, चामंडराय, हरसिंह, रामराय, सलख, कनकरायबड़-गूजर, इस सबके घर दो दो स्त्रियां थीं और सब प्रायः परस्त्रीगामी थे, कैमास यदि दासीरत हुआ तो क्या ? जिस कैमास ने तोमरों से दिल्ली का राज्य लिया, जिस कैमास ने बालुकाराय को मार कर जैचंद का यज्ञ विध्वंस किया, जिस कैमास ने गुजरात के राजा भीमदेव को जीता और जिस कैमास ने छः बार शहाबुद्दीन को कैद किया, वही कैमास होनहार के वश होकर कर्नाटकी के कारण कालकवलित हुआ। हा ! इश्वरेच्छा बलीयसी। कोई किसी बात का गर्व करे तो वृथा है। पृथ्वीराज ने कैमास की लाश को तो उसी समय जमीन में गाड़ दिया और कर्नाटकी को एक गोख में चुन दिया। इतना करके पृथ्वीराज दो घड़ी पाँच पल रात्रि रहे महलों से शिकारगाह को लौट गया, परन्तु प्रातःकाल मालूम हुआ कि नटखट कर्नाटकी गोख से निकल भागी।

इधर तो यह हाल हुआ उधर कविचन्द ने स्वप्न में देखा कि मानों उससे कोई कान में कह रहा है कि सोता क्या है राजा ने कैमास को मार डाला। यह सुनते ही कविचन्द अकबका कर उठ बैठा और चकित चित्त होकर सोचने लगा "हैं ! मैंने क्या सुना, अपने बाल सखा और सच्चे सेवक कैमास को राजा क्यों मारेगा। हैं ! हो ही क्योंकर सकता है कैमास तो दिल्ली में है और राजा शिकारगाह में पड़ा है। हैं ! मुझे यह हृदय विदारक संवाद किसने सुनाया कृपा कर मेरे साम्हने प्रगट होकर कहो वास्तव में बात क्या है"। कविचन्द इस प्रकार से सोच समुद्र में गोते लगा रहा था कि देखता क्या है कि उज्ज्वल स्वेत वस्त्र धारण किए मोतियों की माला पहिने बीणा बजाती हुई हंस पर सवार विद्या बरदायिनी सरस्वती उसके सम्मुख आकर प्रगट हो गई। उस जगद्विमोहिनी मूर्ति के कारे कारे घुँघरारे केश थे और स्वर्णपट्टिकावत ललाट पटल पर चन्दन की रेख बाल चन्द्रमा सी सुशोभित थी। उसके कपोलों की प्रभा उगते हुए पूनों के चन्द्रमा की भाँति थी और बुलाक का मोती तो ऐसा ही मालूम होता था मानो सुआ सीप चुन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहा हो दोनों भौंहें राहु कैसी किरचें और चिबुक बिन्दु घन श्याम कीसी आभा भासित करता था।मन्द स्मिति से दिखाती हुई दन्त पंक्ति देखकर ऐसा मालूम होता मानों पके अनार का दाना खिल रहा हो। कंबुवत कण्ठ में मोतियों की माला सुमेर गिरि की परिक्रमा करती हुई गंगा सी जान पड़ती थी। उन्नत वक्षस्थल, किसुं के पुष्प से अरुण नख, सूक्ष्म कटि, सुढार जंघा, सचक्कन पिंडुरी और कुसुम सी आरक्त एंड़ी अजब ही छटा छाते थे। ऐसी सब भाँति से सेवकों का मनोरथ सफल करने वाली वाणी ने कविचन्द से कहा। आज मदन की मंजेज में निर्लज्ज होकर कर्नाटकी ने कैमास को बुलाया। कैमास भी काम कटाक्ष में बिंधकर कर्नाटकी की दासी के साथ महल में जा पहुँचा। जिस समय कैमास कर्नाटकी की चित्रसारी की सिढ़ियां चढ़ रहा था कि उस पर पटरानी इंछिनी की नज़र पड़ गई। उसने अपनी दासी के हाथ राजा को पत्र लिख भेजा कि आप तो वहां पड़े हैं यहां कागा कस्तूरी चुनता है। दासी उसी दम घोड़े पर सवार होकर शिकारगाह में पहुँची—राजा पड़ा हुआ सो रहा था। दासी ने सीधे जाकर उसकी छाती पर हाथ रख दिया, जिससे राजा चौंक कर उठ बैठा और उसने उसके इस अकस्मात् आने का कारण पूछा? तब दासी ने सब हाल कह सुनाया, जिसे सुनते ही पृथ्वीराज किसी को बिना जताए केवल धनुष बाण लेकर वहां से अकेला चलपड़ा और रानी इंछिनी के पास आया। रानी ने राजा को लिवा जाकर कैमास को दासी के साथ रमते हुए दिखा दिया, जिसे देखते ही पृथ्वीराज जल उठा, परन्तु फिर उस ने सम्हल कर बाण सन्धाना और बिजली के उजेले में लक्ष करके बाण छोड़ा। परन्तु वह वार चूक गया इस लिये उसने फिर दूसरा बाण मार कर कैमास का काम तमाम किया। कैमास को मारकर उसने पृथ्वी में गाड़ दिया और दासी को एक गोख की ओख में चुन कर, दोनों को रानी इंछिनी के सुपुर्द कर दिया और आप फिर से डेरों पर चला गया। नटखट दासी कर्नाटकी तो किसी प्रकार से निकल भागी परन्तु राज मंत्री का शव अब भी धरातल में गड़ा पड़ा हुआ है।

इतना कह कर सरस्वती तो अन्तर्ध्यान हो गई और चिन्तित चित्त कविचन्द चकाचौंध होकर चट से उठ बैठा। तो देखता क्या है कि प्रातःकाल हो गया है जहां तहां देवालयों में शंखझालर की झंकार से दिशाएं गूंज रही हैं आकाश में उज्ज्वलता का प्रसार हो रहा है, धर्म और मुक्त मानो कमलकली के स्वरूप में हँस रहे हैं। और पाप पुंज मानों कमोदनी बन कर म्लान मुख हो रहे हैं। भास्कर भगवान की किरणों का आभास होते ही उद्यमी जीव जहां तहां अपने व्यवसाय में तत्पर हुए हैं और मलिन मन हो जँभाई लेने लगे हैं। चकवा चकवी का मिलाप हुआ, चन्द मन्द द्युति हुआ और और भी प्रकृति में अनेक प्रकार के हेर फेर हो गए।

राजा पृथ्वीराज ने लौटकर महल में सभा का साज सामान होने की आज्ञा दी। आज्ञानुसार बात की बात में सब सामान दुरुस्त हो गया। उचित उच्च स्थान पर राजा की राजगद्दी और उसके अगल बगल सामन्त सरदारों की बैठक के मूढ़ा गादी आद सजे गए। सामन्त मण्डला के बीच में बैठा हुआ पृथ्वीराज अष्ट ग्रहों के बीच सूर्य्य सा देदीप्यमान हो रहा था। उस तेजस्वी महाराज पृथ्वीराज के शिर पर रत्न जटित स्वर्ण की डाँणी वाले चौंर और छत्र छहरा रहे थे और गद्दी के पीछे परिकर के लोग हाथ बाँधे चुपचाप खड़े हुए थे। एक कैमास के सिवाय अन्य सब सामन्त उपस्थित थे और यह किसी को खबर भी न थी कि बिचारे कैमास की क्या गति हुई है। पृथ्वीराज ने सगर्व प्रश्न किया कि कहो तो (मेरे सिवाय) और भी किसी ने शाह को परास्त किया है? तब तक कविचन्द भी आन पहुँचा और राजा को आशीर्वाद दे कर यथास्थान अपने आसन पर आसीन हुआ। उसने राजा को आशीर्वाद देते हुए कहा" हे नृसिंह के समान तेजस्वी! हे अद्वितीय धनुर्धारी हवि के समान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेजवान रयनकुमार के पिता, सूर सामन्तों के स्वामी सत, रज, तम, तीनो गुणों संयुक्त इस सभा मण्डप में विराजमान चाहुआन तेरी जय हो !" इसके पश्चात् वह उपस्थित सामन्तों की विरद पढ़ने लगा। उसने कहा "राजा के दक्षिण पार्श्व में विराजमान लक्खन और कन्ह आप रण आंगन में ध्रुव के समान अटल हैं। बामपार्श्व में विराजमान हरिसिंह और वीरसिंह प्रमार तो महाराज के साक्षात बाम बाहुही हैं। नरनाह काका कन्ह तो पृथ्वीराज के सर्वाङ्ग रक्षक सनाह के समान हैं। इनके सिवाय उसने विंझराज परमाल, चंदेल वाहरराय, अचलेस भट्टी, निठुरराय, लक्खनराय, चामंडराय, गोइन्दराय गहलौत, पहारराय, तोंअर, रामराय बड़गुजर, कूरम्भपति, पज्जूनराय, अनगोरपाति नरसिंह आदि सब सामन्तों की कीर्ति पढ़कर कहा कि चहुआन बंश में राजा माणिक राय के दस पुत्र थे। उनमें से जराजित नाम का राजकुमार सम्हर की गद्दी पर बैठा। शेष नौ राजधानी छोड़ कर अन्यान्य देशों को चले गए। उसी राजा जराजित की गद्दी पर राजा पृथ्वीराज है जिसकी पच्चीस टंकी कमान पर तीन जंजीर की प्रत्यंचा चढ़ती है और जिस के प्रकोप मात्र से सारा जहान थरथर कांपता है। ऐसे राजा पृथ्वीराज की कीर्ति का यदि पांच दिन पर्य्यन्त लगातार बखान किया जाय तो भी अन्त न आवे। इसपर राजा का रुख पाकर नकीब ने कवि को पुकार कर कहा। सदैव आनन्द स्वरूप दरिद्र दुःख दमन असहायों के सहायक उन्नतों के नत मस्तक करने वाले सुकीर्तिवान के सुत महाराज संभरीराव कविचंद को समक्ष होने की इच्छा करते हैं। यह आज्ञा सुनकर कविचंद राजा के पास गया और आज्ञा पाकर संमुख बैठ गया।

कन्ह ने कविचन्द से कहा कि मानिकराय के शेष नौ पुत्र किस कारण राज्य से निकाल दिए गए और जराजित राज्य का स्वामी क्यों हुआ सो कथा कहो। तब कविचन्द बोला कि चाहुआन वंश में प्रसिद्ध राजा माणिकराय ने तक्षकपुर के सोलंकी राजा की (१)
बेटी से विवाह किया। दैव योग से उस सोलंकिनी रानी के गर्भ से बालक के स्थान में एक हाड़ का टुकड़ा प्रसव हुआ। इस अद्भुत घटना से चकित चित माणिकराव जी ने आज्ञा दी कि यह प्रसूत अस्थिखण्ड जंगल में फेंक दिया जाय, परन्तु सुतवत्सला प्रसूता रानी ने राजा की यह आज्ञा अस्वीकार की तब राजा ने रानी को भी निकाल बाहर किया। महलों से निकाली जाकर रानी साम्हर झील के उपकण्ठ में कहीं रहने लगी। शनैः शनैः वह अस्थिखण्ड बढ़ने लगा रानी ने अपने कुछ प्रधान भेज कर किसी राठौर वंश के राजा की बेटी से उस अस्थिखण्ड का व्याह भी कर लिया। जब यह भेद खुला तो सब लोग जहां तहां आश्चर्य्य में पड़ गए।

उसी समय गज़नी के बादशाह ने माणिक राव जी पर चढ़ाई की। वह म्लेच्छ दल का मालिक गजनीपति शाह नौलाख बलवान सेना के साथ प्रजा को उजाड़ता और गावों को जलाता हुआ करेचा तक आगया। इधर से पच्चीस हजार सेना के साथ माणिक राव जी ने भी सबल शत्रु का वार बचाने के लिये किले से कूच किया। माणिकरावजी का पहिला पड़ाव चालुकपुर पर पड़ा। उस त्याज्य रानी ने स सैन्य राजा का आतिथ्य सत्कार किया। निदान दूसरे दिन ज्योंही चाहुआन सेना सजकर आगे कूच करने को हुई और रणवाद्य बजाए गए कि त्योंही वह अस्थिखण्ड फट पड़ा और उसमें से एक षोड़स वर्षीय सुन्दर राजकुमार निकल पड़ा। वह राजकुमार प्रचण्ड भुज दण्डवान महाबलवान साक्षात् नृसिंहजी के समान जाज्वल्य-

(१) चाहुआन कुल के आदि पुरुष चतुर्बाहु म न जी से मानिक राय १३३ वीं पीढ़ी में हुआ (बूँदी राज्यवंशावली)

* 'जराजितकी गद्दी पर" इससे यह मतलब नहीं है कि उसी संतान में आग यह बतलाया गया है कि जराजित या अस्थिपाल अपने सब भाइयों में छोटा होने के कारण गद्दी का हक्कदार नहीं था। कारण विशेष वश उसे पाट बिठाया गया था। सम्भव है कि समय पाकर ज्येष्ठ वंश ने अपना राज्य लेलिया हो क्योंकि पृथ्वीराज मूलशाखा में माना गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थान तेजोमय देख पड़ता था। वह सर्वाङ्ग सनाह कुंडल और छत्तीसो वीर बानों से सुसज्जित था। उस राजकुमार ने अपने पिता (माणिक रावजी) के सम्मुख जाकर उनके चरणों पर सिर रख दिया और फिर अश्व पर सवार होकर शत्रु सेना पर चढ़ाई करने चला। उस राजकुमार ने ऐसा पराक्रम किया कि नौ लाख शाही सेना चण भर में छिन्न भिन्न होकर भाग उठी और खेत माणिकराव जी के हाथ रहा। बादशाह पकड़ लिया गया और सत्तर हजार हाथी दण्ड में लेकर तब उसे घर जाने दिया गया।

माणिकराव जी ने उस राजकुमार को निज राजधानी संभर में लाकर बड़ा उत्सव मनाया, बड़े समारोह के साथ निजकुल देवी आशापुराजी का पूजन किया और उक्त राजकुमार का नाम कर्ण किया। उसका नाम ऊर्ध्वपाल और विरद हाड़ा हुआ

माणिक राव जी संभरा देव के बड़े भक्त थे। एक दिन उसने प्रसन्न होकर रावजी को वर दिया कि आज तू घोड़े पर सवार होकर जितनी भूमि की परिक्रमा कर आवेगा वह सब चाँदी की हो जायगी। तदनुसार राजा ने घोड़े पर सवार होकर बारह कोस की परिक्रमा लगाई परन्तु होतव्य वश उसे पीछे की तरफ देख आया। जिससे वह सब भूमि चाँदी के स्थान में ऊसर या नमक की खान होगई * इस घटना का राजा के चित्त पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह उसी दिन से मन मलीन रहने लगा। अन्त में इसी सोच में संसार से चल बसा। उसके पश्चात् अपने भाइयों को निकाल कर जराजित पाट पर बैठा। जराजित के पाट बैठने पर राज्य से निकाले गए जराजित के भाई लोग कंदहारी लोगों की कुमक लेकर चढ़ आए। अस्तु इधर से जराजित ने भी भूमि के लिये लड़ना मरना चत्री धर्म जानकर कमर कसी और घोर युद्ध करके उन्हें विवश कर दिया। परन्तु अन्त में अपने ही गोत्र की चय की आशंका जानकर उसने सबको जाने दिया।

* कविचन्द के यह कथा कह चुकने पर पृथ्वीराज बोला हे कवि किस किस देश के नरेश कैसे कैसे शूरवीर हो गए हैं उनकी रीति नीति और आचार विचार का वर्णन करो! कौन कौन राजा कैसे कैसे मानी और अभिमानी हुए और उन में से किस ने किसका दर्प चूर्ण किया? कौन कौन राजा कैसे कैसे गुणग्राही और यशस्वी हो गए हैं और उनके इस समय क्या क्या चिन्ह वर्त्तमान हैं? हे कवि माई के लाल सच्चे शूर वीर ऐसे वीर पुरुष—श्रेष्ठ राजाओं का वर्णन करो। इस पर कवि ने प्रत्युत्तर दिया। इस वसुमती एवं रसा का रस आस्वादन करने की लालसा में लिप्त सहस्रों नरेश रसातल को गए और बहुतेरे यश की ही आशा में काल कवलित हुए। इस संसार चक्र में भ्रमते हुए सभी जब तब नाश को

---

(१) छन्द १६६ से लेकर छन्द २१० तक हाड़ा (चाहुआन) बंश की उत्पति बर्णन की गई है। इस ग्रंथ के अनुसार तो वह स्वयं सिद्ध है परन्तु बूँदी राज्य वंशावली के विरुद्ध पड़ती है जिसे किसी चारण ने वंश भास्कर के आधार पर रचा है। उसमें माणिकराव जी के दश कुमार होना लिखा है उनमें से ज्येष्ठ कुमार मुहकर्म जी का सम्भर राज्य का स्वामी और शेष नौ से सिंध के धुँधेरिए या धँधेरे टाँका भदौडिए आदि शाखाओं की उत्पत्ति लिखी है उसी के अनुसार चाहुआन जी से १७० वीं पीढ़ी में पृथ्वीराज का होना और इसके कई पीढ़ी पश्चात् हाड़ावंश की उत्पत्ति बतलाई गई है। बूँदी राज चरितावली के रचयिता चौहान हरिचरण सिंह जी ने इसी बात को माना है।

* इसी खान का नमक साम्भरी नमक कहलाता है यह खाने में बड़ा स्वादिष्ट और पुष्टि कर होता है। लाहौरी छुटिया आदि कई प्रकार के नमक होते हैं परन्तु यह सब से उत्तम होता है पहिचान इसकी यह है कि डलों में नीलापन झलकता है। उपवास के दिन इस नमक का खाना निषिद्ध माना गया है। इसका कारण यह है कि जो कुछ इस खान में डाल दिया जाता है वह सब नमक हो जाता है और आस पास के गांव वाले मरे हुए जानवर या अन्य कूड़ा करकट इसी जगह डाल देते थे या डाल देते हैं।

* छन्द १७१ से छन्द २१८ तक पृथ्वीराज के दर्बार का वर्णन और हाड़ा बंश की उत्पत्ति की कथा क्षेपक मालूम होती है। क्योंकि छन्द १७१ और २१८ तक में जरा भी पाठ भेद नहीं है और छन्द १७१ के पहिले कवि दर्बार का संक्षेप वर्णन कर चुका है बाद इसके जो २१८ के बाद साटक आरम्भ होता है उसकी काव्य शैली यथाविधि छन्द १७१ से ठीक आती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्त होते हैं पर इस का आदि अन्त कोई नहीं जानता। मोह के फन्दे में बँधा हुआ चित्त नित नए धंधों के प्रबन्ध में विधा रहता है और अन्त में यह पंचतत्वरचित शरीर इसी मोहजनित ज्वाला से जल कर भस्मीभूत हो जाता है। हे राजन्! हम कवि हैं। हमारा कर्म ही यशस्वियों का यश गान करना है परन्तु सच पूछिए तो सच्चे सुखी वेही कहे जा सकते हैं जो शिव की कृपा से योग युक्ति जान कर जहान से किनारा कर गए हैं। तब पुनः पृथ्वीराज बोला यह तो हुआ, परन्तु यह बतलाओ कि कैमास कहाँ है। आज सन्ध्या होने को आई परन्तु उसका कहीं पता भी नहीं है। मुझे कैमास के बिना सब सूना सूझता है। कविचंद बोला कैमास किसी नाग लोक या सुरलोक में होगा, यहां कहां अब! उस बूँद से भेंट होने की नहीं। इस पर पृथ्वीराज कुछ चिढ़ कर बोला, नाग लोक या देव लोक की बातें छोड़ो या तो कैमास का पता बतलाओ या आज से बरदाईपन छोड़ो। जो तुमको दुर्गा ने वर दिया है और तुम सच्चे वरदाई हो तो कैमास का ठीक ठीक पता बतलाओ नहीं तो वरदाई न कहाओ। यह सुन कर कवि बोला अन्नदाता! ये कैसे बचन!! जो शेषनाग पृथ्वी को त्याग दे, शिव विष को त्याग दे, और सूर्य्य ताप को त्याग दे तो मैं भी देवी के वर को त्याग दूं, आप वृथा साँप के सम्मुख उँगली न उठाइए। परन्तु राजा ने फिर कहा "तुम तीनों लोक की जानते हो इस समय तुम्हे तो बतलाना होगा कि कैमास कहाँ है। इस पर कवि बोला राजन्! मुझसे पूछकर अपनी ढँकी बात न उघारिए; ऊसर की खेती सींचना बुद्धिमानी नहीं है। शेष के सिरपर धरी हुई धरा पर कैमास कहीं भी क्यों न हो मैं सहज में बता सकता हूं। परन्तु कहने न कहने दोनों में आपत्ति है कहिए तो कहने लगूँ। कवि को नम्र होता देख कर राजा ने हठ पूर्व्वक कहा, कहो कवि कैमास कहां है तब कविचंद बोला आपने कैमास को मारा क्यों पाहिले यह बतलाइए। कविचन्द की बता सुन कर राजा पृथ्वीराज सन्न रहगया उस की आंखें नीची हो गईं और उसके दिल में यह बात खटक गई कि किया हुआ कुकर्म छिपता नहीं। कविचन्द ने कहा देखिए जब कैमास पर आपने पहिला बाण चलाया और वह चूक कर काँख के नीचे से निकल गया तब आपने दूसरा बाण सन्धान कर कैमास का कलेजा बेध दिया और कहीं भाग न जाय इस भय से उसके सिसकते हुए रक्त प्लावित शव को गड्ढे में गाड़ दिया; कहिए इससे आपको क्या मिला? कवि का कथन सुन कर पृथ्वीराज तो सूर्य्य से उत्तापित कमोदिनी एवं आग की झार से झुरसे हुए तमालपत्र की तरह मुरझा कर मन ही मन गुस्सा मार कर रह गया और सब सामन्त मण्डली पर तो मानो वज्रपात हुआ। कन्ह तो करम पर हाथ मार कर चट वहां से उठ कर घर को चल दिया और सब लोग चुप चाप दाँतों उँगली दाबकर रह गए। सब अपने अपने मन में सोचने लगे आज आधी रात को राजा शिकारगाह में था यहाँ कब आया। किस कारण वश कैमास को मारा और यह सारा हाल कवि ने कैसे जान लिया। कोई कोई राजा के मुख की तरफ देखते थे कोई कविचन्द की चेष्टा अवरेखते थे, कोई कोई आपस में ही परस्पर आँख के इशारों से बातें करते हुए मन ही मन अपनी अपनी समझ लड़ा रहे थे, पृथ्वीराज अत्यन्त कुपित होकर बोला "कविचन्द मैंने कैमास को कर्नाटकी के कारण मारा है" यह सुनकर सब सामन्त लोग उठ कर अपने अपने घर को चले गए परन्तु राजा पृथ्वीराज उसी विकल अवस्था में बैठा रहा और कविचन्द भी अपने आसन से न हटा। सब के चले जाने पर उसने कहा राजन् अब लक्षण अच्छे नहीं देख पड़ते। आपके इस अपकीर्ति के मारे कान न दिया जायगा। मित्रद्रोह का कलङ्क सिर लेकर किसे मुंह दिखलाओगे। यह कहकर कविचन्द भी चलता हुआ।

पृथ्वीराज गद्दी पर से उठ कर अपनी एकान्त अंगशाला[1] में सुसज्जित एक पलंग पर जा लेटा।

(१) अंगशाला = एकान्त रहने का स्थान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और उसने ड्योढ़ीवालों को आज्ञा दी कि बिना मेरी परवानगी के परिन्दा भी पर न मारने पावे। इधर सारे शहर में भी समाचार फैल गया और घर घर शोक समूह की बौछारें छुटने लगीं। समस्त राग-रंग मय आनन्द बन्द हो गए और सर्वत्र सन्नाटा छागया। इसी प्रकार तीन दिन व्यतीत हो गए,

चौथे दिन प्रातः काल ही कैमास की स्त्री कविचन्द के घर पहुंची। उसने कविचन्द से कहा कि हे वरदाई इतना कीजिए कि मुझे अपने पति की लाश दिला दीजिए, जिसमें मैं उसके साथ सती होकर संसार से पार हो जाऊं। यह सुन कर कवि बोला 'यह बात है तो कठिन, पर क्या कैमास के लिये यदि राजा मुझे मार भी डाले तो भी मुझे मंजूर है। यह कह कर कवि कैमास की स्त्री के साथ राजमहल को जाने के लिये तय्यार हुआ। जब कविचन्द की स्त्री ने यह हाल जाना तो वह तुरन्त दौड़ कर पति के पास आई और उसका अंचल * पकड़ कर बोली 'क्यों पराई मौत अपने सर लेते फिरते हो, जिसने अपने परम हितैषी बालसखा कैमास का शील नहीं रक्खा वह आपको क्या समझे? हे पति जिस जीवन की रक्षा के लिये समस्त धर्म कर्म किए जाते हैं, जिस जीवन के लिये यावत वित्त स्वाहा कर दिए जाते हैं; जिस जीवन के लिये ज़र, जमीन, घोड़े, हाथी सब दे डाले जाते हैं और जिस जीवन के लिये लोग ग्रहों का जप दान और पूजन करके घड़ी घड़ी की कुशल मनाते हैं उसी को आप हथेली पर धरे फिरते हैं। भला विचारिए तो कौन किसका साथ देता है? कहावत् है कि "आप मरे जग डूबा" हे प्यारे! यह स्वासा-मय प्राण-पखेरू आशा के वश में पड़ा हुआ अवधि के दिन पूरे करता है। पूर्व्व अर्हित वासना के अनुसार योग, जप, दान, पूजन, असन, व्यसन आहार, व्यवहार इत्यादि नाना प्रकार के कर्म किया करता है पर अवधि पूजने पर चंचला सा चल बसता है। मरण के पश्चात् केवल यश और अपयश की कहानी मात्र शेष रह जाती है, इस लिये किसी की मौत पर दुखित होना वृथा है। यह जीव मर कर भी माता के गर्भ में पड़ता है और तब जन्म लेकर नितान्त अबोध और असहाय अवस्था में पड़ा पड़ा रोया और हँसा करता है। समय पाकर जवानी की मजेज में जमीन आसमान एक करने का हौसला करता है परन्तु जरा अवस्था आने पर जब सब अंग शिथिल और पुरुषार्थहीन हो जाते हैं तब चित्तभंग और तृष्णा के ताप से उत्तापित होकर फिर चल बसता है। हे कन्त पराए के लिये कुछ माँग कर क्यों अपने प्राणों पर आपत्ति लेते हो।

परन्तु कविचन्द उसकी ओर कुछ भी ध्यान न देकर देवी की आराधना करने लगा। उसके उत्तर में उसे हुंकार शब्द सुनाई पड़ा जिससे कवि ने अपने कार्य्य की सिद्धि निश्चय जान ली और शरणागत कैमास-पत्नी के सहित राज्य महल को चला। कवि-चंद बिना किसी रोकटोक के राजा के पास जा पहुंचा तो देखता क्या है कि ग्लानि, क्रोध और लज्जा में निमग्न राजा पृथ्वीराज एक विलक्षण ही अवस्था में बैठा हुआ है। कवि को देखते ही उसके नेत्र नीचे होगए। कविचन्द ने नजर जुड़ते ही आशीर्वाद दिया। उसने कहा हे क्षत्री-कुल-कमल सावधान! परन्तु पृथ्वीराज ने कुछ उत्तर न दिया। तब कवि बोला हम कवियों का यह धर्म नहीं है कि मुँह देखी कहें इसी से कहता हूं कि आप के इस कार्य्य से आपकी विमल कीर्ति में बड़ा बट्टा लगा। भला जो हुआ सो तो मिटने का नहीं, अब कृपा करके कैमास की लाश उसकी स्त्री को दे दीजिए। इस पर राजा ने कहा "रे कवि कैमास का कर्म मेरे कलेजे पर खटकता है" तब कविचन्द ने प्रत्युत्तर दिया कि "हे राजन् राम ने स्त्री के ही कारण रावण को मारा पर क्या गाड़ दिया क्या सुग्रीव ने बालि को गाड़ा था! क्या गौत्तम ऋषि ने महान पापी इन्द्र और चन्द्रमा को गाड़ दिया था! फिर आपने एक दासी के पीछे जो कैमास की लाश को गाड़ कर

* अंचल-दामन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या सुयश पाया। इस समय न तो वैशाग्नि कुरुपति दुर्योधन है, न शकाब्द वीर विक्रमादित्य है केवल उनके यश अपयश की वार्त्ताएं वर्त्तमान हैं। हे राजन् इस कलंक कालिमा के कारण लोग आपको क्या कहेंगे, सो भी तो विचारिए। एक दासी के लिये क्या स्वामि द्रोह के लिये भी कैमास ऐसे बुद्धिमान मंत्री के साथ ऐसा क्रूर व्यवहार करना उचित न था। उसीने असंख्य द्रव्य से आपका खजाना भरा, उसीने भोलाराय भीमदेव के हाथ से नागौर की भूमि बचाई, सो उसकी इन बातों पर बिचार करके उसकी लाश निकाल दीजिए। आप के बाल सखा मंत्री कैमास की स्त्री केवल उसकी लाश के लिये हाथ जोड़ प्रार्थना कर रही है। यह सुनकर राजा ने कैमास की लाश निकलवाए जाने की आज्ञा दी और कविचन्द ने कैमास के पुत्र का हाथ राजा को पकड़ाया। राजा ने कैमासपुत्र नरसिंह के शीश पर हाथ रख कर कहा कि कविचन्द मैंने हांसीपुर का परगना और कैमास का सब धन मान इसे दिया।

उसी दिन शुभ सुदिन जानकर राजा ने दर्बार होने की आज्ञा दी। राजा की आज्ञानुसार जब तक इधर दर्बारी साज सजने लगा तबतक पहरे वाले ने कैमास की लाश भी लाकर राजा के सम्मुख प्रस्तुत की। गुरुराम के वास्ते भी बुलावा गया था सो वह भी हाजिर आगए। तब पृथ्वीराज बोला कि आप दोनों अच्छे अच्छे प्रवीणपण्डित और कवि हैं मुझे कुछ ऐसी युक्ति बतलाओ कि मैं जैचन्द का दर्बार देख सकूं और यह भी कहो किन किन बातों से हानि और अपमान होते हैं और किन बातों से मूल हानि या अपमान का बदला पूरा हो सकता है? इस पर कविचन्द और गुरुराम बोले कि आपके प्रश्नों के उत्तर में हम कलियुग की रीतिनीति वर्णन करते हैं सो ध्यान देकर सुनिए—राजा का सब राजकाज प्रधान एवं मंत्री के बल चलता है; इस लिये राज्यमंत्री को बल, बुद्धि, तेज, और पराक्रम में राजा के समान होना चाहिए। जैसे अहंकार के कारण यज्ञादि उत्तम कर्म नष्ट भ्रष्ट हो जाते हैं, और दुःशीला स्त्री के कारण ग्रहस्थी सत्यानाश हो जाती है, उसी तरह अन्याय के कारण राज्य निर्मूल हो जाता है। उद्यम हीन राजा प्रातः काल के चन्द्रमा के समान मन्ददुति हो जाती है। कपट से स्नेह का, और लोभ से घर भर का सर्वनाश होता है। युद्ध के समय मोह और व्यवहार में लज्जा करना महा मूर्खता है। अधर्म को त्याग कर धर्म का आचरण करना, साधु पुरुषों की सेवा करना और स्त्री को राजनीति में भाग न देना येही नीति के तीन मुख्य गुर हैं। मादक द्रव्य के सेवन और चंचल चित्त होकर पराई स्त्री पर निश्चल डुलाने से तो देह ग्रेह नेह, और समस्त पुण्य पुंज स्वाहा हो जाते हैं। अन्त दान लेने से जैसे ब्राह्मण का ब्राह्मणत्व नाश हो जाता है वैसे ही परस्त्री पर चित्त जाने से क्षत्री का क्षत्रियत्व नाश होजाता है। हे राजन् फिर आप कन्नौज को जाने की बात क्या पूछते हैं?। जम्बू नरेश हाहुलीराय*हम्मीरराव बोला आपके पूर्वज जराजीत और माणिक राव ऐसे प्रतापी पुरुष हो गए हैं जिन्होंने शाह से दण्ड लेकर छोड़ा आप भी उन्हीं का अनुकरण कीजिए और फिर भी शाह से दण्ड लीजिए। भिन्न भिन्न देशों के दुर्गम दुर्गों को जीत कर शत्रुओं को नीचा दिखाइए और उनके पुत्र पौत्रों को अपने की भाँति पालिए। देशकाल के अनुसार नीति का आचरण करना और स्त्रियों के बाँके कटाक्षों के वशीभूत न होना चाहिए। देख परख कर ऐसा भृत्य रखना उचित है जिससे नित नव बिभूति बढ़े और प्रजा का हित हो—सेवक को ऐसा चाहिए कि यदि वह स्वामी का चित्त जरा भी दुचिता देखे तो तुरन्त उसकी शान्ति का उपाय करे। ऐसा सेवक स्वामी के लिये सदा हितकर होता है जो अपना धर्म विचार कर

---

* मूल पाठ में नाम नहीं दिया है केवल "उच्चरयौ राव जम्बू नरेश" पाठ है। परन्तु आगे कन्नौज समय में स्पष्ट किया गया है कि जम्बू का राजा हाहुली हम्मीर था और कांगड़ा होशियारपुर के जिले की सारी भूमि उसी के अधिकार में थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्य्य करे परन्तु मुँह जोड़ कर उत्तर न दे। राजा की इच्छा या अन्य राज्य कार्य्य सम्बन्धी प्रबन्ध किसी पर भी प्रगट न होने दे। सब प्रकार के राजसी परिकर की पूरी जाँच परताल रक्खे और अपने मन का मर्म मन ही में रक्खे। राज्य सम्बन्धी सब लोगों के दान मान और सम्मान का उचित विचार रख कर सब को सदा प्रसन्न रक्खे और स्वामी (राजा) के साथ सदा भृंगी का कीट बना रहे। सो हे राजन् ऐसे सेवकों के साथ सावधानता पूर्व्वक राज्य कीजिए; जान बूझ कर जलती आग में हाथ डालने का साहस न कीजिए एवं उत्तम रत्न रूपी कर्तव्य कर्म को त्याग कर काँच के टुकड़े पर चित्त न चलाइए।

यह सुन सुना कर पृथ्वीराज बोला कि हे कवि मैं कैमास की लास तभी दूंगा जब कि तुम मुझे जैचन्द के दर्बार में ले चलने की प्रतिज्ञा करो। राजा के ऐसे वचन सुनकर कविचन्द बोला, भला यह क्योंकर हो सकता है? तब पृथ्वीराज बोला कि हम तुम्हारे साथ सेवक बनकर चलेंगे। यह सुनते ही कविचन्द बोला, तब तो ऐन बनेगी गंगा के किनारे मरने से लोक परलोक दोनो सुधरेंगे। कविचन्द के ऐसे बचन सुन कर पृथ्वीराज बोला हे कवि मरना जीनातो हुआ ही करता है मुझे तो अपनी बात की बान पड़ी है। विचारो तो सही दुनिया में हलके होकर जिए भी तो किस काम के। कैमास की लाश उसकी स्त्री को सौंपो सो वह सती हो और इधर कन्नौज को चलने की तैय्यारी करो। मुझे जैचन्द का दर्प चूर्ण करते हुए मरना सोहता है परन्तु यह उपहास मय जीना स्वीकार नहीं। यह कहकर पृथ्वीराज ने कैमास की लाश उसकी स्त्री को दिलाई और उसके पुत्र के सिर पर हाथ फेर कर उसे अपने पास बैठाला जोकि उस समय केवल पांच वर्ष का था।

दूसरे दिन दो घड़ी पांच पल दिन चढ़े नियम पूर्वक दर्बार लगा। सब सूर सामन्त मुसाहब मुतसद्दी आदि दरबारी लोग हाजिर हुए। राजा ने कैमास की मृत्यु की कथा स्वयं आद्योपान्त कह सुनाई और सब सामन्तों से क्षमा प्रार्थना की। पृथ्वीराज ने काका कन्ह से कहा कि अब मुझे आप तलवार बँधाइए। अस्तु कन्ह ने वैसाही किया। उसी समय सारे नगर में भी समाचार फैल गया। घर घर की हरतालें खुल गईं और पूर्व्ववत् आनन्द प्रमोद होने लगा। सब लोग जहां तहां अपने अपने धन्धे में लग कर समय बिताने लगे परंतु कैमास की सुधि किसी को क्षण भर न भूलती थी। पृथ्वीराज का तो यह हाल था कि उसे उठते बैठते सोते जागते चारों ओर कैमास ही कैमास नजर आता था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुर्गाकेदार समय।

[अट्ठावनवाँ प्रस्ताव।]

—o—

अपने पाँव पर आप कुल्हाड़ी मार कर पृथ्वीराज बहुत पछताया। न तो उसे गोख के झरोखे में चैन पड़ता था और न अन्तर महल के अन्दर। उसे सोते जागते अहर्निशि कैमास की ही प्रतिमूर्ति आखों देख पड़ती थी। सामन्त मण्डली के साथ चौगान खेलते समय, राजसी रसरंग का आनन्द लेते समय, जल क्रीड़ा के समय अथवा अन्य प्रकार के राजसी आहार विहार के समय जब पृथ्वीराज को सामन्त शिरोमणि सच्चे सखा कैमास की सुधि आजाती तो उसके कलेजे पर लकीर हो जाती थी तिस पर भी विशेष बात यह थी कि थी अपनीही करतूत कहै तो किससे कहै "अपनी जाँघ उघार कर आपही लजमरना था" इस लिये हाय साँस लेकर मनही मन मसूस कर रह जाता था।

परन्तु राजा की इस अवस्था से उसके सामन्त लोग कदापि अनभिज्ञ न थे। अतः एक दिन कन्ह ने जैतराव प्रमार, प्रसंगराय खीची, चन्द्रसेन पुंडीर, गोयन्द राव गहलौत, लोहाना आजानबाह, रामराय बड़गुजर इन सब लोगों से कहा कि भाइ कुछ ऐसी तदवीर विचारनी चाहिए जिसमें राजा का मन बहले। निदान सब की यही सलाह पक्की हुई कि राजा को शिकार खिलाने के लिये ले चलना उचित होगा। तदनुसार कन्ह ने तो पृथ्वीराज को साधा और इधर शिकारी सामान दुरुस्त किए जाने लगे। नियमित तिथि को अपने सब बीर बाँकुरे सामन्तों और कतिपय सनाँह-सेना के साथ पृथ्वीराज शिकार खेलने चला। उसके साथ में कुछ हथनार, उटनार, और बानगीर अर्थात् अग्निबाण चलाने वाले भी थे। उसके साथ में नौ सौ बड़े तेज और शिक्षित घोड़े और ताजी घोंटा झब्बा बदाही, पहाड़ी और शेरदहां आदि अनेकानेक जाति के नौ सौ कुत्ते थे जिनमें से पाँच सौ कुत्ते तो ऐसे थे जिनके आगे से शेर भी नहीं जा सकता था और दौड़ में वे पवन से बाजी लगाने को तय्यार थे। उनके पैरों के तलुए, मुख और नाक के अग्रभाग इँगुर से लाल और बड़े मुलायम थे। वे सब बीस बीस या सोलह नख वाले थे और झब्बे कुत्ते गुच्छेदार पूँछ के लच्छे को उठाकर मचलते भालू से चलते हुए बड़े भले मालूम देते थे। उनके दाँत और नख बड़े ही तीक्ष्ण थे, बाजू, सीना और नितंब भारी थे, कपोल मुलायम, माथा चौड़ा और कमर पतली थी और उनकी आँखों से साक्षात् सिंह का सा तेज जाज्वल्यमान होता था। उनकी आँखों पर जरतारी पट्टे चढ़े थे और प्रत्येक कुत्ते को दो दो मजबूत जवान साधे हुए थे। इसी प्रकार सामन्तों के भी निज के दो दो चार चार कुत्ते थे। इसके सिवाय ढाई सौ चीते थे जो कि

---

(१) घुड़ सवारी का पोलो (Polo) का खेल चौगान का ही रूपान्तर है।

(२) सनाहसेना—अंग रक्षक सिपाही (Body guard

(३) एक तीन हाथ लम्बे बाँस के टुकड़े में पेंद की तरफ एक चमड़े का थैला तांत से कसा जाता है। इस थैले की लम्बाई एक फुट से लेकर डेढ़ फुट तक और गोलाकार मुंह की चोड़ाई दो से तीन इञ्च तक होती है। इसमें करीब एक सेर बारूद धाँस धाँस कर भरी जाती है और ऊपर से ताँबे, लोहे, सीसे और काँच के छोटे छोटे टुकड़े भर कर मुँह बन्द कर दिया जाता है और बाँस की नली के भीतर से एक बारूद का भींगा धागा आर पार लगा रहता है। बाँस के दूसरे सिरे पर एक झण्डी रहती है। बारूद के धागे में आग देने से थैली की बारूद अनार दाने की तरह शब्द करके लौ छोड़ने लगती है। जब जोर पर आता है तो चलाने वाला बाण को हाथ से छोड़ देता है उस समय यह हाथी को भी बेध डालता है और जहाँ तक उक्त थैला पट नहीं पड़ता तहांतक सीधा जाता है फिर आपही आप बड़े जोर से चक्कर खाने लगता है। थैले के छर्रे मील भर पर्य्यन्त बिथर कर सैकड़ों आदमियों को बेकाम कर देते हैं। आग यह किले और मैदान दोनों की लड़ाई के काम में आता था। इसी को कुहक बान भी कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहेल[१] पर चलते थे। घोड़ों की पीठ पर चलने वाले तीन सौ श्रीगोप, दो सौ फन्दैत हिरन और जुर्रा, बाज, कुही, खेदा, तरिया आदि अनेक प्रकार के शिकारी पशु पक्षियों को साथ में लिए हुए राजा पृथ्वीराज एक गहन और विषम बन में शिकार खेलने लगा।

शहाबुद्दीन के कलेजे पर पृथ्वीराज तो अहिर्निशि काँटा सा खटकता था। उसके चित पर निरन्तर यही चिन्ता सवार थी कि कब अवसर पाऊँ और पृथ्वीराज को धर दबाऊँ। इसी चिन्ता में उसका असन बसन सब भूला हुआ था। एक दिन उसने अपने एक चतुर चर को आज्ञा दी कि तू दिल्ली जाकर समाचार ला कि इस समय पृथ्वीराज का क्या हाल है। उसी के हाथों एक पत्र धर्म्मायन को भी भेजा कि वह वहां का सब बिबिवार हाल लिख भेजे। दूत ने दिल्ली जाकर वह पत्र धर्म्मायन को दे दिया और धर्म्मायन ने ततक्षण ही यहां का सारा हाल लिख कर उत्तर का पत्र उसी दूत के हवाले किया। दूत ने जब ग़जनी पहुँच कर वह पत्र शाह के सम्मुख पेश किया और पेशकार ने उसे पढ़कर सुनाया तो सारे अमीर उमरावों के चेहरे खिल पड़े और शाह के भी सूखे हुए होठों पर लाली झलक आई।

एक दिन रात्रि के समय केदार[२] कवि ने अपनी इष्ट देवी चण्डी का ध्यान धर कर सम्मुख दर्शन पाने की प्रार्थना की। आधी रात्रि के समय भगवती ने अन्तरिक्ष में प्रगट होकर पूछा तुझे क्या चाहिए? तब केदार बोला कि माता! मैं कविचन्द से विद्याबाद में विजय पाना चाहता हूं। इसपर भगवती ने उत्तर दिया कि कविचन्द और तुम दोनों मुझे एक से प्रिय हो; अंतर केवल इतना है कि वह तुम्हारा बड़ा भाई है और तू उससे छोटा है। इस लिये कविचन्द के सिवाय और तू जिसे चाहे परास्त कर सकता है। तब पुनः कवि ने विनीत भाव से कहा कि वास्तव में मेरी पृथ्वीराज के दर्शन करने की इच्छा है, यदि आप की आज्ञा हो तो बादशाह से सीख माँगूं। तब देवी ने कहा "एवमस्तु" शाह तुम्हे रुखसत देगा; तुम प्रसन्नता पूर्वक पृथ्वीराज से मिलो वह तुम से सब भाँति प्रसन्न रहेगा और सौ घोड़े तीस हाथी और बहुत सा धन रत्न विदाई में देगा। इस समय पृथ्वीराज पानीपत के जंगल में शिकार खेल रहा है।

दूसरे दिन प्रातःकाल ही केदार कवि सानन्द शैय्या से उठा और नित्यक्रिया से निश्चिन्त होकर दरबार को चला। शाह के सम्मुख पहुँच कर उसने सादर सलाम किया; और अपने आसन पर बैठ गया। शाह के दर्बार में बड़े बड़े डील डौल वाले रंग विरंगे तेजस्वी मीर मुसाहब यथास्थान डटे बैठे थे। अवकाश पाकर केदार कवि ने कहा "यदि सीख मिले और आज्ञा हो तो मैं दिल्ली जाना चाहता हूं यह सुनते ही राज्यमंत्री तत्तार खां अत्यन्त कुपित होकर बोला 'रे भाट तू हमारा नमक खाकर एक ऐसी जगह माँगने को जाना चाहता है जहाँ हम बार बार बंधन में पड़े। एक जानी दुश्मन से मिलना और माँगना तो दूर रहा जहाँ ज़रा भी हकतलफ़ी हो जाय उस तरफ़ आँख उठा कर भी देखना मुनासिब नहीं। मुमकिन है कि वह तुझे बहुत इनाम दे लेकिन इसमें उसकी तारीफ और हमारी तौहीन है। अगर अब भी इरादा मुस्तकिल हो तो जाओ। शहाबुद्दीन भी हँसकर बोला "शाबस कविचन्द को कि जिसने ख्वाब में भी इस तरफ़ आने का इरादा न किया बादशाह के बचन सुनते ही केदार कवि की तो साँप छछुन्दरी की सी गति हो गई चुपचाप शाह के मुख की ओर देखता रह गया। इसी तरह जब एक घड़ी भर बीत गया तब शहाबुद्दीन ने कहा मुझ से क्या पूछते हो जहाँ तुम्हारा जी चाहे जाओ।—

दोहा।

तिन तें तुस तें तूल सें, फेन फूल तें जानि।
हँसि जंपै गौरी बरुअ, मंगन है हरुआन॥

(१) सवारी के योग्य खुली हुई हलकी बैल गाड़ी।
(२) मूल पुस्तक में दुर्गा कदार पाठ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाह के ऐसे बचन सुन कर केदार कवि दर्बार से चल कर घर पहुँचा और उसने उसी समय दिल्ली को प्रस्थान करने की तय्यारी की। चलते समय केदार कवि के पिता ने कहा "बेटा यह बात स्मरण रखना कि जिसके पास जाता है वह दाता तो बड़ा है परन्तु अपने स्वामी का शत्रु भी है जैसा कि शाह स्वयं कह चुका है। निदान उच्च अभिलाषाओं से परिपूर्ण अत्यन्त मग्न मन होता हुआ केदार कवि प्रख्यात उदार सोमेससुत राजा पृथ्वीराज का दर्बार देखने को चला। पड़ाव दर पड़ाव चलता हुआ केदार कवि ढाई महीने में पानीपत आन पहुँचा।

यहाँ पृथ्वीराज एक अति उतंग पर्व्वतों से परिवेष्टित, सुन्दर तरुलताओं से आच्छादित झरनों के झिलमिले जल से परिपूर्ण एक घने जंगल में आखेट करता था। वहां उस दिन के शिकार में एक सौ अकेला * वराह, छै सौ साधारण सूअर, दो सौ मृग और और भी नाना प्रकार के अगनित पशु पक्षी मारे गए थे, अतः एक सुन्दर वृक्ष की छाया में बैठा हुआ पृथ्वीराज अपने सेवकों और सखाओं के जवन्य कौशल के प्रतिफल का निरीक्षण परीक्षण कर रहा था। दैवयोग से एक घनी झाड़ी में से अकस्मात् एक सिंह निकल पड़ा। उस समय ऐसा मालूम हुआ मानो आकाश या पृथ्वी को फाड़ कर नृसिंह स्वरूप का आविर्भाव हुआ हो। उसके बड़े बड़े गाल और नोंकदार दाँतों के बीच लपलपाती हुई लाल लाल जीभ चंचला सी चमचमाती थी, उस के दोनों नेत्र वृहस्पति और शुक्र के से तारे दमदमा रहे थे वह विकराल सिंह एक बारगी राजकुमार पर झपटा; यह देख कर कुमार के पास में खड़े हुए खवास ने सिंह के शीस पर सिंगी का वार किया परन्तु वार खाली गया और सिंह ने उसे धर लिया लेकिन उसी क्षण में रेणु कुमार ने तलवार का एक ऐसा हाथ मारा कि सिंह बीच से कटकर दो हो गया। पृथ्वी पर पड़े हुए मृत सिंह के खंड ऐसे मालूम होते थे मानों कृष्ण भगवान ने कंस की मल्लशाला में दो मल्लों को पछाड़ा हो, अथवा रामचन्द्र ने रावण के शीस छाँट कर डाल दिए हों। इस भयानक घटना के संघटित होने पर नरनाह काका कन्ह, जामराय यादव और चन्द पुंडीर ने पृथ्वीराज से कहा कि हम लोग बहुत थोड़े जने हैं और यह पहाड़ी स्थान महा भयानक है इस लिये यहां से चल कर पानीपत के मैदान में डेरे डाले जावें और वहीं मैदानी शिकार खेला जावे। यह बात राजा ने भी स्वीकार करली और वहाँ से उसी समय कूच होकर पानीपत के मैदान में डेरे आन पड़े।

पानीपत के मैदान में पड़ाव पड़ जाने पर पृथ्वीराज ने गोठ की सामग्री रची जाने की आज्ञा दी, तदनुसार नाना प्रकार के पकवान और भोज्य भक्ष चर्वण आदि अनेक व्यजन बनाए गए। राजा पृथ्वीराज अपने सखा सामन्तों सहित एक बट की छाया में बैठा हुआ था, जहाँ तहाँ थाले सजाए जा रहे थे कि तब तक उक्त कवि केदार भी वहीं आ उपस्थित हुआ उस दिन दिन के समय भी कवि के साथ में सात प्रज्ज्वलित दिये एक हाथ में नसैनी और एक हाथ में अंकुश थी। उसके शीस पर सोने का छत्र भी था जिस पर एक सर्प का चिन्ह खचित था। भांड़ भाट बहुरूपिए इन लोगों की रहन सहन और पोशिश का क्या ठिकाना ये लोग हवा के माफिक आडंबर प्रिय हुआ करते हैं

परन्तु इससे क्या एक सच्चे कवि की पहिचान तो यह है कि जिस समुद्र रूपी अगाध बाणी

---

* मूल पाठ "एकल" जो सूअर बचपन से ही अपने झुण्ड से अलग रहने लगता है उसे एकला या अकेला कहते हैं। ऐसे ही कोई कोई भारी सुअर जो पूछ से कान पर्य्यन्त बारह बिलस्त लम्बा होता है उसे वराह या बाराह कहते हैं।

(१) आजकल इसे मारू भी कहते हैं यह हिरण के सींगों की दोनों कांअनी बाहरी और मूल इकट्ठे जोड़ कर बनाया जाता है। पकड़ की जगह एक छोटी सी पीतल की ढाल भी लगा दी जाती है। मारू आड़ और मार दोनों काम देता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में नित नव उक्तियों की तरंगे उठा करती हों उक्ति रूपी जल सदा तलातल ठिला रहता हो और तली में तर्क वितर्क रूपी नर रहते हों। ऐसे रत्नों की परख केवल वेही सच्चे जौहरी कर सकते हैं जो काव्य रूपी कला विकला शुभाशुभ अक्षर और चौरासी प्रकार के रूपकों का ज्ञान रखते हों। अर्थात् वे पुरुष जो काव्य रचना में स्वयं प्रवीण हों। गण अगण लघु दीर्घ उक्ति युक्ति सब भाँति के शुभाशुभ का विचार कर सरल और सरस वाणी का उच्चारण करने वाला पुरुष ही कवि की उपाधि पाने योग्य है।

केदार कवि ने पृथ्वीराज के संमुख आकर आशीर्वाद दिया। उसने कहा "हे इन्द्रप्रस्थ पति आजानबाहु चालुक्य रूपी तूल के लिए प्रज्ज्वलित ज्वाला, परिहारों को परास्त करने और जैचन्द के प्रबल प्रताप रूपी चन्द को मन्द दुति करने वाले, बेद कथित राजसी आचार विचारों में चतुर और समस्त धर्म्मों में धुरंधर। हे शत्रुओं के शाल और शाह को सदा बेहाल रखने वाले चाहुआन कुल शिरोमणि अद्वितीय तेजस्वी राजा पृथ्वीराज तेरी जै हो! राजा विक्रमादित्य के पश्चात् तू ही एक शकेवाला हुआ है, मैं तेरे दान, मान और सम्मान का बखान सुन कर तेरे दर्शनों को आया हूं। हे पृथ्वीतल के उग्रवीरों को राहु के समान ग्रास करने वाले वीराधि वीर शूर सामन्तों के शिरोमणि सुलतान शहाबुद्दीन को बार बार बाँध कर छोड़ देने वाले, हिन्दुआन की हद्द रखने वाले, छत्रपति महाराज पृथ्वीराज तेरी सदा जै हो॥

केदार कवि की ऐसी वाणी सुनकर सब लोग प्रसन्न हो गए। पृथ्वीराज का मक्खन सा मुलायम चित्त तो पिघल कर घी हो गया, राजा की आज्ञानुसार प्रतिहारी यानी नकीब ने कवि को उचित आसन दिया। भोजन प्रसाद होते रहे, दोनों कवि परस्पर सरस वाणी उच्चारण करते रहे और सब सभासद प्रसन्न चित्त से सुनते रहे। दूसरे दिन फिर से दर्बार जमा। केदार कवि भी आ उपस्थित हुआ उसने आते ही पृथ्वीराज से कहा कि मैं श्री दर्बार के कवि कविचन्द से विद्यावाद करना चाहता हूं। तब तक कविचन्द भी आ पहुँचा और राजा को आशीर्वाद देकर यथास्थान स्थानापन्न हुआ। पृथ्वीराज ने कहा इस समय तुम दोनों बरदाई कवि उपस्थित हो, मेरी इच्छा है कि तुम लोग अपने अपने इष्ट का स्मरण कर परस्पर विद्यावाद की और अपने अपने काव्य चातुर्य्य की चासनी चखाओ। निदान कविचन्द बोला हे राजन् जिसे लोग इन्दु चन्द या विधु कहते हैं वह मेरे जान तो मनसिज स्वरूपी बाज का नाल या नागफनी नावक के तीर की गांसी है। कभी कभी शृंगार समर की तलवार या दिशारूपी सुन्दरी के नख की उपमा भी जँचती है कभी मालूम होता है कि मनमथ के चक्र का टुकड़ा, नवोढ़ा वधू के अधर का बिम्ब, विरह रूपी सिंघ का नख अथवा कामिनी के बांके कटाक्ष का काँटा है। इस पर केदार कबि ने कहा पुराने पत्र झरते हैं नई कोपें अकुराती हैं डहडही डाली लह लहाती है केकी कीर कोयल कलापते हैं जहाँ तहाँ भ्रमर भी अलापते हैं और त्रिविध बयार बहती है इस प्रकार से कभी कभी बिना बसन्त ऋतु के भी बसन्ती आनन्द आस्वादन करने में आता है। इसके उत्तर में कविचन्द ने एक छन्द पढ़ा जिसका आशय यों है "सत्य है जब ऐन वयःसन्धि अवस्था प्राप्त होती है तो सैसव रूपी सिकंदार का अधिकार स्वयं घटने लगता है। उसकी शिशिर स्वरूपी शासन प्रणाली में एक दम लौट फेर हो जाता है और यौवन काल रूपी राज्य में सर्वत्र (अंग प्रत्यंग में) महाराज मकरकेतु की दुहाई फिर जाती है। कमल कली से कुचों पर भ्रमर सी श्याम आभा उभड़ आती है और दीप शिखा सी छवि पर रसिक जन पतिंगे से प्राण पवारने लगते हैं (दोनों कवियों की मूल कविता का जो मर्म है वह मूल छन्दो से मालूम हो सकता है) कुकवि लोगों की कविता टूटे हुए हार के मोतियों की भाँति है जिस का न ओर है न छोर परन्तु सुकवियों का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काव्य सुघड़ता से पोहे हुए सुढार मोतियों के हार की भाँति है उसे जिस ओर से देखिए सुन्दर मालूम होता है।

इस प्रकार से किंचित काव्य चातुर्य्य की परीक्षा हो चुकने पर दोनों कवि अपनी अपनी तांत्रिक कलाएँ प्रगट करने को उद्यत हुए। केदार कवि ने कविचन्द से कहा सावधान हो कर मेरी कला देखिए। यों कह कर उसने एक सौ छिद्र वाला मिट्टी का घड़ा दरबार के बीच में रख दिया और ज्यों ही मंत्र पढ़ उसके मुँह पर वस्त्र डाला कि उस के प्रत्येक छिद्र में से जाज्वल्यमान ज्वालाएँ प्रज्ज्वलित होने लगीं और प्रत्येक ज्वाला में से अनेक प्रकार के छन्द प्रबन्धों की ध्वनि प्रगट होने लगी। घड़े के मुँह से तो छओ भाषाओं में छओ शास्त्रों और वेद की ऋचाओं का उच्चारण स्पष्ट होने लगा। परन्तु ज्योंही कविचन्द ने मंत्र पढ़ा कि उस घड़े मे से एक हुंकार शब्द उत्पन्न हुआ और अग्नि शिखा के स्थान में जलधारा द्रवी भूत होने लगी। केदार कवि ने कहा 'हे चन्द मैं एक मास के बालक को मुँह बुला सकता हूं, इस पर कविचन्द ने उत्तर दिया कि मैं हाल के जन्मे बच्चे से छओं भाषाओं का उच्चारण करा सकता हूं। यह सुनेत ही केदार कवि ने सम्मुख खड़े हुए राजा के घोड़े पर अक्षत पढ़ कर मारे जिस से उसने शिर झुका कर राजा को आशीर्बाद दिया परन्तु जब चन्द कवि ने उसी घोड़े के सिर पर एक पुष्प रख दिया तो उसने एक आशीर्बादात्मक गाथा पढ़ी जिसका अर्थ यह है—जो महाभारत में पारथ के सारथी हुए जिन्होंने गर्भ में परीक्षित की रक्षा की और जिन्होंने प्रल्हाद भक्त को भी बचाया वेही भगवान कृष्णचन्द्र, हे पृथ्वीराज, आप की रक्षा करें *। इस पर केदार कवि ने एक ऐसा मंत्र पढ़ा जिससे एक बड़ी भारी चट्टान जंगम की नाईं द्रुत वेग से चलने लगी। तब कविचन्द ने मंत्र द्वारा अपनी अंगूठी मारकर चट्टान की गति बन्द कर दी, कविचन्द ने अपनी अंगूठी वहां से वापिस भी लेनी चाही परन्तु यह नहीं हो सका केदार कवि ने कविचन्द के मंत्र बल को काट दिया। तब कविचन्द ने एक मंत्र पढ़ कर जो फूंक मारी कि सारी चट्टान पानी होकर बह गई और उसकी अंगूठी हाथ में वापिस आगई। कविचन्द की इस कला पर केदार कवि ने एक विलक्ष[illegible] की। वह यह कि उसने एक लड़के [illegible] सर जुदा कर दिया। सो मुण्ड तो नाना प्रकार के छन्द प्रबन्ध पढ़ने लगा और धड़ इधर उधर कल्लोल करता हुआ फिरने लगा। यह अद्वितीय अभिनय देख कर समस्त दर्शक मंडली भौचक सी रह गई और कविचन्द स्वयं सहम गया। उसी समय अंतरिक्ष में एक वाणी सुनाई दी कि हे कविचन्द तू मुझे विशेष प्रिय है तेरी जिव्हा से जो कुछ उच्चारण होता है उसे साक्षात् मेरी ही वाणी समझना चाहिए। मैं और कवियों के कंठ में तो कला विकलाओं से बास करती हूं पर तेरे में सम्पूर्ण कलाओं से रहती हूं, तू सदैव विजयी है। यह सुनते ही कविचन्द का चेहरा तो चमक उठा, परन्तु केदार कवि कुछ मन मलीन हुआ। तब समस्त दर्बारियों सहित पृथ्वीराज ने कहा "केदार कवि हम तुम्हारे काव्य चातुर्य्य और तांत्रिक प्रयोग दोनों से खूब प्रसन्न हुए आपकी समस्त विद्याएं सराहनीय हैं और आप एक सुकीर्तिवान कवि हो।

कविचन्द ने सरस्वती का ध्यान धर कर स्तुति की कि हे भगवती इस संसार की उत्पादिनी और लयकारिणी तू ही है। मुक्ति की आशा से यद्यपि अनान्य सब देवी देवताओं की सेवा पूजा की जाती है परन्तु सब देवों का सार स्वरूप एक तेरी ही ज्योति है। संसार सुख की सामग्री के द्रव्य पदार्थों की देने वाली अष्टसिद्ध नवनिद्धि तेरी ही कलाएं हैं. संसार के समस्त प्रपंच माया मोहादिक तू ही है और तत्वों की भेद सूचक सीमा भी तू ही है।

* गाथा। जिन सारथ साज पथौ. जिन रष्षौ गभ्भ उत्तरया। जिन रष्षा प्रहलादो सो करौ रष्षा राज प्रथिराजं॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना ।

नेम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं।

	मूल्य	डांकव्यय
मुहम्मद की अखरावट	।=)	)॥
कबिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित)	=)	)॥
...ग के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
...ण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	=)	)॥
सचनादर्श-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित) ...	।=)	)॥
कर्तव्यशास्त्र-(पण्डित नारायण पांडे रचित) ...	॥)	-)
...िका चिकित्सा	।)	)॥
...द्र-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	=)	)॥
...गीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित) ...	।-)	)॥
...-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
...प्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) ११ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
... लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
...स की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
...मिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
...कवि का सुजानचरित्र	२)	=)
...कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
...ास की रासपञ्चाध्यायी	।=)	)॥
...न-लेख-मणि-माला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दर दास लिखित) ...	१)	-)
...क का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
...ल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित)	।-)	)॥
...राजरासो-पहिला भाग (समय १-११)	४)	।)
" दूसरा-तीसरा भाग (समय १२-५४)	१०)	॥)
...रसम्भार (पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित) ...	≡)	)॥
...धर क...नामा	।॥)	-)
धम्मपद ...कुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के ...तकालय की सूची	=)	)॥
मनो...(पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित)	॥)	-)
चन्द्रशेख...का हम्मीर हठ	॥)	)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
दादूदयाल की बानी	१॥।)	=)
कवि नूरमुहम्मद की इन्द्रावती १ भाग.	१॥)	=)
यूरोपीय दर्शन (पण्डित रामावतार पांडेय लिखित)	॥।)	-)
प्रबोधचन्द्रिका	॥।)	-)
विरहलीला—आनन्दघन कृत	=)	)॥
दादूदयाल का सबद	१।)	[illegible]
जोधराज का हम्मीररासो	२)	[illegible]
सरल व्यायाम (बाबू कालिदास लिखित)	।=)	-)
सुघड़ दर्जिन (बाबू ठाकुर प्रसाद लिखित)	॥।)	-)
पद्माकर कृत हिमतबहादुर विरदावली	॥=)	)॥
वनिताविनोद	१)	=)
नवीन दृष्टि में प्रवीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरु गीता	।)	)॥
रामचरितमानस	८)	॥।)

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ७ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें अ[illegible] मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं । अन्तिम पुस्तक[illegible] मूल्य सभासदों के लिये ६॥) रु० है ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-15

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI,

EDITED

BY

Mohanlal Vishnulal Pandia, & Syam Sundar Das, B. A.
With the assistance of Kunwar Kanhaiya Ju.

CANTO LXI. *(Contd.)*



महाकविचंद बरदाइ

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या और श्यामसुन्दरदास बी. ए. ने

कुँअर कन्हैया जू की सहायता से

सम्पादित किया ।

पर्व्व ६१ ।

७६
१४२

D BY THAKUR DAS, MANAGER, AT THE TARA PRINTING
S, AND PUBLISHED BY THE NAGARI-PRACHARINI SABHA,
BENARES.

1908.

मूल्य १।)] Issued 26th December 1908. [Price Re. 1/4/.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचीपत्र।

(... १८०० तक
... " २६२ "

* ओ३म् *
पुस्तक की संख्या ७२२/९४३
पुस्तकालय-पञ्जिका-संख्या २६३५८
पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियां लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकता। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

सूचना।

———:o:———

रासो का दूसरा समय पुनः छपकर तय्यार है। जिन महाशयों के पास वह न गया हो वे कृपा कर पत्र लिखकर मँगा लें।

गौरीशंकर प्रसाद,
स्थानापन्न मंत्री, नागरीप्रचारिणी सभा,
काशी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनों सेनाओं का घमासान युद्ध होना और मुसल्मानी सेना का परास्त होना ।

हहक्किय चंपिय सूर सुधीर । महा भर सामँत विभ्रम बीर ॥
महा बर चंपिय चौकिय काल । ठिलै भर भग्गिय मिच्छ विहाल ॥
छं० ॥ ६३५ ॥

कहंकह सद्द सु मच्चि करार । सुन्यौ सुरतान भजे दल भार ॥
बजे मुष मारि चँपे चहुआन । लरे मझि अप्पह मेछ अपान ॥
छं० ॥ ६३६ ॥

हवक्कहि धक्कहि सेलहि संग ।पटा झर झार विडारिय अंग ॥
बहै किरमाल सुचाल सुभेद । मनों सुभ सार करव्वत छेदि ॥
छं० ॥ ६३७ ॥

परे सिर नंचत उट्ठक मंध । करे रिनषंड सु धार विसंद ॥
षलक्कत श्रोन नदी जिम षाल । परे गज बाल भरे रन ताल ॥
छं० ॥ ६३८ ॥

करष्षत केस सु एकहि एक । परे रन रिंघहि तुट्टि सुतेक ॥
तरफफत उट्ठन लग्गत कंठ । सुछुट्टिय घाव करै दिठ मुंठि ॥
छं० ॥ ६३९ ॥

लरक्कर लग्गहि कंठ करीति । मनों मतवार लरै रस मीत ॥
किनक्कहि बाजिय बीर सुभार । [1]फिरें गज भीर करंत चिकार ॥
छं० ॥ ६४० ॥

लष्यौ पतिसाह सु चंद पुँडीर । हयौ हिय सेल भगी भर भीर ॥
भग्यौ रन सेन सहाब सचस्सि । निकस्सिय सक्कि दिसा [2]अवदस्सि ॥
छं० ॥ ६४१ ।

रह्यौ पतिसाह इकल्लो बीर । भयो जिम मीन गयै सर तीर ॥
धरी गर सिंगनि चंद पुंडीर । सयो पतिसाह सु बंधिय बीर ॥
छं० ॥ ६४२ ॥

(१) ए. कृ. को.-परैं । (२) ए. कृ. को.-अवदिस ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चंद पुंडीर का शाह को पकड़ लेना।

दूहा॥ भाग्यौ सेन साहाब गिरि। इक्कल्लौ गहि सार॥
गह्यौ चंद पुंडीर परि। हय कंधहि दिय डारि॥ छं०॥ ६४३॥
भगे सेन साहाब रन। उग्गि स्वर सुविहान॥
अठ सहस धर मीर परि। पंच कोस रन थान॥ छं०॥ ६४४॥

पृथ्वीराज का खेत झरवाना और लौट कर दर पुर में मुकाम करना।

सोधि सु रन प्रथिराज पहु। [1]दरपुर कीन मुकाम॥
लुट्टि रिद्धि चिय गोस धन। जुरि जस लद्धौ ठाम॥ छं०॥ ६४५॥

पृथ्वीराज का शाह से आठ हजार घोड़े नजर लेना।

दंड कियौ सुरतान सिर। अट्ठ सहस हय सब्ब॥
घत्ति सुषासन पट्ट घर। गज्जिय पिथ्थ सु गब्ब॥ छं०॥ ६४६॥

कविचंद का कहना कि पृथ्वीराज ने इस प्रकार शाह को परास्त कर आप का राज्य बचाया।

इम गज्जनवै गंजि पिथ। जस लिन्नौ बल मारि॥
सरबर सक संभरि धनी। कोइ न मंडौ रारि॥ छं०॥ ६४७॥

जैचन्द का कहना कि पृथ्वीराज के पास कितना औसाफ है।

कितक स्वर संभरि धनी। कितक देस [2]दल बंधि॥
कितक हथ्थ रन अग्गरौ। हसि न्रप बूझयौ चंद॥ छं०॥ ६४८॥

कवि का उत्तर देना कि उनकी क्या बात पूछते हैं पृथ्वीराज के औसाफ कम परंतु कार्य्य बड़े हैं।

(१) दरपुर (या) हरपुर। (२) ए. कृ. को.-बल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ कितक सूर संभरि नरेस। अंदेस कहत करि ॥
कितक देस बल बंधि। [1]राव रावत्त छत्रधर ॥
कितक को स मेंगल मदंध। तोषार भार भर ॥
कितइक गहि करिवार। कलह विहारि बीर भर ॥
कित इक्क मौज विद्रन वहत। अति पर आगम जानियै ॥
उग्गौ न अरक तित्तह लगै। तिमिर तितें बल मानियै ॥
छं० ॥ ६४९ ॥

पृथ्वीराज का पराक्रम वर्णन।

दूहा ॥ सूर जिसौ गयनह उवै। दल बल मारन आस ॥
जब लग अरि कर उट्ठवै। तब लग देय पचास ॥ छं० ॥ ६५० ॥

कवित्त ॥ सूर तेज चहुआन। हनत गज कुंभ झार षग ॥
विय विहंड होइ षंड। परत धर रत्त धार जग ॥
दल बल धरै न आस। तेज आजानबाह बर ॥
सपत नाग सर पार। तार [2]कोवंड तजै कर ॥
मत्त दुरद रद सद्द वर। पारि भारि मथ्थै धरनि ॥
विसगो विकार उष्पारि पटु। मालकार नंषे करनि ॥छं०॥६५१॥

जैचन्द का पृथ्वीराज की उनिहार पूछना।

दूहा ॥ विहसत कवि बुल्ल्यौ बयन। इह लच्छन छिति है न्र॥
सूत्र सु मूरति लच्छिनह। को दिषवों पहु नेंन ॥ छं० ॥ ६५२ ॥
मुकट बंध सब भूप हैं। सब लच्छिन संजुत्त ॥
कौन बरन उनहार किहि। कहि चहुआन सु उत्त ॥छं०॥६५३॥

कवि चन्द का पृथ्वीराज की आयु बल बुद्धि और शकल सूरत का वर्णन करके सच्चे पृथ्वीराज को उनिहारना।

कवित्त ॥ बत्तीसह लच्छिनह। बरस छत्तीस मास छह ॥
इस दुज्जन संग्रहत। राह जिस चंद सूर ग्रह ॥

(१) ए. कृ. को. राह। (२) ए. कृ. को.-कोदंड।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक छुटहि महिदान। एक छुट्टहिति दंड भर॥
एक गहहि गिर कंद। एक अनुसरहि चरन परि॥
चहुआन चतुर चावद्दिसहि। हिंदवान सब हथ्थ जिहि॥
इम जंपै चंद वरद्दिया। प्रथीराज उनहारि इहि॥ छं०॥ ६५४॥

इसौ राज प्रथिराज। जिसौ गोकुल महि कन्हह॥
इसौ राज प्रथिराज। जिसौ पथ्थर अहि वन्नह॥
इसौ राज प्रथिराज। जिसौ अहँकारिय रावन॥
इसौ राज प्रथिराज। राम रावन संतावन॥
बरस तीस छह अग्गरौ। लच्छिन सब संजुत्त गनि॥
इम जंपै चंद बरद्दिया। प्रथीराज उनहारि (१)इनि॥ छं०॥ ६५५॥

जैचन्द का कुपित होकर कहना कि कवि वृथा बक बक करके क्यों अपनी मृत्यु बुलाता है।

दिष्षि नयन कमधज्ज। नरेस अंदेस वड्ढ वर॥
दंग दहन जीरन जरंत। परचंत अंत पर॥
स्रुत्ति अरुन मुष अरुन। नेन आरत्त पत्त सम॥
पानि मींडि दवि अधर। दंत दब्बंत तेज तम॥
कविचंद बहुत बुल्लहु बयन। छित्ति अछिति षची कवन॥
चल दल समान रसना चपल। विफल बाद मंडौ मवन॥ छं०॥ ६५६॥

पृथ्वीराज और जैचंद का दूर से मिलना और दोनों का एक दूसरे को घूरना।

दूहा॥ देषि थवाइत थिर नयन। करि कनवज्ज नरिंद॥
नयन नयन अंकुरि परिय इक यह दोइ मयंद॥ छं०॥ ६५७॥

कवित्त॥ दिष्षि नयन रा पंग। दंग चहुआन महा भर॥
अंकुरि नयन विसाल। झाल झारंत रंच उर॥

(१) ए. कृ. को.-इहि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इक्क थार कंठीर। [1]पल न आकज्ज करत तमि ॥
बर बारुनी समग्ग। मत्त मातंग रोस [2]जमि ॥
कमधज्जराज फिरि चंद कहु। कहत बत्त संभरधनिय ॥
बर बर कवित्त कवि उच्चरिय। अब सुकित्ति कथ्थी घनिय ॥
छं० ॥ ६५८ ॥

जैचन्द का चकित चित्त होकर चिन्ताग्रस्त होना और कविचंद से कहना कि पृथ्वीराज मुझ से मिलते क्यों नहीं।

अति गँभीर पहु पंग। मन सु दब्बै द्रिग [3]लज्जइ ॥
कवन काज छग्गरह। पानि ग्राही भट कज्जइ ॥
कित्त काज करि बेंन। बानि बंदन बरदाइय ॥
श्रवन राग हम तुमै। दिष्ट गोचर तत लाइय ॥
संभरै जंम देषै सुभट। अंत निमत पुज्जै भिलत ॥
सोमेस पुत्त तुम हित्त करि। क्यौं मुझ्झहि नाही [4]मिलत ॥
छं० ॥ ६५९ ॥

कवि का कहना कि बात पर बात बढ़ती है।

दूहा ॥ मत मंतौ लहु मंत कहि। नीतें नीति बढंत ॥
जिम जिम सैसव सो दुरै। तिम तिम मदन चढ़ंत ॥ छं० ॥ ६६० ॥

कवि का कहना कि जब अनंगपाल पृथ्वीराज को दिल्ली दान करने लगे तब आपने क्यों दावा न किया।

कवित ॥ चहुआना कुल रीति। ध्रम्म जानन सोमी वर ॥
बर सोमेसर सीस। तिलक कढ्ढ्च अनंग करि ॥
अप्प जानि दोहित्त। राज ढिल्ली दे हथ्था ॥
प्रजा [5]लोक परधान। राय सह तूंअर कथ्था ॥

(१) मो.-पलन। (२) ए. कृ. को.-जिमि। (३) ए. कृ. को.-कज्जह, लज्जह।
(४) ए. कृ. को.- भिलत। (५) ए. कृ. को.-लोइ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिन्नेंति बीर तिथ्थह गयौ। रहसि फेरि विष षत्त दिय ॥
जे मुरिय नृपति कविचंद [1]कहि। तब जोगिनि पुर छल न लिय ॥
छं० ॥ ६६१ ॥

जैचन्द का कहना कि अनंगपाल जब शाह की सहायता ले कर आए थे तब शाही सेना को मैं नें ही रोका था।

अनंग पाल चक्कवै। साहि। गोरी पुक्कारै ॥
हय गय दल चतुरंग। मीर मीरह सब्बारै ॥
में बल रुकि साहिब्ब। सेन ख्ग्गा षुरसानी ॥
बर अगस्ति कमधज्ज। समुद सोपै तुरकानी ॥
मी सरन रहन हिंदू तुरक। जग्गि जानि तिहि मंडयौ ॥
विग्गारि जग्ग चहुआन गय। हिंदु जानि मैं छंडयौ ॥छं०॥६६२॥

कवि का कहना कि यदि आपने ऐसा किया तो राजनीति के विरुद्ध किया।

कोन लोइ जग्गंते। बसत अप्पनी गमावै ॥
कोन जोर रस जोइ। दई जन कोन छलावै ॥
को तात बैर दुज्जनै। दया मानव को मुक्कै ॥
को विषहर बर डसै। दाव को घावह चुक्कै ॥
पहपंग जानि चहुआन अरि। बसि परि सकै न मुक्कियै ॥
पुज्जै न सुबल कर चढ़त नहिं। घात अप्प अप चुक्कियै ॥
छं० ॥ ६६३ ॥

जैचन्द का पूछना कि इस समय सर्वाङ्ग राजनीति का आचरण करने वाला कौन राजा है।

दूहा ॥ हँसि पुच्छी पहुपंगने । तुम जानौ बहु मित्त ॥
को राजन तकि काल रत। को रत कोन विरत ॥ छं० ॥ ६६४ ॥

(१) मो-सुनि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि का कहना कि ऐसा नीति निपुण राजा पृथ्वीराज है जिसने अपनी ही रीति नीति से अपना बल प्रताप ऐश्वर्य्य आदि सब बढ़ाया।

पद्धरी ॥ संभरिय पंग आयस प्रमान। बोलै सु छंद पाधरी मान ॥
संभरि सु बीर सुनि तत्त राज। नोतें सु बंध सब चलन साज ॥
छं० ॥ ६६५ ॥
नीतिय सु लहिय लद्धौ सु राज। धन ध्रम्म कित्ति तिहिं तेज साज॥
जीवन सु नीति न्रप जमिन पीन। वड़ मरन बीर कुल ध्रंमहीन॥
छं० ॥ ६६६ ॥

पुनः कवि का कहना कि आपका कलियुग में यज्ञ करना नीति संगत कार्य्य नहीं है।

उच्चरै चंद बरदाइ तब्ब। राज ह्व जग्य को करै अब्ब ॥
बलिराय प्रथम जुग जग्गि मंडि। वर बीर बंधि पाताल छंडि ॥
छं० ॥ ६६७ ॥
कट्टन कलंक ससि मंडि जग्ग। गज्जरे कुष्ट वर बीर अंग ॥
रघुराइ जग्य मंडे प्रमान। काकुष्ट धरिग तन कोपि ध्यान ॥
छं० ॥ ६६८ ॥
इच्छियै इच्छ गुर मंडि बीर। नव सीय दोष जज्जर सरीर ॥
श्री राम जग्य मंड्यौ विचारि। कुब्बेर बरषि सोब्रन्न धार ॥
छं० ॥ ६६९ ॥
मह दान कलहि षोडस्स होइ। राजस्सु जग्य मंडै न कोइ ॥
सुन्नै सरूप पँगु लभ्भ कीय। देवरह ध्रम्म बड़ बंध चीय ॥
छं० ॥ ६७० ॥
राजस्सु जग्य को करन भाय। नन होय पंच कलिजुग्ग राइ ॥
*सतजुग्ग जग्य सुत कवल कीन। हाटक सुमेर दच्छिना दीन ॥
छं० ॥ ६७१ ॥

*यहां से मो.-प्रति में पाठ नहीं है आवातर कथा की कल्पना होने से कुछ भाग के क्षेपक होने का भी संदेह है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकलित नग्ग तिहि संग च्यार। लूटंत विप्र हरि हथ्थ हारि ॥
ता पच्छ जग्य रचि मरुत रज्ज। दानह सु दीन बेपार दुज्ज ॥
छं० ॥ ६७२ ॥

नंषिय सु मग्ग लगि हेम भार। परि साठि सहस पंकति पहार ॥
गो दान दीन फुनि तिहि अलेह। तारक्क गंग रज बुंद मेह ॥
छं० ॥ ६७३ ॥

आरंभ जग्य फुनि राज ऐल। तसु दान वेद कहि सकि न सैल ॥
नवषंड पूरि बेदी रवंन। डाभाग्र रहि न षाली अवंनि ॥
छं० ॥ ६७४ ॥

करि जग्य सेत कीरत्ति भूप। दस सहस नदी चल्लाय नूप ॥
सक्कि सक्किय न झेल्ल आहुत्ति बन्हि। तजि कुंड गइय ब्रह्मा सरन्नि॥
छं० ॥ ६७५ ॥

पथ्थहि चराइ षंडीव जब्ब। मिट्टिय अजीर्न घन दिनौ तब्ब ॥
बलिराइ जग्य रच्चिय जिवार। उतपन्न ध्रंम वामनति वार ॥
छं० ॥ ६७६ ॥

थपि जग्य जुधिष्टिर राज पंड। पनवार अप्प श्री कृष्ण मंडि ॥
गुदरिय तब्ब इह चंद भट्ट। जैचंद राइ सों विविध थट्ट ॥
छं० ॥ ६७७ ॥

राजा जैचन्द का कवि को उत्तर देना।

सुनि श्रवन जंपि पहुपंग ताम। पर होड़ करन कहु कौंन काम ॥
उनमान अप्प अप्पनि अवन्नि। रष्षहि जु नाम सोइ भूप धन्नि ॥
छं० ॥ ६७८ ॥

*साध्रम्म होइ जोगिन पुरेस। आमंत निरषि संची नरेस ॥
नीतह सु भ्रंग किट्टी सुरज्ज। भनतंत जोति विच्चरै सज्ज ॥
छं० ॥ ६७९ ॥

तजि नीत सोय अप इष्ट जान। कट्टै जु अद्ध दिन घरि प्रमान ॥
जुध सथ्थ साइ मुक्कियै अंग। रष्षियै ध्रंम साईं सुरंग ॥
छं० ॥ ६८० ॥

* यहां से मो.-प्रति का पाठ पुनः आरंभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिन राजनीति ग्रह जी अरज्ज। घट घटहि नीर छिन गलति सज्ज॥
बिन राजनीति दुति तजिय जोन्ह। सोव्रन्न प्रतिम मंडियै बैंन॥
छं०॥ ६८१॥

इह सुनिय बैन पहुपंग बीर। मुष तत्त मुष्प कलहं सरीर॥
न्रिप कलह साउ जेही जनाय। कालंत कहिय कल किति गाय॥
छं०॥ ६८२॥

घाटंक निमुष घटि कला जाइ। जानौ सुकाल छल हीन ताय॥
रत गुन अरत्त रत्ते न मोह। उप्पंम चंद जंपै सद्रोह॥छं०॥६८३॥
रँग रंग गत्त मज्जीठ मन्न। कस्सूँभ रंग रँग मोह पन्न॥
बर बिरत श्रोन लच्छिन प्रमत्त। नव नवी वाम इच्छा रमत्त॥
छं०॥ ६८४॥

(१)सातुक्क सक्कहूं हित बढंत। आतंम मोह माया चढ़ंत॥
दिष्षौ ज स्रग्ग चिन्ना सरंत। संसार कूप रस में परंत॥
छं०॥ ६८५॥

राजा जैचन्द का कहना कि कवि अब तुम मेरे मन की बात बतलाओ।

दूहा॥ सत सुवत्त कबिचंद मुष। तब पुच्छिय इह बत्त॥
हों पुच्छो चाहूं सुमति। सो जंपौ कवि तत्त॥ छं०॥ ६८६॥

कवि का कहना कि आप मुझे पान दिया चाहते हैं और वे पान रनिवास से अबिवाहिता लौंडियां ला रही हैं।

जे त्रिय पुरिष रस परस बिन। उठिगराइ सु निसान॥
धवलग्रह संपन्न कहि। भट्टहिं अप्पन पान॥ छं०॥ ६८७॥

राजा का पूछना कि तुमने यह कैसे जाना।

महल अदिट्ठ त्रिय दिट्ठ सुत्र। क्यों व्रन्नै बर कब्बि॥
सरसें बुधि व्रन्नन कर्‍यौ। मुष दिष्षे नन रब्बि॥ छं०॥ ६८८॥

(१) ए. कृ. को. सक्क हितहि बढंत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि का कहना कि अपनी विद्या से।

काछुक सयन नयनह करिय। कछु किय बयन बषान ॥
कछु इक छछिन विचार किय। अति गंभीर सु जानि ॥छं०॥६८९॥

कवि का उन पान लाने वाली लौंडियों का रूप रंग आदि वर्णन करना।

तिन कह अथ्थि सु हथ्थ किय। जे राजन ग्रह अच्छि ॥
ते सुंदरि सब एक सम। चली सुगंधनि कच्छि ॥ छं० ॥ ६९० ॥

षोड़स बरस समुच ग्रिह। ले सब दासि सु जानि ॥
मनों सभा सुरलोक की। चलि अच्छिरिय समान ॥ छं० ॥६९१॥

उक्त लौंडियों की शिख नख शोभा वर्णन।

अर्धनराज ॥ विहिंग भंग जो पुरं। चलंत सोभ नूपुरं ॥
अनेक भंति सादुरं। अषाढ़ सोर दादुरं ॥ छं० ॥ ६९२ ॥

सुधा समान सथ्यही। सुगंध हथ्थ हथ्थही ॥
चरन रत्त सोभई। उपम्म कब्बि लोभई ॥ छं० ॥ ३९३ ॥

बरन्न रत्त और जे। कसीस कासमीर जे ॥
चरन्न एड़ि रत्त ए। उपम्म कब्बि पत्त ए ॥ छं० ॥ ६९४ ॥

सु वंक चंद अंकनं। सु राइ तेज संकनं ॥
सुसंक जीवनं टरै। सुनें सरूप में करै ॥ छं० ॥ ६९५ ॥

नषादि आदि उप्पनं। सु काम केलि द्रप्पनं ॥
चरन्न हंस सद्दही। उपम्म कब्बि बद्दही ॥ छं० ॥ ३९६ ॥

सुनंत होड़ छंडयौ। चरन्न सेव मंडयौ ॥
सु पिंडि बाल सोभई। सु रंग रंग लोभई ॥ छं० ॥ ६९७ ॥

सुरंग कुंकुमं भरी। षराद काम उत्तरी ॥
सुरंग जंघ ताल से। कि काम षंभ आलसे ॥ छं० ॥ ६९८ ॥

नितंब तंब स्याम के। मनो सयन्न काम के ॥
लवन्न भ्रंग गुंजही। सुगंध गंध पुंजही ॥ छं० ॥ ६९९ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिषंत डोर कंकनं । कटिं प्रमान रंकनं ॥
टिकै न दिठ्ठ लंकयौ । विलोकि अष्षि अंकयौ ॥ छं० ॥ ७०० ॥

उतंग तुंग तामयौ । कि भ्रम्म लोभ कामयौ ॥
सु रोमराजि दिठ्ठयौ । हलंत बेनि पिठ्ठयौ ॥ छं० ॥ ७०१ ॥

सु चंपि चंद गाढयौ । विपास काम चाढ़यौ ॥
जुअन्न हीय सोभई । सु सिद्ध मैंन लोभई ॥ छं० ॥ ७०२ ॥

ग्रहन्न रंग चालई । सु लज्जि लंक हालई ॥
उठंत कुच्च कंचुअं । कि तंबु काम रच्चयं ॥ छं० ॥ ७०३ ॥

बजै प्रमान सज्जनं । सुमेर अब्ब भंजनं ॥
जु पोत पुंज सोभयौ । सु चित्त काम लोभयौ ॥ छं० ॥ ७०४ ॥

सु जित्ति राह थानयौ । सु चंद बैठि मानयौ ॥
जराइ चौकि कंठयौ । उपम्म कब्बि तंठयौ ॥ छं० ॥ ७०५ ॥

ग्रहं जु इंद आइयं । चरन्न चंद साहियं ॥
बनित्त सब्ब जंपयौ । सुराह थान अप्पयौ ॥ छं० ॥ ७०६ ॥

चिबुक्क चारु सोभयौ । उपम्म कब्बि मोहयौ ॥
सु बाल भ्रंग पत्तयौ । सु कंज मुक्कि जत्तयौ ॥ छं० ॥ ७०७ ॥

सुरत्त अद्व [1]रत्तयौ । लहै न ओप अंतयौ ॥
ओसाफ, कव्वि सोहयौ । प्रबाल रत्त मोहयौ ॥ छं० ॥ ७०८ ॥

सुधा समान मुष्षही । दसन्न दुत्ति रुष्षही ॥
सु सद्द बद्द पंचमं । कलिन्न कंठतं कमं ॥ छं० ॥ ७०९ ॥

सुनी सु कव्वि राजई । उपम्म कब्बि साजई ॥
ससंक सारगं हरी । प्रगट्ट काम मंजरी ॥ छं० ॥ ७१० ॥

धनुक्क भौंह अंकुरे । मनों नयन्न बंकुरे ॥
श्रवन्न मुक्ति ताल जे । अलक्क बंक आलुजे ॥ छं० ॥ ७११ ॥

सबद्द सोभ जो षुलै । रहंत लज्जि कोकिलै ॥
अनेक हन्न जो कहै । तौ जम्म अंत ना लहै ॥ छं० ॥ ७१२ ॥

(१) ए.कृ. को.-जत्तयौ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दासी का पानों को लेकर दरबार में आना और पृथ्वीराज को देख कर लज्जा से घूंघट घालना।

कवित्त ॥ आय निकट रापंग। अंग आरथन बेद बर ॥
अति सुगंध तंमोर। रंग जुत धरय जुथ्य पर ॥
दिष्षि न्रिपति प्रथिराज। दासि आरोहि सीस पट ॥
मनहु काम रति निरषि। सकुचि गुर पंच मझि घटु ॥
कमधज्ज राज संकुल सभा। अकुल सुभर दरसंत दिस ॥
उस्ससे अंग उभ्भरि अरषि। परस्पर सु अवलोकि [1]सिस ॥
छं० ॥ ७१३ ॥

कवि का इशारा कि यह दासी वही करनाटकी थी।

चौपाई ॥ चहुआनह दासी सिर कंपिय। पुर रठौर रही दिसि नंषिय ॥
बिगरत केस पुरुष नहिं अंकिय। प्रथीराज देषत सिर ढंकिय ॥
छं० ॥ ७१४ ॥

दासी के शीश ढांकने से सभासदों का संदेह करना कि कबि के साथ में पृथ्वीराज अवश्य है।

अरिल्ल ॥ ढंकित केस लषी भय [2]भूपह। दिन दिन दिस्सि कहां राई मह॥
कविवर सथ्य प्रथीन्द्रप आयौ। सो लच्छिन बर दासि बतायौ ॥
छं० ॥ ७१५ ॥

उच्च सरदारों और पंगराज में परस्पर सुगबुग होना।

कवित्त ॥ अप्प अप्प भट अटकि। षटकि पट दासि मंडि सिर ॥
इक्क चवै क्रत बद्दन। एक षल नथ्थ जानि थिर ॥
इक्क कहै प्रथिराज। इक्क जंपय पवास बर ॥

(१) मो.-रिस।   (२) ए. कृ. को.-भूमह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिष्षि दरस [1]रयसिंघ। कहत दीवान अज्ज भर ॥
कट्ठिया [2]विकट केहरि कहर। जहर भार अंगय मनह ॥
संग्रहौ आय रिपु दुष्ट ग्रह। समय सद्व रा पंग कह ॥छं०॥७१६॥

दूहा ॥ भै चकि भूप अनूप सह। पुरष जु कहि प्रथिराज ॥
सुमति भट्ट [3]सथ्थह अछै। जिहि करंत तिय लाज ॥ छं० ॥ ७१७ ॥

कविचन्द का दासी को इशारे से समझाना।

अरिल्ल ॥ करि बल कलह स मंची मार्‍यौ। नहि चहुआन सरंन बिचार्‍यौ ॥
सेंन सुबर कहि कवि समुझाई। अब तूं कलह करन इहां आई ॥
छं० ॥ ७१८ ॥

दासी का पट पटक देना और पंगराज सहित सब सभा का चकित चित्त होना।

समझि दासि सिर बर तिन ढंक्यौ। कर पल्लव तिन द्रग बर अंक्यौ॥
कव रस सबै सभा कमधज्जी। भैचकि भूप [4]सिंगिनी सज्जी ॥
छं० ॥ ७१९ ॥

उक्त घटना के संघटन काल में समस्त रसों का आभास वर्णन।

कवित्त ॥ बर अदभुत कमधज्ज। हास चहुआन उपन्नौ ॥
करुना दिसि संभरी। चंद बर रुद्र दिपन्नौ ॥
वीभछ वीर कुमार। बीर बर सुभट विराजै ॥
गोष बाल झंषतह। द्रिगन सिंगार सु राजै ॥
संभयौ सन्त रस दिष्षि बर। लोहालंगरि बीर कौ ॥
मंगाइ पान पहुपंग बर। भय नव रस नव सीर कौ ॥
छं० ॥ ७२० ॥

दूहा ॥ सिर ढंकति सकुचिय तरुनि। सु विधि चिंति स्वामित्त ॥
बहुरि सु जिम तिम ही कियौ। [1]लवन विचारिय हित्त ॥छं०॥७२१॥

(१) मो.-रासिंघ। (२) मो.-निकट। (३) ए.कृ. को.-अथ्थह।
(४) ए. कृ को.-सिंगिनि गुन। (१) ए. कृ. को.-नवन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक कहै बैठै सुभट। इनह सथ्थ प्रथिराज ॥
ए नृप जीवन एक है। तिनहि करत चिय लाज ॥ छं० ॥ ७२२ ॥

जैचन्द का कवि को पान देकर बिदा करना।

अप्पि पान सनमान करि। नहि रष्यौ कवि गोय ॥
जु कछु इच्छ करि मंगिहौ। प्रात समप्पों सोय ॥ छं० ॥ ७२३ ॥

राजा का कोतवाल रावण को आज्ञा देना कि नगर के पश्चिम प्रान्त में कवि का डेरा दिया जाय।

हक्कारयौ रावन न्रपति। के के मुक्कि सुवास ॥
पच्छि दिस्सि जैचंद पुर। तिहि रष्यौति अवास ॥ छं० ॥ ७२४ ॥

रावण का कवि को डेरों पर लिवाजाना।

आयस रावन सथ्थ चलि। अयुत एक भट सथ्थ ॥
अग्ग राह सो संचरै। मेर उचावहि बथ्थ ॥ छं० ॥ ७२५ ॥

कवित्त ॥ पच्छिम दिसि पुर चंद। सु कवि सौ न्रपति सपत्तौ ॥
रावन सथ्थ समथ्थ। वचन सो कवि रस रत्तौ ॥
धवल मझ्झ सपन्न। कलस कुंदनह वज्र दुति ॥
जठित षंभ जगमगहि। कनक वासन विचिच भति ॥
प्रज्जंक कनक मनि मुत्ति भति। मानिक मध्य विविद्ध भति ॥
आसनह पट्ट बहु मोल विधि। मनु मनि भूमि कि संझ क्रति ॥
छं० ॥ ७२६ ॥

दूहा ॥ डेरा सु कवि विरंम तुम। करि कवि लषौ चरित्त ॥
राजनीति रज गति चरित। चित गनि कहौ [1]सुचित ॥
छं० ॥ ७२७ ॥

रावण का कवि के डेरों पर भोजन पान रसद आदि का इन्तजाम करके पंगराज के पास आना।

(१) ए. कृ को. चरित्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डेरा कराइ रावन चल्यौ। षान पान तिन ठाहि॥
सुष्प सुषासन आरुहै। तहां पंग न्रप आहि॥ छं० ७२८॥

डेरों पर पहुंच कर पृथ्वीराज का राजसी ठाठ से आसीन होना और सामंतों का उसकी मुसाहबी में प्रस्तुत होना।

कवित्त॥ बोलि लियौ सब सथ्थ। तथ्थ प्रथिराज 'सुअत्त'॥
सलिता जेम समुद्द। मुद्द पति मिलन सपत्तं॥
चामर छच रषत्त। लियै सामंत सपत्ते॥
रति सुभ्यौ राजान। मझि ग्रह पति रवि रत्ते॥
आए सु सुहर सब चंदपुर। देषि अनूपम षंति तथ॥
सामंत नाथ बरदाइ बर। आय सपत्त सब्ब सथ॥ छं०॥ ७२९॥

सब सामंतों का यथास्थान अपने अपने डेरों पर जमना।

दूहा॥ सथ्थ सपत्तौ तथ्थ सब। श्रित सामंत रु सूर॥
हय हयसाला बंधि गै। सुभि राजन दर नूर॥ छं०॥ ७३०॥

अरिल्ल॥ मंदिर बंटि दिए सब भूपन। आप रहै निज ग्रेह अनूपन॥
हीर हिरंनन की दुति पंडिय। तापर लाल षरग्गहि मंडिय॥
छं०॥ ७३१॥

पृथ्वीराज के डेरों पर निज के पहरुवे बैठना।

छं० ॥ १२७३ ॥

इह चिंतित बत्ती सु सुनि । क्रोध ज्वाल सरि अंब ॥
रही जु लिषिये चित्र मैं । ज्यों सरद्द प्रतिब्यंब ॥ छं० ॥ १२७४ ॥

संयोगिता का झरोखे में झांकना और पृथ्वीराज का दर्शन होना ।

कुंडलिया ॥ धुनत गवष्षन सिर लष्यौ । अंबुज मुष ससि अंब ॥
अनिल तेज झलहल कँपै । सरद इंद्र प्रतिब्यंब ॥
सरद इंद्र प्रतिब्यंब । चिंति चतुरानन आनन ॥
निरषि राज प्रथिराज । साज सुंदरि अपकानन ॥
हय सत भट्ट सु भूप । मग्ग भोहैं न गनंतन ॥
मानि विसव्वा वीस । सीस धुनि धुनि न धुनंतह ॥छं०॥१२७५॥

पृथ्वीराज का संयोगिता को मूर्छा से जगाकर कहना कि मेरे साथ चलो ।

चौपाई ॥ झंकत न्त्रप दष्षी बर बुल्लै । गंग निकट प्रतिब्यंब सो हल्लै ॥
चिहलै पऱ्यौ चंद तरषीनौ । कै म्रग तिस्न देषि मन मीनौ ॥
छं० ॥ १२७६ ॥

मुच्छि बाल संजोगि उठाई । देवर तर दिसि दिसि पट्टाई ॥
कै श्रोतान स्तूर सुनि झूठे । कै कातर अबहीं न्त्रिप दीठे ॥
छं० ॥ १२७७ ॥

दूहा ॥ ए सामंत जु सत्त कहि । पंग पुति घटि मंत ॥
एक लष्य भर लष्यियै । जै कट्टै गज दंत ॥ छं० ॥ १२७८ ॥

(१) मो.-नर्जितं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाथा ॥ मदनं सरा लति विविहा। जिव्हा रटयोति प्रान [1]प्रानेसं ॥
नयन प्रवाहति विवहा। अह वांमा कंत कथ्थायं ॥छं०॥१२७९॥
आर्या ॥ कहु लीभा सो चंद लासौ। मन मथ्थं पहु पांजलि ॥
बरन मान निसा दिवसे। धुनयं सीस जो मम ॥ छं० ॥ १२८० ॥

संयोगिता का कहना कि मैं कैसे चलूं यदि लड़ाई में मैं छूट गई तो कहीं की न रही।

दूहा ॥ किम हय [2]पुट्ठहि आरुहौं। घटि दल संगह राज ॥
भीर परत [3]जो तजि [4]चल्यौ। तब मो आवै लाज ॥छं०॥१२८१॥

पृथ्वीराज का कहना कि मेरे सामंत समस्त पंग दल का संहार कर सकते हैं।

तब हँसि जंप्यौ न्रप बयन। गहर न करियै अब्ब ॥
सब्ब पंग दल संहरों। सुंदरि लाज न तब्ब ॥ छं० ॥ १२८२ ॥

संयोगिता का कहना कि जैसा आप जाने पर मैं तो आपको नहीं छोड़ सकती।

कवित्त ॥ सुंदर जंपै बैंन। ढीठ दिल्लिय नरेस सुनि ॥
कहहि सूर सामंत। पवन हलहि पहार फुनि ॥
अजहौं अलियों चवै। गंठि दैहै [5]सु जंम कहु ॥
जो सद्दै सुरलोक। लहहि अच्छरि नन संकहु ॥
इह चित्त कंत इच्छहि बहुल। बहु समूह भुज बल्ल कहहि ॥
संदेह सास संभरि धनी। पलन प्रान पच्छै लहहि ॥
छं० ॥ १२८३ ॥

(१) मो.-प्रानेव।
(२) ए. कृ. कौ.-पुट्ठौ। (३) ए. कृ. को.-मुहि। (४) मो.-चलौं।
(५) ए.-दास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाथा ॥ अवलोकित न्रप नयनं। वचनं जिव्हा सु कातरा सामी ॥
निंदा सह स्तुत माने। घोरं संसार पातकी ॥ छं० ॥ १२८४ ॥

संयोगिता का जैचन्द का बल प्रताप वर्णन करना।

कवित्त ॥ सिंगारिय सुंदरिय। हास उपजत बर सद्दह ॥
करुना वुलि इहि बीत। रुद्र कामिनि कथ बद्दह ॥
बीर कहत गंध्रब्ब। भयो भामिनी भयानक ॥
वीभच्छिय संग्राम। मनहि आचिज्ज सयानक ॥
छिन संत मंत इय कंत तुअ। पिय विलास दिन करि करिय ॥
इम कहै चंद बरदाय बर। कलहकंत तुअ तौ डरिय ॥छं०॥१२८५॥
जे पड्डुरी बिमान। तेह पड्डुरी बिमानह ॥
जे सारंग करार। तेह सारंग करारह ॥
जिहि कित्तिय गय कोस। तेह कित्ती गय कोसह ॥
जिहि गय सघन सरोस। तेह गय सघन सरोसह ॥
विल्लोर पयोहर गै मलन। मलन विलोर पयोहरह ॥
जयचंद पयानौ परठयौ। भा भुअ हुअरु बसंत रह ॥छं०॥१२८६॥
करत पंग पायान। षेह उड्डत रवि लुक्कै ॥
महुरैजल पुट्टै सु। पंक सरिता सर सुक्कै ॥
पानी ठाहर षेह। एह उड्डती विराजै ॥
बर पयान छावंत। भान [1]सिर पट्ट कविज्जै ॥
दिगपाल कंपि हल्लि दसो दिस। सेसपयानौ नहि सहै ॥
बर न्रपति सीस ईसं सु सुनि। भौ पंगुर तातें कहै ॥छं०॥१२८७॥

संयोगिता प्रति गोइन्दराय का वचन।

हे कमधज्ज कुमारि। कहै गोयंद राज बर ॥
जे भर पंग नरिंद। सबें भंजों अभंग [2]षर ॥
सम सामंत सहित्त। जंग जैचंदह मंझौं ॥
जब कोपै चहुआन। षग्ग मैमत्त विहंडौं ॥

(१) चारों प्रतियों में "कूट" पाठ अधिक है। (२) ए. कृ. को.-षल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जदपि बहुत्त गोमाय गन। तदपि म्रग्गपति नह डरै॥
ममसंकि चित्त चिंता न करि। पहुचाऊं दिल्ली घरै॥छं०॥१२८८॥
चढ़त पंग बर बीर। नाग बर बीर दढिय अहि॥
जिहि कर करिवर धरिय। घरिय ते भार विदुष महि॥
चित्त करिग कुंडली। अप्प पोषंन बाय बर॥
कर कढ्ढिरु कलिवान। नाहि धारंत इक्क कर॥
जिनि पहुमि मनी मनि सहस फन। सो फनि फुनि फुनि फनि धरिय॥
जानें कि इथ्य तत्त कि चिय। सुबर भाजि कर कर करिय॥
छं०॥१२८९॥

हाहुलिराय हम्मीर का बचन।

दूहा॥ हाहुलि राव हमीर कहि। सुनि पंगानी बत्त॥
एक भिरै असि लष्य सों। सो भर किमि भाजंत॥छं०॥१२९०॥

संयोगिता का बचन।

कवित्त॥ कोरि एक चंचल। चलंत हबर बर पष्षर॥
ता उप्पर दस सहस। वालि जिसे असि होइ जलच्चर॥
सोलह सहस निसान। सहस सत्तरि गैवर घन॥
तीस लष्ष गेंवर प्रचंड। षग्ग फारक्क न्त्रभै तन॥
चालंत सेन विजपाल सुअ। पहुमि भार फनयति सुरिय॥
कह होइ स्हर सामंत हो। पंग सु दल बल उप्परिय॥छं०॥१२९१॥

चंदपुंडीर का कहना कि सब कथा जाने दो यज्ञ विध्वंस करने वाले हमी लोग हैं या कोई और।

चवै चंद पुंडीर इम। कह बल कथ्थह पुब्ब॥
पंग पंग पग नरिंद कौ। जग्य बिधवंस्यौ सब्ब॥ छं०॥१२९२॥

यह सुनते ही संयोगिता का हठ छोड़ना।

सुनत बाल छंड्यौ सु हठ। बर [1]चढ्ढी द्रिग बंक॥

(१) ए. कृ. को.-उटूठरी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किधौं बाल मन मोहिनी। कै बिय उदित मयंक ॥ छं० ॥ १२९३॥

कन्ह वचन कि स्वामी की निंदा सुनना पाप है, हे पंग पुत्री सुन।

कवित्त ॥ सुनिय बचन बर कन्ह। सौस धुनि धुनि फुनि जंपिय ॥
ध्रग्ग जियन म्रत सब्ब। पिंड बेचिय उर थप्पिय ॥
मन्न वचन तन रत्त। ध्रम्म छुट्टै सुष भग्गा ॥
गरुअ पान जो जिअन। जूह जीयन तुछ लग्गा ॥
सो ध्रम्म छचि रष्षन [1]सु तन। जो सांमि निंद कानन सुनैं ॥
कातर वचन संजोग सुनि। जौ परन आन रष्षै [2]ननैं ॥छं०॥१२९४॥

कन्ह का बचन कि मैं अपने भुजबल से ही तुझे दिल्ली तक सकुशल भेज सकता हूं।

हे प्रथिराज वामंग। संग जौ कन्ह नन्ह दल ॥
हौ चहुआन समथ्थ। हरू[3] रिपु राय भुजन बल ॥
मोहि विरद नर नाह। दंद को करै[4] भुअन बर ॥
मो कंपहि सुरलोक। पंति पन गरू भूमि नर ॥
मम कंपि चंपि सुंदरि सु पहु। चढ़िग कोटि कायर रषत ॥
इन भुजन ठेलि कनवज्ज कों। तों अप्पों ढिल्ली तषत ॥छं०॥१२९५॥
तेग छोरि जद्दवन। सोंह सिर धरि करि कथ्थिय ॥
इहै सत्त सामंत। भूमि श्रृंगार भरथ्थिय ॥
अतुलित बल अतुलित प्रमान। अतुलित बलदेवह ॥
अतुलित छिति छचि न गियान। स्वामित्त सु सेवह ॥
देषहि न राज बंसहि विलगि। कलह केलि कलहंत पिय ॥
अबलत्त छंडि मन सबल करि। बिघर राग सिंधूव किय॥छं०॥१२९६॥
सुनि उच्चरि गोयंद। गरुअ गहिलौत राज बर ॥

(१) मो.-सुथन। (२) ए. कृ. को.-तनै। (३) ए. कृ. को.-हरो।
(४) मो.-भुजन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बीर पंग लगि धीर। लग्गि को छरन छिन्न कर ॥
जुद्ध जूह पहु पंग। करिग गौ पैज सूर सर ॥
सबर सेन भर अग्ग। धाय दुअ लग्गि सेन धर ॥
जद्दप्पि सु रहि रष्षै अलष। अरकु तदपि रहि हन सरै ॥
जद्दपि अगनि सम्हौ बलै। जीरन अग उंछी परै ॥छं०।१२९७

चंदपुंडीर का कहना जिस पृथ्वीराज के साथ में निढ्ढुरराय सा सामंत है उसके साथ तुझे चिंता कैसी।

कहै चंद पुंडीर। सूर नहि सूर घरघर ॥
घास लगै नन सस्त्र। भजै आभंग मंच बर ॥
पंग पान बुट्टंत। तन्न भज्जै न ज्वाल पर ॥
प्रथी जेम वल अवृन। संग चतुरंगो निढ्ढुर ॥
निमषेक निकष बर ब्रह्म कौ। दौरि जुगी बहुतें जुषल ॥
असि प्रान मान सामंत कौ। न्त्रिप सुंदरि नन चिंति बल ॥
छं० ॥ १२९८ ॥

राम राय बड़गुज्जर का बचन।

प्रति सुंदरि न्त्रप काज। कनक बोल्यौ बड़ गुज्जर ॥
हरि चक्रह सहज वत्। जाल नन रहै बुद्धिबल ॥
कोट क्रम्म संजवत। अंति भज्जै हरि नामं ॥
नीर परस संजवत। मैल नन रहै बिरामं ॥
नन रहै गुनी अग्गैं अवधि। सिध अग्गै सिद्धि न रहै ॥
संजोग जोग भंजन क्रम। राह सूर चंपिरु ग्रहै ॥ छं० ॥ १२९९ ॥

आल्हन कुमार का बचन।

तव बोलै अल्हन कुमार। सब्ब ब्रहमंड बीर बर।
जिहि मिलंत भर सुभर। होहि तन मत्त बीर सर ॥
मिलै सरित सब गंग। होइ गंगा सब अंगा॥

(१) मो.-आंछी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भग्गै सब परपंच। मिलै ब्रह्म ब्रह्मह मग्गा ॥
ऐसे सुबीर सामंत सौ। ढील बोल बोलै बदन ॥
जानै न बत्त बर बंध की। पहुंचावै ढिल्ली सुधन ॥छं०॥१३००॥

सलष पँवार का बचन।

बोलि सलष पांवार। पार लभ्भ्यौ न सस्त्रबल ॥
ब्रह्म पार पायौ न। रूप अवरेष रूप कल ॥
मेघ सोय आग्राज। पार वायन में धारिय ॥
सो कहि असति चरित्र। ब्रत पाषँड अधिकारिय ॥
सौ जुभ्भ पार धारह धनी। जुद्ध पार लभ्भ्यौ न दोउ ॥
तिहि सत संजोगि सुहै प्रलै। प्रलै राज ढिल्लीव सोउ ॥छं०॥१३०१॥

देवराज बग्गरी और रामरघुवंस के बचन।

देवराज बग्गरी। बीर बाल्यौ विहसे बर ॥
* .... ॥छं०॥१३०२ ॥
कहै राम रघुवंस। सुनहि संजोगि बाल बर ॥
पंग प्रलै संमूह। जगत बुभ्भन न्रप कग्गर ॥
बरष सात सामंत। सोभ पत्तिन पररुष्षं ॥
बर दंपती (१)निसंक। सस्त्र भग्गा न विसुष्षं ॥
नल कमल मांहि कंद्रप रहै। पति रष्षै चहुआन इम ॥
दिषि वत्त सति संयोग इह। तब सु प्रलै सासहित क्रम ॥
छं० ॥ १३०३ ॥

पुनः आल्हन कुमार का बचन।

फुनि जंप्यौ अल्हन कुमार। सुनि सुंदरी सूर बल ॥
बर अगनित अंजुली। पंग सो सै समुंद दल ॥
सार मेघ बुठ्ठतैं। वीर टट्टी बिच्छोरै ॥
बर दंपति सँयोगि। बंधि दल गौत न जोरै ॥

* छं: १३०२ की चारों प्रतियों में केवल एक ही पंक्ति है शेष पंक्तियां हैं ही नहीं।
(१) ए. कृ. कों.-न सकं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उप्पारि ससच गो ब्रह्मनह । न्रिप रषि वज्ज्री जेम कल ॥
कमधज्ज इंद बुड्ढै प्र पुनि । सुमन संच जानैं अकल ॥छं०॥१३०४

पल्हन देव कच्छावत का बचन।

पल्हनदे कूरंभ । लाज बड पन बड बीरं ॥
न्रिप लग्गै नन अंच । पंच जौ पंच सरीरं ॥
सोम नंद संभरी । सूर सो भ्रम्म न होई ॥
सौ मे एकज होइ । तेज मुक्कै ग्रह जोई ॥
इक अग्ग पंच जौ सत्त है। सत्त मेर सत जीन तजि ॥
नन डरहि चलहि प्रथिराज सँग । रषत कोटि कायरह सजि ॥
छं० ॥ १३०५ ॥

संयोगिता का बचन कि यह सब है पर दैव गति कौन जानता है।

तब कहंत संजोगि । इक बन मझ्झ सरोवर ॥
तहं पंकज्ज प्रफुल्लि । सरस मकरंद समोभर ॥
आय इक मधु करह। तथ्थ विश्रामि गुंजा रत ॥
रैंनि प्रपत्तिय ताम । रह्यौ मधि (१)भंवर विचारत ॥
ह्वै है बित्तित जामनि सबै । तबै गमन इह बुद्ध किय ॥
बिन प्रात होत बिधि इह करिय । से कलिका गजराज लिय ॥
छं० ॥ १३०६ ॥

दाहिमा नरसिंह के बचन कि सुन्दरी वृथा हमलोगों का क्रोध क्यों बढ़ाती है। कहते हैं कि सकुशल दिल्ली पहुचावेंगे।

तब दाहिम नरसिंघ । सिंघ बुल्ल्यौ बंचाइन ॥
सुनिय बचन सुंदरी । ज्वाल उट्ठी लगि पाइन ॥
इन दष्षित संजोगि । जोग जिन मग्ग प्रहारै ॥
इन पच्छै बलदेव । जम्म गति दिष्षि (२)निहारै ॥

(१) ए. कृ. को.-गुंजारं। (२) ए. कृ. को.-करै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्धरौं बीर दंपति दुहुनि। सरस मदहम मथ्यिलै ॥
चलि सथ्थ राज प्रथिराज कै। मुकति भुगति हम हथ्थलै ॥
छं० ॥ १३०७ ॥

पुनः सलष का वचन।

सु बर बीर पामार। सलष बुल्ल्यौ प्रति धारं ॥
जग्गि जलनि कमधज। जोग जीवन जुग तारं ॥
ए अमंत सामंत। भज्जि जानै न अभंग अपु ॥
वज्र सार झल्लै प्रहार। निश्चलित सार वपु ॥
जं करै गहर संजोगि सुनि। मुगति गहर बित्तिय घरिय ॥
(१)जग्गाय पंग दिष्षै दलं। रषित कुंअर केअरि फिरिय ॥
छं० ॥ १३०८ ॥

सारंगदेव का वचन।

सारंग सारंग बीर। बीर चालुक्क उचारिय ॥
षग्ग मग्ग बो हिथ्थ। मरन जिहि तत्त बिचारिय ॥
बीच राज प्रथिराज। सूर चावद्दिसि चल्लै ॥
ज्यों सिर मग धुअ झाल। भूअ सामंत न डुल्लै ॥
संजोगि करिन कायरह तौ। पहुंचावै ढिल्ली घरह ॥
प्रथिराज ग्रहै जो पंग बर। तौ पंग सूर एकत धरह ॥छं०॥१३०९॥

रामराय रघुवंसी का वचन।

तब रायां रघुवंस। जनक उच्चै उच्चारिय ॥
हम निकलंक छत्रीय। जुद्ध बर जुद्ध विचारिय ॥
जे मेरें कुल भए। हुए ते षंड तन झुझ्झर ॥
मत्ति सस्त्र हसुमंत। बीर जंपिहि बड़ गुज्जर ॥
संजोगि बचन कातर कहिग। सहिग प्रान मझ्झह रहिग ॥
हम अग्ग पंग कच्छून बर। जम कंपत षग्गह गहिग॥छं०॥१३१०॥

(१) ए. कृ. को.-जग्गवै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भौंहाराव चंदेल का बचन ।

भौंहा राव नरिंद । बीर उच्चरि बीरत्तं ॥
पै लच्छिन बतीस । पंग पुची घटि मत्तं ॥
तिहि इक लछिन हीन । वही लछिन नन सष्षै ॥
एक एक सुरइंद्र । आइ दुज्जन दल भष्षै ॥
सत कोस पंच घटि धांन न्रप । हमह सत्त छह अग सुभर ॥
इक इक्क कोस इक इक्क भर । पहुंचावै संयोगि बर॥छं० ॥१३११॥

चंदपुंडीर का बचन ।

तब कहि चंद पुंडीर । मतौ सुनि सस्च सूर बल ॥
लष्ष एक लष्षियै । एक भंजैति लष्ष दल ॥
बल अगनित अति जुद्ध । पंग जीरन तिन सेनं ॥
दावा नल सामंत । सस्त्र मारुत बल देनं ॥
ढंढोरि ढाल गजदंत कढि । कवल पीर कन्हहति वर ॥
नष्षै सु बाजि गम भीम दुति । पंग सेन प्रथिराज भर ॥
छं० ॥ १३१२ ॥

निढ्ढुरराय का बचन कि जो करना हो जल्दी करो बातों में समय न बिताओ ।

तब निढ्ढुर उच्चरिय । सब्ब सामंत राज प्रति ॥
पंग सेंन ¹निरदरहु । अब्ब बोल्यौ सुदेवभित ॥
मन मथी गोंविद चंद । होइ न कहि कालं ॥
मन पुच्छिरु कहौ जीह । काल घत्ते जिहि जालं ॥
जौ करै ढील ढिल्ली धनी । तौ जुग्गिनिपुर जल हथ्थ दै ॥
सत षंड जीह जंपत करौ । पै चल्लि राज इह लज्ज दै ।॥छं०॥१३१३॥
मानि मत्तौ सब सेन । गरुअ गोयंद कन्ह कहि ॥
सुजै अप्प जौ चलै । चलै हम हथ्थ रंभ ग्रहि ॥
जो अप्पन आभंज । सबल बंधी अब बंधी ॥

(१) ए. कृ. को.-निरदरे ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ढील न करि सुंदरी। लीह अलध कल संधी ॥
ढंढोरि ढाल पहुपंग दल। तन अरत्त जिम तोरियै ॥
पहुंचाय सांमि ढिल्ली धरा। जम्म जजर तन जोरियै ॥छं०॥१३१४॥

संयोगिता के मन में बिश्वास हो जाना।

दूहा ॥ बाले बल सामंत कलि। देखि सूर सम चित ॥
इन जु हीन बल [1]जंपियै। [2]अधिकत बुद्धि इन वृत्त ॥ छं०॥१३१५॥

संयोगिता का मन में आगा पीछा बिचारना।

चंद्रायना ॥ बचन सुनिय कनि बाल बिचारत सोचि मन।
माया गुरजन चित्त विगोवत बेर तिन ॥
* .... ॥ छं० ॥ १३१६ ॥

अरिल्ल ॥ सुबर चंद औपम लिय कथ्यं। ज्यों कुछ वधु वर इंद्री अपहथ्यं॥
† .... ॥छं० ॥१३१७॥

संयोगिता का पश्चाताप करके राजा से कहना कि हा मेरे लिये क्या जघन्य घटना हो रही है।

कबित्त ॥ बाल कहिग संजोगि। पुब बंधी सु गंठि बर ॥
रिष सराप अरु देव। काज भौ भरन मरन भर ॥
स्वरग मग्ग रुक्कयौ। मरन संभरि चहुआनं ॥
केवल कित्ति सु कंत। रंभ बर बरनन पानं ॥
बंधई गंठि संभरि धनी। अब इत्तिव अंतर रहिय ॥
सामंत सूर संभरि सु कथ। न्रिपति सु दंपति इम कहिय ॥
छं० ॥ १३१८ ॥

राजा का कहना कि इस का विचार न करो यह तो संसार में हुआ ही करता है।

चंद्रायना ॥ राज सेन दे नैन समभिझय चंद कबि।

(१) ए. कृ. को.-चंपियै। (२) मो.-अधिग बुद्धि दय वृत।
* यह छंद चारों प्रतियों में आधा है। † चारों प्रतियों में ऐसा ही है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुनि संजोग इह जोग बुझ्झि मन दुष्य हवि ॥
आंसू भरि छह [1]सात [2]अगनि भेज पवर पंग।
रहै गल्ह जुगजाइ सब्ब संमूह नर ॥ छं० ॥ १३१९ ॥

संयोगिता का कहना कि होनी तो हुई सो हुई परंतु चहुआन को चित्त से नहीं भुला सकती।

कवित्त ॥ सुंदरि सोचि सु चित। प्रथम व्रत लियौ राज बर ॥
बरजि मंत पित बंध। बरजि गुर जन छोनी धर ॥
तात जग्य बिग्गरि। ध्रम्म लोपे सु लीह कुल ॥
सहस मुष्य अपहास। हीन भय दीन पलति पल ॥
कर तारह जे लिषिय कर। स्वांमि द्रोह बर बिछुरन ॥
मै लीन भाव मावी विगति। नन मुक्कौं चहुआन मन॥छं०॥१३२०॥

पृथ्वीराज का संयोगिता का हाथ पकड़ कर घोड़े पर सवार कराना।

दूहा ॥ परनि राव ढिल्लीं मुषहि। ग्रहि लीनी कर वांम ॥
सम संजोगि न्रप सोभियत। मनहु बने रति कांम ॥छं०॥१३२१॥
चंद्रायना ॥ सुंदरि सोचि समुझ्झित गह गह कंठ भरि।
तबहि पानि प्रथिराज सुषंचिय बाह करि ॥
दिय हय पुट्ठहि भोर सु सब्ब सु लच्छनिय।
करत तुरंग सुरंग सु [3]पुच्छनि वच्छनिय ॥ छं० ॥ १३२२ ॥

अश्वारोही दंपति की छवि का वर्णन।

कवित्त ॥ हय संजोगि आरुहिय। पुट्ठि लग्गी सु वांम नृप ॥
पति राका पूरन प्रमांन। अरक बैठे सुद्धर बिप ॥
काम रित्तु रहि चढी। काम रति दंपति राजं ॥
कै विद्रुम हिम संग। वियन ओपम [4]छपि साजं ॥

(१) ए. कृ. को.-वार। (२) मो.-अगनि भंजे जु पंगवर।
(३) ए. कृ. को.-पुछनिय। (४) ए. कृ. को. छिति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामंत सूर पारस नृपति। मधि सु राज राजंत बर ॥
ग्रह सत्त भान ससि बिंटिकै। दिपत तेज प्रथमी सु पुर ॥छं०॥१३२३॥

संयोगिता सहित पृथ्वीराज का व्यूह बद्ध होकर चलना।

पंग पुत्ति आरुहिय। सूर चावद्दिसि रष्षे ॥
दिसि ईसान सु कन्ह। पंग षंधार विलष्षे ॥
केहरि बर कंठेरि। पंग पहुरै सो मुक्यौ ॥
पुब्ब सेन निड्डुर नरिंद। धाराहर रुक्यौ ॥
अगि नेव बीर पहु पंग कौ। धार कोट ओटह, सुभर ॥
पांवार धार धारह धनी। सुजस लष्ष लष्षन सुबर ॥छं०॥१३२४॥
दिसि दच्छिन लषन कुआर। सार पाहार पंग छल ॥
भौंहा राव नरिंद। सांमि रष्षे रुकि कंदल ॥
नयन रत्त दल सिंघ। रिंघ रष्षन कमधज्जी ॥
बर लच्छन बघघेल। सार सारह भुअ छज्जी ॥
दिसि मरुत बीर बर सिंघ दे। लष्ष सेन आरुहिय रन ॥
बर बंध बरुन साई सु पथ। जम विसाल कंपन डरन ॥छं०॥१३२५॥
दिसि उत्तर गषर गुरेस। रनह रुड्डे रावत बर ॥
उभै स्वामि षल और। छंडि मदमुष्ष भेष बर ॥
दिसि पच्छिम बलिभद्र। [1]जांम जद्दव अवरोही ॥
दई दुवाह दो बीर। रंभ रंभन मन मोही ॥
सुरपत्ति समासै नग डुलै। दुहूं दिसा जै उच्चरिय ॥
सामंत सूर रष्षे नृपति। पंग राय पारस फिरिय ॥ छं० ॥ १३२६ ॥
कोट पंग आरुहिय। नीम कित्तिय यह मंडिय ॥
थंभ सूर सामंत। अटल जुग ससि सिष छंडिय ॥
बर चिनेत अरु प्रेत। ताल तुंमर नारद पढ़ि ॥
देव रूप प्रथिराज। लच्छि संजोगि वाम गढ़ि ॥
कामना मुकति अप्पै तही। जो बीर रूप संचै धयौ ॥
सेवै जु सूर औ सूर मिलि। पार बरी तारन भयौ॥छं०॥१३२७॥

(१) मो.-भान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंग दल में घिरे हुए पृथ्वीराज की कमल-संपुट भौंरे की सी गति होना।

आर्या ॥ एकथ्योय संजोई । एकथ्थौ होइ समर नियोसौ ॥
अनि लेय यथा पदमं । अंदोलए राज रिदएवं ॥ छं० ॥ १३२८ ॥
दूहा ॥ मन अंदोलित चंद मुष । दिषि सामंत सरुष्य ॥
अंदोलित प्रथिराज हुअ । सिर कट्टिय सुष दुष्ष ॥ छं० ॥ १३२९ ॥

पृथ्वीराज के हृदय में यौवन और कुल लज्जा का झगड़ा होना।

वय सु लग्गि एकत करह । कक्कर लग्गिय लाज ॥
वय जुग्गिनि पुर चलि कहै । लाज कहै भिरि राज ॥छं०॥ १३३० ॥
चौपाई ॥ वै सुष सब्ब सँजोगि बतावै । राज मरन दिसि पंथ चलावै ॥
दोई चित्त चढी बर राजं । वै विलास मरनं कहि [1]लाजं ॥
छं० ॥ १३३१ ॥

वय भाव।

दूहा ॥ मिष्टानं बर पान भय । नव भामिनि रस कोक ॥
अमर राइ [2]इच्छति सबै । लाज सुष्ष पर लोक ॥ छं० ॥ १३३२ ॥

लज्जा भाव।

चौपाई॥मो तजि मति चोहान सुजाई । ज्यों जलबिंदु सब किित्ति समाई ॥
तौ तिय पन वय तज्जि दिषाई । तिन जिय जाहु ये लज्जन जाई॥
छं० ॥ १३३३ ॥

वय विलासिता भाव।

दूहा ॥ सुनत वचन लज्जिय वयह । उत्तर दीय न लज्ज ॥
वै विलास उत्तर दियौ । अज्जु लज्ज हम कज्ज ॥ छं० ॥ १३३४ ॥

पृथ्वीराज के हृदय में लज्जा का स्थान पाना।

वै मुष कौपि प्रमान से । मुक्किय जुगति जुगत्ति ॥

(१) ए. कृ. को.- काजं। (२) ए. कृ. को.-इच्छैति कै।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ए [1]हलका दंतीन के । धार उज्जल कंति ॥ छं० ॥ १३३५ ॥
बैतन कुरषि निरष्यौ । लाज सु आदर दीन ॥
कलि नारद नीरद कवि । प्रगट करहु हम कीन ॥ छं० ॥ १३३६ ॥

कवि का कहना कि पंग दल अति विषम है ।

कहत भट्ट दल विषम है। तुहि दल तुच्छ नरिंद ॥
परनि पुत्ति जैचंद की । करहि जाइ ग्रह नंद ॥ छं० ॥ १३३७ ॥

पृथ्वीराज का वचन कि कुछ परवाह नहीं मैं सब को बिदा करूंगा।

भुकित राज उत्तर दियौ ।-सो सथ सत्त सुभट्ट ॥
हूं चहुआन जु संभरी । भुज ठिल्लौ गज थट्ट ॥ छं० ॥ १३३८ ॥

कविचंद का पंग दल में जाकर कहना कि यह पृथ्वीराज नव दुलहिन के सहित हैं।

चल्यौ भट्ट संमुह तहां । जहं दल पंग अरेस ॥
जो इंछै नृप तुभ्झ मन । टट्टौ षेत नरेस ॥ छं० ॥ १३३९ ॥
परनि राइ ढिल्लिय सु मुष । रुष किन्नौ मन आस ॥
कहौ चंद न्रप पंग दल । जुड जुरै जम दास ॥ छं० ॥ १३४० ॥
चढिग सूर सामंत सह । न्रिप भ्रम्मह कुल लाज ॥
सुहर समुह दिष्षहि नयन । चिय जु बरिग प्रथिराज ॥ छं० ॥ १३४१ ॥
गयौ चंद न्रप बयन सुनि । जहं दल पंग नरिंद ॥
अरि आतुर अरिग्रहन कौ । मनों राहु अरु चंद ॥ छं० ॥ १३४२ ॥

अंतरिक्ष शब्द (नेपत्थ में) प्रश्न।

स्लोक ॥ कस्य भूपस्य सेनायां । कस्य बाजिच बाजनं ॥
कस्य राज रिपू अरितं । कस्य संन्नाह पष्षरं ॥ छं० १३४३ ॥

उत्तर ।

दूहा ॥ छलि आयौ चहुआन न्रप । भट्ट सथ्थ प्रथिराज ॥
तिहि पर गय हय पष्षरहि । तिहि पर बज्जत बाज ॥ छं० ॥ १३४४ ॥
गाथा ॥ सा याहि दिल्लि नाथो । सा यंतु जग्य विध्वंसनौ ॥
परनेवा पंगपुची । जुड मांगंत भूषनं ॥ छं० ॥ १३४५ ॥

(१) ए. कृ. को.-ए हेला देतीर के ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुआन पर पंग सेना का चारों ओर से आक्रमण करना।

दूहा ॥ सुनि श्रवननि चहुआन को। भयो निसानन घाव ॥
जनु भद्दव रवि अस्त मनि। चंपिय बद्दल बांव ॥ छं० ॥ १३४६ ॥

प्रकोपित पंगदल का विषम आतंक और सामंतों की सजनई।

भुजंगी ॥ भरं साजतें धोम धुम्मै सुनंतं। तहां कंपियं केलि तिय पुर कँपंतं ॥
तहां डमरु कर डहकियं गवरि कंतं। तिनं जानियं जोज जोगादि अंतं ॥
छं० ॥ १३४७ ॥

तबं कमक मिरु सेस सिर भार सहियं। तहां किम सु उच्चास रवि रथ्थ सहियं॥
तहां कमठ सुत कमल नहिं अंबु लहियं। तबैं संकि ब्रह्मान ब्रह्मंड गहियं॥
छं० ॥ १३४८ ॥

[1]उनं राम रावन्न कबि किन्न कहता। उनं सकति सुर महिष बल्ल धन्न लहिता
मनों कंस ससिपाल जुर जमन प्रभुता। तिनं भ्रम्मियं एम भय लच्छि सुरता ॥
छं० ॥ १३४९ ॥

भरं चढ्ढियं सूर आजान बाहं। तिनं तुट्टि बन सिंघ दीसंत लाहं ॥
तिनं गंग जल मोंन धर हलिय ओजैं। भरं पंगुरे राव राठौर भोजैं ॥
छं० ॥ १३५० ॥

तबै उप्परें फौज प्रथिराज राजं। मनों बांदरा लेन ते लंक गाजं ॥
तबं जग्गियं देव देवं उनिंदं। तिनं चंपियं पाय भारं फुनिंदं ॥
छं० ॥ १३५१ ॥

तबै चापियं भार पायाल दुंदं। घनं उड्डियं रेन आया समुंदं ॥
गिनै कौन अगनित्त रावत्त रत्ता। तिनं छच छिति भार दीसै नपत्ता॥
छं० ॥ १३५२ ॥

जु आरंभ चक्की रहै कौन संता। सु बाराह रूपी न कंधै धरंता ॥
जु सेनं सनाहं नवं रूप रंगा। [2]तिनं भिल्ल वैतेग तेचैंच गंगा ॥
छं० ॥ १३५३ ॥

तिनं टोप टंकार दीसै उतंगा। मनों बद्दलं थंति बंधी विहंगा ॥

(१) ए. कृ. को.-उचं। (२) ए. कृ. को.-तिनं झिल्ल चैंचे मते वैच गंगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिरह जंगीन बनि अंग लाई। मनो कट्ठ कंती सुगोरष बनाई ॥
छं० ॥ १३५४ ॥

तिनं हथ्थरं हथ्थ लग्गै सुहाई। तिनं धाइ गंजै न थक्कै थकाई ॥
तिनं राग जरजीव बनि बान अच्छै। भरं दिष्षियै जानु जोगिंद कच्छै॥
छं० ॥ १३५५ ॥

मनं सस्त्र छत्तीस करि लोह साजै। इसे सूर सामंत सौ राज राजै ॥
छं० ॥ १३५६ ॥

लज्जा भाव कि लज्जा के रहने से संसार में कीर्ति अमर होगी।

कुंडलिया ॥ बाद बत्तवै कढ्ढि न्रिप। बहु उपाइ तो साज ॥
मैं वपु लज्जै सौंपि कर। कै चल्लै प्रथिराज ॥
कै चल्लै प्रथिराज। कित्ति भग्गौं भगि जित्तौ ॥
मरन एक जम हथ्थ। दुरै भज्जिन जम वित्तौ ॥
तें अप्पन तिय राज। लाज इक राग सदेवति।
गति के प्रान तिन काज। राज हन्नहि सु बद्द ब्रत ॥छं०॥१३५७॥

मुरिल्ल ॥ जब लाज सबै बे कर रस बद्दे। तब लगि पंग बीर रस सद्दे ॥
दिसि दिसि दल धाए कविचंद। ज्यों गाज्यौ बर ससि पाल [1]गुविंद॥
छं० ॥ १३५८ ॥

पृथ्वीराज के मन का लज्जा का अनुयायी होना।

दूहा ॥ दुह [2]एनौ तनं चढ्ढियै। लज्ज प्रसंसत राइ ॥
सत्त सुसत्त प्रनंब चढ़ि। चढ़िय सु उत्तर राई ॥ छं० ॥ १३५९ ॥

पृथ्वीराज का वचन।

तूं लज्जौ तनं चढ्ढयौ। लज्ज प्रान संग [3]गथ्थ ॥
अब कित्ती वत्तीय लगि। [4]अब सन चूक न तथ्थ ॥छं०॥१३६०॥

(१) ए. कृ. को.-गुंव्यंदं। (२) ए. कृ. को.-एतौ। (३) मो.-सथ्थ।
(४) ए. कृ. को. अवसन सूकै न नथ्थं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंग सेना के रण वाद्यों का भीषण रव।

मुरिल्ल ॥ बाजि न्त्रपत्र विचित्र सु बाजिग। मेघ कला दल बद्दल साजिग॥
बंबरि चौर दिसान दिसानं। दस दिसि [1]रत्त घोर निसानं ॥
छं० ॥ १३६१ ॥

भुजंगी ॥ निसानं दिसानंति बाजे सुचंगा। दिसा दच्छिनं देस लीनौ उपंगा॥
तबल्लं तिदूरं भुजंगी म्रदंगा। मनौं न्त्रत्य नारद्द कट्टै प्रसंगा॥
छं० ॥ १३६२ ॥

बजै बंस विसतार बहु रंग रंगा। तिनं मोहियं सथ्थ लग्गे कुरंगा॥
बरं बीर गुंडीर संसे ससंगा। तिनं नच्चई ईस ते सीस गंगा॥
छं० ॥ १३६३ ॥

सुनै अच्छरी अच्छ मंजै सु अंगा। सिरं सिंधु सद्दनाद्द श्रवनै उतंगा॥
रसे सूर सामंत सुनि जंग रंगा। .... ⋮ ॥ छं० ॥ १३६४ ॥
नफेरो नवं रंग सारंग भेरी। मनौं न्त्रत्यनी इंद्र आरंभ केरी॥
सुनै सिंगि सावद्द नंगी न नेरी। मनौं झिंझ आवद्ध हथ्थैं करेरी॥
छं० ॥ १३६५ ॥
करी उच्छरी घाव घन घंट टेरी। चितं चिंति तन हीन बाढी कुबेरी॥
अन्यं ओपमा षंड नैने निभग्गी। मनो राम रावन्न हथ्थें विलग्गी॥
छं० ॥ १३६६ ॥

पंगराज की ओर से एक हजार संख धुनियों का शब्द करना।

दूहा ॥ सुनि बज्जन रज्जन चढ़िग। सहस संष धुनि चाइ॥
मनौं लंक विग्रह करन। चढ्यौ रघुप्पति राइ॥ छं० ॥ १३६७ ॥
राम दलह बंदर बिषम। रष्षस रावन वृंद॥
असी लष्ष सौं सो जुरिग। धनि प्रथिराज नरिंद ॥छं०॥१३६८॥

सेना के अग्रभाग में हाथियों की वीड़ बढ़ना।

दल संमुह दंतिय सघन। गनत न बनि अगनित्त॥

(१) ए. कृ को.-जोरत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनों[1] पव्वय बिधि चरन किय। सह दिष्षिय मय मत्त ॥छं०॥१३६९॥

मतवारे हाथियों की ओजमय शोभा वर्णन।

मद मंता दँत उज्जला। मय कपोल मकरंद॥
दुहुं दिसि भवर गुंजार करि। [2]छुटि अंदून गयंद॥ छं०॥ १३७०॥

भुजंगी॥ देषियहि मंत मैमत्त मंता। छच छहरंग चौरं दुरंता॥
छके जेह अंदून छुट्टै जुरंता। बाय वहु वेग भ्फटकंत दंता॥
छं०॥ १३७१॥

जिते सिंघली सिंघ सुंडी प्रहारे। तिते सौर संमूह धावै हकारे॥
उज्जर बान आवै [3]वकारे। अंकुसं कोस तेनं चिकारे॥
छं०॥ १३७२॥

मीठ मंगोल चिहु कोद बंके। इसे भूप बाजून बाजून हंके॥
दंति मनु मुत्ति जरये सुलष्षी। मनों बीज भ्फमकंत जलमेघ पष्षी॥
छं०॥ १३७३॥

घटें घेन घोरं न सोरं समानं। हलं हाल ए मंत लागे विमानं॥
बिरद बरदाइ आगे वृदंगा। स्वर्ग संगीत [4]करि रंभ संगा॥
छं०॥ १३७४॥

तेह तर जोर पट्टेब झिल्लैं। चंपियं पान ते मेर ढिल्लैं॥
रेसमी रेसना रीति भल्ली। सिरी सीस सिंदूर सोभा सु मिल्ली॥
छं०॥ १३७५॥

रेष वैरष्य पति पात वल्ली। मनहु बन राइ द्रुम डाल हल्ली॥
सीस सिंदूर गज जंप भ्फंपे। देषि सुरलोक सहदेव कंपे॥
छं० १३७६॥

इत्तनिय आस धरि मध्य रहियं। कहहि प्रथिराज गहियं सु गहियं॥
.... । .... छं०॥ १३७७॥

दूहा॥ गहि गहि कहि सेना सकल। हय गय बन उठि गब्ब॥
जनु पावस पुब्बहु अनिल। हलि गति बद्दल सब्ब॥छं०॥१३७८॥

(१) मो.-पव्वन। (२) ए. कृ. को.-छुट्टिय अंदन।
(३) ए. कृ. को.-हकारे। (४) ए. कृ. को. डरि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुसज्जित सेना संग्रह की रात्रि से उपमा वर्णन ॥

लघुनराज ॥ हयं गयं नरं भरं। [1]उनम्मियं जलद्धरं ॥
दिसा दिसानं बज्जये। समुद्द सद्द लज्जए ॥ छं० ॥ १३७९ ॥
रजोद मोद उष्षली। सव्योम पंक संकुली ॥
तटाक बाल रींगनीं। सु चक्कयो वियौगिनी ॥ छं० ॥ १३८० ॥
पयाल पाल पल्लए। द्रगंत मंत हल्लए ॥
प्रहति छबि छज्जए। सरोज मौज लज्जए ॥ छं० ॥ १३८१ ॥
अनंदिते निसाचरे। कु कंपि तुंड साचरे ॥
भगंत [2]गंग कूल ए। समुद्र स्हून फूल ए ॥ छं० ॥ १३८२ ॥
अषंड रेन मंडयौ। डरप्पि इंद्र छंडयौ ॥
कमट्ठ पिट्ठ निठ्ठुरं। प्रसाल भाल विष्थुरं ॥ छं० ॥ १३८३ ॥
छिपान हंस मग्ग ए। समाधि आधि जग्ग ए ॥
अपूर पूर बड्डए। जटाल काल लुड्ड ए ॥ छं० ॥ १३८४ ॥
नरिंद पंग पायसं। सु छबि मंगि आयसं ॥
गहन्न जोगिनी तुरे। सु अप्प अप्प विप्फुरे ॥ छं० ॥ १३८५ ॥

पंग सेना का अनी बद्ध होना और जैचन्द का मीर जमाम को पृथ्वीराज को पकड़ने की आज्ञा देना।

दूहा ॥ अप्पं अप्प दल विप्फुरे। दिल्ली गहन नरिंद ॥
* मीर जमांम हमांम कौ। दिय आयस जैचंद ॥ छं० ॥ १३८६ ॥
दिसि दिसि अग्गै सज्जि बर। चतुरंगिनि पँग राइ ॥
चक्की चक्क वियोगइन। अनँद कमोद कँदाइ ॥ छं० ॥ १३८७ ॥

जंगी हाथियों की तैयारी वर्णन।

भुजंगी॥चढी पंग फौजं चवं कोद लोकं। दिठी जानि कालं चली जोध होकं ॥
बंधे बैरषं रत्न [3]हल्लै प्रकारं। मनों [4]नौकरी नौत सोभै सहारं ॥
छं० ॥ १३८८ ॥

(१) ए. कृ. को.-उनव्वियं। (२) ए. कृ. को.-नंग। * यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।
(३) मो.-सोभै। (४) ए. कृ. को.-निक्करी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बजे तब्बलं सद्द बंदी निनारे। मनों भृत्त बीरंद हथ्थं सँवारे॥
सिरी पष्षरं लोह गज्जं बनाई। नगं रत्त मझ्झ झमकंत झाई॥
छं०॥ १३८९॥

सुती बैठियं लाल माला प्रकारं। मनों षेलही [1]पारसं कन्ह भारं॥
गजं सज्जयं हेम ओपं विराजे। तिनं अग्र सोहै सितं चौर साजे॥
छं०॥ १३९०॥

तिनं की उपम्मा कबी का विचारं। मनों हेम कूटं बहै गंग धारं॥
सिरी उज्जलं लोह है सीस राजं। तहां चौरं ठट्टं सु सीसं बिराजं॥
छं०॥ १३९१॥

तहां चंद कब्बी उपम्मा विचारी। मनों राह कूटं टटं भान मारी॥
सजी पंग सेनं रसं [2]लोह बीरं। तिनं मोकले गहन प्रथिराज मीरं॥
छं०॥ १३९२॥

रावण कोतवाल का सब सेना में पंगराज का हुक्म सुनाकर कहना कि पृथ्वीराज संयोगिता को हर लाया है।

दूहा॥ सजत सेन पहुपंग घन। आय स पत्ते तीर॥
बर रावन कुटवार तब। पुक्कारे बर बीर॥ छं०॥ १३९३॥

पद्धरी॥ धर पथ्थराइ बरनी सुबीर। विश्राम राइ मन मथ सरीर॥
रइबान सिंघ न्नप भेद दीन। चहुआन हरन संजोगि कीन॥
छं०॥ १३९४॥

दरबार जैत मिल्लाइ आइ। संजोगि हरन न्नप सथ्थ जाइ॥
घरि एक एक घरियार बज्जि। पुक्कार लग्गि मारूफ सज्जि॥
छं०॥ १३९५॥

जैचन्द का रावण और सुमंत से सलाह पूछना।

दूहा॥ परी भीर बर द्रिग्ग बर। द्रिष्ट संजोइय कंत॥
तब तराल रावन कहै। पंग राइ सोमंत॥ छं०॥ १३९६॥

(१) ए. कृ.-को.-पीर सं। (२) ए. कृ. को.-रोस।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुमंत का कहना कि बनसिंह और केहर कंठीर को आज्ञा दी जाय ।

कवित्त ॥ मोहि मत पुछै नरिंद । तौ चहुआन गहन गुन ॥
दल बल अरि अरि दट्टि । ठट्ट ठेलै दुज्जन दुव ॥
प्रथम राव बन सिंघ । राव बन बीर अग्गि करि ॥
[1]हेत सुमन जग्गौत । उनै पहुपंग पूरि परि ॥
केहरि कंठीर पठौ सु न्रप । इन समान छिचौ न छिति ॥
अड्डौ सु धरो बिब्भार घन । रावन रिन सिष ईय पति ॥
छं० ॥ १३९७ ॥

जैचन्द का कहना कि पृथ्वीराज मय सामंतों के जीता पकड़ा जावे ।

तब नरिंद रा पंग । सु मुष बोल्यौ रावन प्रति ॥
आज गिद्ध ननि जौग । हनै घन स्याम भूप प्रति ॥
अति अयान अनबुझ्झ । जग्गि आगम्म प्रगट्टिय ॥
अप्प अप्प जस हीन । दीन दुनिया दल छुट्टिय ॥
अवरन्न सेन लष्षा चढी । कढौ तेग बंधे दिवन ॥
बहु लाभ होइ जो षेम बिन । जु कछु काम कीजै सु चन ॥
छं० ॥ १३९८ ॥

बघघेलो बर सिंघ । राव केहरि कंठेरिय ॥
कालिंजर कोलिया । राय बंधिय बरजोरिय ॥
[2]रन रावन तलियार । बघघ कट्ठी मुष जंपौ ॥
रवि जैपाल नरिंद । काम कारन हूं अप्पौ ॥
बर गहन चंपि चहुआन कौ । [3]सत्त घत्त सामंत सह ॥
सम समय सथ्थ भारथ भिरहि । सहस दिये कमधज्ज दह ॥
छं० ॥ १३९९ ॥

(१) ए. कृ. को. हेत सुमत जग्गौज ।　　(२) ए. कृ. को.-नर ।
(३) मो.-सन्त ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रावण का कहना कि यह असंभव है। इस समय मोह करने से आपकी बात नहीं रह सकती।

तब रावन उच्चरै। न्रिपति इह मत्ति सु भुट्टौ॥
दोन होइ रापंग। सरित डंडी गुर मिट्टौ॥
इह जोगिनि पुर इंद। गंजि गोरी गज बंधन॥
इन सु सथ्थ सामंत। सूर अति रन मद मद्दन॥
इह गहन दहन इच्छै न्रपति। भर समूह मोंहन करै॥
नव अश्व बाज नव नव न्रपति। नव सु जोरि जग्गह धरै॥
छं०॥ १४००॥

रावण के कथनानुसार जैचन्द का मीर जमाम को भी पसर करने का हुकम देना।

दूहा॥ सहस मान सह छत्रपति। सह सम जुद्ध स जुद्ध॥
गहन मीर बंदन कहै। तिहि लग्गै लहु वद्ध॥ छं०॥ १४०१॥
मीर बंद बारुन बलिय। सक सामंत नरिंद॥
मंच घात सक सूरिमा। विष मुत्तरै फुनिंद॥ छं०॥ १४०२॥
अप्प अप्प दल विप्फुर्‌यौ। दिल्ली गहन नरिंद॥
मीर जमाम हमाम कों। दिय आयस जैचंद॥ छं०॥ १४०३॥
तुम बिन जग्य न न्रिब्बहै। तुम बिन राज न धाम॥
सुक कट्ठ कट्ठन समुद्द। जरि जरि अंब बुझान॥ छं०॥ १४०४॥

रावण का कहना कि आप स्वयं चढ़ाई कीजिए तब ठीक हो।

फिरि रावन न्रप सौं कह्यौ। तात पर्‌यौ तुह्मि काम॥
जब लगि अप्प न नांचियै। काम न होइ सु ताम॥ छं०॥१४०५॥

पंगराज का कहना कि चोरों को पकड़ने मैं क्यो जाऊं।

कवित्त॥ तब भुकि पंग नरिंद। ढीठ कुटवार हट्ट पर॥
बाट घाट तस करन। चास बसि करन प्रज्ज धर॥
रस अदभुत संग्राम। मह्नि रष्षत धरि छंडी॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न कछु मझ्झ माजनौ। बाद राजन सौं मंडी॥
अति ग्रब्ब जरब बर्ज्जं सिरह। नरनि नीर उत्तरि रह्यौ॥
जानहि न जुद्ध अविरुद्ध गति। किम सु बचन राजन कह्यौ॥
छं०॥ १४०६॥

दूहा॥ अरे ढीठ रावन्न सुनि। जितहि न डट्टो अप्प॥
जो अलभ्भ लोकनि कह्यौ। जिहि मरि मारिय अप्प॥
छं०॥ १४०७॥

पुनः रावण का प्रत्युत्तर की आपने अपनें हठ से सब काम किए।

कवित्त॥ फिरि रावन उच्चर्यौ। जग्य मंडि रुकुमत्ति किय॥
जैन जग्य आरंभ। प्रथम चहुआन बंध लिय॥
बहुत मत्त चुक्कए। अबहि तुम मंत सुमंत्ते॥
संदेसै व्यौहार। कहौ किन होतै भंत्ते॥
बंचहु बबंच मंचिय मरन। चाहुआन गहियन गहिय॥
संबरे जाय कन्या (१)रवन। जुगति जग्य पसरिय रहिय॥छं०॥१४०८

कुतवाल का बचन कि जिसका पालन करना हो उसे प्राण समान माने परंतु संग्राम में सबको कष्ट जाने।

स्लोक॥ अप्प प्रानं समानस्य। लालना पालनादपि॥
प्रापते तु युद्धकालस्य। शुष्ककाष्टं हुताशनं॥ १४०९॥
दूहा॥ कै प्रारंभन प्रिय भरन। मरन सु अग्गर राइ॥
जग्य विगारन जूह चढ़ि। लियें सु कन्या जाइ॥ छं०॥१४१०॥
मुष म्रजाद बुल्ल्यौ बयन। नयर कंध कुटवार॥
सु विधि मीर संग्राम भर। तुम रष्षहु हटवार॥ छं०॥१४११॥
हट्ट नाम कुटवार सुनि। परि सामंतन जंग॥
सवन निरष्षत पंग दल। पर पति दीप पतंग॥ छं०॥१४१२॥

(१) ए कृ को. बरन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुसल्मानी सेना नायक का सेना सहित हरावल में होकर आगे बढ़ना।

भुजंगी ॥ तबें पट्ठियं पंग रायं सु हीसं। मषै दोइ द्रुम्मीन हीनेन दीसं॥
किय नीच कंधं तुछं रोम सीसं। परी उप्परें फौज प्रथिराज ईसं॥
छं०॥१४१३॥

रसावला ॥ [1]कोल पल्लं लषी। मंस स्रबं भषी॥
रोम राहं नषी। बेयजे बिद्दुषी॥ छं०॥१४१४॥
बीर बाह्न पषी। सुम्मरे नां लषी॥
बिद्दि सा बहषी। टंक अट्टरषी॥ छं०॥१४१५॥
षंचि बिब्भारषी। लोह नारंजषी॥
कोल चाहै [2]चषी। बाज बाहै लषी॥ छं०॥१४१६॥
दुम्म साहै मुषी। बोल तें ना लषी॥
पारसी पारषी। बान वाहं पषी॥ छं०॥१४१७॥
प्रान तिन्नं तषी। पंग पारट्ठषी॥
स्वांमिता चित्तषी। ढिल्लि ढाहंझषी॥ छं०॥१४१८॥
बीच रत्तं सुषी। सट्ठि हज्जारषी॥
पवंगे पारषी। .... छं०॥१४१९॥

पंगदल को आते देख कर पृथ्वीराज का फिर कर खड़ा होना।

भुजंगी। हयं सेन पय सेन अग्गै सुंडारै। न्रिपत्ती नछची न लब्भै नपारै॥
तिनं सूर सामंत मध्यं हजारे। मनों विटियं कोट मंझे मुनारे॥
छं०॥१४२०॥
तबै मोरियं राज प्रथिराज बग्गं। बरं उट्ठियं रोस आयास लग्गं॥
मनों पथ्थ पारथ्थ हरि होम जग्गं। मनों षोलियं षग्ग षंडून लग्गं॥
छं०॥१४२१॥
बरं उट्ठियं सूर सामंत तज्जै। तबें षोलियं षग्ग साहथ्थ रज्जै॥
सुरं बाजनै पंग रा वीर वज्जै। मनों आगमं मेघ आषाढ़ गज्जै॥
छं०॥१४२२॥

(१) ए. कृ. को.-"कोल पल अभष्षी." (२) ए.-षषी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

. Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज की ओर से बाघ राज बघेले का तलवार खींच कर साम्हने होना ।

कवित्त ॥ बग्घराव बग्घेल । हेल मुग्गल निहल्ल किय ॥
मेघ [1]सिघ विज्जुलिय । जांनि झंमूर झलक्किय ॥
वे गयंद बारुन बहंत । बारत्तन बारिय ॥
मीर पुट्ठि आरुट्ठि । सेन गहि गहि अप्फारिय ॥
आवृत्त बत्त सामंत रन । जमर मेछ संमुह मिलिय ॥
अष्टमी चष्प इक्कह सु ग्रह । प्रथम रोस दुअ दल मिलिय॥छं०१४२३॥

सौ सामंत और असंख्य पंग दल में संग्राम शुरू होना ।

दूहा ॥ जोध जोध आयरु मिले । एक इक्क सौं लष्ष ॥
नारद तुंबर सिव सकति । सौ सामंतां पष्ष ॥ छं० ॥ १४२४ ॥

पुनः रावण का वचन कि पृथ्वीराज को पकड़ने में सब सेना का नाश होगा ।

कवित्त ॥ फिरि रावन उच्चरिय । सुनौ कमधज्ज [1]इला बर ॥
अरि बंधन इंछियै । सु तन बंछियै मरन भर ॥
प्रथम मूल दिज्जियै । व्याज आवै धुर जन्नी ॥
इन कज्जैं इल भार । देव [2]करयौ छिति लिन्नी ॥
छिति ग्रीषम बुठ पावसह । बैंन पहु जु पंगह सुनिय ॥
[3]कायर सु भीर भंजै न भर । भर भंजै संभरि धनिय॥छं०॥१४२५॥

केहर कंठेर का कहना कि रावण का कथन यथार्थ है ।

केहरि बर कंठेर । पंग सम्हौ उच्चारिय ॥
मत्त सु मत उच्चरिय । बीर रावन अधिकारिय ॥
जंच जोर जो बजै । सार तंची मिलि जंची ॥
जंचि जोर जो [4]चलै । सार बंधी अनु तंची ॥

(१) मो.-इलावर । (२) मो.-लरयौ
(३) ए. कृ. को.-कायरन भीर भंजै सुभर । (४) मो.-वजै ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भंजौ जु बीर चहुआन दल । दइ दुबाह सम्हौ भिरै ॥
भारथ्थ बीर मंडन सहै । अरी जीत कायर मुरै ॥ छं० ॥ १४२६ ॥

पंग का उत्तर देना कि सेवक का धर्म स्वामी की आज्ञापालन करना है।

सुनि केहरि बर बेंन । कौंन उच्चरै जुद्ध यथ ॥
धर संग्रह गो ग्रहन । सामि संकट जु बीर तथ ॥
साम दान अरु भेद । सोइ चुक्कै बर साई ॥
नरक निवास प्रमान । सुख्खित कित्ती निधि पाई ॥
जंकरै मंत्त उत्तरि परै । सामि अग्गि मंगै सुभर ॥
यौं हँसन केलि घर घर करै । इकत पच्छ बढ्ढै सुभर ॥
छं० ॥ १४२७ ॥

पंग को प्रणाम करके केहर कंठेर और रावण का बढ़ना।

दूहा ॥ केहरि कन्ह सु गत्तमी । करि जुहार न्रप भार ॥
हस्ति काल जम जाल लै । चलि अग्गैं कुटवार ॥ छं० ॥ १४२८ ॥

उनके पीछे जैचन्द का चलना।

कवित्त ॥ केहरि बर कंठीर । कन्ह कमधज्ज सु रावन ॥
हस्ति काल जम जाल । [1]अग्गि नग चासति धावन ॥
ता पच्छै कमधज्ज । सेन चतुरंगी चल्लिय ॥
हसम हयग्गय सुभर । भूमि चावद्दिसि हल्लिय ॥
कंद्रप्प केत पहुपंग सँग । बजि निसान अप्पन चढ़िय ॥
घन अँगम्यौ सेन चहुआन बर । पवन सेन टिड्डी बढ़िय ॥
छं० ॥ १४२९ ॥

जैचन्द के सहायक राजा रावतों के नाम।

भुजंगी ॥ तिकें चढ्ढियं पंग अज्जान बाहं । बचं उच्चरें सेनं चौहान साहं ॥
सुतं चढ्ढियं [2]सेर कंद्रप्प केतं । मनों बंधियं काम वे बीर नेतं ॥
छं० ॥ १४३० ॥

(१) ए. कृ. को.-अगिन, अगिनिग। (२) ए. कृ. को. वीर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चढै प्रब्बतं बीर बीरं प्रमानं । कहै पंग अप्पै बंधे चाहुआनं ॥
चढे चंचलं चंपि चंदेर राई । जिनैं पुब्ब बैरं रनथंभ पाई ॥
छं० ॥ १४३१ ॥

चढ़े किल्हनं कन्ह क्रनाट राजी । उठौ बंक मुंछं ससी बीय लाजी॥
चढ्यौ दच्छ भानं सुभानं प्रमानं । चढे कन्ह चंदेल भौधू समानं ॥
छं० ॥ १४३२ ॥

चढ्यौ बग्गरी बीर तत्तौ [१]तुरीसं । लरैं सामि कामं असम्मानं सीसं॥
चढ्यौ इंद्र राजं असप्पति बीरं । महा तेज जाजुल्य बीरं सरीरं ॥
छं० ॥ १४३३ ॥

चढ्यौ मालवी बीर वर सिंह तद्दं । भजै तेज जाजुल्य देष्यौ [२]फुनिंदं॥
चढ्यो पंच पंचाइनं बीर मोरी । चढै बारु रंजैत पावंग जोरी ॥
चढ्यौ दाहिमौ देव देवत्त गत्ती । चढ़े मीर वीरं षुरासान तत्ती ॥
छं० ॥ १४३४ ॥

असी लष्य सेना चिह्नं मग्ग धाई । मनौं भूमि बाराह कंधै उठाई॥
कमट्ठंति पिट्ठंति ठौसौ समालं । कंपौ सेन मुक्कै कुवे हथ्य [३]झालं॥
छं० ॥ १४३५ ॥

पंग की चढ़ाई का आतंक वर्णन ।

कवित्त ॥ [४]वजत धरब्बर सीस । धार धरनीय सेस कहि ।
कुंडलेस कुंडलिय । कहय पन्न गति अरुल रहि ॥
[५]अहि अहि कहि अहि नाम । संकभौ सीस सेस वर ॥
गहिन परै तिहि नाग । चित्त विभ्रम चिचक पर ॥
कंपेस नाम कंपत भयौ । बहुत नाम तहिन लहिय ॥
जिन जिन उपाय रष्षिय इला । [६]पंग पयानह तिहि कहिय ॥
छं० ॥ १४३६ ॥

दूहा ॥ फन फन पर मुक्कत जु इल । तत्त बसत दझि हथ्थ ॥

(१) ए. कृ. को.-तिरीसं ।　(२) ए. कृ. को.-दुनिंदं ।
(३) ए. कृ. को.-जालं ।　(४) ए. कृ. को.-जवत ।
(५) ए. कृ. को.-अहि अहि अहि कहि नाम । (६) ए. कृ. को.-पंग पयानन होत वहि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अट्ठ कंपि दो अट्ठ डरि। रवि सुझ्झै नह पथ्थ ॥छं०॥१४३७॥

क्षत्री धर्म की प्रभुता।

कवित्त ॥ मिलि गरूर सामंत। विपथ अरु सुपथ उचारं ॥
विपथ जु बंध्यौ मोह। सुपथ पति रषि पति वारं ॥
रहैं विपथ रजपूत। मझ्झि अनि रपि चित भारथ ॥
इह सु पथ्थ रजतीय। सामि प्रेमह होइ सारथ ॥
सह कित्ति कलं कल कथ्थयौ। काल सु पंग कलंतरै ॥
कस ध्रम्म ध्रम्म छत्री तनौ। मवन मत्त [1]चुक्कहि नरै ॥छं०॥१४३८॥

दूहा ॥ निसि भै भै काइर भजिग। [2]तमस भज्ज गनि सूर ॥
भय भयान रन उदित बर। अद्ध निसा अध पूर ॥ छं० ॥ १४३९ ॥

प्रफुल्ल मन वीरों के मुखारबिंद की शोभा वर्णन।

भुजंगी ॥ परी अद्ध निस्सा जमं छिद्र कारी। ठठुक्के सुरं देखि बरसे न पारी॥
फिरी पंति चावद्दिसं पंग सूरं। महा तेज जाजुल्य दिट्ठी करूरं ॥
छं० ॥ १४४० ॥

सपत्तेज सूरं तहां युद्ध तूरं। दिषे सूर प्रतिबिंब तो सुझ्झ नूरं ॥
महा तेज सूरं समुद्दं जु प्रीतं। बड़े कव्वि रावन्न उप्पम दीतं ॥
छं० ॥ १४४१ ॥

करे सिद्धि जेमन सकारंन नाई। थपे सिद्धि मानं वियं सिद्धि पाई॥
[3]सतं पचयं मुद्दि फुल्लै कमोदं। मनौ बालवै संधि दो संधि ऊदं॥
छं० ॥ १४४२ ॥

तरें को तरं उड्डि पंखं प्रमानं। वसे भौर भ्झोरं सतं पच थानं ॥
[4]मिलं दंपती भौर जोगं सरंगी। ललं बेस सीसी जु मुकरंद पंगी ॥
छं० ॥ १४४३ ॥

चले लोइ जानं मनं मध्य बीरं। सजै कुट्टि लै रथ्थ भुअनं सरीरं॥
डगे उड्डि गेंनं इकं दुत्ति मानं। रगं रत्त सुझ्झै अँभै आसमानं॥
छं० ॥ १४४४ ॥

(१) ए. कृ. को.-चक्कहि। (२) ए. कृ. को—तम सभजग्गनि सूर।
(३) ए. कृ. को. संत पत्र जा (४) मो.-मिले दंपती भौंरे ज्यौं गंस रंत्ती।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज को पकड़ने के लिये पांच लाख सेना के साथ रूमीखां और बहराम खां दो यवन योद्धाओं का बीड़ा उठाना ॥

दूहा ॥ षां मारुफ नव रत्ति षां । रुषमीं षां बहराम ॥
पान मंडि लीनौ सुकर । सामि सपत्ते काम ॥ छं० ॥ १४४५ ॥
पंच लष्ष तिन सथ्थ किय । अनी बंधि न्रप राज ॥
गुन गोरी नन जानई । सामि ध्रम्म सौं काज ॥ छं० ॥ १४४६ ॥

मोतीदाम ॥ बजे बर चंग निसाननि नद्द । सिरं सहनाय नफेरिन सद्द ॥
बजंत निसान सुरंभ रिझंत । सुने सद ईस [1]पलक्क षुलंत ॥
छं० ॥ १४४७ ॥
बजै घट घुघघर घोरनि भार । कै इंद्र अरंभ करै बिबिचार ॥
बजै रंग जोज जलज्ज जल घंट । हरै ग्रब संभरि नारद कंठ ॥
छं० ॥ १४४८ ॥
बजै सद बंस महिष्षत सिंघ । मनों कम नंकन आरंभ रंग ॥
तवल्ल टँकार निसानन हल्ल । किधौं गज मेघ अषाढ़ सु कल्ल ॥
छं० ॥ १४४९ ॥

आगे रावण तिस पीछे जैचन्द का अग्रसर होना और इस आतंक से सब को भाषित होना कि चौहान अवश्य पकड़ा जायगा ॥

दूहा ॥ रावन न्रप बहत सुबर । षिजि बंधव बर बीर ॥
आदि बैर चहुआन सौं । चढ़ि फवज्ज भर भीर ॥ छं० ॥ १४५० ॥
फटिय फौज पहुपंग बर । मत मंचौ न्रिप चिंति ॥
अप्प चढ़न बहन अरी । नीर फौज छबि किंत्ति ॥ छं० ॥ १४५१ ॥

कवित्त ॥ करि रावन न्रप अग्ग । पंग चढ्ढे बर नागर ॥
[2]धरनि धाय सननंति । रंग दुस्सह जुग सागर ॥

(१) मो.-सु पल्ल सजंत । (२) मो.-धरति ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुगति दान अप्पनह। जंम जीवन उध्धप्पन ॥
फल कित्ती भोगवन। क्रंम भंजन अघ कप्पन ॥
जाजुल्य देव दैवान भर। दिषि नरिंद तोमर तरसि ॥
डगमगे भग्गि द्रगपाल बर। बीर भुगति तुंमर परसि ॥
छं० ॥ १४५२ ॥

दूहा ॥ तरसि तुंग बद्दलति दल। षल भल बिजय निसान ॥
बाल वृद्ध इभ उच्चरै। गहै पंग चहुआन ॥ छं० ॥ १४५३ ॥

हरावल के हाथियों की प्रभूति।

बर सोहै बद्दलति दल। बर उतंग गज रत्त ॥
काज न सज्जल रष्षई। कीन गंग उर गत्त ॥ १४५४ ॥
हलि गज दंतिन सघन घन। गति को कहै गनित्त ॥
मनों प्रब्बत बिधि चरन कै। फौज अगैं मैंमत्त ॥ छं० ॥ १४५५ ॥

पंग दल को बढ़ता देख कर संयोगिता सहित पृथ्वीराज का सन्नद्ध होना और चारों ओर पकड़ा पकड़ो का शोर मचना।

पद्धरी ॥ पूरन्न राव चालुक्क बंभ। हम्मीर राव पामार थंभ ॥
गोयंद राव बघेल सूर। अंगमी सेन घन ज्यों लँगूर ॥
छं० ॥ १४५६ ॥

पहुपंग गोपि प्रकिकास राज। दिष्षै कमंध दल करिय साज ॥
बाजिच ताम बज्जे गुहीर। हय गय सु ताम सज्जेति बीर ॥
छं० ॥ १४५७ ॥

न्रिप नाइ सीस मिलि राज सब्ब। दिष्षेव पंग गुर तेज ग्रब्ब ॥
दल सजे साजि सब देषि पंग। उच्चर्यौ गरुअ चहुआन जंग ॥
छं० ॥ १४५८ ॥

सिर धारि बोलि [1]जसराज सामि। बंधें अवन्नि गुरु तेज ताम ॥
सजि सेन गरट चलि मंद गत्ति। निज स्वामि काम [2]गुभझे गुरत्ति ॥
छं० ॥ १५५९ ॥

(१) मो.-सज। (२) मो. गुंजे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आवंत सेन प्रथिराज जानि। उट्ठे व सूर सामंत तानि॥
सामंत सूर सजि चढ़े जाम। हय मंगि चढ़न चहुआन ताम॥
छं०॥ १४६०॥

संजोगि पुट्ठि (१) आरोहि बंधि। अट्टौ सु राज सन्नाह संधि॥
छं०॥ १४६१॥

दूहा॥ गहि गहि गहि मुष बेंन कहि। भग्गि न पावै जान॥
स्रवन सवद न संचरिय। मनों गुंग करि सान॥ छं०॥ १४६२॥

लोहाना आजान बाहु का मुकाबला करना और वीरता के साथ मारा जाना।

कवित्त॥ दल समंद पहुपंग। गज्जि लग्गौ चावद्दिसि॥
लोहानौ बर बीर। पारि मंडी अड्डिय असि॥
लोह लहरि ढिल्लई। फिरिव बज्जे दल घग्गह॥
हं हं हं आरुहिय। गजति गज्जन नर लग्गह॥
पारथ्थ बीर बर बार हर। बड्ढ कूर कट्ठी विहर॥
रघुबीर तरंग तुरंग जल। कमल जानि नंचैत सिर॥छं०॥१४६३॥
मित्त रथ्थ रजि व्योम। मद्दि अट्टई असुर गुर॥
रसह रौद्र विथ्थुर्यौ। षिति षिजि लग्गे अमर पुर॥
संकर भरि लगि लोह। धूरि धुंधरि तिनि सा छबि॥
हाजुर मीर हमाम। मीर गिरदान सामि नमि॥
चवद्दिट्ठ उट्ठि राजन सबद। पारसि गहन गहन्न किय॥
है छांड मंडि असिबर दुकर। जंपत आतुर जीह लिय॥
छं०॥ १४६४॥

लोहाना के मरने पर गोयंदराय गहलौत का अग्रसर होना और कई एक मीर वीरों को मार कर उसका भी काम आना।

भुजंगी॥ तबै हक्कि गहिलौत गोयंद राजं। हयं छंडि हरि जेम करि चक्र साजं॥

(१) ए. आरांध।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगे 'सुद्ध धारं सु बाहं सु झारं। मनौं क्रक्कसं तार तुट्टै करारं ॥
छं० ॥ १४६५ ॥

वहै षग्ग झट्टं स क्रन्नति सट्टं। बिसीसं बिघट्टं मनौं नाचनट्टं ॥
तुटै पग्ग उड्डंत व्योमं विहारं। मनौं संझ संक्रंति हव्वाइ झारं ॥
छं० ॥ १४६६ ॥

हहक्कार हक्कार हक्कै सुमीरं। षवं राहि बीरं बजे जुद्ध धीरं ॥
समुष्षं हमामं सु मीरं मिलंदे। मनौं राह ग्राहं कुटं बेस इंदे ॥
छं० ॥ १४६७ ॥

हए तोमरं हीय फेरे फरक्के। मनो नट्ट बेसं सु भूमं तरक्के ॥
तवै चंपि गिरियं सु गोयंद राजं। हये संगिनी छुट्टि सीसं सु गाजं ॥
छं० ॥ १४६८ ॥

फटे तोमरं पुट्ठि उट्टंति रंगे। धमक्के धरा नाग नागं सिरंगे।
चवै दीन दीनं गिरंदी गुमानं। कियं आय पाहार नाविक्क बानं ॥
छं० ॥ १४६९ ॥

चँपै चंप बर बेग गोयंद राजं। मृगी जेम मृगराज धपि पंषि बाजं ॥
हए ताम नेजानि छूटंति धायं। कियं कंत प्राहार गोयंद रायं ॥
छं० ॥ १४७० ॥

हए षग्ग सीसं परे रंभ थंभं। मनौं कोपिनं षत्ति घेटंति ईभं ॥
बियं लग्गि बथ्थं बलं बाहु बाहं। जमं दड्ढ चंपे डरं मेछ गाहं ॥
छं० ॥ १४७१ ॥

उठे हक्कि करि झारि कोपेज डालं। हए च्यार मीरं दुबाहंड ढालं ॥
उरं लग्गि जंबूर आरास षानं। पऱ्यो राव गोयंद दिल्ली भुजानं ॥
छं० ॥ १४७२ ॥

गोयंदराय की वीरता और उसके मरने पर पज्जूनराय का हथियार करना।

दूहा ॥ पहर एक असिवर सुभर। आरिसि बुट्ठौ सार ॥
गिनै कौन गोयंद सिर। जे षग तुट्टिय धार ॥ छं० १४७३ ॥

(१) ए. कृ. को.-जुद्ध।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्त ॥ तब गरज्यौ गहिलौत। पत्ति पाहार धार चढ़ि ॥
बड़वा नल असि तेज। पंग पारस संमुह चढ़ि ॥
अरि अबुझ्झ सिष्षवै। मस्त बज्री तन झिल्लै ॥
अंकै मरन समूह। सस्त्र बर [1]सस्त्रन छिल्लै ॥
आवत्त घाय तन झंझरिय। मन अच्छरि तिन तन बरिय ॥
गोयंदराय आहुट्ठ पति। सुगति मग्ग षुल्लिय दरिय ॥
छं० ॥ १४७४ ॥

परत धरनि गहिलौत। सेन नच्चिय असुरायन ॥
चितिय जांम अह सुक्क। रस्स मत्तौ रुद्रायन ॥
गयत प्रान गोयंद। मीर इति मित्ति सुपिल्लिय ॥
घिझ्झे राज पज्जून। सुधर कम्मार सु ढिल्लिय ॥
छहकारि सीस साजे गयन। किहय कंध असि झारि कर ॥
धर पर्‍यौ दंत शत मित्त परि। उद्यौ हक्कि हरि जेम अरि ॥
छं० ॥ १४७५ ॥

पज्जूनराय पर पांच सौ मीरों का पैदल होकर धावा करना और इधर से पांच सौ सामंतों का उसकी मदद करना॥

इत मित्तह उपारह। [2]मीर सौ पंच छंडि हय ॥
है है हैं जंपै जुवान। उथ्थान थान भय ॥
तिन रोहिग पज्जून। राय केहरि करि जुथ्थह ॥
देषि सिंघ पामार। पीप परिहार सु पथ्थह ॥
चंदेल भूप भोंहा सुभर। दाहिम्मौ नरसिंघ बर ॥
कचरा राइ चालुक्क पहु। मिल्लिय पंच उप्पर समर ॥
छं० ॥ १४७६ ॥

नरसिंहराय का वीरता के साथ मारा जाना।

मोतीदाम॥मिलि हक्किय हक्क सु भीर गंभीर। गुमान दुमान सु चंपिय पीर॥
महाभर सूरसामंत सु धीर। सु न्रिम्मल नेम रजे रज नीर ॥
छं० ॥ १४७७ ॥

(१) ए. कृ. कां.-सत्रुन। (२) ए. कृ. को. मीर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हबक्कि सु धक्कि अनो अनि अंग। लगे जम दड्ढ सु सेलह संग॥
छुरिक्कइ घाइ सु तुट्टहि सीस। षिलंत कमंध उठै भर रीस॥
छं० ॥ १४७८॥

चलै घर पूर रुहीर प्रवाह। सबै मिलि घुंटि सकैति सु राह॥
न्त्रिपति करूर [1]निझारत पन्न। मनों नटिनी मुष ऊक अगन्नि॥
छं० १४७९॥

मिले इत मित्त पजून सु याइ। हयौ हिय नेज कुरंमह राइ॥
चले सम नेज हयौ असि झार। पर्‍यौ इत मित्त मनों तरतार॥
छं० १४८०॥

पर्‍यौ धर राइ पजून समुच्छि। हयौ असि सेर न सीसं उच्छि॥
चंप्यौ नरसिंघ मनों करि सिंघ। महातन मंडिग सेन कुलिंग॥
छं० १४८१॥

लग्यौ दल सिंघ करष्षि सु तीर। चंपे चत्र सिंघ सु भग्गिय मीर॥
पर्‍यौ नरसिंघ नरव्वर सूर। तुटे सिर आवध जाम करूर॥
छं० १४८२॥

नरसिंह राय की वीरता और उसका मोक्ष पद पाना।

कवित्त। दाहिम्मै नर सिंघ। रिंघ रष्यौ रावत पन॥
सिर तुट्टै कर कट्टि। चट्टि धायौ धर हर घन॥
मार मार उचरंत। राव बज्जे धारा हर॥
देव स्तुति करि चार। रंभ झग्गरी कहिरु बर॥
संकरह सीस लीन्यो जु कर। दई दरिद्री ज्यौं गहिय॥
कविचंद निरषि सुभ्भै सिरह। जुगति उगति कवियन कहिय॥
छं० ॥ १४८३॥

मुसलमान सेना का जोर पकड़ना और पज्जूनराय का तीसरे प्रहर पर्यंत लड़ना।

पंग हुकम परमान। अग्र चौकी षुरसानिय॥
प्रथम जुद्ध किय [2]मीर। हारि किनही नह मानिय॥

(१) ए. कृ. को. झारत। (२) ए. कृ. को.-मार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परे मीर पथ्थार । धार असिवर सिर झारं ॥
सामंतनि लंगरिय । घाइ उट्ठी ग्रह सारं ॥
सम सथ्थ बाघ बघ्घेल न्त्रिप । जंग जोट कोटह अकल ॥
टारै न मुष्ष सांईय छल । लोह लहरि बाजंत झल ॥
छं० ॥ १४८४ ॥

मुसलमान सेना के क्षित विक्षित होने पर उधर से बाघराज बघेले का वसर करना और इधर से चंदपुंडीर का मौका रोकना ।

परत राइ पज्जून । वित्तचय जाम सु बासुर ॥
विषम रुद्द बिध्थर्यौ । भार लग्गै भर सुब्भर ॥
बघ्घराव बघ्घेल । मार कामोद सेन सम ॥
मिलि चंपिय चहुआन । सूर सुझ्झै न अगम गम ॥
षह धूरि उड्डि धुंधरि धरनि । किलक हक्क बज्जिय विषम ॥
पुंडीर राइ राजह तनौ । समर बार सज्यौ असम ॥ छं० ॥ १४८५ ॥
बीर मंच उच्चार । धार धाराहर बज्जिय ॥
तिमर तेग निब्बरिय । गुडिल गयनं लफि गज्जिय ॥
उड़पति कमल अलोइ । तेज मंजिय तारा अरि ॥
[1]अनौ भोर अर अकल । सयर लोग उप्पर परि ॥
धर धार धार धुक्किय धरनि । करिय अरिय किननंत धर ॥
पुंडीर राइ चंदह सुचित । [2]अरिन नट्ट नच्चै सु नर ॥ छं० ॥ १४८६ ॥

मीर कमोद और पुंडीर का युद्ध और पुंडीर का माराजाना ।

बीर मौर कामोद । आय जब पुंडिर उप्पर ॥
बिहथ नेज उभ्भारि । बाहि निझ्झाहि चंद उर ॥
सेलं सैल संमुहिय । हड्ड भंजिय हिय चंपिय ॥
सुधर ढार निझ्झार । बाहि असुराइन कंपिय ॥
पुंडीर राइ आसर सयन । मृत जिम नंचिय समर ॥
दलभंति पंग पुंडीर परि । जय जय सुर सद्दे अमर ॥ छं० ॥ १४८७ ॥

(१) ए. कृ. को. अनी मोरं अरि कमल ।　　(२) ए. कृ. को.-अरिय ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चंद पुंडीर की वीरता।

दूहा ॥ परत राइ पुंडीर धर। तरनि सरन गय सिंधु ॥
गनै जु को पुंडीर सिर। जे धर तुट्टि अनिंधु ॥ छं० ॥ १४८८ ॥

चंदपुंडीर के मरने पर कूरंभराय का धावा करना और बाघराज और कूरंभराय दोनों का मारा जाना।

कवित्त ॥ परत राइ पुंडीर। गहिव कूरम षग धायौ ॥
बाघ राइ बघ्घेल। उहित [1]असिवर करि साह्यौ ॥
त्रिभै त्रिम्मै त्रिम्मरिग। तेग झारिय टट्टर पर ॥
मनहु बेद दुजहीन। पिट्टि झल्लरि अग्गै हर ॥
गल बांह लगि गट्ठौ पिसुन। मीत भेट महा बिच्छुरिय ॥
उर चंपि दोइ कट्टारि कर। मुगति मग्ग लभ्भी घरिय॥ छं०॥ १४८९॥

कूरंभ के मरने पर उसके भाई पल्हनराय का मोरचे पर आना॥

कूरंभह उप्परह। [2]बंधु पाल्हनह आयौ ॥
सिंघ छुट्टि संकलकि। देषि कुंजर घट धायौ ॥
कुंतन तरनि सु मंजि। दट्ठ जम दड्ढ विकस्से ॥
भाला षग्गन छुट्टि। पंग सेना परिनस्से ॥
गजबाज जुद्ध घन नर परिग। पहु कारन दिय प्रान जुअ ॥
सुरनरह नाग अस्तुति करैं। बलि बलि बीर भुअंग भुअ ॥
छं० ॥ १४९० ॥

पाल्हन की वीरता और दोपहर के समय उसका खेत रहना॥

मध्य टरत विप्पहर। सार बज्यौ प्रहार झर ॥
मेघ पंग उन्नयौ। मार मंडीय अपार सर ॥
भय कूरंभ टट्टीव। छार भीजै तहां दिज्जै ॥
बर ओडन प्रथिराज। बीर बीरां रस लिज्जै ॥
तन तमकि तमकि असि बर कढ्यौ। असि प्रहार धारह चढ्यौ ॥
पज्जून बंध अरु पुच बर। करन जेम हथ्थह बढ्यौ ॥ छं०॥१४९१॥

(१) ए. कृ. को-असिमर। । (२) मो.-पाल्हनराय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यावत् अगाध गुणों की सार-स्वरूप मेरी जिव्हा पर बसनेवाली भवानी मैं तुझे बार बार प्रणाम करता हूं; क्योंकि तेरी भक्ति के बिना कोई काव्यशक्ति कदापि पाही नहीं सकता। अस्तु मैं एक मात्र तेरे ही चरण-कमलों का आश्रय करके आशा करता हूं कि इस समय विद्यावाद में विजयी होऊं। इस पर सरस्वती ने अंतरिक्ष में उत्तर दिया कि हे पुत्र! तू किसी बात की चिन्ता न कर। तेरे सर पर सदैव मेरा हाथ रहता है। जहां तू है वहां मैं हूं, जहां तू नहीं वहां मैं नहीं अथवा जहां मैं हूं तहां तू है और जहां पर मैं नहीं वहां तू भी नहीं। तू अभय हो, मैं तेरी सहायता करूंगी अत: जो कुछ तू कहेगा वही होगा। जो जो गुण तू चाहेगा वे मैं तुझे दूंगी। तू मेरा प्रतिनिधि एवं यंत्र स्वरूप होकर कार्य्य कर।

केदार कवि बोला हे! कविचन्द अब तक तुमने पाखण्ड से काम लिया है। इस प्रकार के दृष्टबंध प्रयोगों से इष्टसाधना का परिचय नहीं पाया जाता। अच्छा अब जो मैं कहता हूं उसका उत्तर दो। यदि एक पाषाण की पूतरी आपही आप भगवती के सम्मुख खड़ी होकर स्तुति करे तो समझूं कि आप पक्के बर्दाई हैं। इस पर कविचन्द ने कहा। हां जिसको आप पाखंड कहते हैं वह आप भी कर दिखाइए। मैं एक अंगूठी फेंक देता हूं उसे आप मँगा दीजिए। इसके बाद केदार कवि ने एक वय: सन्धि नायिका पर और एक बाल चन्द्रमा पर दो कवित्त और पढ़े और कहा देखिए पावस की बहार दिखलाता हूं। केदार कवि के इतना कहते ही ज़ोर से पवन चल उठी और बद्दल गड़ गड़ाने लगा, देखते ही देखते अन्धाधुंध कारी कारी घटाएँ उठ आईं, बिजली चमकने लगी और रिम-झिम मेह भी बरसने लगा। उसी समय सहसा एक उद्यान प्रगट हो गया जो कि नाना प्रकार के तरु-लता पल्लव और पुष्पों से परिपूर्ण था और जहां तहां मोर शोर करते और झिल्ली झनकारती थीं। यह देख कर सब चकितचित्त हो रहे परन्तु कवि-चन्द ने जो चुटकी चलाई कि पावस की ऋतु की समस्त सामग्री जहां की तहां समाप्त हो गई और वसन्त का समा बँध गया। बद्दल छिन्न भिन्न होकर प्रकृति निर्मल हो गई। जहाँ तहाँ आम के बौर और पतझाड़ पलासों पर लाल लाल पुष्पों के लहलहे झौंर देख पड़ने लगे। झिल्ली के स्थान में थान थान पर भौंरों की गुंजार होने लगी और मोरों के घोर शोर कोयल के बोलों में बदल गए। इसी प्रकार केदार कवि ने जो जो कलाएँ कीं उन सब को कविचन्द ने काट दिया। अन्त में केदार कवि ने कविचन्द से कहा कि यदि तू इस साम्हने पड़ी हुई शिला को गला दे तो मैं तुझे सच्चा बर्दाई जानूं। यह सुनतेही कविचन्द ने दुर्गा का ध्यान धर कर जो एक मंत्र पढ़ा तो वह शिला पिघल कर पानी सी हो गई और गले हुए हीरे की तरह दमदमाने लगी। तब कवि ने उसमें अपनी अंगूठी गाड़ कर केदार कवि से कहा कि अब तू इसमें से मेरी अंगूठी निकाल दे तो मैं तुझे सच्चा इष्ट वाला कवि जानूं और तुझसे हार मानूं। केदार कवि ने नाना प्रकार के जंत्र मंत्र पढ़ कर अपना सा उपाय किया परन्तु वह उस अंगूठी को न निकाल सका। तब तो वह कविचंद के गोड़ों लग गया और कहने लगा कि आप जीते मैं हारा। इस प्रकार पराजित होने पर भी केदार कवि ने एक कला और कर दिखाई। उसने एक सौ छिद्र वाले घड़े को मंत्र बल से जमुना की ओर प्रेषित किया और उसमें जल भर मँगाया। यह देख कर सब दर्बारी बड़े प्रसन्न हुए और पृथ्वीराज ने कहा कि तुम दोनों कवि बराबर हो तुम कोई भी एक दूसरे से कम नहीं हो। यों कहकर पृथ्वीराज ने केदार कवि का बड़ा सत्कार किया और उसे पांच दिन पर्य्यन्त अपना महमान रक्खा। पांच दिन पर्य्यन्त केदार कवि का बिधिवत उचित आदर सत्कार किया गया और चलते समय तीस हाथी सौ कोतल घोड़े, सौ परतल के घोड़े बहुत सा धन रत्न और एक करोड़ नकद मुद्रा बिदाई में दिए गए। बिदा होते समय केदार कवि ने पृथ्वीराज को आशीर्वाद दिया।

(१) सजा हुआ बिना सवार का घोड़ा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्लोक

यावच्चन्द्रो दिवानाथ यावत् गंगातरंगयो ।
तावत् पुत्र प्रपौत्रस्य दुर्ग ग्रामं विलोकयेत् ॥

पृथ्वीराज ने कहा हे कवि यदि कुछ अपराध हुआ हो तो क्षमा करना। तत्पश्चात् कविचन्द ने भी केदार कवि की बड़ी प्रशंसा की और सब तरह से उसे प्रबोधा। आशीर्वाद स्वीकार कर के पृथ्वीराज ने दस गांव का पट्टा भी केदार कवि को दिया जिसे पाकर उसने एक कवित्त पढ़ा जिसका आशय यों है—"हे पृथ्वीराज तू सब प्रकार की जानकारी और दान देने में एक ही है। तेरे कृपा कोर के देखने से ही दो सौ का दान प्राप्त होता है। यदि तू केवल बचन से बोल दे तो पांच सौ की प्राप्ति होती है। जानपहचान होने पर हजार और परस्पर बार्तालाप होने पर लाख की प्राप्ति होती है। यदि सौभाग्य वश किसी गुणी को अपना गुण दिखाने का अवसर प्राप्त हो तो उसके पुत्र प्रपौत्र तक का दरिद्र दूर हो जाता है। सो हे सोमेस सुत पृथ्वीराज मैं हृदय से आशीर्वाद देकर अपने छोटे पुत्र को भी आपकी सेवा में समर्पण करता हूं उसे अपनाइए।

इस प्रकार दान मान सम्मान सब भाँति से संतुष्ट हो मन ही मन प्रसन्न होता हुआ केदार कवि गजनी को रवाना हुआ। उसके साथ में गजनी से आए हुए गुप्त दूत भी लौट चले जो कि सदा उसके साथ में जोंक की तरह रह कर पृथ्वीराज का भेद लेते रहते थे। इन गुप्तचरों ने यथासम्भव शीघ्र ही गजनी पहुंच कर शहाबुद्दीन से सब समाचार जा कहा और धर्म्मायन का लिखा हुआ कूट-पत्र भी पेश किया। तत्तारखां ने जब वह पत्र पढ़ा तो समस्त मीर मुसाहब मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हो गए। शहाबुद्दीन ने आज्ञा दी कि इसी समय जंगी तय्यारी की जाय और सहायक सेनाओं को जुटाने के लिये जहां तहां परवाने भेजे जांय। शाह की आज्ञा होतेही बात की बात में सब सामान दुरुस्त हो गए। नियत तिथि को सब सेना सहित शहाबुद्दीन गजनी से कूच कर दस कोस पर आन पड़ा। यहां पर उसने एक अन्तरंग सभा की जिसमें सब मीर मुसाहब उपस्थित थे। शहाबुद्दीन ने सब को सुना कर कहा। अय मेरे अजीजो! इस वक्त मुझे अपने जासूसों के जरिये से जो खबर मिली है उससे तो फतह की पूरी उम्मेद है मगर फिर भी आप लोगों को निहायत मुस्तैद रहना मुनासिब है क्योंकि राजपूत बच्चों से लड़ना लोहे का चना चबाना है। यह सुनकर खुरासान खां और तत्तारखां बोले "हुजूर हर्गिज फिक्र न करें ये रोजे रमजान के दिन हैं और नमाज का वक्त है, हमारे दिलों में पूरी उम्मेद है कि हम लोग फतह-याब होंगे और दुश्मन जेर होकर लाचार होगा"। इसके सिवाय और और सर्दारों ने भी अपने अपने हथियार छूकर और बाहें उठाकर कहा कि हम लोग कुरान शरीफ की रू से कहते हैं कि अब की बार हम जरूर ही पिथौरा को कैद करके छोड़ेंगे और साथही ये शर्तें भी करते हैं कि अगर ऐसा न करें और शिकस्त खा कर मैदान जंग से भाग आवें तो आपको इख्तियार है कि आप हम लोगों को जिन्दा दफन करा दें। इस तरह कौल करार हो चुकने पर आगे को तय्यारी हुई और बराबर कूच दर कूच चलता हुआ शाही लश्कर सौनपुर के पड़ाव पर आगया। सौनपुर के घाट नदी पार कर के नगर के दक्षिण पार्श्व में खेमें जमे। एक दिन रह चुकने पर दूसरे दिन फिर से अंतरंग सभा की तय्यारी हुई। सब मीर मुसाहब यथास्थान आ बैठे। शहा-बुद्दीन अपने आसन पर आसीन हुआ ही था कि केदार कवि के आ पहुँचने की इत्तला हुई। शहाबुद्दीन ने तुरन्त ही केदार कवि को अपने पास बुलाया और कुशल प्रश्न पूछकर उसे उचित आसन पर बैठने की आज्ञा दी। अभी शहाबुद्दीन केदार कवि से ही बात कर रहा था कि तब तक चार छद्म-वेषधारी योगी अर्थात् गुप्तचरों के आने का समाचार मिला। शाह ने उन्हें भी सम्मुख आने की आज्ञा दी और केदार कवि से बातें करना छोड़ कर उनकी सुनने लगा। उन अंग विभूति जटा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मृगछाला सिंगी सेली मालाधारी दूतों ने शाह के संमुख आकर अदब से सलाम किया और प्रसन्न मन होते हुए वे बड़े चाव से बोले। हुजूर का इक़बाल बड़ा है। जो दुश्मन आप के मन में खटक रहा था उसने अपनी बर्बादी का सामान आप तय्यार कर रक्खा है। उसने अपने वजीर कैमास को खुद मार डाला है इसी से उसके सब बहादुर सरदार उससे बेदिल हो रहे हैं। उसने अपने नामी सिपहसालार चामंडराय को बेड़ियों में डाल रक्खा है और वजीर की मौत की वजह से आप खुद ऐसा गमगीन रहता है कि उसे दिन को आबदाना और रात को नींद आना हराम हो रहा है। इस वक्त वह कुल तीस हजार सिपाहियों के साथ इधर उधर शिकार खेलता हुआ पानीपत के मैदान में आ पड़ा है। वहाँ पर पड़े हुए उसे दस दिन हो चुके हैं और करीब दस दिन अभी और भी वहीं रहेगा। यह समाचार सुनते ही शहाबुद्दीन की कली खिल गई। वह अपने सिपहसालार सर्दारों को सबेरे ही वर्मे तय्यार करने की आज्ञा देकर आप शयनागार को चला गया।

यह हाल चाल देख कर केदार कवि का पिता दुर्गा कवि बोला "रे केदार जिस दानी राजा पृथ्वीराज से इतना दान सम्मान पाकर आया है उसी पर यह सेना सजी जा रही है। होनहार तो सब विधाता के हाथ में है पर देख इस समय अपने कुल को कलंक लगता है। एक तो पहिले माधव भाट ने ऐसी करतूत की कि जिससे राजाओं का चित्त भाटों की ओर से फिर जाना सम्भव है फिर अब यह घटना अनायास आ उपस्थित हुई है। इस लिये इस समय राजा पृथ्वीराज को सचेत कर देना उचित है। पिता के ऐसे वचन सुन कर केदार कवि ने अपने छोटे भाई दास कवि से कहा कि तू इसी समय पानीपत जाकर पृथ्वीराज को सूचित कर दे कि आप पर शाही सेना चढ़ी आती है। सोनपुर के पास पुल बाँध कर शाही सेना सिन्धु पार हो चुकी है और सब मुसल्मान सर्दारों ने कौल कर कर के प्रतिज्ञाएँ की हैं कि चाहे जो हो अब की बार पृथ्वीराज को बिना पकड़े न छोड़ेंगे। बड़े भाई की आज्ञा मान कर दास कवि वहाँ से उसी समय विदा हुआ और तेजी से चलता हुआ वहां का छूटा पानीपत में जा पहुँचा।

एक प्रहर रात्रि जाते जाते, दास कवि पानीपत के मैदान में पृथ्वीराज के शिविर के सम्मुख जा उपस्थित हुआ। इत्तला पाते ही पृथ्वीराज ने उसे अपने पास बुलाया और पूछा क्या है? तब वह बोला अन्नदाता गज़नीपत शहाबुद्दीन आप पर चढ़ा चला आता है, सो मैं अपने भाई का भेजा हुआ आपको यही सूचना देने आया हूं। शाह के आ पहुंचने में देर नहीं है, संझा सबेरे उसे आया ही समझिए। यह सुनतेही पृथ्वीराज ने लाल लाल आंखे करके एक नजर से अपने सामन्तों की ओर देखा। वहां क्या! वे रणोन्मत्त सूर सामन्त सदा युद्ध के लिये उत्सुक रहते थे। उक्त समाचार पाते ही सामन्तों के सीने फूल उठे, मोछे फड़क उठे, मूछें थर्रा उठीं और उनके ऐन जोशीले चेहरों पर अग्नि ज्वाला का सा तेज जाज्वल्यमान हो उठा पृथ्वीराज ने सामन्तों से पूछा कि इस समय पैदल युद्ध किया जायगा या घोड़ों पर से? इसके उत्तर में कन्ह चौहान बोला कि यह स्थान घुड़चढ़ी लड़ाई के योग्य नहीं है। साम्हने तो घने जंगल से परिपूर्ण बड़ी बीहड़ भूमि पड़ती है; पीछे और बाईं तरफ गम्भीर जलाशय है इस लिये आधी सेना तो घोड़ों पर रह कर दाहनी ओर उचित समय पर सहायता करने के लिये सन्नद्ध रहे और आधी सेना पाय पैदल होकर आगत यवन दल बल को दलन करने के लिये प्रस्तुत रहे।

२१वां युद्ध

रात्रि व्यतीत होने पर प्रातःकाल ही पृथ्वीराज की सेना में जंगी नगाड़े बजने लगे और सूर सामन्त एवं सपूत राजपूत बीर सजने लगे। बीस हजार योद्धाओं ने अपने घोड़े छोड़ कर कमल व्यूह की रचना की और शेष सैनिक घोड़ों पर सवार होकर सहायता के लिये सन्नद्ध रहे। नरनाह कन्ह चौहान,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोवंदराय गहलौत, जैतसिंह, बलिभद्र, रामराय बड़-गुज्जर दोनों भाई और बाप बेटे दोनों हाड़ा हम्मीर उक्त कमल व्यूह की पाँखुरी हुए ! बग्गरी राय, पज्जूनराय, नाहरसिंह और पीप पड़िहार उसके पराग हुए। राज्यमंत्री जैतराव प्रमार उक्त पुष्प की नलिका एवं मृणाल हुआ और पृथ्वीराज सबके बीच में सजा। इसके सिवाय जामराय यादव भोंहा चन्देल और विंझराज आदि सामन्त घुड़चढ़ी सेना के सहित दक्षिण अवकाश पर सन्नद्ध रहे।

जहां से शहाबुद्दीन सिन्धु पार हुआ था वहां से और पानीपत से पचास कोस का अन्तर बैठता है। परन्तु मुस्लमानी सेना वहां से रात दिन कूच करती हुई इस वेग से आई कि सचमुच सबको आश्चर्य्य सा होगया। इधर राजपूत सेना में जहां तहां प्रबन्ध होही रहा था कि शाही सेना की अवाई की धूलि उड़ती हुई देख पड़ने लगी। शाही सेना में मुस्तफा ख़ां और दलेल ख़ां दो नामी सरदार पीठ सेना और प्रकोट सेना के स्वामी थे, शाह स्वयं सब सेना का सेनापति था। बेला टलजाने के कारण राजपूत सेना से एक योजन के अन्तर पर शाही लश्कर के भी डेरे पड़ गए। रात्रि को तत्तार ख़ां ने शहाबुद्दीन से कहा कि हिन्दू लोग मैदान जंग का मौका देख कर पैदल लड़ाई करने के लिये तैय्यार हैं। इस लिये इस वक्त हम लोगों को भी पैदल लड़ाई करनी मुनासिब है, लिहाजा पचास हजार पैदल सिपाहियों को साथ लेकर मैं तो दुश्मन से जंग लेता हूं और बाकी पचास हजार घुड़चढ़ी फौज के साथ आप मदत के वास्ते मुस्तैद रहिए। शहाबुद्दीन ने तत्तार ख़ां का यह प्रस्ताव प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार कर लिया और उसी के अनुसार मुस्लमान सेना को हुक्म भी सुना दिया गया।

दूसरे दिन आकाश में उजेले की आभा पड़ते ही दोनों दलों में जोर जोर से घनघोर ध्वनि हुई सुरीले रणवाद्यों का स्वर सुन कर सूरवीरों के तो सीने दूने होने लगे परन्तु कायर पुरुषों के कलेजे कांपने लगे। दोनों सेनाओं के अग्रभाग में हथनार कुहकबान और जंबूर आदि अग्न्यास्त्रों की भरती थी इस लिये दिखादाव होते ही दोनों ओर से अग्नि वर्षा होने लगी जिससे उस सघन बन मय पहाड़ी स्थान में इस प्रकार धुआं भरगया कि दोनों दल के लोग कुछ देर के लिये अन्धे हो गए। परन्तु धुआं धक्कड़ की सफाई होतेही दोनों ओर के वीर वांकुरे योद्धा एक दूसरे पर अनयारे बान बरसाते हुए ऐसे टूटे जैसे कामातुर करी किसी करिनी पर टूटता है। इधर के राजपूत वीर राम राम रटते और उधर के मीर पीर अली अली पुकारतेएक दूसरे पर पिलते हुए दोनों दल परस्पर ऐसे हिलमिल गए जैसे खिचड़ी में घी। यदि एक दूसरे के कंधे पर तलवार का वार करता तो तीसरा उसके खोपड़े को खांड से फार देता था, कोई किसी के कोख में खंजर खोसता तो कोई किसी के सीने में सेल धसा देता था, किसी का धड़ से सर अलग जा छटकता तो किसी की आँते निकल कर उसी के पैरों में लिपट जाती थीं, किसी का सर नहीं तो किसी के हाथ पैर नहीं-इसी प्रकार से सहस्रों सूरवीर मरते कटते हुए पटते जाते थे परन्तु अपनी अपनी बाजी पर से हटते नहीं थे, उनका ऐसा विकट रणकौशल देखकर आकाश मार्ग में स्थित देवाङ्गनाएँ पुष्पों की वर्षा करतीं और रण क्षेत्र में रक्त पीती हुई योगिनी वीर योद्धाओं के गुणगान करती हुई,फूली अंग नहीं समाती थीं। इसी बीच में दो यवन सर्दार राजपूत सेना को काटते पाटते पृथ्वीराज के पास तक आ पहुंचे और पासही था कि वे राजा पर बेकसर वार करें;परन्तु वीर वांकुरे पृथ्वीराज ने उन्हें इसका अवसर न देकर ऐसी सेल फटकारी जो उन दोनों मीर बन्दों के कलेजे पार गई और वे दोनों घोड़ों पर से गिर कर आसमान देखने लगे। अपने स्वामी का यह शौर्य्यकौशल देख कर राजपूत सिपाही प्रसन्न हो गए और और भी जी खोल कर हाथ करने लगे। मौका बेढब देख कर उधर से पीठ सेना भी खेत में आगई जिससे मुसल्मानी बाजी मजबूत हो गई इस समय इस जोर शोर से लोहा झरने लगा कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूर वीर लोग अपना पराया भूल गए।

लोहे की झार की झपेट बुरी होती है। उसे देख कर साधारण सुकुमार लोगों को तो जूड़ी का बुखार चढ़ आता है; परन्तु सच्चे सूरवीर उसी के उजेले में आत्म ज्योति का दर्शन करते हैं या आकाश में स्थित अप्सराओं का हाथ जा पकड़ते हैं। उधर से मुसल्मानी दल का बल बढ़ा देख कर इधर से आजान बाहु लोहाना और लंगरीराव खेत में उतर पड़े और आगे बढ़ कर उन्होंने शाही सेना को आड़े हाथों ले लिया। इन दोनों बीरों के रण कौशल से समस्त शाही सेना मनहार होने लगी और राजपूतों का जी बढ़ उठा। खाँडे, तलवार तव्वल, बाने, पट्टे; दाब. बिछुआ. बांक, बगुरदा, छूरी, कटार, पेशकब्ज आदि हथियारों के ऐसे करारे वार हुए कि घड़ी भर के लिये देवता लोग भी क्षुभित हो गए। दम की दम में सैकड़ों बिना सवार के घोड़े इधर उधर अनाथ से दाँत काढ़तेहुए हींसते फिरने लगे। भसुंड से मुंड विहीन हाथी प्रचंड स्वर से चिक्कार मारते हुए इधर उधर लुढ़कते फिरने लगे और उनके शरीर से बहता हुआ रक्त पहाड़ी झरने सा झरने लगा। इसी तहर युद्ध होते होते मुसल्मानी सेना के पैर पीछे पड़ने लगे यह देख कर शहाबुद्दीन ने अपने सिपाहियों को कसम देकर पुकारा और आप स्वंय जान हथेली पर रख कर राजपूत सेना में पैठने को अग्रसर हुआ। इस पर मनहार मुसल्मान सिपाहियों का फिर से दिल हरा भरा हो उठा। वे लोग अल्ला अल्ला का हल्ला करके दीन की दुहाई देते हुए बड़े बेग से तेग चलाते हुए झपटे परन्तु अटल राजपूत बच्चे एक पैर भी पीछे न हटे। ज्यों ज्यों उधर से मुसल्मान बढ़ते आते थे त्यों त्यों राजपूत उन के सिर कुलाल के से चक्र उतारते जाते थे। वाह उन युद्ध करते हुए बांकुरे बीरों के शरीरों में घने घने घावों से बहता हुआ रक्त कुसुम सा फूला जान पड़ता था। जब किसी के सिर पर किसी सहजोर की जोर भर गुरज बैठ जाती तो उस का सर दहेंड़ी सा फूट जाता था। ढाल तलवार आदि सब हथियारों से हीन होने के कारण कोई कोई आपस में छूरी कटारी के ही मार पेंच के वार कर कर अपना रणकौशल दिखाते थे परन्तु जिनके पास यह भी नहीं वे बिचारे परस्पर मल्ल युद्ध करके ही अपने मन का हौसला पूरा करते थे।

दोनों दल के रण बाँकुरे वीरों की मारा मार के कारण समस्त रणभूमि लोथों से पट गई। तत्तार खां खुरसान खां रुस्तम खां आदि यवन वीरों ने अपना सा पराक्रम किया परन्तु राजपूत योद्धाओं से पार न पा सके। एक लाख मुसल्मान सेना बीस हजार राजपूतों का बेग न सह सकी और दो पहर बीतते ही सब मुसल्मान सिपाही तीन तेरह होकर भाग उठे। यह आपत्ति देख कर शहाबुद्दीन स्वयं भागने को विवश हुआ और घोड़े पर से उतर कर हाथी पर सवार हुआ ही था कि उसपर पहाड़ राय तुंअर की आँख पड़ गई। अस्तु वह रामराय जादव, भोंहा चंदेल, लोहाना आजान बाहु, पज्जून राय और विंझ राय इन पांच सामन्तों सहित शाह को घेरने के लिये चढ़ दौड़ा। मालिक पर आफत आते देख कर उधर से बीस मुसल्मान सर्दार शाह की रक्षा के लिये उतरे और इन छः सामन्तों से जुट पड़े। बड़ी देरतक दाव पेंच होते रहे परन्तु अन्त में वे बीसो सर्दार काम आए और भोंहा राय चन्देल ने हाथी के मथार पर भाला जा मारा। जब तक हाथी उसपर झपट करे कि लोहाना आजानबाहु ने एक ऐसा तलवार का हाथ दिया कि हाथी का मुंड रुंड से अलगही हो गया। तब तक पहाड़ राय तुंअर ने घोड़े को एड़ देकर हौदे के बराबर जा लगाया और शहाबुद्दीन का हाथ पकड़ कर उसे अनाथ की तरह खींच लिया। बादशाह का यह हाल होते देख कर और भी मुसल्मान सिपाही जो जहां थे सो सब तीन तेरह हो कर भाग गए। शाही रखत सब राजपूतों के हाथ लगा। इस युद्ध में सात हजार मुसल्मान सिपाही और पांच सौ घोड़े शहाबुद्दीन की तरफ के काम आए और तीन सौ राजपूत खेत रहे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार से मुसल्मान सेना को परास्त करके और शाह शहाबुद्दीन को बंदी कर राजा पृथ्वीराज आनन्द के नगाड़े बजाता हुआ सानन्द दिल्ली को लौट आया। वहां पर उसने एक मास पर्य्यन्त शाह को बड़े आदर भाव से महमान की तरह रक्खा और फिर आठ सौ घोड़े और बहुत कुछ धन रत्न दंड में लेकर उसे सादर गज़नी को विदा किया। बादशाह से दंड में पाए हुए द्रव्य का आधा भाग पहाड़ राय तूंअर को दिया गया और आधा अन्यान्य सब सामन्तों को।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिल्ली वर्णन।

उनसठवां समय।

इस देश के अन्तिम हिन्दू सम्राट महाराज पृथ्वीराज के समय में दिल्ली नगर की छवि छटा कुछ विलक्षण ही थी। राजा पृथ्वीराज के दरबार का एक निज मुसाहब एवं उसका बाल सखा छओ भाषाओं में परम पारंगत विद्वान अद्वितीय कवि चन्द बरदाई कहता है कि उस समय दिल्ली नगर साक्षात इन्द्र की पुरी के समान शोभायमान था। राजद्वार पर निरन्तर नाना प्रकार के मन हरण स्वर मय सुन्दर बाजे बजा करते थे और साक्षात् काम देव की कलाओं के से अवतार आठ सौ मतवारे हाथी सदा ड्योढ़ी पर घूमा करते थे नगर के बाहरी प्रान्त में जमुना के किनारे पर स्थित निगमबोध स्थान की बहार तो कथनशक्ति से बाहर थी! वहां पर बारहो महीने बसन्त ऋतु का वास रहता था। वहां पर जहां तहां भिन्न भिन्न प्रकार की क्यारियों में भांति भांति के तरु लता और गुल्म लहलहाते थे। सीतल मन्द सुगन्ध त्रिविध बयार बहती थी, केसर कुंकुम जाती मालती गुलाब चंपा चमेली कुंद कदंब आदि के मधु की सौंधी सुगन्धि से समस्त वायु मंडल सुवासित रहता और अनार दाख बदाम श्रीखंड पिंडखजूर आम अनन्नास जिमूरी बिजौरे शहतूत अखरोट लीची नारियल आदि नाना प्रकार के फल मय वृक्ष भी संपत्ति के भार से नम्र होकर सदा मतवालों की तरह झोका लिया करते थे।

बसन्त ऋतु के दिनों में प्रातःकाल के समय महाराज पृथ्वीराज का दरबार खास प्रायः इसी स्थान पर हुआ करता था, जिसमें नाना प्रकार के मधुर स्वर वाले बाजे बजते थे और गायक गण समयोचित स्वर से उत्तमोत्तम राग रागनियों की अलापचारी करते थे। अबीर और गुलाल के झोंकों से सर्वत्र लाली छा जाती थी। बीचोबीच महाराज पृथ्वीराज का राज्य सिंहासन लगता और आस पास उसके सखा सामन्त लोग बैठते थे। राजा के सिर पर आच्छादित रत्न जटित छत्र और अगल बगल ढुरते हुए मोरछर ऐसे भले मालूम देते थे जैसे साक्षात् मधुमास ही राजा पर छाया किए हो। पृथ्वीराज के वाम पार्श्व में गोइन्दराय, निड्डुर और सलख प्रमार बैठते और दाहने में सोमेश्वर का सगा भाई कन्ह चौहान बैठता था जिस की आखों पर सदा पट्टी चढ़ी रहती थी। गादी के पीछे साक्षात ब्रह्मा के समान विद्वान गुरुराम प्रोहित का आसन रहता और सम्मुख कविचन्द बैठता था। इसके सिवाय चन्दपुण्डीर, चामंडराय, लक्खन बघेला आदि सामन्त लोग यथास्थान अपने अपने आसन पर अदब से आसीन रहते थे।

जिस स्थान पर किल्ली ढिल्ली होने के कारण इस नगर का नाम ढिल्ली या दिल्ली पड़ा उसी स्थान पर राजा पृथ्वीराज का राजमहल था। दिल्ली नगर इन्द्र की पुरी था तो राजा पृथ्वीराज के सत खने महल इन्द्र के ही महल थे; जहां पर निरन्तर अनेक प्रकार के आमोद प्रमोद से एक अनुपम चहल पहल रहा करती थी। राजा पृथ्वीराज के पराक्रम से विजित राजा लोग सदा महलों की पौरि पर हाजिर रहा करते थे। महलों के पार्श्व ही में नरनाह काका कन्ह का निवास स्थान था। जिस प्रतापी पृथ्वीराज के कारण अस्सी लाख सवारों का स्वामी कनौजराज जैचन्द हलहल कांपता था और गजनीपति शहाबुद्दीन को जिसके सामन्त लोग बार बार बांध लाते थे उसकी विभूति और राजश्री का कहां तक बखान करें। पृथ्वीराज के दरबार के फर्श पर अच्छे अच्छे मुलायम गिलम गलीचे और गाव तकियों की भर मार रहती थी। चांदनी चँदेवा सब जरदोजी के थे और दीवारों में कबी सजावट की जगह सच्चे माणिक मोती हीरा पन्ना पुखराज और

---

(१) जमुना के किनारे निगम बोध करके देवी का एक मंदिर था उसी के सम्बन्ध में सुसज्जित स्थान का वर्णन है। उस समय यह एक प्रख्यात तीर्थ स्थान था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नीलम आदि अनेक रत्न जड़े हुए थे ।

मध्यान्ह काल में भोजन का समय होने पर भटाले का मालिक बनवीर परिहार सभा में आकर सादर हाथ जोड़ कर निवेदन करता । घणीक्षमा रसोई तय्यार है । तब दरबार बरखास्त होता और अपने सब सामन्तों सहित राजा पृथ्वीराज भोजन करने बैठता, जहां नाना प्रकार के सौंधे और स्वादिष्ट भोजन परोसे जाते थे । अन्नादि षटरस व्यंजनों के सिवाय नाना प्रकार के पकवान और तरह तरह का मांस(गोश्त) भी नित्त थाले में लगाया जाता था । भोज्य पदार्थों में पड़े हुए केसर अगर कपूर आदि की सुगंधि से सारा महल महक उठता था । सब सखा सहेलरों के साथ भोजन करके किंचित विश्राम करने पश्चात् राजा पृथ्वीराज पुनःसभा भवन (दरबारे आम) में आ विराजता था । जरदोजी, जरीबाफ्ता कीमखाब वग़ैरह से मढ़े हुए और अन्यान्य राजसी आडंबरों से सुसज्जित सभा भवन के बीच में बैठा हुआ राजा पृथ्वीराज देवताओं के समूह में इन्द्र एवं ग्रहों के बीच में सूर्य्य सा सुशोभित होता था और आश्र्व पार्श्व में डटे हुए सामन्त उस भानुवत् हिन्दू सम्राट की रश्मि से देदीप्यमान होते थे । सभा मंडल के मध्य में गद्दी के संमुख बैठे हुए दसौंधी और गंधर्व लोग मधुर स्वर से बाजे बजाते और भ्रू निक्षेप कर कर भाव बताती हुई नृत्यकी गण कलकंठ से गान करतीं और नाना प्रकार के नृत्य करती हुई चपला सी चमकती थीं । जिस समय वे रतिरानी की सी कलाएं एवं कोक की सी कारिकाएं नृत्यकी अनेकों कलांए करके नाचतीं और कलकंठ से गान करतीं उस समय ऐसा प्रतीत होता कि इन्हे देखकर तो वल्कलधारी वैरागियों का भी चित्त क्षोभित हो जाना सम्भव है।

राजा पृथ्वीराज इस प्रकार से दिन भर तो अपनी मित्र मंडली के साथ बिताता और रात्रि को अन्तरमहल में जाकर पटरानियों के सहवास में जीवन की मौज उड़ाता था । राजा पथ्वीराज की नव रानियां थीं ।

न.	रानी का नाम	पिता का नाम	नैहर	विशेष
१	रानी इंछिनी	सलख प्रमार	आबू	जेष्ट पटरानी
२	....	परिहार राजा	मंडोवर	
३	चन्द्रावती	पुंडीर कुल		चन्दपुंडीर की बहिन
४	....	दाहरराय	"	चामंडराय की बहन रैनकुमार की जननी ।
५	शशिवृता		देवगिरि	२६ वां समय देखो
६	इन्द्रावती			३३ वां समय देखो
७	भानमती	....	....	....
८	पज्जूनराय	....	....	....
९	हंसावती	....	....	३६ वां समय देखो

सूर्य्य रश्मियों को आच्छादित करने वाले सत-खन्ने महलों के बीच में बिचरता हुआ राजकुमार रेणसी नाना प्रकार की बाल क्रीड़ाएं करता था। कुछ बड़ा होने पर अपने समवयस्क सखा सामन्तपुत्रों के साथ यमुना के किनारे भी खेलने जाया करता था । अच्छे अच्छे रंग विरंग रेशमी वस्त्र और रत्न जटित आभूषण पाहिने हुए रेणकुमार बड़ाही प्यारा और भला मालूम देता था। एक दिन जमुना किनारे खेलता खेलता राजकुमार रेणसी एक गुफा में घुस गया तो अन्दर जाकर देखता क्या है कि साक्षात् शान्ति रस का अवतार स्वरूप एक तेजस्वी तपस्वी ध्यानमग्न बैठा हुआ है। उसके शरीर पर बमीठे लग गए थे और कर्ण कुहरों में कपोत एवं सुग्गों ने घर बना लिए थे । लड़कों के ताली पीट पीट कर कोलाहल करने से ध्यानावस्थित मुनि की समाधि भंग होगई। तब कविचन्द के पुत्र ने जटा-जूट धारी अग्नि के समान जाज्वल्यमान तेजधारी मुनि के साम्हने साष्टांग प्रणाम करके पहिले राज-कुमार का और फिर अपने सब साथियों का परिचय दिया । इस पर मुनि महाशय ने सबको आशीर्वाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देकर कहा हां मैं समझा तुम ढुंढा के कुल में हो जो कि अजवन में स्थापित अजमेर नगर का राज्य करता था। उसी ढुंढा के अंश से उत्पन्न पृथ्वीराज इस समय दिल्ली नगर का शासक है। यह दिल्ली की भूमि बड़ी विलक्षण है। यह किसी मुनि करके शापित है इसलिये इस पर कोई एक छत्र राज्य नहीं कर सकता। पहिले तो इस भूमि के लिये पांडवों ने कौरवों को मार कर अपना राज्य जमाया; पर वह भी न रहे तो तोमर राजा हुए और वे भी किल्ली ढिल्ली करके चल बसे तब अब चहुआन हैं। परन्तु इनके पश्चात् अब शीघ्रही मेवाती लोगों का राज्य होगा।

राजकुमार रेणसी गुफा से चल कर अपने सब बाल सखाओं सहित राज महल को रवाना हुआ। सब सामन्त बच्चे घोड़ो पर और उनके बीच में हाथी पर सवार राजकुमार रेणसी ऐसा सुशोभित होता था मानों देवताओं की मंडली में एरावत पर सवारी किए हुए इन्द्र चला जा रहा हो। राजकुमार रेणसी के साथ में जो अन्यान्य सामन्तों के कुमार थे उनकी नामावली नीचे लिखी जाती है।

सामन्त कुमारों की नामावली।

०	कुमारों का नाम	पिता का नाम	विशेष
१	ईसरदास	कन्ह चौहान	खट्टपुर का जागीरदार
२	चन्द्रसेन	निड्डुर राय राठौर	
३	करनसिंह	जैतराव प्रमार	
४	सामन्तसिंह	गोयन्दराय गहलौत	
५	प्रतापसिंह	दाहिमा कैमास (राज्यमंत्री)	
६	धीर सिंह(धीरपुंडीर)	चन्दपुंडीर	
७	तेजपुंज	पीपा परिहार	
८	पंडित हरिदेव	गुरुराम प्रोहित	
९	नाहर सिंह	हाहुलीराय हम्मीर	
१०	पहाड़ सिंह	हाहुलीराय हम्मीर	
११	....	चामंडराय	
१२	जैसिंह	महनसिंह परिहार	
१३	राजसिंह	सिंघ प्रमार	
१४	रनधीर सिंह	रामराय बड़गुज्जर	
१५	जल्हन कुमार	चन्दबर्दाई	
१६	पातल सिंह	हरसिंह	
१७	देवराज	भिमराज सौलंकी	
१८	अचलेस कुमार	देवराज बग्गरी	
१९	पहार राय	पज्जूनराय	
२०	हरदार	नरसिंह हाड़ा	
२१	अमर सिंह	प्रसंग राय खीची	
२२	तेज डोड	सुमेर सिंह	
२३	सिवदास	जंघारा भीम	
२४	कविदास कुमार	केहर कंठेर	
२५	अरिन कुमार	अत्ताताई	
२६	....	परिमाल चन्देल	

बसन्त पंचमी का उत्सव आया हुआ जानकर महाराज पृथ्वीराज ने आज्ञा दी कि बसन्त के दरबार का सामान सजा जाय। आज्ञा पाते ही सेवकों ने उस ओर परिश्रम करना आरम्भ किया। बसन्त पंचमी के दरबार के लिये नियत स्थान सजा जाने लगा। इधर प्रधान को आज्ञा दी गई और बसन्त के उत्सव पर आवश्यक समस्त सामग्री जुटाई जाने लगी। बात की बात में मनों अबीर गुलाल लाकर हाजिर किया गया। केसर कस्तूरी अगर चन्दन कपूर आदि सोंधीं सुगंधिएं हरे हरे तरु लता पल्लव और वंदनवारों आदि और नाना प्रकार के पुष्पों से यथाविधि सभा मंडप सजाया गया। सूती रेशमी जरतारी और तरह तरह के बसन्ती वस्त्रों की भी यथा स्थान उचित सजावट की गई। ऐसे सुसज्जित सभामंडप के बीच में श्री गोपाल लाल जी का सिंहासन स्थापित किया गया। बसन्त पूजा का समय होते ही ढोल, डफ, नगाड़े, शंख, वीणा, सहनाई, मोरचंग, झालर, घंटा, विजैघंट, आदि नाना प्रकार के आनन्द वाद्य बजने लगे। पूजन हो चुकने पर कुछ देर रोशन चौकी की बजौटी होती रही, इसके बाद उत्तमोत्तम गायक गण और नाट्य विद्या में निपुण नट लोग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुलाए गए। कन्ह, निड्डुर, गोयंद राय, पज्जूनराय, अत्तताई, और सब सामन्तों सहित पृथ्वीराज भी श्री गोपाललाल के सिंहासन के पास आ बैठे। गायकों ने गाना आरंभ किया नर्तकों ने नाचना आरम्भ किया और नट लोगों ने श्री भगवान कृष्णचन्द्र जी की नाना प्रकार की लाला विहार के नाटक खेल कर दर्शक मंडली को मुग्ध कर दिया। आधी रात के उपरान्त दरबार बर्खास्त करके राजा पृथ्वीराज ने सब लोगों को इनाम देकर बिदा किया और वह आप भी अन्तर महल में विश्राम करने चला गया।

इसी प्रकार नाना भांति के रासरंग और आमोद में समय विताता हुआ राजा पृथ्वीराज दिल्ली राज्य की राज्यश्री का सम्पूर्ण रूप से सुख भोग कर रहा था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जंगम कथा।

(साठवां समय।)

एक समय की बात है कि राजा पृथ्वीराज समस्त सूर सामन्तों सहित सभा में बैठा हुआ राजसी रसरंग का आनन्द आस्वादन कर रहा था। संगति विद्या और नृत्य कला में अत्यन्त निपुण, हाव भाव कटाक्ष और अन्यान्य स्त्रियोचित कला चातुर्य्यों में चित्र रेखा को भी चुटकियों चलाने वाली, एक अनुपम स्वरूपवती वेश्या ताल के तारतम्य से बँधी हुई लै में, ऊंची नीची चल फिर और आड़ी सीधी लौट फेर करती हुई, समयोचित स्वर से अच्छे अच्छे राग रागनियों में मनोहर गीत गाती और बात बात पर भाव बताती हुई राजा पृथ्वीराज के सहित समस्त उपस्थित सभासदों का चित्त चुरा रही थी।

उसी समय कन्नौज से आया हुआ एक जंगम आ पंहुचा। उसके आतेही पृथ्वीराज ने सौ स्वर्ण मुद्रा और एक घोड़ा इनाम में देकर वेश्या को तो बिदा किया और दरबार बर्खास्त करके आप उस जंगम से वार्तालाप करने लगा। पृथ्वीराज ने उक्त जंगम से पूछा। कहो क्या समाचार लाए? तब वह बोला महाराज सुनिए। कन्नौजराज जैचन्द के यज्ञ में निमंत्रित हजारों राजा उपस्थित थे। अतः उसी समय सुअवसर देखकर जैचंद ने संयोगिता का स्वयंबर भी रच दिया। आपकी स्वर्ण प्रतिमा छड़ी लिए हुए द्वारपाल के स्थान पर स्थापित तो थी ही बस उसी यज्ञ मंडप में निमंत्रित राजा लोग आ आ कर बैठने लगे। मुहुर्त आने पर संयोगिता भी चौसर हाथ में लिए हुई सभा में लाई गई। कन्नौज का राजकवि आगे होकर एक एक राजा के नाम ग्राम और उनकी करनी करतूत बखान करने लगा। इसी तरह होते होते जब उस कवि ने आपकी प्रतिमा के पास आकर आपका नाम लिया और यश बखान किया तो संयोगिता उसी के गले में चौसर पहिना दी। यह समाचार पाकर जैचन्द ने कहा! नहीं, बेटी चूक गई फिर से फेरी की जाय। निदान ऐसा ही किया गया पर फिर भी संयोगिता ने अन्य किसी राजा की ओर आंख उठा कर देखा भी नहीं और स्वर्ण प्रतिमा पर जैमाल[1] मेली, परन्तु फिर भी पंग ने न माना और तीसरी फेरी फेरी जाने की आज्ञा दी, इस बार कवि लोगों ने भी अपनी सी चतुराई करने में फेर न लगाया उन्होंने अन्यान्य सब राजाओं के बढ़ बढ़ कर बखान किए और आपका केवल नाम कह दिया पर फिर भी संयोगिता ने उसी स्वर्ण प्रतिमा को बरा।

यह हाल देख कर राजा जैचन्द मोह क्रोध ग्लानि और ईर्षा से अत्यन्त व्यथित होकर बेहोश सा हो गया। वह उसी समय सभा से उठकर अन्तर महल में चला गया और होनहार को प्रबल जान छाती पर घूसा मार कर चुप रह गया। उसे ऐसा बेहाल देख कर उसके मंत्री ने कहा "हे राजन् होनी अमिट होती है उस पर किसी का चारा नहीं चलता। होनहार के ही कारण दक्ष प्रजापति का यज्ञ भंग हुआ। होनी के कारण राजा पांचाल का यज्ञ बिगड़ा और इसी होनहार के कारण राजा नघु को नर्क में पड़ना पड़ा। कहते हैं कहत बावरा और सुनता सावधान, सो हे राजन् यद्यपि चतुर लोग विद्याओं के बल से भूत भविष्यत वर्तमान तीनों काल की बात विचार करके कार्य्य करते हैं परन्तु सचमुच भविष्यत होनहार क्या है सो कोई नहीं जानता, इस लिये, बीती ताहि विसार कर आगे की सुधि ले इस पर जैचन्द ने कुछ सचेत होकर संयोगिता को गंगा के किनारे के महलों में रहने की आज्ञा दी। जब से संयोगिता को गंगा के किनारे के महलों में रहने की आज्ञा दी गई तब से वह बराबर वहीं रहती है और नाना प्रकार के जप पूजन व्रत और देवार्चन करके आपका ध्यान

(१) जैमाल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करती और अहर्निशि आपही का स्मरण किया करती है। राजा पृथ्वीराज बड़ी सावधानी से ये सब बातें सुन रहा था। तब तक एक सूफी फकीर भी आ पहुंचा और कुछ ऊपर से नमक मिर्च मिला कर उसने भी यही कथा कह सुनाई।

उक्त जंगम और सूफी फकीर ने कन्नौज की कथा कही मानो पृथ्वीराज के जले हुए कलेजे पर नमक मल दिया। पृथ्वीराज एक क्षण भर के लिये छटपटा गया परन्तु कुछ सोच विचार करके शान्त हो गया और अपने चचेरे भाई ईसरदास और भूपतसाह को बुला कर इधर उधर की बातें करने लगा। तबतक मध्यान्ह काल का समय होने को हुआ। इस लिये पृथ्वीराज ने निर्मल गंगाजल से स्नान करके मध्यान्ह काल की संध्या की और वह भोजन करने के लिये अटाले में चला गया, परन्तु लगीं के मारे योंही लिए दिए भोजन करके अपनी एकान्त रङ्गशाला में जा लेटा। लगी बुरी होती है। वह लगीं काहे की जिसमें आंख लगे। फिर भी ऊपर से बसन्त की बहार जो कि विरहाग्नि की ज्वाला को जर्जरीभूत करने के लिये आहुति से कम नहीं है। बन बाग उपबन सर्वत्र फूले हुए नाना प्रकार के पुष्पों की पराग मिश्रित त्रिविध बयार और जहां तहां वृक्षों पर उच्चस्वर से कोकिलों की पुकार पृथ्वीराज को अत्यन्त असह्य होने लगी।

उस दिन संवत ११५१ फाल्गुण कृष्ण नवमी थी। दो पहर से संध्या हो गई कुछ अन्धेरा भी हो गया परन्तु न तो पृथ्वीराज को निद्रा आई न उसने अपनी ध्यानमुद्रा खोली। इसी प्रकार आगा पीछा सोचते सोचते जब प्रहर रात्रि होने को हुई तब उसने कविचन्द को बुलाया। थोड़ी देर में कविचन्द भी आ पहुंचा। पृथ्वीराज ने सादर आसन देकर उससे कहा "हे कवि तुम जानते हो कि जैचन्द ने मेरी कितनी अप्रतिष्ठा की है। मुझे ऐसा तिरस्कृत जीवन तो भार मालूम होता है। तिस पर भी तुर्रा यह है कि संयोगिता ने मुझे बरने का प्रण लिया है। सो भी तुम जानते हो। इस लिये अब जैसे कुछ बन पड़े सो कन्नौज के चलने का विचार करो। यह सुन कर कविचन्द बोला "महाराज शास्त्र की आज्ञा है कि किसी को कहीं जाते समय रोक टोक न करनी चाहिए परन्तु आपने पूछा है इसीसे कहता हूं। आप जैचन्द के बल को जानते हैं अभी हाल की बात है उसकी किंचित् सेना ने आपके सारे राज्य में हलचल मचा रक्खी थी। हजारों गांव खड़े जला दिए गए और सारा देश लूट पाट कर उजाड़ दिया था। मैं नहीं समझता कि जान बूझ कर किसी सहजोर के साम्हने जा जुड़ना कौन सी बुद्धिमानी है। भला विचारिए तो सही! कोई ताल ठोक कर जमराज की जिह्वा पर जाता है? कोई मतवारे हाथी से हाथ मिलाता है? कोई समुद्र को पैर कर पार करना चाहता है? अथवा कोई सुमेर शिखर को भी हथेली पर रखने की हिम्मत कर सकता है? यही सब सोच समझ कर कन्नौज जाने की इच्छा कीजिए। होता तो वही है जो होनहार होती है परन्तु अपना आगा पीछा विचार कर काम करना बुद्धिमान का कर्तव्य है। इसी प्रकार और भी कविचन्द ने बहुत कुछ कहा सुना परन्तु पृथ्वीराज ने सब अनसुना कर दिया और कहा कविचन्द कन्नौज को कब चलोगे? कविचन्द ने अपने बसभर सब तरह से समझाया परन्तु पृथ्वीराज ने एक आंख न मानी दोनों को बैठे बैठे जब रात्रि का तीसरा प्रहर हो गया तब कविचन्द को विवश होकर हां करनी पड़ी। हां कहा कर तब राजा ने कबि को छुट्टी दी और तभी आप सोया।

किंचित्मात्र रात्रि शेष रहते गुणीजनगायक लोग राजपौरी पर हाजिर हुए और अपने नित्त नियमानुसार वीणा बजा कर कलकंठ से गान

(१) मूल पुस्तक में महीनों का नाम नहीं लिखा है परन्तु आगे शिवरात्रि के शिवार्चन से मालूम होता है कि फाल्गुण मास था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने लगे। आकाश में तारागणों के फीके पड़ते ही वे लोग चुप हो गए और उनके स्थान में बन्दी और कवि लोग विरद पढ़ने लगे। बांदियों ने कहा पृथ्वीतल पर अद्वितीय तेजस्वी राजा पृथ्वीराज को धन्य है। जब वह अपनी सभा में विराजमान होता है तो इन्द्र एवं कुबेर सा सुशोभित होता है। इस पृथ्वीतल पर जो जो प्रतापी पुरुष हो गए हैं उनमें से अब एक भी नहीं हैं। न हयहय वंशी सहस्राबाहु है न कालिया का नथैया कन्हैया है, न राजा बलि है न लंकापति रावण है। बस इस समय यदि कोई प्रतापी पुरुष है तो अनलकुल में उत्पन्न सोमेश्वर का सुत महाराज पृथ्वीराज हैं। तब तक भास्कर भगवान का प्रकाश हो आया। राजा पृथ्वीराज शय्या से उठा और नित्य क्रिया से निश्चित होकर शिकार खेलने को जाने के लिये तैय्यार हुआ। जामराय यादव, बलिभद्र राय, विंभराज, महनसिंह, पीपा पाड़िहार, लंगरी राय का भाई, रामराय बड़ गुज्जर, लोहाना आजानबाह, अचलेस भट्टी और हाहुलीराय हम्मीर ऐसे दस पांच सामन्त भी राजा के साथ हो लिए। सब लोग चलते चलते दिल्ली से पांच कोस के अन्तर पर एक सघन बन में जा पहुंचे। वहीं पर एक बनरखे ने खबर दी की एक खोह में एक बड़ा भारी बाराह पड़ा हुआ सो रहा है। यह सुनते ही पृथ्वीराज मौका बाँध कर जा खड़ा हुआ। उसने आप तो तुवक छाती चढ़ाई और बनरखे को हुक्म दिया कि सुअरों को हांके। बनरखे की आहट पाकर वह सुसुप्त सूअर बिजली सा तड़प कर भाग चला। उस दीर्घकाय भयानक बाराह की खीसें जादू की दो जुन्हैया सी देख पड़ती थीं। सूअर का हांक कर के पास से निकालना और राजा का फैर करना साथही हुए। गोली सूअर के ठीक टीके पर लगी जिससे वह एक उछाल मार कर तत्काल ही समाप्त हो गया। सब लोग राजा के निशाने की वाह वाह करने लगे और उस दिन का शिकार यहीं पर समाप्त हुआ।

इस प्रकार शिकार खेल कर राजा पृथ्वीराज महलों को चला गया। दूसरे दिन प्रातःकाल शिवजी का पूजन करने गया। धन्य है उस सर्वव्यापी आशुतोष सदाशिव को जिसे नर नाग असुर सुर गन्धर्व इत्यादि सब पूजते हैं। उस देवताओं के देवता महादेव के शीश पर सुशोभित जटा जूट और उज्वल गंगधारा के दर्शन मात्र से पुरातन पाप पतिंगे भस्म हो जाते हैं। उसके ललाट पट में चन्द्रमा और उसी के पास जाज्वल्यमान तीसरा नेत्र सुशोभित है। पंचमुखी शिवजी के शीश पर लसत पंच स्वर्ण मुकुट ऐसे सुशोभित होते हैं जैसे गंगा के उपकंठ में सुमेर शिखर स्थित हो। ऐसे भोलानाथ के गले मे कालिया सर्प लिपटे और हृदय पर रुंडमाला रुरती है व्याघ्रचर्म का कोपीन और गज चर्म का आसन जिनका। यावत तीनो लोकों के त्रिविध ताप नाश करने वाली त्रिशूल जिनके बाएं हाथ में है और डिम डिम शब्द करने वाली डमरू दहिने हाथ में। संसार की शक्ति स्वरूप अर्धाङ्गिनी पार्वती जिनके बाम पार्श्व में विराजमान रहती है और स्यामकार्तिक और गणेश संमुख। एक मात्र एक डूंडा बैल है वाहन जिनका ऐसे उस कैलाशवासी शिव के स्मरण मात्र से समस्त सांसारिक पाप पलायमान हो जाते हैं। ऐसे शिवजी के शिवालय के दर्शन करतेही पृथ्वीराज का चित्त प्रसन्न हो गया। उसने दूरही से माथा नवाया और विनीत भाव से मनही मन प्रार्थना की कि हे शिव मेरी रक्षा कर।

इस प्रकार मन ही मन बंदना करते हुए पृथ्वीराज ने पुनः गंगाजल से स्नान किया और दिव्य वस्त्र धारण कर शिवार्चन के लिये सन्नद्ध हुआ उस समय वह ऐसा भला मालूम होता था मानो हरिद्वार में तप करनेवाला कोई दिव्य तपसी हो। षडंग का पाठ करते हुए ब्राह्मण मंडली के साथ पृथ्वीराज शिवालय में पहुँचा और शिवजी को मस्तक नवा कर पूजन करने बैठा, मनही मन नमस्कार करके शिवजी का ध्यान करते हुए उसने दो हजार घड़े गंगाजल चार हजार घड़े जमुनाजल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक हजार घड़े दूध एक हजार घड़े दही, पांच सौ घड़े शहत और पांच सौ घड़े काश्मीर, इस तरह नौ हजार घड़े से शिव जी के प्रथम स्नान करवाए। फिर केसर कस्तूरी कुंकुम आदि सुगंधिमिश्रित सौ घट गुलाबजल से स्नान कराए, तत्पश्चात् चन्दन चावल और बेलपत्र चढ़ा कर मन्दार मालती पंचजाती इत्यादि अनेक प्रकार के पुष्प माला चढ़ाए। पान सुपारी, धूप, दीप, नैवेद्य आदि सब तरह से विधिवत शिवार्चन करके उसने विनीति भाव से अस्तुति की, प्रदोष की कथा सुनी और नाना प्रकार के दान देकर ब्राह्मणों को सन्तुष्ट किया। पूजन हो चुकने पर कविचन्द ने कहा कि अब महलों को चलिए और तदनुसार पृथ्वीराज शिवस्थान से घर को आए।

———:o:———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कनवज कथा ।

[इकसठवां समय ।]

षट ऋतु वर्णन ।

उस मायावी सुग्गे की कही हुई संयोगिता के रूप गुण की गाथा पृथ्वीराज के अंतस में बस गई। तिसपर भी जैचन्द का बैरभाव तो उसे और भी बे चैन किए हुए था। उसने एक दिन कविचन्द से कहा क्या तुम आगामी ग्रीष्म में मुझे कन्नौज दिखलाओगे ? देखो वहां चलने से एक तो दूसरा दरबार देखने को मिलेगा, दूसरे अपना अद्वितीय बल पौरुष प्रगट करने का अवसर हाथ आवेगा, जिस से लोग अपनी सुकीर्ति बखानेंगे और उसे सुन कर अपने को सुख होगा। तीसरे यह बात है कि जो अपने को हींडता * हो उसकी बात रखना भी क्षत्रियों का परम धर्म है। यार ! है क्या जिंदगानी में पानी भरी खाल है। इस लिये दिल की भरी निकाल डालना ही अच्छा है। यह सुन कर कविचन्द ने कहा "परन्तु यह तभी हो सकता है जबकि आप शूरवीरी ताक में रख कर छद्म वेष धारण करें। कविचन्द की यह बात राजा को गुड़ भरा हंसिया होगई "न लीले बनें न उगले" पृथ्वीराज चुप रह गया।

वसंत ।

इस प्रकार कविचन्द का रुख लेकर पृथ्वीराज रानी इंछिनी के महलों में गया और उससे बोला प्रिये ! मैं कन्नौज को जाना चाहता हूं। तुम्हारी क्या इच्छा है ? यह सुनते ही रानी इंछिनी का गला भर आया और हिचकी बँध गई; परन्तु उसने कुछ सँभल कर गद्गद कंठ से उत्तर दिया। उसने कहा हे प्राणनाथ काले काले तमालों में लाले लाले पत्ते निकल रहे हैं, 'डहडही कोंपों के बीच से रसभरी लहलही कालियां मुकुलित हो रही हैं और सीतल मंद सुगंधित त्रिविध बयार सहज ही दिल को बेहाल कर रही है। कामाग्नि की उद्दीपक कलकंठी कोयलें कूकू कलाप करती हुई मानो कह रही हैं कि हे संयोगी जनो बसन्त की रातों में मजे से सेज पर मौज मारो। देखिए तो ये आम बौर रहे हैं, कदम्ब फूल रहे हैं और उन पर लदे हुए वृंद के वृंद मकरन्द लोभी मलिन्द मदान्धों की तरह आनन्द से मन्द मन्द झूल रहे हैं। रात्रि सम है, वायु निर्दोषहै, और वृक्षों में लगे हुए लाल लाल पत्ते दमारि से देख पड़ते हैं। इस लिये हे नाथ नेक मेरी ओर निहारिए और विचारिए कि बहते पानी की तरह जवानी के दिन जो गए सो गए। प्यारे ! मार्तण्ड का ताप अधिक हो जाने पर जब जंगलों में धुँवाधार अँधौवा चलने लगता है तब भौंरा अपनी सदा संघातिनी कालियों को छोड़ कर कमल कली पर कल्लोल करने जाता है। रस का लोभ उसे कमल कली में धसने को कहता है पर फँसने के भय से झिझकता हुआ अपनी भौंरी के सहित ऊपर ही ऊपर मनाया करता है। बलहीन भैंरे तो योंही भटक कर चले जाते हैं भोगी अपनी भौंरी का साथ नहीं छोड़ते परन्तु असल रसिया कली में धस जाते हैं और फंस जाते हैं। बस फिर उसकी स्नेह रूपा भौंरी उसी कमलकली पर भ्रमती हुई जलप तलप कर रात्रि बिताती है। प्रातःकाल जब कली खिलती है और भँवरा निकलता है तो भौंरी उसके साथ होकर आनन्द के गीत गाती हुई फूली अंग नहीं समाती है।

इस बसन्त ऋतु में जब कीट पतंगों की यह दशा होती है तब मनुष्य की क्या कहना है। यह बनवासी तपस्वियों को ताड़ना देने वाला, विरही जनों के हृदय को विदग्ध करने वाला, मनसिज का सच्चा

---

* हींडिज्जे तिहि काज दुष्ष सुष्षह भोगिज्जे = विछोह के कारण उत्पन्न हुई व्याधि को 'हींडना' कहते हैं। जैसे अमुक बालक अपनी माता को हींडता है अथवा अमुक मनुष्यों को रात दिन अपनी प्रेयसी की 'हींडना' रहती है।

(२ घाटियों, पहाड़ों या जंगलों में जो आग लगती है उसे दमारि कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सखा वसन्त एक मात्र संयोगिता को सुख देता है। अस्तु हे कंत इस वसन्त में अनत कहां जाते हो मेरे साथ एकान्त में सुरतान्त का सुख लुटिए। यों कहते कहते रानी इंछिनी के चातक से सलोने नेत्रों में नीर भर आया, जिसे देख कर पृथ्वीराज का भी दिल अधीर होगया और वह वसन्त ऋतु भर इंछिनी के साथ रहा।

ग्रीष्म।

वसन्तऋतु रानी इंछिनी के साथ बिताकर ग्रीष्म का आरम्भ होते ही सदैव कामातुर राजा पृथ्वीराज रानी पुंडीरनी * के पास गया और उस से भी वही बात कही कि संयोगिता का प्रण पालने और जैचन्द का दर्बार देखने के लिये मैं कन्नौज को जाना चाहता हूं। यह सुन कर रानी पुंडीरनी बोली इस गरबीली ग्रीष्म की गर्मी में भी कोई घर से बाहर होता है? चारों और धुवांधार धूलि उड़ रही है ऐसे में कैसे रास्ता सूझ पड़ेगा? आज कल दिन तो इतने बड़े होते हैं कि काटे नहीं कटते और रात जाते नहीं जानी जाती। प्रखर वैस्वानर द्वारा समस्त जल कर्षित हो जाने के कारण रस नीरस हो रहा है। चकवा चकवी प्रसन्न चित्त हैं। तनिक सा दिन चढ़ते ही आग की सी झार लू चलने लगती है जिसके स्पर्श से मनुष्य के शरीर का उत्तापित होना तो बातही क्या है बड़े बड़े ताल तलैयों का कीच निकल आता है और उनमें पड़ी हुई मछलियां तलफ तलफ कर तन तोड़ती हैं। पतझाड़ हुए भए बड़े बड़े वृक्ष दिगम्बर से खड़े देख पड़ते हैं। ऐसे विपत्ति सूचक समय में कहां फिरिएगा। आह! दिन में दिवाकर के दर्शन क्या होते हैं साक्षात् अग्नि देव का प्रकोप देख पड़ता है। आकाश में अच्छादित सघन धूलि के कारण दिशाओं का भी ज्ञान नहीं रहता। आतप के अत्यन्त ताप से बन तो इस तरह तपता है कि सर्वाङ्ग, चन्दन चुपरने से भी चैन नहीं पड़ता। वसन्त की शीतल मंद सुगन्धित पवन का अब पता भी नहीं है। उसके स्थान में जहां तहां बगरूड़े और अँधौवा चलते हैं। कामाग्नि जनित विरह व्यथा के कारण हाथी वेहाल होकर बन बन डोल रहे हैं। और फौजों के यूथ के यूथ जो जहां थे सो तहीं रह गए हैं। पाथिक वधूटियां पिया का मुखचन्द देखने की चाह में देहरी द्वारा ताकती रहती हैं। भला देखिए तो जब लोग बाहर से आ आ कर घर में रहते हैं तभी आप अपनी प्रिया को विरह के मुह में डाल कर बाहर जाना चाहते हैं! एक तो इस गरमी में आप खून सूखता है ऊपर से वियोग की झार! विचारिए तो मेरी क्या दशा होगी! उधर ताल तलैयां नदी नालों में जल नहीं, सर पर कड़ाचूर धूप पड़ना ऐसे समय आधी बाव में मजल करना आप को भी अत्यन्त कष्टसाध्य होगा; बस मेरी यही विनती है कि इस समय घर न छोड़िए देखिए तो कैसी गरमी पड़ रही है और तो क्या शरीर के पहने हुए गहने भी हाथ से नहीं छुए जाते। रह रह कर चित्त ऊब उठता है और शरीर से पसीने के पनारे चल रहे हैं ऐसे में पंग का दरबार देखकर क्या कीजिए गा।

रानी पुंडीरनी के ऐसे बचन सुन कर पृथ्वीराज क्षण भर के लिये अपने को भी भूल गया। रानी भी पावस के आरम्भ की सी वेलि पृथ्वीराज के गले से लिपट गई। बात की बात में सावन का सामान सज गया *। रानी सोलहो शृंगार और

* चामंडराय की बहिन राजकुमार रेणसी की जननी।

(१) छीन जलधर "वैसंनर" वैसंनर शब्द प्राकृत है इसी का संस्कृत पाठ बैस्वानर है। चलती भाषा में वैसुन्नर या सुन्नर भी कहते हैं वैस्वानर शब्द का मूल अर्थ शोषक अग्निहै। वैस्वानर सूर्य्य का एक नाम भी है।

* यहां अन्योक्ति अत्योक्ति या विरोधाभाव आदि अलंकार न समझिए। एक वास्तविक बात का कथन किया गया है। पहिले समय मे राजमहलों में खासखास कमरे बनाए जाते और ऐसे जरूरी सामानों से सजाए जाते थे कि उनमें जाते ही वर्त्तमान ऋतु का विरोधभाव भासित होने लगे। पावस वाला कमरा प्रायः जमीन के अन्दर तहखाने में होता है। उसमें मौके से नाना भांति के वेली वितान फुलवारी आदि सजाए जाते हैं फुहारे से पानी बरसाया जाता है और उसकी छत पर बड़े बड़े पत्थर के ढोंके लुडका कर बहल गर्जाया जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बारहो आभूषणों से सजकर सखियों सहित मलार गाने लगी। सुगंधित कुसंबी रंग के मंद मंद बुंद भी बरसने लगे। रानी के कानों के जड़ाऊ ताटंक बिजली का काम देने लगे और कटि की मेखला और पैर की पाजेब का शब्द पावस के पक्षिओं का सा रव भासने लगा। तात्पर्य यह कि चतुर्दिक लहलहे वेलिवितान और घनसार अगर केसर पान आदि की रचना से रानी पुंडीरनी की चित्रसारी साक्षात् पावस की पिटारी बन गई। इस प्रकार पृथ्वीराज ग्रीष्म भर रानी पुंडीरनी के साथ रहा।

पावस।

ग्रीष्म का अवसान और पावस का प्रारंभ होते ही पृथ्वीराज रानी इन्द्रावती के पास बिदा मांगने गया। पिया प्यारे का मुखारविंद देख कर इन्द्रावती का दिल दंग हो गया परन्तु चलाचली का समाचार सुनते ही तो वह सन्न रह गई। उस सुन्दरी के सलोने नैनों के कोयों में अश्रुकण झलक पड़े। अश्रुकण क्या झलके मानो उसके आंतरिक क्रोध का ऊफान ऊपर आगया। वह पृथ्वीराज से बोली। प्यारे! देखिए तो सही ये आठों दिशाओं से कारे कारे धुआंधार बद्दल झुके आते हैं। दादुर दम नहीं लेते, मोर शोर करते हैं और पपीहा पीऊ पीऊ पुकार रहे हैं, वसुन्धरा की शृंगार स्वरूप स्वच्छ सलिलमय सरिताएं समुद्र से मिल कर कल्लोलें करती हैं, रात और दिन दोनों इस समय बराबर हैं। भला ऐसे पावस में भी कोई पथिक घर से बाहर होता है? कीच और कूड़े के कारण रास्ता सूझ नहीं पड़ता। दशों दिशाएँ धूंधली हो रही हैं। रात दिन बद्दल छाए रहते हैं और नाना भांति की नवीन तरुलताओं एवं नवेली वेलियों से भूमि भरी हुई है। प्रस्फुटित पुष्पयुत वेलियां बड़े बड़े वृक्षों से लपटी हुई और बसुंधरा आकाश को आलिंगन करती हुई मानो माननियों को शिक्षा देती हैं कि भर भादों में प्यारे के गले से लग कर गहरा रंग छानो। घन की घनघोर घरघराहट के कारण पलभर सुचित्त होकर नींद नहीं आती। तलातल भरे हुए ताल तलैयों को देख कर सहजही हृदय बेहाल होता है और रात दिन पानी की झड़ी लगी रहती है, ऐसे में कोकिल भी कू कू करती हुई मानो पांच बाण के बाण छोड़ती है। आह! आकाश में अम्बर के आडम्बर और यह लगातार मूसलधार वर्षा देख कर दिगम्बर भी देहरी के बाहर कदम नहीं देते। जिस समय जोर से बादल तड़कता है और उसके बीच में मृग सावक के नेत्रों की तरह चपला चमचमा जाती है, पपीहा पीउ पीउ की पुकार करते हैं, वेलियां आलिंगन का स्मरण कराती हैं उस समय विरहनी के हृदय पर कैसी बीतती है सो वही जानती है। इस समय कुसुमसरधारी मकरकेतु ने मानों दसो दिग्गजों को दबा कर प्रकृति पर अपनी पताका रोप दी है और विषय रस राते इन्द्र ने भी उसकी सहायता के लिये अंतरिक्ष में धनुष[१] चढ़ा रक्खा है।

नाना प्रकार के नवीन पेड़ पौधों को फूल पत्तियों और जड़ी बूटियों से परिपूर्ण और हरी भरी भूमि को देखकर दिल दंग हो जाता है। वृक्षों की शाख प्रतिशाख में लिपटी हुई वेलियां हवा के झोंकों से मन्द मन्द झूलती हैं और उन पर बैठी हुई कलकंठी कोयलें रात दिन कूकें दिया करती हैं, जहां तहां ताल तलैया तन कर भरे हुए हैं और उनमें सुन्दर कुमोदिनी खिल रही है। नदियां आरपार चढ़ी घोर शोर करती हुई बहती हैं और किनारे पर मेढ़क टर्राते हुए मानों बद्दरों की नकल करते हैं। कभी रिमझिम मेह बरसता है और मजे की विजली लपकती है। कभी मेंह की कड़ी झड़ी लग जाती है, जोर से बद्दल कड़कड़ाता तड़तड़ाता और गड़गड़ाता है। जहां तहां पहाड़ों से झरने झरते हैं और तृण पात पूरित भूमि पर नाना प्रकार के उद्भिज्ज क्रीड़ा करते हैं। झिल्ली झंकारती हैं और जुगनू जगमगाते हैं, सुन्दर सरोवरों के किनारे हंस सावक प्रसन्न मन

(१) इन्द्र धनुष।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होकर कल्लोलें करते हैं और मौज से पर झाड़ झाड़ कर बोला करते हैं, ऐसे पावस की बहार में प्रवासी बन, बन बन भटकना अच्छा नहीं। सुख से संयोग का रस लीजिए, श्रावण भादव गुजर जाने दीजिए, फिर आपकी मौज आवे सो कीजिए। देखिए जो बिजली अँधेरी रात में दमक कर और के लिये उँजेला करती है वही बिजली बिरहनी की आंखों पर सलाई(१) का काम करती है। वे मेह बुन्द जो मन्द मन्द बर्स कर त्रिलोक का ताप हरते हैं सो विरहनी के हृदय पर अंगारों का काम करते हैं, इस तरह से इन दिनों विरही वियोगी का पल पल कल्प सा व्यतीत होता है परन्तु संयोगिता तो मानो साक्षात् रस के सरोवर में गोते लगाती है। बस मेरी बिनती यही है कि मुझे अकेले छोड़ कर पावस में प्रवास न कीजिए नहीं तो मैं समझूं गी कि प्रीति प्रतीत सब तुच्छ है।

शरद।

पावस भर इन्द्रावती के साथ रह कर शरद ऋतु का आरंभ होते ही पृथ्वीराज ने पुनः प्रस्थान करने की इच्छा की। इस बार हंसावती से मिलने गए और उससे कहा, हे प्रिये मैं कन्नौज को जाने की इच्छा करता हूं। राजा के ऐसे वचन सुन कर वह बोली, हे प्राण नाथ! मैं आपकी इच्छा में विघ्न नहीं करती परन्तु केवल इतनी अर्ज करती हूं कि शरद ऋतु की चटक चाँदनी चार दिन की है गई सो फिर आने की नहीं। इस समय या तो वे सुखी हैं जो अविवाहिता हैं और पिता के घर रह कर बालक्रीड़ा में समय बिताती है, या वे जो अपने प्रीतम चन्द्रमुख को चूम चूम संयोग रस रूपी सुधा का स्वाद लेती हैं। राजा महाराजा एवं छत्रधारी लोग अपने अपने छत्र सज कर दसों दिशाओं में दौरा करने के लिये राजधानियों से चल पड़े हैं। सोंधी सुगंध वाले स्वेत स्वेत पुष्प खिल रहे हैं और उज्ज्वल जुन्हैया सब रात जगमगाती है। बस और क्या कहूं मेरी इतनी बिनती मानिए कि मुझे इस शरद के दुःख दरद से बचाइए।

प्यारे! इस शरद की चटक चांदनी रात्रि में उन्हीं की मौज है जिनके मन से लज्जा निकल गई और जिन्हें दांपत्य सुख का नित नव चाव रहता है। देखिए तो पृथ्वी आकाश दोनों पर कैसे फूल फूल रहे हैं। मान सरोवर में हंसों के कलरव के कारण कान नहीं दिया जाता। हां ये निर्मल जल में खिले हुए कमलपुष्प शीत काल के लगते ही जल कर जल ही में विलीन हो जायंगे। इससे भी बढ़ कर दशा उन वियोगिनी स्त्रियों की है जिनके पिया परदेश में हैं। अहा कैसा उज्ज्वल आकाश है दर्पण की तरह दमदमा रहा है। चन्द भी सुधा की धारें वर्षा रहा है। समुद्र सर सरिता आदि सब का जल ऐन उज्ज्वल है उन में जहां तहां कमल और कुमोदिनी पुष्प प्रफुल्लित हो रहे हैं और बागों में फूले फूले लता पत्रों पर आच्छादित भ्रमर अजब ही छटा छाते हैं। इन दृश्यों से मानो सहसा कामज्वाला प्रज्ज्वलित होकर नस नस में बस जाती है और अपने स्नेह भाजन को गले लगाए बिना वह तन की तपन कदापि नहीं बुझती। यह सुठि सुन्दर सोहावनी शरद ऋतु सत् रज तम तीनों गुणों की समान उद्दीपक है। घर घर अच्छे दिए जगमगा रहे हैं और जैजैकार शब्द हो रहे हैं। स्त्रियों के परस्पर झुंड के झुंड मिलकर नाना प्रकार के व्रत और पूजन विधान करते हैं और सन्ध्या सबेरे कलकंठ से सुन्दर गीत भी गान करते हैं। चकवी चकित चित्त है, चकोर चन्दा से चित्त लगाए रात्रि भर उसी की ओर आँखें लगाए रहता है। ब्राह्मण वृन्द के बृन्द चन्दन पुष्प धूपादि सहित षोड़स सामग्री से जहां तहां देवार्चन करते हैं और घर घर दिव्य कार्य्य आरम्भ हो जाते हैं। क्वारी कन्याएं * नौरता नहाती हैं और प्रज्ज्वलित

(१) सलाई फेर कर अन्धा किया जाता है।

*नौरता—क्वार के शुक्ल पक्ष में नवरात्रि का आरम्भ होते ही क्वारी कन्याएं नौरात्रि भर बराबर प्रातः काल स्नान करके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीपयुक्त झंझरी सिर पर रखकर गाती हुई गैल गैल परिक्रमा लगाती हैं। देवी के मंदिरों में पंडित और ओझा लोग दुर्गा पाठ करते हैं और क्षत्री लोग महिष और अज आदि का बलि प्रदान करते हैं। इस समय चन्द्रमा अपनी सम्पूर्ण कलाओं से अट्ठारहों प्रकार की बनस्पति एवं जड़ी बूटियों को अमृत से पोषण कर रहा है इस लिये इन शरद काल की कामोद्दीपक निर्मल रात्रियों में स्त्री के साथ सो करही समय बिताना शुभ है।

इस तरह से अविवाहिता स्त्रियाँ तो नौरता उँजै लेने की ध्वनि में नित नव आमोद कर कर शरद के दिन बिताती हैं; परन्तु वे बड़भागिनी जो पिया का मुखचन्द देख चुकी हैं स्वयं शरद की प्रतिमा स्वरूप होकर समय बिताती हैं। सुहागिनों के पिया का मुखचन्द चन्द तो है ही उनके युग यौवन कमल एवं कुमोदनी से, दोनों मनरंजन अंनमय नेत्र खंजन से हैं और चन्द्रमा से श्रवित स्वाति बुन्द के कारण जो मोती उतपन्न होता है सो उनके सीप से उज्ज्वल स्वेत आचरण में उनके अमोदमय मन मोती नित नए रंग दिखाते हैं। अस्तु यदि आप मेरी बात को कुछ भी समझें अथवा आपको यदि चतुर चित्त की कुछ भी रीझ बूझ है तो कृपा करके इस शरद में मेरे दिल को दरद देकर देहरी बाहर होने की इच्छा न कीजिए।

हेमन्त।

शरदऋतु का अवसान होतेंही पृथ्वीराज ने पुनः कन्नौज को कूच करने की इच्छा की और इस बेर रानी कूरम्भी के महल में जाकर उसकी आज्ञा चाही। चला चली की चरचा सुन कर रानी कूरंभी बोली "आर्य्य पुत्र! इस हेमन्त में दिनदिन दिनछीन हो रहे हैं। दिवाकर का दर्प मन्द पड़ रहा है और असह्य शीत के साथ साथ रातें बढ रही हैं। इन दिनों तो अर्द्धाङ्गिनी को आलिङ्गन कर गुदगुदी शैय्यां पर सोने में जो मौज है सो किसी में नहीं है। यदि ऐसा न हुआ तो सहज सुकुमार स्वभाव की स्त्री वियोग की आँच में ऐसे जरती हैं जैसे शीत से सरसिज समूह एवं कुमोदिनी जल कर जलमय हो जाती हैं। मेरी विनती मानिए इस समय मुझे निरावलम्ब छोड़ कर कहीं न जाइए। विलक्षण समय है ज्यों ज्यों रात्रि बढ़ती जाती है त्यों त्यों स्त्रियों के कुच जंघा और नितम्ब भी पीत होते जाते हैं और शीत की सहजोरी से ज्यों ज्यों सूर्य्य की गरमी एवं दिन दबते जाते हैं त्यों त्यों कमर पतली होती जाती है। गहन बन में स्थित पहाड़ों की गुप्त कंदराओं में समाधि साधे हुए साधु जन जो मौज लेते हैं वही इन दिनों स्त्री प्रसंग में मिलती है। इस संसार सागर में मनुष्य के लिये केवल दो बातें सार हैं। या तो वे किसी पर्व्वत की कन्दरा में धूनी रमाकर ध्यानावस्थित हो योग का आनन्द लेना या किसी कोमलाङ्गी को कलेजे से लगा कर सुख शैय्या पर आनन्द लेना। या तो वन में रहे या वनिता के साथ !! या तो सर्वाङ्ग भस्म रमावे या बहुमूल्य बस्त्र धारण करे। इस प्रकार से या तो स्नेह एवं इश्क द्वारा दो दिल एक करके अनुराग में रँग जावे या संसार भर का सुखकर सामग्रियों को तिलांजुली देकर वैराग में पग जावे। तभी यह दुस्तर संसार सागर पार हो सकता है

नौरता (नौरते के कुछ बँधे हुए गीत हैं) गाती और मिट्टी का नौरता और घरघोला बना कर उन में पूजा करती हैं। अष्टमी के दिन उनका पूजन खतम होता है उस दिन रात्रि को वे एक बहुत छेदवाली मिट्टी की टिलिया में दिया रख कर गाती हुई मुहल्ले में फिरती हैं। गृहस्थ उनके दिये में कुछ तेल डाल देते हैं और उनके दिया का तेल प्रायः आप ले लेते हैं। यह तेल कई एक चर्म रोगों का नाश करता है। इस नौरते का चलन अब भी है। इलाहाबाद से लेकर देहली तक तथा राजपूताना में और बुन्देलखण्ड में अब तक नौरते का पूजन होता है। बुंदेलखंड में तो अब भी इसे नौरता कहते हैं परन्तु अन्यत्र क्या कहते हैं सो ज्ञात नहीं।

(१) कई साल स्नान पूजन करलेने के उपरान्त उसका हवन और ब्रह्मभोज कराकर समाप्त करने को उजैना कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं "दोनों दीन से गए पांड़े न हलुआ मिला न माड़ा"।

हे प्राणनाथ!यह स्त्री शरीर उत्तम तपोभूमि से किसी तरह कम नहीं है। यह रोमावली बन पुष्प के समान है, दोनों कुच करि कुंभ एवं पर्व्वत शिखर से विराजमान हैं जिनके बीचों बीच उज्ज्वल और परम पवित्र सरस शृंगार रस का श्रोता बहता रहता है। एक ओर विरह विथा की धूनी भी धधकती रहती है। बस पुरातन पुण्याई का उपभोग करते हुए यहीं पर तपस्या कीजिए यदि ऐसा न किया तो क्या आश्चर्य्य है कि धधकती हुई धूनी हेमन्त की हवा में सारी तपोभूमि को भस्म कर दे। इतने पर पृथ्वीराज का कुछ ढीला रुख देखकर रानी कूरंभी उसके गले से लपट गई और मुस्कराती हुई कहने लगी। हे नाथ! कहती हूं, न जाइए मैं बार बार बिनती करती हूं। ऐसी मौज छोड़ कर बाहर जाते हैं न जाइए मौज का आनन्द लीजिए। रात बढ़गई, दिन घट गया, शीत की अधिकता के कारण शरीर थर थर कांपता है और दंत्ती बजती है। भोर के पहर कामदेव कलेजे पर चोट करता है उस समय अकेला रहना बड़ा दुःखदाई होता है। रात दिन हाय हाय करते हुए हृदय विदीर्ण होता है।

हेमन्त की अवाई होते ही चकवा चकवियों का चित्त दुखी हो गया। विरही जनों के जी में ज्वाला सी जलने लगी। संयोगियों ने जुही मालती आदि के पुष्पों का शृंगार उतार दिया और कस्तूरी और अगर आदि का सेवन आरम्भ कर दिया। धन्य है संयोगियों के यहां अब भी पावस का आभास रहता है। शीत के भीत और प्रीति की उमंग के कारण तिया पिया से मिलना चाहती है परन्तु स्वाभाविक लज्जा के कारण झझकती और आंख चपा कर भांजती है और पति लपट झपट कर उसे हिये से चिपटाने की चेष्टा करता है। उस समय स्त्री के कानों के कुंडल चपला से चमकते हैं। उस लिपट झपट में जो हिए के पुष्पहार टूट कर बिखर जाते हैं तो बगपाँति से जान पड़ते हैं। कटि किंकणी और नूपुर आदि गहनों का झंकार स्वर झींगुर सा जान पड़ता है। उस समय भोग विलास की कसरत के कारण जो सीने से पसीने के बूंद टपकते हैं सो साक्षात् स्वांतिबुन्द से जानिए। इस प्रकार मदन की मजेज से निकली हुई रस की नदी में नहाता हुआ हेमन्त रूपी हाथी तभी प्रसन्न होता है जब कि कन्त और कामिनी एकान्त में एक दूसरे के साथ रहें! इस लिये मैं इस समय आपको कदापि न जाने दूंगी, चाहे हजार हो जाय।

शिशिर।

हेमन्त का अन्त होतेही पृथ्वीराज ने पुनःचलाचली का बिचार किया परन्तु अब की बार उसे रानी हम्मीरनी ने रोक रक्खा। उसने पृथ्वीराज को देखतेही कहा हृदयेश्वर यह रोम राजि नहीं जवानी की जलमय नदी की धारा है और ये युग योवन पर्व्वत शिखर हैं। अनेक भांति के शृंगार और आभूषण मानो इस योवन बन के लता पत्र हैं। यदि हे शूर शिरोमणि मृगराज आप चले जांयगे तो इस तनबन में बिहार करता हुआ काम करि बड़ाही उत्पात करेगा। शिशिर की रातों में यह सारी फुलवारी उजार डालेगा।

देखिए शीत कमने लगा और प्रकृति का प्रभाव सम होने लगा।इसी से अमीर ग़रीब सब के घर विशेष आमोद प्रमोद देख पड़ता है। फागुन का महीना लगतेही सब के यार दोस्त हितो व्यवहारी और रिश्तेदार आदि एक दूसरे के घर जा जा कर परस्पर मिलते जुलते हैं। स्त्री, पुरुष सब मदन की मजेज में मस्त हैं। एक दूसरे के संमुख मनमानी बातें कहने में तनिक भी नहीं सकुचते। इस समय यदि आप चले जांयगे तो मेरे कैसे दिन कटेंगे सो तो सोचिए। शिशिर ऋतु का आरम्भ होतेही वायु वेग से बहने लगी जिससे वृक्षों के पुराने पत्ते झड़ कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गिरने लगे, चन्दन अगर और मृगमद मिश्रित तमोर का सेवन शुरू हो गया । नमकीन, अम्ल, तीखा कटु मधुर और मीठा इन षट्रस व्यंजनों में विशेष स्वाद आगया है । इस समय काम क्रीड़ा से मुख मोड़ना उचित नहीं । उस नव वयस्का गौराङ्गी सुन्दरी रानी हम्मीरनी की ऐसी बातें सुन कर और उसकी भोली सूरत देखकर पृथ्वीराज को मुस्कुराहट सी आई और उसे गले लगा कर शिशिर भर वह उसी के साथ रहा ।

तब तक पुनः बसन्त ऋतु आगई । कुंज कुंज प्रति अलि पुंज गुंजार करते हुए डोलने लगे। कलकंठी कोयलें उच्च स्वर से कू कू शब्द कलापने लगीं बनबाग उपवनों में जहां तहां अन्यान्य जीवधारी भी आनन्द की बधाई बजाते हुए अनेक प्रकार सुहावने कोलाहल करने लगे सौरभ सनी सौंधी सुगंधमय वायु बहती हुई तन के ताप हरने और मन को प्रसन्न करने लगी और जंगलों में पलास और बागों में कदम्ब फूलने लगे, नाना प्रकार के लता पत्र और बेलिवितान सब आनन्दमय हो गए और संसार भर में ऐसी नवीनता छाई कि जड़ चैतन्य सब फिर से नए नए होगए ।

इस प्रकार एक एक ऋतु में एक एक रानी के आग्रह से पृथ्वीराज एक वर्ष भर कनौज को कूच न कर सके । होते करते जब दूसरा बसन्त आगया तब उसने एक दिन कविचन्द से कहा "हे कवि क्या तुम कह सकते हो कि ऐसी भी कोई ऋतु है जिसमें स्त्री को पति की परवाह न होती हो ? यह सुनकर कविचन्द बोला पृथ्वीनाथ, यदि कमल जल को त्याग दे, शेषनाग पृथ्वी को त्याग दे और मधुप सुगंधि को त्याग दे तो संभव है कि कभी स्त्री भी पति की परवाह एवं चाह छोड़ दे । पर हां क्यों नहीं. ऐसा होता भी है अर्थात् जब स्त्री ऋतु-वती होती है तब अवश्य वह पति के पास नहीं रहना चाहती । *

भीतर भीतर सब तय्यारियां हो चुकी थीं । फौज. हाथी, घोड़े सब दुरुस्त थे, परन्तु अब तक पृथ्वीराज और कविचन्द के सिवाय और किसी को भी कानो कान खबर न थी कि कहां जाना है क्या होना है । कविचन्द से बात पक्की हो जाने पर सब सामन्त सलाह के लिये और गुरुराम प्रोहित प्रस्थान का सुदिन शोधने के लिये बुलाए गए । गुरुराम के बहुत कुछ विचार करने पर भी कोई अच्छी साइत न मिली केवल चैत बदी त्रितिया रविवार की एक साइत निकली जिस में पृथ्वीराज को १२ वें सूर्य्य ग्यारहवें चन्द्रमा पांचवें केतु और दिल्ली के आठवें स्थान पर संमुख मंगल पड़ता था । गुरुराम ने सब ग्रह योग का फल कह सुनाया और कुछ दिन और गम खाने को कहा परन्तु पृथ्वीराज ने एक न मानी और भविष्य को निश्चय मान कर उसने उसी समय कूच की तैय्यारी होने की आज्ञा दी ।

कैमास की मृत्यु के पश्चात् राज्य मंत्री के पद पर सलख प्रमार (जैतराव) था क्यों कि सौ सामन्तों में कैमास के बाद दूसरा नम्बर उसी का था । वह वादे का पूरा, बचन का सच्चा, और खूब आगा पीछा सोच कर बात बोलने वाल था । यह लँगोट का सच्चा और निर्लोभी भी था । युद्ध के समय काल के साम्हने से भी पीछे पैर न देने वाला सुहृद, स्वामि सेवा, बल पौरुष पराक्रम में दृढ़, अच्छा डील डौल दार, बड़े बड़े दुर्गम दुर्गों को बिन प्रयास ढहा देने वाला सलख ही इस पद के योग्य था । नीति में कहा भी है कि राजा ऐसा मंत्री करे जो सनातन से कुलीन, सब विद्याओं में दक्ष और चर कार्य्य में भी अत्यन्त चतुर हो। मोह लोभ और विषयवासना से रहित हो, धर्माधर्म को जानता हो और न्याय करने में निपुण हो ! वह रोगी भी न हो, किसी विषय में आसक्त हो कर उसमें फँसने वाला न हो, राजसी मार पेच के

* दोहा ॥ षट रित बारह मास गय फिर आयो रू बसन्त । सो रित चन्द बताव मुहि, तिया न भावे कन्त ॥ रोस भरे उस कामिनी, होय मलिन सिर अग । वह रित त्रिया न भावई. सुन चुहान चतुरंग ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दाव घातों को अच्छी तरह समझना हो और सबसे बड़ी भारी शर्त यह है कि अधर्म का धन न लेता हो यानी रिस्वत खोर न हो।

गुरुराम ने कहा अच्छा जो इच्छा सो कीजिए परन्तु जरा राज्य मंत्री से भी तो पूछ लीजिए। तब तक सब सामन्तों सहित जैत प्रमार भी आ पहुंचा। पृथ्वीराज ने उसे ओर छोर से सब हाल कह सुनाया और कहा कि मैं भेष बदल कर कविचन्द के साथ कन्नौज को जाना चाहता हूं। राजा के ऐसे वचन सुन कर सलख प्रमार बोला "महाराज कहीं बदली से सूर्य्य और वस्त्र के आवरण से अग्नि कण छिपते हैं। अथवा कोई दरिद्री यदि रुपयों की ढेरी कर परख करने बैठ जाय तो उसकी भी असल अवस्था कहीं छिप सकती है। कवि पंडित गुणी विद्वान घोड़े का सवार राजपूत और राजा ये लोग लाखों में नहीं छिप सकते चाहे किसी भी अवस्था में क्यों न हों उन की स्वाभाविक दीप्ति उन्हें आप बतला देती है। यदि यों भी बात मान ली जाय तो छरीदा चलना उचित नहीं है पूरी तय्यारी के साथ चलना चाहिए। कवि लोगों के साथ में सजी हुई सेना और राजसी रखत बखत होते नहीं। ऐसे समय पर आडंबर ही काम देता है। यदि आप न मानें तो हमारी भी कुछ हानि नहीं। हार जीत की राम जाने हम जैचन्द का यज्ञ धूल में मिला देंगे। पर जो कहीं जैचन्द ने जान लिया तो हम तो सब वहीं कट मरेंगे परन्तु आपको वह मारे या छोड़े सो आप जानें! इस लिये मेरी सलाह तो यही है कि साज सामान के साथ चलना चाहिए।" तब गोयंदराय गहलौत बोला-आप का ऐसा कहना उचित है परन्तु यहां शहाबुद्दीन भी तो हमेशा घात में रहता है इस लिये दिल्ली को सूना छोड़ जाना भी बड़ी भारी भूल है। निदान अन्त में यह तै हुआ कि समस्त सेना के सहित रामराय रघुवंशी दिल्ली की रक्षा पर रहें और भिन्न तन एक मन अन्य सौ सामान्तों सहित पृथ्वीराज कन्नौज को कूच करें।

इस प्रकार सलाह हो चुकने पर सभा विसर्जित हुई। सब सूर सामन्त अपने अपने घर गए। और पृथ्वीराज भी शयनागार में जाकर सुख में हुआ। सारी रात गहरी नींद सोता रहा। भोर के पहर देखता क्या है कि सहसा सहस्रों बिजली सा तेज देदीप्यमान हो गया और एक राक्षस उसके साम्हने आकर उसे कुवाच्य कहने लगा। उसके पहिले बचन पर राजा ने धनुष बाण हाथ में उठा लिया। दूसरे पर बाण सन्धाना। तीसरे पर गोसा ताना और चौथे बोल पर बाण छोड़ दिया जिससे वह राक्षस मर कर गिर गया, इतने में चार की घड़ी बजी और राजा की आंख खुल गई, देखता क्या है कि कहीं कुछ भी नहीं। तबतक नित्त नियमायुसार कविचन्द भी आ पहुंचा और पृथ्वीराज ने उससे अपने सपने का हाल कहा उसने उत्तर दिया कि सब शुभ है आप शीघ्र ही अपने शत्रु को परास्त कर सब तरह से सफल मनोरथ होंगे और चारों ओर आपकी सुकीर्ति फैलेगी परन्तु कुछ और भी है जोकि मैं स्पष्ट कह नहीं सकता। इसपर पृथ्वीराज ने कुछ भी ध्यान न दिया और हुक्म किया कि साथ में चलने वाले सब लोगों को कूच की तय्यारी का हुक्म सुनाया जाय।

निदान संवत् ११९१ * चैतबदी ३ रविवार के दिन ग्यारह सौ सवार साथ में लेकर पृथ्वीराज ने कन्नौज को कूच किया। उसके साथ के वे ग्यारह सौ सवार एक लाख सिपाहियों का मुँह मोड़ने के लिये बहुत थे। वे अच्छे अच्छे डील डौलदार जोरावर राजपूत सिपाही ऐसे हट्टे कट्टे और मजबूत

(१) अधम द्रव्य नन संग्रहै।

* मूल पाठ 'ग्यारहसैं एकानव चैत तीज रविवार" है इससे पक्ष स्पष्ट नहीं होता परन्तु हमने अनुमान से कृष्ण पक्ष लिखा है क्योंकि सम्भव है कि नव रात्रि की त्रितिया को पृथ्वीराज कदापि प्रस्थान न करता और आगे वर्णन से कृष्ण पक्ष ही सिद्ध होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जवान थे कि उनके वज्र से सीने पर वजूही चाहे विथर जाय पर बात क्या कि उनके सीने में सांस हो जाय। युद्ध के समय पर वे रुद्रवेष योद्धा तृण रूपी शत्रु समूह को भस्म करने के लिये साक्षात् अग्नि शिखा से थे। महाभारत के समय से लेकर आज लों न तो कोई ऐसा वीर हुआ न होने की आशा है। संभरीनाथ पृथ्वीराज भी उस समय एकही था। प्रथम तो उसकी वीरता की बातें ही देश भर में कानो कान हो रही थीं तिस पर उसके गजनीपति शहाबुद्दीन को बाँध बाँध कर छोड़ देने और कैमास के मारडालने न तो उसके आतंक को और भी चढ़ा बढ़ा दिया था, ऐसा अद्वितीय तेजस्वी दिल्लीपति राजा पृथ्वीराज चहुवान ग्यारह सौ सवार सौ सामन्त छः निज सूरमा और कविचन्द को साथ में लेकर राज्य महल से चल पड़ा और नगर से बाहर यमुना के किनारे जा ठहरा।

चलते समय जब पृथ्वीराज ने हर हर शब्द उच्चारण करते हुए पाइरे पर पैर दिया तो उसके साथी सामन्त लोग भी शिव सरस्वती काली गणेश भैरव हनुमान इन्द्र नृसिंह सहस्रबाहु बटुक कृष्ण और भगवान रामचन्द्र आदि अपने अपने इष्ट देवों का स्मरण करते हुए उसके पीछे हो लिए। सिपाही सवारों का तो हाल आप सुनही चुके पर ये सामन्त वैसे सौ सौ सिपाहियों के बराबर एक एक थे। सहस्त्रों शत्रुओं को मार कर पार देना और मतवारे हाथियों के खांसे मूली से उखार लेना उन्हीं सामन्तों का काम था। उनके संमुख मनुष्य क्या एक बार जीभ निकाले हुए यमराज भी क्यों न आजाय पर वे पीठ दिखाने वाले नहीं थे। उन राजपूत योद्धाओं के जैसे अस्त्र शस्त्र उज्ज्वल थे वैसे ही उनके हृदय भी कपट कालिमा से रहित सूर्य्य की किरण जैसे उज्ज्वल थे। उन सूर और सामन्तों का पता एक छन्द में कविचन्द इस प्रकार लिखता है—

नम्बर	नाम	विरद	विशेष
१	कन्ह	नरनाह	पृथ्वीराज का चाचा सोमेश्वर का सगा भाई ।
२	गोइन्दराय	गहलौत	
३	सेनचन्द		मंडलीक का पुत्र जो कि शहाबुद्दीन की पहली लड़ाई में मारा गया था।
४	लंगरी राव		संयमाराय का पुत्र जो कि महोबे की लड़ाइ में बड़ी वीरता से काम आया था
५	देवराज	बग्गरी राय	
६	जाजराय		बग्गरी राय का पुत्र।
७	रणधीर प्रमार		जैतप्रमार का कोई भाई बेटा।
८	जैत प्रमार	सलखराय	आबू का राजा रानी इच्छिनी का भाई इस समय मंत्री था।
९	जामराय	जामजद्दो नांदोराय	
१०	प्रसंगराय खीची		
११	पज्जूनराय		कछवाहा 'जिस वंश में वर्तमान जैपूर राज्य है।
१२	वलिभद्र राय		पज्जूनराय के पुत्र।
१३	पाल्हन राय		

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नं०	नाम	विरद	विशेष
१४	निड्डुर राय	कमधज्जराय	कन्नौज के राजा जैचन्द का भतीजा ।
१५	रामराय	बड़ गुज्जर	
१६	अत्ताताई		यह महादेव जी के वरदान से स्त्री से पुरुष हुआ था यह कथा आगे इसी समय में है ।
१७	गम्भीर सिंह		हाहुली हम्मीर का भाई ।
१८	नरसिंह		दाहिमा वंशी कैमास के भाई बेटों में से त्रिशूल चलाने में बड़ा निपुण था ।
१९	जंघारभीम	जोगी जंघारा	उदंड ब्रह्मचारी और शिव भक्त।
२०	उद्दिगपगार		
२१	चन्द्रसेन	चंदपुंडीर	पृथ्वीराज का साला रानी पुंडीरनी का भाई चहुवान ।
२२	वीर सिंह	नृसिंहवीर	
२३	हरसिंह		
२४	सारंग राय	चालुकराय	एक सोलंकी सरदार ।
२५	विंझराज		सारंग राय का भाई ।
२६	नागर राय	गौर राय	गोर या गौड़ चत्री ।
२७	दाहर राय		
२८	रामेरन		प्रमार
२९	रूपराय या रुवराय		दाहिमा
३०	भोंहा राय	धीर भोंहा	चन्देल
३१	कनकराय		राम राय के घराने का कोई सरदार ।
३२	कनकराय		दूसरा ।
३३	मालचन्देल		
३४	भानराय	भान भट्टी	
३५	सामलासूर	कमधुज्जराज	
३६	नृसिंह राय		मोहिल्ल राय का भाई ।
३७	देवराज	देवरा राय	पृथ्वीराज का भाई ।
३८	मंडली राव	महामंडली	
३९	धनूराव		पुंडीर वंश का कोई वीर ।
४०	पहार राय	तूअर राय	इसने शाह को पकड़ा यह डील डौल में सब सामंतों से सबल था-देखो पहाड़राय समय ।
४१	जुल्ह राय	जावलौ जल्ह	सौलंकी सरदार ।
४२	खेता खगार	बगरी बाघ	महोबा फतह होने पर यही बुन्देलखंड का सूबेदार नियत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नम्बर	नाम	विरद	विशेष
			हुआ था इसी से वहां खंगारों के राज्य की जड़ जमी जिसे बुंदेलों ने उखाड़ा। खेता के वंश के अब भी हजारों आदमी बुदेलखंड में हैं पर वे बुन्देलें राजों के साम्हनें छड़ी लेकर चलते हैं अर्थात् नकीब हैं।
४३	वीरम राय		दूसरा परिहार।
४४	रूपराय		
४५	सारंग राय	सारंग गानी	यह दूसरा सारंगराय है।
४६	भोजराज	वीरजादों	यादव वंशी।
४७	सांखुला सिंह	साँखुलासूर	
४८	सांमले सिंह	सामलासूर	
४९	विक्रम राय		कमधुज्ज।
५०	सादल्ल राय	सादल्लमोरी	मोरी चत्री या मौर्य्या वंशी
५१	ठंठरी राय		टांका चाहुवान (चहुवानों की चौबीस शाखाओं में से एक टांका है)
५२	सारन राय	सारन मोरी	
५३	जयसिंह	सिंघ चन्देल	
५४	बारू राय	बारू कंठीर	केहर कंठीर का भाई बेटा कोई।
५५	भीम राय	भीमजादो	
५६	पीपा राय	पीपपड़िहार	इसने एकबार शाह को पकड़ा था।
५७	देवराज		दूसरा।
५८	अचलेस राय	अचलेस	खीची।
५९	कचरा राय		पट्टनपुर के भोला भीम का पुत्र।
६०	नाहर राय		}परिहार।
६१	महन सिंह		
६२	भीम सिंह		मोरी
६३	लक्खन राय		आरजराय सौलंकी का पुत्र।
६४	पूरब राय		बघेला।
६५	तेलज्ज राय	डोडियाराय	पुरनराय प्रमार का पुत्र जिसका नाम इक्कीसवें समय में आया है।
६६	अचलेस भट्टी		
६७	चन्द्रसेन		परिहार।
६८	संग्राम सिंह		(दूसरा) बड़गुज्जर।
६९	विजेराय बघेला।		
७०	गोहिल्ल		कंठिया राय का पुत्र।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नम्बर	नाम	बिरद	विशेष
७१	लक्खन राय	चाच राय	
७२	रंघरी राय		(दूसरा) प्रमार।
७३	जैसिंह कमधुज्ज	पुंडरि वंशी।	
७४	पुंजपहार		
७५	भारथ राय		
७६	जागर राय		मल्हनास केहरी का पुत्र यह पहाड़ी किले की लड़ाई में बड़ा होशियार था।
७७	टाक चाटा		
७८	रावत राय		
७९	हरी देव		
८०	जाज राय		
८१	अहट्टी राय		दूसरा (यादव वंशी)
८२	हाहुली राय	हम्मीर	गम्भीर हम्मीर का पुत्र। स्मरण रहे कि जंबू में सूर्यवंशी राजा राज्य करते हैं संभव है कि हम्मीर भी सूर्य वंशी हों वे हाडा चौहान नहीं हो सकते क्योंकि उनकी बेटी को भी पृथ्वीराज का व्याहना भी लिखा है। जम्बू और काँगड़े परगने (कश्मीर) का राजा था।
८३	पुहकर राय		
८४	कन्हराज		दूसरा
८५	जंगली राव		दाहिमावंशी।
८६	पंचाइन राय		चाहुवान।
८७	रणवीर राय	रण राय	पहार राय का पुत्र।
८८	छग्गन		नरनाह कन्ह का एक सेवक।
८९	देवती राय		

इस सूचीके अनुसार १७ सामन्तों का फर्क पड़ता है क्यों कि कुल संख्या १०६ होनी चाहिए यहां केवल ८९ होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पृथ्वीराज ने यमुना के किनारे पर एक मुकाम करके गुरुराम प्रोहित और प्रधान कर्मचारी मधुसाह को बुला कर आज्ञा दी कि सेना सहित वे दोनों दिल्लीगढ़ की रक्षा करें। निदान गुरुराम तो दिल्ली में रहा और उसका भाई वीठल देव राजा के साथ चला। सब सूर सामन्त तो राजा के साथ में थे ही तब तक सबके दस दस पांच पांच भाई बेटे भी सज बज कर पड़ाव पर आ गए। वहीं पर कविचन्द सबका अगुवा बना और राजा सहित सब सामन्त और सिपाहियों ने बेष बदल कर उसका अनुयायी होना स्वीकार किया। उसी समय अटाले के मालिक रनवीर परिहार को आज्ञा दी गई कि वह पेशखेमा लेकर आगे आगे चले और दूसरे पड़ाव के लिये अमुक स्थान पर भोजन पान का उचित प्रबन्ध कर रक्खे। राजा ने हयशाला के अफसर यानी रिसालदार जगमाल को हुकुम दिया कि वह सब सामन्तों की सवारी के लिये अच्छे अच्छे घोड़े हाजिर करे। निदान जगमाल ने भी मौका समझ कर सब सामन्तों को विल्हान खेत के घोड़े दिए। इस प्रकार राज्य-रक्षा का उचित प्रबन्ध करके दूसरे दिन एक प्रहर रात्रि रहते तय्यारी का डंका बजा और कविचन्द और सब सूर सामन्तों सहित पृथ्वीराज नांव पर से यमुना पार हुआ।

पृथ्वीराज के नांव पर सवार होते ही एक तो बड़ा भारी अशकुन यह हुआ कि संमुख छिद्रमय काला कलश देख पड़ा और जब वह जमुना पार होकर नांव पर से उतरने लगा तो उसे दूसरा एक अद्भुत और भयानक चरित्र और भी नजर आया। वह यह था कि एक अर्द्धंगी प्रतिमा सहसा संमुख आ खड़ी हुई। उसके मुख में तो मुस्कराहट थी, परन्तु क्रोध के कारण उसके नेत्र अंगारे से लाल हो रहे थे, और उसके हृदय पर कमल कनेर और सिरस के फूलों की माला लटक रही थी। उसके बाएँ अंग के सब आभरण सोने के थे परन्तु दाहिने अंग के सब आभरण लोहे के थे। उसके आधे सिर के बालों का जूड़ा बँधा हुआ था पर आधे बाल खुले हुए थे। जूड़े वाले भाग पर मोतियों की माला रूल रही थी और खुले केशों पर लोह की सांकर लटक रही थी। उसकी दाहिनी आंख में कज्जल लगा हुआ था पर बाईं में कुछ भी नहीं और उसके नयनों से सर्प की सी फुंकार निकल रही थी। उसके बाएं अंग का आवरण तो पीत पट था परन्तु दहिने अंग का वस्त्र कौवे से भी काला था। उसके बाएँ पैर में जेहर और पायजेब पहिना हुआ था और उस पैर से वह मत्त गयंद की चाल चलती थी परन्तु दाहिने पैर में लोह की सांकल थी और उसका वह पैर कदापि थिर नहीं रहता था। इस प्रकार कभी हँसती कभी रोती, तांडव नृत्य करती उस भयानक भेष अर्द्धाङ्गी प्रतिमा को देख कर अत्यन्त आश्चर्यान्वित होकर पृथ्वीराज ने कविचन्द से पूछा कि कहो तो इसका क्या तात्पर्य्य है। तब कविचन्द बोला कि सम्भरीनाथ यह आपको देवी के दर्शन हुए हैं और इस अर्द्धाङ्ग स्वरूप से यह अभिप्राय है कि आप शीघ्रही शत्रु का दर्प चूर्ण करके अपनी प्रिया संयोगिता के पति होइएगा।

पृथ्वीराज ने कहा कविचन्द तुम चौदहो विद्याओं में दक्ष देवी से वरदान पाए हुए वर्दाई कवि हो। इस समय तुम मुझे यात्रा के सब शुभ अशुभ तो कह सुनाओ। इस पर कविचन्द बोला महाराज सुनिए दाहिने हो अथवा बाएँ परन्तु समतल पर बैठी हुई (१)देवी सदैव शुभ है। उसके दर्शन से यात्री सहज ही सफल मनोरथ होता है। यदि वह दाहने बाजू के किसी वृक्ष पर बैठ कर दो या तीन आवाजें दें तो मानो वह पथिक की यात्रा में स्वयं बांधा देकर उसे जाने से रोकती है। यदि वह मंडल बांध कर उड़ती हो और रास्ता काट कर बाएँ से दहिने जाय तो शुभ है और

(१) "देवी" एक चिड़िया का नाम है। आज कल इस चिड़िया को शामा या स्यामा कहते हैं। यह सर पैर से बिलकुल काली होती है उसकी पूँछ लम्बी और चोंच बारीक होती है। शिकारी और डांकू लोग अब भी इस चिड़िया की बोली से बड़े मतलब निकालते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी समय एक से तीन तक जितने शब्द करे उतनी ही अधिक कार्य्यसिद्धि समझनी चाहिए। परन्तु यदि कहीं दहिने से बाएँ जाय तो महान अशकुन जानिए। उस अवस्था में उसका बांई ओर बोलना घात सूचक है। यदि कहीं तीन बोली लगातार बोले तो समझनी चाहिए कि यात्री की अवश्य मृत्यु होगी। परन्तु यदि ऊंचे स्थान पर बैठी हो तो उतनी ही अधिक कार्य्य-सिद्धि समझनी चाहिए। उसका बांई ओर होना अरिष्ट या द्वेष सूचक है पर दहिनी ओर सिद्धि सूचक है। यदि वह थूहड़ सेंहुसं पाफनी आदि कांटेदार वृक्ष या कोयले के ढेर अथवा किसी सूखे हुए वृक्ष के ठूठे पर बैठ कर शब्द करे या उससे उतर कर बोले तो समझना चाहिए कि कोई खेद की बात तो नहीं पर कार्य्य सिद्धि की भी कोई आशा न रखनी चाहिए। यदि हो भी तो ऐसी वैसी।

यदि तीतर, खर, नाहर, जबुंक, सारस, चील्ह, चातिग, उलूक, बन्दर, मोर, सुआ, बांएं मिलें तो शुभ हैं, परन्तु यदि दहाड़ता हुआ सिंह दहिने हो तो अत्यन्त शुभ सूचक समझना चाहिए। परन्तु कार्य्य में भय की संभावना अवश्य होती है। यदि तीन पांच या सात मृगी मृग के साथ चरती हुई दहिनी ओर मिलें तो परम शुभ है परन्तु यदि सूर्य्यास्त के समय काला मृग अकेला मिले तो उसे साक्षात् यम का स्वरूप समझना चाहिए। यदि काम सफल भी होगया हो तो भी सब चौपट हो जाय और यात्री की जान पर आबने। इसी प्रकार बांई ओर गर्जना करते हुए सिंह का भी फल जानना चाहिए। यदि कहीं चात्रक, बगुला, बाज, भारद्वाज, चौर, छत्र, बजती, हुई वीणा, दूर्वा, दही, गंगाजल, धनुष, कलार, वेश्या, हाथी, सारस, चूहा, करभ, गोधह, सर्प, अंगारे वा भस्म, गुड़, लवण, मठा, प्रवरज्ज, अंधा, खुले केश, वाला या गधे पर चढ़ा हुआ पुरुष आदि दहिनी ओर मिलें तो उन्हें पांच प्रणामें कर ले बस फिर सब सिद्ध है। वनविलाव, घूघू, पटत परेवा, पंडूक, या पिंडुकी ये चिड़ियां दहिने मिलें तो अशुभ हैं और यदि दोनों हाथ में घड़े लिए गधे पर चढ़ा हुआ कुम्हार बिलकुल नंगे सिर या सिर पर बोझ लिए हुए मिले तो समझना चाहिए कि अवश्य कुछ न कुछ फिसाद खड़ा होगा। यदि चलते समय श्याम वर्ण बिना तिलक का ब्राह्मण, विभूत हीन योगी साम्हने आजाय तो तुरन्तही यात्रा बन्द करदे। सिर पर दहिनी तरफ कोई पक्षी बोले और बाएँ स्यार बोले अथवा साम्हने शव की रथी आती मिले तो सर्व सिद्धि समझनी चाहिए। भरे हुए कलस, उज्ज्वल वस्त्र वाला, दिया, अग्नि, मछली, यात्रा के समय नजर पड़ जांय तो इस से भला और शुभ क्या होगा। और भी सजी हुई राजा की फौज, दहाड़ता हुआ सिंह, खुरी करता हुआ मृग दाहिने देख पड़े तो भी अत्यन्त शुभ समझिए। सिर पर शब्द करते हुए बद्दलों को फाड़कर सूर्य्य निकल रहा हो तो उस समय अवश्यही यात्रा या अन्य कोई कार्य्य आरंभ करे उसके सिद्ध होने में कदापि संदेह नहीं इत्यादि।

कविचन्द योंही कह रहा था तबतक राजा ने हँसकर पूछा क्यों और यदि मद सहित साम्हने आता हुआ कलार मिले तब? कविचन्द बोला कि तब क्या रक्तपात हो, सैकड़ों मारे पड़ें और सैकड़ों विजय का डंका बजाते हुए घर बैठ कर आनंद उड़ावें। इसी बीच में राजा को सहसा कैमास का स्मरण आगया जिससे उसका चित्त विह्वल सा हो गया। वह एक हाय मारकर चुप रह गया। उसके मुँह से केवल इतने शब्द निकले "हा" इस जीतब में क्या है? मरनाही सार है। क्षण एक में उसने कुछ सम्हल कर कहा मेरे सामन्तों इस में तो कोई सन्देह नहीं कि तुम सच्चे परोपकारी हो मेरे काम पर प्राण न्योछावर करने को उद्यत हो तिस पर भी गंगा के किनारे धारा क्षेत्र में प्राण देना परम कल्याण कारी है। राजा का ऐसा कुछ दुचित्ता चित्त देख कर कविचंद ने उसे बातों में लगा लिया। चैत्र मास के कुसुमित बन की शोभा का आनन्द लेते हुए सब लोग रास्ता ते करने लगे। पृथ्वीराज थोड़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही दूर चला होगा कि साम्हने मौर बांधे हुए दुल्हा मिला इसके साथ में उसकी नव दुलहिन भी थी। सूर्योदय होतेही यह शकुन देख कर सब का दिल दंग हो गया। यहां पृथ्वीराज घोड़े पर से उतर पड़ा और एक दो घड़ी के लिये सब लोग एक जगह बैठ गए। साथ के जांगड़े लोग सिन्दूरिया राग की अलापचारी करने लगे। इसके बाद ज्योंही राजा ने चलने की इच्छा करके रकाब पर पैर दिया कि बाईं तरफ श्यामा ने शब्द किया और वृक्ष पर से उतर कर पृथ्वी पर आन बैठी। यह देखकर सबके मन में एक प्रकार का संशय सा हो गया। तब तक साम्हने एक काला मृग भी देख पड़ा, जिसे राजा ने बाण से मार गिराया। इस पर राजा दो घड़ी के लिये और ठहर गया। परन्तु ज्योंही फिर से चलने को तय्यार हुआ कि साम्हने एक योगिनी के दर्शन हुए। उस योगिनी के एक हाथ में त्रिशूल और एक में खप्पर था। पृथ्वीराज ने उसे देखतेही कुछ स्वर्ण उसके खप्पर में डाला और उसे विनीत भाव से प्रणाम करके आगे को यात्रा की। तदनुसार उसके सामन्तों ने भी घोड़ों की बाग उठाई। निदान प्रहर दिन चढ़ते चढ़ते पृथ्वीराज ने दिल्ली से ३२ कोस पर झसाम नामक स्थान पर दूसरा मुकाम जा किया।

कहने को दूसरा पड़ाव था परन्तु दिल्ली से बाहर होने पर यह पहिला ही पड़ाव था। ज्यों ही पृथ्वीराज पड़ाव के पास पहुंचा कि सिर पर पांच घड़ा रक्खे हुए एक स्त्री मिली। पृथ्वीराज को देख कर वह स्त्री जैजैकार करती हुई दाहिने से बांए को चली गई। दस कदम आगे चलने पर बाईं ओर गर्जता हुआ सिंह मिला। मास का लोथड़ा लिए हुए चील्ह और बांई ओर बोलता हुआ सारस का जोड़ा भी नजर पड़ा। रास्ते के पासही एक छोटा सा गांव था। उसी गांव में एक नट नजरबन्द तमासा कर रहा था। वह नट सब के देखते देखते बांस पर चढ़ गया वहां से उसके अंग प्रत्यंग कट कट कर गिरने लगे थोड़ी देर में उसका धड़ भी पृथ्वी पर गिर कर थर थर कांपने लगा। यह चरित्र देख कर सब सामन्तों के मन में शंका और भय ने स्थान पा लिया।

खास खास लोगों के सिवाय और सिपाहियों को यह अबतक मालूम न था कि कहां जा रहे हैं। एक कहता किसी तीर्थ को जा रहे हैं। दूसरा कहता भाई कहां है वह तीर्थ, वहां किस देवता के दर्शन होंगे? तब तक नरनाह कन्ह ने जैत राव से कहा "तुम राजा को रोको" जैतराव बोला "मैं क्या करूं, मैं पहिलेही अपना सा सिर पीट चुका हूं।" पज्जूनराव बोला "भाई साहब यह सब भटवा की करतूत है कन्नौज पहुंच कर देखना यही दृश्य सच्चा होकर आगे आवेगा। तब कन्ह ने कहा "सुनो कूरंभ राव! सोच विचार करने से क्या होता है जो कुछ होनहार होगी सो तो अवश्य ही होगा। सब ने हजार समझाया पर युधिष्ठिर ने एक न माना और दुर्योधन के साथ जुआ खेला पर खेला। लक्ष्मण के रोकते हुए भी रामचन्द्र स्वर्ण मृग के पीछे दौड़ गए; मंत्रियों के मना करने पर भी रावण ने सीता को रामचन्द्र जी को वापिस न दिया। यदुवंशियों ने जान बूझकर दुर्वासा ऋषि का शाप लिया इसी प्रकार इस पृथ्वीराज ने कैमास ऐसे मन्त्री को मार कर और चामंडराय के पैरों में बेड़ी भरकर सब सामन्तों का जी खट्टा कर दिया। इससे स्पष्ट होता है कि कोई विशेष होनहार की घड़ी आ पहुंची है और वही होनहार राजा के चित्त में बस कर उससे यह सब अनर्थ करवा रही है। इन सगुन असगुनों को राजा क्या स्वयं नहीं जानता। जानता है। पर होनहार के वश होकर उसके विरुद्ध कुछ कर नहीं सकता। चलते समय ही इसे सबने अपना सा कहा सुना पर किसी की न मानी और चल पड़ा। हम लोगों को क्या। इस नश्वर शरीर को सदा नहीं रहना है यदि इस तरह से काम आवेंगे तो उधर हमारी आत्मा परमात्मा में मिलेगी इधर कवि लोग सुयश बखान करेंगे। बस फिर क्या आप मरे जग डूबा। राजा की राजा जाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर इतना हम फिर भी कहेंगे कि इसकी होनहार कुछ बुरी है।"

पड़ाव पर बनवीर पड़िहार ने रसोंई की सामग्री तथा अन्य सब आवश्यक सरंजाम प्रस्तुत कर रक्खा था। सब साथियों सहित पड़ाव पर पहुंच कर राजा ने स्नान ध्यान किया और भोजन प्रसाद करके वह फिर से चल पड़ा। यहां से सेना की चाल नियम बद्ध की गई और सब सूर सामन्तों को अपनी अपनी हुकूमत और काम का हिस्सा बांट दिया गया। प्रत्येक सामंत के तावे में सौ सौ सवार किए गए, दस सामन्तों प्रति एक एक वीर और दो दो वीर पर एक एक जितेन्द्रिय शूर नियत किए गए। पृथ्वीराज स्वयं सब सेना का अगुआ हुआ। आगे आगे पृथ्वीराज वाराह सा और उसके पीछे सब सैनिक * दार से चले जाते थे। प्रचण्ड चण्डी, उन्मत्त स्वरूप दंडधारी भैरव और उसके साथी कविचन्द के सिद्ध किए हुए ५२ वीर चौसठों योगिनी और और भी अनेकों भूत प्रेत वेतालादि नाना प्रकार के भयावन और वीभत्स शब्द करते हुए गाते बजाते नाचते और ताल ठोंकते हुए पृथ्वीराज की सेना में चले जाते थे। उसके सिपाही और सामन्त लोग भी तो एक प्रकार के निर्भय भूत ही थे। उन्हे सांसारिक माया मोह से मानो कुछ प्रयोजन ही न था। एक दम मरना मारनाही उनका व्यवसाय था। अस्तु सूर्य्य के समान तेजस्वी राजा पृथ्वीराज के पीछे वे लोग किरणों की तरह चले जाते थे। शत्रु रूपी अंधकार को विदार देने के लिये पृथ्वीराज साक्षात् सूर्य्य के समान था, तब उसके सामन्त सिपाही सूर्य्य किरण हुआ ही चाहें। निदान रात्रिभर में उन्होंने बीस कोस की मंजिल तै की और सूर्य्योदय के समय वे अपने मेंडे से अड़र कर कन्नौज राज्य की सरहद में जा पहुंचे।

रात्रि का शेषांश वहीं पर बिताया गया। प्रातः ज्यों ही अरुणोदय हुआ कमलों की कली खुली, देवालयों में शंख झालरें बजीं कि इधर फिर से सामन्तों के घोड़े सजे गए। पूर्व्व दिशा में भाष्कर भगवान के दर्शन होतेही पृथ्वी और आकाश पर सर्वत्र एक विलक्षण आनंदमय आभा छा जाती है। जलाशयों में पुरैन के पत्ते जल से विलग होने लगते हैं, कमल कली से निकल कर भ्रमर अपनी भौंरियों से मिलते है, लंपट पुरुष मन मलिन होते हुए शैय्या से उठते हैं और तमचर समूह व्यवसाय से रहित हो कर निद्रा में प्रवृत्त होते हैं। हालही में छिटके हुए कमल पुष्पों के पराग मय क्लान्त चित्त पुरुषों को भी आनंद देने वाली मन्द मन्द वायु बहती है और संयोग सुख में मग्न मन चक्रवाक् कल्लोलें करते हुए कल कल शब्द करते हैं। इसी समय सामन्तों सहित राजा पृथ्वीराज ने घोड़े की बाग उठाई। उस राजपूत सेना के अश्वों की खुर खेह से उड़ती हुई धूलि आकाश में आच्छादित होकर बदली सी उनै आई और प्रातःकाल की त्रिविध पवन वेग मय होकर सरसराटे भरने लगी।

पृथ्वीराज पड़ाव पर से अभी दस कदम भी न गया होगा कि सम्मुख एक देव के दर्शन हुए। वह देव सर्वाङ्ग विभूति रमाए और जटा लटकाए हुए था। उसके साथ में इधर उधर चलते हुए बहुत से कुत्ते भी थे। उसके दोनों नेत्र आग के से अंगारे दबदमा रहे थे और हृदय पर गुंजा की माला लटक रही थी। उसका हृदय लाल काला नीला और पीले रंग का था। उसके बांहु कुछ सिन्दुरिये और शर्वती थे। उसकी कंबुवत ग्रीवा ऐन पीली थी उसके कान श्वेत थे, भौंहे भूरी थीं और उसके ललाट पट से केसरिया रंग की आभा झलकती थी। इसी प्रकार उसके पैर भी चार रंग के थे और उसके नखों से श्याम घन की सी नीलमा दमदमा रही थी

---

* जंगली सुअरों के ऐसे झुंड को जिसमें नर मादा बच्चे वगैरह सब हों "दार" कहते हैं। प्रत्येक दार का मुखिया एक बड़ा जंगी सुअर होता है जिसे बाराह कहते हैं। जिस तरफ को बाराह जाता है उसी के पीछे पीछे दार के सब सुअर चले जाते हैं। मजा यह है कि अगर वाराह कूएं में गिर पड़े तो दार के सब सुअर उसी कूएं में गिरते जांयगे। जब तक कि कुआं भर कर पट न जाय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देव का यह चित्र विचित्र स्वरूप देख कर सब
त और पृथ्वीराज तो चुप रह गए । परन्तु
चन्द ने आगे बढ़ कर उसके सम्मुख शीश
या और उसने कवि को आशीर्वाद दिया।
करा कर आशीर्वाद देते समय सबने देखा कि
की जिन्हा भी दो रंग की थी। कविचन्द ने उस
से बड़े नम्र भाव से पूछा हे समस्त भूत प्रेत और
दलों के स्वामी आज कहां की यात्रा हुई है ।
पर उसने उत्तर दिया कि सतयुग में मेरे पिता ने
त होकर त्रिपुरा सुर से युद्ध किया था, त्रेता में
राम ने लंका पर आक्रमण किया था, द्वापर
रशुराम और सहस्राबाहु से युद्ध हुआ था ।
लियुग में चहुआन और कमधुज्ज कुल का
होनेवाला है। रानी जुन्हाई के गर्भ से जन्मी
की कन्या संयोगिता साचात् कलहप्रिया
ख्यात होगी। उसके हेतु उसके पति और
नों का बंश नाश होगा। इस समय उसी
ग ग्रहण होनेवाला है सो मैं वही देखने जा
हूं। वहां से सच्चे शूर वीर राजपूत योद्धाओं
र लाकर शिव जी को दूंगा और मैं वहां के
नय का प्रत्यक्ष आनन्द लूंगा । देव के ऐसे
न सुन कर कविचन्द और पृथ्वीराज दोनों
दूसरे की तरफ देख कर मुस्कराए।

पृथ्वीराज ने कहा आज भोर के पहर की बात
मैं खूब गहरी नीद में था कि पूर्व्व दिशा में मुझे
प्रकाश देख पड़ा। चणेक में वह प्रकाश पश्चिम
में जाकर सहसा लोप होगया। बस मेरी नींद
गई परन्तु सर्वथा नहीं कुछ उनींदी अवस्था में
ो देखता क्या हूं कि एक कुसम सरीखे लाल
ली कामिनी मेरे सम्मुख आ उपस्थित हुई ।
से सँवारी पटियों पर पड़ी हुई दुलरी
की दावनी ऐसी मालूम होती थी मानो
सर्प का ग्रास किए हो और उसके ललाट
केशर का तिलक और रोली की आड़
त थी। उसके कानों के कुंडल सूर्य्य की सी
झलझला रहे थे और उसकी वक्र भौंहें
साचात् मीनकेतु की सी कमानें थी। उसके बड़े
बड़े चंचल नेत्र ऐसे देदीप्यमान थे जैसे स्वेत
कमल की कली में मकरन्द कल्लोलें कर रहा हो।
उसकी सुग्गे की सी नासिका में रूलता हुआ
बुलाक का मोती शुक्र एवं सोम का सा रस भासित
होता था। उसके काम के केलि-आलय से कपोलों पर
लटकती हुई लट सर्पिणी सी और मृदुमुसक्यान
से उसके उज्ज्वल अनार के दाने से दांत साचात्
दामिनी से दमकते थे उसकी चिबुक पर का तिल
गदूले के फूल पर अलिशावक सा बैठा
हुआ जान पड़ता था। उसकी कंबुवत् ग्रीवा चंप-
कली सी अंगुलियां गुलाब से नख अद्भुत छवि छटा
छाते थे। उसके कमल कली से नवीन उरोजो
वाले वक्षस्थल पर हिलता हुआ मोतियों का हार
हरद्वार में गंगा जी की सी बहार देता था। उसकी
शेर की सी पतली कमर स्वर्ण खम्भ से जंघा सुढार
पिंडुली और नारंगी सी एडी इत्यादि उसके अंग
प्रत्यंग की शोभा सहजही देखने वाले का दिल
लुभा लेने वाली थीं । मैंने देखतेही उससे पूछा ?
तुम कौन हो ? किसकी लड़की हो ? और किसकी
स्त्री हो। इस पर उसने उत्तर दिया कि मैं कन्नौज के
राजा जैचन्द की जाई हूं और तुम्हारे पास आई हूं।
मैं पूर्व्व जन्म की मंजुघोषा अप्सरा हूं, सुमंत ऋषि के
शाप बस मुझे मनुष्य शरीर धारण करना पड़ा है।
मेरा नाम कलहप्रिया है क्योंकि मैं पिता पति
दोनों का वंश नाश करके तब स्वर्ग को जाऊंगी।
इसमें जरा भी असत्य न समझिए। मैंने आपसे
यह अतीव गुप्त भेद कह दिया है । इसपर
कविचन्द ने उत्तर दिया सत्य तो है जो कुछ उसने
कहा वह सब विश्वसनीय है।

कलह केलि के लिये सदैव सन्नद्ध अपने भार से
शेष नाग को शंकित करने वाली कन्नौज को जाती
हुई चहुआन सेना में एक से एक बानेत राजपूत
थे। वे सब लोग अपने अपने इष्ट देवताओं का स्मरण
करते हुए अपने शीश योगिनियों के हाथ में देने
के लिये और अपने रुधिर से उनके खप्पर भरने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के लिये तन मन से तैय्यार थे। उपरोक्त देव के मुख से भविष्य की होनहार जानकर उनका जराभी मन मैला न हुआ । वरन वे इससे और भी प्रसन्न थे कि एक तो स्वामि सेवा में गंगा के किनारे मरना दूसरे संसार में अमर यश स्थापित होना एक पंथ दो काज बस फिर हमें चाहिए क्या । एक राजपूत बच्चे के लिये इससे अधिक आनन्द प्रद और क्या बात होगी । पृथ्वीराज की सेना के साथ चलते हुए भूत वैतालों के राजा उस देव ने कविचन्द को आशीर्वाद दे कर एक वाण भी दिया और कहा कि इसे पृथ्वीराज को दे दो । वह इस बाण के बल से शत्रु समूह का नाश करके सकुशल संयोगिता से व्याह कर सकेगा । यह वही बाण है जिससे भगवती ने महिषासुर को मारा, राम ने रावण को संहारा, पारथ ने भारथ का युद्ध जीता और शिवजी ने त्रिपुरासुर का नाश किया ।

इतना कहकर देवता अन्तर्ध्यान हो गया । और उस बन प्रान्त को कंपायमान करती हुई चहुआन सेना आगे बढ़ी । तब तक देखते क्या हैं कि दुष्टों को दंड देकर आरतों के त्राणकर्त्ता त्रिनेत्र त्रिपुरारि श्रीशिव जी सर्वाङ्ग विभूति रमाए बड़े बड़े जटा लटकाए बूढा बैल पर चढ़े हुए चले आरहे हैं । उस भव के भव विभव पराभव कारी विभूति प्रिय विश्वंभर भोलानाथ के शीश पर गंगा थी, गले में गरल था और उनका अंग आवरण एक गज चर्म था । शिवजी को देखतेही सबके सब घोड़ों पर से उतर पड़े और पृथ्वीराज दौड़ कर उनके पैरों पर साष्टांग पड़ गया। इस पर शिवजी ने उसके पीठ पर हाथ रक्खा और कहा कि पृथ्वीराज तू अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेगा । यह कहकर और विभूति दे कर शिवजी अन्तर्ध्यान हो गए । शिवजी के विदा होने पर चार पैंड भी न चलें होंगे कि एक अत्यन्त तेजस्वी ब्राह्मण नरनाह कन्ह के सम्मुख आकर खड़ा होगया। उसे देखते ही कन्ह की आंखों के पट्टे आपही आप खुल पड़े । कन्ह उस उज्ज्वल मूर्ति ब्राह्मण के चरणों पर गिर पड़ा । उसने कन्ह के सिर पर हाथ फेर कर कहा युद्ध विद्या में अद्वितीय दक्ष, सदा यशस्वी मेरे अंश से उत्पन्न कन्ह अ... मेरा तेरा साक्षात् सूर्यमंडल में होगा[१] । इतना कह कर वह ब्राह्मण भी अन्तर्ध्यान हो गया। इसके बाद पृथ्वीराज कोई एक योजन मात्र गया होगा कि एक घन एवं पर्व्वत के समान भीष्म काय विद्युत के समान तेजमान नाना रंग की वैरखें और झंडियों से विभूषित एक बड़ी भारी देवमूर्ति दे... पड़ी । उसके साथ में भिन्न भिन्न बाजों की ध्वनि ... मुखताल बजाते हुए अगनित भूत वैताल भी थे। य... देख कर पृथ्वीराज ने राजमन्त्री जैतराव की तर... देखा । तब कविचन्द बोला "यह हनुमान जी ... यह कह कर कविचन्द आगे हो कर बोला "... वर आपके स्वरूप और बल का कौन पार पा स... है । हम मन्द बुद्धि मनुष्य आपकी महिमा को ... जाने । कृपा कर साधारण स्वरूप धारण कीजिये ... हनुमानजी के अन्तर्ध्यान होतेही स्वर्ण के ... भुजावाले धूम्रवर्ण सहस्रबाहु की प्रतिमूर्ति के दर्श... हुए । उसके नेत्रों से अग्नि की सी चिनगारि... छूट रही थीं उसकी हजार हथेरी साक्षात् शेर ... पंजे थे । कंधे पर धनुष और शीश पर ध्वजा फह... रही थी-उसके साथ में एक ओर डाकिनी और ... ओर शेर शोर कर रहे थे । निदान उसने भीमका... लंगोट बन्द लंगरीराय के पास जाकर उसके शीश प... हाथ दिया और आशीर्वाद देकर वह भी अन्तर्ध्यान हो गया । वहां से एक योजन आगे जाने पर उ... वर्ण सात सूंड़ें और हजार दांत वाले भद्र जा... एरावत नामक दंती पर सवार सूर्य्य के समान ... धारी इन्द्र ने आकर गोइन्दराय के सिर को ... किया और कहा कि अब मैं तुमसे स्वर्ग में मि... कुछ दूर और आगे जाने पर एक बावली के ... नारे एक बट वृक्ष मिला । इस बट वृक्ष में एक ... थी जिसमें से सूर्य्य के समान एक अद्वितीय

(१) तुम हम मंडल रवि मिलन-यहां पर ... गया है कि कन्ह का सूर्य्य का इष्ट था । इसी तरह आगे भी सब सामन्तों के इष्ट देवों की सूचना दी गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना ।

निम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं ।

	मूल्य	डांकव्यय
मलिक मुहम्मद की अखरावट	।=)	)॥
कविवर बिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित) ...	=)	)॥
हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
समालोचना-(पण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	=)	)॥
समालोचनादर्श--पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित) ...	≡)	)॥
कर्त्तव्याकर्तव्यशास्त्र- (पण्डित नारायण पांडे रचित) ...	॥)	-)
[illegible]चिका चिकित्सा	।)	)॥
[illegible]धन्द्र-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	=)	)॥
[illegible]दुगीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित) ...	।-)	)॥
[illegible]लो-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
नागरीप्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) १२ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
[illegible]दी लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
ध्रुवदास की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
सदलमिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
सूदन कवि का सुजानचरित्र	२)	=)
लाल कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
नन्ददास की रासपञ्चाध्यायी	।=)	)॥
प्राचीन-लेख-मणि-माला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दर दास लिखित) ...	१)	-)
अशोक का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
नेपाल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित)	।-)	)॥
पृथ्वीराजरासो-पहिला भाग (समय १-११)	४)	।)
„ दूसरा-तीसरा भाग (समय १२-५४)	१०)	॥)
कुमारसम्भवसार (पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित) ...	≡)	)॥
श्री[illegible]र का जंगनामा	॥।)	-)
रामपद (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के पुस्तकालय की सूची	=)	)॥
ज्योतिविज्ञान (पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित)	॥)	-)
चन्द्रशेखर का हम्मीर हठ	॥)	)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
दादूदयाल की बानी	१॥।)	=)
कवि नूरमुहम्मद की इन्द्रावती १ भाग	१॥)	=)
यूरोपीय दर्शन (पण्डित रामावतार पांडेय लिखित)	॥।)	-)
प्रबोधचन्द्रिका	॥।)	-)
विरहलीला—आनन्दघन	=)	)॥
दादूदयाल का सबद	१।)	=)
जोधराज का हम्मीररासो	२)	≡)
सरल व्यायाम (बाबू कालिदास लिखित)	।=)	-)
सुघड़ दर्जिन (बाबू ठाकुर प्रसाद लिखित)	॥।)	-)
पद्माकर कृत हिम्मतबहादुर विरदावली	॥=)	)॥
वनिताविनोद	१)	=)
नवीन दृष्टि में प्रवीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरु गीता	।)	)॥
रामचरितमानस	८)	॥।)

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ७ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें ३ मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं। अन्तिम पुस्तक मूल्य सभासदों के लिये ६॥) रु० है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

६१ 2 II पुस्तकालय ६८ २४२ II
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

पुस्तक वितरण की तिथि नीचे अङ्कित है । इस तिथि सहित १५ वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए अन्यथा .६ नये पैसे प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब दण्ड लगेगा ।

- 4 DEC 1964
- 5 MAY 1973
31 JUL 1973

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri